अनुप्रयुक्त सामान्य सांख्यिकी

APPLIED GENERAL STATISTICS

फ्रेडरिक ई० क्रॉक्स्टन

डडले जे० काउडन

सिडनी क्लेन

अनुवादक

डॉ० पी० सी० जैन

रीडर, अर्थशास्त्र विभाग,

कुरक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र

हरियाणा हिन्दी ग्रंथ अकादमी, चण्डीगढ़

यह पुस्तक प्रेन्टिस-हॉल, इन्कॉर्पोरेटिड, एंजलवुड क्लिफ्स द्वारा प्रकाशित फ्रेडरिक ई० क्रॉक्स्टन, डडले जे० काउडन, तथा सिडनी क्लेन कृत *एप्लाइड जनरल स्टेटिस्टिक्स* (तृतीय संस्करण—1967—भारत में पुनर्मुद्रित—1969) का हिन्दी अनुवाद है। इसके अनुवाद अधिकार वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा प्राप्त किए गए थे। इसे शिक्षा तथा समाज कल्याण मन्त्रालय, भारत सरकार की विश्वविद्यालय स्तरीय पुस्तक रचना योजना के अन्तर्गत प्रकाशित किया जा रहा है।

प्रथम संस्करण 1975

मुद्रित प्रतियाँ 1100

मूल्य : उनतीस रुपये (Rs 29 00)

This book has been published with a subsidy under the Indo American Text-Book Programme operated by National Book Trust India

Subsidy Code No 54—120 1975

आर० के० प्रिन्टर्स, 80-डी, कमला नगर, दिल्ली-110007 में मुद्रित

प्रस्तावना

सांख्यिकी का महत्व दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। अर्थशास्त्र में सांख्यिकी के अध्ययन का महत्व यों तो पर्याप्त समय से रहा है परन्तु द्वितीय विश्वयुद्ध के उपरान्त विशेष कर इस शताब्दी के छठे और सातवें दशकों में सांख्यिकी अर्थशास्त्र का एक अनिवार्य एवं अभिन्न अंग बन गई है। आर्थिक क्षेत्र में अनुसंधान एवं शोध कार्य की तो सांख्यिकी के आधार के बिना कल्पना करना भी कठिन हो गया है। अर्थशास्त्र ही क्या, अन्य सामाजिक एवं वैज्ञानिक अध्ययनों में भी सांख्यिकी का प्रयोग बढ़ता जा रहा है।

राष्ट्र भाषा हिन्दी को शिक्षा के माध्यम के रूप में विश्वविद्यालय स्तर पर अपनाने के मार्ग में एक बड़ी कठिनाई जो विद्यार्थियों और शिक्षाशास्त्रियों के सामने आती है वह उच्च कोटि के प्रामाणिक ग्रन्थ इस भाषा में उपलब्ध न होना है। निःसंदेह, *अनुप्रयुक्त सामान्य सांख्यिकी* विश्वविद्यालयीन विद्यार्थी वर्ग के लिए एक अति उपयोगी सरल और सुस्पष्ट ग्रन्थ है। हिन्दी भाषा में इस प्रकार के उपयोगी ग्रन्थों का अनुवाद हिन्दी के माध्यम से अपने को व्यक्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए एक बहुत बड़ा सम्बल हो सकता है। जैसे-जैसे इस माध्यम के परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ रही है वैसे वैसे मूल अंग्रेजी ग्रन्थों के प्रामाणिक अनुवाद भी महत्त्वपूर्ण होते जा रहे हैं। प्रस्तुत पुस्तक न केवल सांख्यिकी का अध्ययन प्रारंभ करने वाले विद्यार्थियों के लिए अतीव उपयोगी है बल्कि उन विद्यार्थियों के लिए भी मूल्यवान है जो विषय की गहराई में जाना चाहते हैं।

पुस्तक में वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग भारत सरकार द्वारा तैयार की गई पारिभाषिक शब्दावली का प्रयोग किया गया है ताकि समूचे भारत में पारिभाषिक शब्दों में एकरूपता बनाए रखी जा सके।

आशा है विषय के विद्यार्थी एवं प्राध्यापक पुस्तक को उपयोगी पाएंगे।

शिक्षा मन्त्री, हरियाणा,
एवं अध्यक्ष
हरियाणा हिन्दी ग्रन्थ अकादमी,
चण्डीगढ

निदेशक,
हरियाणा हिन्दी ग्रन्थ अकादमी
चण्डीगढ

प्राक्कथन

अनुप्रयुक्त सामान्य सांख्यिकी (*Applied General Statistics*) के इस तृतीय संस्करण में प्राथमिक उद्देश्य वही है जो पहले के संस्करणों का था : यथासंभव संक्षेप में तथापि स्पष्टता से सामान्यतः अधिक प्रयुक्त होने वाली सांख्यिकीय विधियों का वर्णन तथा बहुत से क्षेत्रों में उनके प्रयोग का निदर्शन।

विषय क्षेत्र अधिकांशतः वही है जो पूर्व संस्करण का था यद्यपि पुस्तक लगभग 100 पृष्ठ कम कर दी गई है। वे सभी निदर्शक उदाहरण जिनकी स्थिति में ऐसा अपेक्षित था या तो बदल दिए गए हैं या नवीनतम बना दिए गए हैं तथा पहले की भांति वास्तविक न कि परिकल्पनात्मक आंकड़ों पर आधारित हैं परन्तु न तो प्रकरणों का क्रम बदला गया है और न ही संकेत। इस संस्करण में संकेतों की सूचियां जो पहले सकते प्रयोग करने वाले प्रत्येक अध्याय में पूर्व दी गई थीं अब परिशिष्ट के रूप में इकट्ठी दी गई हैं। अनुप्रयुक्त सामान्य सांख्यिकी की कार्यपुस्तिका का आगामी पांचवां संस्करण प्रकरणों के क्रम तथा संकेत दोनों की दृष्टि से इस संस्करण के अनुरूप होगा।

अनुप्रयुक्त सामान्य सांख्यिकी का यह तृतीय संस्करण सिडनी कॉक्स ने तैयार किया।

मैं कैम्ब्रिज के प्रोफ़ेसर सर रोनाल्ड ए० फिशर, रॉथमस्टेड के डा० फ्रैंक येट्स तथा एडिनबरा के मैसर्स ओलिवर एण्ड बॉयड लिमिटेड द्वारा अपनी पुस्तक स्टैटिस्टिकल टेबल्स फार बायालाजिकल एग्रीकलचरल एण्ड मेडिकल रिसर्च में से तीसरी और चौथी सारणियों के अंशों के पुनर्मुद्रण की अनुमति प्रदान करने के लिए उनका आभारी हूं। मैं प्रोफ़ेसर इगन एस० पियरसन तथा बायोमीट्रिका ट्रस्टीज का भी बायोमीट्रिका तथा ई० एस० पियरसन और एच० ओ० हार्टले की बायोमीट्रिका टेबल्स फार स्टैटिस्टीशियन्स भाग I में से सारणियों अथवा सारणी अंशों जो यहां परिशिष्ट भ ब ड ग तथा त तथा चार्ट 25.6 एवं 25.7 में दिखाए गए हैं के पुनर्मुद्रण की अनुमति प्रदान करने के लिए आभारी हूं। अन्य व्यक्तियों और संस्थाओं को जिन्होंने आंकड़े प्रदान किए अथवा सामग्री के पुनर्मुद्रण की अनुमति दी यथास्थान अभिस्वीकृत किया गया है।

इस संशोधित संस्करण के प्रकाशन में बहुत से व्यक्तियों तथा संगठनों ने प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप में सहायता की है। दुर्भाग्यवश प्रत्येक वैयक्तिक अंशदान के लिए आभार प्रदर्शन स्थानाभाव के कारण संभव नहीं है। न्यूयार्क स्टेट विश्वविद्यालय के प्रशासन सकाय एवं/अथवा कर्मचारिवर्ग, कोलम्बिया विश्वविद्यालय, लास एंजलेस में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय चेंगची विश्वविद्यालय, तैपी तैवान चीन गणतंत्र, अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग एवं विकास परिषद, चीन गणतंत्र, हांग कांग विश्वविद्यालय और एशिया फाउंडेशन, संयुक्त राज्य अमरीका ने मुझे आवश्यकतानुसार जब मैं उनके तत्वावधान में पढ़ाता था अथवा CIECD के अर्थशास्त्र प्रशिक्षण कार्यक्रम में अध्ययन निदेशक के रूप में

सेवा करता था, पर्याप्त नैतिक सहायता तथा उत्तम सुविधाएँ प्रदान की। मैं प्रेन्टिस-हॉल, इन्कॉर्पोरेटिड के प्रवर सम्पादक राबर्ट सी० वाल्टर्स का विशेष धन्यवादी हूँ, जिनका सावधान एवं सहयोगपूर्ण प्रकाशन-सम्पादकीय निरीक्षण, सयुक्त राज्य अमरीका से लेखक की अनुपस्थिति मे अत्यधिक सहायक तथा अत्यंत आवश्यक रहा।

पाण्डुलिपि के विभिन्न भागो म सेटन हाल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अल्फ्रेड जे० काना के अशदानो का आभास होता है। श्रीमती हेलन चानिन तथा कुमारी रूबी यिंग चू ने पाण्डुलिपि के कुछ भागो को टाइप करके बहुत सहायता की है। स्पेन्सर आर० क्लेन ने लिपिक-कार्य मे बहुत सहायता की। अन्त मे, परन्तु किसी भी प्रकार मे न्यूनतम नही, मैं अपनी पत्नी इलीनर क्लेन, जिन्होने टाइप किया, चार्ट बनाए और आवश्यकतानुसार सम्पादन किया के प्रति आभार स्वीकार करना चाहता हूँ।

सिडनी क्लेन

हांग कांग विश्वविद्यालय
हांग कांग बी० सी० सी०

विषय-सूची

(साख्यिकीय विधियां व अन्य पाठ्यक्रम के लिए इस विषय-सूची मे तारांकित अध्याय या परिच्छेद विवेचन प्रवाह को भंग किए बिना छोड़े जा सकते है ।)

विषय सूची

अध्याय पृष्ठ

अध्याय पृष्ठ

अध्याय पृष्ठ

अध्याय पृष्ठ

अध्याय पृष्ठ

अध्याय पृष्ठ

अध्याय पृष्ठ

अध्याय पृष्ठ

परिशिष्ट

परिशिष्ट पृष्ठ

1

परिचय

सांख्यिकीय आंकड़े एवं सांख्यिकीय विधियाँ

अग्रेजी भाषा के *स्टैटिस्टिक्स* शब्द (जिसका हिन्दी पर्याय *साख्यिकी है*) का प्रयोग दो अर्थो मे होता है। सामान्य बोलचाल की भाषा मे प्रायः आँकड़े शब्द के पर्यायवाची के रूप मे इसका प्रयोग होता है। इस प्रकार कोई कह सकता है कि मैंने "सयुक्त राज्य अमरीका मे औद्योगिक दुर्घटनाओ के स्टैटिस्टिक्स" (आँकडे) देखे है। अर्थ की दृष्टि से यह अधिक स्पष्ट होगा यदि इस अर्थ मे हम *स्टैटिस्टिक्स* शब्द का प्रयोग न करते वरन "सयुक्त राज्य अमरीका मे औद्योगिक दुर्घटनाओ का डैटा (अथवा फिगर)" कहते।

"स्टैटिस्टिक्स" (*साख्यिकी*) *का सकेत उन साख्यिकीय सिद्धातो और विधियो की* ओर भी है जो सख्यात्मक आंकडो के प्रयोग के लिए विकसित किए गए है और जो इस पुस्तक की विषय सामग्री है। नितान्त प्रारम्भिक वर्णनात्मक युक्तियो से लेकर, जिन्हे कोई भी समझ सकता है, अत्यन्त जटिल गणितीय क्रिया-विधियो तक जिन्हे केवल बहुत प्रवीण *सिद्धातज्ञ ही समझ पाते है, सभी साख्यिकीय विधियो या साख्यिकी की सीमा मे आती है।* इस ग्रन्थ का उद्देश्य विषय के अत्यन्त गणितीय और सैद्धातिक पक्षो मे न पडकर उसके नितान्त प्राथमिक और प्रायश प्रयोग मे आने वाले पक्षो का विवेचन करना है।

साख्यिकी की परिभाषा *सख्यात्मक आंकडो के सग्रह, प्रस्तुति, विश्लेपण, और व्याख्या* के रूप मे की जा सकती है। जिन तथ्यो पर विचार किया जाता है वे सख्यात्मक अभिव्यक्ति मे समर्थ होने चाहिएँ। हमारे लिए इस जानकारी का कि घर ईट, पत्थर, लकडी, और अन्य पदार्थो के बने हैं, साख्यिकीय दृष्टि से प्रयोग नगण्य होगा। परन्तु यदि हम यह *जान लें कि घर प्रत्येक प्रकार के पदार्थ से कितने या किस अनुपात मे बने है, तो हमारे पास* साख्यिकीय विश्लेषण के लिए उपयोगी सख्यात्मक आंकडे हो जाते हैं।

साख्यिकी को भौतिकी, रसायन, अर्थशास्त्र, और समाजशास्त्र से सहसम्बन्धित विषय *नही समझना चाहिए। साख्यिकी कोई विज्ञान नही है, यह एक वैज्ञानिक विधि है।* वे विधियाँ और प्रक्रियाएँ, जिनकी हम परीक्षा करेंगे, एक अनुसधानकर्ता के लिए उपयोगी और प्राय अपरिहार्य साधन हैं। साख्यिकी की पर्याप्त समझ के बिना सामाजिक विज्ञानो के अन्वेषक प्रायः उस अधे व्यक्ति के समान हो सकते है, जो अधेरे कक्ष मे, एक काली बिल्ली के लिए, जो वहाँ नही है, हाथ मार रहा है। साख्यिकी की विधियाँ मानव-क्रियाओ की निरन्तर विस्तारशील सीमा के अन्तर्गत विचार के किसी भी क्षेत्र मे जहाँ सख्यात्मक आंकडे प्राप्त किए जा सकते हैं, उपयोगी है।

"साख्यिकी" शब्द के अग्रेज़ी पर्याय "स्टैटिस्टिक्स" की व्युत्पत्ति से उसके मूल उद्गम का सकेत प्राप्त होता है। राज्य-प्रशासनो को युद्ध और वित्त के प्रयोजनो के लिए

जनसंख्या और धन के आंकडो के सग्रह और विश्लेपण की आवश्यकता पडी। धीरे-धीरे सरकार के सामान्य प्रयोग के लिए अधिक विविध प्रकार के आंकडे प्राप्त किए जाने लगे। सयोग-प्रधान खेलो के विद्यार्थियो द्वारा साख्यिकी के कुछ पक्षो का विकास किया गया। साख्यिकीय विधियो के अनुप्रयोग और विकास के लिए बीमा और जीव-विज्ञान तथा अन्य प्राकृतिक विज्ञान उपजाऊ क्षेत्र थे। आज उद्यम का कदाचित् ही कोई ऐसा पक्ष हो जिसमें साख्यिकीय साधन कम से कम यदा-कदा उपयोगी सिद्ध न होते हो। अर्थशास्त्र, समाज-शास्त्र, मानवविज्ञान, व्यवसाय, कृषि, मनोविज्ञान, तथा शिक्षा—सभी साख्यिकी पर अत्यधिक आश्रित है। भेषज-अनुसधान-कर्ता को अपने निष्कर्षों के महत्त्व-निर्धारण के लिए बहुधा साख्यिकी पर आश्रित रहना पडता है। वकील के लिए साख्यिकीय साधन प्राय निश्चित प्रयोग के हो सकते है, विशेषत यदि वह निगम की वकालत करता हो। हाँ, इतना अवश्य कह देना चाहिए कि सगीतज्ञ, कलाकार, अभिनेता, और कथाकार को साख्यिकी के प्रयोग का अवसर विरले ही प्राप्त होगा, परन्तु यहाँ भी विक्रय के कतिपय आंकडो, टिकट-घर की आय और लोक-रुचि की प्रवृत्तियो का विश्लेपण उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

साख्यिकी की परिभाषा देते समय इस ओर सकेत किया गया था कि सख्यात्मक *आंकडो का सग्रह, प्रस्तुति, विश्लेपण, और व्याख्या की जाती है।* आइए, अब हम इन चारो प्रक्रियाओ मे से प्रत्येक की सक्षेप मे परीक्षा करें।

संग्रह—साख्यिकीय आंकडे वर्तमान प्रकाशित या अप्रकाशित स्रोतो, जैसे सरकारी माध्यमो, व्यापार सस्थाओ, अनुसधान विभागो, पत्रिकाओ, समाचार-पत्रो, अलग-अलग अन्वेपको से तथा अन्यत्र से प्राप्त किये जा सकते हैं। दूसरी ओर, अन्वेपक आंकडे प्राप्त करने के लिए सभवत घर-घर अथवा दुकान-दुकान जाकर भी अपनी सूचनाएँ एकत्र कर सकता है। साख्यिकीय आंकडो का स्वय सग्रह करना साख्यिकी-विद् के लिए सबसे अधिक कठिन और महत्त्वपूर्ण आवश्यक कार्यो मे से एक है। उसकी प्रक्रिया की समागता उसके द्वारा प्राप्त आंकडो की उपयोगिता को बहुत अधिक मात्रा मे निर्धारित करती है।

अगले अध्याय मे आंकडे प्राप्त करने की इन दो विधियो का वर्णन किया गया है। परन्तु यह भली-भाँति समझ लेना चाहिए कि यदि प्रारम्भिक आंकडो का सग्रह जरूरी है तो अनुभवी और उत्तम सहज बुद्धि वाले अन्वेपक को स्पष्ट लाभ रहता है। साख्यिकी के इस पक्ष पर बहुत कुछ सिखाया जा सकता है परन्तु जो केवल अनुभव से सीखा जा सकता है वह कही अधिक है। यद्यपि यह हो सकता है कि कोई व्यक्ति अपने निजी प्रयोग के *लिए साख्यिकीय आंकडे कभी एकत्रित न कर पाए और* सदा प्रकाशित *स्रोतो का प्रयोग* करता रहे, तो भी यह अनिवार्य है कि उसे सग्रह की प्रक्रियाओ का व्यावहारिक ज्ञान हो और वह जिन आंकडो का प्रयोग करना चाहता है उनकी विश्वसनीयता का मूल्याकन कर सकने मे समर्थ हो। अविश्वसनीय आंकडे निष्कर्ष निकालने का सतोषजनक आधार नही होते।

बहुत से लोगो की यह प्रवृत्ति खेदजनक है कि वे विना जाँच किए साख्यिकीय सामग्री को स्वीकार कर लेते है। उनके लिए कोई भी ऐसा कथन, जो सख्यात्मक रूप मे प्रस्तुत किया जाय, शुद्ध होता है और उसकी प्रामाणिकता स्वत सिद्ध रहती है। रेल मार्ग के एक क्लर्क *के अवकाश ग्रहण करने के कुछ काल बाद समाचार-पत्रो द्वारा यह* घोषणा *की गई कि* उसने अपने 43 वर्ष के सेवाकाल मे कुल 1,20,00,00,000 मील की यात्रा की। इस कथन

के अधिकाश पाठको ने सभवत इसे असन्दिग्ध रूप मे स्वीकार कर लिया। वास्तव मे, इस आँकडे के ठीक होने के लिए उस कर्मचारी को 43 वर्ष की समूची अवधि मे प्रत्येक दिन के प्रत्येक घण्टे लगभग 3,200 मील की यात्रा करनी पडी होगी !

प्रस्तुति—अपने निजी प्रयोग के लिए हो या दूसरो के प्रयोग के लिए, आँकडे किसी उपयुक्त रूप मे प्रस्तुत किये जाने चाहिएँ। सामान्यत. आँकडो को सारणियो मे क्रमबद्ध किया जाता है या लेखाचित्रो से दिखाया जाता है, जैसाकि अध्याय 3 से 6 मे वर्णन किया गया है।

विश्लेषण विश्लेषण करते समय आँकडो का उपयुक्त और तर्कसगत वर्गीकरण आवश्यक है। सभावित वर्गो का विचार उसी समय कर लेना जरूरी है जब आँकडों का सग्रह करने की योजनाएं बनाई जाए तथा आँकडा को सारणीबद्ध करते समय ही और इससे पूर्व कि उन्हे लेखाचित्रो द्वारा दिखाया जा सके, आँकडो का वर्गीकरण आवश्यक है। अत विश्लेषण की प्रक्रिया आशिक रूप मे सग्रह और प्रस्तुति की सगामी है।

साख्यिकीय आँकडो के वर्गीकरण के चार महत्त्वपूर्ण आधार है (1) गुणात्मक, (2) मात्रात्मक (3) तैथिक, तथा (4) भौगोलिक। इनमे से प्रत्येक की क्रमश जाँच की जाएगी।

गुणात्मक—उदाहरण के लिये जब कर्मचारियो का वर्गीकरण सघीय या सघेतर मे किया जाता है तो हम गुणात्मक भेद करते है। यह भिन्नता प्रकार की है मात्रा की नही। व्यक्तियो का वर्गीकरण वैवाहिक स्थिति की दृष्टि से, अविवाहित, विवाहित, विधवा अथवा विधुर, तलाकशुदा, और पृथक्कृत के रूप मे किया जा सकता है। कृषको का पूर्ण स्वामियो, आशिक स्वामियो, प्रबन्धको, और मुजारो के रूप मे वर्गीकरण किया जा सकता है। प्राकृतिक रबड को अपने स्रोत के अनुसार रोपित या जगली निर्दिष्ट किया जा सकता है।

मात्रात्मक—जब किसी मापे जा सकने वाले लक्षण की दृष्टि से मदो मे विविधता हो तो मात्रात्मक वर्गीकरण उचित है। कुटुम्बो का वर्गीकरण बच्चो की सख्या के अनुसार हो सकता है। निर्माण-उद्योगो का वर्गीकरण नियुक्त श्रमिकों की सख्या के अनुसार और निर्मित वस्तुओ के मूल्य के अनुसार भी कर सकते है। व्यक्तियो का वर्गीकरण उनके द्वारा प्रदत्त आयकर की रकम के अनुसार किया जा सकता है।

अधिकाश मात्रात्मक बटन *बारबारता बटन* हैं। सारणी 8 3 के आँकडो मे राज्य विश्वविद्यालय कामर्स के 409 उदार कला स्नातको द्वारा प्राप्त ग्रेडो का बारबारता बटन दिखाया गया है। कई अन्य बारबारता बटन अध्याय 8, 9, और 10 मे दिखाए गए है।

कभी-कभी गुणात्मक दृष्टि स वर्गीकृत आँकडो को बहुत मामूली परिवर्तन के साथ मात्रात्मक आधार पर पुन वर्गीकृत किया जा सकता है। बैंक की परिसम्पत्ति का नकदी की मात्रा (नकदी, बैंको से लेनदारी, सयुक्त राज्य बधक, बिकाऊ बधक, अविलम्ब ऋण, पात्र दस्तावेज अ य ऋण, स्थिर सपदा ऋण, स्थिर सम्पदा, और फर्नीचर तथा उपस्कर) के अनुसार सूचीकरण किया जा सकता है। यद्यपि ये वर्ग न्यूनाधिक अनिर्धार्य मात्रात्मक ढग से एक-दूसरे मे भिन्न है तो भी वर्गीकरण वास्तव मे गुणात्मक आधार पर किया जाता है। यदि हम बैंक की परिसम्पत्ति की प्रत्येक मद को नकदी म बदलने मे लगने वाले समय की अवधि के अनुसार पुन वर्गीकृत करना चाहे तो वर्गीकरण मात्रात्मक हो जाएगा। साधारणतया परिसम्पत्ति का क्रम पहले वाला ही होगा, परन्तु कम नकद गुणात्मक श्रेणियो की कुछ विशिष्ट मदें (उदाहरण के तौर पर, कुछ स्थावर सम्पदा तथा स्थावर सपदा ऋण) अपेक्षाकृत कम समय मे नकदी म बदले जा सकेंगे।

तैथिक—तैथिक आँकडे या काल-श्रेणी विभिन्न निर्दिष्ट समयों पर किसी विशेष घटना से सम्बन्धित अंकों को प्रदर्शित करते हैं। उदाहरणार्थ, किसी स्टाक का प्रतिदिन का समापन मूल्य महीनों या वर्षों की कालावधि के लिए दिखाया जा सकता है, संयुक्त राज्य की जन्मदर कितने ही वर्षों में से प्रत्येक वर्ष के लिए सूचीबद्ध की जा सकती है; कुछ वर्षों की अवधि के लिए कोयले का मासिक उत्पादन दिखाया जा सकता है। काल-श्रेणियों के विश्लेषण का, जिसमें चक्रीय, आवर्ती (ऋतुनिष्ठ) प्रवृत्ति और अनियमित संचलन का विचार आता है, अध्याय 11 से 16 में विवेचन किया जाएगा।

कुछ अर्थों में, काल-श्रेणियाँ मात्रात्मक बंटन से इस दृष्टि से कुछ-कुछ मिलती-जुलती है कि किसी श्रेणी का प्रत्येक अगला वर्ष या मास किसी पूर्व संकेत-बिन्दु से एक वर्ष या एक मास आगे हटा दिया जाता है। परन्तु कालावधियाँ—या यों कहिए कि इन अवधियों में घटित घटनाएँ गुणात्मक दृष्टि से भी परस्पर भिन्न होती है। किसी काल-क्रम में अंकों की अनिवार्य व्यवस्था विचाराधीन आँकडों की प्रकृति में निहित होती है।

यदा कदा किसी काल-श्रेणी को बारबारता-बंटन में भी बदला जा सकता है। यदि एक रेल मार्ग कम्पनी ने प्रति वर्ष बदले गए रेल मार्ग स्लीपरों के अभिलेख रखे हैं तो इन आँकडों से एक काल-श्रेणी बनती है। जब यही सूचना स्लीपर-स्थापन की तिथियों के साथ संलग्न होकर प्रयोग में आती है तो विभिन्न स्लीपरों का जीवन बारबारता बंटन के रूप में कदाचित् कुछ इस प्रकार व्यक्त किया जा सकता है

जीवन-काल	*स्लीपरों की संख्या*
4 परन्तु 5 वर्ष से कम	2
5 परन्तु 6 वर्ष से कम	5
6 परन्तु 7 वर्ष से कम	17
आदि	आदि

भौगोलिक—भौगोलिक बंटन अनिवार्यतः एक प्रकार का गुणात्मक बंटन है, परन्तु इसे प्राय एक पृथक् वर्गीकरण माना जाता है। यदि संयुक्त राज्य के प्रत्येक राज्य की जनसंख्या प्रकट की जाए तो हमारे पास भौगोलिक दृष्टि से वर्गीकृत आँकडे होंगे। यद्यपि किन्हीं दो राज्यों में गुणात्मक भिन्नता भी होती है, तो भी जो भेद किया जाता है वह इतना गुण का नहीं जितना स्थिति का होता है। भौगोलिक दृष्टि से वर्गीकृत आँकडे सारणी 3 1 और चार्ट 6 19 से 6 22 में दिखाए गए हैं।

कभी-कभी भौगोलिक बंटन को बारबारता-बंटन के रूप में रखा जा सकता है। इस प्रकार यदि हमारे पास आयोवा के प्रत्येक जिले में अनाज की प्रति एकड पैदावार के आँकडे हो तो हमारे पास एक भौगोलिक श्रेणी होगी। इन आँकडों को प्रति एकड "10 किन्तु 15 बुशल से कम", "15 किन्तु 20 बुशल से कम", इत्यादि उपज वाले जिलों की संख्या बताकर एक बारबारता बंटन के रूप में रखा जा सकता है।

वर्गीकृत आँकडों की सारणी और लेखाचित्र के रूप में प्रस्तुति सांख्यिकीय आँकडों के विश्लेषण में केवल एक प्रारंभिक पग है। अन्य अनेक प्रक्रियाओं का वर्णन इस ग्रन्थ के अगले पृष्ठों में किया गया है। सांख्यिकीय जाँच प्राय यह पता लगाने का प्रयत्न करती है कि निर्दिष्ट स्थिति में प्ररूपी क्या है। अत सभी प्रकार की घटनाओं, साधारण और असाधारण दोनों, पर विचार किया जाना चाहिए।

सम्मति बनाते समय अधिकाश व्यक्ति असाधारण घटनाओ से अनुचित रूप मे प्रभावित होने और साधारण घटनाओ की उपेक्षा करने की ओर प्रवृत्त होते हैं। सांख्यिकीय या अन्य किसी भी प्रकार की जाँच-पडताल मे असाधारण मामलो का अनुचित प्रभाव बिल्कुल नही पडना चाहिए। बहुत लोगो का मत है कि शीशा टूटने से अनिष्ट होता है। शीशा टूटने पर व्यक्ति की प्रवृत्ति होती है, प्रत्याशित "अनिष्ट" की खोज मे रहना और किसी भी अप्रिय घटना को शीशा टूटने के कारण हुई बताना। शीशा टूटने के बाद यदि कुछ नहीं होता तो स्मरण योग्य कुछ नही रह जाता और इस परिणाम (सभवत सामान्य परिणाम) की उपेक्षा हो जाती है। यदि अनिष्ट हो जाता है तो यह इतना असाधारण होता है कि याद रहता है, और परिणामत विश्वास पक्का हो जाता है। वैज्ञानिक प्रक्रिया मे शीशा टूटने के बाद की सब घटनाएँ सम्मिलित होगी और "परिणाम-स्वरूप होने वाले" अनिष्ट की तुलना शीशा न टूटने पर होने वाले अनिष्ट की मात्रा से की जाएगी।

अत सांख्यिकी के विश्लेषण मे सभी प्रकार की घटनाओ को सम्मिलित करना आवश्यक है। यदि हम निमोनिया की घटनाओ की अवधि का अध्ययन कर रहे हैं तो हम औसत अवधि और सभवत इस औसत से नीचे और ऊपर की ओर अपसरण का भी निर्धारण करके प्ररूपी क्या है, इसका अध्ययन कर सकते हैं। इस्पात के कारखाने की गति-विधि दिखाने वाली काल-श्रेणी पर विचार करते समय हम उस श्रेणी के प्ररूपी ऋतुनिष्ठ प्रतिरूप, उपस्थित सवृद्धि-तत्त्व (प्रवृत्ति) और चक्रीय व्यवहार की ओर ध्यान दे सकते हैं। कभी-कभी यह पता चलता है कि सांख्यिकीय आँकडो के दो समूहो मे सबद्ध होने की प्रवृत्ति है। अध्याय 19 मे यह सकेत किया गया है कि झींगुरो की ची-ची की द्रुतता और तापमान सम्बद्ध हैं। यदि तापमान बढेगा तो झींगुरो की ची-ची की द्रुतता तीव्रतर हो जायेगी, यदि तापमान घटेगा तो ची-ची की द्रुतता भी धीमी होगी। यह सम्बन्ध गणितीय ढग से व्यक्त किया जा सकता है और हम तापमान से झींगुरो की ची-ची की द्रुतता का अनुमान लगा सकते हैं, या इसके विपरीत, ची-ची की द्रुतता के आधार पर हम तापमान का अच्छा अनुमान कर सकते है।

कभी-कभी सांख्यिकीय जाँच सम्पूर्ण हो सकती है और उसमे सभी सभव घटनाएँ सम्मिलित हो सकती हैं। परन्तु प्रायश एक छोटे वर्ग या प्रतिदर्श का अध्ययन आवश्यक होता है। यदि जीवन-बीमा के लिए वकीलो के व्यय के अध्ययन की हमारी इच्छा है तो सयुक्त राज्य अमरीका के सभी वकीलो को सम्मिलित करना कदाचित् ही सभव होगा। प्रतिदर्श का सहारा लेना जरूरी है, और यह अनिवार्य है कि प्रतिदर्श सम्पूर्ण वर्ग का अधिकतम सभव प्रतिनिधि हो ताकि हम सम्पूर्ण समष्टि के लिए अपेक्षित परिणामो के सम्बध मे सन्तुलित अनुमान लगाने मे समर्थ हो सकें। प्रतिदर्श का चयन करने की समस्या का अगले अध्याय मे विवेचन किया गया है। अध्याय 24, 25, और 26 में यह निर्धारित करने का प्रयत्न किया गया है कि प्रतिदर्शों से प्राप्त परिणामो पर कितना निर्भर किया जा सकता है।

कभी-कभी सांख्यिकी-विद् को पूर्वानुमान करना पडता है। उसे एक वर्ष बाद मोटर गाडी के टायरो की बिक्री या आगामी कुछ वर्षों की जनसख्या का पूर्वानुमान करना पड सकता है। कुछ वर्ष पहले लेखको के एक वर्ग की कक्षा के ग्रीष्मकालीन सत्र मे एक विद्यार्थी दिखाई पडा और उसने निजी वार्तालाप म घोषित किया कि उसने एक ही उद्देश्य

से वह पाठ्यक्रम लिया है ताकि वह ऐसा सूत्र प्राप्त कर सके जिससे वह कपास के मूल्य का पूर्व-कथन कर सके। उसके अपने लिए तथा उसके मालिकों के लिए कपास के मूल्यों की कुछ अग्रिम जानकारी प्राप्त करना महत्त्वपूर्ण था क्योंकि वह संस्था बहुत बड़ी मात्रा मे कपास खरीदती थी। खेद की बात है कि उस नवयुवक को भ्रान्ति-मुक्त होना पड़ा। हमारी जानकारी के अनुसार पूर्वानुमान के कोई ऐन्द्रजालिक सूत्र नहीं हैं। इसका यह तात्पर्य नहीं कि पूर्वानुमान करना असभव है, अपितु इसका अर्थ यह है कि पूर्वानुमान करना एक जटिल प्रक्रिया है सूत्र जिसका केवल एक छोटा-सा भाग है। इसके अतिरिक्त पूर्वानुमान अनिश्चित और खतरनाक है। भविष्य मे क्या होगा ऐसा कहने का प्रयत्न करने के लिए, पूर्वानुमान के विषय की पूरी पकड उससे सबधित क्षेत्रों की प्रगति के प्रत्येक क्षण का ज्ञान, और पूर्वानुमान करने की किसी भी यात्रिक विधि की सीमाओं की पहचान आवश्यक है। पूर्वानुमान सबधी अतिरिक्त टिप्पणियाँ अध्याय 22 मे मिलेंगी।

व्याख्या – किसी जाँच का अन्तिम पग प्राप्त आँकडों की व्याख्या है। विश्लेषण से कौनसे परिणाम निकल रहे है? आँकडे हम कौनसी ऐसी बाते बताते हैं जो नई हैं अथवा जो पूर्व मूल कल्पनाओं को पुष्ट करती है या उनके बारे में सन्देह उत्पन्न करती है? मूल सामग्री की परिसीमाओं को ध्यान में रखते हुए परिणामों की व्याख्या करनी चाहिए। ऐसे आँकडो से जो स्वय सन्निकट मान मात्र है बहुत सुनिश्चित निष्कर्ष नहीं निकाले जाने चाहिएँ। परन्तु अन्वेषक के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने आँकडों के सभी उपयोगी और प्रयुक्त अर्थों का पता लगाए और उनका स्पष्टीकरण करे।

कुछ अनुपयुक्तताएँ

अन्वेषक को अपनी सामग्री के सब सभव दुरुपयोगों से बचने के लिए निरन्तर सावधान रहना चाहिए। असगत और असावधान तर्क या आँकडों के अनुपयुक्त प्रयोग से ऐसे अध्ययन का महत्त्व नष्ट हो जाएगा जो प्रारंभिक अवस्थाओं मे प्राविधिक दृष्टि से स्वीकार्य हो सकता था। सदोष प्रक्रियाओं के कुछ उदाहरणों से यह बात स्पष्ट हो सकेगी। पुस्तक के बाद के अध्यायों मे कहीं कहीं अन्य दोषों का उनसे सबधित विधियों के सबध मे उल्लेख किया गया है।

पूर्वग्रह—अन्वेषक मे पूर्वग्रह की उपस्थिति स्पष्ट ही उसके सम्पूर्ण उपक्रम को अविश्वस्त बनाने के लिए पर्याप्त है। पूर्वग्रह सबोध या जानबूझ कर हो सकता है; ऐसी दशा मे यह जालसाजी का पर्यायवाची होगा। इस प्रकार की सांख्यिकीय अनुपयुक्तता का एक बहु-प्रचारित उदाहरण साम्यवादी चीन मे रेल गाड़ी के एक कर्मीदल से सबधित है जिसने एक वर्ष बिना किसी बड़े पुनर्कल्पनों के और बहुत कम ईंधन की खपत के साथ आभासत बहुत लम्बा सुरक्षित सफर किया। बाद मे पता चला कि अनेक दुर्घटनाएँ हुई थी, गुप्त रूप से मरम्मत की गई थी और पुन ईंधन भरा गया था।[1]

दूसरी ओर अनभिप्रेत पूर्वग्रह क्रियाशील हो सकता है, और यह सभवतः अधिक खतरनाक है, क्योंकि अन्वेषक स्वय इससे अनभिज्ञ हो सकता है। यह एक सार्वदेशिक

1. देखिये सिडनी क्लेन, "ए नोट आन स्टैटिस्टिकल टैक्नीक्स इन कम्युनिस्ट चाइना", दि अमेरिकन स्टैटिस्टीशियन जून 1959, पृष्ठ 18—21, व्याप्त।

सिद्धान्त प्रतीत होता है कि व्यक्ति अपने सर्वाधिक अनुकूल तथ्यो की व्याख्या करते हैं और उन्हे स्मरण रखते है। एक जापानी साहित्यिक गौरव ग्रथ रेशोमोन जिसका अनेक भाषाओ मे अनुवाद हुआ है इस स्पष्ट मानवीय लक्षण पर आधारित है। यही कारण है कि बहुत से मुकदमे एक ही घटना के अत्यन्त भिन्न वर्णन के कारण होते है, जो सच्ची मत-भिन्नताओं पर आधारित रहते है।

जैसा कि हम अगले अध्याय मे देखेंगे, साख्यिकीय आँकडे कोरी हवा मे से नही पकडे जा सकते, जैसे जादूगर अनायास अगुलियो के अग्रभाग से सिक्को का निर्माण करता हुआ प्रतीत होता है। यह प्रक्रिया ऐसी है जिसमे सावधानी और ब्यौरे पर ध्यान देना अपेक्षित है। प्राप्त होने पर आँकडो का उपयोग होना चाहिए और उनकी अकस्मात् उपेक्षा नही होनी चाहिए। किसी एक लेखक के सबध मे एक समीक्षक के कथन पर ध्यान दीजिए

> ब्लैन्क अध्यवसायी और निर्भीक है। क्या इससे पूर्व किसी विषय पर आँकडे एकत्र किए गए है ? उसने अधिक और बहतर आँकडे इकट्ठे किए है। यदि अपनी मूल-भूत प्रकृति के कारण उन्हे चार्टो मे नही रखा जा सकता तो भी उसने उनके चार्ट बनाए है ..कभी-कभी स्वय कालक्रम उसके हाथो मे बिगड जाता है। यदि *उसके उदाहरण एक या दो शताब्दी आगे-पीछे रखने पडे तो ब्लैन्क तर्क की खातिर* अपने आँकडो और चार्टो को भी भूल सकता है।

महत्वपूर्ण कारक की लुप्ति—*मोटर गाडियो के लिए पूर्ण रूप से धातु की छत* चालू करने के कुछ देर *बाद किसी निर्माता कम्पनी को यह सिद्ध करने की आवश्यकता* अनुभव हुई कि पूर्ण रूप से धातु की छतो के परिणामस्वरूप कारो के अन्दर अधिक गर्मी नही होती। उन्होने एक परीक्षा का सुझाव दिया जिसमे तीन बातें थी

1 *लगभग* 8 इच *वर्ग का* एक उच्च कोटि के कपडे का टुकडा लीजिए। उस कपडे के नीचे उसी आकार का अस्तर लगाइये और अस्तर के नीचे एक थर्मामीटर रखिए।
2 लगभग 8 इच वर्ग का एक अत्यधिक परिष्कृत बहुत बढिया इस्पात का टुकडा लीजिए। उसके नीचे उसी आकार के $\frac{1}{4}$ इच मोटे फैल्ट और अस्तर के टुकडे लगाइये तथा अस्तर के नीचे एक थर्मामीटर रखिए।
3 ऊपर के प्रत्येक उपकरण को कमरे के तापमान पर एक तख्ते पर रखिए। *फिर इस समस्त उपकरण को बाहर गर्म धूप मे ले जाइए। लगभग* 10 मिनट तक इसे वही धूप मे रहने दीजिए और तब दोनो थर्मामीटरो का तापमान पढिए।

उपर्युक्त प्रयोग की कठिनाई यह है कि पाठक को सुझाव के चरण 2 मे *अत्यधिक परिष्कृत इस्पात के टुकडे का प्रयोग करने के लिए कहा गया है।* मोटर गाडियो की छतो पर रोगन *होता है। अत वे अत्यधिक परिष्कृत* इस्पात की अपेक्षा अधिक गर्मी सोखती है। परीक्षा के इस स्पष्ट दोष से प्रयोग निरर्थक हो जाता है, यद्यपि कपडे की छत वाली कार की अपेक्षा धातु की छत वाली कार अतिरिक्त ऊष्मा रोधन से वास्तव मे अधिक ठण्डी बन सकती है।

असावधानी—गलतियाँ जीवन का अनिवार्य अग हैं। परन्तु असावधानी कम से कम होनी चाहिए। एक लेखक की पत्नी ने देवदारु की सग्रह-पेटी का आकार पूछने के लिए एक बडे विभाग स्टोर को लिखा। उत्तर म कहा गया, "यह माल 3" × 1" × 1½" आकार मे प्राप्य है।"

हमम से बहुतो को बिना पत्र के बन्द लिफाफे या सदेश वाले स्थल पर बिना कुछ लिखे पोस्ट काड प्राप्त हुए हैं, और हममे से बहुत से सयोगवश दुकानदार को उसका बिल बिना चैक या हस्ताक्षर-रहित चैक के साथ भेज देने के दोषी होते हैं।

एक दुकानदार ने एक प्रकार के मास का 49 सेन्ट प्रति पाउड का भाव विज्ञापित किया। उसके एक भण्डार मे नौ पैकेट थे जिनमे से प्रत्येक पारदर्शक पदार्थ से लिपटा हुआ था और प्रत्येक पर प्रति पाउड मूल्य (49 सेन्ट), वजन और उस टुकडे के मूल्य की पर्चीं लगी हुई थी। तीन पैकेटो पर निम्न चिह्न अकित थे 3 पाउड 9¾ आउन्स, 2 92 डालर, 4 पाउड 15¾ आउन्स, 4 05 डालर, 4 पाउड 12¼ आउन्स, 3 86 डालर। इन मूल्यो को उनके वजन से भाग करने पर पता चलेगा कि यह मूल्य 81 सेन्ट प्रति पाउड की दर से था जो उस समय उस प्रकार के मास के प्रचलित मूल्य से कही अधिक था। कई मास उपरान्त उसी दुकानदार के यहाँ मास के अन्य प्रकारो पर भी उसी प्रकार गलत मूल्य लगे देखे गए। अत सभवत इस उदाहरण को असावधानी ' से भिन्न किसी अन्य शीर्षक के अन्तर्गत रखना चाहिए।

अघटित परिणाम—एक साप्ताहिक समाचार-पत्रिका ने जिसका प्रसार स्वस्थ ढग से बढ रहा था एक विशेष वर्ष के लिए यह प्रदर्शन करना चाहा कि उसके पाठक उसकी खपत से कही अधिक हैं। अपनी खपत के आँकडे दिखाने के बाद पत्रिका ने लिखा "और भूतपूर्व डिप्टी पुलिस कमिश्नर के अनुसार जिसने सात विभिन्न नगरो या कसबो मे क्रेताओ के घरो से अपने आदमियो द्वारा यादृच्छिक उठाई हुई प्रतियो पर 2,16,948 अगुलियो के निशान गिने और पहचाने इनम से प्रत्येक क्रेता 3 26 पृष्ठानुपृष्ठ पाठको का प्रतिनिधित्व करता है।' अन्वेषक यह कैसे जान सका कि अगुलियो के निशान पृष्ठानुपृष्ठ पाठको के थे ? अथवा, क्या उसे प्रत्येक अगुली का निशान प्रत्येक पृष्ठ पर मिला और यदि ऐसा हो भी तो क्या इससे यह सिद्ध होता है कि प्रत्येक पृष्ठ पढा गया था ? क्या आप कभी वास्तव मे कोई पत्रिका पृष्ठानुपृष्ठ पढते हैं ?

अतुलनीय आँकडे—एक वर्ष समाचार पत्रो मे अमरीका के अस्थि-सबधी प्रसूति-शिक्षा के कालेज की एक सभा का सवाद छपा, जिसम महानगर के एक समाचार-पत्र ने समाचार दिया कि एक डाक्टर ने कहा कि अस्थि चिकित्सको द्वारा प्रसूति काल म देखरेख की जाने वाली माताओ मे मृत्यु का अनुपात अन्य चिकित्सको की अपेक्षा आधे से भी कम है। अन्य चिकित्सको द्वारा प्रसूति-काल मे देखरेख की जाने वाली माताओ में मृत्यु की ऊँची दर के कारण सवेदनाहारियो के अत्यधिक प्रयोग प्रसव वेदना मे अवरोध और यान्त्रिक विधियो पर अत्यधिक निर्भर बताए गए। 14,000 अस्थि सबधी प्रसव केसो के एक सर्वेक्षण से मातृ मरण दर 2 8 प्रति हजार प्रसव का पता चलना बताया गया। इस गणना की तुलना राष्ट्र की औसत 6 से अधिक प्रति हजार से की गई। यह स्पष्ट होना चाहिए कि समस्त देश के लिए औसत दर सामान्य चिकित्सको द्वारा परिचर्या किए गए प्रसव के केसो की दर का प्रतिनिधित्व नही करती क्योंकि बहुत से प्रसव केस चिकित्सको की देखरेख मे नही होते।

एक छोटी सस्ती कार के निर्माता इस बात पर बल दे रहे थे कि उनकी कार के आने से बहुत सी पुरानी कारो के क्रेता नई कार के स्वामियो मे बदल गए थे । परिचालन की लागत के सबध मे उन्होने बताया कि "कार के स्वामी एक गैलन गैसोलिन के प्रयोग *से 35 मील तक की रिपोर्ट देते हैं जो एक पुरानी कार द्वारा प्राप्त औसत मीलो की* तुलना मे कम आय वाले वर्ग के लोगों के लिए बडे महत्त्व की बचत है ।" एक प्रकार की कार के *अधिकतम* मीलो की दूसरे प्रकार की पुरानी कारो की औसत मीलो से तुलना करना निस्सन्देह अनुचित है ।

साहचर्य और कारणता की संभ्रान्ति—कभी-कभी ऐसे कारक जो सहचारी हो, गलती से कारणत सबधित मान लिए जाते है । एक दक्षिणी मौसम-विज्ञ ने खोज की कि अनाज के मूल्य मे गिरावट का परागज ज्वर की प्रचडता से वैपरीत्य सबध है । इसका यह तात्पर्य नही कि अनाज की कम कीमत परागज ज्वर मे प्रचण्डता उत्पन्न कर देती है, न ही इसका यह अर्थ है कि परागज ज्वर के गभीर मामलो से अनाज का मूल्य गिर जाता है। अनाज का मूल्य साधारणत. उस समय कम होता है जब कि अनाज की फसल अधिक हुई हो। जब मौसमी स्थितियाँ अनाज की अच्छी फसल के लिए अनुकूल रही हो तो वे काटेदार घास-पात की अच्छी फसल के लिए भी अनुकूल रही होगी । इस प्रकार अनाज के मूल्य की गिरावट और परागज ज्वर के रोगियो के कष्टो मे से प्रत्येक का कारण (कम से कम आशिक रूप मे) मौसम मे ढूंढा जा सकता है, परन्तु ये दोनो एक दूसरे पर सीधे निर्भर नही है । साहचर्य और कारणता की और अधिक चर्चा अध्याय 19 मे की गई है ।

साहचर्य की कारणता मे सभ्राति का एक दूसरा दृष्टान्त एक अनुसधान सस्था के वक्तव्य से प्राप्त हुआ जिसने वार्षिक आंकडो का अध्ययन करने के बाद कहा, "जब खेती की आय बढती है तब कारखानो के वेतन-चिट्ठे भी निरपवाद रूप से उसका अनुसरण करते है, परन्तु वे वृद्धि का नेतृत्व नही करते । एक कारण है, दूसरा कार्य ।" यदि इस प्रकार का क्रम है ही तो इसे वार्षिक आंकडो से कदाचित् ही प्रदर्शित किया जा सकता है । यदि कारखानो के वेतन-चिट्ठे खेतो की आय का अनुसरण करते है तो हमे इस तथ्य को मासिक आंकडो का नक्शा बना कर दिखाना चाहिए जैसा कि अन्य श्रेणियो के लिए चार्ट *22 9* और चार्ट *22 10* मे *दिखाया गया* है । कारण के सबध के बारे मे यह काफी स्पष्ट है कि जब खेतो की आय मे वृद्धि (या कमी) का कारखानो के वेतन-चिट्ठा पर तदनुरूप प्रभाव पडता ही है तो वेतन-चिट्ठों का भी खेतो की आय पर पारस्परिक प्रभाव पडता है । *इसके अतिरिक्त ये दोनो किन्ही अन्य कारको पर भी निर्भर रहते हैं जो* साधारण व्यापार के रूप को प्रभावित करने मे प्रवृत्त होते है ।

अपर्याप्त आंकडे—अपर्याप्त आंकडो से उद्भूत किसी निष्कर्ष के सबध मे अत्यन्त अनिश्चितता रहती है । एक बहुत छोटा प्रतिदर्श हमे ठीक निष्कर्ष पर ले जा सकता है, परन्तु हम अपने निष्कर्ष पर बहुत अधिक अश मे विश्वास नही कर सकते । जब कोई डाक्टर एक नया इलाज विकसित कर रहा हो तो वह कतिपय व्यक्तियो पर प्रयोग करने के बाद ही उसकी अमोघता की घोषणा नही कर देता । उसके पास पर्याप्त आंकडे होने चाहियें ताकि वह परिणामो के सम्बन्ध मे अपेक्षाकृत निश्चित हो सके । यदि दो या तीन व्यक्तियो पर उसके इलाज का अनुकूल प्रभाव पडता है तो उसका यह दावा करना निरापद नही हो सकता कि वे घटनायें सयोगवश नही थी । इन कुछेक की अनुकूल अनुक्रिया इलाज के बिना ही या इसके बावजूद हो सकती है । वास्तव मे, एक ऐसा "नियत्रण" वर्ग होना चाहिए

जिसमे यह दिखाया जा सके कि व्यक्तियों की इलाज के बिना या आम इलाज से कैसी अनुक्रिया होगी । साथ ही नियत्रण वर्ग और चिकित्सित वर्ग दोनो काफी बडे होने चाहियें ताकि उनसे दोषमुक्त निष्कर्ष निकाला जा सके । प्रतिदर्शों से परिकलित मूल्यों की विश्वस्तता की चर्चा अध्याय 24 से 26 मे दी गई है ।

अप्रातिनिधिक आँकडे—निष्कर्ष ऐसे आँकडो पर आधारित हो सकते हैं जो सख्या मे पर्याप्त हो परन्तु जो प्रातिनिधिक न हो । एक छोटा प्रतिदर्श प्रातिनिधिक हो सकता है, दूसरी ओर एक बडा प्रतिदर्श प्रातिनिधिक नही भी हो ऐसा हो सकता है ।

अप्रातिनिधिक आकडो पर आधारित निष्कर्ष का एक चिरप्रतिष्ठित उदाहरण, जिस पर साहित्य मे दीर्घकाल से जोर दिया गया, 1936 के राष्ट्रपति के चुनाव का लिट्रेरी डाइजस्ट द्वारा किया गया पूर्वानुमान है । डाइजेस्ट ने 1,00,00,000 से अधिक अराजकीय मतपत्र भेजे । इनम से 23,76,523 वापिस आए और उनसे सकेत मिला कि लैन्डन को 370 और रूजवेल्ट को 161 चुनाव मत पडेगे । अन्तिम चुनाव परिणामो मे रूजवेल्ट को 523 और लैन्डन को 8 चुनाव मत प्राप्त हुए । कठिनाई यह थी कि मत-गणना के लिए आधार-रूप मे प्रयोग की गई डाक सूचियो म ऊँची आर्थिक स्थिति वाले व्यक्तियो की अपेक्षाकृत अधिक बहुतायत थी और इस प्रकार वे मतदान करने वाली समस्त जनता का प्रतिनिधित्व नही करती थी ।

अप्रकट वर्गीकरण—कभी-कभी साख्यिकीय आँकडो से निकाले गए निष्कर्ष इसलिए ठीक नही होते क्योकि एक अप्रकट वर्गीकरण की उपस्थिति की ओर ध्यान नही दिया गया । आत्महत्याओ के एक अध्ययन मे इस प्रकार के अप्रकट वर्गीकरण की उपस्थिति पाई गई । आँकडो मे ऐसा लगता था कि कुछ विशिष्ट धार्मिक वर्गो मे अन्य वर्गो की अपेक्षा आत्महत्याओ की अधिक सम्भावना है । और अधिक विचार करने पर यह प्रकट हुआ कि आत्महत्याओ के शहरी या ग्रामीण क्षेत्रो म घटित घटनाओ के मामले की ओर ध्यान नही दिया गया था । निष्कर्ष, यह नही कि आत्महत्याओ की प्रवृत्ति निर्दिष्ट धार्मिक वर्गो से सम्बन्धित होने की है, बल्कि यह होना चाहिए था कि आत्महत्याये शहरी इलाको मे अधिक प्रचलित है और ये धार्मिक वर्ग भी शहरो मे अधिक सख्या म है ।

इकाइयो की व्याख्या का अकरण—मोटर गाडी या ड्राइवर के लायसेंस के नवीकरण के साथ प्रत्येक मोटर गाडी वाले को दी गई एक पुस्तिका मे एक राज्य के मोटर गाडी कमिश्नर ने इस तथ्य की ओर ध्यान दिलाया कि 26 वर्ष पूर्व "मील मरण दर" 23 6 थी जबकि उसी समय समाप्त हुए वर्ष मे "मील मरण दर" 4 2 थी। इस बात की कोई व्याख्या प्रस्तुत नही की गई थी कि यह राज्य की सडको की प्रति मील—या प्रति हजार मील—मृत्यु सख्या थी, अथवा वर्ष के दौरान मोटर गाडी के प्रति सौ, प्रति हजार या प्रति दस लाख मील सफर की मृत्यु सख्या थी । निश्चय ही यह प्रति मील मोटर-सफर के पीछे मृत्यु-सख्या न थी, यद्यपि सरसरी तौर पर पढने पर ऐसा ही प्रतीत होता था । पूछताछ करने पर पता चला कि मृत्यु सख्या का यह अनुपात सडक पर प्रति दस करोड मील मोटर-सफर का था । राज्य मे वर्ष भर मे बिके गैसोलिन के गैलनो की सख्या को 13 12 से, जो प्रति गैलन मीलो की औसत थी, गुणा करके मील-दूरी प्राप्त की गई थी । प्रसगवश, इस औसत की यथार्थता के सम्बन्ध मे और यह कैसे प्राप्त की गई इस बारे मे किसी को भी आश्चर्य हो सकता है । हाँ, गैसोलिन की बिक्री राज्य के कर-वृत्तो से प्राप्त थी ।

कुछ विकासशील देशो मे, केन्द्रीय सरकार द्वारा इकाइयो की स्पष्ट व्याख्या करने की विफलता के कारण, एक ही क्रिया मे प्रयुक्त विभिन्न विधियो मे पर्याप्त भिन्न परिणाम निकले है। उदाहरणार्थ, साम्यवादी चीन मे, वर्षो तक, सामूहिक सस्थाओ और कम्यूनो के "सचय" के तथा कुल सामूहिक एव कम्यून आय के मुकाबले उपभोग के अनुपात निकालने के लिए सामूहिक सस्थाओं और कम्यूनो मे कम से कम तीन विभिन्न विधियाँ साथ साथ प्रयुक्त की गई। एक बार एक लेखक ने एक विशिष्ट कम्यून के हिसाब-किताब पर ये तीनो विधियाँ लागू की और वह विकल्प से 27 प्रतिशत, 40 प्रतिशत, तथा 48 प्रतिशत के "सचय" अनुपातो पर पहुँचा।[2]

भ्रामक योग—हममे से जो समाचार-पत्र के खेल सम्बन्धी पृष्ठो को पढते हैं, उन्होने सभवत प्रत्येक शरद् काल मे इस आशय का वक्तव्य देखा होगा कि अभी समाप्त हुई बेसबाल ऋतु मे हजार—या लाख—की एक निश्चित सख्या मे शौकीनो ने स्वदेशी टीम का खेल देखा। उदाहरणतया, यह कहा गया कि एक बेसबाल ऋतु मे न्यूयार्क के अमरीकनो के स्वदेशी खेलो मे 15,38,007 शौकीन दर्शक उपस्थित रह। यह गणना प्रत्येक स्वदेशी खेल देखने वाले व्यक्ति की सख्या को जोडकर प्राप्त की गई। जैसा कि असावधानी से बहुधा कहा या सूचित किया जाता है, यह गणना 15,38 007 शौकीनो का प्रतिनिधित्व नही करती, वरन् प्रवेश की निर्दिष्ट सख्या को व्यक्त करती है, जबकि बहुत से व्यक्तियो ने एक से अधिक खेल देखे।

बहुत कुछ इसी प्रकार का अर्थहीन परन्तु प्रभावपूर्ण लगने वाला योग एक उद्यान-सस्था द्वारा प्रस्तुत विवरण मे उपस्थित था जिसने हाल ही म एक अन्य उसी प्रकार की कम्पनी खरीदी थी। यह कम्पनी भी दो अन्य सस्थाओ के हाल ही के विलय का प्रतिनिधित्व करती थी। विवरण इस आशय का था कि उनका बागबानी के सयुक्त अनुभव का योग अब 295 वर्ष है। यह गणना तीनो कम्पनियो की आयु को जोडकर प्राप्त की गई थी।

निकृष्ट रूप से अभिकल्पित प्रयोग—कोई प्रयोग सार्थक सिद्ध हो इसके लिए यह इस प्रकार से अभिकल्पित[3] होना चाहिए कि जो परिणाम निकले हैं, विचाराधीन कारको के अतिरिक्त उनके अन्य कारण न हो सकें। निम्नलिखित उदाहरण का पुन दूसरे सदर्भ मे अध्याय 25 के अन्त मे जिक्र किया जाएगा। बहुत वर्ष पूर्व जब प्रतिदीप्त प्रकाश व्यवस्था पहले पहल चालू हुई तो कुछ लोगो का विश्वास था कि जो व्यक्ति इस प्रकाश के विकिरण मे रहेंगे वे वध्य हो जायेंगे। एक रेल मार्ग पर पहले ही प्रतिदीप्त बत्तियाँ लग चुकी थी और इस विश्वास को बदलने की आशा से उन्होंने एक प्रयोग किया जिसमे चूहो का एक समूह तापदीप्त प्रकाश मे तथा दूसरा प्रतिदीप्त प्रकाश मे रखा गया। निश्चित कालावधि के उपरान्त पहले समूह के बच्चे सख्या मे सदा की भाँति हुए जबकि दूसरे समूह का कोई बच्चा न हुआ। एक सशयालु व्यवस्थापक ने कहा कि चूहो के दूसरे समूह की ध्यान से पुन परीक्षा की जाए और यह पता चला कि उस समूह के सभी चूहे

---

2 सिडनी क्लेन, "सम एस्पेक्ट्स आफ चाइनीज, कम्युनिस्ट स्टैटिस्टिक्स," एशियाई अध्ययनो की सस्था, शिकागो के सम्मुख प्रस्तुत प्रपत्र, मार्च 29 1961, पृष्ठ 11—14, अप्रकाशित।

3 सी॰ सी॰ ली, *इन्ट्रोडक्शन टु इक्सपेरिमेन्टल स्टैटिस्टिक्स* मे प्रायोगिक अभिकल्प का एक विवेचन प्राप्त है। मेक ग्रा हिल बुक कम्पनी, न्यूयार्क, 1964। साथ ही देखिये डी॰ जे॰ फिन्नी, *एन इन्ट्रोडक्शन टु दि थीअरि ऑफ एक्सपेरिमेन्टल डिजाइन*, शिकागो युनिवर्सिटी प्रस, 1960।

समान लिंगी थे। यह एक प्रारम्भिक बात है कि दोनो समूहो मे नर-मादा की सख्या समान होनी चाहिए थी।

अनुसंधान विधियाँ

यह कल्पना नही करनी चाहिए कि साख्यिकीय विधि ही अनुसधान मे प्रयोगार्थ एकमात्र विधि है, न ही इस विधि को प्रत्येक समस्या का सर्वोत्तम हल मानना चाहिए। जिस प्रकार बढई के पास भिन्न-भिन्न प्रकार के कार्य के लिए उपयोगी विभिन्न औज़ार होते है, उसी प्रकार अनुसधायक विभिन्न तकनीको का लाभ उठा सकता है जो उसके *व्यवसाय के औज़ार है और जिनमे से प्रत्येक एक विशिष्ट प्रकार की स्थिति के लिए* उपयुक्त है। यदि कोई अव्यवसायी बढई छेनी के स्थान पर पेंचकस का प्रयोग करता है तो परिणाम कर्मकार के अनुरूप या सन्तोषजनक होने की सभावना नहीं है। इसी प्रकार यह महत्त्वपूर्ण है कि अनुसधायक प्रारभ मे ही अपनी समस्या पर ध्यानपूर्वक विचार करे और उस तकनीक या उन तकनीको का प्रयोग करे जो उस समस्या के उपयुक्त हो। जैसे किसी *कार्य को पूर्ण करने मे* बढई को एक से अधिक औजारो के प्रयोग की आवश्यकता होती है, वैसे ही अनुसधायक को प्राय एक नही, बल्कि कई विधियों[4] का बहुधा प्रयोग करना पडता है।

जब प्रत्येक अध्ययनगत व्यक्ति या घटना के सबध मे बहुत कुछ जानकारी प्राप्त करने की हमारी इच्छा होती है तो हमारे बहुत से आँकडे प्रकृत रूप से अमात्रात्मक हो सकते है। ऐसी स्थिति मे हम अनुसधान की *व्यक्ति या घटना-अध्ययन* की विधि का प्रयोग करते हैं जिसका उद्देश्य होता है अध्ययनरत व्यक्ति या घटना की निजी विशेषताओ पर विस्तार से मनन करना और इस प्रकार के कई विस्तृत अध्ययनो से सामान्यीकरण करना। व्यक्ति या घटना वृत्तो (जैसे मजदूरी, सतान की सख्या, आदि) के अध्ययन से प्राप्त *कुछ जानकारी साख्यिकीय हो सकती है और जब बहुत से वृत्त सम्मिलित किए गए हो तो* उनसे प्राप्त अमात्रात्मक जानकारी के साख्यिकीय साराश बनाए जा सकते है।

यदि रुचि का केन्द्र व्यवहार या अभिवृत्तियो के परिवर्तन है तो नामिका तकनीक का प्रयोग किया जा सकता है। इसमे दो या अधिक अवसरो पर उसी वर्ग के व्यक्तियो से साक्षात्कार किया जाता है। उदाहरण के तौर पर जब उपभोग आदतो और परिवार-*बजटो से सबधित जानकारी प्राप्त की जाती है तो नामिका विधि से मात्रात्मक आँकडे* प्राप्त किए जा सकते हैं जहाँ तक व्यक्ति या घटना-अध्ययनो का सबध है, यदि नामिकाएं

---

4 सामान्यत गुणात्मक विषयवस्तुओ से सबधित क्षेत्रो से परिमाणात्मक विश्लेषण के प्रयोग के उदाहरणो के लिए एस० ब्राइनगार, "मार्क ट्वेन एन्ड दि क्विटस कुर्टियम स्नाडग्रास लेटर्स ए स्टैटिस्टिकल टेस्ट आफ आथरशिप', जरनल आफ दि अमेरिकन स्टैटिस्टिकल एसोसिएशन, मार्च 1963, पृष्ठ 85—96, तथा एफ० मास्टैलर एव डी० एल० वैलेस, "इन्फरन्स इन एन आथरशिप प्राबलम", जरनल आफ दि अमेरिकन स्टैटिस्टिकल एसोसिएशन, जून 1963, पृष्ठ 275—309 देखिए। आर० फर्बर तथा पी० जे० वरड्रर्न, *रिसर्च मेथड्स इन ईक्नामिक्स एन्ड बिज़नस*, मैकमिलन कम्पनी, न्यूयार्क, 1962 तथा एच० हीमन, *सर्वे डिज़ाइन एन्ड अनेलिसिस*, ग्लेनको का फी प्रेस, 1955 मे विभिन्न विधियो का वर्णन है। अनुसधानो को एम० जी० केडाल तथा डब्ल्यू० आर० बलैन्ड, ए डिक्शनरी आफ स्टैटिस्टिकल टर्म्स, अन्तर्राष्ट्रीय स्टैटिस्टिकल इस्टीट्यूट यूनेस्को, 1959 भी उपयोगी लगेगी।

काफी बडी हो, तो अमात्रात्मक जानकारी, जैसे *सार्वजनिक प्रश्नो पर सम्मतियो*, के साख्यिकीय विश्लेषण प्रस्तुत किए जा सकते है।

कभी-कभी ऐतिहासिक अभिगम से किसी समस्या का हल किया जा सकता है। यद्यपि *ऐतिहासिक विधि* अधिकतर वर्णनात्मक तथा अमात्रात्मक है तथापि जब हम आयातो, निर्यातो, जनसख्या, और अन्य श्रेणियो की वृद्धि या ह्रास पर विचार करते है तो हमे उनके साख्यिकीय पक्ष मिल सकते है।

पुनश्च, *प्रायोगिक विधि* का प्रयोग करना भी उपयुक्त प्रक्रिया हो सकती है। इसमे जिस कारक का हम अध्ययन कर रहे हैं उसी मे किंचित् हेरफेर होने दिया जाता है और अन्य कारको मे से अधिकतम को नियत्रित रखने का प्रयास किया जाता है। उदाहरणत, यदि हम कार के टायर पर कार के वजन के प्रभाव का अध्ययन करना चाहते हो कि टायर कितने मील के सफर तक काम दे सकेगा तो हमे सडक की दशाओ, रफ्तार, तापमान, टायर के आकार, रबड और फीते के प्रकार, टायर को फुलाने और अन्य बहुत से कारको पर नियत्रण रखना पडेगा।

सामाजिक विज्ञानो मे, प्रायोगिक विधि विरले ही लागू की जा सकती है और इसके स्थान पर साख्यिकीय विधि के कुछ पक्षो का प्रयोग किया जाता है। उदाहरणतया, हम जन-समूहो को निर्धारित भोजन पर रहने के लिए बाधित करके और वास्तव मे उनके जीवन के अन्य सभी पक्षो या स्थितियो को समान रखकर जीवन की दीर्घता पर विभिन्न प्रकार के भोजनो के प्रभाव का पता नही लगा सकते। इसके स्थान पर हमे विभिन्न प्रकार का भोजन करने वाले व्यक्तियो के समूहो का पता लगाना होगा और तब हमे, जैसा कि अध्याय 21 मे बताया गया है, उनके जीवन के अधिकतम अन्य पक्षो के महत्त्व को आँकना और साख्यिकीय ढग से नियत्रित करना होगा, क्योकि हम प्रयोगात्मक ढग से उन पर नियत्रण नही रख सकते। प्रयोगात्मक और साख्यिकीय विधियाँ प्रतिपक्षी नही है, वरन् व्यावहारिक दशाओ मे साख्यिकीय विधि प्रयोगात्मक विधि की पूरक होती है। यदि इस प्रकार से प्रयोग किया जा सकता कि *सभी* परिवर्ती *पूर्णतया* नियत्रित रखे जाते तो सभवत आँकडो की आवश्यकता न पडती। अधिक मे अधिक हम अधिक महत्त्वपूर्ण कारको मे से प्राय कुछ को नियत्रित कर सकते है और इस प्रकार यह आवश्यक हो जाता है कि *अन्य गौण विघ्नकारी कारकों के जमघट (जिन्हे कभी-कभी "दैवयोग" की सज्ञा दी जाती है)* के महत्त्व का साख्यिकीय ढग से मूल्याकन किया जाए, जैसा कि अध्याय 24 से 26 मे वर्णन किया गया है।

कुछ समस्याओ को सुलझाने के लिए *आगमन विधि* की बजाय *निगमन विधि* अपनाई जा सकती है। जब निगमन ढग से एक परिकल्पना स्थापित हो जाय और जब मात्रात्मक आँकडे प्राप्त हो तो साख्यिकी की सहायता से परिकल्पना की आगमन परीक्षा की जा सकती है और इस परीक्षा से परिकल्पना की पुष्टि या अविश्वसनीयता सिद्ध हो सकती है। इसके विपरीत, साख्यिकीय ढग से प्राप्त सबधो से (जैसे, उदाहरणार्थ, कुछ राज्यो मे खेतो के आकार और प्रति एकड भूमि के मूल्य के सबध म कुछ निकट के नकारात्मक साहचर्य की प्राप्ति) कारणात्मक सबधो का आभास हो सकता है जिनका निगमन विधि से सम्पादन किया जा सकता है। पुन हमारे पास दो विधियाँ हैं जो प्रति-रोधी न होकर पूरक है।

अनुसधान की इन विधियो का पूरक स्वभाव परिचालन अनुसधान मे भी प्रतिबिम्बित होता है। यह अपेक्षाकृत नया क्षेत्र विशिष्ट प्रबध समस्याओ पर जो किसी सगठन के भीतर मनुष्यो और मशीनो के प्रयोग के इर्द-गिर्द घूमती है, मात्रात्मक विधियो का अनुप्रयोग करता है। उद्देश्य यह है कि समस्याओ के श्रेष्ठ हल निकाले जाएँ। परिचालन अनुसधान मे (जिसे कभी कभी *प्रबध विज्ञान* कहा जाता है) *अर्थशास्त्र* और *समाजशास्त्र जैसे सामाजिक विज्ञानो के सिद्धातो तथा भौतिकी एव रसायन जैसे भौतिक विज्ञानो* के सिद्धान्तो को प्राय मिलाया जाता है। *परिचालन अनुसधान* मे विशेष महत्त्व एकघातीय कार्यक्रम की गणितीय तकनीक का है जिसमे निवेशो, उपजो, तथा उद्देश्यो का परिमाण पूर्ण रूप से स्थिर किया जाता है।

जाँच का भाव—नियन्त्रित निर्देशित सशयालुता—साख्यिकीय विधि का सार है। जब साख्यिकी मे प्रशिक्षित व्यक्ति समस्या के निश्चित उत्तर पर नही भी पहुँच सकते, और कुछ नही तो वे ठीक प्रश्न पूछने की पर्याप्त जानकारी रखते हैं। साख्यिकीय विधि के सार तथा विशिष्ट साख्यिकीय तकनीको का अनुप्रयोग करने से साख्यिकी के सबध मे सडे खटकों—अर्थात् अययार्थताओ का 'झूठ, रफू झूठ, तथा साख्यिकी" के रूप मे वर्गीकरण करना तथा आँकडे मिथ्या भाषण नही करते बल्कि मिथ्याभाषी चित्रित होते हैं" आदि को प्रचलन कम करने मे सहायता मिलती है।

मुक्त उद्यम तथा आयोजित अर्थव्यवस्था दोनो मे, विकसित एव अविकसित देशो मे, साख्यिकीय शिक्षा का मूल्य इस प्रकार से प्रशिक्षित व्यक्तियो को दिए जाने वाले ऊँचे वेतनो मे प्रतिबिम्बित होता है। सयुक्त राज्य अमरीका मे, प्राणी विज्ञान, जनसाख्यिकी, अर्थशास्त्र, शिक्षा, इजीनियरी, स्वास्थ्य एव भेषज, बीमा, बाजार अनुसधान, मनोविज्ञान, तथा समाजशास्त्र के क्षेत्रो मे सरकारी अभिकरण, निजी उद्योग, तथा शैक्षिक सस्थाएँ साख्यिकी प्रशिक्षित व्यक्तियो की सक्रियता से खोज करती है। 1960 के दशक के उत्तर काल मे गणितीय साख्यिकी विद् प्रति वर्ष 20,000 डालर से अधिक कमा रहे थे। बाद के वर्षो मे नि सदेह इस प्रकार के वेतन बढे है।

2

सांख्यिकीय आँकड़े

जब कोई अन्वेषक एक विषय का अध्ययन प्रारभ करता है तो वह स्वय आँकडे इकट्ठे करने या पहले से ही प्राप्त प्रकाशित या अप्रकाशित सकलनो से आवश्यक आँकडे प्राप्त करने मे से कोई सी प्रक्रिया चुन सकता है। यदि किसी व्यक्ति या सगठन ने ऐसे विश्वस्त आँकडे तैयार किए है जो उस समस्या से सम्बन्ध रखते है तो वर्तमान जानकारी का प्रयोग करना बहुत कम खर्चीला बैठता है। यद्यपि अपने आँकडे इकट्ठे करना अधिक महँगा है तो भी इस प्रक्रिया से अनुसधायक ठीक वही जानकारी इकट्ठी कर सकता है जो विचाराधीन विशिष्ट प्रश्नो के उत्तर के लिए अपेक्षित है।

सभी पाठको के सामने मौलिक सांख्यिकीय आँकडे इकट्ठे करने की समस्या उत्पन्न नही होगी, बहुतो के लिए जानकारी के निमित्त विद्यमान स्रोतो का आश्रय लेना सम्भव होगा। फिर भी यदि अन्वेषक को सांख्यिकीय आँकडो के सग्रह, सम्पादन, और विन्यास की *प्रक्रिया और प्रच्छन्न सकटा का कुछ ज्ञान हो तो ऐसे स्रोतो से प्राप्त आँकडो का मूल्याकन* और उनका अधिक उत्तम प्रयोग किया जा सकता है।

एक बहुद्धृत उदाहरण यहाँ सगत है हैरोल्ड कॉक्स ने, जब वह एक नवयुवक के रूप मे भारत मे था, एक न्यायाधीश के सामने कुछ भारतीय आँकडे उद्धृत किए। न्यायाधीश ने उत्तर दिया, 'कॉक्स, जब तुम कुछ और बडे हो जाओगे तो तुम इतने आश्वासन के साथ भारतीय आँकडे उद्धृत नही करोगे। सरकार आँकडे इकट्ठे करने के लिए बहुत उत्सुक है—वह आँकडे इकट्ठे करती है, उनका जोड करती है, उनकी n गुणा घात निकालती है, उनका घनमूल निकालती है और अत्युत्तम रेखाचित्र तैयार करती है। परन्तु जो बात तुम्हे कभी न भूलनी चाहिए वह यह है कि उनमे से प्रत्येक आँकडा पहले-पहल गाँव के चौकीदार से *प्राप्त होता है जो केवल अपनी इच्छा के अनुसार जैसा चाहे लिख देता है।'*[1] *यह भी कह* देना चाहिए कि यह कहानी बहुत पहले के भारत की ओर सकेत करती है। आज भारत मे बहुत से योग्य सांख्यिकीविद् और एक सक्रिय सांख्यिकीय सस्था विद्यमान है। सम्भवत स्थानीय सांख्यिकीय जानकारी के स्रोत के रूप मे अब चौकीदार कार्य नही करता।[2]

---

1 इस कहानी का सर्वप्रथम प्रयोग जानकारी के अनुसार सर जोसिया की स्टाम्प *सम ईकनामिक फैक्टर्ज़ इन माडर्न लाइफ*, पी० एस० किंग एण्ड सन, लन्दन, 1929, पृष्ठ 258—259 मे किया गया है।

2 प्रमुख अविकसित क्षेत्रो मे सांख्यिकी की एक सक्षिप्त समालोचकीय समीक्षा के लिए सिडनी क्लेन, "रीसेन्ट ईकनामिक इक्सपीरियस इन इडिया एड कम्युनिस्ट चाइना अनदर इन्टरप्रिटेशन," *अमेरिकन ईकनामिक रिव्यू*, मई 1965, पृष्ठ 31—39 देखिए।

साख्यिकीय आँकड़ो का संग्रह

सग्रह की विधि—साख्यिकीय आँकड़े बहुत बार एक ऐसी प्रक्रिया से प्राप्त किए जाते हैं जिसके अन्तर्गत गृह स्वामी, व्यापारी या अन्य सूचनादाता से अभीप्सित जानकारी प्राप्त की जाती है। इसके लिए या तो गणनाकार सूचनादाता के पास जाता है, उससे आवश्यक प्रश्न पूछता है और एक अनुसूची में उत्तर लिख लेता है या सूचनादाता के पास प्रश्नो की एक सूची (जिसे कभी-कभी प्रश्नावली कहते हैं) प्रेषित कर दी जाती है जिसका उत्तर वह अपनी सुविधानुसार दे सकता है। प्रत्येक जनगणना के अवसर पर इकट्ठे किए गए आँकड़े गणन-प्रक्रिया से प्राप्त किए जाते है जिसके अन्तर्गत गणनाकार सयुक्त राज्य अमरीका मे प्रत्येक निवास-स्थान पर जाते है। कभी कभी पजीकरण द्वारा जानकारी प्राप्त की जाती है, जिसका तात्पर्य यह है कि जब कोई घटना घटती है या उसके कुछ ही देर बाद, उपयुक्त अधिकारी को जानकारी की सूचना दे दी जाती है। इस प्रकार जन्म और मृत्यु का पजीकरण होना आवश्यक है। बहुत से राज्यो मे मोटर दुर्घटनाओ की सूचना मोटर गाड़ियो के आयुक्त को देना आवश्यक है।

सामान्य रूपरेखा की दृष्टि से प्रश्नावली भेजकर, गणना प्रक्रिया और पजीकरण द्वारा आँकड़े प्राप्त करने की समस्याएँ एकसमान है। हाँ, पजीकरण की पद्धति मे यह कठिनाई अवश्य है कि बहुत से लोग पजीकरण की उपेक्षा करेंगे। पजीयक के लिए निरतर सतर्क और बार-बार पड़ताल करते रहना आवश्यक होगा। फिर भी, पजीकरण अधिकतर उपयुक्त ढग से पदसज्जित सरकारी अधिकारी के पास कराना पड़ता है, और प्रायः आँकड़े देना विधिक बाध्यता होती है। अधिकतर साख्यिकीय जानकारी क्योकि गणना-प्रक्रिया द्वारा या प्रश्नावली भेजकर प्राप्त की जाती है, अत. इस अनुभाग के शेषाश मे इन प्रक्रियाओ से आँकड़े इकट्ठे करने की विधियाँ दी जाएँगी।

प्रक्रिया की रूपरेखा—किसी साख्यिकीय अनुसधान के सोपानो को, जिसमे आँकड़ो का सग्रह आता है, निम्न प्रकार से नामोद्दिष्ट किया जा सकता है

1. अध्ययन की योजना बनाना।
2. प्रश्न बनाना और अनुसूची तैयार करना।
3. यदि पूर्ण गणना नही की जानी है तो प्रतिदर्श के प्ररूप का चयन करना।
4. जानकारी प्राप्त करने के लिए अनुसूचियो का प्रयोग करना।
5. अनुसूचियो का सम्पादन करना।
6. आँकड़ो को सुव्यवस्थित करना।
7. अन्तिम सारणियाँ और चार्ट बनाना।
8. निष्कर्षो का विश्लेषण करना।

विशिष्ट प्रतिदर्श के चयन के निर्णय को प्रथम सोपान मे सम्मिलित कर लेने के अतिरिक्त प्राय सभी सोपानो का यही क्रम रहेगा। हम यहाँ पाठो मे से प्रत्येक सोपान का क्रमशः विवेचन करेंगे।

1 अध्ययन की योजना बनाना—यदि एक प्रकरण का साख्यिकीय ढग से अध्ययन करना है तो अनुसधायक के लिए प्रारम्भ से ही दूसरो के इस क्षेत्र मे किए गए पूर्व कार्य से

परिचित होना आवश्यक है। हो सकता है कि उसे यह पता लगे कि पहले ही उसी प्रकरण का किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा परीक्षण किया जा चुका है और उसके प्रश्नो का पहले ही उत्तर मिल चुका है। वह अपना अध्ययन इस ढग से व्यवस्थित करन का विचार कर सकता है ताकि इसकी इससे पूर्व के अध्ययनो से तुलना की जा सके। निस्सदेह वह दूसरो के अनुभव और भूलो से लाभ उठाएगा। उसे यह भी पता चल सकता है कि उसके प्रकरण के अनुसधान मे इतनी बडी कठिनाइयाँ है कि वे अलघ्य है, व्यय बहुत अधिक हो सकता है, अथवा यह प्रतीत हो सकता है कि जानकारी देने वाले उस प्रकार की जानकारी को प्रकट करना नही चाहते जिसकी आवश्यकता है।

दूसरे क्या कुछ कर चुके है यह अध्ययन कर चुकने के उपरात अनुसधायक उन सामान्य पक्षो पर विचार करने को तैयार रहता है जो वह जानना चाहता हो। यदि रोजगार और बेरोजगारी के अध्ययन की प्रायोजना हो तो प्रत्येक व्यक्ति से सबधित बहुत-सी पूछताछ सगत होगी। कुछ अधिक महत्त्व की पूछताछ का सुझाव नीचे दिया जाता है

क्या व्यक्ति के कोई आश्रित है ? कितने है ?

व्यक्ति पुरुष है या स्त्री ?

उसकी वैवाहिक स्थिति क्या है ?

व्यक्ति की आयु क्या है ?

उसकी औपचारिक शिक्षा कितनी है ?

क्या उसके पास सम्पत्ति है ?

उसका साधारण काम-धन्धा क्या है ? किस उद्योग मे है ?

इस समय वह किस प्रकार का कार्य कर रहा है ? (यदि अध्ययन ब्यौरेवार हो तो व्यक्ति के विगत कई वर्षो के धन्धो के अनुभव और उनमे प्राप्त मजदूरी की सूची बनाने की ओर ध्यान दिया जा सकता है।)

क्या उसे पूर्णकालिक रोजगार प्राप्त है ? अथवा अशकालिक ? क्या वह पूर्ण रूप से बेरोजगार है ?

यदि व्यक्ति अशकालिक कार्य कर रहा है या पूर्ण रूप से बेरोजगार है, तो इसका कारण ?

यदि वह पूर्ण रूप से बेरोजगार है, तो कितने समय से ? तथा क्या वह काम करने के योग्य और काम करने का इच्छुक है, अथवा, विकल्प से, क्या वह सक्रिय होकर काम ढूँढ रहा है ?

निस्सदेह पाठक को अन्य महत्त्व के प्रश्नो का विचार आएगा, परन्तु इस प्रारभिक पद के स्वरूप के सकेत के लिए ये प्रश्न पर्याप्त है। हम प्राय सभी महत्त्वपूर्ण प्रश्नो के उत्तर प्राप्त नही कर सकते। इतनी विस्तृत पूछताछ करना बहुत व्ययकारक हो सकता है। कुछ प्रश्न ऐसे हो सकते है (जैसे सम्पत्ति के स्वामित्व से सबधित या मजदूरी सबधी प्रश्न) जिनका उत्तर देने से ज्ञापक प्राय मना कर देगे। अतः पूछताछ के आधार के लिए अत्यन्त महत्त्व के और व्यावहारिक प्रश्न चुने जाते हैं। यही प्रश्न है जो कि अनुसूची मे सम्मिलित किए जाएँगे।

सामान्य महत्त्व की कई ऐसी बातें है जिन पर साधारण योजना बनाने के सबध मे प्राय विचार किया जाता है। इनमे मे एक अध्ययन के विस्तार के बारे मे है। क्या इसमे सारा समुदाय सम्मिलित किया जाएगा या केवल एक प्रतिदर्श ? यदि धन और गणनाकार

प्राप्त हैं तो हम पूर्ण गणना कर सकते है, किन्तु प्राय हमे प्रतिदर्श से ही सन्तुष्ट हो जाना चाहिए। अनुसूची पर विचार पूर्ण कर चुकने के बाद हम प्रतिदर्श के चयन का विवेचन करेंगे।

एक अन्य सबधित समस्या यह है कि अनुसूची डाक से भेजी जाए (इस अवस्था मे इसका बहुत सरल और स्वत स्पष्ट होना जरूरी है) या, गणनाकारो का प्रयोग किया जाए। यदि वैतनिक गणनाकारो का प्रयोग करना है तो योग्य व्यक्तियो को ढूंढना आवश्यक है। तथापि, यह प्राय सत्य है कि गणनाकारो को नियुक्त करने के लिए धन प्राप्त नही होता। वास्तव मे, कभी-कभी स्थिति यह होती है कि यद्यपि जाँच के परिणाम मूल्यवान हो सकते हैं, परन्तु उनका मूल्य इतना अधिक नही होता जितना गणनाकारो को नियुक्त करने पर व्यय आएगा। अवैतनिक गणनाकारो के रूप मे पुलिस के सिपाहियो, कालेज के विद्यार्थियो, डाकियो, घूमने वाले अधिकारियो और स्कूल के बच्चो का प्रयोग करके भी अध्ययन किये गए हैं।

एक तीसरी बात उस स्थान मे सबधित है जहाँ ज्ञापको का साक्षात्कार किया जाएगा। रोजगार-बेरोजगारी के अध्ययन के लिए हम गणनाकारो को गलियो मे, काम पर लगे हुए लोगो से उनके काम के स्थानो पर या घरो पर साक्षात्कार करने के लिए भेज सकते हैं। यह स्पष्ट है कि तीनो मे से अन्तिम ढग अधिक अच्छा है। बेरोजगारी के अध्ययन के लिए हमे यह भी विचार करना चाहिए कि वय, लिंग, काम करने की इच्छा और मानसिक या शारीरिक स्थिति का बिना विचार किए किसी घर के सभी व्यक्तियो की गणना की जाए अथवा नही। प्रत्येक व्यक्ति की सूची बनाने से पूर्ण स्थिति का पता चल जाएगा, परन्तु इसके लिए काम भी बहुत करना होगा। रोजगार का अध्ययन करते समय हमारी रुचि उन गृहिणियो मे होनी आवश्यक नही है जिन्हे घर से बाहर कोई काम नही चाहिए। हमारी रुचि प्रौढ लोगो मे हो सकती है ताकि यह जानने का प्रयत्न किया जाए कि जनसख्या का कितना अनुपात सेवा-निवृत्त या बहुत वृद्ध या काम करने के अयोग्य है। प्राय छोटे बच्चे क्योंकि श्रमिक शक्ति का भाग नही होते, इसलिए (एक आयु जैसे) 14 या 16 वर्ष से छोटे सब व्यक्तियो को सम्मिलित न करना वाछनीय हो सकता है। निम्न उदाहरण मे हम यह मान कर चलेंगे कि 14 वर्ष से ऊपर की आयु के सब व्यक्तियो की गणना हुई।

2 प्रश्न बनाना और अनुसूची तैयार करना—इस ओर पहले ही सकेत किया जा चुका है कि वे सभी प्रश्न, जिनका उत्तर हम चाहते है, अनुसूची मे सम्मिलित नही किए जा सकते। उन प्रकरणो को चुनने के उपरात जिन्हे हम अपनी जाँच मे सम्मिलित करना चाहते हैं, हमे प्रत्येक प्रश्न इस ढग से बनाना चाहिए कि उसका तुरन्त और ठीक-ठीक उत्तर दिया जा सके और तब हमे अनुसूची प्रपत्र का प्रारूप बनाना चाहिए। पृष्ठ 36 पर एक अनुसूची प्रपत्र दिया गया है। इसका किसी समुदाय के रोजगार और बेरोजगारी के अध्ययन मे प्रयोग किया जा सकता है। हाँ, इस अनुसूची के साथ गणनाकारो के लिए अनुदेशो की पुस्तिका या कागज पूरक के तौर पर सलग्न करना होगा। अनुदेशो मे यह व्याख्या होगी कि "कुटुम्ब" और "परिवार" से क्या तात्पर्य है, क्योकि दोनो पदो का प्रयोग होता है, वय का अर्थ "निकटतम जन्मदिन" (तथाकथित "बीमा-विधि") या "बीते जन्मदिन" से (तथाकथित "जनगणना-विधि"); "धन्धा" और "उद्योग" पदो का अर्थ क्या है, इत्यादि।

एक बहुत सादी अनुसूची नीचे दी गई है। यह एक पोस्टकार्ड है जो कि कन्ट्री जेन्टलमैन नामक पत्रिका को वापिस करना था। यह फार्म न केवल इसकी सादगी के लिए

रुचिकर है वरन् इसलिए भी क्योंकि जिन्होंने सहयोग दिया उनको 'प्रशंसा के उपहार' के रूप में कर्टिस पब्लिशिंग कम्पनी ने एक चमकदार नवीन दस सेन्ट का सिक्का' भेजा। कम्पनी का कहना है कि जब कोई सिक्का न भेजा जाए तो ऐसी पोस्टकार्ड प्रश्नावली के लगभग 20 प्रतिशत उत्तर प्राप्त होंगे। जब दस सेन्ट का सिक्का भेजा गया तो 65 प्रतिशत उत्तर प्राप्त हुए। यह भी अनुभव किया गया कि दस सेन्ट के स्थान पर 25 सेन्ट का प्रयोग करके उत्तर लगभग 70 प्रतिशत तक पहुँचाए जा सकते थे।

1 आपकी डाक कैसे प्राप्त होती है ? आर० एफ० डी० अथवा स्टार मार्ग ,
डाकघर पर घर घर वितरण

2 आपके परिवार के मुखिया का क्या धंधा है ?

3 उनका किस प्रकार का व्यवसाय है ?

4 क्या आप फार्म या पशु संवर्धनालय से जीवन निर्वाह करते है ? हाँ नहीं

5 यदि आप फार्म या पशु संवर्धनालय से जीवन निर्वाह नहीं करते तो क्या आपके परिवार में से कोई—
क कृषि भूमि का स्वामी है या ऐसी भूमि किराए पर लेता है ? हाँ नहीं
ख फार्म पर कार्य करता है ? हाँ नहीं

6 यदि आप किसान नहीं हैं तो आपकी कन्ट्री जेंटलमैन में रुचि का कारण क्या है?

कर्टिस पब्लिशिंग कम्पनी द्वारा प्रयुक्त पोस्टकार्ड प्रश्नावली

एक वर्ष की बात है कि लेखकों में से एक ने न्यू ब्रन्सविक शहर की अर्थव्यवस्था के लिए न्यू जर्सी के रूजर्स राज्य विश्वविद्यालय द्वारा किए अंशदान के एक अध्ययन का निरीक्षण किया और 155 प्रश्नों वाली एक अनुसूची तैयार की जिनमें से कुछ के 9 तक वैकल्पिक उत्तर थे। इसमें प्रश्नों के 9 मिमियोग्राफ पृष्ठ तथा अनुदेशों और अन्य गद्य के 2 पृष्ठ सम्मिलित थे। प्रश्नावली प्राप्त करने वालों में से सकाय के लगभग 42 प्रतिशत ने 25 प्रतिशत कर्मचारियों ने तथा 15 प्रतिशत विद्यार्थियों ने इसे दिए अनुदेशों के अनुसार भरा और रिकार्ड के लिए वापिस किया।[3]

सांख्यिकीय अनुसूचियों की रचना एक ऐसी बात है जो वास्तव में उन्हें बनाने और प्रयोग करने से अत्यन्त सन्तोषपूर्ण ढंग से सीखी जाती है। फिर भी कुछ चेतावनियाँ ऐसी हैं, जो सहायक है

3 दि कन्ट्रीब्यूशन आफ रूजर्स—दि स्टेट यूनिवर्सिटी टु दि ईकानमि आफ दि सिटी आफ न्यू ब्रन्जविक ड्यूरिंग दि कलन्डर ईयर 1959, दि ब्यूरो आफ ईकनॉमिक रिसर्च रूजर्स राज्य विश्वविद्यालय 25 अप्रैल, 1961 पृष्ठ 1—41 व्याप्त अप्रकाशित।

(क) स्पष्टता आवश्यक है—पूर्ण अनुसूची तथा प्रत्येक प्रश्न यथासंभव सरल और स्पष्ट होना चाहिए। यह बात विशेष रूप से ऐसी अनुसूचियों के बारे में सत्य है जो अपनी सुविधा के अनुसार भरी जाने के लिए व्यक्तियों को भेजी जाती है या उनके पास छोड़ी जाती हैं। एक अस्पष्ट प्रश्न या एक ऐसे प्रश्न से जो अस्पष्ट उत्तर को निमंत्रित करता है, अनुपयोगी आँकड़े प्राप्त होते हैं तथा समय और धन नष्ट होता है। एक संस्था ने एक अध्ययन करते समय लगभग सैकड़ों माता-पिताओं से प्रश्न किया "आपके बच्चे का जीवन संबन्धी दृष्टिकोण उसी की आयु में आपके दृष्टिकोण से व्यापक है या संकुचित?" स्पष्ट है अनुसंधानकर्ता उत्तर में "व्यापक" या "संकुचित" की अपेक्षा करता था। परन्तु वास्तव में प्राप्त उत्तर प्राय 'हाँ', "नहीं", 'मुझे संदेह है", और "मुझे ऐसी आशा है" थे—जिनमें से किसी का कोई अर्थ नहीं था। साथ ही, प्रश्न में इस प्रकार का शब्द प्रयोग है जिसमें इस तथ्य के लिए कोई गुंजाइश नहीं है कि कुटुम्ब में दो या इससे अधिक बच्चे हो सकते है।

वैवाहिक स्थिति के सम्बन्ध में जाँच जब "विवाहित या अविवाहित ?" कहकर की जाए तो इस पर दो आपत्तियाँ हो सकती है (1) "हाँ" अथवा "नहीं" में प्राप्त होने वाला उत्तर अर्थहीन है, (2) सभी व्यक्ति इन दो श्रेणियों में नहीं आते। इस प्रश्न को पूछने का एक अच्छा ढंग इस प्रकार कहना है

पड़ताल कीजिए क्या

अविवाहित है .....
विवाहित है.. ...
विधवा/विधुर है . ...
विवाह-विच्छेदित है......
वियोजित है......

"अविवाहित" का अर्थ स्पष्ट करने के लिए कभी-कभी "कभी विवाह नहीं हुआ" यह पद प्रयुक्त किया जाता है।

अनुसंधानकर्ता को अपने प्रश्नों में केवल इस प्रकार के शब्द-प्रयोग से सन्तुष्ट नहीं होना चाहिए कि वे समझे जा सकते है, उसे उनकी इस सावधानी से रचना करनी चाहिए कि उनका अशुद्ध अर्थ नहीं लगाया जा सकता।

(ख) सभी प्रश्नों का ठीक-ठीक उत्तर नहीं दिया जा सकता—कितना भी स्पष्ट प्रश्न क्यों न पूछा जाए, कुछ इस प्रकार के प्रश्न है जिनके उत्तर असन्तोषजनक होने की संभावना है। कुछ जनगणनाओं से आयु के अलग-अलग वर्षों के अनुसार जनसंख्या के वितरण में कुछ विचित्र अनियमितताओं का पता चला है। 25 वर्ष की आयु से प्रारम्भ करके 70 वर्ष की आयु तक जाते हुए, 55 वर्ष की आयु को छोड़कर, 0 या 5 पर समाप्त होने वाली प्रत्येक आयु में व्यक्तियों का निश्चित केन्द्रीकरण है। उदाहरणतया, जिनकी 25 वर्ष आयु बताई गई वे 24 या 26 वर्ष की आयु वालों से अधिक है। कुछ आयुओं पर जो 2 की गुणज हैं गौण केन्द्रीकरण भी रहे है, ये केन्द्रीकरण उस समय अधिक स्पष्ट है जब आयु के ये सम वर्ष 5 के गुणज के समीप नहीं है। इस प्रकार 28, 32, 38, 42, इत्यादि पर 62 तक केन्द्रीकरण है। इसके अतिरिक्त 21 वर्ष जिनकी आयु बताई गई ऐसे पुरुष बहुत अधिक प्रतीत होते है।

आयु का पूर्णांकन संयुक्त राज्य अमरीका की जनगणना के लिए विलक्षण नहीं है : इसकी किसी भी ऐसी जाँच में अपेक्षा की जा सकती है जहाँ आयु, जन्म प्रमाणपत्रों या

जन्म-तिथि के किसी अन्य ठीक वृत्त से प्राप्त नहीं की गई। पूर्णांकों में आयु दिए जाने के कारण समझे जाने वाले कुछ कारक ये हैं (1) गणनाकार को किसी व्यक्ति के बारे में जानकारी आवश्यक तौर पर स्वयं उस व्यक्ति द्वारा नहीं दी जाती, प्रायः इसे देने वाला कोई सम्बन्धी, मित्र, मकान-मालिक या कोई अन्य व्यक्ति होता है और इन ज्ञापकों में से कुछेक को सही जानकारी नहीं भी हो सकती। (2) जब जानबूझ कर आयु ठीक नहीं बताई जाती, जैसा कभी-कभी होता है, तो ऐसा विश्वास करना उचित है कि आयु का प्रायः पूर्णांकन किया जाता है। (3) कुछ व्यक्ति असावधान होते हैं या कभी-कभी व्यक्ति सदा पूर्णांकों में ही सोचता है। जनसंख्या के उन वर्गों में पूर्णांकन सबसे अधिक पाया जाता है जिनमें अशिक्षितों का अनुपात सबसे अधिक है। (4) कुछ व्यक्ति अपनी ठीक-ठीक आयु नहीं जानते। (5) गणनाकारों के द्वारा असावधानी हो सकती है। ठीक आयु बताने में कुछ सुधार आयु के स्थान पर या आयु के अतिरिक्त जन्म-तिथि पूछकर हो सकता है। परन्तु यह बात माननी चाहिए कि जब यथार्थ जानकारी का अभाव है, जैसाकि अपने किरायेदारों के लिए मकान मालकिन द्वारा दी गई जानकारी के बारे में है, तो अधिक यथार्थ प्रश्न पूछने से अधिक अच्छे आँकड़े प्राप्त नहीं होते। साथ ही इस अतिरिक्त प्रश्न पूछने में होने वाला व्यय परिशुद्धता में प्रत्याशित वृद्धि से अधिक हो सकता है। जब आयु का प्राथमिक महत्त्व होता है, जैसा कि बीमे के लिए प्रार्थना-पत्र देते समय, तब प्रायः जन्म-तिथि पूछी जाती है और उसकी लेख्य साक्ष्य से जाँच की जा सकती है।

पूर्णांकों में सोचने का एक अन्य रुचिकर उदाहरण एक चलचित्रशाला द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के सम्बन्ध में उत्पन्न हुआ। एक अनियमित आकार के काँच के मर्तबान को झानबेरियों से भरा गया और उन सरक्षकों के लिए छः पारितोषिक प्रस्तुत किए गए जो मर्तबान में झानबेरियों की संख्या का सर्वाधिक निकट अनुमान लगाएँ। 1,996 अनुमानों के विश्लेषण से पता चला कि 1,465 अनुमान ऐसे थे जो 0 या 5 पर समाप्त हुए।

(ग) कुछ प्रकार के प्रश्नों का परिहार करना चाहिए—जब अभियोजक न्यायवादी ने पत्नी के कथित पीटने वाले से पूछा, 'क्या तुमने अपनी पत्नी को पीटना बन्द कर दिया है?" तो उसने प्रतिवादी को यह मानने की स्थिति में डाल दिया कि उसने अपनी पत्नी को पीटा है, चाहे वह "हाँ" में उत्तर दे या "न" में। वैज्ञानिक खोज में इस प्रकार के सकेतक प्रश्नों का कर्त्तव्यनिष्ठा के साथ परिहार करना चाहिए। मंदी के समय में किए गए बेरोजगारी के सर्वेक्षण में बेरोजगारी का कारण पूछते समय गणनाकार यदि यह कहे कि "मेरा अनुमान है कि आप मंदी के कारण बेरोजगार हैं?" तो वह उत्तर का सुझाव दे रहा होगा। इसके स्थान पर उसे पूछना चाहिए, "क्या कारण है कि आप बेरोजगार हैं?"

इसी प्रकार, ऐसे प्रश्नों का परिहार किया जाना चाहिए जो अनुचित रूप से छानबीन करने वाले हैं, या खिझाने वाले हैं। सामाजिक कार्यकर्ताओं के एक अध्ययन में प्रत्येक विवाहित स्त्री से यह पूछा गया कि क्या वह अपने पति के साथ रहती है या नहीं। पूछताछ अविवेकपूर्ण थी, रोष उत्पन्न करती थी और यदि जिनसे प्रश्न पूछे गए उनमें से प्रत्येक व्यक्ति द्वारा इसका उत्तर दिया जाता तो मुश्किल से ही इससे उपयोगी आँकड़े प्राप्त होते। व्यक्तिगत विषयों (जैसे आय) से सम्बन्धित प्रश्न चतुराई से पूछने चाहिएँ—कदाचित् साक्षात्कार के अन्त के निकट ज्ञापकों का सहयोग प्राप्त होने के बाद पूछे जाने चाहिएँ। कभी-कभी इस प्रकार का प्रश्न न पूछना अच्छा रहता है, परन्तु इस जानकारी से कि क्या घर में प्लेटें धोने वाली मशीन है, क्या घर अपना है और उसका अनुमानित मूल्य क्या है; व्यक्ति का

यथा, यदि कार है (या कारें हैं) तो उसका (या उनके) मेक, नियुक्त नौकर, यदि कोई हो, इत्यादि से सामान्य आय स्तर का अनुमान लगा लेना चाहिए। एक जनगणना मे जनसख्या के बीस प्रतिशत प्रतिदर्श के लिए आय की राशि पूछी गई और यद्यपि जनगणना के सब प्रश्नो के समान यह प्रश्न कानून के द्वारा अधिकृत था तो भी उन लोगो को, जो सीधे जनगणना कार्यालय को यह जानकारी भेजना पसन्द करते थे, एक विशेष गुप्त फार्म दिया गया जिस पर डाक टिकटें लगाने की आवश्यकता नही थी। एक सर्वेक्षण म ज्ञापको से पूछा गया आप अपने पास साधारणत कितनी नकदी रखते हैं ? आप घर मे प्राय कितनी नकदी रखते हैं ? बहुत से लोगो द्वारा इस प्रकार के प्रश्नो का उत्तर देने से इन्कार कर देना प्रत्याशित है।

(घ) *उत्तर वस्तुनिष्ठ एव सारणीकरण के योग्य होने चाहिएँ*—जब तथ्यपूर्ण अध्ययन किए जा रहे हो तो प्रश्न इस ढग से करने चाहिएँ कि वस्तुनिष्ठ उत्तर प्राप्त हो। बिल्डिग की दशा पूछने और गणनाकार को अपने शब्दो से दशा बताने की अनुज्ञा देने के स्थान पर सयुक्त राज्य अमरीका के व्यापार विभाग द्वारा किए गए एक अध्ययन मे पूछा गया कि क्या बिल्डिग अच्छी हालत मे है या छोटी-मोटी मरम्मत चाहती है या इमारती मरम्मत चाहती है अथवा आवास के अयोग्य है। यद्यपि इन प्रश्नो के उत्तर पूर्णतया वस्तुनिष्ठ नही है तो भी कम से कम तुरन्त सारणीकरण के योग्य हैं।

(ङ) *अनुदेश और परिभाषाएँ सक्षिप्त होनी चाहिएँ*—गणनाकार और ज्ञापक को कभी भी इस सम्बन्ध मे कोई सन्देह नही होना चाहिए कि क्या सूचना वाछित है और उसके लिए किन शब्दो या इकाइयो का प्रयोग करना है। एक व्यक्ति के रोजगार के स्तर के बारे मे पूछताछ करते समय पूछताछ का किसी निश्चित समय की ओर सकेत होना आवश्यक है। अत जनगणना मे गणनाकार के आने के पूर्व के सप्ताह के बारे मे जानकारी मांगी गई।

यदि अशकालिक कर्मचारी की ठीक स्थिति के बारे म जानकारी वाछित है तो यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि वाछित उत्तर क्या होना चाहिए (1) घण्टे प्रतिदिन, (2) घण्टे (या दिन) प्रति सप्ताह, अथवा (3) सामान्य पूर्ण समय का भाग।

अध्ययन मे प्रयुक्त इकाइयाँ गणनाकार और सूचनादाता दोनो को स्पष्टत समझ मे आनी चाहिएं। यदि हम किसानो और फलोद्यानियो से सेब के उत्पादन के आंकडे इकट्ठे कर रहे हैं तो हमे इस बात का उल्लेख करना चाहिए कि हम आंकडे बुशलो के रूप में चाहते है या फलो के बक्सो के रूप मे। यदि हम घरो मे कमरो की सख्या के बारे मे सूचना चाहते है तो यह बताया जाना चाहिए कि स्नान घरो रसोई घरो, पाउडर-कक्षो, शृगार कक्षो इत्यादि का कमरो के रूप म गिनना है अथवा नही।

(च) *प्रश्नों की व्यवस्था सावधानी से आयोजित होनी चाहिए*—सूचीपत्र पर न केवल प्रश्नो की ठीक ढग से व्यवस्था होनी आवश्यक है ताकि उत्तर के लिए समुचित स्थान रहे बल्कि प्रश्नो का क्रम इस प्रकार का होना चाहिए ताकि प्रत्येक प्रश्न का क्रम से उत्तर देना सरल हो जाए। यदि किसी विचार का तर्कयुक्त प्रवाह आता है तो प्रश्नो की व्याख्या मे उसका अनुसरण होना चाहिए। प्रश्न एक प्रकरण मे दूसरे प्रकरण पर आगे पीछे नही खिसकने चाहिएँ।

एक अनुसूची का प्रारूप बनाने के बाद वाछित ढग यह है कि इसकी एक दल पर परीक्षा की जाए, इसकी कमियाँ ढूढी जाएँ और तब परीक्षा के प्रकाश मे इसे सशोधित किया जाए। यदि परीक्षा के लिए समय नही है तो कुछ योग्य अन्वेषकों को इसे पढने और

इसमे सुधार के सुझाव देने के लिए कहा जाए । जब अनुसूची के अन्तिम प्रारूप का निश्चय हो चुके तो इसे भरने के लिए सावधानी से अनुदेश तैयार करने चाहिएँ । यदि अनुसूचियाँ डाक से आपको को भेजी जानी है तो ये अनुदेश यथासभव स्पष्ट और सक्षिप्त होने चाहिएँ । यदि गणनाकारो का प्रयोग किया जाना है तो गणनाकारो को दिए जाने वाले अनुदेश पूर्ण होने चाहिएँ ताकि उनके कार्य मे जितनी भी सभव स्थितियाँ उत्पन्न हो उन सबको समाहित किया जा सके ।

3 प्रतिदर्श के प्रारूप का चयन करना—सयुक्त राज्य अमरीका की जनगणना सयुक्त राज्य के नागरिकों की पूर्ण गणना है । अर्थात् यह इतनी ही पूर्ण है जितना इसे पूर्ण करना सभव हो सकता है । हो सकता है कुछ लोग, जैसे अस्थायी मजदूर, न्याय से भागने वाले और अत्यन्त दूरस्थ स्थानो के निवासी, सम्मिलित न हो पाए हो, परन्तु आशय प्रत्येक को सम्मिलित करने का है और कोई भी जानबूझ कर नही छोडा गया । इसी प्रकार, कृषि की गणना म सयुक्त राज्य अमरीका के सब खेतो, तथा कुछ विशिष्ट क्रियाओं को, जिनमे पादपगृह, नर्सरियाँ कुक्कुटघर और मधु-वाटिकाएँ आती हैं, सम्मिलित किया जाता है ।

कभी कभी पूर्ण गणन के स्थान पर आशिक गणन का प्रयोग किया जाता है । यदाकदा केवल बडी इकाइयाँ सम्मिलित की जा सकती है । उदाहरणार्थ, विनिर्माणो की एक द्विवार्षिक गणना मे केवल उन सस्थापनो का समावेश किया गया जिनके वार्षिक उत्पादनो का मूल्य 5,000 डालर या इससे अधिक था । समाविष्ट सस्थापनो की सख्या की दृष्टि से गणन अधूरे थे, परन्तु विनिर्माणो म मजदूरो की कुल सख्या का तथा निर्मित वस्तुओ के कुल मूल्य का एक ऊँचा अनुपात सम्मिलित किया गया था । बाद मे एक या अधिक व्यक्तियो को रोजगार देने वाले सब सस्थापनो को सम्मिलित किया गया । इसके भी उपरान्त विनिर्माणो का एक वार्षिक सर्वेक्षण प्रारम्भ किया गया, वार्षिक सर्वेक्षण मे एक प्रतिदर्श का प्रयोग किया गया जो आगामी अनुच्छेदो मे वर्णित ढगो का सम्मिश्रण है ।

एक सांख्यिकीय अध्ययन मे पूर्ण या लगभग पूर्ण व्याप्ति की चेष्टा करना बहुत अधिक खर्चीला या बहुत अधिक समय लगाने वाला हो सकता है । साथ ही, मान्य परिणामो पर पहुँचने के लिए सारी या लगभग सारी समष्टि का गणन आवश्यक भी नही है । बडी समष्टि पर आधारित एक प्रतिदर्श का हम अध्ययन कर सकते है और यदि वह प्रतिदर्श समष्टि का पर्याप्त प्रतिनिधित्व करता है तो हम मान्य परिणामो पर पहुँचने के योग्य होना चाहिए । समष्टि से प्रतिदर्श चुनने के बहुत से तरीके है । इनमे से चाहे कोई भी लिया जाए यह स्मरण रखना आवश्यक है कि प्रमुख उद्देश्य है एक प्रतिनिधि प्रतिदर्श प्राप्त करना, अर्थात् वह प्रतिदर्श जिसमे सब कारक उसी अनुपात मे हैं जिस अनुपात मे समष्टि मे हैं जिससे वह प्रतिदर्श लिया गया है । सक्षेप मे यह समष्टि का कोई भी 2, 5, 10, या 20 प्रतिशत प्रतिदर्श सम्मिलित करने मात्र की बात नही है, परन्तु वह प्रतिदर्श इस प्रकार से चुनने की बात है कि वह यथासभव अधिक से अधिक प्रतिनिधि हो ।

(क) *यादृच्छिक प्रतिदर्श*—यदि प्रतिदर्श इस प्रकार स लिया जाए कि जिस समय एक मद चुनी जाती है तो समष्टि (या विश्व) मे प्रत्येक मद के लिए जाने का समान अवसर हो तो उस प्रतिदर्श को *यादृच्छिक प्रतिदर्श* कहा जाता है । इन अवस्थाओ मे मदो की एक विशिष्ट सख्या के प्रत्येक समुच्चय के चुने जाने की समान सम्भावना होगी । कभी-कभी इसे अबाधित या सरल यादृच्छिक प्रतिदर्श कहा जाता है ताकि इसका उन प्रतिदर्शी प्रविधियो से

भेद बताया जाए जो यादृच्छिक प्रतिदर्श को अन्य आवश्यकताओं से संयुक्त करते हैं, उदाहरणत विषमांगी समष्टि का समुचित समांगी उपवर्गों में प्रारम्भिक विभाजन।

जब समष्टियाँ समांगी है तो जिस विशेषता में हमारी रुचि है उसके संबंध में यादृच्छिक प्रतिदर्शों से संतोषजनक निष्कर्ष निकलने की आशा की जा सकती है। उदाहरण के लिए, यदि एक बड़े पात्र में हज़ारों संगमरमरों की समष्टि है, जिनमें $\frac{1}{3}$ सफेद, $\frac{1}{3}$ काले, और $\frac{1}{3}$ लाल हैं और यदि वे संगमरमर रंग के अतिरिक्त, आकार, रूप, घनता, और अन्य सब विशेषताओं में समरूप है तो हमारे पास समांगी संख्या है। यदि प्रत्येक बार संगमरमर को निकालने के समय पात्र को घुमाकर, या अन्य ढंग से, संगमरमरों को पूर्णरूपेण मिश्रित किया जा सके तो यादृच्छिकता प्राप्त करना अधिक कठिन नहीं है। संकेतित अवस्थाओं में इस बात की अधिक संभावना है कि संगमरमरों के प्रतिदर्श में तीनों रंग उसी अनुपात में दिखाई देंगे जिस अनुपात में वे समष्टि में विद्यमान है, न कि ये रंग किसी अन्य अनुपात में उपस्थित होंगे। इसका यह अर्थ नहीं कि प्रत्येक प्रतिदर्श में समष्टि में विद्यमान अनुपात दिखाई देगा, परन्तु यदि बहुत से प्रतिदर्श लिए जाएँ तो उनमें ऐसी प्रवृत्ति होगी। साथ ही, अधिक असादृश्य कठिनाई से ही मिलेंगे।

ऊपर दिए गए उदाहरण में, यादृच्छिकता प्राप्त करना कठिन नहीं था। कल्पना कीजिए कि किसी समष्टि में चार भिन्न आकार के काबलों का समान अनुपात है और सभी एक ही पदार्थ से बने हुए है। ऐसी स्थिति में विभिन्न आकारों का यादृच्छिक प्रतिदर्श प्राप्त करने के लिए हमें एक पात्र में काबलों को मिश्रित करना सहायक नहीं होगा क्योंकि छोटे पदार्थों की अपेक्षाकृत प्रवृत्ति तह में जाने की होती है। संतोषजनक सम्मिश्रण संभवतः एक समतल सतह पर प्राप्त किया जा सके, परन्तु यहाँ इस दृष्टि से सावधान होना पड़ेगा कि बड़े काबलों को, क्योंकि वे अधिक प्रमुख हैं, ही न छाँट लिया जाए। एक कुछ-कुछ ऐसी ही समस्या अनाज और कोयले के जहाज़ों के प्रतिदर्श बनाने में आती है। अनाज में समांगता का अभाव माना जाता है और अनाज में कई स्थानों पर खड़ी-सीधी ट्यूब डालकर कभी-कभी प्रतिदर्श लिए जाते है। यह विधि परिच्छेद (घ) में वर्णित स्तरयुक्त प्रतिदर्श से मिलती-जुलती है।

कभी-कभी मदों को वास्तविक रूप से मिलाया नहीं जा सकता, तो भी यादृच्छिक प्रतिदर्श अभीष्ट होता है। सम्मिश्रण असंभव हो सकता है क्योंकि मदें भारी, अचल या भंगुर है या क्योंकि वे घरेलू वस्तुएँ या अलग-अलग व्यक्ति हो सकते है। पुनश्च, सम्मिश्रण संभव हो सकता है, परन्तु यह संभव है कि यादृच्छिकता विश्वसनीय न हो, क्योंकि जो व्यक्ति सम्मिश्रित समष्टि में से मदों को छाँटता है वह यादृच्छिक ढंग से मदों को न चुने। कभी-कभी यादृच्छिकता समष्टि में मदों के अंक लगाकर और यादृच्छिक अंकों[4] की सारणी के संकेत द्वारा एक या अनेक प्रतिदर्श लेकर प्राप्त की जा सकती है। इसे "यांत्रिक यादृच्छिकता" कहा जा सकता है, यह पद सिक्कों या पासकों के प्रयोग में भी लागू होता है।

जब पेंचों, कीलों, काबलों, ईंटों, तार, या फैक्टरी के अन्य उत्पादों के प्रत्येक समूह में से प्रतिदर्श लिए जाते हैं तो वास्तविक रूप से सम्मिश्रण करना आवश्यक नहीं है, क्योंकि समय-समय पर उत्पादन-प्रवाह में से मदों को छाँटा जा सकता है। छाँटने का ऐसा तरीका

4. उदाहरणार्थ, आर० ए० फिशर तथा एफ० येट्स *स्टैटिस्टिकल टेबल्ज फार बायलॉजिकल, ऐग्रीकल्चरल एन्ड मेडिकल रिसर्च*, हैफनर पब्लिशिंग कम्पनी, न्यूयार्क, 1949, पृष्ठ 104—109 में दी गई सारणी।

ठीक प्रकार से यादृच्छिक नहीं है और वास्तव में इसमें पूर्वग्रह हो सकता है, यदि मदों के निर्माण में प्रयुक्त मशीन, साँचा, बरमा, आरा या अन्य साधन एक समूह के उत्पादन के बीच में घिसने या असमंजित होने लगता है। उत्पादन प्रवाह में से मदों को छाँटना आगे वर्णित विधि से कुछ-कुछ मिलता है।

(ख) *व्यवस्थित प्रतिदर्श*—जब सूची या फाइल में से, उदाहरणार्थ, प्रत्येक दसवीं मद लेकर प्रतिदर्श प्राप्त किया जाता है, तब प्रतिदर्श व्यवस्थित होता है। प्रथम मद यादृच्छिक ढंग से छाँटनी चाहिए। इस प्रकार का प्रतिदर्श कभी-कभी नामों की वर्णक्रम सूची अथवा वर्णक्रम, अनुक्रमांक या अन्य क्रम से फाइल में रखे गए कार्डों से लिया जाता है। एक जनसंख्या एवं घरों की गणना के लिए प्रयुक्त अनुसूची में माँगी गई कुछ जनसंख्या संबंधी जानकारी सूची में लिखे गए केवल 20 प्रतिशत व्यक्तियों के संबंध में प्राप्त की गई। यह प्रतिदर्श प्राप्त करने के लिए अनुसूची में प्रत्येक पाँचवीं पंक्ति पर "प्रतिदर्श पंक्ति निम्न प्रश्न पूछिए" का लेबल लगाया गया। अनुसूची के पाँच फार्म छापे गए, प्रत्येक में प्रतिदर्श की पंक्तियों की व्यवस्था भिन्न थी।

यह महत्त्वपूर्ण बात है कि मूलभूत सूची, जिसमें से व्यवस्थित प्रतिदर्श चुना जाता है, वास्तव में वह समष्टि है जिसका अध्ययन करना वांछित है। 1936 के राष्ट्रपति के चुनाव की लिटरेरी डाइजेस्ट द्वारा ठीक-ठीक भविष्यवाणी करने में असफलता का कारण यह था कि इसका 23 लाख मतपत्रों से भी अधिक का ऊपर से व्यवस्थित दिखाई देने वाला प्रतिदर्श समुचित मूलभूत सूची में से नहीं चुना गया था। मतदाता, मोटर गाड़ियों के स्वामियों तथा टेलीफोन के ग्राहकों की सूचियों में से चुने गए थे। इन सूचियों में कम आय वाले वर्गों के पर्याप्त व्यक्ति सम्मिलित नहीं थे और यह बात आज की अपेक्षा 1936 के लिए और भी अधिक सत्य होगी। 1930 की मंदी में न्यूइंग्लैंड नगर में बेरोजगारी के अध्ययन के लिए प्रतिदर्श लेने के लिए आधार-स्वरूप इसी प्रकार की अपूर्ण सूची का प्रयोग किया गया। प्रतिदर्श बिजली, गैस, तथा पानी के ग्राहकों में से चुना गया था। सूची में निर्धनतम कुटुम्बों का समावेश नहीं था।

इस आशय का कोई सामान्य कथन प्रस्तुत नहीं किया जा सकता कि उसी आकार के एक यादृच्छिक प्रतिदर्श की अपेक्षा व्यवस्थित प्रतिदर्श से अधिक विश्वस्त या कम विश्वस्त निष्कर्ष प्राप्त किए जा सकते है। वे स्थितियाँ, जिनमें व्यवस्थित प्रतिदर्श को यादृच्छिक प्रतिदर्श से अधिक पसन्द किया जाए या यादृच्छिक प्रतिदर्श को व्यवस्थित प्रतिदर्श से अधिक पसन्द किया जाए, इतनी अधिक पेचीदा है कि उनका यहाँ विवेचन नहीं किया जा सकता, परन्तु एक सावधानी का वर्णन कर देना चाहिए। मदों की सूची बनाते समय प्रतिदर्श के बीच के अन्तरों (सूची में प्रत्येक पाँचवीं मद, प्रत्येक दसवीं मद) का किन्हीं लगातार बार-बार उत्पन्न होने वाली विशेषताओं से सपात नहीं होना चाहिए।[5]

---

5 उच्च अध्ययन के लिए देखिए एम० एन० मूर्ती, "सम रीसेन्ट एडवांसिस इन साम्पलिंग थीअरि", जर्नल आफ दि अमेरिकन स्टैटिस्टिकल एसोसिएशन, सितम्बर 1963 पृष्ठ 735—755। तथा देखिये ए० एम० मूड एवं एफ० ए० ग्रेबिल, इन्ट्रोडक्शन टु दि थीअरि आफ स्टैटिस्टिक्स, द्वितीय संस्करण, मैकग्रा हिल बुक कम्पनी, न्यूयार्क, 1965, व्याप्त।

(ग) *गुच्छ प्रतिदर्श*—गुच्छ प्रतिदर्श का वर्णन प्रारम्भ करने से पूर्व *प्रतिदर्शी* इकाई पद का परिचय करा देना उपयोगी होगा। प्रतिदर्शी इकाई किसी प्रतिदर्श म मूलभूत सत्ता है और यह एक सगमरमर, एक काबला, एक व्यक्ति, एक विनिर्माण सस्था, एक खेत, एक परिवार, एक भौगोलिक क्षेत्र, इत्यादि कुछ भी हो सकती है। सगमरमर के मामले मे इकाइयाँ सरल थी और वे एक-दूसरी से केवल रग की दृष्टि से भिन्न थी। अन्य इकाइयाँ जटिल हो सकती हैं और वे एक-दूसरी मे बहुत सी दृष्टियों से भिन्न हो सकती हैं। उदाहरणार्थ, विनिर्माण सस्थाएँ, उत्पादन के स्वरूप, निविष्ट पूँजी, कर्मचारियो की सख्या तथा अन्य अनेक दृष्टियो मे भिन्न होती हैं। जब हमारी इकाइयाँ लोग है तो हम देखते हैं कि वे लिग, आयु, जाति, धन्धा, रोजगार-स्तर, आर्थिक स्तर, धर्म, इत्यादि की दृष्टि से भिन्न होते हैं। उनम जो बात समान हो सकती है, वह केवल यह है कि वे मनुष्य हैं और एक ही समुदाय म रहते हैं। जब प्रतिदर्श चुना जाता है तो ये अन्तर महत्वपूर्ण हैं और इनका ध्यान रखना आवश्यक है। प्रतिदर्शी इकाइयाँ जितनी अधिक असमान होगी, प्रातिनिधिक प्रतिदर्श चुनने की समस्या उतनी ही अधिक कठिन होगी।

गुच्छ प्रतिदर्श को कभी-कभी क्षेत्र प्रतिदर्श कहा जाता है क्योकि इसका प्रयोग प्राय भौगोलिक आधार पर होता है। यह आवश्यक तौर पर इकाइयो के समूहो का यादृच्छिक चयन होना है। उदाहरण के लिए, भौगोलिक आधार पर हम एक नगर के ब्लॉक या महादेश सयुक्त राज्य अमरीका की काउन्टी चुन सकते हैं। अभौगोलिक उदाहरण-स्वरूप चार आकारो के काबले जिनका पहले वर्णन किया गया है, एक समतल सतह पर, जिसे समान आकार के वर्गो मे बाँटा गया है फैलाए जा सकते है और वर्गो का एक यादृच्छिक प्रतिदर्श लिया जा सकता है। ब्लाक, काउन्टियाँ या वर्ग गुच्छ[6] है और प्रत्येक समूह के अन्तर्गत सब वर्तमान इकाइयाँ सम्मिलित की जा सकती हैं। *बहुक्रम प्रतिदर्श* मे समूहो मे से इकाइयो के प्रतिदर्शो या समूहो मे से उपसमूहो के प्रतिदर्श (उदाहरणार्थ, गुच्छ म काउन्टियों में से नगर) या दोनो आते हैं। बहु-क्रम प्रतिदर्श मे एक या अधिक पगो मे दूसरे प्रकार के प्रतिदर्शो का भी समावेश हो सकता है।

(घ) *स्तरित प्रतिदर्श*—जब एक समष्टि के विषमागी होने का ज्ञान है और जब उस विषमागता का अध्ययन की जाने वाली विशेषता पर प्रभाव पडता है, तब उस समष्टि को स्तरो मे विभाजित किया जा सकता है और प्रत्येक स्तर से इकाइयों के यादृच्छिक प्रतिदर्श लिए जा सकते हैं। भरियो के एक बक्स की क्रेता को, जब वह उनकी तह तथा ऊपरी सतह की परीक्षा करने के लिए उन्हे उलटती है, विषमागता के अस्तित्व और इसी प्रकार स्तरों की पहचान होती है। प्राय प्रत्येक स्तर मे से चुनी गई इकाइयो की सख्या कुल सख्या मे उस स्तर मे इकाइयो की सख्या के अनुपात मे होती है। स्तरित प्रतिदर्श का एक रुचिकर प्रयोग सयुक्त राज्य अमरीका के युद्धनीतिक बमबारी सर्वेक्षण[7] द्वारा बहुत वर्ष पूर्व किए गए जापानी मनोबल पर युद्धनीतिक बमबारी के प्रभावो के अध्ययन मे किया गया। इस प्रतिदर्श के चुनाव मे एक महत्वपूर्ण शर्त यह थी कि प्रश्नकर्ता प्रतिदर्श की सूचियो मे दिए गए

---

6. कभी-कभी गुच्छो को "प्रमुख प्रतिदर्शी इकाइयाँ और गुच्छों मे सदो को 'प्राथमिक प्रतिदर्शी इकाइयाँ" कहा जाता है।

7. विवेचन के लिए देखिए हीमन, उपरिनिर्दिष्ट, पृष्ठ 158—159, *व्याप्त*।

व्यक्तियो का कोई प्रतिस्थापन नही कर सकते थे। घर पर न होने वाले या अन्य प्रकार से आसानी से न मिलने वाले व्यक्तियो के लिए प्रतिस्थापन किसी भी प्रकार के प्रतिदर्श मे त्रुटि का एक भयानक स्रोत है।

ध्यान रखिए कि स्तरित प्रतिदर्श का उस समय तक प्रयोग नही किया जा सकता जब तक कि समष्टि और उसके स्तरो के बारे मे कुछ जानकारी प्राप्त नही है। एक अत्यन्त ही महत्व की बात जिसकी ओर प्राय ध्यान नही दिया जाता यह है कि स्तर वे होने चाहिएँ जो अध्ययन किए जा रहे विषय से सबधित हैं। यदि हम एक कॉलेज के पुरुष विद्यार्थियो के स्वास्थ्य का अध्ययन कर रहे हैं तो हम ऐसे स्तरो को स्वीकार कर सकते हैं, यथा वे विद्यार्थी जो घर पर रहते हैं या जो घर पर नही रहते, वे जो पूर्णतया, या अशतः आत्मनिर्भर हैं या बिल्कुल भी आत्मनिर्भर नही हैं, वे जो नियमपूर्वक व्यायाम करते हैं या नही करते; वे जो धूम्रपान करते हैं या नही करते, इत्यादि। परन्तु ऐसे अन्य स्तर हैं जिनका स्पष्ट ही इस समस्या पर कोई प्रभाव नही। एक सीमान्त उदाहरण लीजिए, हम ऐसे स्तरो मे वे भी मान्य कर सकते हैं जो आदत से ही टोपियाँ या टोप पहनते है, जो एक या दोहरे ब्रैस्ट के कोट पसन्द करते है या कोई भी अन्य श्रेणियाँ जिनका स्वास्थ्य से सबध नही। दूसरा महत्त्वपूर्ण विचार यह है कि स्तरित प्रतिदर्श सबसे अधिक लाभदायक उस समय होने है जब स्तर एक-दूसरे से इतने अधिक भिन्न हैं जितना कि समष्टि से सभव है, परन्तु प्रत्येक स्तर के भीतर एकरूपता होनी चाहिए।

बहुत सी सार्वजनिक राय तथा मण्डी अनुसधान सस्थाएँ स्तरित प्रतिदर्श के सिद्धान्त का प्रयोग करती है। कभी-कभी गणनाकारों को नगर के एक विशिष्ट खण्ड (एक भौगोलिक स्तर) मे काम करने और यादृच्छिक ढग से चुने गए लोगो की एक विशिष्ट सख्या से बात करने के लिए कहा जा सकता है। प्राय. चयन यादृच्छिक नही होता क्योकि इसमें वे लोग आते है, जो घर पर होते है वे जो साक्षात्कार के लिए तैयार हैं और वे जो देखने से ही ऐसे प्रतीत होते है कि वे बात करने के लिए तैयार हो जाएँगे।

एक असमागी समष्टि के लिए, एक उचित ढग से स्तरित प्रतिदर्श से उसी आकार के एक यादृच्छिक प्रतिदर्श की अपेक्षा अधिक विश्वस्त[8] निष्कर्ष निकलने की आशा हो सकती है। इससे यह परिणाम निकलता है कि वही विश्वस्तता एक छोटे स्तरित प्रतिदर्श से प्राप्त की जा सकती है। इसमे कुछ खतरा भी है कि अन्वेषक स्तरित प्रतिदर्श मे अत्यधिक सुरक्षा का अनुभव करने के कारण बहुत छोटे प्रतिदर्शों का प्रयोग कर लें जो साख्यिकीय आधार पर विश्वस्त निष्कर्ष प्राप्त नही करा सकते। इसके विपरीत, विधि तथा विश्वस्तता सूत्रो का बुद्धिमानी से प्रयोग करके इससे बचाव किया जा सकता है। यद्यपि

---

8 इस पुस्तक मे हम केवल यादृच्छिक प्रतिदर्शों के लिए (अध्याय 24, 25 और 26 म) त्रुटि सूत्रो का विचार करेंगे। अधिक जटिल विधियो से प्राप्त प्रतिदर्शो का मूल्याकन करने के लिए यादृच्छिक प्रतिदर्शों के व्यवहार की समझ एक आवश्यक आधार है। त्रुटि सूत्र साख्यिकीय अनुमान, प्रतिदर्शों की तकनीको, तथा प्रतिदर्श सर्वेक्षण विधियो की बहुत सी पुस्तको मे मिल सकते हैं। और अधिक उच्च तकनीको के लिए देखिए डब्ल्यू॰ ए॰ एरिक्सन, "आप्टिमम स्ट्रैटिफाइड साम्पलिंग यूजिन्ग प्रायर इन्फरमेशन, जर्नल आफ दि अमेरिकन स्टैटिस्टिकल एसोसिएशन, सितम्बर 1965, पृष्ठ 750—771, तथा डी॰ सिह एव बी॰ डी॰ सिह, "डबल साम्पलिंग फार स्ट्रैटिफिकेशन आन सक्सेसिव आकेंयस," तत्रैव, पृष्ठ 784—792।

उचित स्तरण और प्रतिदर्श का आकार दोनों महत्त्वपूर्ण हैं, तथापि, एक बडा प्रतिदर्श घटिया स्तरण की कमी को पूरा नही कर सकता । हाँ, एक समागी समष्टि से लिया गया स्तरित प्रतिदर्श उसी आकार के यादृच्छिक प्रतिदर्श की अपेक्षा अधिक विश्वस्त नही होता ।

(ङ) *अनुक्रमिक प्रतिदर्श*[9]—अनुक्रमिक प्रतिदर्श का कच्चे पदार्थ या निर्मित माल से सबधित गुण नियत्रण योजनाओ के सबध मे बहुत विस्तृत रूप मे प्रयोग किया गया है, परन्तु धीरे-धीरे इसके अन्य प्रयोग[10] बढ रहे है । इसमे अपेक्षाकृत कम सख्या मे मदो का परीक्षण आता है जिसका परिणाम उस ढेर को स्वीकार या अस्वीकार करने के निर्णय मे निकल सकता है जिसमे से प्रतिदर्श प्राप्त हुआ था । यदि प्रथम प्रतिदर्श से कोई स्पष्ट निर्णय नही निकलता तो इसे उस समय तक बढाया जाता है (सभवत एक समय मे एक मद) जब तक कि निर्णय हो सके ।

(च) *प्रतिदर्शों के अन्य प्ररूप*—पूर्व-वर्णित पाँच प्रकार के प्रतिदर्शों को कभी-कभी "प्रायिकता प्रतिदर्श" कहा जाता है क्योकि यह प्रायिकता कि एक अमुक पद प्रतिदर्श मे सम्मिलित किया जाएगा निश्चित रूप से जानना सभव है । पहले वर्णन की गई प्रतिदर्शों की योजनाओं से भिन्न अन्य योजनाएँ भी है । वे वाछनीय प्रक्रियाएँ नही समझी जाती क्योकि उनमे व्यक्तिनिष्ठ कारक आते है, अथवा उनकी विश्वस्तता सन्तोषजनक ढग से *निश्चित रूप से नही जानी जा सकती, या दोनों बाते हो सकती हैं । इनमे आते है :* (1) *सोद्देश्य प्रतिदर्श*—जिसमे कुछ विशेषताओ के बारे मे प्रतिदर्श समष्टि के अनुकूल बनाया जाता है—उदाहरण के लिए, औसत आय एव परिवार का आकार, (2) *यथाश प्रतिदर्श*,[11] जिसमे एक विशिष्ट क्षेत्र मे काम करने वाले भेंटकर्ताओ को कुछ विशेषताओ वाले व्यक्तियो से बात करने का अनुदेश दिया जाता है (यदि भेंटकर्ताओ को 10 देशज गोरे पुरुषो, 4 हब्शी पुरुषो और 3 विदेशज पुरुषो से बात करने के लिए कहा गया है तो इस बात की अधिक सभावना है कि जिन विदेशजो से भेंट की जाएगी वे ऐसे लोग होगे जो पर्याप्त अच्छी अग्रेज़ी बोल सकते है ताकि उनसे सन्तोषजनक ढग मे बातचीत की जा सके । इससे अधिकतर अध्ययनों मे पूर्वग्रह आ जाएगा क्योकि वास्तव मे अध्ययन की गई समष्टि वह समष्टि नही होगी जिसका अध्ययन अभिप्रेत था, (3) *यादृच्छिक विन्दु* प्रतिदर्श

---

9. अनुक्रमिक विश्लेषण की एक पूर्ण व्याख्या प्रारम्भकर्ता अब्राहम वाल्ड की पुस्तक *सीक्वेन्शल अनैलिसिस*, जान विली एन्ड सन्ज, न्यूयार्क, 1947 मे दी गई है । वाणिज्यिक अनुसधान मे अनुक्रमिक प्रतिदर्शों के अनेक अनुप्रयोग बाजार अनुसधान का वर्णन करने वाली अनेक प्राप्य पुस्तको मे वर्णित हैं ।

10. देखिए एफ० जे० एन्सकोम्ब, "सीक्वेन्शल मेडिकल ट्रायल्स", *जर्नल आफ दि अमेरिकन स्टैटिस्टिकल एसोसिएशन*, जून 1963, पृष्ठ 365—383, तथा पी० आर्मिटेज, "सम कमेन्ट्स आन एन्सकोम्ब्स पेपर", तत्रैव, पृष्ठ 384—387 । साथ ही देखिए मूड तथा ग्रेबिल, *उपरिवर्णित* पृष्ठ 383—402 ।

11. यथाश प्रतिदर्श का एक अच्छा यद्यपि पुराना विवरण एफ० मोसटैलर तथा अन्यो की पुस्तक *दि प्रि-इलेक्शन पोल्स आफ 1948*, सोशल साइस रिसर्च काउन्सिल, न्यूयार्क, 1949, पृष्ठ 83—91 तथा 94—96 मे मिल सकता है । यथाश प्रतिदर्श के प्रयोग के खतरे की पृष्ठ 95 पर अच्छी प्रकार सोदाहरण व्याख्या की गई है ।

जिसमे एक मानचित्र मे यादृच्छिक ढग से बहुत से बिन्दुओं का पता लगाना होता है और प्रत्येक बिन्दु के निकटतम प्रतिदर्श की इकाइयो की पूर्वनिश्चित सख्या का गणन करना होता है। (यह तरीका कभी-कभी खेतो के प्रतिदर्श बनाने के लिए प्रयोग मे लाया जाता है, परन्तु इसके प्रयोग से छोटे फार्मों की अपेक्षा बडे फार्मों के समाविष्ट किए जाने की अधिक सभावना है।)

किस प्रतिचयन योजना का प्रयोग करना है, यह निर्णय करते समय अन्वेषक को योजना की कार्यक्षमता पर अवश्य विचार करना चाहिए। यह टिप्पणी पहले ही की जा चुकी है कि एक स्तरित प्रतिदर्श से उसी आकार के यादृच्छिक प्रतिदर्श की अपेक्षा अधिक विश्वस्त निष्कर्ष निकलते है (अर्थात् इसमे प्रतिदर्श की त्रुटि कम है)। गुच्छ प्रतिदर्श मे यादृच्छिक प्रतिदर्श की अपेक्षा उसी आकार के प्रतिदर्शों के लिए कम विश्वस्त निष्कर्ष निकलने की आशा हो सकती है। किसी प्रतिदर्श की योजना की कार्यक्षमता का सकेत इकाई लागत के सबध मे विश्वस्तता की ओर होना है। अत एक भौगोलिक गुच्छ प्रतिदर्श की, उदाहरण के लिए एक बडे राज्य मे 20 स्थलो पर, इकाइयों के समूहो के साथ प्रति प्रतिदर्श की इकाई की लागत राज्य भर मे इधर-उधर बिखरी हुई इकाइयो के साथ उसी आकार के एक यादृच्छिक प्रतिदर्श की प्रति प्रतिदर्श की इकाई की लागत की अपेक्षा कम हो सकती है। इकाई लागत मे अन्तर इतना अधिक हो सकता है कि गुच्छ प्रतिदर्श यादृच्छिक प्रतिदर्श की अपेक्षा पर्याप्त बडा किया जा सके जिससे उतना ही खर्च करके यादृच्छिक प्रतिदर्श से प्राप्त हो सकने वाले निष्कर्षो की अपेक्षा गुच्छ प्रतिदर्श से अधिक विश्वस्त निष्कर्ष निकलेंगे।

पूर्व-विवेचित विधियो के सम्मिश्रण के प्रयोग से प्रतिदर्श का चयन किया जा सकता है। सार्वजनिक राय की अमरीकन सस्था[12] द्वारा अपनाया गया ढग निम्न है

> सार्वजनिक राय की अमरीकन सस्था के राष्ट्रीय सर्वेक्षण का स्थायी प्रतिदर्श वयस्क जनसख्या का प्रतिदर्श है। स्थायी प्रतिदर्श मे से मतदाता जनसख्या के सन्निकट मान का प्रतिदर्श, जबकि ऐसा प्रतिदर्श अभीष्ट है, चुनने की व्यवस्था की गई है। डिजाइन मे सात क्षेत्रो (राज्यो के समूहों) के हिसाब से स्तरण की व्यवस्था है और प्रत्येक क्षेत्र मे भौगोलिक वितरण के हिसाब से स्तरण, तीन ग्राम-शहर स्तर, जनगणना आर्थिक क्षेत्र और अन्तिम तौर पर चुने हुए इलाके के आकार की व्यवस्था है। आकार के अनुपात मे चुनने की प्रायिकता के साथ यादृच्छिक प्रारभ से प्रत्येक स्तर के अन्दर इलाको का एक व्यवस्थित प्रतिदर्श लिया गया था। बडे शहरी समुदायो के भीतर प्रतिदर्श की इकाइयाँ[13] (खण्डो के छोटे गुच्छ) आकार के अनुपात मे प्रायिकता के साथ यादृच्छिक ढग से ली गईं। छोटे समुदायो और ग्रामीण क्षेत्रो मे प्रतिदर्श के क्षेत्र समान प्रायिकता के साथ लिए गए।

भेंटकर्ताओं को चुने हुए क्षेत्र दे दिए जाते हैं और उन्हे ऐसे क्षेत्रों की सीमाओं के अन्दर कार्य करना होता है। प्रत्येक राष्ट्रीय सर्वेक्षण मे लगभग 150

12. अमेरिकन इन्स्टीच्यूट आफ पब्लिक ओपीनियन के निदेशक डॉ० आर्थ० एच० गैलर से पत्र व्यवहार द्वारा।

13 स्पष्ट ही ये "प्रमुख प्रतिदर्श इकाइयाँ" हैं। पाद-टिप्पणी 6 देखिए।

प्रतिचयन बिन्दुओं का प्रयोग किया जाता है और प्रत्येक बिन्दु के साथ समान सख्या म साक्षात्कार होते है। 1,000 से अधिक भेंटकर्ता कर्मचारी रखे जाते है।

कभी-कभी न्यूनाधिक यादृच्छिक ढग से प्रतिदर्श लिया जाता है। अथवा, अन्वेषक ऐसे आंकडो का समावेश कर सकता है जो सुविधाजनक और शीघ्र प्राप्य हों जिसके उपरान्त वह विश्वास से घोषणा करेगा कि इस प्रकार लिया हुआ प्रतिदर्श निस्सदेह उस समष्टि का प्रातिनिधिक है जिसका कि वह अध्ययन कर रहा है। उदाहरण के लिए एक अन्वेषक, जिसने यह पता किया कि हाई स्कूल मे प्रवेश लेने योग्य 25,00,000 से कुछ कम बच्चो ने प्रवेश नही लिया, यह अनुमान लगाना चाहता था कि इन 25,00,000 मे से कितनो ने आर्थिक दबाव के कारण स्कूल छोडा। विद्यार्थियो ने स्कूल क्यो छोडा इसके कारणो से सबधित 16 स्वीकार्य अध्ययनो के सबध मे उसने पता लगा लिया। इन अध्ययनो मे से प्रत्येक मे 53 से लेकर 274 बच्चो तक तथा कुल मिलाकर 2,525 बच्चे आते थे। अध्ययन 13 विभिन्न राज्यो के स्कूलो मे किए गए। एक अध्ययन नीग्रो बच्चो का किया गया। न्यूयार्क, मसाच्युसेट्स, इलीनोइस, मिशीगन, विस्कौसिन, टैक्साज और कुछ अन्य अधिक जनसख्या वाले राज्यो से कोई आंकडे नहीं लिए गए। फिर भी क्योंकि भौगोलिक वितरण विविध था और क्योंकि बडे नगर, छोटे नगर और ग्राम के बच्चो का समावेश किया गया था अत. अन्वेषक ने निष्कर्ष निकाला "समस्त समूह के अनुमान का आधार बनने के लिए प्रतिदर्श समष्टि के विभिन्न तत्वो का पर्याप्त मात्रा मे प्रतिनिधि *प्रतीत होता है।" यह सत्य रहा हो या न रहा हो। प्रतिदर्श न तो यादृच्छिक था, न* स्तरित अथवा व्यवस्थित था, और न ही गुच्छ, इसमे केवल जो उपलब्ध था उसका ही समावेश था।

जैसा कि अध्याय 24, 25, और 26 मे दिखाया जाएगा, यादृच्छिक प्रतिदर्शों के लिए, प्रतिदर्श जितना बडा होगा, उससे निकले निष्कर्षों पर हम उतना हो अधिक विश्वास कर सकते हैं। यह भी दिखाया जाएगा कि समष्टि मे जितनी अधिक विविधता है, हम उसी आकार के प्रतिदर्शों पर उतना ही कम विश्वास कर सकते हैं। हां, केवल आकार से ही प्रतिदर्श का प्रतिनिधि होना निश्चित नही हो जाता। एक बडे परन्तु बुरे ढग से चुने हुए प्रतिदर्श की अपेक्षा एक छोटा यादृच्छिक या स्तरित प्रतिदर्श अधिक अच्छा हो सकता है। कभी-कभी स्थिरता की परख से यह निर्धारित किया जाता है कि प्रतिदर्श कब पर्याप्त बडा है। उदाहरणार्थ, मतदाताओ के एक दल मे से 1,000 का एक प्रतिदर्श चुना जा सकता *है और प्रतिदर्श के 57.3 प्रतिशत से यह सकेत मिल सकता है कि वे एक विशिष्ट प्रत्याशी* को वोट देना चाहते है। 1,000 अन्य व्यक्ति चुने जा सकते है और दोनो दलो से मिलकर 56 9 प्रतिशत दिखाई दे सकते है। अन्य 1,000 जोडने से प्रतिशतता बदल कर 56 8 हो सकती है और अन्य 1,000 (कुल 4,000) से अनुपात 56 8 पर अपरिवर्तित रह सकता है। इस परीक्षण से यह प्रतीत होगा कि आकार के दृष्टिकोण से 3,000 या 4,000 पर्याप्त प्रतिदर्श हैं। परन्तु स्थिरता की परख केवल स्थिरता का परीक्षण करती है, प्रतिनिधित्व का नही। इस तथ्य का कि प्रतिशत आवश्यक तौर पर अपरिवर्तित रहता है केवल यह अर्थ है कि हमे बराबर पहले वाला ही निष्कर्ष प्राप्त हो रहा है। कल्पना की जा सकती है कि 1,000 का प्रथम प्रतिदर्श निश्चित तौर पर अप्रातिनिधिक रहा होगा (जैसे, मतदाता जनसख्या के केवल अपेक्षाकृत गरीब वर्गों मे से) और प्रत्येक अगला प्रतिदर्श इसी प्रकार अप्रातिनिधिक रहा होगा।

प्रतिदर्श मे पूर्वग्रह के विद्यमान होने की सभावना का पहले ही वर्णन किया जा चुका है। जब प्रतिदर्श का चयन किया जा रहा है उस समय यह आवश्यक है कि पूर्वग्रह को दूर रखा जाए। पूर्वग्रह का अर्थ अन्वेषक का व्यक्तिगत पूर्वग्रह नही है जिससे वह अपना प्रतिदर्श जानबूझ कर इस प्रकार चुनता हो कि वह अपने वाछित परिणाम दिखा सके। वह बौद्धिक बेईमानी है। इसका यह भी अर्थ नही कि अनुसूची के प्रश्नो का उत्तर देने वाले व्यक्तियो मे पूर्वग्रह है। पूर्वग्रह के परिहार का तात्पर्य है—प्रथम, कि प्रतिदर्श लेते समय कोई चयनात्मक कारक विद्यमान न हो तथा, दूसरे यह कि उस समय कोई चयनात्मक कारक विद्यमान न हो जब प्रतिदर्श मे सम्मिलित किए गए व्यक्तियो के पास से अनुसूचियाँ वापिस आएँ। लिटरेरी डाइजेस्ट 1936 की प्रारभिक राय के मामले मे एक चयनात्मक कारक विद्यमान था क्योंकि उन मूलभूत सूचियो मे जिनमे से प्रतिदर्श चुना गया था जनसख्या के निम्न आर्थिक स्तरो का समावेश नही था। कभी-कभी मूलभूत सूची पूर्ण हो सकती है, परन्तु प्रतिदर्श चुनने के ढग से पूर्वग्रह उत्पन्न हो सकता है। इस प्रकार, कौटुम्बिक नामो के अक्षरक्रम से वितरण मे राष्ट्रीयता के अन्तरों के कारण नामो की अक्षर-क्रम से बनी सूची मे से चुनना असन्तोषजनक हो सकता है। यदि सूची के भाग चुने जाते है तो इस प्रकार का पूर्वग्रह उत्पन्न हो सकता है; यदि (उदाहरण के लिए) प्रत्येक दसवाँ नाम लिया जाए तो इसकी सभावना नही होगी।

यदि डाक द्वारा प्रश्नावली भेज कर सूचना इकट्ठा करने का ढग प्रयोग मे लाया जाए तो दूसरे प्रकार का चयनात्मक कारक प्राय सामने आता है। जब अनुसूचियाँ डाक से भेजी जाती है तो अन्वेषक को कभी यह आशा नही होती कि सब की सब वापिस आएँगी, क्योकि परिप्रश्नो के केवल एक भाग का ही उत्तर आता है तो वह यह निश्चय कैसे कर सकता है कि जिन्होने उत्तर दिया वे उन सभी के प्रतिनिधि है जिन्हे अनुसूचियाँ भेजी गई थी ? प्राय वह इस सबध मे निश्चय नही कर सकता, कभी-कभी यह स्पष्ट होता है कि वे प्रतिनिधि नही है। एक छात्र सस्था ने स्नातको को 363 परिप्रश्न भेजे और प्रत्येक से यह पूछा कि वह अपनी पहले वर्ष की आय की (गुप्त रूप से) रिपोर्ट दे। 133 से उत्तर प्राप्त हुए। यह बिल्कुल सभव है कि इन उत्तरो मे चयनात्मक कारक विद्यमान हो। उन छात्रो ने जिनके पास काम नही था या जिनकी आय बहुत कम थी सभवतः उत्तर नही दिया। यह कल्पना आँकडो पर आधारित है जिनसे 1,500 डालर से कम आय के लगभग पूर्ण अभाव का पता लगा, यद्यपि अध्ययन एक मदी के वर्ष मे किया गया था। स्पष्ट ही पूर्वग्रह-ग्रस्त प्रतिदर्शो पर आधारित निष्कर्ष न केवल व्यर्थ हैं बल्कि भ्रामक भी होते है।

4 जानकारी प्राप्त करने के लिए अनुसूचियो का प्रयोग—जब एजेण्ट या गणनाकार उन व्यक्तियो के पास, जिन्होंने जानकारी देनी होती है, अनुसूचियाँ ले जाते हैं तो गणनाकार खोज के अभिप्राय की व्याख्या और सहयोग की प्रार्थना कर सकते हैं। पूछते समय प्रत्येक प्रश्न की स्पष्ट रूप से व्याख्या की जा सकती है। स्पष्ट है कि गणनाकारो को अपना काम प्रारभ करने से पूर्व ध्यानपूर्वक अनुदेश देना आवश्यक है। कभी-कभी उन्हे अनुसूची और मुद्रित अनुदेशो का अध्ययन करके परीक्षा देनी होती है। गणनाकार प्रश्नातीत सत्यनिष्ठा वाले व्यक्ति तथा धैर्यशील, नम्र और चतुर भी होने चाहिएँ। बहुत से व्यक्ति साख्यिकीय (या अन्य) जानकारी देने के झझट से रुष्ट होते हैं, बहुत से हिचकिचाहट करते हैं, कुछ इन्कार कर देते हैं। गणनाकार को अपनी भेट की इस प्रकार

योजना करनी चाहिए कि यथा-सभव कम समय लगे और यदि सभव हो तो वाछित जानकारी प्राप्त करने की प्रत्येक चेष्टा करनी चाहिए। यदि गणनाकार पहुँचने से पूर्व व्याख्या का पत्र पहुँच जाता है, तो कई बार उसका कार्य आसान हो सकता है। कभी कभी गणनाकार साक्षात्कार कर लेते है और अनुसूचियाँ बाद मे भरते हैं। यह इस सिद्धान्त के आधार पर किया जाता है कि यदि उस समय टिप्पणियाँ नही लिखी जाती तो लोग बात करने मे अधिक स्वतत्रता अनुभव करते हैं। परन्तु यह विश्वास किया जाता है कि यह एक अवाछनीय ढग है, विशेष तौर पर उस समय जबकि बहुत से तथ्य स्मरण रखने और बाद मे लिखने हो। गणनाकारो को प्रत्यय-पत्र साथ रखने चाहिएँ ताकि जिन व्यक्तियो के पास जाएँ वे आने वालो के पदीय सम्बन्ध के बारे म सन्तुष्ट हो सकें। यद्यपि गणनाकार जितना अधिक सभव होता है उतनी चतुराई से जानकारी प्राप्त करने की प्रार्थना करता है, तथापि कभी कभार उसे उत्तरदाता उत्तर देने से इन्कार कर सकता है। प्राय एक अन्य मुलाकाती एक अलग प्रकार के ढग से अधिक सफल हो सकता है। कभी कभी एक विशेष रूप से योग्य कार्यकर्ता द्वारा अधिक कठिन मामलो का अनुपरीक्षण करना एक अच्छी योजना है। यदा कदा गणनाकार का एक ऐसे व्यक्ति से सामना हो सकता है जो सहयोग देना नहीं चाहता और जो अध्ययन के सम्बन्ध म विस्तार से बात करना चाहता है। ऐसी स्थिति म अच्छी अग्रस्थ सुविधाएँ परिसम्प्राप्त होती हैं।

गणनाकारो का प्रयोग करन की अपेक्षा डाक से अनुसूचियाँ भेजना, सर्वप्रथम, आँकडे एकत्र करन का कम खर्चीला ढग है। इसम एक अतिरिक्त लाभ यह भी है कि जानकारी देन वाला व्यक्ति सभवत व्यस्त या असुविधाजनक समय मे गणनाकार द्वारा बाधित होने की बजाय अपनी सुविधा के अनुसार फार्म भर सकता है। साथ ही डाक द्वारा भेजी गई प्रश्नावली मे (हाँ बशर्ते कि ज्ञापक को यह विश्वास हो कि उसकी पहचान गुप्त है). ऐसी गुप्त सूचना दी जा सकती है जो कि ज्ञापक गणनाकार को बताने मे हिचकिचाएगा। दूसरी ओर, एक बडे अनुपात म व्यक्ति डाक द्वारा भेजे गए परिप्रश्नो का उत्तर नही देते और बहुत सा अनुपरीक्षण कार्य आवश्यक हो सकता है। यह भी बडा खतरा है कि ज्ञापक प्रश्ना को न समझे अथवा जानबूझ कर या अन्यथा अशुद्ध उत्तर दे। अत अनुसूची के साथ न केवल स्पष्ट सक्षिप्त निर्देश भेजना आवश्यक है बल्कि जाँच के उद्देश्य की व्याख्या और सहयोग की प्रार्थना करने के लिए एक सक्षिप्त पत्र भी भेजना चाहिए। एक साधारण उपहार द्वारा (जैसे कि कर्टिस पब्लिशिंग कम्पनी द्वारा भेजा गया सिक्का) एक अधिक अनुपात मे उत्तरो को सुनिश्चित किया जा सकता है। किसी भी स्थिति म पता लिखा हुआ और टिकटें लगा हुआ (अथवा व्यवसाय-उत्तर) लिफाफा भेजना चाहिए। यदा-कदा गणनाकारो द्वारा एक हवाई डाक व्यवसाय-उत्तर लिफाफा इस आशा से प्रयोग किया जाता है कि इसके परिणाम, स्वरूप अधिक और शीघ्र उत्तर प्राप्त होगे। जब अनुपरीक्षण कार्य आवश्यक हो तो जिन व्यक्तियो न अपने फार्म वापिस नही भेजे उन्हे परिप्रश्न का स्मरण कराने और पुन सहयोग की प्रार्थना करने के लिए व्यक्तिगत विनम्र पत्र लिखे जाएँ। जब उचित हो, हवाई डाक-पत्रों, विशेष वितरण पत्रो, रजिस्टर्ड पत्रो (यह निश्चित करने के लिए कि पत्र वितरित हुआ है), तारो या टेलिफोन पर बातचीत द्वारा अनुपरीक्षण कार्य किया जाए। हाँ, अन्वेषक को ऐसा कार्य नही करना चाहिए जिससे वह बलात् लगने लगे, उसे अधिक आग्रह नही करना चाहिए। जब अनुसूचियो म से केवल कुछ ही अन्तिम तौर पर प्राप्त हुई हो तो स्थिति का ध्यानपूर्वक परीक्षण करना आवश्यक है ताकि यह निश्चय किया जाए

कि कोई चयनात्मक कारक विद्यमान नहीं रहा । अथवा, यदि किसी चयनात्मक कारक की उपस्थिति प्रतीत होती हो तो स्थिति के उपचार के लिए एक अनुपूरक अन्वेषण करना आवश्यक हो सकता है ।

5 अनुसूचियों का सम्पादन करना—भरी हुई अनुसूचियाँ प्राप्त होने के उपरान्त आँकड़े *सारणीकरण के लिए ठीक रूप मे करने के लिए कुछ मात्रा मे प्रारंभिक कार्य* आवश्यक होता है । सम्पादकीय कार्य विविध हैं । किसी छोटे अध्ययन की स्थिति मे एक *सम्पादक पूर्ण कार्य कर सकता है । बड़े अध्ययन मे, सम्पादन की भिन्न अवस्थाएँ कई* सम्पादकों मे बाँटी जा सकती हैं ।

(क) *परिकलन—यह प्राय अधिक अच्छा है कि गणनाकारो या जानकारी देने* वाले व्यक्तियों को कोई परिकलन करने के लिए न कहा जाए । इस प्रकार यदि घर मे *कमरो की संख्या और परिवार मे सदस्यो की संख्या के संबध मे जानकारी प्राप्त की गई* है तो भीड़ का कुछ प्रत्यय देने के लिए सम्पादक प्रति कमरा व्यक्तियों के अनुपात का परिकलन कर सकता है । *यदि अक्षतिपूरित दुर्घटनाओं के द्वारा समय के नाश और* कई एक कर्मचारियों मे से प्रत्येक की दैनिक मजदूरी के संबध मे आँकड़े इकट्ठे किए गए हैं *तो सम्पादक प्रत्येक मामले मे दुर्घटनाओं के कारण नष्ट हुई आय का परिकलन कर* सकता है ।

(ख) *संकेतीकरण—सारणीकरण मे प्राय संकेतीकरण से सुविधा हो जाती है ।* जब मशीन के द्वारा सारणीकरण (जिस पर थोड़ा आगे विवेचन किया जाएगा) प्रयोग मे आता है *तो अनुसूची मे सब प्रविष्टियाँ केवल संख्यात्मक संकेत के रूप मे शेष रह जाती हैं ।* यदि सारणीकरण शारीरिक हो तो भी मौलिक प्रविष्टियों को पढ़ने की चेष्टा करने की बजाय संकेत चिह्न *अक्षरो संख्याओं या अक्षरो, और संख्याओं के सम्मिश्रण की खोज करना* अधिक आसान हो सकता है । सारणीकार का काय इस तथ्य से और भी आसान हो सकता है कि *सम्पादक सुवाच्य ढंग से लिखता है या उसे लिखना चाहिए और एक विशिष्ट रंग,* प्राय लाल, का प्रयोग करता है ।

पृष्ठ 36 पर संख्यात्मक संकेत के अनुसार सम्पादित *बेरोजगारी अनुसूची दिखाई* गई है । यांत्रिक साधनो से सारणीकरण आसान बनाने के लिए पहले से ही संख्याओं मे अभिव्यक्त प्रविष्टियों को छोड़ कर प्रत्येक *प्रविष्टि का संख्यात्मक दृष्टि से संकेत दिया गया* है । ध्यान दीजिए कि प्रश्न 7 स्वत संकेतित था । प्रश्न 5 और 6 के लिए एक सरल संकेत *योजना निम्न प्रकार से हो सकती है* :

10 व्यावसायिक
20 लिपिक (अन्यथा अनिर्दिष्ट)
30 घरेलू एव व्यक्तिगत सेवा
40 सरकारी कर्मचारी (अध्यापकों को छोड़कर)

व्यापार और परिवहन

50 परचून और थोक व्यापार
51 टेलीफोन और तार
52 रेलवे, एक्सप्रेस, गैस, बिजली का प्रकाश
53. जल परिवहन

54 बैंक तथा दलाली
55 बीमा तथा स्थावर संपदा
56 अन्य

विनिर्माण और यांत्रिक धंधे

60 निर्माण व्यापार, ठेकेदार
61. निर्माण व्यापार, श्रमिक
62 मिट्टी, काच, और पत्थर के उत्पाद
63 खाद्य और सम्बन्धित उत्पाद
64 लोहा, इस्पात, और उनके उत्पाद
65 धात्विक उत्पाद, लोहे और इस्पात को छोडकर
66 कागज, छपाई, और प्रकाशन
67 पहनने के परिधान और वस्त्र
68 मोटर गाडियाँ, पुर्जे, तथा टायर
69 काष्ठखण्ड और फर्नीचर
70 हवाई जहाज
71 अन्य निर्माण और यांत्रिक धंधे
75 श्रम (अन्यथा अनिर्दिष्ट)
80 स्वनियोजित (10 या 60 को छोडकर)
90 विविध रोजगार जो ऊपर निर्दिष्ट नहीं
100 अप्रतिवेदित

(ग) गूढ-लेखवाचन—कभी-कभी गणनाकार या ज्ञापक का लेख पढना कठिन हो सकता है। यह बात तब विशेषत सत्य होती है जब गणनाकार अनुसूची मे घर से बाहर वर्षा या बर्फ मे प्रविष्टि करता है। ऐसी कापी के लेख का गूढ-वाचन करना सम्पादक का कार्य है, वह न केवल सारणीकार का समय बचाता है बल्कि ठीक निष्कर्षों को भी सुनिश्चित करता है। यदि प्रविष्टियाँ अक्षरश पढने योग्य नहीं है तो अनुसूची गणनाकार या उस व्यक्ति को जिसने जानकारी भेजी है वापिस भेजनी पड सकती है।

(घ) पडताल करना—असगतियो के लिए सम्पादक अनुसूचियो की परख कर सकता है। हो सकता है वय और जन्मतिथि की प्रविष्टियाँ आपस मे न मिलें। यदि कोई व्यक्ति 8 वर्ष की आयु का बताया गया है और विवाहित भी दिखाया गया है तो सभवत: कुछ भ्राति है। इसी प्रकार यदि कोई स्त्री पूरा समय लोहार के तौर पर कार्य करती हुई बताई गई है तो सभव है (यद्यपि आवश्यक नहीं) कि गलती हो गई हो। यदि उनका प्रयोग करना हो तो इस प्रकार की प्रविष्टियो की जांच करना आवश्यक है।

(ङ) पूर्णता के लिए परीक्षण करना—यह देखने के लिए कि कोई प्रविष्टियाँ छूट तो नही गई या अपूर्ण तो नहीं हैं सम्पादक के लिए अनुसूची की जांच करना आवश्यक है। यदि छूटी हुई जानकारी महत्त्व की है तो अनुसूची गणनाकार या ज्ञापक को वापिस भेजनी जरूरी है। अन्यथा सम्पादक छूटी हुई जानकारी के स्थान पर "अप्रतिवेदित" (N. R.= Not Reported) या तदनुरूप सख्यात्मक सकेत लिख देता है।

6 आँकडों को सुव्यवस्थित करना—अनुसूचियो का सम्पादन हो चुकने के बाद

अन्तिम सारणियाँ और चार्ट बनाने से पूर्व आँकड़ो को सगठित करना आवश्यक है। इसके लिए तीन विधियो का प्रयोग हो सकता है

(1) *गणन अथवा गिनतीपत्र*—उदाहरणार्थ, 20 मार्च, 19— को समाप्त होने वाले सप्ताह मे, उद्योग के अनुसार, परिवारो के पुरुष मुखियाओं ने कितने घण्टे काम किया यह दिखाने के लिए, आइए हम एक गणनपत्र पर विचार करे। गणन-पत्र पृष्ठ 38 पर दिखाया गया है और यह समुदाय के एक क्षेत्र से परिवारो के पुरुष मुखियाओ के लिए सब सम्पादित कार्डों से प्राप्त आँकडो का प्रतिनिधि है। हस्त-सारणीकरण के लिए उद्योग समूहों का सख्यात्मक सकेत आवश्यक नही है (हस्त सारणीकरण मे अगले उप-परिच्छेद मे वर्णित अक प्राप्त करने और हाथ से छाँटने दोनो का समावेश होता है), परन्तु पूर्ण उद्योग के पदनाम के स्थान पर सकेत सख्याओ के प्रयोग से गिनती-पत्र मे स्थान बचता है। जब यांत्रिक सारणीकरण किया जाता है तो सख्यात्मक सकेतन आवश्यक है।

ध्यान से देखिए कि गणन-अको की पाँच के समूहो मे व्यवस्था की गई है, जिनमे से चार ऊर्ध्वाधर और एक विकर्ण है। इससे गिनती सरल हो जाती है। गणन-अको का दूसरा सेट परख के प्रयोजन के लिए है। क्योकि गिनती-पत्र केवल एक क्षेत्र के लिए है, इसलिए पूर्ण समुदाय के आँकडे प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है कि ऐसे कई गिनती-पत्रो के निष्कर्षो को मिलाया जाए। परिणामस्वरूप प्राप्त होने वाली सारणी 2.1 के समान प्रतीत हो सकती है।

एक छोटे अध्ययन से जानकारी का सगठन करने के लिए गिनती-पत्र उपयोगी ढग है। परन्तु यदि बहुत सी अनुसूचियो का गणन करना है या यदि वर्गीकरणो को उपविभाजित करना वाछित है तो गणन-पत्र दुष्कर हो जाता है। उदाहरणार्थ, यदि हम घण्टो के वही प्रकार प्रयोग करना चाहते है जैसेकि गणन-पत्र मे दिखाए गए है, परन्तु पुरुषो और स्त्रियो को भी दिखाना चाहते है और साथ ही परिवारो के मुखियाओ और जो परिवारो के मुखिया नही है उनमे प्रभेद करना चाहते है, तो हमारे पास दो प्रमुख श्रेणियाँ होगी "परिवार का मुखिया' तथा "परिवार का मुखिया नही"। इनमे से प्रत्येक को "पुरुष" और "स्त्री" मे विभाजित किया जाएगा और इन चार श्रेणियो मे से प्रत्येक को पृष्ठ 38 पर गिनती-पत्र मे दिखाए गए वर्गो मे आगे उपविभाजित किया जाएगा। इसके लिए $4 \times 6 = 24$ कालम की आवश्यकता होगी और इसके परिणामस्वरूप एक बहुत बडा गिनती-पत्र प्रस्तुत होगा। हाँ, इसे कई गणन-पत्रो मे तोडा जा सकता है, परन्तु यह और भी अच्छा होगा यदि आँकडे सुव्यवस्थित करने की एक भिन्न विधि का प्रयोग किया जाए।

(2) *हाथ से छँटाई*—जब किसी अध्ययन मे, बहुत बडी सख्या मे अनुसूचियाँ नही आती और जब अनुसूचियाँ पर्याप्त छोटी तथा गत्ते या भारी कागज पर हो, ताकि उनसे तुरन्त काम लिया जा सके, तब आँकडो को दस्ती छाँट के ढग से सगठित किया जा सकता है। यदि हम पूर्वगामी अनुच्छेद म वर्णित जानकारी प्राप्त करना चाहते है तो हम (1) चार ढेरो मे कार्डों को छाँट सकते है—परिवारो के पुरुष मुखिया, परिवारो की स्त्री मुखिया, पुरुष जो मुखिया नही, और स्त्रियाँ जो मुखिया नही, (2) इन चार ढेरो मे से प्रत्येक को 27 उद्योग श्रेणियो मे छाँट सकते हैं ताकि अधिक से अधिक 108 ढेर होगे; तथा (3) इनमे से प्रत्येक ढेर को पृष्ठ 38 पर दिखाए गए काम के घण्टो के सवर्गो मे छाँट सकते हैं। तब वाछित आँकडे प्राप्त करने के लिए प्रत्येक ढेर के कार्डों को गिना जाएगा।

नाम ओहल्नडो क्षेत्र 103 परिवार 0682
पता 100 अर्निस्ट स्ट्रीट कार्ड 01 प्रगणाकर ए० जौन्स

1 परिवार के मुखिया से सम्बन्ध मुखिया (1) 2 वय 58
3 लिंग भेद पुरुष (1) 4 स्कूल के वर्ष 6 (7)

5 नियमित रोजगार
(61) धंधा राज
उद्योग गृह निर्माण

6 वर्तमान रोजगार
(61) धंधा राज
उद्योग गृह निर्माण

7 यह दिखाने के लिए कि यह व्यक्ति 20 मार्च 19 को समाप्त होने वाले सप्ताह में प्राथमिक तौर पर क्या कर रहा था एक संख्या पर चक्र लगाओ

(01) मुद्रा या जिन्स में प्राप्ति के लिए काम कर रहा है।
02 स्वनियोजित।
काम में लगा है या स्वनियोजित है परन्तु कार्य नहीं कर रहा क्योंकि
03 छुट्टी पर।
04 बुरा मौसम।
05 श्रम झगड़ा।
06 30 दिन या कम की जबरी छुट्टी।
07 अपनी बीमारी।
08 अन्य
09 काम में नहीं 30 दिन के अन्दर नया कार्य प्रारम्भ करता।
10 काम में नहीं काम की खोज में।
11 अनियत कमकार कोई नियमित कार्य नहीं।
12 स्कूल में जाना।
13 सेना में।
14 घर की देखभाल (कर्मचारी के रूप में नहीं)।
15 परिवार के फार्म पर या परिवार के व्यापार में अवैतनिक कर्मकार।
16 स्वेच्छिक कर्मकार, परिवार के फार्म या परिवार के व्यापार में नहीं।
17 सेवा निवृत्त।
18 शारीरिक या मानसिक दृष्टि से कार्य करने के अयोग्य।
19 संस्था का निवासी।
20 अन्य

8 यदि पिछले सप्ताह इस व्यक्ति ने, प्राप्ति के बदले, या परिवार के फार्म या परिवार के व्यापार में, या स्वनियोजित व्यक्ति के रूप में कोई कार्य किया तो उसने कितने घण्टे कार्य किया ? 30 घण्टे।

9 यदि यह व्यक्ति कार्य की खोज करता रहा है तो वह कितने सप्ताह तक रोजगार ढूंढता रहा/ढूंढती रही ? सप्ताह

टिप्पणी

शहरी आबादी का रोजगार-बेरोजगारी अध्ययन, 19

शहरी आबादी की रोजगार-बेरोजगारी अनुसूची सम्पादित

(3) *यान्त्रिक सारणीकरण*—यान्त्रिक सारणीकरण में वही मौलिक प्रक्रम होता है, जो हाथ से छँटाई में होता है, परन्तु यह बहुत अधिक तेज है। यान्त्रिक छँटाई और सारणीकरण (गिनने और जोड़ने) की युक्तियों से सांख्यिकीय अध्ययन की जानकारी को संगठित करने का कार्य अत्यन्त शीघ्रता से हो सकता है, हाँ शर्त यह है कि अध्ययन काफी विस्तृत हो ताकि ऐसे साधन का प्रयोग हो सके। यान्त्रिक सारणीकरण के साधन के प्रयोग की उस हालत में सिफारिश की जाती है जबकि बड़ी संख्या में अनुसूचियों का विश्लेषण करना हो या जब प्रत्येक अनुसूची में अनेक प्रविष्टियाँ हों। इस प्रक्रम में आवश्यक तौर पर निम्न पग आते हैं :

(क) समुचित संकेतों का प्रयोग करके अनुसूची में सब प्रविष्टियों को संख्यात्मक मदों में बदलना।

(ख) संकेत संख्याओं का प्रतिनिधित्व करने के लिए छिद्र करके एक छिद्रण कार्ड पर ये प्रविष्टियाँ अंकित करना।

(ग) मशीनों के प्रयोग से कार्डों को छाँटना और आँकड़ों को एकत्र करना।

पृष्ठ 36 की सम्पादित अनुसूची के आँकड़ों को दिखाने के लिए पृष्ठ 39 पर एक कोरा छिद्रण कार्ड और एक कार्ड का बढ़ाया हुआ छिद्रित भाग भी दिखाया गया है। कार्ड (103) में प्रथम प्रविष्टि उस क्षेत्र की पहचान कराती है जहाँ से अनुसूची आई। अगली प्रविष्टि, जिसमे 4 कालम प्रयोग किए गए है, परिवार की पहचान कराती है और यदि वांछित हो तो प्रत्येक परिवार के कार्डों को इकट्ठा करने के योग्य बनाती है। अगले दो कालम परिवार के भीतर कार्ड की संख्या का संकेत करते है क्योंकि एक परिवार के लिए कई कार्ड हो सकते है। यदि अभीष्ट हो तो कुल मिलाकर पहली नौ संख्याओं से किसी अनुसूची और इससे बने हुए पंच कार्ड को इकट्ठा करना संभव होता है। अगले कालम में "1" के द्वारा यह दिखाया गया है कि व्यक्ति एक परिवार का मुखिया है, "2" से यह संकेत होगा कि वह मुखिया नहीं है। अगले दो कालमों में वय दिखाई गई है। अगले कालम में "1" यह संकेत करता है कि प्रत्यर्थी पुरुष है, स्त्री के लिए "2" पंच किया गया है। अगले कालम में इन संख्याओं से स्कूल के वर्षों का संकेत है : 1, 0—6 वर्ष, 2, 7—12 वर्ष; 3, 13—16 वर्ष, 4, 17 या अधिक 0, अप्रतिवेदित। उद्योग संकेत, जो पहले ही दिया जा चुका है, अगले चार कालमों में है, दो कालम नियमित रोज़गार के लिए और दो वर्तमान रोज़गार के लिए है। दो और कालमों में स्वयं के संकेतक प्रश्न 7 के उत्तर दिए हैं। प्रश्न 8 का उत्तर संख्यात्मक होगा और यह अगले दो कालमों में आता है। अन्तिम तीन कालमों में प्रश्न 9 के संख्यात्मक उत्तर आते है। ध्यान दीजिए कि इस अनुसूची के लिए पंच कार्ड का केवल एक भाग प्रयोग करना आवश्यक है।

कार्ड तैयार हो चुकने के बाद, उनका सत्यापन होता है। यह कार्य प्रत्येक छिद्रित कार्ड को, उस अनुसूची के साथ पढ़कर जिसका वह प्रतिनिधि है, किया जाता है। कार्डों का प्रकाश के किसी स्रोत पर रखकर या किसी काली पृष्ठभूमि पर परीक्षण होता है। वैकल्पिक तौर पर, "सत्यापक" कहलाने वाली एक विशिष्ट मशीन का प्रयोग किया जा सकता है। सत्यापक मशीन कार्डों को पंच करने वाली मशीन से मिलती-जुलती है परन्तु यह कार्डों को पंच नहीं करती।

सत्यापन के बाद, कार्डों को छाँटा जाता है और उनका मशीन से सारणीकरण होता है। इलेक्ट्रॉनिक सांख्यिकीय मशीनें ये कार्य करती हैं। वे छाँटती हैं, गिनती हैं, जोड़

क्षेत्र 1

गणन कर्त्ता जेन स्मिथ
पड़ताल कर्त्ता विलियम जोन्स

उद्योग तथा जितने घण्टे काम किये
परिवारों के पुरुष मुखिया

उद्योग समूह	35 घण्टे या अधिक	28 परन्तु 35 घण्टे से कम	21 परन्तु 28 घण्टे से कम	14 परन्तु 21 घण्टे से कम	7 परन्तु 14 घण्टे से कम	7 घण्टे से कम
0	7					
20	2			0		
30	2	2	2			1
40	27	2		0		
50	16	0	2	2	2	
5	3					
52	32	2	2	2		0
53	6		2			
54	3					
55	5	0				
56	0					
60	4	2				
6	25	5	2	3	2	
62						
63	8	0	3			
64	7	5	3	4	2	2
65	4		0		0	
66	3	2	0			
67	5			3		
68	12	3	2			
69	4	0				
70	6		2			
71	0		0			
75						
80	7	3	2	0	2	
90	2					
00						

करती हैं और परिणाम छापती है य मशीन पूर्व स्थापित कसौटियों पर आधारित जानकारी [सम्पादन के अन्तर्गत अनुच्छेद (घ) देखिए] की सगति के लिए कार्डों का सत्यापन भी करती है।

अनेक अध्ययनों के लिए उपयोगी एक सरल साधन जिसे कीसार्ट[14] कहते हैं किनारों के साथ छिद्रों वाले कार्डों का प्रयोग होता है। छिद्र और किनारे के बीच में कार्ड के भाग का खाँचा बनाकर जानकारी लिखी जाती है जैसा कि यहाँ दिखाया गया है

14 कीसार्ट की बिक्री रायल मकबी कम्पनी 295 मडिसन एवेन्यू न्यूयार्क एन० वाई० द्वारा की जाती है।

पंच कार्ड

खाँचदार और बेखाँचदार कार्डों को एक बड़ी छँटाई की सुई से अलग किया जाता है।

हाल के वर्षों मे, स्वचालित आँकड़े ससाधन उपकरण का बड़ी व्यापारिक फर्में तथा सरकारी एजेंसियाँ विस्तृत प्रयोग करने लगी है। ये अति गतिमान मशीनें न केवल सेकड

पंच कार्ड का एक भाग जो यह दिखाता है कि पृष्ठ 36 पर सम्पादित अनुसूची कैसे दर्ज की जाएगी

सारणी 2 1

20 मार्च 19— को समाप्त होने वाले सप्ताह मे शहरी आबादी मे परिवारों के पुरुष मुखियाओ द्वारा काम के घण्टे उद्योग समूह के क्रम से

उद्योग समूह	35 घण्टे या अधिक	28 पर तु 35 घण्टे से कम	21 पर तु 28 घण्टे से कम	14 पर तु 21 घण्टे से कम	7 पर तु 14 घण्टे से कम	7 घण्टे स कम	कुल
व्यावसायिक	247	16	12	1	2		278
लिपिक (अन्यथा अनिर्दिष्ट)	10	5	4	13			32
घरेलू और व्यक्तिगत सेवा	386	125	44	11	6	9	581
सरकारी कमचारी (अध्यापको को छोडकर)	1 563	232	48	25	11	15	1 894
व्यापार और परिवहन	6 339	532	269	166	49	34	7 389
परचून और थोक व्यापार	2 207	65	103	33	25	9	2 442
टेलीफोन और तार	120	3	20	6	2		151
रेलवे एक्सप्रेस गस बिजली का प्रकाश	3 119	408	66	94	11	20	3 718
जल परिवहन	308	12	71	16	5		412
बक तथा दलाली	239	8	5	6	1	2	261
बीमा तथा स्थावर सपदा	245	20	4	9	5	3	286
अन्य	101	16		2			119

विनिर्माण तथा यांत्रिक धंधे	8 468	1,054	693	268	85	78	10,646
निर्माण व्यापार ठेकेदार	557	27	4	2		1	591
निर्माण व्यापार श्रमिक	1 223	311	108	67	31	8	1,748
मिट्टी काँच और पत्थर के उत्पाद	251	30	15	21			317
खाद्य और संबधित उत्पाद	1 243	47	124	8	2	3	1,427
लोहा इस्पात और उनके उत्पाद	2 205	308	211	53	26	47	2 850
धात्विक उत्पाद, लोहे और इस्पात को छोडकर	213	25	76	8	13	5	340
कागज छपाई और प्रकाशन	220	41	37				298
पहनने के परिधान और वस्त्र	304	13	21	62	4	7	411
मोटर गाडियाँ पुर्जे तथा टायर	1 083	102	41	25	1	1	1,253
काष्ठखण्ड और फर्निचर	293	100	8	2	5	3	416
हवाई जहाज	703	33	36	17	1	2	792
अन्य	168	17	12	3	2	1	203
श्रम (अन्यथा अनिर्दिष्ट)	12	7	3	3	6	4	35
स्वनियोजित	1,530	88	49	18	23	11	1 719
विविध	63	10	7	2			82
अप्रतिवेदित	1		1	1			3
कुल परिवारों के पुरुष मुखिया	18 619	2 069	1 130	508	182	151	22,659

इस सारणी में दिखाए गये आँकड़े उदाहरण के प्रयोजनों के लिए हैं वे किसी वास्तविक गणना का प्रतिनिधित्व नहीं करते ।

के एक छोटे अश मे अतीव जटिल गणितीय क्रियाएँ सम्पन्न करने मे समर्थ हैं बल्कि ये आँकडो और उन्हे तैयार करने वाले अनुदेशो को संग्रह करके भी रख सकती हैं। व्यापारिक उपक्रमो द्वारा स्वचालित आँकडे ससाधन उपकरण का वेतन-चिट्ठा तैयार करने, परिसम्पत्ति एव देयताओ सबधी और विशेषकर वस्तु-सूचियों के विस्तृत रिकार्ड रखने, तथा विभिन्न वैकल्पिक बहिर्वेशित क्रियाओ के निष्कर्षो के विश्लेषण तैयार करने के लिए प्रयोग किया जाता है।

7. **प्रस्तुति तथा विश्लेषण**—हाथ से या यांत्रिक साधनो से अनुसूचियो की जानकारी को सगठित कर चुकने के बाद, अन्तिम साख्यिकीय सारणियाँ और चार्ट बनाए जा सकते है। साख्यिकीय सारणियो का विवरण अध्याय 3 मे दिया गया है। ग्राफ के द्वारा प्रस्तुति पर अध्याय 4, 5, और 6 मे विचार किया गया है। साख्यिकीय आँकडो का विश्लेषण अध्याय 7 से 26 मे दिया गया है।

वर्तमान स्रोतों का प्रयोग

प्राथमिक बनाम गौण स्रोत—जैसा कि इस अध्याय के प्रारम्भ मे सकेत किया गया है, एक प्रक्षिप्त अध्ययन मे उपयोग के योग्य साख्यिकीय आँकडे पहले ही विद्यमान हो सकते है। आँकडे प्रकाशित हुए हो या न भी प्रकाशित हुए हो। वे एक व्यक्ति, एक व्यापारी कोठी, एक अनुसधान सस्था, एक व्यापार सस्था, एक स्थानीय, राज्य या सघ के सरकारी कार्यालय, एक समाचार-पत्र या पत्रिका इत्यादि द्वारा इकट्ठे किए जा सकते हैं। कुछ प्रकाशनो मे, जैसे *यूनाइटेड स्टेट्स सेन्सस आफ पापूलेशन एन्ड हाउसिंग* के ग्रन्थो मे, केवल प्रचालक सस्था द्वारा इकट्ठे किए गए आँकडे होते है। इस प्रकार के स्रोत *प्राथमिक* कहलाते हैं। अन्य प्रकाशनो के प्रकाशन करने वाली सस्था के अतिरिक्त अन्य सस्थाओ द्वारा प्रारम्भ मे सकलित किए गए कुछ या सब आँकडे इकट्ठे होते हैं। इन्हे *गौण* स्रोत कहा जाता है। सयुक्त राज्य व्यापार विभाग के व्यापार अर्थशास्त्र के कार्यालय से मासिक प्रकाशित होने वाला *सर्वे ऑफ करन्ट बिजनेस* एक गौण स्रोत है क्योकि इसमे बहुत से सरकारी और गैर-सरकारी स्रोतो से प्राप्त आँकडे होते हैं। स्पष्ट है, जब कभी सभव हो प्राथमिक स्रोत का प्रयोग करना अधिक अच्छा है परन्तु प्राय. किसी गौण स्रोत का प्रयोग अधिक सुविधाजनक हो सकता है। सयुक्त राज्य जनगणना ब्यूरो का वार्षिक प्रकाशन *स्टैटिस्टीकल एब्स्ट्रैक्ट ग्राफ दि यूनाइटेड स्टेट्स* आँकडो का एक अमूल्य गौण स्रोत है।

प्राथमिक स्रोत को अधिमान देने के कारण हैं

(1) गौण स्रोत मे प्रतिलेखन की अशुद्धियाँ हो सकती हैं जो प्राथमिक स्रोत से आँकडे नकल किए जाते समय हो गई हो।

(2) प्राय प्राथमिक स्रोत मे प्रयुक्त मदो और इकाइयो की परिभाषाएँ होती हैं। यह एक महत्त्वपूर्ण विचार है क्योंकि जब तक प्रयोग करने वाले को यह ठीक-ठीक पता नहीं कि इकट्ठा करने वाली सस्था द्वारा प्रयोग किए गए प्रत्येक पद या इकाई का क्या अर्थ है तब तक आँकडो का बुद्धिमत्तापूर्ण प्रयोग कठिन ही हो सकता है। जब आँकडे कई एक स्रोतो से लिए जाते हैं उस समय इसका विशेष महत्त्व है कि पदों और इकाइयो की परिभाषाओ की छानबीन की जाए। कभी-कभी "कुटुम्ब" पद का पिता, माता, और सतान यह सीमित अर्थ हो सकता है, कभी-कभी इसका न्यूनाधिक "परिवार" (एक घर मे रहने वाले) के पर्यायवाची के रूप मे प्रयोग किया जा सकता है। कभी-कभी "निर्यात" पद का सकेत कुल

निर्यात (पुन: निर्यात मिलाकर) हो सकता है, कभी-कभी केवल सयुक्त राज्य के माल का निर्यात। यद्यपि एक मापी हुई बुशल 2,150 4 घन इच होती है, तथापि सब वस्तुओ के लिए एक बुशल मे उसी सख्या मे पाउड नही होते। उदाहरण के लिए, छिलके सहित हरी मटर की फलियो का एक बुशल 22 पाउड वजन का होता है, जई के एक बुशल मे 32 पाउड वज़न होता है, और सेब के एक बुशल का भार 45 पाउड होता है, परन्तु गेहूँ, सेम, मटर या आलू का एक बुशल 60 पाउड वज़न का होता है। *स्टैटिस्टिकल एब्स्ट्रैक्ट आफ दि यूनाइटेड स्टेट्स* मे, यद्यपि यह एक गौण स्रोत है, इकाइयो की आवश्यक परिभाषाएँ होती है।

(3) प्राथमिक स्रोत मे प्राय अनुसूची की एक प्रतिलिपि और प्रतिदर्श का चयन करने तथा आंकडे एकत्र करने मे प्रयुक्त क्रियाविधि का वर्णन होता है, इस प्रकार पाठक यह निश्चय करने के योग्य होता है कि अध्ययन के निष्कर्षों पर कितना विश्वास किया जाए।

(4) प्राथमिक स्रोत मे प्राय आंकडे अधिक विस्तार मे होते है। गौण स्रोत मे प्राय. जानकारी का कुछ भाग छोड दिया जाता है या सवर्गों को मिला दिया जाता है, जैसे कि नगरो के स्थान पर काउन्टियाँ दिखाई जाएँ, या काउन्टियो के स्थान पर राज्य।

आंकड़ो की उपयुक्तता—आंकडो की विश्वस्तता, यथार्थता, और प्रयोज्यता का विश्वास किए बिना विश्लेपक को प्राथमिक या गौण स्रोत से आंकडों का प्रयोग नही करना चाहिए। इस सिलसिले मे विचार के योग्य बहुत से बिन्दु हैं

(1) यदि गणन प्रतिदर्श पर आधारित था, तो क्या प्रतिदर्श प्रातिनिधिक था?

(2) क्या अनुसूची अच्छी प्रकार अभिकल्पित की गई थी? क्या कोई प्रवाहक प्रश्न या सदिग्ध प्रश्न समाविष्ट किए गए थे?

(3) क्या एकत्र करने वाली एजेंसी पूर्वग्रह-रहित थी, अथवा इसे "कोई अपना मतलब निकालना था"? यह स्मरण रखना अच्छा है कि पूर्वग्रह का समावेश जानबूझ कर या अनजाने मे हो सकता है।

(4) क्या असावधान गणन के कारण कोई चयनात्मक कारक आ गया था? उदाहरणार्थ, बेरोजगारी के एक अध्ययन मे, जिन घरो मे कोई नही है उन घरो के अनुपरीक्षण के सबध मे उपार्थक असावधान हो सकते हैं और इस प्रकार आंकडो मे रोज़गार-प्राप्त व्यक्तियों की सख्या वास्तविक से कम दिखाई देगी।

(5) क्या गणनाकार योग्य एव उचित ढग से शिक्षित थे? अयोग्य या कम शिक्षित गणनाकारो पर उपयोगी निष्कर्षों के लिए निर्भर नही किया जा सकता।

(6) क्या सम्पादन सावधानी और शुद्ध अन्त करण से किया गया था? सम्पादको द्वारा असावधानी से सकेतन या परिकलन से अन्यथा मूल्यवान अध्ययन के निष्कर्ष मूल्यहीन हो सकते है।

(7) क्या सारणीकरण (गिनती पत्र, छँटाई या यान्त्रिक सारणीकरण) सावधानी से किया गया था और उसका ठीक-ठीक सत्यापन किया गया?

(8) क्या प्रयोग की गई परिभाषाओ, अध्ययन किए गए क्षेत्र और क्रियाविधि की विधियो की दृष्टि से आंकडे खोज के अधीन समस्या पर लागू होते है?

गणनाकारो, सम्पादको और सारणीकारो द्वारा किए गए कार्य की कोटि का निश्चय करना सदा सभव नही होता। जैसा कि अभी-अभी नोट किया था, प्राथमिक स्रोतो

से प्रयोग की गई अनुसूची की प्रतिलिपि का पुनरुत्पादन हो सकता है और अनुसरण की गई प्रणालियो तथा क्रियाविधियो का न्यूनाधिक ठीक ठीक वर्णन मिल सकता है। अतिरिक्त जानकारी प्राय पत्र-व्यवहार द्वारा प्राप्त की जा सकती है।

दिए हुए एक स्रोत से वर्षों की अवधि के दौरान आंकडे प्रयोग करते समय हमे यह निश्चय कर लेना आवश्यक है कि पदो की परिभाषाएँ बदली नही है, अथवा यदि वे बदल गई हैं तो परिवर्तन के लिए उचित छूट दे देनी चाहिए, यदि ऐसा करना सभव हो। उदाहरणार्थ, 1950 की जनगणना के लिए शहरी जनसख्या की एक नई परिभाषा का प्रयोग किया गया। इस पाठ मे, हम पुरानी और नई परिभाषाएँ[15] देकर स्थान नही घेरेंगे, परन्तु परिवर्तन का उद्देश्य था अधिक बडे और घने बसे हुए अनिगमित स्थानो को शहरी के तौर पर सम्मिलित करना, जैसे कि नगरो के चारो ओर के उपान्त क्षेत्र तथा एक शहरी उपान्त के बाहर 2,500 या इससे अधिक निवासियो के अनिगमित स्थान। 1950 के आंकडो का सारणीकरण दोनो पुरानी और नई परिभाषाओ के आधार पर किया गया था और पुरानी परिभाषा के प्रयोग से 8,89,27,464 शहरी आबादी तथा नई परिभाषा के आधार पर 9,64,67,686 शहरी आबादी थी। पहले की जनगणनाओ के आंकडे केवल पुरानी परिभाषा के आधार पर प्राप्त है।

समाचार-पत्र साधारणतया सांख्यिकीय आंकडो के अच्छे स्रोत नही होते विशेषत जब आंकडे एक समाचार के रूप मे हो। इसका एक कारण यह है कि समाचार-पत्र की प्रति इतनी तीव्रता से तैयार की जाती है और छापी जाती है कि सामग्री का उतने ध्यान से प्रूफ वाचन नही किया जा सकता जितना कि पत्रिकाओ और पुस्तको की अन्तर्वस्तु का। इसके अतिरिक्त समाचार मदो मे उद्धृत बहुत से आंकडे ऐसे व्यक्तियो के भाषणो और वक्तव्यो से लिए जाते है जो स्वय सदिग्ध विश्वस्तता के स्रोत होते है। उदाहरणार्थ, देश के एक प्रमुख समाचार-पत्र मे एक समाचार मे दिए गए इस वक्तव्य पर विचार कीजिए . (आस्ट्रेलियन) ऊन की अनुमानित उपज 37,40,000 गाँठें है, जो कि रिकार्ड पर अधिकतम है। योग्य प्रेक्षको का विचार है कि खरगोशों के विनाश से (जो भेडो का घास खा जाते थे) उपज मे 2,50,00,000 गाँठें बढ गई है।" समाचार मद से यह निश्चित करने का कोई ढग नही है कि कौन-सी सख्या ठीक है। तो भी प्रथम सख्या लगभग ठीक है, दूसरी सख्या अत्यन्त अशुद्ध है।

विभिन्न स्रोतों से प्राप्त आंकडो की तुलनात्मकता—जब आंकडे दो या अधिक स्रोतो से लिए जाते हैं तो प्रत्येक स्रोत की विश्वस्तता पर विचार करना आवश्यक है और इसके अतिरिक्त प्रयोग करने वाले को यह निश्चित करना जरूरी है कि विभिन्न स्रोतो से प्राप्त आंकडे तुलना योग्य है। आइए हम तुलना की कमी के कुछ कारणो की सूची बनाएं।

(1) पदो की विभिन्न परिभाषाएँ प्रयोग मे लाई गई हो सकती हैं। कोयले का उत्पादन सयुक्त राज्य खान ब्यूरो द्वारा 2,000 पाउड के छोटे टनो मे दिया जाता है जब कि एक समय कोयले के निर्यात को विदेशी और घरेलू व्यापार ब्यूरो द्वारा 2,240 पाउड के बडे टनो मे दिखाया जाता था। छोटे टनो का अब दोनो ब्यूरो प्रयोग करते हैं। सयुक्त

---

15. नई परिभाषा और परिवर्तन का स्वरूप जनगणना के सयुक्त राज्य ब्यूरो, *यू० एस० सेन्सस ऑफ पापूलेशन, 1950, खड II, कैरेक्ट्रिस्टिक्स आफ दि पापूलेशन, भाग 1, सयुक्त राज्य साराश, पृष्ठ 9—10* मे दिए गए हैं।

राज्य के कच्ची और साफ चीनी के स्टाको की रिपोर्ट कृषि विभाग द्वारा छोटे टनो मे दी जाती है, कच्ची चीनी के क्यूबा के स्टाक वीकली स्टेटिस्टिकल शुगर ट्रेड जर्नल द्वारा स्पेनी टनो मे दिए जाते है। एक स्पेनी टन मे 2,271,64 अग्रेजी पाउड होते है। मानो ये तीन प्रकार के टन पर्याप्त मात्रा मे भ्राति मे डालने वाले नही थे, पोतपरिवहन मे प्रयुक्त दो अन्य "टनो" की जानकारी प्राप्त करना आवश्यक है। ये कुल टन और नेट (या रजिस्टर्ड) टन है, जिनमे से प्रत्येक 100 घन फुट का प्रतिनिधि है। कुल टन खोखु (हल) की क्षमता तथा नौभार, स्टोर, यात्रियो, और कर्मी दल के लिए प्राप्त डेक पर घिरे हुए स्थान को कहते हैं, जबकि नेट टन कुल टनो मे से चालक मशीनो, ईंधन, कर्मी क्वार्टरो, स्वामी के केबिन और नौचालन स्थानो को निकाल कर आते है—दूसरे शब्दो मे, लगभग नौभार और यात्रियों के लिए प्राप्य स्थान।

लेखा की विभिन्न प्रणालियो के कारण, "लाभ" पद के विभिन्न उद्योगो मे विभिन्न अर्थ हो सकते है। रेल मार्ग का लाभ एक विभागीय स्टोर के लाभ से कही भिन्न हो सकता है। लगभग पूर्ण रूप से साझेदारी मे चलने वाले एक विशिष्ट उद्योग मे एक अनुसधानकर्ता ने पता किया कि बहुत-सी फर्में कोई लाभ नही दिखा रही थी और फर्मों मे बड़े अन्तर विद्यमान थे। हिस्सेदार प्राय अपने आप को भरपूर वेतन दे रहे थे और इसलिए अध्ययन के लिए एक नए पद "लाभ तथा हिस्सेदारो के वेतन" को प्रयोग मे लाया गया। वय का वृत्त पिछले जन्मदिन के हिसाब से, निकटतम जन्मदिन के हिसाब से, या प्राच्य पद्धति के अनुसार, आगामी जन्मदिन के अनुसार दिया जा सकता है। अत वय के आँकड़ो की तुलनात्मकता वृत्त के आधारो द्वारा प्रभावित होती है।

(2) परिकलन या अनुमान की विभिन्न प्रणालियो का प्रयोग किया गया हो सकता है। उदाहरण के लिए, न्यूयार्क नगर पुलिस कमिश्नर के अनुसार 10 मार्च, 1966 और 7 अप्रैल, 1966 के बीच न्यूयार्क शहर मे चोरी और लूट की घटनाएँ लगभग दुगनी हो गई। परन्तु 'वृद्धि' "केवल मात्र" रिपोर्ट करने की विधियों मे परिवर्तन के कारण थी। कई मामलो मे पहले महापराधों को उपापराधो के रूप मे रिपोर्ट किया जा चुका था।[16]

(3) प्रतिदर्श इस प्रकार चुने गए हो सकते है कि निष्कर्षो की तुलना नही की जा सकती। अथवा, सयोगवश, एक अध्ययन प्रतिदर्श पर आधारित रहा हो जब कि दूसरा पूर्णरूपेण गणन हो। हाँ, प्रतिदर्श का चुनाव इस प्रकार करना सभव है कि किसी अध्ययन के निष्कर्ष पूर्वकल्पित विचार के जबरदस्ती अनुकूल बैठाए जा सकें।

(4) गणन, सम्पादन, और सारणीकरण के सबध मे यथार्थता के विभिन्न स्तर रह सकते है।

(5) सभव हो सकता है कि समाविष्ट क्षेत्रो की दृष्टि से या निर्दिष्ट कालावधि की दृष्टि से स्रोत तुलना के योग्य न हों। यदि तैथिक अन्तर बहुत अधिक नही तो कभी-कभार तुलनाएँ की जा सकती हैं या समजन किए जा सकते हैं।

चाहे अन्वेषक प्राथमिक स्रोतो का प्रयोग कर रहा हो या गौण स्रोतो का, स्पष्ट अशुद्धियो और मुद्रण दोषो की तलाश मे रहना आवश्यक रहता है। उदाहरण के लिए, एक वर्ष एक गौण स्रोत द्वारा बताया गया कि महादेशीय सयुक्त राज्य मे 3,81,10,000

---

16 सयुक्त प्रेस, "न्यूयार्क सर्ज ड्यू आन काइम," पैसिफिक स्टार्ज एन्ड स्ट्रिप्स, 8 अप्रैल, 1966, पृष्ठ 3।

ग्रश्वशक्ति सभाव्य जल विद्युत् 90 प्रतिशत समय के लिए प्राप्त थी, जबकि 91,66,000 ग्रश्वशक्ति सभाव्य जल विद्युत् 50 प्रतिशन समय के लिए प्राप्य थी। यह स्पष्ट है कि 90 प्रतिशत समय की ग्रपेक्षा 50 प्रतिशत समय के लिए ग्रावश्यक तौर पर ग्रधिक सभाव्य ग्रश्वशक्ति प्राप्य होगी। प्रत्येक राज्य के लिए ग्रांकड़े दिए गए थे, ग्रौर यदि इन ब्यौरो को जोडा जाए तो प्रतीत होता है कि 5,91,66,000 ग्रश्वशक्ति सभाव्य जल शक्ति 50 प्रतिशत समय के लिए प्राप्य थी। स्पष्ट है कि यह मुद्रण की ग्रशुद्धि थी जो ग्रांकड़े छापते समय हो गई, या सभवत प्राथमिक स्रोत से ग्रा गई। ग्रांकडो के ग्रनुभवी प्रयोगकर्ता को इस प्रकार का स्पष्ट विरोधाभास तुरन्त दिखाई दे जाएगा।

3

सांख्यिकीय सारणियाँ

प्रस्तुति की विधियां

साख्यिकीय प्रस्तुति की चार विधियां उपलब्ध हैं। आंकडे (1) पाठ के एक अनुच्छेद मे समाविष्ट हो, (2) सारणी के रूप मे रखे हो, (3) अर्ध-सारणिक व्यवस्था मे रखे हो, अथवा (4) लेखाचित्री विधि द्वारा वर्णित हो।

पाठ प्रस्तुति—आंकडो और पाठ को मिलाना कोई विशेष प्रभावपूर्ण साधन नही है। क्योकि व्यक्ति को समस्त आंकडो के समुच्चय का अर्थ समझ मे आ सके, इससे पूर्व, यह आवश्यक है कि सारे अनुच्छेद को पढा जाए या कम से कम अवलोकन किया जाए। इस प्रकार से रखे हुए आंकडो को अधिकतर व्यक्ति आसानी से नही समझ सकते और पाठक के लिए वैयक्तिक आंकडो को अलग करना विशेष रूप से कठिन होता है। परन्तु इसमे यह लाभ है कि लेखक विशिष्ट आंकडो की ओर ध्यान दिला सकता है और इस प्रकार उन पर ज़ोर दे सकता है तथा महत्व की तुलनाओ की ओर ध्यान आकर्षित कर सकता है। पाठ प्रस्तुति का एक उदाहरण निम्न है

> सयुक्त राज्य की 1960 की जनगणना के अनुसार कोलोरेडा मे 8,70,467 पुरुष और 8,83,480 स्त्रियां थी। पहाडी मण्डल मे सबसे अधिक जनसख्या वाले इस राज्य मे 1950 मे 6,65,149 पुरुष और 6,59,940 स्त्रियां थी। 1960 और 1950 की दोनो जनगणनाओ के समय पर जनसख्या मे कोलोरेडो के बाद एरीज़ोना था। इसमे 1960 मे 6,54,928 पुरुष और 6,47,223 स्त्रियां थी, 1950 की गणना के समय 3,79,059 पुरुष और 3,70,528 स्त्रियां थी। 1960 मे उटाह पहाडी राज्यो मे चौथे स्थान पर था जबकि 1950 मे यह तीसरे स्थान पर था। 1960 मे इसमे 4,44,926 पुरुष तथा 4,45,703 स्त्रियां थी, जबकि 1950 म इसमे 3,47,636 पुरुष और 3,41,226 स्त्रियां थी। न्यू मेक्सीको जो 1950 मे चौथे स्थान पर था 1960 मे उटाह को विस्थापित करके तीसरे स्थान पर आ गया। 1960 मे इसमे 4,79,770 पुरुष और 4,71,253 स्त्रियां थी जबकि 1950 मे इसमे 3,47,544 पुरुष और 3,33,643 स्त्रियां थी। मोनटाना, इडाहो, व्योमिग और नेवादा दोनो 1960 और 1950 मे क्रमश पाँचवें, छठे, सातवें और आठवें स्थान पर थे। 1960 मे मोनटाना मे 3,43,743 पुरुष और 3,31,024 स्त्रियां थी, 1950 मे, इसमे 3,09,423 पुरुष और 2,81,603 स्त्रियां थी। इडाहो मे जिसमे 1960 मे 3,38,421 पुरुष और 3,28,770 स्त्रियां थी, एक दशाब्द पूर्व 3,03,237 पुरुष और 2,85,400 स्त्रियां थी। जनसख्या की दृष्टि से पहाडी राज्यो मे सबसे छोटे राज्य से अगले व्योमिग मे 1960 मे 1,69,015 पुरुष और 1,61,051 स्त्रियां थी जबकि 1950 मे जनसख्या

1,54,853 पुरुष और 1 35 676 स्त्रियाँ थी। आठ पहाडी राज्यो मे सबसे कम जनसख्या वाला नेवादा था जिसमे 1960 मे 1,47,521 पुरुष और 1 37,757 स्त्रियाँ थी। दस वर्ष पूर्व इसमे 85,017 पुरुष और 75 066 स्त्रियाँ थी।

सारणिक निरूपण—वही आँकडे जो पूर्व के पाठ विवरण मे समाविष्ट थे सारणी 3 1 तथा 3 3 मे दिखाए गए है। साथ ही, प्रत्येक राज्य के लिए सारणियो मे लिंग अनुपात दिखाया है, जिसका अध्याय 7 मे वर्णन किया जाता है। साख्यिकीय आँकडो को बिठाने की यह विधि प्राय पाठ के प्रयोग से श्रेष्ठ है। एक सारणी अपने शीर्षक के साथ पूर्णत स्वत स्पष्ट होनी चाहिए। यद्यपि इसके साथ प्राय व्याख्या का अनुच्छेद या महत्त्वपूर्ण आँकडो की ओर ध्यान दिलाने वाला एक अनुच्छेद हो सकता है।

सारणी 3 1

1950 और 1960 मे पहाडी विभाग के राज्यों मे लिंग के अनुसार निवासियो की सख्या

राज्य	पुरुष		स्त्रियाँ		पुरुष प्रति 100 स्त्रियाँ, 1960
	1960	1950	1960	1950	
कोलोरडो	870 467	665,149	883,480	659,940	98 5
एरीजोना	654 928	379 059	647,223	370,528	101 2
उटाह	444 924	347,636	445,703	341,226	99 8
न्यू मेक्सीको..	479 770	347,554	471,253	333,643	101 8
मोनटाना	343 743	309,423	331,024	281,603	103 8
इडाहो	338 421	303,237	328,770	285,400	102 9
व्योमिंग ..	169,015	154,853	161 051	135,676	104 9
नेवादा..	147,521	85,017	137 757	75 066	107 1

1960 के लिए जनसख्या के आकड, सयुक्त राज्य जनगणना ब्यूरो यू०एस० सेन्सस आफ पापूलेशन *1960*, खण्ड 1, *करैक्टिरिस्टिक्स आफ दि पापूलेशन*, पृष्ठ XIII, प्रत्येक राज्य से सबधित भाग की सारणी A से उदधृत 1950 के आँकड सयुक्त राज्य जनगणना ब्यूरो यू० एस० सन्सस आफ पापूलेशन *1950*, खण्ड 2 *करैक्टिरिस्टिक्स आफ दि पापूलेशन*, प्रत्येक राज्य से सम्बधित भाग की सारणी 13 से उदधृत। पुरुष/100 स्त्रियाँ सयुक्त राज्य व्यापार विभाग, *ऐस्टैटिस्टिकल एब्सट्रैक्ट आफ दि यूनाइटड स्टट्स, 1964* यू० एस० जी० पी० ओ० वाशिगठ डी० सी० 1964, पृष्ठ 21 से उदधृत।

वह स्पष्ट दिखाई देता है कि सारणी पाठ विवरण से बहुत सक्षिप्त है क्योकि पक्ति और कालम शीर्षको से व्याख्यात्मक विषय को दोहराने की आवश्यकता नही रहती। क्योकि आँकडो के साथ कोई पाठ प्रस्तुत नही होता, इसलिए प्रस्तुति अधिक सक्षिप्त है। मदो की स्टब (बाएँ हाथ का कालम और उसका शीर्षक) और बक्स शीर्ष (अन्य कालमो के शीर्षको) म युक्तिपूर्ण व्यवस्था से सारणी स्पष्ट और पढने मे सरल हो जाती है। आँकडो के लिए स्तम्भो और पक्तियो के प्रयोग से तुलनाएँ सरल हो जाती है।

सारणी 3 2 मे एक सारणी के विभिन्न भाग कुछ अलग किए गए हैं और पहचान के लिए उन पर लेबल लगा दिए है। एक सारणी में कम से कम चार आवश्यक भाग होंगे शीर्षक, स्टब, कालम शीर्ष, तथा पिण्ड। एक प्रारम्भिक टिप्पणी (देखिए सारणी 3.5) तथा एक या अनेक पाद-टिप्पणियाँ, जैसे सारणी 3.2 मे, भी विद्यमान रह सकती हैं। यदि सारणी मे आँकडे मौलिक नही हैं तो एक स्रोत टिप्पणी भी दी जाती है जो कभी-कभी प्रारम्भिक टिप्पणी के साथ होती है परन्तु प्राय सारणी के नीचे, और यदि कोई पाद-टिप्पणियाँ विद्यमान हो तो सारणी की पाद-टिप्पणियो के नीचे होती है।

अर्ध-सारणिक निरूपण—जब किसी विवेचन मे केवल कुछेक आँकडो का प्रयोग होना है तो पाठ को तोडा जा सकता है और आँकडे निम्न प्रकार से दिए जा सकते हैं :

संयुक्त राज्य के कारखानों से मोटर गाडियो की बिक्री की संख्या थी

8९९3।

1962 मे 69,33,240.
1963 मे 76,37,728.
1964 मे 77,51,822

यह विधि प्राय प्रयोग नही की जाती, परन्तु यह इस दृष्टि से उपयोगी है कि आँकडे पाठ से ऐसे अलग कर दिये जाते हैं जैसे यदि उन्हे एक या दो वाक्यो मे दिया जाता तो न होते। प्रासंगिक तौर पर, आँकडों की, यदि वे पाठ मे होते तो उसकी अपेक्षा अधिक शीघ्रता से तुलना की जा सकती है।

लेखाचित्री निरूपण—एक सीमित मात्रा मे जानकारी को शीघ्र प्रस्तुत करने के लिए लेखाचित्री साधन बहुत ही उपयोगी एव प्रभावपूर्ण है। अगले तीन अध्यायो मे वक्रो, दण्ड चार्टो, चित्रो, तथा अन्य सांख्यिकीय रेखाचित्रो का वर्णन हैं।

प्रमुख विचार

सारणियो के प्रकार—प्रयोग की दृष्टि से, सारणियाँ दो प्रकार की है। प्रथम तो सामान्य या सदर्भ सारणियाँ हैं जो जानकारी के सग्रह के रूप मे प्रयुक्त होती हैं। ये प्राय. बहुत विस्तृत होती हैं और बहुत से पृष्ठ घेरती हैं। ऐसी सारणियो मे तुरन्त सदर्भ के लिए व्यवस्थित विस्तृत जानकारी मिलती है। सामान्य सारणी मे प्रविष्टियों की ऐसी व्यवस्था करने की कोई चेष्टा नही की जाती ताकि विशिष्ट मदो पर ज़ोर डाला जाए, न ही प्राय: कोई व्यक्ति कालमो और पक्तियो की व्यवस्था करने के लिए होता है ताकि अन्वेषक द्वारा वाछित तुलनाएँ महत्वपूर्ण हों। सदर्भ सारणी का प्राथमिक और प्रायः एकमात्र उद्देश्य आँकडो को इस प्रकार प्रस्तुत करने का होता है कि पाठक तुरन्त वैयक्तिक मदो को ढूंढ सके। सदर्भ या सामान्य सारणियाँ प्राय: एक परिशिष्ट मे या प्रकाशित रिपोर्ट के एक अलग भाग मे रखी जाती हैं।

दूसरे स्थान पर साराश या पाठ सारणियाँ हैं जो प्राय आकार मे अपेक्षाकृत छोटी होती हैं और जो जितना सभव है उतने प्रभावपूर्ण ढग से एक निष्कर्ष या कुछेक घनिष्ठ रूप से सबधित निष्कर्षों को दिखाने के लिए बनाई जाती हैं। जबकि सदर्भ सारणी स्टब और शीर्षक मे उपशीर्षको और उप-उपशीर्षको सहित कुछ जटिल हो सकती है, साराश सारणी बनावट मे अपेक्षाकृत सरल होनी चाहिए। यह प्राय· पाठ विवरण के साथ होती है और इसलिए पाठ सारणी भी कहलाती है। यदि एक पाठक से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपना ध्यान एक चालू सवाद से हटाकर एक सारणी पर लगाए तो यह आवश्यक है कि सारणी बहुत भयावह नही बल्कि सरल और समझने मे सरल हो। बहुत अधिक पाठको

सारणी 32

सयुक्त राज्य अमरीका के क्षेत्रो, अधीन क्षेत्रो, तथा अन्य क्षेत्रो की 1960 की जनसख्या तथा क्षेत्रफल } शीर्षक

क्षेत्र	जनसख्या		वर्ग मीलो मे कुल क्षेत्रफल
	सख्या	कुल का प्रतिशत	
कुल	183,285,009	100 00	3,628,150
महाद्वीपीय सयुक्त राज्य	178,464,236	97 37	3,022,387
हवाई... .. .	632,772	0 35	6,424
अलास्का	226 167	0 12	586,400
अधीन क्षेत्र			
प्योर्टोरिको	2,349,544	1 28	3,435
गुआम	67,044	0 04	206
सयुक्त राज्य के अक्षत द्वीप	32 099	0 12	133
अमेरिकन समोआ . ..	20,051	0 01	76
मिडवे द्वीप	2,356	**	2
वेक द्वीप	1'097	**	3
अन्य द्वीप* . . .	504	**	37
नहर क्षेत्र†	42,122	0 0	553
कार्न द्वीप ≠	1,872	**	4
प्रशान्त द्वीपो का न्यास क्षेत्र ..	70,724	0 04	8,484
विदेशो मे जनसख्या‡	1,374,421	0 75	. .

(बाक्स शीर्ष; स्टब; पिण्ड)

पाद-टिप्पणियाँ:

* इस श्रेणी मे सम्मिलित द्वीपो, तटो समुद्री चट्टानो, और पुष्प चट्टानो की सूची के लिए नीचे दिए स्रोत को देखिए। कुछ द्वीपो का क्षत्रफल उपलब्ध नही था।

† पनामा गणराज्य से समझौते के द्वारा सयुक्त राज्य के अधीन।

≠ नाइकेरेग्वा गणराज्य से पट्टे पर लिये।

‡ निजी व्यापार, भ्रमण इत्यादि के लिए विदेशो मे गए नागरिको को छोड कर, जिन की उनके निवास के सामान्य स्थान पर गणना की गई है।

** एक प्रतिशत के सौवें भाग से कम।

स्रोत नोट: सयुक्त राज्य जनगणना ब्यूरो,यू० एस० सेन्सस आफ पापूलेशन *1960*, खड 1, *कैरेक्टरिस्टिक्स आफ दि पापूलेशन* भाग A नम्बर आफ इनहैबिटेन्ट्स, सारणी 1 पृष्ठ 1 3 से लिए गए आकड़े।

की रिपोर्ट म सब सारणियो को लाँघ जाने की प्रवृत्ति होती है। इस प्रवृत्ति का सफलतापूर्वक निराकरण तभी हो सकता है जब सारणियाँ इतनी सरल बनी हुई प्रतीत हो कि वे रुचिकर हो सकें और जब ऐसे लेखाचित्र दिए जाएँ जो आकर्षक हो और बहुत जटिल न हो। साराश सारणी को जो उद्देश्य पूर्ण करना होता है उसके कारण से उसमे दिखाई गई मदो की जहाँ वाछित हो वहा ज़ोर डालने की दृष्टि से व्यवस्था की जाएगी और कालम और पक्तियाँ इस प्रकार रखी जाएँगी ताकि अत्यन्त महत्त्व की तुलनाएँ सरलता से हो सकें।

एक साराश सारणी प्राय आवश्यक तौर पर एक या अधिक सदर्भ सारणियो मे रखी जानकारी को सक्षिप्त करने का परिणाम होती है, यद्यपि कभी-कभी एक साराश सारणी, पूर्णतया या अशरूपेण, एक या अनेक अन्य साराश सारणियो पर आधारित हो सकती है। कभी-कभी एक साराश सारणी सीधे अनुसूची रूप मे रखे आँकडो से बनाई जा सकती है। एक या अनेक सारणियो से कोई अन्य सारणी बनाने मे प्रयोग की जा सकने वाली विधियाँ निम्नाकित है

1. वे आँकडे जो वर्तमान समस्या के लिए महत्त्वपूर्ण नही हैं, छोडे जा सकते है। इस प्रकार यद्यपि लगभग 20 राज्य ऐसे है जो बिटूमनी कोयले की पर्याप्त मात्राएँ उत्पादित करते हैं तो भी केवल 10 या 12 प्रमुख राज्यो के आँकडे अलग से दिखाना पर्याप्त हो सकता है।

2. विस्तृत आँकडो को समूहो मे मिलाया जा सकता है। उदाहरणार्थ, राज्यो के अनुसार दिखाए गए आँकडो को भौगोलिक विभागो मे इकट्ठा किया जा सकता है। पुनश्च, अलग-अलग उद्योगो के अनुसार दिखाए गए आँकडों को व्यापक औद्योगिक समूहो मे मिलाया जा सकता है। उदाहरण के लिए, ईंट, टाइल, और टेरा कोटा उत्पादो का विनिर्माण, सीमेन्ट, काँच और मिट्टी के बर्तनो का विनिर्माण, तथा सगमरमर, ग्रेफाइट, स्लेट, और ऐसे उत्पादो को खानो से निकालना, को बडे सवर्ग "मिट्टी, पत्थर, तथा काँच के उत्पाद" मे मिलाया जा सकता है।

3 आँकडो की व्यवस्था बदली जा सकती है। इस प्रकार नगरो की वर्णक्रम के अनुसार व्यवस्था के स्थान पर नगरपालिका के आकार के अनुसार व्यवस्था की जा सकती है।

4 मौलिक पूर्ण आँकडो के स्थान पर या उनके अतिरिक्त, औसत, अनुपात, प्रतिशतता या अन्य परिकलित माप दिए जा सकते है। प्रतिशतताओ का एक कालम सारणी 3 4 मे दिखाया गया है। यह देखने मे आएगा कि ये आँकडे उस सामग्री की व्याख्या सरल बना देत हैं जिस पर वे आधारित हैं।

तुलनाएँ—जबकि कालमो और पक्तियों मे व्यवस्था आँकडो की तुलना को आसान बना देती है, इस प्रकार के प्रतिपादन से महत्त्वपूर्ण तुलनाओ पर स्वयमेव ध्यान केन्द्रित नही होता। जिन आँकडो की तुलना की जानी है उन्हे निकटस्थ कालमो या पक्तियो मे रखकर यह किया जा सकता है। इस प्रकार यह देखा जा सकता है कि पुरुषो या स्त्रियो के लिए दो जनगणनाओं मे प्राप्त आँकडो की तुलना सारणी 3 1 से सरल हो गई है जबकि सारणी 3 3 मे उनमे से प्रत्येक जनगणना मे पुरुषों और स्त्रियों की सख्या की तुलना करना आसान हो जाता है।

इन सारणियो मे से प्रत्येक भली-भाँति निर्मित की गई है, परन्तु प्रत्येक एक भिन्न तुलना पर ध्यान केन्द्रित करती है। सारणी निर्माण मे सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण विचारो मे से एक यह है कि जिन आँकडो की तुलना करनी है, उन्हे सन्निकट सन्निधि मे रखना आवश्यक है। यह स्मरण रखना चाहिए कि अको की दो या अधिक श्रेणियो की तब अधिक सरलता से तुलना होती है जब उन्हे साथ की पक्तियो मे रखने की अपेक्षा साथ के कॉलमो मे रखा जाए और किसी श्रेणी के अको की एक दूसरे के साथ उस समय अधिक

सरलता से तुलना होती है जब उन्होंने एक पंक्ति में रखने की अपेक्षा उनकी एक कॉलम म व्यवस्था की जाए।

अनुपातों, प्रतिशतताओं औसतो या अन्य परिकलित सम्बन्धो के प्रयोग से तुलनाएँ बहुत सरल हो सकती है। अनुपात सारणी 7 4 म दिखाए गए हैं, प्रतिशतताएँ

सारणी 3 3

1950 और 1960 मे पहाडी विभाग के राज्यो मे लिंगानुसार निवासियो की सख्या

राज्य	1960		1950		1960
	पुरुष	स्त्रियाँ	पुरुष	स्त्रियाँ	पुरुष/100 स्त्रियाँ
कोलोरेडो	870 467	883,480	665,149	659,940	98 5
एरीजोना	654,928	647,223	379,059	370,528	101 5
उटाह्	444,924	445,703	347,636	341,226	99 8
न्यू मेक्सीको	479,770	471,253	347,554	333,643	101 8
मोनटाना	343,743	331,024	309,423	281,603	103 8
इडाहो	338,421	328,770	303,237	285,400	102 9
व्योमिंग	169,015	161,051	154,853	135,676	104 9
नेवादा	147,521	137,757	85,017	75,066	107 1

1960 के जनसख्या आँकडे सयुक्त राज्य जनगणना ब्यूरो यू० एस० सेंसस आफ पापूलेशन 1960 खण्ड I कैरैक्टिस्टिक्स आफ दि पापूलेशन, पष्ठ XIII, प्रत्येक राज्य मे सम्बन्धित भाग की सारणी ए मे लिए गए 1950 के आकंड सयक्त राज्य जनगणना ब्यूरो यू० एस० *सेंसस आफ पापूलशन* 1950 खण्ड II *कैरैक्टिस्टिक्स आफ दि पापूलेशपन*, प्रत्येक राज्य मे सम्बन्धित भाग की सारणी 13 से लिए गए। पुरुष/100 स्त्रिया सयुक्त राज्य व्यापार विभाग, *स्टैटिस्टिकल एब्स्ट्रैक्ट आफ दि यनाइटिड स्टटस*, 1964, यू० एस० जी० पी० ओ०, वाशिंगटन डी० सी०, 1964 पष्ठ 21 से उद्धत।

सारणी 3 4

1960 में सयुक्त राज्य की शहरी जनसख्या की क्षेत्रानुसार रचना

क्षेत्र	कुल शहरी सख्या	शहरी क्षेत्रो के भीतर	
		सख्या	प्रतिशत
उत्तरपूर्व	35,840,140	30,611,324	85 4
उत्तरकेन्द्रीय	35,481,254	26,550 170	74 8
दक्षिण	32,160 250	21,501,114	66 9
पश्चिम	21,787 106	17,185,879	78 9
कुल . ..	125 268,750	95,848,487	76 5

आँकड सयुक्त राज्य जनगणना ब्यूरो यू० एस० *सेन्सस आफ पापूलेशन* 1960 खण्ड I, *कैरैक्ट्रिस्टिक्स आफ दि पापूलेशन*, भाग ए, *नम्बर आफ इन-हैबिटैंटस*, सारणी 17, पृष्ठ 1—26 मे लिए गए।

जो वास्तव में अनुपात का एक प्रकार है (अध्याय 7 देखिए), सारणी 3 2 तथा 3 4 में सम्मिलित है। अनुपात तथा प्रतिशतताएँ उस समय विशेषतः उपयोगी होती हैं जब तुलना किए जाने वाले पूर्णांक बहुत हों। ध्यान दीजिए कि सारणी 3 2 तथा 3.4 में प्रतिशतताओं के प्रयोग से अपेक्षाकृत बृहत् जनसख्या के आँकडो की सहज ही तुलना की जा सकती है। जब सारणियों मे मासिक घट-बढ दिखाई जाती है और अधिकतम तथा निम्नतम दोनों नोट की जाती है, तो तुलना के लिए "अधितम के प्रतिशत के रूप मे निम्नतम" यह अतिरिक्त प्रविष्टि उपयोगी है। उदाहरणार्थ, मूल अंग्रेजी पुस्तक का द्वितीय सस्करण, पृष्ठ 58 देखिए। श्रोमने सारणी 14 1, 14 3, तथा 14 7 मे दिखाई गई है।

बल—किसी मद को सारणी मे समुचित स्थान पर रखने से उस पर उचित बल देना सभव हो जाता है, क्योकि पाश्चात्य लोग बाएँ से दाएँ और ऊपर से नीचे पढते हैं, परिणाम यह निकलता है कि स्टब मे सबसे महत्त्व का स्थान चोटी पर होता है और बक्स-शीर्ष मे सबसे महत्त्व की स्थिति बाई ओर होती है, इसी प्रकार सबसे कम महत्त्व का स्थान स्टब के तल मे और बक्स-शीर्ष के दाई ओर होता है। नोट कीजिए कि सारणी 3 3 मे इस सिद्धान्त के अनुसार पुरुषों पर बल दिया गया है, न कि स्त्रियो पर, और 1960 को 1950 की अपेक्षा अधिक महत्त्वपूर्ण स्थान दिया गया है।

सारणी 3 5

1963—64 मे समुद्रपार देशो से संयुक्त राज्य अमरीका मे विदेशी आगन्तुक*

(यात्री हजारो में)

समुद्रपार क्षेत्र तथा वर्ष	कुल	व्यवसाय	विहार	पारगमन	विद्यार्थी
समुद्रपार देशो से आए कुल :					
1964	1,098	150	807	110	31
1963	847	122	613	84	28
यूरोप तथा भूमध्यसागरीय :					
1964	527	93	376	54	4
1963	398	75	278	40	5
वैस्ट इडीज, केन्द्रीय तथा दक्षिण अमरीका .					
1964	414	21	346	35	12
1963	332	20	273	28	11
अन्य समुद्रपार क्षेत्र					
1964	157	36	85	21	15
1963	117	27	62	16	12

*कैनेडा और मैक्सीको से आगन्तुको को छोडकर, सयुक्त राज्य मे नियुक्त विदेशी सरकारी व्यक्तियो तथा विदेशी व्यवसायियो को छोडकर।

सर्वे ग्राफ करन्ट बिजनेस, जून 1965, खण्ड 45, न० 6, पृष्ठ 28 मे उद्धृत, संयुक्त राज्य न्याय, आप्रवास एव देशीकरण सेवा विभाग से लिए आंकडे।

जोड़ प्राय: अधिकतम महत्त्व के या न्यूनतम महत्त्व के स्थान पर रखे जाते हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि उन पर बल देना उचित है अथवा नहीं। जब "जोड़" स्तंभ में चोटी पर दिखाया जाता है तो, सारणी 3.2 के समान, अंकों की पहली पंक्ति के नीचे एक रेखा खींचनी चाहिए। यदि जोड़ की प्रविष्टि स्तंभ के तल में है तो सारणी 3.4 के समान इन अंकों के ऊपर रेखा खींची जाती है। एक वैकल्पिक ढंग यह है कि, सारणी 3.5 के समान, जोड़ों को अलग करने के लिए रेखा की अपेक्षा रिक्त स्थान छोड़ा जाता है। स्तंभ में "जोड़" शब्द का चाहे इसकी स्थिति कैसी ही हो यथासंभव जगह छोड़ कर दिखाना चाहिए।

अलग-अलग अंकों या कालमों या अंकों की पंक्तियों पर भी सारणी 3.5 के समान मोटे टाइप के प्रयोग से बल डाला जा सकता है। जब रोजगार, बिक्री या अन्य कारकों के मासिक उतार-चढ़ाव दिखाए जाते हैं तो अधिकतम अंक को मोटे टाइप में दिखाया जा सकता है और न्यूनतम को तिरछे टाइप में रखा जा सकता है। प्राय: तिरछे टाइप का प्रयोग बल की अपेक्षा अन्तर के संकेत के लिए होता है। अत: एग्रीकल्चरल स्टैटिस्टिक्स के कुछ निर्गमों में जनगणना के अंक तिरछे टाइप में हैं जबकि शेष सभी अंक संयुक्त राज्य कृषि विभाग द्वारा संकलित या अनुमानित हैं। कभी-कभी तिरछे टाइप का प्रयोग घाटों, अर्थात् जोड़ निकालने के लिए घटाई जाने वाली मदों तथा जोड़ में से निकाली जाने वाली मदों का दिखाने के लिए भी किया जाता है।

स्तंभ में मदों की व्यवस्था तथा शीर्षक —एकत्र किए जा सकने वाले सांख्यिकीय आँकड़ों के मूलभूत स्वभाव का विचार करके यह नोट किया गया था (पृष्ठ 3) कि आँकड़े भौगोलिक, तैथिक, गुणात्मक या मात्रात्मक वर्गों की ओर संकेत कर सकते हैं। अब हमारी रुचि उन विधियों में है जिन्हें सारणी के स्तंभ या बक्स शीर्ष में मदों की व्यवस्था करने में प्रयुक्त किया जा सकता है। व्यवस्था की विधि का आंशिक रूप से आँकड़ों के स्वभाव (मसलन भौगोलिक, तैथिक, गुणात्मक या मात्रात्मक) से तथा आंशिक तौर पर इस विचार से कि आँकड़े संकेत सारणी में प्रकट होते हैं अथवा सारांश सारणी में, निर्धारण होगा। व्यवस्था की कई विभिन्न विधियाँ प्रयोग में लाई जा सकती हैं।

वर्णानुक्रमिक—व्यवस्था की यह विधि एक सामान्य सारणी में प्रयोग के लिए प्रशंसनीय ढंग से लागू की जाती है क्योंकि इससे वैयक्तिक मदों को आसानी से ढूँढा जा सकता है। स्पष्ट ही मूल पाठ सारणियों के लिए यह उपयोगी विधि नहीं है। इसका केवल उन श्रेणियों के लिए प्रयोग हो सकता है जिनका भौगोलिक या गुणात्मक दृष्टि से वर्गीकरण हुआ है।

भौगोलिक—व्यवस्था की भौगोलिक विधि का भौगोलिक दृष्टि से वर्गीकृत श्रेणियों के लिए प्रयोग किया जा सकता है, परन्तु इसका केवल तभी अनुप्रयोग किया जा सकता है जब एक मान्य प्रयोग स्थापित हो चुका हो और केवल तभी इसका प्रयोग किया जाना चाहिए जब सांख्यिकीविद को विश्वास हो कि उसके पाठक वर्गीकरण से परिचित हैं। संयुक्त राज्य और विभिन्न राज्यों के भौगोलिक विभागों का प्रथागत क्रम 1960 के संयुक्त राज्य जनगणना के भाग I में संयुक्त राज्य सारांश की बहुत सी सारणियों में देखा जा सकता है। यद्यपि जनगणना में राज्यों के लिए व्यवस्था की भौगोलिक विधि का प्राय: प्रयोग किया गया है, तथापि इसमें किसी राज्य की काउंटियों की लगभग निरपवाद रूप से वर्णानुक्रम सूची बनाई गई है। संकेत की सुविधा के लिए एक सामान्य सारणी में भौगोलिक व्यवस्था

मुश्किल से ही उतनी सन्तोषजनक होती है जितनी कि वर्णक्रम की व्यवस्था। यद्यपि यह दलील दी जा सकती है कि भौगोलिक व्यवस्था मे प्राय साथ लगने वाले, और तुलना योग्य क्षेत्रो को साथ-साथ रखा जाता है अत यह स्पष्ट होना आवश्यक है कि भौगोलिक व्यवस्था मे सदा ऐसा नही होता। यह एक साराश सारणी के लिए प्राय व्यवस्था की अच्छी विधि नहीं है क्योकि इस व्यवस्था मे महत्त्वपूर्ण मदो को महत्त्वपूर्ण स्थितियो मे नहीं रखा जाता।

परिमाण—एक साराश सारणी मे मदो की व्यवस्था की एक अति सन्तोषजनक विधि उन्हे आकार के अनुसार सूची मे रखने की है ताकि प्राय. सबसे बडी मद सर्वप्रथम हो परन्तु कभी-कभी इसमे विपरीत क्रम मे भी रखा जाता है। सारणी 3 3 के स्टब मे दिखाए गए राज्य 1950 मे परिमाण के क्रम से दिए गए है। जब सबसे बडी मद सर्वप्रथम रखी जाती है तो (सख्या की दृष्टि से) सबसे महत्त्वपूर्ण मदो को सबसे अधिक महत्त्व की स्थितियो मे रखा जाता है। एक सामान्य सारणी मे आकार के अनुसार मदो की व्यवस्था उपयोगी नही है क्योकि इससे वैयक्तिक मदो को ढूँढना उतना सरल नही होता जितना वर्णानुक्रम व्यवस्था मे होता है। भौगोलिक या गुणात्मक दृष्टि से वर्गीकृत आँकडो की परिमाण के अनुसार व्यवस्था की जा सकती है। इसी प्रकार कालक्रम से वर्गीकृत आँकडों की भी व्यवस्था की जा सकती है, परन्तु जब उनकी परिमाण के अनुसार व्यवस्था की जाती है तो उनका कालक्रम नष्ट हो जाता है।

ऐतिहासिक—कालक्रम के आधार पर वर्गीकृत आँकडो की प्राय कालक्रमानुसार या ऐतिहासिक दृष्टि से व्यवस्था की जाएगी। जब वर्षों की सूची बनाई जाती है तो सबसे हाल की या सबसे पहले की तिथि सर्वप्रथम दिखाई जा सकती है। परन्तु महीनो की सूची प्रथानुसार सबसे पहले जनवरी से बनाई जाती है। जब ऐतिहासिक व्यवस्था की आवश्यकता होती है तो यह या तो सामान्य या मूल पाठ सारणियो मे प्रयोग की जा सकती है। ऐतिहासिक व्यवस्था का प्रयोग अध्याय 12 की विभिन्न सारणियो के स्टब मे किया गया है।

प्रथागत—कुछ आँकडो की जो मौलिक तौर पर गुणात्मक होते हैं, प्राय प्रथागत वर्गों के अनुसार व्यवस्था की जाती है। निर्यातो और आयातो का प्राय पाँच श्रेणियो मे वर्गीकरण किया जाता है—कच्चा माल, कच्चा खाद्य, विनिर्मित खाद्य, अर्ध-विनिर्माण तथा अन्तिम विनिर्माण। सयुक्त राज्य अमरीका की जनसख्या को जब तथाकथित "जाति के मूलस्थान" के आधार पर वर्गो मे बाँटा जाता है तो इसका प्राय निम्न वर्गो म उपविभाजन होता है : देशज गोरे, विदेश मे जन्मे गोरे नीग्रो, भारतीय, जापानी, चीनी, तथा "शेष सब"। इनकी प्राय दिए गए क्रम से सूची बनाई जाती है। जब सारणी मे एक "शेष सब" वर्ग आता है तो यह प्राय स्टब मे सबसे नीचे या बक्स शीर्ष मे दाई ओर रखा जाता है। अच्छा साख्यिकीय व्यवहार कहता है कि "शेष सब", "मिश्रित", या "अप्रतिवेदित" वर्ग मे अपेक्षाकृत छोटी सख्याएँ सम्मिलित होनी चाहिएँ, अन्यथा वर्गीकरण की पर्याप्तता या आँकडो के एकत्रीकरण की यथार्थता पर प्रश्न उठाया जा सकता है। प्रथागत वर्गो के अनुसार व्यवस्था या तो मूल पाठ सारणी या सकेत सारणी के लिए उचित है। परिमाणात्मक आँकडो की वर्गो मे व्यवस्था की जा सकती है, जैसा कि सारणी 8.6 के स्टब मे दिखाया गया है। ऐसी व्यवस्थाएं प्राय सबसे छोटी सख्या के मूल्य के वर्ग से प्रारम्भ होती हैं और मूल पाठ सारणी या सकेत सारणी मे प्रयुक्त की जा सकती है।

क्रमिक—मदो को इस प्रकार रखा जाता है कि अन्तिम अक पहले दिए गए अकों से तर्कसगत ढग से विकसित होता है। उत्तरोत्तर व्यवस्था का एक उदाहरण एक सारणी

के बवम शीर्ष म दिखाया गया था जिसम एक वर्ष मे सयुक्त राज्य मे हडतालो की सख्या के मासिक आँकडे प्रस्तुत किए गए। बक्स शीर्ष मे उत्तरोत्तर शीर्षक थे

पूर्व मास से चालू	मास मे प्रारम्भ	मास के दौरान चल रही	मास मे समाप्त	मास के अन्त मे शेष

उत्तरोत्तर व्यवस्था मूल पाठ या सकेत सारणी दोनो के लिए उपयुक्त है।

सख्यात्मक—नगरो के वार्डो का नाम प्राय वार्ड 1, वार्ड 2, इत्यादि रखा जाता है। जब ऐसे उपविभागो के लिए आँकडे दिखाए जाते हैं तो प्राय सख्यात्मक व्यवस्था का अनुसरण किया जाता है। कभी-कभी काउन्टियो की प्रसीमाएँ और जिलो की सख्याएँ लगी होती है, कारखाने के विभागो और विक्रेताओ के इलाको या विक्रय क्षेत्रो को भी सख्यात्मक नामो से पहचाना जा सकता है। *यह विधि मूल पाठ या सकेत सारणी किसी मे भी आ सकती है।* श्रेणियो को दी गई सख्याएँ किसी आधारभूत व्यवस्था को पहचानने मे सहायक प्राय लेबल मात्र होती हैं। उदाहरणार्थ, एक जूते के कारखाने मे, विभाग 1 कटाई विभाग था, विभाग 2 फिटिंग विभाग, विभाग 3 लास्टिंग विभाग, इत्यादि।

व्यवस्था की विभिन्न विधियाँ प्रयोग करते समय याद रखिए कि सकेत सारणी मे सकेत की अधिकतम सुविधा की दृष्टि से मदो की व्यवस्था होनी चाहिए, जब कि मूल पाठ सारणी मे महत्त्वपूर्ण मदो पर बल देने और उचित तुलनाओ पर बल देने की दृष्टि से व्यवस्था होनी चाहिए।

सारणी निर्माण का ब्यौरा

शीर्षक तथा पहचान—प्रत्येक सारणी के साथ एक शीर्षक होना चाहिए और यह रीति के तौर पर सारणी के ऊपर रखा जाता है। शीर्षक की शब्द-रचना स्पष्ट होनी चाहिए और इसे सक्षेप मे यह बताना चाहिए कि अधिक महत्त्वपूर्ण बाते पहले कही जाएँ और मदो की किस प्रकार व्यवस्था की गई है और कौन-सी कालावधि ली गई है इनसे सबधित वक्तव्य अन्त की ओर रखे जाएँ। प्राय शीर्षक क्रम से बताता है : क्या, कहाँ, कैसे वर्गीकृत, और कब। शीर्षको के उदाहरण इस अध्याय की विभिन्न सारणियो मे दिखाए गए है। यह ध्यान दिया जाए कि जब शीर्षक म कई पक्तियो के प्रयोग की आवश्यकता होती है तो एक *विपर्यस्थ सूची-स्तम्भ व्यवस्था का प्रयोग किया जाता है।*

यदि शीर्षक लम्बा है तो प्रमुख शीर्षक के ऊपर "सूचक शीर्षक" रखना, या कभी-कभी पूर्ण शीर्षक के स्थान पर सूचक शीर्षक रखना लाभकारी हो सकता है। यह छोटा शीर्षक सारणी म आँकडो के केवल मात्र सामान्य स्वभाव को बताता है। सारणी 7 1 के लिए एक सूचक शीर्षक "1963 और 1964 मे सयुक्त राज्य मे नए निर्माण" हो सकता है।

जब किसी अध्ययन मे एक से अधिक सारणियाँ सम्मिलित हो तो सारणियो को लगातार सख्याएँ देना वाछित है ताकि प्रत्येक को शीर्षक के स्थान पर सख्या से पहचाना जा सके।

प्रारम्भिक तथा पाद-टिप्पणियाँ—एक सारणी के साथ एक प्रारम्भिक टिप्पणी, एक *या अधिक पाद-टिप्पणियाँ और एक स्रोत टिप्पणी* सलग्न हो सकती है। प्रारम्भिक टिप्पणी ठीक शीर्षक के नीचे और छोटे-मोटे कम महत्त्व के टाइप मे रखी जाती है। प्रारम्भिक

टिप्पणी में सम्पूर्ण सारणी या इसके महत्त्वपूर्ण भाग के सम्बन्ध में व्याख्या होती है, जैसा कि सारणी 3 5 मे है।

वैयक्तिक अको या एक कॉलम या अको की पक्ति के सबध की व्याख्या पाद-टिप्पणियो मे दी जानी चाहिए। स्टब प्रविष्टियो और कालम शीर्षको के सबध की पाद-टिप्पणियो का सकेत सख्याओ द्वारा किया जा सकता है, परन्तु अको से सम्बन्धित पाद-टिप्पणियो की पहचान किसी चिह्न (*, †, ‡, ‡, इत्यादि) से होनी चाहिए, जैसा कि सारणी 3 2 मे है, या किसी अक्षर से, परन्तु अधिमानत किसी सख्या द्वारा नही। इस पुस्तक मे अको, स्टब प्रविष्टियो, कॉलम शीर्षको और सारणी शीर्षको से सबधित पाद-टिप्पणियो के लिए चिह्न प्रयुक्त किए गए है।

स्रोत-टिप्पणियां—जैसे पहले सकेत किया गया है, स्रोत टिप्पणी शीर्षक के नीचे या पाद-टिप्पणियो के नीचे आ सकती है। इस पाठ मे प्राय दूसरी कार्य-प्रणाली का अनुकरण किया गया है। सारणी मे रखे गए आँकडे प्राय वही सामग्री नही होगी जो अन्वेषक ने इकट्ठी की है। प्राय अक एक या अधिक प्रकाशित या अप्रकाशित स्रोतो से लिए गए होगे। स्रोत-टिप्पणी पूर्ण होनी चाहिए और इसमे लेखक, शीर्षक, ग्रथ, पृष्ठ, प्रकाशक, तथा तिथि देने चाहिएँ। उद्धृत आँकडो के स्रोत का उल्लेख करना शिष्टता मात्र ही नही है, वरन् इस जानकारी मे पाठक को आँकडो की विश्वस्तता का कुछ विचार प्राप्त होता है और उसके लिए उद्धृत अको की यथार्थता आँकडो के लिए या अतिरिक्त जानकारी प्राप्त करने के लिए मौलिक स्रोत देखना सभव हो जाता है।

कभी-कभी आँकडे प्राथमिक स्रोत की अपेक्षा गौण स्रोत से लिए जाते है, क्योकि गौण स्रोत अधिक सुविधाजनक हो सकता है। ऐसी स्थिति मे दोनो स्रोतो का उल्लेख करना वाछित हो सकता है, उदाहरण के लिए, ' स्रोत · नेशनल बोर्ड ऑफ फायर अडरराइटर्ज, जैसाकि *स्टैटिस्टिकलऐब्स्ट्रैक्ट ऑफ दि यूनाइटेड स्टेट्स*, 1964 मे पृष्ठ 482 पर उद्धृत है।" सारणी 3 5 देखिए।

एक सारणी के लिए आँकडे कभी-कभी दो या अधिक विभिन्न स्रोतो से लिए जा सकते हैं। जब ऐसा किया जाता है तो यह सावधानी रखना आवश्यक है कि आँकडे तुलना योग्य हो। आँकडो की तुलनात्मकता के महत्त्व का विवरण अध्याय 2 मे दिया गया है। इस विषय पर इस समय अधिक कहना आवश्यक नही है।

जब किसी स्रोत मे स्पष्ट अशुद्धियाँ मिलती है तो तथ्य की ओर ध्यान देना अच्छा है। एक बार मासिक लेबर रिव्यू मे दि ओरियन्टल ईकानोमिस्ट से एक सारणी छापी गई जिसमे दिखाया गया कि एक वर्ष मे जापान मे 10 उद्योगो मे कुल वेतन 64,73,40,199 येन था, परन्तु एक पाद-टिप्पणी मे सकेत किया गया कि यदि 10 उद्योगो मे से प्रत्येक के लिए दिए गए अको को जोडा जाए तो परिणाम 64,74,30,199 येन है।

प्रतिशतताएँ—जब किसी सारणी मे प्रतिशतता का प्रयोग होता है तो स्टब या शीर्षक प्रविष्टि मे स्पष्ट सकेत होना चाहिए कि प्रतिशतता का सबध किन आँकडो से है। इस प्रकार केवल "प्रतिशत" शब्द का परिहार होना चाहिए, इसके स्थान पर "योग का प्रतिशत" "वृद्धि या कमी का प्रतिशत," इत्यादि कहे। कभी कभी सारणियों को "संख्या" विभाग (पूर्ण अको को दिखाने वाला) और "प्रतिशत" विभाग मे बाँटा जाता है, जैसा सारणी 8 6 मे है। इस सारणी और सारणी 7 2 मे प्रतिशतताओ की ओर सकेत करने वाले पर्याप्त शीर्षको के प्रयोग का उदाहरण है।

जब अलग अलग प्रतिशतताएँ एक प्रतिशत के दसवें भाग तक ठीक लिखी जाती हैं, जैसाकि रिवाज है, तो जोड प्राय 100 0 से थोडा सा अधिक या कम होगा क्योंकि पूर्णांकन करते समय धनात्मक या ऋणात्मक शेष इकट्ठे किए जाते है। यदि प्रतिशतताएँ एक प्रतिशत के सौवें या हजारवें भाग तक दर्ज की जाएँ तो जोड 100 0 के अधिक निकट होगा। यद्यपि "योग का प्रतिशत" कालम का जोड 100 0 से थोडा अधिक या कम हो तो भी जोड 100 0 के बराबर दिखाया जाता है, क्योकि यदि विस्तार मे हिसाब किया जाए तो अलग-अलग प्रतिशतता का यही परिणाम होगा। यदि कोई जोड 99 8 से कम या 100 2 से अधिक बनता है तो गलती देखने के लिए गणनों को पुन देखना उचित होता है।

सख्याओ का पूर्णांकन—भ्राति दूर करने और तुलनाएँ सरल बनाने के लिए बहुत से अको की सख्याओ का पूर्णांकन किया जा सकता है। सख्याओ का उस समय भी पूर्णांकन किया जा सकता है जबकि सकलनकर्ता यह अनुभव करता है कि वे अतिम अक तक सही न होकर केवल हजारो या लाखो के रूप मे सही है। इस तथ्य की ओर ध्यान दिलाने के *लिए कि वे अनुमान थे सारणी 17.2 मे दिखाए गए उत्पादन अको का पूर्णांकन किया गया (परन्तु कोई अक छोडे नही गए)।*

जब सख्याओ का पूर्णांकन किया जाता है तो इस सबध का कथन प्रारम्भिक टिप्पणी *मे या स्टब मे अथवा बक्स शीर्ष मे किया जाना चाहिए। शब्दावली हो सकती है, " , दस लाखो मे," "0,00,000 छोड कर," इत्यादि। सारणी 3 6, 7.1 तथा 7 2 मे पूर्णांकित सख्याएँ है और इस तथ्य का उल्लेख प्रारम्भिक टिप्पणी मे या उचित बक्स-शीर्ष मे किया गया है।*

उदाहरण के लिए, यदि किन्ही आँकडो की श्रेणी को हजार डालरो मे व्यक्त करना है तो पूर्णांकन निकटतम हजार मे किया जाता है। इस प्रकार 2,648,302 डालर, 2,648 (हजार) डालर हो जाएगा और 7,226,782 डालर 7,227 (हजार) डालर बन जाएगा। यदि शीर्षक "हजार डालरो मे" सारणी के बक्स शीर्ष (या स्टब) मे प्रारम्भिक टिप्पणी के रूप मे आ जाता है तो डालर चिह्न आवश्यक नही रहता।

प्राय पूर्णांकन से कोई बडी त्रुटि *नही आ जाती। यदि सख्याओ की प्रत्येक श्रेणी* का पूर्णांकन किया जाए तो कुछ बढ जाएँगी और कुछ कम हो जाएँगी, परन्तु इस प्रकार आई हुई त्रुटियो मे एक दूसरे का प्रतिसतुलन करने की प्रवृत्ति होती है। साथ ही यह अनुभव किया जा सकता है कि किसी बडी सख्या के सब अको को दिखाना भ्रामक शुद्धता का आभास देता है। उदाहरणार्थ, 1960 मे सयुक्त राज्य की जनसख्या 17,93,23,175 व्यक्ति आँकी गई। परन्तु ये आँकडे इकाइयो तक या सैंकडो तक भी कठिनाई से ही ठीक हो सकते थे। तो भी यह कहा जा सकता है कि 17,93,23,175 आँकडे वे है जो सर्वोत्तम प्राप्त विधियो से प्राप्त किए गए है और इसलिए सभवत किन्ही भी पूर्णांकित आँकडो से अधिक सही हैं। इन दो दृष्टिकोणो के गुण-दोषो से निरपेक्ष छ (या कम) महत्त्वपूर्ण अक वाछित तुलनाओ के लिए प्राय. काफी सही हो सकते है। पूर्णांकन (तथा महत्त्व-पूर्ण अको) का अधिक उल्लेख पृष्ठ —126—127 पर तथा परिशिष्ट न मे किया गया है।

जब परिकलित मूल्यो, जैसे जोडो, प्रतिशतताओ, और औसतो को पूर्णांकित आँकडो की सारणियो म दिखाया जाता है तो यदि सभव हो तो इन मूल्यो का पूर्णांकन करने से पूर्व मूलभूत आँकडो से इनका गणन किया जाना चाहिए।

योग—हमने पहले देखा है कि योग जब अत्यधिक महत्त्व के हों तो वे स्टब मे ऊपर की ओर और शीर्षक मे बाईं ओर रखे जा सकते हैं। जब जोडो पर बल देना वांछित न हो, तो उन्हें स्टब मे नीचे की ओर तथा शीर्षक मे दाईं ओर रखा जा सकता है।

सारणी 3 5 में जोड के कॉलम तथा जोड पंक्ति दोनों हैं। इस प्रकार की व्यवस्था के परिणामस्वरूप एक संख्या प्राप्त होती है जिसे कभी-कभी "कुल जोड" या "जाँचा हुआ कुल जोड" कहा जाता है। यह तथ्य कि आँकडो से जब उन्हे ऊपर से नीचे तथा समस्तर पर जोडा गया एक ही जोड प्राप्त होता है, कोई निश्चित जाँच नही है, क्योंकि हो सकता है कि दो या अधिक परिपूरक गलतियाँ हो गई हों। परन्तु यह प्राय नही होता। हमारे पास निश्चित प्रमाण है कि या तो गलतियाँ की नही गईं या एक मे अधिक की गई।

इकाइयाँ—सारणी के एक स्तम्भ या पंक्ति मे संख्याओं के माप की इकाइयाँ प्राय स्वत स्पष्ट हो सकती है। यदि ऐसा न हो तो सारणी 7 2 के समान तो इकाई की प्रकृति

सारणी 3.6

जनवरी—दिसम्बर 1964 मे स्टाक बाजार ग्राहक ऋण*

(10 लाखों मे)

मास	संयुक्त राज्य सरकार के अतिरिक्त अन्य कुल ऋणपत्र	न्यूयार्क स्टाक बाजार की फर्मों पर शुद्ध ऋण शेष		क्रय करने और रखने के लिए दलालो एव व्यापारियो के अतिरिक्त अन्यो को बैंक ऋण	
		स० रा० सरकार ऋणपत्र	अन्य ऋणपत्र	स० रा० सरकार ऋणपत्र	अन्य ऋणपत्र
जनवरी ...	$ 7,250	$22	$5,524	$108	$1,726
फरवरी	7,120	21	5,384	97	1,736
मार्च	7,141	21	5,366	97	1,775
अप्रैल.........	7,314	21	5,510	101	1,804
मई	7,277	19	5,439	96	1,838
जून.........	7,229	18	5,370	94	1,859
जुलाई..	7,160	25	5,289	70	1,871
अगस्त.......	7,096	21	5,187	69	1,909
सितम्बर......	7,142	19	5,221	81	1,921
अक्तूबर .. .	7,101	20	5,185	69	1,916
नवम्बर.... ...	7,108	20	5,160	64	1,948
दिसम्बर.......	7,053	21	5,079	72	1,974

* प्रथम तीन स्तम्भों में मास के अन्त के लिए आंकडे हैं, शेष अन्तिम बुधवार के लिए हैं।

फेडरल रिजर्व बुलेटिन, वाशिंगटन, डी० सी०, जनवरी 1965, पृष्ठ 143 से लिए आँकडे।

का पाद-टिप्पणी या स्तम्भ शीर्षक में स्पष्ट कर देना चाहिए। यदि व्याख्या सारणी की सब सन्याओं पर लागू होती हो तो उसे प्रारम्भिक टिप्पणी के रूप में दिया जा सकता है। डालर-चिह्न के प्रयोग के कारण अधिक इकाइयों के आँकड़े सामान्यतः स्वतः स्पष्ट होते हैं। ध्यान दीजिए कि सारणी 3.6 में यह चिह्न स्तम्भ में केवल प्रथम प्रविष्टि के साथ ही आया है।

सारणी का आकार और स्वरूप—प्राय सारणी इस प्रकार अभिकल्पित की जानी चाहिए कि वह न बहुत लम्बी और सकुचित हो, न बहुत छोटी और चौड़ी हो। सारणी को जिस स्थान पर आना है उसके अनुसार ढाला जाना भी आवश्यक है। प्राय यह परिसीमा पुस्तक या रिपोर्ट के पृष्ठ के रूप में आती है। हाँ, सारणी के लिए पृष्ठ की सारी लम्बाई या चौड़ाई घेरना आवश्यक नहीं। यदि दिए हुए स्थान की अपेक्षा सारणी बहुत बड़ी है तो उसे कई छोटी सारणियों में डाला जा सकता है। टाइप के आकार को छोटा करके सारणी को पृष्ठ पर लाना सभव हो सकता है, परन्तु छोटा करना सुवाच्यता की कीमत पर नहीं होना चाहिए। यदि मुड़े हुए पृष्ठ का प्रयोग वाछित नहीं है तो सारणी की दो आमने सामने के पृष्ठों पर व्यवस्था की जा सकती है। जिल्द बाँधने में पृष्ठों की पूर्णतया सीध मिलाने की कठिनाई के कारण, दूसरे पृष्ठ पर प्राय स्टब दोहराया जाता है। जब सकेत सारणियाँ कई पृष्ठों पर चालू रहती हैं तो उन्हें ऊर्ध्वाधर या क्षैतिज रूप से जोड़ा जा सकता है। दोनों में से कोई भी स्थिति हो, प्रत्येक पृष्ठ पर पूर्ण स्टब और शीर्षक प्रविष्टियाँ आनी चाहिएँ, शीर्षक प्रत्येक पृष्ठ पर दोहराया जाना चाहिए और पाद-टिप्पणियाँ समुचित पृष्ठ के नीचे आ सकती हैं, या सारणी के अन्त में इकट्ठी की जा सकती हैं।

किसी सारणी के क्षैतिज विस्तार का निर्धारण निम्न बातों को ध्यान में रखकर किया जा सकता है

(1) *स्टब की चौड़ाई, जिसका निर्धारण सबसे दीर्घ प्रविष्टि से होता है। (स्थान बचाने के लिए एक बहुत दीर्घ प्रविष्टि को दो या अधिक पंक्तियों में रखा जा सकता है, सारणी 3.5 के स्टब को देखिए।)*

(2) *प्रत्येक कॉलम की चौड़ाई, जिसका निर्धारण प्रत्येक वक्स शीर्ष में सबसे बड़ी सख्या या प्रविष्टि से होता है। (शब्दों के बीच में हाइफन लगाकर, स्तम्भ शीर्षक में किसी प्रविष्टि को क्षैतिज रूप से छोटा और ऊर्ध्वाधर रूप से बड़ा किया जा सकता है।)*

(3) रेखाकन।

(4) हाशिए।

ऊर्ध्वाधर विस्तार को निम्न बातों का विचार करके निश्चित किया जा सकता है.

(1) शीर्षक, प्रारम्भिक टिप्पणी, पाद टिप्पणियों, और स्रोत-टिप्पणी के लिए अपेक्षित स्थान। क्योंकि शीर्षक की पहली पंक्ति चौड़ाई में सारणी से नहीं बढ़नी चाहिए, इसलिए लम्बे शीर्षक के लिए कई पंक्तियों की आवश्यकता हो सकती है।

(2) स्टब या बक्स शीर्ष में शीर्षक के लिए आवश्यक पंक्तियों की सख्या, जिसके लिए सबसे अधिक ऊर्ध्वाधर स्थान की आवश्यकता होती है।

(3) सारणी के पिण्ड में पंक्तियों की सख्या।

(4) रेखाकन।

(5) हाशिए।

रेखांकन—इस पाठ मे अधिकतर सारणियाँ एक रेखा से रेखांकित दिखाई गई है और दोनो ओर खुली है। कभी-कभी दो रेखाओ का रेखाकन प्रयोग मे आता है, परन्तु दोहरी रेखाओ से हस्तरेखाकित या छपी सारणियाँ कुछ जटिल प्रतीत होती है। दोनो दिशाओं की ओर से सारणियो को विरल ही बन्द किया जाता है और कभी-भी उनकी एक दिशा खुली और एक बन्द नही होनी चाहिये। ऐसा प्रतीत होता है कि मूल पाठ सारणियो को बिना रेखाकन के, चाहे वह ऊर्ध्वाधर हो या क्षैतिज, प्रयोग करने की प्रवृत्ति बढ रही है।

इस पुस्तक मे तथा अन्यत्र सारणियो के परीक्षण से पता चलेगा कि

(1) सारणी के पिण्ड मे क्षैतिज रेखाएँ प्रयुक्त नही की जाती, सिवाय उस स्थिति के जब जोड अलग करने हो और प्राय जब सारणी को भिन्न भागो मे अलग करना हो।

(2) प्रमुख और गौण बक्स शीर्षो को अलग करने वाली क्षैतिज रेखाएँ स्टब शीर्षक मे चालू नही रहती।

(3) बक्स शीर्षो को अलग करने वाली सभी ऊर्ध्वाधर रेखाएँ केवल उन बक्स शीर्षों के बीच मे आती है जिन्हे वे अलग करती हैं, वे इन बक्स शीर्षों के ऊपर नही जाती।

आँख का मार्गदर्शन—प्रत्येक तीन, चार, या पाँच पक्तियो के बाद एक रेखा छोड देने से, जैसा कि सारणी 3 6 मे है, आँख के लिए सारणी मे पक्तियों का अनुसरण करना आसान बन जाता है। सारणी के स्टब मे सकेतको का प्रयोग भी सहायक होता है।

शून्य—सारणी मे शून्य दिखाने की प्रथा नही है (परिकलन प्रपत्र को छोडकर)। जब किन्ही मामलो का अस्तित्व न मिला हो या जब किसी मद का मूल्य शून्य हो तो इस तथ्य का सकेत बिन्दुओ (.) या छोटे डैशो (- - -) से किया जा सकता है। जब सूचना की कमी के कारण प्रविष्टि के लिए कोई मद न हो तो उस तथ्य के सकेत के लिए पाद-टिप्पणी का प्रयोग करना चाहिये।

टाइप का आकार और प्रकार—टाइप (या अक्षरो) के आकार और प्रकार मे बहुत अधिक भिन्नता वाछित नही है। प्रायः शीर्षक सबसे प्रमुख होना चाहिए और यह प्राय अग्रेज़ी की स्थिति मे बडे और छोटे कैपिटल अक्षरो मे या मोटे टाइप मे रखा जाता है। स्टब और शीर्षक मे सूचित मदे और सारणी के पिण्ड मे अक प्रायः एक ही आकार के टाइप मे रखे जाते है। पाद-टिप्पणियाँ, प्रारम्भिक टिप्पणी और स्रोत-टिप्पणी प्राय सारणी के पिण्ड मे प्रयुक्त टाइप से छोटे टाइप मे रखी जाती है।

सांख्यिकीय रिपोर्ट

साख्यिकीय रिपोर्ट बनाते समय, सारणियो को तैयार करने का ढग आशिक रूप से रिपार्ट की आवश्यक प्रतियो की सख्या और अशतः उन पर आने वाले खर्च से तय होगा। सारणियाँ हस्तलिखित, टाइप की हुई, अनुलेखाचित्रित, बहुलेखाचित्रित, हस्तलिखित या टाइप की गई सारणियो से फोटोस्टैट या फोटोग्राफ के ढग से पुन तैयार की गई प्रतिकृति, या छपी हुई हो सकती हैं।

अपेक्षाकृत सरल सारणियो को छोडकर अन्य सारणियाँ तैयार करने के लिए अन्तर छोडने की लोच और टाइप के आकार के कारण साधारण टाइप की मशीन के

प्रयोग मे विशिष्ट असुविधा है। एक 'पाइका' टाइप वाली और एक 'इलाइट' टाइप वाली दो टाइप की मशीनें प्रयोग करके अधिक लोच लाई जाती है। स्टब प्रविष्टियो और पिण्ड के लिए 'इलाइट' टाइप का प्रयोग करके कुछ स्थान बचाया जा सकता है। चर अन्तर छोडने वाली और विभिन्न प्रकार और आकार की टाइप वाली टाइप की मशीन प्रयोग करके सारणी की योजना मे कुछ अधिक लोच लाई जा सकती है।

यदि किसी रिपोर्ट की केवल कुछेक ही प्रतियाँ चाहिएँ और यदि सारणियाँ सरल हैं तो सारणियाँ और सलग्न पाठ टाइप किया जा सकता है तथा कार्बन प्रतियाँ बनाई जा सकती है। यदि कई दर्जन प्रतियाँ चाहिएँ तो खुले हाथ मे लिखी या टाइप की गई सामग्री की फोटोस्टेट प्रतियाँ बनाई जा सकती है। इस विधि से छोटा करना या बडा करना सभव है और प्रतियाँ कुछ शीघ्र प्राप्त हो सकती है क्योंकि इसमे कोई प्लेट बनाने की आवश्यकता नही होती। यदि इससे अधिक प्रतियाँ चाहिएँ तो अनुलेखाचित्रण या बहुलेखाचित्रण की विधि अपनायी जा सकती है। सारणियाँ फोटो-ऑफसेट ढंग से भी बनाई जा सकती हैं जो काफी सन्तोषजनक और प्राय. छपाई से सस्ती होगी, क्योंकि इसमे टाइप सैट करने की ज़रूरत नही होती। इसम बडा या छोटा करना भी सभव है तथा टाइप की हुई सामग्री कम की जा सकती है जिससे $8\frac{1}{2} \times 11$ इच के 4 साधारण पृष्ठ (पाइका टाइप के) एक पृष्ठ पर आ जाएँगे। यह ध्यान देने की बात है कि यदि सन्तोषजनक प्रतियाँ प्राप्त करनी हैं तो टाइप की हुई प्रति श्रेष्ठ होनी चाहिए।

4

लेखाचित्री निरूपण I :

अंकगणितीय पैमानों के प्रयोग वाले वक्र

लेखाचित्रीय विधि

मूलपाठ, सारणी, और अर्ध-सारणी की विधियो द्वारा साख्यिकीय आँकड़ो के निरूपण की ओर पहले ही ध्यान दिया जा चुका है। साधारणतया साख्यिकीय आँकड़े सारणी के रूप म या चार्ट के रूप मे प्रस्तुत किए जाएँगे। इस अध्याय और इसके बाद के दो अध्यायो म लेखाचित्री विधियो द्वारा साख्यिकीय आकडो के चित्रण का विवरण दिया गया है। जैसा कि इस पुस्तक के पृष्ठो को देखने से तुरन्त ही दिखाई देगा, चार्ट और लेखाचित्र ध्यान आकर्षण करने मे आकड़े प्रस्तुत करने के किन्ही भी अन्य ढगो से अधिक प्रभावी है। अत पाठकों द्वारा चार्ट को छोड जाने की उतनी सभावना नही है जितनी सारणी को छोड जाने की है। एक सरल, आकर्षक, अच्छी प्रकार बनाए हुए लेखाचित्र को, जिसमे सीमित तथ्य दिखाए गए हो, समझने म भी सारणी की अपेक्षा अधिक आसानी है।

सीमित मात्रा मे आँकड़े प्रस्तुत करने के लिए अपने महत्त्वपूर्ण प्रभाव के कारण चार्ट एक अत्यधिक उपयोगी साख्यिकीय साधन बन जाता है। तो भी कुछ परिसीमाओं की ओर ध्यान देना चाहिए। प्रथम तो चार्टों मे उतने तथ्य नही दिखाए जा सकते जितने सारणी म दिखाए जा सकते हैं। सारणी मे अनेक कॉलम और पंक्तियाँ आ सकती है, परन्तु चार्ट 4 2 की कल्पना कीजिए जिसमे छ या आठ आडी-तिरछी और अन्तर्वलित करने वाली रेखाएँ है और यह तुरन्त स्पष्ट हो जाता है कि क्यो चार्ट म केवल सीमित मात्रा मे जानकारी दिखानी चाहिए। दूसरे, यद्यपि सारणी म यथार्थ मूल्य दिए जा सकते है, चार्ट मे साधारणत केवल सन्निकट मूल्य ही दिखाए जा सकते है। सारणी मे हम जितने चाहे उतने अधिक अक दर्ज कर सकते हैं परन्तु चार्ट पर हम केवल सन्निकट मूल्य लगा सकते है। उदाहरणार्थ, वे आँकड़े जिन पर चार्ट 4 2 आधारित है, सारणी म ट्रको और बसो की ठीक सख्या के रूप मे दिखाए जा सकते थे, जबकि चार्ट मे केवल हजारो मे, या अधिक से अधिक सैंकडो मे दिखाए जा सकते है। इस प्रकार चार्ट सामान्य स्थिति की एक स्पष्ट झाँकी देने के लिए उपयोगी हैं, परन्तु तफसील की नही। तीसरे, चार्टों को बनाने मे

कुछ समय लगता है क्योंकि प्रत्येक चार्ट मौलिक चित्र होता है। परन्तु यह कठिनाई चार्ट के उस अधिक प्रभाव से समाप्त हो जाती है जो उसमें सारणी की तुलना में होता है।[1]

चार्टों के प्रकार

इस पाठ में हम निम्न का विवेचन करेंगे वक्र या रेखा आरेख; दंड चार्ट जिनमें एक विम तुलनाएँ आती हैं, क्षेत्रफल आरेख, जिनमें द्वि-विम तुलनाएँ आती हैं (विशेषकर वृत्ताकार आरेखों को मिलाकर जिनमें एक या द्वि-विम तुलनाएँ या कोणों की

चार्ट 4 1. वक्र आलेखन के लिए अक्ष

तुलनाएँ आती हैं), आयतन आरेख जिनमें तृतीय विमीय के प्रत्यक्षीकरण और त्रिविम तुलनाओं की आवश्यकता होती है, चित्र लेख, जिनमें आयतन आरेख और दण्ड चार्ट दोनों के रूप आते हैं, तथा सांख्यिकीय मानचित्र। अन्य विशिष्ट प्रकार के चार्टों और कुछ उन चार्टों का जो कि लेखाचित्री हैं परन्तु सांख्यिकीय नहीं हैं (उदाहरणार्थ, संगठन एवं प्रक्रिया चार्ट), यहाँ वर्णन नहीं किया गया है परन्तु उनका विवेचन लेखाचित्री विधियों पर लिखी गई पुस्तकों में आता है। इस अध्याय में केवल अंकगणितीय पैमानों का प्रयोग करने वाले वक्रों पर विचार किया जाएगा। अगले अध्याय में लघुगणकीय ऊर्ध्वाधर पैमाने और

1 विलियम प्लेफ़ेयर, जिसे 18वीं सदी के उत्तरार्द्ध में लेखाचित्री विधि का "तत्काल आविष्कारक" समझा जाता है, कहता है "इस विधि में प्रस्तावित लाभ अंकों की अपेक्षा अधिक यथार्थ विवरण प्रस्तुत करने में नहीं है वरन नेत्रों के सामने एक चित्र [चार्ट] प्रस्तुत करके, विभिन्न समयों पर, क्रमिक प्रगति और सापेक्ष परिमाणों का अधिक सरल और स्थायी विचार प्रस्तुत करने में है, जिसके अनुपात अभिव्यक्ति के लिए अभिप्रेत राशियों के योग से मेल खाते हैं।' ईकनामिक हिस्ट्री, फरवरी 1935, पृष्ठ 103—109 पर एच० ग्रे० फ़ुंकहाउज़र तथा हेलन एम० वाकर का "प्लेफेयर एंड हिज चार्ट्स" लेख देखिए।

अकगणितीय क्षैतिज पैमाने का प्रयोग करने वाले वक्रो की ओर ध्यान दिया जाएगा। अध्याय 6 मे दण्ड चार्टों, क्षेत्रफल आरेखो, आयतन आरेखो, चित्रलेखो, तथा सांख्यिकीय मानचित्रो के संक्षिप्त विवरण सम्मिलित किए जाएँगे।

वक्र आलेखन

जब सांख्यिकीय आँकडो को वक्रो के रूप मे दिखाया जाता है तो एक दूसरी को काटती हुई दो रेखाओ के संकेत से बिन्दुओ का आलेखन किया जाता है। ये रेखाएँ अक्ष कहलाती हैं और चार्ट 4 1 मे दिखाई गई हैं। क्षैतिज रेखा "X-अक्ष" के रूप मे पहचानी

चार्ट 4 2 1963—64 मे संयुक्त राज्य के कारखानो द्वारा मोटर ट्रको और बसो का फैक्टरी विक्रय। मोटर गाडी निर्माता एसोसिएशन के आटोमोबाइल फैक्ट्स एन्ड फिगर्ज, *1965* पृष्ठ 3 से लिए गए आकडे।

जाती है और ऊर्ध्वाधर रेखा "-Y अक्ष" कहलाती है। धनात्मक मूल्य X अक्ष पर शून्य के दाईं ओर और Y-अक्ष पर शून्य के ऊपर की ओर रखे जाते है, ऋणात्मक मूल्य X-अक्ष पर शून्य के बाईं ओर रखे जाते हैं तथा Y अक्ष पर शून्य के नीचे की ओर जिस बिन्दु पर दोनो अक्ष एक दूसरे को काटते हैं वह X तथा Y दोनो के लिए शून्य है और "शून्य बिन्दु," "उद्गम बिन्दु" या केवल "मूल बिन्दु" कहलाता है। जैसे-जैसे हम इस मूल बिन्दु से परे हटते हैं, अक्षो पर धनात्मक या ऋणात्मक मूल्य बढ़ते हैं।

चार्ट 4 1 के दो अक्ष आलेखन क्षेत्रफल को चार भागो मे बाँटते हैं जो "चतुर्थांश" कहलाते हैं। संकेत के लिए इन चतुर्थांशो को I, II, III तथा IV कहा गया है। चतुर्थांश I मे वे मूल्य आते है जो X-तथा Y- अक्ष दोनो पर धनात्मक हैं। चतुर्थांश II मे वे मूल्य आते हैं जो Y -अक्ष पर ऋणात्मक और Y-अक्ष पर धनात्मक है। चतुर्थांश III मे वे मूल्य आते हैं जो दोनो अक्षो पर ऋणात्मक है। चतुर्थांश IV उन मूल्यो के लिए है जो X-अक्ष पर धनात्मक और Y-अक्ष पर ऋणात्मक है।

चार्ट 4 3—1 764 ऑप्टोमीट्रिस्टो की नेट आय अमरीकन आप्टोमीट्रिक एसोसिएशन से लिए हुए आंकडे। अन्तिम तीन आलेखित श्रेणियों के लिए बारबारताएं आकलन हैं।

चतुर्थांशो मे से किसी एक मे आलेखित किसी बिन्दु का स्थान इसके वियोजक मूल्य के संकेत से, जो शून्य से इसकी क्षैतिज या X दूरी है, और इसके कोटि मूल्य के संकेत से, जो शून्य से इसकी ऊर्ध्वाधर या Y दूरी है, मालूम किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, चार्ट 4 1 मे, प्रत्येक चतुर्थांश मे एक के हिसाब से, चार बिन्दु आलेखित किए गए हैं : P_1, $X=+4$, $Y=+2$ का प्रतिनिधि है, P_2, $X=-3$, $Y=+3$ का संकेत करता है; P_3 $X=-4$, $Y=-3$ है, P_4, $Y=+3$, $Y=-2$ दिखाता है।

जब समीकरणो के आलेखन के लिए संकेत के आधार के तौर पर अक्षो का प्रयोग किया जाता है तो कोई या सभी चतुर्थांश प्रयोग मे लाए जा सकते हैं क्योंकि बहुत से समीकरणो के लिए X या Y, या दोनो के ऋणात्मक मूल्यो की आवश्यकता हो सकती है। परन्तु इस समय हमारी रुचि समीकरणों के माप द्वारा प्रतिनिधित्व मे नही है बल्कि प्रेक्षित

सांख्यिकीय आँकडो के आलेख द्वारा चित्रण मे है। जब हमारा सबध सांख्यिकीय आँकडों से है तो यह स्पष्ट होना चाहिए कि दोनो X तथा Y चर प्राय धनात्मक सख्याएँ हैं और इसलिए हम आम तौर पर केवल चतुर्थाश I का प्रयोग करेंगे। चार्ट 4 2 जिसमे कुछ वर्षो के समय मे सयुक्त राज्य मे मोटर ट्रको और बसो का फैक्टरी विक्रय दिखाया गया है, एक ऐसे वक्र का उदाहरण है जो पूर्णरूपेण चतुर्थाश I मे आता है।

कभी-कभी चतुर्थाश I के साथ चतुर्थाश II तथा IV का प्रयोग किया जाता है। चार्ट 4 3 मे एक ऐसा वक्र दिखाया गया है जो चतुर्थाश I तथा II का प्रयोग करता है. चार्ट 4.4 का वक्र कुछ चतुर्थाश I मे और कुछ चतुर्थाश IV मे आता है। क्योकि चतुर्थाश III मे दोनो X तथा Y मूल्य ऋणात्मक होते है, इसलिए उस चतुर्थाश का बहुत ही कम प्रयोग होता है।

वक्रों द्वारा प्रदर्शित आंकड़ो के प्रकार

पहले यह ध्यान मे आ चुका है कि सांख्यिकीय आँकडो का वर्गीकरण कालानुक्रमी, भौगोलिक, सख्यात्मक, या गुणात्मक विशेषताओ के अनुसार किया जा सकता है। वक्रो का प्राय काल श्रेणियो के चित्रण और बारबारता बटनो के प्रदर्शन के लिए प्रयोग किया जाता है (जो सख्यात्मक दृष्टि से वर्गीकृत आँकडो मे सबसे कही अधिक महत्त्वपूर्ण है), हाँ यद्यपि, जैसा कि अगले अध्यायो मे दिखाया गया है, अन्य प्रकार के आलेख भी लागू होते हैं। गुणात्मक दृष्टि से और विशेषकर भौगोलिक दृष्टि से वर्गीकृत आँकडे वक्रो द्वारा विरले ही चित्रित किए जाते हैं, इनके स्थान पर, जैसा कि आगे सकेत किया जाएगा, दड चार्टों और अन्य विधियों का प्रयोग किया जाता है।

काल श्रेणी वक्र—काल श्रेणी के आलेखन की विधि दिखाए जाने वाले आँकडो के प्रकार पर निर्भर करती है। हम कालावधि आँकडों और कालबिन्दु आँकडों मे भेद कर सकते हैं। कालावधि आँकडे, जैसा कि प्रति मास कुल बिक्री, प्रति वर्ष औसत मासिक बिक्री, तथा वर्ष भर मे औसत मूल्य, समय की अवधि की ओर सकेत करते हैं। कालबिन्दु आँकडे, जैसे कि सूची मूल्य, मूल्य दरें, या तापमान अक, वे होते है जो समय के निश्चित बिन्दु की ओर सकेत करते है। जब कभी कालानुक्रमी आँकडे वक्र के द्वारा दिखाए जाते हैं तो वर्ष, मास, सप्ताह, दिन या अन्य कालानुक्रमी इकाइयाँ क्षैतिज अक्ष पर दिखाई जाती हैं, अन्य श्रेणी जो समय के साथ बदलती है, ऊर्ध्वाधर अक्ष पर रखी जाती है।

चार्ट 4 2 तथा 4 18 मे कालावधि आँकडे दिखाए गए हैं। जब इस प्रकार के वार्षिक आँकडो का आलेखन होता है तो क्षैतिज पैमानो पर तिथियाँ ऊर्ध्वाधर रेखाओ के नीचे रखी जा सकती हैं, जैसा कि चार्ट 4 2 मे है, या स्थानो के नीचे, जैसा कि चार्ट 4 18 के बाएँ हाथ के भाग मे है। दोनो मे से कोई भी विधि प्रयोग मे लाई जा सकती है। स्थानो पर लेबल लगाने के लिए एक तर्क यह है कि इसमे समय की अवधि की दृष्टि-धारणा मिलती है। जब कई एक वर्षो के लिए मासिक (और दैनिक, साप्ताहिक, या त्रैमासिक) आँकडो का आलेखन होता है तब प्रत्येक वर्ष का प्रतिनिधित्व करने वाले स्थानो पर लेबल लगाने के अतिरिक्त कोई चारा नही होता, क्योकि यदि रेखाओ पर लेबल लगाए गए हो तो सब पाठको को यह तुरन्त स्पष्ट नही होगा कि लेबल रेखा से पूर्व के स्थान की ओर सकेत करता है, या रेखा के बाद के स्थानो की ओर, या सभवत दोनो ओर आधे-आधे स्थान पर। प्रत्येक क्षैतिज वर्ष-स्थान मासिक अको के आलेखन के लिए 12 भागों मे बांटा गया है और

इन अंकों का आलेखन 12 स्थानों में से प्रत्येक के बीच में हो सकता है। चार्ट 4.4 में मासिक आधार पर कालावधि आँकडों के लिए इसका उदाहरण प्रस्तुत है।

चार्ट 4 4 जनवरी 1967 और दिसम्बर 1972 के बीच सयुक्त राज्य के नागरिकों के नेट आगमन और निर्गमन । काल्पनिक आँकड़े ।

जब कालबिन्दु आँकडे वक्र द्वारा दिखाए जा रहे हैं तो क्षैतिज अक्ष पर स्थानों पर लेबल लगाने चाहिएँ, न कि रेखाओं पर, और प्रेक्षणों का आलेखन स्थानों के बीच में उस कालबिन्दु पर, जिसकी ओर आँकडों का संकेत होता है, होना चाहिए। यह बाद का विचार मासिक आँकडों की अपेक्षा वार्षिक आँकडों के लिए अधिक महत्त्व का है। तो भी मासिक आँकडों के लिए आदर्श यह है कि हमें (1) मास के प्रारम्भ के आँकडों का आलेखन (जैसे प्रत्येक मास की एक तारीख को शीतागार के माल के अंक) मास के प्रतिनिधि प्रत्येक स्थान के प्रारम्भ में करना चाहिए, (2) मास के मध्य के आँकडों का आलेखन (उदाहरणार्थ प्रत्येक मास की पन्द्रह तारीख के निकटतम वेतन चिट्ठे के लिए वेतन चिट्ठे के आँकडे) प्रत्येक स्थान के मध्य में, और (3) मास के अन्त के आँकडों का आलेखन (जैसे प्रत्येक मास के अन्त में संचलन में मुद्रा) प्रत्येक स्थान के अन्त में करना चाहिए। यदि इस विधि का अनुसरण नहीं किया जाता तो मासिक आँकडों के वक्र का रूप नहीं बदलता, वक्र केवल बाईं ओर या दाईं ओर सरक जाता है।

बारबारता बटनों के वक्र—चार्ट 4 3 का वक्र बारबारता बटन का ग्राफ के द्वारा चित्रण है। बारबारता बटन प्राय दूसरे चतुर्थांश में चालू नहीं रहेंगे जैसा कि यह चालू रहता है। परन्तु इस उदाहरण में कुछ ऋणात्मक आय थी।

सारणी 4 1 रूजर्स राज्य विश्वविद्यालय की 1965 में स्नातक परीक्षा में बैठने वाली कक्षा के 409 शिष्ट कला विद्यार्थियों के ग्रेडों का बारबारता बटन[2] दिखाया गया है। बारबारता बटन वक्र की उत्पत्ति दिखाने के लिए आँकडों को पहले चार्ट ग्रेड 4 5 के

2 अध्याय 8 में बारबारता बटनों का विवरण दिया गया है।

सारणी 41

रूजर्स राज्य विश्वविद्यालय की 1965 मे स्नातक परीक्षा मे बैठने वाली कक्षा के 409 शिष्ट कला विद्यार्थियो द्वारा चार वर्षीय कोर्स के लिए प्राप्त ग्रेडो का वारवारता बटन

ग्रेड	विद्यार्थियो की सख्या
75 0—76 9	3
77 0—78 9	23
79 0—80 9	52
81 0—82 9	61
83 0—84 9	74
85 0—86 9	61
87 0—88 9	53
89 0—90 9	35
91 0—92 9	23
93 0—94 9	15
95 0—96 9	7
97 0—98 9	2
योग	409

आंकड रूजर्स राज्य विश्वविद्यालय के नेवाक कला एव विज्ञान कालेज से लिए गए।

''कॉलम आरेख' म आयतो या दण्डो की श्रेणी से दिखाया गया है। आप यह देखगे कि ग्रेड क्षैतिज अक्ष के साथ रखे गए है और वारवारताएँ (विद्यार्थियो की सख्या) ऊर्ध्वाधर अक्ष के साथ। चार्ट में उतने ही कालम है जितनी कि सारणी मे श्रेणियाँ थी और प्रत्येक कॉलम की ऊँचाई तदनुरूप श्रेणी के लिए वारवारता का प्रतिनिधित्व करती है। प्रत्येक आयत की चोटी के मध्य बिन्दु को प्रत्येक साथ वाली आयत की चोटी के मध्य बिन्दु से मिलाकर इस कालम आरेख को वक्र म बदला गया है, जैसा कि चार्ट 4 5 म टूटी रेखा द्वारा दिखाया गया है। यह इस कल्पना के आधार पर किया गया है कि एक श्रेणी मध्यान्तर मे मूल्यो का श्रेणी भर में बराबर वितरण हुआ है। परिणामस्वरूप एक श्रेणी का मध्य-मूल्य उस श्रेणी[3] का प्रतिनिधि माना गया है। आप देखेंगे कि बिन्दुरेखा ने प्रारम्भिक आयतो के कुछ छोटे त्रिकोण भाग छोड दिए है और इसने कुछ ऐसे छोटे त्रिकोण जोड भी लिए हैं जो पहले सम्मिलित नहीं थे। परन्तु यह स्पष्ट है कि त्रिकोण A=त्रिकोण A', त्रिकोण B=त्रिकोण B', इत्यादि। कभी कभी वक्र के प्रत्येक सिरे को अगली सम्भावित श्रेणी के मध्य मूल्य पर X-अक्ष को मिलान के लिए (शून्य की वारवारता की ओर जिसका सकेत है) बढा दिया जाता है। इस विधि का परिणाम यह होता है कि वक्र के अन्दर उतना ही क्षेत्र आता है जितना कि आयतों म सम्मिलित है। परन्तु कभी-कभी ऐसा वक्र प्राप्त हो सकता

---

3 इस बिन्दु का अधिक विस्तृत विवरण अध्याय 9 मे दिया गया है।

चार्ट 4 5 रूजर्स राज्य विश्वविद्यालय की 1965 में स्नातक परीक्षा में बैठने वाली कक्षा के 409 शिल्प कला विद्यार्थियों द्वारा चार वर्षीय कोर्स के लिए प्राप्त स्तर जो एक स्तम्भ आरेख और एक बारंबारता वक्र द्वारा दिखाए गए हैं। सारणी 4 1 के आंकड़े।

है जो X-अक्ष पर शून्य में आग जाता है और यह अर्थहीन हो सकता है। किसी भी स्थिति में बढ़ाने में पाठक को यह मालूम होना है कि मदें प्रेक्षित आंकड़ों की सीमाओं से परे थी। विशिष्ट प्रयोजनों को छोड़कर (चार्ट 23 14 देखिए), वक्र को X-अक्ष तक न बढ़ाना अधिक अच्छा है। बारंबारता बटन को या तो कालम आरेख के तौर पर या बारंबारता वक्र (बारंबारता बहुभुज) के रूप में दिखाया जा सकता है। दूसरा ढंग अधिक सामान्य है और वक्र का आलेखन, स्तम्भ बनाने के बीच के पग के बिना ही, सीधा होता है जैसा कि चार्ट 4 6 में है।

कभी-कभी ऐसे बारंबारता बटन मिलते हैं जिनका संकेत इस प्रकार की जानकारी की ओर होता है जैसे कुटुम्ब में बच्चों की संख्या, एक ब्लाक में खड़ी की गई मोटर गाड़ियों की संख्या, या अन्य आंकड़े जिनके मूल्य केवल पूर्ण संख्याएँ (0, 1, 2, 3, आदि) ही हो सकती हैं। इस प्रकार के चरों से सम्बन्ध रखने वाले बारंबारता बटनों को, जिन्हें हम अध्याय 8 में विविक्त के रूप में पहचानेंगे, प्राय वक्र की बजाय कॉलम आरेख द्वारा दिखाया जाता है। चार्ट 23 12, जिसमें सारणी 23 7 के आंकड़े दिखाए है, इस बात का उदाहरण है। दण्डों का अलग होना सातत्य के अभाव पर, जो कि उपस्थित है, जोर देने का काम करता है।

चार्ट 4 6 रुजस राज्य विश्वविद्यालय की 1965 मे स्नातक परीक्षा मे बैठने वाली कक्षा के 409 शिष्ट कला विद्यार्थियो द्वारा चार वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए प्राप्त स्तर। सारणी 4 1 के आकड़े।

वक्र आलेखन के नियम

जबकि सांख्यिकीविद् किसी एक ऐसी मानक विधि पर एकमत नही हुए हैं जिसमे विस्तार से ठीक ठीक यह बताया जाए कि रेखा आरेख कैसे बनाए जाने चाहिएँ तो भी कुछ स्पष्ट महत्त्व के विचार है। जो विद्यार्थी चार्ट बनाने की तकनीक के सबध मे अधिक विस्तार मे पढने की रुचि रखता है वह केवल उन विषय से सबधित पुस्तक देख ले।[4]

ऊर्ध्वाधर पैमाने पर शून्य—वक्र के ऊर्ध्वाधर पैमाने पर शून्य को सम्मिलित करना सभवत सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण नियमो मे से एक है। चार्ट बनाने वाले अधिकतर इस नियम के पालन की उपेक्षा कर देते है और परिणाम सदा पथभ्रष्ट करने वाला होता है क्योंकि दृष्टि धारणा अशुद्ध होती है। चार्ट 4 2 मे शून्य से प्रारम्भ होने वाले ऊर्ध्वाधर पैमाने के सकेत से 1936 से 1964 तक मोटर ट्रको और बसो की फैक्टरी बिक्री का आलेखन किया गया। आँकडो की वही श्रेणियाँ चार्ट 4 7 मे है परन्तु इस चार्ट मे ऊर्ध्वाधर पैमाना 4 00,000 से प्रारम्भ होता है। चार्ट 4 7 से पाठक को ऐसा दृष्टि धारणा मिलती है जो तथ्यो के बिल्कुल विपरीत है। उदाहरणार्थ 1960 मे विक्रय 1938 का लगभग 8 गुना हुआ प्रतीत होता है, जबकि चार्ट 4 2 मे स्पष्ट रूप मे दिखाया गया है कि 1960 मे विक्रय 1938 के विक्रय का केवल लगभग अढाई गुना था। बहुत कम पाठको का ध्यान ऊर्ध्वाधर पैमान पर शून्य की लुप्ति की ओर जाता है और वक्र की व्याख्या करते समय तो पाठको की लुप्ति

4 उदाहरणार्थ, एलो फ्रामिस, यूजिंग चार्ट्स टु इम्प्रूव प्राफिट्स, प्रेन्टिस हाल एग्लवुड क्लिफ्स, 1962।

चार्ट 4 7 सयुक्त राज्य के कारखानो द्वारा 1936 से 1964 तक मोटर ट्रको और बसो का फैक्टरी विक्रय। यह चार्ट अशुद्ध बनाया गया है क्योंकि ऊर्ध्वाधर पैमाना 400 से प्रारम्भ होता है और शू य की लुप्ति का कोई स्पष्ट सकेत नहीं है। आँकड़े चार्ट 4 2 के नीचे दिए गए स्रोत से लिए गए हैं।

की ओर उचित ध्यान दिए जाने की और भी कम सभावना है। मोटी तुलनाएँ करने के लिए पैमाने के सदर्भ की पाठक को आवश्यकता नही होनी चाहिए। चार्ट इस प्रकार से बनाना चाहिए कि दृष्टि तुलनाएँ जितनी शीघ्र सभव हो की जा सकें।

चार्ट 4 8 सयुक्त राज्य के कारखानों द्वारा 1936 से 9164 तक मोटर ट्रको एव बसो का फैक्टरी विक्रय। आकड़े चार्ट 4 2 के नीचे दिए स्रोत से लिए गए।

चार्ट 4 9 1950 से 1963 तक संयुक्त राज्य संघीय एजेंटों द्वारा आसवन यन्त्रो के अभिग्रहणों की प्रवृत्ति । लाइसेस प्राप्त पेय उद्योगो की फैक्ट्स बुक *1964*, पृष्ठ 36 से । मूल चार्ट में दिखाई गई तीन सांख्यिकीय श्रेणियो मे से यह एक है, स्पष्टता के लिए अन्य दो छोड दी गई हैं । ऊर्ध्वाधर अक्ष पर इकाइयो के लिए लेबल की अनुपस्थिति की ओर ध्यान दीजिए। मूल स्रोत के साथ दिए पाठ से यह स्पष्ट है कि इकाई "आसवन-यन्त्रो के अभिग्रहणों की संख्या" है।

चार्ट 4.2 के समान शून्य की अभिव्यक्ति का कभी-कभी परिणाम यह होगा कि वक्र ग्रिड पर बहुत ऊँचा हो जाएगा और इसके वक्र की गतियो को जानना कठिन भी हो सकता है। अत चार्ट के ऊर्ध्वाधर पैमाने पर शून्य की लुप्ति प्राय इसलिए होती है क्योंकि चार्ट बनाने वाला व्यक्ति वक्र की गतियो पर जोर देना चाहता है और अनुभव करता है कि वक्र और अक्ष के बीच का स्थान अनुपयोगी है। कई तरीके हैं जिनमे शून्य को दिखाना (या स्पष्टतया इसकी लुप्ति की ओर संकेत करना) और चार्ट मे वक्र को बहुत ऊँचे रखने का निवारण करना भी सभव है। चार्ट 4 8 मे एक तरीका दिखाया गया है। जिसमे चार्ट मे एक निश्चित विच्छेद किया गया है। कभी-कभी समानान्तर रेखाएँ लहरदार होने के स्थान पर दांतेदार होती हैं। वे खुले हाथ से या, जैसा कि चार्ट 4 8 मे है, डबल रोटी काटने के चाकू के रूलर के रूप मे प्रयोग करके खीची जा सकती हैं। चार्ट 4.15, 11 1 तथा 11.3 मे अन्य विधियाँ दिखाई गई हैं जो प्राय प्रयोग मे आती हैं। ध्यान दीजिए कि चार्ट 4 8 तथा 4.15 मे शून्य और पैमाने का विच्छेद दिखाया गया है जबकि चार्ट 11.1 तथा 11.3 मे शून्य दिखाया नही गया, परन्तु केवल इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है कि ऊर्ध्वाधर पैमाना अपूर्ण है।

चार्ट 4.9 एक व्यापार एसोसिएशन की वार्षिक रिपोर्ट मे छपा था। क्योंकि उर्ध्वाधर पैमाने पर शून्य की लुप्ति की कोई चेतावनी नही दी गई इसलिए इस चार्ट से, बकाया संघीय एजेंटो द्वारा आसवन-यन्त्रो के अभिग्रहणो मे कमी की भ्रामक दृष्टि-धारणा बनती है। जब तक कि ऊर्ध्वाधर पैमाना न देखा जाए तब तक पाठक यह परिणाम निकाल सकता है कि संघीय एजेन्टो द्वारा आसवन-यन्त्रो के अभिग्रहण लगभग समाप्त हो गए हैं।

कभी-कभी ऐसे वक्र दिखाई देंगे जिनमे ऊर्ध्वाधर पैमाने पर शून्य नहीं होता और जिनमे एक वस्तु के विक्रयो की वृद्धि, एक सगठन की सदस्यता, एक सामाजिक पत्र का परिचालन या अन्य आँकड़े दिखाए जाते हैं। शून्य की लुप्ति के कारण वृद्धि उससे बहुत अधिक शीघ्र हुई प्रतीत होती है जितनी कि वास्तव मे हुई है।

चार्ट 4 10 संयुक्त राज्य में 1944 से 1964 तक भोजन का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक। 1957—1959 = 100 आंकड़े *स्टैटिस्टिकल एब्स्ट्रैक्ट आफ दि यूनाइटिड स्टेट्स, 1964* पृष्ठ 356 से लिए गए। 1964 का सूचकांक मार्च 1964 का है।

चार्ट 4 0. म भोजन के खुदरा मूल्यों के सूचकांक दिखाए है। यह चार्ट दो दृष्टियों से असाधारण है। प्रथम तो इसके ऊर्ध्वाधर पैमाने मे शून्य आता है जो यद्यपि अशुद्ध नही, वरन् आवश्यक नहीं है, जबकि मूल्य सूचकांकों का आलेखन किया जा रहा हो, क्योंकि यह मुश्किल से ही सोचा जा सकता है कि मूल्य कभी भी शून्य के निकट पहुँचेंगे और क्योंकि 100 सूचकांक का आधार है। 100 की रेखा पर सर्वदा जोर डालना चाहिए, जबकि यह आधार है जैसा कि इस चार्ट मे है। इसी प्रकार शून्य की रेखा पर जोर डालना चाहिए जबकि यह चार्ट का आधार है जैसाकि चार्ट 4 8 मे है। सूचकांकों को चार्टों द्वारा दिखाते समय कुछ व्यक्ति 100 के ऊपर और नीचे के उतार चढ़ावों को धनात्मक और ऋणात्मक मूल्यों के रूप म दिखाना पसन्द करते है। चार्ट 4 10 के सबंध म 100 शून्य बन जाएगा, 105 बन जाएगा +5 तथा 85 बन जाएगा −15। चार्ट 4 10 का ऊर्ध्वाधर पैमाना इस प्रकार बदल जाएगा कि +20 0,—20 —40 —60, —80, तथा —100 पढ़ा जाए। वक्र स्वयं अपरिवर्तित रहेगा। चार्ट 4 10 का दूसरा असामान्य लक्षण क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर निर्देशक रेखाओं का प्रतिपादन है जिसका परिणाम वक्र को एक असामान्य तौर पर स्पष्ट रूपरेखा देना है। यह भी ध्यान दीजिए कि बाद के आँकड़े जोड़ने के लिए स्थान छोड़ दिया गया है। इस प्रणाली से उसी मौलिक चार्ट की, जैसे नये आँकड़े प्राप्त होते है, केवल मात्र वक्र को बढ़ाकर (बार-बार) प्रतिकृति प्रस्तुत करना स्वीकृत हो जाता है।

वक्रों का रेखांकन—आँकड़ों का प्रतिनिधित्व करने वाले वक्र चार्ट की पृष्ठभूमि से स्पष्टतः अलग दिखाई देने चाहिएँ। अत वक्र का रेखांकन निर्देशांकों की अपेक्षा अधिक गहरा होना चाहिए। (जब दो या अधिक ऐसे वक्र दिखाए जाते है जो निकट से एक दूसरे का अनुसरण करते हैं या जो एक दूसरे को काटते हैं तो कभी कभी कुछ वक्रों के लिए अधिक हल्की रेखाओं का प्रयोग आवश्यक होता है। उदाहरण के लिए चार्ट 17 3 देखिए।)

जैसाकि इस पाठ मे विभिन्न वक्रो से दिखाई देगा, आलेखित बिन्दु प्राय दिखाए नही जाते क्योकि प्रयत्न यह है कि सामान्य स्थिति प्रस्तुत की जाए न कि अलग-अलग अध्ययन ।

जब एक ही अक्ष पर कई एक वक्र खीचे जाते है तो प्रत्येक वक्र को पहचान सकना पाठक के लिए महत्त्वपूर्ण है । इस प्रकार हम ठोस, बिन्दुयुक्त और डैशयुक्त रेखाओ का प्रयोग कर सकते है और हम गहरी और हल्की रेखाओ का प्रयोग कर सकते है । यदि वक्र के लिए हल्की रेखा का प्रयोग किया जाता है तो यह साधारण तौर पर इतनी हल्की नही होनी चाहिए जितने निर्देशाक । सुझाए गए रेखाकन नीचे A और B के रूप मे सूचीबद्ध है ।

A

A यदि तीन से अधिक वक्र नहीं खीचने है तो इन रेखाओ की सिफारिश की जाती है ।

B

B यदि तीन से अधिक वक्र खीचने है तो हल्की रेखाओ का प्रयोग किया जा सकता है ।

C

C जब तक कि आलेखित बिन्दुओ को मडलो या बिन्दुओ से न दिखाना हो, इन रेखाओ की सिफारिश नही की जाती ।

जब एक चार्ट मे दो या अधिक वक्र दर्शाए जाते है तो प्रत्येक की स्पष्ट रूप से पहचान होनी चाहिए । यह कार्य वक्रो को लेबल लगाकर सम्पन्न हो सकता है, जैसा कि चार्ट 4 13, 4 17, तथा 17 3 म है ।

सामान्यतया एक चार्ट मे दो या तीन वक्रो से अधिक के प्रयोग से बचना अच्छा है । विशेष रूप से यदि वे एक दूसरे को काटते और पुन काटते है तो भ्राति उत्पन्न होने की सभावना है। जब एक बडे दीवार चार्ट म जिसे किसी एक समूह को प्रस्तुत करना हो, कई वक्र दर्शाए जाने है तो कभी कभी विभिन्न रग प्रयुक्त किए जा सकते है, यद्यपि प्राय यह अधिक अच्छी प्रणाली है कि रग का प्रयोग उन अवसरो के लिए सुरक्षित रखा जाए जब एक या दो वक्रो पर विशिष्ट बल दिया जाना हो । काले, लाल हरे, हल्के या मध्यम नीले, तथा मध्यम या गहरे नारगी रग तुरन्त पहचाने जाते है । यदि ऐसी सभावना हो कि दीवार चार्ट को फोटोस्टैट करना है, उसका फोटो लेना है या छपाई के लिए प्रतिकृति करनी हो तो काले और लाल का घने और बिखरे हुए हल्के और गहरे तथा सम्मिश्रणो मे प्रयोग किया जा सकता है क्योकि लाल रेखा की प्रतिकृति काली के समान होगी । नीले, पीले और कुछ प्रकार के हरे का या तो बिल्कुल कोई फोटो नही आता या मन्द फोटो आता है । प्राय रग इतना महँगा होता है कि उसका पुस्तक मे प्रयोग नहीं किया जा सकता ।

निर्देशाक—चार्ट बनाने वाले शून्य की रेखा को अन्य सीमान्त रेखाओ की अपेक्षा कुछ अधिक गहरा बना कर उस पर बल डालते है । इसी प्रकार 100 प्रतिशत की रेखा (या अन्य आधार जिससे तुलनाएँ की जाती है) पर जोर डाला जा सकता है । सीमान्त ऊर्ध्वाधर और क्षैतिज रेखाएँ अन्य निर्देशाक रेखाओं की अपेक्षा कुछ गहरी बनाई जा सकती हैं । निर्देशाक रेखाएँ बहुत हल्की खीचनी चाहिएँ । चार्ट पढने म सहायता के लिए आवश्यकता से अधिक निर्देशाक रेखाएँ नही होनी चाहिएँ । कभी-कभी सब निर्देशाको को

छोड दिया जाता है, जैसा चार्ट 4 4 मे है जिसमे निर्देशाक रेखाओ के स्थान पर 'टिको' का प्रयोग है। *यदि आलेखन सरल बनाने के लिए सन्निकट रेखाओ वाला 'ग्रिड' वाछित है तो* चार्ट अनुरेखन वस्त्र या अनुरेखन कागज पर खीचा जा सकता है जो एक ऐसे ग्रिड पर रखा गया हो जिसकी निर्देशाक रेखाएँ वाछित अतर पर पास-पास हैं। इसके विकल्प के रूप मे जब एक चार्ट की प्रतिकृति करनी हो तो एक हल्के नीले रग के सन्निकट रेखाओ वाले ग्रिड का प्रयोग किया जा सकता है। वे रेखाएँ जो प्रतिकृति मे रहनी चाहिएँ काले रग मे खीची जाती है। सामान्य स्थितियो मे पृष्ठभूमि की नीली रेखाएँ प्रतिकृति मे स्पष्ट नही आती। इस पाठ मे कुछ चार्ट ऐसी हल्की नीली पृष्ठभूमि पर खीचे गए थे।

चार्ट की उचित समझ निश्चित करने के लिए दोनो पैमानो पर स्पष्ट रूप मे लेबल लगाने चाहिएँ। न केवल आँकडो के स्वरूप का सकेत करना चाहिए वरन् प्रयुक्त इकाइयाँ भी बतानी चाहिएँ। उदाहरणार्थ, चार्ट 4 3 म क्षैतिज अक्ष पर आय दिखाई गई हैं, इकाई हजार डालर है। कभी-कभी लम्बी समय श्रेणी के वक्र को क्षैतिज रूप मे बढाया जा सकता है। ऐसे उदाहरणा मे कभी-कभी चार्ट के दाइ ओर भी ऊर्ध्वाधर पैमाना बनाना वाछित होता है।

चार्ट अनुपात—एक वक्र चित्र के लिए उचित अनुपातो की दृष्टि से कोई वस्तुनिष्ठ नियम देना कठिनाई से ही सभव है। फिर भी यह ध्यान देना चाहिए कि वक्र के लिए प्रयुक्त अत्यधिक फैलने वाले या अत्यधिक सिकुड़ने वाले किसी भी पैमाने से बेतुके प्रभाव उत्पन्न होते हैं। चार्ट 4 11 मे क्षैतिज पैमाने के सबध मे ऊर्ध्वाधर पैमाना बढा-चढा *दिया है, चार्ट 4 12 मे क्षैतिज पैमाना बढा-चढा दिया है। पहले से अत्यधिक* उतार-चढावो का प्रभाव उत्पन्न होता है, बाद वाले से यह विचार मिलता है कि ट्रक और बस विक्रय मे *अपेक्षाकृत महत्वहीन उतार-चढाव हुए हैं। इन दो चार्टो म चार्ट 4 2 मे उचित प्रकार* से दिखाए गए आँकडो के पुनरालेखन के विकृत परिणाम मिलते है। दृढ नियम प्राय *असन्तोषजनक होते हैं क्योकि उन्हे अधाधु ध अपनाया जा सकता है। परन्तु यह सुझाव दिया* गया है कि उचित अनुपात वे है जिनमे वक्र की उन गतियो के लिए जिन पर बल दिया जाता है, *45 दर्जे का कोण प्राप्त होता है।*

जैसाकि पैमानो के निकम्मे चुनाव से उतार-चढावो पर अत्यधिक जोर देना या उन्हे कम करना सभव है, वैसे ही वृद्धि के सम्बन्ध मे अशुद्ध भाव उत्पन्न करना सभव है। चार्ट 5 3 का वक्र सयुक्त राज्य मे 1928 से 1964 तक मोटर गाडियो का रजिस्ट्रेशन दिखाता है ऊर्ध्वाधर पैमाने को फैलाने और क्षैतिज पैमाने को सकुचित करने से संयुक्त राज्य मे मोटर गाडियो के रजिस्ट्रेशन की बहुत तीव्र वृद्धि का प्रत्यक्ष भाव मिलेगा। ऊर्ध्वाधर पैमाने को संकुचित करने तथा क्षैतिज पैमाने को फैलाने से वृद्धि बहुत धीमी हुई प्रतीत होगी।

यद्यपि पूर्व के दो अनुच्छेदो मे काल श्रेणी के वक्रो की ओर सकेत था तो भी यह समझना चाहिए कि यदि एक पैमाने को दूसरे पैमाने के सबध म अत्यधिक फैला दिया जाए या अनुचित ढग से सकुचित कर दिया जाए तो बारबारता बटनो के वक्रो से और कल्पित तौर पर किसी भी अन्य प्रकार के चार्ट से भ्रामक प्रत्यक्ष प्रभाव उत्पन्न हो सकते हैं।

अक्षर लेखन—यदि सभव हो तो चार्ट पर सपूर्ण अक्षर-लेखन, पैमाने के लेबलो, पैमाने के मूल्यो, मुद्रा-लेख, वक्र के लेबलो तथा किन्ही अन्य शब्दो या अको सहित क्षैतिज रूप मे रखने चाहिएँ। कभी-कभी स्थानाभाव से ऊर्ध्वाधर पैमाने के लेबल को ऊर्ध्वाधर स्थिति मे रखना आवश्यक हो सकता है, परन्तु ऐसी सीमा प्राय उपस्थित नही होती। यह कहने की

चार्ट 4 1। 1936 से 1964 तक संयुक्त राज्य के कारखानो द्वारा मोटर ट्रकों और बसो का फैक्टरी विक्रय। चार्ट 4 2 के नीचे दिए स्रोत से लिए आँकड़े।

चार्ट 4 12 **1936** से **1964** तक संयुक्त राज्य के कारखानों द्वारा मोटर ट्रकों और बसों का फैक्टरी विक्रय । आंकड़े चार्ट 4 2 के नीचे दिए स्रोत से लिए गए ।

चार्ट 4 13 संयुक्त राज्य के नागरिकों के जनवरी 1967 से दिसम्बर 1972 तक आगमन और निर्गमन । आंकड काल्पनिक है जैसा कि चार्ट 4 4 मे है

आवश्यकता नही है कि संपूर्ण अक्षर लेखन स्पष्ट दिखाई देना चाहिए । खुले हाथ मे लिखे शब्द और अंक बहुत आकर्षक बनाए जा सकते है यदि एक निपुण व्यक्ति द्वारा लिखे जाएँ । परंतु कलाकारो या नक्शानवीसो के पूर्तिगृहो से प्राप्त स्टैंसिल द्वारा अक्षर लेखन की विधियो के प्रयोग से थोड से अभ्यास से अव्यवसायी व्यक्ति भी उत्तम औपचारिक अक्षर एव अंक बना सकता है। इस पाठ मे लगभग सभी चार्टों का अन्य प्रकाशनो से प्रतिकृति को छोडकर, ऐसी ही विधियो द्वारा अक्षर-लेखन किया गया है ।

शीर्षक—प्रत्येक सारणी के समान प्रत्येक चार्ट का एक शीर्षक होना चाहिए जिसमे स्पष्ट रूप से और ठीक ठीक यह बताना चाहिए कि चार्ट क्या दिखाना चाहता है । छपे हुए चार्ट का शीर्षक चार्ट के ऊपर या नीचे हो सकता है परन्तु नीचे अधिक अच्छा है । बड़े दीवार चार्टों के शीर्षक प्राय ग्रिड से ऊपर या कभी-कभी उस पर रख जाते है ।

स्रोत— पुनश्च जैसा कि सारणी के संबंध मे है प्रत्येक चार्ट मे स्रोत की ओर संकेत होना चाहिए जिससे जहा से आंकड़े लिए गए उसके लेखक शीर्षक ग्रंथ पृष्ठ प्रकाशक तथा प्रकाशन की तिथि का संकेत हो । स्वाभाविक तौर पर एक ही स्रोत या विभिन्न स्रोतो से लिए आंकडो की तुलनात्मकता के संबध मे जो सावधानिया अध्याय 2 मे बताई गई हैं वे चार्ट बनाने के लिए प्रयुक्त किए गए अंको पर पूर्ण मान्यतापूर्वक लागू होती हैं ।

विशेष प्रयोजनो के लिए रेखा आरेख

शुद्ध शेष चार्ट—चार्ट 4 4 मे दो श्रेणियो के नेट जोड को बताने वाला एक तरीका दिखाया है। प्रत्येक मास के लिए निर्गमनो को आगमनो मे से घटा लिया गया और परिणाम का आलेखन धनात्मक या ऋणात्मक अक के रूप मे किया गया। इसी ढग से व्यापार सतुलन (निर्यातो के मूल्य मे से आयातो का मूल्य घटाकर) दिखाया जा सकता है तथा लाभ और हानि भी दर्शाए जा सकते हैं। आगमन और निर्गमन आंकडो को दिखाने के एक वैकल्पिक तरीके का उदाहरण चार्ट 4 13 मे है। *यहाँ आगमनो और निर्गमनो के लिए वक्र दिए गए है, आगमनो की अधिकता, काटन वाली तिरछी रेखाओ के क्षेत्रफल की ऊँचाई से दिखाई गई है, जब कि निर्गमनो की अधिकता बिन्दु-चिन्हित भाग की ऊँचाई के द्वारा दिखाई है।*

छाया-चित्र चार्ट—चार्ट 4 13 (जिसकी ओर पूर्वगामी अनुच्छेद मे सकेत किया गया है) न केवल कुल राशि के स्थान पर शुद्ध राशि को दिखाने का, बल्कि समान रूप से बल प्राप्ति के लिए दो वक्रो के बीच के क्षेत्रफल को छायायुक्त करने के *अभ्यास का उदाहरण प्रस्तुत करता है। चार्ट 4 14 इस दृष्टि मे चार्ट 4 4 के समान है। इसमे* आधार रेखा के ऊपर और नीचे उतार-चढाव दिखाए गए है। परन्तु चार्ट 4 14 मे वक्र के क्षेत्रफलो पर काले रग भर कर जोर डाला गया है। परिणाम यह है कि वक्र के "धनात्मक" और "ऋणात्मक" भागो का अधिक प्रभावपूर्ण चित्रण है। इस प्रकार का चार्ट और भी अधिक प्रभावशाली होता है जब "धनात्मक' क्षेत्र काले से भरे जाते है और ऋणात्मक क्षेत्र लाल से भरे जाते हैं।

***परिसर चार्ट**—चार्ट 4 15 मे एक विधि दिखाई गई है जिसके द्वारा स्टाक मूल्यो का परिसर चित्रित किया जा सकता है। आप यह देखेंग कि जब परिसर बडा हो, तो काली* पट्टी फैल जाती है और जब छोटा तो सिकुड जाती है। सफेद रेखा अन्तिम मूल्य बताती है। इन्ही आँकडो को दिखाने के एक वैकल्पिक तरीके का उदाहरण चार्ट 4 16 मे है। यहाँ प्रत्येक दड की चोटी उस दिन के लिए उच्चतम का प्रतिनिधित्व करती है जब कि प्रत्येक दड का तल दिन के लिए निम्नतम का प्रतिनिधित्व करता है। दडो को मिलाने वाली *रेखा अन्तिम मूल्य की प्रतिनिधि है। यदि एक कालावधि मे परिवर्तन का परिसर दिखाना* वाछनीय हो तो इस प्रकार के चार्टो का प्रयोग पदार्थ मूल्यो और अन्य प्रकार के आँकडो को दिखाने के लिए किया जा सकता है।

जॅड-चार्ट—जैसा कि चार्ट 4 17 मे दिखाया गया है जॅड-चार्ट मे एक ही अक्ष पर तीन वक्र है। प्राय चार्ट मासानुसार एक वर्ष की अवधि के लिए है। एक वक्र मासिक अको को दिखाता है दूसरा *वर्ष के प्रारभ से सचयी अको को दिखाता है, जब कि तीसरा प्रत्येक मास* के साथ समाप्त होने वाले बारह मास के लिए जोड दिखाता है। *यह अन्तिम वक्र प्राय. गतिमान वार्षिक जोड वक्र कहलाता है,* अधिक विशिष्ट तौर पर, यह प्रत्येक निर्दिष्ट मास के साथ समाप्त होने वाले बारह मास के लिए 12 मास का गतिमान जोड है। जॅड चार्ट के साथ दो ऊर्ध्वाधर पैमानो का प्रयोग किया गया है क्योकि यदि उसी पैमाने के साथ मासिक आँकडो का दूसरे आँकडो के रूप मे आलेखन होता तो मासिक आँकडो के उतार-चढाव स्पष्ट नही होते। *जॅड-चार्ट का प्रयोग प्राय. आन्तरिक व्यापार प्रयोजनो के लिए किया जाता है,* उदाहरणत. उत्पादन और विक्रय के आँकडे दिखाने के लिए। हाँ, यह उन स्थितियो तक सीमित है जिनमे चार्ट बनाने वाला (1) एक निर्दिष्ट मास के लिए अक, (2) कैलेन्डर (या वित्त) वर्ष के बीते हुए भाग के लिए प्रत्येक मास के अक, और (3) प्रत्येक

चार्ट 4.14. क्लीवलैंड ट्रस्ट कम्पनी के 1790 से अमरीकी व्यवसाय क्रिया के चार्ट का एक भाग। क्लीवलैंड ट्रस्ट कम्पनी द्वारा अप्रैल 1964 मे निर्गमित उस चार्ट के 35वें सस्करण से लिया गया।

निर्दिष्ट मास के साथ समाप्त होने वाले बारह मास के लिए अंक के प्रत्यक्षीकरण में रुचि रखता है।

चार्ट 4 15. न्यूयार्क टाइम्स औसतों द्वारा दिखाई गई 3 मई से 18 जून, 1965 तक 50 स्टाकों की उच्च, निम्न, और अन्तिम कीमतें। आकड़े न्यूयार्क टाइम्स के विभिन्न सस्करणों से।

चार्ट 4 16 न्यूयार्क टाइम्स औसतों द्वारा दिखाए गए 3 मई से 18 जून 1965 तक 50 स्टाकों के उच्च, निम्न, और अन्तिम मूल्य। आंकड़े न्यूयार्क टाइम्स के विभिन्न सस्करणों से।

इस प्रकार के विशिष्ट प्रयोजनों को छोड़कर, इस अध्याय में वर्णित प्रकार के चार्ट पर दो या अधिक ऊर्ध्वाधर पैमानों का प्रयोग करना (जो कभी-कभी "बहु पैमाने" कहलाता है) प्राय: वांछित नहीं है। विभिन्न इकाइयों में वर्णित दो श्रेणियों में हुए उतार-चढ़ावों की (परन्तु उनके आकारों की नहीं) तुलना कभी-कभी दो भिन्न ऊर्ध्वाधर पैमानों वाले चार्ट पर की जा सकती है। परन्तु दो या अधिक भिन्न ऊर्ध्वाधर पैमानों के प्रयोग से विभिन्न श्रेणियों में होने वाले परिवर्तनों के तुलनात्मक आकारों के अशुद्ध प्रत्यक्ष प्रभाव प्राप्त होने की संभावना है।

चार्ट 4.17 संयुक्त राज्य में कुल मृत्यु लाभ अदायगियाँ : मासिक, संचयी तथा गतिमान तथा वार्षिक योग, 1964 आँकड़े जीवन बीमा संस्था, सांख्यिकी एवं अनुसंधान विभाग से प्राप्त।

परिवर्ती क्षैतिज-पैमाना चार्ट—कभी-कभी कई वर्षों के लिए वार्षिक आँकड़े और अधिक हाल के वर्षों के लिए एक या दो मासिक आँकड़े दिखाना वांछित होता है। यह चार्ट 4.18 के समान किया जा सकता है, जिसमें मासिक आँकड़ों को अधिक विस्तार से दिखाने के लिए क्षैतिज पैमाना विस्तृत कर दिया गया है। ध्यान दीजिए कि चार्ट के दोनों भाग एक विच्छेद द्वारा अलग किए गए है। इसी प्रकार क्षैतिज पैमाने में परिवर्तन तब उचित हो सकता है यदि हम वार्षिक या मासिक आँकड़ों का साप्ताहिक आँकड़ों के साथ संयोग या वार्षिक, मासिक अथवा साप्ताहिक आँकड़ों का दैनिक आँकड़ों में संयोग दिखाना चाहते है।

बहु-अक्ष चार्ट—कभी-कभी यह वांछनीय होता है कि कई वक्रों के उतार-चढ़ाव की तुलना की जाए और फिर भी प्रत्येक वक्र स्पष्ट दिखाई पड़े। इस परिणाम को प्राप्त करने का एक सादा तरीका यह है कि विभिन्न क्षैतिज अक्षों के साथ भिन्न वक्रों का आलेखन किया जाए (और) इन विभिन्न अक्षों को सुविधाजनक ऊर्ध्वाधर दूरियों द्वारा कृत्रिम रूप से अलग किया जाए। एक उदाहरण चार्ट 14 4 है, जो "वर्षानुवर्ष चार्ट" भी कहा जाता है। यहाँ विभिन्न वक्र तुलना की सरलता के लिए साथ-साथ समीप बनाए गए हैं, परन्तु रेखाओं को लाँघा नहीं गया। यद्यपि भिन्न क्षैतिज अक्षों का प्रयोग किया गया है तो भी

चार्ट 4 18 ईंधन तेल और कोयले का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक, वार्षिक 1957—1963 तथा मासिक 1964—1965। आंकड़े फ़ेडरल रिज़र्व बुलेटिन, सितम्बर 1965, पृष्ठ 1334, तथा नवम्बर 1965 पृष्ठ 1604 से, लिए गए।

प्रति 10 लाख व्यक्ति

200
160
120
80
40
0
1860 1870 1880 1890 1900 1910 1920 1930 1940 1950 1960

60 और ऊपर
40-59
20-39
20 से कम

चार्ट 4 19 1860 से 1960 तक प्रत्येक विशिष्ट वय श्रेणी में संयुक्त राज्य की जनसंख्या। आंकड़े संयुक्त राज्य जनगणना विभाग, *फिफ्टीन्थ सेन्सस आफ दि युनाइटिड स्टेटस*, 1930, जनसंख्या खंड II, पृष्ठ 576 ; सेन्सस आफ पापूलेशन, *1950*, खंड II, कैरेक्ट्रिस्टिक्स आ० दि पापूलेशन, भाग 1, यू० एस० सम पृष्ठ 1—93 तथा सेन्सस आफ पापूलेशन, 1960, खंड II कैरेक्ट्रिस्टिक्स आफ दि पापूलेशन, भाग I यू०एस० समरी, पृष्ठ 1—199 से।

चार्ट 4 20 1860 से 1960 तक सयुक्त राज्य की जनसख्या का प्रत्येक विशिष्ट वय श्रेणी मे अनुपात। आकडे चार्ट 4 19 के नीचे दिए स्रोतो से लिए गए।

ऊर्ध्वाधर और क्षैतिज पैमाने वही रहते हैं। अकगणित ग्राफ कागज पर इस प्रकार के चार्ट की व्याख्या करते समय (अगले अध्याय मे वर्णित अर्ध लघुगणकीय ग्राफ कागज से भिन्न) यह स्मरण रखना चाहिए कि प्राप्त तुलना निरपेक्ष परिवर्तनो की है और सापेक्ष परिवर्तनो की नही। यह सभाव्य नही कि इस प्रकार के चार्ट का प्रयोग सामान्य पाठक के सामने प्रस्तुति के लिए वाछनीय माना जाएगा जब तक कि रेखाचित्र के साथ एक स्पष्ट व्याख्या न हो।

सघटक भाग चार्ट—चार्ट 4 19 मे 1860 से 1960 तक सयुक्त राज्य मे प्रत्येक जनगणना के समय चार सामान्य वय श्रेणियो मे से प्रत्येक मे व्यक्तियो की सख्या दिखाई है। प्रत्येक पट्टी की ऊँचाई एक अमुक जनगणना के समय देश म प्रत्यक वय की सख्या बताती है। इस प्रकार के चार्ट से यह देखना सभव है कि एक अमुक श्रेणी बढ रही है या घट रही है अथवा नही, तथा सभी श्रेणियो का जोड बढ रहा है या घट रहा है अथवा नही। चार्ट 4 19 से किसी विशेष श्रेणी का सापेक्ष महत्त्व नही देखा जा सकता, परन्तु चार्ट 4 20 मे वय श्रेणियाँ उन्ही अनुपातो के अनुसार दिखाई गई है जितना उनका और कुल जनसख्या का है। यहाँ यह स्पष्ट देखा जा सकता है कि जनसख्या म छोटी आयु के व्यक्तियो के अनुपात मे कमी हुई है और बडी आयु के व्यक्तियो के अनुपात म वृद्धि। जब कुछ वर्षों के सघटक भाग आंकडो को ग्राफ द्वारा दिखाया जाना हो तो चार्ट 6 17 या 6 18 के ऊपरी भाग के समान एक दड चार्ट का प्रयोग किया जा सकता है। जब कई वर्ष दिखाए जान हो तो साधारण प्रवृत्ति का वक्रो द्वारा अधिक आसानी से चित्रण किया जा सकता है।

बारबारता बटन तथा परिसर चार्ट—कभी-कभी यह लाभदायक होता है कि आंकडो के एक समुच्चय के लिए बारबारता बटन वक्र दिखाया जाए और एक अन्य बटन के लिए मूल्यो के परिसर की उस वक्र से तुलना की जाए। चार्ट 4,21 मे अक्तूबर 1964 मे बोस्टन

चार्ट 4 21 काल्पनिक आँकडो के लिए अक्तूबर 1964 मे बोस्टन, मैसाचुसेट्स, मे 7,011 महिला सचिवों की साप्ताहिक आय तथा वेतन परिसर। साप्ताहिक आय के आँकडे सारणी 8 5 मे से हैं और वे "बारम्बारता घनत्व" हैं जिनकी व्याख्या चार्ट 8 5 से सबंधित चर्चा मे की गई है।

मे 7,011 महिला सचिवों की औसत साप्ताहिक आय का एक बारम्बारता बटन दिखाया गया है। एक गैर व्यापारी सगठन के लिए सचिव आयो का एक काल्पनिक परिसर भी दिखाया गया है। विकल्प से दो बारम्बारता बटन दिखाए जा सकते थे, जैसा कि चार्ट 8 7 मे है।[5]

5 अधिक उन्नत चार्टों के लिए देखिए डब्ल्यू० सी० स्कॅटर तथा पी० ओ० टॉमस, "सम ग्राफ्स यूजफुल फॉर स्टैटिस्टिकल इन्फरेंस", जर्नल ग्राफ दि अमेरिकन स्टैटिस्टिकल एसोसिएशन, खड 360, न० 309, मार्च 1965, पृष्ठ 334—343।

5

लेखाचित्री निरूपण II: अर्ध-लघुगणकीय अथवा अनुपात चार्ट

परिवर्तन की मात्रा बनाम परिवर्तन का अनुपात

किसी कालावधि में सांख्यिकीय आँकड़ों की श्रेणी के विकास का विचार करते समय कभी-कभी हमारी रुचि हो चुके परिवर्तन की मात्रा में होती है, परन्तु प्राय अधिकतर हम उस परिवर्तन के अनुपात के सम्बन्ध में कुछ जानना चाहते है जो दो तिथियों के बीच में हुआ है। अध्याय 4 के समान आरेख इस प्रकार के हैं जिनसे हम परिचित है तथा जिनमें अंकगणितीय कहलाने वाले पैमाने है और जो प्राथमिक तौर पर Y अक्ष पर दिखाए जाने वाले कारक में निरपेक्ष परिवर्तनों को दिखाने के लिए उपयोगी है। इस विवेचन का प्रयोजन कुछ भिन्न प्रकार से ग्रिड की व्याख्या करना है जिससे आरेखित श्रेणी में परिवर्तन के अनुपात पर दृष्टिपात किया जा सके।

सारणी 5 1

एक समान्तर श्रेढी

वर्ष (X मूल्य)	Y मूल्य	वृद्धि की मात्रा
1968	0	
1969	200	200
1970	400	200
1971	600	200
1972	800	200
1973	1 000	200
1974	1 200	200
1975	1,400	200

चार्ट 5 1 में सामान्य प्रकार के चार्ट की प्रत्यक्ष प्रभाव को दिखाने की सन्तोषजनक क्षमता का दिग्दर्शन है, परन्तु परिवर्तन के अनुपात को दिखाने की नहीं। वक्र उन प्रतिवर्ष 200 इकाइयों की लगातार वृद्धि का प्रतिनिधित्व करता है (सारणी 5 1 देखिए), और यह या कोई अन्य, समान्तर श्रेढी (वृद्धि या कमी की समान रहने वाली मात्रा) जबकि वह रूढ या अंकगणितीय ग्रिड पर आरेखित की जाए, एक सीधी रेखा द्वारा चित्रित की जाएगी। परन्तु, वक्र B अंकों की उस श्रेणी को आरेखित करने का परिणाम है जो

चार्ट 5 1 एक अ कगणितीय ग्रिड पर आरेखित एक समान्तर श्रेढी । (*A*) तथा एक गुणोत्तर श्रेढी (*B*) । सारणी 5 1 तथा 5 2 के आंकड़े ।

128 से प्रारंभ होती है और प्रति वर्ष 50 प्रतिशत बढ़ती है (सारणी 5.2 देखिए)। आप यह देखेंगे कि यह वक्र सीधी रेखा नहीं है, जैसे-जैसे समय बीतता है वैसे-वैसे वक्र अधिकाधिक ऊपर की ओर झुकता जाता है।

सारणी 5.2

एक गुणोत्तर श्रेणी

वर्ष (*X* मूल्य)	*Y* मूल्य	प्रतिशत वृद्धि
1968	128	.
1969	192	50
1970	288	50
1971	432	50
1972	648	50
1973	972	50
1974	1,458	50
1975	2,187	50

समान रूप से बढ़ने वाले या घटने वाले अनुपात को दिखाने वाली श्रेढी गुणोत्तर श्रेढी कहलाती है और किसीभी गुणोत्तर श्रेढी से जब उसे अकगणितीय ग्रिड पर आरेखित

किया जाए, एक वक्र रेखा उत्पन्न होगी।[1] एक बढ़ती हुई गुणोत्तर श्रेणी एक वक्र द्वारा दिखाई गई है जिसकी ढलान ऊपर की ओर है और जो ऊपर की ओर अवतल है जैसा कि चार्ट 5.1 वक्र B मे है। एक घटती हुई गुणोत्तर श्रेढी एक वक्र द्वारा दिखाई गई है जिसकी ढलान नीचे की ओर है और जो ऊपर की ओर अवतल है। परन्तु इस प्रकार के वक्रो की व्याख्या करने मे एक गम्भीर कठिनाई इस बात की है कि आँख यह स्पष्ट जाँच नही कर सकती कि एक विशिष्ट वक्र रेखा समान अनुपात के परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करती है अथवा नही। चार्ट 5 2 मे एक श्रेणी का चित्रण है जो न समान्तर श्रेढी है न ही गुणोत्तर श्रेढी है। सारणी 5 3 के आँकडो से पता चलता है कि श्रेढी समान्तर

सारणी 5 3

वढते हुए मूल्यो की श्रेणी

वर्ष (X मूल्य)	Y मूल्य	वृद्धि की मात्रा	प्रतिशत वृद्धि
1968	50		...
1969	80	30	60 0
1970	160	80	100 0
1971	300	140	87 5
1972	550	250	83 3
1973	1 080	530	96 4
1974	1,730	650	60 2
1975	2 500	770	44 5

श्रेढी से अधिक तीव्रता के साथ बढती है और आँख इस तथ्य को समझ सकती है क्योकि वक्र का झुकाव ऊपर की ओर है। सारणी इस ओर भी सकेत करती है कि श्रेणी की वृद्धि का अनुपात स्थिर नही है। परन्तु प्रत्यक्ष तौर पर यह तथ्य स्पष्ट नही है। एक अक-गणितीय चार्ट के पाठक के लिए यह निश्चित करना सभव नही है कि इस प्रकार की वक्र रेखा वृद्धि के स्थिर अनुपात का प्रतिनिधित्व करती है या वृद्धि के उस अनुपात का जो घट रहा है अथवा वृद्धि के उस अनुपात का जो आरोही है। अको की कोई श्रेणी जो एक समान्तर श्रेढी की अपेक्षा अधिक तीव्र गति से बढती है (उदाहरणार्थ, 10, 12, 15, 19, 24, 30), ऊपर की ओर झुकती है और जब उसे अकगणितीय ग्रिड पर आरेखित किया जाता है तो वह ऊपर को अवतल हो जाती है। अको की किसी श्रेणी की ढलान, जो समान्तर श्रेढी की अपेक्षा कम तीव्रता से घटती है (उदाहरणार्थ, 100, 91, 83, 76, 70, 65) नीचे को होती है और जब उसे अकगणितीय निर्देशाको पर दिखाया जाता है तो वह ऊपर को अवतल हो जाती है।

अर्ध-लघुगणकीय या अनुपात ग्रिड के लिए आधार का विकास प्रारम्भ करने से पूर्व, जिससे हम परिवर्तन के अनुपातो का प्रत्यक्षीकरण कर पाएँगे, आइए हम अकगणितीय

---

1. गुणोत्तर श्रेढी का प्रतिनिधित्व करने वाला वक्र 'घातीय वक्र' कहलाता है और समीकरण $Y=ab^x$ द्वारा दिखाया जाता है। पाठक इस समीकरण से $P_n=P_o(1+r)^n$ के रूप मे परिचित हो सकते हैं जो चक्रवृद्धि ब्याज समीकरण है और जिसका अध्याय 9 मे विवेचन है। समान्तर श्रेढी का प्रतिनिधित्व करने वाली सीधी रेखा $Y=a+bX$ द्वारा दिखाई जाती है।

पिड की आगे परीक्षा करें। चार्ट 5 3 म 1928 से 1964 तक सयुक्त राज्य और कैनेडा मे मोटर गाडियो के पजीकरण की वृद्धि दिखाई गई है। इस चार्ट से हम देख सकते हैं कि सयुक्त राज्य म पजीकरण 1928 से 1935 तक अस्थिर थे, 1937 और 1938 के बीच मामूली कमी को छोडकर 1935 और 1941 के बीच बढ, 1941—1945 म गिरे, तथा 1946 स 1964 तक गति तीव्रता से बढी। कैनेडा मे पजीकरण के परिवर्तनों को देखना कठिन है क्योकि वह पमाना जिसका प्रयोग करना सयुक्त राज्य को सम्मिलित करने के लिए आवश्यक है कनेडा क लिए वक्र को आधार रेखा के कुछ समीप गिरा देता है। फिर भी प्रतीत होता है कि कनेडा म पजीकरण 1928 से 1948 तक अपक्षाकृत स्थिर थे और फिर उसके बाद क्रमश बढ़ने लगे। यह बिल्कुल स्पष्ट है कि प्रति वष वृद्धि और कमी की मात्राएँ सयुक्त राज्य के लिए कनेडा की अपेक्षा बडी थी परन्तु वक्रो के स्वरूप से यह जानने का कोई ढग नही है कि वर्षानुवष किस देश मे वृद्धि और कमी के अनुपात वृहत्तर थे।

चार्ट 5 2 बढती हुई मात्राओं (द्वारा बढते हुए अ कों की एक श्रेणी। *यह श्रणी गुणोतर श्रेढी नही है पर तु देखने मे एसा प्रभाव हो सकता है। सारणी 5 3 के आँकड।*

कनेडा के लिए वक्र की गतियों का आवधन करने के लिए सयुक्त राज्य के लिए एक ऊर्ध्वाधर पमाने का और कनेडा के लिए दूसरे का प्रयोग करके चार्ट 5 3 के आँकडो को पुन आरेखित करना पर्याप्त नही होगा। यह तथ्य कि एक अकगणितीय ग्रिड पर एक वक्र दूसरे के नीचे है एक ही दृष्टि म हम यह बताता है कि नीचे का वक्र ऊपर के वक्र की अपेक्षा छोटे आकार की श्रणी का प्रतिनिधित्व करता है। यदि दो ऊर्ध्वाधर पैमानो का प्रयोग किया जाए तो हमारे पास वास्तव म दो भिन्न अतुलनीय चार्ट होते हैं और निम्न दृष्टि से स तोषजनक चाक्षुष तुलनाएँ न की जा सकेंगी (1) दो आरेखित श्रेणियो का आकार, (2) दूसरी श्रणी म हुई परिवतन की मात्रा की तुलना मे परिवतन की जो मात्रा एक श्रणी में हो चुकी है, अथवा (3) दोनों श्रणिया के परिवतन के अनुपात।

चार्ट 5 3 1928 से 1964 तक संयुक्त राज्य और कैनेडा मे मोटर गाड़ियों के पंजीकरण । आंकडे *हिस्टारिकल स्टॅटिस्टिक्स ऑफ दि यूनाइटिड, स्टेट्स,* पृष्ठ 564 *स्टॅटिस्टिकल एब्स्ट्रैक्ट आफ दि युनाइटिड स्टेट्स,* 1963, पृष्ठ 564, मोटरगाडी निर्माता एसोसियेशन, *ऑटोमोबाइल फैक्ट्स एन्ड फिगर्ज* 1965, पृष्ठ 19 29 तथा सांख्यिकी का डोमिनियन ब्यूरो, *कैनेडा ईयर बुक्स,* 1937, पृष्ठ 668, 1946, पृष्ठ 663, 1950, पृष्ठ 755, 1954, पृष्ठ 252, तथा 1964, पृष्ठ 774 से प्राप्त ।

परिवर्तन के अनुपात दिखाने के लिए ग्रिड

जो पहले कहा जा चुका है उससे यह अवश्य स्पष्ट हो गया होगा कि यदि हम एक ऐसे ग्रिड का प्रयोग कर सकें जिससे वृद्धि (या कमी) का एक स्थिर अनुपात एक सीधी रेखा के तौर पर प्रतीत होगा तो परिवर्तन के अनुपातों में सम्बन्धित लेखाचित्री तुलनाएँ आसान हो जाएँगी। सारणी 5 4 में सारणी 5.2 तथा चार्ट 5 1 की गुणोत्तर श्रेढी पुन

चार्ट 5 4. एक अंकगणितीय ग्रिड पर आरेखित गुणोत्तर श्रेढी के लघुगणक। सारणी 5 4 के आँकड़े।

सारणी 5.4

एक गुणोत्तर श्रेढी तथा गुणोत्तर श्रेढी के लघुगणक

वर्ष (X मूल्य)	Y मूल्य	Y मूल्य का लघुगणक	लघुगणकों की वृद्धि की मात्रा
1968	128	2 107210	..
1969	192	2 283301	.176091
1970	288	2 459392	.176091
1971	432	2 635484	176092*
1972	648	2 811575	.176091
1973	972	2 987666	176091
1974	1,458	3 193758	176092*
1975	2,187	3 339849	.176091

* ये मूल्य थोड़े से भिन्न हैं क्योंकि लघुगणक निकटतम दस लाखवें भाग तक पूर्णांकित किए गए।

चार्ट 5 5 एक अर्ध लघुगणकीय अथवा अनुपात ग्रिड पर आरेखित गुणोत्तर श्रेढी। सारणी 5 2 के आंकडे। छपे हुए अर्ध लघुगणकीय फार्मों में इस चार्ट मे दिखाई गई बीच की रेखाओ से अधिक रेखाएँ होती हैं। ये पास पास खिंची रेखाए आरेखन मे सहायक होती हैं परन्तु इस पुस्तक के अधिकतर चार्टों मे छोड दी गई हैं, क्योंकि पृष्ठ के आकार के अनुसार छोटा करने से परिणाम यह होगा कि ये रेखाएँ एक दूसरी के बहुत निकट आ जाएँगी।

दिखाई गई है और इसके साथ विभिन्न अको के लघुगणक दिए गए है। इन लघुगणको की जाँच से पता चलता है कि उनसे एक समान्तर श्रेढी बनती है। अत. यदि ये लघुगणक एक अकगणितीय ग्रिड पर आरेखित किए जाएँ तो एक सीधी रेखा प्राप्त होगी, जैसा कि चार्ट 5 4 मे देखा जा सकता है। अपने उद्देश्य को पूर्ण करने का यह एक मार्ग है, परन्तु इसमें इससे पूर्व कि आँकडे आरेखित किए जा सके लघुगणक देखने का अतिरिक्त पग आता है। परन्तु एक श्रेणी के मूल्यों के लघुगणको को आरेखित करने की अपेक्षा हम एक ऐसे ग्रिड का प्रयोग कर सकते है जो एक लघुगणकीय ऊर्ध्वाधर पैमाने के साथ बनाया गया है, जैसाकि चार्ट 5 5 मे है। यहाँ पुन हम देखते है कि गुणोत्तर श्रेढी एक सीधी रेखा के तौर पर दिखाई देती है। इस प्रकार का ग्रिड अर्ध लघुगणकीय कहलाता है क्योंकि एक पैमाना लघुगणकीय है और दूसरा अकगणितीय।

लघुगणकीय पैमाना—लघुगणकीय पैमाने के निर्माण म केवल मात्र इतनी बात है कि ऊर्ध्वाधर पैमाने के मूल्यो के बीच म उनके लघुगणको के बीच के अन्तरो के अनुपात म स्थान छोडा जाता है। चार्ट 5 6 की ओर सकेत से यह पता चलेगा कि पैमाने पर 2 से 3 तक दूरी 0 352 इच है और 3 से 4 तक 0 250 इच है। तब हमारे पास निम्नलिखित आ जाता है

प्राकृतिक सख्या	लघुगणक
10	.000
9	.954
8	.903
7	.845
6	.778
5	.699
4	.602
3	.477
2	.30
1	0

.092" .102 .116 .134" .158 .194" .250" .352" .602"

चार्ट 5 6 लघुगणकीय पैमाना। ऊर्ध्वाधर दूरिया लघुगणको के बीच के अतरो के समानुपातिक है। प्रत्येक ऊर्ध्वाधर दूरी इचो मे माप गए लघुगणको के बीच के अन्तर से दुगुनी है।

$$\frac{\text{लघु } 3 - \text{लघु } 2}{\text{लघु } 4 - \text{लघु } 3} = \frac{0\ 35'\ \text{इच}}{0\ 250\ \text{इच}}$$

$$\frac{0\ 477 - 0\ 301}{0\ 602 - 0\ 477} = \frac{0\ 352\ \text{इच}}{0\ 250\ \text{इच}}$$

और अनुपात है

0 176 0 125 · 0 352 इच 0 250 इच।

लघुगणकीय पैमाने को समझने के एक वैकल्पिक तरीके मे लघुगणक नही आते। चार्ट 5 1 के सकेत से स्मरण हो जाएगा कि एक अकगणितीय ग्रिड ऊर्ध्वाधर पैमाने पर समान दूरियाँ समान मात्राओं का प्रतिनिधित्व करती है। परतु एक लघुगणकीय पैमाने के साथ मापी गई समान दूरियाँ समान अनुपातों का प्रतिनिधित्व करती है। चार्ट 5 5 के ऊर्ध्वाधर पैमाने पर यह देखा जा सकता है कि 100 से 200 तक दूरी 0 48 इच है, इसी प्रकार 300 से 600 तक दूरी 0 48 इच है। माप से पता चलेगा कि इस पैमाने पर अनुपात 1 2 की किन्ही भी दो सख्याओ मे 0 48 इच का अन्तर किया गया है। इसी पैमाने पर 200 से 800 तक दूरी 0 9 'इच है और यह परिणाम निकलता है कि अनुपात 1 4 की किन्ही दो सख्याओ के बीच 0 96 इच का अन्तर होगा। इस प्रकार हम देखते हैं कि अर्ध-लघुगणकीय चार्ट प्राय अनुपात चार्ट क्यो कहलाता है।

चार्ट 5 5 का ऊर्ध्वाधर पैमाना दो भागो मे बाँटा गया है जो प्राय चक्र कहलाते है। अत हम उस कागज को जिस पर चार्ट 5 5 खीचा गया है "द्वि-चक्र अर्ध लघुगणकीय कागज" कहते है। एक अर्ध लघुगणकीय चार्ट के ऊर्ध्वाधर पैमाने पर लेबल लगाने मे हम किसी भी धनात्मक मूल्य से प्रारम्भ कर सकते हैं। प्रथम चक्र के शीर्ष पर अक, चक्र के तल के अक से दस गुना होगा, द्वितीय चक्र के शीर्ष पर अक, द्वितीय चक्र (प्रथम चक्र का शीर्ष) के तल के अक से दस गुना होगा इत्यादि।[2] चार्ट 5 7 मे क्रमश 0 1, 1, 2, 5, 10, 17, 25 तथा 50 से प्रारम्भ होने वाले 8 भिन्न लघुगणकीय पैमानो के उदाहरण है। यद्यपि गणित की दृष्टि से किसी धनात्मक मूल्य से लघुगणकीय पैमाने को प्रारम्भ करने की अनुज्ञा है तो भी एक ऐसा पैमाना चुनना उचित है जिससे बीच के मूल्यो का तुरन्त अन्तर्वेशन किया जा सके। 17 से प्रारम्भ होने वाले पैमाने का प्रयोग करना बहुत कठिन होगा। यदि 0 5 से प्रारम्भ होने वाला त्रि-चक्रीय पैमाना लेना वाछनीय हो तो प्रथम पैमाने के विभिन्न मूल्यो को 5 से गुना किया जा सकता है। अधिकतर लाइन लगे हुए अर्ध लघुगणकीय कागज मे ग्रिड के दाएँ किनारे के साथ पैमाने के पदनाम होते हैं। ये गुना करने वाले कारक हैं और ये सकेत करते हैं कि बाएँ पैमाने पर प्रत्येक क्षैतिज रेखा के सामने लिखा जाने वाला

---

2 एक सामान्य लघुगणक वह शक्ति है जिसस दी हुई सख्या प्राप्त करने के लिए 10 को उठाना आवश्यक है। इस प्रकार, $100 = 10^2$ और 100 का लघुगणक 2 0 है, $10{,}000 = 10^4$, तथा 10 000 का लघुगणक 4 0 है।

मूल्य वह मूल्य होना चाहिए जो उस चक्र के नीचे लिखे मूल्य को दाईं ओर के पैमाने पर उस क्षैतिज रेखा के सामने दिखाए अंक से गुना करके आएगा।

यदि लघुगणकीय पैमाना शून्य से प्रारम्भ किया जाए तो प्रथम चक्र का शिखर $10 \times 0 = 0$ होगा और पैमाने पर सभी मूल्य भी शून्य होंगे। कल्पना कीजिए कि त्रि-चक्रीय लघुगणकीय पैमाने का सर्वोपरि मूल्य 0.01 है। तब तीसरे चक्र का तल 0.01 का $\frac{1}{10}$ या 0.001 है, दूसरे चक्र का तल 0.0001 है, और पहले चक्र का तल 0.00001 है।

चार्ट 5.7. लघुगणकीय ऊर्ध्वाधर पैमाने। 17 से प्रारम्भ होने वाले पैमाने का प्रयोग करना कठिन होगा।

अंकगणितीय ऊर्ध्वाधर पमाने

A A —वृद्धि की स्थिर मात्राए दोनों वक्रों के लिए एकसमान
B B —वृद्धि की भिन्न स्थिर मात्राए B के लिए अधिक।
C C —वृद्धि की भिन्न स्थिर मात्राए C के लिए अधिक।
D D —घटने की स्थिर मात्राए दोनों वक्रों के लिए एकसमान।
E E —घटने की भिन्न स्थिर मात्राए E के लिए अधिक
F F —घटने की भिन्न स्थिर मात्राए F के लिए अधिक।
G G —वृद्धि की मात्राए बढ़ती हुई दोनों वक्रों के लिए एकसमान।
H H —वृद्धि की मात्राए घटती हुई दोनों वक्रों के लिए एकसमान।
I I —घटने की मात्राए बढ़ती हुई दोनों वक्रों के लिए एकसमान
J J —घटने की मात्राए घटती हुई दोनों वक्रों के लिए एकसमान।

लघुगणकीय ऊर्ध्वाधर पमाने

a a —वृद्धि की स्थिर प्रतिशतताए दोनों वक्रों के लिए एकसमान।
b b —वृद्धि की भिन्न स्थिर प्रतिशतताए b के लिए अधिक।
c c —वृद्धि की भिन्न स्थिर प्रतिशतताए c के लिए अधिक।
d d —घटने की स्थिर प्रतिशतताए दोनों वक्रों के लिए एकसमान।
e e —घटने की भिन्न स्थिर प्रतिशतताए e के लिए अधिक
f f —घटने की भिन्न स्थिर प्रतिशतताए f के लिए अधिक।
g g —वृद्धि की प्रतिशतताएँ बढ़ती हुई दोनों वक्रों के लिए एकसमान
h h —वृद्धि की प्रतिशतताए बढ़ती हुई दोनों वक्रों के लिए एकसमान।
i i —घटने की प्रतिशतताए बढ़ती हुई वक्रों के लिए एकसमान
j j —घटने की प्रतिशतताए घटती हुई वक्रों के लिए एकसमान।

चार्ट 5 8 क अंकगणितीय तथा अर्ध लघुगणकीय ग्रिड पर वक्र। नीचे के आठ वर्गों मे से प्रत्येक मे दो वक्र ऊर्ध्वाधर रूप से एक दूसरे से समान अंतर पर हैं।

58 ख—अंकगणितीय तथा लघुगणकीय ऊर्ध्वाधर पैमानों के संबंध में आरेखित विभिन्न प्रकार की श्रेणियों की तुलनाएं। एक पैमाने पर दिखाई गई आरेखित श्रेणियां दूसरे पर दिखाई गई के समान बन जाती हैं। ऊपर की तुलनाएं केवल बढ़ती हुई श्रेणियों की ओर संकेत करती हैं। सुझाव दिया जाता है कि पाठक घटती हुई श्रेणियों वाली कुछ तुलनाओं का रेखाचित्र खींचें।

इस प्रकार कोई शून्य आधार रेखा नही हो सकती और अर्ध-लघुगणकीय चार्ट आधार रेखा के ऊपर दूरियों के रूप मे वक्रो की व्याख्या की अनुमति नही देता, जैसे कि अकगणितीय चार्ट देता है, यद्यपि आरेखित मूल्य ऊर्ध्वाधर लघुगणकीय पैमाने के साथ पढा जा सकता है, आरेखित निरपेक्ष परिमाणो का कोई प्रत्यक्ष मत नही बनाया जा सकता। अर्ध-लघुगणकीय चार्ट मे इस प्रकार दिखाया जाता है (1) एक समान अनुपात का परिवर्तन एक सीधी रेखा के तौर पर, (2) वृद्धि या कमी का अनुपात रेखा के झुकाव से, तथा (3) दो या अधिक रेखाओ मे अनुपातो की तुलना इन रेखाओ के समान्तरण या इसके अभाव द्वारा।

जब भी लघुगणकीय पैमाने का प्रयोग किया जाता है तो पर्याप्त रेखाएँ या रेखाएँ और टिक दिखाएँ जाने चाहिए ताकि पाठक को यह जानकारी रहे कि वह अकगणितीय ग्रिड पर खीचे गए चार्ट को नही देख रहा है। क्योकि लघुगणकीय पैमाने के अतिरिक्त अन्य असमान अन्तर वाले पैमाने (उदाहरणार्थ, व्युत्क्रम पैमाना) है, अत कभी-कभी यह कहना भी वाछनीय है · "अनुपात चार्ट", "अर्ध-लघुगणकीय चार्ट", या "लघुगणकीय ऊर्ध्वाधर पैमाना"।

नोट कीजिए कि लघुगणकीय पैमाने मे एक समाकल सख्या मे चक्र आ सकते हैं, जैसा कि चार्ट 5 5 मे है, जिसमे दो चक्र हैं और चार्ट 5 9 मे, जिसमे एक चक्र है। दूसरी ओर हम एक चक्र के भाग का प्रयोग कर सकते हैं, जैसा कि चार्ट 13.1 मे है, अथवा हम एक या अधिक चक्र तथा दूसरे चक्र के भाग का प्रयोग कर सकते हैं, जैसा कि चार्ट 11.4B मे है।

वक्रो की व्याख्या—अर्ध-लघुगणकीय चार्ट के अनुप्रयोगो का विचार प्रारम्भ करने से पूर्व, चार्ट 5 8 क तथा 5 8 ख और उनके नीचे की टिप्पणियो की ओर ध्यान दिया जाना चाहिए। जब अर्ध-लघुगणकीय कागज पर दो सीधी रेखाएँ समान्तर है (उदाहरणार्थ a, a'; d, d'), तो हम जानते हैं कि उनके परिवर्तन के स्थिर अनुपात है और यह भी कि दोनो के बीच अनुपात स्थिर रहा है। वक्र रेखाओ के बीच समान्तरण को आँख से आँकना बडा कठिन है। चार्ट 5 8 क के नीचे के भागो की ओर सकेत से पता चलेगा कि वक्र रेखाओ मे सदा एक समान ऊर्ध्वाधर अन्तर है और इस प्रकार प्रत्येक भाग मे दोनो वक्र X-अक्ष के सबध मे समान्तर हैं।

अनुप्रयोग

वृद्धि अथवा ह्रास के अनुपातो की तुलना क्योकि अर्ध-लघुगणकीय चार्ट के ऊर्ध्वाधर पैमाने पर शून्य नही है और इसीलिए कोई आधार रेखा नही है और क्योकि समान ऊर्ध्वाधर दूरियाँ (उसी पैमाने पर) सदा एकसमान अनुपात का प्रतिनिधित्व करती हैं, (इसलिए) विभिन्न परिमाण के वक्रो को तुलना के लिए साथ-साथ लाने के लिए दो या अधिक भिन्न ऊर्ध्वाधर पैमानो के प्रयोग की अनुज्ञा है। ऐसा चार्ट 5 9 मे दिया गया है जो पहले चार्ट 5 3 मे अकगणितीय ग्रिड पर दिखए गए मोटर गाडियो के पजीकरणो के आँकडे प्रस्तुत करता है। अर्ध-लघुगणकीय चार्ट के ऊर्ध्वाधर पैमाने के स्थानान्तरण से वक्र ऊपर या नीचे चला जाता है परन्तु झुकाव, जो कि अत्यन्त महत्वपूर्ण है इसमे नही बदलता। दो लघुगणकीय पैमानो का प्रयोग करते समय, जैसा कि चार्ट 5 9 मे है, छोटे परिमाण की श्रेणियो को बडे परिमाण के नीचे रखना वाछनीय है (यद्यपि पूर्णरूपेण आवश्यक नही)। इसी प्रकार यदि एक या अधिक भागो की कुल से तुलना की जा रही हो तो भागो के लिए वक्र कुल के लिये वक्र से नीचे होने चाहिएँ।

चार्ट 5 9 1928 से 1964 तक संयुक्त राज्य और कैनेडा मे मोटर गाड़ियों के पजीकरण। आंकड़े चार्ट 5 3 के नीचे दिए स्रोतो से।

चार्ट 5.3 से सयुक्त राज्य मे या कैनेडा मे मोटर गाड़ियो के पजीकरणो की सापेक्ष वृद्धि का हमे कोई आभास नही हुआ। परन्तु चार्ट 5 9 मे प्रत्येक श्रेणी के लिए सापेक्ष वृद्धि दिखाई गई है और इससे हम इन दो असमान आकार की श्रेणियो की वृद्धि के अनुपातो की तुलना करने के योग्य हो जाते है। सामान्य तौर पर, दोनो श्रेणियो मे सारी अवधि मे वृद्धि और कमी के लगभग समान अनुपात दिखाए गए हैं। तो भी 1947 से 1964 तक वृद्धि का अनुपात कैनेडा के लिए अधिक दिखाई पडता है। चार्ट 5 9 पर पैमाने से किसी एक वर्ष से अगले वर्ष तक दिखाए गए वक्रो के लिए वृद्धि या कमी के अनुपात का अनुमान करना सभव हो जाता है। परन्तु यह बात अन्य चार्टों पर लागू नही होगी, जिनके पैमाने भिन्न है।

सयुक्त राज्य और कैनेडा मे मोटर गाड़ियो के पजीकरणो मे सापेक्ष परिवर्तन को दिखाने का एक वैकल्पिक ढग प्रति वर्ष प्रतिशत परिवर्तन का हिसाब लगाना और परिणामों को एक अकगणितीय ग्रिड पर आरेखित करना है। ऐसा चार्ट 5 10 मे किया गया है।

एक ही कालावधि मे दो भिन्न श्रेणियो के प्रतिशत परिवर्तन की तुलना करने की अपेक्षा विभिन्न समयो पर उन्ही श्रेणियो की वृद्धि के अनुपातो की तुलना करने मे हमारी रुचि हो सकती है। इस प्रकार चार्ट 5 9 में हम देख सकते हैं कि सयुक्त राज्य मोटर गाड़ी पजीकरणो की प्रतिशत वृद्धि 1954 से 1955 तक 1955 से 1956 तक की अपेक्षा अधिक थी और साथ ही सापेक्ष कमी 1942 से 1943 तक 1937 से 1938 तक की अपेक्षा अधिक थी। इसी प्रकार के निष्कर्ष चार्ट 5 10 से निकाले जा सकते हैं।

ऐसी श्रेणियो की तुलना करना बहुधा आवश्यक है जो भिन्न इकाइयो मे व्यक्त की गई हो। उदाहरणार्थ, हम निम्न मे से किन्ही दो या अधिक की तुलना कर सकते हैं व्यापारिक विफलताएँ, दस लाख डालरो में, स्टॉक बाजार म व्यापार की मात्रा, बेचे गए हिस्सो

चार्ट 5 10 1928 से 1964 तक संयुक्त राज्य और कैनेडा मे मोटर गाड़ियों के पंजीकरणों मे वृद्धि या कमी का वार्षिक प्रतिशत। चार्ट 5 3 के नीचे दिए गए स्रोतो से लिए आँकड़े।

की संख्या में, कोयला उत्पादन, 2,000 पाउंड टनो मे, पैट्रोल का उत्पादन, 42 गैलन के बैरलो मे, इमारती लकडी का उत्पादन, बोर्ड फुटो मे, सीमेन्ट उत्पादन, 376-पाउंड बैरलो मे, उत्पादित विद्युत् शक्ति, किलोवाट घण्टों मे, निर्मित गैस, घन फुटों मे। 376-पाउंड बैरलो को टनो मे परिवर्तित करना सभव है, परन्तु किलोवाट घटो को बोर्ड फुटो मे बदलना या इसके विपरीत संभव नही है।

विभिन्न इकाइयो मे अभिव्यक्त दो श्रेणियो को जब अकगणितीय ग्रिड पर आरेखित किया जा सकता है, तब बहुधा ऐसा नही है कि इस प्रकार की तुलना उपयोगी हो। दो श्रेणियाँ साथ साथ घटती-बढती है कि नहीं इतना निश्चित करने के अतिरिक्त हमारी रुचि किलोवाट घंटो मे विद्युत् शक्ति उत्पादन के परिवर्तनो की बैरलो मे सीमेन्ट उत्पादन के परिवर्तनो से तुलना की संभावना नहीं है। इसके स्थान पर हमारी इच्छा विद्युत् शक्ति उत्पादन के प्रतिशत परिवर्तन की सीमेन्ट उत्पादन के प्रतिशत परिवर्तन से तुलना करने की हो सकती है। अर्ध-लघुगणकीय ग्रिड पर शून्य आधार रेखा नहीं है, केवल वक्र का झुकाव अर्थपूर्ण है, और हम इस प्रकार की असमान इकाइयो मे व्यक्त, जिनका अभी-अभी वर्णन हुआ है, दो श्रेणियो मे सापेक्ष परिवर्तनो की उचित तुलना करने के योग्य हो गए हैं। चार्ट 5 11 मे 1950 से 1964 तक विद्युत् शक्ति और पोर्टलैंट सीमेन्ट के उत्पादन की तुलना दिखाई है। अन्य रुचिकर तुलनाओ मे 1950 से 1957 तक विद्युत् शक्ति के उत्पादन मे वृद्धि के अधिक तीव्र अनुपात और 1956 और 1959 मे सीमेन्ट के उत्पादन मे दो शिखरो को नोट किया जा सकता है।

चार्ट 5 11 1950 से 1964 तक विद्युत् शक्ति तथा पोर्टलैंड सीमेन्ट का उत्पादन। आंकडे *स्टैटिस्टिकल ऐब्सट्रैक्ट आफ दि यूनाइटिड स्टेट्स* की विभिन्न प्रतियो और *सर्वे आफ करन्ट बिजनेस*, मई 1965, पृष्ठ एस 26 तथा एस 38 से। 1951 के लिए सीमेन्ट का उत्पादन अनुमानित है।

उतार-चढावो की तुलना—दो भिन्न आकार की तैथिक श्रेणियो मे हो रहे उतार-चढावो की तुलना का उदाहरण चार्ट 5 3 तथा 5 9 मे दिया जा सकता है, जिनमे 1928 से 1964 तक के लिए सयुक्त राज्य और कैनेडा म मोटर गाडी पजीकरणो की सख्या दिखाई गई है। दोनो श्रेणियाँ दस लाख मे व्यक्त की गई है, परन्तु सयुक्त राज्य के पजीकरण कैनेडा से बहुत अधिक है। परिणाम यह है कि जब दोनो श्रेणियाँ अकगणितीय ग्रिड पर दिखाई गई हैं, जैसाकि चार्ट 5 3 मे है, तो बडी श्रेणी के उतार-चढाव स्पष्ट रूप से देखे जा सकते है परन्तु छोटी श्रेणी के उतार-चढाव दिखाई नही देते। जब दोनो समुच्चयो के आंकडे अर्धगणकीय ग्रिड (चार्ट 5 9) पर चित्रित किए गए है तो न केवल दोनो श्रेणियो के उतार-चढाव देखे जा सकते है, बल्कि उनकी सापेक्ष तीव्रता की तुलना की जा सकती है। उदाहरण के लिए, चार्ट 5 9 से यह स्पष्ट है कि 1949 से 1952 तक कैनेडा के पजीकरणो की वृद्धि का अनुपात इन्ही वर्षो के लिए सयुक्त राज्य के पजीकरणो मे वृद्धि के अनुपात से अधिक था, और यह भी कि 1941 से 1943 म कैनेडा की अपेक्षा सयुक्त राज्य मे सापेक्ष कमी अधिक थी। ये आंकडे उतार-चढावो की तुलना मे सन्निहित सिद्धातो के उदाहरण हैं। अधिक सामान्य तौर पर विश्लेषणो का सबध पजीकरणो के आंकडो की अपेक्षा उत्पादन और उपभोग मे उतार-चढावो के साथ अधिक होगा।

दो श्रेणियो मे रुचि लेने की बजाय हमारी इच्छा एक ऐसी अकेली श्रेणी की तरगो की तुलना करने की हो सकती है जो एक कालावधि मे अपेक्षाकृत छोटे मूल्यो के इर्द-गिर्द और अन्य समय मे निश्चित तौर पर बडे मूल्यो के इर्द-गिर्द घटी-बढी। उदाहरणार्थ, 1921 से 1935 तक व्यापारिक दिक्कतऍ लगभग 22 हजार वार्षिक थीं। 1941 से 1950 तक वे लगभग 5,500 वार्षिक थी। 1960 मे उनकी औसत सख्या लगभग 16,000 वार्षिक रही। अर्ध-लघुगणकीय चार्ट की सहायता से इस प्रकार के विभिन्न समयो मे उतार-चढावो की सापेक्ष तीव्रता का हम अध्ययन करने के योग्य हो जाते है।

अनुपातों का दिग्दर्शन—चार्ट 5.12 मे दिखाया है कि अर्ध-लघुगणकीय चार्ट पर अनुपात कैसे प्रस्तुत किए जा सकते हैं। दो आरेखित श्रेणिया किसानो द्वारा मक्का के लिए

चार्ट 5 12 1940 से 1964 तक मक्का की प्रति बुशल और सुअरो की प्रति सौ पाउन्ड औसत फार्म कीमतें। पूरक पैमाने की सहायता से हम किसी वर्ष के लिए मक्का के मूल्य के सम्बन्ध में सुअर की कीमतो का अनुपात पढ़ने के योग्य हो जाते हैं। मूल्य 13 मक्का की रेखा के सामने रखा गया है और सुअर की रेखा के सामने के मूल्य से प्रति बुशल मक्का की कीमत के सम्बन्ध मे प्रति सौ पाउंड सुअर की कीमत का अनुपात प्राप्त होता है। 1958 के लिए अनुपात 19 से थोड़ा सा कम दिखाया गया है जिसका चार्ट 5 13 से सत्यापन किया जा सकता है। पूरक पैमाना उसी प्रकार अंशांकित किया गया है जैसे चार्ट के दाइं ओर का पैमाना। जब 13 मक्का की रेखा के सामने रखा गया है क्योंकि सुअर की कीमतो के लिए पैमाने पर एसे मूल्य हैं जो मक्का की कीमतो के लिए पैमाने पर तदनुसार मूल्यो से 13 गुना हैं। आंकडे कृषि विभाग, एग्रीकल्चरल स्टैटिस्टिक्स, *1964*, पृष्ठ 330 तथा स्टैटिस्टिकल ऐब्स्ट्रैक्ट आफ दि युनाइटिड स्टेट्स, *1965*, पृष्ठ 651 स।

प्राप्त प्रति बुशल मूल्य और किसानो द्वारा सुअरो के लिए प्राप्त प्रति 100 पाउन्ड मूल्य हैं। जब मक्का के लिए सुअरो की कीमत से कम कीमत प्राप्त होती है तो किसानो को प्राय नकदी के बदले मक्का बेचने की अपेक्षा मक्का सुअरो को खिलाना लाभदायक प्रतीत होगा। दूसरी ओर, जब मक्का के लिए सुअरो के लिए प्राप्त कीमत से अधिक कीमत प्राप्त हो रही हो तब किसानो की प्रवृत्ति नकदी के बदले मक्का बेचने की होगी। यदि किसान को 100 पाउन्ड सुअरो से, मक्का के एक बुशल से लगभग 13 गुना प्राप्ति होती है तो किसान के लिए यह बात प्राय नगण्य होगी कि वह अपना मक्का नकदी के बदले मे बेचता है या मक्का अपने सुअरो को खिलाता है।[3] इस कारण चार्ट 5 12 के दो पैमाने 13 . 1 के अनुपात म रखे गए हैं।[4] चार्ट म न केवल सुअरो की कीमत और मक्का की कीमत मे उतार-चढ़ाव दिखाया गया है परन्तु इससे यह देखना भी सरल हो जाता है कि कब 100 पाउन्ड सुअरो की कीमत मक्का के 1 बुशल की कीमत से ठीक 13 गुना है, इससे अधिक

3 पृष्ठ 131 देखिये जहाँ सुअर-मक्का के अनुपात का विवरण दिया गया है।

4. सुअर की कीमतों का पैमाना अनुपयुक्त है परन्तु इस उदाहरण मे आवश्यक है।

चार्ट 5.13 1940 से 1964 तक सुअर मक्का अनुपात। सुअरों की प्रति सौ पाउन्ड औसत फार्म कीमत को मक्का की प्रति बुशल औसत कीमत से भाग करके अनुपात प्राप्त किया गया है यह अनुपात बताए मूल्यों पर सौ पाउड जीवित सुअर खरीदने के लिए आवश्यक मक्का के बुशलों की संख्या है। आंकड़े चार्ट 5.12 के नीचे दिए गए स्रोतों से।

है या कम है। जब 100 पाउन्ड सुअर मक्का के एक बुशल के 13 गुना से अधिक के लिए बिक रहा है तो सुअरों का वक्र मक्का के वक्र से ऊपर है, सुअर अपेक्षाकृत मूल्यवान् हैं और किसानों की प्रवृत्ति अपने सुअरों को मक्का खिलाने की है। जब 100 पाउड सुअर मक्का के एक बुशल के 13 गुना से कम के लिए बिक रहा है तो सुअरों का वक्र मक्का के के वक्र से नीचे है, मक्का अपेक्षाकृत मूल्यवान् है और किसानों की नकदी के बदले मक्का बेचने की प्रवृत्ति है। जब दोनों वक्र समानान्तर है, तो अनुपात स्थिर रहता है जब मक्का की कीमत का वक्र सुअर की कीमत के वक्र की अपेक्षा अधिक तीव्रता से ऊपर की ओर (अथवा कम तीव्रता से नीचे की ओर) झुका हुआ है तो मक्का सुअरों की अपेक्षा अधिक मूल्यवान् हो रहा है, जब मक्का के मूल्य का वक्र सुअर की कीमत के वक्र की अपेक्षा कम तीव्रता से ऊपर की ओर (या अधिक तीव्रता से नीचे की ओर) झुका हुआ है तो मक्का सुअरों की अपेक्षा कम मूल्यवान् हो रहा है। पूरक पैमाने से, जो कागज का अलग टुकड़ा है और जो चार्ट पर दिखाया गया है, पाठक किसी भी समय दोनों कीमत वक्रों के बीच अनुपात मापने के योग्य हो जाता है।

चार्ट 5.13 में सुअर और मक्का की कीमतों के बीच सम्बन्ध दिखाने के एक अन्य ढंग का उदाहरण है। यहाँ मक्का की कीमतों के सम्बन्ध में सुअर की कीमतों के अनुपात का प्रत्येक मास के लिए परिकलन किया गया है और एक अगणनीय ग्रिड पर (उसे) आरेखित किया गया है। अनुपात का पूरक पैमाने के प्रयोग के बिना अध्ययन किया जा सकता है, परन्तु मक्का कीमतों और सुअर कीमतों में परिवर्तन नहीं दिखाए गए हैं।

अन्तर्वेशन तथा बाह्यवेशन—जबकि एक अकगणितीय चार्ट पर अन्तर्वेशन एक अकगणितीय अन्तर्वेशन है, अर्ध-लघुगणकीय चार्ट पर अन्तर्वेशन एक लघुगणकीय अन्तर्वेशन है। इस प्रकार यदि हम चार्ट 5.5 की ओर निर्देश करें और ग्राफ के द्वारा 1972 और 1973 के बीच में Y मूल्य के लिए अन्तर्वेशन करें तो हमें लगभग 790 प्राप्त होता है,

चार्ट 5 14 संयुक्त राज्य के पूर्व दक्षिण केन्द्रीय मंडल मे 1800 से 1960 तक पुरुष जनसख्या तथा 1970 के लिए स्थुल अनुमान । अर्ध लघुगणकीय चार्ट का एक सदिग्ध प्रयोग । पूर्व दक्षिण केन्द्रीय विभाग मे अन्तर्भूत राज्य हैं अलबामा, केंटकी, मिसिस्सीपी और टैनेसी । आंकडे, सयुक्त राज्य जनगणना ब्यूरो, *यू० एस० सेंसस आफ पापूलेशन, 1950,* खण्ड I, *निवासियो की सख्या,* पृष्ठ *1—8* और *1—9* तथा *1960,* खण्ड I, *कैरैक्ट्रिस्टिक्स आफ दि पापूलेशन,* भाग *I, यू० एस० समरी,* पृष्ठ 1—264 से ।

जो लगभग वही अक है जो हमे तब प्राप्त होता है जब हम (लघु 648+लघु 972) —2 का प्रयोग करें और निष्कर्ष का प्रति-लघुगणक लें ।

बाह्यवेशन मे वक्र के एक सिरे को *या* दूसरे सिरे को *बढाना होता है । यदि हम* जिन वर्षों के लिए हमारे पास आंकडे हैं उनसे बाद के वर्षों के लिए अनुमान करने के लिए वक्र को बढावें तो हम पूर्वानुमान कर रहे हैं । अर्ध-लघुगणकीय चार्ट के इस प्रयोग का निश्चित तौर पर सदिग्ध मूल्य है यदि इसका तात्पर्य केवल एक ऐसे वक्र को बढाना है जो भूतकाल मे यह सकेत कर चुका हो कि आंकडे काफी स्थिर वृद्धि की दर का प्रदर्शन करते है । किसी भी पूर्वानुमान के ढग पर, जिसमे केवल मात्र एक वक्र का सातत्य या एक सूत्र का स्वय प्रयोग आता है (और) साथ-साथ अध स्थ एव सशोधक कारकों का ध्यानपूर्वक विचार आवश्यक नही है, कठिनता से ही निर्भर कर सकते हैं, विशेष तौर पर यदि आर्थिक *स्थितियाँ परिवर्तन की स्थिति मे है । चार्ट 5 14 का वक्र 1800 से 1960 तक सयुक्त* राज्य के पूर्व दक्षिण केन्द्रीय विभाग की चौदह वर्ष और अधिक आयु की पुरुष जनसख्या दिखाता है । यद्यपि वक्र का विस्तार 1970 के लिए सभावित अनुमान की ओर सकेत करता है तथापि यह अनुभव करना चाहिए कि केवल पहले की जनगणनाओं के ज्ञान पर आधारित 1970 की जनसख्या के किसी अनुमान की कोई मान्यता नही हो सकती । निम्न प्रकार के विचारो की उपेक्षा कर दी गई है मडल की ओर (या से) उद्योग की गतियाँ, अन्य कही स्थित नगरो के विकेन्द्रीकरण के कारण विभाग मे जनसख्या मे सभावित

वृद्धि, विभाग से नीग्रो लोगों की सतत गति या उस गति का वैपरीत्य, तथा अन्य कारक।[5]

अब जबकि पाठक को अर्ध-लघुगणकीय चार्ट के स्वरूप और प्रयोगों से परिचय है वह पुस्तकों, लेखों या प्रतिवेदनों में अकगणितीय चार्टों की कभी-कभी प्रस्तुति नोट कर सकता है जबकि अर्ध-लघुगणकीय चार्ट अधिक उपयुक्त होते हैं, इसके विपरीत गलती मुश्किल से ही की जाती है। प्रत्येक प्रकार के चार्ट से एक उपयोगी किन्तु बिल्कुल भिन्न प्रयोजन सिद्ध होता है। अकगणितीय चार्ट उस समय प्रयोग मे लाना चाहिए जब निरपेक्ष तुलनाएँ वाछनीय हो (चार्ट 5 10 तथा 5 13 अनुपातो की निरपेक्ष तुलनाएँ हैं), अर्ध-लघुगणकीय चार्ट उस समय प्रयोग मे लाना चाहिए जब सापेक्ष तुलनाएँ करनी हो।

लघुगणकीय पैमानो का निर्माण

एक लघुगणकीय चक्र दस गुना वृद्धि को स्थान दे देगा, दो चक्र सौ गुना वृद्धि का प्रबन्ध कर देते है। इस अध्याय में समाविष्ट विभिन्न चार्टों की ओर निर्देश से पता चलेगा कि किसी ऊर्ध्वाधर लघुगणकीय पैमाने का विस्तार (चार्ट 5 7 म दिखाए पैमानो को छोडकर) दो चक्रो से अधिक नही होता। द्वि-चक्र अर्ध-लघुगणकीय कागज उन अधिकतर श्रेणियो के लिए पर्याप्त होगा जिनका चार्ट निर्माता से वास्ता पडने की सभावना है, उसे तीन चक्रो से अधिक वाले कागज की विरले ही आवश्यक्ता होगी क्योकि इसमे हजार गुना वृद्धि आ जाती हैं। उन स्थितियो मे भी जहाँ बहुत छोटे परिमाण की श्रेणी की बहुत बडे परिमाण की श्रेणी से तुलना करना आवश्यक है, कई एक चक्रो की आवश्यकता नही होती, क्योकि तुलना के लिए दो चक्रो को साथ लाने के लिए दो ऊर्ध्वाधर पैमानो का प्रयोग वाछनीय है, जैसा कि चार्ट 5 9 मे है। अनेक प्रकार के लाइन लगे अर्ध-लघुगणकीय कागज विभिन्न स्रोतो से प्राप्त है। तो भी यदि केवल द्विचक्र कागज ही प्राप्त हो और अधिक चक्रो वाले कागज की आवश्यकता हो तो केवल मात्र द्वि-चक्र कागज के तख्ते से नीचे का किनारा काटना और इसे अन्य तख्ते के ऊपर चिपकाना आवश्यक है।

कभी-कभी एक या द्वि-चक्र कागज का प्रयोग वाछनीय हो सकता है, परन्तु जो तुरन्त प्राप्त है उनसे बडे या छोटे आकार के चक्र के साथ। अर्ध-लघुगणकीय कागज को एक साधारण तख्ते का प्रयोग करके और इसकी चोटी पर सादे कागज का एक तख्ता तिरछा रख कर लघुगणकीय पैमाने का प्रसार किया जा सकता है। लघुगणकीय पैमाने को एक सादे कागज के टुकडे पर अर्ध-लघुगणकीय कागज के एक तख्ते को तिरछा रखकर और क्षैतिज रेखाएँ लगाकर सिकोडा जा सकता है। हाँ, इस प्रकार से किसी भी सख्या मे चक्र निकाले जा सकते है। पैमाने के प्रसार, पैमाने के सकोच और पैमाने के परिवर्तन की विधियो के उदाहरणो के लिए मूल अग्रेजी पुस्तक के द्वितीय सस्करण मे पृष्ठ 114—115 देखिए।

ऐसी अवस्था मे जब कोई उपयोगी लघुगणकीय कागज और किसी प्रकार के लघुगणकीय पैमाने प्राप्त न हों, किसी भी वाँछित आकार का लघुगणकीय पैमाना

---

5 जनसख्या का पूर्वानुमान करने मे आने वाली समस्याओ का विवरण सयुक्त राज्य व्यापार विभाग द्वारा परिचालित वान ब्योरेन हरेनबरी द्वारा लिखित 'वेंटर पापूलेशन फोरकास्टिंग फार एरियाज एन्ड कम्युनिटीज" म दिया गया है।

लघुगणको की सारणी के निर्देश से बनाना सभव है। पैमाने के मूल्यो के बीच उनके लघुगणकों के बीच के अन्तरो के अनुपात मे अन्तर छोडकर किसी भी सुविधाजनक इकाई के रूप मे पैमाने का निर्माण किया जा सकता है। नीचे दिखाए गए अको से यह दिखाई पड़ता है कि 1 से 2 तक दूरी 0 301030 इकाइयाँ होगी, 2 से 3 तक दूरी 0 176091 इकाइयाँ होगी, इत्यादि। बीच के मूल्यो का इसी प्रकार स्थानाकन किया है।

पैमाने का मूल्य	लघुगणक	अन्तर
1	0	
2	0 301030	0 301030
3	0 477121	0 176091
4	0 602060	0 124939
5	0 698970	0 096910
6	0 778151	0 079181
7	0 845098	0 066947
8	0 903090	0 057992
9	0 954243	0 051153
10	1 000000	0 045757
20	1 301030	0 301030
30	1 477121	0 176091
40	1 602060	0 124939
50	1 698970	0 096910
60	1 778151	0 079181
70	1 845098	0 066947
80	1 903090	0 057992
90	1 954243	0 051153
100	2 000000	0 045757

लघुगणकीय पैमानो की उपयोगिता इस अध्याय मे दिखाए गए प्रयोगा तक सीमित नही है। अध्याय 23 मे हम एक क्षैतिक लघुगणकीय पैमाने और एक अकगणितीय ऊर्ध्वाधर पैमाने का प्रयोग करेंगे। अध्याय 20 मे हम दोनो क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर अक्षो पर लघुगणकीय पैमानों का प्रयोग करेंगे।

6

लेखाचित्री निरूपण III : चार्टों के अन्य प्रकार

साख्यिकीय सूचना प्रस्तुत करने के लिए वक्रो के अतिरिक्त कई अन्य लेखाचित्रीय विधियाँ उपलब्ध हैं। इस अध्याय मे हम दड चार्टों, वृत्तारेखो, चित्रलेखो तथा साख्यिकीय नक्शो की ओर सक्षिप्त ध्यान देगे।

तुलना के आधार

चार्ट 6.1 मे दिखाया गया है कि इन तीन प्रकार के चित्रो के द्वारा खेतो पर ट्रैक्टरो की सख्या की किस प्रकार तुलना की जा सकती है (A), दड चार्ट, जिसमे एक-विम तुलनाएँ आती है, (B) *तथा* (C), *वृत्त तथा वर्ग, जिनमे द्वि-विम तुलनाएँ आती है, तथा* (D) त्रि-विम तुलना, जिसका विभिन्न आकारो के ट्रैक्टरो से प्रतिनिधित्व होता है। चार्टों के पाठको पर दिखाए गए परिमाणो का सबसे अधिक ठीक प्रभाव उस समय पडता है जब आँकडो का दड चार्टों के द्वारा प्रतिनिधित्व होता है और सबसे कम ठीक प्रभाव उस समय जब आँकडो का प्रतिनिधित्व आयतन आरेखो द्वारा होता है। क्षेत्र आरेखो का निर्णय आयतन आरेखो की अपेक्षा अधिक सही होता है, परन्तु दड चार्टों की अपेक्षा कम सही।[1] *यह भी स्मरण रखना चाहिए कि छपे हुए पृष्ठ पर दिखाए आयतन आरेखो से पाठक के* लिए यह आवश्यक हो जाता है कि अपनी तुलना करने से पूर्व वह तृतीय विमीय प्रत्यक्षीकरण करे। वर्गों, वृत्तो, या विभिन्न आकार के चित्रो का प्रयोग करने वाले चार्टों की एक अन्य हानि यह है कि पाठक इस बारे म अनिश्चित हो सकता है कि ऊँचाइयो, क्षेत्रो, अथवा आयतनो की तुलना की जाए। किसी भी स्थिति मे जिस आधार पर चित्र खीचा गया या उसका सकेत देना चाहिए। *यदि यह तर्क प्रस्तुत किया जाए कि ट्रैक्टर जैसे पदार्थों के आकार की तुलना का ठीक आधार विभिन्न ट्रैक्टरो का आभासी भार है, और यदि चार्ट निर्माता ने* ट्रैक्टरो को इस प्रकार बनाया है ताकि विभिन्न वर्षों मे ट्रैक्टरो की सख्या ट्रैक्टरो की ऊँचाई या लम्बाई से दिखाई गई है, जैसा कि कभी-कभी किया जाता है, तब वह पाठक जो आभासी भार (आवश्यक तौर पर आयतन) के आधार पर आकारो का निर्णय करता है, विभिन्न वर्षों मे ट्रैक्टरो की सख्या मे परिवर्तन का बढा-चढा प्रभाव ग्रहण करेगा।

समाचार-पत्रो और पत्रिकाओ मे प्राय आयतन तुलनाओ वाले चार्ट आते हैं। इस अध्याय मे आगे हम यह देखेगे कि चित्रलेखो की सहायता से चित्रो का ध्यानाकर्षक मूल्य

---

1. देखिए, "ग्राफिक कम्पैरिसन्ज बाई बार्स, स्क्वेयर्ज, सर्कल्ज, एन्ड क्यूब्ज", द्वारा फ्रेडरिक ई० क्रॉसटन तथा हेरोल्ड स्टीन, *जर्नल ऑफ दि अमेरिकन स्टैटिस्टिकल एसोसिएशन*, मार्च 1932, पृष्ठ 54—60।

चार्ट 6 1 सयुक्त राज्य मे 1940, 1950 1960, 1962, तथा 1964 मे खेतो पर ट्रैक्टरो की सख्या । आंकडो का प्रतिनिधित्व (A) दडो, (B) वृत्तों, (C) वर्गों, तथा (D) ट्रैक्टरो के चित्रो द्वारा किया गया है। भाग A मे रेखीय तुलनाएँ आती हैं, भाग B और C मे क्षत्रा की तुलनाओ की आवश्यकता है भाग D मे आयतनो की तुलनाएँ आवश्यक हैं। आंकड एग्रीकल्चरल स्टैटिस्टिक्स, *1962*, पृष्ठ 520, *1963*, पृष्ठ 442, *1964* पृष्ठ 440 से लिए गए। 1964 के आंकडे प्रारम्भिक हैं।

प्राप्त करना तथा साथ ही, जितने दड चार्टों से प्राप्त किए जा सकते है, उतने सही प्रत्यक्ष प्रभाव प्राप्त करना कैसे सभव है ।

दंड चार्ट

चार्ट 6.1 के भाग A मे दिखाया गया दड चार्ट किसी पैमाने का प्रयोग न करने वाला एक सरल प्रकार है । चार्ट 6 2 मे वही आँकडे एक ऐसे दड चार्ट की सहायता से दिखाए गए हैं जिसका एक पैमाना है और जो इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए कि कालावधियाँ बदलती हैं, दडो के बीच के स्थान मे भी परिवर्तन लाता है । जब

चार्ट 6 2 सयुक्त राज्य मे 1940, 1950, 1955, 1960, 1962, तथा 1964 मे खेतो पर ट्रैक्टरो की सख्या । चार्ट 6 1 के नीचे दिए स्रोतों से लिए आकडे ।

चार्ट से केवल बहुत सामान्य प्रभाव डालने की अपेक्षा होती है तो पैमाने के प्रयोग के बिना ही साधारण दड चार्ट बनाए जा सकते हैं, जैसा कि चार्ट 6 1 के भाग A मे है । परन्तु जब विभिन्न पैमाने प्रयोग करने वाले दो (या अधिक) दड चार्ट सन्निधि मे है और उनकी एक दूसरे से तुलना की जा सकती है तब पैमाने दिखाने चाहिएँ । एक अन्य सावधानी पैमाने पर शून्य की उपस्थिति से सबधित है, चार्ट 6 3 में जिसमे शून्य नही है यह दिखाया गया है कि इस प्रकार के चार्ट मे शून्य का लोप ठीक उतना ही भ्रामक है जितना कि अकगणितीय वक्रो के मामले मे । परन्तु चार्ट 6 4, भ्रामक छाप छोडे बिना, स्थान की बचत का एक अच्छा उदाहरण है । यह पैमाने के विच्छेद द्वारा सम्पन्न किया जाता है ।

पहले के सभी दड चार्टो मे तैथिक आँकडे दिखाए गए थे और प्रथागत विधि का अनुकरण करके दडो की ऊर्ध्वाधर रूप से व्यवस्था की गई थी । सख्यात्मक दृष्टि से वर्गीकृत आँकडो के लिए ऊर्ध्वाधर दडो का भी प्रयोग करना चाहिए, उदाहरणार्थ, सयुक्त राज्य मे वय दलो की दृष्टि से या पढाई के वर्षो के अनुसार वर्गीकृत व्यक्तियो की सख्या के आँकडे । दूसरी ओर, गुणात्मक या भौगोलिक दृष्टि से वर्गीकृत आँकडो की तुलनाएँ करते समय, प्राय क्षैतिज दडो का प्रयोग किया जाता है । चार्ट 6 5 मे 1964 मे सयुक्त राज्य में चुने हुए नए निर्माण कार्य के मूल्यो की ऐसी तुलना दिखाई गई है ।

दड चार्टों के निर्माण म किसी निश्चित नियम का पालन नही करना होता। फिर भी कुछ विचार सहायक हैं।

(1) अलग-अलग दड न तो बहुत अधिक छोटे और चौडे और न बहुत लम्बे और तग होने चाहिएँ।

(2) दडो को ऐसे स्थानो से अलग करना चाहिए जो एक दड की चौडाई के लगभग ½ से कम अथवा एक दड की लगभग चौडाई से अधिक न हो।

(3) पैमाना प्राय उपयोगी होता है। यह चार्ट के दड से (या बाईं ओर के दड से, यदि दड ऊर्ध्वाधर हैं) एक दड की चौडाई का लगभग ¼ होना चाहिए।

चार्ट 6 3 ऊर्ध्वाधर पैमाने पर शून्य के बिना एक दड चार्ट। आँकडो से 1950 से 1965 तक एक अफ्रीकी राष्ट्र के निर्यात (सोना मिला कर) तथा आयात दिखाए गए हैं। 1966 मे उस राष्ट्र के वाणिज्य दूतावास द्वारा दिए गए विज्ञापन से लिया गया चार्ट।

चार्ट 6 4 1951 से 1965 तक केन्द्रीय अमरीकन सामान्य मन्डी में कुल राष्ट्रीय उत्पाद। चार्ट अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष तथा प्रथम राष्ट्रीय सिटी बैंक से लिया गया। पैमाने के विच्छेद से भ्रामक प्रभाव नही पड़ते।

चार्ट 6 5 1964 मे सयुक्त राज्य मे चुने हुए नए निर्माण कार्य का मूल्य । आंकड़े *फेडरल रिजर्व बुलेटिन*, अप्रैल 1965, पृष्ठ 597 से ।

चार्ट 6 6 1890 से 1960 तक सयुक्त राज्य की स्वदेशज तथा विदेशज जनसख्या । इस प्रकार के चार्ट से दोनो श्रेणियो की सापेक्ष वृद्धि स्पष्ट नहीं है। परन्तु अर्ध लघुगणकीय चार्ट के द्वारा दिखाई जा सकती है जैसा कि पूर्वगामी अध्याय मे वर्णित है। लघुगणकीय पैमाने पर शून्य के अभाव के कारण, दडो के स्थान पर वक्रो का प्रयोग किया जाएगा। आंकड़े *स्टैटिस्टिकल एब्स्ट्रेक्ट आफ दि यूनाइटिड स्टेट्स, 1952*, पृष्ठ 31, 1965, पृष्ठ 25 तथा यू० एस० *सेन्सस ऑफ पापूलेशन 1950*, खड II, भाग 1, अध्याय B, पृष्ठ 1—87, तथा खड IV, भाग 3, अध्याय B, पृष्ठ 3 B – 82 से ।

(4) चार्ट पढ़ने में निर्देशक रेखाएँ सहायक होती है। कभी-कभी चार्ट घिरा रहता है और निर्देशक रेखाओं का समस्त चार्ट में मे विस्तार होता है, जैसा कि चार्ट 6.5 मे है, कभी-कभी चार्ट घिरा नहीं रहता और निर्देशक रेखाएँ कटी होती हैं, जैसा कि चार्ट 6 7 में है।

चार्ट 6 7 1963 और 1964 मे संयुक्त राज्य मे चुने हुए नए निर्माण कार्य का मूल्य। आंकड़े चार्ट 6 5 के नीचे दिए गए स्रोत से।

एक काल-श्रेणी को ग्राफ के द्वारा दिखाते समय हम या तो दंड चार्ट या वक्र का प्रयोग कर सकते है। वक्र से उस सामान्य परिवर्तन का अध्ययन सरल हो जाता है जो कि एक श्रेणी में आया है, जब कि दंड चार्ट से विशिष्ट वर्षों की तुलनाएँ अधिक शीघ्र करने के योग्य हो जाते है। यदि श्रेणी में बहुत से वर्षों का समावेश है तो दंड चार्ट का प्रयोग करना, जिसका निर्माण परिश्रम मांगता है, प्राय वांछनीय नहीं है। यदि केवल कुछेक वर्ष दिखाए जाने हो, जैसा कि चार्ट 6 2 मे है, तो इसके लिए दंड चार्ट अधिक अच्छा है।

कभी-कभी हम आँकड़ों के दो समुच्चयों की कई वर्षों की अवधि के दौरान तुलना करना चाहते हैं। यह दो इकाई दंड चार्ट के द्वारा किया जा सकता है, जैसा कि चार्ट 6 6 में दिखाया गया है। इसी प्रकार हम दो वर्षों के लिए कई श्रेणियों की तुलना करने की इच्छा कर सकते है, इस प्रकार की तुलना चार्ट 6 7 मे दिखाई गई है।

चार्ट 6.8 द्वि दिशा दंड चार्टों का एक उदाहरण। लाइफ इन्शोरेन्स फैक्ट बुक, 1965, पृष्ठ 69 से।

एक द्वि-दिशा दंड चार्ट का प्रयोग, जैसा कि चार्ट 6.8 में है, वृद्धि और कमियों को दिखाने के लिए किया जा सकता है। इस प्रकार का चार्ट और भी अधिक प्रभावपूर्ण होता है यदि वृद्धि काले रंग में और कमियाँ लाल रंग में दिखाई जा सकें। कई वर्षों के लिए आंकड़ों की श्रेणी में वृद्धि और कमियों को क्षैतिज शून्य रेखा के ऊपर और नीचे ऊर्ध्वाधर दंडों के द्वारा दिखाया जा सकता है।

चित्रलेख

चार्ट 6.1 के भाग *D* में कुछ वर्षों के लिए खेतों पर ट्रैक्टरों की संख्या का प्रतिनिधित्व विभिन्न आकार के ट्रैक्टरों के चित्रों के द्वारा किया गया था। यद्यपि इस प्रकार का चार्ट पाठक के सामने संतोषजनक तुलना प्रस्तुत नहीं करता किन्तु उसका ध्यान अवश्य आकर्षित करता है। सब एक ही आकार के कई छोटे चित्रों का प्रयोग करके और उनकी इस प्रकार व्यवस्था करके कि एक दंड चार्ट बन जाए, चित्रीय प्रभाव बनाए रखा जा सकता है और एक संतोषजनक तुलना प्राप्त हो सकती है। इस प्रकार का ग्राफ चित्रलेख कहलाता है। चार्ट 6.9 में इस विधि के द्वारा खेतों पर ट्रैक्टरों की तुलना दिखाई गई है। जब कि चित्र आवश्यक तौर पर एक दंड चार्ट है, यह अधिक आकर्षक है और इसलिए पाठक द्वारा इसके परीक्षण की अधिक संभावना है। किसी पैमाने का प्रयोग नहीं किया गया परन्तु क्योंकि चित्र सभी एक आकार के हैं और क्योंकि प्रत्येक दस लाख ट्रैक्टरों का प्रतिनिधित्व करता है, इसलिए यदि वांछनीय हो तो चार्ट से सन्निकट संख्यात्मक मूल्य प्राप्त किए जा सकते हैं। यद्यपि काल-श्रेणी का दंड चार्ट प्रायः ऊर्ध्वाधर दंडों का प्रयोग करता है (तो भी) आप यह देखेंगे कि चार्ट 6.9 के रूप में प्रदर्शित चित्रलेख में क्षैतिज दंड हैं। चित्रलेख की प्रायः इस प्रकार से व्यवस्था की जाती है क्योंकि यह अधिक उचित लगता है कि ट्रैक्टरों को, लोगों को, घरों को (या जो कुछ भी चित्रित किया जा रहा है) एक दूसरे के ऊपर रखने की अपेक्षा साथ-साथ खड़ा किया जाए।

112

1940

1950

1960

1962

1964

प्रत्येक प्रतीक 10,00,000 ट्रैक्टर प्रदर्शित करता है

चार्ट 6 9 संयुक्त राज्य मे 1940, 1950, 1960, 1962 तथा 1964 मे खेतों पर ट्रैक्टरों की सख्या। आंकडे चार्ट 6 1 के नीचे दिए स्रोतो से।

चित्रलेख का एक अन्य उदाहरण, चार्ट 6 10, यह दिखाने का एक रुचिकर तरीका है कि निधि के लिए अभिमान अपेक्षाकृत कुछ उपहारों पर निर्भर करते है। चार्ट 6 11 चित्रलेखीय विचार के कुछ थोडे से भिन्न प्रयोग का प्रतिनिधित्व करता है। यहाँ चित्र तथा दड मात्रात्मक आँकडो को दिखाने वाले दडो के साथ साथ दिखाए गए है। यह स्पष्ट होना चाहिए कि चित्रलेख बनाते समय चित्र इस प्रकार चुना जाता है कि वह दिखाए जाने वाले आँकडो के स्वरूप का सुझाव दे। चित्रीय विधियो के प्रयोग के लिए कुछ आधारभूत नियम चार्ट 6.12 मे दिखाए गए है।

घटक-भाग चार्ट

योग के भाग, चार्ट 6 13 के समान दड के द्वारा या चार्ट 6.14 की तरह वृत्तारेख से दिखाए जा सकते हैं। दड चार्ट मे दड के भागो की लम्बाइयो की एक-विम तुलना आती है, जहाँ कि वृत्तारेख मे वृत्ताकार खडो की द्वि-विम तुलना अथवा वृत्ताकार भागों की चापों की एक विम-तुलना, अथवा केन्द्रीय कोणों की तुलना आती है। चाहे दड चार्ट पर आधारित

चार्ट 6.10 होवार्ट तथा विलियम स्मिथ कालेज द्वारा प्रयुक्त एक चित्र-लेख। लैंट अस लुक ऐट होवार्ट एन्ड विलियम स्मिथ, पृष्ठ 14 से। मूल दो रगों मे था।

चार्ट 6 11 चित्र तथा दंड। संयुक्त राज्य ब्यूरो आफ लेबर स्टैटिस्टिक्स से। ध्यान दीजिए कि क्षैतिज पैमाना छोड़ दिया गया है।

प्रतीक स्वयं स्पष्ट होने चाहिए

संख्या में परिवर्तन अधिक या कम प्रतीकों द्वारा दिखाए जाते हैं

प्रत्येक जलयान 50 लाख टन का

बड़े या छोटे प्रतीकों द्वारा नहीं

चार्ट समग्र चित्र दिखाते हैं

सूक्ष्म ब्योरा नहीं

चित्रलेखों से तुलनाएं होती हैं

सपाट विवरण नहीं

चार्ट 6 12 मॉडले तथा लोवनस्टीन द्वारा सुझाए गए चित्रलेखों को खींचने के लिए आधारभूत नियम। रुडोल्फ माडले तथा डायनो लावनस्टीन के पिक्टोग्राफ्स एन्ड ग्राफ्स, हार्पर एन्ड रो न्यूयार्क, 1952 पृष्ठ 25 तथा 26 से।

हो या वृत्तारेख पर, निर्णय की शुद्धता लगभग एकसमान होती है, अपवाद यह है कि वृत्तारेख द्वारा चित्रित किए जाने पर तो 25 प्रतिशत (90 दर्जे के कोण से प्रदर्शित) तथा 50 प्रतिशत (व्यास द्वारा प्रदर्शित) खंड अधिक ठीक ठीक मापे जाते हैं। वृत्तारेख का चित्रीय मूल्य संभवत दंड चार्ट के चित्रीय मूल्य से अधिक होता है और जब वृत्तारेख रजत डालर सुझाने के लिए निर्मित किया जाता है तब यह बढ जाता है। चार्ट 6 15 में इस प्रकार का एक प्रयोग दिखाया गया है। अकेला घटक भाग दंड कभी-कभी पैमाने के बिना खींचा जाता है और कभी-कभी क्षैतिज होता है। क्षैतिज दंड पर या वृत्तारेख पर ऊर्ध्वाधर दंड का एक लाभ यह है कि ऊर्ध्वाधर दंड के खंडों पर लेबल लगाना अधिक सरल है।

चार्ट 6 13 1960 मे प्रत्येक विशिष्ट वय समूह मे संयुक्त राज्य की जनसंख्या का अनुपात। आंकड़ संयुक्त राज्य जनगणना ब्यूरो यू०एस० सेन्सस आफ पापूलेशन, *1960*, खंड I, कैरैक्टरिस्टिक्स आफ दि पापूलेशन, भाग I, यूनाइटिड स्टेटस समरी, पृष्ठ 1—199 से।

ग्राफ कागज के कई विक्रेता ऐसे कागज के ऐसे ताव देते हैं जिन पर 0 से 100 तक अंशांकित परिधि वाले वृत्त दिखाए होते हैं इस प्रकार व्यक्ति वृत्तारेख तुरन्त खींचने के योग्य हो जाता है। यदि ऐसे ताव प्राप्य नहीं हैं या यदि विभिन्न आकारों के वृत्त वांछित हैं तो वृत्तारेख परकार तथा प्रोटैक्टर के प्रयोग से बनाए जा सकते हैं। क्योंकि रूढ़ प्रोट्रैक्टर वृत्त को 360 भागों या अंशों में विभक्त करता है, अतः दिखाई जाने वाली प्रतिशतताओं को 3 6 से गुणा करना चाहिए। वृत्त को 100 भागों में बाँटने के लिए अशोधित प्रोट्रैक्टर[3] के प्रयोग से वृत्त को प्रतिशतताओं में बाँटना सरल हो जाता है, जैसाकि चार्ट 6 16 में दिखाया गया है। इस प्रकार का पैमाना उत्कीर्ण किया जा सकता है, अथवा सामान्य प्रोट्रैक्टर के दूसरी ओर अंकित किया जा सकता है।

चार्ट 6 17 मे यह दिखाया गया है कि घटक भागो के कई समुच्चयो की तुलना करने के लिए दंड चार्ट कैसे प्रयुक्त किए जा सकते है। यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि वर्षों के बीच मे तुलनाएँ दंडों से वृत्तों की अपेक्षा अधिक सरलता से की जाती हैं। एक भाग से दूसरे भाग मे पहुँचने वाली निर्देशक रेखाएँ दंड चार्ट से तुलनाएँ करने मे सहायता करती हैं जब रेखाएँ समान्तर है तो कोई परिवर्तन नही हुआ है, जब वे अपसरित होती हैं, तो वृद्धि हुई है, जब वे अभिसरित होती है तो कमी हुई है।

---

2 फ्रैड्रिक इ० क्राक्सटन तथा राय इ० स्ट्राइकर के लेख बार चार्ट्स वर्सिस सर्कल डायग्रैम," जर्नल आफ दि अमेरिकन स्टेटिस्टिकल एसोसिएशन, दिसम्बर 1927 पृष्ठ 473—482 मे देखिए।

3 जर्नल आफ दि अमेरिकन स्टेटिस्टिकल एसोसिएशन, मार्च 1922, पृष्ठ 108—109 मे फ्रैड्रिक इ० क्राक्सटन द्वारा लिखित ए पर्सेंटेज प्रोट्रैक्टर' लेख देखिए।

चार्ट 6.14 1960 में प्रत्येक विशिष्ट वय समूह में संयुक्त राज्य की जनसंख्या का अनुपात। आंकड़े चार्ट 6.13 के नीचे दिए स्रोतों से।

चार्ट 6.15 वित्त वर्ष 1967 के लिए राष्ट्रपति के बजट संदेश के संबंध में प्रयुक्त वृत्तारेख।

चार्ट 6 16 प्रतिशतता प्रोट्रैक्टर

प्रतिशत

100
80
60
40
20
0

60 और अधिक
40-59
20-39
20 से कम

1920 1930 1940 1950 1960

1920 1930 1940 1950 1960

चार्ट 6 17. 1920 से 1960 तक प्रत्येक निर्दिष्ट वय समूह में संयुक्त राज्य की जनसंख्या का अनुपात। आँकड़ चार्ट 4 19 के नीचे दिए गए स्रोत से।

चार्ट 6 17 मे घटक भागो की तुलना सापक्ष आधार पर है, जनसख्या मे प्रत्येक वय समूह का अनुपात दिखाया गया है। जब हम यह सकेत करते है कि प्रत्येक वय समूह मे से कितनो की गणना की गई थी तो हमारे पास ऐसे आरेख आते है जैसे कि चार्ट 6 18 मे दिखाए गए हैं। दड और वृत्त आकार मे भिन्न हैं क्योंकि कुल जनसख्या बढ चुकी है। इस उदाहरण मे दड चार्ट स्पष्ट ही वृत्तारेख से बढिया है। जब चार्ट 6 17 तथा 6 18 मे दिखाए गए के समान आँकडे कई वर्षों मे आते है तो प्रायः वक्रो का प्रयोग करना

अधिक अच्छा है, जैसाकि चार्ट 4 19 तथा 4 20 मे किया गया था। जब चार्ट 6 17 तथा 6 18 के दड चार्ट कालानुक्रमी आँकडे प्रस्तुत करते हैं, तो हम विभिन्न स्थानो या श्रेणियों के लिए घटक-भागो की तुलना भी कर सकते हैं। उदाहरणार्थ, हम शहरी जनसख्या मे पुरुषो और स्त्रियो के अनुपातो की ग्रामीण जनसख्या मे पुरुषो और स्त्रियों के अनुपातो से तुलना कर सकते है। एक दड, पुरुषो और स्त्रियो के लिए उपविभाजित, शहरी जनसख्या का प्रतिनिधित्व करेगा, दूसरा दड, लिगो के लिए उसी प्रकार विभाजित, ग्रामीण जनसख्या का प्रतिनिधि होगा।

चार्ट 6 18 1920 से 1960 तक प्रत्येक निर्दिष्ट वय समूह मे सयुक्त राज्य की जनसख्या। आँकडे चार्ट 4 19 के नीचे दिए गए स्रोतो से लिए गए।

सांख्यिकीय मानचित्र

सांख्यिकीय मानचित्र लेखाचित्रीय विधियाँ है जो सख्यात्मक सूचना भौगोलिक आधार पर दिखाती हैं। हम तिरछी रेखाओ वाले या छायायुक्त मानचित्रो, बिन्दु मानचित्रो, तथा पिन मानचित्रो पर विचार करेंगे।

तिरछी रेखाओं वाले मानचित्र—तिरछी रेखाओं वाले या छायायुक्त मानचित्रों मे विचाराधीन प्रत्येक भौगोलिक क्षेत्र के लिए अध्ययन की जा रही घटना के परिमाण को दिखाया जाता है। परिमाण मे परिवर्तनों का लेखाचित्रों द्वारा तिरछी रेखाओं या छाया मे उत्तरोत्तर अ तरों से प्रतिनिधित्व किया जाता है। चार्ट 6 19 मे विभिन्न तिरछी रेखाएँ, 1959 मे सयुक्त राज्य मे अपने खेतों से परे काम करने वालों का अनुपात निर्देशन करती हैं। अपने खेतों से परे कुल काम करने वालों के अधिकतम अनुपातों वाले क्षेत्र गहरे काले रग मे दिखाए गए है। रग उत्तरोत्तर अधिक हल्का होता जाता है ताकि सबसे हल्के अर्थात् बिना छाया के क्षेत्र मे निम्नतम प्रतिशतता दिखाई गई है। इस प्रकार के मानचित्रों की प्रकृष्ट विशेषता यह है कि तिरछी रेखाओं या छाया मे उत्तरोत्तर परिवर्तन माप जा रहे तत्व मे वृद्धि (या कमी) का निर्देश करता है।

चार्ट 6 19 तिरछी रेखाओं वाला मानचित्र।

कभी कभी सांख्यिकीय मानचित्र रगो मे बनाए जाते है। परन्तु विभिन्न रगो का प्रयोग करके उत्तरोत्तर न्यूनाधिक छाया के सिद्धा त को स तोषजनक ढग से विकसित नहीं किया जा सकता। हा, एक ही रग की उत्तरोत्तर छायाएँ प्रयोग करना और इस प्रकार काला और सफेद प्रयोग करके किए जा सकने वाले से कभी कभी अधिक आकर्षक मानचित्र उत्पन्न करना सभव है।

बिन्दु मानचित्र—पूर्व के सांख्यिकीय मानचित्र मे वे आँकडे दिखाए गए हैं जो समस्त क्षेत्रों पर लागू होते थे—विशेषतया अपने खेतों से परे कुल काम करने वालों का प्रतिशत—और इसलिए तिरछी रेखाओं वाला या छायायुक्त मानचित्र समुचित था। जब घटनाओं का भौगोलिक बटन दिखाया जाता हो तो बिन्दु मानचित्र का प्रयोग करना चाहिए। चार्ट 6 20 म सरलतम बिन्दु मानचित्रों मे से एक दिखाया गया है। प्रत्येक बिन्दु 500 खेतों का प्रतिनिधित्व करता है और काउटी के विभिन्न भागों मे केन्द्रीकरण

स्पष्ट तौर पर दिखाया गया है। बिन्दु मानचित्र मे एक बिन्दु द्वारा दिखाई गई इकाइयो की सख्या बडी हो सकती है, जैसा कि चार्ट 6 20 मे है, ताकि एक क्षेत्र म बिन्दुओ की सख्या गिनने के लिए पर्याप्त कम हो, या एक बिन्दु द्वारा दिखाई गई इकाइयो की सख्या छोटी हो सकती है ताकि अनेक बिन्दुओ से हल्की से काली छाया की प्रगाढता मे उत्तरोत्तर परिवर्तन का प्रभाव पडता हो। कौनसी प्रविधि का प्रयोग करना उचित है यह चार्ट के प्रयोजन पर निर्भर करता है।

चार्ट 6 21 मे एक अलग प्रकार का बिन्दु मानचित्र दिखाया गया है जिसमे अलग-अलग आकार के बिन्दुओ का प्रयोग है। यहाँ 1950 से 1960 के बीच राज्यो के अनुसार कुल जनसख्या मे परिवर्तन की मात्रा वृत्तो के क्षेत्रफल द्वारा इगित की गई है। जबकि

चार्ट 6 20 एक बिन्दु मानचित्र।

विभिन्न वृत्त राज्यो के भीतर विभिन्न परिवर्तनो की ओर सकेत करते हैं, वृत्तो से ठीक-ठीक तुलनाएँ करना आसान नही है। हम सीधे व्यासो की तुलना नही कर सकते। हमे स्मरण रखना आवश्यक है कि यदि एक वृत्त का व्यास दूसरे से दुगना है तो पहले वृत्त का क्षेत्रफल दूसरे से चार गुना है।

पिन मानचित्र—पिन मानचित्र विशेष तौर पर लचीले प्रकार के बिन्दु मानचित्र समझे जा सकते हैं। वे कार्क, गत्ता, भित्ति बोर्ड, नालीदार गत्ता, इत्यादि पीछे लगाकर जडे गए मानचित्र हैं जिन पर विभिन्न आकार, रग और स्वरूप के (प्राय) काँच के सिरो वाले पिनो के द्वारा सूचना लिखी जाती है। प्राप्य पिनो के सिर ऐसे होते हैं जो आकार मे लगभग $\frac{1}{16}$ इच व्यास से लगभग $\frac{3}{4}$ इच तक होते हैं। एक बडी सख्या मे रग तथा विभिन्न प्रकार के स्वरूप, जैसे गोल, वर्ग तथा त्रिकोण, शीर्षपिन प्राप्य हैं। जैसे तथ्य बदलते हैं वैसे ही पिन मानचित्रो को तुरन्त ही बदला जा सकता है। इस लचीलेपन और

बड़ी प्रकार के पिनों की प्राप्ति के कारण भौगोलिक आँकड़े प्रस्तुत करने की विधि के तौर पर पिन मानचित्र का बहुतायत से प्रयोग किया जाता है। चार्ट तथा सैकड़ों या हज़ारों पिनों पर आधारित एक या अधिक मानचित्रों वाली विस्तृत पिन मानचित्र योजना खर्चीली है परन्तु प्रायः बहुत उपयोगी सिद्ध हो सकती है।

चार्ट 6 21 एक अन्य प्रकार का बिन्दु मानचित्र। गौर कीजिए कि परिवर्तन की मात्रा इंगित करने के लिए बिन्दु का आकार बदलता है। छायायुक्त बिन्दु वृद्धि का संकेत करते हैं खाली बिन्दु कमी दिखाते हैं।

पिन मानचित्रों का प्रायः मोटर-गाड़ी दुर्घटनाओं के स्थान और परिणाम दर्ज करने में प्रयोग किया जाता है। इस प्रकार के एक या अधिक मानचित्रों का प्रयोग करके न केवल जिस आवृत्ति में विभिन्न स्थानों पर दुर्घटनाएं होती हैं उसे जाँचना, बल्कि प्रत्येक दुर्घटना के स्वरूप को भी जाँचना (मोटर-गाड़ी की पैदल व्यक्ति से टक्कर, मोटर गाड़ी की मोटरगाड़ी से टक्कर, मोटर-गाड़ी की किसी स्थिर पदार्थ से टक्कर इत्यादि) तथा दुर्घटना का परिणाम (सम्पत्ति-हानि, सवारी का घायल होना, सवारी की मृत्यु, पैदल व्यक्ति का घायल होना, पैदल व्यक्ति की मृत्यु इत्यादि) जाँचना सम्भव है।

सांख्यिकीय मानचित्र की एक कठिनाई यह है कि विभिन्न क्षेत्रों का महत्त्व उनके क्षेत्रफल से नहीं आँका जाता है। उदाहरणार्थ, विभिन्न राज्यों में प्रति कुटुम्ब आय दिखाने वाला तिरछी रेखाओं वाला मानचित्र कुछ भ्रामक होगा क्योंकि छोटे क्षेत्रफल वाले कुछ राज्यों में बहुत बड़े क्षेत्रफल वाले अन्य राज्यों की अपेक्षा कहीं अधिक कुटुम्ब हैं। इस कठिनाई पर काबू पाने के लिए कभी-कभी प्रयुक्त एक रुचिकर विधि इस ढंग से मानचित्र खींचने की है कि प्रत्येक राज्य का क्षेत्रफल उस राज्य में कुटुम्बों की संख्या के अनुपात में हो।

7

दरें, अनुपात, तथा प्रतिशतताएँ

सांख्यिकीय सारणियों से संबंध रखने वाले अध्याय में यह संकेत किया गया था कि व्युत्पन्न अंक आँकड़ों के संक्षेपण और तुलना में सहायता करने के लिए उपयोगी हैं। उस अध्याय में दरों,[1] अनुपातों, प्रतिशतताओं, और औसतों का विशेष उल्लेख किया गया था। इस अध्याय में दरों, अनुपातों, और प्रतिशतताओं का विवेचन किया जाएगा। औसतों और संबंधित मापों का आगे के अध्यायों में परीक्षण किया जाएगा।

753 का 251 से अनुपात बताने के लिए हम 753 को 251 से भाग करते हैं, जिससे 3 आता है और हम कहते हैं कि 753 का 251 से वही संबंध है जो 3 का 1 से है, या अधिक संक्षेप में, 753 251 3 1। इस प्रकार हमने वह संबंध बताया है जो एक के अनुपात में उन दो संख्याओं में से पहली का दूसरी के साथ है। यदि इससे हमारा प्रयोजन अधिक अच्छा सिद्ध होता तो हम यह संबंध किसी अन्य संख्या के अनुपात में बता सकते थे। उदाहरण के लिए हम दस का अनुपात प्रयोग कर सकते थे और कह सकते थे 753 . 251 . 30 0, हम सौ में अनुपात का प्रयोग कर सकते थे और लिख सकते थे 753 251 300 100। यह अन्तिम अनुपात, प्रति सौ, प्रायः *प्रतिशतता* कहलाता है और हम देखते हैं कि 753 (प्रतिशत से) 251 का 300 प्रतिशत है। अतः आप यह देखेंगे कि प्रतिशत का, जो इतनी बहुलता से प्रयोग किया जाता है, अधिक सामान्य प्रत्यय अनुपातों के विशिष्ट मामले मात्र है। यदि प्रति सौ अनुपात के प्रयोग की बजाय हम प्रति हजार अनुपात के लिए अवसर आता है तो हम अपने अंकों की ओर "प्रति सहस्र" कह कर संकेत कर सकते है।

तुलनाओं की गति बढाने के लिए अनुपातों का परिकलन किया जाता है। न केवल बड़ी संख्याएँ कम हो जाती हैं, जैसा कि सारणी 3 2 में है, बल्कि मोटे आधार से 100 के (जो व्यक्ति के मन में रह सकता है) अंकों की श्रेणी की तुलना से बहुत लाभ होता है, बजाय इसके कि प्रत्येक अकेली समष्टि के अंक की समस्त संयुक्त राज्य के योग से तुलना करने की चेष्टा की जाए। सापेक्ष परिवर्तन का उस समय अधिक ठीक-ठीक प्रत्यक्षीकरण किया जा सकता है जब उसे प्रतिशतताओं में दिखाया जाए, जैसा कि सारणी 7 1 में है, या जब सारणी 7 2 में प्रयुक्त विधियों में से किसी एक से दिखाया जाए।

---

1 "दर" शब्द का कभी कभी एक भिन्न चर की एक इकाई के संबंध में विचार किए गए एक चर के परिमाण या मात्रा के अर्थ में प्रयोग किया जाता है। इस प्रकार 20 मील प्रति घंटा एक रफ्तार की दर है। दो एक समान चरों में जो एक दूसरे के साथ संबंध होता है वह प्रायः अनुपात कहलाता है। उदाहरणार्थ, करंट अनुपात जो वर्तमान परिसम्पत्ति का वर्तमान देयता से अनुपात है, दो अंकों की तुलना करता है जो दोनों डालरों में हैं। सामान्य प्रयोग में दर और अनुपात का यह भेद सदा ध्यान में नहीं रखा जाता।

सारणी 7 1

1963 और 1964 मे सयुक्त राज्य मे चुने हुए नए निर्माण काय का मूल्य
(दस लाख डालरो मे)

निमाण का प्रकार	1963	1964	प्रतिशत वृद्धि
फाम से भि न आवासी	25 843	26 560	2 8
सावजनिक	18 679	20 054	7 4
वाणिज्यिक	5 200	5 635	8 4
सावजनिक उपयोगिता	4 494	4 789	6 6
औद्योगिक	2 962	3 333	12 5

आकड़े फ डरल रिजव बुलटिन अप्रल 1965 पष्ठ 597 से।

सारणी 7 2

सयुक्त राज्य मे 1955 से 1964 तक ढली वस्तुओ के लिए इस्पात की
सिल्लियो और इस्पात का उत्पादन

वष	उ पादन (दस लाख छोटे टन)	1955 का प्रतिशत	1955 पर प्रतिशत कमी*	पूव वष का प्रतिशत	पूव वष पर प्रतिशत वृद्धि*
1955	117 0	100 0			
1956	115 2	98 5	− 1 5	98 5	− 1 5
1957	112 7	96 3	− 3 7	97 8	− 2 2
1958	85 3	72 9	−27 1	75 7	−24 3
1959	93 4	79 8	−20 2	109 5	9 5
1960	99 3	84 9	−15 1	106 3	6 3
1962	98 0	83 8	−16 2	98 7	1 3
1961	98 3	84 0	−16 0	100 3	0 3
1963	109 3	93 4	− 6 6	111 2	11 2
1964	126 9	108 5	+ 8 5	116 1	16 1

*धन का चिह्न वद्धि का द्योतक है।
आकड़े स्टटिस्टिकल एब्स्ट क्ट आफ दि यूनाइटिड स्टटस के विभिन्न अको तथा सव आफ करन्ट बिजनस फरवरी 1965 पष्ठ S 32 से।

परिकलन

जब एक या अनेक सख्याओ की एक अय सख्या से तुलना की जा रही हो तो वह अक जिससे तुलनाए की जा रही हो आधार कहलाता है। जिस अक की आधार से तुलना की जा रही हो उसे आधार से भाग करके अनुपात मालूम किया जाता है। तब वह अक

2 गणना मशीनो को चलाने के अनुदेश गणना मशीन कम्पनियो के विक्रय कार्यालयों से प्राप्त किए जा सकते हैं।

आधार के सबध मे या उसकी शब्दावली मे व्यक्त किया जाता है और इसलिए सब प्रकार के अनुपात कभी-कभी सापेक्ष सख्याओं या सापेक्षों के तौर पर निर्देश किए जाते है।

जुलाई 1965 के अन्त मे न चुकाया गया कुल उपभोक्ता उधार 8,06,86,000 डालर था। जुलाई 1964 के अन्त मे यह 7,24,56,000 डालर था। न चुकाई गई जुलाई 1965 की रकम को जुलाई 1964 के रूप मे व्यक्त करने के लिए हम 8,06,86,000 डालर को 7,24,56,000 डालर से भाग करते हैं और 1 1135 प्राप्त करते हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि न चुकाया गया कुल उपभोक्ता उधार जुलाई 1965 मे जुलाई 1964 के मुकाबले 1,1135 गुना था। बहुत से उदाहरणो मे अनुपात अत्यन्त उपयोगी होते है जब उन्हे प्रतिशतताओ के तौर पर व्यक्त किया जाता है। जो 1.1135 को, जो 1 का अनुपात है, प्रति सौ के अनुपात मे बदलने के लिए दशमल व बिन्दु को दो स्थान दाईं ओर खिसकाया जाता है। परिणाम-स्वरूप प्राप्त होने वाला अक 111 35 यह बताता है कि जुलाई 1965 मे न चुकाया गया कुल उपभोक्ता उधार जुलाई 1964 मे न चुकाई गई मात्रा का 111 35 प्रतिशत था।

यह ध्यान देना चाहिए कि हम अभी-अभी दिए प्रतिशत अक को दो तरीको से व्यक्त कर सकते है। यह कहने की बजाय कि जुलाई 1965 मे न चुकाया गया उपभोक्ता उधार जुलाई 1964 के न चुकाए उपभोक्ता उधार का 111 35 प्रतिशत था, हम कह सकते है कि जुलाई 1964 से यह 11 35 प्रतिशत *अधिक था*। प्रथम उदाहरण मे हमने दो वर्षों के अको की तुलना की, द्वितीय मे, हमने जो परिवर्तन आया[3] उसकी जुलाई 1964 के अक से तुलना की।

परिवर्तनशील आधार का प्रभाव

स्वाभाविक रूप से यदि हम जुलाई 1964 के कुल उपभोक्ता उधार अक की जुलाई 1965 के अक से तुलना करें तो एक भिन्न अक समुच्चय प्राप्त होगा। अब हम जुलाई 1965 को आधार के रूप मे प्रयोग कर रहे है और जुलाई 1964 के अक को जुलाई 1965 के अक से भाग किया गया है। इस क्रिया को सपन्न करने से पता लगता है कि जुलाई 1964 मे न चुकाया गया कुल उपभोक्ता उधार जुलाई 1965 के उधार का 89 79 प्रतिशत था, अथवा तब न चुकाया गया कुल उपभोक्ता उधार जुलाई 1965 से 10 21 प्रतिशत कम था। देखिए जब कि जुलाई 1964 के आधार पर जुलाई 1965 का अक जुलाई 1964 के अक से 11 35 प्रतिशत अधिक था, जुलाई 1965 को आधार मानकर जुलाई 1964 का अक जुलाई 1965 के अक से केवल 10 21 प्रतिशत *कम था*। हाँ, यह अन्तर इस तथ्य के कारण है कि पहल तुलना का आधार जुलाई 1964 के सबध मे था और बाद मे जुलाई 1965 के सबध मे। आधार को बदलने के कारण परिणामो मे इस अन्तर का एक अन्य प्रकार से उदाहरण दिया जा सकता है। यदि एक सख्या 100 प्रतिशत बढाई जाए तो मौलिक अक प्राप्त करने के लिए दूसरी सख्या को केवल 50 प्रतिशत घटाना आवश्यक है। इसके विपरीत, यदि कोई प्रदत्त सख्या 50 प्रतिशत घटाई जाए तो दी हुई सख्या के पुनरुत्पादन के लिए दूसरी सख्या को 100 प्रतिशत बढाया जाना चाहिए।

---

3 कल्पना कीजिए कि हम दो प्रतिशतताओ की तुलना कर रहे हैं जैसे 40 प्रतिशत तथा 90 प्रतिशत। हम निरपेक्ष शब्दो मे बोल सकते हैं और कह सकते हैं कि 90 प्रतिशत 40 प्रतिशत से 50 प्रतिशत अधिक है। हम सापेक्ष शब्दो म बोल सकते हैं और कह सकते हैं कि 90 प्रतिशत 40 प्रतिशत से 125 प्रतिशत अधिक है अथवा 90 प्रतिशत 40 प्रतिशत का 225 प्रतिशत है। प्रतिशतताओ की तुलना करते समय यह बिल्कुल स्पष्ट कर देना उचित है कि हम निरपेक्ष शब्दो मे बोल रहे हैं या सापेक्ष म।

आधार के इस परिवर्तन के प्रभाव को अनुभव न करने से अशुद्ध निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं। एक फर्म ने अपने कर्मचारियो की मजदूरी 15 प्रतिशत घटा दी, बाद मे इसने घटी हुई मजदूरी 5 प्रतिशत बढा दी, तब इसने इन बढ हुए अको को 5 प्रतिशत बढा दिया, और अन्त मे इसने इन दूसरे अको का और 5 प्रतिशत बढा दिया। बाद म इसने घोषित किया कि तीन 5 प्रतिशत वृद्धियो से मजदूरी वही पहुँच गई जहा वह 15 प्रतिशत कमी करने स पूव थी। गणना से पता चलेगा कि नई मजदूरी, घटाने से पूव की मौलिक मजदूरी की वास्तव मे 98 4 प्रतिशत थी। यदि कम्पनी ने घटी हुई मजदूरी की एक बार ही 15 प्रतिशत वृद्धि की होती तो नई मजदूरी मौलिक मजदूरी की केवल 97 75 प्रतिशत हुई होती।

सारणी 7 3 मे वृद्धि की चुनी हुई प्रतिशतताओ के लिए वह प्रतिशत दिखाया गया है जिससे नई सख्या को मौलिक सख्या क पुनरुत्पादन के लिए अवश्य घटाना चाहिए। यह ध्यान मे रखना चाहिए कि प्रतिशत वृद्धि का अक अनिश्चित तौर पर बडा हो सकता है, तो भी 100 की प्रतिशत कमी के अक मे शू य तक गिरावट पता चलती है जबकि 100 स अधिक की प्रतिशत कमी मे एक ऋणात्मक मात्रा तक कमी सूचित होती है।

सारणी 7 3

प्रतिशतताओ की गणना मे सरकते आधार के प्रभाव के उदाहरण

दी हुई सख्या	प्रतिशत वृद्धि	नई सख्या	प्रतिशत जिससे दी गई सख्या प्राप्ति के लिए नई सख्या घटानी आवश्यक है
10	500 00	60 00	83 33
10	200 00	30 00	66 67
10	100 00	20 00	50 00
10	50 00	15 00	33 33
10	33 33	13 33	25 00
10	25 00	12 50	20 00
10	10 00	11 00	9 00
10	5 00	10 50	4 76
10	1 00	10 10	0 99

प्रतिशतताएँ अकित करना

प्राय प्रतिशतताएँ एक दशमलव स्थान तक अकित की जाती है। यदि प्रतिशतताएँ बडे अको पर आधारित हो और विशेषकर यदि योग का एक या एक से अधिक भाग बिल्कुल छोटा हो (सारणी 3 2 देखिए) तो एक मे अधिक दशमलव प्रयोग करना उचित हो सकता है। कभी-कभी केवल पूर्ण प्रतिशतताएँ ही दिखाई जाती है ताकि (परस्पर) सबध तुरन्त समझे जा सकें। पर तु जब सापेक्ष परिवर्तन बहुत ही छोटे हो तो पूर्ण प्रतिशतताएँ पर्याप्त नही होगी।

यदि निरपेक्ष सख्याएँ छोटी है, विशेषकर यदि आधार 100 मे काफी कम है तो प्रतिशतताओ की गणना नही करनी चाहिए। छोटी निरपेक्ष सख्याओ पर आधारित

प्रतिशतताओं के प्रयोग से उत्पन्न होने वाली एक गंभीर कठिनाई का पृष्ठ 136 पर विवरण दिया गया है।

जब प्रतिशतताओं को एक दशमलव के साथ अंकित किया जाता है तो उनका एक प्रतिशत के समीपतम दशम तक पूर्णांकन किया जाता है। निम्न उदाहरणों से प्रतिशतताओं का पूर्णांकन करने की विधि पता चलेगी (तथा अवशेष वाली अन्य गणनाओं[4] का पूर्णांकन करने की भी).

(1) 371 16 डालर — 679 28 = 0 5464, अथवा 54 64 प्रतिशत। दूसरा दशमलव 5 से कम है और इसलिए एक प्रतिशत के निकटतम दशम तक यह प्रतिशतता 54 6 है।

(2) 2,319 पाउंड — 7,532 पाउंड = 0 3079, अथवा 30 79 प्रतिशत। इस उदाहरण में दूसरा दशमलव 5 से अधिक है, इसलिए प्रतिशतता 30 8 अंकित की जानी चाहिए।

(3) 2,80, 511 फुट — 1,1000,000 फुट = 0 025501 अथवा 2 5501 प्रतिशत। यहाँ द्वितीय दशमलव 5 है परन्तु चतुर्थ दशमलव स्थान पर अवशेष 1 आता है। एक प्रतिशत के निकटतम दशम तक अंकित करने से यह अंक 2 6 है।

(4) 1,341 बैरल — 6,000 बैरल = 0 2235 अथवा 22.35 प्रतिशत। यहाँ निकटतम दशम या तो 22 3 या 22 4 है। यह अधिक महत्त्व की बात नहीं है यदि कभी-कभी इस प्रकार के निष्कर्ष में प्रथम दशमलव स्थान पर अंक में वृद्धि कर दी जाए या द्वितीय दशमलव को छोड़ दिया जाए। तो भी, किसी संगत योजना का अनुसरण करना अधिक अच्छा है। विशेष तौर पर जब बहुत से परिकलन किए जा रहे हों। जो अन्त में जोड़े जाते हों तो एक ऐसा ढंग अपनाना अच्छा है जिससे ठीक 5 के द्वितीय दशमलव वाले आधे मूल्यों को बढ़ाया जाए और आधे मूल्यों को कम किया जाए। इस प्रथा से अशुद्धियों के संचय का परिहार होगा। संभवत अधिकतम संतोषजनक योजना यह है कि जब प्रथम दशमलव एक विषम संख्या हो तो प्रथम दशमलव को बढ़ा दिया जाए (67.35, 67.4 बन जाता है) और जब प्रथम दशमलव एक सम संख्या हो तो द्वितीय दशमलव को छोड़ दिया जाए (67 65, 67.6 बन जाता है)।

कभी-कभी सब प्रतिशतताओं का एक दशमलव स्थान तक पूर्णांकन करने का परिणाम 99 9 या 100 1 के जोड़ में होता है और कभी-कभी 99 8 या 100 2 दिखाई देता है। कुछ सांख्यिकीविद् प्रतिशतताओं में से एक को इस प्रकार समायोजित करते हैं ताकि ठीक-ठीक जोड़ प्राप्त हो जाए, परन्तु यह अधिक अच्छा प्रतीत होता है कि प्रत्येक प्रतिशतता ठीक-ठीक पूर्णांकित रहे।

तुलनाओं के प्रकार

हम पहले ही एक उदाहरण देख चुके हैं जिसमें सारणी 3 2 में, कुल के भागों की योग से तुलना की गई थी। यहाँ प्रत्येक मद को क्रमशः कुल द्वारा भाग करके प्रतिशतताएँ प्राप्त की गई थीं। अधिक शीघ्रता से, हम योग का व्युत्क्रम ले सकते हैं और व्युत्क्रम को प्रत्येक संघटक अंक से गुणा कर सकते हैं। यह समय बचाने वाली विधि है जो विशेषतया परिकलन यंत्र के अनुकूल बनाई गई है और जब कभी हम संख्याओं की श्रेणी को एक स्थिर संख्या से भाग कर रहे हों तब यह लागू होती है।

4. संख्याओं का पूर्णांकन करने के अधिक विस्तृत विवरण के लिए परिशिष्ट 'न' देखिए।

इस अध्याय मे आगे के पृष्ठों पर एक अंक की दूसरे अंक से तुलनाओं के विभिन्न उदाहरण दिए गए हैं। उदाहरणार्थ, लिंग अनुपातों के अनुच्छेद में यह टिप्पणी दी गई है कि पुरुषों के लिए प्रत्येक अंक को स्त्रियों के लिए उचित अंक से भाग किया गया है क्योंकि लिंग अनुपात प्रति सौ स्त्रियों के पीछे पुरुषों की सख्या बताता है।

सारणी 7.2 म कई विभिन्न तुलनाओं का सकेत है जो कालानुक्रमी दृष्टि से व्यवस्थित किए गए आँकड़ों के सम्बन्ध में की जा सकती हैं। स्तम्भ 3 में, प्रत्येक वर्ष के लिए इस्पात मिलियों और ढलाई के लिए इस्पात के उत्पादन की 1955 के उत्पादन से तुलना की गई है, प्रत्येक अंक को 1955 के अंक से भाग दिया गया है। स्तम्भ 4 में वह प्रतिशतता दिखाई गई है जिससे प्रत्येक वर्ष का उत्पादन 1955 के उत्पादन से अधिक या कम था। स्तम्भ 5 म प्रत्येक वर्ष के उत्पादन का पूर्व वर्ष के उत्पादन से सम्बन्ध है, प्रत्येक वर्ष के अंक को पूर्व वर्ष के अंक से भाग किया गया है। स्तम्भ 6 में पूर्व वर्ष पर प्रत्येक वर्ष म प्रतिशत वृद्धि या कमी का सकेत है, पूर्व वर्ष की तुलना में प्रत्येक वर्ष की सख्यात्मक वृद्धि (या कमी) को पूर्व वर्ष के उत्पादन से भाग किया गया है। स्तम्भ 3 और 4 म 1955 का निश्चित आधार लेकर तुलनाएँ की गई हैं। स्तम्भ 5 और 6 में आधार लगातार सरकता रहा है और सदा पूर्व वर्ष रहा है।

प्रतिशतताओं का एक अन्य अनुप्रयोग सारणी 7.1 में दिखाया गया है। यहाँ प्रत्येक वस्तु के लिए 1963 का अंक आधार है। "प्रतिशत वृद्धि" शीर्षक वाले प्रतिशतता के स्तम्भ म 1963 से 1964 तक प्रत्येक प्रकार के नए निर्माण के मूल्य मे सापेक्ष वृद्धि या कमी का सकेत है।

कुछ बहुधा प्रयुक्त अनुपात

निम्न अनुच्छेदों में अनुपातों और प्रतिशतताओं के कुछ रुचिकर अनुप्रयोगों का सकेत है।[5] पाठक को निस्सदेह अनेक अन्य अनुप्रयोगों की जानकारी हो जाएगी जब वह पत्रिकाओं, समाचार-पत्रों, पुस्तकों तथा विज्ञापनों म न्यूनाधिक तकनीकी सामग्री पढेगा।

सूचकांक—अधिकतर सूचकांकों को प्रतिशतताओं के रूप मे प्रस्तुत किया जाता है। उदाहरणार्थ, थोक मूल्यों के सूचकांक के निर्माण में प्रथम सम्मिलित की जाने वाली वस्तुएँ चुनी जाती ह और तब विभिन्न वस्तुओं के अलग-अलग महत्त्व को ठीक-ठीक ध्यान मे रखते हुए उनके मूल्य मिलाए जाते हैं। यदि सूचकांक कालक्रमानुसार है, जैसाकि प्रायः होता है तो कोई वर्ष आधार के रूप मे माना जा सकता है। उस वर्ष में मूल्य 100 के बराबर किए जाते हैं। तब अन्य वर्षों के लिए मूल्य उस आधार वर्ष के सम्बन्ध मे व्यक्त किए जाते है। सयुक्त राज्य श्रम साख्यिकी ब्यूरो लगभग 2,200 थोक मूल्यों के अपने सूचकांकों के लिए आधार वर्ष के तौर पर 1957 से 1959 तक के वर्षों को औसत का प्रयोग करता है। अतः इन तीन वर्षों मे थोक मूल्यों का 100 के द्वारा प्रतिनिधित्व होता है। दिसम्बर 1963 के लिए थोक मूल्य सूचकांक 100.3 था, जनवरी 1964 के लिए यह 101 0 था, फरवरी 1964 के लिए यह 100 5 था, मार्च 1964 के लिए यह 100 4 पर गिर गया। इस प्रकार इन मासों के लिए मूल्य 1957 से 1959 के 36 महीनो के लिए औसत के रूप म व्यक्त किए गए हैं।

---

5. सूचकांकों के अधिक पूर्ण विवरण के लिए अध्याय 17 और 18 देखिये।

लिंग अनुपात—जनसख्या मे पुरुषो की सख्या का स्त्रियो की सख्या के साथ सबध लिंग अनुपात द्वारा प्रस्तुत किया जाता है, जो प्रति 100 स्त्रियो के पीछे पुरुषो की सख्या बताता है। *1960 मे सयुक्त राज्य मे 8,83,03,113 पुरुष और 9,10,22,558 स्त्रियाँ थी।* इस प्रकार इस देश मे प्रति 100 स्त्रियो के पीछे 97 1 पुरुष थे। अनुपात विभिन्न वय समूहो मे भिन्न था। यह वय समूह "65 और अधिक" के लिए न्यूनतम, 82 8, था और वय समूह "15 वर्ष से कम" के लिए अधिकतम, 103 4, था। यह विभिन्न राज्यो के लिए भी भिन्न-भिन्न था। *यह मैसाच्यूसेट्स मे न्यूनतम था जहाँ प्रति 100 स्त्रियो के पीछे 93 4 पुरुष थे, और अलास्का मे अधिकतम था जहाँ प्रति 100 स्त्रियो के पीछे 132 3 पुरुष थे।*

जनसंख्या घनत्व—दो समुदायो की कुल जनसख्या की केवल मात्र तुलना करने की बजाय, जनसख्या के घनत्व पर विचार करना प्राय अधिक अर्थपूर्ण हो सकता है। हम कुल जनसख्या को वर्गमीलो मे क्षेत्रफल द्वारा भाग करके यह सम्पन्न करते हैं और इस प्रकार *प्रति वर्ग मील व्यक्तियो की सख्या निर्धारित करते हैं। उदाहरणार्थ, 1960 में मोन्टाना की* जनसख्या 6,74,767 थी और न्यू हैम्पशायर की जनसख्या 6 06,921 थी। यदि हम इन अको का प्रत्येक राज्य के भूमिक्षेत्र से सबध जोडें तो हमे पता चलता है कि न्यू हैम्पशायर मे प्रति वर्ग मील 67 3 व्यक्ति थे जब कि मोन्टाना मे केवल 4 6 व्यक्ति प्रति वर्ग मील थे। हाँ, इन अको का यह अर्थ नही कि न्यू हैम्पशायर मे *प्रत्येक वर्ग मील पर 67 या 68 व्यक्ति और मोन्टाना मे प्रत्येक वर्ग मील पर 4 या 5 व्यक्ति थे। वे केवल साराश अक है,* जिनका सकेत है कि प्रत्येक राज्य मे, प्रति वर्ग मील व्यक्तियो की औसत सकेतित सख्या थी।

जनसख्या के घनत्व का कालक्रमानुसार तुलनाएँ करने मे भी प्रयोग किया जा सकता है। हमारे देश की प्राचीनता के साथ-साथ जनसख्या का घनत्व बढा है। 1800 मे *सयुक्त राज्य मे प्रति वर्ग मील 6 1 व्यक्ति थे, 1960 मे प्रति वर्ग मील 50 5 व्यक्ति थे।*

प्रति व्यक्ति अनुपात—बहुत से अक, जब उन्हे प्रति व्यक्ति आधार पर व्यक्त किया जाता है, अधिक अर्थपूर्ण या अधिक उपयोगी होते है। सयुक्त राज्य के सघीय ऋण से न केवल गत वर्षो मे व्ययो के स्तर और सरकारी सेवाओ मे वृद्धियो का बल्कि जनसख्या की वृद्धि का भी आभास होता है। उदाहरणार्थ, 30 जून, 1941 को सघीय ऋण 48,96,10,00,000 डालर था, 30 जून, 1963 तक यह अक 3,05,86,00,00,000 डालर *तक बढ चुका था। यदि इन अको की दोनो अवधियो को जनसख्या से भाग किया जाए तो* प्रतीत होता है कि प्रति व्यक्ति सघीय ऋण 30 जून, 1941 को 367 डालर था और 30 जून, 1963 को 1,616 डालर था।

विभिन्न वस्तुओ का उपभोग प्रति व्यक्ति आधार पर बहुलता से बताया जाता है। इस प्रकार 1963 मे गोमास का अनुमानित उपभोग प्रति व्यक्ति 94 8 पाउड था, अण्डो का अनुमानित उपभोग प्रति व्यक्ति 315 था, उपभोग की गई साफ चीनी की मात्रा *लगभग 97 2 पाउड प्रति व्यक्ति थी।*

मृत्यु दरें—प्रदत्त वर्ष के लिए अशोधित, कुल, या सामान्य मृत्युदर उस वर्ष मे समुदाय मे होने वाली मृत्यु की सख्या को, उस समुदाय की मध्य वार्षिक जनसख्या द्वारा भाग करके और परिणाम को प्रति हजार व्यक्त करके प्राप्त की जाती है। 1963 मे सयुक्त राज्य मे सब कारणो से अनुमानित 18,13,000 मृत्युएँ हुई। सयुक्त राज्य मे निवास करने वाली 1 जुलाई, 1963 की जनसख्या का अनुमान 18,85,31,000 था। अत. 1963

के लिए मृत्यु दर

18,13,000 – 18,85,31,000 = 0 0096, अथवा 9.6 प्रति सहस्र

थी। आप यह देखेंगे कि मरण दर की यथार्थता प्रथम तो मृत्यु के पंजीकरण की पूर्णता की मात्रा पर निर्भर करती है, और दूसरे आधार के तौर पर प्रयुक्त मध्य-वार्षिक जनसंख्या अनुमान की यथार्थता पर। क्योंकि जनसंख्या की गणनाएँ 10 वर्ष में केवल एक बार की जाती हैं अतः प्रयुक्त किये जाने वाले अधिकतर जनसंख्या अंक अनुमान ही होते हैं। *जब दो जनगणनाओं के बीच के किसी वर्ष के लिए जनसंख्या का अनुमान किया जाता है* तो वह अनुमान *अन्त जनगणना* अनुमान कहलाता है, जब अनुमान जनगणना के बाद के वर्ष के लिए होता है तो वह *पश्च-जनगणना* अनुमान कहलाता है। अन्तःजनगणना अनुमान स्वाभाविक ही पश्च-जनगणना अनुमानों की अपेक्षा कुछ अधिक यथार्थ होते हैं। 1961 से 1969 (समाविष्ट) तक के वर्षों के लिए मरण दरें इस समय पश्च-जनगणना अनुमानों पर आधारित होनी आवश्यक है और *प्रारम्भिक* दरें कहलाती है। 1970 की *जनगणना के निष्कर्ष प्राप्त होने के बाद 1961—1969 तक के वर्षों के लिए अन्तजनगणना* अनुमान लगाए जा सकते है और मृत्यु दरों का इन नए जनसंख्या अनुमानों के आधार पर पुन संकलन हो सकता है। ऐसी दरें *परिशोधित* दरें कहलाती हैं।

जब एक राज्य या नगर म होने वाली मृत्युओं को उस समुदाय की जनसंख्या से भाग किया जाता है ता परिणामस्वरूप प्राप्त होने वाली अशोधित मरण दर में कुछ संशोधन होने की आवश्यकता रहती है। उदाहरणार्थ किसी प्रदत्त वर्ष में एक समुदाय में वे लोग मर सकते है जो किसी अन्य स्थान के निवासी हैं और किसी बड़े समुदाय के कुछ निवासी उस समुदाय के बाहर मर सकते हैं। यदि अनिवासी मरणों को समुदाय मे हुए मरणों में से घटाया जाए तो परिणामस्वरूप प्राप्त होने वाली दर को *स्थानीय* दर कहा जाता है। यदि इसके अतिरिक्त उस समुदाय के बाहर होने वाले निवासियों के मरणों को जोड़ा जाए तो परिमाणत प्राप्त होने वाली दर को *निवासी* दर कहा जाता है। इन महत्वपूर्ण अन्तरों को पहचानने में भूल होने पर अशुद्ध निष्कर्ष निकाले जा सकते है। एक वर्ष यह घोषणा की गई थी कि न्यूयार्क नगर के क्वीन्स बोरो के लिए मृत्यु दर 6 5 प्रति सहस्र थी, ब्रांक्स के लिए 7 8, ब्रूकलिन के लिए 9 3, रिचमन्ड के लिए 13 5 तथा मनहट्टन के लिए 16 3 थी। *क्वीन्स के लिए मृत्यु दर संयुक्त राज्य में किसी भी अन्य ऐसे समुदाय से कम थी और कम से कम एक समाचार-पत्र ने तुरन्त घोषणा की थी कि क्वीन्स "देश में स्वस्थतम स्थान था"*। परन्तु बहुत शीघ्र ही यह संकेत किया गया था कि क्वीन्स में अस्पतालों का बहुत कम कोटा था और इसीलिए अस्पताल की परिचर्या चाहने वाले क्वीन्स के कुछ निवासी मनहट्टन में या कहीं और इसकी खोज करते थे। अस्पताल के केसों में स्वाभाविक रूप से एक बहुत ऊँची मृत्यु दर दिखाई देती है और अशोधित मरण दर में इस तथ्य का आभास नहीं होगा कि मनहट्टन में तथा कहीं और मरने वाले कुछ व्यक्ति वास्तव में क्वीन्स के निवासी थे।

जनसंख्या के विशिष्ट वर्गों (पुरुषों और स्त्रियों, विभिन्न वय समूहों तथा अन्य श्रेणियों) के लिए तथा विशिष्ट रोगों या कारणों के लिए मृत्यु दरें विशिष्ट मृत्यु दरें कहलाती हैं। क्योंकि किसी एक कारण से मरण अपेक्षाकृत कम होते हैं, कारण-विशिष्ट दरें प्राय. जनसंख्या की प्रति लाख बताई जाती हैं। इस प्रकार 1962 में मोटर गाड़ी दुर्घटनाओं से मृत्यु दर 22 0 प्रति लाख थी।

विभिन्न समुदायो की मृत्यु दरो की योग्य तुलना मे इस तथ्य का विचार करना होता है कि लिंगो के अनुपात भिन्न हो सकते है और वय बटनो मे, नागरिको को जातीय और देशीय रचना मे, धन्धो मे, तथा अन्य कारको मे भी अन्तर हो सकते हैं । इन अन्तरो तथा समजित एव मानकित मृत्यु दरो के परिकलन की विधियो का विवरण इतना अधिक विशिष्ट विषय है कि इस पाठ मे उसका वर्णन नही किया जा सकता ।[6]

जन्म दरें—जन्म दरो की गणना प्राय एक वर्ष मे जन्मो को उस वर्ष की मध्य-वर्षीय जनसख्या द्वारा भाग करके ली जाती है । ठीक मृत्यु दरो की स्थिति के समान हमे प्रारम्भिक दरें और परिशोधित दरें प्राप्त हो सकती है । हमे कुल, स्थानीय, और निवासी दरें भी प्राप्त हो सकती है । मृत-प्रसव, जन्म के तौर पर नही गिने जाते, यद्यपि भूतकाल मे उन्हे इस प्रकार गिना जाता रहा है, इस तथ्य को तैथिक तुलनाएँ करते समय स्मरण रखना चाहिए । सभवत इस तथ्य की ओर भी ध्यान दिलाना उचित होता है कि जन्मो का पजीकरण उतना पूर्ण नही होता जितना कि मृत्यु का पजीकरण होता है । शवाधान अनुज्ञा-पत्र देने तथा (शव को) दफनाने से पूर्व मृत्यु का पजीकरण आवश्यक है। परन्तु एक नवजात शिशु, परिवार और समुदाय मे समा सकता है चाहे उसके जन्म का पजीकरण हुआ हो अथवा नही ।

कुल जनसख्या के सम्बन्ध मे जन्म दरो का परिकलन पूर्णतया सन्तोषजनक नही है क्योकि जनसख्या मे "बाल उत्पादकों" का अनुपात समय-समय पर या स्थान-स्थान पर स्थिर नही होता । जन्म दरो के परिकलन मे परिष्कार इस ग्रन्थ के क्षेत्र से परे है ।

प्रति एकड फसल उपज—उत्पादित फसल की कुल मात्रा के आँकडे हमे बता सकते हैं कि एक वर्ष मे दूसरे की अपेक्षा उस वस्तु की अधिक मात्रा प्राप्त हुई अथवा नही। परन्तु ऐसे आँकडो से हम यह नही जान सकते कि वृद्धि अधिक प्रचुर उपज के कारण हुई है, क्षेत्र मे वृद्धि के कारण हुई है, या दोनो कारणो से हुई है । 1962 मे सयुक्त राज्य मे 2,76,04,000 एकड भूमि से 66,92,11,000 बुशल सोयाबीन काटी गई, अगले वर्ष 2,86,28,000 एकड मे 70,14,65,000 बुशल सोयाबीन हुई । खेत का क्षेत्रफल और कुल उपज दोनो बढ गए थे, परिणामस्वरूप प्रति एकड उपज मे वृद्धि हो गयी थी, जो 1962 मे 24 2 बुशल और 1963 मे 24 5 बुशल थी । भौगोलिक आधार पर, सयुक्त राज्य, जो सभी अन्य देशो, जिनके आंकडे प्राप्त है, की अपेक्षा अधिक सोयाबीन उगाता है, प्रति एकड उपज मे प्रथम नही है । इटली, जिसमे 1963 मे सयुक्त राज्य की अपेक्षा काफी कम पैदावार होती थी, मे 26 5 बुशल प्रति एकड की उपज थी ।

सुअर-मक्का अनुपात—औसत मूल्य प्रति 100 पाउड को, जो कि किसानो को सुअरो के लिए प्राप्त होता है, औसत मूल्य प्रति बुशल द्वारा, जो किसानो को मक्का के लिए प्राप्त होता है, भाग करन का परिणाम सुअर-मक्का अनुपात है । उदाहरणत यदि एक दिन किसान सुअरो के लिए प्रति 100 पाउड 17 80 डालर और मक्का के लिए प्रति बुशल 1.48 डालर प्राप्त कर रहे हैं तो अनुपात 17 80 डालर ÷ 1.48 डालर = 12 0 है ।

---

6 राष्ट्रीय जीवन मरण आंकडा प्रणाली से लिए आंकडा के साथ नैशनल सेंटर फार हैल्थ स्टैटिस्टिक्स द्वारा निर्गमित अनेक अध्ययन देखिए । साथ ही वाइटल स्टैटिस्टिक्स आफ दि यूनाइटेट स्टेटस जो सयुक्त राज्य स्वास्थ्य, शिक्षा एव कल्याण विभाग की सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा द्वारा प्रतिवर्ष निर्गमित हुई हैं । इसमे विस्तार से जन्म दरो, अस्वस्थता दरो, केस मृत्यु अनुपातो विवाह दरो, तलाक दरो, प्रसवन दरों, मृत जन्म अनुपातो, तथा अन्य वर्णन होता है । मासिक वाइटल स्टैटिस्टिक्स रिपोर्ट भी प्राप्य हैं ।

इस अनुपात का यह अर्थ लगाया जा सकता है कि 100 पाउंड सुअर एक बुशल मक्का से 12 0 गुना मूल्यवान हैं अथवा अधिक सरल शब्दो मे 12 0 बुशल मक्का का मूल्य 100 पाउंड सुअरो के बराबर है। यदि एक अन्य दिन सुअरो से किसान को प्रति सौ पाउंड 16 40 डालर प्राप्त होते हैं और मक्का से प्रति बुशल 1 68 डालर मिलते हैं तो उस समय अनुपात 9 8 होता है। एक 6 वष की अवधि मे सुअर मक्का अनुपात औसत लगभग 13 2 थी जो कम से कम 9 2 तक गिरी और अधिक से अधिक 19 8 तक पहुँची। यदि अनुपात कम है तो मण्डी के लिए मोटे किए जा रहे सुअरो को मक्का खिलाने की अपेक्षा किसानो के लिए अपनी मक्का सीधी बेचना अधिक लाभदायक है। यदि अनुपात ऊँचा है तो किसानों के लिए मक्का सीधी बेचने की अपेक्षा अपने सुअरो को मक्का खिलाना अधिक लाभदायक हो जाता है। क्योंकि मण्डी के लिए सुअर पदा करने मे मक्का लागत का प्रमुख भाग है इसलिए अनुपात का प्रयोग सुअर उत्पादन के भावी विस्तार या सकुचन की वाछनीयता के सकेतक के तौर पर किया जाता है। इस प्रकार सुअर मक्का अनुपात और सुअर उत्पादन चक्र के बीच एक सम्बन्ध है। जब अनुपात ऊँचा होता है तो सुअर उत्पादन मे वद्धि होने की प्रवत्ति रहती है। इस प्रकार की वद्धि का परिणाम प्राय मक्का मूल्यों के सम्बन्ध म सुअर मूल्यो मे कमी होता है और तब सुअर उत्पादन को नियन्त्रित करने की प्रवत्ति होती है। 1940 से 1964 तक के लिए सुअर मक्का अनुपातों को दिखाने वाले वक्र चाट 5 12 तथा 5 13 मे दिखाए गए है।

बल्लबाजी की औसत—दनिक पत्रो के खेल के पृष्ठों की बल्लेबाजी की परिचित औसत एक बल्लेबाज द्वारा कुल जितनी बार उसे बल्लेबाजी करनी थी उसके सम्बन्ध मे किए गए प्रहारो का अनुपात है। सारणी 7 4 मे चुनी हुइ बलेबाजी मे औसतो की एक श्रेणी दिखाई गई है। सारणी 7 4 के अन्तिम स्तम्भ मे अको पर एक के अनुपात

सारणी 7 4

1965 मे अमरीकन लीग के 10 प्रसिद्ध खिलाडियों की बल्लबाजी की व्यक्तिगत औसतें

खिलाडी तथा क्लब	खेल	बल्लेबाजी की सख्या	प्रहार	बल्लेबाजी की औसत*
ओलिवा मिनसोटा	149	576	185	321
यस्त्रजेम्स की बोस्टन	133	494	154	312
डवेलिलो क्लीवलैंड	142	505	152	301
राबिन्सन बाल्टीमोर	144	559	166	297
वैग्नर क्लीवलैंड	144	517	152	294
हावड वाशिंगटन	149	516	149	289
कोलविटो क्लीवलैंड	162	592	170	287
हाल मिनसोटा	148	522	149	285
बफड शिकागो	155	586	166	283
ट्रेश न्यूयाक	156	602	168	279

*मूल सारणी मे इस स्तम्भ का शीर्षक 'पी सी टी' है।

आँकड़े व्यावसायिक बसबॉल क्लबो की अमरीकन लीग से।

मे या प्रेक्षित अको की श्रेणियो की औसतो के रूप मे ठीक प्रकार से विचार करना आवश्यक है, जिनमे से प्रत्येक का मूल्य 1 या 0 है (अर्थात् बल्लेबाज ने प्रहार किया अथवा नही)। यदि एक व्यक्ति ने 75 बार वल्लेबाज़ी की और 25 प्रहार किए तो उसकी बल्लेबाज़ी की औसत 333 दिखाई जायेगी और यह तीन सौ तेंतीस' कहलाती है। यदि उसने वल्लेबाज़ी करत समय हर बार एक प्रहार किया हो तो उसका अक 1 000 हो जाएगा जो "एक हज़ार" कहलाता है। ध्यान दीजिये कि इन आँकडो के सकेत के लिए प्रयुक्त कुछ पदो म कुछ अन्तर्विरोध आते है। अको के स्तम्भ का शीर्षक प्राय "प्रतिशतता" होता है, अक एक के *अनुपात* के तौर पर मुद्रित किए जाते है, अक *प्रति सहस्र* कहे जाते हैं।

हवाई मार्ग दुर्घटना अनुपात—हवाई यात्रा की सुरक्षा का अनुपातो के द्वारा सकेत किया जा सकता है। 1963 मे अनुसूचित स्वदेशीय वायुयान 40 26,30 00,000 यात्री मील उडे और कुल 42 दुर्घटनाएँ हुई जिनमे कुल 48 यात्री मरे। अत वायुयान प्रति यात्री मृत्यु औसत 83,88,12 500 यात्री मील उडे। 1946 मे यह अक 8 09 10 867 था और 1952 म यह *प्रति यात्री मृत्यु* 28,25 36 326 *यात्री मील था*। जैसा कि इन कुछ आकडो से सुझाव मिल सकता है, यद्यपि अपेक्षाकृत कम सख्या म दुघटनाओ और मृत्यु के कारण अनुपातो मे वर्षानुवर्ष काफी उतार-चढाव आ सकता है और आता है जैसे जैसे हवाई यात्रा अधिक सुरक्षित बनी है प्रवृत्ति प्राय अधिक ऊँचे अनुपातों की ओर रही है। *प्रति दस लाख वायुयान मील* घातक दुर्घटनाओ की सख्या के और *प्रति 1 000 लाख यात्री मील यात्री-मृत्यु* की सख्या के अनुपातो का भी परिकलन किया जा सकता है।

100 प्रतिशत विवरण—जब बैंक बीमा कम्पनियाँ और अन्य निगम जनता को वित्तीय सूचना प्रस्तुत करते है तो उन्हे डालर अको की प्रतिशतताओ मे सपूर्ण करना

सारणी 7 5

1963 और 1964 मे बेथलहम इस्पात निगम और अधीन कम्पनियो की पेन्शन न्यास निधि की परिसम्पत्तियाँ

परिसम्पत्ति	राशि		कुल का प्रतिशत	
	1963	1964	1963	1964
नकद और प्राप्य उपचित ब्याज	$ 24 19 000	$ 30 04,000	7	8
लागत पर निवेश				
अल्पकालीन दायित्व	183,52,000	4 76 77,000	5 0	12 2
सयुक्त राज्य सरकार बाड	149,16 000	1 4,916 000	4 1	3 8
अन्य बाड, नोट तथा दायित्व				
स्वदेशी निगम ..	899,72,000	9 16 36 000	24 5	23 4
स्थावर सम्पदा बन्धक .	187,96,000	1 81 44,000	5 1	4 6
विदेशी	234,34,000	2 09,85 000	6 4	5 4
अधिमान्य स्टाक	78,56 000	3 4 02,000	2 1	9
सामान्य स्टाक				
औद्योगिक .	128,129,000	13,05,54,000	34 9	33 4
सावजनिक उपयोगिता	36 717,000	3 22,,70 000	10 0	8 3
बैंक वित्त, तथा बीमा	26 541 000	2,8297 000	7 2	7 2
कुल	$36,7,105 100	$ 3908 85 000	100 0	100 0

आँकड बेथलहम इस्पात निगम एन्युअल रिपोट *1964*, पृष्ठ 20 से।

प्रभावपूर्ण लगता है। इस प्रकार एक वित्तीय विवरण मे प्रत्येक परिसम्पत्ति कुल परिसम्पत्तियो की प्रतिशतता के रूप मे और प्रत्येक देयता कुल देयताओ की प्रतिशतता के रूप मे दिखाई जा सकती है। यह विधि तब विशेषतया प्रभावपूर्ण होती है जब डालर अक बडे होते हैं। सारणी 7 5 मे बेथलहम इस्पात निगम की पेंशन न्यास निधि और अधीन कम्पनियो के एक वार्षिक प्रतिवेदन मे परिसम्पत्तियाँ दिखाई गई है। वास्तविक आँकडे, यद्यपि पूर्णांकित किए गए है, इतने बडे हैं कि सामान्य पाठक उनका ग्रहण कर उनकी तुलना नही कर सकता, परन्तु प्रतिशत आँकडो से तुलनाएँ कम कठिन बन जाती हैं। ऐसा प्रतिशतता विवरण तैयार करते समय बहुत अधिक दशमलव स्थान न दिखाना वाछनीय है, अन्यथा तुलनाएँ सरलतापूर्वक नहीं की जा सकती। एक बैंक के साधनो के विवरण मे सब प्रतिशतताओं को तीन दशमलव स्थानो तक ले जाया गया। यह बिल्कुल अनावश्यक था, विशेषत इसलिए कि सबसे छोटी मद, "फुटकर बन्धक", 0 035 (0 0349) प्रतिशत थी और 0 03 प्रतिशत दिखाई जा सकती थी, और क्योकि दूसरी सबसे छोटी मद, अन्य परिसम्पत्ति" 0 039 प्रतिशत थी और 0 04 प्रतिशत दिखाई जा सकती थी। सर्वप्रिय प्रस्तुतीकरण के लिए, अधिक महत्त्व की मदो पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए इस प्रकार की छोटी मदो को जोड कर इकट्ठा करने मे कुछ लाभ है। ये दो छोटी मदे, जोडकर 0 07 प्रतिशत दिखाई देती, अथवा सब प्रतिशतताओं को एक दशमलव स्थान तक दिखाये जाने पर 0.1 प्रतिशत दिखाई देती। परन्तु "फुटकर बन्धको" या "अन्य परिसम्पत्तियों" या दोनो के छोटेपन पर बल देना वाछनीय हो सकता है।

रेल मार्ग अनुपात—रेलमार्गो के कुशल प्रचालन के लिए विस्तृत मात्रा मे साख्यिकीय आँकडो का एकत्रीकरण और प्रयोग आवश्यक हो जाता है जिसके सबध मे बहुत से अनुपातो की गणना की जाती है। आगे दिए गए आँकडे 1963 मे सयुक्त राज्य के रेल मार्गो के लिए हैं।

प्रति मील लाइन के लिए निवेश, सड़क और उपकरण (नकदी, सामान, और पूर्ति सहित) मे कुल निवेश को रेल मार्ग लाइन के मीलो की सख्या से भाग करके प्राप्त होता है। यह अक 1,63,292 डालर प्रति मील था, अथवा उपचित मूल्यह्रास निकाल कर, 1,20,153 डालर प्रति मील था।

प्रति टन-मील भाडा आय, कुल भाडा आय को ढोए गए भार के टन-मीलो की कुल सख्या से भाग दे कर प्राप्त होती है। प्रति टन मील भाडा आय 1 310 सेन्ट थी। इसी प्रकार हम प्रति यात्री-मील यात्री आय की सगणना कर सकते है, जो 3 178 सेन्ट थी।

प्रचालन अनुपात प्रचालन-आय के सबध मे प्रचालन-व्यय का अनुपात है। प्रचालन-व्यय 7,45,16,08,665 डालर था जबकि प्रचालन आय 9,55,95,46,424 डालर थी। प्रचालन अनुपात 77 95 प्रतिशत था।

अन्य अनेक रेल मार्ग अनुपात है, प्रत्येक का अर्थ स्पष्ट ही है। कुछेक की गणना इस प्रकार है प्रति टन भार कुल आय 6 14 डालर थी, प्रति टन भार कर्षण 464 मील था, प्रति यात्री आय 1 90 डालर थी, प्रति यात्री औसत यात्रा 59 6 मील थी, कुल सम्पत्ति निवेश पर प्रतिलाभ दर 3 10 प्रतिशत थी, वर्ष भर मे प्रति रेल मार्ग कर्मचारी काम के घण्टे 2,413 थे, वर्ष के दौरान काम न आ सकने वाले माल के डिब्बो की प्रतिशतता की

औसत 7.0 थी, प्रति माल-डिब्बा टन-मील प्रति दिन 113 थे, प्रति माल-डिब्बा मील प्रति दिन 49 2 मील थे ।[7]

ऊपर वर्णित रेल मार्ग अनुपात एक प्रकार के व्यवसाय अनुपात है। अनेक प्रकार के व्यवसाय सगठन उद्यम को अधिक अच्छी प्रकार चलाने के लिए विविध अनुपातो का सकलन करते है। एक अन्य ग्रथ मे[8] इस प्रकार के अनुपातो का विवरण दिया गया है, जैसे चालू अनुपात (चालू परिसम्पत्ति – चालू देनदारियाँ), व्यापारिक माल की बिक्री (शुद्ध बिक्री – पण्य सूची), लाभ की सीमा (लाभ – बिक्री) और श्रमिक आवर्त (प्रति-स्थापन – वेतन चिट्ठे पर सख्या)।

प्रतिशतताओं का दूषित प्रयोग

अनुपात और प्रतिशतताएँ इतने सामान्य प्रयोग मे है कि उनका कभी-कभी दुरुपयोग आश्चर्यजनक नही है। प्रतिशतताओ के परिकलन और प्रयोग मे आने वाली कठिनाइयो का कारण प्राय निम्न कारणो मे से किसी एक मे ढूँढा जा सकता है (1) आधार के सबध मे सभ्रम, (2) लघु पूर्ण सख्याओ पर आधारित प्रतिशतताओ का परिकलन, (3) अस्थानस्थ दशमलव विन्दु, (4) अकगणितीय अशुद्धियाँ, (5) प्रतिशतताओ की औसते निकालने की अनुचित विधि। इनका विवरण क्रमानुसार प्रस्तुत किया जाएगा।

आधार के सबध मे संभ्रम—पाँच वर्षो की एक अवधि मे सयुक्त राज्य मे पशु चिकित्सा कालेजो मे विद्यार्थियो का प्रवेश 3,160 से गिरकर 641 पर आ गया। 2 519 विद्यार्थियो की या प्रारभिक प्रवेश की 79 7 प्रतिशत कमी हुई, तो भी एक मध्य-पश्चिमी पशु-चिकित्सा कालेज के डीन का यह कहते हुए हवाला दिया गया कि कथित अवधि के दौरान प्रवेश 500 प्रतिशत घट गया था। हो सकता है कि डीन ने वास्तव मे यह कहा हो कि प्रारभिक पजीकरण अक बाद के अक का लगभग 500 प्रतिशत था। 500 प्रतिशत कमी का अर्थ पहले पजीकरण के आकार का चार गुना नकारात्मक प्रवेश होगा।

एक वर्ष सयुक्त राज्य के जिला-न्यायवादी द्वारा एक सकल्पित प्रयत्न किया गया था कि पिट्सबर्ग के भोजनालय अपने मूल्यो को एक निश्चित स्तर पर ले आएँ। समाचार पत्रो ने इस अभियान की सफलता की घोषणा करते हुए कहा कि पिट्सबर्ग के भोजनालयो ने अपने मूल्य 50 से 100 प्रतिशत तक कम कर दिए थे। यह तो स्पष्ट ही है कि मूल्य 100 प्रतिशत कम नही किए जा सकते, अन्यथा पहले की बेची जाने वाली सेवाएँ मुफ्त दे दी जाएँगी। कई एक पकवानो के मूल्य-ह्रास बताए गए। कुछ भोजन पहले 15 सेन्ट प्रति क्रयादेश के हिसाब से बिकता था। उसी आकार की सेवाएँ कमी के बाद 5 सेन्ट के हिसाब से बेची गई, अत कमी पहले के विक्रय मूल्य की 66 7 प्रतिशत हुई।

किसी विज्ञापन मे यह दावा होते देखना कि "मूल्य 100 प्रतिशत घट गए" असाधारण बिल्कुल नही है। हाँ, इसका यह अर्थ होना चाहिए कि वस्तुएँ मुफ्त दी जा रही हैं। एक कम्पनी तो सलाह देने मे यहाँ तक गई कि उनकी मूल्य सूची से व्यक्ति "50 से 200 प्रतिशत तक बचत" कर सकेगा।

---

7 इन और अन्य रेल मार्ग अनुपातो के लिए पूर्वी रेल मार्गो के सार्वजनिक सम्बन्धो की समिति, न्यूयोर्क द्वारा वार्षिक निर्गमित ए ईयरबुक आफ रेलरोड इन्फरमेशन देखिए।

8 देखिए एफ० ई० क्राक्सटन तथा डी० जे० काउडन, *प्रैक्टिकल बिजनेस स्टैटिस्टिक्स*, तृतीय सस्करण, प्रेन्टिस हॉल, इकार्पोरेटिड एन्जलवुड क्लिफ्स, एन० जे०, *1960*, पृष्ठ 90—99।

आधार के संबंध में गम्भीर सभ्रम टायरो की डाक-क्रयादेश गृह की गारटी मे विद्यमान प्रतीत होता है। सस्था का दावा है कि गारटी 'सेवा के मीलो, महीनो या वर्षों की किसी सीमा के बिना है' और टायरो की मुफ्त मरम्मत की जाएगी या "आप द्वारा प्राप्त केवल मात्र माल-भत्ते की वास्तविक रकम" लेकर बदले जाएगे। शब्दशः, आधार असीम है और यदि सब टायरो के केताओ के लिए गारटी को पूर्णत पूरा किया जाता तो कम्पनी का शीघ्र ही टायर बेचना बन्द करना पडता। उक्त सस्था के लिए औचित्य की दृष्टि से यह नोट करना चाहिए कि उनकी समायोजन नीति उदार है।

लघु सख्याओ से प्रतिशतताएँ—लघु सख्याओ पर आधारित प्रतिशतताओ को प्रयोग करने की अवाछनीयता का एक अत्यन्त पुराना आदर्श उदाहरण चडॉक द्वारा दिया गया है।[9]

> जॉन्स हाप्किन्स विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय मे स्त्रियो के लिए विशिष्ट पाठ्यक्रम खोलने के कुछ समय बाद यह रिपोर्ट मिली कि महिला छात्राओ मे से $33\frac{1}{3}$ प्रतिशत ने सस्था के सकाय म विवाह कर लिया था। हाँ, महत्त्वपूर्ण सूचना तो महिला छात्राओं की सख्या थी। वे केवल तीन थी। *छोटी सख्या मे केसों पर विचार करते समय केवल प्रतिशतताओं के प्रयोग से अशुद्ध धारणाएँ उत्पन्न होती हैं।* इन केसो म या तो प्रतिशतताओ का प्रयोग बिल्कुल नही करना चाहिए या व सख्याएँ जिनपर वे आधारित है प्रतिशतताओ के साथ होनी चाहिएँ।

साधारणतया जब तक आधार मे 100 या अधिक केस न हो, प्रतिशतताओ का परिकलन नही होना चाहिए।

अस्थानस्थ दशमलव बिन्दु—अस्थानस्थ दशमलव बिन्दुओ वाली अशुद्धियो से नितान्त भ्रात व्याख्याएँ हो सकती है। वे एक साधारण सी अशुद्धि हैं और उनसे सावधान रहना चाहिए। अस्थानस्थ दशमलव स्थानो मे ऐसी प्रारभिक प्रकार की अशुद्धियाँ आती है कि पाठक यह अनुभव कर सकता है कि वे इतनी प्रारभिक है कि उनके यहाँ वर्णन की आवश्यकता नही। परन्तु एक राज्य विश्वविद्यालय से एक अनुसधान रिपोर्ट मे बताया गया कि एक वर्ष मे सयुक्त राज्य की सेनाओ ने उस वर्ष मे प्राप्त कॉफी के 8 7 प्रतिशत का उपयोग किया। वे आँकडे जिनसे प्रतिशतता का परिकलन किया गया था 24 तथा 2,756 मिलियन (दस लाख) पाउड थे। ठीक अक एक प्रतिशत का 0 87 है।

राजधानी के एक समाचार पत्र के लिए नवाहो के भारतीयो का विवरण देते समय एक फीचर लेखक ने कहा, "शान नवाहो मरण दर 360 प्रति 1,00,000 है।" आम पद्धति से बताई जाने पर यह 3 6 प्रति 1000 या सयुक्त राज्य की दर का, जो कि उसी वर्ष मे 10 6 थी, लगभग एक-तिहाई होगी। यद्यपि उन मूलभूत आँकडो का, जिनसे नवाहो मृत्यु दर की सगणना की गई सदिग्ध मूल्य था, यह ज्ञात है कि वह अक समस्त देश के अक से बहुत बडा है। फीचर लेखक ने न केवल दशमलव की मिथ्या स्थापना की (उसकी इच्छा 3,600 प्रति 1,00,000 कहने की थी जो 36 प्रति 1,000 है) बल्कि सभवतः उसने अकगणितीय अशुद्धि भी की हो।

यह ध्यान देना रुचिकर होगा कि एक अस्थानस्थ दशमलव का तात्पर्य सदा गभीर मिथ्या-वक्तव्य होता है, क्योंकि सबसे छोटी अशुद्धि जो हो सकती है उसका परिणाम होगा कि अशुद्ध अक जितना होना चाहिए उसका दस गुना या उसका दसवाँ भाग होगा।

---

9 राबर्ट इ० चडॉक की "प्रिंसिपल्स एण्ड मेथड्स ऑफ स्टैटिस्टिक्स, हॅटन मिफिन कम्पनी, बोस्टन, 1925, पृष्ठ 13—14।

परिकलकों द्वारा दशमलवों के अस्थानस्थ किए जाने की उस समय सबसे अधिक सभावना प्रतीत होती है (1) जब बडी पूर्ण सख्याओ से सबध हो अथवा (2) जब पूर्व सख्याओ मे से एक दूसरी के सबध मे, बहुत बडी (या छोटी) हो, जिसके परिणामस्वरूप अनुपात बहुत बडा (या छोटा) हो। दो उदाहरण पर्याप्त होगे।

वर्षों की एक अवधि मे एक बैंक के साधन 1,00,000 डालर से 30,00,00,000 डालर तक बढ गए। एक समाचार पत्र ने कहा कि वृद्धि 3,000 प्रतिशत थी। वास्तव मे, *दूसरा अक पहले अक का 3,000 गुना है, अथवा इसका 3,00,000 प्रतिशत है,* और वृद्धि 2,99,900 प्रतिशत है।

एक विज्ञापन मे सकेत किया गया कि सयुक्त राज्य मे प्रति दिन 20,00,00,000 से अधिक चैकों का भुगतान किया जाता है और उनमे से लगभग 99 9995 प्रतिशत अच्छे होते है। विज्ञापन मे कहा गया "2,000 मे से केवल एक नकारा जाता है।" *प्रतिशतता और अनुपात मे असहमति है। पत्र-व्यवहार से पता चला कि लगभग 1,000 चैंक प्रति दिन* निकम्मे थे, अत अनुपात "2,00,000 मे से 1" होना चाहिए था।

अंकगणितीय अशुद्धियाँ—समाचार-पत्रो के अनुसार एक वर्ष एक प्रसिद्ध सरकारी अधिकारी ने कहा कि रूसी साम्यवादियो का 80,00,00,000 व्यक्तियो पर अधिकार था और इस अक की लगभग 15,00,00,000 सयुक्त राज्य की जनसख्या मे तुलना की। *उसने कहा, बताया जाता है कि अनुपात 7 1 था। ठीक अनुपात 5 33 1 है।*

प्रतिशतताओ और अनुपातों की अशुद्ध औसत निकालना—प्रतिशतताओ और अनुपातो की औसतें निकालने की सामाजिक आवश्यकता के कारण एक खतरे के वर्णन और उचित विधि पर विचार करने की आवश्यकता है। सारणी 3 1 के अको पर विचार कीजिए। 1960 मे सयुक्त राज्य के पहाडी विभाग के आठ राज्यो के लिए प्रति 100 *स्त्रियों के पीछे पुरुषो की औसत प्रतिशतता या अनुपात जानना वाछनीय है। यदि हम सूची* मे दिए आठ प्रतिशतताओ या अनुपातो को जोडें और आठ से भाग करें तो हमारे पास 820 5 ÷ 8 = 102 5 आता है। परन्तु यह अक परिस्थिति का ठीक-ठीक प्रतिनिधित्व नही करता। आठ प्रतिशतताओ या अनुपातो की विभिन्न आधारो से गणना की गई थी और इसीलिए तदनुसार भार लगाना चाहिए। सही प्रतिशतता या अनुपात प्राप्त करने के लिए सरलतम विधि यह है कि आठ राज्यो के लिए पुरुष जनसख्या को जोडा जाए, आठ राज्यो *की स्त्री जनसख्या को जोडा जाए, और दूसरे अक को पहले से भाग किया जाए। इससे* 101.2 का अक प्राप्त होता है। वही परिणाम आठ अकों की औसत निकाल कर भी प्राप्त किया जा सकता था, बशर्ते कि प्रत्येक को उस आधार के अनुसार भारित किया जाए जिससे इसकी गणना की गई है। प्रत्येक अक को इसके आधार से गुणा करने, निष्कर्षों को जोडने, और आधार अको (या भारो) के जोड से भाग करने की विधि आवश्यक तौर पर वही है जैसी अभी-अभी प्रयुक्त की गई है। परन्तु निष्कर्ष थोडा कम सही है क्योंकि प्रत्येक प्रतिशतता अक या अनुपात का पूर्णांकन किया गया है। एक प्रदत्त प्रतिशतता को *पूर्णांक करने मे होने वाली अशुद्धि जब प्रतिशतता को गुणा किया जाता है बढ जाती है।* परन्तु क्योंकि कुछ प्रतिशतताएँ कम की गई हैं और कुछ अधिक की गई है, अत इन अशुद्धियो की प्रवृत्ति प्रतिसतुलन की है। विशिष्ट स्थितियो मे, उन्हे उनके आधारो के अनुसार भारित किए बिना प्रतिशतताओं की औसतें निकालना उचित हो सकता है। इसकी चर्चा पृष्ठ 166 तथा 167 पर की गई है।

8

वारंवारता बंटन

माख्यिकीय आँकडो को सगठित करने और उनका साराश निकालने की एक विधि वारवारता बटन निर्माण है। इस विधि मे एक श्रेणी की विभिन्न मदों का समूहों मे वर्गीकरण किया जाता है और प्रत्येक समूह मे आने वाली मदो की सख्या बताई जाती है। एक वारवारता बटन सारणी 8 3 मे प्रदर्शित है। कभी कभी आँकडो का प्रयोग करने वाले को प्रकाशनो मे वारवारता बटन पहले ही बने हुए मिलेगे जिनकी ओर वह सकेत कर सकता है, कभी-कभी वह अवर्गीकृत आकडो से स्वय अपना वारवारता बटन बनाएगा। हम वारवारता बटन का अपना विवरण पहले अपक्व या अवर्गीकृत आँकडो के रूप पर विचार करके प्रारभ करगे।

अपक्व आंकडे

वे अवर्गीकृत आकडे जिनसे वारवारता बटन बनाया जा सके ऐसे प्रतीत हो सकते हैं जैसे कि सारणी 8 1 के आंकडे। यहाँ हमारे पास रूजर्स स्टेट यूनिवर्सिटी (नवार्क शाखा) के 1965 मे स्नातक होने वाली कक्षा के 409 उदार कला विद्यार्थियों द्वारा चार वर्षीय कोर्स के लिए प्राप्त श्रेणियाँ है। श्रेणियो की व्यवस्था यादृच्छिक है और हमने स्थान बचाने के लिए नाम छोड दिए है। अपक्व आँकडो का एक अन्य उदाहरण जिससे सभवत वारवरता बटन बनाया जा सके एक कारखाने का वेतन चिट्ठा है। कर्मचारियों के वेतन चिट्ठो को वर्णक्रम में नाम द्वारा, कर्मचारी सख्या द्वारा, विभागो द्वारा और तब नाम या सख्या द्वारा, वरीयता द्वारा, या किसी अन्य सुविधाजनक क्रम मे सूची मे रखा जा सकता है। सारणी 8 1 मे दिखायी विद्यार्थियो की श्रेणियो पर विचार करने से यह स्पष्ट है कि यदि अको की पुनर्व्यवस्था न की जाए तो बहुत कम जानकारी प्राप्त होनी है।[1] जब सारणी 8 1 के समान आँकडों की सूची बनाई जाती है तो न्यूनतम श्रेणी और उच्चतम श्रेणी मालूम करना भी टेढा कार्य है। यह निश्चित रूप से जानना और भी कठिन है कि किस मूल्य के इर्द-गिर्द श्रेणियो की केन्द्रित होने की प्रवृत्ति है अथवा क्या वे वास्तव मे ऐसे केन्द्रीकरण का प्रदर्शन करती है। विश्लेषण के ये और अन्य पग आकडो की पुनर्व्यवस्था करने और उनका साराश निकालने से सरल बन जाते हैं।

---

1. श्रेणियाँ 1 0, 2 0, 3 0, इत्यादि से 100 0, 90 0, 80 0, आदि मे परिवर्तित की गई।

सारणी 8.1

रूजर्स स्टेट यूनिवर्सिटी के 1965 मे स्नातक होने वाली कक्षा के 409 उदार कला विद्यार्थियो द्वारा चार वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए प्राप्त श्रेणियाँ।

86 1	83 2	84 1	91 1	84 3	93 6	79 7	87 4	95 0
83 3	92 9	82.4	82 6	89 8	81 0	89 5	83 1	82 5
81 5	78 0	87 2	89 8	81 3	84 8	91 0	92 2	90 2
89 7	84 0	80 0	84 8	86 3	88 7	84 6	81 3	87 6
85 0	79 4	94 3	83 5	79 8	82 2	87 1	88 8	78 9
78 6	86 8	82 8	80 7	96 5	83 7	77 8	81 2	84 1
88 5	77 7	84 4	90 6	80 2	90 2	98 3	86 1	90 6
80 6	90 2	85 3	79 1	86 6	80 9	86 2	83 0	86 4
83 5	84 3	91 7	84 0	78 1	88 1	79 6	89 8	81 5
94 6	81 3	88 4	81 0	89 6	81 8	83 2	85 2	83 8
81 1	78 6	83 1	92 8	76 9	83 7	92 0	80 6	94 2
86 2	87 9	81 7	83 8	87 4	85 6	91 8	88 7	79 9
79 7	86 3	89 5	80 9	81 3	94 3	86 6	81 0	90 9
88 7	82 3	84 1	87 6	83 3	81 2	80 2	93 0	82 7
78 9	92 2	80 3	86 4	90 5	87 3	84 0	82 4	86 0
82 5	79 8	88 0	78 3	84 6	82 1	88 8	85 4	88 0
87 2	83 0	82 0	93 9	81 5	87 7	79 3	96 2	82 3
90 7	87 0	83 4	91 8	88 2	79 4	85 8	83 6	85 0
80 2	81 4	90 2	84 8	79 7	92 2	77 4	86 5	89 5
84 7	87 7	80 9	86 2	85 0	82 8	87 7	83 1	91 8
87 5	78 7	86 0	79 9	90 7	83 9	79 2	88 4	84 5
82 7	94 2	83 1	88 5	79 5	86 2	93 8	85 1	94 6
84 0	79 6	97 5	80 6	87 9	77 9	84 2	81 3	81 1
88 6	83 2	80 0	83 3	83 1	88 9	78 6	87 6	86 3
79 3	86 6	85 2	89 8	77 4	84 1	83 7	81 2	89 9
91 4	88 0	79 8	78 5	86 8	83 0	88 7	84 3	84 2
89 8	81 9	85 0	84 5	91 5	84 9	82 9	91 8	91 4
85 1	77 9	87 8	76 5	95 2	91 7	78 9	86 6	87 4
83 8	90 3	81 4	86 8	82 5	89 7	84 7	84 0	84 6
81 8	85 3	92 0	82 3	80 1	86 1	87 0	93 9	83 3
96 7	79 9	82 5	84 0	89 5	79 3	79 6	83 4	88 5
82 2	84 2	85 6	84 3	91 4	85 0	89 6	80 5	84 8
86 1	89 0	77 6	90 9	83 4	78 3	81 4	87 4	82 6
87 4	80 7	86 1	80 4	86 6	93 0	86 0	82 7	96 7
79 6	82 4	94 6	86 5	79 2	83 7	91 6	87 9	83 2
90 2	85 0	83 5	91 8	88 5	82 0	90 3	85 3	86 4
86 2	78 8	87 2	83 2	77 7	88 3	78 8	79 8	87 1
81 0	88 5	79 5	90 2	85 2	81 2	84 5	92 5	81 9
86 8	81 1	84 6	86 3	80 9	85 9	87 5	83 1	89 2
81 3	93 5	83 0	76 9	96 0	80 1	81 0	86 6	80 7
85 6	79 4	87.4	83 7	82 8	84 1	90 7	82 3	85 5
92 5	86 4	80 3	85 3	79 8	87 9	81 7	87 7	
81 4	84 5	83 1	89 4	86 9	79 6	85 0	82 1	
84 8	82 3	87 8	78 5	83 1	89 3	80 3	90 2	
87 1	86 3	79 7	86 6	81 0	79 3	87 3	83 0	
85 9	93 9	82 8	82 6	87 7	86 1	80	84 0	

रूजर्स स्टेट यूनिवर्सिटी के पंजीयक कार्यालय से श्रेणियाँ 1 0 2 0, 3 0 इत्यादि से 100 0, 90 0, 80 0, आदि मे परिवर्तित की गई ।

सरणी

सारणी 8 2 के विद्यार्थियो की श्रेणियो की अवरोही क्रम मे पुनर्व्यवस्था की गई है। इस प्रकार की व्यवस्था (चाहे आरोही हो या अवरोही) एक *सरणी* कहलाती है। यह पदो की परिमाण-क्रम से व्यवस्था करती है। हमने साराश नही निकाला है, जब हम बारबारता बटन का निर्माण करेगे वह तब निकालेंगे। सारणी पर विचार करके हम आँकडों से कुछ सीखने की स्थिति मे आ जाते है। एक तो, सारणी से हम श्रेणियों का परिसर देखने के तत्काल योग्य हो जाते है जो 76 5 से 98 3 तक बदला। दूसरे, यह भी देखा जा सकता है कि श्रेणियो का केन्द्रीकरण 83 और 85 के बीच मे है। जब हम बारबारता बटन का परीक्षण करेंगे और केन्द्रीय प्रवृत्ति के पगो पर विचार करगे तो यह अधिक स्पष्ट दिखाई देगी। तीसरे कुछ अधिक विस्तृत परीक्षा से हमे श्रेणियो के बटन की मोटी जानकारी प्राप्त होती है। उदाहरणार्थ, हम देख सकते हैं कि 78 से कम या 96 से ऊपर की श्रेणियाँ कम हैं। जब हमारे पास बारबारता बटन होगा तो श्रेणी के इस विशिष्ट रूप का अध्ययन अत्यन्त शीघ्र होगा। चौथे, यह देखा जा सकता है कि अको मे उचित मात्रा मे सातत्य दिखाई देता है। यदि श्रेणियो को पूर्ण प्रतिशततानाओं के रूप मे व्यक्त किया जाए तो 77 से 98 तक सब निरतर मूल्यो का प्रतिनिधित्व होता है। यदि हम दिखाए गए अको पर एक दशमलव स्थान तक विचार करें तो हम देख सकते है कि 79 0 से 92.0 तक के परिसर मे, जिसमे 409 विद्यार्थियो मे से 350 सम्मिलित हैं, सभावित 131 मूल्यो मे से 118 मिलते हैं। यदि श्रेणियाँ विद्यार्थियो की अधिक सख्या के लिए होती तो यह प्रवृत्ति अधिक महत्त्वपूर्ण होती।

किन्तु सरणी आँकडो का एक बेढगा प्रकार है। साथ ही, सब मदो की पुनर्व्यवस्था करने की आवश्यकता के कारण इसका निर्माण कष्टदायक है। सारणी के निर्माण का एक पर्याप्त सन्तोषजनक तरीका अको को छोटे कार्डों पर लिखना और कार्डों को छाँटना है। हाँ, यदि आँकडो को यात्रिक मारणीकरण कार्डों पर छिद्रित किया जाए तो सारणी का निर्माण सरल है।

श्रेणियो का अध्ययन करते समय हम प्राय सारणी बनाने के इच्छुक हो सकते है। कुछ सस्थाएँ प्रतिवर्ष स्नातक होने वाली कक्षा की एक सूची प्रकाशित करती है जिसमें उच्चतम से निम्नतम क्रम तक विद्यार्थियो के नाम और स्थान अकित होते हैं।

यदि हमारी अस्पताल या समुदाय पेटी के लिए धन इकट्ठा करने के अभियान मे रुचि है तो वैयक्तिक उपहारो को अवरोही क्रम मे अकित करना बहुत उपयोगी (उदाहरणार्थ, प्रचार प्रयोजनो के लिए) हो सकता है। परन्तु यह स्पष्ट है कि इस प्रकार से 500 या 1,000 अशदानो की सूची बनाना कष्टदायक और सीमित मूल्य का होगा। बहुत से उदाहरणो म सरणी बनाने से कोई विशेष लाभ नही है। एक सस्था के लिए प्रति मास अपने कर्मचारियो को दी राशियो की सरणी बनाना समय को नष्ट करना होगा। इस तर्क मे कोई अधिक सार नही है कि एक बैंक अपने बहुत से जमाकर्ताओ के दैनिक बकाया की मारणी क्यो बनाए। दूसरी ओर, जन्म मरण साख्यिकी के विद्यार्थी को जन्म दरो के अध्ययन मे विभिन्न नगरो की आरोही या अवरोही क्रम से सारणी बनाना और अन्तरो के कारणो पर विचार करना बहुत उपयोगी लग सकता है।

सारणी 8 2

रूजर्स स्टट यूनिवर्सिटी के 1965 मे स्नातक होने वाली कक्षा के 409 उदार कला विद्यार्थियो द्वारा चार वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए प्राप्त श्रेणियो की सरणी

98 3	91 0	88 5	86 8	85 2	84 0	82 7	81 1	79 6
97 5	90 9	88 5	86 8	85 2	84 0	82 7	81 1	79 6
96 7	90 9	88 5	86 6	85 2	83 9	82 6	81 1	79 6
96 7	90 7	88 4	86 6	85 1	83 8	82 6	81 0	79 5
96 5	90 7	88 4	86 6	85 1	83 8	82 6	81 0	79 5
96 2	90 7	88 3	86 6	85 0	83 8	82 5	81 0	79 4
96 0	90 6	88 2	86 6	85 0	83 7	82 5	81 0	79 4
95 2	90 6	88 1	86 6	85 0	83 7	82 5	81 0	79 4
95 0	90 5	88 0	86 6	85 0	83 7	82 5	81 0	79 3
94 6	90 3	88 0	86 5	85 0	83 7	82 4	80 9	79 3
94 6	90 3	88 0	86 5	85 0	83 7	82 4	80 9	79 3
94 6	90 2	87 9	86 4	85 0	83 6	82 4	80 9	79 3
94 3	90 2	87 9	86 4	84 9	83 5	82 3	80 9	79 2
94 3	90 2	87 9	86 4	84 8	83 5	82 3	80 7	79 2
94 2	90 2	87 9	86 4	84 8	83 5	82 3	80 7	79 1
94 2	90 2	87 8	86 3	84 8	83 4	82 3	80 7	78 9
93 9	90 2	87 8	86 3	84 8	83 4	82 3	80 7	78 9
93 9	90 2	87 7	86 3	84 8	83 4	82 2	80 6	78 9
93 9	89 9	87 7	86 3	84 7	83 3	82 2	80 6	78 8
93 8	89 8	87 7	86 3	84 7	83 3	82 1	80 6	78 8
93 6	89 8	87 7	86 2	84 6	83 3	82 1	80 5	78 8
93 5	89 8	87 7	86 2	84 6	83 3	82 0	80 4	78 6
93 0	89 8	87 6	86 2	84 6	83 2	82 0	80 3	78 6
93 0	89 8	87 6	86 2	84 6	83 2	81 9	80 3	77 6
92 9	89 7	87 6	86 2	84 5	83 2	81 9	80 3	78 5
92 8	89 7	87 5	86 1	84 5	83 2	81 8	80 2	78 5
92 5	89 6	87 5	86 1	84 5	83 2	81 8	80 2	78 3
92 5	89 6	87 4	86 1	84 5	83 1	81 7	80 2	78 3
92 2	89 5	87 4	86 1	84 4	83 1	81 7	80 1	78 1
92 2	89 5	87 4	86 1	84 3	83 1	81 5	80 1	78 0
92 2	89 5	87 4	86 1	84 3	83 1	81 5	80 0	77 9
92 0	89 5	87 4	86 0	84 3	83 1	81 5	80 0	77 9
92 0	89 4	87 4	86 0	84 3	83 1	81 4	79 9	77 8
91 8	89 3	87 3	86 0	84 2	83 1	81 4	79 9	77 7
91 8	89 2	87 3	85 9	84 2	83 1	81 4	79 9	77 7
91 8	89 0	87 2	85 9	84 2	83 0	81 4	79 8	77 6
91 8	88 9	87 2	85 8	84 1	83 0	81 3	79 8	77 4
91 8	88 8	87 2	85 6	84 1	83 0	81 3	79 8	77 4
91 7	88 8	87 1	85 6	84 1	83 0	81 3	79 8	76 9
91 7	88 7	87 1	85 6	84 1	83 0	81 3	79 8	76 9
91 6	88 7	87 1	85 5	84 1	82 9	81 3	79 7	76 5
91 5	88 7	87 0	85 4	84 0	82 8	81 3	79 7	
91 4	88 7	87 0	85 3	84 0	82 8	81 2	79 7	
91 4	88 6	86 9	85 3	84 0	82 8	81 2	79 7	
91 4	88 5	86 8	85 3	84 0	82 8	81 2	79 6	
91 1	88 5	86 8	85 3	84 0	82 7	81 2	79 6	

वारवारता बटन

मरणी 8 2 की सारणी मे विद्याथियो की श्रेणियो की पुनर्व्यवस्था की गई। सारणी 8 3 का वारवारता बटन श्रणियो को 12 समूहो या वर्गो मे सक्षिप्त कर देता है।

सारणी 8 3

रूजर्स स्टेट यूनिर्वासटी की 1964 मे स्नातक होने वाली कक्षा के 409 उदार कला विद्याथियो द्वारा चार वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए प्राप्त श्रेणियो का वारवारता बटन

श्रेणी	विद्याथियो की सख्या
75 0—76 9	3
77 0—78 9	23
79 0—80 9	52
81 0—82 9	61
83 0—84 9	74
85 0—86 9	61
87 0—88 9	53
89 0—90 9	35
91 0—92 9	23
93 0—94 9	15
95 0—96 9	7
97 0—98 9	2
कुल	409

यह स्पष्ट है कि वारवाग्ता बटन सारणी मे दिए विस्तार को नही दिखाता, परन्तु साराश निकालने मे वहुत लाभ होता है। हम देख सकते हैं कि निम्नतम श्रेणी 75 से कम नही है और उच्चतम श्रेणी 99 भी नही है हम उच्चतम और निम्नतम श्रेणियो के ठीक-ठीक मूल्या को निश्चित रूप से नही जान सकते जैसा हमने मरणी से किया था। श्रेणियो का 83 85 के निकट केन्द्रीकरण एक दृष्टि मे स्पष्ट है। यदि हम वारवारता बटन का एक वक्र खीचें, जैसा कि चार्ट 8 1 मे है तो हम आँकडो को तुरन्त देख सकते हैं और अन्य श्रणियो से तुलनाएँ कर सकते है जैसा कि इस अध्याय के एक उत्तरवर्ती परिच्छेद मे विचार किया गया है। आँकडो के वर्गीकरण के बाद हम विशिष्ट मूल्यो का शीघ्र परिकलन करने की स्थिति मे होते है (अगले अध्यायो मे विवेचित) जो हमे आँकडो के वर्णन और उनके विश्लेषण म सहायता करेगा।

जब एक सरणी प्राप्त है तो वारवारता बटन केवल मात्र मदो को गिनकर बनाया जा सकता है। परन्तु केवल वारवारता बटन बनाने के प्रयोजन के लिए एक सरणी बनाना उचित नही है क्योंकि मरणी निर्माण करने के लिए बहुत अधिक समय की आवश्यकता होती है।

यदि आँकडे अमगठित रूप मे है जैसा सारणी 8 1 मे है, तो हम अध्याय 2 मे दिखाई विधि के समान गुणाकन विधि से वारवारता बटन का निर्माण कर सकते हैं। अको के प्रयोग का दूसरा तरीका सारणी 8 4 के समान एक प्रविष्टि प्रपत्र बनाना है।

चार्ट 8 1 रूजर्स स्टेट यूनिवर्सिटी की 1965 मे स्नातक होने वाली कक्षा के 409 उदार कला विद्यार्थियो द्वारा चार वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए प्राप्त श्रेणियाँ। सारणी 8.3 आँकडे।

यह सरणी बनाने की अपेक्षा कम श्रमसाध्य है और गुणाकन विधि की अपेक्षा इसमे कुछ लाभ हैं। प्रविष्टि प्रपत्र के लाभ हैं . (1) हम स्तम्भों की यह देखने के लिए जाँच कर सकते है कि कोई मद गलती से तो अकित नही हुई, (2) हम अकित मदो का जोड कर सकते हैं और इस जोड की अवर्गीकृत आँकडो के जोड के साथ पडताल कर सकते हैं, (3) यदि हम यह निर्णय करें कि हमे 2 प्रतिशत की बजाय 1 प्रतिशत या 3 प्रतिशत की श्रेणियाँ चाहिएँ तो हम अपने वारवारता बटन को थोडी चेष्टा से पुन आकार दे सकते हैं, (4) जैसा कि अगले अध्याय मे दिखाया जाएगा, प्रविष्टि प्रपत्र हमे यह पता लगाने के योग्य बना देता है कि एक श्रेणी का मध्य मूल्य उस श्रेणी मे मदो की औसत से कितना अधिक मिलता-जुलता है। यदि वाछनीय हो तो प्रविष्टि प्रपत्र मे प्रयुक्त श्रेणियाँ हमारे विचार के अनुसार वारवारता बटन के लिए जितनी हम चाहेगे, उससे भी सकुचित हो सकती हैं। तब इन श्रेणियो को उचित मध्यान्तर और श्रेणी सीमाओ का प्रयोग करके तुरन्त मिलाकर चौडा किया जा सकता है।

सारणी 8 3 के वारवारता बटन के सब श्रेणी मध्यान्तर 2 प्रतिशत हैं। जब सब श्रेणी मध्यान्तर समान हो तो चार्ट बनाना और परिकलन करना सरल हो जाता है। अत जब भी सभव हो, वारवारता बटनो का निर्माण समान श्रेणी मध्यातरो से करना चाहिए। परन्तु यह सदा व्यावहारिक नही होता। सारणी 8.5 म एक वारवारता बटन दिखाया गया है जिसके श्रेणी मध्यान्तर असमान है। इस उदाहरण मे परिणाम कम आय वाले सचिवो के सम्बन्ध मे अधिक विस्तृत जानकारी देना है।

सारणी 8.4

रूजर्स स्टेट यूनिवर्सिटी की 1965 में स्नातक होने वाली कक्षा के 409 उदार कला विद्यार्थियों द्वारा चार वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए प्राप्त श्रेणियों के लिए प्रविष्टि प्रपत्र।

75.0–76.9	77.0–78.9	79.0–80.9	81.0–82.9	83.0–84.9	85.0–86.9	87.0–88.9	89.0–90.9	91.0–92.9	93.0–94.9	95.0–96.9	97.0–98.9
76.5	78.6	80.0	81.3	83.3	85.1	88.5	89.7	91.4	94.6	96.7	97.5
76.9	78.9	79.7	81.1	83.5	85.0	88.7	90.7	92.5	94.2	96.5	98.3
76.9	78.0	80.2	82.5	84.7	86.2	87.2	89.8	92.9	93.5	95.3	
	77.7	79.3	82.7	84.0	85.1	87.5	90.2	92.1	93.9	96.0	
	78.0	79.6	81.8	83.9	85.1	88.6	90.4	91.7	94.3	96.2	
	78.7	79.4	82.2	84.8	86.2	87.4	90.3	92.0	94.6	95.0	
	77.9	79.8	81.0	84.2	86.9	87.1	89.0	91.1	93.4	96.7	
	78.8	79.6	81.3	84.0	85.6	87.9	89.5	92.8	93.6		
	77.6	79.3	81.4	84.3	85.9	87.0	90.2	91.8	94.3		
	78.3	80.7	81.3	83.0	85.8	87.7	89.9	91.8	93.7		
	78.5	79.4	82.3	83.2	86.3	88.0	90.6	91.5	93.5		
	78.5	80.0	81.4	84.2	86.6	88.5	89.8	91.4	93.0		
	78.1	80.3	81.9	84.5	85.3	87.2	90.8	92.2	94.9		
	77.4	80.9	82.4	84.1	85.0	88.4	90.2	91.7	94.2		
	77.7	80.0	81.1	84.4	86.4	88.0	89.1	91.0	94.6		
	77.9	79.8	82.3	83.1	86.3	87.8	89.8	92.0			
	78.3	79.5	81.4	84.1	85.3	87.2	89.6	91.8			
	77.8	80.3	82.8	83.4	86.0	87.4	90.6	91.6			
	77.4	79.7	81.7	83.1	85.2	87.8	90.7	92.2			
	78.6	80.7	82.0	83.5	85.0	87.6	89.5	91.6			
	78.9	79.1	81.4	84.6	85.8	88.5	90.2	92.5			
	78.8	80.9	82.5	83.0	86.1	87.4	89.7	91.6			
	78.9	79.0	82.8	83.1	86.4	88.2	89.3	91.4			
		80.6	82.0	84.8	86.2	87.6	89.5				
		80.4	81.0	83.5	86.8	88.5	89.6				
		79.8	82.3	84.0	86.5	87.7	90.3				
		80.2	82.8	83.8	86.3	88.7	90.7				
		79.7	81.3	84.8	85.3	88.1	89.8				
		79.5	81.3	83.3	86.8	87.3	90.2				
		80.1	81.5	84.5	86.3	87.7	90.2				
		79.2	82.5	84.0	86.6	88.9	90.8				
		80.9	82.8	84.3	85.0	88.3	90.9				
		79.8	81.0	83.2	86.8	87.0	89.6				
		80.9	81.0	83.7	86.6	87.1	89.9				
		79.4	82.2	84.3	85.2	88.8	89.7				
		79.3	81.8	83.3	86.9	87.7					
		80.1	81.2	84.8	85.6	88.7					
		79.6	82.1	83.1	86.2	87.0					
		79.3	82.8	83.4	86.1	87.5					
		79.7	82.0	83.1	85.0	87.3					
		79.6	81.2	84.8	85.9	87.4					
		80.2	82.9	83.7	86.1	88.8					
		79.3	81.4	83.7	86.2	88.7					
		79.2	81.0	83.9	86.6	88.6					
		79.0	81.7	84.1	85.8	87.0					
		80.3	81.3	83.0	86.0	87.4					
		80.7	81.2	84.0	85.0	87.0					
		80.6	81.0	83.7	86.1	87.7					
		80.5	82.4	84.2	85.2	87.8					
		79.8	81.3	84.0	85.4	88.0					
		79.9	81.2	83.2	86.3	87.4					
		80.7	82.7	84.0	85.1	88.5					
			82.3	84.2	86.6	87.2					
			82.1	83.7	85.3						
			82.6	84.7	86.8						
			81.5	84.3	86.4						
			82.7	83.1	86.0						
			82.3	83.0	86.0						
			81.1	83.8	86.3						
			82.6	83.1	86.4						
			81.9	84.3	85.5						
				84.0							
				83.4							
				83.1							
				83.0							
				84.0							
				84.1							
				83.8							
				84.5							
				84.2							
				84.6							
				83.3							
				84.8							
				84.2							

सारणी 8 5
अक्तूबर 1964 मे बोस्टन, मैसाच्युसेट्स मे 7,011 महिला सचिवों की औसत सामान्य-समय की साप्ताहिक आय

साप्ताहिक आय	महिलाओ की सख्या	वारवारता घनत्व, प्रति 5 00 डालर आय, महिलाओ की सख्या
50 डालर परन्तु 55 डालर से कम	1	1
55 डालर परन्तु 60 डालर से कम	9	9
60 डालर परन्तु 65 डालर स कम	107	107
65 डालर परन्तु 70 डालर से कम	167	167
70 डालर परन्तु 75 डालर से कम	461	461
75 डालर परन्तु 80 डालर से कम	517	517
80 डालर परन्तु 85 डालर से कम	620	620
85 डालर परन्तु 90 डालर से कम	786	786
90 डालर परन्तु 100 डालर से कम	1,796	898
100 डालर परन्तु 110 डालर से कम	1,297	648 5
110 डालर परन्तु 120 डालर से कम	728	364
120 डालर परन्तु 130 डालर से कम	291	145.5
130 डालर परन्तु 145 डालर से कम	179	59 7
145 डालर या अधिक	52	..
कुल	7,011	...

आंकडे सयुक्त राज्य श्रम साख्यिकी ब्यूरो को "ऑकूपेशनल वेज सर्वे" बोस्टन, मैसाच्युसेट्स, दिसम्बर 1964, पृष्ठ 7 से।

वर्ग सख्या का चयन—वर्गों की सख्या के सबध मे, जिनमे वारवारता बटन बाँटा जाना चाहिए, कोई निश्चित नियम नही दिया जा सकता। यदि बहुत अधिक वर्ग है तो उनमे से बहुतो मे केवल कुछ वारवारताएँ होगी और बटन मे अनियमितताएँ दिखाई दे सकती हैं जो मापे जा रहे चर के व्यवहार के कारण नही है। यदि बहुत कम वर्ग है तो एक वर्ग मे इतनी अधिक वारवारताएँ इकट्ठी हो जाएँगी जिससे बहुत सी जानकारी नष्ट हो जाएगी। वर्गों की प्रयोज्य सख्या आशिक तौर पर आँकडो की प्रकृति पर (जैसाकि अगले परिच्छेद मे भोजन की जाँचो के लिए वर्णित किया जाएगा) और प्रशत वर्ग मे वारवारताओ की सख्या पर निर्भर करती है। जितनी अधिक वारवारताओ की सख्या है, हमारे पास उतने अधिक वर्ग हो सकते है। विचाराधीन मूल्यो के क्षेत्र मे जिस नियमितता से वारवारताएं बाँटी जाती हैं वह भी एक निर्धारक तत्त्व है। वारवारताओ का बटन जितना अधिक नियमित है, हम उतने अधिक वर्गों का प्रयोग कर सकते हैं, क्योकि नियमितता की उच्च मात्रा वाले आँकडो को, वारवारताओ मे अनुचित अन्तरो और अनियमितताओ को बिना दिखाए अनेक वर्गों मे बाँटा जा सकता है। साधारण तौर पर

यह कहा जा सकता है कि 6 या 8 से कम वर्गों का प्रयोग विरले ही करना चाहिए, और 16 से अधिक वर्ग केवल विस्तृत आँकड़े के साथ काम करने के लिए उपयोगी होंगे। उदाहरणार्थ सारणी 8 3 में 12 *वर्ग प्रयुक्त किए गए थे। जब वर्गों की सख्या निर्धारित* हो चुकी हो, तो सम्पूर्ण बटन के लिए मूल्यो का परिसर प्रयोग किए जाने वाले श्रेणी मध्यातर का सकेत करता है।

वर्ग सीमाओ का चयन—अध्याय 4 मे यह सकेत किया गया था कि प्रत्येक वर्ग के *मध्य मूल्य का उपयोग वर्ग का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया जाता है। वर्गों के मध्य-*मूल्यो का न केवल वारवारता बटन का चार्ट बनाने समय, बल्कि विभिन्न परिकलन करने मे भी जिसका बाद के अध्यायो म विवेचन किया जायेगा, प्रयोग किया जाता है। यदि प्रत्यक वर्ग की सीमाओं का स्पष्ट सकेत नही किया गया हो तो मध्य-मूल्य का, जो कि *ऊपरी और निचली सीमाओ का मध्यमान है, ठीक प्रकार से निर्धारण नही किया जा* सकता। मध्य मूल्य कल्पना की पर्याप्तता का अधिक पूर्ण रूप से अध्याय 9 मे विवेचन किया जाएगा। इस स्थान पर यह स्पष्ट कर देना महत्त्वपूर्ण है कि जब वारवारता बटन का निर्माण किया जा रहा हो तो वर्ग सीमाओं का इस प्रकार से चयन करना चाहिए कि *जहाँ तक सभव हो प्रत्यक वर्ग का मध्य-मूल्य, किन्ही मूल्यो को जिनके इर्द-गिर्द आँकडो के* केन्द्रीकरण की प्रवृत्ति है, ठीक ठीक ढँक लेगा।

कल्पना कीजिए कि कॉलेज के नए विद्यार्थियो के एक बडे समूह के शैक्षिक स्तर के 0 से 100 तक के परिसर के सख्यात्मक पैमाने पर माप किए जाते हैं। **आँकडो के** *उदाहरणार्थ, 50 से लगभग 100 तक काफी सरलता से अशांकित होने की आशा* की जा सकती है। कुछ विद्यार्थी 88 0 योग्यताक्रम के और अन्य 89 0 के होगे, इनके अतिरिक्त कुछ अन्य इन दो मूल्यो के बीच म आएँगे। यदि एक पर्याप्त बडे समूह का माप दिया जाना हो तो 88 0 तथा 89 0 के बीच परिवर्तनो का छोटापन केवल मापक यत्र की *यथार्थता* द्वारा सीमित होगा (*इस उदाहरण मे, श्रेणीकरण विधि*)। *मूल्यो की ऐसी श्रेणी नही* होगी जिसके इर्द गिर्द वारवारताओं की केन्द्रित होने की प्रवृत्ति होगी और पूर्वगामी अनुच्छेद क अ त म वर्णित समस्या उत्पन्न नही होगी।

दूसरी ओर, एक कैफेटीरिया के भोजन के चैकों पर विचार कीजिए जिनमे से बहुत से (परन्तु सब नही) 5 सेन्ट का गुणज है। इस उदाहरण मे, वर्ग अन्तरालो को 8—12 सन्ट 13—17 सन्ट, 18—22, सेन्ट इत्यादि लिखा जाना चाहिए, इस प्रकार 10 *सेन्ट 15 सेन्ट, 20 सेन्ट, इत्यादि के मध्य मूल्य* प्राप्त होने चाहिएँ जो केन्द्रीकरण बिन्दुओं *से मिलते है।*

नौसिखुओं के वेतन मानो के आँकडे तथा उदार कला स्नातको के क्रमनिर्धारण एक सतत चर के उदाहरण हैं क्योंकि मूल्य एक दूसरे से बहुत ही छोटे परिवर्तनो के योग्य है। लोगों की ऊँचाइया और भार भी निरन्तर चर है। जीवन की दीर्घता एक अन्य उदाहरण है। अल्पाहारगृह के भोजन के चैकों के आँकडे एक *विविक्त या असतत चर के उदाहरण है,* क्योकि मूल्य एक दूसरे से परिमित मात्राओ मे भिन्न है, जो इस मामले म 1 सेन्ट है। एक विविक्त चर के लिए वे सकेन्द्रण दिखाना आवश्यक नही जो भोजन के चैकों के आँकडो *मे विद्यमान थे। उदाहरण के लिए,* यदि बहुत से कर्मकारो को एकसमान कार्यों मे लगाया जाए और उन्हे कार्य भाग की दर के आधार पर अदायगी की जाए (अर्थात् उत्पादित मात्रा के आधार पर) तो यह बिल्कुल सभव है कि एक सप्ताह के कार्य के लिए 161 21

डालर, 161.22 डालर, 161 23 डालर, इत्यादि प्राप्त करने वाले व्यक्ति हो सकते है। यद्यपि कार्यभाग दरें एक सेन्ट के भिन्नों में हो सकती है और प्राय: होती है किन्तु साप्ताहिक अदायगी पूर्ण सेन्टो में होनी आवश्यक है।

पूर्ववर्णन से एक महत्वपूर्ण विचार का सुझाव मिलता है अर्थात् हमारा सबध इतना इस तथ्य से नहीं है कि एक चर विविक्त है, जितना कि इस तथ्य से है कि आंकडे असतत हो सकते है और हमारे पास वास्तविक आकडो मे अन्तर्निहित अन्तर तथा सकेन्द्रण हैं। वेतनों पर विचार करते समय इस प्रकार की स्थिति प्राय उत्पन्न होती है। कई सौ कर्मचारियों वाले एक सगठन ने सभवत लगभग 5,200 डालर से लेकर 40,000 डालर से अधिक प्रति वर्ष तक वेतन दिए। किसी भी दृष्टि से इन सीमाओं के बीच समान रूप से अशाकित बटन सभवत न हो। सलग्न मूल्यों के बीच अन्तर 100 डालर से लेकर 5,000 डालर तक हो सकते है और विभिन्न प्रथागत वेतना जैसे 6,000 डालर, 7,000 डालर, 7,500 डालर, 8,000 डालर, 10,000 डालर, इत्यादि पर उद्घोषित सकेन्द्रण हो सकते है। इस प्रकार के बटन के लिए वर्ग सीमाओं का चयन बडी कठिनाई प्रस्तुत करता है। प्राय मध्य-मूल्यों का इस प्रकार समजन करना कि वे सब सकेन्द्रण बिन्दुओं को ठीक-ठीक ग्रहण करे, सभव नहीं है। तब एक सन्निकट समजन पर्याप्त होना चाहिए।

यह तथ्य कि हम एक सतत चर पर विचार कर रहे है जो हमे अधाधुध वर्ग सीमाओं के चयन की आज्ञा नहीं देता। यदि व्यक्तियों के भारों के सबध म, निकटतम पाउड तक प्रतिवेदित, आंकडे इकट्ठे किए जा रहे है। तो जिन व्यक्तियों के भार का प्रतिवेदन 142 पाउड है वे 141 5 पाउड तथा 142 5 पाउड के बीच म कहीं होंगे, समूह के रूप मे, उनकी औसत लगभग 142 पाउड होगी। परन्तु कल्पना कीजिए कि भार का प्रतिवेदन अन्तिम पूर्ण पाउड तक दिया गया है। इस स्थिति म, जिन व्यक्तियों के भार का प्रतिवेदन 142 पाउड है वे ठीक 142 पाउड और ठीक 143 पाउड से कम के बीच मे होंगे, समूह के रूप म, उनकी औसत लगभग 142 5 पाउड होगी। आइए हम कल्पना करे कि 3 पाउड के वर्ग-अन्तराल से एक बारबारता बटन का निर्माण करना है। यदि निकटतम पाउड तक भारों का प्रतिवेदन मिला है तो 143, 146, 149, इत्यादि मध्य-मूल्यो के साथ वर्ग-अन्तरालो को "142—144, 145—147, 148—150" इत्यादि लिखना ठीक है। परन्तु यदि भारो का प्रतिवेदन अन्तिम पूर्ण पाउड तक हुआ है तो उपयुक्त अशुद्ध है, परन्तु "142 तथा 145 से कम, 145 तथा 148 से कम, 148 तथा 151 से कम", इत्यादि 143 5, 146 5, 149.5, इत्यादि मध्य-मूल्यों के साथ लिखना शुद्ध है।

कभी-कभी सतत चर पर विचार करते समय वर्ग इस प्रकार लिखे जाते है कि सीमाएं परस्पर अति व्याप्त हुई प्रतीत होती है। उदाहरण के लिए, विद्यार्थियों के ग्रेडों के आंकडो का 76 0 —78 0, 78 0—80 0 80 0—82 0, इत्यादि वर्गीकरण हो सकता था। जब यह किया जाता है तो वे बारबारताएं जो एक वर्गसीमा पर गिरती है दो वर्गो के बीच विभक्त की जाती हैं जिसका परिणाम प्राय बटन मे कुछ भिन्नात्मक बारबारताएँ होती हैं।[2] इन श्रेणियो के प्रयोग से एक बारबारता बटन सारणी 8 2 की सारणी से या सारणी 8 4 के प्रवेश फॉर्म से आसानी से निर्मित किया जा सकता है। परस्पर व्याप्त करने वाले वर्ग अन्तरालों का प्राय ग्रेडो के आंकडो के लिए प्रयोग नहीं किया जाता।

---

2 देखिए एफ० ई० क्राक्स्टन, ऐलिमेन्टरी स्टैटिस्टिक्स विद ऐप्लिकेशन्स इन मेडिसिन एन्ड दि बायोलॉजिकल साइन्सिस, डावर प्रकाशन, इन्कार्पोरेटिड, न्यूयार्क, 1959, पृष्ठ 41—49।

बारबारता बटनों के वक्र—बारबारता बटन के लेखाचित्री निरूपण का विवेचन अध्याय 4 मे किया गया था। यद्यपि बारबारता बटन एक स्तम्भ आरेख या वक्र द्वारा दिखाया जा सकता है, किन्तु उत्तरोक्त युक्ति का अनुप्रयोग करने की प्रथा है। (हम चार्ट 8 5 मे तथा अध्याय 23 में स्तम्भ आरेख का प्रयोग करेंगे।) वक्र का एक लाभ यह है कि तुलना के प्रयोजन के लिए उन्ही अक्षरो पर तुरन्त दो या अधिक वक्र खींचे जा सकते है। किसी भी स्थिति मे, बारबारता बटन के विश्लेषण मे पहला पग चार्ट का निर्माण होना चाहिए, क्योकि एक ही दृष्टि मे यह हमे बताएगा कि हम निम्न प्रकार के बटनो म मे किस पर विचार कर रहे हैं।

चार्ट 8 1, जिसमे विद्यार्थियो के ग्रेडो के आँकडो का लेखाचित्री रूप दिखाया गया है, सममित नही है, बल्कि थोडा सा दाईं ओर को *तिरछा* है। (*तिरछेपन का वर्णन अध्याय* 10 मे है।) सामाजिक विज्ञानो मे पेश आने वाले बहुत से बारबारता बटन वक्र असममित है और प्राय दाएँ को टेढे होते हैं। विरले ही हमें कोई वक्र बाएँ को टेढा मिलता है।

जैव और मानवमितीय श्रेणियो मे (विशेषकर वे जिनमे रेखीय माप जैसे कि ऊँचाई दो या तीन दिशा की अपेक्षा माप जैसे कटि परिधि या भार, आता है) प्राय ऐसे वक्र प्राप्त होते है जो लगभग सममित हैं। इस प्रकार की श्रेणी चार्ट 8 2 मे दिखाई गई है जो नर औद्योगिक कर्मकारो के एक बडे समूह का ऊँचाई बटन चित्रित करता है।

चार्ट 8 2 *9,552 नर, औद्योगिक कर्मकारों की ऊँचाइयाँ। आँकडे ए हैल्थ स्टडी आफ टेन थाउजेन्ड मेल इ डस्ट्रियल वर्कर्स, पृष्ठ 59 से, सयुक्त राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा, सार्वजनिक स्वास्थ्य बुलेटिन न० 162।*

एक वक्र जो बाएँ को तिरछा है चार्ट 8 3 मे दिखाया गया है जो 371 अमरीकोन आविष्कर्ताओ की मृत्यु के समय आयु चित्रित करता है। जैसाकि अध्याय 10 में सकेत किया गया है वहाँ इस श्रेणी मे तिरछेपन की मात्रा सुनिश्चित की गई है, तिरछापन चर की विशेषता हो सकती है या इस तथ्य के कारण हो सकता है कि अध्ययन में सम्मिलित आविष्कर्ताओ के लगभग पाँचवें भाग का जन्म 1800 से पूर्व हुआ था।

चार्ट 8 3 371 अमरीकी आविष्कर्ताओं की मृत्यु के समय आयु।
"आंकड़े सन्फर्ड विस्टन की बायो सोशल कैरेक्टरिस्टिक्स ऑफ अमेरिकन इन्वेंटर्स", अमेरिकन सोश्योलाजिकल रिव्यू, खड 2, न० 6, पृष्ठ 837--849 से।

चार्ट 8 4 के वक्र से उस कालावधि का सकेत मिलता है जिसके दौरान अल्बूकर्क न्यू मैक्सीको मे कारें खडी की गई और इसमे बहुत सी कारें थोडे समय के लिए खडी की

चार्ट 8 4 अल्बूकर्क, न्यू मैक्सीको मे मोटर गाडियो के खडा रहने का समय। आंकड़े स्वचालक सुरक्षा सस्था (फाउन्डेशन) से लिए हैं।

गई और प्राय थोडी सख्या मे लम्बी कालावधि के लिए खडी की गई दिखाई हैं। इस विशेषता वाले उल्टे J के रूप वाले वक्र कभी कभी मिल सकते हैं।

लेखाचित्री निरूपण जब वर्ग-अन्तराल असमान हो—कुछ बारबारता बटनों के लिए वही वर्ग-अन्तराल बराबर बनाए रखना सभव नही है। सारणी 8 5 के बटन मे 5 00 डालर के आठ वर्ग 10.00 डालर के चार वर्ग, 15 00 डालर का एक वर्ग और अनिर्धारित चौडाई का एक वर्ग है। 5 00 डालर के वर्ग-अन्तरालो का बराबर प्रयोग किया जाना वाछनीय न हुआ होता क्योंकि उसके लिए 50.00 डालर से लेकर 145 00 डालर तक के परिसर के लिए 19 वर्गो की आवश्यकता हुई होती। इतने अधिक वर्ग उपयोगी नही हो सकते थे और इसमें श्रेणी के उच्च परिसरो के लिए आवश्यकता से अधिक विस्तृत विघटन होने। लगातार 10 00 डालर के वर्ग अन्तराल भी वाछनीय न हुए होते क्योंकि प्रति सप्ताह 90 00 डालर से कम आय वाले सचिवो के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी नष्ट हो गई होती।

सारणी 8 5 के आँकडो का एक उचित चार्ट खीचने के लिए परिवर्तनशील वर्ग-अन्तरालो के लिए समजन करना आवश्यक है। वर्ग "90 00 डालर किन्तु 100.00 डालर से कम" अपने पूर्व के वर्गो से दुगना बडा है। हमे ज्ञात नही कि 1,796 सचिवो मे से कितनों ने प्रति सप्ताह 90 00 डालर किन्तु 95 00 डालर से कम कमाए और कितनो ने 95.00 डालर किन्तु 100 00 डालर प्रति सप्ताह से कम कमाए। परन्तु हम कह सकते है कि वर्ग "90 00 डालर किन्तु 100 00 डालर मे कम" के दो बराबर भागो मे से प्रत्येक मे औसत 898 सचिव थे। इस प्रकार के समजन सारणी 8 5 के अन्तिम स्तम्भ मे कर दिए गए हैं जहाँ बटन प्रति 5 00 डालर आय बनाए गए है। ये बारबारता घनत्व हैं।

चार्ट 8 5 अक्तूबर 1964 मे बोस्टन, मैसाच्यूसेट्स मे 7,011 महिला सचिवो की औसत सामान्य समय साप्ताहिक आय के बारबारता घनत्व। *आँकडे सारणी 8 5 से।*

सचिवो की आय के बटन का बारबारता घनत्वो के रूप मे अब आलेखन किया जा सकता है, जैसा कि चार्ट 8 5 मे है। सारणी 8.5 मे अन्तिम वर्ग-अन्तराल के विस्तार का

अनुमान करना सभव नही है। अत उस वर्ग की बारवारताओ का कोई समजन नही किया गया है। चार्ट मे देखिए कि इन 52 सचिवो की उपस्थिति की ओर पाठक का ध्यान कैसे आकर्षित किया गया। वैकल्पिक तौर पर, बारवारता घनत्वो के आँकडो को स्तम्भ आरेख के स्थान पर वक्र द्वारा दिखाया जा सकता था और यह चार्ट 4 21 मे किया गया था। परन्तु स्तम्भ आरेख मे पाठक के लिए बदलते वर्ग विस्तार को नोट करना अधिक सरल हो जाता है।

चार्ट 8 6 अक्तूबर 1964 मे वाशिंगटन, डी० सी० मे 619 स्विचबोर्ड चालको, वर्ग *B* तथा सिऊक्स फाल्स, साउथ डेकोटा मे 90 सामान्य स्टेनोग्राफरो की औसत सामान्य समय साप्ताहिक आय। आँकडे सारणी 8 7 मे।

बारबारता बटनों की लेखाचित्रीय तुलना—सारणी 8 6 म दो बारवारता बटन दिखाए हैं, एक 619 वर्ग B स्विचबोर्ड चालको की सामान्य समय साप्ताहिक आय देता है, दूसरा 90 सामान्य स्टेनोग्राफरो की सामान्य समय साप्ताहिक आय प्रस्तुत करता है। दोनो श्रेणियाँ केवल महिलाओ के लिए हैं। यदि दोनो बटनो का महिलाओ की लगभग उसी सख्या से सम्बन्ध होता तो हम दो वारवारता वक्रो को उसी ग्रिड पर केवल आलोखित कर सकते थे और उनकी रूपरेखा का अध्ययन कर सकते थे। सारणी 8 6 की दो श्रेणियो के लिए ऐसा करने का परिणाम चार्ट 8 6 म दिखाया गया है। बहुत भिन्न निरपेक्ष आँकडो के कारण तुलना कोई विशेष स्पष्टीकरण करने वाली नही है। परन्तु यदि प्रत्येक वारबारता योग की प्रतिशतता के तौर पर, जिसका यह एक भाग है, व्यक्त की जाए तो हमारे पास प्रतिशतता वारवारता बटन आ जाते हैं जो सारणी 8 6 मे भी दिए गए हैं। दोनो प्रतिशतता

वारवारता बटनों के आलेखन से, जैसा कि चार्ट 8 7 मे है, हम दोनो श्रेणियो की लेखाचित्री विधि द्वारा तुलना करने के योग्य हो जाते है, जो विभिन्न मदो की सख्या के कारण जटिल नही रहती। सभी विभिन्न श्रेणियो का सापेक्ष महत्त्व अब तुरन्त देखा जा सकता है।

सारणी 8.6

अक्तूबर 1964 मे वाशिंगटन, डी० सी०, मे 619 स्विच बोर्ड चालकों वर्ग *B*, और सिअक्स फाल्स, साउथ डेकोटा में 90 सामान्य स्टेनोग्राफरों की औसत सामान्य समय साप्ताहिक आय।

साप्ताहिक आय	सख्या		कुल का प्रतिशत	
	स्विच बोर्ड चालक	स्टेनो ग्राफर	स्विच बोर्ड चालक	स्टेनो-ग्राफर
45 डालर परन्तु 50 डालर से कम	84	0	13 6	0 0
50 डालर परन्तु 55 डालर से कम	31	11	5 0	12.2
55 डालर परन्तु 60 डालर से कम	135	12	21.8	13.3
60 डालर परन्तु 65 डालर से कम	115	12	18 6	13.3
65 डालर परन्तु 70 डालर से कम	73	15	11 8	16 7
70 डालर परन्तु 75 डालर से कम	77	8	12 4	8.9
75 डालर परन्तु 80 डालर से कम	31	5	5.0	5.6
80 डालर परन्तु 85 डालर से कम	13	5	2.1	5.6
85 डालर परन्तु 90 डालर से कम	18	7	2.9	7.8
90 डालर परन्तु 95 डालर से कम	32	3	5.2	3 3
95 डालर परन्तु 100 डालर से कम	4	8	0.6	8 9
100 डालर परन्तु 105 डालर से कम	2	3	0.3	3 3
105 डालर परन्तु 110 डालर से कम	1	1	0.2	1 1
110 डालर परन्तु 115 डालर से कम	3	0	0.5	0 0
योग …… ……	619	90	100 0	100 0

आंकडे सयुक्त राज्य श्रम सांख्यिकी ब्यूरो, आकूपेशनल वेज सर्वे, वाशिंगटन डी०सी०—मेरीलैंड—वर्जीनिया, दिसम्बर 1964, पृष्ठ 7, तथा आकूपेशनल वेज सर्वे सिअक्स फाल्स, साउथ डेकोटा, दिसम्बर 1964, पृष्ठ 3 से।

सारणी 8.6 की दो श्रेणियो की तुलना सरल हो गई थी क्योंकि वर्ग-अन्तराल समान थे। यदि समान इकाइयो मे व्यक्त किन्तु भिन्न वर्ग अन्तरालो वाली दो श्रेणियो की लेखाचित्री तुलना करनी है, तो हम वारवारता घनत्वो का प्रति इकाई आलेखन कर सकते हैं (अर्थात् प्रति डालर, प्रति पाउंड या जो कुछ भी इकाई हो)। यदि दो श्रेणियो मे मदो की सख्या के सम्बन्ध मे भी पर्याप्त भिन्नता है तो प्रतिशतता वारवारताओ की सगणना करके और प्रतिशतता वारवारताओ को वारवारता घनत्वो के तौर पर व्यक्त करके दोनो वक्रो के नीचे का क्षेत्रफल एकसमान बनाया जा सकता है।

चार्ट 8.7 अक्तूबर 1964 वाशिंगटन, डी० सी० में 619 स्विचबोर्ड चालकों वर्ग B तथा सिऑक्स फाल्स साउथ डेकोटा में 90 सामान्य स्टेनोग्राफरों की औसत सामान्य समय साप्ताहिक आय के प्रतिशतता बंटन। आंकड़े सारणी 8.6 से।

सारणी 8.7

रुजर्स स्टेट यूनिवर्सिटी के 1965 के उदार कला स्नातकों के ग्रेडों के संचयी बंटन

ग्रेड	विद्यार्थियों की संख्या जिनके ग्रेड		विद्यार्थियों का प्रतिशत जिनके ग्रेड	
	प्रत्येक वर्ग की ऊपरी सीमा से कम थे	प्रत्येक श्रेणी की निचली सीमा के बराबर या उससे अधिक थे	प्रत्येक वर्ग की ऊपरी सीमा से कम थे	प्रत्येक वर्ग की निचली सीमा के बराबर या उससे अधिक थे
75.0—76.9	3	409	0.7	100.0
77.0—78.9	26	406	6.4	99.3
79.0—80.9	78	383	19.1	93.6
81.0—82.9	139	331	34.0	80.9
83.0—84.9	213	270	52.1	66.0
85.0—86.9	274	196	67.0	47.9
87.0—88.9	327	135	80.0	33.0
89.0—90.9	362	82	88.5	20.0
91.0—92.9	385	47	94.1	11.5
93.0—94.9	400	24	97.8	5.9
95.0—96.9	407	9	99.5	3.2
97.0—98.9	409	2	100.0	0.5

चार्ट 8 8 टेक्सस स्टेट यूनिवर्सिटी के 1965 के उदार कला स्नातकों के ग्रेडों के सचयी बटन। सारणी 8 7 के आँकड़े।

समय-समय पर हम चाहते हैं कि दो श्रेणियों में मदों की संख्या के बीच के अन्तर स्पष्ट हों जैसा कि चार्ट 24 1—24 4 में है, और ऐसी स्थिति में हम प्रतिशतता बारबारताओं का प्रयोग नहीं करते। परन्तु आवश्यकता होने पर बारबारता घनत्वों का प्रयोग किया जाएगा, जैसा कि चार्ट 24 1, 24 3 तथा 24 4 के में है।

जब दो बारबारता बटनों को भिन्न इकाइयों के रूप में व्यक्त किया जाता है (डालरों, पाउंडों, इंचों, इत्यादि में) तो सीधी लेखाचित्री तुलना संभव नहीं है, क्योंकि ऐसा कोई सरल मार्ग नहीं है जिसमें X पैमानों का एक दूसरे से समजन किया जा सके। विशिष्ट परिकलित मूल्यों का, जिनका बाद में विवेचन किया जाएगा, प्रभावपूर्ण संख्यात्मक तुलना प्राप्ति के लिए प्रयोग किया जा सकता है।

सचयी बारबारता बटन और तोरण—सारणी 8 3 के आँकड़ों में बारबारता बटन का सामान्य (असचयी) रूप दिखाया गया है और उनसे हम प्रत्येक वर्ग में आने वाले विद्यार्थियों की संख्या निश्चित करने के योग्य हो जाते हैं। परन्तु कभी कभी यह जानना उपयोगी हो सकता है कि *कितने विद्यार्थियों ने या विद्यार्थियों की औसत ने विशेष बताए* ग्रेडों से कम प्राप्त किए, अथवा कितने विद्यार्थियों या विद्यार्थियों की किस औसत ने विशिष्ट ग्रेड या उससे अधिक प्राप्त किए। यह जानकारी सारणी 8 7 के समान एक सचयी सारणी में स्पष्ट तौर पर देखी जा सकती है। इस सारणी में सारणी 8 3 की बारबारताएँ "अपेक्षाकृत कम" आधार पर और साथ ही "अथवा अधिक" आधार पर सचित की गई हैं।

जब सचयी बारम्बारता बटन बनाए जाते है तो बारम्बारताओ का उचित वर्ग सीमाओ के सामने आलेखन किया जाता है जिसके परिणामस्वरूप चार्ट 8 8 मे प्रदर्शित वक्र के समान वक्र आते है। ऐसे वक्र तोरण कहलाते है।

सचयी बारम्बारता सारणियो और तोरणो का प्राय मजदूरी और काम के घण्टो के आँकडे प्रस्तुत करने के लिए प्रयोग किया जाता है। मजदूरी के सकेत से वे हमे यह सुनिश्चित करने योग्य बनाते है कि एक समूह मे से कितनो को (अथवा किस अनुपात को) निर्वाह स्तर से कम, मानक स्तर या सुविधा स्तर प्राप्त होता है। इसी प्रकार हम निर्वाह स्तर या अधिक, मानक स्तर या अधिक, और सुविधा स्तर या अधिक प्राप्त करने वाली सख्या या अनुपात को सुनिश्चित कर सकते हैं। यह सुनिश्चित करना भी सभव है कि कर्मकारो मे से न्यूनतम (या अधिकतम) प्राप्त करने वाले 10, 25, 50 या अन्य प्रतिशत क्या मजदूरी प्राप्त कर रहे है। काम के घण्टो के सबध मे हम असाधारण तौर पर अधिक या कम घण्टे काम करने वाली सख्या या अनुपात को शीघ्रता से देख सकते हैं।

यदि दो सचयी बारम्बारता बटन लगभग एकसमान मद सख्या पर निर्भर करते है तो उनके तोरणो को बनाया और उनकी निरपेक्ष रूप मे तुलना की जा सकती है। परन्तु यदि दो श्रेणियाँ भिन्न योगो पर निर्भर करती है तो तुलना का प्रतिशतता बारम्बारताओ पर आधारित करना आवश्यक है जैसाकि असचयी रूप मे दो बारम्बारता बटनो की तुलना करते समय होता है जिसका कि पहले विवेचन किया गया।

9

केन्द्रीय प्रवृत्ति के माप

हम देख चुके है कि एक वारवारता बटन का कैसे निर्माण किया जाए और एक वारवारता वक्र किस प्रकार खीचा जाए। वर्गीकृत आँकडो से या चार्ट से यह स्पष्ट है कि कुछ मल्य ऐसे हैं जो बहुलता से विद्यमान होते है और कुछ अन्य ऐसे होते हैं जो कम बहुलता से उत्पन्न होते हैं। अधिकतर वक्र जो हमारे सामने आते है बहुत मोटे तौर पर घटी नुमा प्रकार के है जैसा कि चार्ट 8 1, 8 2, तथा 8 3 म दिखाया गया है। इस प्रकार की श्रेणियों के लिए जिनका ये चार्ट प्रतिनिधित्व करते है यह स्पष्ट है कि अधिक लाक्षणिक मूल्य बटनो के केन्द्रीय भाग मे है। अत हम मानो को पहचानने के लिए, जिनका एक वारवारता बटन के इस पक्ष का स्वरूप दिखाने की चेष्टा मे परिकलन किया जा सकता है, केन्द्रीय प्रवृत्ति के माप शब्दावली का प्रयोग करते हैं। इस अध्याय मे हम समातर माध्य, माध्यिका, बहुलक, और सक्षेप मे गुणोत्तर माध्य तथा हरात्मक माध्य का विवरण देंगे।

अगले अध्याय मे हम प्रसार के मापो पर, जो एक बटन के फैलाव का सकेत करते हैं, तिरछेपन के मापो पर जो असममिति की दिशा और मात्रा को मापते है, तथा ककुदता के मापो पर जिनसे श्रेणी के "शिखरत्व" के अश का सकेत मिलता है, विचार करेंगे।

समान्तर माध्य

असमूहित आकडो से समान्तर माध्य—समान्तर माध्य ऐसे लगातार दैनिक प्रयोग मे है कि लगभग हम सभी इस प्रत्यय से परिचित है। कभी-कभी समान्तर माध्य को हम केवल "औसत" या "माध्य" कहते हैं, परन्तु जब हम गुणोत्तर माध्य, हरात्मक माध्य या किसी अन्य कम सामान्य माध्य की बात करते हैं तो सदा उचित विशेषण का प्रयोग करते है।

मदो की एक श्रेणी का समान्तर माध्य मदो के मूल्यो को जोड कर और मदो की सख्या से भाग करके प्राप्त किया जाता है। कल्पना कीजिए कि किसी छोटे नगर मे गाजर 8 सेन्ट, 10 सेन्ट, 11 सेन्ट, तथा 12 सेन्ट प्रति पाउड बिक रही है। इन चार अको का समान्तर माध्य

$$\frac{8 \text{ सेन्ट} + 10 \text{ सेन्ट} + 11 \text{ सेन्ट} + 12 \text{ सेन्ट}}{4} = \frac{41 \text{ सेन्ट}}{4} = 10\ 25 \text{ सेन्ट}$$

के द्वारा दिया जाएगा। यदि हम X_1, X_2, X_3, इत्यादि द्वारा विभिन्न मूल्यो को विभिन्न मूल्यो का सकेत करने दें, N को मदो की सख्या की ओर सकेत करने दें तथा $\bar{X}$ को समान्तर माध्य को व्यक्त करने दें तो हम

$$\bar{X} = \frac{X_1 + X_2 + X_3 + \quad + X_N}{N}$$

प्राप्त करते है। अथवा, अधिक सक्षेप मे, सकलन सकेत Σ, का प्रयोग करके हम कह सकते है

$$X = \frac{\Sigma X}{N}$$

समान्तर माध्य की पूर्व की सगणना मे इस तथ्य का कोई विचार नही आया कि विभिन्न मूल्यो पर विभिन्न मात्राओ मे गाजरें बेची गई हो सकती है। जब इस प्रकार से समान्तर माध्य का परिकलन किया गया है तो इसे *साधारण समान्तर माध्य* कहा जा सकता है। इस माध्य को अभारित समातर माध्य कहना ठीक नही है क्योकि प्रत्येक मूल्य समान रूप से भारित था। इस तथ्य का विचार करके कि 10,000 पाउड गाजरे 8 सेन्ट पर, 8,000 पाउड 10 सेन्ट पर, 4,000 पाउड 11 सेन्ट पर, और 1,000 पाउड 12 सेन्ट पर बेची गई, आइए हम उचित प्रकार से भारित समान्तर माध्य का परिकलन करे। अब हमारे पास

$$X = \frac{(10{,}000 \times 8 \text{ सेन्ट}) + (8{,}000 \times 10 \text{ सेन्ट}) + (4{,}000 \times 11 \text{ सेन्ट}) + (1{,}000 + 12 \text{ सेन्ट})}{23{,}000}$$

$$= \frac{2{,}16{,}000 \text{ सेन्ट}}{23{,}000} = 9\ 39 \text{ सेन्ट}$$

आता है। यदि प्रत्येक औसत किए जाने वाले मूल्य से सबधित सख्याओ या बारबारताओ को दिखाने के लिए हम f_1, f_2, f_3, इत्यादि सकेतो का प्रयोग करे तो हमारे पास

$$\bar{X} = \frac{f_1X_1 + f_2X_2 + f_3X_3 +}{f_1 + f_2 + f_3 +} = \frac{\Sigma fX}{\Sigma f} = \frac{\Sigma fX}{N}$$

आता है। साधारणतया एक समान्तर माध्य को भारित समातर माध्य समझा जाता है, जैसा कि अभी-अभी वर्णन किया गया है, जब तक अन्यथा उल्लिखित न किया जाए।

यह ध्यान मे रखना चाहिए कि यद्यपि गाजरो का समान्तर माध्य मूल्य 9 39 सेन्ट प्रति पाउड है, वास्तव मे प्रति पाउड ठीक इस मूल्य पर कोई गाजरें नहीं बेची गई। अत समान्तर माध्य को आवश्यक तौर पर एक परिकलित मूल्य समझना चाहिए, वास्तव मे विद्यमान मूल्य नही।

समान्तर माध्य के गुणधर्म—समातर माध्य का एक महत्त्वपूर्ण गुण यह है कि माध्य से विभिन्न मूल्यो के विचलनो का बीजीय योग शून्य के समान होता है। यह महत्त्वपूर्ण है क्योकि इससे हम X के परिकलन की विधि का विकास करने के योग्य हो जाएँगे जिससे बारबारता बटन से व्यवहार करते समय हमारा बहुत सा समय बच जाएगा। आइए हम पाँच मूल्यों 6, 8, 9, 11, 14 की एक श्रेणी पर विचार करें जिनमे से प्रत्येक केवल एक बार आता है

$$X = \frac{6 + 8 + 9 + 11 + 14}{5} = \frac{48}{5} = 9\ 6$$

आइए, अब हम समातर माध्य से प्रत्येक मूल्य के विचलन का परिकलन करें,

$x_1 = X_1 - \bar{X}$, $x_2 = X_2 - \bar{X}$, $x_3 = X_3 - \bar{X}$, इत्यादि । हमारे पास

X	x
6	—3 6
8	—1 6
9	—0 6
11	+1 4
14	+4 4

आते हैं। आप यह देखेंगे कि $\Sigma x = 0$, यह मूल्यो की किसी श्रेणी के लिए भी सदा सत्य है।[1]

यदि हम किसी निर्दिष्ट मूल्य मे जो समातर माध्य नही है पांच मदो के d विचलनो का परिकलन करें तो इन विचलनो का योग Σd शून्य के समान नहीं होगा। यदि निर्दिष्ट मूल्य समान्तर माध्य से कम है तो बहुत अधिक धनात्मक विचलन होगे और विचलनो का योग शून्य से अधिक होगा। यदि निर्दिष्ट मूल्य समातर माध्य से अधिक है तो बहुत अधिक ऋणात्मक विचलन होगे और विचलनो का योग एक ऋणात्मक मात्रा होगी। क्योकि पांच (N) मदो मे से प्रत्येक की एक निर्दिष्ट सख्या से, जो सही माध्य नही है, तुलना की गई है, तो विचलनो का योग उतनी मात्रा से शून्य के समान होने मे असफल रहेगा जो उस मात्रा का ठीक पांच (N) गुना है जिसमे निर्दिष्ट मूल्य वास्तविक समातर माध्य से विचलित होता है। अत इस निर्दिष्ट मूल्य से विचलनो का निर्धारण करने के लिए किसी मूल्य को कल्पित माध्य X_d के तौर पर निर्दिष्ट करना, तथा (बीजत) आवश्यक सशोधन $\frac{\Sigma d}{N}$ को जोड कर समातर माध्य[2] प्राप्त करना सभव है। इस विधि का सारणी 9 1 मे चित्रण है जहाँ $\bar{X}_d$ को 9 लिया गया है। यहाँ यह देखा गया है कि $\Sigma d = +3$ यदि हम इस अक को N से भाग करे तो हम देखते है कि X_d, 0 6 से बहुत छोटा था। यह

$$\frac{\Sigma d}{N} = \frac{+3}{5} = 0\ 6$$

द्वारा प्राप्त होता है। यह कल्पित माध्य मे जोडा जाने वाला सशोधन है, इस प्रकार,

$$X = \bar{X}_d + \frac{\Sigma d}{N} = 9 + \frac{3}{5} = 9\ 6$$

जो मूल्यो को जोड कर तथा 5 से भाग करने पर परिकलित $\bar{X}$ से ठीक मिलता है।

---

1. परिशिष्ट ध, परिच्छेद 9 1 देखिए। यदि $\Sigma x = 0$, तो यह स्पष्ट है कि $\frac{\Sigma x}{N} = 0$. $\frac{\Sigma x}{N}$ को "माध्य के विषय मे प्रथम घूर्ण" या केवल "प्रथम घूर्ण" कहते हैं। अगले अध्याय मे हमे द्वितीय घूर्ण $\frac{\Sigma x^2}{N}$, या तृतीय घूर्ण केवल $\frac{\Sigma x^3}{N}$, तथा चतुर्थ घूर्ण $\frac{\Sigma x^4}{N}$ पर विचार करने का अवसर आएगा।

2 परिशिष्ट ध, परिच्छेद 9 2 देखिए।

सारणी 9.1

कल्पित माध्य, $\bar{X}d=9$, के प्रयोग से समांतर माध्य, $\bar{X}$, की गणना

X	d
6	−3
8	−1
9	0
11	+2
14	+5
	+3

$\Sigma d=+3$

$$\bar{X}=\bar{X}_d+\frac{\Sigma d}{N}$$

$$=9+\frac{3}{5}=9\ 6.$$

पूर्ववर्णित उदाहरण में $\bar{X}_d$, $\bar{X}$ से कम था। कल्पना कीजिए कि हम $\bar{X}_d$ को 13 चुनते है। परिकलन सारणी 9 2 में दिखाए गए है।

सारणी 9 2

कल्पित माध्य, $\bar{X}_d=13$, के प्रयोग से समांतर माध्य, $\bar{X}$ की गणना,

X	d
6	−7
8	−5
9	−4
11	−2
14	+1
	−17

$\Sigma_d=-17$

$$\bar{X}=\bar{X}_d+\frac{\Sigma d}{N}$$

$$=13+\frac{-17}{5}=9.6$$

इस स्थिति मे, $\bar{X}_d$, $\bar{X}$ से बडा था जैसा कि $\frac{\Sigma d}{N}=\frac{-17}{5}=-3\ 4$ द्वारा दिखाया गया है। पहले के समान, परिणाम है, $\bar{X}=13-3\ 4=9\ 6$

समानर माध्य का एक दूसरा गुण, जिसका बाद मे आने वाले विवरणो के संबध मे महत्त्व है, *यह है कि वर्गाकित विचलनों*, Σx^2, *का योग, उस समय कम है जब विचलन* $\bar{X}$ के आसपास लिए जाते हैं अपेक्षाकृत उस समय के जब वे किसी अन्य मूल्य के आसपास लिए जाएँ। यह परिशिष्ट घ, परिच्छेद 10.1 मे प्रदर्शित है।

समूहित आंकडो से समातर माध्य दीर्घ विधि—सारणी 9 3 मे विद्यार्थियो के ग्रेडो बटन दिखाया गया है और श्रेणी के लिए $\bar{X}$ का मूल्य सुनिश्चित करना वांछित है। बारबारता बटन पर विचार करते समय हमारे पास साधारणत वे मौलिक आंकडे नहीं होते जिनसे बारबारता बटन बना था। जब हमारे पास अवर्गीकृत आंकडे है (जैसा कि सारणी 8 1 मे है), तो हम मूल्यो को जोड कर और मदो की सख्या से भाग करके समानर *माध्य का मूल्य बिल्कुल सही प्राप्त कर सकते हैं। हमारे पास जब केवल बारबारता बटन* है तो हमारे लिए वर्गित आंकडो से माध्य की सगणना करना आवश्यक है। आइए, हम सारणी 9 3 के बारबारता बटन के लिए $\bar{X}$ का परिकलन करें और तब अवर्गीकृत आंकडो से परिकलित समातर माध्य के साथ अपने निष्कर्ष की तुलना करे।

बारबारता बटन से समानर माध्य का परिकलन करते समय हम प्रत्येक वर्ग का मध्य मूल्य (जिसे कभी-कभी वर्ग चिन्ह कहा जाता है) उस वर्ग के प्रतिनिधि के तौर पर लेते

हैं, विभिन्न मध्य-मूल्यो को उनके अनुरूप वारवारताओं से गुणा करते है, इन गुणनफलो को जोडते हैं और मदो की कुल सख्या से भाग करते है। सकेतात्मक दृष्टि से, यदि X_1, X_2, X_3, मध्य मूल्यो का और f_1 f_2 f_3 . वारवारताओ का प्रतिनिधित्व करते हैं, तब

$$\bar{X}=\frac{f_1X_1+f_2X_2+f_3X_3+\cdot}{f_1+f_2+f_3+}=\frac{\Sigma fX}{\Sigma f}=\frac{\Sigma fX}{N}$$

एक वर्ग का मध्य-मूल्य उस वर्ग की ऊपरी और निचली सीमाओं को जोडकर तथा 2 से भाग करके प्राप्त किया जाता है। प्रत्येक वारवारता बटन के लिए हमे ध्यानपूर्वक विचार करना चाहिए कि वे सीमाएँ क्या है। सारणी 9 3 के बटन के लिए हम प्रथम वर्ग की सीमाएँ 75 0 और 77 0 ले सकते है जिससे मध्य-मूल्य 76 0 आता है। यदि प्रत्येक स्तर को अन्तिम पूर्ण दसवें भाग तक पूर्णांकित किया हो तो यह सही होगा, ताकि 75 0 म ठीक 75 से 75 099 , तक के परिसर के मूल्य सम्मिलित हो, 76 1 मे ठीक 76 1 से 76 199 तक के मूल्य आएँगे इत्यादि, वजाय निकटतम दसवें भाग तक पूर्णांकित

सारणी 9.3

रूजर्स स्टेट यूनिवर्सिटी के 1965 के उदार कला स्नातको के ग्रेडो के लिए

व्यजक $X=\frac{\Sigma fX}{N}$ के प्रयोग द्वारा समान्तर माध्य की सगणना

ग्रेड	विद्यार्थियो की सख्या f	वर्ग X का मध्य मूल्य	fX
75 0—76 9	3	75 95	227.85
77 0—78 9	23	77 95	1,792 85
79 0—80 9	52	79 95	4,157 40
81 0—82 9	61	81.95	4,998 95
83 0—84 9	74	83 95	6,212 30
85 0—86 9	61	85 95	5,242 95
87 0—88.9	53	87 95	4,661 35
89 0—90 9	35	89 95	3,148 25
91 0—92 9	23	91 95	2,114 85
93 0—94 9	15	93 95	1,409 25
95 0—96.9	7	95 95	671 65
97 0—98 9	2	97 95	195 90
योग	409	...	34,833 55

$$\bar{X}=\frac{\Sigma fX}{N}=\frac{34,833\ 55}{409}=85\ 17$$

किए जाने के जैसा कि वास्तव मे किया गया। यदि पूर्णांकन अन्तिम पूर्ण दसवें भाग तक होता तो वर्ग को " 75 तथा 77 से कम" नामाकित किया जाना चाहिए था। क्योकि हम एक सतत चर पर विचार कर रहे हैं, ऐसे वर्ग की सीमाएँ 75 और 77 होगी और मध्य-मूल्य 76। विद्यार्थियो के ग्रेडो के लिए पूर्णांकन निकटतम दसवें भाग तक था और निम्नतम

मूल्य जो वर्ग "75 0—76 9" में आ सकता था 74 95 है जब कि उच्चतम मूल्य 76 9499.. है। इस प्रकार क्योंकि चर सतत है, वर्ग सीमाएँ 74 95 तथा 76 95 हैं और मध्य-मूल्य 75.95 है। मध्य-मूल्य इस विधि के अनुसार सारणी 9 3 में दर्ज किए गए हैं।

जब एक वर्ग को (उदाहरणार्थ) "32 00—33 99" नामांकित किया जाता है तो मध्य-मूल्य वास्तव में 32 995 है। परन्तु बहुत से सांख्यिकी विद् मध्य मूल्य 33 00 बताएँगे क्योंकि सापेक्ष भ्रमगति छोटी है। बारबारता बटन के लिए मध्य-मूल्य निर्धारण करने मे यह जानना महत्त्वपूर्ण है कि पाठ्यांक कैसे पूर्णांकित किए गए थे। जब बारबारता बटन के संबंध में पूर्णांकन के बारे में कोई सूचना नहीं दी गई तो संभवत यह कल्पना करना सर्वोत्तम है कि अंकों का, दी हुई निकटतम इकाई तक, पूर्णांकन किया गया था। उदाहरण के लिए, यदि एक-इंच वर्ग "12 0—12 9 इंच" लिखा गया है तो सीमाएँ 11 95 और 12 95 इंच समझिए, यदि एक पाँच-पाउंड वर्ग 10—14 पाउंड लिखा गया है तो सीमाएँ 9 5 और 14 5 पाउंड मानिए। परन्तु विविक्त आँकड़ों के लिए एक दो-डालर वर्ग "10 00 डालर—11 00 डालर" की सीमाएँ 10 00 डालर तथा 11 99 डालर हैं और एक दस-डालर वर्ग "70 डालर—79 डालर" की सीमाएँ 70 डालर और 79 डालर हैं यदि आँकड़े केवल पूर्ण डालरों में दिए जाएँ। एक वर्ग ' 5 पाउंड परन्तु 10 पाउंड से कम" नहीं लिखा जाना चाहिए जब तक कि हमारा बिल्कुल वही अर्थ न हो जो कि हम कहते हैं, अर्थात् इस वर्ग में भेद 5 पाउंड से नीचे नहीं गिरता और 10 पाउंड के बराबर नहीं होता। यदि विद्यार्थियों के ग्रेडों के वर्ग 75 0—77 0, 77 0—79 0, इत्यादि लिखे जाते और यदि एक वर्ग सीमा पर आने वाले मामलों के दो वर्गों के बीच बाँटा जाता, जैसा कि अध्याय 8 में नोट किया गया था, तो मध्य-मूल्य 76 0, 78 0 इत्यादि होंगे।

विद्यार्थियों के ग्रेडों के लिए मध्य-मूल्यों पर विचार करके, जैसा कि ऊपर विवरण दिया गया है, और व्यंजक $\bar{X}=\frac{\Sigma fX}{N}$, का प्रयोग करके, हम देखते हैं कि समांतर माध्य 85 17 है, जैसाकि सारणी 9 3 के नीचे दिखाया है। सारणी 8 1 के अवर्गीकृत आँकड़ों से, आइए, हम यह देखने के लिए कि अभी प्राप्त अंक उस मूल्य से कितना अधिक मिलता है। $\bar{X}$ के मूल्य का परिकलन करें यदि हम सब अलग-अलग ग्रेडों का योग करें और 409 से भाग करें तो हमारे पास निम्नलिखित आ जाता है

$$\bar{X}=\frac{34,828\ 1}{409}=85\ 15$$

$\bar{X}$ के दो मूल्य थोड़े से भिन्न हैं। उनका समरूप होना असामान्य है परन्तु हम साधारणतया यह समझ सकते हैं कि अन्तर कुछ प्रतिशत से अधिक नहीं होगा। एक बारबारता बटन से परिकलित समांतर माध्य का मूल्य साधारणतया अवर्गीकृत आंकड़ों से लिए समांतर माध्य के साथ निकट से मिलता-जुलता होगा, यदि चर सतत है और बटन सममित है। यदि (1) बटन तिरछा है अथवा यदि (2) चर विविक्त (असतत) है (अथवा यदि आँकड़े टूटे हुए हैं) अथवा यदि दोनों (1) और (2) सत्य हैं तो अनुरूपता कम निकट होगी। इसी प्रकार, यदि आँकड़ों में अनियमितताएँ हैं क्योंकि बहुत ही छोटे प्रतिदर्श का प्रयोग किया गया था तो निकट की अनुरूपता की आशा नहीं की जा सकती।

जब भी $\bar{X}$ के दो मूल्यों में अनुरूपता का अभाव विद्यमान है तो यह मध्य मूल्य परिकल्पनाओं की अपर्याप्तता के कारण है। यह लगभग सदा सत्य है कि मध्य-मूल्यों में से

कोई भी वास्तव मे अपने वर्ग का सही मकेन्द्रण बिन्दु नहीं है। अधिकतम बारबारता के समूह के बाईं ओर के समूहों के लिए, एक समूह का मध्य-मूल्य प्राय उस समूह के माध्य से कम है, जब कि अधिकतम बारबारता के समूह के दाईं ओर के समूहो के लिए, एक समूह का मध्य-मूल्य प्राय उस समूह के माध्य से बडा है। यद्यपि सभी मध्य-मूल्य परिकल्पनाएँ प्राय अशुद्ध होती हैं, अशुद्धियो मे एक-दूसरे को समाप्त करने की एक निश्चित प्रकृति होती है, यदि बटन लगभग, सममित है। उदार कला छात्रो के ग्रेडो के आँकडो के लिए हमारे पास से अवर्गीकृत आँकडे हैं जिनसे बारबारता बटन बनाया गया था और हम प्रत्येक वर्ग के लिए समातर माध्य का परिकलन कर सकते हैं और वर्ग माध्यो और वर्ग मध्य मूल्यो की तुलना कर सकते हैं। यह सारणी 9 4 मे किया गया है जहा यह देखा जा सकता है कि प्रथम 5 वर्गों मे से 3 के लिए प्रत्येक वर्ग का मध्य-मूल्य वर्ग माध्यो से कम है। परन्तु

सारणी 9.4

उदार कला छात्रो के ग्रेडों के लिए वर्ग मध्य-मूल्यों की प्रत्येक वर्ग के समातर माध्य से तुलना

ग्रेड	विद्यार्थियो की सख्या	प्रत्येक वर्ग मे कुल ग्रेड (सारणी 8 4 से)	प्रत्येक वर्ग के लिए समातर माध्य	प्रत्येक वर्ग का मध्य-मूल्य
75 0—76 9	3	230 3	76 77	75 95
77 0—78 9	23	1,799 9	78 26	77 95
79 0—80 9	52	4,158 2	79 97	79 95
81 0—82 9	61	4,994 1	81 87	81 95
83 0—84 9	74	6,204 5	83 84	83 95
85 0—84 9	61	5,243 3	85 96	85 95
87 0—86 9	53	4,657 2	87 87	87 95
89 0—90.9	35	3,150 0	99 00	89 95
91 0—92 9	23	2,113 1	91 87	91 95
93 0—94 9	15	1,409 4	93 96	93 95
95 0—96 9	7	672 3	96 04	95 95
97 0—98 9	2	195 8	97 90	97 95
योग	409	34,828 1	85 15	..

अन्तिम 6 वर्गों के लिए 3 मध्य-मूल्य अपने वर्ग माध्यो से अधिक है और तीन मध्य-मूल्य अपने वर्ग माध्यो से कम हैं।

समूहित आँकडो से समातर माध्य लघु विधियां—सारणी 9 1 तथा 9 2 मे यह दिखाया गया था कि समातर माध्य के लिए हम एक मूल्य $\bar{X}_a$ की परिकल्पना कर सकते थे और इस तथ्य का प्रयोग करके कि $\Sigma x = 0, \bar{X}$ प्राप्त करने के लिए आवश्यक सशोधन का परिकलन कर सकते थे। इस विधि के द्वारा बारबारता बटन से माध्य का परिकलन करने मे लगने वाला हमारा बहुत सा समय बच जाएगा। $\bar{X}$ के लिए व्यजक पहले के समान

हैं, सिवाय इसके कि विभिन्न वर्गों मे वारवारताओ के कारण सकेत f का पुन: समावेश किया गया है। इस प्रकार

$$X=X_d+\frac{\Sigma fd}{N}$$

X_d के लिए चुना हुआ मूल्य किसी वर्ग का मध्य-मूल्य हो सकता है। सारणी 9 5 मे $\bar{X}_d$ को पचम वर्ग के मध्य-मूल्य के तौर पर लिया गया है और सारणी के नीचे के परिकलनो से दिखाई देता है कि $\bar{X}=85\ 17$ वही है जैसा कि सारणी 9 3 की लम्बी विधि से प्राप्त हुआ था।

सारणी 9 5

रूजर्स स्टेट यूनिर्वासिटी के 1965 के उदार कला स्नातको के ग्रेडों के लिए व्यजक

$$\bar{X}=X_d+\frac{\Sigma fd}{N}$$

का प्रयोग करके समातर माध्य की सगणना

ग्रेड	विद्यार्थियों की सरया f	d	fd	
75 0—76 9	3	− 8	− 24	
77 0—78 9	22	− 6	−138	
79 0—80 9	52	− 4	−208	
81 0—82 9	61	− 2	−122	−492
83 0—84 9	74	0		
85 0—86 9	61	+ 2	+122	
87 0—88 9	53	+ 4	+212	
89 0—90 9	35	+ 6	+210	
91 0—92 ,	23	+ 8	+184	
93 0—94 9	15	+10	+150	
95 0—96 9	7	+12	+ 84	
97 0—98 9	2	+14	+ 28	+990
योग	409	...		+498

$$\bar{X}=\bar{X}_d+\frac{\Sigma fd'}{N}=83\ 95+\frac{498}{409},$$
$$=83.95+1\ 218,$$
$$=85\ 17.$$

हम यह देखेंगे कि सारणी 9 5 के सब वर्ग एक समान विस्तार वाले हैं। जब यह सत्य है तो $\bar{X}_d$ से अपने विचलन वर्ग अन्तरालों, d, क रूप मे लेकर हम λ के अपने परि-

कलन को और भी छोटा कर सकते हैं। यह एक ऐसी विधि है जिसे कभी-कभी "सकेती-करण" कहते हैं। हमारा सशोधन $\frac{\Sigma fd'}{N}$ तब वर्ग-अन्तरालो के रूप म होगा और इसका X_a के साथ बीजीय जोड करने से पूर्व इसे वर्ग-अन्तराल *i* से गुणा करना आवश्यक है। तब समान्तर माध्य के लिए,

$$\bar{X} = \bar{X}_a + \left(\frac{\Sigma fd'}{N}\right)i$$

इस व्यजक से $\bar{X}$ का सकलन सारणी 9 6 मे दिखाया गया है और इसका वही परिणाम है जो कि सारणी 9 3 और 9 5 मे दिया गया है। जब बारबारता बटन समान वर्ग-अन्तरालो से बना हुआ है तो इस विधि का सर्वदा प्रयोग करना चाहिए। बारबारता बटन म जितने अधिक वर्गों को और जितनी अधिक मदो का समावेश हुआ है उतना ही अधिक समय इस विधि से बच जाता है।

असमान वर्ग-अन्तरालो वाले समूहित आँकडों से समान्तर माध्यम—असमान वर्ग-अन्तरालो वाले बारबारता बटन के लिए सारणी 9 6 मे दिखाई गई विधि से $\bar{X}$ का परिकलन अनुपयुक्त होगा क्योंकि इसमें *d'* के आंशिक मूल्य आएँगे। उचित प्रविधि वह है जो सारणी 9 3 म दिखाई गई है या सारणी 9 5 मे है। जब वर्गों के विस्तार मे भिन्नता है तो बटन निरपवाद रूप से तिरछा है और हमे स्मरण रखना आवश्यक है कि जैसे तिरछापन बढता है हमारी मध्य-मूल्य परिकल्पनाएँ एक दूसरी को कम निकटता से प्रतिसन्तुलित करती हैं। इस प्रकार असमान वर्ग-अन्तरालो वाले बारबारता बटन से परिकलित माध्य अवर्गित आँकडों से परिकलित माध्य से काफी भिन्न हो सकता है, साथ ही, जैसा कि इस अध्याय के अन्त म विवेचन किया जाएगा, निश्चित तौर पर तिरछे बटन के समान्तर माध्य की सीमित उपयोगिता है। जब सारणी 8 5 वाले के समान एक बारबारता बटन की एक सिरे पर (अथवा, यदा-कदा दोनों सिरों पर) अपरिमित विस्तार वाला वर्ग है तो उस मूल्य का कोई सकेत नहीं है जो वर्ग के प्रतिनिधि के तौर पर चुना जाना चाहिए। यदि यह कल्पना की जाती है कि अपरिमित वर्ग का वही विस्तार है जो कि इससे पहले का है तो मध्य-मूल्य प्राय बहुत कम होगा। ऐसे मध्य-मूल्य के प्रयोग का, पूर्व के मध्य-मूल्यो के ऊपर की ओर के झुकाव को प्रतिसन्तुलित करने म परिणाम हो सकता है परन्तु हम कभी-कभी असदिग्ध नहीं हो सकते कि कितना, प्रतिसन्तुलन होता है या कि झुकाव ही अतिसतुलित नहीं हो जाता। एक वर्ग अपरिमित क्यो छोडा जाता है इसका कारण प्राय यह है, क्योंकि इसमे कुछ मदें विस्तृत क्षेत्र पर बिखरे मूल्यों वाली हैं।

इस बात पर बल देना चाहिए कि असमान वर्ग-अन्तरालो वाले एक तिरछे बटन के लिए परिकलित समान्तर माध्य का मूल्य केवल एक पर्याप्त अच्छा सन्निकटन है। जब एक या दो अपरिमित वर्ग विद्यमान हैं तो यह और भी कम यथार्थ हो जाता है। इस प्रकार के बटन के लिए माध्यम के परिकलन मे आने वाली कठिनाई पूर्ण रूप से सुलझ जाती है यदि सारणी के साथ अवर्गित आँकडो को जोड देने वाली एक पाद टिप्पणी जोड दी जाए। यदि इस विधि का अनुकरण किया जाए तो समान्तर माध्य का मूल्य देने के लिए एक अकेला भाग पर्याप्त है।

समान्तर माध्य के संशोधित रूप—एक श्रेणी की सब मदो के लिए समान्तर माध्य का परिकलन करने की बजाय कभी-कभी सबसे छोटे और सबसे बड़े अंको की औसत लेकर अनुमान करना पर्याप्त हो सकता है। इस प्रकार की विधि का परिणाम समान्तर माध्य से अधिक भिन्न नही होगा यदि हम एक ऐसे सतत चर (या एक विविक्त चर, जिसमे अन्तराल नही है) से व्यवहार कर रहे हैं जिसका बटन सममित या लगभग सममित है। उदाहरणार्थ, मौसम वैज्ञानिको ने पता लगाया है कि तापमान की दैनिक औसत निकालने के लिए दिनभर घण्टे-घण्टे के बाद तापमान लेना और इन 24 पाठ्यांको की औसत निकालना साधारणत आवश्यक नही है। साधारणतया केवल अधिकतम और

सारणी 9.6

इजर्म स्टेट यूनिवर्सिटी के 1965 के उदार कला स्नातको के ग्रेडों के लिए व्यंजक के प्रयोग द्वारा समान्तर माध्य की सगणना

$$\bar{X}=\bar{X}_a+\frac{\Sigma fd'}{N}i$$

ग्रेड	विद्यार्थियो की सख्या f	d'	fd'	
75 0—76 9	3	—4	— 12	
77 0—78 9	23	—3	— 69	
79 0—80 9	52	—2	—104	
81 0—82 9	61	—1	— 61	—246
83 0—84 9	74	0		
85 0—86 9	61	+1	+ 61	
87 0—88 9	53	+2	+106	
89.0—90.9	35	+3	+105	
91 0—92 9	23	+4	+ 92	
93 0—94 9	15	+5	+ 75	
95 0—96 9	7	+6	+ 42	
97 0—98 9	2	+7	+ 41	+495
योग	409	...	...	+249

$$\bar{X}=\bar{X}_a+\frac{\Sigma fd'}{N}i=83.95+\frac{249}{409}2,$$

$$=83\,95+1\,218,$$

$$=85.17.$$

न्यूनतम तापमानो की औसत निकालना पर्याप्त होता है। ये दो पाठ्यांक ग्राफ पर दिखाए ऊँचे और नीचे बिन्दुओ मे जो दर्ज करने वाले तापमापी से अनुरेखित किए गए, प्राप्त किए जा सकते हैं अथवा ये उस तापमापी से प्राप्त किए जा सकते हैं जो स्वयमेव अधिकतम एव न्यूनतम तापमान दर्ज कर लेता है।

आपको स्मरण होगा कि विद्यार्थियों के ग्रेडों के आँकड़े दाईं ओर को तिरछे है। परिणामस्वरूप हमे आशा करनी चाहिए कि निम्नतम और उच्चतम ग्रेडों की औसत सभी ग्रेडों से सर्वाधित समान्तर माध्य से अधिक होगी। आइए, हम इन दो चरम सीमा वाले मूल्यों की औसत निर्धारित करें और देखें कि यह X से कितना भिन्न है। सारणी 8 2 में दिखाया गया उच्चतम दर्जा 98 3 है जबकि निम्नतम दर्जा 76.5 है। इन दो दर्जों की औसत 87 40 है। अवर्गीकृत आँकडों से सकलित $\bar{X}$ का मूल्य 85 15 मालूम हुआ था। यद्यपि चरम सीमा वाले अंकों की औसत निकालने से उत्पन्न होने वाली असगति केवल 2 25 अथवा 2 6 प्रतिशत है हमे इस विधि का $\bar{X}$ के सन्निकटन के तौर पर प्रयोग नही करना चाहिए जब तक कि बटन सममित या लगभग सममित न हो।

समान्तर माध्य का दूसरा सशोधन वह है जिसकी ओर मौसमी गतियों के माप के सबध मे पुन सकेत किया जाएगा (अध्याय 14)। यह सशोधन आवश्यक तौर पर या तो इस आधार पर कुछ मदो की उपेक्षा करता है कि वे असामान्य चरम सीमा वाले मूल्य हैं जो सभवत इस स्थिति में असम या अतुलनीय कारक के लाने का परिणाम हैं, अथवा एक सारणी के उच्चतम या निम्नतम मूल्यों में से एक या अधिक को छोड देता है ताकि केवल अधिक प्रतिरूपी मूल्यों की औसत निकाली जाए।

कल्पना कीजिए कि धावक ने एक मौसम मे 100 गज की दस दौड प्रतियोगिताओं मे भाग लिया और उसने निम्न समय लिए

10 2, 10 1, 10 0, 10 0, 10 1, 10 0, 9 9, 10 1, 11 4, 10 2 सेकड

अब इन दस अंकों का समान्तर माध्य 10 2 सेकड हैं, यद्यपि केवल तीन दौडें ही इतनी धीमी या इसस मन्द गति मे दौडी गई थी। ऊपर नौवें अंक द्वारा दिखाई गई दौड मे धावक को कील लग गई थी और उसने सब से अन्त मे लगडाते हुए दौड समाप्त की। अंक 11 4 से उसकी दौड की योग्यता का सकेत नही मिलता और इसे इस धावक की योग्यता का प्रतीक औसत समय निकालने के लिए पूर्ण तर्कसगत ढग से छोडा जा सकता था। यदि हम अन्य नौ अंकों की औसत निकालें तो हमे सामान्य दौड की स्थितियों मे इस धावक के लिए समान्तर माध्य के तौर पर 10 07 सेकड प्राप्त होते हैं। इसी प्रकार यदि एक दौड, धावक ने पीछे की तेज़ हवा के साथ दौडी होती तो 100 गज के लिए उसका समय असामान्य ढग से कम होगा और वह अंक भी छोडा जा सकता है।[3] अभी अभी वर्णित विधि मौसमी गतियों को मापने मे अनुकूल विधि से इस दृष्टि से भिन्न है कि केवल वे विशिष्ट मूल्य जिनके लिए निश्चित तौर पर कोई विशिष्ट कारण दिया जा सकता था छोडे गए है। मौसमी गतियों को मापते समय हम एक सारणी के दोनो सिरो पर एक, दो या अधिक मदों को छोड देंगे ताकि उन मदो की औसत निकाली जाए जो किसी केन्द्रीय मूल्य के इर्द गिर्द जमा प्रतीत होती हैं।

प्रतिशतताओं की औसतें निकालना—अध्याय 7 मे यह सकेत किया गया था कि भिन्न सख्याओं पर आधारित प्रतिशतताओं की एक श्रेणी की औसत साधारणतया प्रत्येक प्रतिशतता पर इसके आधार के अनुपात मे भार डालकर निकालनी चाहिए। परन्तु

---

3 समय-अध्ययनो के सबध मे प्रयुक्त सशोधित माध्य का इस प्रकार का विवरण एफ० ई० क्रॉक्सटन और डी० ज० काउडन के प्रैक्टिकल बिज़नेस स्टैटिस्टिक्स, तृतीय सस्करण, प्रेंटिस हाल, इन्कार्पोरेटिड, एंगलवुड क्लिफ्स, एन० ज०, 1960, पृष्ठ 458—463 मे दिया गया है।

ऐसी भी स्थितियाँ है जिनमे हम भिन्न आधारो की उपेक्षा करने और कई प्रतिशतताओं को, भारो की एक भिन्न पद्धति का प्रयोग करके, औसत निकालने के इच्छुक हो सकते है। उदाहरणार्थ, हम कल्पना करें कि एक विद्यार्थी ने दो विस्तृत परीक्षाएँ दी हैं जिनमे से प्रत्येक मे एक कोर्स की विषय-सामग्री का आधार आता है। कल्पना कीजिए कि प्रथम परीक्षा मे 100 "सत्य-झूठ" प्रश्न सम्मिलित थे जिनमे से उसने 82 प्रतिशत किए, जबकि द्वितीय में 150 ऐसे प्रश्न थे जिनमे से उसने 88 प्रतिशत किए। क्योंकि प्रत्येक प्रतिशतता एक उपसत्र के आधे काम को सम्पन्न करने के स्तर की प्रतिनिधि है, उस उपसत्र के लिए विद्यार्थी के काम के अधिक अच्छे वर्णन मे दोनो प्रतिशतताओं को समान भार दिया जाएगा जिसके परिणामस्वरूप औसत

$$\frac{82 + 88}{2} = 85$$

प्राप्त होगा। बजाय इसके कि पूछे गए प्रश्नो की सख्या के अनुसार प्रतिशतताओ को भार दिया जाए जिससे

$$\frac{(100 \times 82) + (150 \times 88)}{250} = 85\,6$$

प्राप्त हो। यदि द्वितीय परीक्षा 10 ' निबंध" के प्रश्नों पर आधारित होती तो यह और भी स्पष्ट है कि भार डालने का निर्धारण सम्मिलित प्रश्नो की सख्या से नही होना चाहिए।

औसतो की औसत निकालना—औसतो की औसत निकालने की समस्या की सामान्य रूपरेखाएँ वही हैं जो कि प्रतिशतताओ की औसत निकालने मे आती हैं। यदि हमारे पास कई औसते हैं और प्रत्येक का एक कोटि की ओर सकेत है और हम एक ऐसे विवरण पर पहुँचने के लिए जो इन कोटियो से बने जोड के सगत है इन औसतो की औसत निकालना चाहते है तो प्रत्येक औसत को इसकी कोटि के महत्त्व के अनुसार और भार देना आवश्यक है। उदाहरण के लिए, यदि 7 फुटबाल लाइनमैनो का औसत भार 210 पाउड हो और 4 पीछे खेलने वालो का औसत भार 186 पाउड हो, तो हम दोनों माध्यो को जोड कर 2 से भाग दे सकते है, जिसका परिणाम 198 पाउड होगा। परन्तु वह ग्यारह खिलाडियो के भारो का सही समान्तर माध्य नही है। हम सही अक इस प्रकार प्राप्त करते हैं

$$\frac{(7 \times 210) + (4 \times 186)}{11} = \frac{2,214}{11} = 201 \text{ पाउड।}$$

यदि हम ग्यारह खिलाडियो के अलग अलग भारो का योग करें और ग्यारह से भाग करें, तो हमे यही अक प्राप्त होगा।

प्रतिशतताओ के समान ही कुछ उदाहरण हो सकते हैं जिनमे प्रत्येक कोटि का महत्त्व कोटि मे सम्मिलित मदो की सख्या के अतिरिक्त किसी अन्य कारक पर निर्भर है। कल्पना कीजिए कि 12 टायर, ड्राइवर को अपवादित कर, खाली परीक्षार्थ ट्रको के एक समूह मे लगाकर दौडाए गए और उन्होने 13,618 मील औसत दूरी निकाली। कल्पना कीजिए कि 20 ऐसे ही टायर ऐसे ही परीक्षार्थ ट्रको के एक समूह मे प्रयोग किए गए जिनमे प्रत्येक मे ड्राइवर और 2,000 पाउड भार लदा है और उन्होने 12,136 मील औसत दूरी निकाली। भारित औसत दूरी होगी

$$\frac{(12 \times 13,618) + (20 \times 12,136)}{32} = 12,692 \text{ मील।}$$

हमने पहले की अपेक्षा द्वितीय औसत को $\frac{20}{12}$=1,67 गुना भार दिया है। वास्तव मे, ट्रक कभी-कभी खाली चलते हैं, कभी-कभी भरे हुए, कभी-कभी आंशिक तौर पर लदे हुए और कभी-कभी अति लदे हुए। यदि हमारे उदाहरण मे ट्रक अपनी दूरी का $\frac{1}{5}$ भाग खाली चलते है और अपनी दूरी का $\frac{4}{5}$ भाग लदे हुए तो हमे अपनी औसत पर

$$\frac{(1 \times 13,618) + (4 \times 12,136)}{5} = 12,432 \text{ मील}$$

द्वारा पहुँचना चाहिए। भार डालने मे परीक्षित टायरो की सख्या की अपेक्षा ट्रक के प्रयोग मे विभिन्न भार स्थितियों के महत्व पर विचार किया जाना चाहिए।

माध्यिका

असमूहित आँकडो से माध्यिका—माध्यिका की परिभाषा प्राय उस मूल्य के तौर पर दी जाती है जो एक बटन को इस प्रकार भाग करता है कि इसके दोनो ओर समान सख्या मे मदें होती हैं। यदि हमारे पास पाँच मदें, 5 डालर, 6 डालर, 7 डालर, 8 डालर, 10 डालर है तो यह स्पष्ट है कि माध्यिका का मूल्य 7 डालर है क्योंकि दो मदें उस मूल्य से नीचे और दो मदें इसके ऊपर है। यदि हमारे पास छ मदें, 2 इच, 5 इच, 6 इच, 7 इच, 9 इच, 12 इच है तो यह स्पष्ट है कि 6 इच से बडा और 7 इच से छोटा कोई मूल्य हमारी परिभाषा पर पूरा उतरेगा। व्यावहारिक तौर पर, जब मदो की सख्या सम होती है, तो हम प्राय माध्यिका का मूल्य दो केन्द्रीय मदो के बीच का आधा लेते हैं। इस उदाहरण मे माध्यिका 6 5 इच होगी।

यदि हमारा सम्बन्ध मूल्यो की एक ऐसी श्रेणी जैसे 12, 13, 14, 15, 15, 17, तथा 18 पाउड से हो तो ऐसा कोई मूल्य नही है जिसकी स्थिति ऐसी हो कि तीन मदें इससे छोटी हो और तीन मदें इससे बडी हो। तो भी हम 15 पाउड को माध्यिका कहेगे। यह स्पष्ट होना चाहिए कि पहले की गई परिभाषा इस प्रकार की स्थितियो पर लागू नही होती। अत परिभाषा पुन इस प्रकार ढाली जाती है *माध्यिका वह मूल्य है जो एक श्रेणी को इस प्रकार भाग करता है कि आधी या अधिक मदें इसके बराबर या इससे कम हों और आधी या अधिक मदे इसके समान या इससे बडी हों।*

जो अभी तक कहा जा चुका है उससे यह स्पष्ट है कि माध्यिका को तुरन्त ढूँढा नही जा सकता जब तक कि आँकडे एक सारणी मे, अथवा, जैसा हम थोडी देर मे देखेंगे, एक बारबारता बटन मे नही रखे जा सकते। आपको स्मरण होगा कि माध्यिका के सकलन के लिए कोई व्यवस्था आवश्यक नही है। क्योकि एक श्रेणी की मदो का योग किया जा सकता है फिर चाहे उनका क्रम कुछ भी क्यो न हो।

एक श्रेणी की माध्यिका का मूल्य एक वर्तमान मद के मूल्य से मिल भी सकता है, नही भी। जब एक सारणी मे मदो की सख्या विषम हो तो माध्यिका का मूल्य मदो मे से एक के समान होता है, जब एक सारणी मे मदो की सख्या सम है तो यह नही मिलता।

माध्यिका का एक महत्त्वपूर्ण गुण जिसकी ओर पुन सकेत किया जाएगा यह है कि इस पर सारणी की मदो की स्थिति का प्रभाव पडता है परन्तु मदो के आकार का नही। यह पहले ही कहा जा चुका है कि 5 डालर, 6 डालर, 7 डालर, 8 डालर, 10 डालर की माध्यिका 7 डालर है। दो बडी मदो के, 7 डालर से अधिक कोई भी मूल्य हो सकते हैं

और दो छोटी मदों के 7 डालर से कम कोई भी मूल्य हो सकते हैं, तो भी माध्यिका 7 डालर रहती है।

वर्गित आँकडों के लिए माध्यिका के सकलन पर विचार प्रारम्भ करने से पूर्व, आइए, हम सारणी 8 2 में क्रमबद्ध 409 उदार कला छात्रों के ग्रेडों के लिए माध्यिका के मूल्य का सकलन करें। हम वह मूल्य मालूम करना चाहते हैं जिसकी स्थिति ऐसी हो कि इसके किसी भी ओर 204 मदें होंगी। निस्सन्देह यह 205वीं मद[4] का मूल्य है और किसी भी सिरे से गिनने पर पता चलता है कि माध्यिका का मूल्य 84 6 है। यदि हमारे पास 200 मदों की सारणी हो तो हमें वह मूल्य मालूम करना चाहिए जो बटन को इस प्रकार भाग करे कि 100 मदें इससे नीचे और 100 इसके ऊपर आएँ। स्पष्ट ही यह सरणी के किसी भी सिरे से गिने जाने पर 100वीं और 101वीं मदों का माध्य है।

समूहित आँकडों से माध्यिका—एक बारबारता बटन की माध्यिका का मूल्य निर्धारित करने के लिए हम बटन के किसी भी सिरे से आधी बारबारताएँ गिन लेते हैं, ताकि वह मूल्य सुनिश्चित हो सके जिसके किसी भी ओर आधी बारबारताएँ आती हैं। विद्यार्थियों के (सारणी 9 6) ग्रेडों के लिए माध्यिका का मूल्य निर्धारित करने के लिए हम पहले $\frac{N}{2} = 204\ 5$ का सकलन करते हैं। तब हम माध्यिका का मूल्य सुनिश्चित करते हैं। बटन की पहली चार कक्षाओं में 139 बारबारताओं का समावेश है। अत माध्यिका का अनुमानित मूल्य पचम वर्ग में 65 5 बारबारताओं (204 5—139) का अन्तर्वेशन करके प्राप्त किया जाता है, इस कल्पना के आधार पर कि उस वर्ग में बारबारताएँ उस वर्ग के भीतर समान रूप से बँटी हैं। तब माध्यिका व्यजक

$$\text{Med} = 82\ 95 + \frac{65\ 5}{74}\ 2 = 82\ 95 + 1\ 77 = 84\ 72$$

से प्राप्त होता है। यदि हम बटन के दूसरे सिरे से अपने सकलन प्रारम्भ करें तो ठीक यही निष्कर्ष प्राप्त होता है। अन्तिम सात वर्गों में 196 बारबारताओं का समावेश है और हम, ऊपरी सीमा से निचली सीमा की ओर पचम वर्ग में 8 5 बारबारताओं (204 5—196) का अन्तर्वेशन करते चले हैं। परिणाम है

$$\text{Med} = 84\ 95 - \frac{8\ 5}{74} 2 = 84\ 95 - 0\ 23 = 84\ 72$$

हाँ, माध्यिका का मूल्य वही है, चाहे हम अपने सकलन एक सिरे से प्रारम्भ करें या दूसरे सिरे से।

---

4 अवर्गित आँकडों के लिए सारणी में उच्चतम (या न्यूनतम) मद से प्रारम्भ करके $\frac{N+1}{2}$ मदों की गिनती करने में माध्यिका का मूल्य मालूम करना सरल प्रतीत हो सकता है। यह ऐसा कहने के समान नहीं है कि माध्यिका $\left(\frac{N+1}{2}\right)$ वा मद है। यद्यपि कुछ व्यक्तियों का इस प्रत्यय में विश्वास है, पर यह सतोषजनक नहीं है। बीच की मद माध्यिका है यह प्रत्यय उस दशा में असतोषजनक होगा जब सारणी में मदों की सख्या सम हो और उस समय छोड देना चाहिए जब माध्यिका का निर्धारण समूहित आँकडों से किया जाता है।

वारवारता वटन से अभी-अभी प्राप्त माध्यिका का मूल्य 84.72 सरणी से प्राप्त 84.6 से बहुत निकट से समरूप है। जब तक कि आँकडो मे अन्तराल या अनियमितताएँ न हो, हम सतत चर पर विचार करते समय सन्निकट समता की ही आशा कर सकते हैं, और इसी प्रकार विविक्त चर के लिए भी, यदि आँकड़े टूटे हुए नही हैं।

अब हमने विद्यार्थियो के ग्रेडो के वारवारता वटन के लिए समान्तर माध्य और माध्यिका के मूल्यो का सकलन कर लिया है। माध्य 85 17 था। माध्यिका 84.72 थी। माध्य माध्यिका से इसलिए बडा है क्योकि वटन दाई ओर को तिरछा है। यदि वटन ठीक सममित हो तो माध्य और माध्यिका समरूप होते हैं। यदि वटन वाई ओर को तिरछा है *तो माध्य माध्यिका से कम होगा।* इस बिन्दु पर अधिक विस्तार से इस अध्याय के अन्त मे और अगले अध्याय मे प्रकाश डाला जाएगा। अध्याय 10 मे हम देखेंगे कि तिरछेपन के *मापने के एक तरीके मे माध्य और माध्यिका के मूल्यो का विचार करना होता है।*

असमान वर्ग-अन्तरालो के वारवारता वटन से माध्यिका का परिकलन अभी-अभी वर्णित परिकलन से भिन्न नही है और न किसी एक या दोनो सिरो पर अनिर्धारित समूहो की उपस्थिति से प्रविधि जटिल बनती है।

यदि बटन के एक तोरण का आलेखन किया जाए तो माध्यिका का मूल्य लेखाचित्र से प्राप्त करना सभव है, जैसा कि चार्ट 9 1 मे दिखाया गया है। यह विधि पहले ही किए गए परिकलनो का लेखाचित्री रूप है और इसमे निम्न पग आते हैं. (1) $\frac{N}{2}$ का परिकलन कीजिए और इस बिन्दु को ऊर्ध्वाधर पैमाने पर खोजिए। (2) 4-अक्ष पर इस बिन्दु पर लम्ब खीचिए और लम्ब को तोरण को काटते हुए बढाइए। (3) प्रतिच्छेद बिन्दु पर, X-अक्ष पर एक लम्ब डालिए। प्रतिच्छेद माध्यिका का मूल्य बताता है। चार्ट 9.1 से यह देखा गया है कि विद्यार्थियो के ग्रेडो के लिए, लेखाचित्र द्वारा दिखाया हुआ माध्यिका का मूल्य 84 7 है जो, अकगणितीय ढग से परिकलित मूल्य के पर्याप्त निकट है।

***चतुर्थक, पचमक, दशमक, तथा शततमक**—माध्यिका अपनी बीच की स्थिति के* कारण मूल्यो की एक श्रेणी का स्वरूप दिखाती है। वारवारता वटन के कई अन्य माप हैं *जो अलग-अलग तौर पर तो केन्द्रीय प्रवृत्ति के माप नही हैं परन्तु, जैसा हम बाद मे देखेंगे,* जिनका प्रसार और तिरछापन मापने मे सहायता के लिए प्रयोग किया जा सकता है। परन्तु वे इस दृष्टि मे *माध्यिका से सम्बद्ध हैं कि वे श्रेणी मे अपनी स्थिति पर आधारित* हैं। अत हम यहाँ चतुर्थको, पचमको, दशमकों और शततमकों का विवरण देने के लिए विषयान्तर करेंगे।

चतुर्थक तीन है, Q_1, Q_2 तथा Q_3, जो बटन को चार बराबर भागो मे बाँटते हैं। हाँ, Q_2, माध्यिका है और प्राय इसी प्रकार अभिहित किया जाता है। कैडेट-मिडशिपमैन के ग्रेडो के आँकडो के लिए, पहले या निचले चतुर्थक Q_1 का मूल्य निर्धारित करने के लिए हम प्रथम वर्ग की निचली सीमा से $\frac{N}{4}=\frac{409}{4}=102\ 25$ वारवारताओ को गिनते हैं। इस प्रकार हमारे पास Q_1 का मूल्य है

$$Q_1=80.95+\frac{24\ 25}{61}2=81.75$$

चार्ट 9.1 रूजर्स स्टेट यूनिवर्सिटी के 1965 के उदार कला स्नातकों के दर्जों के लिए माध्यिका की लेखाचित्रीय खोज। आँकड़े सारणी 9.6 से।

यही परिणाम अन्तिम वर्ग की ऊपरी सीमा से $\frac{3N}{4}$ को गिनकर प्राप्त किया जा सकता है।

तृतीय चतुर्थक Q_3 का मूल्य प्रथम वर्ग की निचली सीमा से $\frac{3N}{4}$ को गिनकर परिकलित किया जा सकता है अथवा, अधिक क्षिप्रता से, अन्तिम वर्ग की ऊपरी सीमा से $\frac{N}{4}$ को गिनकर। क्योंकि $\frac{N}{4}=102.25$, और क्योंकि अन्तिम पाँच वर्गों में 82 बारंबारताएँ हैं तो हमारे पास आता है।

$$Q_3 = 88.95 - \frac{20.25}{53} 2 = 88.19$$

चार पंचमक है जो बटन को पाँच बराबर भागों में बाँटते, नौ दशमक है जो बटन को दस बराबर भागों में बाँटते हैं, और निन्यानवे शततमक हैं जो बटन को 100 बराबर भागों में बाँटते हैं। इन मूल्यों के परिकलन करने की विधि माध्यिका और चतुर्थकों की विधि जैसी है। उदाहरणार्थ, हम तृतीय दशमक के मूल्य का परिकलन करेंगे जो 30वां शततमक भी है। हम $\frac{3N}{10}=\frac{1,227}{10}=122.7$ को प्रथम वर्ग की निचली सीमा से गिनते हैं और अन्तर्वेशन करते हैं। क्योंकि पहले तीन वर्गों में 78 बारंबारताएँ हैं तो हमारे पास

$$80.95 + \frac{44.7}{61} 2 = 82.42$$

जब तक कि एक बटन बहुत विस्तृत न हो, बहुत अधिक शततमकों का परिकलन करने से कोई प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। उनमें से केवल कुछ एक का बहुलता से प्रयोग किया जाता है, जैसे 99वाँ, 98वाँ, 95वाँ, 90वाँ 85वाँ, 80वाँ, इत्यादि।

कभी-कभी चतुर्थक, पचमक, दशमक, तथा शततमक मदों का एक अलग अर्थ में, बटन के उस भाग की ओर जिसमें मद आती है, सकेत करने के लिए, प्रयोग किया जाता है। इस प्रकार, यदि एक विद्यार्थी को अपनी कक्षा के ऊपरी चतुर्थक में कहा जाता है तो वह ऊपरी 25 प्रतिशत में है। यदि वह अपनी कक्षा के ऊपरी दशमक में है तो वह ऊपर के 10 प्रतिशत में है। निस्सन्देह इससे स्पष्ट अभिव्यक्ति होगी यदि हम चतुर्थकों,पचमकों, दशमकों, और शततमकों को इस अनुभाग के प्रारंभ में विवेचित मापों के अर्थ के लिए सुरक्षित रखें। एक बटन के उस भाग की ओर, जिसमें एक विद्यार्थी आता है, सकेत करने के लिए हम कह सकते हैं "उच्चतम चतुर्थांश" (Q_3 से अधिक), "द्वितीय उच्चतम चतुर्थांश" (Q_2 और Q_3 के बीच), "तृतीय उच्चतम चतुर्थांश" (Q_1 और Q_2 के बीच), तथा "निम्नतम चतुर्थांश" (Q_1 से कम)। इसी प्रकार हम पचमकों के स्थान पर "पचम", दशमकों की बजाय "दशम" और शततमकों की बजाय 'सौवें' कह सकते हैं।

बहुलक

असमूहित आंकड़ों से बहुलक—एक बटन का बहुलक उस बिन्दु पर वह मूल्य है जिसके इर्द-गिर्द मदों की प्रवृत्ति सर्वाधिक केन्द्रित होने की है। इसे मूल्यों की एक श्रेणी का सर्वाधिक प्रारूपी माना जा सकता है। इसी कारण से यह स्पष्ट है कि एक या कुछ बहुत ऊँचे (या नीचे) मूल्यों के होने से बहुलक पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।[5] यदि आंकड़ों की एक श्रेणी अवर्गीकृत है, जिसका न तो समीकरण हुआ है और जिसे न बारबारता बटन में रखा गया है तो बहुलक का तुरन्त पता नहीं चल सकता।

पहले एक बहुत ही सरल उदाहरण लीजिए : यदि सात व्यक्ति 35 डालर, 42 डालर, 49 डालर, 49 डालर, 49 डालर, 56 डालर, 70 डालर, दैनिक आय प्राप्त कर रहे हैं तो यह स्पष्ट है कि बहुलकीय आय 49 डालर प्रति दिन है। यदि हमारे पास मूल्यों की एक ऐसी श्रेणी है जैसे

21, 35, 42, 49, 63, 70, 77

तो यह स्पष्ट है कि बहुलक नहीं है।

समूहित आंकड़ों से बहुलक—यदि हम सारणी 8.2 में दिखाई गई विद्यार्थियों के ग्रेडों की सारणी की परीक्षा करें तो हमें पता चलता है कि वह मूल्य निर्धारित करना

---

5 यह बहुलक का दिखाने की सामान्य विधि के सबंध में जिसका यहाँ वर्णन किया गया है सत्य है। यदि बहुलक को व्यजक

$$\text{बहुलक} = X - s\frac{\sqrt{\beta_1}\,(\beta_2+3)}{2(5\beta_2-6\beta_1-9)},$$

से, या एक सतत वक्र के शिखर के ठीक नीचे X मूल्य के निर्धारण से दिखाया जाता है तो चरम सीमा के मूल्यों का कुछ थोड़ा सा प्रभाव होता है। s, β_1, तथा β_2 के परिकलन का विवेचन अगले अध्याय में किया गया है।

बहुत कठिन होगा जिसके इर्द-गिर्द मदों के केन्द्रित होने की प्रवृत्ति है। एक बारबारता बटन जैसे सारणी 9 6 की ओर सकेत करके तुरन्त बहुलक का स्थान निर्धारण किया जा सकता है। यहाँ यह स्पष्ट है कि बहुलकीय वर्ग 83 0—84 9 है, और यदि हम वर्ग के प्रतिनिधि के तौर पर मध्य-मूल्य लें तो हमें 83 95 को बहुलक कहना चाहिए।

प्राय: मध्य-मूल्य बहुलक का सर्वोत्तम अनुमान नही है, क्योकि बहुलकीय वर्ग से पहले के और बाद के वर्गों मे बारबारताए नियम के अनुसार बराबर नही हैं। बहुलकीय वर्ग के भीतर सभावित सकेद्रण द्वारा बिन्दु का अनुमान करने के लिए यह प्राय आवश्यक है कि निम्न व्यजक का प्रयोग करें

$$Mo = l_1 + \frac{\Delta_1}{\Delta_1 + \Delta_2} \times i,$$

जहाँ l_1=बहुलकीय वर्ग की निचली सीमा,

Δ_1=बहुलकीय वर्ग की बारबारता और उससे पूर्व के वर्ग की बारबारता का अन्तर (चिह्न उपेक्षित),

Δ_2=बहुलकीय वर्ग की बारबारता और उससे अगले वर्ग की बारबारता का अन्तर (चिन्ह उपेक्षित),

i=बहुलकीय वर्ग का अन्तराल।

विद्यार्थियो के ग्रेडों के बारबारता बटन के लिये

$$Mo = 82\ 95 + \frac{74-61}{(74-61)+(74-61)} 2,$$

$$= 82\ 95 + \frac{1}{2}\ 2 = 83\ 95$$

इस विशेष उदाहरण मे परिकलित बहुलकीय मूल्य बिल्कुल मध्य मूल्य के बराबर है जो सामान्य बात नही है। यह इसलिए घटित होता है क्योकि उदाहरण मे बहुलकीय वर्ग से तुरन्त पहले और पीछे आने वाले वर्गों मे बारबारताएँ बराबर है। यदि व असमान होता तो परिकलित बहुलकीय मूल्य वर्ग के मध्य-मूल्य से कम या अधिक हुआ होता। उदाहरण के लिए यदि 81 0—82 9 ग्रेडो वाले वर्ग मे 61 के स्थान पर 66 बारबारताओ का समावेश हुआ होता तो परिकलित बहुलकीय मूल्य 83 71 होता। यदि 85 0—86 9 ग्रेडो वाले वर्ग मे 61 के स्थान पर 66 बारबारताओ का समावेश हुआ होता तो परिकलित बहुलकीय मूल्य 84 19 होता।

हमने जिस अन्तर्वेशन विधि का वर्णन किया है उसे लेखाचित्र द्वारा दिखाया जा सकता है, जैसा कि चार्ट 9 2 में दिखाया गया है। इस विधि मे Δ_1 और Δ_2 जो कार्य करते हैं उसे दिखाने के लिए हमने 81 0—82 9 ग्रेडो वाले वर्ग के लिए 66 को बारबारता की कल्पना की है। यह समझ लेना चाहिए कि हम केवल मात्र बहुलक के मूल्य का अनुमान कर रहे है। तो भी, यह उपयोगी अनुमान है और यह स्मरण रखना चाहिए कि बहुलक की दो महत्त्वपूर्ण विशेषताएँ है, प्रथम यह कि यह बटन के सर्वाधिक प्ररूपी मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है और यह विद्यमान मदो से एकरूप होना चाहिए, द्वितीय यह कि बहुलक पर (सामान्य तौर पर परिकलित) बहुत ही बडी या छोटी मदो की उपस्थिति का प्रभाव नही पड़ता।

चार्ट 9 2 बहुलक के मूल्य के लिए अन्तर्वेशन करने की विधि का लेखा चित्री उदाहरण। Δ_1 ऊपर की ओर प्रभाव डालता है और Δ_2 नीचे की ओर प्रभाव डालता है, प्रत्येक अपने परिमाण के अनुपात मे, ताकि बहुलक बहुलकीय वर्ग के अन्तराल को दो भागों मे बाँटता है जो Δ_1 और Δ_2 के आनुपातिक हैं। अर्थात,

$$\frac{Mo-l_1}{l_2-Mo}=\frac{\Delta_1}{\Delta_2}.$$

ज्यामितीय ढग से, दो विकर्णों के प्रतिच्छेद से एक लम्ब रूप रेखा गिराकर बहुलक का स्थान ज्ञात किया जा सकता है जैसा कि आरेख मे दिखाया गया है।

बीजीय रूप से व्यजक

$$Mo=l_1+\frac{\Delta_1}{\Delta_1+\Delta_2}\,i$$

को निम्न प्रकार से विकसित किया जा सकता है हम बहुलक जानना चाहते हैं ताकि

$$\frac{Mo-l_1}{l_2-Mo}=\frac{\Delta_1}{\Delta_2},$$

$$\Delta_2 Mo-\Delta_2 l_1=\Delta_1 l_2-\Delta_1 Mo,$$

$$\Delta_1 Mo+\Delta_2 Mo=\Delta_1 l_2+\Delta_2 l_1,$$

$$Mo(\Delta_1+\Delta_2)=\Delta_1 l_2+\Delta_2 l_1.$$

यदि $l_2=l_1+i$

$$\therefore\ Mo=\frac{\Delta_1 l_1+\Delta_1 i+\Delta_2 l_1}{\Delta_1+\Delta_2},$$

$$=\frac{\Delta_1 l_1+\Delta_2 l_1}{\Delta_1+\Delta_2}+\frac{\Delta_1 i}{\Delta_1+\Delta_2}$$

$$=l_1+\frac{\Delta_1}{\Delta_1+\Delta_2}i.$$

लेखाचित्री ढग से हम एक स्तम्भ आरेख से बहुलक प्राप्त कर सकते हैं, जैसा कि चार्ट 9 2 मे है। बारबारता वक्र के उच्चतम बिन्दु अथवा तोरण के अधिकतम खडे भाग के अनुरूप X अक्ष पर मूल्य पढकर हम बहुलक का बहुत मोटा अनुमान लगा सकते हैं। वक्रो का मुक्त हस्त से समरेखण किया जा सकता है क्योकि जब तक श्रेणी को समरेखण प्रक्रिया के अन्तर्गत नही लाया जाता, तब तक हम बहुलकीय वर्ग के मध्य-मूल्य के तौर पर लगभग वही मूल्य प्राप्त करेंगे।

कभी-कभी, ऐसी श्रेणियां सामने आती हैं जिनके दो बहुलक हो। वे द्वि-बहुलकीय कहलाती हैं। इस प्रकार की एक श्रेणी चार्ट 9.3 मे चित्रित की गई है। कभी-कभी द्वि-बहुलकता सयोग का परिणाम होती है, कभी-कभी यह इस तथ्य के कारण होती है कि असम आँकडो के दो समुच्चय उपस्थित हैं। चार्ट 9.3 मे दो सकेन्द्रण इस तथ्य के कारण हुए हैं कि कुछ ड्राइवर पूरे (या लगभग पूरे) समय काम पर थे, जबकि अन्य सप्ताह मे केवल एक या दो दिन काम कर रहे थे।

माध्य-माध्यिका, और बहुलक की विशेषताएँ

केन्द्रीय प्रवृत्ति के अन्य मापो पर विचार करने से पूर्व हम इन तीन अपेक्षाकृत सरल और बहुत महत्त्वपूर्ण मापो की विशेषताओ का परीक्षण करेंगे।

प्रत्यय का परिचय—*समान्तर माध्य केन्द्रीय प्रवृत्ति के सब मापो मे सबसे अधिक* प्रयुक्त होता है। जैसा बाद मे सकेत किया जायेगा, यह ऐसी स्थितियों मे बहुलता से

चार्ट 9 3 बिटमनी कोयला खानों, इलीनोइस मे ड्राइवरो द्वारा आधे मास में प्राप्त मजदूरी का बटन। आकडे सयुक्त राज्य श्रम साख्यिक, ब्यूरो वेजिज एन्ड आवर्स ऑफ लेबर इन बिटुमिनस कोल माइनिंग, बुलेटिन न० 601, पृष्ठ 61 से।

प्रयोग किया जाता है जो इसे पथभ्रष्ट करने वाला बना देती हैं। माध्यिका समान्तर माध्य की अपेक्षा कम प्रसिद्ध है परन्तु यह एक अधिक सरल प्रत्यय पर आधारित है। समान्तर माध्य से कम प्रसिद्ध ही, बहुलक का प्रत्यय, मदो के एक दल के सर्वाधिक सामान्य या प्ररूपी के रूप मे, सभवत तीनो मे सबसे अधिक सरल है।

तीनों मापो के प्रत्ययो को चार्ट 9 4 के तीन भागो के द्वारा चित्रित किया जा सकता है। माध्य सतुलन बिन्दु पर या गुरुत्व केन्द्र पर इस प्रकार से है, कि माध्य के एक ओर ΣfX दूसरी ओर ΣfX के समान है। माध्यिका वक्र को दो समान क्षेत्रो म बाँटता है। बहुलक वक्र के शिखर के नीचे का मूल्य है।

बीजीय निरूपण—समान्तर माध्य का बीजत निरूपण किया जा सकता है

(क) क्योकि $\bar{X}=\frac{\Sigma X}{N}$, यह निष्कर्ष निकलता है कि यदि तीन कारको (योग, समान्तर माध्य, मदो की सख्या) मे से कोई दो मालूम हो तो तीसरे का सकलन किया जा सकता है। इस प्रकार

$$\bar{X}=\frac{\Sigma X}{N}, \quad \Sigma X=N\bar{X}, \qquad N=\frac{\Sigma X}{\bar{X}}$$

(ख) उचित भारो का प्रयोग करके, समान्तर माध्यो की एक श्रेणी का औसत निकला जा सकता है ताकि उन सब आंकडो का समान्तर माध्य प्राप्त हो जिन पर वे माध्य आधारित हैं।

समान्तर माध्य के लिए विवेचित प्रकार का बीजीय प्रतिपादन माध्यिका पर लागू नही होता। माध्य के लिए आरेखित के समान, बहुलक का बीजीय प्रतिपादन सभव नहीं है।

आँकडो के वर्गीकरण की आवश्यकता—समान्तर माध्य का परिकलन अवर्गीकृत आँकडो से, सरणीकृत आँकडो से, बारबारता बटन से, अथवा (जैसा ऊपर देखा गया है) केवल मात्र योग ΣX तथा मदो की सख्या N की जानकारी से किया जा सकता है। जब समान्तर माध्य का परिकलन एक बारबारता बटन से किया जाता है तो X का मूल्य अवर्गीकृत आँकडो के लिए $\bar{X}$ के मूल्य के बहुत निकट होगा। जितना अधिक सममित बटन होगा, उतनी ही अधिक निकटतर इन दो मूल्यो की समरूपता होगी।

A $\overline{X}$ के नीचे के मानों का $\overline{X}$ के ऊपर के मानों से सन्तुलन है।

माध्यिका के मूल्य के परिकलन के लिए, आँकडा का एक सरणी म (कम से कम केन्द्रीय मदे सरणीबद्ध होनी चाहिएँ) अथवा एक बारबारता बटन में होना आवश्यक है। बारबारता बटन से निर्धारित सरणी से परिकलित माध्यिका के साथ लगभग मेल खाएगा यदि माध्यिका वाले वर्ग के भीतर मदो का बटन नियमित है।

B वक्र के नीचे क्षेत्रफल का आधा भाग माध्यिका पर खडी की गई कोटि के प्रत्येक ओर है।

बहुलक बारबारता बटन से अत्यधिक शीघ्रता से खोजा जाता है और सरणी से केवल कुछ कठिनाई के साथ। एक लेखक ने कहा है कि सयुक्त राज्य के नगरो की, प्रत्येक की जनसख्या के अनुसार, सरणी से कोई बहुलक दिखाई नही देगा। परन्तु यदि ऐसे आँकडो को वर्गो मे रखा जाए, तो एक बहुलकीय प्रवृत्ति उत्पन्न हो सकती है। इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि बहुलकीय समूह के भीतर बहुलकीय मूल्य के लिए अन्तर्वेशन की विधि अधिक से अधिक एक अनुमान मात्र है। बहुलक को खोजने के अधिक बढिया तरीको का अर्थ आवश्यक तौर पर सूत्र से आँकडो का समरेखण करना और अधिकतम कोटि के X मूल्य का निर्धारण करना है।

C बहुलक सीधा वक्र के शिखर के नीचे है।

चार्ट 9 4 दाई ओर को तिरछे बारबारता बटन मे समान्तर माध्य, माध्यिका और बहुलक को जानना।

असमान वर्ग-अन्तरालो का प्रभाव—*जब वर्ग विस्तार म भिन्न हो तो समान्तर माध्य के मूल्य का परिकलन किया जा सकता है। वर्ग अन्तरालो की ऐसी भिन्नता* महत्त्वपूर्ण तिरछपन (*लगभग निरपवाद रूप से दाएँ को या सकारात्मक*) की उपस्थिति के कारण आवश्यक हो जाती है जिसका परिणाम $\bar{X}$ का एक ऐसा मूल्य होता है जिसकी अवर्गीकृत आँकडो पर आधारित मूल्य से निकट समरूपता न भी हो। ऐसे तिरछे बारबारता बटन से X के मूल्य की अवर्गीकृत आँकडो से $\bar{X}$ के मूल्य से अधिक होने की आशा होगी।

माध्यिका का निर्धारण साधारणतया भिन्न वर्ग अन्तरालो वाले बारबारता बटन से सन्तोषजनक ढग से किया जा सकता है। परन्तु ऊपरी चतुर्थक अथवा ऊपरी पचमको या दशमको मे से एक या अधिक बारबारताओ से गठित एक विस्तृत वर्ग मे आ सकते हैं। ऐसी स्थिति मे आवश्यक अन्तर्वेशन अविश्वसनीय होगा।

जब एक बारबारता बटन के वर्ग अन्तराल विस्तार मे भिन्न हो तो बहुलक सन्तोषजनक ढग से मालूम किया जा सकता है, यदि बहुलकीय वर्ग और इसके दोनो ओर स्थित वर्ग अन्तरालो का विस्तार समान हो। अन्यथा निर्धारण की शुद्धता सीमित होने की सम्भावना है।

खुले सिरे वाले वर्गों का प्रभाव—एक बारबारता बटन के एक सिरे पर "अपेक्षाकृत कम..." वर्ग की और/अथवा दूसरे सिरे पर एक " अथवा अधिक" वर्ग की उपस्थिति का परिणाम λ का अयथार्थ निर्धारण होता है क्योकि ऐसे वर्गों के लिए साधारणतया मध्य मूल्यो का सन्तोषजनक ढग से निर्धारण नही किया जा सकता।

खुले सिरे वाले वर्गों की उपस्थिति का माध्यिका के निर्धारण पर कोई प्रभाव नही पडता।

अनिर्धारित समूहो ने बहुलकीय मूल्य की खोज करने की प्रक्रिया जटिल नही बनती। कभी-कभार, जैसा कि अत्यधिक तिरछे या उलटे *J*-आकार के बटन के साथ कार्य करते समय, बहुलक बटन के सिरे पर या उसके निकट होता है। ऐसी स्थितियो मे बटन के उस सिरे पर एक अनिर्धारित समूह रखने का कोई कारण नही होगा। प्रासगिक तौर पर, ऐसे बटनो की स्थिति मे, बहुलक केन्द्रीय प्रवृत्ति का माप नही है।

तिरछेपन का प्रभाव—सममित बटन के लिए माध्य, माध्यिका, और बहुलक समरूप है। यदि सममित बटन को केवल एक पिछला सिरा बढा कर इस प्रकार बदल दिया जाए कि बटन तिरछा हो जाए तो बहुलक के मूल्य मे (जैसा प्राय परिकलित होता है) कोई आवश्यक परिवर्तन नही आता, परन्तु माध्यिका तिरछेपन की दिशा मे बदल जाती है। इस प्रकार धनात्मक तिरछेपन मे (दाई ओर को तिरछेपन से) माध्यिका का मूल्य बढ जाता है। माध्य और भी अधिक बढ जाता है क्योकि यह न केवल इस तथ्य से प्रभावित होता है कि अब बहुलक के एक ओर बटनो की अधिकता है, बल्कि उस मात्रा से भी जिसके द्वारा विभिन्न अधिक बटन बहुलक से अलग हो। यद्यपि उदार कला विद्यार्थियो के ग्रेडो का बटन केवल थोडा सा तिरछा हो तो तिरछेपन की उपस्थिति का प्रभाव उस समय दिखाई देता है जब हम यह स्मरण करते है कि बहुलक 83.95 है, माध्यिका 84.72 है, और माध्य 85.17 है। ये मूल्य चार्ट 10.7 मे दिखाए गए हैं।

चरम मानो का प्रभाव—जब तिरछापन सामान्य नही होता बल्कि उन कुछ मदो के कारण होता है जो बहुलक से काफी कुछ अलग हो तो माध्यिका पर केवल मामूली सा प्रभाव पडेगा। परन्तु समान्तर माध्य श्रेणी मे प्रत्येक मद के मूल्य से प्रभावित होता है और श्रेणी मे कुछ बहुत ही बडी (या बहुत ही छोटी) मदो की उपस्थिति मे एक ऐसा माध्य उत्पन्न हो सकता है जो बहुत भ्रामक हो। जैसे कि साधारणतया परिकलित होता है, बहुलक पर कुछ असामान्य तौर पर ऊँचे (या नीचे) चरम मूल्यो की उपस्थिति का बिलकुल कोई प्रभाव नही पडता।

ऊपर की बात इतनी अधिक महत्व की है कि हम इसकी ओर अधिक ध्यान देंगे। कल्पना कीजिए कि हमारे पास सात मूल्यो की निम्न श्रेणी है.

डालर 12, डा० 14, डा० 15, डा० 15, डा० 16, डा० 18, डा० 19, जिनका माध्य डालर 15.57, माध्यिका डालर 15 और बहुलक डालर 15 हो। यदि इन मान म एक चरम मूल्य 25 डालर जोड दिया जाता है तो समान्तर माध्य 16 75 डालर बन जाता है, माध्यिका 15 50 डालर, जबकि बहुलक 15 डालर रहता है। अब यदि आठवीं मद के रूप म 25 डालर जोडने की बजाय हम 200 डालर जोडते हैं तो माध्य 38 62 डालर बन जाता है, परन्तु माध्यिका अभी भी 15 50 डालर है और बहुलक 15 डालर है। माध्यिका पर 16 डालर से ∞ तक किसी भी मूल्य के जोड़े जाने का प्रभाव एकसमान है। बहुलक पर चरम मूल्य का बिल्कुल कोई प्रभाव नहीं पड़ा, यद्यपि यदि हमने एक 16 डालर की मद जोडी होती तो इस पर प्रभाव पडता। इससे एक भिन्न बात का उदाहरण भी मिलता है, अर्थात् बहुलक एक उपयोगी माप नहीं है जब तक कि यह एक सुपरिभाषित सकेन्द्रण दिखाने के लिए पर्याप्त मदो पर आधारित न हो।

समान्तर माध्य पर चरम मूल्यो के प्रभाव के कारण, बटन का वर्णन करने के लिए इस अक का प्रयोग करना कभी कभी भ्रामक होता है। यदि हम एक मनुष्य समूह की आय पर विचार कर रहे हैं और यदि उनमें से अधिकतर की आय साधारण है परन्तु एक या कुछ की अत्यन्त ऊँची (या नीची) आय है, तो माध्य पर इन चरमनाओं का प्रतिबिम्ब दिखाई देगा और उस सीमा तक वह प्ररूपी के बजाय अप्ररूपी होगा। छात्रो की एक परिषद् ने एक बार उन स्नातकों का अध्ययन किया जिन्हे कालेज से निकले 20 वर्ष हो चुके थे। पूछे गए अन्य प्रश्नो म एक प्रश्न वर्ष विशेष मे आय के सबध मे था।[6] 350 से अधिक प्रश्नावलियाँ भेजी गई, केवल 133 उत्तर प्राप्त हुए। इस बात की काफी सभावना है कि ये उत्तर चयनात्मक हो और इनसे व्युत्पन्न किन्हीं भी अको का मूल्य सदेहास्पद होगा। 133 उत्तरदाताओं की आय का माध्य 35,000 डालर था, परन्तु यह ऊँची औसत इस तथ्य के कारण थी कि कई बहुत ऊँची आय थीं जो निश्चित ही चरम मान थीं। माध्यिका आय 18,750 डालर थी, जबकि बहुलक 12,500 डालर के बहुत निकट था। इस प्रकार के मामले म, बटन का वर्णन करने के लिए हम अकेले माध्य का प्रयोग नही करना चाहिए। यदि केवल एक अक का प्रयोग करना हो तो माध्यिका या बहुलक का प्रयोग करना अधिक अच्छा है, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि किस प्रत्यय का अधिक महत्त्व है। हाँ, यह बहुत अधिक अच्छा होगा कि तीनो मूल्य दिए जाएँ और यदि सभव हो तो बारबारता बटन या बारबारता वक्र भी दिया जाए।

कभी-कभी एक ऐसी श्रेणी पर विचार करते समय जिसमे सदिग्ध विषमागता विद्यमान हो, समान्तर माध्य के स्थान पर माध्यिका का प्रयोग करना उचित हो सकता है। उदाहरणार्थ, सभव है कि कई स्वर्णमत्स्यो के वजन का माप लिया गया हो और अको से कई असामान्य तौर पर बडे नमूनों की उपस्थिति का पता चला हो। यह सदेह किया जाता है कि अज्ञान या असावधानी के कारण गणनाकार ने स्वर्णमत्स्य के साथ कुछ कार्यो (शफरी) को सम्मिलित कर लिया हो। शकास्पद मूल्यो को छोडा जा सकता है। परन्तु हम इस बात का विश्वास नहीं है कि भारी मछलियाँ कार्प थी और सभवत उनके माप छोडे नही जाने चाहिएँ। माध्यिका के प्रयोग स यह स्वीकृति हो जाती है कि चरम मूल्यो का श्रेणी म उनकी स्थिति से, न कि उनके आकार से, प्रतिनिधित्व किया जाए।

6 सभी अक प्रचलित डालरा म और निकटतम 250 डालर तक पूर्णांकित हैं।

कभी-कभी हमारे पास एक ऐसी श्रेणी होती है जिसमे ऐसी चरमताएँ उपस्थित होनी हैं जिनकी सख्या हमे पता हो परन्तु अलग-अलग मूल्य पता न हो। ऐसी स्थिति मे हम माध्यिका या बहुलक का पता चला सकते है, परन्तु माध्य का नही।

जब हमारे पास बडे परिसर मे व्याप्त मूल्यो की एक श्रेणी हो तो केन्द्रीय प्रवृत्ति के माप की कोई भी सकल्पना सदेहास्पद है। कल्पना कीजिए कि हमारे पास 4, 6, 2000, तथा 2,100 मूल्य हैं। यह स्पष्ट है कि माध्य या माध्यिका का परिकलन हो सकता है, परन्तु दोनों मे से किसी का भी कोई व्यावहारिक अर्थ नही होगा।

आँकडो की अनियमितता का प्रभाव—जब आँकडे टूटे हुए या अनियमित हो तो एक बारबारता बटन से परिकलित माध्य का मूल्य असगठित आँकडो पर आधारित मूल्य से निश्चित रूप से भिन्न हो सकता है।

यदि माध्यिका वाले वर्ग मे आने वाली मदो के बीच मे अन्तराल हों तो यही माध्यिका के लिए भी सत्य है। जब माध्यिका के आस-पास अन्तराल हो तो प्रयोग के लिए विशेष तौर पर अच्छा प्रत्यय माध्यिका नही है, क्योंकि यदि एक या दो मदें श्रेणी मे जोड दी जाएँ या श्रेणी से घटा दी जाएँ तो इसका मूल्य अनियमित हो जाएगा।

यदि एक बहुलक की स्पष्ट तौर पर परिभाषा की जाए तो उस मूल्य के निकट अन्तराल रहने की आशा नही है। जब बहुलक के समीप अन्तराल विद्यमान हो तो यह बिल्कुल सभव है कि श्रेणी मे इतनी कम मदें हो कि बहुलक की स्पष्ट तौर पर परिभाषा या अर्थ न दिया जा सके।

प्रतिदर्शों पर आधारित होने पर विश्वस्तता—अध्याय 24 मे हम उस विचलन का विवरण देंगे जिसकी समान्तर माध्य के मूल्यों मे उस समय अपेक्षा की जा सकती है जब वह पुनरावृत्त यादृच्छिक प्रतिदर्शों पर आधारित हो। इस पुस्तक मे माध्यिकाओ या बहुलको के प्रतिदर्शो के विचलन का विवरण नही दिया जाएगा। तो भी एक सामान्य जनसख्या से एक ही आकार के प्रतिदर्शों के लिए, माध्यिका मे समान्तर माध्य की अपेक्षा प्रतिदर्श का विचलन अधिक हो सकता है और बहुलक माध्यिका से अधिक विचलित हो सकता है।

गणितीय गुणधर्म—समान्तर माध्य के दो महत्त्वपूर्ण गुणधर्म हैं. प्रथम, $\Sigma x = 0$, तथा द्वितीय $\Sigma x^2 =$ न्यूनतम। इस बाद के गुणधर्म के कारण माध्य, प्रसार के मापो के लिए सदर्भ का प्रायिक आधार होता है। माध्य बहुत सी प्रक्रियाओ मे, जो इस पुस्तक के बाद के परिच्छेदो मे आएँगी, एक महत्त्वपूर्ण फलन है। अन्य उपयोगो मे, यह प्रेक्षित आँकडो पर प्रसामान्य वक्र बिठाने के लिए आवश्यक है।

माध्यिका से विचलनों का योग (चिह्न को उपेक्षित कर) न्यूनतम है। इस कारण से, प्रसार के कुछ माप कभी-कभी माध्यिका पर आधारित किए जाते हैं।

समुचित माप का चयन—पूर्वगामी मापो का वर्णनात्मक विधियो के तौर पर प्रयोग करके सांख्यिकीविद् के समान यह निर्णय करने की समस्या आ सकती है कि आँकडो के एक दत्त समुच्चय का स्वरूप दिखाने के लिए कौनसा माप प्रयोग मे लाया जाए। साधारण तौर पर केन्द्रीय प्रवृत्ति का माप जो उसे प्रयोग मे लाना चाहिए, (1) आँकडो के बटन के स्वभाव पर तथा (2) केन्द्रीय प्रवृत्ति के प्रत्यय पर, जो विशिष्ट प्रयोजन के लिए वाछनीय है, आधारित है।

यदि बटन, सममित या लगभग ऐसा हो तो तीनों मापों का लगभग एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग किया जा सकता है। यदि एक श्रेणी तिरछी हो तो हमे यह ध्यान मे रखना चाहिए कि समान्तर माध्य प्राय प्ररूपी मूल्य नहीं है और बहुलक (जो प्ररूपी है) या माध्यिका का प्रयोग करना अधिक अच्छा हो सकता है। जब चरम विचलन हो या जब विषमागता का सदेह हो तो हम माध्य के स्थान पर माध्यिका का प्रयोग कर सकते है, अथवा एक सशोधित माध्य का प्रयोग किया जा सकता है।

यदि X का परिकलन किया जाता है तो जोड प्राप्त करने के लिए उस मूल्य का प्रयोग किया जा सकता है। इस प्रकार यदि वयस्कों का औसत भार 150 पाउड है तो 3,000 पाउड उठा सकने की क्षमता वाले एक उत्थापक मे लगभग 20 व्यक्ति लादना सुरक्षित है। (150 पाउड का अक वयस्कों के औसत भार के लिए कुछ ऊँचा है, परन्तु यह वह अक है जिसका प्राय उत्थापक क्षमता के परिकलन के लिए प्रयोग किया जाता है। यह स्पष्ट है कि सकेतित सभी 20 व्यक्ति भारी व्यक्ति नहीं होने चाहिएँ।) यदि माप के सबध मे बाद के परिकलन करने है तो माध्य की आवश्यकता हो सकती है। यदि बारबारता बटन के अनुसार एक वक्र खीचना हो तो सभवत माध्य का प्रयोग किया जाएगा। यदि प्रसार के सबध मे अन्त मे आँकडो की एक श्रेणी की दूसरी से तुलना करनी हो तो माध्य की आवश्यकता हो सकती है। परन्तु इसका यह अर्थ नहीं कि दोनो मे से किसी एक या दोनो श्रेणियों का वर्णन करने के लिए माध्यिका या बहुलक का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

एक वर्ग मे किसी व्यक्ति का सापेक्ष स्थान यह बताकार सकेतित किया जा सकता है कि क्या उसका ग्रेड आधे सदस्यों के ग्रेडो से अच्छा है अथवा नही। इस योग्यता क्रम निर्धारण मे माध्यिका का प्रयोग आता है। विद्यार्थियो के विभिन्न अनुपातो के सबध मे अन्य विवरण चतुर्थकों, पचमकों, दशमकों या शततमकों का प्रयोग करके दिए जा सकते है।

यदि हम मोटर चलाने वालो के गैसोलिन के लिए प्ररूपी वार्षिक व्यय जानने की रुचि रखते हो तो हम बहुलक का प्रयोग करना चाहिए।

क्योकि तीनो मापों मे भिन्न प्रत्ययों का समावेश है अत कभी कभी दो या सम्भव हो तो तीनो का प्रयोग करना उचित हो सकता है। माध्य और बहुलक या माध्य और माध्यिका के प्रयोग से हम विद्यमान विच्छेपन की मात्रा का आभास मिलता है, जैसाकि अगले अध्याय म दिखाया जाएगा।

कभी कभी एक श्रेणी की केन्द्रीय प्रवृत्ति का शीघ्र अनुमान करना आवश्यक होता है। ऐसी स्थितियो म, बहुलक का बारबारता बटन से तुरन्त अनुमान लगाया जा सकता है और माध्यिका का या तो सरणी से या बारबारता बटन से शीघ्र अनुमान किया जा सकता है। हाँ, यदि जोड और मदो की सख्या दी हुई हो तो समान्तर माध्य का कुछ सेकड म परिकलन किया जा सकता है।

लघु माध्य

समान्तर माध्य, माध्यिका, तथा बहुलक, अपनी विस्तृत उपयोगिता, सरलता, तथा सामान्य प्रयोज्यता के कारण, केन्द्रीय प्रवृत्ति के प्राय अधिक महत्वपूर्ण माप समझे जाते है। कुछ स्थितियो मे केन्द्रीय प्रवृत्ति के अन्य माप उपयोगी हो सकते हैं और इसलिए हम गुणोत्तर माध्य और हरात्मक माध्य पर विचार करेंगे। जैसे पहले सकेत किया

गया है, "माध्य" पद का प्रयोग प्राय समान्तर माध्य को निर्दिष्ट करने के लिए किया जाता है, परिणामस्वरूप, किसी अन्य माध्य जैसे गुणोत्तर माध्य या हरात्मक माध्य की ओर संकेत करते समय हमे माप की ओर सदा इसकी पूर्ण पद संज्ञा से संकेत करना चाहिए।

गुणोत्तर माध्य—गुणोत्तर माध्य की "मदो के गुणनफल के N वें मूल" के रूप मे परिभाषा की जाती है। इस प्रकार, चार मदो 5, 8, 10, 12 के लिए गुणोत्तर माध्य है .

$$G = \sqrt[4]{5 \times 8 \times 10 \times 12} = \sqrt[4]{4800} = 8.3$$

यह जानना रुचिकर है कि इन चार मदो का समान्तर माध्य 8.75 है। धनात्मक मूल्यो (सभी एकसमान नही) की किसी श्रेणी के लिए गुणोत्तर माध्य समान्तर माध्य से छोटा है।[7] यदि श्रेणी का एक मूल्य शून्य के बराबर हो तो गुणोत्तर माध्य शून्य के बराबर होगा और इसीलिए अनुपयुक्त होगा। यदि एक या अधिक मूल्य ऋणात्मक हो तो गुणोत्तर माध्य का कभी-कभी परिकलन किया जा सकता है परन्तु वह निरर्थक हो सकता है। इसके प्रयोग मे ये महत्वपूर्ण कमियाँ है।

प्रतीकात्मक दृष्टि से गुणोत्तर माध्य $\sqrt[N]{X_1 \times X_2 \times X_3 \times \ldots \times X_N}$ है। परिकलन प्राय लघुगणको के द्वारा इस प्रकार किया जाता है।

$$\log G = \frac{\log X_1 + \log X_2 + \log X_3 + \ldots + \log X_N}{N} = \frac{\Sigma \log X}{N}$$

इस प्रकार गुणोत्तर माध्य का लघुगणक मूल्यों के लघुगणको का समान्तर माध्य है।

जब बारम्बारताएँ विद्यमान हो तो प्रत्येक लघुगणक को तदनुरूप बारम्बारता से गुणा करना आवश्यक है। इस प्रकार

$$\log G = \frac{f_1 \log X_1 + f_2 \log X_2 + f_3 \log X_3 + \ldots}{N} = \frac{\Sigma f \log X}{N}$$

बारम्बारता बटन के लिए गुणोत्तर माध्य का प्राय निम्न द्वारा परिकलन किया जाता है (1) प्रत्येक वर्ग के मध्य मूल्य के लघुगणक को सुनिश्चित करके, (2) प्रत्येक लघुगणकीय मध्यमूल्य को इसकी उचित बारम्बारता से गुणा करके, (3) इन गुणनफलो को जोडकर, (4) मदो की सख्या से भाग करके, तथा (5) निष्कर्ष का प्रति-लघुगणक लेकर। यदि श्रेणी लघुगणकीय दृष्टि से सममित है (अध्याय 23 देखिए) और मदे वर्गों मे समान्तर दृष्टि की बजाय गुणोत्तर दृष्टि से समान रूप से बँटी हो तो वर्गों के मध्य मूल्यों के लघुगणको की बजाय वर्ग सीमाओ के लघुगणको के मध्य-मूल्यो का प्रयोग करना अधिक श्रेष्ठ है। यदि कच्चे आँकडे प्राप्त हैं तो बारम्बारता बटन का पुनर्निर्माण करना भी उचित है ताकि वर्ग अन्तरालो को गुणोत्तर दृष्टि से समान बनाया जाए, यदि पहले ही ऐसा न किया गया हो।

आपको ध्यान होगा कि समान्तर माध्य मूल्यो के योग को उनकी सख्या से भाग करके आता है, जबकि गुणोत्तर माध्य-मूल्यो के गुणनफल का N वॉ मूल है। जैसा पहले

---

7 निदर्शन के लिए परिशिष्ट घ, परिच्छेद 9.3 देखिए।

देखा गया है, $\bar{X}$ का N गुणा ΣX है। गुणोत्तर माध्य के लिए, $G^N = X_1 X_2 . X_3$ इत्यादि, अर्थात् गुणोत्तर माध्य की N वी शक्ति मूल्यो के गुणनफल के बराबर होती है। इससे कुछ रुचिकर बिन्दु उत्पन्न होता है कि एक समान N और समान ΣX वाली सख्याओ की किसी श्रेणी का समान्तर माध्य समान होता है (उदाहरणत, 1 तथा 11, 2 तथा 10, 4 तथा 8, 5 तथा 7, -2 तथा 14 इन सब का समान्तर माध्य 6 है), और समान N और समान गुणनफल वाली सख्याओ की किसी श्रेणी का गुणोत्तर माध्य समान होता है (उदाहरणार्थ, 1 तथा 36, 2 तथा 18, 4 तथा 9 इन सबका गुणोत्तर माध्य 6 है)।

गुणोत्तर माध्य का एक अन्य गुण यह है कि गुणोत्तर माध्य के सबध मे गुणोत्तर माध्य के एक ओर मूल्यो के अनुपातो का गुणनफल गुणोत्तर माध्य के दूसरी ओर मूल्यो के सबध मे गुणोत्तर माध्य के अनुपातो के गुणनफल के बराबर है। उदाहरण के लिए, हम 4, 5, 20, 25 मूल्य ले, जिनका गुणोत्तर माध्य $\sqrt[4]{10000} = 10$ है। गुणोत्तर माध्य के सबध मे 4 तथा 5 मूल्यो के अनुपात $\frac{4}{10}$ तथा $\frac{5}{10}$ है, जबकि 20 तथा 25 मूल्यो के सबध मे गुणोत्तर माध्य के अनुपात $\frac{10}{20}$ तथा $\frac{10}{25}$ है। इस प्रकार हमारे पास निम्न-लिखित आता है

$$\frac{4}{10} \cdot \frac{5}{10} = \frac{10}{20} \cdot \frac{10}{25},$$

$$\frac{1}{5} = \frac{1}{5}$$

इसी प्रकार, अनुपातो को उलट कर हम लिख सकते है

$$\frac{10}{4} \cdot \frac{10}{5} = \frac{20}{10} \cdot \frac{25}{10},$$

$$5 = 5.$$

निम्न अनुच्छेदो मे कुछ उदाहरणो का विवरण है जिनमे कि गुणोत्तर माध्य उपयोगी है।

(1) गुणोत्तर माध्य का प्रयोग अनुपातो का मध्यमान निकालने के लिए किया जा सकता है। निम्न आंकडो पर विचार कीजिए .

समुदाय	देशज निवासी	विदेशज निवासी	देशजों के सबध मे विदेशजों का अनुपात (प्रतिशत)	विदेशजों के सम्बध मे देशजों का अनुपात (प्रतिशत)
A...	8,000	4,000	50	200
B.	1,500	3,000	200	50

विदेशज जनसख्या के सबध मे विदेशजो के दो अनुपातो का समान्तर माध्य 125 प्रतिशत है। इसी प्रकार, विदेशज जनसख्या के सबध म देशजो के दो अनुपातो का समान्तर माध्य 125 प्रतिशत है! ये दो औसते एक दूसरे के साथ असगत हैं। यदि हम गुणोत्तर माध्य का प्रयोग करें तो यह बेतुका परिणाम नही निकलता, क्योकि अनुपातो के दो युगलो मे से प्रत्येक

का गुणोत्तर माध्य $\sqrt{0\ 50.\ 2\ 00} = 1\ 0$ या 100 प्रतिशत है। हाँ, हम दोनो समुदायो के विदेशज निवासियो का योग या औसत, और देशज निवासियो का योग या औसत निकाल सकते थे, इस प्रकार दो ऐसे अनुपात कर सकते थे जो सगत हो। 7,000 विदेशज तथा 9,500 देशज निवासी है, या औसत 3,500 विदेशज तथा 4,750 देशज निवासी है। देशजो के सबध मे विदेशजो का अनुपात

$$\frac{7,000}{9,500} \text{ या } \frac{3,500}{4\ 750} = 73\ 7 \text{ प्रतिशत है,}$$

और विदेशजो के सवध मे देशजो का अनुपात

$$\frac{9,500}{7,000} \text{ या } \frac{4,750}{3,500} = 135\ 7 \text{ प्रतिशत है।}$$

इन दो अनुपातों का गुणनफल 1 है, परन्तु यह अकगणितीय विधि दोनो अनुपातो पर समान भार नही डालती। ध्यान से देखिए, अकगणितीय विधि मे समान्तर माध्यो (या योगो) का अनुपात आता है, जबकि गुणोत्तर विधि मे अनुपातो का गुणोत्तर माध्य आता है। हमारे पास यहाँ दो भिन्न प्रत्यय है। एक दी हुई स्थिति मे किसका प्रयोग करना है यह प्रयोजन पर निर्भर करता है। यदि हम कई एक समुदायो के लिए एक प्ररूपी अनुपात निश्चित करना चाहते है और चाहते है कि वह अनुपात विभिन्न स्थानों मे उपस्थित देशज या विदेशज व्यक्तियो की सख्या से स्वतत्र हो, अर्थात् हम प्रत्येक अनुपात पर समान भार देना चाहते है, तो हम अनुपातो के गुणोत्तर माध्य का प्रयोग कर सकते है। यदि हम जनसख्याओ को अपना प्रभाव डालने की आज्ञा देना चाहते है तो हम योगो या समान्तर माध्यों का अनुपात निर्धारित कर सकते है। प्रश्न यह नही है कि अनुपातो का समान्तर माध्य प्रयोग किया जाए या गुणोत्तर माध्य, वरन् यह है कि समान्तर माध्यो (या योगो) पर आधारित अनुपात का प्रयोग किया जाए या अनुपातो का गुणोत्तर माध्य।

यदि देशजो के सवध मे विदेशजो के दो अनुपातो की अकगणितीय ढग से औसत निकाली जाए, परन्तु उन्हे देशज जनसख्याओ के अनुसार भारित किया जाए तो 73 7 प्रतिशत परिणाम प्राप्त होता है। यदि विदेशजों के सबध मे देशजो के दो अनुपातो की अकगणितीय ढग से औसत निकाली जाए परन्तु विदेशज जनसख्या के अनुसार भारित किया जाए तो हमारे पास 135 7 प्रतिशत आता है। हाँ, ये अक उनके साथ समरूप है जो योगो के अनुपात लेकर प्राप्त किए गए है।

जब हम परिवर्तन के समान अनुपातो पर समान भार डालना चाहते हैं तो गुणोत्तर माध्य का प्रयोग किया जा सकता है। कल्पना कीजिए (क) कि दो वस्तुएँ 2 डालर और 10 डालर प्रति इकाई पर विक रही हैं, (ख) कि बाद की तिथि मे प्रथम वस्तु का मूल्य दुगना हो जाता है जबकि द्वितीय का मूल्य आधा रह जाता है, और इस प्रकार वे क्रमश. 4 डालर तथा 5 डालर पर बिकती है; तथा (ग) कि और बाद की तिथि मे प्रथम वस्तु का प्रारभिक मूल्य आधा रह जाता है और 1 डालर हो जाता है, जबकि दूसरी वस्तु का दुगना हो जाता है और 20 डालर बन जाता है। इन तीन स्थितियो मे समान्तर माध्य (क) 6 डालर; (ख) 4 50 डालर, तथा (ग) 10 50 डालर प्रदान करता है। गुणोत्तर माध्य प्रदान करता है: (क) 4.47 डालर; (ख) 4 47 डालर; तथा (ग) 4 47 डालर। गुणोत्तर माध्य को उचित सिद्ध करने के लिए प्रयोग की गई कल्पना यह कहकर निर्देशित

की गई है कि मूल्य का दुगना मूल्य के आधे को प्रतिसन्तुलित कर देता है, मूल्य का चार गुना प्रारंभिक अंक के चौथाई मूल्य को प्रतिसन्तुलित कर देता है, और इसी प्रकार किन्ही भी दो अनुपातों के लिए जिनका गुणनफल 1 हो। इस विशेषता की ओर मूल्य सूचकांकों के संबंध म गुणोत्तर माध्य के संभव प्रयोग के बारे में पुन संकेत किया जाएगा।

(2) कभी-कभी एक बारंबारता बटन सामने आता है जो दाईं ओर को अत्यन्त तिरछा होता है। यदि वर्गों के मध्यमानों का आरेखन करने की बजाय हम मध्यमानों के लघुगणकों का प्रयोग करें (अथवा इससे भी अधिक अच्छा, लघुगणकीय मध्यमानों, परिसीमाओं के प्रत्येक जोड़े के गुणोत्तर माध्य को, लघुगणकीय X-पैमाने पर आरेखित करें) और इसका परिणाम एक सममित बटन हो तो एक गुणोत्तर विश्लेषण उचित हो सकता है। इसका अधिक पूर्ण विवरण अध्याय 23 में दिया गया है।

(3) संभवत गुणोत्तर सिद्धान्त का सर्वाधिक होने वाला प्रयोग औसत प्रतिशत परिवर्तन निर्धारण से संबंधित है। यदि एक नगर की एक दिए हुए वर्ष में जनसंख्या 1,00 000 हो और दस वर्ष बाद 1,20,000 हो तो औसत वार्षिक प्रतिशत परिवर्तन क्या था? सम्पूर्ण अवधि म परिवर्तन 20 प्रतिशत था। यदि हम उस अंक का दसवाँ भाग या 2 प्रतिशत वार्षिक प्रतिशत वृद्धि के तौर पर लें और प्रति वर्ष पहले के वर्ष की तुलना में 2 प्रतिशत वृद्धि का संकलन कर तो दूसरा जनसंख्या अंक 1,21,900 बनता है! स्पष्ट है कि ठीक अंक 2 प्रतिशत से थोड़ा कम है क्योंकि हम वास्तव में चक्रवृद्धि कर रहे हैं। हम औसत वार्षिक प्रतिशत परिवर्तन का संकलन

$$P_n = P_o(1+r)^n,$$

का प्रयोग करके कर सकते हैं, जहाँ P_o = अवधि के प्रारंभ म जनसंख्या,

P_n = अवधि के अंत में जनसंख्या;

r = दशमलव के तौर पर व्यक्त प्रति वर्ष सापेक्ष वृद्धि (या कमी),

n = वर्ष संख्या।

ऊपर के आँकड़ो के लिए,

$$1,20,000 = 1,00,000\ (1+r)^{10}$$

लघुगणकों के प्रयोग से इसे हल करने से

5 079181 = 5 000000 + 10 लॉग $(1+r)$ प्राप्त होता है।

$$\text{लॉग}\ (1+r) = \frac{0\ 079181}{10},$$

$$= 0\ 0079181.$$

$$1+r = 1.0184,$$

r = 1 84 प्रतिशत।

$P_n = P_o\ (1+r)^n$ पद को कभी-कभी चक्रवृद्धि ब्याज की विभिन्न समस्याओं मे इसकी उपयोगिता के कारण चक्रवृद्धि ब्याज सूत्र कहा जाता है। हमने ऊपर इसकी औसत

वार्षिक प्रतिशत वृद्धि[8] को निर्धारित करने के लिए उपयोग किया है। दिखाए गए चार संकेतों में से किन्हीं तीन के मूल्य जानने पर हम चौथे को निकाल सकते हैं। इस प्रकार हम निर्धारित कर सकते हैं

(क) औसत वार्षिक प्रतिशत परिवर्तन r

(ख) कुछ निश्चित वर्ष बाद जनसंख्या P_n, एक स्थिर सापेक्ष परिवर्तन की कल्पना के आधार पर।

(ग) पुन एक स्थिर सापेक्ष परिवर्तन के आधार पर, वर्ष संख्या n जब तक कि एक नियत जनसंख्या प्राप्त न हो जाए।

(घ) कुछ निश्चित वर्ष पूर्व जनसंख्या, P_o, यदि प्रतिशत परिवर्तन स्थिर हो।

यह ध्यान में रखना चाहिए कि जनसंख्या के लिए एक स्थिर सापेक्ष परिवर्तन की कल्पना संभवत "नए" देशों को छोडकर किन्हीं अन्य के लिए बढी हुई अवधियों के लिए ठीक नहीं है।

हरात्मक माध्य—हरात्मक माध्य मूल्यों के व्युत्क्रमों के समान्तर माध्य का व्युत्क्रम है। इसका पद निम्नलिखित है

$$H=\frac{1}{\dfrac{\dfrac{1}{X_1}+\dfrac{1}{X_2}+\dfrac{1}{X_3}+\cdot\cdot+\dfrac{1}{X_N}}{N}}=\frac{1}{\dfrac{\Sigma\dfrac{1}{X}}{N}}.$$

परिकलन के प्रयोजन के लिए, निम्नलिखित रूप का प्रयोग करना अधिक सुविधाजनक है :

$$H=\frac{N}{\dfrac{1}{X_1}+\dfrac{1}{X_2}+\dfrac{1}{X_3}+\quad\cdot+\dfrac{1}{X_N}}=\frac{N}{\Sigma\dfrac{1}{X}}$$

अथवा

$$\frac{1}{H}=\frac{\dfrac{1}{X_1}+\dfrac{1}{X_2}+\dfrac{1}{X_3}+\cdot\quad\cdot+\dfrac{1}{X_N}}{N}=\frac{\Sigma\dfrac{1}{X}}{N}$$

3 और 12 इन दो मूल्यों का हरात्मक माध्य है :

$$\frac{1}{H}=\frac{\dfrac{1}{3}+\dfrac{1}{12}}{2}=\frac{5}{24},$$

$$H=4\ 8$$

---

8. ऊपर के विवेचन मे हमने दो चुने हुए बिन्दुओं के बीच मे औसत प्रतिशत वृद्धि को मालूम किया। कभी-कभी हम वह औसत प्रतिशत वृद्धि मालूम करना चाहते हैं जो विभिन्न वर्षों के लिए सर्वोत्तम ढग से कई एक मूल्यों का वर्णन करती है। ऐसी औसत किसी श्रेणी के केवल प्रथम और अन्तिम मूल्यों पर निर्भर नहीं होती और इसलिए इसके एक प्रतिनिधि अंक होने की अधिक संभावना है। ऐसी औसत प्राप्त करने के लिए एक वक्र लगाने की विधि अध्याय 13 में दी है।

इन्ही मूल्यो के लिए, समान्तर माध्य 7 5 है, जबकि गुणोत्तर माध्य $\sqrt{3 \times 12}=6$ है। मूल्यों की किन्ही श्रेणियो के लिए (सभी समान नही अथवा शून्य को एक मूल्य के रूप मे सम्मिलित न करते हुए) हरात्मक माध्य गुणोत्तर अथवा समान्तर माध्य दोनों से कम है।[9]

बारम्बारता बटन के लिए हरात्मक माध्य का परिकलन इतना कम होता है कि हम केवल वह विधि नोट करेंगे जिसमे प्रत्येक मध्यमान के व्युत्क्रम को (अथवा वर्ग सीमाओ के व्युत्क्रमों के मध्यमान को) इसकी बारम्बारता द्वारा गुणा करना, इन गुणनफलो को जोडना, N से भाग करना, तथा जो निष्कर्ष आए उसका व्युत्क्रम लेना आता है।

जबकि हरात्मक माध्य अधिक महत्त्वपूर्ण माप नही है, यह प्राय: भ्रामक है और इसलिए हम कुछ विस्तार सहित व्याख्या देगे और कई सभव प्रयोगो की ओर सकेत करेंगे।

अनुप्रयोग 1 यद्यपि सतरो का प्राय इस ढग से मूल्य तय नही होता, तथापि हम कल्पना कर ले कि सतरो के दो प्रकार 1 डालर के 10 तथा 1 डालर के 20 बिक रहे है। समान्तर माध्य का परिकलन इस प्रकार किया जा सकता है :

$$\bar{X}=\frac{10+20}{2}=15$$

अर्थात्, 1 डालर के 15, अथवा 0 067 डालर प्रति सतरा। यदि हम प्रत्येक प्रकार के सतरों के लिए समान द्रव्य खर्च कर तो हमारे लिए प्रति सतरा यह मूल्य देना आवश्यक है। 30 सतरो मे से प्रत्येक के लिए 0 067 डालर देकर हम कुल के लिए 2 00 डालर खर्च करेंगे। हरात्मक माध्य से भिन्न परिणाम निकलता है

$$H=\frac{2}{\frac{1}{10}+\frac{1}{20}}=\frac{2}{\frac{3}{20}}=\frac{40}{3}=13\frac{1}{3}$$

अर्थात्, 1 डालर के $13\frac{1}{3}$ हैं, अथवा 0 075 डालर प्रति सतरा। यदि प्रत्येक मूल्य पर समान सख्या मे सतरे खरीदे जाते हैं तो प्रति सतरा हमे यह मूल्य देना आवश्यक है। इस प्रकार यदि हम 15 सतरे 1 डालर के 10 के हिसाब से, तथा 15 सतरे 1 डालर के 20 के हिसाब से खरीदें तो कुल 30 के लिए हम 2 25 डालर खर्च करेंगे। इसी प्रकार यदि हम 30 सतरे 0 075 डालर प्रति सतरे के हिसाब से खरीदे तो कुल के लिए हम 2 25 डालर व्यय करेंगे।

यदि हम प्रत्येक मूल्य पर खरीदी मात्राओ से वज़न करें तो हरात्मक माध्य से वही परिणाम निकलेंगे जो समान्तर माध्य से। इस प्रकार

$$H=\frac{30}{10\left(\frac{1}{10}\right)+20\left(\frac{1}{20}\right)}=15$$ सतरे प्रति डालर, अथवा 0 067 डालर प्रति सतरा,

प्रत्येक प्रकार के सतरे के लिए समान मुद्रा के व्यय की कल्पना के आधार पर।

यदि मूल्य सामान्य ढग से बताए जाएँ, अर्थात् इतना प्रति दर्जन, तो ये सतरे 1 20 डालर प्रति दर्जन तथा 0 60 डालर प्रति दर्जन के हिसाब से बिक रहे हैं। सरल समान्तर माध्य है :

---

9. परिशिष्ट घ, अनुभाग 9.4 देखिए।

$$Y = \frac{\text{डालर } 1\ 20 + \text{डालर } 0\ 60}{2} = 0\ 90$$ डालर प्रति दजन, अथवा 0 075 डालर प्रति सतरा।

यह प्रथम हरात्मक माध्य के समान है क्योंकि हम अपने परिकलन म यह कल्पना कर रहे हैं कि प्रत्येक मूल्य पर समान मात्राएँ खरीदी जाती है। (यदि भाव प्रति दजन सतरो के स्थान पर प्रति सतरा हैं तो समान परिणाम प्राप्त होते है।) दूसरी ओर यदि हम विचार करें कि 10 सतरे 1 20 डालर प्रति दजन के हिसाब से खरीदे जाएँ तथा 20 सतरे 0 60 डालर प्रति दजन क हिसाब से खरीदे जाएँ तो हमारे पास

$$Y = \frac{(\text{डालर } 1\ 20 \times 10) + (\text{डालर } 0\ 60 \times 20)}{30} = 0\ 80$$ डालर प्रति दजन अथवा 0 067 डालर प्रति सतरा आता है।

यह परिणाम वही है जो हमारी प्रथम और तृतीय गणनाओ मे प्राप्त हुआ क्योंकि हमने यह कल्पना की है कि प्रत्येक प्रकार के सतरे के लिए मुद्रा की समान मात्राएँ खच की जाती हैं।

यदि कीमतें निम्नलिखित रूप मे दी गई है	यदि कल्पना की गई है कि	
	प्रत्येक प्रकार या वस्तु पर मुद्रा की समान रकम खच की गई	प्रत्येक कीमत पर प्रत्येक प्रकार या वस्तु की समान इकाइया खरीदी गइ
प्रति इकाई कीमत	1 X मुद्रा की समान रकमो के लिए मात्राओ से भारित (यहा प्रति डालर इकाइया)	I X इकाइयो की सख्या से भारित (या समान रूप से)
	2 H डालरो से भारित (या समान रूप से)	II H इकाइयो की समान सख्याओ के लिए डालरो से भारित (अथवा प्रति इकाई कीमत)
प्रति डालर इकाइयाँ	3 X डालरो से भारित (या समान रूप स)	III X इकाइयो की समान सख्याओ के लिए डालरो से भारित (अथवा प्रति इकाई कीमत)
	4 H मुद्रा की समान रकमो के लिए मात्राओ से भारित (यहाँ प्रति डालर इकाइयाँ)	IV H, इकाइयो की सख्या से भारित (या समान रूप से)

ऊपर के उदाहरण मे हरात्मक माध्य से कोई ऐसी जानकारी प्राप्त नहीं हुई है जो समान्तर माध्य के प्रयोग से पहले ही प्राप्त न हो चुकी हो। तो भी हरात्मक माध्य उस समय उपयोगी हो सकता है जब आकडे परम्परागत रूप से या सुगमता से प्रति मिनट हल की गई समस्याओ प्रति घण्टा तय किए गए मीलो प्रति डालर खरीदी गई इकाइयो, इत्यादि के रूप मे दिए गए हो।

यदि (क) आंकड कैसे दिए गए ह और (ख) कौनस भारो का प्रयोग करना है पर उचित विचार किया जाए तो समान्तर माध्य और हरात्मक माध्य से सगत परिणाम प्राप्त होते है। कीमतो को उदाहरण के तौर पर लेकर निम्न तालिका म सबध दिखाए गए है। व्यजक 1 2, 3 4 से एक दूसरे के साथ सगत निष्कष प्राप्त होते है। इसी प्रकार, व्यजक I II II IV से सगत निष्कष प्राप्त होते है।

वस्तु A को प्रति डालर 4 इकाइया के हिसाब से, अथवा 0 25 डालर प्रति इकाई के हिसाब मे बिकती हुई तथा वस्तु B को प्रति डालर 10 इकाइया के हिसाब से या 0 10 डालर प्रति इकाई के हिसाब से बिकती हुई विचार कीजिए।

यदि प्रत्यक वस्तु के लिए समान रकमो म मुद्रा खच की जाती है

1 $\bar{X}=\dfrac{(0\ 25\times 4)+(0\ 10\times 10)}{14}=\dfrac{2\ 00}{14}=0\ 1429$ डालर प्रति इकाई, अथवा 1 डालर की 7 इकाइया।

2 $H=\dfrac{2}{1\left(\dfrac{1}{0\ 25}\right)+1\left(\dfrac{1}{0\ 10}\right)}=\dfrac{2}{\dfrac{7}{0\ 50}}=\dfrac{1\ 00}{7}=0\ 1429$ डालर प्रति इकाई, अथवा 1 डालर की 7 इकाइयाँ।

3 $\bar{X}=\dfrac{(4\times 1)+(10\times 1)}{2}=\dfrac{14}{2}=$ 1 डालर की 7 इकाइयाँ, या 0 1429 डालर प्रति इकाई।

4 $H=\dfrac{14}{4\left(\dfrac{1}{4}\right)+10\left(\dfrac{1}{10}\right)}=\dfrac{14}{2}=$ 1 डालर की 7 इकाइयाँ, या 0 1429 डालर प्रति इकाई।

यदि प्रत्यक कीमत पर प्रत्येक वस्तु की समान सख्या मे इकाइयाँ खरीदी जाती हैं

I $\bar{X}=\dfrac{(0\ 25\times 1)+(0\ 10\times 1)}{2}=\dfrac{0\ 35}{2}=0\ 175$ डालर प्रति इकाई या 1 डालर की 5 71 इकाइयाँ।

II $H=\dfrac{0\ 35}{0\ 25\left(\dfrac{1}{0\ 25}\right)+0\ 10\left(\dfrac{1}{0\ 10}\right)}=\dfrac{0\ 35}{2}$

$=0\ 175$ डालर प्रति इकाई या 1 डालर की 5 71 इकाइयाँ।

III $\bar{X} = \frac{(4 \times 0.25) + (10 \times 0.10)}{0.35} = \frac{2.00}{0.35}$
=1 डालर की 5.71 इकाइयाँ,
या 0.175 डालर प्रति इकाई।

IV. $H = \frac{2}{1\left(\frac{1}{4}\right) + 1\left(\frac{1}{10}\right)} = \frac{2}{\frac{14}{40}} = \frac{80}{14}$ =1 डालर की 5.71 इकाइयाँ
या 0.175 डालर प्रति इकाई।

अभी-अभी जो कुछ कहा गया है उससे यह देखा जा सकता है कि (दोनों में से किसी एक कल्पना के लिए) जब हम समान्तर या हरात्मक विधि से भिन्नों (अनुपातों) की औसतें निकालते है तो हम समान्तर माध्य का प्रयोग करते है यदि भार हर वाले रूप में हों, हम और हरात्मक माध्य का प्रयोग करते है यदि भार भाज्य वाले रूप में हो। हाँ, यदि भार भाज्य वाले रूप में है तो उन्हें हर के रूप में बदला जा सकता है और समान्तर माध्य का प्रयोग किया जा सकता है।

कल्पना कीजिए कि एक सौदा हुआ जिसमें 40 रूमाल 1 डालर के 10 के हिसाब से और 60 रूमाल 1 डालर के 20 के हिसाब से बेचे गए। अब ऊपर दी गई दोनों में से किसी भी कल्पना में हमारी रुचि नहीं है। जब 40 रूमाल 1 डालर के 10 के हिसाब से और 60 एक डालर के 20 के हिसाब से बिकते हैं तो हम जो चाहते है वह मध्यमान कीमत है। दिए हुए भावों का प्रयोग करके (अर्थात् प्रति डालर इकाइयों की संख्या के रूप में) हम मात्रा भारों के साथ हरात्मक माध्य का प्रयोग कर सकते है। इस प्रकार

$H = \frac{100}{40\left(\frac{1}{10}\right) + 60\left(\frac{1}{20}\right)} = \frac{100}{7} = 14\frac{2}{7}$ प्रति डालर, अथवा
0.07 डालर प्रति इकाई।

फिर प्रति डालर इकाइयों के रूप में भावों का प्रयोग करके, हम समान्तर माध्य के द्वारा उसी परिणाम पर पहुँच सकते है, यदि हमारे भार प्रत्येक श्रेणी के लिए खर्च की गई मुद्रा की रकमें है। इस प्रकार

$\bar{X} = \frac{(10 \times 4) + (20 \times 3)}{7} = \frac{100}{7} = 14\frac{2}{7}$ प्रति डालर, अथवा 0.07 डालर प्रति इकाई।

यदि हम अपने भाव को प्रति इकाई मूल्य में बदल दें तो हमारे पास 40 रूमाल प्रति 0.10 डालर की दर से और 60 रूमाल प्रति 0.05 डालर की दर से बिकते है। अब, हरात्मक माध्य का प्रयोग करके, हम प्रत्येक प्रकार के रूमाल के लिए खर्च की गई मुद्रा की रकम के द्वारा भारित करते है। इस प्रकार

$H = \frac{7}{4\left(\frac{1}{0.10}\right) + 3\left(\frac{1}{0.05}\right)} = \frac{7}{\frac{10}{0.10}} = 0.07$ डालर प्रति इकाई, अथवा
$14\frac{2}{7}$ प्रति डालर।

अन्त में, प्रति इकाई मूल्यों के समान्तर माध्य का प्रयोग करके तथा बेची गई मात्राओं द्वारा भारित करके, हमारे पास

$\bar{X} = \frac{(0.10 \times 40) + (0.05 \times 60)}{100} = \frac{7}{100} = 0.07$ डालर प्रति इकाई, अथवा $14\frac{2}{7}$ प्रति डालर, आता है।

अनुप्रयोग (2) कभी-कभी एक बारबारता बटन ऐसा भी आ सकता है जो दाईं ओर को इस प्रकार झुका हुआ है कि यदि इसे वर्ग मध्यमानो के व्युत्क्रमों के रूप मे आलेखित किया जाए तो यह लगभग सामान्य रूप धारण कर लेता है। इस प्रकार के उदाहरणो मे हरात्मक प्रतिपादन इंगित किया जा सकता है। परन्तु इस प्रकार की स्थितियाँ कुछ असामान्य हैं और उनका इस पुस्तक म प्रतिपादन नहीं किया जाएगा।

अनुप्रयोग (3) हालबुक वकिंग[10] द्वारा एक लेख मे हरात्मका माध्य का एक रुचिकर और देखने मे सही प्रयोग दिया गया है। आलुओ के मूल्य पर प्रभाव डालने वाले कारकों के अपने अध्ययन मे, वकिंग हरात्मक माध्य का प्रयोग करत हैं, क्योकि जैसा कि वे सकेत करते है, ऋतु के कुछ भाग मे कम कीमत शेष ऋतु के दौरान केवल एक आनुपातिक ऊँचे मूल्य द्वारा पूर्ण होगी। उदाहरणार्थ, हमने एक फसल वर्ष के लिए मासिक मूल्यो को चुना है और उन्हे चार्ट 9 5 मे दिखाया है। जब व्युत्क्रमो अथवा लघुगणको को आलेखित किया है तो अकगणितीय मूल्यो के आलेखन के समय की अपक्षा वक्र अधिक सीधा हो गया है, व्युत्क्रमो से सभवत सबसे अधिक सीधी रेखा प्राप्त हुई है। इससे सकेत मिलता है कि एक ऋतु के दौरान आलुओ के औसत मूल्य के माप के तौर पर हरात्मक माध्य अनुचित नहीं है।

कभी-कभी यह तर्क दिया जाता है कि आँकडो की उन श्रेणियो के लिए जिनकी निश्चित निम्न सीमा और अनिश्चित ऊपरी सीमा है गुणोत्तर माध्य का प्रयोग किया जाना चाहिए। ऐसे आँकडो का एक प्रकार मूल्य से सबध रखता है, जो 100 के आधार के साथ शून्य पर गिर सकता है परन्तु असीम (∞) तक चढ सकता है। प्रश्न ऐसी सीमाओ के अस्तित्व का उतना नहीं है जितना इस बात का है कि वास्तव मे कौनसे मूल्य उत्पन्न होते हैं और सीमाएँ कैसे प्राप्त होती हैं—अकगणितीय ढग से, गुणोत्तर ढग से या व्युत्क्रम ढग मे—तथा क्या, यदि हम एक बारबारता बटन का प्रतिपादन कर रहे है तो श्रेणी X के रूप मे लगभग सममित है, लघु X के रूप मे तिरछी, परन्तु लगभग सममित है, या $\frac{1}{X}$ के रूप मे तिरछी परन्तु लगभग सामान्य है।

चार्ट 9 5 आलुओं का प्रति बुशल मूल्य A मूल्य, B मूल्य का लघुगणक, C मूल्य का व्युत्क्रम। आँकडे हालब्रुक वकिंग से उद्धृत, पृष्ठ 40।

अकगणितीय दृष्टि से, मूल्य की 33 3 प्रतिशत कमी (मूल आधार की) 33 3 प्रतिशत मूल्य वृद्धि से पूरी होती है, 50 प्रतिशत कमी 50 प्रतिशत वृद्धि से पूर्ण

10 हालब्रुक वकिंग, फैक्टर्स डिटरमिनिंग दि प्राइस आफ पोटैटोज इन सेंट पाल एण्ड मिनिपोलिस, तकनीकी बुलेटिन 10, मिन्नेसोटा विश्वविद्यालय कृषि प्रयोग स्टेशन, पृष्ठ 9 तथा 10।

होती है, और 90 प्रतिशत गिरावट 90 प्रतिशत वृद्धि से पूरी होती है। इस प्रकार

$$\frac{66.7+133.3}{2}=100,$$

$$\frac{50+150}{2}=100,$$

$$\frac{10+190}{2}=100.$$

गुणोत्तर दृष्टि से, मूल्य की 33.3 प्रतिशत कमी (मूल आधार की) 50 प्रतिशत वृद्धि से पूर्ण होती है, 50 प्रतिशत कमी 100 प्रतिशत वृद्धि से पूरी होती है और 90 प्रतिशत गिरावट 900 प्रतिशत वृद्धि से पूरी होती है। इस प्रकार

$$\sqrt{66.7\times 150}=100,$$

$$\sqrt{50\times 200}=100,$$

$$\sqrt{10\times 1000}=100.$$

व्युत्क्रम दृष्टि से, मूल्य की 33.3 प्रतिशत कमी (मूल आधार की) 100 प्रतिशत वृद्धि से पूरी होती है, 50 प्रतिशत कमी ∞ तक वृद्धि से पूर्ण होती है और 50 प्रतिशत से अधिक कमी कितनी भी बड़ी वृद्धि से पूरी नहीं की जा सकती। इस प्रकार

$$\frac{2}{\frac{1}{66.7}+\frac{1}{200}}=100$$

$$\frac{2}{\frac{1}{50}+\frac{1}{\infty}}=100.$$

केन्द्रीय प्रवृत्ति के कई एक अन्य माप हैं जो गणितीय तथा सैद्धान्तिक महत्त्व के हैं न कि व्यावहारिक महत्त्व के। इनमें से एक द्विघातीय माध्य है :

$$\sqrt{\frac{\Sigma X^2}{N}}$$

यह मूल्यों के वर्गों के समान्तर माध्य का वर्गमूल है। जब तक कि सभी मूल्य समान न हों द्विघातीय माध्य समान्तर माध्य से बड़ा होता है। द्विघातीय माध्य का यहाँ इसलिए जिक्र किया है क्योंकि यह प्रत्यय महत्त्वपूर्ण है। यद्यपि हम "द्विघातीय" अथवा 'माध्य' पद का प्रयोग नहीं करते, हम शीघ्र ही समान्तर माध्य से विचलनों के द्विघातीय माध्य का परिकलन करेंगे। यह केन्द्रीय प्रवृत्ति का माप नहीं होगा, बल्कि प्रमार का माप होगा, हम इसे मानक विचलन, या s कहेंगे और इसकी अभिव्यक्ति है

$$s=\sqrt{\frac{\Sigma x^2}{N}}.$$

10

विक्षपण, तिरछापन, तथा ककुदता

पिछले अध्याय मे हमने कुछ मापो पर विचार किया है जिनमे बारबारता बटन की केन्द्रीय प्रवृत्ति का वणन करन का प्रयत्न किया गया। बारबारता बटनो के अन्य पहलू भी है जो महत्त्वपूर्ण है। पहले हम प्रसार या आकडा के प्रसार पर विचार करेंगे। दो काउन्टियो म से प्रत्येक मे एक एकड मे 15 बुशल गेहूँ की औसत उपज हो सकती है, परन्तु यदि आकडो पर सेत के अनुसार विचार किया जाए तो एक काउन्टी मे प्रति एकड 10 से 20 बुशल के सीमा मूल्य दिखाई दे सकते है जबकि दूसरी मे प्रति एकड 5 बुशल जितनी कम उपज तथा 25 बुशल जितनी ऊँची उपज दिखाई पड सकती है। यदि प्रसार का ऐसा अपरिष्कृत माप प्रयोग मे लाया जाए तो यह स्पष्ट है कि प्रथम काउन्टी मे उपज की अधिक साम्यता है। चार्ट 10 1 मे दो सममित वक्र दिखाए गए हैं जिनका माध्य एक है परन्तु जिनमें प्रसार की भिन्नता है।

चार्ट 10 1 विभिन्न प्रसारो वाले दो बारबारता वक्र।

यदि एक बारबारता वक्र या बारबारता बटन सममित न हो तो इसे तिरछा या असममित कहा जाता है। अधिकतर बारबारता बटन अधिक या कम तिरछे होते हैं।

चार्ट 10 2 दाई ओर को तिरछा एक वक्र (गहरी रेखा) तथा एक सममित वक्र (टूटी रेखा)।

चार्ट 10 2 मे दो वक्र दिखाए गए हैं जिनमे से एक सममित है और एक तिरछा है। तिरछा वक्र दाई ओर को तिरछा है—जिस दिशा मे अधिक पूँछ दिखाई देती है।

वारवारता बटनो के वक्र सममित हो सकते हैं परन्तु वे विद्यमान ककुदता की मात्रा के सबध मे एक दूसरे से भिन्न हो सकते है। सकेत का आधार अध्याय 23 मे वर्णित सामान्य या मध्यककुदी वक्र है। एक तुगककुदी वक्र का केन्द्रीय भाग सामान्य वक्र की अपेक्षा अधिक तग और उसकी पूँछें अधिक ऊँची होती हैं। इन दोनो की तुलना चार्ट 10 3 मे दिखाई गई है। चार्ट 10 4 मे एक चर्पटककुदी वक्र और एक सामान्य वक्र दिखाया है। जैसा कि स्पष्ट है, चर्पटककुदी वक्र का केन्द्रीय भाग अधिक चौडा और पूँछें अधिक नीची है।

चार्ट 10 3 एक तुगककुदी वक्र (घन रेखा) और एक सामान्य या मध्यककुदी वक्र (टूटी रेखा)।

निरपेक्ष विक्षेपण के माप

लैक्सिग्टन, केन्टकी मे माध्य वार्षिक तापमान 55 2 दर्जे है। सैनफ्रासिस्का, कैलिफोर्निया मे माध्य वार्षिक तापमान 55 7 दर्जे है जो लैक्सिग्टन के तापमान से बहुत कम भिन्न है। परन्तु दोनों नगरों की जलवायु सबधी स्थिति के इस पक्ष को दिखाने के लिए ये दो आकडे पर्याप्त नही है। यह विदित है कि लैक्सिग्टन मे तापमान —20 दर्जे तक नीचे गिरता है और 108 दर्जे तक ऊँचा चढता है। सैनफ्रासिस्को मे अकित किया गया कम से कम तापमान 20 दर्जे है और अधिकतम 104 दर्जे है। यह बिल्कुल स्पष्ट है कि सैनफ्रासिस्को की अपेक्षा लैक्सिग्टन मे तापमान की परिवर्तनशीलता अधिक है।

चार्ट 10 4 एक चर्पटककुदी वक्र (घन रेखा) तथा एक सामान्य या मध्यककुदी वक्र (टूटी रेखा)।

आइए, हम एक दूसरे उदाहरण पर विचार करें। एक बडे विभागीय स्टोर के लिए एक क्रेता के सामने स्टोर मे प्रयोग के लिए दो प्रकार के बल्ब प्रस्तुत किए जाते है। प्रत्येक विक्रेता अपने बल्बो के लिए समान औसत वय-अवधि का दावा करता है। क्रेता दोनो कम्पनियो के 40 वाट के लैम्पो के लिए एक परीक्षण प्रयोगशाला मे आँकडे प्राप्त करता है और देखता है कि दोनों प्रकार के बल्बो मे से प्रत्येक की औसत आयु लगभग 1,000 घण्टे है। परन्तु और अधिक आँकडो के परीक्षण मे पता चलता है कि बल्बो की एक श्रेणी मे एक लैम्प 325 घण्टे जला जब कि एक 1,570 घण्टे ठहरा। दूसरी श्रेणी मे एक लैम्प 105 घण्टे ठहरा जब कि एक 2 910 घण्टे बीतने पर बुझा। इस सीमित जानकारी से पहली श्रेणी के लैम्पो मे समानता की अधिक मात्रा का सकेत मिलता है।

परिसर—विक्षेपण का माप मोटे तौर पर न्यूनतम और अधिकतम मूल्यो के सकेत से किया जा सकता है जैसा कि इसमे पूर्व के अनुच्छेदों मे किया गया। यह एक अत्यन्त सरल और समझने के लिए आसान माप है। परिसर मे आँकडो का विस्तृत मूल्य मिलता है क्योंकि इसमे वे सीमाएँ सम्मिलित हैं जिनके अन्दर सब मदें आईं। तथापि परिसर की

कुछ हानिया हैं। यह दो चरम मूल्यों[1] व बीच के मूल्यों के प्रबन्ध को महत्त्व देने मे असफल है। साथ ही, यदि सीमा के मूल्यो म से एक भी असाधारण हो तो परिसर भ्रामक है।

सारणी 10 3 म उदार कला विद्यार्थियो के ग्रेडो के सबध म यह कहा गया है कि परिसर 74 95 (प्रथम श्रेणी की निचली सीमा) से 98 95 (अन्तिम श्रेणी की ऊपरी सीमा) तक है। यदि हम मध्यो की ओर सकेत कर सकते हैं, जैसा कि सारणी 8 2 में है, तो परिसर को कुछ अधिक शुद्ध रूप से 76 5 से 98 3 तक कहा जा सकता है। बारबारता वटन म परिसर हमे केवल मात्र यह बताता है कि वर्ग मे किसी को 74 95 से कम तथा 98 95 से अधिक ग्रेड नही मिला। परिसर प्राय दो चरम मूल्यो के बीच का अन्तर कहलाता है। विद्यार्थियो के लिए 98 95 – 74 95 – 24 00। परन्तु यदि केवल यह अकेला अक दिया जाता है तो हम यह विदित नही होता कि परिसर 0 से 24 है, या 70 से 94 है, या सीमाएँ क्या होगी।

10—90 शततमक परिसर—कभी-कभी हमारी उस परिसर को जानने की रुचि होती है जिसके भीतर मदो का निश्चित अनुपात आता है। एक ऐसा परिसर जो कभी-कभी शैक्षणिक माप म प्रयुक्त होता है 10—90 शततमक परिसर है। यह माप निम्नतम 10 प्रतिशत तथा उच्चतम 10 प्रतिशत छोड देता है और व दो मूल्य बताता है जिनके भीतर केन्द्र की 80 प्रतिशत मदे आती हैं। हा 10वा शततमक प्रथम दशमक है और 90वाँ शततमक 9वाँ दशमक है। तो भी इस माप की ओर 10—90 शततमक परिसर के तौर पर सकेत किया जाता है न कि 1—9 दशमक परिसर के तौर पर, क्योकि पहले से केन्द्रीय 80 प्रतिशत का विचार अधिक स्पष्ट है।

जैसा कि परिसर म है 10—90 शततमक परिसर सीमा के मूल्यो से प्रभावित नही होता। परन्तु इस माप म एक बहुत गभीर कमी है क्योकि यह सब मदो के मूल्यो का प्रयोग नही करता। परिणामस्वरूप 10व शततमक के नीचे (या 90व शततमक के ऊपर) के मूल्य साथ साथ निकट इकट्ठे हो सकते है या विस्तृत फैले हो सकते है, 10—90 शततमक परिसर पर एकसमान प्रभाव होगा। तथा 10वें शततमक और 90वें शततमक के बीच के मूल्यो की किसी भी सभव ढग से व्यवस्था की जा सकती है जब तक कि वे 10वें और 90वें शततमको के बीच म कही हैं।

चतुर्थक विचलन—अध्याय 9 म Q_1 तथा Q_3 निचले और ऊपरी चतुर्थको, का उल्लेख किया गया था। इन मूल्यों पर आधारित विक्षेपण का एक माप चतुर्थक *विक्षेपण* अथवा अर्ध अन्त चतुर्थक परिसर कहलाता है। यह $Q = \frac{Q_3 \quad Q_1}{2}$ द्वारा प्राप्त होता है।

यदि एक श्रेणी सममित है तो यह स्पष्ट है कि Q_1 और Q_3 माध्यिका से समान अन्तर पर है। अत यदि हम माध्यिका से $\pm Q$ मापें तो हम श्रेणी की 50 प्रतिशत मदें सम्मिलित करते हैं क्योकि हमने पीछे Q_1 और Q_3 की ओर मापा है। यदि एक श्रेणी तिरछी है, जैसाकि प्राय सत्य होता है, तो हम $\pm$ Q माध्यिका के इदगिर्द ले सकते हैं, और जबकि हम Q_1 या Q_3 किसी पर भी नही पहुँचेंगे, हम लगभग 50 प्रतिशत मदो को सम्मिलित करने की आशा कर सकते है, यदि तिरछापन अधिक न हो।

---

1. यह स्पष्ट होना आवश्यक है कि जब N=2, तो यह कठिनाई नहीं आती। एक सामान्य जनसख्या के छोटे प्रतिदर्शो के लिए यह कम महत्त्वपूर्ण है।

चतुर्थक विचलन, 10—90 शतनमक परिसर के समान, सीमा के मूल्यो से प्रभावित नही होता, और सब मदो के मूल्यों को विचाराधीन लाने मे असफल है।

औसत विचलन—औसत विचलन अथवा माध्य विचलन, जैसाकि यह कभी-कभी कहलाता है, प्राय समान्तर माध्य के सबध मे मापा जाता है। समान्तर माध्य से मदो के विचलनों का, चिह्नों का ध्यान किए बिना, जोड लेकर और उसे मदो की सख्या से भाग करके औसत विचलन प्राप्त किया जाता है। आपको यह स्मरण होगा कि $\Sigma x=0$ और यही कारण है कि विभिन्न x मूल्यो के चिह्नों की ओर ध्यान नही दिया जाता। इस प्रकार,

$$AD=\frac{\Sigma |x|}{N},$$

अथवा, बारबारता बटन के लिए,

$$AD=\frac{\Sigma f|x|}{N},$$

जहाँ | | का अर्थ यह है कि चिह्नो की ओर ध्यान नही दिया गया। क्योकि विचलनो का जोड (चिह्न छोडकर), जब उसे माध्यिका के इदगिर्द लिया जाए, न्यूनतम है, इसलिए माध्य विचलन का परिकलन कभी कभी माध्यिका के सबध से किया जाता है। परन्तु व्यवहार मे प्राय. माध्य का प्रयोग किया जाता है और यदि श्रेणी सममित है तो परिणाम-स्वरूप AD समान होता है। क्योकि AD की उपयोगिता आगे वर्णित प्रसार के माप की तुलना मे सीमित है, इसलिए यहाँ AD का परिकलन नही दिखाया है। एक बारबारता बटन के लिए AD के निर्धारण का निदर्शन मूल अग्रेजी पुस्तक के प्रथम सस्करण मे पृष्ठ 236 और 239 पर किया गया है।

यदि बटन सामान्य है तो 57 5 प्रतिशत मदें $X \pm AD$ के परिसर मे सम्मिलित की जाती है। यदि बटन मामूली तिरछा है तो यह लगभग सत्य होगा।

मानक विचलन, असमूहित आंकडे—समान्तर माध्य मे विचलनो के चिह्नो को केवल छोड देने के स्थान पर हम विचलनो के वर्ग बना सकते हैं और इस प्रकार उन सबको धनात्मक बना सकते है। इस प्रकार, हमारे पास एक माप आ सकता है

$$s^2=\frac{\Sigma x^2}{N},$$

विचरण या माध्य वर्ग विचलन। (बाद मे Σx^2 का सकेत करने के लिए हम विचरण पद का प्रयोग करेंगे।) s^2 बटन का दूसरा घूर्ण π_2, भी कहलाता है क्योकि विचलनो को दूसरी शक्ति तक बढा दिया गया है। हम पुस्तक के बाद के भागो मे विचरण का प्रयोग करेंगे।

यहाँ हमारी रुचि इस माप के वर्गमूल मे है,

$$s=\sqrt{\frac{\Sigma x^2}{N}},$$

जिसे मानक विचलन या कभी-कभी मूल-माध्य-वर्ग विचलन कहा जाता है। यह पहले सकेत किया जा चुका है कि जब समान्तर माध्य के इर्दगिर्द लिया जाए तो Σx^2 न्यूनतम

सारणी 10 1

$$s=\sqrt{\frac{\Sigma x^2}{N}}$$

व्यंजक के प्रयोग मे विज्ञापित उत्पादनो के व्यापार नामो को स्मरण करने मे 15 व्यक्तियो के प्राप्तांकों के लिए मानक विचलन का परिकलन

व्यक्ति	प्राप्तांक X	x	x^2
1	12	−20 87	435 56
2	21	−11 87	140 90
3	21	−11 87	140 90
4	23	− 9 87	97 42
5	27	5 87	34 46
6	28	− 4 87	23 72
7	30	− 2 87	8 24
8	34	1 13	1 28
9	37	4 13	17 06
10	39	6 13	37 58
11	39	6 13	37 58
12	39	6 13	37 58
13	40	7 13	50 84
14	49	16 13	260 18
15	54	21 13	446 48
जोड	493		1,769 78

एस० एन० न्यूहाल तथा एम० एच० हीम के "मेमरि वेल्यू आफ एब्सोल्यूट साइज इन मेगज़ीन एडवर्टाइजिंग।" जरनल आफ एप्लाइड साइकालोजी खण्ड 13 पृष्ठ 62−75। ऊपर के आंकड़े प्रति 150 वर्ग इंच विज्ञापनो के लिए थे और प्रत्येक का प्रक्षण 5 सेकंड के लिए किया गया। अधिकतम सभव प्राप्तांक 81 था।

$$\bar{X}=\frac{493}{15}=32\ 87$$

$$s=\sqrt{\frac{\Sigma x^2}{N}}=\sqrt{\frac{1\ 769\ 78}{15}}=\sqrt{117\ 98}=10\ 9$$

है।[2] अत मानक विचलन का मदा समान्तर माध्य के सकेत से परिकलन किया जाता है। जैसा कि ऊपर के व्यंजक मे संकेत है, s के परिकलन म आने वाले पग हैं

(1) $\bar{X}$ से प्रत्येक मद का विचलन x निर्धारित कीजिए,

(2) इन विचलनो के वर्ग बनाइए,

(3) उनका जोड कीजिए,

---

2 निदर्शन के लिए, देखिए, परिशिष्ट, ब परिच्छेद 10 1

(4) इस योग को N से भाग कीजिए,
(5) वर्गमूल निकालिए।

अवर्गित आँकडो की एक श्रेणी के लिए s की परिकलन तालिका 10 1 मे दिखाई है। इस प्रविधि मे प्रत्येक पद के लिए x का परिकलन आता है और यदि मदे अधिक सख्या मे हो तो यह कुछ परिश्रमपूर्ण प्रविधि होगी। s का मूल्य, प्रत्येक x का परिकलन किए बिना, निम्न व्यजक[3] के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है

$$s=\sqrt{\frac{\Sigma X^2}{N}-\left(\frac{\Sigma X}{N}\right)^2}$$

इस छोटी विधि से s के परिकलन का निरूपण सारणी 10 2 मे किया गया है। ध्यान दीजिए, कि सशोधन $\left(\frac{\Sigma X}{N}\right)^2$ घटाया गया है। यह सर्वदा सत्य है। वर्गीकृत विचलनो का जोड उस समय न्यूनतम होता है जब वे $\bar{X}$ के इर्दगिर्द लिए गए हो। परन्तु हमने अपने विचलन कुछ अन्य मूल्यो के इर्दगिर्द लिए (इस उदाहरण मे, 0) और ये वर्गित विचलन इसलिए बहुत बडे है।

सारणी 10 1 के सकेत से यह दिखाई देगा कि $\bar{X}$ का मूल्य दो दशमलव तक पूर्णांकित किया गया और इस प्रकार x तथा x^2 का प्रत्येक मूल्य एक सन्निकटन है। यदि $\bar{X}$ तथा x पर्याप्त अको तक दिखाए गए है तो दोनो विधियो से परिणाम समान होगा। यहाँ दोनो विधियो से परिणाम 10 9 आता है।

यहाँ यह ध्यान करना अच्छा होगा कि s प्रतिदर्श मे प्रसार का माप करता है। अध्याय 24 मे हम σ, जनसख्या मानक विचलन, और एक प्रतिदर्श पर आधारित जनसख्या मानक विचलन के एक अनुमान σ, का विवरण देंगे।

मानक विचलन, समूहित आकडे—s की विशेषताओ पर विचार करने से पूर्व आइए हम देखें कि एक बारबारता बटन के लिए s का परिकलन कैसे किया जाए। क्योकि बारबारताएँ उपस्थित है,

$$s=\sqrt{\frac{\Sigma fx^2}{N}},$$

जहाँ x माध्य से वर्ग मध्यमान के विचलन का प्रतिनिधित्व करता है। सारणी 10 3 उदार कला विद्यार्थियो के लिए s के परिकलन का निरूपण करती है। यह पर्याप्त स्पष्ट है कि यह विधि, जिसमे कई x मूल्यो का निर्धारण आता है, जटिल है।

s के लिए एक छोटी विधि प्राप्य है जिसमे किसी वर्ग का मध्य-मान कल्पित माध्य के रूप मे लेने, इस मूल्य के इर्द-गिर्द विचलनो पर कार्य करने और आवश्यक शोधन करने की अनुमति है। व्यजक है

$$s=\sqrt{\frac{\Sigma fd^2}{N}-\left(\frac{\Sigma fd}{N}\right)^2}.$$

---

3 इस व्यंजक प्रमाण के लिए परिशिष्ट घ, परिच्छेद 10 2 देखिए।

सारणी 10 2

$$s = \sqrt{\frac{\Sigma Y^2}{N} - \left(\frac{\Sigma X}{N}\right)^2}$$

व्यजक के प्रयोग से विज्ञापित उत्पादनो के व्यापार नामो को स्मरण करने मे 15 व्यक्तियो के प्राप्तांको के लिए मानक विचलन का परिकलन

व्यक्ति	प्राप्तांक X	X
1	12	144
2	21	441
3	21	441
4	23	529
5	27	729
6	28	784
7	30	900
8	34	1 156
9	37	1 369
10	39	1,521
11	39	1,521
12	39	1 521
13	40	1,600
14	49	2,401
15	54	2,916
कुल	493	17 973

आंकड़े सारणी 10.1 वाले स्रोत से लिए गए।

$$s = \sqrt{\frac{\Sigma X^2}{N} - \left(\frac{\Sigma X}{N}\right)^2} - \sqrt{\frac{17,973}{15} - \left(\frac{493}{15}\right)^2}$$

$$= \sqrt{1\ 198\ 20 - 1,080\ 22} = \sqrt{117\ 98}$$

$$= 10\ 9$$

प्रक्रिया को और छोटा करने के लिए, विचलनो को वर्गों के रूप मे लिया गया है जिससे आता

$$s = i\sqrt{\frac{(\Sigma fd)^2}{N} - \left(\frac{\Sigma fd}{N}\right)^2},$$

है,[4] जिसमे d' कल्पित माध्य से वर्ग मध्य-मान के विचलन का वर्गों के रूप मे सकेत करता

4 निरूपण के लिए, परिशिष्ट घ परिच्छेद 10 2 देखिए।

है और i वर्ग-अन्तराल है। यह ध्यान करना रुचिकर है कि शोधन कारक $\left(\frac{\Sigma fd'}{N}\right)^2$ ोट छ विधि से समान्तर माध्य के परिकलन म प्रयुक्त शोधन कारक का वग है। छोटी प्रविधि से s का परिकलन सारणी 10 4 मे दिखाया गया है।

मानक विचलन के गुणधम—निरपक्ष विक्षपण विभिन्न वर्णित मापो म से मानक विचलन (और इसका वर्ग, प्रसरण) सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इसके बाद वर्णित विभिन्न सांख्यिकीय विधियो के सबध म इसका प्रयोग किया जाएगा। एक महत्वपूर्ण विचार यह है कि यह अध्याय 23 मे वर्णित सामान्य वक्र और विभिन्न तिरछे वक्रों के लिए समीकरण मे आने वाले कारकों म से एक है। इसका व्यापार चक्र का विश्लेषण के सबध मे और सहसबध मे विशिष्ट सांख्यिकीय मापो की विश्वस्तता का आकने मे भी प्रयोग किया जाता है।

सारणी 10 3

$$s=\sqrt{\frac{\Sigma fx^2}{N}}$$

व्यजक के प्रयोग द्वारा रूगस स्टेट यूनिवर्सिटी के 1965 के उदार कला स्नातको के ग्रेडो के लिए मानक विचलन का परिकलन

ग्रेड	विद्यार्थियो की सख्या f	वर्गों के मध्य मान X	$x=X-\bar{X}$	x^2	fx^2
75 0—76 9	3	75 95	− 9 22	85 0084	255 0252
77 0—78 9	23	77 95	− 7 22	52 1284	1,198 9532
79 0—80 9	52	79 95	− 5 22	27 2484	1 416 9168
81 0—82 9	61	81 95	− 3 22	10 3684	632 4724
83 0—84 9	74	83.95	− 1 22	1 4884	110 1416
85 0—86 9	61	85 95	+ 0 78	0 6084	37 1124
87 0—88 9	53	87 95	+ 2 78	7 7284	409.6052
89 0—90 9	35	89 95	+ 4 78	22 8484	799 6940
91 0—92 9	23	91 95	+ 6 78	45 9684	1,057 2732
93 0—94 9	15	93 95	+ 8 78	77 0884	1,156 3260
95 0—96 9	7	95 95	+10 78	116 2084	813 4588
97 0—98 9	2	97 95	+12 78	163 3284	326 6568
कुल	409				8 213 6356

$$s=\sqrt{\frac{\Sigma fx^2}{N}}=\sqrt{\frac{8\ 213\ 6356}{409}}=\sqrt{20\ 0822}=4\ 48$$

$\bar{X}=85\ 17$

सारणी 10 4

$$s = i\sqrt{\frac{\Sigma f(d)^2}{N} - \left(\frac{\Sigma f d}{N}\right)^2}$$

ध्यजक के प्रयोग से हगर्म यूनिवर्सिटी के 1965 के व्यापारी उदार कला ग्रेडों के लिए मानक विचलन का परिकलन

ग्रेड	विद्यार्थियों की सख्या f	d	fd	$f(d)^2$
75 0—76 9	3	−4	− 12	48
77 0 —78 9	23	−3	− 69	207
79 0—80 9	52	−2	−104	208
81 0—82 9	61	−1	− 61	61
83 0—84 9	74	0		
85 0—86 9	61	+1	+ 61	61
87 0—88 9	53	+2	+106	212
89 0—90 9	35	+3	+ 105	315
91 0—92 9	23	+4	+ 92	368
93 0—94 9	15	+5	+ 75	375
95 0—96 9	7	+6	+ 42	252
97 0—98 9	2	+7	+ 14	98
कुल	409		+249	2,205

$$s = i\sqrt{\frac{\Sigma f(d)^2}{N} - \left(\frac{\Sigma f d}{N}\right)^2} = 2\sqrt{\frac{2{,}205}{409} - \left(\frac{249}{409}\right)^2},$$
$$= 2\sqrt{5\ 020561} = 2(2\ 241),$$
$$= 4\ 48$$

आँकड़ों की श्रेणी के प्रसार मे से मानक विचलन सर्वाधिक बहुलता से प्रयुक्त होने वाला माप है। यदि $\pm s$ को एक सामान्य बटन के समान्तर माध्य से मापा जाए तो 68 27 प्रतिशत मदें सम्मिलित होती है, $X \pm 2s$ के परिमर मे 95 45 प्रतिशत सम्मिलित होती है, और $\bar{X} \pm 3s$ मे 99 73 प्रतिशत[5] या लगभग सभी मदें सम्मिलित होती है। चार्ट 10 5 मे जो अभी-अभी कहा गया है उसका निरूपण है। अभी दी गई प्रतिशतताओं का सकेत एक सामान्य वक्र की ओर है। यदि बटन तिरछा हो तो ये प्रतिशतताएँ केवल लग भग ठीक होगी। विद्यार्थियों के ग्रेडों के लिए (सारणी 10 4), $\bar{X} \pm s$ है 85.17 ±

5 परिशिष्ट ङ देखिए जिसमे सामान्य वक्र के केन्द्रीय भाग के आधे मे क्षेत्रफल दिए गए हैं। अधिक शुद्ध रूप से 68 27 दुगना है 34 13447 का, 95 45 दुगना है 47.72499 का, 99 73 दुगना है 49 86501 का।

4.48 – 80 69 तथा 89.65 । सारणी 10 4 में विद्यार्थियों का, जो 80 69 और 89 65 के बीच में आते हैं, अनुपात निम्नित रूप से जानने के लिए हम पहले 80.69 और 80.95 के बीच में आने वाली संख्या (तीसरे वर्ग की ऊपरी सीमा) निर्धारित करते हैं जो 6 8 है; तब हम अगले चार वर्गों में सब बारंबारताएँ सम्मिलित करते हैं जिसके बाद हम 88.95 (आठवें वर्ग की निचली सीमा) और 89.65 के बीच की संख्या का परिकलन करते हैं जो 12.3 है। योग 268 1 या 65 6 प्रतिशत है। $\bar{X} \pm 2s$ के भीतर (अर्थात् 76 21 से 94 13 तक) हमें 392.0 या 95 8 प्रतिशत ग्रेड प्राप्त हैं। $\bar{X} \pm 3s$ (71.73 से 98 51 तक) के भीतर 99 92 प्रतिशत ग्रेड सम्मिलित हैं।

चार्ट 10.5 एक सामान्य वक्र में समान्तर माध्य के $\pm 1s$, $\pm 2s$, तथा $\pm 3s$ के भीतर सम्मिलित मदों का अनुपात।

बाद के अध्यायों में सामान्य वक्र पर विचार करने में हम माध्य के $\pm s$, $\pm 2s$, तथा $\pm 3s$ में सम्मिलित अनुपातिक क्षेत्रों तक अपने आपको सीमित नहीं रखेंगे, परन्तु s के किन्हीं वांछित गुणजों पर विचार करेंगे। उदाहरणार्थ, बाद में हमारी यह जानने में रुचि होगी कि 95 प्रतिशत मदें $\bar{X} \pm 1\,96s$ के भीतर पाई जाएँ और 99 प्रतिशत $\bar{X} \pm 2\,58s$ के भीतर हों। वास्तव में हमारी अधिक रुचि वर्णित सीमाओं, अर्थात् 5 प्रतिशत और 1 प्रतिशत, के परे के अनुपातों में होगी।

निरपेक्ष विश्लेषण का विषय छोड़ने से पूर्व यह संकेत करना रुचिकर हो सकता है कि मानों की किसी श्रेणी के लिए, फिर उनका बटन चाहे कैसे भी क्यों न हो, चेबीचैफ की असमता से यह दिखाया जा सकता है कि $\bar{X} \pm Ms$ की सीमाओं के भीतर आने वाले मानों का अनुपात (जहाँ M का मूल्य 1 से अधिक है) $1 - \frac{1}{M^2}$ से अधिक होगा, और $\bar{X} \pm Ms$ की सीमाओं के परे का अनुपात $\frac{1}{M^2}$ से कम होगा। यदि एक बटन एक-बहुलकी है और यदि बहुलक और माध्य के बीच का अन्तर s से अधिक नहीं है तो कैम्प-मीडैल असमता कहती है कि $1 - \frac{1}{2.25M^2}$

से अधिक मान $\bar{X} \pm Ms$ के भीतर है और $\frac{1}{2.25M^2}$ से कम मान $\bar{X} \pm Ms$ से परे पड़ते हैं।

जितना अधिक एक श्रेणी का विक्षेपण होगा, उतना ही अधिक s का मूल्य होगा। मापी गई विशेषता की साम्यता के माप के तौर पर, जितना कम s का मूल्य होगा उतनी ही अधिक साम्यता होगी। यह प्रतिलोम सबध दूर रखने के लिए, कभी-कभी एक सुधार जिसे *सूक्ष्मता का माप* कहा जाता है, प्रयोग किया जाता है, विशेषकर भौतिक मापों की श्रेणी की सूक्ष्मता के संबध में। यह माप $h^2 = \frac{1}{2s^2}$ है। यह सामाजिक विज्ञानों में सांख्यिकीय कार्य में प्राय प्रयोग में नहीं आता।

सापेक्ष विक्षेपण के माप

पहले के अनुच्छेदों में हमने निरपेक्ष विक्षेपण के मापों का विवेचन किया है जिनमें से प्रत्येक को समस्या की इकाइयों के रूप में व्यक्त किया गया है। ये इकाइयाँ डालर, पाउड, इच, प्रतिशतताएँ इत्यादि हो सकती है। जब हम दो या अधिक श्रेणियों के प्रकारों की तुलना करना चाहते है तो इस प्रकार के माप का प्रयोग, हो सकता है, वाछनीय हो या न हो। दो या अधिक श्रेणियों के विक्षेपणों की तुलना का तात्पर्य तीन सभव स्थितियाँ हो सकती हैं

(1) तुलना की जाने वाली श्रेणियों को समान इकाइयों में व्यक्त किया जाए और माध्य आकार में समान, या लगभग समान, हो सकते है। उदार कला विद्यार्थियों के ग्रेडों का माध्य 85.17 आया और मानक विचलन 4.48 हुआ। यदि एक अन्य स्नातक होने वाली कक्षा के लिए $\bar{X} = 85.05$ तथा $s = 4.25$ हुआ तो यह स्पष्ट है कि द्वितीय कक्षा कम विक्षेपण दर्शायेगी।

(2) तुलना की जाने वाली श्रेणियों को समान इकाइयों म व्यक्त किया जा सकता है परन्तु समान्तर माध्य भिन्न हो सकते है। कुछ वर्ष पहले एक टायर कम्पनी ने मोटर गाड़ी के टायरों के लिए एक नए प्रकार की डोरी विकसित की। नई डोरी साधारण डोरी से इस दृष्टि से बढ़िया थी कि यह अधिक खिच सकती थी और इसकी नति आयु अधिक लम्बी थी। कपास की फैक्टरी से प्राप्त हुई डोरी पर टायरों में गढाई से पूर्व किए गए परीक्षणों से नई डोरी की नति आयु के सबध मे पता चला

$$\bar{X} = 138.64 \text{ मिनट, तथा } s = 15.27 \text{ मिनट,}$$

जब कि सामान्य डोरी के आँकड़े थे

$$\bar{X} = 87.66 \text{ मिनट, तथा } s = 14.12 \text{ मिनट।}$$

यदि हम दोनों s मानों की तुलना करें तो यह प्रतीत होता है कि नति जीवन की दृष्टि से नई डोरी सामान्य डोरी की अपेक्षा अधिक परिवर्तनशील है। तो भी यह ध्यान देना आवश्यक है कि नई डोरी का औसत नति जीवन सामान्य डोरी की अपेक्षा कहीं अधिक है। इस बात पर विचार करते हुए हम सापेक्ष विक्षेपण का एक माप निकाल सकते है,

$$V = \frac{s}{\bar{X}}.$$

यह विचरण गुणाक है और इसे प्राय प्रतिशतता के तौर पर व्यक्त किया जाता है। नई डोरी के लिए

$$V = \frac{15\ 27}{138\ 64} = 0\ 1101 \text{ अथवा } 11\ 0 \text{ प्रतिशत,}$$

जबकि सामान्य डोरी के लिए

$$V = \frac{14\ 12}{87\ 66} = 0\ 1611 \text{ अथवा } 16\ 1 \text{ प्रतिशत ।}$$

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि नति जीवन का सापेक्ष विचरण नइ डोरी के लिए सामान्य डोरी की अपेक्षा कही कम है ।

चार्ट 10 6 भी दो भिन्न माध्य मानो वाली श्रेणियो क विक्षेपणो की तुलना का निदर्शन करता है । परिच्छेद A मे समान निरपक्ष विक्षेपणा परन्तु भिन्न सापक्ष विक्षेपणो वाले दो बटनो के वक्र हैं । परिच्छेद B मे नितान्त भिन्न निरपक्ष विक्षेपण किन्तु समान सापेक्ष विक्षेपण वाले दो बटनो के वक्र है । यदि शू य वा ममतल पैमाने पर दिखाया जाता है जैसा कि चार्ट 10 6 मे है तो एक श्रेणी के सापेक्ष विक्षपण का एक बहुत मोटा दृष्टि प्रभाव हो मकता है । इस कारण मे कुछ साख्यिकीविदा का विचार है कि शून्य को समतल पैमाने पर दिखाना वाछनीय है । परन्तु यह बहुत महत्त्वपूर्ण बात प्रतीत नही होती, क्योकि सापेक्ष विक्षेपण को सर्वोत्तम ढग से केवल लगभग रूप से ही देखा जा सकता है । कभी-कभी, मूल इकाइयो के रूप मे नही बल्कि मा य की प्रतिशततात्रो के तौर पर व्यक्त वर्ग अन्तरालो से बारबारता बटन बनाए जाते है जबकि अन्तराल के कुछ सुविधाजनक आँकडे, जैसे कि माध्य का 10 प्रतिशत, होते हैं । यदि दो ऐसे बटन एक चार्ट पर अकित किए जाएँ तो उनके सापक्ष विक्षेपणो की दृष्टिगत तुलना करना सरल है ।

(3) तुलना की जाने वाली श्रेणी को विभिन्न इकाइयो मे व्यक्त किया जा मकता है । ऐसी स्थिति म मानक विचलनो की सीध तुलना नही की जा सकती । पुरुष औद्योगिक श्रमिको[6] की एक सख्या के अध्ययन से प्रति मिनट 81 1 स्पदन औसत नाडी दर और प्रति मिनट लगभग 12 2 स्पदन के मानक विचलन का पता चला । ऊँचाई के मापो मे $X=$ 66 9 इच और $s=2\ 7$ इच विदित हुए । ऊँचाई के मापो मे छोटी सख्या मे ऐसे व्यक्ति भी आए जिनकी नाडी दर नही मापी गई । अपने उदाहरण के प्रयोजन के लिए आइए हम इस कठिनाई को छोड दे । औद्योगिक श्रमिको म नाडी दर की दृष्टि से अधिक भिन्नता है या ऊँचाई की दृष्टि से ? स्पष्ट है कि भिन्न इकाइयो मे होन के कारण दोनो मानक विचलना की तुलना नही की जा सकती । विभिन्नता के दो गुणाको का परिकलन करने से, नाडी दर के लिए

$$V = \frac{12\ 2}{81\ 1} = 0\ 149, \text{ अथवा } 14\ 9 \text{ प्रतिशत,}$$

तथा ऊँचाई के लिए

$$V = \frac{2\ 7}{66\ 9} = 0\ 040, \text{ अथवा } 4\ 0 \text{ प्रतिशत}$$

---

6 ए हैल्थ स्टडी ऑफ टैन थाउजेन्ड मेल इडस्ट्रियल वर्कर्ज, पृष्ठ 45 तथा 59, सयुक्त राज्य जन स्वास्थ्य सेवा, पब्लिक हैल्थ बुलेटिन, 162 पर आधारित आँकडे

का पता चलता है। स्पष्ट है कि मनुष्यों के इस दल के लिए नाडी दर ऊँचाई की अपेक्षा अधिक विक्षेपणशील है।

चार्ट 10 6 भिन्न समान्तर माध्यों वाली श्रेणियों के विक्षेपणों की तुलनाएँ। A समान निरपेक्ष विक्षेपण, भिन्न सापेक्ष प्रसार वाम वक्र, $\bar{X}=33$, $s=10$, $V=30.3$ प्रतिशत, दक्षिण वक्र, $\bar{X}=101$, $s=10$, $V=9.9$ प्रतिशत। B भिन्न निरपेक्ष विक्षेपण, समान सापेक्ष विक्षेपण वाम वक्र, $\bar{X}=50$, $s=5$, $V=10$ प्रतिशत, दक्षिण वक्र, $\bar{X}=100$, $s=10$, $V=10$, प्रतिशत। (परिच्छेद A और B के ऊर्ध्वाधर पैमाने भिन्न हैं क्योंकि इनकी तुलना अपेक्षित नहीं है। तथापि यदि परिच्छेद B का ऊर्ध्वाधर पैमाना 50 प्रतिशत बढा दिया जाए तो सब वक्रों का क्षेत्रफल समान हो जाएगा।)

सापेक्ष विक्षेपण के हमारे माप के कुछ-कुछ समान एक निश्चित मान को माध्य से उसके अपसरण के रूप में तथा श्रेणी के विक्षेपण के रूप में भी व्यक्त करने की संभावना है। जब हम केवल एक मान का विचार करते हैं अथवा एक ही श्रेणी के दो मानों की तुलना करते हैं तो इस प्रकार की विधि विशेष रूप से उपयोगी नहीं होती। इसकी उपयोगिता तब स्पष्ट हो जाती है जब हम भिन्न श्रेणियों के दो मानों की तुलना करना चाहते हैं और जब वे दो श्रेणियाँ (1) $\bar{X}$ अथवा s अथवा दोनों की दृष्टि से भिन्न हों, अथवा (2) विभिन्न इकाइयों में व्यक्त की गई हों। कल्पना कीजिए कि एक विशेष विद्यार्थी ने बुद्धि-परीक्षण में 180 का स्तर प्राप्त किया और उसके वर्ग से $\bar{X}=160$ तथा $s=15$ प्राप्त हुए। इसी विद्यार्थी ने इतिहास में 86 का स्तर प्राप्त किया और वर्ग से $\bar{X}=70$ और $s=12$ प्राप्त हुए। हमारी यह जानने में रुचि है कि उसकी सापेक्ष स्थिति बुद्धि-परीक्षण में श्रेष्ठ है या इतिहास में। बुद्धि-परीक्षण में वह माध्य से 20 बिन्दु ऊपर था और इतिहास में वह

माध्य से 16 बिन्दु ऊपर था। तथापि ये विचलन तुलना योग्य नहीं है परन्तु इन्हे अपने-अपने मानक विचलनों से माप कर तुलना योग्य बनाया जा सकता है। इस प्रकार

$$\text{बुद्धि परीक्षण} \quad \frac{X-\bar{X}}{s}=\frac{180-160}{15}=\frac{+20}{15}=+1\ 33,$$

$$\text{इतिहास} \quad \frac{X-\bar{X}}{s}=\frac{86-70}{12}=\frac{+16}{12}=+1\ 33$$

स्पष्ट है कि वह विद्यार्थी इतिहास मे और बुद्धि परीक्षण मे समान सापेक्ष स्थिति अर्थात् प्रत्येक मे माध्य से +1 33*s* अधिक दर्शाता है। इस विधि की उपयोगिता किसी भी प्रकार से शिक्षा क्षेत्र तक ही सीमित नही है। परन्तु परीक्षण सामग्री के साथ प्राय इसका प्रयोग होता है और तब इसे "मानक अक" कहा जाता है।

तिरछापन

जब एक श्रेणी सममित नही है तो इसे असममित अथवा *तिरछी* कहते है। चार्ट 10 2 मे एक तिरछे वक्र को एक सममित वक्र के सबध मे दिखाया गया। उदार कला छात्रों के ग्रेडो का वक्र (चार्ट 10 7) तिरछा है। तिरछेपन के माप मे न केवल तिरछेपन की मात्रा का बल्कि उसकी दिशा का भी सकेत मिलता है। एक श्रेणी चरम मूल्यो की दिशा मे तिरछी कही जाती है अथवा, यदि वक्र के रूप म कहा जाय, तो अतिरिक्त सिरे की दिशा मे। इस प्रकार जिन दो वक्रो की ओर ऊपर सकेत किया गया है वे दानो निश्चित रूप मे अथवा दाहिनी ओर तिरछे है। सामाजिक विज्ञानों म आने वाले अधिकतर तिरछे वक्र दाहिनी ओर को तिरछे होते है। चार्ट 10 8 के समान, बाई ओर का तिरछे, वक्र कम ही होते है और विशेष रूप से बाइ ओर को तिरछे आँकडे और भी कम मिलते हैं।

परन्तु बहुत सी श्रेणियाँ विशेष रूप मे दाइ ओर को ही तिरछी होती है। उदाहरणार्थ मजदूरी या वेतनो के बारबारता बटन बिजली का प्रयोग (चार्ट 22 13 देखिए), वयस्क पुरुषो के तोल और अनेक चर अन्य। स्तरो के बटन दाइ ओर को साधारण तिरछे अथवा लगभग सममित हो सकते हैं। विद्यार्थियो के ग्रेडो की दिशा म तिरछापन अशत इस तथ्य के कारण है क्योकि हम केवल उन्ही मनुष्यो पर विचार कर रहे है जो कि पूर्व के तीन वर्षो मे बच गए थे जब कि कुछ कम योग्य छोड दिए गए थे। चार्ट 10 8 म अमरीकी आविष्कारको की मृत्यु के समय आयुओ का बटन विशेष रूप से बाई ओर का तिरछा हो सकता है क्योकि कम आयु वाले व्यक्तियो के नाम से प्राय पर्याप्त आविष्कार नही होते कि उनको "आविष्कारको" की श्रेणी म लाया जाए अथवा तिरछापन इस तथ्य के कारण हो सकता है कि समय तत्त्व उपस्थित है—इस अध्याय म सम्मिलित आविष्कारको मे से लगभग पाँचवे भाग का जन्म 1800 से पूर्व हुआ था।

तिरछेपन का निरपेक्ष का माप—इससे पूर्व के अध्याय म यह सकेत किया गया था कि चरम मानो की उपस्थिति से बहुलक पर प्रभाव नहीं पडता, उनकी स्थिति म केवल माध्यिका पर प्रभाव पडता है, और समान्तर माध्य चरमताओ के आकार से प्रभावित होता है। परिणामस्वरूप तिरछेपन को मापने के लिए हम बहुलक और माध्य का प्रयोग कर सकते हैं। तब हम कह सकते हैं कि तिरछापन=माध्य—बहुलक। परन्तु इस प्रकार के माप की कुछ कमियाँ हैं। प्रथम, निरपेक्ष तिरछेपन का माप होने के कारण यह समस्या की

चार्ट 10 7. रूगर्स स्टेट यूनिवर्सिटी के 1965 के उदार कला स्नातको के ग्रेडों के समान्तर माध्य, माध्यिका, और बहुलक की स्थिति।

चार्ट 10 8. 371 अमरीकी आविष्कारक की मृत्यु के समय आयु।

आंकड़े *अमेरिकन सोश्योलॉजिकल रिव्यू*, खण्ड 2, संख्या 6, पृष्ठ 837—849 से सनफोर्ड विंस्टन द्वारा लिखित "बायो-सोशल कैरेक्टरिस्टिक्स ऑफ अमेरिकन इन्वेन्टर्ज" से उद्धृत।

सारणी 10 5

371 अमरीकी आविष्कारकों का मृत्यु के समय वय के लिए विभिन्न मापों का परिकलन

मृत्यु के समय आयु वर्गीम	f	d	fd	$f(d')^2$	$f(d')^3$
35 और 40 से कम	3	−6	−18	108	−648
40 और 45 से कम	6	−5	−30	150	−750
45 और 50 से कम	12	−4	−48	192	−768
50 और 55 से कम	16	−3	−48	144	−432
55 और 60 से कम	26	−2	−52	104	−208
60 और 65 से कम	40	−1	−40	40	−40
65 और 70 से कम	50	0	0	0	0
70 और 75 से कम	56	1	56	56	56
75 और 80 से कम	62	2	124	248	496
80 और 85 से कम	55	3	165	495	1,485
85 और 90 से कम	25	4	100	400	1,600
90 और 95 से कम	17	5	85	425	2,125
95 और 100 से कम	2	6	12	72	432
100 और ऊपर*	1	7	7	49	343
योग .	371		+313	2,483	+3,691

*इस वर्ग ने अपना मध्य मान 102 5 होने की कल्पना की।

वाकड अमरिकन सोश्योलाजिकल रिव्यू, खण्ड 2 अंक 6 पृष्ठ 848 में प्रकाशित सनफोर्ड विंस्टन के 'बायो सोशल कैरेक्टरिस्टिक्स आफ अमेरिकन इन्वेंटर्स' तथा पत्र व्यवहार से प्राप्त।

$$\frac{N}{2}=185\ 5$$

$$\text{Med}=70+\frac{32\ 5}{56}\times 5=72\ 90 \text{ वर्ष ।} \quad \bar{X}=67\ 5+\frac{313}{371}\times 5=71\ 72 \text{ वर्ष ।}$$

$$s=5\sqrt{\frac{2\ 483}{371}-\left(\frac{313}{371}\right)^2}=12\ 23 \text{ वर्ष ।}$$

$$\nu_1=\frac{\Sigma fd}{N}=\frac{+313}{371}=0\ 843666$$

$$\nu_2=\frac{\Sigma f(d')^2}{N}=\frac{2\ 483}{371}=6\ 692722$$

$$\nu_3=\frac{\Sigma f(d')^3}{N}=\frac{+3\ 691}{371}=9\ 948787$$

$$\pi_1=0$$

$$\pi_2=\nu_2-\nu_1^2=6\ 692722-(0\ 843666)^2=5\ 980950$$

$$\pi_3=\nu_3-3\nu_1\nu_2+2\nu_1^3=+9\ 948787-3(0\ 843666)(6\ 692722)+2(0\ 843666)^3$$

$$=-5\ 789483$$

इकाइयो के रूप मे होगा। साथ ही, इसका विस्तृत रूप मे प्रसारित श्रेणी की तुलना मे लघु प्रकार की श्रेणी के लिए काफी भिन्न अर्थ होगा। सांख्यिकीविद प्राय कभी कभी निरपेक्ष तिरछेपन के माप का प्रयोग नही करत और सापेक्ष तिरछेपन के माप को अधिक पसन्द करते है। अभी अभी बताए गए माप को सापेक्ष मदो मे रखा जा सकता है और s से भाग करके दोनो कठिनाइयाँ दूर की जा सकती है। अब

$$\text{तिरछापन} \quad \frac{\bar{X} - \text{Mo}}{s}$$

इससे हम धनात्मक चिह्न वाला सापेक्ष माप प्राप्त होता है जब तिरछापन दाहिनी ओर को है और ऋणात्मक चिह्न वाला माप जब तिरछापन बाइ ओर को है। परन्तु एक और महत्त्वपूर्ण कठिनाई है जो इस तथ्य म मे उत्प न होती है कि अधिकतर बारबारता बटनो के लिए बहुलक केवल एक सन्निकटन मात्र है। माध्यिका की स्थिति अधिक सन्तोषजनक हो सकती है और इसलिए हम इस माप का प्रयोग करते है।[7]

$$\text{Sk} - \frac{3(\bar{X} - \text{Med})}{s}$$

पूर्वगामी अध्याय म यह मालूम किया गया था कि उदार कला छात्रो के ग्रेडो के लिए $\bar{X}$ 85 17 तथा Med=84 72 है। इस अध्याय म s का मान 4 48 निश्चित किया गया। तब तिरछापन है

$$\text{Sk} \quad \frac{3(85\ 17 - 84\ 72)}{4\ 48} - +0\ 301$$

इसे साधारण मात्रा का तिरछापन माना जा सकता है क्योंकि यह माप ± 3 की सीमाओं[8] के बीच परिवर्तित होता है। यह आगे सकेत कर देना चाहिए कि ± 1 जैसे ऊँचे मान कुछ असामान्य होते हैं।

अमरीकी आविष्कारकों की मृत्यु के समय आयु के आँकडो के लिए सारणी 10 5 मे यह दिखाया गया है कि $\bar{X}$–71 72 वर्ष, जब कि Med=72 90 वर्ष तथा s=12 23 वर्ष। तिरछेपन का पियरसन का माप है

$$\text{Sk} = \frac{3(71\ 72 - 72\ 90)}{12\ 23} = -0\ 29$$

---

7 व्यजक में 3 की उपस्थिति की निम्न प्रकार से व्याख्या की गई है कार्ल पियरसन ने अनुभव के आधार पर दिखाया कि एक सतत चर के साधारण तौर पर तिरछे वितरणो मे माध्यिका म बहुलक से मध्य की ओर दूरी लगभग 2/3 गिरने की प्रवृत्ति है। परिणामस्वरूप उसने लिखा $\text{Mo} = \bar{X} - 3(\bar{X} - \text{Med})$ तथा तिरछपन के माप मे बहुलक के लिए यह व्यजक प्रतिस्थापित करके उसने प्राप्त किया

$$\text{Sk} = \frac{\bar{X} - [\bar{X} - 3(\bar{X} - \text{Med})]}{s} = \frac{(3\bar{X} - \text{Med})}{s}$$

8 हैरोल्ड होटलिंग तथा ल्योनाड एम० सोलोमन (दि लिमिटस आफ ए मैजर आफ स्कूस , एनल्स ऑफ मैथमेटिकल स्टैटिस्टिक्स, मई 1932 पृष्ठ 141–142) ने दिखाया है कि $\frac{\bar{X} - \text{Med}}{s}$ ± 1 के बीच रहता है।

चतुर्थकों और शततमकों पर आधारित तिरछेपन के माप—तिरछेपन को तिरछेपन के चतुर्थक माप के माध्यम से भी मापा जा सकता है,

$$\frac{(Q_3 - Med) - (Med - Q_1)}{Q_3 - Q_1} = \frac{Q_1 + Q_3 - 2Med}{Q_3 - Q_1},$$

तथा एक ऐसे व्यंजक का प्रयोग करके जिसमें 10वें और 90वें शततमक प्रयुक्त हों,

$$\frac{(P_{90} - Med) - (Med - P_{10})}{P_{90} - P_{10}} = \frac{P_{10} + P_{90} - 2Med}{P_{90} - P_{10}}$$

क्योंकि इन मापों में वैसी ही कमियाँ हैं जैसी कि चतुर्थकों और शततमकों पर आधारित विक्षेपण के मापों के लिए पहले बताई गई हैं, अतः वे तिरछेपन के नितान्त सन्तोषजनक माप नहीं हैं और उन पर यहाँ और अधिक विचार नहीं किया जाएगा।

तृतीय घूर्ण पर आधारित तिरछेपन का माप—हम देख चुके हैं कि विक्षेपण का सर्वाधिक सन्तोषजनक माप मानक विचलन है जोकि माध्य के इर्द-गिर्द द्वितीय घूर्ण पर आधारित है

$$\pi_2 = \frac{\Sigma x^2}{N}, \text{ तथा } s = \sqrt{\pi_2} = \sqrt{\frac{\Sigma x^2}{N}}.$$

तिरछेपन का माप माध्य के इर्द-गिर्द तृतीय घूर्ण का प्रयोग करके प्राप्त किया जा सकता है,

$$\pi_3 = \frac{\Sigma x^3}{N}$$

स्मरण रहे कि माध्य के इर्द-गिर्द प्रथम घूर्ण

$$\pi_1 = \frac{\Sigma x}{N},$$

सदा शून्य होता है। परन्तु, माध्य के इर्द-गिर्द तृतीय घूर्ण शून्य नहीं होता जब तक कि बटन माध्य के इर्द-गिर्द सममित न हो। विचलन के घन बनाने से इसका चिह्न नहीं बदलता। परन्तु इसका बड़े विचलनों पर असंगत रूप से अत्यधिक प्रभाव अवश्य पड़ता है। उदाहरणतः, सारणी 10 6 और 10 7 में दिए गए आँकड़ों के दो समुच्चयों पर विचार कीजिए। जिनमें से प्रथम, 6 के माध्य के इर्द-गिर्द सममित है जब कि द्वितीय, 6 के माध्य के इर्द-गिर्द सममित नहीं है। आँकड़ों के दोनों समुच्चयों में

$$\pi_1 = \frac{\Sigma x}{N} = 0,$$

और सारणी 10 6 के आँकड़ों में

$$\pi_3 = \frac{\Sigma x^3}{N} = 0$$

परन्तु सारणी 10 7 के आँकड़ों से प्रदर्शित है

$$\pi_3 = \frac{\Sigma x^3}{N} = +6.$$

सारणी 10 6

एक सममित श्रेणी के प्रथम तथा तृतीय घूर्णों का परिकलन

X	x	x^3
2	-4	-64
4	-2	-8
6	0	0
8	$+2$	$+8$
10	$+4$	$+64$
	0	0

$$\pi_1=\frac{\Sigma x}{N}=\frac{0}{5}=0.$$

$$\pi_3=\frac{\Sigma x^3}{N}=\frac{0}{5}=0.$$

सारणी 10.7

एक असममित श्रेणी के प्रथम तथा तृतीय घूर्णों का परिकलन

X	x	x^3
3	-3	-27
4	-2	-8
6	0	0
7	$+1$	$+1$
10	$+4$	$+64$
	0	$+30$

$$\pi_1=\frac{\Sigma x}{N}=\frac{0}{5}=0.$$

$$\pi_3=\frac{\Sigma x^3}{N}=\frac{+30}{5}=+6.$$

एक बारबारता बटन के तृतीय घूर्ण का परिकलन करने से,

$$\pi_3=\frac{\Sigma fx^3}{N},$$

समान्तर माध्य से वास्तविक विचलनो को लेना, उनके घन बनाना, आवृत्तियों से गुणा करना, जोडना और N से भाग करना श्रमकारक होगा। जैसा कि परिशिष्ट ध के परिच्छेद 10.2 मे दिखाया गया है, द्वितीय घूर्ण s^2, अथवा π_2, एक छोटी विधि से प्राप्त किया जा सकता है। वर्ग अन्तरालो के वर्गों के रूप मे,

$$\pi_2=\frac{\Sigma f(d')^2}{N}-\left(\frac{\Sigma fd'}{N}\right)^2.$$

तृतीय घूर्ण का मूल्य (वर्ग अन्तरालो को घन बना कर) प्राप्त होता है[9]

$$\pi_3=\frac{\Sigma f(d')^3}{N}-3\frac{\Sigma fd'}{N}\cdot\frac{\Sigma f(d')^2}{N}+2\left(\frac{\Sigma fd'}{N}\right)^3$$

अथवा, यदि $\nu_1=\frac{\Sigma fd'}{N}, \nu_2=\frac{\Sigma f(d')^2}{N}$, तथा $\nu_3=\frac{\Sigma f(d')^3}{N}$,

तो $\pi_2=\nu_2-\nu_1^2$,

तथा $\pi_3=\nu_3-3\nu_1\nu_2+2\nu_1^3$.

9. परिशिष्ट ध, परिच्छेद 10.3 देखिए।

स्पष्ट ही, π_3 निरपेक्ष तिरछेपन का एक माप है। सापेक्ष तिरछेपन का माप है

$$\beta_1 = \frac{\pi_3^2}{\pi_2^3},$$

सारणी 10 8

कन्सर्स स्टेट यूनिवर्सिटी के 1965 उदार कला स्नातकों के ग्रेडों के लिए प्रथम तीन घूर्णों का परिकलन

ग्रेड	विद्यार्थियों की सख्या d	d	fd'	$f(d')^2$	$f(d')^3$
75 0—76 9	3	−4	− 12	48	−192
77 0—78 9	23	−3	− 69	207	−621
79 0—80 9	52	−2	−104	208	−416
81 0—82 9	61	−1	− 61	61	− 61
83 0—84 9	74	0			
85 0—86 9	61	+1	+ 61	61	61
87 0—88 9	53	+2	+106	212	424
89 0—90 9	35	+3	+105	315	945
91 0—92 9	23	+4	+ 92	368	1 472
93 0—94 9	15	+5	+ 75	375	1,875
95 0—96 9	7	+6	+ 42	252	1,512
97 0—98 9	2	7+	+ 14	98	686
योग	409		+ 249	2 205	+5 685

$$\nu_1 = \frac{\Sigma fd'}{N} = \frac{+249}{409} = +0\ 608802$$

$$\nu_2 = \frac{\Sigma f(d)^2}{N} = \frac{2\ 205}{409} = 5\ 391198$$

$$\nu_3 = \frac{\Sigma f(d)^3}{N} = \frac{+5{,}685}{409} = +13\ 899756$$

$\pi_1 \quad 0$

$\pi_2 = \nu_2 - \nu_1^2 = 5\ 391198 - (0\ 608802)^2 = 5\ 020558$

$\pi_3 = \nu_3 - 3\nu_1\nu_2 + 2\nu_1^3$

$= 13\ 899756 - 3(0\ 608802)\ (5\ 391198) + 2(0\ 608802)^3$

$= 4\ 504532$

जहाँ अंश या भाज्य तथा हर दोनो वर्ग अन्तरालों की छठी शक्ति के रूप मे हो। तिरछापन कभी-कभी α_3 से भी मापा जाता है जहाँ[10]

$$\alpha_3 = \sqrt{\beta_1} = \frac{\pi_3}{\sqrt{\pi_2^3}}$$

α_3 को π_3 वाला चिह्न दिया जा सकता है। हम अध्याय 23 मे एक तिरछे वक्र को फिट करने मे α_3 का प्रयोग करेंगे।

उदार कला छात्रों के ग्रेडो के आँकडो के लिए द्वितीय और तृतीय घूर्णों के मूल्य सारणी 10 8 के नीचे दिखाए गए है। इनसे हमे

$$\beta_1 = \frac{\pi_3^2}{\pi_2^3} = \frac{(4\ 504532)^2}{(5\ 020558)^3} = 0\ 16$$

प्राप्त होता है। इसी प्रकार अमरीकन आविष्कारको की मृत्युकालीन आयु के लिए द्वितीय तथा तृतीय घूर्णो का परिकलन सारणी 10 5 मे किया गया है। इनसे हम

$$\beta_1 = \frac{(-5\ 789483)^2}{(5\ 980950)^3} = 0\ 16.$$

प्राप्त करते है।

क्योकि $\pi_3 = 0$, जब कोई तिरछापन उपस्थित न हो, तो यह निष्कर्ष निकलता है कि एक पूर्णरूपेण सममित श्रेणी के लिए $\beta_1 = 0$ होगा। जितना अधिक β_1 का मान होगा, उतना ही अधिक किसी श्रेणी मे तिरछापन होगा। इस समय हम यह कहने की स्थिति मे नही है कि β_1 के लिए अभी-अभी दिए गए दो मानो मे से कोई शून्य से महत्त्वपूर्ण रूप से अधिक है या नही। इस समस्या पर हम अध्याय 26 मे विचार करेंगे।

ककुदता

चार्ट 10 9 मे तुगककुदी वटन दिखाया गया है। चर्पटककुदी बटन चार्ट 10 10 मे दिखाया गया है। सामान्य वक्र को मध्यककुदी[11] कहा जाता है। किसी श्रेणी मे उपस्थित ककुदता की मात्रा को चतुर्थ घूर्ण का प्रयोग करके मापा जा सकता है,

$$\pi_4 = \frac{\Sigma x^4}{N},$$

अथवा, एक बारबारता बटन के लिए,

$$\pi_4 = \frac{\Sigma f x^4}{N}$$

---

10. α_1 अथवा α_2 का पहले कही जिक्र नही आया। आँकडो की किसी भी श्रेणी के लिए,

$$\alpha_1 = \frac{\pi_1}{\sqrt{\pi_2}} = 0;$$

$$\alpha_2 = \frac{\pi_2}{\sqrt{\pi_2^2}} = 1$$

11. ककुदी = उभरी पीठ वाला, अत, कुबडा या एक-बहुलक। तुग = पतला, मकीर्ण। चर्पट = बड़ा, चौडा, चपटा। मध्य = बीच में, बीच का।

परिशिष्ट ध, अनुभाग 10 3, में दी गई विधि जैसी विधि से यह दिखाया जा सकता है कि

$$\pi_4 = \frac{\Sigma f(d')^4}{N} - 4\frac{\Sigma fd'}{N}\frac{\Sigma f(d')^3}{N} + 6\left(\frac{\Sigma fd}{N}\right)^2\frac{\Sigma f(d')^2}{N} - 3\left(\frac{\Sigma fd'}{N}\right)^4$$

$$v_4 = \frac{\Sigma f(d')}{N}$$

$$\pi_4 = v_4 4 v_1 v_3 + 6 v_1 - {}^2v_2 - 3v_1^4$$

चार्ट 10.9 क्लीवलैंड में पाँच कमरों वाले नए घर की लागत और क्रेता का भाग (गहरी रेखा) तथा प्रसामान्य वक्र (टूटी रेखा) जिसके N, $\bar{X}$, तथा s समान हैं। सारणी 10 9 की सामग्री पर आधारित।

अब π_4 से ककुदता के लिए एक पूर्ण व्यंजक प्राप्त होता है। इसे सापेक्ष रूप में π_2^2 से भाग करके रखा जा सकता है। इस माप को β_2 या α_4 कहते हैं, तथा

$$\beta_2 = \alpha_4 = \frac{\pi_4}{\pi_2^2}$$

जिसमे अंश और हर दोनों वर्ग अन्तरालों की चतुर्थ शक्ति के रूप में है। इस व्यंजक का प्रसामान्य वक्र के लिए 3.0 मान है। चपटककुदी वक्र के लिए $\beta_2 < 3 0$ कूटककुदी वक्र के लिए $\beta_2 > 3 0$

चार्ट 10 9 का तुगककुदी वक्र N, $\bar{X}$, तथा s वाले प्रसामान्य वक्र की तुलना में दिखाया गया है। सारणी 10.9 में इस वितरण के घूर्णों का परिकलन किया गया है, और $\beta_2 = 4 46$

सारणी 10 9

1967 में क्लीवलैंड मे 5 कमरों वाले लकड़ी के नए घर और क्रेता को नीलाम की लागत के लिए प्रथम भार घूर्णों और β_2 का परिकलन

लागत (माध्य मान)	f	d	fd'	$f(d)'$	$f(d')^3$	$f(d')^4$
\$ 3,000	2	−5	−10	50	−250	1,250
5,000	1	−4	−4	16	−64	256
7,000	2	−3	−6	18	−54	162
9 000	6	−2	−12	24	−48	96
11,000	16	−1	−16	16	−16	16
13 000	27	0	0	0	0	0
15,000	16	1	16	16	16	16
17 000	7	2	14	28	56	112
19 000	3	3	9	27	81	243
21 000	1	4	4	16	64	256
23,000	1	5	5	25	125	625
योग	82		0	236	−90	3,032

आँकड़, जर्नल ऑफ दि अमेरिकन स्टैटिस्टिकल एसोसिएशन, खण्ड 32, अंक 200 पृष्ठ 647 पर प्रकाशित फ्रैंक आर० गारफील्ड तथा विलियम एम० हुड द्वारा लिखित 'कंस्ट्रक्शन कॉस्टस एंड रीअल प्रापर्टी वेल्यूज़' से उद्धृत। लागतें प्रचलित डालरों में व्यक्त हैं।

$$v_1=\frac{\Sigma fd'}{N}=\frac{0}{82}=0$$

$$v_2=\frac{\Sigma f(d')^2}{N}=\frac{236}{82}=2\ 878049.$$

$$v_3=\frac{\Sigma f(d')^3}{N}=\frac{-90}{82}=-1\ 097561$$

$$v_4=\frac{\Sigma f(d')^4}{N}=\frac{3,032}{82}=36.975601.$$

$$\pi_1=0$$

$$\pi_2=v_2-v_1^2=2.878049$$

$$\pi_3=v_3-3v_1v_2+2v_1^3=-1\ 097561.$$

$$\pi_4=v_4-4v_1v_3+6v_1^2v_2-3v_1^4=36\ 975601$$

$$\beta_2=\frac{\pi_4}{\pi_2^2}=\frac{36\ 975601}{(2\ 878049)^2}=4\ 46$$

नोट कल्पित माध्य (13,000 डालर) और माध्य का समान होता है। जिसके परिणामस्वरूप v_1 का मूल्य 0 होना है। अत v तथा π मूल्यों में कोई भेद नहीं है, क्योंकि $v_1^2=0$, $v_1v_2=0$, $v_1^3=0$, $v_1v_3=0$, आदि।

सारणी 10 10

बिजली के लैम्पो के एक वग की आयु के लिए प्रथम चार घूर्णों तथा β_2 का परिकलन

घण्टो मे आयु (मध्य मान)	प्रतिशतता बारबारता f	d	fd	$f(d')^2$	$f(d)^3$	$f(d')^4$
50	1 0	−9	− 9 0	81 0	− 729 0	6 561 0
150	1 5	−8	− 12 0	96 0	− 768 0	6,144 0
250	3 1	−7	− 21 7	151 9	−1 063 3	7,443 1
350	4 4	−6	−26 4	158 4	− 950 4	5,702 4
450	5 0	−5	−25 0	125 0	− 625.0	3,125 0
550	5 7	−4	− 22 8	91 2	− 364 8	1,459 2
650	6 6	−3	−19 8	59 4	− 178 2	534 6
750	7 3	−2	− 14 6	29 2	− 58 4	116 8
850	7 6	−1	− 7 6	7 6	− 7 6	7 6
950	7 8	0	0	0	0	0
1050	7 8	1	7 8	7 8	7 8	7 8
1150	7 6	2	15 2	30 4	60 8	121 6
1250	7 3	3	21 9	65 7	197 1	591 3
1350	6 6	4	26 4	105 6	422 4	1,989 6
1450	5 7	5	28 5	142 5	712 5	3 562 5
1550	5 0	6	30 0	180 0	1 080 0	6 480 0
1650	4 4	7	30 8	215 6	1,509 2	10 564 4
1750	3 1	8	24 8	198 4	1,587 2	12 697 6
1850	1 5	9	13 5	121 5	1,093 5	9 841 5
1950	1 0	10	10 0	100 0	1,000 0	10,000 0
योग	100 0		+50 0	1 967 2	+2 925 8	86,650 0

ऑरेगन आयोवा इंजीनियरिंग एक्सपेरिमेंट स्टेशन पृष्ठ 58 प्रापर्टी ग्रुप 28 2 के बुलेटिन 203 मे रा०रे त्रि० तथा गड बर बी कुज द्वारा लिख, लाइफ कैरेक्टरिस्टिक्स आफ फिजीकल प्रापर्टी से।

$$\nu_1 = \frac{\Sigma fd'}{N} = \frac{+50}{100\ 0} = +0\ 50$$

$$\nu_2 = \frac{\Sigma f(d')^2}{N} = \frac{1{,}967\ 2}{100\ 0} = 19\ 672$$

$$\nu_3 = \frac{\Sigma f(d)^3}{N} = \frac{+2\ 925\ 8}{100\ 0} = +29\ 258$$

$$\nu_4 = \frac{\Sigma f(d)^4}{N} = \frac{86{,}650\ 0}{100\ 0} = 866\ 500$$

$$\pi_1 = 0$$
$$\pi_2 = \nu_2 - \nu_1^2 = 19\ 672 - (0\ 50)^2 = 19\ 422.$$
$$\pi_3 = \nu_3 - 3\nu_1\nu_2 + 2\nu_1^3 = 29\ 258 - 3(0\ 50)(19\ 672) + 2(0\ 50)^3 = 0.$$
$$\pi_4 = \nu_4 - 4\nu_1\nu_3 + 6\nu_1^2\nu_2 - 3\nu_1^4$$
$$= 866\ 500 - 4(0\ 50)(29.258) + 6(0\ 50)^2(19\ 672) - 3(0\ 50)^4$$
$$= 837\ 3045$$
$$\beta_2 = \frac{\pi_4}{\pi_2^2} = \frac{837\ 3045}{(19\ 422)^2} = 2\ 22$$

चार्ट 10 10 मे चर्पटककुदी वक्र को भी समान N, $\bar{X}$, तथा s वाले प्रसामान्य वक्र के सम्बन्ध म दिखाया गया है। चर्पटककुदी श्रेणी के घूर्णों को सारणी 10 10 मे दिखाया गया है और इनसे β_2 मालूम किया गया है जो 2 22 है।

चार्ट 10 10 बिजली के लैम्पों के एक वर्ग की आयु (गहरी रेखा) तथा प्रसामान्य वक्र (टूटी रेखा) जिसके N, $\bar{X}$ तथा s समान हैं। सारणी 10 10 के आँकड़ों पर आधारित। प्रसामान्य वक्र के सिरे नहीं दिखाए गए। बायाँ सिरा y अक्ष के पार निकल जाएगा।

जब एक विचलन को चतुर्थ या द्वितीय शक्ति तक बढाया जाए तो इसका चिह्न धन बन जाता है। चरम विचलनो को द्वितीय शक्ति से बढाने की अपेक्षा चतुर्थ शक्ति से बढाने पर वे अनुपात से कही अधिक बढ जाते हैं। परिणामस्वरूप, जितने अधिक सकीर्ण बटन के कधे होगे और जितने अधिक बडे सिरे होगे उतना ही अधिक π_2^2 के सबन्ध मे π_4 होगा।

अध्याय 26 मे हम यह निश्चय करने की एक विधि पर विचार करेंगे कि क्या β_2 का मूल्य 3,0 से काफी कम या काफी अधिक है।

समूहन-त्रुटि के लिए घूर्णों का संशोधन

वारंवारता बटनो के लिए माध्य π_2 (या s), π_3 तथा π_4 का परिकलन करने मे हमने वर्गों के मध्य-मानो का प्रतिनिधि मानो के तौर पर प्रयोग किया। हमने इससे पूर्व के अध्याय मे देखा है कि मध्य-मानो की अशुद्ध कल्पनाएँ थी परन्तु जब हम समान्तर माध्य का परिकलन करते हैं तो उपस्थित अशुद्धियो की एक दूसरे को सन्तुलित करने की प्रवृत्ति है। यह सन्तुलन उस समय भी विद्यमान है जब तृतीय घूर्ण का परिकलन किया जाता है। यह स्मरण होगा कि बहुलकीय वर्ग मे पूर्व के वर्गों के मध्य-मानो की प्रवृत्ति बहुत कम होने की है, जबकि बहुलकीय वर्ग मे बाद के वर्गों के मध्य-मानो की प्रवृत्ति बहुत अधिक होने की है। परिणाम यह होता है कि भिन्न x मूल्यो मे जितने वे होने चाहिएँ उससे कुछ थोडा अधिक (निरपेक्ष मान मे) होने की प्रवृत्ति है और जब उन्हे द्वितीय या चतुर्थ शक्ति तक बढाया जाता है उस समय कोई सन्तुलन नही होता। परिणामस्वरूप π_2 (तथा s) और π_4 के मूल्य अवर्गीकृत उन्ही आँकडों से परिकलित मानो की अपेक्षा कुछ थोडे अधिक होने की सम्भावना है। शेपर्ड के सशोधन ऊपर की ओर इस झुकाव का सन्तुलन करने की चेष्टा करते है। सशोधित घूर्णों को μ से इगित किया गया है और वे हैं:[12]

$$\mu_1=\pi_1=0,$$
$$\mu_2=\pi_2-\tfrac{1}{12},$$
$$\mu_3=\pi_3,$$
$$\mu_4=\pi_4-\tfrac{1}{2}\pi_2+\tfrac{7}{240},$$

जहाँ सब परिकलन वर्ग अन्तरालो के रूप मे है।

यदि हम वर्ग मध्य-मानो के स्थान पर वर्ग माध्यो का प्रयोग करते तो समान्तर माध्य का ठीक-ठीक परिकलन किया जा सकता था। परन्तु यदि वर्ग माध्यो का प्रयोग किया जाए तो उन्ही अवर्गीकृत आँकडो से परिकलित की अपेक्षा π_2 (s^2) तथा π_4 के मूल्य और भी अधिक कम होगे।

जब हम एक सतत चर पर विचार कर रहे है जो कि लेखाचित्र की दृष्टि से बटन के दोनो सिरो पर अनन्त स्पर्शत X-अक्ष के समीप पहुँचता है तो शेपर्ड के सशोधनो का प्रयोग किया जा सकता है। इस बात की विशेषता को प्राय "X-अक्ष के साथ अत्यधिक सम्पर्क" कह कर सकेत किया जाता है। यदि ये शर्तें पूरी नही उतरती तो शेपर्ड के सशोधनो का प्रयोग नही होना चाहिए क्योंकि सशोधनो से आवश्यकता से अधिक सशोधन हो सकता है।[13] यदि मूल्य अवलोकन पर्याप्त यथार्थता से नही किए गए हैं तो शेपर्ड के सशोधन लागू करना तर्कसगत नही है।

---

12 शेपर्ड के सशोधन को लागू करने के एक उदाहरण के लिए मूल अंग्रेजी पुस्तक के द्वितीय सस्करण में पृष्ठ 237—238 देखिए।

13. अध्याय 23 मे पादटिप्पणी 8 देखिए। साथ ही डब्ल्यू० ए० श्यूहार्ट द्वारा लिखित ईकॉनॉमिक कन्ट्रोल ऑफ क्वालिटी 'मैनुफैक्चर्ड प्रोडक्ट,' डी० वान नास्ट्रैंड कम्पनी, प्रिंसटन, एन० जे०, 1931, पृष्ठ 78—79 भी देखिए।

जब शेपर्ड के सशोधन समुचित हैं तो β तथा α का निम्न प्रकार से μ से परिकलन किया जा सकता है

$$\alpha_1 = \frac{\mu_1}{\sqrt{\mu_2}} = 0$$

$$\alpha_2 = \frac{\mu_2}{\sqrt{\mu_2^2}} = 1\ 0$$

$$\beta_1 = \frac{\mu_3^2}{\mu_2^3} \qquad \alpha_3 = \frac{\mu_3}{\sqrt{\mu_2^3}} = \sqrt{\beta_1}$$

$$\beta_2 = \frac{u_4}{\mu_2^2} \qquad \alpha_4 = \frac{\mu_4}{\sqrt{\mu_2^4}} = \frac{\mu_4}{\mu_2^2} = \beta_2$$

11

काल-श्रेणी का परिचय

काल-श्रेणियाँ पहले ही अध्याय 4, 5, और 6 में लेखाचित्रीय रूप में देखी जा चुकी हैं। उन अध्यायों में सम्मिलित कालानुक्रमिक आँकड़ों के विभिन्न चार्टों में केवलमात्र श्रेणियों को प्रस्तुत किया गया न कि उनका विश्लेषण। इस अध्याय में तथा अगले पांच अध्यायों में हम काल-श्रेणियों को उनके अधिक महत्त्वपूर्ण भागों में विघटित करने के ढंगों की जाँच करेंगे। *काल-श्रेणियों के विश्लेषण में प्रयुक्त सांख्यिकीय विधियाँ बारंबारता बंटन* विश्लेषणों में प्रयुक्त विधियों से बिल्कुल भिन्न परन्तु निकट से संबंधित हैं। यद्यपि अर्थशास्त्री काल-श्रेणियों के विश्लेषण के तन्त्रों के विकास के लिए मुख्यतया उत्तरदायी हैं तथापि काल-श्रेणियों का अध्ययन अन्य बहुत से क्षेत्रों में काम करने वालों, जैसे व्यापारियों, समाज विज्ञानियों, जीवविज्ञानियों भूविज्ञानियों जन-स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं तथा अन्यों के लिये रुचिकर है।

काल-श्रेणी की गतियाँ

काल-श्रेणियों की गतियाँ, जो हमारा ध्यान ग्रहण करेंगी, चिरकालिक प्रवृत्ति, चक्रीय और अनियमित हैं। कुछ श्रेणियों में इन गतियों में से एक या दो अन्यों से अधिक महत्त्वपूर्ण हो सकती हैं। सामान्यतया ये चारों गतियाँ एक सामयिक काल-श्रेणी में विद्यमान होंगी और जब उपस्थित होंगी तो सहगामिनी होंगी। हम क्रमश इन चारों गतियों में से प्रत्येक पर विचार करेंगे।

दीर्घकालिक उन्नति—बारह अथवा इससे अधिक वर्षों की अवधि में काल-श्रेणी में बढ़ने अथवा घटने की उन्नति को प्रदर्शित करने की बहुत संभावना है। चार्ट 11 1 में जो न्यूयार्क राज्य बचत बैंकों के जनवरी 1946 से दिसम्बर 1964 तक के निक्षेप के आँकड़े उपस्थित करता है, एक उद्घोषित ऊर्ध्वमुखी उन्नति दर्शायी है। यह श्रेणी हमें एक रोचक उदाहरण प्रदान करती है क्योंकि यह उन्नति असामान्य रूप से प्रबल है, वास्तव में कोई अन्य गतियाँ प्रत्यक्ष नहीं हैं।

ऊर्ध्वमुखी उन्नति वाली एक अन्य श्रेणी 11 2 चार्ट में दृष्टिगोचर होती है जो संयुक्त राज्य में 1945 से 1963 तक आसुत स्पिरिट का उपयोग (और प्रति वयस्क उपभोग) दिखाती है। इस तथा दूसरी बहुत सी श्रेणियों के लिए ऊर्ध्वमुखी उन्नति के उत्तरदायी कारकों में से एक जनसंख्या की वृद्धि है और चार्ट 11 2 लघुगणकीय ऊर्ध्वाधर पैमाने से बनाया गया है ताकि प्रति वयस्क अंक भी दिखाए जा सकें। प्रति वयस्क उन्नति 1952 के बाद कुल उपभोग की उन्नति के सबंध में कुछ गिरती है। अन्य कारणों में से द्वितीय महायुद्ध के अन्त से संयुक्त राज्य की अधिकांश जनसंख्या की प्राप्त क्रय शक्ति में निरन्तर सुधार के कारण बहुत से उत्पादनों और सेवाओं का प्रति व्यक्ति विक्रय बढ़ गया है।

जैसा कि दिखाई दे सकता है काल-श्रेणी के विकास मे बहुत से विशिष्ट कारक उत्तरदायी हो सकते हैं। प्राकृतिक विज्ञानों का उद्योग तथा कृषि मे उनके उत्पादन को तीव्रता से बढाने मे प्रयोग किया गया है। सर्वदा इन तकनीकी परिवर्तनों के साथ-साथ चलकर नही, अपितु इनसे प्रेरित होकर, व्यापारिक सस्थाओ और उनके ढगो मे परिवर्तन होते रहे हैं। निगमो के विकास से विशेषज्ञता तथा अधिक मात्रा मे उत्पादन के लिये पर्याप्त मात्रा मे पूँजी का सचय सभव हो गया है। वैज्ञानिक प्रबन्ध, कार्मिक प्रबन्ध, तथा गुण नियत्रण ने भी उद्योग की उत्पादिता बढाने म महत्त्वपूर्ण भाग लिया है। नि सन्देह स्वचालन से औद्योगिक उत्पादकता बढती ही जाएगी। मण्डी के बढिया ढगो तथा अधिक अच्छी जलयान सुविधाओ ने वस्तुओ को उन स्थानो तथा उन समयो पर जहा वे पहले नही मिलती थी उपलब्ध बना दिया है।

चार्ट 11 1 न्यूयार्क राज्य बचत बैंकों मे निक्षेप, जनवरी 1946 से दिसम्बर 1964 तक। आकड़े 'सर्वे आफ करेंट बिजनेस के विभिन्न अको से।

सभी कालिक-श्रेणियाँ ऊर्ध्वमुखी उपनतिया नही दिखाती। कुछ जैसे कि अशोधित मृत्यु दर, जो कि चार्ट 11 3 मे दिखाई गई है, प्राय निम्नगामी उपनति प्रदर्शित करती है। यह विशेष निम्नगामी उपनति अधिक अच्छे तथा अधिक विस्तृत रूप मे प्राप्त चिकित्सा ज्ञान के कारण है और मोटे तौर पर उच्चतर जीवन स्तर को पुन प्रतिबिम्बित करती है। प्राथमिक श्रेणी की निम्नगामी उपनति इसलिए हो सकती है क्योकि श्रेष्ठतर और अधिक सस्ते विकल्प प्राप्त हो गए। इस प्रकार सश्लिष्ट तन्तुओ जैसे कि ओरलोन और नाइलोन ने कुछ उपयोगों मे प्राकृतिक तन्तुओ को आशिक रूप मे विस्थापित कर दिया है और कई प्रकार के साबुनो के स्थान पर सश्लिष्ट प्रक्षालकों का उपयोग किया जा रहा है। रेलमार्गो

का विकास अधिक आश्चर्यजनक था यद्यपि वह हममे से बहुतो की स्मृति से बहुत परे की बात है, जिसन इस देश मे अधिकतर नहरो को लुप्तप्राय होने को बाधित कर दिया। अब ट्रको, बसो, तथा वायुयानो की स्पर्धा से रेलमार्गो के रास्ते मे बाधा उपस्थित हो गई है।

चार्ट 11 2 सयुक्त राज्य अमरीका मे 1945—1963 मे आसुत स्पिरिट का उपभोग तथा प्रति वयस्क उपभोग। आंकड लाभमद प्राप्त पेय उद्योग की फैक्ट्स बुक, *1964* पृष्ठ 56 से।

उत्पादकीय ढग मे सुधार प्रारम्भ मे तीव्र होने उचित हैं और मांग तीव्र हो सकती है। तो भी जैसे-जैसे समय बीतता जाता है, यह प्राय सत्य है कि, आगे तकनीकी तथा प्रबन्ध सम्बन्धी सुधारो का उत्पादन पर प्रभाव कम होता जाता है जबकि साथ ही बाजार पहले के समान तेजी से नही बढता जाता। कच्चे माल जैसे कि खनिज पदार्थ, जिसका छोटी खानो और निम्न स्तर की कच्ची धातु से प्राप्त होना आवश्यक है, को प्राप्त करने की बढ़ती हुई कठिनाई के कारण भी विकास मे बाधा पड सकती है। हम उन कारको की जिनमे वित्तीय कारक भी सम्मिलित है, एक पूर्ण सूची नही बना सकते जो प्राय मिलकर एक उद्योग मे उत्पादन के विकास को धीमा कर देते हैं। किसी एक प्रदत्त उद्योग मे कोई भी विशेष कारण क्यो न हो, बहुत से अधिकारियो का यह विश्वास है कि न केवल सापक्ष विकास की उपनति गिरने की होती है बल्कि अन्तत आगे विस्तार प्राकृतिक नियम के अनुसार असभव हो जाएगा। एक लेखक न, जिस प्रवृत्ति का हम उल्लेख कर आए हैं, उस "विकास का नियम" कहकर सबोधित किया है, जो सभी उद्योगो पर लागू होता बताया जाता है। इस नियम क अन्तर्गत चार अवस्थाएँ आती हैं (1) प्रयोग का काल, जिसम विकास की मात्रा लघु है, (2) सामाजिक रचना मे विकास का काल, (3) वह काल जिसम सतुष्टि बिन्दु आ जान के कारण विकास मे बाधा पडती है, (4) स्थायित्व का काल। चार्ट

13.10 और 13.11 प्रकट करते हैं कि आइसक्रीम का स्वदेशीय उत्पादन इस ढग से होता है। इन चार्टों मे से पहले में यह दिखाई पडता है कि 1929—1961 के काल मे विकास की वार्षिक मात्रा प्रारम्भ में कम थी, परन्तु धीरे-धीरे बढ़ी; दूसरे चार्ट से यह स्पष्ट है कि विकास की वार्षिक प्रतिशतता धीरे-धीरे गिरी है।

चार्ट 11 3 सयुक्त राज्य अमरीका के पजीकरण क्षेत्र मे अशोधित मृत्यु दर, 1900—1966 आँकड़े स्टैटिस्टिकल ऐब्स्ट्रैक्ट ऑफ दि यूनाइटिड स्टेट्स के विभिन्न अको मे। 1963 का अक अन्तिम है।

जैसा कि पहले सुझाया गया है, कभी-कभी किसी एक उद्योग को इतनी घोर स्पर्धा का सामना करना पडता है, अथवा इसकी पूर्ति का स्रोत इतना सीमित होता है कि यह विकास से गिरावट की ओर सक्रमण का अनुभव करता है। इस प्रकार के उद्योग का एक उदाहरण एन्थ्रेसाइट कोयले की खान है। विकास और गिरावट का एक अन्य उदाहरण सयुक्त राज्य मे 1790 से 1966 तक खेतों की सख्या का है जो अशत. चार्ट 11 4 में दिखाया है।

हम काल-श्रेणी की उपनति का अध्ययन करें, क्योंकि हम स्वय उपनति मे रुचि रखते है या हम श्रेणी की एक या अधिक अन्य गतियों को प्रकट करने के लिये उपनति को साख्यिकीय रूप मे समाप्त करने की इच्छा करें। साख्यिकीय समस्या मे पहले उस उपनति के प्रकार का निर्णय करने की बात आती है जो आँकडो को उचित रूप से जोड़ेगी और जो आँकडो का तर्कपूर्ण विवरण है और दूसरे, चुने हुए प्रकार की उपनति को जोड़ने की बात आती है।

चार्ट 11 4 1910—1963 तक सयुक्त राज्य मे फार्मों की सख्या।
आँकडे सयुक्त राज्य वाणिज्य विभाग *हिस्टॉरिकल स्टेटिस्टिक्स ऑफ दि यूनाइटिड, स्टेट्स कालोनियल टाइम्स टु 1957*, पृष्ठ 278, सयुक्त राज्य कृषि विभाग, *एग्रिकल्चरल स्टेटिस्टिक्स, 1964* पृष्ठ 481 से।

आवर्ती गतियां—*आवर्ती गति वह है जो, किसी निश्चित समय मे, नियमितता की* किसी मात्रा मे आवृत्त होती है। सबसे अधिक अध्ययन की जाने वाली आवर्ती गति वह है जो एक वर्ष के भीतर उत्पन्न होती है और जिसे *ऋतुनिष्ठ परिवर्तन* या केवल ऋतुनिष्ठ कहते हैं। चार्ट 11 5 मे जनवरी 1953 से दिसम्बर 1964 तक का फार्म के दूध का मासिक उत्पादन दिखाया गया है। इस चार्ट मे ऋतुनिष्ठ गति दूसरी गतियो की तुलना मे पर्याप्त स्पष्ट है। ध्यान दीजिए कि दूध के उत्पादन का ऋतुनिष्ठ परिवर्तन वर्षानुवर्ष काफी समान है। यह सयुक्त राज्य अमरीका के प्रकाशकों द्वारा उपभोग में लाये गए समाचार पत्रीय कागज के आँकडो के लिए भी सत्य है जिसके लिये विशिष्ट ऋतुनिष्ठ चार्ट 11.6 मे दिखाया गया है। अध्याय 14 मे हम देखेंगे कि ऋतुनिष्ठ प्रतिरूप को किस प्रकार निश्चित किया जाए जब कि वह प्रतिरूप सतत अथवा लगभग सतत हो। तो भी बहुत सी श्रेणियाँ उस ऋतुनिष्ठ प्रतिरूप का प्रदर्शन करती हैं जो समय के साथ-साथ धीरे-धीरे परिवर्तित हो रहा है। पत्रिकाओ मे विज्ञापन के लिए स्थान की मात्रा एक ऐसी श्रेणी है और हम सयुक्त राज्य अमरीका की पत्रिकाओं के विज्ञापन आँकडो के लिए ऋतुनिष्ठ प्रतिरूप का अध्याय 15 में निर्धारण करेंगे।

जलवायु सम्बन्धी वे अवस्थाएं, जिनमे वर्षा, हिम, बर्फ, धूप, आर्द्रता, ताप और पवन मे परिवर्तन सम्मिलित हैं, माँग मे परिवर्तन उत्पन्न करती हैं जो कि प्राय, उपज के

चार्ट 11 5 जनवरी 1953 से दिसम्बर 1964 तक सयुक्त राज्य मे फार्मों पर दूध का उत्पादन। आंकड़े सर्वे ऑफ करेण्ट बिज़नेस के विभिन्न अंको से।

चार्ट 11 6 1955—1963 तक सयुक्त राज्य के प्रकाशको द्वारा उपभोग मे लाए गए समाचारपत्रीय कागज का ऋतुनिष्ठ सूचक। आँकड़े सारणी 14 7 से।

परिवर्तन मे प्रत्यावर्तित होती हैं। जलवायु सम्बन्धी अवस्थाएँ कुछ उद्योगो, उदाहरणत' कृषि तथा वाहरी निर्माण के उत्पादन पर प्रत्यक्ष प्रभाव डालती हैं। यद्यपि काल-श्रेणी द्वारा प्रदर्शित अधिकतम ऋतुनिष्ठ परिवर्तनो के लिये प्रकृति मुख्यतया उत्तरदायी है तथापि अन्य कारण भी हैं। क्रिसमस के अवसर पर उपहार देने को प्रथा दिसम्बर मे परचून (विशेष रूप मे विभाग भण्डार) विक्रय मे विशेष वृद्धि का कारण बनती है। दूसरे इस प्रकार के विक्रय शिखर के दृष्टिगोचर होने की आशा तब हो सकती है जबकि विज्ञापन करने वाले ग्राउण्डहाग दिवस या सैडी हाकिन्स दिवस जैसे अवसरो पर उपहार देने को विस्तृत रूप

से प्रोत्साहित करने मे सफल हो जाएँ। ईस्टर और थैंक्सगिविंग से पूर्व परचून क्रिया मे विक्रय-शिखर अप्रत्यक्ष रूप से ऋतुओ के कारण होता है, क्योकि उन छुट्टियो के प्रारम्भ का आधार आंशिक रूप से ऋतुसम्बन्धी अवस्थाएँ है। तो भी बसन्त या पतझड मे किसी के कपडो और मोटर गाडी के ढंग मे परिवर्तन की इच्छा आंशिक रूप से आत्मप्रदर्शन का परिणाम है।

मोटर गाडी विक्रय मे ऋतुनिष्ठ परिवर्तन (तथा मोटर गाडियो एव उनके भागो का उत्पादन) न केवल ऋतुनिष्ठ परिवर्तनो के कारण है अपितु निश्चित मनुष्यकृत निर्णयो का परिणाम भी है। एक वर्ष मद मितव्ययता को गति प्रदान करने के प्रयत्न के फलस्वरूप मोटर गाडी प्रदर्शनी, जो साधारण तौर पर जनवरी मे हुई होती, सरका कर पहले ही नवम्बर मे कर दी गई। पहले की अपेक्षा कई महीने पूर्व नए मॉडल आने के कारण वास्तव मे ऋतुनिष्ठ प्रतिरूप मे सहसा परिवर्तन हो गया। विभिन्न मेक की कारो के नए मॉडल आजकल बिल्कुल उसी समय प्रचलित नही किए जाते परन्तु लगभग सभी एक दूसरे से एक या दो महीने पश्चात् सामने आते है। नये मॉडलो का प्रचालन विशेषकर यदि उनमे आकृति सम्बन्धी अथवा यान्त्रिक परिवतन भी सम्मिलित हो, मोटर गाडियो के विक्रय पर सुनिश्चित प्रभाव डालना जारी रखते है।

हम आवर्ती परिवर्तन मे या तो इसीलिए रुचि रखते हैं कि हम आवर्ती परिवर्तन को समय श्रेणी से हटाना चाहते है या हम स्वय आवर्ती परिवर्तन मे रुचि रखने वाले हैं। दूसरी गतिविधियो (विशेषकर चक्रीय) को अधिक अनावर्ती करने के उद्देश्य से समय-श्रेणी के आकडो को प्रत्यक्ष करने के लिए अध्याय 16 मे ध्यान दिया जाएगा।

स्वय आवर्ती गतिविधि मे रुचि का कारण अनेक उद्देश्यो मे से कोई एक हो सकता है। प्रथम यह हो सकता है कि हम आवर्ती गतिविधियो को "सचिकनाता" चाहते हैं ताकि अर्थसूचक वर्ष मे घटाबढी कम सुदृढ होगी। इसलिए विज्ञापनो द्वारा "आइसक्रीम आपके सर्वोत्तम भोजन मे से एक है, प्रतिदिन एक प्लेट आइसक्रीम खाओ" कह कर सर्दी मे आइसक्रीम की माग को बढाने के प्रयत्न किए गए। उत्पादन पक्ष मे मुर्गियो को, कृत्रिम प्रकाश द्वारा दिन के समय को बढाकर, बिना ऋतु के (सर्दी मे) अण्डे देने के लिए प्रेरित किया गया।

दूसरे, एक निर्माण प्रतिष्ठान अनुपूरक ऋतुनिष्ठ वस्तुओ के उत्पादन को बढा कर इसकी गतिविधियो मे ऋतुनिष्ठ प्रकृति को कम करने की इच्छा कर सकता है। इस प्रकार एक व्यवसाय सघ स्लैड (बिना पहिये वर्फ पर चलने वाली गाडी) तथा गार्डन कल्टीवेटर बनाता है। एक बहुत बडे पैमाने पर उद्देश्य है ब्रिटेन से फ्रास तक इन दोनो देशो मे विद्युत् शक्ति का सम्बन्ध बनाने के लिए पानी मे समुद्री तार बिछाना। फ्रास की विद्युत् शक्ति का बहुत बडा अश जल विद्युत् यन्त्रो से आता है जो उत्तर ग्रीष्म काल मे पानी की न्यूनता झेलते है जब कि ब्रिटेन के कोयले से चलन वाले जनित्र क्षमता से कम कार्य करते है। इसके विपरीत, अधिकतर शीत ऋतुओ मे जब ब्रिटेन के जनित्रो पर क्षमता से अधिक दबाव डाला जाता है तो फ्रास के पास अपने जल विद्युत् सयन्त्रो को चलाने के लिये फालतू पानी पडा रहता है।

तीसरे, आवर्ती गतिविधियो मे कोई इसलिए रुचि लेता है जिससे वह इसका लाभ उठा सके। इसलिये गृहिणियाँ डिब्बाबन्दी तथा परिरक्षण के लिए उन दिनो मे फलो का क्रय करती है जब उनकी भरमार हो, मूल्य कम हो और वस्तु बढिया प्रकार की हो।

यद्यपि हम इस पुस्तक में उनका वर्णन करने का प्रयास नहीं करेंगे तथापि कुछ आवर्ती गतिविधियाँ हैं जो मासान्तर, सप्ताहान्तर और दिनान्तर के रूप में व्यक्त की जा सकती हैं। मासान्तर गतिविधि के उदाहरण के रूप में एक वाणिज्य बैंक के विषय में सोचिये जो महीने की पहली तथा पन्द्रहवीं तिथि के आस-पास चरम गतिविधि प्रदर्शित करे। यदि बैंक ऐसे क्षेत्र में है जहाँ कारखानों की साप्ताहिक वेतन-सूचियाँ बनाई जाती हों तो उसका व्यापार सप्ताहान्तर गतिविधि के गुण को भी प्रदर्शित कर सकता है जो इस बात पर निर्भर करेगा कि कारखानेदार अपने काम करने वालों को सप्ताह के कौनसे दिन (अथवा दिनों में) वेतन देते हैं। जब मासिक और साप्ताहिक चरमताएँ आपस में मिलती हैं तो बैंक का कर्मचारी-वर्ग वास्तव में व्यस्त हो सकता है। एक रुचिकर सप्ताहान्तर आवर्तन का डाक के प्रति पाउंड नक़द विक्रय के अंकों में सीयर्स रोयबक एण्ट कम्पनी द्वारा परीक्षण किया गया है। सामान्य सप्ताह के मध्य आँकड़े इस प्रकार हैं: सोमवार 30, मंगलवार 37 बुधवार 35, बृहस्पतिवार 32, शुक्रवार 31। एक रेस्तराँ का व्यापार दिनान्तर गति का निरूपण प्रस्तुत करता है। प्रति सप्ताह दिवस की तीन चरमताओं के साथ प्रबन्धक को आगे की योजना बनानी चाहिए और पर्याप्त भोजन तथा इन अपेक्षतया अल्प किन्तु व्यस्त समयों के लिए पर्याप्त सहायता रखनी चाहिए। ब्रिटेन से फ्रांस तक विद्युत् समुद्री तार, जिसका अभी-अभी वर्णन किया गया था, दोनों देशों में विद्युत् की असमान अन्तर्दिन माँगों को सन्तुष्ट करना है। यद्यपि किसी ने अभी तक विद्युत्शक्ति को संचय करने का सक्षम साधन नहीं बनाया है, तथापि पानी का बाँध के पीछे संचित किया जाना सम्भव है। यदि सूखे के मौसम में या किसी और मौसम में जबकि बाँध भरे हुए हों, फ्रांस चौबीस घण्टों में से किसी भी समय ब्रिटेन की विद्युत् का प्रयोग करता है, तो कुछ फ्रांसीसी पानी फ्रांस के बाँधों के पीछे दोनों में से किसी भी देश की चरम माँगों को पूर्ण करने के लिये इकट्ठा किया जा रहा है।

चक्रीय गतियाँ—चक्रीय गतियाँ वे उतार चढ़ाव हैं जो कालिक गतिविधियों से इस प्रकार भिन्न हैं कि वे एक वर्ष से अधिक अन्तर की होती हैं और इस प्रकार भी कि वे साधारणतया नियमित कालक्रम का प्रदर्शन नहीं करतीं। व्यापार चक्र में आकस्मिक गतियाँ नहीं हैं क्योंकि किसी एक व्यापार चक्र में किसी दिये गए बिन्दु पर व्यापार की अवस्था पहले महीनों की गति से प्रभावित की जाती है और क्रमश निकट भविष्य में व्यापार पर प्रभाव डालती है। दूसरे शब्दों में निम्न बिन्दु से उच्च बिन्दु पर संक्रमण एक प्रगतिशील विकास है, तथा इसी प्रकार इसके विपरीत। चक्र कुछ पेन्डुलम के सिद्धान्त पर कार्य करते हुए दीखते हैं। *जिस प्रकार पेन्डुलम लम्बवत् स्थिति की ओर गुरुत्वाकर्षण द्वारा खींचा जाता है परन्तु वह सतत अपनी सन्तुलन की स्थिति को पार करने की प्रवृत्ति में लगा रहता है, अतः ऐसा कहा जाता है कि व्यापार माँग और पूर्ति की शक्तियों के द्वारा सन्तुलन की ओर खींचा जाता है तथा इसी प्रकार एक ओर की त्रुटियाँ विपरीत दिशा की त्रुटियों में आधिक्य करने की प्रवृत्ति रखती हैं।* व्यापार चक्रों की इस प्रकार की परिभाषा "स्वय-उत्पादक सिद्धान्त" के नाम से जानी जाती है। जो प्रायः वैसले सी० मिच्चल के नाम से सम्बन्धित है। परन्तु जिस प्रकार पेन्डुलम की यांत्रिक क्रिया को प्रेरित करने के लिये समय पर चाबी देनी पड़ती है, इसी प्रकार यह सम्भव है कि आर्थिक सक्रियता सन्तुलन प्राप्त कर लेगी, जबकि दूसरे नोदनों के लिये प्रबलता की विभिन्न मात्राएँ न हों, चक्रों का साधारण व्यापार में या चक्रों का विशेष उद्योगों में जैसे कि आवास निर्माण

पशुपालन या कपडा उत्पादन मे जिक्र करना सम्भव है। मुश्किल से चक्र एक विशेष उद्योग मे अथवा व्यवसाय मे परम्परागत दिखाई दे सकते है, अपितु वे, किसी भी क्षण, साधारण व्यापार मे चक्र की अवस्था के द्वारा ढाल लिए जाते है। इसके अतिरिक्त, क्योंकि सभी उद्योग इतने अधिक अन्योन्याश्रित हैं। अतः एक मूल उद्योग या उद्योगो के समूह मे पुनरुज्जीवन अथवा सुस्ती अपने प्रभाव को गतिविधि की दूसरी शाखाओ मे सचारित करती है।

ऐसा दीखता है कि अनेक महत्त्वपूर्ण उद्योगो की गतिविधि के उसी चक्रीय पक्ष के सगमन से साधारण गतिविधि के चक्रीय उतार-चढाव उत्पन्न किये जाते है; या वे व्यापार के बाहर की अड़चनो से उत्पन्न किये जाते हैं। ये अड़चनें बहुत बडे परिमाण मे कभी-कभी होने वाली घटनाएँ जैसे कि युद्ध, खोज, असाधारण मौसम, या कोई राजनैतिक घटना हो सकती हैं, या वे कुछ छोटी-छोटी घटनाओ के युगपत् सगम हो सकते हैं जो एक दूसरे के प्रभाव पर पुन दबाव डालते है।

जब चक्रो मे स्थूल नियमितता दिखाई देती है, तो यह नियमितता कुछ बाहरी घटनाओ के कालक्रम द्वारा वर्णित की जा सकती है। इस विषय मे कुछ विशेषज्ञो का विचार है कि वे अशत. उत्तरदायी है। ऋतु मे चक्रो का सुझाव दिया गया है। तथापि, इसकी अधिक सम्भावना है कि जिस नियमितता की ओर ध्यान देना है वह समय की उचित सतत अवधि के कारण है, जो कि व्यापार को उद्दीपनो के प्रति अनुक्रिया करने मे लगता है। उदाहरणार्थ, भवन बनवाने या गिरवी चीज़ को छुड़वाने या दिवाला निकालने का निर्णय करने मे लगाने वाला समय एकदम अनियमित नही होता। यदि यह आकस्मिक घटनाओ की अनियमितता के कारण न हो तो कदाचित् अधिक नियमितता दिखाई देगी।

कुछ और लोग है जो चक्रो के स्वय-उत्पत्ति के सिद्धान्त को अस्वीकार करते हैं, और यह विश्वास करते हैं कि चक्र अधिकतर बाह्य प्रभावो के कारण आते हैं। ये प्रेक्षक भी उत्पादन और उपभोग बढ रहे है या गिर रहे है और विशेष रूप से स्थिरता के लिये व्यावहारिक साधनो की खोज मे ध्यान देने की ओर रुचि रखते हैं। चार्ट 16 6 से, चाहे वे स्वय उत्पन्न अथवा बाह्य कारको से उद्भूत हो, यह स्पष्ट है कि सयुक्त राज्य समाचारपत्र विज्ञापन मे चक्रीय उतार-चढाव रहे है, और चक्र एक ही लम्बाई के नही रहे है। चार्ट 16 6 भी समय श्रेणी के अध्ययन मे प्रायश आने वाली कठिनाई का चित्रण करता है। यह इस निर्णय से कि चक्र क्या है सम्बन्धित है। क्या चार्ट 16 6 का वक्र बडे-बडे दो चक्रो के विषय मे प्रदर्शित करता है अथवा कुछ छोटे चक्रो के ? श्रेणी के लिये प्रयुक्त उपनति के द्वारा निर्णय को प्रभावित किया जा सकता है। जैसाकि बाद मे दिखाई देगा, प्रयुक्त उपनति एक सरल रेखा थी जिसे 1932—1960 के वर्षों से जोडा हुआ था तथा उसे 1964 मे से बढाया गया था। यदि हम एक बहुत छोटे समय, उदाहरणार्थ 1946—1964, से सम्बन्धित होते और केवल उन्ही वर्षों के लिए उपनति का उपयोग किया होता, तो 19 वर्ष के काल मे चक्रो की एक बडी सख्या प्रकट हुई होती।

अनियमित विचरण—एक समय-श्रेणी मे अनियमित विचरणो को दो वर्गों मे विभक्त किया जाता है प्रासगिक तथा आकस्मिक। समय-श्रेणी मे जब प्रासगिक गतियाँ उत्पन्न होती हैं तो उन्हे श्रेणी के चार्ट मे एकदम पहचाना जा सकता है, यदि वे विशिष्ट घटनाएँ हैं, जैसे भूचाल, प्रचण्ड आग, हडतालें, महान् झीलो मे पहले तथा देर से बर्फ का पिघलना, भयकर तूफान या अन्य घटनाएँ। एक प्रासगिक गति जोकि वार्षिक आँकडो मे प्रतिबिम्बित होने के लिये महत्त्वपूर्ण है, चार्ट 11.3 मे दिखाई देती है। 1918 मे बहुत ऊँची

मृत्यु दर इन्फ्लूएन्ज़ा महामारी के परिणामस्वरूप थी जिससे सैनिक तथा असैनिक व्यक्तियो का बहुत मौतें हुई।

जैसाकि पहले कहा गया है, एक घटना श्रेणी चक्रीय उतार-चढाव उत्पन्न करने मे या उत्पन्न करने म सहायक होने के लिये पर्याप्त महत्वपूर्ण हो सकती है। कभी-कभी एक प्रासगिक गति तथा एक चक्र मे अन्तर करना कठिन हो सकता है।

आकस्मिक गतियाँ छोटे उतार-चढाव होते हैं जो निर्दिष्ट प्रसगों के कारण नही होती और इतनी अधिक छोटी हैं कि इन पर अलग-अलग विचार की आवश्यकता नही। कई बार ये आकस्मिक उतार-चढाव यादृच्छिक प्रकृति वाले होते हैं। सयुक्त राज्य के समाचार-पत्र विज्ञापन की इन अनियमित घटकों (प्रासगिक तथा आकस्मिक मिला कर) को चार्ट 16.7 तथा 16.8 मे दिखाया गया है।

अन्य गतियाँ—समय-श्रेणी मे सामान्यत पाई जाने वाली चार गतियाँ जिनका वर्णन किया जा चुका है, सबसे अधिक महत्वपूर्ण हैं। कभी-कभी अन्वेषकों को "लम्बे चक्र" मिलते हैं जिनकी अवधि सामान्य व्यापार चक्रो की अवधि से बहुत लम्बी होती है और जो लगभग 50 वर्ष के होते ह। दोनो प्रकार के चक्र इकट्ठे विद्यमान हो सकते हैं और एक-दूसरे पर अध्यारोपित किए जा सकते हैं। कई बार समय-श्रेणी के विद्यार्थी एक समय-श्रेणी मे दो से अधिक चक्रीय घटकों की विद्यमानता का दावा करते है। कई बार लम्बे चक्र तथा व्यापार चक्र के बीच मध्यस्थ जिस गति को "गौण उपनति" के नाम से पुकारते हैं, मिलती है। इस पुस्तक मे हम लम्बे चक्रो या गौण उपनतियो की ओर आगे ध्यान नही देंगे अपितु उन चार गतियो पर अपना ध्यान केन्द्रित करेंगे जिनका पहले वर्णन किया जा चुका है।

लेखाचित्रीय पूर्वदर्शन

यदि हम सयुक्त राज्य समाचारपत्र विज्ञापन के आँकडो के चार्ट को ध्यान से देखें, जिनका विस्तार से वर्णन बाद मे किया जाएगा, तो समय-श्रेणी मे चार प्रमुख गतियो की उपनति को अधिक स्पष्टतया समझा जा सकता है। चार्ट 16.4 की हल्की टूटी हुई रेखा लाखो रेखाओ के रूप म मूलभूत आँकडो को दिखाती है। इस चक्र मे सबकी सब गतियाँ - उपनति ऋतुनिष्ठ, चक्रीय तथा अनियमित आती है। चार्ट 11 7 श्रेणी मे विद्यमान ऋतुनिष्ठ विचरण दिखाता है, और चार्ट 16 4 म ठोस रेखा ऋतुनिष्ठ विचरण के लिये समजित किये जाने के बाद के आँकडो को प्रदर्शित करती है। चक्रीय गतियो को चार्ट 16 6 मे दिखाया गया है। यहाँ पर अनियमित गतिया का कोई भी चार्ट नही दिखाया गया है, परन्तु जैसे पहले देखा गया है, उन्हे चार्ट 16 7 तथा 16 8 मे देखा जा सकता है।

आँकडों का प्रारंभिक प्रतिपादन

समय-श्रेणी मे कुछ विचरण उन शब्दो के कारण है जिनमे आँकडो को व्यक्त किया गया है और कई बार समय-श्रेणी का विश्लेषण प्रारम्भ करने के पहले कुछ समजन करना उपयोगी हो सकता है।

कैलेन्डर भिन्नता—प्राय, यद्यपि सर्वदा नही, एक वर्ष मे 365 दिन होते हैं। यद्यपि प्रत्येक वर्ष मे 12 मास होते हैं तथापि महीनो की अवधि 28 से 31 दिन तक भिन्न-भिन्न होती है। स्थिति को और भी जटिल बनाने के लिये, विभिन्न मास न तो सप्ताह के उसी दिन प्रारभ होते है और न ही वही महीना अगले वर्षों मे उस दिन आरम्भ होता

चार्ट 11.7. संयुक्त राज्य मे समाचारपत्र विज्ञापन की ऋतुनिष्ठ गतियाँ, 1933—1964। आँकड़ो के स्रोतो के लिये सारणी 16 3 की टिप्पणी देखिये।

है। एक और कठिनाई महीने मे काम के दिनो की सख्या के बारे मे आती है। महीने मे न केवल शनिवारो और रविवारो की सख्या बदलती रहती है अपितु फरवरी मे जिसके 28 या 29 दिन होने है वाशिंगटन तथा लिंकन के जन्म दिवस आते है, जबकि मार्च 31 दिन का होता है परन्तु हो सकता है, उसमे कोई छुट्टी न आए। फरवरी मे काम करने के दिन कम से कम 18 हो सकते है जबकि मार्च मे अधिक मे अधिक 23 हो सकते है। ईस्टर के मार्च और अप्रैल मे दोलन भी भ्रम के तत्त्व का परिचायक है।

यद्यपि एक वर्ष के पूर्ण सप्ताहो को बराबर सख्या मे तिमाहियों मे विभक्त करना असम्भव दिखाई देता है तो भी कुछ व्यापारिक फर्मों ने इस कठिनाई को न्यूनतम करने का प्रयास किया है। कुछ फर्में 4 सप्ताह के अन्तरो का लेखा रखती है। इस प्रकार के 13 अन्तर एक वर्ष मे आते है परन्तु इस ढग से त्रैमासिक आँकडो को नही रखा जा सकता। कुछ और फर्में तिमाहियो के अनुसार वृत्त रखती है, प्रत्येक तिमाही तीन मास की होती है, पहले दो मास चार-चार सप्ताह के और तीसरा मास पाँच सप्ताह का। वास्तव मे इन दोनो योजनाओ मे से कोई भी सन्तोषजनक नही जबकि दोनो कृत्रिम महीनो मे से किसी एक मे प्रदत्त कैलेन्डर का महीना आ जाए। और किसी भी योजना के अन्तर्गत छुट्टियो के अनुपयुक्त ढग से आने से परिणाम यह होता है कि आने वाले कृत्रिम मासो मे काम करने के दिनो की सख्या बदल जाती है। कैलेन्डर के इन दोषो को दूर करने के लिये कई आन्दोलन हुए। एक योजना समरूप तिमाहियो का सुझाव देती है, प्रत्येक मे तीन मास होगे, मास समरूप नही, अपितु प्रत्येक मासिक प्रतिरूप तीस अथवा इकतीस दिनो का होगा, इन तीनो प्रतिरूपो को दोहराया जाएगा ताकि एक वर्ष मे ये चार बार आएँ। तथापि एक फालतू दिन जो साल का दिन के नाम से जाना जाएगा वर्ष के मध्य मे आएगा।

सांख्यिकी-विद् के सामने कई बार या तो महीने मे कैलेन्डर दिवसों की सख्या या एक मास मे कार्य-दिवसों की सख्या के लिये काल-श्रेणी की व्यवस्था करने की कठिनाई आती है। यदि घरो मे पानी के उपभोग के मासिक आँकडे कैलेन्डर भिन्नता के लिये समजित किये जाने है, तो समुचित समजन कार्य-दिवसो की अपेक्षा कैलेन्डर-दिवसो के आधार पर होगा। प्रत्येक मासिक आँकडे को दिनो की सख्या से भाग करके, प्रतिदिन का उपभोग बताते हुए यह समजन पूर्ण किया जाता है। यदि अको को उनके मूल विस्तार मे रखना वाछित हो तो प्रतिदिन के उपभोग को प्रति मास के दिनो की औसत सख्या से गुणा किया जा सकता है, जोकि 365 दिनो के वर्ष के लिये 365 — 12 = 30 4167 है। मासिक उत्पादन आँकडो के लिये कैलेन्डर भिन्नता के समजन मे प्रत्येक मास मे कैलेन्डर के दिनो की अपेक्षा कार्य-दिवसो की सख्या का विचार आएगा।[1]

कुछ काल-श्रेणियों का कैलेन्डर भिन्नता के लिये समजन करना पूर्णतया अनुचित होगा। बहुत से निगमों के कार्यकारी प्रशासकीय तथा पर्यवेक्षण सम्बन्धी वेतन व्यय के लिये ऐसा करना स्पष्टतया भ्रामक होगा क्योंकि इस प्रकार के वेतन मास के दिनो अथवा मास के कार्य-दिवसो की सख्या पर विचार किए बिना प्राय मासिक आधार पर दिए जाते है। समजन चाहने वाले आँकडो के लिए यह प्राय: कठिन सांख्यिकीय समस्या है कि काम करने वाले दिनों की व्यवस्था की जाए अथवा केवल कैलेन्डर-दिनो को कुछ वस्तुओ के बारे

---

1 प्रक्रिया के सम्बन्ध मे विस्तृत अनुदेशो के लिए इस पुस्तक का द्वितीय सस्करण, पृष्ठ 255—256 देखिए।

मे तर्क की दृष्टि से यह कहा जा सकता है कि महीने के भीतर छुट्टियाँ, उस मास मे उपभोक्ता त्र्यो मे कमी लाने की अपक्षा, वास्तव मे उन्हे बढा सकती है। यदि अवकाश मास के अन्तिम दिन हो और भण्डार बन्द हो तो भी इससे विक्रय घट सकते है। उन सस्थाओ का, जोकि डाक द्वारा बहुत दूर से आदेश प्राप्त करती हैं, पहले मास के अन्तिम कुछ दिनो मे होने वाले अवकाशो द्वारा विक्रय घट सकता है। तार्किक समजन का निर्धारण करना प्राय: बहुत कठिन है और सम्बन्धित व्यापार या उद्योग की जानकारी आवश्यक है। सन्देह के मामले मे प्रयोग द्वारा ऐसे नियम का निर्धारण करना सर्वदा सम्भव है जो समजन किये जाने के बाद सर्वथा निर्विघ्न परिणाम देता है। इस प्रकार का परीक्षण कोई निश्चयात्मक प्रमाण नही देता अपितु केवल काल्पनिक होता है।

जनसख्या-परिवर्तन—यह पहले ही देखा जा चुका है कि ऊर्ध्वमुखी उपनति मे एक तत्त्व जनसख्या मे वृद्धि हो सकता है। मूलभूत अको को जनसख्या के अको से विभक्त करके जनसख्या परिवर्तन के लिये आँकडो का समजन किया जा सकता है, इस प्रकार प्रति व्यक्ति आधार पर आँकडो की अभिव्यक्ति होती है। यह वैसा ही है जैसा कि चार्ट 11 2 मे किया गया था। वैकल्पिक रूप मे, चुने गए जनगणना वर्ष जैसे कि 1960, को जनगणना अको के सापेक्ष सम्बन्ध मे रखा जा सकता है जो 1 00 या 100 प्रतिशत के बराबर है। यदि मूलभूत आँकडो को जनसख्या सापेक्षो से भाग किया जाता है तो परिणामत प्राप्त अक निश्चित (1960 की) जनसख्या मे सम्बन्धित होंगे।

मूल्य परिवर्तन—ब्याज प्रायः भौतिकीय मात्रा परिवर्तनो मे केन्द्रित होता है न कि उन परिवर्तनो मे जो डालरो की मदो मे हुए है। उन श्रेणियो का जैसे कि विक्रय, आय, पदार्थों का मूल्य तथा अन्य जिन्हे मूलभूत रूप मे डालरो मे व्यक्त किया जाता है, उन शब्दो मे व्यक्त किये जाने के लिये जो कि कीमत परिवर्तनो से स्वतन्त्र हे अवश्यमेव अपस्फीतीकरण किया जाना चाहिए। डालर श्रेणी को एक उचित मूल्य सूचकाक श्रेणी से भाग करके अपस्फीतीकरण को पूर्ण किया जाता हैं। सारणी 11 1, 1959 से 1964 तक प्रतिवर्ष निर्माण उद्योगो मे उत्पादन कर्मचारियो को दी जाने वाली साप्ताहिक औसत मजदूरी को दिखाती है। साप्ताहिक मजदूरी के स्तम्भ की दाई ओर उसी वर्ष के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचकाक दिया गया है। अब यदि डालरो मे प्रतिवर्ष साप्ताहिक मजदूरी को अनुरूपी मूल्य सूचकाको (दशमलव मे अभिव्यक्त) मे विभक्त किया जाता है तो परिणाम है साप्ताहिक मजदूरी अको की श्रेणी जो मूल्यो मे परिवर्तनो के लिये समजित है। इनको स्तम्भ (4) मे दिखाया गया है और वास्तविक-मजदूरी या विशेषतया 1957—1959 डालरो की मजदूरी की शब्दावली म सकेत किया गया है। चार्ट 11.11 साप्ताहिक डालर मजदूरी तथा साप्ताहिक वास्तविक मजदूरी के वक्र दिखाता है। यद्यपि 1959—1964 के बीच कीमते चढी, तो भी साप्ताहिक वास्तविक मजदूरी ने सतत वृद्धि दिखाई। ध्यान दीजिये, सारणी 11 1 तथा चार्ट 11 8 मे प्रदर्शित, अको का औसत साप्ताहिक मजदूरी से सम्बन्ध है और उपभोक्ता मूल्य सूचकाक का अपस्फीति कारक के रूप मे उपयोग किया गया। उदाहरण के लिए वस्तुओ के थोक मूल्यो का सूचकाक सर्वथा अनुपयोगी रहता। जब तक अपस्फीति किये जाने वाले आँकडो के सम्बन्ध मे अपस्फीतिकारक का प्रयोग नही किया जाता तब तक मूल्य परिवर्तनो का एक सन्तोषजनक समजन प्राप्त नहीं किया जा सकता।

तुलनात्मकता प्राप्त करना—सांख्यिकीविदो को व्यापार मण्डलो के लिये सभी सदस्यो से शीघ्र विवरण प्राप्त करने म बहुत बडी कठिनाई प्रस्तुत होती है। उदाहरण के लिये,

चार्ट 11 8 निर्माण उद्योगों मे उत्पादन कर्मचारियो की *1959—1964* की औसत कुल साप्ताहिक आय । सारणी 11 1 के आँकड़ । वास्तविक मजदूरी उपभोक्ता मूल्य-सूचकांक के रूप मे है, जिसमे 1957—1959 = 100 ।

सारणी 11 1

निर्माण उद्योगो मे उत्पादन कर्मचारियो की औसत कुल साप्ताहिक आय तथा उपभोक्ता मूल्य सूचकाक, *1959—1964*

वर्ष (1)	साप्ताहिक आय (2)	मूल्य सूचकाक (1957—59 = 100) (3)	साप्ताहिक मजदूरी वास्तविक [स्तम्भ (2) ÷ स्तम्भ (3)] (4)
1959	$ 88 26	101 5	$87 0
1960	89 72	103 1	87 1
1961	92 34	104 2	88 6
1962	96 56	105.4	91 6
1963	99 38	106 7	93 1
1964	101 40	107 8	94,1

आँकड़ स्टैटिस्टिकल ऐब्स्ट्रैक्ट ग्राफ दि यूनाइटिड स्टट्स, *1964*, पृष्ठ 236, 356 से ।

93 फर्मे एक महीने के भीतर सूचना दे सकती है और 96 बाद मे, तो भी बाद की फर्मो मे आवश्यक रूप से सारी 93 फर्म सम्मिलित नही है। पूर्णतया उचित होने के लिए प्रति मास सारे काल की एक नई काल-श्रेणी बनाई जानी चाहिये जिसमे सभी और केवल वे सभी फर्मे सम्मिलित हो जिन्होंने विचाराधीन वर्ष मे शीघ्रता से सूचना दी हो। इस प्रकार पूर्ण काल-श्रेणी मे एक मास 93 फर्मों के लिये मापा जाएगा, और दूसरा महीना 96 के लिये। यह एक बहुत श्रमसाध्य ढग है। केवल उन फर्मों के लिये, जिन्होंने चालू महीने के लिये शीघ्रता से सूची दी हो, उनके पहले काल की प्रतिशतता को परिकलित कर और पहले महीने (जिसमे अब सारी फर्मे सम्मिलित हैं) के अको को इस प्रतिशतता से गुणा करके प्रारम्भिक अनुमान लगाना अधिक सुगम ढग है। जब सारी सूचनाएँ मिल जायें तो सशोधित अको को परिकलित किया जा सकता है। यदि एक उद्योग का विस्तार हो रहा है और नई फर्मे खुल रही है तो वास्तव मे उन सबको सम्मिलित कर लेना उचित है। वर्तमान फर्मो की बढी हुई गतिविधि या नई फर्मो के खुलने का परिणाम रोजगार तथा उत्पादन मे वृद्धि हो सकता है। इसी प्रकार फर्मो का अस्तित्व समाप्त हो सकता है और इन्हें सूचना सूची से अवश्य ही समाप्त कर दिया जाना चाहिये।

अतुलनीयता का दूसरा स्रोत यह तथ्य हो सकता है कि सूचना देने की इकाई बदल गई है। यदि यह केवल पाउड आधार से टन आधार मे परिवर्तन का प्रश्न है तो यह बात साधारण है। जहाँ पर उत्पादन प्रकार मे बदला है, वहाँ भी सन्तोषजनक हल प्राप्त करना कठिन है। उदाहरणार्थ, हम 1935 तथा 1967 के मध्य रेडियो सेटो के भौतिक उत्पादन की तुलना कैसे कर सकते है? न केवल दो वर्षो मे बेचे गए रेडियो सेटो के विभिन्न स्तरो की मात्राओ मे ही भिन्नता थी अपितु उन रेडियो सेटो की, जो कीमत, भार, ट्यूबो की सख्या अथवा अन्य शीघ्रता से मापे जाने वाले गुणो की दृष्टि से समान थे, उपभोक्ता को उपयोगिता देने की अपनी क्षमता मे भी विशाल अन्तर था।

12

काल-श्रेणी का विश्लेषण:

दीर्घकालिक उपनति—ऋजु रेखा

एक श्रेणी की उपनति को वक्र के माध्यम से वर्णित करने के प्रयास के दो महत्त्वपूर्ण कारण है। प्रथम, *उपनति से विचलनों के माप की इच्छा की जा सकती है।* इन विचलनो मे चक्रीय, ऋतुनिष्ठ, तथा अनियमित गतिया आती है। बहुधा चक्रो का अध्ययन करने के लिये, चक्रो के अलगाव के प्रयास मे इन विचलनो की प्राप्ति केवल एक पग है। दूसरे, उन कारको के प्रभाव को ध्यान से देखने के लिये जो उपनति पर पडते हैं, एक उपनति की दूसरी के साथ तुलना करने के लिये, उपनति गतिया चक्रीय उतार-चढावो पर क्या प्रभाव रखती हैं, इसकी खोज करने के लिये, अथवा उपनति के भावी व्यवहार का पूर्वानुमान करने के प्रयास मे *स्वय उपनति का अध्ययन करने की इच्छा की जा सकती है।*

जिस उद्देश्य के लिये माप लिए गए हैं वह अपनाए गए ढगो का अशत निर्धारण करता है। यदि उद्देश्य केवल मात्र चक्रो को अलग करना हो, तो यह कल्पना करना तर्कसगत है कि चुनी हुई उपनति रेखा चक्रो मे से इस प्रकार गुजरे कि प्रत्येक चक्र के धनात्मक तथा ऋणात्मक खण्डो के मध्य निकटतम सन्तुलन होने दे। वास्तव मे, वक्र द्वारा इस *उद्देश्य की पूर्ति हो गई है, ऐसा समझना हमारी इस धारणा पर निर्भर करता है* कि प्रत्येक दशा मे चक्र किससे बनता है। यदि, इसके विपरीत, उद्देश्य तुलनाएँ करना, सामान्य निष्कर्ष निकालना, तथा भविष्यवाणी करना हो, तो वक्र केवल तर्कसगत ही नही अपितु इस प्रकार के स्वभाव वाला भी होना चाहिए कि उसे शीघ्रता से गणितीय सूत्र के द्वारा व्यक्त किया जा सके। उदाहरणार्थ, ऐसे सूत्र के माध्यम से एक व्यक्ति कह सकता है कि *किसी निर्दिष्ट समय पर एक श्रेणी प्रति वर्ष* विकास का एक निश्चित अनुपात, *या एक* निश्चित मात्रा प्रदर्शित करती है, और *यदि यह प्रवृत्ति बनी रहे तो भविष्य मे* किसी विशिष्ट समय पर उपनति किसी निश्चित मूल्य पर पहुँच जाएगी। तो भी उपनति को गणितीय सूत्र द्वारा जोडने से उपनति योग से मानसिक तत्त्व को नही हटाती। साख्यिकीविद् सूत्र के उस ढग के चयन से जिसका वह प्रयोग करता है, या उन वर्षों द्वारा जिनको वह वक्र मे जोडता है, वक्र के व्यवहार को बदल सकता है। अत यह सत्य बना रहता है कि साख्यिकीविद् इस *आधार पर कि निष्पक्ष एव तर्कसगत आधार सभव है,* पहले ही ऐसा निर्णय करता है जिसे वह सोचता है कि उपनति को अवश्यमेव उसी प्रकार का दीखना चाहिये, और फिर वह ऐसे गणितीय सूत्र को चुनता है जिससे परिणाम लगभग निकटतम होगा।

निरीक्षण द्वारा आसंजित उपनति

उपनति को लेखाचित्र द्वारा वर्णित करने का सबसे सरल ढंग निरीक्षण द्वारा है। यदि उपनति सरल रेखा हो तो उसे पारदर्शक पैमाने द्वारा या पर्याप्त खिंची हुई डोरी के टुकड़े द्वारा अंकित किया जा सकता है। यदि उपनति अरेखिक है, तो उसे स्वतन्त्रहस्त से खींचा जा सकता है अथवा कील का, समजनीय वक्र पैमाने का अथवा फ्रेंच वक्र का उपयोग किया जा सकता है।[1]

चार्ट 12 1 सयुक्त राज्य अमरीका मे, 1932—1964 मे, समाचार-पत्र विज्ञापन और सीधी रेखा वाली उपनति को निरीक्षण द्वारा 1932—1960 के वर्षों से जोड़ना। विज्ञापन-वंशावली के आंकड़ सारणी 12 2 से। चार्ट 12.3 के शीर्षक के बाद टिप्पणियाँ देखिये।

चार्ट 12 1 सयुक्त राज्य अमरीका मे 1932—1960 के लिये निरीक्षण द्वारा सीधी रेखा उपनति के समाचार-पत्र विज्ञापन के साथ सलग्नता को दिखाता है। जब भी आंकडो के समूह के साथ एक वक्र को आसंजित कर दिया जाता है तो आसजन की एक कसौटी की आवश्यकता पडती है। चार्ट 12 1 की उपनति को वक्र के द्वारा इस प्रकार अंकित किया गया था कि निरीक्षण के द्वारा निर्णीत उपनति रेखा के ऊपर और नीचे के चक्रीय भाग लगभग बराबर थे। उपनति रेखा 1946 के मध्य विज्ञापन वंशावली आंकडो की लगभग औसत (निरीक्षण द्वारा निर्धारित) मे से भी होकर गुजरती है। इस अत्यधिक व्यक्तिनिष्ठ विधि पर आपत्ति की जा सकती है जैसा कि सभी व्यक्तिनिष्ठ विधियो पर किया जा सकता है व्यक्ति यह निश्चय करता है कि उसे क्या उत्तर चाहिये और फिर इसके निर्धारण

1. ये तीन युक्तियाँ उन फर्मों से प्राप्य हैं जो रेखाकारो अथवा नक्शानवीसो के उपयोग की वस्तुएं बेचती हैं।

करने को चलता है । तथापि, जैसा कि पहले बताया जा चुका है, प्राप्य बहुसख्यक गणितीय प्रविधियो मे से किसी को ध्यानपूर्वक चुनने से लगभग बहुत अधिक समान परिणाम प्राप्त किया जा सकता है ।

ऋजु रेखा का न्यूनतम-वर्ग आसजन

एक गणितीय समीकरण न केवल हमे काल-श्रेणी मे उपनति रेखा खीचने की अनुमति देता है अपितु उपनति समीकरण मे, उस उपनति की एक सक्षिप्त परिभाषा भी प्रदान करता है । यदि स्वय उपनति का अध्ययन करना हो या उसे प्रेक्षित आँकडो से परे बढाया जाना हो तो यह विशेष रूप से आवश्यक है कि उपनति की एक वस्तुनिष्ठ रूप से *निर्धारित समीकरण द्वारा व्याख्या की जाए ।*

ऋजु रेखा—वक्र का सरलतम ढग ऋजु रेखा है जिसकी $Y_c = a + bX$ प्रकार के समीकरण द्वारा व्याख्या की गई है, जिसमे X स्वतन्त्र चर है तथा Y_c आश्रित चर का उपनति मान है।[2] क्योकि विश्लेपणीय प्रत्येक श्रेणी के लिए उनके मूल्यो का निर्धारण अवश्य किया जाना चाहिये, अत. a तथा b का अज्ञातों के रूप मे सकेत किया गया है । उन्हे *स्थिरांक भी कहा जाता है क्योंकि एक बार उनके मूल्यो का निर्धारण हो जाने पर वे* परिवर्तित नही होते ।

एक सबसे सरल उदाहरण लेने के लिए, मान लीजिए कि $a=0$ तथा $b=1$; तब समीकरण $Y_c=X$ बनता है, इसका अर्थ यह है कि स्वतन्त्र चर की इकाई की प्रत्येक वृद्धि के साथ आश्रित चर भी एक इकाई बढ जाता है । इस समीकरण को चार्ट 12.2 के बाई ओर के ऊपरी खण्ड मे *अकित किया गया है । सयोगवश, यह ध्यान देना चाहिये कि* चारो चतुर्थांश इस अध्याय मे दिखाए गए है । वक्र बनाने का प्रयत्न करने से पूर्व, X तथा Y_c मानो की सारणी बनाना अच्छा है, जैसा कि चार्ट पर दिखाया गया है, जिसमे Y के परिकलित मूल्यो का अकन किया गया है, जो चुने हुए X मानो के अनुरूप है । वस्तुत इसे या किसी भी ऋजु रेखा के बनाने के लिए केवल दो बिंदुओं के आवश्यकता पडती है, *और दो X मानो को परस्पर एक दूसरे से पर्याप्त अन्तर के समझकर प्रयोग करने से सबसे* अधिक शुद्ध परिणाम प्राप्त होते है ।

अन्य ऋजु-रेखा समीकरण तथा उनके वक्र, चार्ट 12 2 के दूसरे अनुभागो मे दिखाए गए है, जिनका निरीक्षण निम्नलिखित जानकारी प्रदान करता है Y का मान a है जब कि X शून्य है (X मूलबिन्दु पर Y मूल्य), अथवा जैसा कि इसे प्राय. कहा जाता है, Y *अन्त खण्डित करती है, जबकि b पक्ति के खडेपन अथवा ढाल का सकेत करती है ।* जब b धनात्मक हो तो ढाल ऊपर की ओर होता है, जब b ऋणात्मक हो तो ढाल नीचे की ओर होता है ।

यद्यपि चार्ट 12 1 की ऋजु रेखा उपनति को निरीक्षण द्वारा प्राप्त किया गया था, आँकडो को गणितीय विधि से आसजित कर नही, तो भी हम इसके निकटतम समीकरण *का निर्धारण कर सकते है । यदि मूलबिन्दु 1932 पर लिया जाए, तो यह देखा जाएगा कि* वक्र का Y, मान 1,100 है, अत. $a=1,100$ है । b का निर्धारण करने के लिए, हमे केवल 1960 के लिए केवल उपनति के मान को जानना आवश्यक है, जो कि 2,800 है, उस मान

---

2. *Y चिह्न का आश्रित चर के प्रेक्षित मान को निर्दिष्ट करने के लिये प्रयोग किया जाएगा, जब कि Y_c प्राय गणितीय समीकरण से परिकलित किये गए मान का सकेत करता है ।*

चार्ट 12 2 ऋजुरेखा समीकरण तथा वक्र ।

तथा 1932 के लिए उपनति मान के मध्य के अन्तर को लो, और विगत वर्षों के अंक 28 के द्वारा विभक्त करो। यह हम

$$\frac{2,800-1,100}{28}=60.71,$$

प्रदान करता है जब कि b का मान अर्थात् प्रत्येक वर्ष उपनति में वृद्धि की मात्रा है। तब समीकरण है—

$$Y_c=1\,100+60.71X$$

मूलबिन्दु 1932। Y इकाइयाँ, एक वर्ष।

काल-श्रेणी उपनति समीकरण अवश्यमेव सर्वदा मूलबिन्दु तथा X इकाइयों से सम्बन्धित व्याख्या के साथ होने चाहिएँ। हम अवश्य X इकाइयों का निर्देश करना चाहिए, क्योंकि जैसा कि हम बाद में देखेंगे, व एक वर्ष छह मास, या एक मास हो सकते हैं। मूलबिन्दु का अवश्यमेव संकेत किया जाना चाहिए, क्योंकि आंकड़ों की श्रेणी जोड़ के उद्देश्यों के लिये वर्षों महीनों या अन्य कालानुक्रमिक इकाइयों द्वारा शून्य उपयोग नहीं रखती। फलतः सांख्यिकीविद इच्छानुसार X मूलबिन्दु चुन सकता है, और हम बाद में देखेंगे कि जब भी सम्भव हो कालानुक्रमिक श्रेणी के मध्य पर वह मूलबिन्दु चुनना लाभदायक रहेगा।

यदि हम चार्ट 12.1 की उपनति के समीकरण को, 1946 को मूल रूप में रखकर, पुनः लिखें, तो हमारे पास

$$Y_c=1\,949.9+60.71X$$

मूलबिन्दु, 1946, Y इकाइयाँ, एक वर्ष।

ध्यान दीजिए कि b का मान पहले जैसा है। a के नए मान को, या तो 1946 के उपनति मान का अध्ययन करके या a के पहले मान में b मान का 14 गुणा जोड़ कर, प्राप्त किया जा सकता है। *b के मान को 14 से गुणा किया जाता है क्योंकि 1946, 1932 से 14 वर्ष परे है।*

न्यूनतम वर्गों की विधि—न्यूनतम वर्गों का ढंग आंकड़ों की श्रेणी के साथ ऋजु रेखा उपनति रेखा का वस्तुनिष्ठ आसंजन प्राप्त करने की सुविधाजनक युक्ति प्रदान करता है। इसका प्रयोग कई और अधिक जटिल उपनति-प्रकारों में भी किया जा सकता है जिनमें से कुछ का वर्णन अध्याय 13 में किया जाएगा। न्यूनतम वर्ग विधि के दो उद्देश्य हैं :

1 *आसंजित ऋजु रेखा में प्रेक्षित मानों के ऊर्ध्वाधर विचलनों का योग शून्य के बराबर है। चार्ट 12.3 में 1932—1960 की उपनति रेखा से प्रत्येक Y मान में यदि एक ऊर्ध्वाधर रेखा खींची जाए तो उपनति रेखा के ऊपर की ओर बढ़ने वाली ऊर्ध्वाधर रेखाएँ उन रेखाओं का यथार्थ सन्तुलन कर देंगी जो नीचे की ओर बढ़ रही हैं। यह उपनति केवल मात्र ऋजु रेखा नहीं है जिससे विचलनों का बीजगणितीय योग शून्य के बराबर हो, वस्तुतः कोई भी ऋजु रेखा (ऊर्ध्वाधर के अतिरिक्त) जो $\bar{X}$ में से गुजरती है, $\bar{Y}$ इस आवश्यकता की पूर्ति करती है।*

2 *इन सभी विचलनों के वर्गों का योग किसी अन्य ऋजु रेखा से वर्गित ऊर्ध्वाधर विचलनों के योग से कम है।* इस दूसरी विशेषता के कारण ही आसंजन के ढंग को न्यूनतम

चार्ट 1.23. संयुक्त राज्य अमरीका मे 1932—1964 में समाचारपत्र विज्ञापन तथा उपनति जैसा कि न्यूनतम वर्ग विधि द्वारा एक ऋजु रेखा को 1932—1960 के वर्षों के साथ आसंजित दिखाया गया है। सारणी 12.2 के आंकड़े। ध्यान दीजिये कि हो सकता है दो उपनतियाँ प्रयुक्त की गई हों, एक श्रेणी के प्रथम भाग के लिये और दूसरी श्रेणी के बाद (देखें पृष्ठ 251—252 के भागके लिये।

वर्गों का ढंग भी कहते हैं।[3] जब इस दूसरी आवश्यकता को पूर्ण करने के लिये एक वक्र को आसंजित किया जाता है तो प्रथम आवश्यकता की स्वतः पूर्ति हो जाती है।[4]

---

3 यह दिखाया जा सकता है कि उन विचलनों को प्राप्त करने की अधिकतम सम्भावना, जो किसी परिकलित मान अथवा मानों की श्रेणी के गिर्द प्रसामान्य रूप से वंटित हों, तब प्राप्त होती है, जब वर्गित विचलनों का योग न्यूनतम हो (देखिए परिशिष्ट घ, परिच्छेद 12 1)। यदि यह विश्वास हो कि समुचित प्रसामान्यक से विचलन आकस्मिक त्रुटियां हैं, तो इसका अभिप्राय यह है कि न्यूनतम वर्गों की विधि आसजन की समुचित विधि है। बीजगणितीय रूप मे भी यह विधि सुविधाजनक है जिसमें विद्यार्थी सहसम्बन्ध विश्लेषण तथा प्रसरण के विश्लेषण के सम्बन्ध मे देख सकता है। उपनति रेखा के गिर्द काल-श्रेणी के उतार-चढ़ाव, फिर भी, स्वतन्त्र आकस्मिक घटनाएँ नहीं होते तथा यह शंकास्पद है कि उपनति आसजन में न्यूनतम वर्गों की विधि के प्रयोग का सुविधा के अतिरिक्त कोई अन्य विशेष कारण है। इस ग्रन्थ मे वर्णित उपनतियों मे से कुछ, वास्तव में, अन्य विधियों से आसंजित हैं। कुछ सांख्यिकीविद् तो यहाँ तक कहते हैं कि काल-श्रेणी उपनतियों के लिए न्यूनतम वर्गों की कसौटी समुचित नहीं है क्योंकि काल-श्रेणियाँ कभी-कभी चरम विचलनों का रूप ग्रहण कर लेती हैं जो प्रसामान्य सिद्धान्त के अनुकूल नहीं होता। हाँ, न्यूनतम वर्गों की विधि वर्ग बनाने की प्रक्रिया के कारण, चरम विचलनों से विशेष रूप मे प्रभावित होती है।

4. Y_c मानों का माध्य Y मानों के माध्य के समान ही होता है। यह परिशिष्ट घ, परिच्छेद 19.1 मे दिखाया गया है। फिर भी, उस व्याख्या को पढ़ने से पूर्व पाठक को इस अध्याय के अगले अनुभाग को ध्यानपूर्वक देख लेना चाहिए।

एक प्रकार से न्यूनतम वर्ग द्वारा विधि उपनति आसंजित रेखा समान्तर माध्य के समान है, क्योंकि समान्तर माध्य मानों की श्रेणी की अपेक्षा एक अकेला मान है जो आँकड़ों के समुच्चय को संक्षिप्त करता है और जिसमें अभी अभी वर्णित दो विशेषताएँ हैं।

प्रसामान्य समीकरण—यह पहले ही विचार किया जा चुका है कि ऋजु रेखा समीकरण के अन्तर्गत दो स्थिर a तथा b आते हैं। आसंजित ऋजु रेखा के लिये a तथा b के मान प्रेक्षित आंकड़ों से निर्धारित किये जाने चाहिएँ, फलतः दो *प्रसामान्य समीकरण* प्राप्त किए जाने चाहिये और युगपत् हल किए जाने चाहियें। ये प्रसामान्य समीकरण हैं

$$\text{I} \quad \Sigma Y = Na + b\Sigma X,$$

$$\text{II} \quad \Sigma XY = a\Sigma X + b\Sigma X^2$$

इस बिन्दु पर इन प्रसामान्य समीकरणों की प्राप्ति[5] के प्रयत्न के बिना यह देखने के लिये कि ये दोनों समीकरण किस प्रकार प्राप्त होते हैं, हम सरल निदर्शी आँकड़ों के समुच्चय

सारणी 12.1

न्यूनतम वर्ग की विधि द्वारा ऋजु रेखा के निदर्शी आंकड़ों X तथा Y के साथ आसंजन के योगों तथा प्रसामान्य समीकरणों का निर्धारण।

			प्रथम प्रसामान्य समीकरण का निर्धारण		द्वितीय प्रसामान्य समीकरण का निर्धारण			
X	Y	प्रेक्षण समीकरण $Y=a+bX$	a का गुणांक	a के गुणांक से गुणा किया गया प्रेक्षित समीकरण स्तम्भ (3) × स्तम्भ (4)	b का गुणांक	b के गुणांक से गुणा किया गया प्रेक्षित समीकरण स्तम्भ (3) × स्तम्भ (6)	XY	X^2
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
0	2	$2=a$	1	$2=a$	0	...	0	0
1	1	$1=a+b$	1	$1=a+b$	1	$1=a+b$	1	1
2	3	$3=a+2b$	1	$3=a+2b$	2	$6=2a+4b$	6	4
3	2	$2=a+3b$	1	$2=a+3b$	3	$6=3a+9b$	6	9
4	4	$4=a+4b$	1	$4=a+4b$	4	$16=4a+16b$	16	16
5	3	$3=a+5b$	1	$3=a+5b$	5	$15=5a+25b$	15	25
6	5	$5=a+6b$	1	$5=a+6b$	6	$30=6a+36b$	30	36
21	20	..	..	$20=7a+21b$	...	$72=21a+91b$	74	91

5. दो प्रसामान्य समीकरणों की प्राप्ति के लिये परिशिष्ट घ, परिच्छेद 12.2 देखिये।

का प्रयोग करेंगे। आँकडे सारणी 12 1 के स्तम्भ 1 तथा 2 एव चार्ट 12 4 मे दिखाए गए हैं, जहाँ यह देखा जा सकता है कि X तथा Y मानो के 7 जोडे है। अत पहले हम सात प्रेक्षण समीकरणों को लिखेंगे और फिर उनसे दो प्रसामान्य समीकरण प्राप्त करेंगे। सारणी 12 1 के स्तम्भ 3 मे सात प्रेक्षण समीकरण दिखाए गए है। क्योकि प्रेक्षित आँकडे ऋजु रेखा पर नही पडते, अत सात प्रेक्षण समीकरण सभी एक दूसरे के अनुरूप नही हैं। दो प्रसामान्य समीकरणो का यह उद्देश्य है कि वे हम इन प्रेक्षण समीकरणो के औसत हल के एक ढग पर पहुँचा दें।

प्रथम प्रसामान्य समीकरण, प्रत्येक प्रेक्षण समीकरण को उस समीकरण मे 1 के गुणाक से गुणा करके तथा जोड कर प्राप्त किया जाता है। a के गुणाक जा 1 हैं, सारणी 12 1 के स्तम्भ 4 मे दिखाए गए हैं। स्तम्भ 5, पुन प्रेक्षण समीकरण (अपरिवर्तित क्योकि a के सभी गुणाक 1 थे) तथा उनके योग प्रदर्शित करता है, जो प्रथम प्रसामान्य समीकरण है।

द्वितीय प्रसामान्य समीकरण प्राप्त करने के लिये प्रत्येक प्रेक्षण समीकरण को उस समीकरण मे b के गुणाक से गुणा किया जाता है और योग प्राप्त कर लिया जाता है। b के गुणाक सारणी 12 1 के स्तम्भ 6 मे दिखाए गए हैं और गुणनो के परिणाम स्तम्भ 7 मे दिये गए हैं। स्तम्भ 7 का योग द्वितीय प्रसामान्य समीकरण है।

चार्ट 12 4 एक ऋजु रेखा, न्यूनतम वर्गों की विधि द्वारा, निदर्शी मानो के एक समुच्चय मे आसनित कर दी गई है। सारणी 12 1 के आँकडे।

अब दो प्रसामान्य समीकरण स्थापित किये जा सकते हैं :

$$\text{I.}\quad 20 = 7a + 21b.$$

$$\text{II}\quad 74 = 21a + 91b$$

इनको युगपत् रूप से हल करने के लिये हम प्रसामान्य समीकरण I को 3 से गुणा करते हैं और इसे प्रसामान्य समीकरण II में से घटाते है, इस प्रकार a का उन्मूलन किया जाता है और एक अज्ञात b के द्वारा एक समीकरण प्राप्त किया जाता है :

$$\begin{aligned} \text{II.}\quad & 74 = 21a + 91b, \\ (\text{I} \times 3).\quad & \underline{60 = 21a + 63b,} \\ & 14 = 28b, \\ & b = 0.5. \end{aligned}$$

a का मान प्राप्त करने के लिये हम b के मान का I या II किसी एक समीकरण मे प्रतिस्थापन कर देते है। प्रसामान्य समीकरण I का प्रयोग करते हुए :

$$\begin{aligned} 20 &= 7a + 21(0.5), \\ &= 7a + 10.5 \\ 7a &= 9.5, \\ a &= 1.357 \end{aligned}$$

पड़ताल के रूप में, a तथा b के मान का प्रसामान्य समीकरण II में निम्न प्रकार प्रतिस्थापन कर सकते है

$$\begin{aligned} 74 &= 21(1.357) + 91(0.5), \\ &= 28.5 + 45.5, \\ &= 74.0. \end{aligned}$$

आसजित ऋजु रेखा (जिसे चार्ट 12.4 पर दिखाया गया है) को अब लिखा जा सकता है

$$Y_c = 1.36 + 0.5X.$$

ध्यान दीजिये कि इस प्रसग मे मूलबिन्दु या X इकाइयो का वर्णन करना आवश्यक नही था, क्योंकि X मान तिथियाँ नही थी।

पूर्वगामी उदाहरण एक विशेष दृष्टान्त था जिसके अन्तर्गत मानो के केवल 7 जोड़े आते हैं। अधिक सामान्य होने के लिये, आओ हम मानो के N जोड़ो के लिये प्रेक्षण समीकरण को निम्नलिखित प्रकार से लिखे :

$$\begin{aligned} Y_1 &= a + bX_1 \\ Y_2 &= a + bX_2 \\ Y_3 &= a + bX_3 \\ &\cdot \quad \cdot \quad \cdot \\ &\cdot \quad \cdot \quad \cdot \\ &\cdot \quad \cdot \quad \cdot \\ Y_N &= a + bX_N. \end{aligned}$$

ग्रब यदि हम इन प्रेक्षण समीकरणों मे से प्रत्येक को a के गुणाक (जो 1 है) से गुणा करें, तो वे ग्रपरिवर्तित रहते है ग्रौर उनका योग है

$$\text{I} \quad \Sigma Y = Na + b\Sigma X$$

यह प्रथम प्रसामान्य समीकरण है। द्वितीय प्रसामान्य समीकरण प्राप्त करने के लिये हम प्रत्येक प्रेक्षण समीकरण को उस समीकरण मे b के गुणाक से गुणा करते है, तथा जोडकर, प्राप्त करते है

$$X_1Y_1 = aX_1 + bX_1^2,$$
$$X_2Y_2 = aX_2 + bX_2^2,$$
$$X_3Y_3 = aX_3 + bX_3^2,$$

$$X_N Y_N = aX_N + bX_N{}^2,$$
$$\text{II} \quad \overline{\Sigma XY = a\Sigma X + b\Sigma X^2}$$

ध्यान दीजिये, हम ΣaX तथा ΣbX^2 की ग्रपेक्षा $a\Sigma X$ तथा $b\Sigma X^2$ लिखते है क्योंकि a ग्रौर b स्थिर है।

ग्रब हम एक ऋजु रेखा उपनति के लिये दो प्रसामान्य समीकरणों का प्रयोग करने की स्थिति मे है। हमे ग्रौर प्रेक्षण समीकरण स्थापित करने की ग्रावश्यकता नही पडेगी, केवल प्रसामान्य समीकरणो की ग्रावश्यकता होगी। सारणी 12 1 के निदर्शी ग्रॉकडो के लिये केवल स्तम्भ *1, 2, 8,* ग्रौर 9 के योग तथा N मान का प्रयोग होता है, दो प्रसामान्य समीकरणो के लिए प्रदान करते हुए

$$\text{I} \quad 20 = 7a + 21b,$$
$$\text{II} \quad 74 = 21a + 91b,$$

जो कि वैसा ही है, जैसा कि सारणी के स्तम्भ 5 तथा 7 मे दिखाए गए दो समीकरण है।

हम इस तथा ग्रध्याय 13 मे न्यूनतम वर्ग के सिद्धान्त द्वारा न केवल उपनति रेखाग्रो को जोडने के लिये दो या ग्रधिक प्रसामान्य समीकरणा का प्रयोग करगे, ग्रपितु हम उनका प्रयोग ग्रध्याय 19, 20, तथा 21 मे भी करेंगे जब हम रेखिक, ग्ररेखिक तथा बहुविध सह सबधो का वर्णन करेंगे ग्रौर इसका प्रयोग ग्रध्याय 22 म भी किया जाएगा जहाँ हम काल-श्रेणी का सहसम्बन्ध बताएँगे।

वर्षों की विषम सख्या—सारणी 12 2 के ग्राकडे तथा चाट 12 3 का ठोस वक्र सयुक्त राज्य ग्रमरीका म 1932—1964 के समाचारपत्रो म विज्ञापन की मात्रा को पक्तियो (दस लाख) मे प्रदर्शित करते हैं। हम 1932—1964 के ग्रॉकडो मे एक ऋजु रेखा जोड देंगे ग्रौर उस उपनति रेखा का 1964 मे से विस्तार करेंगे। दो प्रसामान्य समीकरणो .

$$\text{I} \quad \Sigma Y = Na + b\Sigma X,$$
$$\text{II} \quad \Sigma XY = a\Sigma X + b\Sigma X^2,$$

का उपयोग, ऋजु रेखा उपनति के लिए a तथा b के मानो का निर्धारण करन के लिये किया जाएगा। तो भी, उन्हे इस ढग से सरल करना सम्भव है कि दोनो समीकरणो का

सारणी 12 2

1932—1960 मे सयुक्त राज्य मे ऋजु रेखा को समाचारपत्र विज्ञापन के आंकडों के साथ जोडने के लिये मानो की सगणना

(पक्तियाँ, दस-लाख मे)

वर्ष	X	Y	XY		उपनति मान Y_c
1932	−14	1,164 8	−16 307 2		857 4
1933	−13	1,065 5	−13,851 5		933 7
1934	−12	1,178 9	−14,146 8		1,010 0
1935	−11	1,246 0	−13,706 0		1,086 2
1936	−10	1 380 0	−13,800 0		1,162 5
1937	− 9	1 409 8	−12,688 2		1,238 8
1938	− 8	1 225 4	− 9,803 2		1,315 0
1939	− 7	1 243 6	− 8 705 2		1,391 3
1940	− 6	1,268 6	− 7,611 6		1,467 6
1941	− 5	1 313 2	− 6,566 0		1,543 9
1942	− 4	1,241 8	− 4,967 2		1,620 1
1943	− 3	1,396 4	− 4,189 2		1.696 4
1944	− 2	1,361 3	− 2 722 6		1,772 7
1945	− 1	1,391 6	− 1,391 6	−130,456 3	1,848 9
1946	0	1 729 7	0		1,925 2
1947	1	2,008 6	2 008 6		2,001 5
1948	2	2,263 3	4,526 6		2.077 7
1949	3	2 302 1	6 906 3		2,154 0
1950	4	2,440 2	9,760 8		2 230 3
1951	5	2,478 3	12,391 5		2,306 6
1952	6	2,505 4	15,032 4		2,382 8
1953	7	2 610 5	18,273 5		2,459 1
1954	8	2,581 3	20,650 4		2 535 4
1955	9	2,843 5	25,591 5		2,611 6
1956	10	2,911 0	29,110 0		2,687 9
1957	11	2,829 1	31,120.1		2,764 2
1958	12	2,685 6	32,227 2		2,840 4
1959	13	2,865 3	37,248 9		2,916 7
1960	14	2,888 6	40,440 4	285,288 2	2,993 0
1961	15*	2,777 0*	.		3,069 3
1962	16*	2,798.3*	...		3,145 5
1963	17*	2,858 6*			3,221 8
1964	18*	2,973 4*	.		3,298 1
योग	0	55,829 4		154,831 9	

*उपनति का परिकलन करने के लिये अप्रयुक्त।

आंकड़े सर्वे आफ करेन्ट बिजनेस के विभिन्न अको से।

युगपत् हल आवश्यक नहीं होगा। इस तथ्य के कारण कि वर्ष X चर को बनाते हैं, हमें उस चर के लिये एक मूलबिन्दु को चुनना चाहिये। अब, हम जो वर्ष चाहे चुन सकते हैं तथा सारणी 12 2 में यह देखा जा सकता है कि 1946 में X मूलबिन्दु लिया गया था। मूलबिन्दु को मध्य वर्ग 1946 पर लेकर हमने X मानो के योग को शून्य के बराबर बनाया, इस परिणाम के साथ कि प्रमामान्य समीकरणों को अब इस प्रकार लिखा जा सकता है :

$$\text{I.} \quad \Sigma Y = Na,$$

$$\text{II.} \quad \Sigma XY = b\Sigma X^2.$$

अब प्रसामान्य समीकरण I, a का मान देता है और प्रसामान्य समीकरण II, b का मान देता है। सारणी 12 2, ΣY तथा ΣXY का परिकलन प्रदर्शित करती है। वर्षों की सख्या को गिन कर या अन्तिम में से पहले वर्ष को घटाकर तथा एक जोड कर N प्राप्त किया जाता है। ΣX^2 के मान का परिकलन सारणी 12.2 में किया जा सकता था। तथापि, काल-श्रेणी समस्या के लिये यह कदापि आवश्यक नहीं है, क्योंकि प्राकृतिक सख्याओं (1, 2, 3, · ·) की श्रेणी के वर्गों के योगों को परिशिष्ट ख से पढा जा सकता है या उस परिशिष्ट में दिये गए सूत्र द्वारा परिकलन किया जा सकता है। प्रथम 14 प्राकृतिक अंकों के वर्गों का योग परिशिष्ट ख में 1,015 दीखता है, अत समाचारपत्र विज्ञापन आँकड़ो के लिए, $\Sigma X^2 = 2(1,015) = 2,030$। अब हम दो प्रसामान्य समीकरणों में प्रतिस्थापन करके प्राप्त करेंगे ·

$$\text{I.} \ a = \frac{\Sigma Y}{N} = \frac{55,829.4}{29} = 1,925\ 2 \text{ तथा}$$

$$\text{II.} \ b = \frac{\Sigma XY}{\Sigma X^2} = \frac{154,831.9}{2,030} = 76.2719.$$

उपनति समीकरण है

$$Y_c = 1,925\ 2 + 76\ 27X.$$

मूलबिन्दु, 1946, X इकाइयाँ, 1 वर्ष।

प्रत्येक वर्ष के लिये उपनति मान सारणी 12.2 के अन्तिम स्तम्भ में दिखाए गए हैं। उपनति समीकरण में उचित X मान (चिन्ह के साथ) की प्रतिस्थापना द्वारा एक उपनति मान प्राप्त किया जाता है। जब सभी वर्षों के लिये उपनति मानो की आवश्यकता पडती है, तो 1,925 2 लाख पक्तियो के a मान को 1946 के विपरीत रखकर तथा बार-बार b मान को 1947—1964 के वर्षों के लिए जोड कर उनको बडी शीघ्रता से प्राप्त किया जा सकता है। 1945 से 1932 तक के लिये b के मान को बार-बार 1946 के उपनति मान[6] में से घटाया जाता है। श्रेणी की उपनति को चार्ट 12.3 में दिखाया गया है। क्योंकि दो बिन्दु एक ऋजु रेखा का निर्धारण करते है, अतः इसे 1932 तथा 1960 के उपनति मानो में

6. बारम्बार जोड परिकलन यत्र से किये जा सकते हैं या योग करने वाले यत्र पर प्रत्येक बार जोड-कर और अग्र योग करके किये जा सकते हैं। बारम्बार घटाव भी इसी प्रकार में किए जा सकते हैं। यदि ऐसे जोड करने वाले यत्र का प्रयोग किया जाता है जिसमें घटाव कुंजी नहीं है तो सर्वोत्तम यह है कि पहले प्रथम वर्ष के उपनति मान का परिकलन करो और फिर बारम्बार जोड से अन्यों को प्राप्त करो।

परिकलन किया जा सकता है। प्रथम 11 विषम प्राकृतिक ग्रकों के वर्गों के योग को परिशिष्ट ग से 1,771 देखा जाता है, ग्रत $\Sigma X^2 = 2(1,771) = 3,542$ ग्रब हम a तथा b

चार्ट 12 5 सयुक्त राज्य ग्रमरीका मे 1941—1962 मे शकरकन्द का उत्पादन, तथा उपनति जो न्यूनतम वर्गों की विधि द्वारा ऋजु रेखा के साथ ग्रासजित दिखाई गई है। सारणी 12 3 के आँकड़े।

के लिए दो प्रसामान्य समीकरणो का हल कर सकते हैं

$$\text{I} \quad a = \frac{\Sigma Y}{N} = \frac{528.2}{22} = 24.0.$$

$$\text{II} \quad b = \frac{\Sigma XY}{\Sigma X^2} = \frac{-1,956.4}{3,542} = -0.55$$

तथा उपनति समीकरण है

$$Y_c = 24.0 - 0.55X$$

मूलबिन्दु 1951—1952 $\quad X$ इकाइयाँ, $\frac{1}{2}$ वर्ष।

इस उपनति को चार्ट 12 5 मे एक खण्डित रेखा द्वारा दिखाया गया है।

ध्यान दीजिये कि शकरकन्द के उत्पादन की उपनति का ग्रधोगामी ढाल है। उपनति समीकरण मे चिन्ह b, ΣXY के परिकलन के फलस्वरूप प्राप्त हुग्रा है। जब योग ऋणात्मक हो तब यह ऋणात्मक होता है ग्रौर योग धनात्मक हो तो यह धनात्मक होता है।

सारणी 12 3

1941—1962 मे सयुक्त राज्य अमरीका मे शकरकन्द की उपज के आंकडो के साथ ऋजु रखा को जोडने के लिए मानों का परिकलन

(दस लाख हड्डवेट मे)

वष	X	Y	XY		उपनति मान
1941	—21	34 4	—722 4		35 6
1942	—19	36 0	—684 0		34 5
1943	—17	39 1	—664 7		33 4
1944	15	37 5	—562 5		32 3
1945	13	33 7	—438 1		31 2
1946	—11	33 5	—368 5		30 1
1947	— 9	27 3	—245 7		29 0
1948	— 7	23 7	—165 9		27 9
1949	— 5	24 8	—124 0		26 8
1950	3	27 3	— 81 9		25 7
1951	— 1	16 0	— 16 0	—4 073 7	24 6
1952	1	16 0	16 0		23 5
1953	3	19 0	57 0		22 4
1954	5	17 2	86 0		21 3
1955	7	21 6	151 2		20 2
1956	9	17 4	156 6		19 1
1957	11	18 1	199 1		18 0
1958	13	17 6	228 8		16 9
1959	15	18 9	283 5		15 8
1960	17	15 4	261 8		14 7
1961	19	15 2	288 8		13 6
1962	21	18 5	388 5	2 117 3	12 5
योग	0	528 2		—1 956 4	

आकड सयक्त रा य क कृषि विभाग की एग्रिकलचर स्टटिस्टिक्स 1963 पष्ठ 248 तथा *हिस्टारिकल स्टटिस्टिक्स आफ दि यूनाइटिड स्टटस* पष्ठ 303 से

समीकरणो का मासिक आधार पर अनुकूलन

पूर्वोक्त उदाहरणो मे उपनति रेखाएँ मासिक की अपेक्षा वार्षिक आंकडो के साथ आसजित की गई थी। मासिक आकडो मे ऋजु रेखा उपनति को जोडने की प्रक्रिया वार्षिक आकडो मे आसजन की प्रक्रिया से भिन्न नही होती परन्तु 12 बार उन प्रक्षित मानो पर विचा किया जाता है और क्योकि X मान वहत्तर हो जाते हैं तो श्रम को 12 से अधिक से गुण कर दिया जाता है। इसलिय यह उचित है कि पहले उपनति रेखा को वार्षिक आकडो,

से मासजित कर दिया जाए और फिर उपनति को मासिक आधार पर बदल दिया जाये। परिणाम सामान्यतया वही होता है जो उस समय आता यदि उपनति को मासिक आंकडो से आसजित किया जाता। कुछ परिस्थितियो मे वार्षिक आंकडो से उपनति को प्राप्त करना अधिक पसद किया जाता है क्योंकि एक तीव्र ऋतुनिष्ठ गति की विद्यमानता मासिक आंकडा से मासजित उपनति को विकृत कर सकती है।

वार्षिक योग-X इकाइयाँ एक वर्ष—1932—1960 के समाचारपत्र विज्ञापन के वार्षिक आंकडो के लिए उपनति को, 1946 के मूलबिन्दु तथा एक वर्ष की X इकाइयो के साथ $Y_c = 1,925\ 2 + 76\ 27X$ पाया गया। आधारभूत आंकडे प्रति वर्ष विज्ञापन की पक्तियो के प्रति दस लाख मे थे, अत प्रत्येक अक उस वर्ष का योग था जिसका वह सकेत करता था।

a के लिए प्राप्त मूल्य (चार अको तक) 1,925 2 मिलियन पक्तियाँ, और $a = \frac{\Sigma Y}{N} =$ 1,925 2, 1932—1960 के वर्षों के लिए 29 अको का समान्तर माध्य था। क्योंकि अक 1,925 2 वार्षिक योगो का a मान था, अत मासिक रूपो मे a मान इसके बारहवें भाग के बराबर होगा, या 160 4333 मिलियन पक्तियाँ होगा।

वार्षिक आंकडो से, b को 762 7 मिलियन पक्तियाँ पाया गया। अब सपूर्ण वर्ष के लिए समाचारपत्र विज्ञापन की मात्रा मे यह वार्षिक वृद्धि है। यदि हम वार्षिक योगों को 12 से विभक्त कर दें तो हमे *मासिक उपनति वृद्धि* प्राप्त होती है। क्योंकि अब भी हमारे पास वार्षिक योग हैं, इसलिए हमे अको को घटाकर *प्रति मास* पक्तियो को लाखो मे लाने के लिए पुन 12 से भाग करना पडेगा। हम एक ही समय मे, 144 से भाग देकर, 76 27 ÷ 144 = 0 5297 मिलियन पक्तियों का मासिक b मान प्रदान करते हुए, इन दोनो कार्यो को तुरन्त पूर्ण करते है। मासिक रूपो मे समीकरण है

$$Y_c = 160\ 4333 + 0\ 5297X$$

मूलबिन्दु, जून—जुलाई 1946 X इकाइयाँ, 1 मास।

हमारा समजन एकदम पूर्ण नही हुआ है। इस कारण कि एक वर्ष मे मासो की सख्या सम होती है अभी अभी प्राप्त समीकरण का एक मूलबिन्दु है जो दो मध्य मासो के बीच मे पडता है और इसलिए मौलिक मासिक आकडो से आधा मास पीछे है।[7] अत *दो मासो के मध्य स्थित मूलबिन्दु को किसी सुविधाजनक मास तक सरका देना चाहिए।* आओ हम इसे जुलाई 1946 तक सरका दे। यह केवल मात्र a के मान का मासिक b मान के आधे द्वारा बढाने का सकेत करता है या $(0\ 5X0\ 5297) = 0\ 2649$ b। मान अपरिवर्तित रहता है। तब नया समीकरण है

$$Y_c = 160\ 6982 = 0\ 5297X$$

मूलबिन्दु जुलाई 1946, X इकाइयाँ, 1 मास।

हम केवल पांच अको का अभिलख रखेंगे जब हम सारणी 16 3 म इस समीकरण का प्रयोग मासिक उपनति माना को प्राप्त करने के लिय करेंगे।

---

7 यह हमेशा सच रहेगा चाहे मौलिक आकड महीने के प्रारम्भ के हो, महीने के मध्य के हो, महीने के अन्त के हो या किसी अन्य प्रकार के हो। यह उस समय नही होगा जब कि 13 मास के वष का प्रयोग किया जाता है।

वार्षिक योग—X इकाइयाँ एक छमाही—जब 19411—962 के शकरकद उत्पादन मे ऋजु रेखा उपनति आसजित की गई थी तो फलत समीकरण की X इकाइयाँ छमाही मे थी क्योंकि आँकड़े वर्षों की सम सख्या पर लागू होते थे।[8] शकरकद उत्पादन की वार्षिक उपनति समीकरण को एक मासिक आधार मे बदलना विशेष रूप से सार्थक नही होगा क्योंकि शकरकद का उत्पादन वर्ष मे प्रति मास नही होता। न ही निदर्शन यहाँ पर आवश्यक है क्योंकि प्रविधि पूर्णतया वैसी ही है जैसा कि अभी-अभी वर्णित की गई है, सिवाय इस बात के कि b मान को 144 की अपेक्षा $6 \times 12 = 72$ से भाग दिया जाता है। यह इस कारण मे है क्योंकि b मान वार्षिक उपनति समीकरण मे उस वृद्धि का सकेत करता है जो उपनति मे प्रत्येक छ मास के काल मे होती है।

मासिक औसतें—X इकाइयाँ, एक वर्ष—यदि एक ऋजु रेखा उपनति को वार्षिक आँकडो से आसजित कर दिया गया है जो कि वर्षों की प्रत्येक विषम सख्या के लिए मासिक औसते हैं तो केवल मात्र वार्षिक b को 12 से भाग देने की और मूलबिन्दु को सरकाने की आवश्यकता पड़ती है ताकि यह मासिक आँकडो के अनुरूप हो जाए। कल्पना कीजिये कि निर्मित वस्तु के उत्पादन की 1942—1966 वर्षों के लिए उपनति को प्राप्त कर लिया गया है जिसकी वार्षिक उपनति निम्नलिखित समीकरण है :

$$Y_c = 2{,}430 + 24.0X.$$

मूलबिन्दु, 1954, X इकाइयाँ, 1 वर्ष।

मूल आँकडे क्योंकि प्रत्येक वर्ष के लिए मासिक औसतें हैं, अत a के मान के समजन की आवश्यकता नही है। b का मान वार्षिक वृद्धि को व्यक्त करता है और मासिक उपनति वृद्धि ज्ञात करने के लिए उसे 12 मे भाग देना आवश्यक है। तब मासिक उपनति समीकरण होगी

$$Y_c = 2{,}430 + 2.0X$$

मूलबिन्दु, जून—जुलाई 1940, X इकाइयाँ, 1 मास।

समजन को पूर्ण करने के लिए, हमे समीकरण के मूलबिन्दु को आवश्य सरका देना चाहिए ताकि दो मासों के मध्य पड़ने की अपेक्षा इसका सयोग एक मास पर पड़े। यदि मूलबिन्दु को जून 1954 तक सरका दिया जाए, तो केवल मात्र यह आवश्यक है कि a के मान का मासिक b मान के आधे के बराबर कम कर दिया जाए, जिससे प्राप्त होगा

$$Y_c = 2{,}429 + 2.0X$$

मूलबिन्दु, जून 1954, X इकाइयाँ, 1 मास।

मासिक औसत—X इकाइयाँ, एक छमाही—प्रविधि वैसी ही है जैसी अभी वर्णित की गई है सिवाय इसके कि अर्ध-वार्षिक b को 6 से भाग किया जाता है।

---

8 एक वार्षिक उपनति समीकरण को, शकरकन्द उत्पादन के समान सरकाया जा सकता था ताकि X इकाइयाँ छमाही के स्थान पर एक वर्ष हो जाती। इसके लिए केवल b के मान को दुगना करने की आवश्यकता होती है। फिर भी मूलबिन्दु को सरकाना भी आवश्यक होगा ताकि वह दो वर्षों के मध्य न पड़ कर एक वर्ष पर पड़े।

वार्षिक ऋजु रेखा उपनति समीकरणों को मासिक आधार पर सरकाने की प्रविधि की पूर्ववर्ती व्याख्या का सदर्भ के उद्देश्यो से, निम्न प्रकार से सार-निरूपण किया जा सकता है :

वार्षिक समीकरण मे X इकाई	आँकडो का प्रकार			
	मासिक औसतें		वार्षिक योग	
	a	b	a	b
एक वर्ष	कोई परिवर्तन नही	12 से भाग करो	12 से भाग करो	144 से भाग करो
छ मास	कोई परिवर्तन नही	6 से भाग करो	6 से भाग करो	72 से भाग करो

सभी परिस्थितियो मे, मूलबिन्दु अवश्य सरका दिया जाना चाहिये ताकि वह दो मासो के मध्य पडने की अपेक्षा एक मास पर पडे।

उपनति विश्लेषण के लिये काल-चयन

सामान्यत जब उपनति का निर्धारण किया जाना हो तो यथासम्भव अधिक से अधिक लम्बा काल ग्रहण करना उचित है। यह अभ्यास उपनति की अधिक विश्वस्त व्याख्या को जन्म देता है और एक ऐसी व्याख्या को जो एक या दो विस्तृत चक्रीय गतियो से कम प्रभावित होती है ।

यदि श्रेणी की उपनति की प्रकृति बदल चुकी है तो दो उपनतियो का प्रयोग करना आवश्यक हो सकता है । दो उपनतियो को एक साथ गूंथ कर जोडना सम्भव हो सकता है अथवा नही भी हो सकता । 1930 की मदी इतनी भयकर थी कि कुछ श्रेणियो के लिए अब यह दिखाई देता है कि इसकी प्रकृति पुन समजन की अधिक रही है । फलत यदा कदा पुन समजन से पहले वर्षो के लिये एक उपनति का प्रयोग किया जा सकता है, परन्तु पुन समजन के पश्चात् आने वाले वर्षो के लिये उससे भिन्न उपनति का। चार्ट 12 3 मे दिखाए गए, समाचारपत्र विज्ञापन के आँकडो के साथ दो उपनतियो को आसजित करना सम्भव था परन्तु हमने एक अधिक लम्बे समय पर लागू होने वाली केवल एक उपनति को दिखाने के लिए उन आँकडो को चुना था ।

कौनसा काल प्रयोग म लाया जाए इस सम्बन्ध मे निर्णय करने से पूर्व यह महत्त्वपूर्ण है, कि श्रेणी के पहले कुछ वर्षो तथा बाद के कुछ वर्षो की ओर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए। यदि आँकडे केवल दस या पन्द्रह वर्षो को आवृत्त करते हैं तो यह विशेष महत्त्व की बात है अधिक लम्बे कालो के लिय यह कम महत्त्वपूर्ण है। प्रथम वर्ष मन्दी वाला और अन्तिम वर्ष सम्पन्नता वाला नही होना चाहिय, क्योकि यह उन्नत उपनति को बहुत अधिक सीधी या खडी बना देगा बहुत अधिक बडा हो जाएगा। इसके विपरीत, यदि प्रथम वर्ष सम्पन्नता का होता जबकि अन्तिम वर्ष मन्दी का था तो ढाल, यदि ऊर्ध्वगामी होता, तो पर्याप्त बडा न होता b बहुत छोटा होता। ढाल म इस प्रकार के निरर्थक कारको के प्रवेश को रोकने के लिये प्रथम तथा अन्तिम वर्ष, चक्र की विपरीत दिशाओ

पर होने चाहियें (उपनति की विपरीत दिशाओं पर नहीं) और उपनति के ऊपर या नीचे लगभग समान अन्तर पर होने चाहिये। इस प्रकार चार्ट 12 6 में $CD = C'D'$ तथा D से D' तक बढाए गए आंकडो से आसजित उपनति का एक ढाल सही होगा।

न केवल ढाल ही सही होना चाहिए, बल्कि उपनति का स्तर भी उपयुक्त होना चाहिए। यदि चार्ट 12 6 के D से D' तक जाते हुए आँकडो के साथ उपनति जोडी हुई हो तो उपनति का स्तर बहुत अधिक ऊँचा होगा। उपनति को B से B' तक जाने वाले काल से जोड दिया जाना चाहिये। इसका परिणाम उपनति के लिये एक उचित स्तर होगा, क्योंकि क्षेत्र ABE तथा $A'B'E$ में प्रत्येक एक चक्र के एक-चौथाई के बराबर है—पहले तथा अन्तिम वर्ष दोनों विशेष रूप से महामन्दियों के निम्न बिन्दु नहीं हो सकते, क्योंकि तब उपनति के स्तर को नीचा कर देंगे, a बहुत छोटा हो जाएगा। इसके विपरीत, अन्तिम वर्ष विशिष्ट सम्पन्नता के दोनों उच्च बिन्दु नहीं होने चाहियें। क्योंकि तब वे अनुचित रूप से उपनति के स्तर को बढा देंगे।

चार्ट 12 6 चक्र तथा उचित उपनति।

समाचारपत्र विज्ञापन के लिये उपनति को 1932—1960 के वर्षों के साथ जोड दिया गया था। यद्यपि, जैसा कि चार्ट 12 3 में देखा जा सकता है, श्रेणी, चक्र की समान स्थिति में प्रारम्भ तथा समाप्त नहीं होती तो भी उपनति सन्तोषजनक है क्योंकि आवृत्त काल अपेक्षतया लम्बा है। यदि पूर्ववर्ती कुछ वर्षों को हटा दिया जाता अथवा बाद के कुछ वर्षों को सम्मिलित कर लिया जाता तो उपनति समीकरण में कौनसे परिवर्तन हुए होते? 1932—1960 के काल के लिये पहले प्राप्त समीकरण 1946 पर मूलबिन्दु तथा X इकाइयाँ 1 वर्ष के साथ था

$$Y_c = 1,925\ 2 + 76\ 27X$$

उसी मूलबिन्दु तथा X इकाइयों का प्रयोग निरन्तर करते रहने से पाठक सारणी 12 2 पर आधारित परिकलनों द्वारा पडताल कर सकता है कि यदि प्रथम चार वर्षों को हटा दिया जाय तो 1936—1960 के लिए उपनति समीकरण

$$Y_c = 1,877\ 0 + 85\ 00X$$

होगा। पिछले अनुच्छेदों में दिए गए नियमों को ध्यान में रखते हुए, 1936—1960 के वर्ष उपनति निर्धारण के लिए 1932—1960 वर्षों की अपेक्षा अधिक उचित है। तथापि, श्रेणी की लम्बाई के कारण परिणामों में थोडा सा अन्तर है, 1936—1960 समीकरण को, यदि

चार्ट 12.3 पर खींचा जाता तो 1932—1960 उपनति से अन्तर केवल अन्त मे मालूम किया जा सकता था।

यदि अन्तिम चार वर्षों को जोड दिया जाता तो 1932—1964 के लिये उपनति समीकरण निम्नलिखित होता :

$$Y_c = 1\,897.8 + 69\,82X$$

इस समीकरण का भी, यदि चार्ट 12 3 पर खीचा जाए, केवल अन्त मे 1932—1960 उपनति से अन्तर मालूम किया जा सकता था।

उपनति के प्रकार का चयन

क्योंकि अब तक की चर्चा निरीक्षण द्वारा उपनतियो को जोडने, और न्यूनतम वर्गों की विधि द्वारा ऋजु रेखाओ को जोडने तक सीमित रही है, अत यहाँ पर उपनति के प्रकार के सम्बन्ध मे अधिक कहने को नही है। आगामी अध्याय मे वर्णित कुछ अतिरिक्त प्रकारो पर विचार करने के बाद हम यह विचार करने के लिये अधिक अच्छी अवस्था मे होगे कि बहुत से सम्भव उपनति प्रकारो मे से कौनसा सबसे अधिक उचित है।

प्रथम पग के रूप मे, मौलिक आँकडो को हमेशा आरेखित करना चाहिये और उनका परीक्षण करना चाहिये। निरीक्षण द्वारा एक प्रायोगिक उपनति बनाना भी उपयोगी हो सकता है। कई बार निरीक्षण द्वारा जोडी हुई उपनति पर्याप्त हो सकती है, परन्तु जब स्वयं उपनतिका ही अध्ययन किया जाना हो, या उसे बढाना हो, तो एक गणितीय समीकरण का उपयोग किया जाना चाहिये। यदि चार्ट के आँकडो का परीक्षण दर्शाता है कि उपनति रेखिक नही है तो अध्याय 13 मे वर्णित उपनति के प्रकारो मे से एक उचित हो सकता है। चुनी हुई उपनति का प्रकार ऐसा होना चाहिये जो उस श्रेणी के संदर्भ मे जिसका वह वर्णन करता है तथा उस श्रेणी पर प्रभाव डालने वाली शक्तियो के संदर्भ मे तर्कसगत होना चाहिए। यही कारण है कि एक ऋजु रेखा से जो वृद्धि तथा कमी की स्थिर मात्रा दर्शाती है, विवर्धित काल के लिये एक श्रेणी की उचित उपनति बनाने की आशा नही की जा सकती।

13

काल-श्रेणी का विश्लेषण : दीर्घकालिक उपनति II—अरेखिक उपनतियाँ

अध्याय 12 में केवल सरलतम प्रकार के उपनति समीकरण, ऋजु रेखा, का वर्णन किया गया। यह देखा गया था कि एक ऋजु रेखा श्रेणी की उपनति के लिए पर्याप्त अच्छा विवरण प्रदान कर सकती है, पर लम्बे कालों के लिए किसी प्रकार की वक्र रेखा की आवश्यकता पड सकती है। यह अध्याय कुछ अरेखिक समीकरण के प्रकारों की विशेषताओं का वर्णन करेगा, यह वर्णन करेगा कि उन्हें कैसे आसजित किया जाए, और कुछ संकेत देगा कि विभिन्न उपनति प्रकारों में चयन किस प्रकार प्रारम्भ करें।

साधारण बहुपद

वक्रों के इस परिवार में अपने अधिक प्राथमिक प्रतिनिधि के रूप में सरल रेखा आती है, जिसके, यह स्मरण होगा, दो स्थिरांक हैं। ऋजु रेखा तथा चार अन्य बहुपदों को नीचे दिखाया गया है .

प्रथम अंश (ऋजु रेखा)..... ....$Y_c=a+bX.$

द्वितीय अंश.. ....$Y_c=a+bX+cX^2.$

तृतीय अंश............ .... $Y_c=a+bX+cX^2+dX^3.$

चतुर्थ अंश... ....$Y_c=a+bX+cX^2+dX^3+eX^4.$

पंचम अंश . . .. $Y_c=a+bX+cX^2+dX^3+eX^4+fX^5.$

जब सीधी रेखा के समीकरण में एक तृतीय स्थिरांक को जोड दिया जाता है तो द्वितीयांश वक्र, जिसका एक मोड है, प्राप्त हो जाता है। द्वितीयांश वक्र में मोड होने के कारण वक्र का ढाल सतत परिवर्तित हो रहा है। यदि X मूल्यों की पर्याप्त संख्या को सम्मिलित कर लिया जाता है, तो द्वितीयांश वक्र के एक भाग का ढाल धनात्मक तथा दूसरे भाग का ऋणात्मक होगा। इसका अवलोकन चार्ट 13.1 में किया जा सकता है जिसमें आठ द्वितीयांश वक्रों को दिखाया गया है।

द्वितीयांश समीकरण में जुड़ा हुआ प्रत्येक स्थिरांक वक्र में एक अतिरिक्त मोड उत्पन्न कर सकता है। इस प्रकार, एक तृतीयांश वक्र के दो मोड हो सकते हैं, जैसा कि चार्ट 13.2 में दिखाया गया है। चार्ट 13 2 में दो वक्रों में से नीचे वाला इस बात को प्रदर्शित करता है कि तृतीयांश वक्र का ढाल धनात्मक से ऋणात्मक या ऋणात्मक से धनात्मक दो बार बदल सकता है। क्योंकि ढाल की दिशा में इस प्रकार का परिवर्तन चतुर्थांश वक्र में तीन बार और पंचमांश वक्र में चार बार हो सकता है, अत. इससे परिणाम निकलता है कि चतुर्थांश तथा पंचमांश वक्रों का सपात, दीर्घकालीन उपनति की धारणा से, जिसमें हमें

रुचि है, कठिनाई से होगा। परिणामत, हम आगे चतुर्थांश तथा पंचमांश वक्र की ओर कोई ध्यान नहीं देंगे अपितु द्वितीयांश वक्र के आसजन की प्रक्रिया का कुछ विस्तार से वर्णन करेंगे और तृतीयांश वक्र के विषय में सक्षेप से विचार करेंगे।

चार्ट 13 1 द्वितीयांश समीकरण तथा वक्र।

द्वितीयांश वक्र—द्वितीयांश वक्र ऋजुरेखा से थोडा-सा जटिल है क्योंकि इसके अन्तर्गत ऋजु रेखा के लिए समीकरण में cX^2 का जोड आता है, जिससे निम्नलिखित प्राप्त होता है :

$$Y_c=a+bX+cX^2$$

आठ द्वितीयांश समीकरण, जो चार्ट 13 1 मे आरेखित किए गए है, समीकरण के इस प्रकार के लचीलेपन का कुछ आभास प्रदान करते है । इस प्रकार काल-श्रेणी से आभजित

X	Yc
-3	-6 95
-2	-3 00
-1	- 45
0	1 00
1	1 65
2	1 80
3	1 75
4	1 80
5	2 25
6	3 40
7	5 55
8	9 00

X	Yc
-5	6 75
-4	3 80
-3	2 25
-2	1 80
-1	2 15
0	3 00
1	4 05
2	5 00
3	5 55
4	5 40
5	4 25
6	1 80
7	-2 25
8	-8 20

चार्ट 13 2 तृतीयांश समीकरण तथा वक्र ।

इस प्रकार के वक्राशो का ढाल ऊर्ध्वगामी या अधोगामी हो सकता है (या एक अश मे ऊर्ध्वगामी और दूसरे मे अधोगामी) और ऊपर की ओर अवतल या नीचे की ओर अवतल हो सकता है। जब कि एक ऋजुरेखा वृद्धि या कमी की एक स्थिर मात्रा का सकेत करती है, वहाँ एक द्वितीयाश वक्र के अन्तर्गत वृद्धि या कमी की बढती हुई या घटती हुई मात्राएँ आती है। अधिक विशेष रूप से व्यजक $Y_c = a + bX + cX^2$ से प्राप्त मूल्यो के दूसरे अन्तर स्थिर है।[1]

द्वितीयाश वक्र का आसजन—क्योंकि द्वितीयाश वक्र मे तीन स्थिराक या अज्ञाताक है, अत निम्नलिखित तीन प्रमामान्य समीकरणो की आवश्यकता पडती है·

$$\text{I} \quad \Sigma Y = Na + b\Sigma X + c\Sigma X^2$$

$$\text{II} \quad \Sigma XY = a\Sigma X - b\Sigma X^2 + c\Sigma X^3$$

$$\text{III} \quad \Sigma X^2Y = a\Sigma X^2 + b\Sigma X^3 + c\Sigma X^4$$

चार्ट 13 3 सयुक्त राज्य मे 1947—1964 मे अशोधित जिप्सम उत्पादन, तथा उपनति जैसी एक द्वितीयाश वक्र से दिखाई गई है। सारणी 13 1 के आँकड़े।

---

1 चार्ट 13 1 के परिच्छेद 2 के लिए Y_c मूल्यो का विचार करने पर यह देखा जा सकता है, जिसके लिये समीकरण $Y_c = -1 + 2X - 0\ 3X^2$ है

X	Y_c	प्रथम अन्तर	द्वितीय अन्तर	X	Y_c	प्रथम अन्तर	द्वितीय अन्तर
−3	−9.7			2	1.8	−1.1	−0 6
−2	−6 2	−3 5		3	2.3	−0 5	−0 6
−1	−3 3	−2 9	−0 6	4	2 2	0 1	−0 6
0	−1 0	−2 3	−0 6	5	1.5	0 7	−0 6
1	0 7	−1 7	−0 6	6	0 2	1 3	−0 6

तथापि, हम इन परिणामो के साथ कि X की सभी विषम घातों का योग शून्य है, एक काल-श्रेणी का वर्णन कर रहे है, और मूल बिन्दु पहले की भाँति वर्ष (या किसी अन्य इकाई) के मध्य मे या दो मध्य वर्षो के बीच मे लिया जा सकता है। अत तीन प्रसामान्य सकीकरण निम्नलिखित बन जाते हैं

$$\text{I} \quad \Sigma Y = Na + c\,\Sigma X^2.$$
$$\text{II} \quad \Sigma XY = b\Sigma X^2$$
$$\text{III} \quad \Sigma X^2Y = a\Sigma X^2 + c\,\Sigma X^4.$$

ध्यान दीजिये, कि तीन समीकरणो को सम्मिलित रूप मे हल किए जाने के पूर्व समीकरण *II से b का मान प्राप्त किया जाता है जब कि a तथा c के मान समीकरण I तथा III को* एक साथ हल करने से प्राप्त होत है। मध्य वर्ष का मूलबिन्दु के रूप मे प्रयोग करने से हम श्रम मे बहुत बचत कर सकते है।

सारणी 13 1 और चार्ट 13 3, 1947 से 1964 तक के वर्षो के लिए सयुक्त राज्य अमरीका मे अशोधित जिप्सम के उत्पादन को प्रदर्शित करते हैं। श्रेणी की उपनति रैखिक नही है और ये आंकडे द्वितीयाश वक्र के जोड के हमारे उदाहरण का आधार बनेंगे। तीन प्रसामान्य समीकरणों को N ΣY ΣXY, तथा ΣX^2Y के साख्यिकीय मानों की, जिन्हे सारणी 13 1 मे से प्राप्त किया जा सकता है तथा ΣX^2 और ΣX^4 (प्रथम नौ विषम प्राकृतिक म का के लिए) मानों की, जिन्हे परिशिष्ट ग से पढा जा सकता है, आवश्यकता पडती है। तीन प्रसामान्य समीकरणो मे प्रतिस्थापन से निम्नलिखित प्राप्त होते हैं .

$$\text{I.} \quad 163{,}178 = 18a + 1{,}938c.$$
$$\text{II.} \quad 207{,}396 = 1{,}938b.$$
$$\text{III} \quad 16{,}734.682 = 1{,}938a + 374{,}034c$$

b का मान द्वितीय प्रसामान्य समीकरण से दिया जाता है

$$1{,}938b = 207{,}396,$$
$$b = 107\ 015.$$

तत्पश्चात्, *a तथा c का मान* प्रसामान्य समीकरण I तथा III को एक साथ हल करके प्राप्त किया जाता है। पग ये हैं:

1 प्रसामान्य समीकरण I को 193 से गुणा करो और इस नए प्रकार के प्रसामान्य समीकरण I मे से प्रसामान्य समीकरण III को घटाओ और इस प्रकार a का मान प्राप्त होगा।[2]

$$\begin{aligned} (\text{I} \times 193).\quad 31{,}493{,}354 &= 3{,}474a + 374{,}034c. \\ \text{III} \quad 16{,}734{,}682 &= 1{,}938a + 374{,}034c. \\ \hline 14{,}758{,}672 &= 1{,}536a \\ a &= 9{,}608.51041. \end{aligned}$$

---

2. गुणा करने वाला गुणनखण्ड 193, प्रसामान्य समीकरण III मे c के गुणाक को प्रसामान्य समीकरण I मे *c* गुणाक से भाग करके प्राप्त होता है। अर्थात, $\Sigma X^4 - \Sigma X^2 = 374{,}034 - 1{,}938 = 193$. जब दोनो समीकरणो को एक साथ हल कर रहे हो तो अज्ञात के गुणाको के भजनफल से समीकरणों में से एक को गुणा करके और एक समीकरण मे से दूसरे समीकरण को घटा कर उस अज्ञात का निरसन किया जा सकता है, *जिसे हटाना है।*

सारणी 13.1

संयुक्त राज्य अमरीका में 1947—1964 में, अशोधित जिप्सम उत्पादन के द्वितीयांश वक्र के साथ जोड़ के मानों का परिकलन

(प्रति हजार छोटे टन मे)

वर्ष	X	उत्पादन Y	XY	X^2Y	उपनति मानो की सगणना X^2	$a+bX$	cX^2	उपनति मान Y^2
1947	−17	6,208	−105,536	1,794,112	289	7,789 3	−1,457 7	6,332
1948	−15	7,255	−108,825	1,632,375	225	8,003 3	−1 134 9	6,868
1949	−13	6,608	− 85,904	1,116,752	169	8,217 3	− 852 4	7,365
1950	−11	8,193	− 90,123	991,353	121	8,431 4	− 610 3	7,821
1951	− 9	8,666	− 77,994	701,946	81	8,645 4	− 408 6	8,237
1952	− 7	8,415	− 58,905	412,335	49	8,859 4	− 247 2	8,612
1953	− 5	8,293	− 41,465	207,325	25	9,073 4	− 126 1	8,947
1954	− 3	8,996	− 26,988	80,964	9	9,287 5	− 45 4	9,242
1955	− 1	10,684	− 10,684	10,684	1	9 501 5	− 5 0	9,497
1956	1	10,316	10,316	10,316	1	9,715 5	− 5 0	9,711
1957	3	9,195	27,585	82,755	9	9,929 6	− 45 4	9,884
1958	5	9,600	48,000	240,000	25	10,143 6	− 126 1	10,018
1959	7	10,900	76,300	534,100	49	10,357 6	− 247 2	10 110
1960	9	9,825	88,425	795,825	81	10,571.7	− 408 6	10.163
1961	11	9,500	104,500	1,149,500	121	10,785 7	− 610 3	10,175
1962	13	9,969	129,597	1,684,761	169	10,999 7	− 852 4	10,147
1963	15	10,169	152,535	2,288,025	225	11,213 7	− 1,134 9	10,079
1964	17	10,386	176,562	3,001,554	289	11,427 8	− 1,457 7	9,970
योग	0	163,178	+207,396	16,734,682	1,938	...	...	...

हिस्टॉरिकल स्टेटिस्टिक्स ऑफ दि युनाइटिड स्टेट्स, पृष्ठ 364, स्टेटिस्टिकल ऐब्स्ट्रैक्ट ऑफ दि यूनाइटिड स्टेट्स *1964*, पृष्ठ *727*, *1962* पृष्ठ *712*, तथा सर्वे ऑफ करेन्ट बिज़नेस के विभिन्न अंको से।

2. c का मान प्राप्त करने के लिए प्रसामान्य समीकरण I में a का मान प्रतिस्थापित करो।

$$\text{I} \quad 163,178 = 18(9,608\ 51014) + 1,938c$$
$$1\ 938c = -9,775\ 1874$$
$$c = -5\ 04395634.$$

3 a तथा c के लिए प्राप्त मानो को प्रसामान्य समीकरण III मे प्रतिस्थापित करो।

यह पग 1 तथा 2 मे परिकलनो की जाँच के रूप मे कार्य करता है।

$$\text{III} \quad 16\ 734\ 682 = 1\ 938(9\ 608\ 51041) + 374\ 034(-5\ 04395634),$$
$$= 16\ 734\ 682$$

द्वितीयाश उपनति समीकरण को अब इस प्रकार लिखा जा सकता है

$$Y_c = 9\ 608\ 51 + 107\ 015X - 5\ 0440X^2$$

मूलबिन्दु 1955−1956, X इकाइया, $\frac{1}{2}$ वर्ष।

उपनति माना का परिकलन सारणी 13 1 के अन्तिम चार स्तम्भो मे दिखाया गया है। चार्ट 13 3 मे दिखाई गई उपनति इन उपनति मानो को आरेखित करने का परिणाम है। ध्यान दीजिये अशोधित जिप्सम का उत्पादन सबधित वर्षों मे साढे चार चक्रो को प्रदर्शित करता हुआ प्रतीत होता है।

तृतीयांश वक्र

द्वितीयाश वक्र के समीकरण मे एक और स्थिराक को जोड कर हम वक्र मे एक और मोड डालने के योग्य हो जाते है। जब ऋजु रेखा का केवल एक ही ढाल होता है, वहाँ द्वितीयाश वक्र (चार्ट 13 1) एक स्थल पर धनात्मक दिशा की ओर जाता है तथा अन्य स्थल पर ऋणात्मक दिशा की ओर जाता है और तृतीयाश वक्र (चार्ट 13 2) मे ढाल की तीन दिशाएँ हो सकती है।

एक तृतीयाश वक्र के लिए चार प्रसामान्य समीकरण आवश्यक हैं

$$\text{I} \quad \Sigma Y = Na + b\Sigma X + c\Sigma X^2 + d\Sigma X^3.$$
$$\text{II} \quad \Sigma XY = a\Sigma X + b\Sigma X^2 + c\Sigma X^3 + d\Sigma X^4$$
$$\text{III} \quad \Sigma X^2Y = a\Sigma X^2 + b\Sigma X^3 + c\Sigma X^4 + d\Sigma X^5.$$
$$\text{IV} \quad \Sigma Y^3Y = a\Sigma X^3 + b\Sigma X^4 + c\Sigma X^5 + d\Sigma X^6$$

पुन यदि X मूलबिन्दु को काल के मध्य मे लिया जाता है तो निम्नलिखित समीकरणों को छोडते हुए X की विषम घाता का योग शून्य होता है

$$\text{I} \quad \Sigma Y = Na + c\Sigma X^2$$
$$\text{II} \quad \Sigma XY = b\Sigma X^2 + d\Sigma X^4$$
$$\text{III} \quad \Sigma X^2Y = a\Sigma X^3 + c\Sigma X^4$$
$$\text{IV} \quad \Sigma X^3Y = b\Sigma X^4 + d\Sigma X^6$$

इस अवस्था मे समीकरणों के साथ हमे चार युगपत् समीकरणों का हल नही करना पडता, यद्यपि वह आवश्यक होता यदि मूलबिन्दु काल के मध्य की अपेक्षा कही और लिया जाता। समीकरण I तथा III को एक साथ हल करके a तथा c के मानो को प्राप्त कर लिया

जाता है, समीकरण II तथा IV का युगपत् हल b तथा d के मान देता है। आंकों के केवल एक स्तम्भ का, उनके अतिरिक्त जो सारणी 13 1 मे दिखाए गए हैं, परिकलन किया जाना चाहिए, इस स्तम्भ का शीर्षक X^3Y है जिसका योग ΣX^3Y प्रदान करता है। ध्यान दीजिए समीकरण I तथा III बिल्कुल वैसे है जैसे कि द्वितीयाश वक्र के लिए थे। परिणामत, आंकड़ों के एक प्रदत्त समुच्चय के लिए a तथा c के मान द्वितीयाश वक्र तथा तृतीयाश वक्र के लिए समान होगे।[3]

लघुगणकों का प्रयोग

लघुगणको से आसजित ऋजु रेखा—चार्ट 13 4 पर डाली गई एक दृष्टि यह पर्याप्त स्पष्ट कर देती है कि $Y_c = a + bX$ प्रकार का वक्र दिखाए गए समय के लिये एस्फाल्ट के उत्पादन की उपनति का सन्तोषजनक विवरण नही होगा। एक द्वितीयाश वक्र प्रयोग मे लाया जा सकता है, परन्तु एक अधिक तर्क-सगत उपनति समीकरण प्राप्य है। इस श्रेणी

चार्ट 13 4 1952—1963 मे सयुक्त राज्य अमरीका मे पैट्रोलियम से एस्फाल्ट का उत्पादन तथा उपनति जैसा कि ऋजु रेखा को आंकड़ों के लघुगणको से आसजित कर दिखाया गया है। ध्यान दीजिये कि इस चार्ट का अकगणितीय ऊर्ध्वाधर पैमाना है और उपनति रेखा थोड़ी सी मुड़ी हुई है। सारणी 13 2 के आंकड़े।

---

3 देखें, आर० ए० फिशर द्वारा लिखित स्टैटिस्टिकल मैथड्स फॉर रिसर्च वर्कर्स तेरहवां सस्करण, हाफ्नर पब्लिशिंग कम्पनी, न्यूयार्क 1958, अध्याय V और VI. आर० ए० फिशर तथा एफ० येट्स द्वारा लिखित स्टैटिस्टिकल टेबल्स फॉर बायलॉजिकल, ऐग्रिकल्चरल एण्ड मैडिकल रिसर्च, तृतीय सस्करण, हॉफ्नर पब्लिशिंग कम्पनी, न्यूयार्क, 1949, पृष्ठ 23—25 तथा 70—80 भी देखिए। लाम्बिक बहुपदों के विवरण के लिए, इस पुस्तक का दूसरा सस्करण, पृष्ठ 289—290 देखिए।

से ग्रासजित द्वितीयाश वक्र इस प्रकार से व्यवहार करेगा कि प्रति वर्ष वृद्धि की मात्रा समान दर से बढ़ती जाएगी, यह वही बात है जैसे कि यह कहना कि उपनति मानो का दूसरा अन्तर एक स्थिराक है, परन्तु इन अतिरिक्त शर्तों के साथ कि (1) उपनति ऊर्ध्वगामी है तथा (2) दूसरे अन्तर धनात्मक हैं। अब $Y_c = ab^X$ प्रकार का वक्र परिवर्तन के स्थिर अनुपात का सकेत करता है, और यदि इस प्रकार का वक्र चार्ट 13.4 के आँकड़ों मे जोड़ना होता तो यह स्पष्ट है कि अनुपात 1 0 से कम होने की अपेक्षा 1.0 से बडा होता। कहने का आशय यह है कि श्रेणी बढ रही है। एस्फाल्ट उत्पादन के आँकडो को चार्ट 13.5 में अर्धलघुगणकीय कागज पर खींचा गया है, और यह दृष्टिगोचर होता है कि उपनति' जो चार्ट 13.4 मे रैखिक नहीं थी अब रेखिक है। यह $Y_c = ab^X$, प्रकार के समीकरण, चरघाताकी वक्र की उपयुक्तता का सकेत करता है।

यह सम्भव नहीं है कि चरघाताकी वक्र को न्यूनतम वर्गों के द्वारा सीधे Y मानो से आसजित कर दे, तथापि हम मूल आँकडो के लघुगणको के साथ न्यूनतम वर्गों को आसजित कर सकते हैं, और इसका परिणाम है उपनति मानो से प्रेक्षित मानो के लघुगणको के वर्गित विचलनो को न्यूनतम करना। घातीय समीकरण को लघुगणकीय अवस्था मे रखने से प्राप्त होता है

$$\text{लघु } Y_c = \text{लघु } a + X \text{ लघु } b,$$

जो X तथा लघु Y के सबध मे एक ऋजु रेखा है। प्रसामान्य समीकरण हैं

$$\text{I} \quad \Sigma \text{ लघु } Y = N \text{ लघु } a + \text{लघु } b\Sigma X$$

$$\text{II} \quad \Sigma X \text{ लघु } Y = \text{लघु } a\Sigma X \text{ लघु } b\Sigma X^2$$

चार्ट 13 5 1952-1963 मे सयक्त राज्य अमरीका मे पैट्रोलियम से एस्फाल्ट का उत्पादन, तथा उपनति जैसा कि ऋजु रेखा को आँकड़ों के लघुगणकों के साथ जोड कर दिखाया गया है। ध्यान दीजिये कि इस चार्ट का लघुगणकीय ऊर्ध्वाधर पैमाना है और उपनति रैखिक है। सारणी 13 2 के आँकड़े।

क्योंकि X मूलबिन्दु को काल के मध्य म लिया जा मकता है इसलिए $\Sigma X = 0$, ग्रत इन समीकरणो को लिखा जा सकता है

I Σ लघु $Y = N$ लघु a

II ΣX लघु $Y =$ लघु $b \, \Sigma X^2$

सारणी 13 2

1952—1963 मे सयुक्त राज्य ग्रमरीका मे पैट्रोलियम से एस्फाल्ट उत्पादन के लघुगणको के साथ ऋज रखा के ग्रासजन के लिए मानो का परिकलन

(छोट टन सहस्रा मे)

वर्ष	X	उत्पादन Y	लघु Y	X लघु Y	उपनति मान लघु Y_c	Y_c
1952	−11	12 784	4 106667	−45 173337	4 110353	12,893
1953	−9	13 165	4 119421	−37 074789	4 128751	13 451
1954	−7	13,620	4 134177	−28 939239	4 147150	14 033
1955	−5	15 113	4 179350	−20 896750	4 165548	14 640
1956	−3	16 479	4 216931	−12 650793	4 183947	15 274
1957	−1	15 579	4 192539	− 4 192539	4 202346	15,935
1958	1	16 251	4 210880	4 210880	4 220744	16 624
1959	3	17 753	4 249272	12 747816	4 239143	17 344
1960	5	17 940	4 253822	21 269110	4 257541	18 094
1961	7	18 513	4 267476	29 872332	4 275940	18,877
1962	9	19 923	4 299354	38 694186	4 294338	19 694
1963	11	20 354	4 308650	47 395150	4 312737	20 547
योग	0		50 538539	+ 5 262027		

आँकड स्टैटिस्टिका एब्स्ट्रैक्ट ग्राफ दि युनाइटिड स्टटस के विभिन्न अको से।

सारणी 13 2 म दिखाए गए जोडो का प्रयोग करन हुए तथा परिशिष्ट ग से ΣX^2 प्राप्त करते हुए हमारे पास है

I 50 538539 = 12 लघु a

लघु a = 4 211545.

II 5 262027 = 572 लघु b

लघु b = 0 00919935

उपनति समीकरण लघुगणकीय रूप म है

लघु Y_c = 4 211545 + 0 00919935 X

मूलबिन्दु 1957—1958 X इकाइयाँ, ½ वर्ष।

a तथा b प्राप्त करने के लिए हम लघु a तथा लघु b के प्रतिलघुगणकों को देखते है और तब हम उपनति समीकरण को प्राकृतिक रूप म लिख सकते है

$$Y_c = (16,275\ 9)(1\ 0214)^X$$

मूलबिन्दु, 1957—1958, X इकाइयाँ, ½ वर्ष।

प्रत्येक वर्ष के लिए लघु Y_c मानो तथा Y_c मानो को सारणी 13 2 के अन्तिम दो स्तम्भो म दिखाया गया है। Y_c उपनति मानो को चार्ट 13 4 और 13 5 दोनो मे दिखाया गया है। उपनति का चार्ट 13 5 पर खीचने के लिए, 1952 तथा 1963 के लिये Y_c मानो को प्राप्त करना इन दोनो मानो को आरेखित करना तथा उनको एक ऋजु रेखा से जोड़ना, केवल यह आवश्यक था। उपनति को चार्ट 13 4 पर खीचने मे सभी, या लगभग सभी, उपनति मानो को आरेखित करने की आवश्यकता पडती है।

$Y_c = (16,275\ 9)(1\ 0214)^X$ के रूप म लिखित उपनति समीकरण हमे बताता है कि 1957 तथा 1958 के बीच मध्य बिन्दु का उपनति मान 16,275 9 हजार छोटे टन था, और विचाराधीन काल के मध्य एस्फाल्ट उत्पादन की मात्रा मे वार्षिक वृद्धि 2 14 प्रतिशत थी। सयोगवश, 16,275 9 हजार छोटे टन Y मानो का गुणोत्तर माध्य है। क्योकि गुणोत्तर माध्य सदैव समांतर माध्य से थोडा छोटा होता है, और क्योंकि इस उपनति के लिए लघुगणकों के (मूल आँकडो की अपेक्षा) विचलनो के वर्गो का योग न्यूनतम पर होता है अत इससे परिणाम निकलता है कि चार्ट 13 4 की उपनति रेखा के ऊपर विचलनो का योग उपनति रेखा से नीचे के विचलनो के योग से थोडा सा अधिक है। यह इस प्रकार की उपनति की एक अल्प कमी है। तथापि चार्ट 13 5 मे उपनति रेखा के किसी एक ओर मापे गए विचलनो का अवश्यमेव निरसन हो जाता है। इसके अतिरिक्त, इस

चार्ट 13 6 1929—1961 मे आइसक्रीम का स्वदेशीय उत्पादन, तथा उपनति जैसी कि आँकडों के लघुगणकों से आसजित द्वितीयाश वक्र के द्वारा दिखायी गई है। सारणी 13 3 के आँकडे।

बात मे कुछ अच्छाई है कि लघुगणको का प्रयोग उनके निरपेक्ष विचलनो की अपेक्षा उनके सापेक्ष उतार चढावो की महत्ता को बराबर करता है। यह विशेष रूप से उपयुक्त होता है जब उपनति के निम्न भाग के गिर्द लघु चक्रीय विचरण हो और उपनति के ऊपरी भाग के गिर्द दीर्घ (अर्थात्, निरपेक्ष रूप से दीर्घतर) चक्रीय विचरण हो। इस प्रकार की परिस्थिति मे, केवल बड़े चक्रो की अपेक्षा सभी चक्रो मे से उपनति रेखा के गुजरने की अधिक सभावना है। यह सूत्र लघुगणको के आसजन की तकनीकी असुविधा का आवश्यकता से अधिक प्रतिसतुलन कर सकता है।

लघुगणको से आसजित द्वितीयाश वक्र—कभी-कभी ऐसे आँकडो से पाला पडता है जो, जब कि उन्हे अर्ध लघुगणकीय कागज पर खीचा जाता है, ऊपर अथवा नीचे की ओर अवतल होते हुए वक्रता को प्रदर्शित करना जारी रखते हैं। चार्ट 13.6 तथा सारणी 13.3, 1929—1961 के लिए आइस क्रीम के स्वदेशीय उत्पादन की एक ऐसी श्रेणी प्रदर्शित करते है जो यह सकेत करते हुए कि वृद्धि का अनुपात गिर रहा है, नीचे की ओर अवतल है। लघु Y_c=लघु $a+X$ लघु $b+X^2$ लघु c का प्रयोग करते हुए हम द्वितीयाश वक्र को Y मानो के लघुगणको के साथ आसजित कर सकते है। X मूलबिन्दु को काल के मध्य मे लेते हुए, तीन प्रसामान्य समीकरण है

I. Σ लघु $Y= N$ लघु $a+$ लघु $c\Sigma X^2$

II ΣX लघु $Y=$ लघु $b\Sigma X^2$

III ΣX^2 लघु $Y=$ लघु $a\Sigma X^2+$ लघु $c\Sigma X^4$

परिशिष्ट ख से हम जान लेते है कि $\Sigma X^2=2(1,496)=2,992$ तथा $\Sigma X^4=2(234,848)=487,696$ है। दूसरे सभी मानो को सारणी 13.3 से प्राप्त किया जा सकता है और हम प्रसामान्य समीकरणो को निम्न प्रकार मे हल करते हैं :

II ΣX लघु $Y=$ लघु $b\Sigma X^2$

$57\,402463=2,992$ लघु b

लघु $b=0\,0191854$

I Σ लघु $Y=N$ लघु $a+$ लघु $c\Sigma X^2$

III. ΣX^2 लघु $Y=$ लघु $a\Sigma X$ $+$ लघु $c\Sigma X^4$

I $86\,539428=33$ लघु $a+2,992$ लघु c

III $7,751\,942035=2,992$ लघु $a+487,696$ लघु c

$(1\times 90\,666667)$ $7,846\,241501=2\,992$ लघु $a+271,274\,67$ लघु c.

III. $7,751\,942035=2\,992$ लघु $a+487,696$ लघु c

$94\,299466=$ $-216,421\,33$ लघु c

लघु $c=-0\,000435722$

I $86\,539428=33$ लघु $a+(2,992)(-0\,000435722)$.

33 लघु $a=87\,843108$.

लघु $a=2.661912$.

सारणी 13 3

1929—1961 में संयुक्त राज्य मे आइसक्रीम उत्पादन के द्वितीयाश वक्र के लघुगणको से आसंजित मानो का परिकलन

(दस लाख गैलनों मे)

वर्ष	उत्पादन Y	लघु Y	X	X लघु Y	X^2	X^2 लघु Y	उपनति मानो का परिकलन: लघु a + X लघु g	X लघु c	लघु Y	Y_c
1929	277 2	2 442793	—16	—39 084688	256	625 355008	2 3549456	—0 111544832	2 243401	175 1
1930	255 4	2 402721	—15	—36 108315	225	541 624725	2 3741310	—0 098037450	2 276094	188 8
1931	226 4	2 354876	—14	—32 968264	196	461 555686	2 3933164	—0 085401512	2 307915	203 2
1932	168 0	2 225309	—13	—28 929017	169	376 077221	2 4125018	—0 073637018	2 338865	218 2
1933	161 8	2 208979	—12	—26 507748	144	318 002976	2 4316872	—0 062743968	2 368943	233 9
1934	191 6	2 282396	—11	—25 106356	121	276 199916	2 4508726	—0 052722362	2 398150	250 1
1935	219 1	2 340642	—10	—23 406420	100	234 964200	2 4700580	—0 043572200	2 426486	267 0
1936	258 6	2 412629	— 9	—21 713661	81	195 427949	2 4892434	—0 035293482	2 453950	284 4
1937	291 1	2 464042	— 8	—19 712336	64	157 693688	2 5084288	—0 027886208	2 480543	302 4
1938	286 4	2 456973	— 7	—17 198811	49	129 391677	2 5276142	—0 021350378	2 506264	320 8
1939	305 8	2 485437	— 6	—14 912622	35	89 475732	2 5467996	—0 015689992	2 531114	339 7
1940	318 1	2 502564	— 5	—12 512820	25	62 564100	3 5659850	—0 010893050	2 555092	359 0
1941	390 3	2 591399	— 4	—10 365596	19	41 462384	2 5851704	—0 006971552	2 578199	378 6
1942	464 2	2 666705	— 3	— 8 000115	9	24 000345	2 6043558	—0 003921498	2 600434	398 5
1943	411 6	2 614475	— 2	— 5 228950	4	10 457900	2 6235412	—0 001742888	2 621798	418 6
1944	444 9	2 648262	— 1	— 2 648262	1	2 658262	2 6427266	—0 000435722	2 642291	438 8
1945	477 2	2 678700	0	0	0	0	2 6619120	0	2 661912	459 1
1946	713 8	2 853577	1	2 853577	1	2 853577	2 6810974	—0 000435722	2 680662	479 4
1947	631 0	2 800029	2	5 600058	4	11 200116	2 7002828	—0 001742888	2 698540	499 5
1948	576 5	2 760799	3	8 282397	9	24 847191	2 7194682	—0 003921498	2 715547	519 5
1949	558 1	2 746712	4	10 986848	16	43 947392	2 7386536	—0 006971552	2 731682	539 1
1950	554 4	2 743823	5	13 719115	25	68 595575	2 7578390	—0 010893050	2 746949	558 4
1951	568 8	2 754960	6	16 5 9760	36	99 178560	2 7770244	—0 015685992	2 761338	577 2
1952	592 7	2 772835	7	19 409845	49	135 868915	2 7962098	—0 028350378	2 774859	595 5
1953	605 1	2 781827	8	22 254616	64	178 036828	2 8153952	—0 027886208	2 787509	613 1
1954	596 8	2 775829	9	24 982461	81	224 842149	2 8345806	—0 035293482	2 799287	629 9
1955	628 5	2 798305	10	27 983050	100	279 830500	2 8537660	—0 043572200	2 810194	645 9
1956	641 3	2 807061	11	30 877671	121	339 654381	2 8729514	—0 052722362	2 820229	661 0
1957	649 9	2 812847	12	33 754164	144	405 049968	2 8921368	—0 062743968	2 829393	675 1
1958	658 0	2 818226	13	36 636938	169	476 280194	2 9113222	—0 073637018	2 837685	688 2
1959	597 9	2 848793	14	39 813102	196	557 383428	2 9305076	—0 085401512	2 845106	700 0
1960	697 6	2 843666	15	42 650490	225	639 811350	2 9496930	—0 098037450	2 851656	710 7
1961	694 7	2 841797	16	45 468752	256	727 500032	2 9688784	—0 111544832	1 857334	720 0
योग		86 539428	0	57 402463	2 992	7 751 942035				

हिस्टारिकल स्टैटिस्टिक्स आफ दि युनाइटिड स्टटस, कोलोनियल टाइम्स टु *1957* पृष्ठ 292 एग्रीकल्चरल स्टैटिस्टिक्स 1961, पृष्ठ 400 तथा 1963, पृष्ठ 397 से

III को प्रयोग करते हुए जाँचें 7,751 942035 = (2,992)(2 661912)
+ (487,696)(−0 000435722).
= 7,751 940827

उपनति समीकरण लघु $Y_c = 2\ 661912 + 0\ 0191854X - 0\ 000435722X^2$
मूलबिन्दु, 1945, X इकाइयाँ, 1 वर्ष ।

उपनति मानो के परिकलन की विधि का सारणी 13 3 मे सकेत किया गया है । उपनति को लेखाचित्रीय विधि से चार्ट 13 6 मे दिखाया गया है । एक गाम्पर्त वक्र भी आँकडो से आसजित किया गया है (चार्ट 13 10 तथा 13 11 देखिये) ।

अनन्तस्पर्शी वृद्धि वक्र

ऋजु रेखा $Y_c = a + bX$, जिसका वर्णन पिछले अध्याय मे किया गया था, वृद्धि अथवा कमी की अचर मात्रा की व्याख्या करती है । घातीय वक्र, $Y_c = ab^X$ के अन्तर्गत, परिवर्तन का अचर अनुपात है और इसलिए परिवर्तन की मात्रा मे परिवर्तन का अचर अनुपात आता है । यदि b, एक से बडी धनात्मक सख्या है तो उपनति ऊर्ध्वगामी होगी और परिवर्तन की मात्रा मे अचर प्रतिशतता वृद्धि होती रहती है । यदि, b एक से छोटी धनात्मक सख्या हो तो उपनति निम्नगामी होती है और उपनति की मात्रा कमी की अचर प्रतिशतता को प्रदर्शित करती है ।

समय की लम्बी अवधियो मे कालक्रम श्रेणियो के लिए परिवर्तन की अचर मात्रा अथवा परिवर्तन के अचर अनुपात को प्रदर्शित करने की सभावना नही होती । इसकी बहुत अधिक सम्भावना है कि एक बढती हुई श्रेणी[4] परिवर्तन की बढती हुई मात्रा किन्तु परिवर्तन का घटता हुआ अनुपात प्रदर्शित करे । यह चार्ट 13 10 और 13 11 के आँकडो के लिए सत्य है, जो आइस क्रीम के स्वदेशीय उत्पादन को प्रदर्शित करते है ।

यह भी सम्भव है कि बढती हुई श्रेणी वृद्धि की मात्रा मे कमी को प्रदर्शित करे । घटते हुए निरपेक्ष विकास का प्राय प्रतिरोध नही किया जाता है, परन्तु हम इस प्रकार के एक सशोधित चरघाताकी वक्र का वर्णन करेंगे, क्योकि यह अधिक महत्त्वपूर्ण गाम्पर्त तथा वृद्धिघात वक्र के अत्युतम परिचय का काम करता है । सशोधित चरघाताकी वक्र का विचार प्रारम्भ करने से पूर्व उन अन्य तीन वक्र प्रकारो की सरसरी व्याख्या की जा सकती है जो विकास की घटती हुई मात्रा का वर्णन कर सकें । वे हैं :

(1) संशोधित बहुपद, जैसे $Y_c = ab + X^{\frac{1}{2}}, Y_c = a + bX^{\frac{1}{2}} + cX$, तथा अन्य । जब तीन या अधिक स्थिराक विद्यमान हो एक (या अधिक) स्थिराक ऋणात्मक हो सकते हैं, तो ऐसी अवस्था मे वक्र अन्ततोगत्वा उलट जाता है.

(2) लघु X तक ऋजु रेखा । व्यजक है $Y_c = a + b$ लघु X. इस वक्र प्रकार का तब तक उपयोग नही किया जाना चाहिए जब तक कि समय के लघुगणको पर विचार करने के लिये तर्कसगत औचित्य न हो ।

---

4 गिरने वाली श्रेणियाँ परिवर्तन की घटती हुई मात्रा को प्रदर्शित कर सकती हैं । परिवर्तन की घटती हुई मात्रा परिवर्तन के घटते हुए या अचर (परन्तु प्राय गिरते हुए) अनुपात का प्रतिनिधित्व कर सकती है । सम्भाव्य भ्रांति को दूर करने के लिए अनन्तस्पर्शी विकास वक्रो मे सम्बन्धित अधिकांश वर्णन बढती हुई श्रेणी की व्याख्या करेगा ।

(3) लघु Y के एक परवलयिक वक्र को, जिसे लघु $Y_c = aX^b$ लिखा जाता है, न्यूनतम वर्गों द्वारा लघु Y_c = लघु $a + b$ लघु X लिख कर आसंजित किया जा सकता है।

ध्यान दीजिए कि X के लघुगणक का प्रयोग करने हुए X मूलबिन्दु को समय के मध्य में नहीं लिया जा सकता।

रूपांतरित चरघातांकी वक्र—यह वक्र न केवल उपनति का वर्णन करता है जिसमे विकास की मात्रा अचर प्रतिशतता मे गिरती है, अपितु वक्र ऊपरी सीमा तक पहुँचता है जिसे अनन्तस्पर्शी कहते है। विकास वक्रो की यह एक महत्त्वपूर्ण विशेषता है, क्योंकि बहुत सी काल-श्रेणियाँ ऊपरी सीमा तक पहुँचती दिखाई देती है। रूपान्तरित चरघातांकी का समीकरण है $Y_c = k + ab^x$, जहाँ k अनन्तस्पर्शी है।

सारणी 13 4

संशोधित चरघातांकी वक्र के काल्पनिक आँकड़े

(अनन्तस्पर्शी $k = 114$)

X (1)	Y (2)	आंशिक योग (3)	Y वृद्धि (4)	पूर्व वृद्धि का प्रतिशत (5)
0	50		. .	...
1	66	116 0000	16	...
2	78		12	75
3	87	165 0000	9	75
4	93 75		6 75	75
5	98 8125	192 5625	5 0625	75

जैसा कि पाद-टिप्पणी 4 मे देखा गया था, हम अपना ध्यान मुख्य रूप से बढती हुई श्रेणी की ओर देंगे, परन्तु चार्ट 13 7 चार आकार दिखाता है जिनकी इस समीकरण मे कल्पना की जा सकती है। यह अवश्यमेव स्पष्ट होना चाहिये कि हमारी रुचि चार्ट 13 7 के भाग 1 पर केन्द्रित होती है, क्योंकि वह उन चारो मे से केवल एक है जो ऊपरी अनन्त-स्पर्शी के साथ एक बढती हुई श्रेणी का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे भी अवसर हैं जब उपनति को इस प्रकार प्रयोग मे लाने की इच्छा हो सकती है जैसे चार्ट 13 7 के भाग 3 मे। यह घटती हुई श्रेणी के लिये नही हो सकता है जो कमी की मात्रा मे कमी की अचर प्रतिशतता की ओर उन्मुख हो। एक निर्दिष्ट रोग से मृत्यु दर मे इस प्रकार का व्यवहार हो सकता है।

k, a, तथा b के लिए विभिन्न मानो को रूपातरित चरघातांक के समीकरणो मे प्रतिस्थापित करना तथा स्वयमेव वक्रो को खीचना, जैसा कि चार्ट 13 7 में दिखाया गया है, हो सकता है पाठक को स्पष्ट लगे। यह उसे सामान्यतया उस चार्ट मे वर्णित परिस्थितियो

के विशेष उदाहरण प्रदान करेगा। ध्यान दीजिये कि b के ऋणात्मक मान में हमारी कोई रुचि नहीं है।

सारणी 13.4 के प्रथम दो स्तम्भ उस श्रेणी को प्रदर्शित करते हैं जिसके विकास की मात्रा में अचर प्रतिशत कमी रहती है। जैसा कि स्तम्भ 4 और 5 से देखा जा सकता है, प्रत्येक प्रथम अन्तर पूर्व के प्रथम अन्तर का 75 प्रतिशत है। वृद्धि के अभिवर्धन हैं Δ_1, Δ_2, Δ_3, Δ_4, तथा Δ_5, और $\frac{\Delta_2}{\Delta_1}=\frac{\Delta_3}{\Delta_2}=\frac{\Delta_4}{\Delta_3}=\frac{\Delta_5}{\Delta_4}=0.75$

चार्ट 13.8 का संकेत करते हुए, चार्ट की चोटी के निकट क्षैतिज खण्डित रेखा k का मान है जिस तक इस श्रेणी का वक्र पहुँचता है, इस अवस्था में यह k 114 है। इसका अर्थ है यदि हम उपनति रेखा को अनिश्चित रूप से बढाएँ तो वह इस मान के निकट से

(1) जब a ऋणात्मक है और b एक से कम है। (2) जब a ऋणात्मक है और b एक से बडा है। (3) जब a धनात्मक है और b एक से कम है। (4) जब a धनात्मक है और b एक से बडा है।

चार्ट 13.7 रूपान्तरित चरघाताकी वक्र, $Y_c=k+ab^X$, के चार रूप।

निकटतर आती जाएगी, परन्तु इसके बराबर कभी नहीं होगी। दूसरा स्थिरांक, a, इस उदाहरण में उपनति मान में से अनन्तस्पर्शी k को घटाने से प्राप्त किया गया मान, जब कि X शून्य हो, -64 है। हाँ तीसरा स्थिरांक, b, वास्तव में विकास के क्रमिक अभिवर्द्धनों के बीच अनुपात है या इस श्रेणी के लिये 0.75 है। जब $X=1$ हो, तो चार्ट 13.8 में ऊर्ध्वाधर खण्डित रेखा $-64(0.75)=-48$, जब $X=2$, है तो यह $-64(0.75)^2=-36$; और X के अन्य मानों के लिये भी इसी प्रकार होगी। इस प्रकार इन खण्डित ऊर्ध्वाधर रेखाओं का वर्णन ab^X के व्यंजक से किया जाता है। यह तब भी सत्य है जब $X=0$, क्योंकि $-64(0.75)^0=-64$। चित्र में, ab^X का प्रतिनिधित्व छाया-

युक्त क्षेत्र की ऊँचाई द्वारा किया जाता है। अब यदि हम क्रमश k में से प्रत्येक ऊर्ध्वाधर खण्डित रेखा के मान को घटा दें तो हमें उपनति मान प्राप्त होते है। ऊर्ध्वाधर खण्डित

चार्ट 13 8 सारणी 13 4 के आंकड़ों के साथ आसजित एक रूपांतरित चरघातांकी समीकरण।

रेखाओं को k में से घटा दिया है क्योंकि a का चिह्न ऋणात्मक है। इस प्रकार

X	$k+ab^x$	$=Y_c$
0	114 − 64	=50
1	114 − 48	=66
2	114 − 36	=78
3	114 − 27	=87
4	114 − 20.25	=93 75
5	114 − 15 1875	=98 8125.

क्योंकि a का चिह्न ऋणात्मक है, अत विकास के अभिवर्धन गिर रहे है। जैसा कि पहले ही स्पष्ट है, आंकड़ो की इस श्रेणी के लिये समीकरण है $Y_c=114-64(0\ 75)^X$।

इस वक्र के तीन स्थिराक है k अनन्तस्पर्शी a Y और अनन्तस्पर्शी मानो के बीच अन्तर जब $X=O$, तथा b क्रमिक प्रथम अन्तरों के बीच अनुपात। अत इसके आसजन के लिये तीन समीकरण आवश्यक है। सारणी 13 4 के अनुसार, उन्हे, प्रथम आंकडो को तीन समान परिच्छेदो मे विभक्त करके प्राप्त किया जाता है। फिर, स्तम्भ 3 के अनुसार प्रत्येक अनुभाग के लिये Y मानो का योग किया जाता है। परिणाम हैं

पहले तृतीय के लिये $\Sigma_1 Y = 116$

दूसरे तृतीय के लिये $\Sigma_2 Y - 165$

तीसरे तृतीय के लिये $\Sigma_3 Y = 192\ 5625$

आइये, हम ध्यान दे कि हमारे समीकरणो के रूप मे 116 किस बात का प्रतिनिधित्व करता है। यह 50 + 66 का जोड है। परन्तु 50 $k + ab^0$ तथा 66, $k+ab^1$ है, अत

$$116 = 2k + a + ab$$

यह समीकरण I है। इसी प्रकार स अन्य दो को प्राप्त किया जाता है। तीन समीकरण है

$$\text{I} \quad 116 - 2k + a + ab$$
$$\text{II} \quad 165 = 2k + ab + ab^3$$
$$\text{III} \quad 192\ 5625 = 2k + ab^4 + ab^5$$

b के लिये हल प्राप्त करने के लिये समीकरण A को प्राप्त करने के लिए, हम समीकरण I को समीकरण II म से घटाते है, और फिर समीकरण B को प्राप्त करने के लिए समीकरण III मे से समीकरण II को घटाते हैं। इस प्रकार

$$\text{A} \quad 49 = ab^3 + ab - ab - a$$
$$= a(b^3+b^2-b-1).$$
$$\text{B} \quad 27\ 5625 = ab^5 + ab^4 - ab^3 - ab^2$$
$$= ab^2(b^3 + b^2 - b - 1)$$

अब स्थिराक b को, समीकरण B को समीकरण A स भाग करके, प्राप्त किया जाता है। हम परिणामी समीकरण को C कहेंगे।

$$\text{C} \quad \frac{27.5625}{49} = \frac{ab^2(b^3 + b^2 - b - 1)}{a(b^2 + b^3 - b - 1)}$$
$$b^2 = 0\ 5625$$
$$b = 0\ 75$$

अब a के मान को समीकरण A अथवा B म प्रतिस्थापित करके प्राप्त किया जा सकता है।

$$\text{A} \quad 49 = a(0\ 75^3 + 0\ 75^2 - 0\ 75 - 1)$$
$$a = \frac{49}{-0\ 765625} = -64$$

मूल समीकरणो मे से किसी एक मे a तथा b के मानो के प्रतिस्थापन द्वारा शेष स्थिराक k का परिकलन किया जा सकता है।

$$\text{I} \quad 116 = 2k - 64 - 64(0.75)$$
$$2k = 228$$
$$k = 114$$

इस प्रकार स्थिराको के प्राप्त मान वे होते हैं जिन्हे हम जानते हो कि वे सही है। समीकरण को न्यूनतम वर्गों की विधि द्वारा नही प्राप्त किया गया था अपितु इस प्रकार जोडा गया था कि उपनति मानो के तीन आशिक योग वही थे जो मूल आँकडों के थे। इस उदाहरण मे क्योंकि मूल आकडे समीकरण प्रकार की पूर्ण अनुरूपता करते हैं, अत आसजित वक्र सभी मूल आँकडा मे से होकर गुजरता है।

तर्कसगत प्रविधि को, जिसका वर्णन हो चुका है, और अधिक सुविधाजनक सूत्रो मे विकसित किया जा सकता है, जो निम्नलिखित है [5]

$$b^n = \frac{\Sigma_3 Y - \Sigma_2 Y}{\Sigma_2 Y - \Sigma_1 Y},$$

$$a = (\Sigma_2 Y - \Sigma_1 Y)\frac{b-1}{(b^n-1)^2},$$

$$k = \frac{1}{n}\left[\Sigma_1 Y - \left(\frac{b^n-1}{b-1}\right)a\right],$$

जहाँ n आँकडो के प्रत्येक तृतीय मे वर्षो की सख्या है। इन सूत्रो द्वारा हल करने मे, वास्तव मे, आवश्यकता पडती है कि पहले b को प्राप्त किया जाए, फिर a को तथा अन्त मे k को।

यदि a तथा b के लिये व्यजको को भी दिये गए k के व्यजक मे प्रतिस्थापित कर दिया जाए, तो हमें

$$k = \frac{1}{n}\left[\frac{(\Sigma_1 Y)(\Sigma_3 Y) - (\Sigma_2 Y)^2}{\Sigma_1 Y + \Sigma_3 Y - 2\Sigma_2 Y}\right],$$

प्राप्त होता है, जो हमे पहले a तथा b के परिकलन के बिना अनन्तस्पर्शी प्राप्त करने के योग्य बनाता है।

क्योकि काल-श्रेणियाँ सदैव इस ढग से व्यवहार नही करती कि रूपातरित-चर-घाताकी एक तर्कसगत आसजन हो या काल श्रेणी की एक उत्तम व्याख्या हो, वास्तविक आँकडो के समुच्चय के साथ $Y_c = k + ab^X$ के आसजन का कोई उदाहरण नही दिया गया है। जैसाकि बहुत पहले देखा गया था, रूपातरित चरघातांकी वक्र को आगामी पृष्ठो मे वर्णित दो अन्य विकास वक्रो के परिचय के रूप मे निर्दिष्ट किया गया है।

गाम्पर्त वक्र—उस रूप मे जो हमारे लिए प्राथमिक रुचि का है, गाम्पर्त वक्र उपनति का वर्णन करता है जिसमे लघुगणको के विकास परिवर्तन अचर प्रतिशतता से गिर रहे हैं।

---

5 इन सूत्रो की उपनति परिशिष्ट छ, परिच्छेद 13 1 मे दी गई है।

इस प्रकार उपनति के प्राकृतिक मान वृद्धि के गिरते हुए अनुपात को प्रदर्शित करेंगे, परन्तु अनुपात न तो अचर मात्रा द्वारा कम होता है और न अचर प्रतिशतता द्वारा। गाम्पर्त वक्र के लिये समीकरण है

$$Y_c = ka^{b^X}$$

जिसे लघुगणकीय रूप मे इस प्रकार रखा जा सकता है

$$\text{लघु } Y_c = \text{लघु } k + (\text{लघु } a)\, b^X$$

चार्ट 13 9 गाम्पर्त वक्र के चार रूप, $Y_c = ka^{b^X}$। चिह्नित बिन्दुओं (*) पर ऊर्ध्वाधर मान प्रतिलघु (लघु k+ लघु a) होते हैं।

चार्ट 13 9 के चार भाग उन चार आकारों को दिखाते हैं जिनकी कल्पना गाम्पर्त वक्र के अन्तर्गत की जा सकती है। कदाचित् सांख्यिकीविद् को चार्ट 13 9 के भाग 2 और 3 मे दिखाए गए[6] प्रकारों की उपनतियों का वर्णन करने के लिये गाम्पर्त वक्र के प्रयोग की कभी आवश्यकता पड सकती है, परन्तु हमारा मुख्य ध्यान उस पर केन्द्रित होता है जिसे चार्ट के भाग 1 में दिखाया गया है। इस वक्र का (तथा भाग 2 में दिखाए हुए वक्र का भी) एक उच्च तथा एक निम्न अनन्तस्पर्शी है, जिसमें निम्न अनन्तस्पर्शी शून्य है। चार्ट 13 9 में b के धनात्मक मूल्यों पर विचार किया जाता है, क्योंकि b के ऋणात्मक मान उपयोगी वक्र प्रदान नहीं करते।

---

6. रेलवे कर्मचारियों की मृत्यु, कारखानों में दुर्घटनाओं, विशिष्ट मृत्यु दरों तथा अन्य गिरती हुई श्रेणियों का वर्णन गाम्पर्त वक्र के द्वारा किया जा सकता है जिसके दाई ओर निम्न अनन्तस्पर्शी हो। उच्च अनन्तस्पर्शी है या नहीं यह उन आंकड़ों के व्यवहार पर निर्भर करेगा जिनमें वक्र आसंजित है।

संशोधित चरघातांकी वक्र के व्यवहार के विषय में जो कुछ कहा गया है वह गाम्पर्त वक्र के लघुगणकीय रूप पर भी लागू होता है। चार्ट 13.9 में दिखाए गये गाम्पर्त वक्रों को यदि लघुगणकीय रूप में (अथवा अर्ध लघुगणकीय कागज पर आरेखित करके) रखते हैं तो वे चार्ट 13.7 के अनुरूप भागों की तरह दिखाई देंगे। गाम्पर्त वक्र का जोड़ प्रेक्षित आंकड़ों के लघुगणकों से है और उसे संशोधित चरघातांकी जोड़ के पूर्णतया समानान्तर ढंग से पूर्ण किया जा सकता है। व्यंजक हैं

$$b^n=\frac{\Sigma_3 \text{ लघु } Y-\Sigma_2 \text{ लघु } Y}{\Sigma_2 \text{ लघु } Y-\Sigma_1 \text{ लघु } Y}$$

$$\text{लघु } a=(\Sigma_2 \text{ लघु } Y-\Sigma_1 \text{ लघु } Y)\frac{b-1}{(b^n-1)^2}$$

$$\text{लघु } k=\frac{1}{n}\left[\Sigma_1 \text{ लघु } Y-\left(\frac{b^n-1}{b-1}\right)\text{लघु } a\right]$$

यदि पहले लघु a तथा b का परिकलन किये बिना k का मान प्राप्त करने की इच्छा हो तो

$$\text{लघु } k=\frac{1}{n}\left[\frac{(\Sigma_1 \text{ लघु } Y)(\Sigma_3 \text{ लघु } Y)-(\Sigma_2 \text{ लघु } Y)^2}{\Sigma_1 \text{ लघु } Y+\Sigma_3 \text{ लघु } Y-2\Sigma_2 \text{ लघु } Y}\right]$$

का प्रयोग करो। इस व्यंजक का प्रयोग सर्वप्रथम शीघ्र ही यह निश्चित करने के योग्य बना देता है कि क्या ऊर्ध्वगामी उपनति में उच्च अनन्तस्पर्शी है, इस ढंग से किए गए k के परिकलन से पहले दिए गए सूत्र के द्वारा प्राप्त किये गए k के मान की पड़ताल भी हो जाती है। बढ़ती हुई श्रेणी के लिये उच्च अनन्तस्पर्शी है या नहीं इसे भी इस बात से निश्चित कर सकते है कि क्या (Σ_3 लघु $Y-\Sigma_2$ लघु Y), (Σ_2 लघु $Y-\Sigma_1$ लघु Y) से छोटा है या बड़ा। यदि पहला अन्तर दूसरे अन्तर से अधिक हो जाता है तो b^n (तथा, इसलिये b) एक से बड़ा है और बढ़ती हुई श्रेणी के लिये कोई उच्च अनन्तस्पर्शी नहीं है; इस प्रकार बढ़ती हुई श्रेणी का वक्र चार्ट 13.9 के भाग 4 में दिखाए गए वक्र से मिलता-जुलता होगा। यदि पहला अन्तर दूसरे अन्तर से कम है तो b एक से कम है, और बढ़ती हुई श्रेणी का वक्र चार्ट 13.9 के भाग 1 जैसा दिखाई देगा।

सारणी 13.5 के आंकड़े जिन्हें चार्ट 13.10 और 13.11 में भी दिखाया गया है, गाम्पर्त वक्र के आसंजन के उदाहरण के आधार के रूप में काम देंगे। लघुगणकों के वाञ्छित योगों के परिकलन को सारणी 13.5 के चौथे स्तम्भ में कार्यान्वित किया गया है। पहले दिये गए व्यंजकों का प्रयोग करते हुए हम प्राप्त करते हैं

$$b^n=\frac{\Sigma_3 \text{ लघु } Y-\Sigma_2 \text{ लघु } Y}{\Sigma_2 \text{ लघु } Y-\Sigma_1 \text{ लघु } Y}$$

$$b^{11}=\frac{30.851086-29.607045}{29.607045-23.595860}=\frac{1.244041}{6.011185}=0.20695437.$$

$$\text{लघु } b^{11}=9.31587418-10=109.31587418-110$$

$$\text{लघु } b=9.937806744-10.$$

$$b=0.86657549.$$

सारणी 13 5

1929—1961 मे सयुक्त राज्य मे आइसक्रीम उत्पादन के साथ जुडे गाम्पर्त वक्र के मानो का परिकलन

(प्रति दस लाख गैलन)

वर्ष	X	उत्पादन	लघु Y	उपनति मानो का परिकलन: b^X	$(लघु\, a)b^X$	लघु Y_c = लघु k + $(लघु\, a)b^X$	Y_c
1929	0	277 2	2 442793	1 0000000	—1 275262	1 558896	36 2
1930	1	255 4	2 407221	0 8665755	—1 105111	1 729047	53 6
1931	2	226 4	2 354876	0 7509543	—0 957663	1 876495	75 2
1932	3	168 0	2 225309	0 6507 85	—0 829888	2 004270	101 0
1933	4	161 8	2 208979	0 5639324	—0 719162	2 114996	130 3
1934	5	191 6	2 282396	0 4886907	—0 623209	2 210941	162 5
1935	6	219 1	2 340642	0 4234877	—0 540058	2 294100	196 8
1936	7	258 6	2 412629	0 3669841	—0 468001	2 366157	232 4
1937	8	291 1	2 464042	0 3180196	—0 405558	2 428600	268 3
1938	9	286 4	2 456673	0 2755883	—0 351447	2 482711	303 9
1939	10	305 8	2 485437	0 2388184	—0 304556	2 529602	338 5
Σ_1 लघु X	.		23 595860			23 595823✓	
1940	11	318 1	2 502564	0 2069544	—0 263921	2 570237	371 7
1941	12	390 3	2 591399	0 1793417	—0 228708	2 605450	403 1
1942	13	464 2	2 666705	0 1554131	—0 198192	2 635965	432 5
1943	14	411 6	2 614475	0 1346772	—0 171749	2 662409	459 6
1944	15	444 9	2 648262	0 1167081	—0 148833	2 685325	484 5
1945	16	477 2	2 678700	0 1011365	—0 128976	2 705182	507 2
1946	17	713 8	2 853577	0 0876425	—0 111767	2 722391	527 7
1947	18	631 0	2 800029	0 0759488	—0 096855	2 737303	546 1
1948	19	576,5	2 760799	0 0658155	—0 083932	2 750226	562 6
1949	20	558 1	2 746712	0 0570341	—0 072733	2 761425	577 3
1950	21	554 4	2 743823	0 0494244	—0 063029	2 771129	590 4
Σ_2 लघु Y			29 607045			29 607043✓	
1951	22	568 8	2 754960	0 0428300	—0 054619	2 779539	601 9
1952	23	592 7	2 772835	0 0371155	—0 047332	2 786826	612 1
1953	24	605 1	2 781827	0 0321634	—0 041017	2 793141	621 1
1954	25	596 8	2 775829	0 0278720	—0 035544	2 798614	628 9
1955	26	628 5	2 798305	0 0241532	—0 030802	2 803356	635 9
1956	27	641 3	2 807061	0 0209306	—0 026692	2 807466	641 9
1957	28	649 9	2 812847	0 0181380	—0 023131	2 811027	647 2
1958	29	658 0	2 818226	0 0157179	—0 020044	2 814114	651 8
1959	30	697 9	2 843793	0 0136208	—0 017370	2 816788	655 8
1960	31	697 6	2 843606	0 0118034	—0 015052	2 819106	659 3
1961	32	694 7	2 841797	0 0102286	—0 013044	2 821114	662 4
Σ_3 लघु Y			30 851086			30 851091✓	

आँकडे हिस्टारिकल स्टैटिस्टिक्स ऑफ युनाइटिड स्टेट्स कोलोनियल टाइम्स टु *1957*, पृष्ठ 292, ऐग्रीकलचरल स्टैटिस्टिक्स, *1961*, पृष्ठ 400 तथा *1963*, पृष्ठ 397 स ।

$$\text{लघु } a = (\Sigma_2 \text{ लघु } Y - \Sigma_1 \text{ लघु } Y)\frac{b-1}{(b^n-1)^2},$$

$$= 6\ 011185 \frac{-0\ 13342451}{(-0\ 79304563)^2} = 6\ 011185 \frac{-0\ 13342451}{0\ 62892137},$$

$$= (6\ 011185)(-0\ 21214816) = -1\ 2752618$$

$$\text{लघु } k = \frac{1}{n}\left[\Sigma_1 \text{ लघु } Y - \left(\frac{b^n-1}{b-1}\right)\text{ लघु } a\right],$$

$$= \frac{1}{11}\left[23\ 595860 - \left(\frac{-0\ 79304563}{-0\ 13342451}\right)(-1\ 2752618)\right],$$

$$= 2\ 834158$$

पडताल करें, प्रयोग करते हुए

$$\text{लघु } k = \frac{1}{n}\left[\frac{(\Sigma_1 \text{ लघु } Y)(\Sigma_3 \text{ लघु } Y) - (\Sigma_2 \text{ लघु } Y)^2}{\Sigma_1 \text{ लघु } Y + \Sigma_3 \text{ लघु } Y - 2\Sigma_2 \text{ लघु } Y}\right]$$

$$= \frac{1}{11}\left[\frac{(23\ 595860)(30\ 851086) - (29\ 607045)^2}{23\ 595860 + 30\ 851086 - 2(29\ 607045)}\right] = 2\ 834158$$

उपनति समीकरण

$$\text{लघु } Y_c = 2\ 834158 - 1\ 2752618(0\ 8665755)^X$$

$$Y_c = 682\ 59(0\ 0530565)^{(0\ 8665755)X}$$

मूलबिन्दु, 1929, X इकाइया, 1 वर्ष ।

उपनति समीकरण का प्राकृतिक रूप लघु k तथा लघु a के प्रति लघुगणको की खोज करने पर प्राप्त होता है । क्योकि लघु $a = -1\ 2752618$ ऋणात्मक लघुगणक है, अत इसे परिशिष्ट द से $a = 0\ 0530569$ का मान प्राप्त किये जा सकने स पूर्व पुन लघु $a = 8\ 7247382-10$ लिखा जाना चाहिये । ध्यान दीजिये कि $b = 0\ 8665755$ है, जो यह सकेत करता है कि वृद्धि का अनुपात प्रतिवर्ष गिर रहा है अधिक विशेष रूप से यह सकेत करता है कि क्रमिक लघुगणक उपनति मानो म प्रत्येक अन्तर पूर्ववर्ती अन्तर से लगभग 0 87 गुणा (या पूर्ववर्ती अन्तर का 87 प्रतिशत) है। जब भी $b < 1$, तो $b-1$ का मान ऋणात्मक है यदि Σ_2 लघु Y, Σ_1 लघु Y से अधिक है तो परिणाम स्वरूप लघु a का मान ऋणात्मक होगा (देखिये लघु a का समीकरण) । यदि लघु a ऋणात्मक है तो a एक से कम है ।

हमारे आंकडो के लिये, जब X शून्य है (1920 के लिए X का मान), तो $b^X = 1.0$ तथा $ab^X = 0\ 0530565$ इस परिणाम के साथ कि 1929 के लिये $Y_c = (682\ 6)\ (0\ 0530565) = 36\ 2$ है जो 1929 का निर्दिष्ट मान है और सारणी 13 5 के अन्तिम स्तम्भ मे दिखाया गया है । X का मान जितना अधिक होगा b^X का मान उतना ही कम होगा । जैसे ही X बढता है, b^X शून्य पर पहुँच जाता है और ab^X, 1 0 पर, इस परिणाम के साथ कि Y_c, k या 683, उच्च अन तस्पर्शी, पर पहुँच जाता है ।

चार्ट 13.10 1929—1961 मे आइसक्रीम का स्वदेशीय उत्पादन, तथा उपनति जैसा कि गाम्पर्त वक्र द्वारा दिखाया गया है। ध्यान दीजिये कि इस चार्ट मे अ कगणितीय ऊर्ध्वाधर पैमाना है। गाम्पर्त वक्र को वक्र का सामान्य आकार दिखाने के लिए बढाया गया है। सारणी 13 5 से लिए आँकडे ।

000
900
800
700
600
500
400
300
200
100
90
80
70
60
50
40
0
28
32
36
40
44
48
52
56
60
64
68
72
76
80
84
88
92
96
20 0

उपनति मानों का परिकलन करने की विधि सारणी 13.5 में दिखाई गई है। ध्यान दीजिये कि कम से कम छः अंकों तक Σ_1 लघु $Y = \Sigma_1$ लघु Y, Σ_2 लघु $Y_c = \Sigma_2$ लघु Y, तथा Σ_3 लघु $Y_c = \Sigma_3$ लघु Y। इन गणनाओं की पड़ताल चिह्न द्वारा "लघु Y_c" शीर्षक स्तम्भ में किया गया है। उपनति मानों को चार्ट 13.10 तथा 13.11 में आरेखित किया गया है तथा आसंजित वक्र का आकार अधिक स्पष्ट रूप से संकेत करने के लिये उन्हें दोनों दिशाओं में बढ़ाया गया है। 2000 तक उपनति का प्रसार भविष्यवाणी के रूप में प्रस्तुत नहीं किया गया है यद्यपि कई बार गोम्पर्ट्ज वक्र का प्रयोग भविष्यवाणी करने में सहायता के लिये किया जाता है। अनन्तस्पर्शी को दोनों चार्टों पर दिखाया गया है और अनन्तस्पर्शी तक उपनति का उपागम स्पष्ट है।

चार्ट 13.10 में यह देखा जाएगा कि प्रारम्भ में विकास की मात्रा कम है फिर उस समय तक जब तक कि यह नतिपरिवर्तन बिन्दु तक नहीं पहुँच जाती अधिक होती जाती है जिसके बाद यह गिरती है और अन्ततोगत्वा शून्य के निकट पहुँच जाती है पर शून्य पर कभी नहीं पहुँचती। उपनति का यह सामान्य रूप बहुत से उद्योगों के लिये समान है और इसने हमें निष्कर्ष पर पहुँचाया कि यह विकास के नियम का वर्णन करता है। इस व्याख्या के अनुसार यह उपनति जनसंख्या वृद्धि के कारण है जिसका वक्र प्रतिरूपी ढंग से आकार में एक सा ही है परन्तु यह भी आंशिक रूप से विशिष्ट उद्योग के विकास के कारण है। यह विश्वास है कि उद्योग के विकास को चार अवस्थाओं में विभक्त किया जा सकता है

(1) प्रयोग की अवधि
(2) सामाजिक तन्तु में विकास की अवधि
(3) उस बिन्दु में से जहाँ विकास बढ़ता है परन्तु ह्रासमान दर से
(4) स्थिरता की अवधि।

ये अवस्थाएँ अधिक विशिष्ट रूप से सीमांकित नहीं हैं। इस प्रकार के वक्र के लिए यह दावा किया जाता है कि यह किसी उद्योग के भविष्य की भविष्यवाणी में उपयोगी है क्योंकि यह केवल तर्कसंगत वक्र ही नहीं है अपितु समतल बनाने वाली अपनी प्रवृत्ति के कारण भविष्यकथन में उसकी उपनति रूढ़िवादी होती है। चार्ट 13.10 और 13.11 की क्षैतिज डैश रेखाएँ यह संकेत करती हुई दिखाई देंगी कि संयुक्त राज्य अमरीका में आइसक्रीम के उत्पादन की ऊपरी सीमा लगभग 6 8.0 लाख गैलन होगी। यह कम सख्या 1930—1935 के मन्दी के वर्षों के प्रभाव के फलस्वरूप है।

वृद्धिघाती वक्र—यह वक्र जो पर्लरीड वक्र के नाम से भी विख्यात है अपने सरलतम रूप में,

$$\frac{1}{Y_c} = k + ab^X$$

इस व्यंजक से यह स्पष्ट हो जाना चाहिये कि यह केवल Y मानों के व्युत्क्रमों के रूप में एक संशोधित चरघातांकी है, Y_c मानों के व्युत्क्रमों के पहले अन्तर एकसमान प्रतिशतता से गिर रहे हैं। इन आंशिक योगों की विधि में संशोधित चरघातांकी को प्रेक्षित Y मानों के व्युत्क्रमों के साथ जोड़ा जा सकता था, और आसंजित मानों के इस प्रकार प्राप्य व्युत्क्रमों

को उपनति मानो के रूप मे लिया जा सकता था। तथापि, इस वक्र को अधिकतर $Y_c = \frac{k}{1+10^{a+bX}}$ लिखा जाता है,[7] और चाहे चुने हुए बिन्दुओं के द्वारा आसजित यह प्रविधि अधिक व्यक्तिनिष्ठ है। इस रूप में, वृद्धिघाती वक्र का सदैव ऊँचा k का अनन्तस्पर्शी और नीचा शून्य का अनन्तस्पर्शी होगा; यह चार्ट 13 9 के भाग 1 या भाग 2 जैसा दिखाई देता है। $\frac{1}{Y_c} = k + ab^X$ के रूप मे वृद्धिघात उन चारो रूपो को ग्रहण कर सकता था जिन्हे चार्ट 13 9 मे दिखाया गया है।

समीकरण

$$Y_c = \frac{k}{1+10^{a+bX}}$$

को चुने हुए बिन्दुओ की विधि द्वारा जोड़ने के लिये तीन वर्षो, x_0, x_1, तथा x_2 के चुनने की आवश्यकता पड़ती है जो परस्पर एक दूसरे से समान दूरी पर हो। एक अवधि के प्रारम्भ के पास हो, दूसरा मध्य मे तथा तीसरा अन्त के निकट तीन चुने हुए मान जिनमे से आसजित वक्र गुजरेगा, उनमे इन तीन वर्षो के साथ सम्बद्ध Y मान है। इन Y मानो को y_0, y_1 तथा y_2 नाम दिए गए है। X अक्षाश के ऊपर मूलबिन्दु x_0 कहलाने वाले ऊपर है और x_0 से x_1 तक या x_1 से x_2 तक n वर्षों की संख्या है। तीन स्थिरांको को निम्नलिखित प्रकार से प्राप्त किया जाता है

$$k = \frac{2y_0y_1y_2 - y_1^2(y_0+y_2)}{y_0y_2 - y_1^2}.$$

$$a = \text{लघु}\ \frac{k-y_0}{y_0}$$

$$b = \frac{1}{n}\left[\text{लघु}\ \frac{y_0(k-y_1)}{y_1(k-y_0)}\right]$$

उदाहरण के लिए सारणी 13 6 वृद्धिघाती वक्र को महाद्वीपीय सयुक्त राज्य अमरीका के 1820—1960 की जनसंख्या के आंकड़ो से जोड़ने की प्रविधि को प्रदर्शित करती है। जनसंख्या के आंकड़े लेखाचित्रीय विधि से चार्ट 13 12 मे दिखाए गए हैं। सारे काल 1790—1960 की अपेक्षा, इस अवधि, जिसमे 15 दस वार्षिक अक सम्मिलित है, का प्रयोग

---

7 हर मे, 10 की अपेक्षा, प्राय $e = 2.71828$ का प्रयोग किया जाता है। जिससे

$$Y_c = \frac{k}{1+e^{a+bX}}.$$

दोनो रूपो में a मान तथा b मान भिन्न होगे, परन्तु दोनो रूप एक ही वक्र का वर्णन करते हैं, और हर मे 10 का प्रयोग करते हुए, अभ्यक से y_c मानो की सगणना करना थोड़ा-सा सुगम है।

सारणी 13 6

1820—1960 मे महाद्वीपीय सयुक्त राज्य की जनसख्या के आंकडों से वृद्धिघाती वक्र को जोडने के लिये मानों का परिकलन

वर्ष (1)	x (2)	X (3)	जनसख्या दस लाखो मे Y (4)	y (5)	$0\,1346810X$ (6)	उपगति मानो की सगणना: लघु $\mu = 1\,181505 - 0\,1346810X$ (7)	μ (8)	$1+\mu$ (9)	$Y_c = \frac{208\,827}{1+\mu}$ (10)
1820	...	−1	9 6		−0 1346810	1 316186	20 71	21 71	9 6
1830	x_o	0	12 9	12 9(y_o)	0	1 181505	15.19	16 19	12 9 ✓
1840	...	1	17 1	..	0 1346810	1 046824	11 14	12 14	17 2
1850	.	2	23 2	...	0 269362	0 912143	8 169	9 169	22 8
1860		3	31 4		0 404043	0 777462	5 990	6 990	29 9
1870		4	39 8		0 538724	0 642781	4 393	5 393	38 7
1880	..	5	50 2		0 673405	0 508100	3 221	4 221	49 5
1890	x_1	6	62 9	62 1(y_1)	0 808086	0 373419	2 363	3 363	62 1
1900	...	7	76 0	...	0 942767	0 238738	1 733	2 733	76 4
1910	. .	8	92 0	..	1 077448	0 104057	1 271	2 271	92 0
1920	...	9	105 7	...	1 212129	−0 030624	0 9319	1 9319	108 1
1930	..	10	122 8	..	1 346810	−0 105305	0 6834	1 6834	124 1
1940	. .	11	131 7	.	1 481491	−0 299986	0 5012	1 5012	139 1
1950	x_2	12	150 7	152.7(y_2)	1 616172	−0 434667	0 3676	1 3676	152 7 ✓
1960	.	13	179.3	. .	1 750853	−0 569348	0 2696	1 2696	164 5

आंकडे स्टैटिस्टिकल ऐबस्ट्रैक्ट ऑफ दि युनाइटिड स्टेट्स *1964*, पृष्ठ 5 से। स्तम्भ 5 के x_o मान, x_1, तथा x_2 पर केन्द्रित तीन मानो के गुणोत्तर माध्य हैं। स्तम्भ 7 मे ऋणात्मक लघुगणको को, ऋणात्मक गुण तथा धनात्मक अपूर्णांश के साथ उनके वैकल्पिक रूपो मे पुन लिखा जाना चाहिये (जैसे, —0 030624= 9 969376-10) एवं इसके कि μ के मानो को प्राप्त किया जा सके।

चार्ट 13 12 1820—1960, में महाद्वीपीय संयुक्त राज्य की जनसंख्या, तथा उपनति जैसा कि वृद्धिघाती वक्र द्वारा प्रदर्शित किया गया है। वक्र के सामान्य आकार को दिखाने के लिये वृद्धिघाती वक्र को बढ़ाया गया है। सारणी *13 6 के आँकड़े ।*

किया गया था, ताकि पूर्व वर्णित[8] व्युत्क्रमों के आंशिक योगों की विधि से तुलना की जा सके। सारणी 13 6 मे तीन चुने हुए बिन्दु है .

y_0, 1820, 1830, *तथा 1840 के वर्षों के मानो का गुणोत्तर माध्य,*

y_1, 1880, 1890, तथा 1900 के वर्षों के मानो का गुणोत्तर माध्य; तथा

y_2, 1940, 1950, तथा 1960 के वर्षों के मानो का गुणोत्तर माध्य ।

परिणामत, जैसा कि सारणी 13 6 के दूसरे स्तम्भ मे दिखाया गया है, x_0, 1830 पर है, x_1, 1890 पर, तथा x_2, 1950 पर। एकमात्र असामान्य ऊँचे या नीचे मान के प्रभाव

---

8 1810—1950 के लिये आंशिक योगो की विधि प्रदान करती है $k=185.9$ मिलियन। 1820—1960 के लिये चुने हुए बिन्दुओं की विधि के लिये जोड सारणी 13 6 मे $k=208\ 8$ प्रदर्शित करता है। *1790—1950 के लिये चुने हुए बिन्दुओ की विधि $k=189\ 9$ मिलियन प्रदान करती* है (उन बिन्दुओ की तरह पहले तीन, मध्य के तीन तथा अन्त के तीन वर्षों के गुणोत्तर माध्यो का प्रयोग करते हुए)। वृद्धिघाती वक्र को जोड़ने के कुछ अन्य ढग के० आर० नायर द्वारा लिखित "दि फिटिंग ऑफ ग्रोथ कर्व्ज़" जो आस्कर कैम्पथान, एट अल द्वारा सम्पादित *स्टैटिस्टिक्स एण्ड मैथेमैटिक्स इन बायोलॉजी*, दि आयोवा स्टेट कालेज प्रेस, आमेम, आयोवा, 1954, पृष्ठ 119—132, मे दिये गए है।

चार्ट 13 13 1820—1960 मे महाद्वीपीय सयुक्त राज्य की जनसख्या, तथा उपनति जैसा कि वृद्धिघाती वक्र के द्वारा दिखाया गया है।
वक्र क सामान्य रूप का प्रदर्शन करने के लिए वृद्धिघाती वक्र को बढाया गया है। ध्यान दीजिये कि इस चार्ट का व्युत्क्रम उर्ध्वाधर पैमाना है और पैमाने के ऊपरी भाग के दबाव के कारण, प्रेक्षित आंकडो का वक्र और उपनति रेखा वस्तुत आरम्भ मे मिलती है।
सारणी 13 6 के आंकडे।

का न्यूनतम वक्र के लिए तीन दशवर्षीय ग्रुप की औसतों का प्रयोग किया गया था, अंकगणितीय माध्य की अपेक्षा गुणोत्तर माध्य का प्रयोग किया गया था, क्योंकि जनसंख्या की वृद्धि अंकगणितीय अभिवर्धन की अपेक्षा गुणोत्तर अभिवर्धन के अधिक निकट है। n का मान 6 है और वर्षों की संख्या x_0 से x_1 तक या x_1 से x_2 तक है। सारणी 13.6 में प्रदर्शित y_0, y_1 और y_2 मानों का प्रयोग करते हुए हम k, a, तथा b के मानों को निम्न प्रकार से प्राप्त करते हैं :

$$k = \frac{2y_0y_1y_2 - y_1^2(y_0+y_2)}{y_0y_2 - y_1^2},$$

$$= \frac{2(12.9)(62.1)(152.7) - (62.1)^2(12.9 + 152.7)}{(12.9)(152.7) - (62.1)^2},$$

$$= 208.827$$

$$a = \text{लघु}\,\frac{k - y_0}{y_0}$$

$$= \text{लघु}\,\frac{208.827 - 12.9}{12.9} = \text{लघु}\ 15.188140,$$

$$= 1.181505$$

$$b = \frac{1}{n}\,\text{लघु}\,\frac{y_0(k - y_1)}{y_1(k - y_0)},$$

$$= \frac{1}{6}\left[\text{लघु}\,\frac{12.9(208.827 - 62.1)}{62.1(208.827 - 12.9)}\right] = \frac{1}{6}\,\text{लघु}\ 0.15556570,$$

$$= \frac{1}{6}(9.19191396 - 10) = \frac{1}{6}(-0.80808604),$$

$$= -0.1346810$$

उपनति समीकरण

$$Y_c = \frac{208.827}{1 + 10^{(1.181505 - 0.134681X)}}$$

मूलबिन्दु 1830, X इकाइयाँ, 10 वर्ष।

इस वृद्धिधान समीकरण के उपनति मानों के परिकलन को सारणी 13.6 के अंतिम पाँच स्तम्भों में दिखाया है। प्रविधि पहले

$$\mu = 10^{a+bX}$$

लिखने की ताकि

$$Y_c = \frac{k}{1+\mu}.$$

हमारे समीकरण मे

$$\mu = 10^{(1.181505 - 0.134681X)}$$

तथा

$$\text{लघु } \mu = (\text{लघु } 10)(1.181505 - 0.1346810X),$$
$$= 1.0(1.181505 - 0.134681X),$$
$$= 1.181505 - 0.134681X$$

μ के मानो को सारणी 13.6 के स्तम्भ 6, 7, और 8 म प्राप्त किया जा सकता है। इस सारणी के स्तम्भ 9 में $1+\mu$ के मान दिखाए गए हैं और Y_c मानो को स्तम्भ 10 मे प्राप्त किया गया है। क्योकि वक्र को अवश्यमेव तीन चुने हुए बिन्दुओ मे से होकर जाना चाहिए अत. 1830, 1890, और 1950 के Y_c मानो की y_0, y_1, तथा y_2 मानो के साथ तुलना करते हुए परिकलन की जाच की जा सकती है। सारणी 13.6 के स्तम्भ 10 मे पड़ताल सकेत यह बताते ह कि सगति विद्यमान है।

उपनति मान चार्ट 13.12 तथा 13.13 मे आरेखित किए गए है, तथा वक्र के मूलभूत आकार को अधिक स्पष्ट रूप से दिखाने के लिए उपनति को दोनो दिशाओ मे बढाया गया है। ध्यान दीजिए कि प्रेक्षित आकड़ो और उपनति मे सगति प्राय इतनी निकट है कि दोनो मे भेद कर सकना बडा कठिन है। यह भी ध्यान दीजिए कि चार्ट 13.13 मे व्युत्क्रम ऊर्ध्वाधर पैमाने का प्रयोग किया गया है और इस चार्ट म वृद्धिघाती वक्र देखने मे सर्वोधिन घरघाताकी वक्र के बिल्कुल समान है।

वृद्धिघाती वक्र का वर्णन 1838 म किया गया था और बाद मे पी० एफ० वरहल्स्ट द्वारा उसकी अधिक पूर्णता के साथ व्याख्या की गई थी। 1920 मे इसे रेमन्ड पर्ल तथा लॉवेल जे० रीड द्वारा स्वतन्त्र रूप मे विकसित किया गया। इसे प्राय पर्ल-रीड वक्र के नाम से पुकारा जाता है। पर्ल तथा रीड ने सफेद चूहे तथा मेंढक की पूछ, एक पौष्टिक घोल मे खमीर कोशिकाओ की सख्या, एक बोतल मे फल मक्खियो की सख्या (सीमित खाद्य पूर्ति पर), और इन सबमे सबसे अधिक रुचिकर, एक भौगोलिक क्षेत्र म मनुष्य मात्र की सख्या के विकास का वर्णन करने के लिए वक्र का प्रयोग किया है। प्रत्येक अवस्था मे मापा गया तत्व प्राणी अगो मे कोशिकाओ की सख्या या एक क्षेत्र मे व्यक्तियों की सख्या अर्थात् जनसख्या की वृद्धि है। वृद्धि के नियम की, जिसका वृद्धिघाती वक्र वर्णन करता है, पर्ल ने निम्नलिखित व्याख्या की है [9]

> क्षेत्र की दृष्टि से सीमित ब्रह्माण्ड म वृद्धि की मात्रा, जो समय की किसी एक विशेष इकाई पर विकास के अकेले चक्र के किसी बिन्दु पर होती है, दो वस्तुओ की सानुपातिक है, अर्थात् (क) स्वतन्त्र आकार जिसे पहले ही विचाराधीन इकाई अन्तराल के प्रारम्भ म प्राप्त कर लिया गया था, तथा (ख) विकास की पुष्टि के लिये वास्तविक तथा सम्भावित स्रोतो के निर्दिष्ट ब्रह्माण्ड (या क्षेत्र) मे अभी तक अप्रयुक्त या अनुत्सर्जित मात्रा।

---

9 रेमन्ड पर्ल द्वारा लिखित, दि बायालाजी आफ पापुलेशन ग्रोथ, एल्फ्रेड ए० नोफ, न्यूयार्क, 1925, पृष्ठ 22।

मानव जनसंख्या के सबन्ध में, हो सकता है नया विकास प्रायः जीवन निर्वाह के उपलब्ध साधनों को बढ़ा दे और विकास के नए चक्र को बनने दे। उदाहरण के लिये, मनुष्य जाति शिकार की अवस्था, कृषि की अवस्था और उद्योग की अवस्था से गुज़रे। तब प्रत्येक सांस्कृतिक युग का वर्णन पुराने वृद्धिघाती वक्र पर नए वृद्धिघाती वक्र को रख कर किया जा सकता है। इस प्रकार

$$Y_c = k_1 + \frac{k_2}{1 + 10^{a+bX}}$$

एक ऐसे वक्र का वर्णन करता है जिसमे k_1 नई निम्न सीमा है और $k_1 + k_2$ नई उच्च सीमा। इस समीकरण मे k_1 पहले वृद्धिघाती वक्र के उच्च बिन्दु k_0 से नीचे है और उस मान की ओर सकेत करता है जिस पर पहले उच्च सीमा मे बाधा पड़ी थी।

स्पष्टतया आप्रवास और मानव संस्थाओं की धाराएँ वक्र के मूलभूत आकार को परिवर्तित नहीं करती यद्यपि वे इसके ढाल की तीक्ष्णता म कुछ हेर-फेर कर सकती हैं। यह भी हो सकता है कि विकास सममित न हो नति परिवर्तन बिन्दु को ऊपरी तथा निम्न अनन्तस्पर्शी के मध्य होने की आवश्यकता नहीं और न ही वक्र के दो भागों का आकार समान होना आवश्यक है।

$$Y_c = \frac{k}{1 + 10^{a+bX+cX^2}}$$

लिख कर पहले सूत्र म थोड़ा सा सुधार करके विषमतल वृद्धिघाती का प्राप्त किया जा सकता है।

तथापि रेमन्ड पर्ल के सिद्धान्त को सार्वजनीन रूप से नहीं माना गया है। कुछ तर्क देते हैं कि यद्यपि वृद्धिघाती वक्र एक बोतल म फल मक्खियो की सख्या के लिय पर्याप्त उपयुक्त है परन्तु इसका मानव-समाज म विस्तार अनुचित है। मनुष्यो के पास अपन वातावरण को परिवर्तित करन तथा विवेकपूर्वक पुनरुत्पत्ति की दर को नियन्त्रित करने की शक्ति होती है और वे इस शक्ति का प्रयोग करते हैं।

एक लाभ जिसके लिए कभी-कभी वृद्धिघाती वक्र का प्रयोग किया जाता है, भावी जनसख्या के आकार की पूर्वकल्पना करना है। केवल मात्र वक्र के विस्तार पर आधारित पूर्वकल्पनाओं की उपयोगिता सन्दिग्ध है, क्योंकि उनम किसी श्रेणी पर अन्तर्निहित प्रभावों में से किसी महत्त्वपूर्ण परिवर्तन की कल्पना नहीं होती।[10] 1970 के लिय हमारे वृद्धिघाती वक्र का बताया हुआ उपनति मान 1744 लाख है, जो स्पष्ट ही बहुत नीचा है। जब विश्वस्त अभिलेख विद्यमान न हों, तो पूर्व वर्षों की जनसख्या का अनुमान लगाने के लिए ऐसी उपनति का भी प्रयोग किया जा सकता है, जैसी हमने आसजित की है। इस प्रकार आजकल के महाद्वीपीय सयुक्त राज्य की जनसंख्या का हमारे समीकरण से अनुमान लगाया जा सकता है, जो 1790 मे लगभग 39 लाख थी। 1790 के लिए अधिक अच्छा अनुमान उस समय मिल सकता था यदि हमने वृद्धिघाती समीकरण के स्थिराकों का निर्धारण करते हुए 1800 और 1810 को सम्मिलित किया होता।

---

10 देखें, अध्याय 5 म पाद-टिप्पणी 5।

गॉम्पर्त तथा वृद्धिघाती वक्रों की तुलना—इस रूप में गाम्पत तथा वृद्धिघाती वक्र एक से है कि बढती हुई श्रेणी जोकि विकास की गिरती हुई प्रतिशतता से बढ रही है, या गिरती हुई श्रेणी जोकि पतन की घटती हुई प्रतिशतता से घट रही है का वर्णन दोनो के द्वारा किया जा सकता है। वे इस बात मे भिन्न हैं कि गाम्पर्त वक्र के अन्तगत लघु Y_c मानो के उत्तरोत्तर प्रथम अन्तरो का एक समान अनुपात आता है जबकि वृद्धिघाती वक्र मे $\frac{1}{Y_c}$ मानो के उत्तरोतर प्रथम अन्तरो के समान अनुपात का समावश होता है।

चार्ट 13 14 क 1920—1990 मे आइस क्रीम के स्वदेशीय उत्पादन के गाम्पत उपनति मानो के प्रथम अन्तर।

चार्ट 13 14 ख 1770—2070 मे महाद्वीपीय सयुक्त राज्य की जनसख्या के लिए वृद्धिघाती उपनति मानों के प्रथम अन्तर।

श्रेणी के उन प्रकारों के लिये जिनमें इन वक्रों का प्रयोग करने में हमारी रुचि है दोनों के ऊपरी तथा निम्न अनन्तस्पर्शी हैं।

गाम्पर्ट्ज वक्र के उपनति मानों के प्रथम अन्तर एक ऐसा वक्र बनाते है जो विषम बारम्बारता बटन के साथ मिलता-जुलता है, जैसा कि चार्ट 13.14 के भाग क में दिखाया गया है। वृद्धिघाती वक्र के उपनति मानों के प्रथम अन्तर, जिस प्रकार का यहाँ वर्णन किया गया है, एक ऐसे वक्र की रचना करते हैं जो प्रसामान्य बारम्बारता बटन से मिलता-जुलता है (देखें अध्याय 23), जैसे चार्ट 13.14 के भाग ख में दिखाया गया है। वृद्धिघाती वक्र की इस विशेषता के कारण, यह देखने के लिये कि क्या उपनति ऋजु रेखा दृष्टिगोचर होती है, प्रेक्षित आँकड़ों को कई बार अंकगणितीय सम्भावना-पत्र[11] (देखें, चार्ट 23.9 तथा उसके साथ का विवरण) पर आरेखित किया जाता है। यदि ऐसा है, तो वृद्धिघाती वक्र को आसंजित किया जा सकता है।

गाम्पर्ट्ज वक्र को जब अर्ध-लघुगणकीय पत्र पर आरेखित किया जाता है, तो उसका रूप एक संशोधित चरघातांकी वक्र का होता है, और जब व्युत्क्रम ऊर्ध्वाधर पैमाने और अंकगणितीय क्षैतिज पैमाने द्वारा (वैकल्पिक रूप से, $\frac{1}{Y_c}$ और X को अंकगणितीय पत्र पर आरेखित किया जा सकता है) एक ग्रिड पर आरेखित किया जाता है, तो वृद्धिघाती वक्र का रूप संशोधित चरघातांकी वक्र का होता है।

उपनति प्ररूप का चयन

इस अध्याय में तथा पूर्वगामी अध्याय में उपनतियों के उन प्रकारों का, जिनका उपयोग किया जा सकता है विस्तृत वर्णन करने का प्रयत्न नहीं किया गया है। तथापि, काल-श्रेणी विश्लेषण की अधिकांश आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए, पर्याप्त विविधता प्रदान की गई है। इतनी अधिक संख्या में प्राप्य उपनति प्ररूपों से कोई व्यक्ति कैसे निर्णय कर सकता है कि वह किसे चुने? प्रथम, उपनति प्ररूप उन शक्तियों के व्यवहार के अनुरूप होना चाहिये जिनको मापने का प्रयास हम करते हैं। यदि एकमात्र उद्देश्य चक्रीय विचलनों को प्राप्त करना हो, तो उपनति को प्रत्येक चक्र के लगभग मध्य से गुजरना चाहिये। यदि पूर्वानुमान के उद्देश्य से उपनति को बढ़ाने की इच्छा की जाए तो उपनति तथा इसके विस्तार को तर्कशास्त्र द्वारा निर्दिष्ट आशाओं के अनुरूप होना चाहिए। उदाहरणार्थ, यदि श्रेणी ऐसी है कि तार्किक आधार पर उसके समतल होने की आशा की जा सकती है, तो एक अनन्तस्पर्शी वक्र को चुन लिया जाना चाहिये। जब एकमात्र उद्देश्य ऐतिहासिक अध्ययन करना हो तो वक्र का भावी व्यवहार इतना महत्त्वपूर्ण नहीं होता।

यह निर्णय करने के लिये कि कौनसे उपनति प्ररूप का प्रयोग किया जाए, पहला पग सदैव अंकगणितीय-पत्र पर प्रेक्षित आँकड़ों को आरेखित करना होना चाहिए और फिर, यदि उपनति एकघात नहीं है, अपितु या तो (1) ऊर्ध्वगामी और अवतल ऊर्ध्वगामी

---

11 इसमें (1) एक अनन्तस्पर्शी की कल्पना और (2) आरेखित करने से पूर्व प्रेक्षित आँकड़ों की अनन्तस्पर्शी के प्रतिशतों के रूप में अभिव्यक्ति, का समावेश है। एक से अधिक अनन्तस्पर्शियों का परीक्षण किया जा सकता है।

है या (2) निम्नगामी और अवतल ऊर्ध्वगामी है, तो अर्ध-लघुगणकीय पत्र पर प्रेक्षित आँकडो को आरेखित करना चाहिए। आरेखित आँकडो का परीक्षण उपनति के प्रयोज्य प्ररूप का निश्चय करने के लिये प्राय उपयुक्त आधार प्रदान करेगा। जब आगे मार्ग-दर्शन की आवश्यकता हो तो निरीक्षण द्वारा लगभग सन्निकट उपनति आरेखित की जा सकती है तथा सरल किए गए वक्र पर निम्न परीक्षण लागू किए जा सकते है।

1. यदि प्रथम अन्तरो की प्रवृत्ति स्थिराक होने की हो तो ऋजु रेखा का प्रयोग करो।

2 यदि द्वितीय अन्तरो की प्रवृत्ति स्थिराक होने की हो तो द्वितीयाश वक्र का प्रयोग करो।

3. यदि प्रथम अन्तरो की अचर प्रतिशतता मे गिरने की प्रवृत्ति हो तो एक सशोधित चरघाताकी का प्रयोग करो।

4 यदि सन्निकट उपनति, जब उसे अकगणितीय पत्र पर आरेखित किया जाता है, एक ऋजु रेखा हो, तो ऋजु रेखा का प्रयोग करो।

5. अर्ध-लघुगणकीय पत्र पर आरेखित किये जाने पर यदि सन्निकट उपनति एक ऋजु रेखा हो तो एक चरघाताकी वक्र का प्रयोग करो।

6. अर्ध-लघुगणकीय पत्र पर आरेखित किये जाने पर, यदि सन्निकट उपनति एक सशोधित चरघाताकी प्रतीत हो, तो गाम्पर्त वक्र का प्रयोग करो।

7 यदि सन्निकट उपनति जब उसे व्युत्क्रम उर्ध्वाधर पैमाने तथा अकगणितीय क्षैतिज पैमाने द्वारा ग्रिड पर आरेखित किया जाता है, सशोधित चरघाताकी से मिलता-जुलता है, तो वृद्धिघाती वक्र का प्रयोग करो। वैकल्पिक रूप से, $\frac{1}{Y_c}$ तथा X को अकगणितीय ग्रिड पर आरेखित किया जा सकता है।

8. यदि प्रथम अन्तर विषम बारबारता वक्र से मिलते-जुलते हो, तो गाम्पर्त वक्र का या यहाँ वर्णित वक्र की अपेक्षा अधिक सम्मिश्र वृद्धिघाती वक्र का प्रयोग करो।

9 यदि प्रथम अन्तर एक प्रसामान्य बारम्बारता वक्र से मिलते-जुलते हो, तो वृद्धिघाती वक्र का प्रयोग करो।

10. यदि लघुगणको के प्रथम अन्तर अचर है तो चरघाताकी वक्र का प्रयोग करो।

11 यदि लघुगणको के द्वितीय अन्तर अचर है, तो लघुगणको के साथ द्वितीयाश वक्र आसजित करो।

12 यदि लघुगणको के प्रथम अन्तर एक अचर प्रतिशतता से परिवर्तित हो रहे हो, तो गाम्पर्त वक्र का प्रयोग करो।

13 यदि व्युत्क्रमो के प्रथम अन्तर अचर प्रतिशतता से परिवर्तित हो रहे है, तो वृद्धिघाती वक्र का प्रयोग करो।

14 यदि सन्निकट उपनति मान (या मूल आँकडे), जब उन्हें चुने हुए अनन्त-स्पर्शी की प्रतिशतताओ के रूप मे अभिव्यक्त किया जाता है, अकगणितीय सम्भावना पत्र पर रैखिक दृष्टिगोचर होते हैं, तो वृद्धिघाती वक्र का प्रयोग करो।

कभी-कभी ऐसी श्रेणियां मिलती है जो समय के एक भाग मे एक प्रकार की उपनति रखती हुई दृष्टिगोचर होती है और समय के दूसरे भाग मे उनी अथवा भिन्न प्रकार की भिन्न उपनति रखती है। उपनति मे परिवर्तन अधिकतर 1930 के आसपास हुए लगते हैं।

अनेक उपनतियाँ जिनमे से प्रत्यक मे स्थिराको की सख्या समान हो, आँकडो की श्रेणी के लिये कठिनाई से ही समान रूप से उपयुक्त दृष्टिगोचर होती हैं। ऐसी अवस्था मे, उसी एक को प्राथमिकता दी जानी चाहिए जिससे Y मानो के वर्गित विचलन निम्नतम हो। इस प्रकार की तुलना करते समय, Y मानो के साथ आसजित वक्रो की लघु Y मानो से आसजित वक्रो के साथ तुलना नही करनी चाहिये।

कभी कभी, पहले वर्णित सहायताओ मे से कोई भी निर्णय करने के योग्य नही बनाएगी कि कौन-से उपनति प्ररूप का प्रयोग किया जाए। यह इसलिए हो सकता है कि सन्निकट उपनति को उचित रूप से नही चुना गया था। या, ऐसा हो सकता है कि श्रेणी किसी सरल गणितीय विवरण के अनुरूप न हो। गतिशील विश्व मे, कार्य कर रही शक्तियाँ अन्य कारकों के प्रभाव डालने से पूर्व, विरले ही अपना पूर्ण प्रभाव डाल पाती हैं। परिणामत, कोई भी उपनति प्ररूप, केवल अपेक्षतया लघु काल के लिये उपयुक्त हो सकता है।

14

काल-श्रेणी का विश्लेषण :
आवर्ती गतियाँ I—स्थिर ऋतुनिष्ठ प्रतिरूप

जब समस्त ऋतुनिष्ठ प्रतिरूप मे अचानक परिवर्तन होता है तो केवल दो ऋतुनिष्ठ सूचकाको का परिकलन करना आवश्यक है, एक परिवर्तन से पहले काल के लिए तथा एक परिवर्तन के बाद के वर्षो के लिए। दो सूचकाक या तो स्थिर हो सकते है या परिवर्तनशील, जो भी श्रेणी के अनुकूल हो।

समय निर्धारण मे लघुकालिक विस्थापन—ईस्टर की बदलती हुई तिथि केवल मार्च और अप्रैल पर अधिक प्रभाव डालती है, मोटर गाडियो के प्रदर्शन की तिथि के बदलने पर इसके पहले तथा बाद के कुछ महीनो पर मुख्य रूप से प्रभाव पडा। तथापि, ऋतुसम्बन्धी अवस्थाओ का भी, जो वर्षानुवर्ष बदलती रहती हैं, परिणाम एक वर्ष शीघ्र फसलें तथा दूसरे वर्ष देर से फसलें हो सकता है, और न केवल विभिन्न वर्षो मे विभिन्न समयो पर उपज का क्रय-विक्रय होता है, अपितु सम्पूर्ण वर्ष मे वस्तुओ का प्रवाह भी प्रभावित हो सकता है और प्रभाव समस्त प्रतिरूप का कुछ मास बाएँ अथवा दाएँ विवर्तन कर सकता है। इसी प्रकार उपभोक्ता माँग का समय बदल सकता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि ऋतु कितनी शीघ्र बदलती है।

इस प्रकार ऋतुनिष्ठ प्रतिरूपो का विवर्तन एक कठिन समस्या प्रस्तुत करता है। इसका सर्वाधिक व्यावहारिक हल कदाचित् यह है कि स्थिति को समस्त प्रतिरूप मे अचानक परिवर्तन का विशेष मामला समझा जाए, उन वर्षो (आवश्यक रूप से निकटवर्ती नही) का इकट्ठा वर्ग बनाया जाय जो अपने क्रमो मे उसी प्रकार का समय दिखाते है तथा उतने ऋतुनिष्ठ सूचकाको का परिकलन किया जाए जितने वर्षो के वर्ग हो। इस प्रकार के सूचकाको का परिकलन करने के लिये, कोई कारण नही कि कैलेन्डर वर्ष को अवश्य ही एक इकाई के रूप मे लिया जाए। अपितु, यदि विषयसामग्री कृषि से सम्बन्धित है तो वर्ष को फसल वर्ष मे सम्बन्धित कर दिया जाना चाहिये। कदाचित् मध्य का महीना या तो ऋतुनिष्ठ ऊँचाई या ऋतुनिष्ठ निचाई का होना चाहिये।

परिवर्ती कोणाक—कुछ आर्थिक श्रेणियाँ वर्षानुवर्ष न्यूनाधिक उसी सामान्य ऋतुनिष्ठ प्रतिरूप को स्थिर रखती है परन्तु कोणाक मे या तो धीरे-धीरे या अचानक उनके

---

3. बहुविभागीय भण्डार विक्रय श्रेणी मे ईस्टर के समजन करने के लिए फेडरल रिजर्व सिस्टम द्वारा प्रयुक्त एक प्रविधि की विस्तृत व्याख्या के लिए इस पुस्तक के द्वितीय सस्करण मे पृष्ठ 352—359 देखिए।

बदलने की प्रवृत्ति रहती है। यह विशेष रूप से कृषि सम्बन्धी वस्तुओं के भण्डार में ठीक बैठता है। उदाहरणार्थ, कृषि के भण्डार एक वर्ष से दूसरे वर्ष बदलते हुए ऋतुनिष्ठ कोणाक प्रस्तुत करते है जो पिछले वर्ष से लाई हुई मात्रा, फसल की मात्रा और उपभोग की मात्रा पर निर्भर करता है। इसी प्रकार अपने ऋतुनिष्ठ उतार-चढाव के कोणाक मे पशुधन के पोत-लदान बदलते हुए दीखते है। यहा पर परिवर्तन का सम्बन्ध पशुधन के तत्काल विक्रय के लाभ से हो सकता है इसकी तुलना मे जब कि उन्हें आगे बढाने के लिय या मूल वृद्धि के लिये रखा जाता है। क्योंकि इन नीतियों (पृ॰ 132 पर वर्णित) के आपेक्षिक लाभ, चक्रों के अन्तर्गत बदल सकते है अत चक्रो मे ऋतुनिष्ठ विचरण मे भी परिवर्तन आ सकता है और प्रतिरूप मे परिवतन को पर्याप्त सीमा तक गतिशील ऋतुनिष्ठ के रूप म व्यक्त किया जा सकता है। एक अन्य विनिर्माण मे सर्वाधित ऋतुनिष्ठ कोणाक है जो कि मुश्किल से निर्वाह योग्य आय मे से क्रय के प्रति एक सामान्य चक्रीय प्रवृत्ति द्वारा लाया जाता है। यह स्पष्ट है कि इस परिवर्तन को गतिशील ऋतुनिष्ठ के रूप म विचारा जा सकता है, किन्तु इसमें श्रेढी उपनति प्रकार की न होकर चक्रीय होती है।

यह स्पष्ट होना चाहिये कि जब ऋतुनिष्ठ गति का कोणाक शनै शनै. न बदल रहा हो अपितु सहसा बदल रहा हो और मुख्यतया यह अपूर्वानुमेय हो तो समस्त ऋतुनिष्ठ प्रतिरूप मे गतिशील ऋतुनिष्ठ कठिनाई का कोई श्रेष्ठतर समाधान नहीं करा सकता जितना कि लघुकाल विचलन द्वारा हो सकता है। यहा पर वर्णन किए गए ऋतुनिष्ठ सूचकाक प्रकारो मे से कोई भी प्रकार कुछ वर्षों मे बहुत अधिक तथा अन्य वर्षों मे बहुत लघु कोणाक प्रदर्शित करेगा। कोणाक म एकाएक परिवर्तन के लिये ऋतुनिष्ठ सूचकाक को शुद्ध करने की विधि का इस पुस्तक[4] मे विस्तार से वर्णन नहीं किया जाएगा, परन्तु सामान्यतया यह प्रविधि उस सम्बन्ध के निर्धारण म निहित है जो प्रत्येक वर्ष के *12*-महीनों के (1) 100 मे विचलन के रूप मे अभिव्यक्त ऋतुनिष्ठ सूचकाक (2) 12-मास केन्द्रित गतिशील औसत म मौलिक मूल्यो मे प्रतिशत विचलन के मध्य उपस्थित है और बाद के प्रतिशतता विचलन शून्य औसत तक समजित किये जाते हैं। प्रत्येक वर्ष के लिये मानो के 12 युग्मो के मध्य सम्बन्ध एक कोणाक अनुपात प्रदान करता है जो 100 से विचलन के रूप मे अभिव्यक्त मूलभूत ऋतुनिष्ठ मानो मे प्रयोग किय जाने के लिये शुद्धि का सकेत करता है। इनमे से प्रत्येक विचलन मे तब 100 को जोड दिया जाता है।

सावधानी का एक शब्द यहा आवश्यक हो सकता है यदि एक गतिशील ऋतुनिष्ठ का प्रयोग किया गया हो तो कोणाक अनुपात मे परिवर्तन आवश्यक रूप से मूलभूत आंकडो के ऋतुनिष्ठ कोणाक मे परिवर्तन का सकेत नही करता। उदाहरणार्थ, ऋतुनिष्ठ कोणाक म शनै शनै वृद्धि कोणाक अनुपात की अपेक्षा ऋतुनिष्ठ सूचकाँक मे प्रतिबिम्बित हो जाएगी, परन्तु गतिशील ऋतुनिष्ठ, कोणाक परिवर्तन मे सामान्य उपनति मे किसी सहसा पार्थक्य को पजीकृत करने मे असमर्थ होगा।

विधि के और अधिक परिष्कार

ऋतुनिष्ठ सूचकाको का सातत्य—एक ऋतुनिष्ठ सूचकाक का अध्ययन न केवल सूचकाक के लिये चुने गए 12-मास के काल के लिये अपितु किसी भी क्रमागत 12-मास काल

---

4 सारणियो और चार्टों सहित पूर्ण विवरण के लिये मूल अंग्रेजी पुस्तक का प्रथम संस्करण, पृष्ठ 518—524 देखिये।

के लिये 100 प्रतिशत होता। तथापि इस अध्याय में वर्णित किसी भी ऋतुनिष्ठ के लिये क्रमागत 12-मास के लिए 100 प्रतिशत होना सत्य नहीं है, यद्यपि प्रगतिशील या गतिशील ऋतुनिष्ठ के सम्बन्ध में असगति केवल नाममात्र की होगी। तो भी विशेषतया कोणाक में परिवर्तनों के लिये संशोधित ऋतुनिष्ठ सूचकांकों के सम्बन्ध में असगति भयप्रद मात्राओं में हो सकती है। उस बिन्दु पर जहाँ एक वर्ष समाप्त होता है और दूसरा प्रारम्भ होता है, ऋतु के अनुसार समजित आँकड़ों की अनियमितता में कठिनाई स्वयमेव प्रकट होती है, उदाहरणार्थ, हम कल्पना करें कि दिसम्बर 1963 तथा जनवरी 1964 के लिये प्रत्येक असमजित ऋतुनिष्ठ सूचकांक 100 प्रतिशत है तो हम यह कह सकते हैं कि कैलेन्डर वर्षों में कोणाक समजन का प्रयोग किया जाता है। अब आगे कल्पना करो कि कोणाक अनुपात क्रमश 0 5 तथा 1 5 हैं। यह दिसम्बर 1963 के समजित सूचकांक को 50 प्रतिशत तथा जनवरी 1964 के सूचकांक को 150 बना देता है। यह स्पष्ट है कि दिसम्बर तथा जनवरी के मध्य ऋतु के अनुसार समजित आकडों में अत्यधिक कमी होगी। तो भी थोडा सा विचार किसी को यह विश्वास दिला देगा कि कोणाक में परिवर्तन पूर्णतया एक महीने के समय में नहीं होता अपितु यह कुछ महीनों की अवधि के स्थानान्तरण को प्रस्तुत करता है।

यद्यपि इस समस्या का कोई पूर्णतया सन्तोषजनक समाधान नहीं है तथापि एक बहुत श्रमसाध्य उपचार यह है कि सारी श्रेणी के प्रत्येक क्रमागत 12-मास काल के लिये कोणाक अनुपात का परिकलन किया जाए। उदाहरण के लिये यदि आँकड़े 1954 से 1964 में से होकर जाएँ तो पहला 12-मास काल जनवरी 1954 से दिसम्बर 1954 में होकर, दूसरा फरवरी 1954 से जनवरी 1955 में होकर जाएगा, तथा आगे भी इसी प्रकार होगा। सर्वदा इस प्रकार के 121 12-मास काल होंगे और कोणाक अनुपात की संख्या भी वही होगी। हम इन अनुपातों को सामूहिक रूप से *गतिशील कोणाक अनुपात* कह सकते हैं। एक 12-मास गतिशील औसत की समानता का अनुसरण करते हुए इन अनुपातों को, 120 कोणाक अनुपातों को त्यागते हुए, जुलाई 1954 से जून 1964 में से जाते हुए 2-मास गतिशील औसत पर केन्द्रित होना चाहिए। तब अन्तिम ऋतुनिष्ठ सूचकांक प्राप्त करने के लिये ऋतुनिष्ठ सूचकांकों को इन कोणाक अनुपातों के साथ गुणा किया जाता है।

यह विधि श्रमसाध्य है, परन्तु यह पूर्णतया सन्तोषजनक नहीं है। यद्यपि श्रेणी के सातत्य में कोई भी तीक्ष्ण कटाव नहीं है तो भी इसमें यह दोष है कि कोई भी 12 क्रमागत ऋतुनिष्ठ सूचकांक 100 प्रतिशत पर केन्द्रित नहीं होते। प्रत्येक वर्ष के कोणाक अनुपात का परिकलन करने, अनुपात को छठे अथवा सातवें महीने पर केन्द्रित करने और एक वर्ष से दूसरे वर्ष अकगणितीय विधि से अन्तर्वेशन करने की, पूर्व-वर्णित विधि की अपेक्षा कम शुद्ध परन्तु बहुत ही अल्प श्रमसाध्य विधि और है।

ऋतुनिष्ठ प्रस्पों का समय—यह बहुधा सत्य है कि एक श्रेणी के ऋतुनिष्ठ विचरण के प्रतिरूप धीरे-धीरे बदल रहे हों, अपने समय में आगे पीछे हो रहे हों, कोणाक में बदल रहे हों, अथवा इन तीनों का कोई सम्मिश्रण हो। कोणाक में परिवर्तन तथा समयों में विवर्तन दिखाने वाले आँकड़ों के लिये अन्तिम सूचकांकों की प्राप्ति की विधि इस प्रकार हो सकती है. (1) ऋतुनिष्ठ ऊँचाई की उत्पत्ति के अनुसार आकडों को उप-कालों में विभाजित करो; (2) फिर ऋतुनिष्ठ का प्रत्येक ऐसे उप-काल के लिये परिकलन करो, (3) इन ऋतुनिष्ठ सूचकांकों का प्रयोग करते हुए प्रत्येक वर्ष के लिये कोणाक अनुपातों

का परिकलन करो (जहा तक मम्भव हो ऊपर वर्णित अन्तर्वेशन विधि का प्रयोग करते हुए), (4) ऋतुनिष्ठ सूचकाको का उपयुक्त कोणाक अनुपातो द्वारा गुणा करो।

ऋतुनिष्ठ व्यवहार के दूसरे मम्मिश्रण अलग उपचार की माग कर सकते है। ऋतुनिष्ठ विचरण को सफलतापूर्वक मापन के लिये अधिकतर बहुत अधिक पटुता की आवश्यकता पडती है। दुर्भाग्यवश, इसे बताने का कोई मार्ग नही है कि हम कब समस्या के सर्वोत्तम समाधान पर पहुँच गए हैं। प्रविधि की जटिलता इस प्रकार का आश्वासन नही देती कि प्राप्त परिणाम उस गति को ठीक प्रकार से मापते हैं जिसके माप के लिये हम चले हैं। विशेषतया यदि आँकड मौलिक रूप से विश्वस्त नही हैं तो विधि के अत्यधिक सूक्ष्म परिष्कार का प्रयास अधिकतर व्यय होने की सभावना है।[5]

निर्माण-विधियो का तर्कसगत आधार—ईस्टर के लिये समजन के अतिरिक्त, जिसकी ओर पृष्ठ 323 पर सकेत किया गया, इस अध्याय म वर्णित विधियाँ अपने द्वारा उत्पन्न किये गए परिणामो की पुष्टि पर निर्भर करत हुए स्वभाव से न्यूनाधिक अनुभवाश्रित प्रकृति की हैं। विधि तभी सन्तोषजनक हो सकती है यदि ऋतुनिष्ठता रहित किये गए आँकडे (1) विभिन्न वर्षों म अन्त वर्ष प्रतिरूप (चक्रीय से भिन्न) की बराबरी नही दिखाते, (2) अपनी गति म अत्यधिक अनियमित नही होते, तथा (3) 12-माम कालो मे भौतिक आँकडो की तरह जो एक ही महत्त्व के नहीं होत।

इसके विपरीत ईस्टर समजन न अप्रैल विक्रय ऋण माच विक्रय तथा ईस्टर की तिथि के फलनीय सम्बन्ध को ढूँढने का प्रयास किया है। इस विचार को आगे ले जाते हुए दिन के प्रकाश के ममय तथा उद्दीप्त लैम्प के विक्रय में या तापमान तथा बर्फ के विक्रय म, या तापमान के सम्मिश्रण और बर्फ के गिरने तथा गैलोश के विक्रय म, एक समय मे सख्यात्मक मम्बन्ध को खोजना मम्भव हो सकता है। इस प्रकार की विधि से सूचकाका का परिकलन हमे सहसम्बन्ध के क्षेत्र म बहुत दूर ल जाएगा, जिसका अध्याय 19—22 मे वर्णन किया गया है। आगे भी, उदाहरण के लिए क्रिसमस के महत्त्व को विक्रय तथा किसी और कारक के महसम्बन्ध मे मापना कठिन होगा।

इन दो प्रकार की विधियों के बीच स्थित वह विधि है जो अनुभवाश्रित विधि द्वारा एक प्रथम सन्निकटन ऋतुनिष्ठ सूचकाक प्राप्त करती है तथा फिर इस सिद्धात पर कि ऋतुनिष्ठ गतिया सरल प्रतिरूप प्रस्तुत करेंगी यदि नियत समय पर्याप्त दीर्घ होगा जो सभी अनियमित गतियो को एकदम प्रभावहीन कर दे, तो ऋतुनिष्ठ सूचकाक के साथ एक वक्र को आसजित कर सूचकाक को सरल बनान का प्रयत्न करती है। ऋतुनिष्ठ वक्र की मुक्तहस्त सरलता का अभ्यास थोडे से साख्यिकीविदो द्वारा किया जाता है। अत्र गणितीय वक्र को जोडने का प्राय पक्ष नही लिया जाता। न केवल तार्किक आपत्तियाँ ही उठाई जा सकती हैं अपितु सामाजिक कारण भी हो सकत हैं जो सरल गणितीय वक्र मे निहित परिरेखीय सरलता मे बाधा डालते हैं।

---

5 उक्त अध्ययन के लिए दि जर्नल ऑफ दि अमेरिकन स्टैटिस्टिकल एसोसिएशन, खण्ड 59, सख्या 308, दिसम्बर 1964, पृष्ठ 1063—1077 मे प्रकाशित ई० ज० हनान द्वारा लिखित 'दि एस्टीमेशन आफ ए चेंजिग सीजनल पैटर्न' देखिए।

16

काल-श्रेणी का विश्लेषण : चक्रीय गतियाँ—उपनति, ऋतुनिष्ठ, एवं अनियमित गतियों के लिए काल-श्रेणी का समंजन

अध्याय 11 मे यह सकेत किया गया था कि मासिक काल श्रेणियाँ प्रकारात्मक रूप से चार महत्त्वपूर्ण गतियो की उपज है दीर्घकालिक उपनति (T), ऋतुनिष्ठ विचरण (S), चक्रीय गतियाँ (C), तथा अनियमित घटाबढियाँ (I)। अध्याय 12 तथा 13 मे उपनतियो के प्रकार, उचित प्ररूप तथा उपनति आसजन की विधि कैसे चुनी जाए, इस पर विचार किया गया था। अध्याय 14 और 15 मे ऋतुनिष्ठ विचरणो के प्रकारो तथा ऋतुनिष्ठ विचरण के सूचकाको के निर्धारण की ओर ध्यान दिया गया है। इस अध्याय मे, हम प्रथम वार्षिक काल-श्रेणी आकडो से उपनति के निरसन का विवेचन करेंगे। ऐसा करने से मासिक आकडो मे से ऋतुनिष्ठ विचरण और उपनति दोनो का निरसन हो जाएगा और अनियमित गतियो का सरलन हो जाएगा। अन्तिम परिणाम मुख्य रूप से श्रेणी का चक्रीय गतियो को प्रदर्शित करने वाले समजित आँकडो का समुच्चय होगा।

उपनति के लिए वार्षिक आँकडो का समजन करना

यह वास्तव मे स्पष्ट है कि वार्षिक आंकडे, जो प्रत्येक वर्ष के लिये केवल एक सख्या दिखाते हैं, किसी ऋतुनिष्ठ विचरण का समावेश नही कर सकते। न ही वार्षिक आकडे अनियमित गतियाँ दिखा सकते है, यद्यपि यह सम्भव है कि प्रासगिक गति (जैसे कठोर हडताल या प्रचण्ड अग्नि के कारण उत्पन्न गति) वार्षिक जोड पर प्रभाव डालने के लिये पर्याप्त महत्त्वपूर्ण हो।

सारणी 12.2 मे 1932—1960 के समाचारपत्र विज्ञापनार्थ ऋजु रेखा उपनति का निर्धारण करने के लिये आवश्यक परिकलनो को दिखाया गया था। समीकरण के प्रयोग से प्राप्त उपनति मान 1932—1964 की सारणी 12.2 के अन्तिम स्तम्भ मे दिये गए थे। चार्ट 12 3 ने दोनो प्रेक्षित वार्षिक आंकडो और उपनति को दिखाया। सारणी 16 1, 1932—1964 के प्रेक्षित वार्षिक आंकडो तथा उन्ही वर्षो के उपनति मानो को दोहराती हैं। सारणी 16 1 मे भी हमने प्रत्येक वर्ष के उपनति मानो के प्रतिशत का परिकलन किया है। इन्हें मूल सख्याओ मे से प्रत्येक को सगत उपनति मान से भाग करके तथा 100 से गुणा करके प्राप्त किया है। परिणाम चार्ट 16 1 मे दिखाये गये है। वार्षिक आंकडे

सारणी 16.1

संयुक्त राज्य के समाचारपत्र विज्ञापन के 1932—1964 के आँकड़ों का उपनति समंजन

(मूल आँकड़े और उपनति मान पंक्तियों में—दस लाखों में)

वर्ष	मूल आँकड़े Y	उपनति मान Y_c	उपनति का प्रतिशत $100(Y-Y_c)$
1932	1,164 8	857 4	135 9
1933	1,065 5	933 7	114 1
1934	1,178 9	1.010 0	116 7
1935	1,246 0	1,086 2	114 7
1936	1 380 0	1,162 5	118 7
1937	1,409 8	1,238 8	113 8
1938	1,225 4	1,315 0	93 2
1939	1,243 6	1,391 3	89 4
1940	1 268 6	1,467 6	86 4
1941	1,313 2	1,543 9	85 1
1942	1,241 8	1,620 1	76 6
1943	1,396 4	1,696 4	82 3
1944	1,361 3	1 772 7	76 8
1945	1 391 6	1,848 9	75 3
1946	1,729 7	1,925 2	89 8
1947	2,008 6	2,001 5	100 4
1948	2,263 3	2,077 7	108 9
1949	2,302 1	2,154 0	106 9
1950	2,440 2	2,230 3	109 4
1951	2,478 3	2,306 6	107 4
1952	2,505 4	2 382 8	105 1
1953	2,610 5	2,459 1	106 2
1954	2,581 3	2,535 4	101 8
1955	2,843 5	2,611 6	108 9
1956	2,911 0	2,687 9	108 3
1957	2,829 1	2,764 2	102 3
1958	2,685 6	2,840 4	94 6
1959	2,865 6	2 916 7	98 2
1960	2,888 6	2,993 0	96 5
1961	2,777 0*	3,069 3	90 5
1962	2,798 3*	3,145 5	89 0
1963	2,858 6*	3,221 8	88 7
1964	2,973 4*	3,298 1	90 2

* उपनति के परिकलन के लिए प्रयोग में नहीं लाए गए।

मूल आँकड़े सर्वे ऑफ करन्ट बिजनेस के विविध अंकों से।
उपनति मान सारणी 12.2 से।

काल-श्रेणी की घटाबढ़ियों के केवल बहुत अपूर्ण सूचक प्रदान करते हैं, परन्तु चार्ट 16.1 बताता है कि महत्त्वपूर्ण घटाबढ़ी वार्षिक समाचारपत्र विज्ञापन वश में हुई है।

चार्ट 16.1 संयुक्त राज्य में समाचारपत्र विज्ञापन के वार्षिक आंकड़े 1932—1964 की उपनति के लिये समंजित। 100 प्रतिशत आधार 1961—1964 के लिए टूटी हुई रेखा द्वारा दिखाया गया है क्योंकि उपनति का 1932—1960 के वर्षों के साथ आसंजित किया गया था और 1964 तक बढ़ाया गया था। सारणी 16.1 के आंकड़े।

सारणी 16.1 में उपनति का, घटाव की अपेक्षा भाग से निरसन किया गया था। यदि मूल संख्याओं में से उपनति मानों को घटा दिया जाता तो परिणाम सापेक्ष शब्दों की अपेक्षा पूर्ण शब्दों में (पंक्तियाँ दस लाखों में) विचलित होते। अधिकांश उद्देश्यों के लिये, जैसे कि उपनति, किसी तार्किक आधार के सम्बन्ध में, यह जान लेना अधिक उपयोगी है कि विचरण विस्तृत है अथवा लघु। इस प्रकार, 200 के उपनति मान के सम्बन्ध में निर्णय करने पर 50 का विचलन दस गुणा इतना महत्त्वपूर्ण है जितना तुलना में 2,000 का उपनति मान।

मासिक आँकड़ों का समंजन

यद्यपि काल श्रेणी की चक्रीय गतियों के आकलनों पर पहुँचने की दूसरी विधियाँ भी हैं परन्तु इनमें से इस अध्याय के अन्त में वर्णित तथाकथित "शेष विधि" का ही सामान्यतः प्रयोग किया जाता है। इस विधि में ऋतुनिष्ठ विचरण तथा उपनति का निरसन कर चक्रीय अनियमित गतियों को प्राप्त करना निहित है। संकेत रूप में,[1]

---

1 $T \times S \times C \times I$ की धारणा प्रायः $T+S+C+I$ की धारणा से अधिक उपयोगी है। यह इस कारण है क्योंकि S, C, और I की निरपेक्ष पद की अपेक्षा सापेक्षिक शब्दों में उपनति के सम्बन्ध में परिमाण में अधिकतर लगभग स्थिर रहने की प्रवृत्ति होती है। आगे सामान्यतः गतियाँ उस समय अधिक सार्थक होती हैं जबकि उन्हें एक दूसरे की तुलना में सोचा जाता है अपेक्षा इसके कि जब उन पर निरपेक्ष रूप से विचार किया जाता है। इस प्रकार एक ऋतुनिष्ठ सूचकांक का निर्धारण करने के लिए जो महीनों की सापेक्षिक महत्ता में परिवर्तनों के साथ बदलता है और चक्रीय गतियों की घटाबढ़ियों की प्रतिशतता की तुलना करने के लिये, एक ऋतुनिष्ठ सूचकांक का परिकलन संभव है जो कई वर्षों की अवधि तक समान रहता है। यदि ऋतुनिष्ठ गति को सापेक्ष की अपेक्षा निरपेक्ष रूप में स्थिर समझा जाए तो कभी-कभी श्रेणियों की प्रतिद्वन्द्विता में अधिक अच्छे परिणाम प्राप्त होते हैं। उसका विवेचन पृष्ठ 333—336 पर किया गया है।

$$(T \times S \times C \times I) - S = T \times C \times I \text{ तथा}$$
$$(T \times C \times I) - T = C \times I$$

आगे, चक्रीय गतियों के प्राप्त करने के हेतु, जिन्हें कई बार चक्रीय सम्बन्धी की संज्ञा दी जाती है, क्योंकि वे सदा प्रतिशत होते हैं आँकड़ों का प्राय सरलन कर दिया जाता है। यह इसलिये है क्योंकि चक्रीय अनियमित या चक्रीय गतियाँ शेष रहती हैं इसलिये इस विधि को शेष विधि कहा जाता है।

ऋतुनिष्ठताहीन बनाना—जैसा कि अध्याय 11 में स्पष्ट किया गया है, ऋतुनिष्ठ सूचकांक का स्वयं ऋतुनिष्ठ गति के अध्ययन के उद्देश्य से, अध्ययन किया जा सकता है, ऋतुनिष्ठ घटावढ़ियों को सरल करना, अथवा उनका लाभ उठाने के उद्देश्य से ऋतुनिष्ठ परिवर्तनों को शून्य करना अथवा उनके परिणामों को न्यून करना है। दूसरी ओर, हम ऋतुनिष्ठ विचरण से निर्विघ्न काल-श्रेणी के अध्ययन में रुचि रख सकते हैं, और वह हम ऋतुनिष्ठ विचरण के लिये प्रेक्षित आँकड़ों को समंजित करने से सिद्ध करते हैं।

ऋतुनिष्ठ सूचकांक का परिकलन और मासिक आँकड़ों के समुच्चय को ऋतुनिष्ठता-रहित बनाने में इसका प्रयोग चक्रीय गतियों के पृथकत्व में केवल एक पग हो सकता है, दूसरे पग (जिनका शीघ्र ही वर्णन किया जायेगा) उपनति में समंजन और अनियमित गतियों का सरलन है। प्राय फिर भी, केवल ऋतुनिष्ठ विचरण के लिये समंजित आर्थिक तथा व्यापारिक श्रेणी के अध्ययन की इच्छा की जा सकती है। इस प्रकार व्यापारी, निर्णय करने में, उपनति एवं ऋतुनिष्ठ गतियों व अतिशीघ्र दिखाई न देने वाले समुच्चय के अनुसार विक्रय बढ़ रहे हैं (अथवा घट रहे हैं) पर अधिक विचार करने की अपेक्षा वर्ष के विशेष ऋतु के लिये साधारणतया प्रत्याशित विक्रय के अनुसार विक्रय की घटाबढ़ी पर, हो सकता है, अधिक ध्यान दे। यह रोचक बात है कि बहुत सी ऋतुनिष्ठता रहित

चार्ट 16 2 1955—1963 के लिए संयुक्त राज्य के प्रकाशकों द्वारा समाचारपत्र कागज की खपत (ठोस रेखा) और ऋतुनिष्ठता-रहित आंकड़े (टूटी रेखा)। सारणी 16 2 के आँकड़े।

चार्ट 16 3 1955 से 1963 के लिए सयुक्त राज्य के प्रकाशकों द्वारा समाचारपत्र के कागज की खपत के ऋतुनिष्ठता-रहित आकडो का वर्षानुवर्ष चार्ट । सारणी 16 2 के आकड ।

श्रेणियाँ फेडरल रिजर्व सिम्टम के वार्ड ऑफ गवर्नर्ज द्वारा प्रकाशित *फेडरल रिजर्व वुलेटिन* मे तथा वाणिज्य विभाग क व्यापारिक अर्थशास्त्र कार्यालय से प्रकाशित *सर्वे ऑफ करट विजनेस* म दृष्टिगोचर होती है ।

ऋतुनिष्ठ विचरण का निरसन प्राय मूल मानो को ऋतुनिष्ठ सूचकाक से भाग करके सिद्ध किया गया है (और परिणामो को 100 से गुणा करके) जैसा कि सारणी 16 2 म समाचारपत्र कागजा क उपभोग के आँकडो के लिये दिखाया गया है। वह इस प्रकार है - $(T \times S \times C \times I) - S = T \times C \times I$, इसलिये कि ऋतुनिष्ठता-रहित आँकडों मे उपनति तथा अनियमित गतियाँ सन्निहित हैं। सारणी 16 2 के ऋतुनिष्ठता-रहित आँकडे समाचारपत्र के उपभोग मूल अको सहित चार्ट 16 2 मे दिखाए गए हैं जहाँ पर यह स्पष्ट है कि ऋतुनिष्ठता-रहित आँकडो का वक्र दोनो मे अधिक सरल है। क्योकि अवधि के अन्तर्गत केवल 9 वर्ष सम्मिलित हैं, अत न तो मूल आँकडे और न ही ऋतुनिष्ठता-रहित आँकडे चक्रीय गतियाँ प्रदर्शित करते हैं। समाचारपत्रो के उपभोग के आँकडे अध्याय 14 मे दृष्टान्त रूप मे इसलिये नही चुने गए थे कि वे ऋतुनिष्ठ विचरणो के समाप्त होने के पश्चात् चक्रीय गतियाँ दिखाएँगे या नहीं, वरन् इसलिए कि श्रेणी मे स्पष्टत ऋतुनिष्ठ था, जिसमे वर्षानुवर्ष कोई परिवर्तन दिखाई नहीं दिया जबकि (चार्ट 15 2 की तरह) गतिशील औसत आँकडो के प्रतिशत का बारह मासिक कोई चार्ट बनाकर उसका परीक्षण

सारणी 16 2

सयुक्त राज्य के प्रकाशको क समाचारपत्र कागज के उपभोग के 1955—1963 के आकडो मे से ऋतुनिष्ठ विचरणो का निरसन

(मूल तथा ऋतुनिष्टता रहित आकड छोट सहस्र टनो मे)

वर्ष तथा मास (1)	मूल आकड (?)	ऋतुनिष्ठ सूचकाक (3)	ऋतुनिष्टता रहित आकड स्तम्भ 2 —स्तम्भ 3 (4)
1955			
जनवरी	384	93 2	412 0
फरवरी	365	88 7	411 5
माच	439	104 0	422 1
अप्रैल	432	104 8	412 2
मई	455	108 4	419 7
जून	422	99 0	426 3
जुलाई	3/8	89 7	421 4
अगस्त	385	92 3	417 1
सितम्बर	425	100 1	424 6
अक्तूबर	479	110 9	431 9
नवम्बर	462	108 2	427 0
दिसम्बर	419	100 6	416 5
1956			
जनवरी	40?	93 2	431 3
फग्वगी	398	88 7	448 7
मान	446	104 0	428 8
अप्रैन	462	104 8	440 8
मइ	464	108 4	4?8 0
जून	422	99 0	426 3
जुलाई	389	89 7	433 7
अगम्त	403	92 3	436 6
मितम्बर	4?5	100 1	434 6
अक्तूबर	477	100 9	430 1
नवम्बर	468	108 ?	432 5
दिसम्बग	444	100 6	441 4
1957			
जनवरी	408	93 ?	437 8
फरवरा	?87	88 7	436 3
माच	463	104 0	44? 2
अप्रैल	44?	104 8	421 8
मई	466	108 4	429 9
जून	434	99 0	438 4
जुलाई	374	89 7	416 9

सारणी 16 2 वितत

(1)	(2)	(3)	(4)
अास्त	386	92 3	418 2
सितम्बर	434	100 1	433 6
अक्तूबर	465	110 9	419 3
नवम्बर	453	108 2	418 7
दिसम्बर	436	100 6	433 4
1958			
ज वरी	386	93 2	414 2
फरवरी	365	88 7	411 5
माच	434	104 0	417 3
अप्रल	423	104 8	403 6
मई	438	108 4	404 1
जन	409	99 0	413 1
जुलाई	365	89 7	406 9
अगस्त	388	92 3	420 4
सितम्बर	413	100 1	412 6
अक्तूबर	470	110 9	423 8
नवम्बर	465	108 2	429 8
दिसम्बर	394	100 6	391 7
1959			
जनवरी	395	93 2	423 8
फरवरी	385	88 7	434 0
माच	458	104 0	440 4
अप्रल	467	104 8	445 6
मइ	484	108 4	446 5
जन	429	99 0	433 3
जुलाई	400	89 7	445 9
अगस्त	423	92 3	458 3
सितम्बर	449	100 1	448 6
अक्तूबर	492	100 9	443 6
नवम्बर	488	108 2	451 0
दिसम्बर	459	100 6	456 3
1960			
जनवरी	432	93 2	463 5
फरवरी	416	88 7	469 0
माच	470	104 0	451 9
अप्रल	477	104 8	455 2
मइ	510	108 4	470 5
जन	462	99 0	406 7
जुलाई	420	89 7	468 2
अगस्त	420	92 3	455 0
सितम्बर	454	100 1	453 5
अक्तूबर	517	110 9	466 2
नवम्बर	497	108 2	459 3
दिसम्बर	457	100 6	454 3

सारणी 16 2 समाप्त

(1)	(2)	(3)	(4)
1961			
जनवरी	477	93 2	452 8
फरवरी	392	88 7	441 9
मार्च	469	104 0	451 0
अप्रैल	479	104 8	457 1
मई	486	108 4	448 3
जून	447	99 0	451 5
जुलाई	413	89 7	460 4
अगस्त	417	92 3	451 8
सितम्बर	451	100 1	450 5
अक्तूबर	512	110 9	461 7
नवम्बर	499	108 2	461 2
दिसम्बर	473	100 6	470 2
1962			
जनवरी	434	93 2	465 7
फरवरी	415	88 7	467 9
मार्च	481	104 0	462 5
अप्रैल	487	104 8	464 7
मई	499	108 4	460 3
जून	457	99 0	461 6
जुलाई	423	89 7	471 6
अगस्त	442	92 3	478 9
सितम्बर	479	100 1	478 5
अक्तूबर	511	110 9	460 8
नवम्बर	508	108 2	469 5
दिसम्बर	441	100 6	438 4
1963			
जनवरी	376	93 2	403 4
फरवरी	356	88 7	401 4
मार्च	435	104 0	418 3
अप्रैल	490	104 8	467 6
मई	516	108 4	476 0
जून	483	99 0	487 9
जुलाई	421	89 7	469 3
अगस्त	443	92 3	480 0
सितम्बर	490	100 1	489 5
अक्तूबर	529	110 9	477 0
नवम्बर	524	108 2	484 3
दिसम्बर	522	100 6	518 9

आंकड़े सारणी 14 5 तथा 14 7 से।

किया गया। तो भी ऋतुनिष्ठताहीन आंकड़ों का वक्र यह सुझाव देता है कि ऋतुनिष्ठ सूचकांक बहुत सन्तोषजनक न हो क्योंकि तीव्र शिखर और गिरावटें बनी रहती हैं। इन परिस्थितियों में मासिक चार्टों का पुन परीक्षण होना चाहिये। ऋतुनिष्ठता-रहित आँकड़ो मे दिखाई चोटियां और गिरावटें शेष ऋतुनिष्ठ घटाबढ़ियों का प्रतिनिधित्व नही करती, वरन् जैसा कि सारणी 16 2 मे देखा जा सकता है उन महीनो के असाधारण ऊँचे और नीचे मूल मानों को अऋतुनिष्ठ कारणों मे प्रकट करती हैं।

ऋतुनिष्ठ का परीक्षण—ऋतुनिष्ठ सूचकांकों के परीक्षण में यह देखना है कि क्या इसके प्रयोग न श्रेणी से सभी ऋतुनिष्ठ गतियों का निरसन कर दिया है। इस उद्देश्य के लिये चार्ट 16 2 जैसा चार्ट प्रयोग मे लाया जा सकता है, परन्तु एक वर्ष के पश्चात् दूसरे वर्ष का ऋतुनिष्ठता रहित आकड़ो का चार्ट 16 3 अधिक अच्छा है। इस चार्ट से यह देखा जा सकता है कि ऋतुनिष्ठता रहित आकड़ो मे अभी भी उपस्थित उतार-चढाव मुख्यतया अनियमित गतियां है जो श्रेणी मे चक्रीय उतार-चढाव की कमी के कारण दूर हो गई है। जब समजित श्रेणी म शेष ऋतुनिष्ठ गतियाँ उपस्थित हो तो वर्षानुवर्ष चार्ट का प्रत्येक वक्र एक दूसरे के साथ समानता प्रकट करेगा।

ऋतुनिष्ठ के घटाव द्वारा शोधन—कभी-कभी ऐसा होता है, जैसा कि वर्ष 1963 के चार्ट 16 3 मे है कि जब ऋतुनिष्ठ सूचकांक से भाग करके ऋतुनिष्ठ का निरसन किया जाता है तो विलक्षण परिणाम प्राप्त होते हैं। विशेष रूप से ऐसी स्थिति की सभावना तब होती है जब कि ऋतुनिष्ठ गति लाक्षणिक रूप मे एक अथवा अधिक महीनो मे लगभग शून्य तक गिर जाती है। फिर यदि दिये हुए वर्ष मे उन महीनों के लिये मूल आकड़े वस्तुत शून्य म ऊपर रहे तो अत्यन्त निम्न ऋतुनिष्ठ सूचकांक प्रतिशतता द्वारा भाग ऋतुनिष्ठता रहित आकड़ो को बहुत ही नुकीली चोटी पर ऊपर ले जाएगा। यद्यपि ऋतुनिष्ठ गति शून्य अथवा शून्य के निकट तक न गिरे, तो भी ऐसे दृष्टान्त कठिन हैं जिनमे ऋतुनिष्ठ प्रतिरूप सापेक्षिक रूप की अपेक्षा निरपेक्ष रूप से एक-सा रहे। यह स्पष्ट हो जाएगा यदि गतिशील औसत की प्रतिशतताओं के विस्तृत होने की प्रवृत्ति हो जबकि मूल आँकड़े लघु *तथा निम्न स्तर पर हो जबकि मूल आकड़े उच्च स्तर पर हो।*

एक सामान्य उपाय निम्न प्रकार से है। किसी भी यथोचित विधि से ऋतुनिष्ठ सूचकांक का परिकलन करो। अब ऋतुनिष्ठ सूचकांक को (प्रतिशतता विचलनो मे व्यक्त) प्रतिवर्ष उस वर्ष की मूल श्रेणी के औसत मान द्वारा गुणा करके सूचकांक को मूल आँकड़ों के रूप मे परिवर्तित कर दिया जाता है। तब ऋतुनिष्ठ सूचकांक को मूल आँकड़ो मे से बीजगणित के अनुसार घटा कर *ऋतुनिष्ठ का निरसन किया जाता है।*

प्रथम दृष्टान्त मे, ऐसे ढग से जिससे कि सापेक्षिक रूप की अपेक्षा निरपेक्ष रूप में ऋतुनिष्ठ सूचकांक प्राप्त हो, सूचकांक का परिकलन करना वांछनीय हो सकता है। यह तब इस प्रकार होगा यदि ऋतुनिष्ठ गतियाँ प्रतिवर्ष प्रतिशतता विचलनों की अपेक्षा निर-पेक्षत एक जैसी प्रतीत हो। मूल आँकड़ों के चार्ट का परीक्षण यह संकेत कर सकता है कि यह ठीक है अथवा नहीं। यदि प्रमाण यह संकेत करता है कि निरपेक्ष विचलनों के सूचकांक का परिकलन किया जाना चाहिये तो यह आवश्यक है कि उन उपायो मे से जिनसे पाठक पहले ही परिचित है, एक उपाय को ग्रहण करें। उदाहरणार्थ, यदि गतिशील औसत विधि का प्रयोग किया जाता है, तो गतिशील औसत को मूल आँकड़ो म बाँटने की अपेक्षा

उनमे से घटाया जाता है, और अन्तिम अाभसूचको का शुद्धि कारक द्वारा जमा या घटाव मे कुल शून्य तक समजित करते हुए सूचकाक पहले की तरह उसी बिन्दु से बनाया जाता है। सयोगवश, इस पर ध्यान दिया जाना चाहिये कि अध्याय 14 मे वर्णित युक्तियो मे से कोई भी एक ऋतुनिष्ठके परिकलन की घटाव विधि पर आधारित हो। के सम्पर्कसापक्ष विधि (अध्याय 14 मे वर्णित) को निम्न प्रकार स भी सरलता से व्यवहार म लाया जा सकता है (1) प्रत्येक मास मे से पिछले मास को घटा कर सम्पर्क अन्तरो को प्राप्त करो, (2) प्रतिमास इन सम्पर्क अन्तरो की औसत निकालो (3) प्रथम मास के सम्पर्क अन्तरो को शून्य रहने दो, और अन्तरो को उत्तरोत्तर योग से जोड दो, (4) शुद्धि कारक के उत्तरोत्तर घटाव द्वारा उपनति (ऊर्ध्वमुखी) के लिये शृखला अन्तरो को ठीक करो, (5) सतत शुद्धि कारक के योग अथवा घटाव द्वारा शृखला अन्तरो को योग शून्य तक समजित करो।

ऋतुनिष्ठ तथा उपनति के लिये समजन—इस भाग के अधिकाश शेषाश के दृष्टान्त के रूप मे हम समाचार विज्ञापन परम्परा के आकडो का प्रयोग करेंगे, जिसके लिय उपनति को अध्याय 12 मे मापा गया था और जिसके एक भाग के लिये अध्याय 15 मे एक गतिशील ऋतुनिष्ठ सूचकाक का परिकलन किया गया था। सामान्य प्रविधि म प्रथम, ऋतुनिष्ठ उतार-चढाव को हटाना सम्मिलित है, जो

$$(T \times S \times C \times I) - S = T \times C \times I$$

प्रदान करती है, और दूसरे मे

$$(T \times C \times I) - T = C \times I$$

प्रदान करने के लिए उपनति का निरसन सम्मिलित है।

हम जनवरी 1932 से दिसम्बर 1964 तक के समाचारपत्र विज्ञापन परम्परा के आँकडो का प्रयोग करेंगे। चार्ट 16 4 मे असमजित मूल आँकडे दिखाए गए हैं। ऋतुनिष्ठ विचरण का उन्मूलन ठीक उसी प्रकार से सिद्ध हो जाता है जैसे कि मूल आँकडो को ऋतुनिष्ठ सूचकाको द्वारा भाग देने मे समाचारपत्र कागज के उपभोग के आँकडो का वर्णन किया गया है। इस प्रविधि का सारणी 16 3 म सकेत किया गया है। समाचारपत्र विज्ञापन मे प्रयुक्त ऋतुनिष्ठ सूचकाक थे (1) 1932—1963 के लिये गतिशील ऋतुनिष्ठ सूचकाक तथा (2) 1963 के मान 1964 म दोहराए गए। 1964 के लिये 1963 के ऋतुनिष्ठ सूचकाक का प्रयोग प्रचलित विधि से होता है जबकि गतिशील ऋतुनिष्ठ सूचकाक का (अनुवर्ती आँकडो की अनुपलब्धि के कारण) विस्तार करना सम्भव नहीं है। गतिशील ऋतुनिष्ठ सूचकाक के 1954—1963 के भाग के निर्धारण का वर्णन पिछले अध्याय म किया गया था, और सूचकाक सारणी 15 3 म दृष्टिगोचर था। ऋतुनिष्ठ सूचकाको को लेखाचित्र विधि से चार्ट 11 9 म दिखाया गया था। पत्रिका विज्ञापन के ऋतुनिष्ठता रहित आँकडो को सारणी 16 3 के चौथे स्तम्भ म और चार्ट 16 4 म दिखाया गया है।

अगले पग मे उपनति का निरसन सम्मिलित है, प्रविधि वही है जैसी कि सारणी 16 1 मे दिखायी गयी है, अतिरिक्त इसके कि अब हम मासिक आँकडो की व्याख्या कर रहे हैं और उपनति समीकरण को अवश्यमेव मासिक पदो मे रखना चाहिये। ध्यान दीजिये जबकि हमारी प्रस्तुत व्याख्या 1932—1964 के वर्षों से सम्बन्धित है उपनति समीकरण को

सारणी 16 3

सयुक्त राज्य समाचारपत्र विज्ञापन के ऋतुनिष्ठ विचरण तथा उपनति 1933—1964 के लिये आकड़ो का समजन

(मल आंकड़े ऋतुनिष्ठता रहित आकड़े तथा उपनति मान दस लाख पक्तियो मे।)

वर्ष तथा मास	मल आकडे $T\times S\times C\times I$	ऋतुनिष्ठ सूचकांक	ऋतुनिष्ठता रहित आकडे $T\times C\times I$ स्तम्भ (2) ÷ स्तम्भ (3) $\times 100$	उपनति मान T	चक्रीय अनियमित प्रतिशतताएँ $C\times I$ स्तम्भ (4) ÷ स्तम्भ (5)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1933					
जनवरी	78 0	87 1	89 6	74 8	119 8
फरवरी	72 5	83 5	86 8	75 4	115 1
मार्च	76 4	106 5	71 7	75 9	94 5
अप्रैल	91 1	108 8	83 7	76 4	109 6
मई	94 6	111 2	85 1	76 9	110 7
जून	93 2	103 3	90 2	77 5	116 4
जुलाई	78 3	86 5	90 5	78 0	116 0
अगस्त	86 3	88 7	97 3	78 5	123 9
सितम्बर	92 6	98 9	93 6	79 1	118 3
अक्तूबर	106 0	112 0	94 6	79 6	118 8
नवम्बर	99 8	108 5	92 0	80 1	114 9
दिसम्बर	96 7	105 0	92 1	80 7	114 1
1934					
जनवरी	82 5	86 2	95 7	81 2	117 9
फरवरी	80 8	84 0	96 2	81 7	117 7
मार्च	103 6	106 5	97 3	82 2	118 4
अप्रैल	107 5	108 7	98 9	82 8	119 4
मई	112 1	112 2	99 9	83 3	119 9
जून	103 6	102 2	101 4	83 8	121 0
जुलाई	83 2	85 4	97 4	84 4	115 4
अगस्त	87 7	87 3	100 5	84 9	118 4
सितम्बर	96 4	99 3	97 1	85 4	113 7
अक्तूबर	108 8	112 1	97 1	86 0	112 9
नवम्बर	107 0	108 7	98 4	86 5	113 8
दिसम्बर	105 7	107 4	98 4	87 0	113 1

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1963					
जनवरी	197 7	84 7	?33 4	65 6	87 9
फरवरी	190 3	82 8	??9 8	266 2	86 3
मार्च	238 7	101	?54 7	266 7	88 0
अप्रैल	241 1	103 9	2??1	267 2	86 9
मई	268 7	110 9	?4? 3	267 8	90 5
जून	243 1	01 0	240 7	268 3	89 7
जुलाई	212 5	89 8	?36 6	268 8	88 0
अगस्त	233 1	98 2	237 4	269 4	88 1
सितम्बर	246 7	101 8	242 3	270 0	89 7
अक्तूबर	267 7	110 1	243 1	270 4	89 9
नवम्बर	258 4	110 0	?34 9	2?0 9	86 7
दिसम्बर	260 6	105 1	248 0	271 5	91 3
1964					
जनवरी	210 6	84 7	?48 6	272 0	91 4
फरवरी	210 4	82 8	254 1	272 5	93 2
मार्च	248 0	101 7	243 9	2 3 1	89 3
अप्रैल	265 1	103 9	255 1	273 6	93 2
मई	275 9	110 9	248 8	274 1	?0 8
जून	247 0	101 0	244 6	274 7	89 0
जुलाई	226 5	89 8	252 2	275 2	91 6
अगस्त	238 0	98 2	242 4	275 7	87 9
सितम्बर	248 2	101 8	243 8	276 2	88 3
अक्तूबर—	265 0	110 1	240 7	276 8	87 0
नवम्बर	276 4	110 0	251 3	277 3	90 6
दिसम्बर	262 3	105 1	249 6	277 8	89 8

सर्वे आफ करन्ट बिजनेस के विभिन्न अंकों से समाचारपत्र विज्ञापन परम्परा। ऋतुनिष्ठ सूचकांक कायस चक्र से 1933—1953 के लिए बनाते हुए न । दिखाए सारणी 15 3 से 1954—1963 के लिये बनाते हुए 1964 में वही जो 1963 में। समीकरण से उपनति मान पृष्ठ 342 पर दिये गए।

1932 – 19 0 के काल मे आसजित किया गया था और उसे 1964 तक बढ़ाया गया था। पृष्ठ 249 पर उपनति को मासिक सम्बन्ध म इस प्रकार पाया गया

$$Y = 1(0\ 698? + 0\ 5?97X$$

उदगम जुलाई 1946 X इकाइयां एक मास।

सारणी 16 3 के स्तम्भ 5 म प्रदर्शित उपनति मान इस समीकरण स प्राप्त किए गए। अब सारणी क स्तम्भ 6 म चक्रीय अनियमित माना का उत्पन्न करन के लिए सारणी 16 3 के स्तम्भ 4 के ऋतुनिष्ठता रहित माना म स प्रत्येक को सगत उपनति मान $[(T \times C \times I) - T - C \times I]$ द्वारा विभाजित किया जाता है। इन चक्रीय अनियमित माना का चार्ट 16 5 म दिखाया गया है। यहाँ ध्यान देना आवश्यक है कि सारणी 16 3 क स्तम्भ 6

चार्ट 16 4 संयुक्त राज्य में समाचारपत्र विज्ञापन (खण्डित रेखा) तथा ऋतुनिष्ठता-रहित आँकड़े (मोटी रेखा), 1933—1934 । आँकड़े सारणी 16 3 से और उस सारणी से हटाए गए वर्षों (जिन्हें दिखाया नहीं गया) की काय सूचियों से ।

चार्ट 16.5. ऋतुनिष्ठ गतियों तथा उपनति के लिये समंजित संयुक्त राज्य में समाचारपत्र विज्ञापन, 1933—1964। आँकड़े सारणी 16.3 से और उस सारणी में से छोड़े गए वर्षों के लिए कार्य सूचियों से (जिन्हें दिखाया नहीं गया)। सारणी 16.3 के स्रोत संकेत को भी देखें।

में प्रदर्शित मान दस लाखों में पत्तियाँ नहीं हैं, वरन् प्रतिशतताएँ हैं। जब ऋतुनिष्ठ सूचकांक से भाग करके ऋतुनिष्ठ गतियों का निरसन किया जाता है (जो प्रतिशतताओं की एक श्रेणी है), तो ऋतुनिष्ठता-रहित आँकड़ों को सर्वदा उन्हीं इकाइयों में दिखाया गया है जैसे कि प्रारम्भिक आँकड़े दिखाए गए थे। उपनति, तो भी, सर्वदा मूल इकाइयों के रूप में है, इस प्रकार कि जब श्रेणी की उपनति का निरसन किया जाता है तो फलित आँकड़े प्रतिशतताएँ होती है।

सारणी 16.3 में चक्रीय अनियमित गतियों को प्रथम ऋतुनिष्ठ विचरण तथा फिर उपनति का निरसन करके प्राप्त किया गया था। सकेताक्षरों में प्रविधि थी

$(T\times S\times C\times I)-S=T\times C\times I$, ऋतुनिष्ठता-रहित आँकड़े, और

$(T\times C\times I)-T=C\times I$, चक्रीय अनियमित गतियां।

यदि वाञ्छित हो तो अवश्य ही हम पहले उपनति और फिर ऋतुनिष्ठ विचरण का निरसन कर सकते थे, इस प्रकार

$(T\times S\times C\times I)-T=S\times C\times I$, उपनति के लिए समंजित आँकड़े तथा

$(S\times C\times I)-S=C\times I$, चक्रीय अनियमित गतियाँ।

दूसरी सम्भावना उपनति और ऋतुनिष्ठ मानों को एक साथ गुणा करने (ऋतुनिष्ठ प्रतिशतताओं को दशमलव अनुपातों के रूप में प्रयुक्त करके) और दोनों गतियों का एक ही साथ निरसन करने में, निहित है। सकेताक्षरों में, यह है

$(T\times S\times C\times I)-(T\times S)=C\times I$, चक्रीय अनियमित गतियां।

सारणी 16.4, 1963 के समाचारपत्र विज्ञापन परम्परा के लिये इन तीनों सम्भावित प्रविधियों को व्यक्त करती है। ध्यान दीजिये कि तीन प्रविधियों से अन्तिम परिणाम, जिन्हें सारणी 16.4 के प्रत्येक भाग के स्तम्भ 6 में दिखाया गया है, या तो पूर्णतया मिलते है या सन्निकटन के कारण कभी-कभी 0.1 तक भिन्न हैं।

ऋतुनिष्ठ विचरण और उपनति का समजन करने की तीनों प्रविधियों में से प्रथम वर्णित प्रविधि का ही प्राय अधिकतम प्रयोग होता है क्योंकि ऋतुनिष्ठ विचरण के लिये समजित श्रेणी का अध्ययन करने की तथा चक्रीय अनियमित गतियों पर ध्यान देने की प्राय इच्छा की जाती है। क्योंकि कोई मासिक श्रेणी को केवल उपनति के लिये समजित करने में कठिनता से रुचि लेगा, अत दूसरी प्रविधि प्राय प्रयुक्त नहीं की जाती। यदि विश्लेषण का एकमात्र उद्देश्य चक्रीय अनियमित गतियों को प्राप्त करना है (या तो अन्तिम उद्देश्य के रूप में या चक्रीय गतियों को प्राप्त करने के एक पग के रूप में), तो सारणी 16.4 में दिखाई गई तीसरी विधि दूसरी दोनों विधियों से थोड़ा कम समय लेने वाली है, क्योंकि अधिकांश प्रकार के परिकलन-यन्त्र गुणाओं की श्रेणी को अधिक शीघ्रता से कर सकते हैं जो दूसरी विधियों में विद्यमान विभाजन की दो श्रेणियों में से एक को प्रतिस्थापित करती हैं।

तथापि चक्रीय अनियमित गतियाँ प्राप्त की जाती है, उनमें से को प्राय "प्रसामान्य" की प्रतिशतताओं के रूप में अभिहित किया जाता है। शब्द "प्रसामान्य" का प्रयोग प्रायश अर्थशास्त्र, व्यापार, मनोविज्ञान, सांख्यिकी, तथा अन्य क्षेत्रों में किया जाता है, और

इसे सर्वदा एक ही अर्थ मे प्रयुक्त नही किया जाता। इस उदाहरण मे, "प्रसामान्य" शब्द श्रेणी की सयुक्त उपनति और ऋतुनिष्ठ गतियो की ओर सकेत करता है, भाव यह है कि दीर्घ-काल की दृष्टि से एक उद्योग के लिये सतत प्रकार से बढना (या घटना) प्रसामान्य है, और लघु-काल की दृष्टि से ऋतुनिष्ठ विचलन का विद्यमान होना प्रसामान्य है। सयुक्त रूप से लिए जाने पर दोनो गतिया "प्रसामान्य" है।

अनियमित गतियो का समरेखण—पहले ही निरसित शक्तिया के अतिरिक्त, शक्तियो के समूह की पारस्परिक क्रिया मुख्यतया उन अनियमित गतियो के लिये उत्तरदायी है जो प्राय. ऋतुनिष्ठ विचरण एव उपनति के लिये समजित श्रेणी के वक्र मे दिखाई जाती हैं। समाचारपत्र विज्ञापन परम्परा मे अनियमित उतार-चढाव चार्ट 16 5 मे स्पष्ट है। कभी अनियमित उतार-चढाव उत्पन्न हो सकते हैं क्योंकि ऋतुनिष्ठ सूचकाक जिसे प्रयुक्त किया गया था, इतना श्रेष्ठ नही जितना कि वाछित था। समाचारपत्र विज्ञापन परम्परा के लिये ऋतुनिष्ठ सूचकाक पर पूर्व विचार से यह सकेत मिल जाता है कि वह सतोषजनक था।

सारणी 16 4

1963 के लिए सयुक्त राज्य समाचारपत्र विज्ञापन की चक्रीय-अनियमित गतियाँ प्राप्त करने के लिए तीन विधिया

I. ऋतुनिष्ठ विवरण के लिए और फिर उपनति के लिए समजन।

मास (1)	मूल आँकडे $T \times S \times C \times I$ (2)	ऋतुनिष्ठ सूचकाक S (3)	ऋतुनिष्ठता-रहित आँकड $T \times C + I$ [स्तम्भ (2) — स्तम्भ (3)] × 100 (4)	उपनति मान T (5)	चक्रीय-अनियमित प्रतिशतताएँ $C \times I$ स्तम्भ (4) — स्तम्भ (5) (6)
जनवरी .	197 7	84 7	233 4	265 6	87 9
फरवरी	190.3	82 8	229 8	266 2	86 3
मार्च . . .	238 7	101 7	234 7	266 7	88 0
अप्रैल .	241.1	103.9	232 1	267 2	86.9
मई	268 7	110 9	242 3	267 8	90 5
जून . .	243.1	101 0	240 7	268 3	89.7
जुलाई	212.5	89 8	236 6	268 8	88 0
अगस्त . .	233 1	98 2	237.4	269 4	88.1
सितम्बर	246 7	101.8	242.3	270 0	89.7
अक्तूबर ..	267.7	110.1	243.1	270 4	89.9
नवम्बर .	258 4	110 0	234 9	270.9	86.7
दिसम्बर..	260 6	105 1	248 0	271 5	91.3

II. उपनति के लिए और फिर ऋतुनिष्ठ विचरण के लिए समंजन।

मास	मूल आँकड़े $T \times S \times C \times I$	उपनति मान T	उपनति प्रतिशत $S \times C \times I$ स्तम्भ (2) ÷ स्तम्भ (3)	ऋतुनिष्ठ सूचकांक S	चक्रीय-अनियमित प्रतिशतताएँ $C \times I$ स्तम्भ (4) ÷ स्तम्भ (5)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
जनवरी	197 7	265 6	74 4	84 7	87.9
फरवरी	190 3	266 2	71.5	82 8	86.3
मार्च	238 7	266 7	89 5	101 7	88 0
अप्रैल	241 1	267 2	90 2	103 9	86.8
मई	268 7	267 8	100.3	110 9	90.5
जून	243 1	268 3	90 6	101 0	89 7
जुलाई	212 5	268 8	79 1	89 8	88 0
अगस्त	233 1	269 4	86 5	98.2	88.1
सितम्बर	246 7	270 0	91 4	101.8	89 8
अक्तूबर	267 7	270 4	99 0	110.1	89.9
नवम्बर	258 4	270 9	95 4	110 0	86.7
दिसम्बर	260 6	271 5	96 0	105 1	91.3

III. संयुक्त उपनति तथा ऋतुनिष्ठ गतियों के लिए समंजन।

मास	मूल आँकड़े $T \times S \times C \times I$	उपनति मान T	ऋतुनिष्ठ सूचकांक S	"सामान्य" मान $T \times S$ स्तम्भ (3) × स्तम्भ (4)	चक्रीय-अनियमित प्रतिशतताएँ $C \times I$ स्तम्भ (2) ÷ स्तम्भ (5)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
जनवरी	197.7	265 6	84 7	224 8	87.9
फरवरी	190 3	266 2	82.8	220.4	86 3
मार्च	238 7	265 7	101 7	271.2	88 0
अप्रैल	241 1	267.2	103.9	277.6	86 8
मई.	268.7	267 8	110 9	297.0	90.5
जून..	243.1	268 3	101.0	271 0	89.7
जुलाई	212.5	268.8	89.8	241.4	88.0
अगस्त	233.1	269 4	98 2	264 6	88 1
अक्तूबर	246 7	-70 0	101 8	274 9	89 8
सितम्बर...	267.7	270 4	110.1	297.7	89.9
नवम्बर....	258.4	270 9	110.0	289 0	86.7
दिसम्बर...	260 6	271.5	105 1	285.3	91.3

आँकड़े सारणी 16 3 के नीचे दिए गए स्रोतों से।

एक श्रेणी में प्रति-समरेखण के सलग्न भय के बिना अनियमित घट-बढ़ का पूर्णतया निरसन नहीं किया जा सकता। तथापि चक्रीय गतियों के स्पष्टतर समाधान के लिये, अल्पविधि गतिशील औसत के प्रयोग से अनियमित गतियों को समरेखित किया जा सकता है। चार्ट 16 5 के परीक्षण से यह दिखाई देता है कि अनियमित गतियों में से अधिकांश एक मास की अवधि की है, यद्यपि कभी कभी, जैसे कि 1934 के प्रथमार्ध में, वे एक मास से अधिक ठहरती हुई दिखाई देती है। इन गतियों को समरेखित करने के लिये, हम द्वि-मासीय गतिशील औसत का प्रयोग कर सकते थे। अपवाद यह है कि इस प्रकार की औसत के मानों को महीनों के प्रत्येक युग्म के बीच आलेखित किया जाना चाहिये। यदि हमें तीन महीनों की औसत निकालनी होती तो औसत उचित रूप से मध्य के महीने के सामने आएगी, परन्तु हमें एक अन्य गम्भीर स्थिति का सामना करना पड़ेगा यदि प्रथम और तृतीय मास ऊँचे हैं और द्वितीय मास नीचा, तो परिणामत औसत ऊँची होगी, यदि पहला और तीसरा महीना नीचा और दूसरा महीना ऊँचा हो तो औसत नीची होगी। अत कभी-कभी एक त्रैमासिक औसत श्रेणी में विपरीत गतियाँ उत्पन्न करेगी। दोनों पूर्ववर्ती कठिनाइयों पर त्रैमासिक गतिशील औसत भारित 1, 2, 1 के प्रयोग द्वारा, जो वास्तव में एक केन्द्रित द्विमासिक गतिशील औसत है विजय प्राप्त की जा सकती है। सारणी 16 5 बताती है कि किस प्रकार यह औसत प्राप्त की जाती है पहले चक्रीय अनियमित मानों के लिये एक त्रैमासिक गतिशील योग भारित 1, 2, 1 प्राप्त किया जाता है, और तब गतिशील योग मानों में से प्रत्यक को गतिशील औसत पर पहुँचने के लिये 4 से भाग किया जाता है। प्रत्येक योग को अलग-अलग प्राप्त करने और क्रमिक अनुयोगों का उपयोग न करके जैसाकि हमने सारणी 14 5 में 13—मास भारित गतिशील योग के परिकलन में किया था, गतिशील योगों को एक सकलन यन्त्र के द्वारा प्राप्त करना चाहिये। गतिशील औसतों को, गतिशील योगों को, 4 द्वारा भाग करने की अपेक्षा, 0 25 से गुणा करके प्राप्त करना चाहिए, क्योंकि जब सतत गुणक का उपयोग किया जाता है तो अधिकांश परिकलन यन्त्र अति शीघ्र परिणाम प्रदान करेंगे। ध्यान दीजिये कि सारणी 16 5 के स्तम्भ में वही आँकड़े हैं जो सारणी 16 3 के स्तम्भ 6 में हैं। वास्तविक व्यवहार में सारणी 16 5 के स्तम्भ 3 और 4 सारणी 16 3 के अतिरिक्त स्तम्भों के रूप में सम्मिलित किये जायेंगे। इस पुस्तक में छपे पृष्ठ पर इतनी बड़ी सारणी दिखाने में कठिनाई के कारण यहाँ दो विभिन्न सारणियाँ प्रदर्शित की गई है। ध्यान दीजिये कि श्रेणी के प्रथम तथा अन्तिम महीने के लिये कोई त्रैमासिक गतिशील औसत अक नहीं होगा।

त्रैमासिक गतिशील औसत भारित 1, 2, 1 के प्रयोग से चक्रीय अनियमित मानों को समरेखित करने का परिणाम चार्ट 16 6 में दिखाया गया है। यह स्पष्ट है कि यह वक्र चार्ट 16 5 के वक्र की अपेक्षा अधिक समरेखित है, यद्यपि कुछ स्थल ऐसे हैं जहाँ पर गतिशील औसत इतनी कम अवधि की है कि वह अनियमित घट-बढ़ों का पूर्णतया समरेखण नहीं कर सकती। एक श्रेणी से अनियमित गतियों का प्राय पूर्णतया निरसन नहीं किया जाता। उनके पूर्णतया निरसन के लिये सम्भवत मुक्तहस्त समरेखण अथवा तीन महीने से अधिक अवधि वाली गतिशील औसत के प्रयोग की आवश्यकता पड़े। किसी भी दशा में, समरेखण अविधि को चक्रीय गतियों के मोड़ बिन्दुओं को कदापि छिपाना नहीं चाहिए। क्योंकि चार-मास गतिशील औसत में वही कमियाँ हैं जो कि दो-मास गतिशील औसत में, तो व्यावहारिक

सारणी 16.5

संयुक्त राज्य समाचार पत्र विज्ञापन के आंकड़ों की चक्रीय गतियों का परिकलन 1933—1964

वर्ष तथा मास (1)	चक्रीय अनियमित प्रतिशतताएं $C \times I$ (2)	त्रैमासिक गतिशील योग स्तम्भ (2) के 1 2 1 भारित (3)	चक्रीय प्रतिशतताएं C स्तम्भ (3) ÷ 4 (4)
1933			
जनवरी	119.8	474.6	118.7
फरवरी	11[illegible].1	444.5	111.1
मार्च	[illegible]4.[illegible]	413.7	103.4
अप्रैल	109.6	4[illegible]4.4	106.1
मई	110.7	447.4	111.9
जून	116.4	4[illegible]9.3	114.9
जुलाई	116.0	4[illegible]3	118.1
अगस्त	1[illegible]9	452.1	120.5
सितम्बर	11[illegible]	4[illegible]9.3	119.8
अक्तूबर	118.8	470.8	117.7
नवम्बर	114.9	46[illegible].7	113.7
दिसम्बर	114.1	461.0	113.3
1934			
जनवरी	117.9	476.6	116.9
फरवरी	117	471.7	117.9
मार्च	118.4	473.9	118.5
अप्रैल	119.4	477.1	119.3
मई	119.9	480.2	120.1
जून	1[illegible]1.0	477.3	119.3
जुलाई	113.4	470.2	117.6
अगस्त	118.4	463.9	116.5
सितम्बर	113.7	458.7	114.7
अक्तूबर	11[illegible].9	453.3	113.3
नवम्बर	113.8	453.6	113.4
दिसम्बर	113.1	457.9	114.3
1963			
जनवरी	87.9	347.7	86.9
फरवरी	86.3	348.5	87.1
मार्च	88.0	349.2	87.3
अप्रैल	86.9	352.3	88.1
मई	90.3	357.6	89.4
जून	89.7	357.9	89.5
जुलाई	88.0	353.8	88.5

(1)	(2)	(3)	(4)
अगस्त ...	88 1	353 9	88 5
सितम्बर	89 7	357 4	89 4
अक्तूबर	89 9	356 2	89 1
नवम्बर	86 7	354 6	88 7
दिसम्बर ...	91 3	360 7	90 2
1964			
जनवरी	91 4	367 3	91 8
फरवरी ..	93 2	373 1	91 8
मार्च	89 3	365 0	91 3
अप्रैल	93 2	366 5	91 6
मई ..	90 8	363 8	91 0
जून ...	89 0	360 4	90 1
जुलाई	91 6	360 1	90 0
अगस्त ...	87 9	355 7	88 9
सितम्बर ..	88 3	351 5	87 9
अक्तूबर	87 0	352 9	88 2
नवम्बर	90 6	358 0	89 5
दिसम्बर .	89 8		...

चक्रीय अनियमित प्रतिशतताए सारणी 16 3 से।

गतिशील औसत, जो सारणी 16 5 मे प्रयुक्त औसत से अगली अधिक लम्बी अवधि को है, एक (भारित) पाँच-मास गतिशील औसत होगी। पाँच मास गतिशील औसत मानो को प्रत्येक पाँच मास के समूह के तीसरे महीने के सामने रखा गया है। महीनो को प्राय 1, 2, 4, 2, 1 भारित किया जाता है जो मध्य के महीने को अधिकतम और अन्त के महीनो को अल्पतम भार प्रदान करता है। क्योंकि इस भार प्रतिरूप का योग 10 बनता है, तो परिकलन यन्त्र के प्रयोग के बिना गतिशील योगो मे गतिशील औसतो का परिकलन किया जा सकता है।

अनियमित गतियाँ—अनियमित गतियो को स्वयमेव सारणी 16 5 के स्तम्भ 2 म दिखाए गए चक्रीय अनियमित मानो को चक्रीय मानो द्वारा, जिन्हे उसी सारणी के स्तम्भ 4 मे दिखाया गया है, भाग करके प्राप्त किया जा सकता है। अनियमित गतियो का परिकलन नही दिखाया गया है, केवल चार्ट 16 7 इनको महीना वार करके प्रदर्शित करता है, और चार्ट 16 8 अनियमित विचरणो का बारबारता बटन प्रस्तुत करता है। यदि अनियमित गतियाँ यादृच्छिक प्रकार की हो तो उनमे प्रसामान्य वक्र की रचना की आशा की जा सकती थी। यद्यपि चार्ट 16 8 का वक्र लगभग सममित है ($\beta_1=0\ 1169$), यह तुगककुदी है जिसमे $\beta_2=3\ 41$। यदि $-8\ 6$ के विचलन को, जिसे चार्ट 16 8 मे नही दिखाया गया है, परिकलनो मे जोड लिया जाता है तो तिरछापन और तुगककुदी दोनो बहुत बढ जाते है, क्योकि β_1 0 6226 तथा $\beta_2=10\ 83$। यह एक समय श्रेणी की अनियमित गतियो के लिये प्रत्याशित बारबारता बटन के प्रकार का-सा है, क्योकि छोटे-छोटे उतार-चढावो के अतिरिक्त यहाँ साधारणतया और भी है, जिनका स्वभाव प्रासगिक है, और जिनके प्रभाव कई महीनो तक निरन्तर (या सचयी) रह सकते है। समाचारपत्र विज्ञापन के आँकडे इस

चार्ट 16 6. संयुक्त राज्य मे समाचारपत्र विज्ञापन की चक्रीय गतियाँ, 1933—1964। आँकड़े सारणी 16 5 से तथा उस सारणी से हटाए गए वर्षों के लिये कार्य-सूचियों से (दिखाए नहीं गए) लिए गए हैं।

चार्ट 16.7. संयुक्त राज्य मे समाचारपत्र विज्ञापन 1933—1964 मे प्रतिशतता विचलनो के रूप मे व्यक्त अनियमित गतियाँ। $I=C\times I-C$। आँकड़े सारणी 16.5 के स्तम्भ 2 तथा 4 और उस सारणी से हटाए गए वर्षों के लिये (अप्रदर्शित) कार्य सूचियों से परिकलित।

दृष्टि मे "अच्छे आचरण" के है, चार्ट 16.8 की शून्य रेखा[2] के एक ही ओर विचलन पांच महीने के लिये एक समय मे केवल एक बार, चार महीनो के लिए एक समय मे केवल दो बार, और तीन महीनो के लिए एक समय मे चौदह बार निरन्तर चलते जाते हैं।

चार्ट 16 8. सयुक्त राज्य मे समाचारपत्र विज्ञापन की अनियमित गतियो का बारबारता बटन, 1932 – 1964। अनियमित गतिया $I=C\times I-C$ है और उन्हें प्रतिशतता विचलना मे व्यक्त किया गया है। सारणी 16 5 के स्तम्भ 2 और 4 तथा उन वर्षों की कार्य सूचिया मे (प्रदर्शित नही किया है) जिनको सारणी से हटा दिया गया है, आँकडो का परिकलन किया गया है।

चक्रीय गतियो की तुलना करना—चक्रीय गतियो को एक काल श्रेणी मे सीमित करने की इच्छा करने का एक अन्य कारण एक या अधिक श्रेणियों मे चक्रीय गतियो से उनकी तुलना करने की अभिलाषा है। कभी-कभी यह भी सोचा जा सकता है कि एक श्रेणी अधिक या कम दृढता से दूसरी के चक्रीय मोड बिन्दुओं[3] पर उसके पूर्व चलती है। तथापि जब दो श्रेणियाँ अपने उतार-चढावो के कोणाक के सम्बन्ध मे जिन्हे पूर्णाकों मे व्यक्त किया गया है, एक दूसरे मे नही मिलती तो उन उतार-चढावो के समय की तुलना करने मे कुछ कठिनाई का अनुभव किया जाता है। जितना अधिक स्पष्ट अन्तर विस्तारो मे होगा, उतना ही अधिक महत्वपूर्ण उनके अन्तर मे किसी प्रकार का समजन करना होगा।

2. चार्ट से यह देखना सुगम नहीं। उन आँकडो से जिनके ऊपर चार्ट आधारित है गणनाएं की गई थी।

3. अग्रता-पश्चता सम्बन्धों का अध्याय 22 मे विवेचन किया गया है।

दृष्टान्त के रूप मे हम चिरस्थायी निर्माणों के सूचकांक और जनवरी 1959 से दिसम्बर 1964 के अचिरस्थायी निर्माणा के सूचकांक का प्रयोग करेंगे। दोनो फेडरेल रिजर्व सिस्टम के गवनरो का परिषद द्वारा प्रकाशित किये जाते है। अनियमित उतार चढावो के समरेखण और चक्रीय विचलनो के रूप मे व्यक्त किये जाने पर चार्ट 16 9 उपर्युक्त तथा ऋतुनिष्ठ गतियो के लिए समजित इन दो श्रेणियो को दर्शाता है। चक्रीय विचलन वही वक्र देते है जो कि चक्रीय प्रतिशतताएँ केवल मात्रा को अलग प्रकार से व्यक्त किया जाता है उदाहरण के लिए 102 5 है + 2 5 101 2 है 1 2 100 है 98 3 है 1 7 96 4 है − 3 6 इत्यादि। यद्यपि चार्ट 16 9 मे दो श्रेणिया चक्रीय उतार चढावो के दृष्टिकोण से स्पष्ट रूप से भिन्न नही तथापि यह स्पष्ट है कि चिरस्थायी निर्माणों का सूचकांक अचिरस्थाई निर्माणो के सूचकांक से अधिक दोलार दर्शाता है।

चार्ट 16 9 चिरस्थायी निर्माणो के उत्पादन के फेडरल रिजर्व तथा सूचकांक अचिरस्थायी निर्माणा के सूचकांक के चक्रीय विचलन, 1959—1964। आकडो के स्रोतों के लिये सारणी 16 6 की टिप्पणी देख।

चक्रीय गतियो के विस्तार की अधिक सरलता से तुलना करने की एक सम्भव विधि दो श्रेणियो के लिए विभिन्न ऊर्ध्वाधर पैमानो के प्रयोग मे सन्निहित है। जब कि यह सीधा-सादा हल है, तो भी यह निर्णय करना सुगम नही है कि दोनों ऊर्ध्वाधर पैमाने परस्पर किस प्रकार का सम्बन्ध रखग, उदाहरणार्थ यदि ऊर्ध्वाधर अन्तरो पर विजय प्राप्त करने के लिए अधिकतम उतार-चढावो का प्रयोग किया जाए तो कुछ भागो मे अधिक विस्तार वाली श्रेणी को अत्यधिक सकुचित किया जा सकता है। एक अधिक सन्तोषजनक प्रविधि

सारणी 16 6

अचिरस्थायी निर्माणों के उत्पादन के फडरल रिजव सूचकाक के चक्रीय विचलनों के लिए s परिकलन तथा s क सम्बन्ध से चक्रीय विचलन 1959—1964

मूल सूचक क अ कों मे अक्तूबर 1961 मे से 1957=100 और उस निथि के पश्चात 1957—1959=100

वष तथा मास (1)	चक्रीय विचलन* y (2)	स्तम्भ (2) के y वग (3)	चक्रीय विचलन s पदो मे स्तम्भ (2)—s (4)
1959			
जनवरी	0 7	0 49	—0 04
फरवरी	+0 1	0 01	+0 01
माच	+1 4	1 96	+0 08
अप्रल	+2 3	5 29	+0 13
मई	+2 6	6 76	+0 15
जून	−3 2	10 24	+0 18
जुलाई	+3 3	10 89	+0 19
अगस्त	+2 5	6 25	+1 14
सितम्बर	+1 3	1 69	+0 07
अक्तूबर	+0 7	0 49	+0 04
नवम्बर	+1 1	1 21	+0 06
दिसम्बर			
1964			
जनवरी	+0 6	0 36	+0 03
फरवरी	+0 5	0 25	+0 03
माच	+0 8	0 64	+0 05
अप्रैल	+1 3	1 69	+0 07
मई	+1 6	2 56	+0 09
जून	+1 7	2 89	+0 10
जुलाई	+1 8	3 24	+0 10
अगस्त	+2 0	4 00	+0 11
सितम्बर	−2 2	48 4	+0 12
अक्तूबर	+2 5	6 25	+0 14
नवम्बर	+2 6	6 76	+0 15
दिसम्बर	+2 9	8 41	0 16
योग	+1 6	223 56	

* चक्रीय विचलनो क जोड की आशा शून्य क बहुत लगभग हो सकती है यदि उसी काल म आने वाले आंकडो क साथ जसे कि विचाराधीन आंकड हैं यूनतम वर्गों क द्वारा उपनति को जोडा गया है। ऋतुनिष्ठता रहित आंकड फडरल रिज़व बुलेटिन क विभिन्न अकों म। उपनति तथा अनियमित गतियाँ लेखको द्वारा हटायी गयी।

प्रत्येक श्रेणी को उसी के मानक विचलन के सन्दर्भ में अभिव्यक्त करने तथा केवल एक ऊर्ध्वाधर पैमाने का प्रयोग करने में सन्निहित है।

सारणी 16 6 अचिरस्थाई निर्माणों के सूचकाक के लिए s का मान परिकलित करने की प्रविधि का सकेत करती है। s को प्राप्त करने का सूत्र ऐसा है जैसा कि अध्याय 10 के अतर्गत आकडों को मापन के लिए प्रयोग में लाया गया था। जैसा कि सारणी 16 6 की पादटिप्पणी में दिखाया गया है, अचिरस्थाई निर्माणों के सूचकाक के लिए $s=1.724$ है। चिरस्थायी निर्माणों के सूचकाक के लिए इसी प्रकार के परिकलनों से $s=4\ 785$ प्राप्त होता है। सारणी 16 6 का अन्तिम स्तम्भ अचिरस्थाई निर्माणों के सूचकाक से, जो $s=1\ 774$ के रूप में अभिव्यक्त है चक्रीय विचलनों को दर्शाता है। चिरस्थायी निर्माणों के सूचकाक के लिए इसी प्रकार के परिकलन किए गए थे। दोनों श्रेणियाँ चार्ट 16.10 में दिखाई गई है, जहाँ यह स्पष्ट है कि दोनों श्रेणियों के उतार-चढ़ावों का विस्तार इस दृष्टात में अब बहुत असमान है। यद्यपि काल-श्रेणी के चक्रीय उतार-चढ़ावों के प्रसामान्य[4] रूप से बटन की आशा नहीं की जा सकती, तथापि इस बात पर ध्यान देना रुचिकर होगा कि दोनों श्रेणिया के लिए मान ± 3 मानक विचलनों के भीतर है। यह सदा सत्य सिद्ध नहीं होगा, ± 4 के मान, या इससे भी अधिक, कभी-कभी प्राप्त होते हैं।

चार्ट 16 10 चिरस्थायी निर्माणों के उत्पादन तथा अचिरस्थाई निर्माणों के उत्पादन के सूचकाकों के मानक विचलनों की इकाइयों में चक्रीय विचलन, 1959—1964।
आँकडो के स्रोतों के लिए सारणी 16 6 की टिप्पणी देखिये।

ऐसे चार्ट को, जैसा कि चार्ट 16 10 है, कभी-कभी चक्रीय चार्ट कहा जाता है क्योंकि इसका उद्देश्य चक्रीय गतियों की तुलना को सुगम बनाना है। इस प्रकार के चार्ट के ऊर्ध्वाधर पैमाने को जब अतकनीकी प्रकाशन में देखा जाता है, तो इस बात का विशेष जिक्र किए बिना कि मान s के सम्बन्ध में हैं, इसको "चक्रीय मान" का नाम दे दिया जाता

---

4. सामान्य वक्र की अध्याय 23 मे विवेचना की गई है। s की विशेषता का जिसका यहाँ सकेत किया गया है पृष्ठ 199—201 पर वर्णन किया गया था।

है। यह लोप सामान्यतया एक जाना-बूझा लोप है, क्योंकि सम्भव है कि समाचारपत्र अथवा पत्रिका के पाठकों ने s के अर्थ को न समझा हो।

दो श्रेणियों के विभिन्न मात्राओं में उतार-चढ़ावों का, परन्तु वार्षिक आँकड़ों से सम्बन्धित, एक और अधिक रुचिकर चित्रण चार्ट 22.4 और 22.7 में दिया गया है, जो परिवहन और सार्वजनिक उपयोगिताओं और ठेके के निर्माण में कर्मचारियों की संख्या के आँकड़ों को दिखाते हैं, पहले उपनति से विचलनों के रूप में और फिर s के सम्बन्ध में उपनति से विचलनों के रूप में।

चक्रीय गतियों के आकलन की अन्य विधियाँ

यद्यपि चक्रीय गतियों को अलग रखने की अवशेष विधि में विस्तृत परिकलन करना पड़ता है, तथापि यह सर्वाधिक प्रयुक्त प्रविधि है। तीन अन्य विधियों का संक्षिप्त विवरण यहाँ दिया जाएगा।

प्रत्यक्ष विश्लेषण—एक सम्भावना, प्रत्येक महीने को, पिछले वर्ष के संगत महीने की प्रतिशतता के रूप में व्यक्त करने में निहित है। इस क्रिया का परिणाम मोटे रूप से ऋतुनिष्ठ विचरण तथा दीर्घकालिक उपनति का निरसन करना है। तथापि कुछ अवशेष उपनति रहेगी, क्योंकि यदि उपनति ऊर्ध्वगामी है तो प्रतिशतताओं की 100 से ऊपर रहने की संभावना रहेगी, परन्तु यदि उपनति निम्नगामी होगी तो प्रतिशतताओं की प्रवृत्ति 100 से कम होने की होगी। यदि अवशेष उपनति का निरसन कर भी दिया जाता है तो परिणामन "चक्र" पूर्व विवेचित उतार-चढ़ाव के प्रकार से कुछ भिन्न होंगे, प्रतिशतताएँ चक्रीय स्तर की अपेक्षा चक्रीय परिवर्तन प्रस्तुत करती है। इस प्रकार, एक वर्ष का (अथवा अन्य) काल ऊँचा हो सकता है इसलिये नहीं कि यह उच्च स्तर पर था अपितु इसलिए कि पिछला वर्ष विशेष रूप से निम्न था। इस विधि में, व्यापारी के अधिकतर अभिव्यक्त प्रदत्त महीने को एक वर्ष पहले के उसी महीने के साथ समानान्तर बनाने का लाभ है।

प्रत्यक्ष विधि का एक भिन्न रूप प्रत्येक मास को कुछ पहले वर्षों के लिए संगत महीने की औसत की प्रतिशतता के रूप में व्यक्त करता है। वर्षों की संख्या के विषय में सोचना श्रेणी में चक्रों की लम्बाई पर निर्भर करता है, चक्रों की औसत लम्बाई को प्राय प्रयोग में लाया जाता है। चक्रीय गतियाँ प्राप्त करने से पहले इसमें अलग-अलग चक्रों की लम्बाई से सम्बन्धित निर्णय लिया जाता है। साथ ही, यह कम होता है कि आर्थिक श्रेणी में चक्र एक-सी विधि (या विस्तार) के हों जिसका परिणाम आँकड़ों की गम्भीर विकृति (तोड-मरोड) हो सकता है।

हरात्मक विश्लेषण—जब श्रेणी में चक्रीय गतियाँ लगभग उतनी ही अवधि और विस्तार की हों तो नियमित लहराती हुई गतियों वाली एक ज्या-कोटिज्या अथवा समान प्रकार के वक्र को आसंजित किया जा सकता है। इस प्रकार के वक्र को चक्रीय अनियमित आँकड़ों अथवा अनियमित गतियों के समरेखण के बाद के आँकड़ों के साथ जोड़ा जा सकता है। क्योंकि सामाजिक विज्ञानों तथा व्यापार में पर्याप्त नियमित कालान्तर एवं विस्तार की चक्रीय गतियों वाली श्रेणी दुर्लभ होती है, इसलिए हम इस ग्रन्थ में हरात्मक श्रेणी के आसंजन की विवेचना नहीं करेंगे।[5]

---

5 एक ज्या-कोटिज्या वक्र के आसंजन की विधि का वर्णन मूल अंग्रेजी पुस्तक के प्रथम संस्करण में पृष्ठ 554—560 पर, किया गया था।

निर्देश-चक्र विश्लेषण—जब कई काल-श्रेणियो का अध्ययन किया जा रहा है, तो वास्तव मे, प्रत्येक श्रेणी की चक्रीय गतियो का दूसरी प्रत्येक विचाराधीन श्रेणी की चक्रीय गतियो के साथ तुलना करना सम्भव हो जाएगा। एक प्रविधि, जिसमे "निर्देश-तिथियाँ" आती हैं, आर्थिक अनुसधान के राष्ट्रीय ब्यूरो द्वारा एक साधन के रूप मे निर्मित की गयी है, जो न केवल प्रत्येक श्रेणी को तिथियो के मानक समुच्चय के साथ तुलना करने और विस्तार तथा सकोच के मध्य सामान्य व्यापार मे अलग-अलग श्रेणी के व्यवहार का अध्ययन करने की अनुमति देता है, अपितु विभिन्न अलग-अलग श्रेणियो के लिए परिणामों की तुलना करने की भी अनुमति देता है। निम्नलिखित वर्णन अति सरल है, परन्तु इससे पाठक को प्रविधि का सामान्य ज्ञान प्राप्त हो जाना चाहिए।

प्रथम पग निर्देश-तिथियो का चयन है, जो व्यापार चक्रो के गर्त एव चोटियो की तिथियाँ हैं। किसी सम्भव मिथ्याबोध को दूर करने के लिये यह स्पष्ट करना अच्छा होगा कि 'व्यापार चक्रो" का अर्थ *सामान्य* व्यापार गतिविधि मे चक्रीय उतार-चढाव है, न कि *किसी एक पक्ष या क्षेत्र मे चक्र। बहुत बडी मात्रा मे आर्थिक काल-श्रेणी का परीक्षण करने* के पश्चात् और 'व्यापार दृश्य के प्रेक्षको के समकालीन विवरणो" का अध्ययन करने के पश्चात् निर्देश तिथियो का, जिनका प्रयोग सभी अलग-अलग श्रेणियो मे किया जाता है, चयन किया गया था।

अगला पग प्रत्येक श्रेणी के लिए प्रत्येक दो आगामी निर्देश गर्तो के बीच चक्रीय प्रतिरूप को प्राप्त करने के हेतु वैयक्तिक श्रेणी के आँकडो को क्रमबद्ध करना है। विभिन्न श्रेणियो के परिणामो की तुलना करने के योग्य बनाने के लिए प्रत्येक अवधि सभी श्रेणियो के लिए बराबर है। प्रत्येक श्रेणी की प्रक्रिया निम्न प्रकार से चलती है :

(1) ऋतुनिष्ठ विचरण के लिए आँकडो को समजित किया गया है।

(2) ऋतुनिष्ठतापूर्वक समजित आँकडो को "निर्देश-चक्र वृत्तखण्डो" मे विभक्त किया जाता है ये वृत्तखण्ड निकटवर्ती निर्देश गर्तो के बीच मध्यान्तरो के अनुरूप हैं।

(3) प्रत्येक वृत्तखण्ड के लिए, वृत्तखण्ड मे सभी मूल्यो की प्रतिशतताओ की औसत के रूप मे मासिक मूल्यो का वर्णन किया गया है। ये "निर्देश चक्र सम्बन्धी" हैं। ध्यान दीजिए कि इस पग के परिणामस्वरूप सभी श्रेणियाँ प्रतिशतता अवस्था मे हैं बिना इस विचार के कि मौलिक इकाई क्या है। इस पर भी ध्यान दीजिए कि यह पग अन्त चक्र उपनति का निरसन कर देता है क्योकि प्रत्येक चक्र के सापेक्षों की औसत 100 है, परन्तु यह आन्तरिक चक्र उपनति का निरसन नही करता। आन्तरिक चक्र उपनति का सम्मिलित होना वाछनीय समझा जाता है। क्योकि यह "व्यापार चक्र के दौरान क्या घटता है, इसको स्पष्ट करने तथा इसका वर्णन करने मे सहायता करता है।"

(4) व्यापार चक्र मे उन्ही नौ अवस्थाओ के अनुरूप प्रत्येक निर्देश चक्र वृत्तखण्ड को नौ अवस्थाओ मे तोडा जाता है, और नौ अवस्थाओ मे से प्रत्येक के लिए निर्देश चक्र सापेक्षो की औसत ली जाती है। नौ अवस्थाएँ इस प्रकार हैं -

I. प्रारम्भिक गर्त पर केन्द्रित तीन महीने।

II प्रसारकाल का प्रथम तिहाई।

III. प्रसारकाल का दूसरा तिहाई।

IV. प्रसारकाल का अन्तिम तिहाई।

V. चोटी पर केन्द्रित तीन मास ।
VI. सकुचन काल का प्रथम तिहाई ।
VII. सकुचन काल का दूसरा तिहाई ।
VIII. सकुचन काल का अन्तिम तिहाई ।
IX. सीमान्त गर्त पर केन्द्रित तीन मास ।

प्रत्येक निर्देश चक्र वृत्तखण्ड के लिये नौ अवस्थाओ वाली औसतें एक श्रेणी मे अनियमित गतियो को कम करने मे काम करती है और विचाराधीन विशिष्ट श्रेणी के लिए एक निर्देश चक्र प्रतिरूप देती हैं ।

आर्थिक अनुसधान का राष्ट्रीय ब्यूरो भी विशिष्ट चक्र विश्लेषण का प्रयोग करता है । यह प्रविधि पूर्ववर्णित प्रविधि से इस दृष्टि से भिन्न है कि इसमे मोड बिन्दु, अवस्थाएँ और प्रतिरूप स्वयमेव प्रत्येक स्वतन्त्र श्रेणी मे निर्धारित किए जाते है। इस पुस्तक मे विशिष्ट चक्र विश्लेषण की ओर हम और अधिक ध्यान नही देंगे, केवल यह सकेत करेंगे कि चार्ट उस विशेष श्रेणी के लिए तैयार किए जा सकते है जिसमे विशिष्ट चक्र और निर्देश चक्र दोनो इसलिए दिखाए जाते है ताकि दोनों की तुलना की जा सके । चक्रो की दूसरे साधनो से भी तुलना की जा सकती है जिसमे "अग्रता" तथा "पश्चता" एव "समविन्यास के सूचकाक" का परिकलन सम्मिलित है ।

17

सूचकांक-निर्माण के मूल तत्त्व

सूचकांकों का अर्थ तथा प्रयोग

सूचकांक सम्बद्ध चरों के समूह की मात्रा के अन्तरों को मापने के लिए युक्तियाँ हैं। इन अन्तरों का सम्बन्ध चाहे वस्तुओं की कीमतों से हो, उत्पादित, क्रय-विक्रय की गई या उपभोग की गई वस्तुओं की भौतिक मात्रा से हो, या "बुद्धिमत्ता", "सौन्दर्य" या "कार्य-क्षमता" जैसे मन्तव्यों में हो। ये तुलनाएँ समय की अवधियों में हो सकती हैं; स्थानों में हो सकती हैं, समान वर्गों जैसे व्यक्तियों, स्कूलों या वस्तुओं में हो सकती हैं। इस प्रकार हमारे पास या तो विभिन्न समयों के या विभिन्न देशों के या स्थानों के निर्वाह खर्चों की तुलना करने वाले सूचकांक हो सकते हैं, अथवा विभिन्न वर्षों में उत्पादन की भौतिक मात्रा के या विभिन्न स्कूल पद्धतियों की कार्यकुशलता के सूचकांक हो सकते हैं। सूचकांकों के कुछ उपयोगों का नीचे वर्णन किया जाता है।

1 समय की अवधि में कीमत स्तर में परिवर्तन कदाचित् सूचकांक का सबसे अधिक प्रसिद्ध प्रकार है। पर्याप्त समय से इस प्रकार के सूचकांकों का प्रयोग होता रहा है और वर्तमान समय में इनका बहुत प्रयोग किया जा रहा है। कीमत सूचकांकों का एक प्रयोग, जिससे पाठक पहले ही परिचित है, भौतिक मात्राओं में बदलने के लिये मूल्य श्रेणी की अपस्फीति है। पीछे सारणी 11 1 का उल्लेख करते हुए हमें उपभोक्ता कीमत सूचकांक से विभक्त करने से पता चलता है कि साप्ताहिक मजदूरी को साप्ताहिक वास्तविक मजदूरी में बदला जा सकता है। इसी प्रकार से हम निर्माण खर्चों के एक सूचकांक द्वारा अपस्फीति करने से भौतिक आधार प्रदत्त निर्माण सौदों के मूल्य को प्रस्तुत करने वाली काल-श्रेणी में बदलने की इच्छा कर सकते हैं।

कीमत गतियों का, उनके कारण को खोजने के लिए या आर्थिक समाज पर उनके प्रभाव को खोजने के लिये, अध्ययन किया जा सकता है। इस प्रकार आर्थिक सम्बन्धों का अध्ययन करने के लिए यह प्रथा है कि कीमत-स्तर में परिवर्तनों की अन्य श्रेणी के परिवर्तनों, जैसे स्वर्ण, बैंक रिजर्व, बैंक निक्षेप, बैंक नामे, तथा उत्पादन की भौतिक मात्रा से तुलना की जाए। इस प्रकार के अध्ययनों में कीमत सापेक्षों का न केवल औसत परिवर्तन आता है अपितु निम्नलिखित भी आते हैं: (क) कीमत सापेक्षों का विक्षेपण, (ख) कीमत सापेक्षों के बारम्बारता बंटनों का आकार, (ग) इस प्रकार की प्रतिशतताओं की सापेक्षिक अवस्थाओं में परिवर्तन (कीमतों का विस्थापन), (घ) विक्रय करने के लिये प्रस्तुत मात्रा के परिवर्तनों के साथ कीमत में परिवर्तन, (ङ) कीमत में परिवर्तनों के साथ क्रयों या उत्पादन की मात्रा में परिवर्तन (माँग अथवा पूर्ति की लोच),

(च) बारबारता जिसके साथ विभिन्न कीमते बदलती है, (छ) माँग मे परिवर्तनो के साथ कीमत परिवर्तनो का परिमाण ।

कीमत स्तर मे परिवर्तनो को, उन्हे नियन्त्रित करने के लिए मापा जा सकता है। अत 1933—34 म सामान्य कीमत स्तर को बढाने के लिए सोने की अधिकृत कीमत को बढाना एक आशिक प्रयास मात्र था। सोने की कीमत बढाये जाने के बाद यदि सूचकाक उच्च कीमत-स्तर दर्शाते, तो परिणाम को इस बात का सकेत माना जा सकता था कि स्वर्ण नीति प्रभावपूर्ण थी।

कई बार सरकार का प्रभाव, कीमत स्तर को बढाने, घटाने अथवा स्थिर रखने के लिए नही अपितु दूसरे की अपेक्षा कीमतो के एक समूह को बढाने के लिए प्रयोग मे लाया जाता है। इस प्रकार सयुक्त राज्य सरकार न कृषि सम्बन्धी कीमतो को औद्योगिक कीमतो की अधिकृत "समानता' तक बढाने के लिए बहुत सी युक्तियाँ विचारी तथा कुछ का प्रयोग किया। *समानता सूचकाक* का वर्णन अध्याय 18 म किया गया है।

द्वितीय विश्व युद्ध से लेकर बढती हुई सख्या मे ऐसे सामूहिक-सौदा समझौते किये गए हैं जो उपभोक्ता कीमत सूचकाको मे परिवतनो से उत्पन्न स्वत मजदूरी समजनो की व्यवस्था करते है। थोक कीमत सूचकाको पर आधारित इसी प्रकार के समजनो को बनाने के लिए कुछ व्यावसायिक सौदो का भी कार्यान्वित किया गया है। इस प्रकार के समजनो को प्राय "प्रसारक (या प्रसार) खण्ड' कहा गया है। इन समझौतो या सौदो के सामान्यतया दो भाग होते है एक प्रयुक्त किये जाने वाले सूचकाक का, प्राय सयुक्त राज्य ब्यूरो ऑफ लेबर स्टैटिस्टिक्स द्वारा निर्मित सूचकाक का निर्देश करता है, दूसरा आधार राशि की परिभाषा करता है, जिसे सूचकाक मे प्रतिशतता परिवर्तनो से गुणा किया जाता है। अधिकतर मजदूरी सौदा मे जिनमे प्रसारक खण्ड होते है, ऐसी व्यवस्था होती है कि कोई निम्नगामी समजन मौलिक आधार राशि से कम नही होगा। श्रम सख्यिकी ब्यूरो ने यह अनुमान लगाया है कि लगभग 35 00 000 श्रमिक उसी ब्यूरो द्वारा प्रकाशित उपभोक्ता कीमत सूचकाक से सम्बद्ध प्रसारक पदो वाले ठेको के अन्तर्गत आ जाते है। विभिन्न क्षेत्रों के बीच औसत कीमत तुलनाओं के उदाहरण प्रचलित नही हैं। इस प्रकार की तुलनाएँ करना बहुत कठिन है, क्योकि विभिन्न स्थानो पर उत्पन्न की गई और अथवा उपभोग की गई वस्तुओ की सापेक्षिक महत्ता बहुत अधिक भिन्न रहती है। इस प्रकार के सूचकाक का एक रुचिकर उदाहरण ससार भर के 45 नगरो के लिए "सयुक्त राष्ट्र कर्मचारी वर्ग का निर्वाह व्यय" है। इस सूचकाक मे, न्यूयार्क नगर = 100। तथापि सूचकाक का सम्बन्ध केवल सयुक्त राष्ट्र के कर्मचारी वर्ग से है और सामान्य जनसख्या के निर्वाह व्यय से इसका सम्बन्ध नही है।

2 कुछ सस्थाएँ समय की एक अवधि मे आने वाले भौतिक परिवर्तनो की तुलना करने वाले सूचकाको के सकलन करती हैं। ये व्यापार, औद्योगिक उत्पादन, कारखाना उत्पादन, विक्रय, वस्तुओ का भण्डार, आयात तथा निर्यात, इत्यादि के भौतिक परिमाणो का वर्णन करते है। काल-श्रेणी के विश्लेषण मे हमने पहले ही इस प्रकार के सूचकाको का प्रयोग किया है। ये दीर्घकालीन उपनतियों ऋतुनिष्ठ विचरणों, तथा व्यापार चक्रो के ऐतिहासिक अध्ययन, मे अत्यधिक उपयोगी हैं, तथा उन व्यक्तियो के लिए जो वर्तमान व्यापार स्थितियो मे परिचित रहना चाहते हैं, अत्यावश्यक है।

3 अधिकतर पूर्व-सूचना देने वाली संस्थाओं के द्वारा पूर्व-सूचना देने वाले सूचकांकों का संकलन किया जाता है। यद्यपि बहुत से सूचकांक सिद्धान्त में ठीक दिखाई देते हैं, और व्यवहार में भी जब उन्हें वास्तव में प्रयोग की गई में पूर्व-अवधियों पर लागू किया जाता है, दुर्भाग्य में उनमें से अधिकतर वर्तमान प्रयोग में विफल रहते हैं। पूर्व-सूचना देने वाले सूचकांक के कुछ सांख्यिकीय रूपों का विवरण अध्याय 22 में दिया गया है।

4 सूचकांकों के दूसरे प्रकार स्वभाव में भिन्न और संख्या में कम हैं। एक प्रकार के उदाहरण के लिए, 1966 में ओहियो राज्य विश्वविद्यालय के अपराध-विज्ञानविदों ने डा० वाल्टर सी० रैकलैस के नेतृत्व में, जिन्होंने 24 प्रश्नों की एक सरल परीक्षा[1] का प्रयोग किया एक "अपराध विभव" के सूचकांक का निर्माण किया।

सूचकांकों के निर्माण में समस्याएँ

सूचकांकों की रचना में जिन समस्याओं का एक सांख्यिकी-विद् को सामना करना पड़ता है, वे हैं

(1) जिस उद्देश्य के लिए सूचकांक का संकलन किया जा रहा है, उसकी परिभाषा।
(2) सूचकांक में सम्मिलित करने के लिए श्रेणी का चयन।
(3) आँकड़ों के स्रोतों का चुनाव।
(4) आँकड़ों का संग्रह।
(5) आधार का चयन।
(6) आँकड़ों को मिलाने की विधि।
(7) भारित करने की प्रणाली।

आँकड़ों को इकट्ठा करने तथा परिकलन करने से पूर्व यह जानना महत्त्वपूर्ण है कि हम किसे मापने का प्रयास कर रहे हैं और यह भी कि हम अपने मापों का किस प्रकार प्रयोग करना चाहते हैं। विचाराधीन उद्देश्य के लिये उपयुक्त प्रकार से बनाया गया सूचकांक एक अत्यन्त उपयोगी तथा शक्तिशाली साधन है, यदि यह उचित प्रकार से संकलित और रचित न हो तो यह हानिकारक हो सकता है। यदि हम निजी आवासों के निर्माण की लागत में परिवर्तनों का जानना चाहते हैं तो हमें भारी निर्माण इस्पात की कीमतों को एकत्रित नहीं करना चाहिए। इसी प्रकार से यदि हम घरेलू कपड़े की लागतों में परिवर्तनों का मापना चाहें तो हमें रूई की कीमतों को प्रति गाँठ के हिसाब से एकत्रित नहीं करना चाहिए। परचून व्यापार की प्रगति को मापने के लिए हमें विभागीय भण्डार विक्रयों के प्रतिदर्श को प्रयोग में लाना चाहिए न कि थोक काम करने वालों तथा थोक विक्रेताओं के आँकड़ों को।

जब हम उपभोक्ता के कल्याण का माप करने का प्रयास उसकी मुद्रा आय को वास्तविक आय में बदल कर अर्थात् अपस्फीति करके (देखें सारणी 11 1) कर रहे हों

1. यूनाइटिड प्रैस "एन इण्डक्स आन क्राइम पोटेन्शयल", पैसिफिक स्टार्स एन्ड स्ट्रिप्स, अप्रैल 8 1966, पृष्ठ 10।

तो अवस्फीति कारक के रूप में थोक-कीमत श्रेणी का प्रयोग स्पष्ट ही त्रुटिपूर्ण होगा। और यदि हम उपभोक्ता को प्राप्त वस्तुओं के उत्पादन का माप करना चाहें तो हम औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक का प्रयोग नहीं करें अपितु विभिन्न उपभोक्ता वस्तु उद्योगों से सूचकांक का संकलन करने का प्रयास करेंगे।

उपर्युक्त सातों समस्याएँ एक जैसी महत्त्वपूर्ण नहीं हैं और न ही वे सदा एक दूसरे से स्वतन्त्र हैं। इस प्रकार, भारित करने के साधारण ढंग में कीमत सूचकांक के लिए, सूचकांक के प्रत्येक उपसमूह में विभिन्न भार प्रयुक्त करने वाली प्रणाली की अपेक्षा एक भिन्न तथा वस्तुओं की अधिक विशाल सूची की आवश्यकता होगी। इसी प्रकार, जैसे बाद में व्याख्या की जाएगी, प्रयोग की जाने वाली भारित प्रणाली आंशिक रूप से आँकड़ों को मिलाने के ढंग पर निर्भर करती है। भारित करने के दोनों ढंग तथा प्रणाली को एक सूत्र में सम्मिलित करना तथा उसी भाग में दोनों अंशों की व्याख्या करना सुविधाजनक है। ऐसे ही ऊपर बताई गई समस्या 2 और 3 पर एक साथ विचार करना चाहिए। यदि कीमत सापेक्षों के व्यवहार को पहले विचारा जाता है तो इन बातों की अधिक पूर्ण समझ प्राप्त हो सकती है।

मूल्य-सापेक्षों के व्यवहार का एक दृष्टान्त

संयुक्त राज्य का श्रमिक आँकड़ों सम्बन्धी ब्यूरो वर्तमान समय में लगभग 2,200 पृथक्-पृथक् वस्तुओं या श्रेणी वाली थोक कीमतों के सूचकांक का संकलन करता है। इस सूचकांक का वर्णन आगामी अध्याय में किया गया है। यह ब्यूरो बहुत से समूहों तथा उप-समूहों के थोक कीमत सूचकांकों तथा पृथक्-पृथक् वस्तुओं के कीमत-सापेक्षों को प्रकाशित करता है।

सभी वस्तुओं को मिलाकर तथा तीन मुख्य उप समूहों के लिए सूचकांकों को चार्ट 17.1 में दिखाया गया है। तुलना को सरल बनाने के लिए चारों सूचकांकों को प्रकाशित आधार, 1957—1959=100 की अपेक्षा 1957=100 के साथ दिखाया गया है। प्रत्येक सूचकांक को उसके 1957 के मूल्य से भाग करके यह प्राप्त किया जाता है। एक अन्य प्रमुख उप-समूह "फार्म उत्पादन तथा तैयार भोजन के अतिरिक्त सभी वस्तुएँ" का चार्ट 17.2 में विश्लेषण किया गया है, जिसमें इस मुख्य वर्ग के 13 नितान्त भिन्न उपवर्गों के परिसर को दिखाया गया है।

चार्ट 17.2 में, किसी एक वर्ष में परिसर को दिखाने के लिये समूह सूचकांक से विचलनों को खींचा गया है। फिर उस उप-समूह के लिए है जो समूह सूचकांक से ऊपर प्रतिशतता बिन्दुओं की उच्चतम संख्या का पंजीकरण करता है और उस उपसमूह के लिये जो समूह सूचकांक से सबसे अधिक नीचे रहता है। 1963 तथा 1964 में विविध उत्पादनों का मूल्य सूचकांक अन्य उपसमूहों से इतना अधिक बढ़ गया, कि इसे हल्की टूटी हुई रेखा से दिखाया गया है, 1963 और 1964 के ठोस वक्र पर बिन्दु, उच्चतम उपसमूह से अगले उपसमूह का प्रतिनिधित्व करते हैं।

चार्ट 17.2 में विशेष रुचि की बात यह है कि हम आधार वर्ष से जितना आगे जाएँगे उप-समूह कीमतों की समूह सूचकांक से उतना ही अधिक परे हटने की प्रवृत्ति

होगी। तथापि, यदि समूह सूचकांक कम हो जाए और 100 पर पहुँच जाए तो यह बिल्कुल सम्भव है कि उपसमूह सूचकांक पुनः एक दूसरे के निकट खिंच जाएँ।

चार्ट 17 1 संयुक्त राज्य श्रम सांख्यिकी ब्यूरो के सभी वस्तुओं, फार्म उत्पाद ससाधित खाद्य, तथा वस्त्र उत्पाद एव सिले वस्त्रों के थोक कीमत सूचकांक, 1957—1964। अकों को 1957—1959=100 से 1957=100 में बदल लिया गया है ताकि चारों श्रेणियों के व्यवहार की सरलता से तुलना की जा सके। आकडे स्टेटिस्टिकल ऐब्स्ट्रैक्ट ऑफ दि युनाइटिड स्टेट्स के विभिन्न अकों तथा सयुक्त राज्य वाणिज्य विभाग, व्यापार अर्थशास्त्र कार्यालय के सर्वे ऑफ करन्ट बिजनेस, जून 1965 पृष्ठ S 8 में।

दूसरी बात जिसका प्राय प्रसग आता है, परन्तु यहाँ अध्ययन किए गए सीमित काल को आवृत्त करने वाले आँकडे जिसकी पुष्टि नही करते, यह है कि जब कीमत उपनति ऊर्ध्वगामी है तो सूचकांक की सघटक श्रेणी के कीमत सापेक्षों का बटन भी अवश्यमेव तिरछा होगा। बहुत से व्यक्ति इस विचार के हैं कि यह कीमत सापेक्षों के बारबारता बटनों की स्वाभाविक विशेषता है, क्योंकि कीमतें अनिश्चित ऊँचाई तक चढ़ सकती हैं परन्तु केवल शून्य तक गिर सकती हैं।[2] दूसरी ओर, यह सुझाव दिया जा सकता है कि कीमतों

2 यह अक्षरश सत्य नहीं है, जैसा कि हम निम्नलिखित उदाहरणों से देख सकते हैं (1) संयुक्त राज्य अमरीका के राजकोष पत्र, प्राय 90 दिन के पत्र, प्राय बैंकों या दूसरे निवेशकों को मितिकाटा पर बेच दिए जाते हैं—अथ त उन्हे प्रत्यक्ष मूल्य से कम पर बेचा जाता है और प्रत्यक्ष मूल्य पर तीन मास बाद उन्हे छुडाया जाता है। अन्तर निवेशक के लाभ या राजकोष की कीमत को मापता है। एक वर्ष में हुडियों की 12 श्रेणियाँ अकित मूल्य से अधिक पर राजकोष से विक्रय की गई जिसका यह प्रभाव हुआ कि उन्होंने ऋणात्मक कीमत दी। हुडी क्रेता, ऋणात्मक लाभ प्राप्त करते हुए हुडियों को पास रखने के अधिकार के लिए थोडा सा प्रीमियम देते थे। (2) एक अन्य वर्ष न्यूयार्क नगर का एक धातु-वस्तुओं का विनिर्माता व्यापारियों का मैगनेशियम छीलन तथा अन्य मैगनेशियम कतरन बेचने मे सफल हुआ। बाद मे उसी वर्ष वह इसे न बेच सका अपितु उसे ठेले भर कर फिंकवाने पडे। इस प्रकार रद्दी माल की, वर्ष के प्रारम्भ मे जो उसने धनात्मक कीमत प्राप्त की थी वर्ष के अन्त मे वह कीमत ऋणात्मक या शून्य से कम हो गई।

और कीमत सापेक्षों पर, गणित शास्त्र के नियमो की अपेक्षा अर्थशास्त्र के नियमों का अधिक प्रभाव होता है। कोमत-वृद्धि तथा कीमत-सकोच की सीमाएँ निश्चित रूप से व्यक्तियो द्वारा विभिन्न कीमतो पर खरीदने और बेचने की इच्छा से प्रभावित होती हैं। तथापि कीमत परिवर्तन की दिशा सम्भवत एक सूचकाक के अवयवो की विषमता की दिशा पर कुछ प्रभाव डालती है।

चार्ट 17 2 "फार्म उत्पाद तथा ससाधित खाद्य के अतिरिक्त सभी वस्तुओ" के लिये सयुक्त राज्य श्रम सारियकी ब्यूरो के थोक कीमत सूचकाक से अधिकतम विचलन, उसी सूचकाक के 13 उप-समूहो द्वारा प्रदर्शित, 1958—1964। विचलन अत्यधिक भिन्न उप समूहो तथा प्रत्येक वष के "अन्य वस्तु' सूचकाक मे अन्तर को प्रस्तुत करते हैं, उदाहरणार्थ, 1962 मे अङ्क थे 107.4 – 100 8 = +6 6 तथा 93 3 – 100.8 = – 7 5। हल्की टूटी रेखा 1962 तथा 1963 के विविध उत्पादो के लिए दिखाए गए विचलनो का अनुसरण करती है जो उन्हीं वर्षों मे उससे कम उच्चतम उप समूह में (गहरी रेखा से प्रदर्शित) विशेष रूप से अलग हो गई थी। आंकडे *स्टैटिस्टिकल ऐब्स्ट्रैक्ट ऑफ दि युनाइटिड स्टेट्स*, 1964, पृष्ठ 352—353, तथा *सर्वे ऑफ करन्ट बिजनेस* जून 1965, पृष्ठ *S* 8 से।

सूचकांको के लिये आंकड़े

यद्यपि सूचकाको की रचना करने मे चरो को जोडने की विधि पर्याप्त महत्ता रखती है तथापि यह उस समय महत्त्वहीन है जब कि आंकडो का जो कि सूचकाक का कच्चा माल है, चयन करने की समस्या की तुलना की जाती है। इस बात पर बहुत अधिक जोर नही डाला जा सकता। आंकडे अवश्यमेव सही, समान, तथा प्रतिदर्श प्रतिनिधि होने चाहिएँ। एक प्रतिदर्श के प्रतिनिधि होने की आशा तब तक नही की जा सकती जब तक कि उसमे मदो की पर्याप्त सख्या सम्मिलित न की जाए। इस विचार को अन्य शब्दो मे इस

प्रकार वर्णित किया जा सकता है विश्वस्त सूचकाको को प्राप्त करने के लिये प्रसगानुकूल मदो के पर्याप्त बडे प्रतिदर्श को अवश्य चुनना चाहिये।

जैसाकि हम पहले देख चुके है, कीमत सूचकाक के लिये चुनी जाने वाली वस्तुएँ और चुनी जाने वाली दर का प्ररूप इस बात पर निर्भर करता है कि किस वस्तु को मापा जा रहा है। थोक कीमत सूचकाक के लिए थोक कीमतें चाहिएँ। उपभोक्ताओ के द्वारा दी जाने वाली कीमतो के सूचकाक के लिए केवल भोजन की परचून कीमतो की ही आवश्यकता नही होती वरन् किराया, गैस एव विद्युत् दरें, कपडे की कीमतें, यातायात, डाक्टरी सहायता इत्यादि की भी आवश्यकता होती है, जो उन व्यक्तियो की श्रेणी पर लागू होती है जिनके लिये रहन-सहन की लागत सुनिश्चित की जानी है। एटलान्टा, जार्जिया मे फ्रेम भवनो को बनाने की परिवर्तनशील लागत के सूचकाक मे एटलान्टा मे बनाए गये फ्रेम भवनो म प्रयुक्त वस्तुओ तथा श्रम की मदो को सम्मिलित करना चाहिये। कीमतें एटलान्टा म प्रयुक्त वस्तुओ की कीमतें होनी चाहिये और मजदूरी एटलान्टा मे प्रयुक्त श्रमिक की मजदूरी होनी चाहिये। ये उदाहरण एव तर्क का सकेत करते हैं कि हर समय उस उद्देश्य को जिसके लिये सूचकाक का सकलन किया जा रहा है, मस्तिष्क मे रखना इतना महत्त्वपूर्ण क्यो है। सूचकाक का उद्देश्य तथा यह किसका माप करना चाहता है, ये बाते आधार के चयन, प्रयुक्त भारो, तथा प्रयुक्त सूत्रो को भी प्रभावित करेंगी।

सूचकाको के लिये जब आँकडो के स्रोतो का चयन करें तो हम नियमित रूप से प्रकाशित की जाने वाली दरो पर निर्भर कर सकते है या व्यापारियो, उत्पादको, निर्यातकर्ताओ या अन्यो स, जोकि आवश्यक आधारभूत जानकारी रखते हैं, सामयिक विशेष रिपोर्ट प्राप्त की जा सकती है। इन दोनो म से किसी भी परिस्थिति मे हमें यह निश्चय कर लेना चाहिये कि आँकडे मापी जाने वाली वस्तु से सुनिश्चित सम्बन्ध रखते हैं। इस प्रकार, यदि भोजन के परचून कीमत परिवर्तनो को मापा जा रहा है तो सुपर बाजारो, शृखला भण्डारो, स्वतन्त्र भण्डारो तथा अन्य महत्त्वपूर्ण निर्गमो से दरें प्राप्त की जानी चाहिएँ। इन विभिन्न स्रोतो का बिना सोचे-समझे मिश्रण नही कर देना चाहिये अपितु मिश्रण करते समय उन्हे उचित रूप से भारित कर लेना चाहिये। मास की प्रथम तारीख की दरो, मास के मध्य की दरो, तथा मासान्त दरो को सामान्य रूप से एक सूचकाक मे नही मिलाना चाहिये।

जो वर्णन अभी किया जाना है वह आशिक रूप से इस पुस्तक के पूर्व अध्यायो मे, विशेष रूप से अध्याय 2 मे, वर्णित सिद्धान्तो का अनुप्रयोग है। सूचकाको के आँकडो के उचित चयन का बडा महत्त्व इन सिद्धान्तो को आपस मे एक साथ लाने को न्यायसगत बनाता है, यद्यपि इसमें कुछ पुनरावृत्ति निहित है।

परिशुद्धता—कुछ सांख्यिकीय आँकडो पर जो कि परिशुद्धत मुद्रित दृष्टिगोचर होते है, निर्भर नहीं किया जा सकता। यदि आँकडो की सूचना देने वाला व्यक्ति या कम्पनी आँकडों का प्रयोग परिचालन अथवा कर के लिये करती है तो वे परिशुद्ध हो सकते हैं, परन्तु यदि किसी बाह्य एजेन्सी को देने के लिये आँकडो के सांख्यिकीय विवरण मात्र हैं तो उनका सकलन मूलत लापरवाह तथा उदासीन लिपिको द्वारा किया जा सकता है जिनकी रुचि केवल शीघ्रातिशीघ्र प्रपत्र को मसि-चिह्नो से भरने की होती है। अत सांख्यिकी-विद् के लिये यह ज्ञात कर लेना उचित है कि आँकड़े किस प्रकार एकत्रित किये गए हैं और उसे अपने स्रोत का चयन विवेक से करना चाहिए।

तुलनीयता—वास्तव में एक ही वस्तु के मानक ग्रेड विभिन्न तिथियों के बीच तुलनीय होते हैं, तथापि एक 1914 की मोटर गाड़ी की आधुनिक मोटर गाड़ी से तुलना नहीं की जा सकती। न ही एक मानक ' मोटर गाड़ी की कीमत विभिन्न वर्षों के लिए परिकलित की जा सकती है क्योंकि एक साल से अधिक में इस प्रकार की मानक मोटर गाड़ी सामान्यतः प्राप्त नहीं होती। उच्च विनिर्मित वस्तुओं के सम्बन्ध में जिनको आगामी वर्षों में विकसित किया जाता है कीमत दरों की ऊर्ध्वगामी प्रवृत्ति अधिकतम होती है, परन्तु यह कुछ कृषि सम्बन्धी वस्तुओं में भी पाई जाती है क्योंकि इनके उत्पादन में पूर्ववर्ती की अपेक्षा उत्तरवर्ती वर्षों में अधिक ससाधन अपेक्षित होता है। अतः यह सम्भव है कि अधिकांश की कीमत सूचकांकों की ऊर्ध्वगामी प्रवृत्ति हो।

एक इसी प्रकार की समस्या उस समय उत्पन्न हो जाती है जब कोई वस्तु विस्तृत प्रयोग के बाद हट जाती है और लगभग वही हेतु पूरा करने वाली भिन्न वस्तु के द्वारा उसका स्थान ग्रहण कर लिया जाता है। उदाहरणार्थ 100 वर्ष पुराने रेल के डिब्बे को सुप्रवाही वातानुकूलित गाड़ियां, दबाव वाले वायुयानों, तथा डीलक्स बसों ने मात कर दिया है। यदि वाशिंगटन डी० सी० से फिलडेलफिया का किराया दोनों समयों में वही मिलता है तो भी हमें यह परिणाम नहीं निकाल लेना चाहिये कि उसी सेवा की लागत उतनी ही रही है क्योंकि सेवा भी बदल गई है। अब यात्रा में कम समय लगता है और इसे अब बहुत अधिक सुख-सुविधा से किया जाता है।

प्रतिनिधित्व—क्योंकि सूचकांक प्रायः प्रतिदर्शों से प्राप्त किये जाते हैं अतः हमें अवश्यमेव इस प्रकार का प्रतिदर्श प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिये जो कि उस जनसंख्या के अनुरूप व्यवहार करे जिससे कि इसे लिया गया है। सम्भवतः इसे प्राप्त करने का सबसे सन्तोषजनक ढंग यह है कि मूल आंकड़ों को समूहों और उपसमूहों में बांट लो और इनमें से प्रत्येक में से प्रतिनिधि प्रतिदर्श चुनो। समूहों और उपसमूहों में स्तरीकरण का प्रयोग इसलिए किया जाता है क्योंकि विभिन्न आर्थिक कारणों से प्रभावित वस्तुओं के विभिन्न समूहों और उपसमूहों से यह आशा की जा सकती है कि वे इस प्रकार के व्यवहार के प्रतिरूपों का प्रदर्शन करें जो कि प्रत्येक समूह के लिए भिन्न हों और जो दूसरे समूहों और समस्त सूचकांक में भी भिन्न हों। उदाहरणार्थ, यदि थोक कीमतों का एक सूचकांक बनाया जा रहा है तो हमें भवन-निर्माण के पदार्थों की गतियों में भिन्न भोजन की कीमत (अथवा मात्रा) की गतियों की आशा करनी चाहिये। इसका एक कारण यह है कि जहां भोजन की माग लोचहीन है वहां भवन निर्माण के पदार्थों (जो दूर तक चलने वाली वस्तुएँ हैं और जिनका क्रय स्थगित किया जा सकता है) की माग लोचशील है। इसके अतिरिक्त, अल्पकाल में भोजन की पूर्ति पर्याप्त मात्रा में मौसम के ऊपर निर्भर करती है जबकि भवन-निर्माण के पदार्थों की पूर्ति सरचना करने वालों के वेतन नियन्त्रण पर निर्भर करती है।

एक समूह से वस्तुओं का चयन करते समय यह वाछनीय है कि हम उन वस्तुओं को लें जिनकी प्रवृत्ति समूह की केन्द्रीय प्रवृत्ति के अधिक अनुरूप हो बशर्ते कि केन्द्रीय प्रवृत्ति का निर्धारण किया जा सके। उन वस्तुओं का चयन कर लेने के पश्चात् जो कि उस समूह की जिससे कि उनको लिया गया है, पर्याप्त प्रतिनिधि हैं, यह निश्चित करना वाछनीय है कि क्या प्रत्येक समूह के लिये आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्राप्त कर लिया गया है। तदनतर मूल्य के आधार पर यदि एक समूह (या समूहों) के प्रतिदर्श का सारे समूह में बहुत कम या बहुत अधिक अनुपात हो तो समूह प्रतिदर्श में वस्तुओं को जोड़ा जा सकता है या वस्तुओं

को कम किया जा सकता है। जब इस प्रकार का समजन न किया जा सकता हो (उदाहरणार्थ यदि समूह "सरचनात्मक इस्पात" है और प्रतिदर्श समूह का 100 प्रतिशत भाग है), तो विकल्पस्वरूप उचित भारो का प्रयोग किया जा सकता है।

कई बार प्रतिदर्श के प्रतिनिधित्व के एक अन्य परीक्षण का प्रयोग किया जा सकता है क्या प्रतिदर्श के मूल्य परिवर्तन जनसख्या के परिवर्तनो से मेल खाते हैं ? इस परीक्षण को केवल सम्पूर्ण प्रतिदर्श पर ही लागू नहीं करना चाहिये अपितु उन विभिन्न समूहों और उप-समूहो पर भी लागू करना चाहिये जिनमे इसे विभक्त किया गया है।[3]

पर्याप्तता—अध्याय 24 में यह दिखाया जाएगा कि यादृच्छिक प्रतिदर्श के अकगणितीय माध्य की विश्वसनीयता प्रत्यक्ष रूप से सम्मिलित मदो की सख्या के वर्गमूल से सम्बन्धित है। तदनन्तर परिमित जनसख्या म प्रतिदर्श मे, सम्मिलित मदो का अनुपात जितना अधिक होगा (देखें परिशिष्ट घ, परिच्छेद 24 2) उतना ही प्रतिदर्श का माध्य अधिक विश्वस्त होगा। प्रयुक्त मदो की पूर्ण सख्या का ठीक तथा निश्चित शब्दो मे विवरण नही दिया जा सकता। जैसा कि अभी अभी देखा गया है, विभिन्न घटक समूहो से सामान्यतया (वस्तुओ) मदो का चयन कर लिया जाता है ताकि प्रतिदर्श स्तरित हो न कि यादृच्छिक। तदनन्तर समूहो, से मदो का चयन करते समय, सर्वप्रथम साधारणतया अधिक महत्वपूर्ण मदो को चुना जाता है उसके पश्चात् उतनी ही उपयुक्त मदो को सम्मिलित कर लते है जितनी कि साधन अनुमति देत हो। इस प्रकार प्रत्येक स्तर मे से मदो को यादृच्छिक नही लिया जाता है। इन दो स्थितियो के परिणामस्वरूप, साधारण विश्वस्तता-सूत्र अनुप्रयुक्त नही होते।

इस अध्याय के शेष भाग मे प्रयुक्त सूचकाक दृष्टान्तो के लिये पाँच नीबू फलादि का चयन किया गया है फ्लोरिडा अगूरफल, कैलिफोर्निया नीबू, तथा सतरे की तीन किस्मे। पाँचो फलो की कीमत प्रमुख मण्डियो मे प्रति पेटी नीलामी की कीमतें है। इन अको के प्रयोग म कुछ कृत्रिमता आ जाती है, क्योकि कुल उत्पादन का प्रयोग किया गया जिसमे न केवल "मूल्य वाले उत्पादन" को ही सम्मिलित किया गया अपितु फार्म पर उपभोग किय गए, दान मे दिय गए, या न बीने गए या आर्थिक परिस्थितियो के कारण प्रयोग मे न लाए गए तथा रस निकालने, रासित्र आदि के लिये प्रयोग किये गए फल भी सम्मिलित थे। इस कारण म इस अध्याय के आगामी पृष्ठो मे सकलित विभिन्न सूचकाको को वर्णन किये गए विभिन्न सूत्रो तथा भारित प्रक्रियाओ के व्यवहार के उदाहरण मात्र समझना आवश्यक है।

प्रत्येक फल के लिये ऋतु एक वर्ष के फूल खिलने से प्रारम्भ होती है और आगामी वर्ष फसल के पूर्ण होन पर समाप्त होती है। जैसा कि सारणी 17.1 के नीचे वर्णित है, "1959" 1958—1959 फसल वर्ष का सकेत करता है, और इसी प्रकार अन्य वर्षो के लिए है। निम्न सकलनो म प्रयुक्त फल, उनकी ऋतुएँ तथा प्रति पेटिका भार इस प्रकार है :

---

3 यह परीक्षण इरविंग फिशर की "कुल मूल्य कसौटी" के समान है जो इस बात की व्याख्या करती है कि मात्रा सूचकाक के साथ गुणा करने से कीमत सूचकाक को जनसख्या के कुल मूल्य परिवर्तन के अनुपात के बराबर होना चाहिये।

फल	ऋतु	निवल मात्रा प्रति पेन्कि
अगूरफल, फ्लोरिडा	1 सितम्बर मे 31 जुलाई तक	80 पाउड
नीबू, कैलिफोर्निया.	1 नवम्बर स 31 अक्तूबर तक .	76 पाउड
सतरे, फ्लोरिडा . .	1 अक्तूबर मे 31 जुलाई तक	90 पाउड
सतरे, कैलिफोर्निया, दोनो किस्मे	1 अक्तूबर मे आगामी वर्ष के 31 दिसम्बर तक .	75 पाउड

आधार का चयन

आँकडो को सयुक्त करने और भारित करने के लिए प्रयुक्त सूत्र का विचार किए विना, समय की किसी अवधि को 100 प्रतिशत के रूप मे चुन लेना जिसमे कि दूसरे सूचकाको की तुलना की जा सके प्रथागत है (यद्यपि आवश्यक नही)। एक महीने का समय इतना कम है कि साधारणतया उसे आधार काल के लिय प्रयुक्त नही किया जा सकता, क्योकि आकस्मिक या ऋतुनिष्ठ प्रभावो के कारण कोई एक महीना असामान्य सा रहता है। कई बार एक वर्ष का प्रयोग किया जाता है। तथापि यह प्राय सत्य है कि कोई भी एक वर्ष पर्याप्त रूप से "असामान्य नहीं है कि वह तुलना के लिय एक अच्छा आधार बन सके। व्यापार और कीमते व्यापार चक्र के साथ सवदा बढती या घटती रहती है। यद्यपि इतना विशिष्ट नही तथापि कुछ वर्षो की औसत प्राय एक अच्छा आधार है। 1910 से 1914 तक के काल का कभी-कभी कीमत आधार के रूप म प्रयोग किया गया है विशेषत कृषि उत्पादनो के लिए। पिछली चार दशाब्दियो मे सयुक्त राज्य सरकार की सांख्यिकी एजेन्सियो ने लगातार एक के बाद एक कई अन्य आधारो को बदला उदाहरणार्थ 1926, 1935—1939, 1947—1949, 1957—1959, और विशिष्ट उद्देश्य वाले जैसे कि सितम्बर 1, 1939 तथा जून 1950। एक उपयोगी हल यह है कि वर्षो की उस अवधि को ग्रहण किया जाए जिसका कि अन्य सूचकाको द्वारा प्रयोग किया जाता है जिनके साथ निर्माणाधीन सूचकाक के प्रयोग किये जाने की सभावना हो।

यद्यपि कुछ वर्षो के लिये एक विशिष्ट आधार सन्तोषजनक हो सकता है तथापि जैसे-जैसे समय बीतता है वह आधार कम अर्थपूर्ण बनता जाता है और अन्ततोगत्वा किसी अधिक अभिनव काल द्वारा विस्थापन वाञ्छनीय हो जाता है। कारण ये है (1) कीमत सापेक्षो का प्रसार इतना अधिक हो जाए कि कोई औसत विश्वस्त न रहे, (2) स्थायी मुद्रा मूल्य-ह्रास जनसख्या की वृद्धि तकनीकी प्रगति, तथा अन्य कारणो से, आय कीमतो, उत्पादन तथा उपभोग के द्वारा सम्भव है नए तथा ऊँचे स्तर प्राप्त कर लिये गए हो, (3) उपभोग का ढग इस सीमा तक बदल सकता है कि वस्तुओ का कोई भी ऐसा समूह प्राप्त न किया जा सकता हो जो कि दोनो अवधियो म समान मुख्य व्यय को सम्मिलित करता हो, (4) बहुत सी वस्तुओ का प्रकार जो नाम म समान रहता है समय के साथ उत्तरोत्तर बदल जाता है। शृखला सूचकाक प्रणाली का प्रयोग करके तुलना का एक अप्रत्यक्ष आधार प्राप्त किया जा सकता है जिसमे, आवश्यक रूप से, पिछले वर्ष के साथ प्रत्येक वर्ष (या उसके उपकाल) की तुलना की जाती है। इस विधि का, जो कि पूर्णरूपेण सन्तोषजनक नहीं है, आगामी अध्याय म वर्णन किया गया है।

समाहृत कीमत सूचकांक

सूचकांकों की रचना करने के दो ढंग हैं (1) कुल मूल्य के परिकलन द्वारा, (2) सापेक्षों की औसत निकाल कर। प्रथम विधि के द्वारा, जैसी कि इस परिच्छेद में व्याख्या की जाएगी, कीमतों और मात्राओं को तुलनीय बना लिया जाता है, और वे स्वचालित रूप में भारित होकर डालर मूल्य में आ जाती हैं और तब उनको समाहार मूल्यों में जोड़ दिया जाता है। आगामी परिच्छेद में सापेक्षों की औसत निकालने की विधि का वर्णन किया जाएगा। वहां पर यह दिखाया जाएगा कि दोनों विधियां, कुछ विशेष परिस्थितियों में, समान परिणाम प्राप्त करने की केवल वैकल्पिक विधियां मात्र हैं। समाहृत विधि परिणाम को सीधे प्राप्त करती है और ऐसा परिणाम उपस्थित करती है जिसका साधारण और स्पष्ट अर्थ हो, सापेक्षों का प्रयोग करने वाली विधि अधिक गोलमोल है और इसका अर्थ भी अधिक तकनीकी है। तथापि कई ऐसी परिस्थितियां हैं जिनमें समाहृत विधि लागू नहीं होती और तब सापेक्षों की औसत का ही चारा रह जाता है।

साधारण समाहार—सारणी 17.1 साधारण समाहृत कीमत सूचकांक की रचना का वर्णन करती है। प्रत्येक वस्तु की कीमतों को किसी प्रदत्त वर्ष में केवल आपस में जोड़ लिया जाता है ताकि उस वर्ष के लिये सूचकांक प्राप्त हो। तब प्रायः सुगमतापूर्वक किसी वर्ष को आधार बना लिया जाता है, जिसे 100 के बराबर निश्चित कर लेते हैं। इस दृष्टान्त में सभी सूचकांकों को 1959 की संख्या की प्रतिशतता के रूप में अन्तिम पंक्ति में अभिव्यक्त किया गया है, तथा उनको अंकों में से प्रत्येक को आधार अवधि के मूल्य (डालर 32.85) से विभक्त करके और 100 से गुणा करके प्राप्त किया गया है।

यह बिलकुल स्पष्ट हो जाना चाहिये कि जो प्रभाव कोई वस्तु साधारण समाहृत सूचकांक पर डालती है वह दर की प्रति इकाई कीमत पर निर्भर करता है। इस उदाहरण में प्रमुख मद वर्षानुवर्ष बदलती है, परन्तु अंगूरफल किसी भी वर्ष प्रमुख नहीं है। प्रस्तुत की गई प्रत्येक वस्तु की वाणिज्यिक इकाई द्वारा एक समाहृत सूचकांक का भारित किया जाना तर्कसंगत नहीं है क्योंकि यह विभिन्न वस्तुओं की वास्तविक महत्ता के विचार को दृष्टिहीन कर देता है, यह इस प्रकार से यादृच्छ है कि विभिन्न वस्तुओं के सापेक्षिक प्रभाव का निर्धारण उन कारकों द्वारा किया जाता है जो कीमत सूचकांक के उद्देश्य के लिये बिलकुल असंगत है। यदि सब वस्तुएं प्रति पाउंड कीमत में कर दी जाएं तो किसी भी प्रकार से समस्या का समाधान नहीं होगा, क्योंकि कुछ वस्तुएं, जैसे हीरे, प्रति पाउंड बहुत अधिक मूल्यवान हैं जबकि वे हमारे आर्थिक जीवन में बहुत अधिक महत्त्वपूर्ण नहीं, जबकि कोयला जोकि अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है प्रति पाउंड अपेक्षतया सस्ता है। साथ ही कुछ वस्तुएं, जैसे विद्युत् शक्ति या मानव श्रम, को पाउंड आधार पर नहीं बदला जा सकता। एक दूसरा समाधान है आधार वर्ष में एक डालर से जितनी मात्रा खरीदी जा सकती है उसे दर की इकाई के रूप में ले लो। परन्तु यह भी अधिक तर्कसंगत नहीं है, क्योंकि प्रति वर्ष यदि प्रत्येक वस्तु पर वही मुद्रा-मात्रा व्यय की जाए तो यह बहुत असाधारण होगा।

भारित समाहृत सूचकांकों की रचना का विचार करने से पूर्व यह सहायक हो सकता है कि जिस ढंग का हमने अभी प्रयोग किया है उसका चिह्न रूप में वर्णन करें। सूत्र है

$$P = \frac{\Sigma p_n}{\Sigma p_o},$$

जबकि P का अर्थ है कीमत सूचकाक p पृथक्-पृथक् वस्तु की कीमत का सकेत करता है, पदाक o आधार काल का, जिसस कीमत परिवर्तनो को मापा जाता है, सकेत करता है, और पदाक n प्रदत्त काल का सकेत करता है जिसकी तुलना आधार से की जा रही है। अब यदि एक विशेष वर्ष के लिय (जसे 1964 1959 आधार के साथ) सूत्र की व्याख्या करनी हो तो इसे इस प्रकार लिखा जा सकता है

$$P_{59\ 64} = \frac{\Sigma p_{64}}{\Sigma p_{59}}$$

भारित समाहार—प्रत्येक वस्तु का सूचकाक पर उचित प्रभाव हो इसके लिये यह शिक्षाप्रद है कि कीमतो के साधरण समाहार की अपक्षा जानबूझ कर भीतर समाहार का प्रयोग किया जाए जैसा कि हम देख चुके है जिसमे गुप्त भार करना आ जाता है। भारित समाहृत सूचकाक की रचना के लिय विशिष्ट वस्तुओ की निश्चित मात्राओ की एक सूची ले ली जाती है और यह निर्धारण करने के लिय कि प्रत्यक वप वतमान कीमतो पर वस्तुओ के इस समाहार की क्या कीमत है गणना की जाती है। स्पष्ट ही प्रत्येक विधि इकाई कीमत को इकाइयो की सख्या से गुणा करने और परिणामत मूल्यो का प्रत्येक वर्ष के लिये जोडना मात्र है। 1959 मे उत्पादित मात्राओ को गुणाको के रूप म प्रयुक्त करने की प्रविधि का दिग्दर्शन सारणी 17 2 मे किया गया है। यहाँ तक के तक को समझ लेने के पश्चात पाठक अब यह अनुभव करने लगेगा कि कीमत के समाहृत सूचकाक वस्तुओं के स्थिर समाहार के बदलते हुए मूल्य को मापते हैं। क्योकि कुल लागत या मूल्य बदलता रहता है जबकि समाहार के सघटक नही बदलते अन य परिवतन, अवश्यमेव कीमत परिवर्तनो के कारण है। यह प्रतीत होता है कि इस प्रकार का सूचकाक खोजी गई उसी वस्तु को

सारणी 17 1

नीबू फलादि कीमतो के साधारण समाहृत सूचकाको की रचना 1959—1964*

(कीमत प्रति पेटिका की दर मे)

फल	1959	1960	1961	1962	1963	1964
अगूरफल, फ्लोरिडा	$ 4 41	$ 4 32	$ 4 49	$ 5 88	$ 6 09	$ 5 94
नीबू कैलिफोर्निया	7 10	7 22	7 18	8 56	7 28	8 38
सतरे, कैलिफोर्निया, नेवल	7 66	9 24	10 26	9 22	7 72	7 20
सतरे, कैलिफोर्निया, वेलेन्मिया	8 36	7 48	7 94	7 62	9 34	6 68
सतरे, फ्लोरिडा	5 32	6 48	5 09	7 73	7 78	6 18
समाहार	$32 85	$34 74	$34 96	$39 01	$38 21	$34 38
सूचकाक (1959 का प्रतिशत)	100 0	105 8	106 4	118 8	116 3	104 7

फसल वप 1958—59 को 1959 का नाम दिया गया है और इमा प्रकार से दूसरे वर्षों को भा क्योकि अधिकतर बिनाई और परिणामन विपणन बाद क वप मे होता है।

आँकडे सयुक्त राज्य कृषि विभाग क एग्रीकल्चरल स्टैटिस्टिक्स, *1964*, पृष्ठ 171, तथा *1965* पृष्ठ 172, तथा सयुक्त राज्य कृषि विभाग से पत्र व्यवहार द्वारा।

सारणी 17 2

नीबू फलादि कीमतो के समाहृत सूचकाको की रचना 1959—1964 1959* मे उत्पादन द्वारा भारित

(मात्राए सहस्र पेटिकाओ मे मूल्य सहस्र डालरो मे)

फल	1959 उत्पादन	निर्दिष्ट वर्ष की कीमत पर 1959 की मात्रा का मूल्य					
		1959	1960	1961	1962	1963	1964
अगूरफल फ्लोरिडा	30 500	134 505	131 760	136 945	179 340	185 745	181 170
नीबू कलिफोर्निया	17 100	121 410	123 462	122 778	146 376	124 488	143 298
सतरे कलिफोर्निया नेवल	13 500	103 410	124 740	1ɔ8 510	124 470	104 220	97 200
सतर कैलिफोर्निया वलेंसिया	17 300	144 628	129 404	137 362	131 826	161,582	115 564
सतर फ्लोरिडा	91 500	486 780	592 920	465 735	707 295	711 870	565 170
समाहार मूल्य		990 733	1 102 286	1 001 330	1 289 307	1 287 905	1 102 720
सूचकाक (1959 का प्रतिशत)		100 0	111 3	101 1	130 1	130 0	111 3

*फसल वर्षों के सम्ब ध मे सारणी 17 1 की टिप्पणी देख।

तथा सयुक्त रा य कृषि विभाग फसल की रिपोट देने वाला बोड के विभिन्न अकों से उत्पादन आँकडो सारणी 17 1 के कीमत आकडो और एग्रीकल्चरल स्टटिस्टिक्स के विभिन अकों से उत्पादन आँकडो

एन्युल क्राप समरी दिसम्बर 1965 पष्ठ 97 पर आधारित।

मापता है यदि हम निर्वाह व्यय मे परिवर्तनों का निर्धारण करना चाहते है, अर्थात् वस्तुओ और सेवाओ की स्थिर "बाजार टोकरी" की लागत का निर्धारण करना चाहते हैं। समाहृत कीमत सूचकाक के लिये सामान्य सूत्र निम्नलिखित है

$$P = \frac{\Sigma p_n q}{\Sigma p_o q}$$

सकेत-चिह्न वही है जिनका पहले प्रयोग हो चुका है, परन्तु एक नया सकेत-चिह्न जोड दिया गया है q वस्तु की उत्पादित क्रय-विक्रय की गई, या उपभोग की गई मात्रा का सकेत करता है (अर्थात् मात्रा भार या गुणक)। क्योंकि सारणी 17 2 मे रचित सूचकाक आधार वर्ष मात्राओं से भारित किये गए थ, अत हम सूत्र को अधिक निश्चित रूप से इस प्रकार लिख सकते है

$$P = \frac{\Sigma p_n q_o}{\Sigma p_o q_o}$$

सारणी 17 1 तथा 17 2 की तुलना करके यह दिखाई देगा कि सरल समाहृत सूचकाक मे विशिष्ट मदो का महत्त्व वर्षानुवर्ष बदला क्योंकि उनकी कीमतें वर्षानुवर्ष बदली, परन्तु जब आधार-वर्ष मात्रा भारो का प्रयोग किया गया तो फ्लोरिडा सतरे सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण बन गए।

भारो का चयन—यद्यपि पिछले दृष्टान्त मे 1959 की मात्राओ को भार के रूप मे प्रयुक्त किया गया तथापि यह सरल प्रविधि कई सम्भव प्रणालियो मे से एक है। जैसे 1964 की मात्राओ को भारो के रूप मे लेना इतना ही सरल रहता। यदि विपणन की गई प्रत्येक वस्तु की मात्रा वर्षानुवर्ष एक ही अनुपात मे बदले तो भार किस अवधि का सकेत करते है, इसका कोई अन्तर नही पडेगा क्योंकि परिणाम एक जैसे होंगे। वास्तव मे, तो भी, विभिन्न वस्तुओ की सापेक्षिक महत्ता निरन्तर परिवर्तित हो रही है, और यह अशत विभिन्न वस्तुओ की सापेक्षिक कीमतो मे परिवर्तन के कारण है जोकि स्वय पूर्ति और माँग मे परिवर्तनो का परिणाम है। इसमे एक बहुत बडी कठिनाई निहित है जिसके लिये कोई पूर्णरूपेण सन्तोषजनक हल नही है। उत्तर आशिक रूप मे इस बात पर निर्भर करता है कि विश्लेषणकर्ता इस विषय मे क्या सोचता है कि कीमत सूचकाक का क्या कार्य है।

एक विचार यह है कि इस प्रकार का सूचकाक वस्तुओ के सतत समाहार की परिवर्तनशील लागत को मापता है। एक दूसरा विचार विश्लेषण के वस्तु-स्तर मे नही अपितु सन्तुष्टि स्तर से सम्बद्ध है, यह है कि सूचकाक को दो अवधियो से या दो स्थानो पर समान सन्तुष्टि या उपयोगिता प्रदान करने वाली वस्तुओ के समुदाय की बदलती हुई लागत को मापना चाहिये। इस प्रकार, कल्पना कीजिए कि हम दो अवधियो मे (या स्थानो पर) एक ही प्रकार के दो मनुष्य समूहो के निर्वाह व्यय की तुलना करते हैं, और इन समूहो मे दोनो अवधियो (या स्थानो) मे एक-सी रुचि तथा आनन्द की क्षमता है तथा आय भी जो सन्तुष्टि की समान मात्रा का क्रय करेगी और करती है। वस्तुएँ वास्तव मे भिन्न होगी, परन्तु यदि व्यय पहले वर्ष 6,000 डालर तथा दूसरे वर्ष 6,600 डालर है

तो हम इस परिणाम पर पहुँच सकते है कि निर्वाह व्यय म 10 प्रतिशत वृद्धि हुई है। इसमे कोई सदेह नही कि किसी न भी इस प्रकार का सही माप नही किया है। यद्यपि वस्तुओ के स्थिर समाहार के केवल परिवर्तनशील मूल्य को मापना सम्भव दिखाई देता है, तथापि विश्लेषणकर्ता को ऐसी वस्तुओ की सूची चुननी चाहिए जो विभिन्न समयो मे समान सन्तुष्टि प्राप्त करने की लागत के सम्बन्ध मे परिचित दिशा के झुकाव को निश्चितता को दूर कर दे। इस कठिन समस्या का समाधान करन के लिए निम्नलिखित सुझाव दिय गए है

1 *आधार अवधि मात्राओं का भारों के रूप में प्रयोग करो*—यही विधि है जिसका प्रयोग हमने व्याख्यात्मक उद्देश्यो के लिय सारणी 17 2 म किया है। तथापि, यदि दो अवधियो के बीच क्रय करन वालो क वातावरण तथा रुचियो म कोई परिवर्तन नही भी है तो उन वस्तुओ का क्रय अपेक्षतया कम हो जाएगा जिनकी कीमतें अपेक्षतया बढी है और उन वस्तुओ का क्रय अपेक्षतया बढ जाएगा जिनकी कीमते अपेक्षतया गिर गई हैं। यह पूर्णरूपेण सम्भव है कि इस प्रकार का सूचकांक कीमत स्तर मे वृद्धि दिखाए, जबकि जिन वस्तुओ की कीमत गिरती है उनकी क्रय की गई सापेक्ष मात्राएँ बढाकर एक अमुक व्यक्ति अल्पतर कुल लागत पर वस्तुत सतुष्टि की वही मात्रा खरीदे। तब, इस प्रकार के सूचकांक म एक अथ म ऊर्ध्वगामी झुकाव है। यह कहा जा सकता है कि यह सूचकांक कीमत परिवर्तन की उच्च सीमा को अकित करता है। यह विधि कभी कभी *लसपयर की विधि* के नाम से जानी जाती है, और जैसा कि पहले वर्णन किया जा चुका है इसे सकेत चिन्ह मे इस प्रकार व्यक्त कर सकते हैं,

$$P=\frac{\Sigma p_n q_o}{\Sigma p_o q_o}.$$

2 *प्रदत्त अवधि मात्राओं का प्रयोग करो*—अर्थात ऐसे भारो का प्रयोग करो जो उस वर्ष से सम्बन्धित है जिसकी आधार वर्ष म तुलना की जाती है। इस विधि मे प्रत्येक वर्ष या प्राय और अधिक बार, भारो के एक नय समुच्चय का चयन करना पडता है। परन्तु प्राय प्रचलित मात्रा भारो को प्राप्त करना असम्भव है, और यदि वे प्राप्य भी हैं तो सकलन का श्रम लगभग दुगना हो जाता है। तत्पश्चात यद्यपि प्रत्येक अवधि प्रत्यक्ष रूप से आधार वर्ष से तुलना योग्य है तो भी विभिन्न वर्षों की आपस मे तुलना करना मान्य नही क्योकि वस्तुओ का समाहार प्रत्येक वर्ष बदलता रहता है।

यदि हम उपभोक्ताओ की कीमतो के एक सूचकांक के लिये 1966 को आधार वर्ष मान लें तो आधार-वर्ष भार विधि प्रश्न का उत्तर देती है यदि 1966 मे एक महीने का मेरा निर्वाह-व्यय 500 डालर हो तो मुझे इस वर्ष उसी प्रकार से रहने के लिय कितना व्यय करना पडेगा? प्रदत्त वर्ष विधि एक भिन्न प्रश्न का उत्तर देती है यदि मैं वर्तमान जीवन स्तर 1966 मे 500 डालर प्रति मास मे चला सकता था तो मुझे इस वर्ष कितना व्यय करना पडेगा? इस प्रकार का प्रश्न पूछने म एक सैद्धान्तिक आपत्ति यह है कि जिन वस्तुओ की कीमतें गिर गई ह उनको अनुचित भार प्रदान किया गया है। कीमत मे सापेक्ष कमी उनके बढ हुए क्रय के लिए जिम्मेवार हो सकती है और यद्यपि हम कीमत-परिवर्तन को मापने का प्रयास कर रहे हैं, तथापि हमारे भारो का आशिक रूप से सापेक्ष कीमत परिवर्तनो द्वारा निर्धारण किया जाता है। इस प्रकार इस विधि के विषय म कहा जा सकता है कि इसकी निम्नगामी नति है और यह कीमत परिवर्तन के निम्न स्तर को

अंकित करती है। इसे कई बार पाशे की विधि के नाम से जाना जाता है और इसका निम्नलिखित सूत्र है :

$$P = \frac{\Sigma p_n q_n}{\Sigma p_o q_n}.$$

3. *आधार तथा प्रदत्त वर्षों की औसत (या कुल) मात्राओं का प्रयोग करो*—यह एक मध्यम मार्ग है यद्यपि यह एक ऐसा हल है जिसकी किसी भी ज्ञान दिशा में कोई सामान्य नति नहीं है। परन्तु पुनश्च, विधि 2 के समान, हमारे पास विवर्तनशील भार हैं और उसका परिणाम यह है कि विभिन्न वर्षों में आपस में तुलनीयता की कमी है। इस विधि का सुझाव अंग्रेज अर्थशास्त्री मार्शल और ऐजवर्थ ने स्वतन्त्र रूप से दिया था और सूत्र

$$P = \frac{\Sigma p_n (q_o + q_n)}{\Sigma p_o (q_o + q_n)}$$

को कभी-कभी मार्शल-ऐजवर्थ सूत्र के नाम से जाना जाता है।

4. *उन मात्राओं की सब वर्षों के लिए इकट्ठी औसत निकालो जो सूचकांकों में सम्मिलित है*—यद्यपि यह ऐतिहासिक अध्ययन के लिए सम्भवतः एक उत्तम समाधान है तथापि यदि सूचकांक को अद्यतन रखा जाना है तो यह योजना अव्यावहारिक है, क्योंकि इसका अर्थ है भारों का प्रचलित परिशोधन और सूचकांकों के पूर्ण समुच्चय का सतत पुनः परिकलन।

5. *उन अनेक वर्षों की, जिनको प्ररूपी समझा जाता है, मात्राओं की इकट्ठी औसत निकालो*—यह भी एक बीच का समाधान है, परन्तु यह व्यावहारिक है और बहुधा प्रयोग में लाया जाता है। तथापि प्रयुक्त मात्राओं की सूची अन्ततोगत्वा अप्रचलित बन जाएगी। जब इस प्रकार की बात हो तब एक नया सूचकांक बनाया जा सकता है और उसे पुराने से जोड़ा जा सकता है। ऐसा करने वाली विधियों के विषय में आगामी अध्याय में विचार किया जाएगा। 1959, 1960, और 1961 की औसत मात्राओं का भारों के रूप में प्रयोग करके, 1964 की नीबू फलादि कीमतों के सूचकांक की रचना का वर्णन सारणी 17.3 में किया गया है। आधार वर्ष भारों का प्रयोग करने वाले सूचकांक से यह सूचकांक केवल 1.2 प्रतिशतता बिन्दु भिन्न है। इस विशेष सूचकांक के लिए सूत्र निम्न प्रकार लिखा जा सकता है :

$$P = \frac{\Sigma p_{64} q_{59-61}}{\Sigma p_{59} q_{59-61}}.$$

वास्तव में, परिणाम वही है चाहे औसत मात्रा या कुल मात्रा भारों का प्रयोग किया जाय।

6. *महत्तम समापवर्तक का निर्धारण करो*—*भार प्रत्येक वर्ष के लिए समान प्रत्येक वस्तु की मात्राएँ, आधार तथा प्रदत्त वर्ष के लिए या तुलना किये जाने वाले सब वर्षों के लिए, हैं। दूसरी स्थिति में इसका अर्थ होगा कि किसी वस्तु के लिए किसी भी तुलना किये जाने वाले वर्ष में विक्रय की न्यूनतम मात्रा ली जाएगी। तब, सामान्यतया ली गई विभिन्न वस्तुओं की मात्राओं में से प्रत्येक उसी वर्ष के लिए नहीं होगी।* पूर्वः वर्णित विधि 1 और

सारणी 17 3

1959 1960 तथा 1961 मे उत्पादन* द्वारा भारित नीबू फलादि कीमतो पे 1964 के समाहृत सूचकांक की रचना

(उत्पादन सहस्र पेटिया और मूल्य सहस्र डालरो मे)

फल	उत्पादन			कुल उत्पादन 1959 1961	औसत उत्पादन 1959 1961	कीमत प्रति पेटिका		निम्न वर्षो की कीमत पर 1959 1961 के औसत उत्पादन का मूल्य	
	1959	1960	1961			1959	1964	1959	1964
अंगूरफल फ्लोरिडा	30 500	31 (00	35 000	97 100	32 370	4 41	5)4	142 752	192 278
नीबू कलिफोर्निया	17 100	13 600	15 200	45 900	15 300	7 10	8 38	108 630	128 214
संतरे कलिफोर्निया नेवल	13 500	9 000	7 (00	30 100	10 030	7 (6	7 20	7(830	72 216
संतरे कलिफोर्निया वलेंसिया	17 300	16 000	13 100	4(400	15 470	8 36	6 (8	129 329	103 340
संतरे फ्लोरिडा ..	91 500	86 700	113 400	291 600	97 200	5 32	(18	517 104	600 (9(
समाहार मूल्य								974 645	1 096 744
सूचकांक (1959 का प्रतिशत)								100 0	112 53

* सूचकांक यहाँ है तीन वर्षो के लिए प्रयुक्त भार माने गए या औसत उत्पादन है। फसल वर्षो से सम्बद्ध सारणी 17 1 की टिप्पणी देखें।
आँकड़े सारणी 17 1 तथा सारणी 17 2 के नीचे दिये गए स्रोतो से

2 मे निहित प्रकार की अभिनति मे बचने के लिए इस उत्तम युक्ति का सुभाव जे० एम० केम्स द्वारा दिया गया है। इसकी शालीनता इसका गुण है · यह युक्ति उस प्रयास से बचती है जिसे पूर्ण रूप से नही किया जा सकता। तथापि, यदि उन मात्राओ का मूल्य जो कि विभिन्न अवधियो मे समान है कुल वर्चो की तुलना मे कम है, या यदि वे विभिन्न अवधियो मे योग का एक परिवर्तनशील अनुपात रखती है, या यदि वस्तुओ के इस समाहार से प्राप्त सन्तुष्टि बदलती है, तो विधि परिशुद्ध नही है और वह विधि 5 से भी कम सही हो सकती है।

7 दो सूचकाक बनाओ, प्रत्येक भारो के भिन्न समुच्चय के साथ, और साधारणतया ज्यामितीय विधि से दोनों की इकट्ठी औसत निकालो—भारित करने के लिये चुने हुए दोनो ढग साधारणतया आधार तथा प्रदत्त वर्ष भार है। तब सूत्र निम्नलिखित बनता है

$$P=\sqrt{\frac{\Sigma p_n q_0}{\Sigma p_0 q_0}\times\frac{\Sigma p_n q_n}{\Sigma p_0 q_n}}.$$

इसे प्राय फिशर का "आदर्श" सूचकाक कहा जाता है, क्योकि यह सगत व्यवहार के निश्चित परीक्षणो के अनुसार है जिसे इर्विग फिशर उचित समझते थे।[4] दूसरी ओर, यह निश्चित रूप स कहना कठिन है कि इस प्रकार का सूचकाक क्या मापता है।

किसी एक भार करने वाली विधि के लिये, जिसमे प्रत्येक सूचकाक के लिये भारो का विभिन्न समूह प्रयुक्त होता है, यह सामान्य आलोचना की जाती है कि यद्यपि एक सूचकाक की विधिपूर्वक आधार वर्ष के सूचकाक के साथ तुलना की जा सकती है तथापि तार्किक आधार पर अन्य दो वर्षो के सूचकाको की (जैसे कि 1963 और 1964) एक दूसरे के साथ तुलना नही की जा सकती। यह आलोचना, प्रदत्त-वर्ष भारो पर, आधार तथा प्रदत्त-वर्ष भारो की औसत पर, जब तुलना किये गए केवल दो वर्षो मे चुनी गई मात्राएँ समान हो तो महत्तम समापवर्तक विधि पर, और "आदर्श" सूचकाक पर लागू होती है। यह आधार-वर्ष भारो पर, सभी वर्षो के औसत भारो पर, अस्थायी भारो पर, या जब सभी वर्षो मे समान मात्राओ का प्रयोग किया जाता है तो महत्तम समापवर्तक विधि पर लागू नही होती।

यद्यपि भार-चुनाव का सिद्धात रोचक है तथा इसमे उच्चकोटि का तार्किक विश्लेषण निहित है, तथापि इसकी व्यावहारिक महत्ता का अत्यधिक अनुमान लगाना सरल है। नीबू फलादि आँकडो से प्राप्त निम्नलिखित परिणामो पर विचार करो :

भार करने का ढग	1964 सूचकाक
सरल समाहृत	104 7
1959 मात्रा भार (आधार वर्ष भार)	111.3
1959—1961 औसत मात्रा भार	112 5
1964 मात्रा भार (प्रदत्त-वर्ष भार)........... ..	111.2
"आदर्श" सूचकाक..............................	111.2

---

4 देखें इर्विग फिशर, दि मेकिंग ऑफ इन्डेक्स नम्बर्स, हाउटन मिफ्लिन कम्पनी, बोस्टन 1927, पृष्ठ 220

इस स्थिति मे साधारण तथा भारित सूचकांको मे बहुत ही अधिक भिन्नता है, परन्तु भार करने की विधियो मे बहुत कम अन्तर है। भारित करने की विभिन्न विधियाँ काफी मिलती-जुलती हैं क्योंकि परस्पर सापेक्ष भारो की महत्ता चारो प्रणालियो में लगभग एक-सी है। तथापि यदि दोनो कीमतें और मात्राएँ अपने सापेक्ष विस्तार में बहुत अधिक भिन्न होती तो विभिन्न भारो ने सुस्पष्ट विभिन्न परिणाम दिये होते। यदि सभी कीमतें एक ही दिशा मे गतिमान हो और एक ही अनुपात मे बदलें तो इससे कोई अन्तर नही पड़ेगा कि भार करने की कौनसी विधि चुनी गयी है। परन्तु यदि ऐसा होता है कि वे वस्तुएँ जिनकी अवधि के मध्य सापेक्ष महत्ता बहुत अधिक बदल रही है और जिनमे औसत से काफी भिन्न कीमत परिवर्तन हो रहे है तो भार करने का मामला महत्त्वपूर्ण बन जाता है। यह प्राय कम महत्त्वपूर्ण है कि बिल्कुल ठीक भारो का प्रयोग किया जाता है या केवल अनुमानित भारो का। इस प्रकार सारणी 17 4 बिल्कुल सारणी 17.3 जैसी है सिवाय इसके कि मात्रा भारो का एक अंक तक पूर्णांकन किया गया है परन्तु परिणामो म केवल 1 17 का अन्तर है। इसका कारण यह है कि पूर्णांकन ने भारो की सापेक्ष महत्ता को अधिक नही बदला। सभी व्यावहारिक उद्देश्यो के लिये, साधारणतया पर्याप्त सही परिणाम प्राप्त होंगे यदि कुछ अधिक महत्त्वपूर्ण वस्तुओ को यथार्थ रूप से भारित किया जाता है और अनेक महत्त्वहीन वस्तुओं को पूर्णांकित भार दिये जाते हैं।[5]

यद्यपि भारो का चयन करने मे केवल सन्निकट परिशुद्धता आवश्यक है तथापि व्यवहार मे कीमत दरो की परिशुद्धता बहुत अधिक महत्त्व की है। वास्तव मे यह इस बात का परिणाम है कि कुछ कीमते वर्षानुवर्ष काफी परिवर्तन दिखा सकती है जबकि अन्यो मे परिवर्तन बहुत कम होता है। यह वैसा ही है जैसे कि हम कहे कि एक दूसरे के प्रति कीमतों का अनुपात वर्षानुवर्ष मे बदलता है।

कई वर्षो मे अनेक परिवर्तन आते है वस्तुओ की सापेक्ष महत्ता बहुत अधिक बदल जाती है, पुरानी वस्तुएँ प्रयोग से हट जाती हैं और उनका स्थान नई वस्तुएँ ले लेती है, वस्तु के मॉडल, स्टाइल, अथवा ग्रेड अप्रचलित हो जाते है और उनका विनिर्माण बन्द हो जाता है. इनका स्थान नए मॉडल, स्टाइल अथवा ग्रेड ले लेते है; विपणन केन्द्र बदल जाते है और नए केन्द्र की कीमत दरो के लिए पुराने केन्द्र की कीमत दरो का स्थान ले । आवश्यक है, समुद्रतट तक परिवहन शुल्क युक्त कीमत दरो की बजाय सुपुर्दगी कीमतें आ सकती है या इसके विपरीत हो सकता है। इन परिस्थितियो मे से किसी एक मे प्रत्येक सूचकांक को मूल आधार के प्रतिशत के रूप मे नही अपितु पूर्ववर्ती अवधि के प्रतिशत क रूप मे वर्णित करना वाञ्छनीय हो सकता है। इस प्रकार के सूचकांक मे तुलना किये जाने वाले किसी एक या दोनो वर्षो या मासो से सम्बन्धित भारो का उपयोग करते हुए, ऊपर दिये गए सूत्रों मे से किसी एक का प्रयोग किया जा सकता है।

---

5. इरविंग फिशर प्रस्तुत करते है कि मात्राओ का पूर्णांकन 1, 10, 100 या 1,000 तक करना चाहिये। यह वास्तव मे काम को बहुत सुगम कर देता है। किसी मात्रा का 1 और 10 (उदाहरणार्थ) के बीच पूर्णांकन करते हुए विभक्त करने वाला बिन्दु इन दो अंको का अंकगणितीय माध्य नहीं है अपितु ज्यामितीय माध्य 3 1623 है, क्योंकि इसमे लघुतम सापेक्ष त्रुटि है।

सारणी 17.4

1959, 1960 तथा 1961 में एक अंक तक पूर्णांकित औसत उत्पादन* द्वारा भारित नीबू फलादि कीमतों के 1964 के समाहृत सूचकांक की रचना

(उत्पादन सहस्र पेटिकाओं में मूल्य सहस्र डालरों में)

फल	औसत उत्पादन 1959—61 पूर्णांक	कीमत प्रति पेटिका 1959	कीमत प्रति पेटिका 1964	निम्न वर्षों की कीमतों पर 1959—1961 के औसत उत्पादन का मूल्य 1959	1964
अंगूरफल, फ्लोरिडा	30 000	$4 41	$5 94	132,300	178,200
नीबू, कैलिफोर्निया	20 000	7 10	8 38	142 000	167 600
संतरे, कैलिफोर्निया, नेवल	10 000	7 66	7 20	76 600	72,000
संतरे कैलिफोर्निया वैलेन्सिया	20 000	8 36	6 68	167 200	133 600
संतरे, फ्लोरिडा	100 000	5 32	6 18	532 000	618 000
समाहार मूल्य				1 050 100	1 169,40
सूचकांक (1959 का प्रतिशत)				100 0	111 36

* फसल वर्षों के सम्बन्ध में सारणी 17 1 की टिप्पणी देखें।
आंकड़े सारणी 17 1 और 17 2 के नीचे दिए गए स्रोतों से।

प्रायः उत्तरोत्तर गुणा के क्रम द्वारा इन अलग अलग प्रतिशतताओं को मूल आधार के साथ शृंखलाबद्ध कर दिया जाता है। ऐसे सूचकांक को जिसे शृंखला सूचकांक कहा जाता है, आगामी अध्याय में व्याख्या की जाएगी। जब एक वस्तु का दूसरी वस्तु से प्रतिस्थापन करते हैं, या जब भारों का बदलना है तो केवल एक अवधि के लिये परस्पर व्यापी आंकड़ों की आवश्यकता पड़ती है जब कि प्रत्यक्ष तुलना केवल वर्तमान अवधि और पिछली अवधि की कीमतों (या मात्राओं) के बीच में की जाती है।

कीमत सापेक्षों की औसतें

कीमत सापेक्षों की औसत निकाल कर सूचकांकों की रचना में दो आधारभूत पग उठाने पड़ते हैं।

1 *प्रत्येक श्रेणी के लिए वास्तविक कीमतों को आधार अवधि की प्रतिशतताओं में बदलो—इन प्रतिशतताओं को कीमत सापेक्षों के नाम से पुकारा जाता है, क्योंकि इन्हें डालरों और सेन्ट में नहीं अपितु आधार अवधि में कीमत से सम्बद्ध प्रतिशतताओं के रूप में व्यक्त किया जाता है।* सारणी 17 5 के ऊपरी भाग में 1959 से 1964 तक के पांच नीबू फलादि के कीमत सापेक्षों को दिखाया गया है। सापेक्षों की इन श्रेणियों में ...

प्रत्येक का प्रदत्त वर्ष की कीमत को आधार वर्ष की कीमत से विभक्त करके परिकलन किया गया था।

सारणी 17 5

कीमत सापेक्षों के साधारण अकगणितीय माध्य के प्रयोग द्वारा नीबू फलादि कीमतों के सूचकांकों की रचना, 1959—1964*

फल	1959	1960	1961	1962	1963	1964
अगूरफल फ्लोरिडा	100 0	98 0	101 8	133 3	138 1	134 7
नीबू, कैलिफोर्निया	100 0	101 7	101 1	120 6	107 5	118 0
सतरे कैलिफोर्निया नवल	100 0	120 6	133 9	120 4	100 8	94 0
सतरे कैलिफोर्निया वैलेन्सिया	100 0	89 5	95 0	91 1	111 7	79 9
सतरे फ्लोरिडा	100 0	121 8	95 7	145 3	146 2	116 2
योग	500 0	531 6	527 5	610 7	599 3	542 8
औसत (1959 का प्रतिशत)	100 0	106 3	105 5	122 1	119 9	108.6

*फसल वर्षों के सम्बन्ध में सारणी 17 1 की टिप्पणी देखें।

सारणी 17 1 के आकड़ों पर आधारित।

2 प्रत्येक वर्ष के लिये अलग अलग कीमत सापेक्षों की औसत निकालो, इस प्रकार सूचकांकों की श्रेणी प्राप्त करो। सारणी 17 5 के निम्न भाग मे सापेक्षों का साधारण अकगणितीय माध्य प्रयोग म लाया गया है। इस विधि की त्रुटि यह है कि प्रत्येक सापेक्ष (जिस वस्तु को वह प्रस्तुत करता है उसकी महत्ता की उपेक्षा करते हुए) आधार अवधि मे इसकी प्रतिशतता मे वृद्धि या कमी के अनुसार प्रदत्त वर्ष के सूचकांक को प्रभावित करता है। चार्ट 17 3 मे कीमत सापेक्षों की पाँच श्रेणियों तथा सूचकांक को दिखाया गया है। इस चार्ट से यह देखा जा सकता है कि 1961 और 1963 मे दो सापेक्षों मे कमी हुई, जबकि तीन मे वृद्धि हुई परन्तु सूचकांक मे कमी हुई क्योंकि दो सापेक्षों मे उन तीन की अपेक्षा जिनमे कि वृद्धि हुई प्रतिसतुलन की अपेक्षा अधिक कमी आई। जिन दो सापेक्षों म कमी आई हो सकता है उन्होंने सूचकांक के लघु अवयवों का प्रस्तुत किया हो तथा परिणाम वही प्राप्त हुआ हो। यह सकेत करना उचित हो सकता है कि कीमत सापेक्षों का साधारण अकगणितीय माध्य भारित समाहृत सूचकांक के समान है, जहाँ भार, आधार वर्ष मे 1 00 डालर (या किसी विशिष्ट रकम) द्वारा खरीदी जा सकने वाली प्रत्येक वस्तु की मात्राएँ है। यह आधार वर्ष कीमतों से व्युत्क्रमों द्वारा भारित करने के समान है।

वास्तव मे अकगणितीय माध्य से भिन्न औसतो का प्रयोग सम्भव है, उदाहरणार्थ, रेखागणितीय माध्य माध्यिका, अथवा हरात्मक माध्य, और इस विषय पर बाद मे कुछ ध्यान दिया जाएगा। तथापि सापेक्षों के भारो का प्रयोग अधिक महत्त्वपूर्ण है। ये भार समाहृत विधि के साथ प्रयुक्त मात्रा भारो के विपरीत मूल्य भार होने चाहियें। शीघ्र ही इसका कारण स्पष्ट हो जाएगा। आधार वर्ष 1959 मे प्रत्येक फल के मूल्य से भारित सारणी 17 5 के सापेक्षों के साथ नीबू फलादि कीमतों के सूचकांक का परिकलन सारणी 17 6 मे दिखाया गया है। जैसा कि उस सारणी से स्पष्ट है, प्रविधि मे निम्नलिखित आते हैं (1) सापेक्षों को उनके भारो से गुणा करना, (2) इन गुणनफलो को वर्षानुवर्ष जोडना, तथा

सारणी 17 6

आधार वर्ष (1959) मूल्यों द्वारा भारित कीमत सापेक्षों के अंकगणितीय माध्यों के प्रयोग द्वारा नीबू फलादि कीमतों के सूचकांकों की रचना 1959 1964*

(मूल्य सहस्र डालरों में)

फल	1959 मूल्य	निर्दिष्ट वर्ष के मूल्य सापेक्ष का 1959 के मूल्य से गुणा 1959	1960	1961	1962	1963	1964
अंगूरफल फ्लोरिडा	134 505	134 505	131 815	136 926	179 295	185 751	181 178
नीबू कैलिफोर्निया	121 410	121 410	123 474	122 746	146 420	124 445	143 264
संतरे कैलिफोर्निया नवल	103 410	103 410	124 712	138 466	124 506	104 237	97 205
संतरे कैलिफोर्निया वैलेंसिया	144 628	144 628	129 442	137 397	131 756	161 549	115 558
संतरे फ्लोरिडा	486 780	486 780	592 898	465 848	707 291	711 672	565 638
योग		990 733	1 102 341	1 001 383	1 289 268	1 287 654	1 102 843
सूचकांक (1959 का प्रतिशत)		100 0	111 3	101 1	130 1	130 0	111 3

*फल वर्गों के सम्बन्ध में सारणी 17 1 की टिप्पणी देखें।

सारणी 17 5 में कीमत सापेक्षों और सारणी 17 2 में 1959 के कीमत आँकड़ों पर आधारित।

चार्ट 17 3 नीबू फलादि कीमतो के साधारण अ कगणितीय औसत सूचकाक तथा पाँच फलो मे से प्रत्यक के कीमत सापेक्ष, 1959—1964 । 1959=100 आंकडे सारणी 17 5 मे ।

(3) प्रत्यक वप के इन योगो को भागो के जोड मे विभक्त करना । परिणाम वही है जैसे कि आधार-वर्ष-मात्रा भारा के साथ समाहृत सूचकाक के लिय प्राप्त हुए थे (सारणी 17.2), यद्यपि सख्याओं का पूर्णांकन किया गया था । यह इमी प्रकार होना चाहिए यह *साधारण रूप से प्रदर्शित किया जा सकता है । आइय पहले हम एक अकेली वस्तु* फ्लोरिडा सतरे लें और दिखाये कि (क) आधार वर्ष (1959) मूल्य भार को जब प्रदत्त वर्ष (1964) सापक्ष पर लागू प्रयुक्त किया गया है तो यह वही परिणाम उत्पन्न करता है जैसाकि (ख) आधार वर्ष (1959) की मात्रा को प्रदत्त वर्ष (1964) की कीमत से गुणा करके आता है । अर्थात्

(क). . 1964 का कीमत सापेक्ष है डालर 6 18 – डालर 5.32

=1 1617, या 116 17 प्रतिशत,

आधार वर्ष मूल्य गुणा 1964 कीमत सापेक्ष है . ...

डालर 486,780,000 × 1.1617=डालर 565,492,326 ।

(ख)......आधार-वर्ष मात्रा गुणा प्रदत्त वर्ष कीमत है.....

91,500,000 × डालर 6 18 = डालर 565,470,000 ।

(सारणी *17 6* मे *1964* के *फ्लोरिडा सतरो के लिये* डालर *565,638,000* दिखाया गया है क्योकि 1964 सापेक्ष 116 2 लिया गया था ।)

यह सम्बन्ध सच्चा है, न केवल प्रत्येक अलग वस्तु के लिये अपितु वस्तुओं[6] के समूहों के लिये भी। सकेत चिह्नों मे

$$\frac{\Sigma \frac{p_n}{p_o} p_o q_o}{\Sigma p_o q_o} = \frac{\Sigma p_n q_o}{\Sigma p_o q_o}$$

स्पष्टत जो कुछ अधिक सुगमतापूर्वक आधार-वर्ष-मात्रा भारो के साथ समाहारो का प्रयोग करके सीधे ढग से प्राप्त किया जा सकता है उसे आधार-वर्ष मूल्य भारो के साथ सापेक्षो की भारित औसत की विधि से प्राप्त करना प्राय एक गोलमोल विधि है। तत्पश्चात् अधिकतर व्यक्तियो को एक समाहत सूचकाक का अर्थ, सापेक्षो की एक औसत से अधिक स्पष्ट दिखाई देता है। तो फिर सर्वदा समाहृत विधि का प्रयोग क्यो नहीं किया जाना चाहिये ? *एक कारण यह है कि कीमत सापेक्ष स्वय कभी-कभी अध्ययन करने के योग्य होते हैं,* केवल इस कारण से नहीं कि पाठक के लिये एक श्रेणी विशिष्ट महत्ता रखती हो परन्तु

---

6. अधिक सामान्यतया, औसत सूचकाको के सम्बन्ध मे निम्नलिखित सम्बन्धो का वर्णन किया जा सकता है

(1) आधार वर्ष मूल्यो ($p_o\, p_o$) द्वारा भारित सापेक्षो की अकगणितीय औसत आधार वर्ष मात्राओ के साथ भारित समाहृत सूचकाक के बराबर है।

(2) इसी प्रकार आधार वर्ष कीमतो तथा *प्रदत्त वर्ष मात्राओ ($p_o\, p_n$) के गुणा द्वारा भारित सापेक्षो की अकगणितीय औसत प्रदत्त वर्ष मात्राओ के साथ भारित समाहृत सूचकाक के बराबर है।*

(3) प्रदत्त वर्ष मूल्यो ($p_n\, p_n$) द्वारा भारित सापेक्षो की हरात्मक औसत प्रदत्त वर्ष मात्राओ के साथ भारित समाहृत सूचकाक के बराबर है। इस प्रकार,

$$1 - \frac{\Sigma\left(\frac{1}{p_n - p_o} p_n q_n\right)}{\Sigma p_n q_n} = 1 - \frac{\Sigma\left(\frac{p_o}{p_n} p_n q_n\right)}{\Sigma p_n q_n},$$

$$= \frac{\Sigma p_n q_n}{\Sigma\left(\frac{p_o}{p_n} p_n q_n\right)} = \frac{\Sigma p_n q_n}{\Sigma p_o q_n}$$

(4) इसी प्रकार, यह दिखाया जा सकता है कि आधार वर्ष मात्राओ और प्रदत्त वर्ष कीमतो ($p_n q_o$) *के गुणा द्वारा भारित सापेक्षो की हरात्मक औसत आधार वर्ष मात्राओ के साथ भारित समाहृत* सूचकाक के बराबर है।

इन सामान्य बातों का वर्णन सूचकाको की रचना मे पथप्रदर्शकों के रूप में किया जा सकता है, जब सूचकाको की रचना सापेक्षो से की जाती है

(क) यदि सापेक्षो की अकगणितीय औसत का प्रयोग करना वाछनीय है तो मूल्य-भार आधार कीमतो तथा वाछित मात्राओ के गुणनफल होने चाहिएँ।

(ख) यदि मूल्य भारों के प्रयोग वाले सापेक्षो की औसत का प्रयोग करना वाछनीय है जो कि प्रदत्त-वर्ष कीमतो तथा किसी अवधि की मात्राओ का गुणनफल है, तो हरात्मक औसत का प्रयोग किया जाना चाहिये।

किसी भी परिस्थिति में प्रदत्त वर्ष कीमतो वाले मूल्यो के साथ सापेक्षो की अकगणितीय औसत का प्रयोग *नहीं करना चाहिये, क्योकि यह वस्तु को अतिरिक्त भार केवल इसलिये प्रदान करती है क्योंकि इसकी* कीमत बढ गई है। ऐसी प्रविधि का परिणाम ऊर्ध्वगामी अभिनति है।

इसलिए कि सापेक्षों के समूहों का अध्ययन प्रतिदर्श के चुनाव में अथवा समूह सूचकांकों के निर्माण के निर्धारण में सहायता कर सकता है। बारम्बारता वटनों के सम्बन्ध में यह दृष्टिगोचर हुआ कि एक औसत किसी स्थिति का पूर्ण चित्र प्रदान नहीं करती। दूसरे तरीके भी प्रयोग किये जाने योग्य हो सकते हैं। अन्य कारण यह है कि जोड़ी जाने वाली श्रेणी को कई बार केवल सापेक्षों के रूप में ही प्राप्त किया जा सकता है, अथवा उनका अर्थ केवल सापेक्षों के रूप में ही हो क्योंकि जैसाकि मात्रा सूचकांकों की अवस्था में है एक श्रेणी विभिन्न भौतिक इकाइयों में अभिव्यक्त कई उपश्रेणियों से बनी हो सकती है। सापेक्षों का प्रयोग कीमत सूचकांकों को बनाने की अपेक्षा मात्रा सूचकांकों (आगे वर्णन किया जाएगा) की रचना में अधिक सामान्य है क्योंकि मात्रा सूचकांकों के संघटक स्वयं बहुधा सूचकांक या सापेक्ष होते हैं।

वस्तु भार बनाम समूह भार—मूल्य भारों से सम्बन्धित वही व्यावहारिक शिक्षा दी जा सकती है जोकि मात्रा भारों के सम्बन्ध में दी गई थी—केवल सन्निकट परिशुद्धता आवश्यक है। तथापि जब वस्तुओं की सीमित संख्या चुनी जाती है तो निम्नलिखित विचार महत्त्वपूर्ण बन जाता है क्या किसी प्रदत्त वस्तु के लिये चुने गए मूल्य भार का बाजार से सम्बन्धित उस वस्तु का मूल्य होना चाहिये या उसे वस्तुओं के उस कुल समूह का संकेत करना चाहिये जिसे कि वस्तु प्रस्तुत करती है? इस प्रश्न का उत्तर यह है कि जब तक विभिन्न समूहों के लिये आनुपातिक मूल्य प्रतिनिधित्व प्राप्त करने के लिये कुछ समूहों में मदों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि व्यावहारिक न हो (और कदाचित् दूसरों की संख्या में कमी), तब तक विभिन्न मदों के भारों का समंजन करना निश्चित रूप से अच्छा है ताकि इस प्रकार का समूह प्रतिनिधित्व प्राप्त कर लिया जाए। अत्यधिक सन्तोषजनक परिणाम तब प्राप्त होंगे यदि हम जितना अधिक सम्भव हो उतनी वस्तुओं को प्रत्येक समूह से चुन तथा साथ ही उचित से कम प्रतिनिधित्व प्राप्त तत्त्वों को अतिरिक्त भार दे दें।

वही परिणाम प्राप्त करने के लिये दूसरी विधि यह है कि प्रत्येक समूह के लिये उतनी अधिक वस्तुएँ चुन ली जाएँ जितनी सुविधाजनक हो ताकि पृथक समूह सूचकांकों का परिकलन किया जाए और तब उचित भारों का प्रयोग करते हुए समूह सूचकांकों को एक सामान्य सूचकांक में जोड़ दिया जाए। क्योंकि समूह सूचकांक सापेक्ष हैं अतः उनका जोड़ कोई नई समस्या प्रस्तुत नहीं करता। आगे इस बात का ध्यान रखें कि विभिन्न समूहों से उन समूहों के मूल्य अनुपात में वस्तुओं की संख्या का चुनाव करने के लिये वस्तुओं को भारित करने को एक प्रकार से एक विकल्प के रूप में समझा जाना चाहिये।

औसतों के प्रकार—*ज्यामितीय माध्य*—कई बार यह तर्क प्रस्तुत किया जाता है कि ज्यामितीय माध्य का प्रयोग कीमत सापेक्षों की औसत निकालने के लिये किया जाना चाहिये। आइये हम केवल दो वस्तुओं का प्रयोग करने वाला साधारण उदाहरण लें जिसमें दो देशों के बीच कीमत स्तर का माप आता है। क देश को आधार के रूप में प्रयुक्त करते हुए और यह प्रदर्शित करते हुए कि समान्तर माध्य के अनुसार ख देश में कीमत स्तर क देश से 25 प्रतिशत ऊँचा है, हम निम्नलिखित परिणाम प्राप्त करते हैं।

वस्तु	क देश		ख देश	
	इकाई कीमत	कीमत सापेक्ष (प्रतिशत)	इकाई कीमत	कीमत सापेक्ष (प्रतिशत)
गेहूँ (बुशल)	$0 80	100	$1 60	200
कपास (पाउड)	12	100	06	50
समान्तर माध्य	..	100		125
गुणोत्तर माध्य	.	100	.	200

आइए, अब यह देखें कि उस समय क्या होता है जब देश ख को आधार के रूप में लिया जाता है और देश क में कीमत स्तर को देश ख के कीमत स्तर के सापेक्ष के रूप में अभिव्यक्त किया जाता है।

वस्तु	क देश		ख देश	
	इकाई कीमत	कीमत सापेक्ष (प्रतिशत)	इकाई कीमत	कीमत सापेक्ष (प्रतिशत)
गेहूँ (बुशल)	$0 80	50	$1 60	100
कपास (पाउड)	12	200	06	100
समान्तर माध्य		125		100
गुणोत्तर माध्य	..	100	.	100

इन सकलनो से, समान्तर माध्य इस बात का संकेत करता है कि क देश मे कीमत स्तर ख देश के कीमत स्तर से 25 प्रतिशत ऊँचा है।

दोनों सारणियों मे परिकलनो के परिणाम असंगत प्रतीत होते हैं। तथापि, वे समान्तर माध्य की त्रुटि के कारण असंगत नहीं हैं, अपितु उन छिपे हुए भारो के कारण जो कि दोनो स्थितियों मे बराबर नहीं हैं। जब क देश आधार था, तो यह पूर्वकल्पना कर ली गई थी कि क देश मे क्रीत कपास और गेहूँ की मात्राएँ 1 डालर (या मुद्रा की अन्य विशिष्ट मात्रा) के द्वारा क्रीत कपास की इकाइयों की संख्या ($8\frac{1}{3}$ पाउड) तथा गेहूँ की इकाइयों की संख्या ($1\frac{1}{4}$ बुशल) होगी तथा वही भार ख देश के लिये लागू होंगे।

अर्थात्, क देश के लिये

गेहूँ के $1\frac{1}{4}$ बुशल 0 80 डालर की दर से = \$1 10, सापेक्ष = 100,
कपास के $8\frac{1}{3}$ पाउंड 12 की दर से = 1 00; सापेक्ष = 100,

और ख देश के लिए

गेहूँ के $1\frac{1}{4}$ बुशल 1 60 डालर की दर से = \$2 00, सापेक्ष 200,
कपास के $8\frac{1}{3}$ पाउंड 06 की दर से = 50, सापेक्ष = 50।

इस आधार पर, ख देश म कीमत स्तर क देश से 25 प्रतिशत ऊँचा है।

जब ख देश आधार था तो यह पूर्व-कल्पना कर ली गई थी कि ख देश मे क्रय की गई गेहूँ और कपास की मात्राएँ 1 00 डालर (या मुद्रा की अन्य निर्दिष्ट मात्रा) द्वारा क्रय की गई कपास की इकाइयों की संख्या ($16\frac{2}{3}$ पाउंड) और गेहूँ की इकाइयों की संख्या ($\frac{5}{8}$ बुशल) होंगी, और क देश के लिये वही भार लागू होंगे।

ख देश के लिए, इससे प्राप्त होता है

गेहूँ क $_8$ बुशल 1 60 डालर की दर से = \$1 00 सापेक्ष = 100,
कपास के $16\frac{2}{3}$ पाउंड 60 की दर से = \$1.00, सापेक्ष — 100,

और क देश के लिये

गेहूँ के $\frac{5}{8}$ बुशल 0 80 डालर की दर से = \$0 50, सापेक्ष = 50,
कपास के $16\frac{2}{3}$ पाउंड 12 की दर से = 2 00, सापेक्ष = 200।

भारों के इस समूह का प्रयोग संकेत करता है कि क देश में कीमत स्तर ख देश से 25 प्रतिशत ऊँचा है।

अब, कई बार ज्यामितीय माध्य का पक्ष लिया जाता है क्योंकि यह उस प्रकार की स्थितियों मे जैसी कि ऊपर की दो सारणियों मे दिखाई गई है सगत परिणाम प्रदान करता है। परिणाम इसलिये सगत है क्योंकि दोनों मे से किसी एक देश के आधार के साथ दूसरे देश का सूचकांक 100 है, जैसा कि सारणियों मे देखा जा सकता है। परन्तु गुणोत्तर माध्य केवल उसमे अन्तर्निहित पूर्व-धारणा के कारण सगत परिणाम प्रस्तुत करता है। अर्थात् क्रय की गई दो वस्तुओं का मूल्य दोनों देशों मे एक ही अनुपात मे है। इसका यह अर्थ है कि क देश मे ख देश की अपेक्षा गेहूँ की मात्रा अधिक क्रय की जाएगी, और ख देश मे क देश की अपेक्षा कपास की मात्रा अधिक क्रय की जाएगी।

पूर्वगामी अनुच्छेदों मे जो सूचकांक बनाये गये थे, उनके लिये भारों का कोई विशिष्टीकरण नहीं किया गया था। हम पहले ही देख चुके है कि सापेक्षों को उचित प्रकार से चुने हुए मूल्यों से भारित करना चाहिये, और अभी दिये गए दृष्टान्तों के लिय उन भारों का, दो देशों मे विक्रय की गई वस्तुओं के वास्तविक मूल्य के आधार पर, निर्धारण किया जाना चाहिये।

गुणोत्तर माध्य के लिये दूसरा तर्क इस दृढ कथन पर आधारित है कि सापेक्षों के बारबारता बटनों की प्रवृत्ति एक सामान्य बटन बनाने की होती है जब उन्हें लघुगणकीय *X* पैमाने वाले कागज पर लेखाचित्रित *किया जाता है।* इस प्रकार का *बारम्बारता बटन, किन्तु कीमत सापेक्षों* का नहीं, चार्ट 23.13 और 23.14 में दिखाया गया है। तर्क इस प्रकार चलता है कीमत का दुगनापन उतने ही महत्त्वपूर्ण अपसरण को प्रस्तुत करता है (और उतना ही घटित हो सकता है), जितना कि उसके पहले स्तर के आधे तक गिरावट, यह आधार वर्ष में उसी प्रकार ½ गुणा बढ सकता है जिस प्रकार कि आधार वर्ष में ½ गुणा गिर सकता है, यह उसी प्रकार अनन्त तक बढ सकता है जिस प्रकार कि शून्य तक गिर सकता है। अत परिणामी बारम्बारता बटन ज्यामितीय ढग से सामान्य होने लगता है, और गुणोत्तर माध्य, जो बहुलक इस प्रकार के बटन के साथ एक रूप हो जाता है, उचित *औसत है। यह दलील तर्कसगत है* परन्तु उन धारणाओं पर आधारित है जो पूर्णतया सिद्ध नहीं है। हमें विश्वास नहीं कि कीमत उसी प्रकार से दुगुनी हो सकती है जिस प्रकार से आधी रह सकती है, या उसी प्रकार से 50 प्रतिशत बढ सकती है जिस प्रकार एक-तिहाई गिर सकती है, और जब तक इस प्रकार का सन्तुलन *स्थापित नहीं होता तब तक गुणोत्तर माध्य का प्रयोग करने का उचित* आधार हमारे पास नहीं है।

यह नहीं सोचना चाहिये कि गुणोत्तर माध्य का कभी भी प्रयोग *नहीं किया जाना चाहिये, केवल मात्र यह सन्देह किया जाता है कि क्या इसमें समान्तर माध्य से अधिक कोई अन्तर्निहित सामान्य अच्छाई है। लेखकों का यह विश्वास है कि औसत का प्रयोग, बहुत अधिक मात्रा में* सूचकाको के वाछित प्रयोग द्वारा निर्धारित किया जाता है। जैसाकि प्राय होता है यदि हम दो विभिन्न समयों में या दो विभिन्न स्थानों पर उन्हीं वस्तुओं के क्रय के लिये आवश्यक मुद्रा की मात्रा की तुलना करना चाहें (*या कदाचित् उन्हीं रुचियों और वातावरण के साथ एक जैसे व्यक्तियों* के लिये सन्तुष्टि की बराबर मात्रा की), तो भारित समान्तर माध्य का प्रयोग किया जाना चाहिये। जैसा कि दिखाया जा चुका है, ऐसा इसलिए है कि इस प्रकार के सूचकांक को भारित समाहृत सूचकांक भी माना जा सकता है। दूसरी ओर *यदि प्राथमिक उद्देश्य कीमत सापेक्षों का* अध्ययन है, जिसमें उनका औसत व्यवहार भी सम्मिलित है, तो गुणोत्तर माध्य उपयोगी हो सकता है।

बहुलक, माध्यिका, तथा हरात्मक माध्य बहुलक के प्रयोग का समर्थन प्राय कभी भी नहीं किया जाता, इसका प्राथमिक कारण यह है *कि कीमत सापेक्षों के समूह में साधारणतया कोई स्पष्टत परिभाषित* बहुलक विद्यमान नहीं होगा। माध्यिका का शायद ही कभी प्रयोग किया जाता है परन्तु यदि कुछ आंकड़ों के प्रतिनिधि-चरित्र या परिशुद्धता के सम्बन्ध में सन्देह है तो माध्यिका उचित हो सकता है। वास्तव में इस प्रकार

के सन्देह के उत्पन्न होने का वास्तविक अर्थ यह हो सकता है कि आधारभूत आँकड़े ठीक प्रकार से एकत्रित नहीं किये गये थे। हरात्मक माध्य के प्रयोग का सुझाव उस समय दिया गया है (अध्याय 18 देखें), यदि इस प्रकार की इच्छा है कि कीमत सूचकांक के व्युत्क्रम का मुद्रा की क्रय शक्ति के सूचकांक के रूप में प्रयोग किया जाए।

चार प्रकार के कीमत सूचकांकों की तुलना—मात्रा सूचकांकों पर प्रारम्भ में विचार करने से पूर्व यह उचित है कि हम एक क्षण के लिये रुकें और उन चार प्रकार के कीमत सूचकांकों के परिणामों की तुलना करें जिनका वर्णन किया जा चुका है। चार्ट 17.4 में ये

चार्ट 17.4 नीबू फलादि कीमतों के विभिन्न विधियों से प्राप्त। 1959—1964 के सूचकांक, आंकड़े सारणी 17.1, 17.2, 17.5, तथा 17.6 से।

चारों सूचकांक दिखाए गये हैं, परन्तु इनमें चार की अपेक्षा तीन वक्र हैं क्योंकि दो सूचकांक परस्पर मिल जाते हैं। जैसा कि हम पहले से जानते हैं, वे दो वक्र जो समान हैं आधार-वर्ष मात्रा भारों के साथ समाहृत और आधार-वर्ष मूल्यों द्वारा भारित सापेक्षों की अंकगणितीय औसत हैं। सभी तीनों वक्रों की सामान्य सहमति की ओर ध्यान दें, यद्यपि इनकी मात्रा में (उदाहरणार्थ 1962 और 1963 में) कुछ महत्त्वपूर्ण अन्तर है और दिशा में एक अन्तर है। *सापेक्षों की सरल समाहृत और सरल अंकगणितीय औसत, जिन दोनों में तर्क* सम्बन्धी त्रुटियाँ हैं, चार वर्षों में पर्याप्त ऊँची उठने में असफल रही हैं और सरल समाहृत तो 1961 में गलत दिशा में चली।

मात्रा सूचकांक

समाहृत प्रकार—मात्रा (भौतिक परिमाण) का समाहृत सूचकांक कीमत सूचकांक का प्रतिरूप है। इस प्रकार सरल समाहृत मात्रा सूचकांक की रचना में सूत्र

$$Q = \frac{\Sigma q_n}{\Sigma q_0}$$

निहित है और सारणी 17.7 इस प्रकार के नीबू फलादि के मात्रा सूचकांक के परिकलन को दर्शाती है। *सामान्यतया इस प्रकार से* परिकलित सूचकांक स्पष्टतः तर्कहीन होता है,

क्योंकि इसमें विभिन्न इकाइयों में अभिव्यक्त मात्राओं का जोड़ निहित है, जैसे टन, हजारों बोर्ड फुट, किलोवाट घंटे, इत्यादि। नीबू फलादि के लिये सारे उत्पादन को पाउंडों में अभिव्यक्त करना सम्भव हो सकता था परन्तु इसमें भी सन्तोषजनक सूचकांक प्राप्त नहीं होगा क्योंकि अर्थव्यवस्था में प्रत्येक फल की सापेक्ष महत्ता की उपेक्षा हो जाएगी।

आधार वर्ष कीमतों को भारों के रूप में प्रयोग करने से, सूत्र बनता है

$$Q = \frac{\Sigma q_n p_o}{\Sigma q_o p_o}.$$

इस भारित समाहृत मात्रा सूचकांक की रचना को सारणी 17.8 में दिखाया गया है जिसमें 1959=100।

जिस प्रकार कीमत का समाहृत सूचकांक बदलती हुई कीमतों पर वस्तुओं के निश्चित समाहार के बदलते हुए मूल्य को मापता है ठीक उसी प्रकार से भौतिक परिमाण का समाहृत सूचकांक स्थिर कीमतों पर वस्तुओं के बदलते हुए समाहार के बदलते हुए मूल्य को मापता है। कीमत सूचकांक इस प्रश्न का उत्तर देता है यदि हम वस्तुओं के उसी चयन को प्रत्येक वर्ष खरीदें, परन्तु *विभिन्न कीमतों* पर, तो हम प्रतिवर्ष कितना व्यय करेंगे? भौतिक परिमाण सूचकांक इस प्रश्न का उत्तर देता है: यदि हम उसी कीमत पर प्रतिवर्ष विशिष्ट वस्तुओं की *विभिन्न मात्राएँ* खरीदें तो हम प्रतिवर्ष कितना खर्च करेंगे? जबकि पहली अवस्था में खर्च की गई राशि में अन्तर कीमत परिवर्तन के कारण था, वहां दूसरी अवस्था में अन्तर अवश्यमेव क्रय और विक्रय की गई मात्राओं में परिवर्तन के कारण था क्योंकि कीमतें स्थिर रखी गई थीं। इस प्रकार पूर्व दिए गए सूत्र के प्रयोग से परिकलित सूचकांक प्रत्येक आवृत अवधि के लिए तुलनात्मक मात्राओं (उत्पादित, बेची गई, उपभोग की गई आदि) को दर्शाता है।

सारणी 17.7

नीबू फलादि उत्पादन के सरल साधारण समाहृत सूचकांकों की रचना, 1959—1964*

(मात्राएं सहस्र पेटिकाओं में)

फल	1959	1960	1961	1962	1963	1964
अंगूरफल फ्लोरिडा	30,500	31,600	35,000	30,000	26,800	31,900
नीबू कैलिफोर्निया	17,100	13,600	15,200	12,400	15,800	13,500
संतरे, कैलिफोर्निया नेवल ..	13,500	9,000	7,600	12,600	15,500	15,600
संतरे कैलिफोर्निया वैलेन्सिया ..	17,300	16,000	13,100	16,200	15,500	16,000
संतरे, फ्लोरिडा .	91,500	80,700	113,400	74,500	58,300	86,200
समाहार	169,900	156,900	184,300	145,700	131,900	163,200
सूचकांक (1959 का प्रतिशत) ...	100 0	92 3	108 5	85.8	77.6	96 1

* फसल वर्षों के सम्बन्ध में सारणी 17.1 की टिप्पणी देखें।
आंकड़े सारणी 17.2 के नीचे दिए गए स्रोतों से।

सारणी 17 8

नीबू फलादि उत्पादन के समाहृत सूचकांकों की रचना, 1959—1964, 1959* की कीमतो द्वारा भारित

(मूल्य सहस्त्र डालरो में)

फल	1959 कीमत प्रति पेटी	1959 की कीमतो पर निर्दिष्ट वर्ष मे उत्पादित मात्रा का मूल्य					
		1959	1960	1961	1962	1963	1964
अगरफल फ्लोरिडा	$4 41	134,505	139,356	154,350	132,300	118,188	140,679
नीबू कैलिफोनिया	7 10	121,410	96,560	107,920	88,040	112,180	95,850
सतरे, कैलिफोर्निया नेवल	7 66	103,410	68,940	58,216	96,516	118,730	119,496
सतरे कैलिफोर्निया वैलेन्सिया	8 36	144,628	133 760	109,516	135,432	129,580	133,760
सतरे फ्लोरिडा	5 32	*486,780*	*461,244*	*603,288*	*396,340*	*310,156*	*458,584*
समाहार मूल्य		990,733	899 860	1,033,290	848,628	788,834	*948,369*
सूचकाक (1959 का प्रतिशत)		*100 0*	*90 8*	*104 3*	*85 7*	*79 6*	*95 7*

*फसल वर्षों क सम्बन्ध मे सारणी 17 1 की टिप्पणी देखें।

सारणी 17 1 में 1959 के कीमत आँकडो तथा सारणी 17 7 के मात्रा आँकडो पर आधारित।

सारणी 17 9

नीबू फलादि उत्पादन के सूचकाको की रचना, 1959—1964,* मात्रा सापेक्षो के सरल समान्तर माध्य के प्रयोग द्वारा

फल	1959	1960	1961	1962	1963	1964
अगूरफल, फ्लोरिडा .	*100.0*	*103 6*	*114 8*	*98 4*	*87 9*	*104 6*
नीबू, कैलिफोर्निया	100 0	79 5	88 9	72 5	92 4	78 9
सतरे, कैलिफोर्निया, नेवल	100 0	66 7	56 3	93 3	114 8	115 6
सतरे, कैलिफोर्निया, वैलेन्सिया	100 0	92 5	75,7	93 6	89 6	92 5
सतरे, फ्लोरिडा ...	100 0	94 8	123 9	81 4	63 7	94 2
योग ..	500 0	437 1	459 6	439 2	448 4	485 8
औसत (1959 का प्रतिशत)	100 0	87 4	91 9	87 8	89 7	97 2

*फसल वर्षो के सम्बन्ध मे सारणी 17 1 की टिप्पणी देखें।

सारणी 17 7 के आँकडो पर आधारित।

सारणी 17 10

आधारवर्ष (1959) के मूल्यों से भारित मात्रा सापेक्षों के समान्तर माध्य के प्रयोग द्वारा नीबू फलादि उत्पादन के सूचकांकों की रचना, 1959—1964*

(मूल्य सहस्र डालरों में)

फल	1959 का मूल्य	1959 के मूल्य से गुणा करके निर्दिष्ट वर्ष के मात्रा सापेक्ष					
		1959	1960	1961	1962	1963	1964
अंगूरफल, फ्लोरिडा	134 505	134 505	139 347	154 412	132 353	118 230	140 692
नीबू, कैलिफोर्निया	121 410	121 410	99 521	107 933	88 022	112 183	95 792
संतरे, कैलिफोर्निया नेवल	103 410	103 410	68 974	58 220	96 482	118 715	119 542
संतरे कैलिफोर्निया वलेंसिया	144 628	144 628	133 781	109 483	135 772	129 587	133 781
संतरे, फ्लोरिडा	486 780	486 780	461 467	603 120	396 239	310 079	458 547
योग		990 733	900 090	1 033 168	848 468	788 794	948 354
सूचकांक (1959 का प्रतिशत)		100 0	90 9	104 3	85 6	79 6	95 7

* फसल वर्षों के सम्बन्ध में सारणी 17 1 की टिप्पणी देखें।
सारणी 17 9 के मात्रा सापेक्षों तथा सारणी 17 8 में 1959 के मूल्य आँकड़ों पर आधारित।

मात्रा सूचकांकों की रचना के लिये भारित करने की विभिन्न विधियाँ प्राप्त हैं और सामान्य रूप से वे ही विचार लागू होते हैं जिनका कीमत सूचकांकों के सम्बन्ध में वर्णन किया गया था। कीमत भारों को प्राप्त करने के लिये जोकि दो या अधिक वर्षों की औसतें हैं, औसत कीमतें भारित औसत कीमतें होनी चाहिएँ जिनको इन वर्षों में कुल बेचे गए मूल्य को उन्हीं वर्षों में इकाइयों की कुल संख्या से विभक्त करके प्राप्त किया जाता है। इस प्रकार यदि आधार और प्रदत्त वर्षों की औसत मात्राओं का प्रयोग किया जाए तो हम कठिन दिखाई देने वाला यह सूत्र प्राप्त होता है

$$Q = \frac{\Sigma q_n\left(\frac{p_0q_0+p_nq_n}{q_0+q_n}\right)}{\Sigma q_0\left(\frac{p_0q_0+p_nq_n}{q_0+q_n}\right)}$$

इसी प्रकार, यदि समापवर्तक विधि का प्रयोग किया जाए तो कीमत भार को दीर्घतम मूल्य से प्राप्त करना चाहिये जो कि विचाराधीन सभी वर्षों में समान है।

सापेक्षों की औसतें---*मात्रा सूचकांकों की रचना की* यह विधि कीमत परिवर्तनों को मापने में प्रयुक्त विधि से एकदम मिलती-जुलती है। इस विधि का सारणी 17.9 और 17.10 में निरूपण किया गया है। जिस प्रकार कीमत सूचकांकों के सम्बन्ध में सत्य मालूम हुआ था आधार-वर्ष मूल्य भारों के प्रयोग से वही परिणाम निकलता है जैसाकि आधार-वर्ष भारों मात्रा का प्रयोग करने वाली समाहृत विधि से प्राप्त होता है, केवल पूर्णांक के कारण होने वाले अन्तर ही अपवाद है।

परिकलन की सुगमता तथा अर्थ की सरलता के कारण समाहृत विधि को, जहाँ भी लागू होती हो, सापेक्षों की औसत विधि पर प्राथमिकता दी जानी चाहिए। जैसाकि पहले देखा गया है, कई परिस्थितियों में समाहृत विधि का प्रयोग नहीं किया जा सकता। जब जिन सापेक्षों की औसत निकाली जानी है वे प्रतिशतताएँ हैं, जिनका आधार स्थिर नहीं अपितु परिवर्तनशील सामान्य है, तो पूर्व-वर्णित स्थिति लागू नहीं होती। यहाँ सचमुच ही सापेक्षों की औसत विधि आवश्यक है। दूसरे शब्दों में, यदि व्यापार चक्रों का सूचकांक बनाया जाना है तो समाहृत विधि का प्रयोग नहीं किया जा सकता, क्योंकि औसत किये जाने वाले आँकड़े उपनति और ऋतुनिष्ठ की प्रतिशतताएँ हैं।

मात्रा सापेक्षों की औसत के लिये चुने गए भार प्राय विभिन्न श्रेणियों के विनिमय मूल्यों के अनुपात में होते हैं। कभी-कभी विभिन्न श्रेणियों के सापेक्षिक कोणांक पर भी कुछ विचार किया जाता है यदि वे चक्रीय सापेक्ष हों। यदि सूचकांक परिवर्तन मापने के उद्देश्य से नहीं बल्कि परिवर्तनों की पूर्व-सूचना देने के उद्देश्य से बनाया जाता है तो इसके चुनने का आधार प्रस्तुत की गई विभिन्न श्रेणियों की आर्थिक महत्ता नहीं अपितु पूर्व सूचना देने के उद्देश्यों की महत्ता होगी।

अध्याय 18 में बहुत से महत्त्वपूर्ण सूचकांकों की रचना करने की विधियों का वर्णन किया जाएगा और तकनीक की कुछ बातों तथा सिद्धान्त, जिन पर इस अध्याय में विचार नहीं हुआ वर्णन किया जाएगा।

18

सूचकाक सिद्धान्त एव व्यवहार

इस अध्याय का उद्द श्य दोहरा है । प्रथम सूचकाको के सिद्धान्त एव तकनीक के कुछ परिष्कारो का और आगे वर्णन किया जाएगा । दूसरे कई एक सूचकाको का विवरण दिया जाएगा । आशिक रूप मे उनकी विस्तृत उपयोगिता के कारण और आशिक रूप से इस कारण कि उनमे एक रोचक तकनीक का प्रयोग किया जाता है सूचकाको को चुना गया है । सामान्य रूप से यह देखा जाएगा कि अध्याय 17 मे सार प्रदत्त विधियो का वास्तविक व्यवहार म पूर्ण रूप से अनुसरण नही किया जाएगा परन्तु प्रत्येक अवस्था म कुछ परिस्थितियाँ होंगी जो विधि के विशेष सशोधनो को उचित प्रमाणित करती है ।

सूचकाक धारणाएँ

गणितीय परीक्षण—सूचकाको पर विचारको का एक सम्प्रदाय यह विश्वस करता है कि पूर्ण सूचकाक सूत्र जैसी कोई वस्तु हो सकती है और सगति के कुछ गणितीय परीक्षणो को पूरा करने की अपनी योग्यता के कारण ऐसे सूत्र को पहचाना जा सकता है। ऐसे परीक्षण तार्किक आधार पर उचित है अथवा नही यह एक खुला प्रश्न है । इस सिद्धान्त के अनुसार यदि कोई सूचकाक इन परीक्षणों को पूरा करता है तो उसे न केवल 'आदश समझा जा सकता है परन्तु दूसरे सूचकाक जो इन परीक्षणों को पूरा नही करते उनको इस स्तर पर रखा जा सकता है कि वे वास्तविक व्यवहार मे कितने अधिक उनके निकट होते है ।

समता के तर्क द्वारा परीक्षण किये जाते है । कोई बात जो एक वस्तु के विषय मे सत्य है जब उस वस्तु के समस्त समूह के विषय म सोचते है तो भी वह सत्य होनी चाहिय । यदि सतरो की पेटी 1965 के मुकाबले 1967 म 125 प्रतिशत के मूल्य की थी तब 1965 की कीमत 1967 की कीमत का 80 प्रतिशत थी । समता के तर्क द्वारा यदि 1965 के आधार के साथ 1967 म सूचकाक 125 था तब 1967 के आधार के साथ 1965 के लिय सूचकाक 80 होना चाहिय । दूसरे शब्दो म सूचकाक को पश्चगामी तथा अग्रगामी होना चाहिये ।

पुन कल्पना कीजिय कि एक वस्तु की कीमत बढकर 40 सेन्ट से 60 सन्ट हो जाती है और विक्रय दो इकाइया से बढकर चार इकाइया हो जाता है । कीमत आधार वर्ष का 150 प्रतिशत है विक्रय मात्रा 200 प्रतिशत है, जब कि मूल्य आधार वर्ष का $1\ 50 \times 2\ 00 = 3\ 00$ गुणा है अथवा आधार वर्ष का 300 प्रतिशत । इसे ध्यान से देखने से सत्यापित हो जाता है कि $\frac{0\ 60 \times 4}{0\ 40 \times 2} = 3$ । एक बार फिर समता के आधार पर तर्क करते हुए, यह दलील दी जा सकती है कि उन्हीं आँकड़ों से परिकलित मात्रा सूचकाक कीमत सूचकाक

द्वारा गुणा आधार वर्ष के सम्बन्ध में वर्ष में लेनदेन के सापेक्ष मूल्य के बराबर होना चाहिये। दूसरे शब्दों में यदि

$$\frac{p_n}{p_o} \times \frac{q_n}{q_o} = \frac{p_n q_n}{p_o q_o},$$

तब यह सत्य होना चाहिये कि

$$P \times Q = \frac{\Sigma p_n q_n}{\Sigma p_o q_o}$$

जैसा कि पिछले अनुच्छेद में संकेत किया गया है, दो परीक्षण हैं जिन्हे "गणितीय परीक्षण" सम्प्रदाय द्वारा विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण समझा जाता है। उन्हे कहा जा सकता है (*1*) समय परावर्तन परीक्षण (*2*) कारक परावर्तन परीक्षण।

समय परावर्तन परीक्षण को अधिक असंदिग्धता के साथ निम्नलिखित रूप में वर्णित किया जा सकता है यदि कीमत (या मात्रा) सूचकांक सूत्र के समय पादांको को परस्पर परिवर्तित कर दिया जाता है तो परिणामत कीमत (या मात्रा) सूत्र मौलिक सूत्र का व्युत्क्रम होना चाहिय। यदि हम

$$\frac{\Sigma p_n q_o}{\Sigma p_o q_o}$$

सूत्र को लें और समय पादांको को परस्पर बदल दें तो परिणामत सूत्र है

$$\frac{\Sigma p_o q_n}{\Sigma p_n q_n}$$

परन्तु

$$\frac{\Sigma p_n q_o}{\Sigma p_o q_o} \times \frac{\Sigma p_o q_n}{\Sigma p_n q_n} \neq 1,$$

इसलिये परीक्षण पूरा नहीं उतरता। दूसरी ओर सूत्र

$$\sqrt{\frac{\Sigma p_n q_o}{\Sigma p_o q_o} \times \frac{\Sigma p_n q_n}{\Sigma p_o q_n}}$$

बन जाता है

$$\sqrt{\frac{\Sigma p_o q_n}{\Sigma p_n q_n} \times \frac{\Sigma p_o q_o}{\Sigma p_n q_o}}$$

दोनो व्यंजको का गुणनफल एक है, और इर्विन्ग फिशर का "आदर्श" सूचकांक समय परावर्तन परीक्षण पर खरा उतरता है।

कारक परावर्तन परीक्षण को इस प्रकार से वर्णित किया जा सकता है यदि कीमत (या मात्रा) सूचकांक सूत्र में p तथा q कारकों का परस्पर परिवर्तन कर दिया जाता

है, ताकि मात्रा (या कीमत) सूचकांक सूत्र प्राप्त किया जाए, तो दोनों सूचकांकों के गुणनफल को सही मूल्य अनुपात

$$\frac{\Sigma p_n q_n}{\Sigma p_o q_o}$$

प्रदान करना चाहिये। पुनः सूत्र

$$\frac{\Sigma p_n q}{\Sigma p_o q_o},$$

को लेकर हम इसे

$$\frac{\Sigma q_n p_o}{\Sigma q_o p_o}$$

में रूपान्तरित कर देते हैं। यह एक मात्रा सूचकांक है, परन्तु क्योंकि

$$\frac{\Sigma p_n q_o}{\Sigma p_o q_o} \times \frac{\Sigma q_n p_o}{\Sigma q_o p_o} \neq \frac{\Sigma p_n q_n}{\Sigma p_o q_o},$$

परीक्षण पूरा नहीं उतरता है। तथापि, हम देखते हैं कि

$$\sqrt{\frac{\Sigma p_n q_o}{\Sigma p_o q_o} \times \frac{\Sigma p_n q_n}{\Sigma p_o q_n}}$$

$$\sqrt{\frac{\Sigma q_n p_o}{\Sigma q_o p_o} \times \frac{\Sigma q_n p_n}{\Sigma q_o p_n}}$$

में रूपान्तरित हो जाता है। इन दो "आदर्श" सूचकांकों का गुणनफल

$$\frac{\Sigma p_n q_n}{\Sigma p_o q_o}$$

है, अतः परीक्षण पूरा हो जाता है।

फिशर के "आदर्श" सूचकांक को ऐसा इसलिये कहा जाता है क्योंकि यह उन सूचकांकों की अत्यन्त सीमित संख्या में से एक है जो इन दोनों परीक्षणों को पूर्ण करते हैं।

सूत्र का प्रयोग से सम्बन्ध—अन्य विचारधारा के सम्प्रदाय से सम्बद्ध सूचकांक के विद्यार्थियों द्वारा "आदर्श" सूचकांक की धारणा का विरोध इस आधार पर किया जाता है कि विश्लेषक पूर्णतया यह नहीं कह सकता कि "आदर्श" सूचकांक किसका माप करता है, वह केवल अस्पष्ट रूप से यह कह सकता है कि यह कीमत स्तर में परिवर्तन का माप करता है, या इसी प्रकार के किसी व्यंजक का प्रयोग कर सकता है। एक उपागम के अनुसार तर्कसंगत प्रविधि विशिष्ट प्रश्न पूछना और फिर ऐसा सूत्र बनाना है जो उस विशिष्ट प्रश्न का उत्तर दे। उदाहरणार्थ, परचून कीमतों में प्रयुक्त $\frac{\Sigma p_n q_o}{\Sigma p_o q_o}$ सूत्र वर्तमान वर्ष में लागत की

जीवन के भौतिक स्तर को सहायता करने वाले आधार वर्ष में लागत के साथ, तुलना करता है, जिसे आधार वर्ष में प्राप्त किया गया था। जबकि यह एक विशिष्ट प्रश्न है तो भी यह सभव है कि पूछने योग्य सबसे अधिक उपयोगी प्रश्न न हो। पूछने योग्य समुचित प्रश्न क्या है यह खोज करने वाले व्यक्ति के सम्मुख उपस्थित महत्वपूर्ण समस्या है। अध्याय 17 में केन्स का यह विश्वास उचित माना गया था कि मुद्रा के मूल्य में परिवर्तनों को मापने के लिये प्रथम एक ऐसा सूचकांक खोजना चाहिये जो दो अवधियों में व्यक्तियों के समान समूहों को समान उपयोगिता प्रदान करते हुए वस्तुओं के समाहारों की बदलती हुई लागत को मापे। अब सूत्र $\frac{\Sigma p_n q_o}{\Sigma p_o q_o}$ में यह कल्पना की गई है कि यदि उनकी रुचियों में परिवर्तन नहीं होता तो लोग वस्तुओं की उतनी ही मात्राएँ खरीदते जाएँगे, चाहे कीमतें कितनी ही चढ़ या गिर जाएँ, जबकि वास्तव में अधिक महँगी हो रही मदों से सस्ती हो रही मदों की ओर विवर्तन हो रहा है। तब इस सूत्र का ऊर्ध्वगामी 'झुकाव' होगा, क्योंकि वस्तुओं की वही मात्रा प्राप्त करने की लागत, उपयोगिता की उसी मात्रा को प्राप्त करने की लागत से अधिक होगी। इसके विपरीत सूत्र $\frac{\Sigma p_n q_n}{\Sigma p_o q_n}$ एक व्यक्ति के जीवन के वर्तमान भौतिक स्तर की लागत की तुलना आधार वर्ष में उसकी लागत के साथ करता है। इसी विचार से, इस सूत्र का अधोगामी "झुकाव" है, क्योंकि कोई भी समझदार व्यक्ति आधार वर्ष में उतनी ही वस्तुएँ न खरीदता जितनी कि वह अब खरीदता है (यद्यपि रुचियाँ तथा वातावरण वही रहे), क्योंकि वस्तुओं की सापेक्ष कीमतें विभिन्न होतीं। आधार वर्ष में वस्तुओं के वर्तमान वर्ष का बिल प्राप्त करने की लागत वर्तमान वर्ष की आर्थिक सन्तुष्टियों को प्राप्त करने की लागत से अधिक हुई होती।

फिशर का "आदर्श" सूचकांक सूत्र विपरीत दिशाओं में झुके (या अनुचित) दो सूचकांकों का गुणोत्तर माध्य है; और बहुत से व्यक्तियों का विचार है कि दो अशुद्ध उत्तरों की औसत के तौर पर एक शुद्ध उत्तर प्रदान नहीं करती, चाहे दो अशुद्धियाँ विभिन्न दिशाओं में हों और चाहे सूत्र आन्तरिक रूप से सगत हो। इसके विपरीत, यह सन्देहास्पद है कि केन्स की समापवर्तक विधि वास्तविक व्यवहार में केन्स के प्रश्न का "आदर्श" सूचकांक की अपेक्षा अधिक अच्छा (या वैसा ही) उत्तर देगी। सापेक्ष कीमतों में परिवर्तन क्रय की गई सापेक्ष मात्राओं में परिणामत. परिवर्तनों के साथ समापवर्तक का मूल्य घटा कर क्रय की गई कुल वस्तुओं के छोटे से अनुपात के बराबर कर सकता है। तथापि, यह इस तर्कसंगत निर्णय पर पहुँचने का एक और प्रयास है कि यथार्थत. क्या मापने का प्रयास किया जा रहा है।

मुद्रा के मूल्य (डालर की क्रय शक्ति) में परिवर्तनों को मापने के उद्देश्य के लिये कीमत सूचकांक के व्युत्क्रम का प्रयोग परम्परागत है। तथापि एक अन्य उपागम में यह दलील दी जाती है कि यह तर्कहीन है। जिस प्रकार विशिष्ट वस्तुओं के कीमत परिवर्तनों की कीमत सूचकांक औसत निकालना है उसी प्रकार विशिष्ट वस्तुओं के लिये डालर की क्रय शक्ति में परिवर्तनों की क्रय शक्ति सूचकांक को औसत होना चाहिये। यदि अन्न की कीमत प्रति बुशल .50 डालर है, तो अन्न के लिये डालर की क्रय शक्ति 2 बुशल है।

प्रति डालर क्रय शक्ति की इकाइयों को सकेल चिह्न u के द्वारा दिखाते हुए, यह सम्प्रदाय इस क्रय शक्ति सूचकांक सूत्र का सुझाव देता है

$$\text{क्रय शक्ति} = \frac{\Sigma\left(\frac{u_n}{u_o} p_o p_o\right)}{\Sigma p_o q_o}.$$

परन्तु क्योंकि $u = \frac{1}{p}$, अतः हम लिख सकते है

$$\text{क्रय शक्ति} = \frac{\Sigma\left(\frac{p_o}{p_n} p_o q_o\right)}{\Sigma p_o q_o}.$$

यह व्यजक आधार वर्ष मूल्यों से भारित कीमत सापेक्षों के हरात्मक माध्य का व्युत्क्रम है, क्योंकि द्वितीय निम्नलिखित है

$$1 - \frac{\Sigma\left(\frac{1}{p} - \frac{1}{p_o} \quad p_o q_o\right)}{\Sigma p_o q_o} = 1 - \frac{\Sigma\left(\frac{p_o}{p_n} p_o q_o\right)}{\Sigma p_o q_o} = \frac{\Sigma p_o q_o}{\Sigma\left(\frac{p_o}{p_n} \; p_o q_o\right)}$$

ऊपर का सूत्र कीमत सूचकांक का अभी भी वास्तव म व्युत्क्रम है (यद्यपि धारणा मे नही), यद्यपि अकगणितीय माध्य पर आधारित सामान्य सूचकांक नही है। सम्भवत भारित करने की विधि मे, इसकी धारणा पर आघात न करते हुए कुछ परिवर्तन करना सम्भव होगा।

यदि हम इस विचार को स्वीकार कर लेते हैं कि सूचकांक का उद्देश्य सूत्र का निर्धारण करना है तो हम 'आदर्श' सूत्र को त्यागने की आवश्यकता नही। उसे बनाए रखना सम्भव होगा यद्यपि सूत्र प्रत्येक सूचकांक समस्या का पूर्ण हल नहीं है, तथापि बहुत से ऐसे उद्देश्य है जिनके लिए यह विशेष रूप से अनुकूल है। उदाहरणार्थ, मूल्य का विश्लेषण सघटक कीमत परिवर्तनों तथा मात्रा परिवर्तनो मे परिवर्तित हो जाता है। तो भी यदि हम यह स्थिति लेते है कि प्रत्येक सूचकांक को साधारण व्यक्ति के अंग्रेजी मे व्यक्त विशिष्ट प्रश्न का उत्तर अवश्य देना चाहिये तो सिद्धान्ततः सही सूचकांक के रूप मे इसका त्याग करना पडेगा।

शृंखला सूचकांक

अपनी सरलतम अवस्था म, शृंखला सूचकांक वह है जिसमे प्रत्येक वर्ष (या उसके भाग के लिए) अंकों को प्रथम पहले वर्ष की प्रतिशतताओं के रूप मे अभिव्यक्त किया जाता है। तब एक शृंखला सूचकांक बनाने के लिए इन प्रतिशतताओं को उत्तरोत्तर गुणा द्वारा शृंखलाबद्ध कर लिया जाता है। सारणी 18 1 नीबू फल कीमतों के भारित समाहृत शृंखला सूचकांक का परिकलन प्रदर्शित करती है। जैसाकि सारणी के ऊपर देखा गया, वर्षों के प्रत्येक जोड़े के प्रथम वर्ष मे उत्पादन द्वारा कीमतों को भारित किया जाता है। इन उत्पादों को प्रत्येक वर्ष के लिए जोड़ा जाता है और प्रत्येक जोड को पहले वर्ष के जोड की प्रतिशतता

सारणी 18 1

नीबू फलादि कीमतो के भारित समाहृत शृंखला सूचकाक की रचना * 1959—1964

(वर्षों के प्र येक जोड के लिये भार प्रथम वष के उ पादन है । मत्य सहस्र डालरो मे)

वष	कीमत X वर्षो के प्रत्येक ज ड मे से प्रथम वष का उत्पादन					उपज का योग	प्र येक जोड के पहले वष का प्रतिशत	शृंगला सूचकाक
	अगूरफल	नीबू कनिफोर्निया	सतरे कनि फोर्निया नेवल	सतरे कनिफो निया वलेसिया	सतरे फ्लोरिडा			
1959	*134 505*	*121 410*	*103 410*	*144 628*	*486 780*	*990 733*	*100 0*	*100 0*
1960	131 760	123 462	124 740	129 404	592 920	1 102 286	111 3	111 3
1960	136 512	98 192	68 940	133 760	461 244	898 648	100 0	
1961	141 884	97 648	92 340	127 040	441 303	900 215	100 2	111 5
1961	157 150	109 136	77 976	104 014	577 206	1 025 482	100 0	
1962	*205 800*	*130 112*	*70 072*	*99 822*	876 582	1 382 388	*134 8*	*150 3*
1962	176 400	106 144	116 172	123 444	575 885	1 098 045	100 0	
1963	182,700	90 272	97 272	151 308	579 610	1 101 162	100 3	150 8
1963	163 212	115 024	119 660	144 770	453 574	996 240	100 0	
1964	159 192	132 404	111 600	103,540	360 294	867 030	87 0	131 2

* फसल वर्षों से सम्बन्धित सारणी 17 1 की टिप्पणी देखिये ।
सारणी 17 1 के कीमत आँकड़ों तथा सारणी 17 7 के उत्पादन आँकड़ो पर आधारित ।

के रूप में व्यक्त किया जाता है जैसाकि सारणी मे अन्तिम से पहले स्तम्भ मे दिखाया गया है। "शृ खलित करने की प्रक्रिया के परिणामो को सारणी के अतिम स्तम्भ म दिखाया गया है । उनको निम्नलिखित प्रकार से प्राप्त किया जाता है (1) 1960 प्रतिशतता, 111 3 1960 का शृ खला सूचकाक है, (2) क्योकि 1961 प्रतिशतता अक 1960 से 0 2 प्रतिशत अधिक है, अत 1961 का शृखला सूचकाक 1 113 × 1 002=1 115 या 111 5 प्रतिशत है, (3) 1962 प्रतिशतता अक 1961 के अक का 1 348 है अत 1962 के लिय शृ खला सूचकाक 1 115 × 1 348=1 503 या 150 3 प्रतिशत है, और इसी प्रकार अन्य वर्षो के लिए ।

शृखला सूचकाक के लाभ हैं (1) यदि वस्तुएँ अब उचित नही हैं तो उन्हे शीघ्रता से त्यागा जा सकता है, (2) नई वस्तुओ को लाया जा सकता है, तथा (3) भारो को बदला जा सकता है। इस प्रकार उत्पादन वितरण, उपभोग आदतो और मौलिक परिवतनो गुण परिवतनो किन्ही आकडा मे किसी क्रम भग का, और अन्य वैसे ही परिवतनो का जिन्हे एक निश्चित आधार सूचकाक मे शीघ्रता से काबू नही किया जा सकता, ध्यान रखा जा सकता है। शृ खला सूचकाक के सिद्धान्त का इस अध्याय म आगे बहुत से उदाहरणों म प्रयोग किया गया है ।

शृखला सूचकाक की हानि यह है कि जब पिछले वष के प्रतिशतता अक वर्षानु वष परिवतनो की परिशुद्ध तुलनाएँ प्रदान करते हैं, शृ खलित प्रतिशतताओ की दीघ परिसर तुलनाएँ पूणत मान्य नही है । तथापि जब सूचकाक प्रयोग करने वाला वर्षानुवर्ष तुलनाएँ करना चाहता है जैसा कि प्राय व्यापारी के द्वारा किया जाता है तो पिछले वर्ष की प्रतिशतताएँ एक लचीला तथा उपयोगी साधन प्रदान करती हैं ।

नई वस्तुओ का प्रतिस्थापन तथा भारो का परिवर्तन

कभी कभी यह आवश्यक अथवा वाछित होता है कि सूचकाक मे एक वस्तु को निकाला जाए एक नई वस्तु को जोडा जाए एक वस्तु का दूसरी से प्रतिस्थापन किया जाए, या एक वस्तु के भार म परिवतन किया जाए । एक वस्तु के दूसरी वस्तु स प्रतिस्थापन के अन्तगत प्राय भार का परिवतन भी होगा । इन समजना के अतर्गत शृ खला सूचकाक का प्रयोग आता है। प्रतिस्थापन के उदाहरणस्वरूप हम 1959 (आधार वर्ष) 1962, 1963 तथा 1964 क वर्षो के लिए नीबू फलादि कीमता का सूचकाक बनाएग । विवरण के उद्देश्या के लिए हम 1962 म कैलिफोर्निया वैलेंसिया सनरो का कैलिफोर्निया नेवल सतरो के लिए प्रतिस्थापन करेंगे ।

सारणी 18 2 आधार वर्ष माना भारा का प्रयोग करत हुए, 1959 तथा 1962 के लिय भारित समाहृत सूचकाक का परिकलन प्रदर्शित करती है और यह देखा जा सकता है कि कैलिफोर्निया नेवल सतरे कैलिफार्निया नीबू तथा फ्लोरिडा अगूरफल का प्रयोग करते हुए 'पुरानी श्रेणी' के लिये 1962 का सूचकाक 125 29 है । 1962 म वैलेंसिया सतरे की कीमत को नवल के भार से गुणा करके जिसम सारणी म प्रदर्शित उपज 1028 70 लाख डालर, प्राप्त होती है, कैलिफोर्निया वैलेंसिया का कैलिफार्निया नवल सतरा के लिय प्रतिस्थापन किया जाता है । 1962 की 'नवीन श्रेणी' के लिय उत्पादन का योग 4285 86 लाख डालर है, और इस योग को पूव निर्धारित 1962 के सूचकाक, 125 29 के बराबर रखा जाता है। 1963 तथा 1964 के लिए कैलिफार्निया वैलेंसिया सतरा का उत्पादन

सारणी 18 2

भारों मे किसी परिवर्तन के बिना कैलिफोर्निया वैलेसिया संतरो का कैलिफोर्निया नेवल सतरों के लिए प्रतिस्थान प्रदर्शित करते हुए, नीबू फलादि कीमतों के भारित समाहृत सूचकाक की रचना,* 1959, 1962, 1963, तथा 1964

फल	मात्रा भार (मिलियन पेटियाँ)	1959		1962			1963		1964	
		कीमत (डालर प्रति पेटी)	उत्पादन (मिलियन डालर)	कीमत (डालर प्रति पेटी)	उत्पादन पुरानी श्रेणी (मिलियन डालर)	उत्पादन नई श्रेणी (मिलियन डालर)	कीमत (डालर प्रति पेटी)	उत्पादन नई श्रेणी (मिलियन डालर)	कीमत (डालर प्रति पेटी)	उत्पादन नई श्रेणी (मिलियन डालर)
	q_{59}	p_{59}	$p_{59}q_{59}$	p_{62}	$p_{62}q_{59}$	$p_{62}q_{59}$	p_{63}	$p_{63}q_{59}$	p_{64}	$p_{64}q_{59}$
अंगूरफल, फ्लोरिडा	30.5	4 41	134 505	5 88	179.340	179.340	6 09	185.745	5.94	181.170
नीबू, कैलिफोर्निया..........	17 1	7.10	121 410	8 56	146.376	146 376	7.28	124.488	8 38	143.298
सतरे, कैलिफोर्निया, नेवल..	13.5	7 66	103 410	9 22	...	...	...	...	...	...
सतरे, कैलिफोर्निया, वैलेसिया	...	...	...	7,62	124 470	102.870	9.34	126.0901	6.68	90.1801
योग......................	...	...	359 325	...	428.586	428.586	...	436 323	...	414.648
सूचकाक, पुरानी श्रेणी ...	...	...	100 00	. .	125.29	...	...	...	...	...
सूचकाक, नई श्रेणी. ..	...	..	...	...	...	125.79	...	127.55	...	121.22

* फसल वर्षों के सम्बन्ध मे सारणी 17.1 की टिप्पणी देखें। प्रमुख नीलाम कीमतें मण्डियो मे ऋतु औसत कीमत प्रति पेटी हैं।

≠ कैलिफोर्निया वैलेसिया सतरा कीमत, × कैलिफोर्निया नेवल संतरा मात्रा 1959 मे।

आंकड़े एग्रिकल्चरल स्टैटिस्टिक्स के विभिन्न अंको, सयुक्त राज्य कृषि विभाग के साथ पत्रव्यवहार, तथा ऐन्वल क्राप समरी, दिसम्बर 1965, पृष्ठ 97 से।

उसी प्रकार निर्धारित किया जाता है जैसेकि 1962 का अंक, और 1963 तथा 1964 के लिए उत्पादनो का योग प्राप्त किया जाता है तब इन सम्बन्धो द्वारा 1963 तथा 1964 के सूचकांक प्राप्त किये जाते है

1963 के लिये—

$$\frac{428,586}{125.29} = \frac{436\ 323}{1963 \text{ का सूचकांक}},$$

1963 का सूचकांक = 127 55 ।

1964 के लिये—

$$\frac{428\ 586}{125\ 29} = \frac{414\ 648}{1964 \text{ का सूचकांक}};$$

1964 का सूचकांक = 121 22 ।

सारणी 18 2 म प्रयुक्त प्रविधि कैलिफोर्निया वैलेसिया सतरो को कम भारित करती है क्योकि 1962 मे इसकी इकाई कीमत कैलिफोर्निया नेवल सतरो की कीमत से कम थी।[1] 1962 मे वैलेसिया सतरो को दिया गया भार भी बहुत कम था क्योकि नेवल सतरो की केवल 126 लाख पेटियो और वैलेसिया सतरा की 162 लाख पेटियो का उत्पादन हुआ था। 1963 मे ली गई मात्राओ के कारण कोई अतिशयोक्ति नही है जब दोनो का उत्पादन लगभग 155 लाख पेटियाँ हुआ। 1964 मे वैलेसिया सतरो को थाडा सा कम भार दिया गया क्योकि वैलेसिया तथा नेवल सतरो का उत्पादन क्रमश 160 तथा 156 लाख पेटियाँ था। स्पष्टत जब वैलसिया सतरो को नेवल सतरो के लिये प्रतिस्थापित किया गया तब भारो का परिशोधन कर देना चाहिये था।

भारो का इस प्रकार का परिशोधन सारणी 18 3 मे किया गया है। यहाँ पर "पुरानी श्रेणी" के लिये 1962 का सूचकांक पुन 125 29 है। 1962 की भारित समाहर्ता की 'नई श्रेणी' 1926 के मात्रा भारो का प्रयोग करती है और 1962 के लिय "नई श्रेणी" के उत्पादनो का योग 4059 88 लाख डालर है, जिसे 125 29 के सूचकांक के बराबर कर लिया गया है। तब पहले के समान निम्न सम्बन्ध से, 1963 तथा 1964 के सूचकांक प्राप्त किये जाते हैं

1963 के लिये—

$$\frac{405\ 988}{125\ 29} = \frac{424\ 280}{1963 \text{ का सूचकांक}},$$

1963 का सूचकांक = 130 93 ।

1964 के लिये—

$$\frac{405\ 988}{125\ 29} = \frac{390\ 328}{1964 \text{ का सूचकांक}};$$

1964 का सूचकांक = 120 46 ।

---

1 जब एक प्रतिस्थापन वस्तु के लिये आधार वर्ष भार का प्रयोग निरतर रखना तर्कसगत है, तो निम्नलिखित का परिकलन करके पुरानी तथा नई वस्तु को विभिन्न इकाई कीमतो के लिय समजन किया जा सकता है

$$\text{नया भार} = \frac{\text{पुरानी इकाई कीमत}}{\text{नई इकाई कीमत}} \text{ पुराना भार।}$$

तब प्रविधि सारणी 18 3 म दी हुई विधि के समान है, देखिए मूल अंग्रेजी पुस्तक का प्रथम सस्करण, पृष्ठ 623—626।

सारणी 18 3

कैलिफोर्निया वलेसिया सतरो का कैलिफोर्निया नेवल सतरो के लिए प्रतिस्थापन प्रदर्शित करते हुए नीबू फलादि कीमतो के भारित समाहृत सूचकांक की रचना तथा आधार वर्ष भारो से 1962 के भारो* मे विवर्तन 1959 1962 1963 1964

फल	1959 मात्रा भार (मिलियन पेटियाँ) q_{59}	1959 कीमत (प्रति पेटी डालर) p_{59}	1959 उत्पादन (मिलियन डालर) $p_{59}q_{59}$	1962 कीमत (प्रति पेटी डालर) p_{62}	1962 उत्पादन (मिलियन डालर) $p_{62}q_{59}$	1962 मात्रा भार (मिलियन पेटियां) q_{62}	1962 कीमत (प्रति पेटी डालर) p_{62}	1962 उत्पादन नई श्रेणी (मिलियन डालर) $p_{62}q_{62}$	1963 कीमत (प्रति पेटी डालर) p_{63}	1963 उत्पादन नई श्रेणी (मिलियन डालर) $p_{63}q_{62}$	1964 कीमत (प्रति पेटी डालर) p_{64}	1964 उत्पादन नई श्रेणी (मिलियन डालर) $p_{64}q_{62}$
अंगूरफल फ्लोरिडा	30 5	4 41	134 505	5 88	179 340	30 0	5 88	176 400	6 09	182 700	5 94	178 200
नीबू कलिफोर्निया	17 1	7 10	121 410	8 56	146 376	12 4	8 56	106 144	7 28	90 272	8 38	103 912
संतरे, कैलिफोर्निया नेवल	13 5	7 66	103 410	9 22	124 470							
संतरे कैलिफोर्निया वैलसिया						16 2	7 62	123 444	9 34	151 308	6 68	108 216
योग			359 325		450 186			405 988		424 280		390 328
सूचकांक, पुरानी श्रेणी			100 0		125 29							
सूचकांक नई श्रेणी								125 29		130 93		120 46

*फसल वर्षों के सम्बन्ध मे सारणी 17 1 की टिप्पणी देखे। कीमत प्रमुख नीलाम मण्डियो मे ऋतु औसत कीमत प्रति पेटी हैं।
आंकड़े सारणी 18 2 के नीचे दिये स्रोतो से।

नई वस्तु को जोडे बिना पुरानी वस्तु को छोडने या एक ऐसी नई वस्तु को जोडने मे जो पुरानी वस्तु की स्थानापन्न नही है, वास्तव मे भारो का परिवर्तन निहित है। प्रविधि वैसी ही होगी जैसी कि सारणी 18 3 मे है। उसी प्रकार से कोई वस्तु जोडे या छोडे बिना भारो का परिवर्तन भी किया जा सकता था।

सूचकाको के विवरण

इस अध्याय का शेष भाग ऐसे अनेक सूचकाको के सक्षिप्त विवरणो में लगाया जायेगा जिन्हे कीमत परिवर्तनो, भौतिक मात्रा मे परिवर्तनो, सामान्य तथा विशिष्ट व्यापार गतियो, तथा अन्य परिवर्तनो एव अन्तरो को मापने के लिये बनाया जाता है। कोई भी सूचकाक पूर्ण विस्तार मे वर्णित नही है, और पाठक को यह बात ध्यान मे रखनी चाहिये कि एक सूचकाक का दो या तीन पृष्ठो का विवरण उस सूचकाक की कुछ अधिक महत्त्वपूर्ण विशेषताओ के उल्लेख से अधिक कुछ नही कर सकता।

कीमत सूचकाक

उपभोक्ता कीमत सूचकाक—1957-1959 आधार पर सयुक्त राज्य श्रम विभाग द्वारा सकलित इस सूचकाक का शीर्षक है "शहरी मजदूरो तथा लिपिक कर्मचारियो के लिये उपभोक्ता कीमत सूचकाक।" इसका प्राय "उपभोक्ता कीमत सूचकाक' के रूप मे उल्लेख किया जाता है, और जैसाकि इसका नाम सकेत करता है, यह परचून कीमत परिवर्तन का साख्यिकीय माप है। यथार्थत यह निर्वाह सूचकाक नही है क्योकि यह उन वस्तुओ और सेवाओं की मात्राओ और प्रकारो मे परिवर्तनो को नही मापता है। जो लोग खरीदते हैं या उस समस्त धन को जो वे निर्वाह पर व्यय करते है। न ही यह विभिन्न स्थानो के निर्वाह व्ययो मे अन्तरो को मापता है।

परचून मूल्य जो सूचकाक को पूरा करते हैं, आठ प्रमुख भागो में बँटे हुए हैं खाद्य, आवास, परिधान परिवहन, चिकित्सा, वैयक्तिक देखभाल, पढाई तथा मनोरजन, तथा अन्य वस्तुएँ और सेवाएँ। खाद्य तथा आवास को फिर उपसमूहो मे विभक्त किया गया है। जिन लगभग 400 वस्तुओ तथा सेवाओ को सम्मिलित किया गया है उनको सम्बद्ध मदो के उपसमूहो की कीमत उपनतियो के प्रतिनिधि के रूप मे चुना गया था तथा उनमे इस प्रकार की तरह-तरह की वस्तुओ तथा सेवाओ की लागत सम्मिलित है, जैसे चावल, मांस के समोसे, डिब्बाबन्द मछली, आलू मनुष्यो के लम्बे कोट, मनुष्य के काम करने के दस्ताने, स्त्रियो के ऊनी सूट, किराया, बन्धक ब्याज, बिजली, चादरें, मेजपोश, मोटर गाडियाँ, गैसोलिन, चिकित्सको के पास जाना (तथा उनका घर आना), आँख के शीशे तथा हजामत। 400 वस्तुएँ उन वस्तुओ और सेवाओ की "मण्डी टोकरी" की प्रतिनिधि है जिनके अन्तर्गत नागरिक श्रमिको के परिवारो (2 या अधिक व्यक्तियो वाले) तथा अकेले व्यक्तियो के जीवन स्तर का प्रतिरूप आता है। उन्हे 50 शहरी क्षेत्रो मे मजदूरो और लिपिक श्रमिको मे से 4,300 परिवारो तथा 500 अकेले व्यक्तियो के "खर्च सर्वेक्षण" के परिणामस्वरूप चुना गया था।

---

2. यह वर्णन सयुक्त राज्य के श्रम सम्बन्धी आँकडो के ब्यूरो के दि कन्ज्यूमर प्राइस इडेक्स ए शार्ट डिस्क्रिप्शन ऑफ दि इन्डेक्स ऐज रिवाइज्ड, *1964* पर आधारित है।

400 वस्तुओं और सेवाओं के कीमत आँकड़े 50 शहरी क्षेत्रों से इकट्ठे किये गए हैं जो उन नगर-विशेषताओं के प्रतिनिधि के तौर पर चुने गए हैं जो परिवारों द्वारा अपने धन को व्यय करने के ढंग को प्रभावित करते हैं। इस प्रकार ऐसे कारक जैसे आकार, जनसंख्या घनत्व जलवायु, और आय स्तर, ध्यान में रखे जाते हैं। प्रत्येक नगर में कीमत दरें उन्हीं स्रोतों से प्राप्त की जाती हैं जिन स्रोतों से मजदूरी तथा वेतन लेने वाले श्रमिकों के परिवार वस्तुएं तथा सेवाएं प्राप्त करते हैं। उदाहरण के लिये, भण्डारों से क्रय की गई मदों की दरें प्रतिनिधि श्रृंखला भण्डारों, स्वतन्त्र भण्डारों, विभाग भण्डारों और विशिष्ट भण्डारों से प्राप्त की जाती हैं। नगर के लिये औसत कीमत परिवर्तनों को निश्चित करने के लिये, प्रत्येक मद के लिये, उचित भारों के साथ, विभिन्न स्रोतों द्वारा प्रकाशित कीमतों की औसत ली जाती है।

संयुक्त राज्य अमरीका के लिये तथा पाँच विशाल नगरों में से प्रत्येक के लिए, सूचकांक मासिक बनाए जाते हैं और अन्य नगरों के लिए त्रैमासिक। प्रत्येक नगर में कीमत परिवर्तनों की उस विधि से औसत निकाली जाती है तथा उसे जोड़ा जाता है जो वास्तव में भारित समाहन है, भार ऊपर उल्लिखित परिवारों और अकेले व्यक्तियों के सर्वेक्षण में उपसमूह (जिसका प्रत्येक मद प्रतिनिधित्व करती है) के लिये "मण्डी टोकरी" में आनुपातिक व्यय हैं। जब विभिन्न नगरों के लिये कीमत परिवर्तनों को संयुक्त राज्य अमरीका के लिए आंकड़े प्राप्त करने के लिये जोड़ा जाता है, तो प्रत्येक नगर को "श्रमिक तथा लिपिक जनसंख्या के अनुपात में, जिसका सूचकांक में प्रतिनिधित्व है" भार दिया जाता है। जैसे ही नई जनगणना के आंकड़े प्राप्त होते हैं नगर भारों का समजन किया जाता है। जैसाकि पिछले अध्याय में बताया गया था, इस सूचकांक को श्रम समझौतों में चल-सोपान धाराओं के लिये प्रसंग के आधार के रूप में प्रायः प्रयुक्त किया जाता है।

संयुक्त राज्य अमरीका के श्रम सम्बंधी आँकड़ों के ब्यूरो का थोक पण्य कीमतों का सूचकांक —1957—1959 आधार पर इस सूचकांक को वार्षिक, मासिक, साप्ताहिक, तथा तुरन्त कीमतों के लिए, दैनिक आधार पर तैयार रखा जाता है। यह प्राथमिक मण्डियों में मिश्रित कीमत गतियों की सामान्य दर एवं दिशा को और अलग-अलग वस्तुओं और वस्तुओं के समूहों के लिये कीमत गतियों की विशिष्ट दरों एवं दिशाओं को मापता है। इस सूचकांक में प्रयुक्त अधिकतर दरें थोक विक्रेताओं की कीमतों की अपेक्षा उत्पादकों की कीमतें हैं। इस सूचकांक को गुण, मात्रा, विक्रय की शर्तों आदि में विवर्तनों के कारण उत्पन्न हुए परिवर्तनों को मापने के लिये नहीं अपितु कालावधियों में कीमत परिवर्तनों को मापने के लिये बनाया गया है।

इस सूचकांक में कच्चे माल से लेकर तैयार सामान तक लगभग 2,200 वस्तुएँ सम्मिलित हैं जिसमें 'संयुक्त राज्य अमरीका में प्राथमिक मण्डी स्तर पर प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप में सभी वस्तुओं के सभी विक्रयों (जिसमें आयात और निर्यात दोनों सम्मिलित हैं) को गिनती करना अभिप्रेत है।" "प्राथमिक मण्डी स्तर" प्रत्येक वस्तु के लिये प्रथम महत्त्वपूर्ण आदान-प्रदान का संकेत करता है।

सूचकाँक में सम्मिलित वस्तुओं को 15 मुख्य समूहों और 93 उपसमूहों में वर्गीकृत किया गया है। तत्पश्चात् प्रत्येक उपसमूह को उत्पादन श्रेणियों में बाँटा गया है जो "एक या अनेक सम्बन्धित उद्योगों द्वारा उत्पादित वस्तुओं के समूह हैं, और जिनका कीमत

गति, कच्चे माल, अथवा उत्पादन प्रक्रिया की समानता मे भी विशेषीकरण किया जाता है।" मुख्य समूह है

1 कृषि उत्पाद
2 ससाधित खाद्य
3 बुना हुआ सामान तथा वस्त्र
4 चमडा, खालें, तथा चर्म उत्पाद
5 ईंधन तथा सम्बद्ध-उत्पाद और
6 रासायनिक पदार्थ एव सह उत्पाद
7 रबड तथा रबड का सामान
8 काठ तथा लकडी का सामान
9. लुगदी, कागज, तथा सह उत्पाद
10 धातु तथा धातु उत्पाद
11 मशीनें तथा चालक उत्पाद
12 फर्नीचर तथा अन्य घरेलू चिरस्थायी वस्तुएँ
13. अधात्विक खनिज पदार्थ
14 तम्बाकू उत्पाद तथा बोतलो मे बन्द पेय
15 विविध उत्पाद

समूह 3 से 15 तक को "कृषि उत्पाद तथा ससाधित खाद्य को छोड कर सभी वस्तुएँ" अर्थात् औद्योगिक उत्पाद के एक और अधिक विस्तृत वर्ग मे जोडा गया है। परिणामतः, तीन प्रभाग (1) कृषि उत्पाद, (2) ससाधित खाद्य, तथा (3) कृषि उत्पाद एव ससाधित खाद्य को छोडकर सभी वस्तुएँ प्राप्य है।

2,200 वस्तुएँ यादृच्छिक प्रतिदर्श नही बनाती। वे प्राय प्रत्येक क्षेत्र मे सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है अथवा यदि विक्रय मात्रा के रूप मे महत्त्वपूर्ण नही, परतु कुछ स्थितियो मे "किसी उद्योग या व्यापार विशेषताओं के कारण कीमत गतियो का अच्छा प्रतिनिधित्व प्रस्तुत करती हुई दष्टिगोचर होती है।" वस्तुओं का वरण 'प्रत्येक उद्योग तथा उसके महत्त्वपूर्ण उत्पादों के ज्ञान' पर और सामान्यत "प्रत्येक क्षेत्र मे उच्च कोटि की व्यापार परिषदों और विनिर्माताओं से पूर्व विचार-विमर्श" पर आधारित था।

1958 की मात्राओं को प्राय, यद्यपि सदैव नहीं, भारो के रूप मे प्रयोग करने के साथ सूचकाक मूल रूप से भारित समाहत है। पृथक्-पृथक् वस्तुओं के बदलते हुए गुणो के लिये अवसर प्रदान करने की आवश्यकता को पूरा करने के वास्ते 'भौतिक मात्राओं द्वारा भारित निरपक्ष कीमतों को जोडने की अपेक्षा, मास प्रतिमास कीमत सापक्षों को आपस में जोडकर तथा इन्हे विक्रयो के मूल्य से भार करके' ब्यूरो वस्तु सूचकाकों का परिकलन करता है। यह प्रविधि एक वस्तु से दूसरी वस्तु के प्रतिस्थापन तथा भारो के तरीके मे परिवर्तन को भी सुगम कर देती है।

कृषकों द्वारा प्रदत्त एव प्राप्त कीमतों के सूचकाक, समता अनुपात—कृषि कीमतों को औद्योगिक कीमतों के साथ अधिकृत "समता" तक बढाने के प्रयत्नों मे सहायता करने के लिये, विधिवत् निर्धारित आधार 1910—1914 के साथ कृषि विपणन सेवा दो सूचकाकों

का परिकलन करती है। एक को 'कृषकों द्वारा दी गई कीमतों का सूचकांक" कहा जाता है और जब खेत बन्धक ऋण पर ब्याज, कृषि की वास्तविक सम्पत्ति पर कर, तथा मजदूरी पर रखे हुए मजदूरों को द्रव्य के रूप में दी गई मजदूरी सम्मिलित हो, तब उसे समता सूचकांक की पदसंज्ञा दी जाती है। दूसरे सूचकांक को "कृषकों द्वारा प्राप्त कीमतों का सूचकांक" कहा जाता है। किसी दिये गए समय के लिये समता सूचकांक के मुकाबले प्राप्त कीमतों के सूचकांक का अनुपात 'समता अनुपात" है।

किसानों द्वारा दी गई कीमतों के सूचकांक में लगभग 350 मदें सम्मिलित हैं। 18 उपसमूहों के लिये सूचकांक प्रतिमास प्रकाशित किये जाते हैं। इन उपसमूहों में से छः को परिवार निर्वाह के व्यय का सूचकांक बनाने के लिये जोड़ा जाता है, उनमें से नौ को कृषि उपज के उत्पादन के लिये व्यय का सूचकांक बनाने के लिये साथ-साथ लाया जाता है। इन दो प्रमुख सूचकांकों को कृषकों द्वारा दी गई कीमतों का सूचकांक बनाने के लिये प्रदत्त सूद, करों, तथा मजदूरी दरों के साथ मिलाया जाता है। जब अलग-अलग वस्तुओं की कीमतों को जोड़ रहे हों तो मात्रा भारों का प्रयोग किया जाता है। अधिकतर, प्रत्येक वस्तु के लिये व्यय को विशिष्ट वर्षों, जैसे कि 1937—1941, 1953—1957 तथा अन्यों, में उस वस्तु की औसत कीमत से भाग करके, भारों को व्ययों के सर्वेक्षण से प्राप्त किया गया था। जब उपसमूह तथा समूह मिश्रित सूचकांकों को जोड़ दिया जाता है तब कृषकों द्वारा उन्हीं वर्षों में व्यय की गई राशियों द्वारा प्रायः उन्हें भारित किया जाता है। सूचकांक केवल मात्र कीमत परिवर्तनों को ही नहीं मापता, क्योंकि यह व्यापारियों द्वारा साधारणतया भण्डार की गई वस्तुओं के गुण में परिवर्तनों द्वारा तथा, जैसे कृषक ऊँची या नीची आय स्तरों से समंजन करते हैं उनके द्वारा क्रय की गई वस्तुओं के गुण में परिवर्तनों द्वारा प्रभावित होता है।

प्राप्त की गई कीमतों का सूचकांक उन लगभग 60 वस्तुओं पर आधारित है जो सभी कृषि वस्तुओं, जिनमें फसल तथा पशुधन दोनों सम्मिलित हैं, परन्तु जिनमें इमारती लकड़ी तथा वन उत्पाद तथा कुछ अन्य लघु वर्ग सम्मिलित नहीं हैं, के क्रय विक्रय से प्राप्त कुल धन राशि का लगभग 95 प्रतिशत हैं। सूचकांक को बनाने में प्रयुक्त वे कीमतें हैं जो "प्रथम विक्रय के बिन्दु पर सभी स्तरों तथा गुणों की महत्वपूर्ण कृषि वस्तुओं, जिन्हें प्रायः स्थानीय मण्डी कहा जाता है, की कीमतें हैं। सूचकांक आवश्यक तौर पर एक भारित समाहृत है। पृथक् पृथक् वस्तुओं के लिये संयुक्त राज्य अमरीका की औसत कीमतों को उपसमूह सूचकांकों में जोड़ दिया जाता है, विशिष्ट वर्षों में कृषकों द्वारा विक्रय की गई मात्राएँ उनमें भार होती है जैसा कि ऊपर देखा गया। जब उपसमूह सूचकांकों को समूह तथा सर्व-वस्तु सूचकांक बनाने के लिये जोड़ा जाता है तो भार "वह प्रतिशत है जो विशेष वस्तु उपसमूहों के लिये क्रय विक्रय में प्राप्त नकद रकम उसी काल के योग के सम्बन्ध में है।" दी गई कीमतों के सूचकांक की तरह यह सूचकांक केवल कीमत परिवर्तनों को नहीं मापता, क्योंकि इसके अन्तर्गत विभिन्न वस्तुओं के सभी स्तरों तथा गुणों की औसत कीमतें आ जाती है।

प्रारम्भ में उल्लिखित "समता अनुपात" उस सीमा को मापने का काम करता है जिससे कृषकों द्वारा प्राप्त की गई कीमतें उन कीमतों की तुलना में जो वे उस समय देते हैं जबकि वे आधार काल, 1910—1914 में थे, कितनी ऊँची या नीची हैं। इस समता अनुपात को प्रथम 1933 के एग्रिकल्चरल एडजस्टमेन्ट एक्ट में रखा गया जिसने "किसान की कीमतों को उसी स्तर पर पुनर्स्थापित करने का कार्य किया जो उन वस्तुओं

के सम्बन्ध मे जो कि किसान क्रय करते है कृषिगत वस्तुओ के आधार वर्ष की जिसे 1910—1914 निश्चित किया गया था, 'कृषिगत वस्तुओ की क्रय शक्ति के बराबर क्रय शक्ति प्रदान करेगा।

सामान्य स्टाक कीमतें—न्यूयार्क स्टाक एक्सचेंज सामान्य स्टाक सूचकांक[3] म एक्सचेंज म सूचीबद्ध 1 250 से अधिक सामान्य स्टाक म से सभी की कीमत सम्मिलित हैं। आधुनिक परिकलन उपकरण का प्रयोग करके सूचकांक का प्रत्येक व्यापार दिवस के दौरान सकंड तक का हिसाब लगाया जाता है और इसे एक्सचेंज के टिकर पर प्रति घण्टा तथा आध घण्टा पर दर्शाया जाता है। यह प्रथम बार 14 जुलाई 1966 को प्रदर्शित किया गया था। प्रत्येक स्टाक कीमत को उस स्टाक के सूचीबद्ध शेयरों की सख्या से भारित किया जाता है। इस समाहृत सूचकांक मे 31 दिसम्बर 1965 के दिन मण्डी के बन्द होने को आधार के रूप मे प्रयोग किया गया है जिस समय इसको 50 00 पर रखा गया। यह सब सूचीबद्ध सामान्य स्टाक की डालरो मे उस समय प्रचलित प्रति शेयर लगभग औसत मूल्य है।

सूचकांक को सुगमता से NYSE सामान्य स्टाक सूचकांक कहा जाता है। इसका दैनिक बन्द होने के आधार पर पीछे 28 मई 1964 तक परिकलन किया गया है। यह अन्तिम तिथि थी जब सिक्योरिटीज तथा एक्सचेंज आयोग का साप्ताहिक सूचकांक दर्शाया गया। ऐतिहासिक सातत्य के लिए NYSE सामान्य स्टाक सूचकांक का सामान्य स्टाक कीमतो के SEC साप्ताहिक सूचकांक से सम्बध जोड दिया गया है ताकि NYSE सामान्य स्टाक सूचकांक को साप्ताहित आधार पर 7 जनवरी 1939 से 28 मई 1964 तक प्राप्त किया जा सक।

पूँजीकरण, नए सूची अन्तर्वेशो तथा सूची अपवर्जनों मे परिवर्तनो क लिए दैनिक समजन किए जाते है। किसी कम्पनी के शेयर खरीदने के अधिकारो (निगम के अलाभ होने के उपरान्त) उसी या नियन्त्रित कम्पनी के अन्य निगमों मे राशि लगाने के अधिकारो और सूचीबद्ध कम्पनियो के सम्बध म विलयो अथवा अर्जनो के लिए भी समजन किए जाते हैं। ये समजन आधार (31 दिसम्बर 1965) बाजार मूल्य को समुचित बढा या घटा कर सम्पन्न किए जात है उद्देश्य यह होना है कि सूचकांक के स्तर को उसी मूल्य पर बनाए रखा जाए जिस पर यह सूची परिवर्तन से पूर्व था। उदाहरणार्थ विचार कीजिए कि अधिकारों की वित्त व्यवस्था द्वारा सब सूचीबद्ध सामान्य स्टाक के बाजार मूल्य म 2 बिलियन डालर जोडे गए आधार मूल्य 600 बिलियन डालर था तथा अधिकारो की वित्त व्यवस्था से पूर्व बाजार मूल्य 660 बिलियन डालर था। अधिकारो की वित्त व्यवस्था से पूर्व सूचकांक था

(डालर 660 बिलियन ÷ डालर 600 बिलियन) × 50 00 = 55 00।

अधिकार वित्तव्यवस्था के उपरान्त बाजार मूल्य 662 बिलियन डालर था। समजित आधार बाजार मूल्य बनता है

$$\frac{\text{डालर 662 बिलियन}}{\text{डालर 660 बिलियन}} \times \text{डालर 600 बिलियन} = \text{डालर 601 82 बिलियन}$$

---

3 इस परिच्छेद की जानकारी न्यूयार्क स्टाक एक्सचेंज द्वारा निर्गमित पुस्तिका मैजर थ्रू दि मार्केट तथा एक्सचेंज के अनुसधान विभाग से, जिसने कृपा करके यहाँ दिए विवरण की पड़ताल की, ली गई थी।

तथा चालू सूचकांक है

$$\frac{\text{डालर } 662 \text{ बिलियन}}{\text{डालर } 601.82 \text{ बिलियन}} \times 50.00 = 55.00,$$

वही मूल्य जो अधिकार विनव्यवस्था से पूर्व था। स्टाक विभाजनों, प्रतिवर्ती विभाजनों, तथा स्टाक लाभांशों के कारण कीमतों के परिवर्तनों की, विभाजन या लाभांश अनुपातों के अनुसार प्रभावित निर्गमों के शेयरों की संख्या को केवल परिवर्तित करके क्षतिपूर्ति की जाती है।

सामान्य स्टाक सूचकांक के अतिरिक्त, एक्सचेंज द्वारा, प्रति घण्टा, एक वित्त सूचकांक, एक परिवहन सूचकांक, एक उपयोगिता सूचकांक, तथा एक औद्योगिक सूचकांक निर्गमित किए जाते हैं। 14 जुलाई 1966 को वित्त सूचकांक में 75 निर्गम थे, परिवहन सूचकांक में 76 निर्गम आते थे, उपयोगिता सूचकांक 136 निर्गमों का बना था, तथा औद्योगिक सूचकांक में लगभग 1,000 निर्गम आते थे। प्रत्येक सूचकांक में निर्गमों की संख्या समय-समय पर बदलती है परन्तु अधिक नहीं। वित्त सूचकांक में बन्द-सिरा निवेश कम्पनियों बचत एवं ऋण नियंत्रक कम्पनियों, जायदाद नियंत्रक एवं निवेश कम्पनियों के निर्गम तथा वाणिज्यिक एवं किश्त वित्त, बैंक, बीमा, तथा सम्बंधित क्षेत्रों के अन्य निर्गम आते हैं। परिवहन सूचकांक रेल मार्गों, हवाई मार्गों, नौ-परिवहन, मोटर परिवहन के प्रतिनिधि निर्गमों तथा परिवहन क्षेत्र में कार्य करने वाली, पट्टे पर देने वाली तथा नियंत्रक अन्य कम्पनियों के निर्गमों से बनता है। उपयोगिता सूचकांक का निर्माण गैस, विद्युत् शक्ति तथा संचार में कार्य करने वाली, नियंत्रक तथा संचारण कम्पनियों के निर्गमों से होता है। औद्योगिक सूचकांक तीन पूर्ववर्ती सूचकांकों में असम्मिलित NYSE सूचीबद्ध स्टाक से बनता है। ये निर्गम निर्माण विपणन एवं सेवा के अनेक क्षेत्रों में विस्तृत प्रकार के औद्योगिक निर्गमों का प्रतिनिधित्व करते हैं। चारों सूचकांकों का, दैनिक बन्द होने के आधार पर, पीछे 14 जुलाई 1966 से 31 दिसम्बर 1965 तक परिकलन किया गया है, जिस समय प्रत्येक को 50.00 पर रखा गया था।

भौतिक परिमाण तथा व्यापार क्रिया के सूचकांक

औद्योगिक उत्पादन का फैडरल रिजर्व सूचकांक—यह सूचकांक, जिसे फैडरल रिजर्व सिस्टम के बोर्ड आफ गवर्नर्स द्वारा प्रति मास प्रकाशित किया जाता है, 1957—1959 को आधार काल के रूप में प्रयुक्त करता है तथा विनिर्माण एवं खानों के उत्पादन के भौतिक परिमाण में परिवर्तनों को मापता है। उत्पादों तथा उद्योगों के लिये तथा बजट के ब्यूरो द्वारा विकसित मानक औद्योगिक वर्गीकरण पुस्तिका के पुष्टिकरण के साथ उद्योगों के समूहों के लिये सूचकांक बनाने के हेतु अलग अलग श्रेणियों को जोड़ दिया जाता है। समग्र सूचकांक, औद्योगिक उत्पादन, को विनिर्माणों, खानों, तथा उपयोगिताओं में बाँट दिया जाता है। इन तीनों को उपसमूहों में बाँट दिया जाता है जिनमें विनिर्माणों के दो मुख्य उपसमूह होते हैं चिरस्थायी विनिर्माण तथा अचिरस्थायी विनिर्माण।

वे उद्योग जो औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक के अन्तर्गत आ गए हैं राष्ट्रीय आय के एक-तिहाई से अधिक को व्यक्त करते हैं। अर्थव्यवस्था के महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में जिनको नहीं लिया गया वे हैं निर्माण, परिवहन, व्यापार, सेवाएँ, तथा कृषि।

सूचकांक का उद्देश्य भौतिक उत्पादन को मापना है परन्तु बहुत से उद्योग भौतिक उत्पादन के आँकड़ो को प्रदान नही करते, या नही कर सकते। परिणामत बोर्ड को कभी-कभी ऐसी, सम्बद्ध श्रेणियो को अवश्यमेव चुनना चाहिये जिनमे उत्पादन के साथ न्यूनाधिक निकटता से उतार-चढाव हो। इनसे काम करने के घण्टे, पोत लदान, तथा उपभोग किये गए पदार्थ आते है। कुछ उदाहरणो मे जब भौतिक उत्पादन के वार्षिक आँकड़े प्राप्त हो जाएँ तत्पश्चात् मासिक श्रेणी को जोडा जा सकता है। मूल आँकड़ो को प्रति कार्यदिवस के उत्पादन के रूप मे अभिव्यक्त किया जाता है।

पृथक्-पृथक् श्रेणी के लिये आकड़ो को जोडने की विधि के अन्तर्गत आते है (1) प्रत्येक श्रेणी को आधार काल 1957—1959 मे औसत मासिक उत्पादन की प्रतिशतताओं मे परिवर्तित करना, (2) सापेक्षों की प्रत्येक श्रेणी को, सभी श्रेणियो को प्रदत्त भार की प्रतिशतता के रूप मे अभिव्यक्त आधार वर्ष भार कारक से गुणा करना, तथा (3) पग (2) से उत्पन्न उत्पादनो को जोडना। प्रयुक्त भार 1957—1959 मे जुडे मूल्य पर आधारित हैं, जोडा गया मूल्य उत्पादो के मूल्य तथा उपभोग किये गये माल या सामान की लागत मे अन्तर है। कुछ उदाहरणो मे जोडे गये मूल्य के आँकड़े प्राप्य नहीं हैं, पर उनका अवश्यमेव आकलन कर लेना चाहिये। मुख्य उद्योग समूहो तथा अपेक्षाकृत बडे वर्गो (चिरस्थायी तथा अचिरस्थायी विनिर्माणो, विनिर्माणो, खनिज पदार्थों तथा उपयोगिताओ) के लिये सूचकांक ऋतुनिष्ठ समजित तथा असमजित आधार पर दिये जाते हैं।

भौतिक परिमाण तथा व्यापार क्रिया के अन्य सूचकांक—अनेक सगठन 'औद्योगिक क्रिया" आर्थिक क्रिया, तथा "व्यापार क्रिया" के सूचकाको को सकलित और प्रकाशित करते है। उनमे अमरीकन टेलीफोन एव तार कम्पनी, न्यूयार्क टाइम्स, पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय का व्यापार अनुसधान ब्यूरो, तथा रुगर्स राज्य विश्वविद्यालय का आर्थिक अनुसधान ब्यूरो है।[4]

गुणात्मक परिवर्तनो अथवा अन्तरो के सूचकांक

अध्याय 17 के प्रारम्भ मे यह देखा गया था कि मानवीय क्रिया के विभिन्न क्षेत्रो मे ऐतिहासिक, भौगोलिक, या वर्गानुसार तुलनाएँ करने के लिये सूचकाको का प्रयोग किया जा सकता है। क्योकि सूचकाको की विशाल मात्रा को कीमत विचरणो का वर्णन करना पडता है और अनेक अन्य सूचकांक उत्पादन म उतार-चढावो का वर्णन करते है अत विभिन्न क्षेत्रो म से कुछ पर, जिनम सूचकाक तकनीक का प्रयोग किया गया है ध्यान दिलाने के लिये पूर्वगामी अनुच्छेदो मे उदाहरणो का निदर्शन किया गया था। पाठक अन्य सामाजिक या शिक्षा-सम्बन्धी आँकड़ो पर, मनोविज्ञान पर, औषधि-विज्ञान पर, तथा अन्य क्षेत्रों पर जो अर्थशास्त्र तथा व्यापार की द्रव्य-सम्बन्धी तथा भौतिक-परिमाण धारणाओ से बहुत दूर है शीघ्रता से इसके अनुप्रयोग को समझ सकता है।

गुणात्मक मामलो के सम्बन्ध म सूचकाको के प्रयोग के लचीलेपन के उदाहरण के रूप म हम एक अन्वेषक का दृष्टान्त दे सकते हैं जिसने एक निश्चित समय पर निश्चित

4 उदाहरणार्थ, देखिए जो० आई, सी० बोशन, तथा आर० क्लियोर, ए मथली इन्डेक्स ऑफ मैनुफैक्चरिंग प्रोडक्शन इन न्यू जरसी, आर्थिक अनुसधान ब्यूरो, रुगर्स राज्य विश्वविद्यालय, 1963, 133 पृष्ठ। भार और ऋतुनिष्ठ तथा बहुत भिन्न प्रकार के सगठनो द्वारा प्रयुक्त उत्पत्ति समजनो के विवरण के लिए मूल अग्रेजी पुस्तक के द्वितीय सस्करण मे पृष्ठ 444—446 देखिए।

कसौटियो के अनुसार घरो के सम्बन्ध मे ओकलाहोमा की काउन्टियो की तुलना करने के लिए उनका प्रयोग किया । अत इन सूचकांको मे एक काल से अगले काल तक परिवर्तन नही परन्तु वस्तुत. भौगोलिक अन्तर आते थे ।

ओकलाहोमा की 77 काउन्टियो मे से प्रत्येक के लिये ग्रामीण फार्म आवास के चार विभिन्न सूचकांक बनाने के लिये सोलह आवास मापो का प्रयोग किया गया था । प्रत्येक सूचकांक ने प्रत्येक काउन्टी के लिये एक सूचकांक प्रदान किया । इनमे से एक मे, 16 मापो मे से प्रत्येक के सम्बन्ध मे काउन्टियो का केवल दर्जा बनाया गया; फिर दर्जो को जोड़ा गया और 16 से भाग किया गया । दूसरे सूचकांक मे, 16 श्रेणियो मे से प्रत्येक के लिये प्रत्येक काउन्टी को एक मापक्ष प्राप्त हुआ, सापेक्ष (1) श्रेणी मे काउन्टी मूल्य और (2) राज्य के लिये सगत आकड़ो के बीच अनुपात पर आधारित था । तीसरे सूचकांक मे मानक अंको (देखे पृष्ठ 204—205) का प्रयोग किया गया जब कि चौथे मे कारक विश्लेषण[5] का प्रयोग हुआ । अन्वेषक ने जिसकी प्रथमत इन चार विधियों की तुलना करने मे रुचि थी, निष्कर्ष निकाला कि उनसे समान रूप से सन्तोषजनक आवास के सूचकांक प्राप्त हुए ।

कालक्रमरहित सूचकांक, जो भौगोलिक अन्तरो या वर्गों के बीच अन्तरो को मापने का काय करते है प्राय दिखाई नही पडते और आजकल अपेक्षाकृत बहुत कम प्रयोग मे आते है । मानमिक रोगियों की राजकीय देखभाल की पर्याप्तता को मापने के लिये सूचकांको का प्रयोग करने के प्रयत्न किये गए है, और साथ-साथ राज्यो के बीच तथा दो भिन्न वर्षो के बीच तुलनाएँ की गई है, तथा धर्म प्रदेशो[6] के धार्मिक काम की तुलना करने, मिट्टियो के कृषि सम्बन्धी मूल्य के श्रेणी निर्धारण करने,[7] और परस्पर एक दूसरे के साथ राज्य पद्धतियो की तुलना करने, के प्रयत्न किये गए है ।

---

5 कारक-विश्लेषण इस पुस्तक के क्षेत्र से परे है ।

6 देखिए जे० ई० रौम द्वारा लिखित एन इडेक्स नम्बर फॉर अमेरिकन डायोसेसिस, शील्ड प्रैस, रेसिन विसकन्सिन, तथा नेशनल कैथोलिक वैल्फेयर, कान्फ्रेंस वाशिंगटन, डी० सी०, तिथि रहित पुस्तिका ।

7 देखिये आर० अर्ल स्टोरी द्वारा लिखित एन इंडेक्स फॉररेटिंग दि एग्रीकल्चरल वेल्यू ऑफ सायल्ज, कैलिफोर्निया कृषि प्रयोग केन्द्र, बर्कले, कैलिफोर्निया का बुलेटिन 556 ।

19

सहसंबन्ध I : द्वि-चर रेखिक सहसंबन्ध

विज्ञान के मुख्य उद्देश्यों में से एक सहकारक के मूल्यों के प्रसंग द्वारा एक कारक के मूल्य का आकलन करना है। "वैज्ञानिक विधि ..तथ्यों के विचारपूर्ण तथा परिश्रमपूर्ण वर्गीकरण, उनके सम्बन्धों तथा क्रमों की तुलना में, और अन्ततः अनुशासित विचार की सहायता द्वारा संक्षिप्त वक्तव्य या सूत्र की खोज में निहित है जो थोड़े शब्दों में तथ्यों के विस्तृत परिसर को बनाए रखती है। इस प्रकार के सूत्र को...वैज्ञानिक नियम की संज्ञा दी जाती है।"[1] जब सम्बन्ध की प्रकृति मात्रात्मक है, तो सम्बन्धों की खोज और माप करने के लिए तथा उसे संक्षिप्त सूत्र में व्यक्त करने के लिए समुचित सांख्यिकीय साधन को सहसम्बन्ध कहा जाता है।

एक सरल व्याख्या

हम में से कुछ को यह जान कर विस्मय हो सकता है कि तापमान में और झींगुरों के बोलने की बारंबारता में एक बहुत निकट सम्बन्ध है। उदाहरणार्थ यदि हम 15 सेकण्ड में झींगुर की चहचहाहट की संख्या की गिनती करें और उसमें 37 जोड़ दें, तो हम बड़ी निकटता से, उस समय के फारनहाइट तापमान का अनुमान लगा सकते हैं। अथवा, यदि हम फारनहाइट तापमान के अंशों को 3.78 से गुणा करें और परिणाम में से 137 घटा दें तो एक मिनट में झींगुर की चहचहाहट की प्रत्याशित संख्या का अनुमान लगा सकते हैं। जब तक तापमान 45° से नीचे नहीं हो जाता, यह सम्बन्ध विशिष्ट रूप से परिशुद्ध मिलेगा। जब मौसम 45° से अधिक ठंडा हो तो उस समय झींगुर नहीं बोलते। इसी प्रकार 75° से ऊपर के तापमान में भी सम्भवतः यह विशेष ठीक न बैठे क्योंकि उस तापमान से ऊपर प्रेक्षण नहीं किए गए हैं और इसलिए हम नहीं जानते कि उच्चतर तापमान पर भी यह सम्बन्ध रहता है या नहीं।

इन दो चरों—*तापमान तथा झींगुर की चहचहाहट—के बीच सम्बन्ध का प्रदर्शन* चार्ट 19.1 में किया गया है, जिसे प्रकीर्ण-आरेख के नाम से जाना जाता है। प्रत्येक बिन्दु एक झींगुर के प्रेक्षण को प्रस्तुत करता है। इस प्रकार A 59.0° तापमान पर प्रेक्षण एक झींगुर को प्रस्तुत करता है जो एक मिनट में 85 बार बोला। पाठक ध्यान दें कि तापमान X-अक्षांश पर आलेखित किया गया है और प्रति मिनट झींगुर की चहचहाहट को Y-अक्षांश पर। यह इसलिए किया गया है क्योंकि एक मिनट में झींगुर की चहचहाहट तापमान का प्रत्यक्ष परिणाम प्रतीत होती है। इस सम्बन्ध में यह भी सत्य है कि एक प्रदत्त

1. कार्ल पियर्सन, दि ग्रामर ऑफ साइंस, एडम एण्ड चार्ल्स ब्लैक, लन्दन, 1900, पृष्ठ 77।

तापमान पर हम झींगुर की चहचहाहट की अपेक्षित संख्या का आकलन करना चाहते हैं, अत तापमान एक स्वतन्त्र चर है और एक मिनट म झींगुर का बोलना आश्रित चर है।

चार्ट 19 1 तापमान तथा 115 झींगुरो की प्रति मिनट चहचहाहट।
आँकड़े मिस्टर वट ई० ह्यूम्स से प्राप्त हुए है।

यद्यपि हम तापमान का आकलन करना चाहते हैं तो भी X-प्रक्षाश पर कारणात्मक कारक का दिखाना सर्वोत्तम होगा। जब कारणात्मक सम्बन्ध स्पष्ट न हों, या जब किसी भी कारक को दूसरे का कारण न बताया जा सके, तब आकलित किए जाने वाले चर को Y-प्रक्षाश पर आलेखित करना चाहिए।

चार्ट 19 1 मे निर्णय करते हुए, हम यह देखते हैं कि दो चरो के बीच सम्बन्ध रैखिक है, क्योंकि सरल रेखा का उपयुक्त होना उतना ही अच्छा दिखाई देता है जितना कि एक अधिक क्लिष्ट वक्र का। इस रेखा[2] का समीकरण

$$Y_c = -137\ 22 + 3\ 777X$$

है। इस समीकरण से, चार्ट पर दिखाए गए प्रेक्षणों की सीमाओं के अन्तर्गत किसी वाछित तापमान पर चहचहाहट के अनुमान लगाए जा सकते हैं। इस प्रकार, यदि हम उस समय चहचहाहट की संख्या का आकलन करना चाहे, जब तापमान 59 0° (प्रेक्षण A) है तो हम समीकरणों मे X के लिए 59 0 का प्रतिस्थापन करके संख्या प्राप्त करते हैं। इस प्रकार

$$Y_c = -137\ 22 + (3\ 777)\ (59\ 0) = 86 \text{ चहचहाहट।}$$

2 लेखक ने इस समीकरण को वर्ट ई० होम्स के द्वारा दिए गए आँकडो मे आसजित कर दिया था।

कम परिशुद्धता से ही सही, आकलन चार्ट पर आलेखित आकलन रेखा से सीधे पढ़ा जा सकता है। यद्यपि आकलन (86) यथार्थतः प्रेक्षित 85 चहचहाहटों से पूर्णरूपेण नहीं मिलता, तथापि अन्तर अधिक नहीं है।

चार्ट 19.2 पूर्ण रेखिक सहसम्बन्ध को चित्रित करने वाला एक प्रकीर्ण आरेख। सहसम्बन्ध उस समय भी पूर्ण होगा यदि उस रेखा पर जिस पर कि बिन्दु पड़ते हैं, धनात्मक की अपेक्षा ऋणात्मक ढाल होता। एफ० ई० क्रॉक्सटन के *एलिमेन्टरी स्टैटिस्टिक्स विद ऐप्लिकेशन्स इन मेडिसिन एन्ड दि बायलाजिकल साइंसिस*, डावर प्रकाशन, इन्क, न्यूयार्क, 1959, पृष्ठ 112 से।

चार्ट 19.3 किसी सहसम्बन्ध को चित्रित न करने वाला प्रकीर्ण आरेख। बिन्दुओं की विभिन्न अन्य व्यवस्थाएँ सम्भव हैं जो किसी प्रकार का भी सहसम्बन्ध नहीं दिखाएँगी। चार्ट 19.2 के स्रोत से।

हम समीकरण $Y_c = -137.22 + 3.777X$ में वर्णित सामान्यीकरण के औचित्य से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकते। क्योंकि अधिकतर बिन्दु रेखा के बहुत निकट हैं, अतः यह प्रतीत होता है कि तापमान के प्रकरण द्वारा चहचहाहट की बारबारता का ठीक से वर्णन किया गया है। *आकलन रेखा से तनिक से विचरणों का वर्णन नहीं किया गया है* और वे पृथक्-पृथक् झींगुरों में अन्तर होने से, जिस वर्ष में या दिन के समय में प्रेक्षण किए गए उससे सम्बन्धित अन्तरों से, आर्द्रता से, और तापमान के प्रेक्षण की अशुद्धता से या चहचहाहट की संख्या से हो सकते हैं। साथ ही, जहाँ पर झींगुर बोल रहा है तथा जहाँ पर प्रेक्षक खड़ा है उन दोनों स्थानों के तापमान में भी अन्तर हो सकता है। यह उस अवस्था में हो सकता है जब झींगुर किसी पत्थर के नीचे हो। तापमान के अतिरिक्त, विचरण के अन्य कारणों की परीक्षा में तीन या अधिक चरों पर विचार करना निहित है, जिसके लिए एक प्रविधि पर अध्याय 21 में "अनेकधा सहसम्बन्ध" शीर्षक के अन्तर्गत विचार किया जाएगा।

यह बता कर कि *सहसम्बन्ध का गुणांक*, r, $+0.9919$ है, सम्बन्ध की निकटता का सामान्य शब्दों में वर्णन किया जा सकता है। क्योंकि ± 1.0 पूर्ण सहसम्बन्ध (देखें चार्ट

19 2) है और 0 कोई सहसम्बन्ध नही (देखें चार्ट 19.3) है, तो यह स्पष्ट हो जाना चाहिए कि + 0 9919 से ऊँचा गुणाक किसी को प्राय: कभी नहीं मिलता। धनात्मक चिह्न यह प्रदर्शित करता है कि सहसम्बन्ध धनात्मक है—अर्थात् जैसे-जैसे तापमान वढता है चहचहाहट भी बढती जाती है। यदि वढने हुए तापमान के साथ चहचहाहट की सख्या कम हुई होती तो सहसम्बन्ध ऋणात्मक या विपरीत हुआ होता; चिह्न r ऋणात्मक हुआ होता, जैसाकि आकलन समीकरण मे भी हुआ होता, b का चिह्न, और आकलन रेखा का ढाल दाएँ को नीचे की ओर हुआ होता।

तनिक निम्न सहसम्बन्ध (−0 11) का एक उदाहरण चार्ट 19.4 मे दिया गया है। इस अवस्था मे, मस्तिष्क भार का आकलन कपाल-दक्षता से लगाया गया है और विधान योग्यता का अकोके कुछ क्लिष्ट ढग से। परन्तु यदि हम यह पूर्वधारणा कर भी लें कि सभी माप परिशुद्ध है तो भी प्रमाण निश्चित रूप से यह सुझाव नही देता कि विधायको को केवल मस्तिष्क मापो के आधार पर ही चुना जाना चाहिए। सम्भवत. कुछ और भी कारण है जिन पर विधायक की योग्यता निर्भर करती है, जैसे बुद्धिमत्ता, शिक्षा, प्रेरणा, ईमानदारी, सामाजिक प्रबुद्धता, तथा अन्य गुण निस्संदेह महत्त्वपूर्ण हैं।

चार्ट 19 4 कांग्रेस के 89 सदस्यों की विधायी योग्यता मस्तिष्क भार तथा के आकलन। आंकडे कांग्रेशनल रिकार्ड, 12 अप्रैल, 1932 मे आर्थर मैकडानल द्वारा लिखित "ब्रेन वेट एन्ड लैजिस्लेटिव एबिलिटी इन कांग्रेस"

सहसम्बन्ध सिद्धान्त

सहसम्बन्ध के विषय मे माप के तीन प्रकारो पर विचार किया जा सकता है, जिन को निम्नलिखित क्रम से सुविधानुसार बनाया जा सकता है :

(1) आकलन, या समाश्रयण[3], समीकरण जो दो चरो के बीच फलनीय सम्बन्ध का वर्णन करता है। जैसा कि नाम सकेत करता है, इस समीकरण का एक उद्देश्य एक चर से दूसरे चर का आकलन करना है।

(2) आश्रित चर के लिए अनुमानित या परिकलित मूल्यों से वास्तविक मूल्यो के अपसरण का माप। यह माप मानक विचलन के समान है और निरपेक्ष रूप मे आकलनों की आश्रयता का विचार प्रदान करता है। इसे आकलन की मानक त्रुटि ($s_{1\ r}$) कहा जाता है।

(3) उन इकाइयों या मदों से स्वतन्त्र जिनमे कि मूलत. उनकी व्याख्या की गई थी, चरो के बीच सम्बन्ध के अश, या सहसम्बन्ध (r), का माप। इस माप का वर्ग (r^2) हमे आश्रित चर में, जिसकी व्याख्या आकलन समीकरण के द्वारा की गई है, विचरण की सापेक्ष मात्रा बताने के योग्य बनाता है।

आकलन समीकरण—जगल वालो को कई बार वृक्षो की ऊँचाई के विकास का उनके व्यास के विकास द्वारा अनुमान लगाना सुविधाजनक लगता है, क्योकि ऊँचाई के विकास के प्रत्यक्ष माप की अपेक्षा इस प्रविधि में कम समय लगता है। प्रकीर्ण आरेख, चार्ट 19 5, छाती भर ऊँचा व्यास-विकास और 20 वृक्षो की ऊँचाई मे विकास दर्शाता है जोकि आकलन रेखा के साथ दो चरो के बीच सम्बन्ध के स्वभाव की व्याख्या करता है। इस सरल रेखा को इस प्रकार जोड़ा गया है कि इसमे Y विचलनो के वर्गों का योग किसी अन्य सरल रेखा के वर्गों के योग से कम है। इस प्रकार जोडे गए वक्र को सांख्यिकीविदो द्वारा प्राय सर्वोत्तम माना गया है जिसके साथ एक चर के मूल्यो को मापा जाता है जबकि दूसरे चर के मूल्य ज्ञात हैं। इस प्रकार की रेखा का आसजन उपनति के आसजन के समान है, और इसमे निम्न सामान्य समीकरणो का प्रयोग आता है ·

$$\text{I.}\quad \Sigma Y = Na + b\Sigma X.$$

$$\text{II}\quad \Sigma XY = a\Sigma X + b\Sigma X^2$$

यह स्मरण कीजिए कि सामान्य समीकरणों का वर्णन अध्याय 12 मे किया गया था।

सारणी 19.1 मे मूल्य निर्धारण के लिये आवश्यक परिकलनो को दिखाया गया है जिसका अवश्यमेव प्रतिस्थापन किया जाना चाहिये। प्रतिस्थापन फल है :

$$\text{I}\quad 173 = 20a + 90.7b.$$

$$\text{II}\quad 856.0 = 90\ 7a + 453.93b.$$

---

3 जीव विज्ञानीय समाश्रयण (अर्थात् सामान्य प्रकार या औसत की ओर लौटने की प्रवृत्ति) का अध्ययन करने के लिए गाल्टन के द्वारा सहसम्बन्ध के प्रयोग के परिणामस्वरूप "समाश्रयण" शब्द का सांख्यिकी साहित्य में प्रवेश हुआ। अब जबकि सहसम्बन्ध विश्लेषण का प्रयोग बहुत प्रकार की समस्याओं मे होने लगा है, शब्द "आकलन" अधिक उचित दिखाई देता है।

चार्ट 19.5 20 वन वृक्षों का छाती की ऊँचाई का व्यास विकास और ऊँचाई विकास। *सारणी 19 1 के आंकड़े।*

समीकरण 1 म सभी मदो को 4 535 से गुणा करने पर और समीकरण I को समीकरण II में से घटाने से a को निरस्त किया जा सकता है। इस प्रकार

$$\begin{array}{rl} \text{II} & 856\,0 \quad = 90\,7a + 453\,93b \\ (\text{I} \times 4\,535) & \underline{784\,555 = 90\,7a + 411\,3245b} \\ & 71\,445 = \qquad\qquad 42\,6055b. \\ & b = 1.676896 \end{array}$$

a का मूल्य प्राप्त करने के लिये अब हम समीकरण I में b के मूल्य का प्रतिस्थापन कर सकते हैं।

$$\text{I} \quad 173 = 20a + 152\,094467.$$

$$a = 1\,045277.$$

समीकरण II में प्रतिस्थापन द्वारा a तथा b के मूल्यों का परीक्षण किया जाता है। जब कि यह सिद्ध नहीं होता कि परिकलन में कोई त्रुटि नहीं हुई है, तथा यदि दो प्रसामान्य समीकरणों में यथार्थ अंकों का प्रतिस्थापन किया गया है तब या तो कोई भी नहीं या प्रति सन्तुलनात्मक गलतियाँ हुई हैं। जबकि $a = 1\,045$ तथा $b = 1.677$, रेखा का समीकरण, जो हम इस विशेष वन में वृक्षों की ऊँचाई के विकास का आकलन करने के योग्य बनाता है जबकि उनका व्यास में विकास ज्ञात है, इस प्रकार वर्णित किया जा सकता है

$$Y_c = 1.045 + 1\,677X.$$

सारणी 19.1

20 वन-वृक्षो की ऊँचाई और व्यास मे विकास के लिए प्राकलन समीकरण के परिकलन मे प्रयुक्त मूल्यों का निर्धारण

व्यास विकास मे दर्जा (लघुतम से दीर्घतम)	छाती की ऊँचाई पर व्यास विकास इचो मे X	ऊँचाई विकास फुटो मे Y	XY	X^2	Y^2
1	2 3	7	16 1	5 29	49
2	2 5	8	20 0	6 25	64
3	2 6	4	10 4	6 76	16
4	3 1	4	12 4	9 61	16
5	3 4	6	20 4	11 56	36
6	3 7	6	22 2	13 69	36
7	3 9	12	46 8	15 21	144
8	4 0	8	32 0	16 00	64
9	4 1	5	20 5	16 81	25
10	4 1	7	28 7	16 81	49
11	4 2	8	33 6	17 64	64
12	4 4	7	30 8	19.36	49
13	4 7	9	42 3	22 09	81
14	5 1	10	51 0	26 01	100
15	5 5	13	71 5	30 25	169
16	5 8	7	40 6	33 64	49
17	6 2	11	68 2	38 44	121
18	6 9	11	75 9	47 61	121
19	6 9	16	110 4	47 61	256
20	7 3	14	102 2	53 29	196
जोड	90 7	173	856 0	453 93	1,705

आँकड़े डोनाल्ड ब्रूस तथा एफ० एक्स शूमेचर, फारेस्ट मेन्स्यूरेशन, प्रथम सस्करण, मैक ग्रा-हिल बुक कम्पनी, न्यूयार्क, 1935, पृष्ठ 124 से। प्रकाशक एव लेखको के सौजन्य से।

अब कल्पना करें कि हम एक वृक्ष की ऊँचाई के विकास का प्राक्कलन करना चाहते हैं जिसके व्यास मे 5 5 इच की वृद्धि हुई है। समीकरण म प्रतिस्थापन करने से हमारे पास है

$$Y_c = 1\ 045 + (1\ 677)(5\ 5),$$
$$= 10\ 268 \text{ फुट ।}$$

प्राक्कलनों की विश्वसनीयता—फिर भी हम यह आशा नही करनी चाहिये कि जिन वृक्षो के व्यास मे 5 5 इच की वृद्धि हुई है उन सबकी ऊँचाई मे भी ठीक 10 268 फुट की वृद्धि होगी क्योंकि प्रकीर्ण आरेख के सब बिन्दु प्रासजित रेखा के ऊपर नही होते। अपितु, 10 268 को सकेत किये गए व्यास विकास के सभी वृक्षों की औसत ऊँचाई-

विकास के आकलन के रूप में विचारना चाहिये। हमें इस मूल्य में उतने ही विचरण की आशा करनी चाहिये जितनी कि बारम्बारता बटन के अंकगणितीय माध्य में। अतः वास्तव में यह कल्पना करते हुए कि हम प्रतिनिधि प्रतिदर्श को ले रहे हैं यह खोज करना उचित है कि जिस त्रुटि की शृंखला में हम रुचि रखते हैं उसमें वृक्षों के कितने अनुपात के आने की आशा है।

ऐसा करने के लिए यह आवश्यक है कि हम उनके माध्य से नहीं अपितु आकलन की रेखा से, Y मूल्यों के मानक विचलनों का परिकलन करें। चार्ट 19 6 पर आकलन रेखा से किसी Y मूल्य तक का ऊर्ध्वाधर अन्तर प्रेक्षित Y मूल्यों और आकलित Y मूल्य के बीच अन्तर का प्रतिनिधित्व करता है। X मूल्य या व्यास वृद्धि में प्रत्येक माप के लिये आकलन समीकरण को हल करने से आकलित Y मूल्यों, Y_c, को प्राप्त किया जाता है। $Y-Y_c$ विचलन उस त्रुटि को प्रस्तुत करता है जो किसी एक विशेष उदाहरण में की गई होगी। उन विचलनों के सार माप को प्राप्त करने के लिये उनका वर्ग किया जा सकता है, उनको जोड़ा जा सकता है, N से भाग किया जा सकता है और वर्गमूल निकाला जा सकता है। यह आकलन की मानक त्रुटि है,[4] जिसके लिये $s_{Y.X}$ चिह्न है। इसके सूत्र को इस प्रकार लिखा जा सकता है

$$s_{Y.X}=\sqrt{\frac{\Sigma(Y-Y_c)^2}{N}}$$

इस उदाहरण में

$$s_{Y.X}=\sqrt{\frac{88.75}{20}}=\sqrt{4.438}=2.107 \text{ फुट}।$$

सारणी 19 2 के स्तम्भ 7 और 10 में गणना दिखायी गयी है। साधारणतया माप का अधिक शीघ्रगामी ढंग, जिसका वर्णन पृष्ठ 423 पर किया गया है, प्रयुक्त किया जाएगा। केवल माप के अर्थ की व्याख्या करने के लिये उपर्युक्त ढंग का प्रयोग किया जाता है।

इस माप की व्याख्या बारम्बारता बटन के मानक विचलन के बिल्कुल समान विधि से की जा सकती है। यह आकलन रेखा के ऊपर और नीचे के परिसर के उस आकलन को प्रदान करता है जिसमें मदों की 68 27 प्रतिशत के आने की आशा की जा सकती है, यदि प्रकीर्ण प्रसामान्य है। व्यवहार में हम प्रायः इस माप को उस परिसर के रूप में विचारते हैं जिसके भीतर लगभग $\frac{2}{3}$ मूल्य पाये जाएँगे। वर्तमान उदाहरण के लिये ($s_{Y.X}=2.107$), आरेख में प्रदर्शित तंग सीमा $\pm s_{Y.X}$ के भीतर चार्ट 1^ 6 की लगभग $\frac{2}{3}$ मदें पाई जाने की आशा कर सकते हैं, लगभग 95 प्रतिशत (आदर्श रूप से 95 45) व्यापक सीमा के भीतर जिसमें $\pm 2s_{Y.X}$ सम्मिलित है, और $\pm 3s_{Y.X}$ के भीतर व्यावहारिक रूप में सभी (सिद्धान्त रूप में, मदों की बड़ी संख्या के साथ, 99.73 प्रतिशत केस)। बिन्दुओं की गिनती से पता चलता है कि आकलन की रेखा के $\pm s_{Y.X}$ के भीतर 20 में से

---

4 यद्यपि इस माप को "आकलन की मानक त्रुटि" कहा जाता है तथापि यह अध्याय 24 तथा 25 में प्रयुक्त अर्थ में मानक त्रुटि नहीं है। आकलन समीकरण $Y_c=a+bX$ के गिर्द Y मूल्यों का मानक विचलन $s_{Y.X}$ है।

13 मदें (65 प्रतिशत) प्राप्त होती हैं, रेखा के $\pm 2s_{Y X}$ के भीतर 19 मदें (95 प्रतिशत) दृष्टिगोचर होती है, और $\pm 3s_{Y X}$ के भीतर सभी 20 मदें सम्मिलित हैं। थोडा सा अन्तर इस कारण से हो सकता है कि प्रतिदर्श छोटा था और प्रकीर्ण आकलन समीकरण के चारो ओर प्रसामान्य रूप से वितरित नही था।

चार्ट 19 6. 20 वन वृक्षों के व्यास विकास तथा ऊँचाई विकास के लिये आकलन की ± 1, ± 2 तथा ± 3 मानक त्रुटियो के आकलन समीकरण एव क्षेत्रों । सारणी 19 2 के आंकडे ।

यद्यपि आकलन की मानक त्रुटि आकलन समीकरण के गिर्द सभी Y मूल्यों के प्रसार का माप है और इसलिये प्रसार का सामान्य या पूर्ण माप है, तथापि विशिष्ट आकलनो की विश्वसनीयता का सकेत करने के लिये प्राय इसका प्रयोग किया जाता है। यह माप किया गया था कि 5 5 इन्च व्यास विकास वाले वृक्षो का औसत ऊँचाई विकास 10 268 फुट होना चाहिये। हम अब अपने कथन का विस्तार यह कहकर कर सकते हैं कि यदि *हमारा प्रतिदर्श प्रतिनिधि है तो इस प्रकार के लगभग $\frac{2}{3}$ वृक्षो के ऊँचाई विकास मे 8 16 फुट* और 12 38 फुट के बीच अन्तर (10 268 ± 2 107) होना चाहिए, अथवा, कुछ अधिक विस्तृत परिसर का विचार करने पर 100 मे से लगभग 95, 6 05 फुट और 14 48 फुट के बीच मे होने चाहिएँ। किसी अन्य परिसर के भीतर आने वाले अनुपात को भी [E] परिशिष्ट ङ के सकेत से तुरन्त परिकलित किया जा सकता है।

त्रुटि के परिसर से सम्बन्धित ये कथन, निश्चितता से नही अपितु केवल आशा से सम्बद्ध हैं। हमने केवल 20 मदो का प्रयोग किया है और यद्यपि प्रतिदर्श सतर्कता से भी क्यो न चुना हो, 20 का अन्य प्रतिदर्श हमे ठीक वही परिणाम प्रदान नही करेगा जैसे कि हमने ऊपर प्राप्त किये थे। सम्भवत हम अनिश्चितता को और कम कर सकते हैं, अपने प्रतिदर्श का केवल आकार बढा कर ही नही, अपितु व्यास विकास के अतिरिक्त किसी अन्य कारक के *साथ ऊँचाई विकास मे परिवर्तनो की तुलना द्वारा भी, उदाहरणार्थ—आयु, क्योंकि जैसे वृक्ष* पुराने होते चले जाते है, वैसे-वैसे उनके विकास की दर बदल सकती है। साथ ही मिट्टी मे

सारणी 19 2

20 वन वृक्षो के ऊँचाई विकास के लिये, जैसा कि उनके व्यास विकास द्वारा आकलित किया गया, कुल विचरण, व्याख्यायित विचरण और अव्याख्यात विचरण का परिकलन

व्यास विकास मे दर्जा (निम्नतम से उच्चतम तक)	छाती भर ऊचाई पर व्यास विकास इचो मे	ऊँचाई विकास फुटो म		विचरण			वर्गित विचरण		
	X	Y	Y_c	$y = Y - \bar{Y}$	$y_c = Y_c - \bar{Y}$	$y_s = Y - Y_c$	$y^2 = (Y - \bar{Y})^2$	$y_c^2 = (Y_c - \bar{Y})$	$y_s^2 = (Y - Y_c)^2$
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
1	2 3	7	4 902	−1 65	− 3 748	2 098	2 7225	14 0475	4.4016
2	2 5	8	5 238	−0 65	−3.412	2 762	0 4225	11 6417	7 6286
3	2.6	4	5 405	−4 65	−3 245	− 1 405	21 6225	10 5300	1.9740
4	3 1	4	6 244	−4 65	−2 406	− 2.244	21 6225	5 7888	5 0355
5	3.4	6	6.747	−2 65	−1 903	−0 747	7 0225	3.6214	0 5580
6	3 7	6	7.250	−2 65	−1 400	−1 250	7 0225	1 9600	1 5625
7	3 9	12	7.585	3 35	−1 065	4 415	11 2225	1.1342	19 492.
8	4.0	8	7.753	−0 65	−0 897	0 247	0 4225	0 8046	0.0610
9	4 1	5	7 921	−3 65	−0.729	−2 921	13 3225	0 5314	8.5322
10	4.1	7	7.921	−1.65	−0 729	− 0.921	2 7225	0.5314	0.8482
11	4.2	8	8.088	−0 65	− 0 562	− 0 081	0 4225	0 3147	0 0077
12	4 4	7	8.424	−1 65	−0 226	− 1 424	2 7225	0 0511	2 0278
13	4 7	9	8.927	0 35	0 277	0 073	0 1225	0 0767	0 0053
14	5.1	10	9.598	1.35	0 948	0 442	1.8225	0 8987	0.1616
15	5 5	13	10 268	4.35	1 618	2.732	18.9225	2 6179	7.4638
16	5 8	7	10 772	−1 65	2 122	− 3.772	2 7225	4 5029	14 2280
17	6 2	11	11.442	2 35	2 792	− 0 442	5.5225	7.7953	0.1954
18	6 9	11	12 616	2.35	3 966	− 1.616	5 5225	15.7292	2.6115
19	6.9	16	12 616	7 35	3 966	3 384	54 0225	15 7292	11.4515
20	7.3	14	13.287	5 35	4 637	0 713	28 6225	21.5018	0.5084
योग..	90 7	173	173 004	0	0 004	−0 004	208 5500	119 8085	88.7548

पौधे के भोजन का गुण और मात्रा और वृक्षों की भीड़ के अंश का विचार किया जा सकता है। यदि व्यास विकास के अतिरिक्त कई अन्य साधनों पर भी विचार किया जाता (यह अध्याय 21 में वर्णित अनेकधा सहसम्बन्ध है) तब भी कुछ अवर्णित विचरण होते और इसलिए तब भी कुछ अनिश्चितता होती।

सहसम्बन्ध गुणांक और व्याख्यात घटबढ़—आकलन समीकरण और आकलन की मानक त्रुटि से निकट से सम्बन्धित दूसरा माप है सहसम्बन्ध r का गुणांक। आकलन समीकरण $Y_e = a + bX$ एक इस प्रकार का कथन है जिसमें आश्रित चर स्वतन्त्र चर में विचरणों के साथ साथ बदलता है। $s_{Y \cdot X}$ आश्रित चर में प्रसार की मात्रा का संकेतक है जिसकी हम अपनी आकलन रेखा के द्वारा गणना करने में असफल रहे हैं परन्तु व्यास विकास तथा ऊँचाई विकास फुटों में, के आँकड़ों की अवस्था में इसे मूल आँकड़ों के रूप में वर्णित किया गया है। जब दो चरों के बीच सम्बन्ध के अंश का वर्णन कर रहे हों तो उन संक्षिप्त संख्यात्मक पदों का प्रयोग करने के योग्य होना सुविधाजनक है जो मूल आँकड़ों की इकाइयों से स्वतन्त्र हैं और यद्यपि हम आकलन की रेखा के समीकरण या $s_{Y \cdot X}$ में से किसी एक को भी नहीं जानते तो भी दो श्रेणियों के बीच सम्बन्ध के अंश का वर्णन करना सुविधाजनक है। निश्चितता के लिए जानकारी को इस प्रकार से दबाने से कुछ हानि होती है क्योंकि यह एक चर से दूसरे के मूल्य का आकलन करने के योग्य नहीं बनाती अथवा निरपेक्ष विस्तार में किसी भी आकलन की परिशुद्धता के अंश के बारे में जिसे हम कर रहे हैं, नहीं बताती। परन्तु कुछ लाभ भी होता है क्योंकि विभिन्न सहसम्बन्धों को विषय सामग्री से स्वतन्त्र एक गुणांक की किसी अन्य गुणांक से तुलना की जा सकती है। जैसा कि वर्णन किया जा चुका है, सहसम्बन्ध का गुणांक एक ऐसी संख्या है जो कि शून्य में से होकर $+1$ से -1 तक बदलती है। यह चिह्न संकेत करता है कि सम्बन्ध की रेखा का ढाल धनात्मक है या ऋणात्मक, जबकि गुणांक की मात्रा सम्बन्ध के अंश की द्योतक है। जब चरों के मध्य बिल्कुल कोई सम्बन्ध नहीं होता तो r शून्य होता है।

निम्नलिखित ढंग से सहसम्बन्ध के गुणांक के अर्थ की स्पष्ट जानकारी दी जाती है। चरता का एक माप जिसे विचरण या कुल विचरण कहा जाता है Y मूल्यों के उनके माध्य से विचलनों के वर्गों का योग है, $\Sigma(Y - \overline{Y})^2$। इस कुल विचरण को दो भागों में बाँटा जा सकता है (1) वह जिसका वर्णन हमारी सम्बन्ध की रेखा द्वारा किया जा चुका है तथा (2) वह जिसका वर्णन करने में हम असफल रहे हैं। हमारे बटन के वृक्षों के ऊँचाई विकास में कुल विचरण 208 55 है, जैसा कि सारणी 19 2 के स्तम्भ 8 की गणनाओं में दिखाया गया है। विचरण की मात्रा जिसका वर्णन हमने अपनी सम्बन्ध रेखा द्वारा किया है, आकलित Y मूल्यों का उनके माध्य से विचलनों के वर्गों का जोड़ है (आश्रित मूल Y मूल्यों का माध्य भी है, जैसा कि सारणी 19 2 के स्तम्भ 3 और 4 के योगों को N के द्वारा भाग करने से देखा जा सकता है), अर्थात $\Sigma(Y_e - \overline{Y})^2$। व्याख्यात विचरण को सारणी 19 2 के स्तम्भ 9 में 119 81 दिखाया गया है। अव्याख्यात विचरण, Y मूल्यों के, उनके आकलित मूल्यों से विचलनों के वर्गों का जोड़ है, $\Sigma(Y - Y_e)^2$। सारणी 19 2 के स्तम्भ 10 में अव्याख्यात विचरण को 88 75 दिखाया गया है।

आओ हम अपनी खोज का सार बनायें

विचरण	संकेत चिह्न तथा सूत्र	विचरण की मात्रा*	कुल विचरण का प्रतिशत
अव्याख्यात	$\Sigma_{y \cdot x}^2 = \Sigma(Y - Y_e)^2$	88 75	42 6
व्याख्यात	$\Sigma_{y_e}^2 = \Sigma(Y_e - \overline{Y})^2$	119 81	57 4
योग	$\Sigma_y^2 = \Sigma(Y - \overline{Y})^2$	208 55	100 0

* सारणी 19 2 में पूर्णांकन के कारण दो अवयव योग में कुछ बढ़ जाते हैं। बाद में यह देखा जाएगा कि $\Sigma_{y \cdot x}^2 = 88\ 74$

5 देखें परिशिष्ट घ, परिच्छेद 19 1, समीकरण 2।

क कुल विचलन

ख व्याख्यात विचलन

ग अव्याख्यात विचलन

यह स्पष्ट है कि हमने आश्रित चर मे 57 4 प्रतिशत विचरण की व्याख्या कर ली है। एक के अनुपात के रूप मे अभिव्यक्त, 0 574, *निर्धारण का गुणाक* r^2 है। सहसम्बन्ध का गुणाक r, निर्धारण के गुणाक का वर्गमूल है और इसका मूल्य $+0\ 758$ है (चिह्न वही है जो b का है) और इसे आश्रित चर मे कुल विचरण के अनुपात के वर्गमूल के रूप म सोचा जा सकता है जिसकी व्याख्या आकलन समीकरण के प्रयोग द्वारा की जा चुकी है। जब तक कि $r^2 = 0$ या 1 0 नही है, जबकि $r = r^2$, तब तक r, r^2 से अवश्य बडा होगा, निर्धारण के गुणाक और सहसम्बन्ध के गुणाक की व्याख्या करने की उपर्युक्त विधि का एक प्रमुख लाभ यह है कि धारणा अरेखिक तथा अनेकधा गुणाको का वर्णन करने का भी काम देगी, जिनका वर्णन अध्याय 20 और 21 मे किया गया है।

कुछ पाठको के लिए यह सहायक हो सकता है कि वे सारणी 19 2 की जानकारी की सजीव कल्पना करने के योग्य हो। चार्ट 19 7 ऊँचाई और व्यास विकास के आँकडो के सम्बन्ध मे प्रदर्शित करता है

क वास्तविक Y मूल्यो के उनके माध्य से विचलन।

ख परिकलित Y मूल्यो के अपने माध्य से विचलन। (पुन: देखिए कि $\bar{Y}_e = \bar{Y}$।)

चार्ट 19 7 जैसा कि उनके व्यास विकास से व्याख्यात है, 20 वन वृक्षो के ऊँचाई विकास के लिए कुल विचलन, व्याख्यात विचलन, और अव्याख्यात विचलन। सारणी 19 2 के आँकडे।

(ग) वास्तविक Y मूल्यों के परिकलित Y मूल्यों से विचलन।

विचरण के जिस अनुपात की व्याख्या की गई है, वह 0 574 था। जिस अनुपात की व्याख्या करने मे हम असफल रहे हैं, वह 0 426 था। यह k^2 है जो अनिधारण[6] का गुणाक है। ध्यान द कि सभी परिस्थितियो मे $r^2+k^2=1\ 0$। यह भी ध्यान दें कि r^2 के लिए अधिकतम सम्भव मूल्य 1 0 है (जब r भी 1 0 है), यह तभी होगा जबकि प्रकीर्ण आरेख के सभी बिन्दु आकलन रेखा पर हों, जैसा कि चार्ट 19 2 म था। यदि किसी विचरण की व्याख्या न की जाए तो r^2 (और r) शून्य होगा क्योकि आकलन समीकरण Y से मिल जाएगा।

जैसा कि सारणी 19 2 या खोजा के सार मे देखा जा सकता है कुल विचरण व्याख्यात विचरण तथा अव्याख्यात विचरण के जोड के बराबर है[7]

$$\Sigma y^2=\Sigma y_c^2+\Sigma y_s^2,$$

$$208\ 55=119\ 81+88\ 75$$

समीकरण को इस प्रकार भी लिखा जा सकता है

$$\Sigma y_c^2=\Sigma y^2-\Sigma y_s^2$$

जैसा कि पूव अनुच्छेदा मे परिकलित किया गया,

$$r^2=\frac{\Sigma y_c^2}{\Sigma y^2},$$

किन्तु हम इस प्रकार भी लिख सकते है[8]

$$r^2=\frac{\Sigma y^2-\Sigma y_s^2}{\Sigma y^2}=1-\frac{\Sigma y_s^2}{\Sigma y^2}$$

$$=1-\frac{88\ 75}{208\ 55}=1-0\ 426=0\ 574$$

वही मूल्य है जो पहले प्राप्त किया गया।

पृष्ठ 418 पर यह प्रासगिक वणन किया गया था कि r का चिह्न वही है जो कि आकलन समीकरण म b का चिह्न है। जब तक कि सहसम्बन्ध बहुत नीचा न हो तब r के चिह्न का निर्धारण प्रकीर्ण आरेख के निरीक्षण से भी किया जा सकता है। वे विधियाँ जिनका वणन पहले r^2 या r के मूल्य का निर्धारण करने के लिए किया गया था गुणाका का अर्थ[9] समझाने के लिए प्रस्तुत की गयी थी। वे इतनी अधिक परिश्रम

---

6 जबकि $r^2+k^2=1\ 0$, $r+k>\pm 1\ 0$ जब तक कि $r=\pm 1\ 0$ या 0 न हो। k को अन्य सक्रामण का गुणाक कहा जाता है।

7 बीजगणितीय प्रमाण के लिए देख परिशिष्ट ग, परिच्छेद 19 1, समीकरण 7।

8 वगमूल लेने स सहसम्बन्ध गुणाक प्राप्त होता है

$$r=\sqrt{1-\frac{\Sigma y_s^2}{\Sigma y^2}}=\sqrt{1-\frac{\Sigma y_s^2-N}{\Sigma y^2-N}}=\sqrt{1-\frac{s^2_{y\ x}}{s^2_y}}$$

इस अन्तिम व्यजक का ओर इस अध्याय म बाद म सकेत किया जाएगा।

9 सहसम्बन्ध गुणाक का वणन इस ढग से भी किया जा सकता है यदि दो चरो X और Y को ऐसा सोचा जाए कि व किसी मद में विद्यमान होने की बराबर सम्भावना वाले तत्त्वा स मिलकर बन हैं (जिनमें से कुछ X और Y म समान हैं, परन्तु जिनमे स कुछ एक म है और दूसरे में नहीं), तो समस्त

माध्य हैं कि उनको दिन प्रतिदिन के परिकलना के प्रयोग म नही लाया जा सकता। गणना के उद्देश्यो क लिए अधिक उपयोगी दूसरे सूत्रा का वर्णन इस अध्याय म आगे किया जायेगा।

उत्पाद घूर्ण सूत्र—अनक विभिन्न दृष्टिकोणा से सहसम्बन्ध के गुणाक पर पहुँचा जा सकता है। जैसा कि पहले देख चुके हैं, पहल दिया गया विवरण विशेष रूप से ज्ञानवर्द्धक है क्योकि आवश्यक रूप से उसी विचार का प्रयोग वक्र-रेखीय तथा अनेकधा सहसम्बन्ध म किया जा सकता है। परन्तु निम्न वर्णन सरल भी है और कुछ उद्देश्यो के लिए अत्यन्त उपयोगी भी।

आकलन समीकरण म, b हम उस प्रमामान्य मात्रा के विषय मे बताता है जिसमे आश्रित चर स्वतन्त्र चर म एक इकाई के परिवर्तन क साथ बदलता है। यह आकलन समीकरण पर किसी बिन्दु का $\frac{y}{x}$ अनुपात या ढाल है, जबकि y और x को श्रेणी के माध्य से विचलनो क रूप मे परिभाषित किया है ताकि आकलन समीकरण $y_c = bx$, बन जाता है और b का $\frac{\Sigma xy}{\Sigma x^2}$ के मूल्य की खोज[10] के द्वारा प्राप्त किया जाता है। यद्यपि आकलन के उद्देश्यो के लिये यह स्थिर b आवश्यक है, तो भी यह हम चरो के मध्य सम्बन्ध की मात्रा को नही बता सकता क्योकि वे प्रत्यक्ष रूप से एक दूसरे से तुलना योग्य नही हैं। X श्रेणी और Y श्रेणी का समान प्रसार नही है, और वे भिन्न भौतिक इकाइयो म भी हो सकती हैं। तथापि अनुपात $\frac{y}{x}$ की मदो मे तुलनात्मकता को, अंश को s_Y से तथा हर को s_X से विभक्त करके या सारे व्यजक को $\frac{s_Y}{s_X}$ से विभक्त करके प्राप्त किया जा सकता है। इस प्रकार निम्नलिखित ढग से b को r म बदल दिया जाता है[11]

$$r = \frac{\Sigma xy}{\Sigma x^2} \div \frac{s_Y}{s_X} = \frac{\Sigma xy}{\Sigma x^2} \cdot \frac{s_X}{s_Y} = \frac{(\Sigma xy)(s_X)}{Ns_X^2 s_Y} = \frac{\Sigma xy}{Ns_X s_Y} = \frac{\Sigma xy}{\sqrt{\Sigma x^2 \Sigma y^2}}$$

जनसख्या क निर्धारण का गुणाक समान तत्त्वो क दो अनुपातो का गुणनफल है, और सहसम्बन्ध का गुणाक उनका ज्यामितीय माध्य है। आओ हम 5 मडलक (तत्त्व) लें, जिनके एक तरफ निम्नलिखित अकित हैं (दूसरी तरफ कोरी है)

यदि हम 5 मडलको को आकाश म फेंकें, जब वे गिरते हैं तो 0 से 4 तक X की कोई भी सख्या दृष्टि गोचर हो सकती है तथा Y की 0 से 3 तक। जब भी X प्रस्तुत होता है तो उसी मडलक पर Y के प्रस्तुत होने के अवसर 4 मे से 2 हैं, इसी प्रकार जब Y दृष्टिगोचर होता है तो उसी मडलक पर X के प्रस्तुत होने के 3 म से 2 अवसर हैं। यदि हम इन मडलको को आकाश मे कई बार फेंकें, और X तथा Y की प्रत्येक बार गणना कर तो फेंकने से प्रकट होने वाली X की सख्या मे और Y की सख्या मे सहसम्बन्ध होगा। r^2 का अत्यधिक सम्भव मूल्य है $\frac{2}{4} \times \frac{2}{3} = 0.333$, जबकि r का अत्यधिक सभव मूल्य $\sqrt{\frac{2}{4} \times \frac{2}{3}} = +0.58$ है। फेंकन का जितनी अधिक सख्या होगी उतनी ही अधिक r की इस मूल्य तक पहुँचने की प्रवृत्ति होगी।

10 देख परिशिष्ट ध, परिच्छेद 19.2।

11 उसी परिणाम को प्राप्त करने का दूसरा ढग है कि r को b की विशिष्ट अवस्था के रूप मे समझो, अर्थात् जब मौलिक आँकडो को, उनके अपने मानक विचलनो का इकाइयो मे अभिव्यक्त करके,

अंतिम दो रूपो म से किसी एक में अनुपात को सहसम्ब ध के गुणाक का गुणनफल घूर्ण रूप कहा जाता है। इस प्रकार यह देखा जा सकता है कि जब अश और हर दोनों मानक विचलन इकाइयो मे हो तो r आकलन समीकरण का केवल ढाल मात्र है।

अब क्योंकि

$$r = b - \frac{s_X}{s_Y}$$

$$b = r\frac{s_Y}{s_X}$$

और

$$y = r\frac{s_Y}{s_X}x$$

इस रूप मे आकलन समीकरण का प्रयोग इस अध्याय मे बाद म किया जाएगा।[12]

परिकलन की व्यावहारिक विधियाँ

सहसम्बन्ध के सिद्धान्त का जितना सम्भव है उतना सक्षेप से वर्णन करने के लिये पूर्व व्याख्या म युग्मित मदो की सीमित सख्या ली गई थी। तथापि अधिकतर व्याव

तुलनायोग्य बना दिया गया है। इस प्रकार

$$\frac{\Sigma xy}{\Sigma x} \text{ हो जाता है } \frac{\Sigma\left(\frac{x}{s_X}\right)\left(\frac{y}{s_Y}\right)}{\Sigma\left(\frac{x}{s_X}\right)} = \frac{\Sigma xy}{s_X s_Y}\,\frac{s^2_x}{\Sigma x} = \frac{\Sigma xy}{s_X s_Y}\,\frac{s_X}{Vs^2_X} = \frac{\Sigma xy}{N_s x s_Y}$$

सूत्र का प्राय $r = \frac{1}{N}\Sigma\left(\frac{x}{s_X}\,\frac{y}{s_Y}\right)$ के रूप मे वणन किया जाता है। विशेषण *गुणनफलघूर्ण* का कारण उस समय स्पष्ट हो जाता है जब यह अनुभव कर लिया जाता है कि शब्द घूर्ण माध्य से विचलनों की कुछ शक्ति की औसत का सकेत करता है। इस प्रकार r चरो के गुणनफल का प्रथम घूर्ण है जबकि प्रत्येक का वणन उसके अपने मानक विचलन के सम्बन्ध मे पहले किया जा चुका है। इस प्रमाण के लिये कि

$$\frac{\Sigma y^2_c}{\Sigma y^2} = \frac{(\Sigma xy)}{\Sigma x\,\Sigma y}$$

देख परिशिष्ट ब परिच्छेद 19 3।

12 आकलन समीकरण $X_c = a + bY$ जोकि वर्णित क्षैतिज विचलनों को कम से कम करता है का कोई पूर्व उल्लेख नहीं किया गया है। इस समीकरण के लिए प्रसामान्य समीकरण हैं

$$\text{I} \quad \Sigma X = Na + b\,\Sigma y,$$
$$\text{II} \quad \Sigma XY = a\,\Sigma Y + b\,\Sigma Y^2$$

इस रूप म $x_c = by$ $b = \frac{\Sigma xy}{\Sigma y^2}$ तथा $x_c = r\,\frac{s_X}{s_Y}y$

इस पुस्तक के रखिक सहसम्बन्ध का वणन करने वाले भागो म आकलन समीकरण $Y_c = a + bX$ से सम्बन्धित समस्याओ पर हम पूर्ण ध्यान देंगे। कुछ ऐसी स्थितियाँ है जिनमे आकलन समीकरण $X_c = a + bY$ उचित है और अन्य कुछ ऐसी स्थितियाँ हैं जिनमे इनमे से किसी से भी भिन्न आकलन समीकरणो की आवश्यकता रहती है

हारिक समस्याओ मे हमारे पास मदो के युग्मो की बडी सख्या होती है । अत: व्यवहार मे समय की बचत के लिय पूर्व विधियो मे मामूली सा सुधार करना उचित है ।

सहसम्बन्ध समस्या मे प्रारम्भिक पग के रूप मे एक प्रकीर्ण आरेख अवश्यमेव खीचा जाना चाहिये। यदि सम्बन्ध के अश का केवल सन्निकट विचार चाहिये तो प्रकीर्ण आरेख का निरीक्षण सन्तोषजनक परिणाम उपस्थित करता है। सहसम्बन्ध करने मे थोडे से अनुभव के पश्चात्, निरीक्षण द्वारा, प्रकीर्ण आरेख से, साख्यिकी-शास्त्री r के आश्चर्यजनक निकट आकलन करने के योग्य हो सकता है, और ये r के परिकलनो मे भारी त्रुटियो को खोजने के लिये उसकी पर्याप्त सहायता कर सकते हैं। प्रकीर्ण आरेख का प्रयोग अधिकतर अन्वेषणात्मक उद्देश्यो के लिए किया जा सकता है और समय-समय पर सहसम्बन्ध के गुणाक का निर्धारण करने की आवश्यकता को समाप्त करने के लिए इससे पर्याप्त जानकारी प्राप्त हो सकती है

हम पहले ही देख चुके हैं कि

$$b = \frac{\Sigma xy}{\Sigma x^2}.$$

क्योंकि प्रथम प्रसामान्य समीकरण है

$$\Sigma Y = Na + b\Sigma X,$$

$$\frac{\Sigma Y}{N} = a + b\frac{\Sigma X}{N}, \text{ तथा}$$

$$a = \overline{Y} - b\overline{X}$$

इन व्यजको से, दो सामान्य समीकरणो का इकट्ठा हल किए बिना a और b को प्राप्त किया जा सकता है । तथापि हमे परिकलन करना चाहिये [13]

$$\bar{X} = \frac{90.7}{20} = 4\ 535. \quad \overline{Y} = \frac{173}{20} = 8.65.$$

$$\Sigma xy = \Sigma XY - \bar{X}\Sigma Y,$$
$$= 856\ 0 - (4\ 535)(173) = 71\ 445.$$

$$\Sigma x^2 = \Sigma X^2 - \bar{X}\Sigma X,$$
$$= 453\ 93 - (4\ 535)(90.7) = 42\ 6055.$$

$$\Sigma y^2 = \Sigma Y^2 - \overline{Y}\Sigma Y,$$
$$= 1,705 - (8\ 65)(173) = 208\ 55$$

अन्तिम जोड की बाद मे आवश्यकता पडेगी ।

तब हम प्राप्त करते हैं

$$b = \frac{\Sigma xy}{\Sigma x^2} = \frac{71\ 445}{42\ 6055} = 1\ 676896,$$

$$a = \overline{Y} - b\bar{X} = 8\ 65 - (1\ 676896)(4\ 535),$$
$$= 1.045277,$$

निम्न आकलन समीकरण प्रदान करते हुए

$$Y_c = 1\ 045 + 1.677X.$$

---

13. योगो के व्यजको के प्रमाण के लिये अध्याय 21 मे टिप्पणी 3 देखें ।

तब हम व्यजक[14]

$$\Sigma Y^2_c = a\Sigma Y + b\Sigma XY,$$
$$= (1\ 045277)(173) + (1\ 676896)(856\ 0),$$
$$= 1{,}616\ 26$$

के प्रयोग से ΣY^2_c का परिकलन करते हैं,

और Σy^2_s को निम्न से

$$\Sigma y^2_s = \Sigma Y^2 - \Sigma Y^2_c$$
$$= 1{,}705 \quad 1\ 616\ 26 = 88\ 74$$

हम या तो परिकलन कर सकते हैं

$$\Sigma y^2_c = a\Sigma Y + b\Sigma XY - \overline{Y}\Sigma Y,$$
$$= (1\ 045277)(173) + (1\ 676896)(856\ 0) - (8\ 65)(173)$$
$$= 119\ 81,$$

या

$$\Sigma y^2_c = b\Sigma xy,$$
$$= (1\ 676896)(71\ \ 445) = 119\ 81,$$

और Σy^2_s निम्न विकल्प व्यजक से प्राप्त कर सकते हैं

$$\Sigma y^2_s = \Sigma y^2 - \Sigma y^2_c$$
$$= 208\ 55 - 119\ 81 = 88\ 74$$

$s^2_{Y\ X}$ को प्राप्त करने के लिए सुविधाजनक सूत्र है

$$s^2_{Y\ X} = \frac{\Sigma y^2_s}{N} = \frac{88\ 74}{20} = 4\ 437,$$

तथा

$$s_{Y\ X} = 2.106 \text{ फुट ।}$$

तब सहसम्बन्ध का गुणाक निम्न प्रायिक व्यजक से प्राप्त किया जाता है

$$r^2 = \frac{\Sigma y^2_c}{\Sigma y^2} = \frac{119\ 81}{208\ 55} = 0\ 574,$$

तथा

$$r = +0\ 758$$

---

14 यह प्रमाण कि $\Sigma Y^2_c = a\Sigma y + b\Sigma XY$, परिशिष्ट ग, परिच्छेद 19 1, समीकरण 3 म दिया गया है। यह प्रमाण कि $\Sigma y^2_s = \Sigma Y^2 - \Sigma Y^2_c$ उसी परिच्छेद के समीकरण 5 म दिया गया है। $\Sigma y^2_c = b\Sigma xy$, के प्रमाण के लिये देखें समीकरण 6 । $\Sigma y^2_s = \Sigma y^2 - \Sigma y^2_c$, के प्रमाण के लिय देखें समीकरण 7 ।

यदि प्राथमिकता दी जाए तो पादटिप्पणी 8 में प्रदत्त व्यजकों में से एक के प्रयोग द्वारा r को प्राप्त किया जा सकता है।

यदि r के मूल्य की ही आवश्यकता हो, तो जिस सूत्र में a या b के मूल्य की आवश्यकता नही पडती उस का प्रयोग करना अत्यधिक शीघ्रगामी है। यह पहले देखा गया है कि

$$r = \frac{\Sigma xy}{N s_X s_Y}$$

परन्तु x के लिए $X-\bar{X}$ का और y के लिए $Y-\bar{Y}$ का, प्रतिस्थापन करके तथा सरलीकरण करके, यह बन जाता है[15]

$$r = \frac{N\Sigma XY-(\Sigma X)(\Sigma Y)}{\sqrt{[N\Sigma X^2-(\Sigma X)^2][N\Sigma Y^2-(\Sigma Y)^2]}}$$

सारणी 19 1 से आवश्यक मूल्यों का प्रवेश प्रदान करता है -

$$r = \frac{(20)(856\ 0)-(90\ 7)(173)}{\sqrt{[(20)(453\ 93)-(90\ 7)^2][(20)(1,705)-(173)^2]}},$$

$$= +0\ 758$$

ध्यान दे कि यह व्यजक स्वत r के लिए चिह्न प्रदान करता है।

कुछ चेतावनियाँ

सहसम्बन्ध तथा कारणत्व—सहसम्बन्ध के गुणाक को कोई ऐसी वस्तु नही समझना चाहिए जो कारणत्व को प्रमाणित करती है अपितु केवल सह-विचरण के माप के रूप में समझना चाहिए। वास्तव मे, निम्नलिखित परिस्थितियों मे से कोई एक प्रचलित हो सकती है

1 *किसी एक चर मे विचरण दूसरे चर मे विचरण के कारण (प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष) होता है।* जिस चर को दूसरे मे विचरणों का कारण समझा जाता है उसे प्राय स्वतन्त्र चर के रूप मे ग्रहण किया जाता है तथा X अक्षाश पर आलेखित किया जाता है। इस प्रकार, क्योंकि स्टॉक पर लाभाशो के विषय मे सोचा जाता है कि वे स्टॉक कीमतों को प्रभावित करते हैं, इसके विपरीत नही, तो एक लाभाश "VV" श्रेणी को स्वतन्त्र चर बना लिया जाएगा। यह एक तर्कसगत प्रक्रिया है जो साख्यिकी शास्त्री के इस विश्वास का निर्धारण करती है कि दो चरों के बीच कारणात्मक सम्बन्ध है और उसके इस विश्वास का भी कि कारण क्या है और प्रभाव क्या है। तब यह स्पष्ट होना चाहिए कि सहसम्बन्ध

---

15 इस व्यजक की प्राप्ति के लिये देखें परिशिष्ट ध, परिच्छेद 19 4। उपर्युक्त व्यजक के द्वारा r को प्राप्त करके, वर्णित आकडो के सहसम्बन्ध के साथ प्रयुक्त सूत्रो से $s_{Y\ X}$ तथा आकलन समीकरण को प्राप्त करना सम्भव है

$$Y_c-\bar{Y} = r\frac{s_Y}{s_X}(X-\bar{X})$$

या

$$s_{Y\ X} = s_Y\sqrt{1-r^2}$$

का गुणांक स्वयमेव यह नहीं कहता कि X Y का कारण है न ही यह कहता है कि Y X का कारण है।

2 दो चरों का सह विचरण एक ही ढंग से या विपरीत ढंगों से प्रत्येक चर पर प्रभाव डालने वाले समान कारण अथवा कारणों से हो सकता है। यदि यह पाया जाए कि प्रति हजार व्यक्ति मोटर गाडी दुघटनाओं और प्रति व्यक्ति फडरल आय कर अदायगियों में सहसम्बन्ध है तो हमें शीघ्रता से इस परिणाम पर नहीं पहुँच जाना चाहिए कि एक मोटर गाडी दुघटना एक व्यक्ति के आय कर देने में सघय कर देती है यह भी आवश्यक रूप से सत्य नहीं है कि कर का अधिक अदायगियाँ करना एक व्यक्ति को सावधानी से कार चलाने के लिए अयोग्य बना देता है। तो भी यह पूर्ण सम्भव है कि उन राज्यों में जहा औसत आय ऊंची है प्रति व्यक्ति आय कर ऊँचा होगा अधिकतर व्यक्तियों के पास मोटर गाडिया होगी और दुघटनाए बडी संख्या में होगी।

3 दो चरों म कारणात्मक सम्ब ध अयोयाश्रित सम्बन्धों का परिणाम हो सकता है। इस प्रकार वस्तु की ऊँची कीमत उसके उत्पादन को प्रेरणा देती है परन्तु बढा हुआ उत्पादन वस्तु का लागत को बढा या घटा सकता है जो समय का प्रेक्षणाधीन अवधि पर और इस बात पर निभर करता है कि यह वधमान लागत उद्योग है या ह्रासमान लागत उद्योग और लागत में परिवतन के द्वारा कीमत प्रभावित होगी।

4 सहसम्बन्ध सयोगवश हो सकता है। यद्यपि ब्रह्माण्ड में जिससे कि प्रतिदश लिया गया है चरों म किसी प्रकार का कोई भी सम्ब ध न हो तो भी यह हो सकता है कि सहसम्बन्ध की उचित मात्रा प्रदान करने के लिए कवल सयोगवश चुने गए चर युग्मों में से पयाप्त साथ साथ बदल। इस प्रकार यह पाया जा सकता है कि पुरुष विद्यार्थियों के प्रदत्त समूह म उनके जूते के आकार तथा उनकी जेब की धनराशि म धनात्मक सहसम्बन्ध था। तथापि यह इस प्रकार क्यों है इस सम्बन्ध म सिद्धान्त का विकास करना कठिन है और संभावना यह है कि अ य प्रतिदश एकदम भिन्न परिणाम प्रस्तुत करेगा। r का विश्वसनीयता के माप की ओर अध्याय 26 म समेप म ध्यान दिया जाएगा।

विषमांगता[16] प्रक्षण आकडो म बारबारता वक्र की विषमता का प्राय द्विबहुलकता द्वारा या कुछ उन मदों की विद्यमानता द्वारा जाकि अन्य मदों से सयोगवश बहुत असगत है ज्ञात किया जा सकता है। प्रकीर्ण आरेख पर इस प्रकार का विषमता दो या दो से अधिक समूहों में बिन्दुओं के इकट्ठा होने का या चाट पर एक या अधिक बिन्दुओं का दूसरों से बहुत पर होने का प्रवृत्ति का प्रदर्शित कर सकता। जहाँ विषमता का प्रक्षण किया जाता है वहाँ यह श्रेष्ठतर है कि आकडों का वर्गीकरण किसी तकसगत आधार पर किया जाए और प्रत्यक समूह का अलग अलग सहसम्बन्ध स्थापित किया जाए। सहसम्बन्ध करने से पूर्व कारणों के विभिन्न समुच्चय से स्पष्ट शामित पृथक मदों का निरसन कर

---

16 निम्नलिखित पैराओं म विषमांगता का वर्णन करने वाली सामग्री एफ० ई० क्राक्स्टन द्वारा लिखित एलिमेन्टरी स्टटिस्टिक्स विद एप्लीकेशन्स इन मेडिसिन एण्ड दि बायलॉजिकल साइन्सिस डोवर प्रकाशन इन्कार्पोरेटिड न्यूयार्क 1959, अध्याय 6 म इसी विषय के विवरण पर आधारित है। चार्ट 19 8 19 9 और 19 10 भी इस पुस्तक म से हैं।

देना चाहिए। यदि इस प्रकार के सामान्य ज्ञान के पग नही उठाए जाते तो न केवल सह-सम्बन्ध की मात्रा के सम्बन्ध मे अपितु कई बार इसके चिह्न के बारे में भी, भ्रामक प्रभाव पड सकता है।

चार्ट 19 8क एक चित्रित प्रकीर्ण आरेख है जो निम्न सहसम्बन्ध को दिखाता है। चार्ट 19 8ख मे दो अवयव समूहो को विभिन्न चिह्नो द्वारा दिखाया गया है, और यह दिखाई देता है कि दो पर्याप्त ऊँचे सहसम्बन्ध विद्यमान है। यह भी सम्भव है कि दो विभिन्न समूहो को, जिनमे से प्रत्यक बहुत कम या कोई सहसम्बन्ध नही रखता, प्रकीर्ण आरेख पर इस प्रकार से आरक्षित किया जा सकता है कि यदि वे मिला दिए जाते तो सामान्य धनात्मक (या ऋणात्मक) सहसम्बन्ध विद्यमान दिखाई देता।

चार्ट 19.8क निम्न सहसम्बन्ध को दिखाने वाला चित्रित प्रकीर्ण आरेख दो असमान समूह जो पहचाने नहीं जा सके। एफ० ई० क्रास्टन द्वारा लिखित एलिमन्टरी स्टैटिस्टिक्स विद ऐप्लिकेशन्स इन मेडिसिन एन्ड दि बायलॉजिकल साइंसिस, डावर प्रकाशन, इकार्पोरेटिड न्यूयार्क, 1959, पृ० 128 से।

चार्ट 19 8ख वही प्रकीर्ण आरेख जैसा कि चार्ट 19 8क मे है, परन्तु जो बिन्दुओं तथा गुणा चिह्नो द्वारा प्रदर्शित दो असमान समूहो मे से प्रत्येक के लिए पर्याप्त उच्च सहसम्बन्ध का सकेत करता है। उसी स्रोत से जिससे चार्ट 19 8क है।

विषमागता के एक अन्य प्रकार को चार्ट 19 9 मे दिखाया गया है। चार्ट 19 9 मे नौ इकट्ठे बिन्दु हैं जोकि निम्न सहसम्बन्ध, $r = +0\ 32$ को दिखाते हैं और एक बिन्दु दूसरों से बहुत परे है। सब 10 बिन्दुओ के लिए $r = +0\ 79$। इस प्रकार के एकमेव प्रेक्षण की विद्यमानता, जो लगभग निश्चित रूपेण विषमाग है (या कम से कम अतुल-

नात्मक है), उस समय एक उच्चतर सहसम्बन्ध गुणाक को उत्पन्न कर सकती है जब कि दूसरे प्रेक्षणों के लिए बहुत कम या किसी भी सहसम्बन्ध का अस्तित्व नही है। साथ ही यह भी सम्भव है कि चार्ट 19 9 मे भी उसी प्रकार की विषमागता का वर्णन किया गया हो जिसका विवरण पूर्व अनुच्छेद मे किया गया, 9 के समूह मे से ऊपर के चार बिन्दु एक ऐसी श्रेणी का प्रतिनिधित्व कर सकते है जो कि निम्न पाँच

चार्ट 19.9 विषमागता के एक प्रकार का चित्रण करने वाला प्रकीर्ण आरेख। ऊपरी दाएँ कोने मे एक विशेष मद की उपस्थिति के कारण सहसम्बन्ध मे वृद्धि हो जाती है। यह चार्ट यथार्थ आँकडो से बनाया गया है जिसका स्रोत और प्रकृति बताई नहीं गई। चार्ट, 19 8 क चार्ट के नीचे दिए गए स्रोत के पृष्ठ 129 से।

चार्ट 19 10 एक प्रकार की विषमांगता चित्रण करने वाला प्रकीर्ण आरेख। चार्ट की चोटी पर एक सम्भवत विशेष मद की उपस्थिति के कारण सहसम्बन्ध कम हो गया है। आँकडे ए० एच० विनफील्ड द्वारा लिखित ट्विन्स एण्ड आर्फन्स, जे० एम० डैन्ट एण्ड सन्स, लिमिटेड, लन्दन और टोरन्टो, पृष्ठ 121—123 मे और भिन्न असमान के 26 धात्वत जुडवा बच्चा के प्रतिभा गुणाक उपस्थित करत है। चार्ट, 19 8 क चार्ट के नीचे दिए सन्दर्भ के पृष्ठ 111 से।

बिन्दुओं द्वारा प्रतिनिधित्व की गई श्रेणी से भिन्न है। किसी भी अवस्था मे, अन्वेषक को इस सम्भावना की ओर ध्यान देना चाहिए।

यह पर्याप्त स्पष्ट हो जाना चाहिए कि चार्ट 19.9 मे प्रदर्शित परिस्थिति के विपरीत परिस्थिति भी उपस्थित हो सकती है। कहने का भाव यह है कि बिन्दुओं का गुच्छा ऊँचे सहसम्बन्ध को दिखा सकता है, परन्तु एक अन्तिम बिन्दु इस प्रकार से स्थित हो सकता है कि इसका अन्यो के साथ सम्मिश्रण निम्न सहसम्बन्ध को उत्पन्न करेगा। चार्ट 19.10 मे एक ऐसी स्थिति को दिखाया गया है जिसमे सीमान्त मूल्या के युग्म को सम्मिलित करने से निम्न सहसम्बन्ध और भी निम्नतर बन गया है। r +0.348 से घट कर +0 290 हो गया है।

माप की त्रुटियाँ—क्योकि दो चरो के माप मे भूलों का सामान्यतया सहसम्बन्ध नही होता अत. इस प्रकार की भूलें r के आकार को इसके वास्तविक मूल्य

नीचे गिरा देती है। यदि भूलों का विस्तार ज्ञात है तो इस प्रकार के तनुकरण को ठीक किया जा सकता है।

औसतों का प्रयोग—यदि सहसम्बन्ध किए जाने वाले आंकड़ों को प्रथम स्वतन्त्र चर के अनुसार कई आकार समूहों में इकट्ठा कर लिया जाता है, यदि प्रत्येक समूह के लिए $\bar{X}$ और $\bar{Y}$ का परिकलन किया जाता है और यदि ये माध्य सह सम्बन्धित हैं, तो माध्यों में सहसम्बन्ध सब मिलाकर पृथक पृथक मदों में सहसम्बन्ध से ऊँचा होगा (जब तक कि असामूहिक आंकड़ा के लिए $r=1.0$ नहीं हैं)। यह इसलिए ऐसा है क्योंकि विभिन्न स्तम्भ माध्यों के गिर्द वास्तविक मूल्यों का अब कोई प्रसार नहीं है। इसी प्रकार यदि आश्रित चर की अनेक पंक्तियों का समूहीकरण तथा औसत किया जाता है तो सहसम्बन्ध में वृद्धि हो जाएगी। यदि आंकड़ा को दोनों चरों के अनुसार समूहित किया जाता है, ताकि पर्याप्त कोष्ठक हों, और यदि प्रत्येक कोष्ठक के लिए $\bar{X}$ और $\bar{Y}$ का परिकलन किया जाता है और (इनके मध्य मूल्यों की अपेक्षा) इन युग्मित कोष्ठक माध्यों को सहसम्बन्धित किया जाता है तो सहसम्बन्ध अधिक हो जाएगा। यदि कोष्ठकों की संख्या अधिक है, तो वृद्धि महत्वहीन होगी। उदाहरणस्वरूप राज्य औसतों का सहसम्बन्ध सामान्यतः काउन्टी मूल्यों के सहसम्बन्ध से ऊँचा होगा।

अरेखिक सम्बन्ध—यदि प्रकीर्ण आरेख का निरीक्षण इस बात को स्पष्ट करता है कि आंकड़ा के साथ सरल रेखा की अपेक्षा वक्र रेखा को अधिक औचित्य के साथ आसंजित किया जा सकता था तो सम्बन्ध की निकटता को घटा कर वर्णन करने वाला r एक भ्रामक माप है। अध्याय 20 में व्याख्यात प्रविधि का अनुसरण करते हुए एक वक्र रेखा को जोड़ना चाहिए और अरेखिक सहसम्बन्ध के गुणाक का परिकलन करना चाहिए। इस प्रकार करने से एक उच्चतर गुणाक प्राप्त होगा और एक ऐसा गुणाक मिलेगा जो अधिक यथार्थता से सम्बन्ध की निकटता को प्रतिबिम्बित करता है। कई बार सहसम्बन्ध से पूर्व एक या दोनों चरों को लघुगणकों पारस्परिकों या किसी अन्य काय में बदलना श्रेष्ठतर हो सकता है।

संगत आंकड़ों का निरसन—उदाहरणार्थ जिन नगरों की संख्या 1,00 000 से 5,00,000 तक है, यदि उनके परचून विक्रयों और वेतन-चिट्ठों का सहसम्बन्ध बना दिया जाता है तो सहसम्बन्ध सामान्यतया उतना ऊँचा नहीं होगा जितना कि तब यदि 10 000 से 50,00,000 तक के नगरों को सम्मिलित कर लिया जाता है। यह ऐसा इसलिए है क्योंकि परचून विक्रयों और वेतन चिट्ठों दोनों का जनसंख्या के साथ धनात्मक सहसम्बन्ध है, और जब दोनों अक्षाशों पर मूल्यों के परिसर को बढ़ाया जाता है तो Σy^2_s में अनुरूप वृद्धि के बिना Σy^2_c को बढ़ाया जाता है। इस प्रकार के आंकड़ों के लिए, चार्ट 19 10 में वर्णित प्रकार की विषमांगता से बचने का स्मरण रखना चाहिए। एक भिन्न स्थिति का भी विचार कीजिए यदि नौकरी दिलाने वाले अकों को दो से पाँच वर्ष तक का अनुभव रखने वाले श्रमिकों की मासिक आय से सहसम्बन्धित कर दिया जाए तो सहसम्बन्ध उस अवस्था से ऊँचा हो सकता है जिसमें इस प्रकार के सभी कर्मचारियों को सम्मिलित किया गया है, क्योंकि आय प्रायः अनुभव के साथ साथ प्रत्यक्ष रूप से बदलती रहती है जबकि नौकरी दिलाने वाले अंक धनात्मक रूप में अनुभव के साथ आवश्यक तौर पर सहसम्बन्धित नहीं होते।

समूहित आँकड़ो का सहसम्बन्ध

जब सहसम्बन्धित की जाने वाली मदो के युग्मो की सख्या बडी हो तो समय की बचत होती है यदि गणनाएँ करने से पूर्व आँकडा को सामूहित कर लिया जाता है। पहले आँकडो को मिलाया जाता है[17] जैसा कि सारणी 19 3 मे है, जो कि आयोवा मे सब काउटियो के लिए प्रतिशत ग्रामीण फाम तथा 3 000 डालर से कम आय के साथ प्रतिशत के बीच सम्बन्ध को दिखाता है। यह सारणी प्रकीर्ण आरेख से मिलती जुलती है केवल यह अपवाद है कि ठीक ठीक आलेखित किए जाने की अपेक्षा प्रत्येक बिन्दु को केवल उचित कोष्ठक मे रख दिया गया है। इस प्रकार 5 प्रतिशत ग्रामीण फार्म वाली तथा 3,000 डालर से कम आय के साथ 10 प्रतिशत वाली काउन्टी का अत्यन्त नीचे बाएँ कोने मे मिलान किया जायेगा।

सारणी 19 3

1960 मे आयोवा की काउन्टियो के लिए प्रतिशत ग्रामीण फाम तथा 3 000 डालर से कम आय के साथ प्रतिशत का परिकलन

आँकड सयुक्त राज्य जनसख्या ब्यूरो, यू एस सेसस आफ पापुलेशन 1960, खण्ड I, कैरैक्टरिस्टिक्स आफ दि पापुलेशन भाग 17, आयोवा, पृष्ठ 17--166—17 -168 से।

सारणी 19 4 सहसम्बन्ध सारणी है। प्रत्येक कोष्टक के केन्द्र मे अको को सारणी 19 3 से लिया गया है। समस्तरीय ढग से सख्याओ को जोड कर f_y मूल्यो को प्राप्त किया गया है, f_x मूल्यो को ऊर्ध्वाधर रूप मे जोडकर। अको के इन दो समूहो को क्रमश आश्रित और स्वतन्त्र चरो के बारम्बारता बटनो के रूप मे जाना जाएगा। वास्तव मे प्रत्येक बटन के लिए कुल बारम्बारताएँ या काउन्टियाँ N वही है 99। सारणी मे तीन अन्य स्तम्भ तथा पक्तियाँ उनके समरूप हैं जिनके बारम्बारता बटन से मानक विचलनों और माध्य का परिकलन करने के हम अभ्यस्त है, अतिरिक्त इसके कि यहा हमारे पास दो बारम्बारता बटन हैं एक X मूल्यो का (समस्तरीय चलता हुआ) तथा दूसरा Y मूल्यो का (ऊर्ध्वाधर रूप मे चलता हुआ)। परिकलन मे सुविधा के लिए विचलनो का काल्पनिक

---

17 मिलान करने की अपेक्षा छाटना सरलतर हो सकता है और इसमे कम गलतियाँ होने की सम्भावना है। यह उस समय विशेष रूप से सत्य है जब आँकड पत्रको पर हैं या यदि छिद्र पत्रक उपकरण उपलब्ध है।

माध्यो से वर्ग अन्तरालो के सम्बन्ध मे मापा जाता है, X के विचलनो को 5 5 प्रतिशत और Y के विचलनो को 5 0 प्रतिशत के रूप मे चुना जाता है।

क्योकि r के लिए xy मूल्यो की आवश्यकता पडती है, अत. प्रत्येक कोष्ठक के लिये इनका भी परिकलन और जोड कर लिया जाता है । यह X विचलन को Y विचलन मे गुणा करके किया जाता है (प्रत्येक कोष्ठक के ऊपरी भाग मे प्रदर्शित), और अन्तत इस गुणनफल को उचित बारम्बारता से गुणा करके। परिणाम प्रत्येक कोष्ठक के निम्न भाग मे मोटे छप अकों मे दिखाए गये हैं। यह देखा जाएगा कि प्रथम तथा तृतीय चतुर्थाश धनात्मक है, जबकि द्वितीय और चतुर्थ वास्तव मे ऋणात्मक हैं । उन गुणनफलो के बीजगणितीय योग को सारणी के निम्न दायें कोने मे दिखाया गया है। व्यजक $\Sigma fd'xd'_Y$ मे f के लिए कोई पादाक नही है क्योकि प्रत्येक कोष्ठक बारम्बारता एक X श्रेणी और एक Y श्रेणी के लिए समान है।

जब समूहित आंकडो का सहसम्बन्ध कर रहे हो, तब प्रथम r का परिकलन करना सर्वाधिक शीघ्रगामी है, जिसके पश्चात् आकलन समीकरण और आकलन की मानक त्रुटि को प्राप्त किया जा सकता है।[18]

असमूहित आंकडो से प्रत्यक्ष रूप से r प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग किया गया था .

$$r=\frac{N\Sigma XY-(\Sigma X)(\Sigma Y)}{\sqrt{[N\Sigma X^2-(\Sigma X)^2][N\Sigma Y^2-(\Sigma Y)^2]}}$$

समूहित आंकडो के लिए X को d'_X के द्वारा बदल दिया जाता है और Y को d'_Y के द्वारा, चिह्न f का प्रवेश करा दिया जाता है और व्यजक बन जाता है :

$$r=\frac{N\Sigma fd\,xd_Y-(\Sigma fxd_X)(\Sigma f_Yd'_Y)}{\sqrt{[N\Sigma f_X(d'_X)^2-(\Sigma fxd_X)^2][N\Sigma f_Y(d_Y)^2-(\Sigma f_Y d_Y)^2]}}$$

इस सूत्र मे प्रतिस्थापन करने से हमारे पास निम्नलिखित आता है .

$$r=\frac{(99)(349)-(-51)(2)}{\sqrt{[(99)(581)-(-51)^2][(99)(336)-(2)^2]}},$$

$$=\frac{34,653}{\sqrt{(54,918)(33,260)}},$$

$$=+0.8108.$$

उन विधियो के द्वारा जिनसे पाठक पूर्व परिचित हैं सारणी 19.4 मे प्रदर्शित मूल्यो से निम्नलिखित माप शीघ्रता से परिकलित किए जाते है :

$\bar{X}=35.367$ $\bar{Y}=32.551$

$s_X=13.0191$ $s_Y=9.2105$

18 वास्तव मे दो प्रसामान्य समीकरणों को स्थापित करना और प्रथम आकलन समीकरण को प्राप्त करना सम्भव है। ऐसा करने की विधि के लिए देखें, मूल अंग्रेजी पुस्तक का प्रथम संस्करण, पृष्ठ 675 तथा पृष्ठ 856—857.

सारणी 19 4

1960 मे आयावा की काउन्टियो के लिए प्रतिशत ग्राम फार्म (X) तथा 3 000 डालर (Y) के कम आय के साथ प्रतिशत की सहसम्बन्ध सारणी

श्रेणी सीमाएँ	X	2 5–7 9	8 0–13 4	13 5–18 9	19 0–24 4	24 5–29 9	30 0–35 4	35 5 40 9	41 0–46 4	46 5–51 9	52 0–57 4	f_Y	d_Y	$f_Y d_Y$	$f_Y(d_Y)^2$
Y	मध्य मूल्य	5 2	10 7	16 2	21	27 2	32 7	38 2	13	49 2	54 7				
55 0–59 9	57 45										+15 1 15	1	5	5	25
50 0–54 9	52 45							0 1 0		+8 1 8		2	4	8	32
45 0–49 9	47 45					6 1 6			+3 1 3	+6 2 12	+9 1 9	5	3	15	45
40 0–44 9	42 45								+2 4 8	+4 3 12	+6 2 12	9	2	18	36
35 0–39 9	37 45					2 3 −6	−1 4 −4	0 4 0	+1 5 5	+2 6 12	+3 1 3	23	1	23	23
30 0 34 9	32 45						0 5 0	0 7 0	0 12 0	0 1 0	0 1 0	26	0	0	0
25 0–29 9	27 45				+3 1 3	+2 4 8	+1 8 8	0 1 0	1 1 1			15	1	−15	15
20 0–24 9	22 45		+10 1 10	+8 3 24	+6 1 6	+4 1 4						6	2	−12	24
15 0 19 9	17 45		+15 4 60	2 4 18								8	3	24	72
10 0 14 9	12 45	+24 4 96										4	4	16	64
f_x		4	5		2	9	17	13	[illegible]	13	6	N = 99		$\Sigma f_Y d_Y$ = 2	$\Sigma f_Y(d_Y)^2$ = 336
d_x		6		4	3	2	1	0		2	3				
$f_x d_x$		24		28	6	18	17	0	23	26	18	$\Sigma f_x d_x$ = 51		$\Sigma f d_x d_Y$ = 349	
$f_x(d_x)^2$		144	17	12	18	36	17	0	23	52	54	$\Sigma f_x(d_x)^2$ = 581			

आँकडे सारणी 19 3 से।

आकलन समीकरण को प्राप्त करने के लिए हम

$$Y_c - \bar{Y} = r\frac{s_Y}{s_X}(X - \bar{X})$$

का प्रयोग करते हैं।

इस समीकरण मे प्रतिस्थापन करने के बाद, हमारे पास है

$$Y_c - 32\ 551 = 0\ 8108\frac{9\ 2105}{13\ 0191}(X - 35\ 367), \text{ अथवा}$$

$$Y_c = 12.264 + 0\ 5736X$$

अब क्योकि जैसा कि पाद टिप्पणी 8 म दिखाया गया है

$$r^2 = 1 - \frac{s^2_{Y\cdot X}}{s^2_Y},$$

$$s^2_{Y\cdot X} = s^2_Y(1 - r^2), \text{ तथा}$$

$$s_{Y\cdot X} = s_Y\sqrt{1 - r^2}.$$

प्रतिस्थापन प्रदान करता है,

$$s_{Y.X} = 9.2105 \sqrt{1-(0.8108)^2},$$
$$= 5.388$$

समूहन का प्रभाव—समूहित आँकडो से प्राप्त मूल्य पूर्णरूपेण वही नही है जो उस समय प्राप्त होते यदि परिकलन असमूहित आँकडो पर आधारित होते। यद्यपि अन्तर सामान्यतया मामूली है यदि प्रत्येक दिशा मे कम से कम 12 समूह है तथापि समूहित आँकडो से परिकलित सहसम्बन्ध के गुणांक की प्रवृत्ति बहुत छोटा होने की है। यह पुन. स्मरण किया जाए कि सहसम्बन्ध गुणांक के लिए एक सूत्र है

$$r = \frac{\Sigma xy}{N s_X s_Y}$$

समूहन से त्रुटियो की प्रवृत्ति अंश मे परस्पर एक दूसरे को समाप्त करने की होती है यदि X और Y बटन लगभग सममित हैं। तथापि हर मे मानक विचलनो की अत्यधिक बडा होने की प्रवृत्ति है और शेपार्ड के शोधन का प्रयोग किया जाना चाहिए। यदि वही परिस्थितियां पाई जाती है जिनके अन्तर्गत यह शोधन उचित है।

यदि 169 मदो का सहसम्बन्धित किया जाता है तो असमूहित $r = +0.8317$ जो कि वास्तव मे सारणी 19.4 के समूहित आँकडो के लिए $r = +0.8108$ के मूल्य से ऊँचा है। यदि शेपार्ड के शोधन का प्रयोग किया जाता है (समूहित आँकडो के लिए r के सूत्र मे कोष्ठको से घिरे हुए प्रत्येक व्यंजक म से $\frac{N^2}{12}$ को घटा कर) तो $r = +0.8271$ मिलता है। वास्तव मे इन आँकडो के लिए शेपार्ड के शोधन के प्रयोग की मान्यता संदेहास्पद है, क्योंकि दोनो श्रेणियाँ सीमित परिसर की हैं।

कोटिबद्ध आँकड़ों का सहसम्बन्ध

कई बार सांख्यिकीय श्रेणियाँ ऐसी मदो से बनी होती है जिनकी यथार्थ मात्रा मापी नही जा सकती, परन्तु जिनको आकार या किसी अन्य कसौटी के अनुसार कोटिबद्ध कर दिया जाता है। इस प्रकार सारणी 19.5 के स्तम्भ 2 मे 14 फरवरी 1966 का युनाइटिड प्रेस की कोटियो के अनुसार हमने 10 बास्केटबाल टीमो की सूची बनाई है। स्तम्भ 3 मे हमने एसोसिएटिड प्रेस की कोटियो के क्रम के अनुसार उन्ही टीमो की सूची बनाई है। हम अधिकारियो के दो समुच्चयो मे सहमति की सीमा का निर्धारण करना चाहते है।

क्योंकि पहले वर्णन किए गए सहसम्बन्ध के गुणांक को कोटिबद्ध आँकडो का वर्णन करने के लिए नही बनाया गया, अत. हम *स्पियरमैन* के कोटि सहसम्बन्ध गुणांक का प्रयोग करेंगे, जिसका सूत्र है

$$r_{rank} = 1 - \frac{6\Sigma D^2}{N(N^2-1)},$$

जिसमें D दो श्रेणियो मे युग्मित मदो के बीच कोटि के अन्तर का उल्लेख करता है। सारणी 19.5 मे यह देखा जायेगा कि धनात्मक अन्तरो का योग ऋणात्मक अन्तरो के योग के बराबर है और इसलिए व्यवकलनो की यथार्थता पर एक नियन्त्रण प्रदान करता है। सूत्र मे मूल्यो का प्रतिस्थापन करने से, हमारे पास

$$r_{rank} = 1 - \frac{6(18)}{10(100-1)} = +0.9$$

आता है। सूत्र इस अवस्था म महसम्बन्ध के गुणाक का चिह्न धनात्मक देता है। जब कभी कोटि मे काई बराबरी हो तो दो या अधिक अवस्थाओ को विभिन्न मदो मे बाट लेना चाहिए। इस प्रकार यदि ड्यूक और पश्चिमी टक्सास यू० पी० कोटियो म द्वितीय तथा तृतीय के लिए बराबरी करे तो प्रत्यक की कोटि 2 5 होगी जबकि यदि ड्यूक पश्चिमी टैक्सास और प्राविडस द्वितीय ततीय और चतुर्थ के लिए बराबर होते तो प्रत्येक 3 की कोटि प्राप्त कर लेता।[19]

युग्मित मूल्यो के लिए r का शाघ्र परिकलन करने के लिए मूल्यो की दो युग्मित श्रेणिया कई बार कोटियो मे बदली जाती हैं और r_{rank} का परिकलन किया जाता है।

सारणी 195

कोटिबद्ध आंकडों के सहसम्बन्ध के लिए मूल्यों का परिकलन दो समाचार सेवाओ के द्वारा बास्किट बाल टीम की कोटिया 14 फरवरी 1966

टीम	कोटि		कोटि मे अन्तर D स्तम्भ (2) – स्तम्भ (3)		D
	U P I	A P	+	—	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
कटकी	1	1			
ड्यूक	2	2			
पश्चिमी टक्सास	3	3			
प्राविडस	4	6		2	4
लोयोला (शिकागो)	5	4	1		1
सट जासेफ्स (पेन्ना)	6	8		2	4
कासस	7	7			
वाडरबिल्ट	8	5	3		9
नेबरास्का	9	9			
मिशिगन	10	10			
योग			4	4	18

आकडे दि रिकाड हैकनसक एन० ज० 15 फरवरी 1966 पष्ठ 33 से।

उदाहरणार्थ कोई व्यक्ति अमरीकन लीग क्रिकेट से दूर मैदान म खड होने वाला को उनके बल्ला लगाने की औसता के अनुसार और उनके क्षेत्र रक्षण अभिलेख के अनुसार कोटिबद्ध कर सकता है

---

19 विवरण के लिए डब्ल्यू० एल० टलर द्वारा लिखित करेक्टिग दि एवरेज रक कोरिलेशन कोइफिशेन्ट फॉर टाइज इन रकिंग्ज जर्नल आफ दि अमरिकन स्टटिस्टिकल एसोसिएशन खण्ड 59 क्रमाक 307 सितम्बर 1964 पष्ठ 872—880 देखिए।

और कोटियो के इन दो समुच्चयो का सहसम्बन्ध कर सकता है। जबकि r_{rank} का परिकलन r से अधिक शीघ्रता से हो सकता है तो भी कुछ समय हमेशा आँकडो को कोटिबद्ध करने मे लगाना चाहिए। साथ ही यह स्मरण रखना अच्छा है कि यदि कोई उपस्थित सहसम्बन्ध की मात्रा का स्थूल आकलन करना चाहता है तो इसे मौलिक मूल्यो के प्रकीर्ण आरेख से प्राप्त किया जा सकता है।

कोटि विधि सामान्य विधि जैसी परिशुद्ध न होने का कारण यह है कि आँकडों से सम्बन्धित सभी जानकारी का प्रयोग नही किया जाता। इस प्रकार एक श्रेणी मे मदो के मूल्यो के प्रथम अन्तर परिमाण के क्रम मे प्राय कदापि स्थिर नही होते, प्राय ये अन्तर सारणी के मध्य तक और छोटे हो जाते है। यदि ऐसे प्रथम अन्तर स्थिर हो तब r और r_{rank} समरूप परिणाम प्रदान करेंगे।[20] तो भी यदि मूल्यो को प्रसामान्य रूप से विभक्त किया गया हो तो r_{rank} पर एक शोधन लागू किया जा सकता है जो वही परिणाम प्रस्तुत करेगा जो कि r को प्रत्यक्ष रूप से परिकलित करने से प्राप्त होगा। ये शोधन हमेशा सहसम्बन्ध को बढाने का कार्य करते है तो भी ये बहुत छोटे है, और किसी भी अवस्था मे सहसम्बन्ध को 0 02 से अधिक नही बढाते। इसके अतिरिक्त, शोधन हमेशा उचित नही होता। वर्तमान उदाहरण मे हमारे पास (सम्भवत) प्रसामान्य बटना के केवल ऊपरी सिरे है यदि आकडो को आलेखित किया जाए तो वे उलटे-J बटनो के रूप मे दृष्टिगोचर होगे।

2×2 सारणियो मे आँकडो का सहसम्बन्ध

प्राय ऐसे आँकडे सम्मुख आते है जो प्रत्येक अक्षाश पर युग्मशाखीय वर्गीकरण मे होते हैं। कई बार इस प्रकार की '2×2' सारणी के लिए सहसम्बन्ध गुणाक वाछित[21] हो सकता है।

सारणी 19 6 म एक राज्य विश्वविद्यालय के एक विभाग मे 36 अध्यापकों के शैक्षिक कार्य तथा शैक्षिक कोटि के आँकडो को दिखाया गया है। जैसा कि सारणी 19 6 के आँकडो द्वारा दिखाया गया है क्या शैक्षिक कोटि और शैक्षिक कार्य मे सहसम्बन्ध है?

2×2 सारणी के लिए सहसम्बन्ध गुणाक प्राप्त करने की एक विधि मे गुणनफल घूर्ण सूत्र का प्रयोग निहित है। यदि हम 2×2 सारणी मे मूल्यो को इस प्रकार रखते हैं

a_1	b_1	a_1+b_1
a_2	b_2	a_2+b_2
a_1+a_2	b_1+b_2	N

20 प्रमाण के लिए देखिए परिशिष्ट ध, परिच्छेद 19 5।

21. सारणी 25 6 एक 2×2 सारणी है जिसके लिए सहसम्बन्ध गुणाक वाछित नही था। तथापि अध्याय 25 मे वर्णित काई-वर्ग विश्लेषण को सारणी 19 6 के आकडो पर लागू किया जा सकता था।

तो यह दिखाया[22] जा सकता है कि गुणनफल घूर्ण सूत्र बन जाता है

$$r = \frac{a_1b_2 - a_2b_1}{\sqrt{(a_1+b_1)(a_2+b_2)(a_1+a_2)(b_1+b_2)}}$$

सारणी 19 6 के लिए हम

$$r = \frac{(10)(13)-(5)(8)}{\sqrt{(18)(18)(15)(21)}} = \frac{130 - 40}{\sqrt{102\ 060}} = \frac{90}{319\ 5} = +0\ 282$$

प्राप्त करते है। जब तक कि दो द्विभाजनो की इस प्रकार से व्यवस्था नही की जाती जसे कि सारणी 19 5 मे है या जब तक दोनों द्विभाजनो को उलट नही दिया जाता तब तक यह व्यजक r के लिए अर्थपूर्ण चिह्न प्रस्तुत नही करेगा, केवल एक को उलटने स चिह्न बदल जाता है।

सारणी 19 6

एक राज्य विश्वविद्यालय के एक विभाग मे 36 अध्यापकों का शैक्षिक कार्य तथा शैक्षिक कोटि

शैक्षिक कोटि	शैक्षिक काय		योग
	उच्च	निम्न	
उच्च	10	8	18
निम्न	5	13	18
योग	15	21	36

शैक्षिक पद पूण प्रोफसरो के लिए उच्च था और शष सभी दर्जो क लिए "निम्न। गतिविधियो जैसे कि लिखी गई पुस्तकें, लिखे गए लेख पढ गए पेपर आदि की सख्या मे से प्रत्येक के लिए बिन्दुओ की एक प्रणाली द्वारा शैक्षिक काय को मापा गया था।

2×2 सारणी मे आँकडो के सहसम्बन्ध की एक अन्य विधि मे, मा य वर्ग आक स्मिकता के गुणाक C का परिकलन सम्मिलित है। इसका परिकलन निम्न व्यजक[23] से करते है

$$C = \sqrt{\frac{(a_1b_2 - b_1a_2)}{[(a_1+b_1)(a_2+b_2)(a_1+a_2)(b_1+b_2)] + (a_1b_2 - b_1a_2)}},$$

22 ऊपर दिया गया सूत्र, जी० यू० यूल तथा एम० जी० कडाल द्वारा लिखित एन इन्ट्रोडक्शन टु दि थीअरि ऑफ स्टैटिस्टिक्स, 12वा सस्करण, सशोधित चाल्स ग्रिफिन एण्ड को०, लन्दन, 1940 पष्ठ 252—253 म विकसित व्यजक के अश के सरलीकरण का परिणाम है। विकास यह कल्पना करता है कि प्रत्येक चर के लिए केवल दो मल्य सम्भव हैं। यह सारणी 25 6 मे दोनो चरो के लिए सत्य है। सारणी 19 6 मे यह शैक्षिक कोटि के लिए सत्य है क्योकि दो वर्गों को "पूण प्रोफेसर तथा "अपूण प्रोफेसर के रूप मे सोचा जा सकता है। यह शैक्षिक काय क लिए सत्य नही है। 2×2 सारणिया क विस्तृत वणन के लिए एम० जी० कडाल तथा ए० स्टुअट द्वारा लिखित दि एडवांस्ड थीअरि ऑफ स्टैटिस्टिक्स, खण्ड 2, इफ स ,एन्ड रिलेशनशिप, चाल्स ग्रिफिन एड क०, लन्दन, 1961, अध्याय 23, एट० सेक० देखिए।

23 यह सामान्य व्यजक

$$C = \sqrt{\frac{\chi^2}{N+\chi^2}}$$

का एक सशोधन है, जो 2×2 सारणिया क लिए χ^2 के परिकलन को अनावश्यक बना देता है। काइ-वर्ग का वणन अध्याय 25 मे किया गया है। 2×2 से बडी सारणियो के लिए सामान्य व्यजक का प्रयोग किया जाएगा।

जो हमारे उदाहरण के लिए हमे

$$C=\sqrt{\frac{[(10)(13)-(5)(8)]^2}{[(18)(18)(15)(21)]+[(10)(13)-(5)(8)]^2}},$$

$$=\sqrt{\frac{8{,}100}{102{,}000+8{,}100}}=\sqrt{0\ 073529}=0\ 271$$

प्रदान करता है।

परिकलन C के लिए स्वचालित ढग से चिह्न प्रदान नही करते, परन्तु आँकडो के परीक्षण से प्राय चिह्न प्राप्त किया जा सकता है। इस अवस्था मे यह धनात्मक होगा।

माध्य वर्ग आकस्मिकता के गुणाक का एक लाभ यह है कि इसका प्रयोग 2×2 सारणियो तक सीमित नही है। इसका प्रयोग बडी सारणियो के लिए किया जा सकता है, C के लिए सूत्र वही है जो पादटिप्पणी 23 मे दिया हुआ है।

C की एक हानि यह तथ्य है कि C का अधिकतम मूल्य 1 0 नही है। इसका उच्चतम मूल्य 1 0 से कम है, उदाहरण के लिए यह 2×2 सारणी के लिए 0 707, 3×3 सारणी के लिए 0 816, और 10×10 सारणी के लिए 0 949 है। एक एसी सारणी के लिए जिसम स्तम्भो को सख्या उतनी ही है जितनी कि पक्तियो की, C के उच्चतम मूल्य को इस प्रकार से प्राप्त किया जा सकता है

$$\sqrt{\frac{\text{स्तम्भो (या पक्तियो) की सख्या}-1}{\text{स्तम्भो (या पक्तियो) की सख्या}}}$$

C की इस कमी के लिए सशोधन किए जा सकते हैं, परन्तु ये पूर्णरूपेण सतोषजनक नही है।

2×2 सारणियो मे आँकडो का सहसम्बन्ध करने के लिए विभिन्न अन्य विधियाँ उपलब्ध हैं।[24] इनमे से ये हैं चतुष्कोष्ठिक सहसम्बन्ध, असमान चिह्नो की विधि कोटिज्या r विधि, तथा सगामी विचलनो की विधि।

24 उदाहरणार्थ, कडाल तथा स्टुअट द्वारा लिखित ऊपर निर्दिष्ट पुस्तक का अध्याय 26 देखिए, अग्रेजी पुस्तक के प्रथम सस्करण के पृष्ठ 688—689 देखिए।

20

सहसम्बन्ध II द्वि-चर अरेखिक सहसम्बन्ध

पिछले अध्याय मे दो चरो स्वतन्त्र चर मे एक इकाई वृद्धि से सम्बद्ध आश्रित चर मे वृद्धि की स्थिर मात्रा, के बीच सरलतम प्रकार के सम्बन्धो पर विचार किया गया था। तथापि रेखिक कल्पनाएँ सदैव सन्तोषजनक नही होती। वृक्षा के ऊँचाई विकास तथा व्यास विकास के आँकडो का, चार्ट 19 5 मे प्रदर्शित, रेखिक आकलन समीकरण द्वारा उचित रूप से वर्णन किया गया था। जैसा कि चार्ट 20 1 म देखा जा सकता है जो सारणी 20 1 के आँकडो को उपस्थित करता है, वृक्षो के आयतन तथा व्यास मे रेखिक सम्बन्ध नही है। जैसाकि सारणी मे देखा गया अक, आयतन एक वृक्ष मे लकडी के तख्तो की फुट सख्या के दसव भाग का प्रतिनिधित्व करते है। अरिजोना मे कोकोनिनो नैशनल फारेस्ट से ट्री मेजरमेन्ट बुक से पोन्डरोसा देवदार वृक्षो के लिये आयतन के बीस जोडो को यादृच्छिक रूप से चुना गया है।

बहुपद

द्वितीयाश वक्र—व्यास तथा आयतन म सम्बन्ध का वर्णन करने के लिये पहले हम

$$Y_c = a + bX + cX^2$$

प्रकार के आकलन समीकरण का प्रयोग करेंगे और फिर अपने परिणामो की उन परिणामो से तुलना करेंगे जो सरल रेखा प्रयुक्त करन से प्राप्त हुए थे। व्याख्यात्मक आँकडो के एक भिन्न समूह के लिय

$$Y_c = a + bX + cX^2 + bX^3$$

प्रकार के आकलन समीकरण का विचार करके हम पाडरोसा देवदार वृक्षो के व्यास तथा आयतन के आँकडो पर आएँगे और उन आँकडो के कई सम्भव रूपान्तरणो का परीक्षण करेंगे।

द्वितीयाश वक्र के लिये तीन प्रसामान्य समीकरणो की आवश्यकता होती है। वे

$$\text{I} \quad \Sigma Y = Na + b\Sigma X + c\Sigma X^2,$$

$$\text{II} \quad \Sigma XY = a\Sigma X + b\Sigma X^2 + c\Sigma X^3,$$

$$\text{III} \quad \Sigma X^2 Y = a\Sigma X^2 + b\Sigma X^3 + c\Sigma X^4$$

है। सारणी 20 1 मे प्राप्त मूल्यो का प्रतिस्थापन करने से, हम प्राप्त करते है

$$\text{I.} \quad 2{,}460 = 20a + 569b + 17{,}437c,$$

$$\text{II} \quad 83{,}777 = 569a + 17{,}437b + 567{,}749c,$$

$$\text{III} \quad 2{,}949{,}733 = 17{,}437a + 567{,}749b + 19{,}361{,}917c$$

चार्ट 20 1 बीस पोडरोसा देवदार वृक्षों का व्यास तथा आयतन और ±1 ±2 और ±3 आकलन का मानक त्रुटियो के क्षत्रो के साथ द्वितीयाश आकलन समीकरण। सारणी 20 1 के आकड । आकलन समीकरण मोटी रेखा से दिखाया है ।

a, b, तथा c के मूल्यों को प्राप्त करने के लिये, इन तीन समीकरणों को एक साथ हल करना आवश्यक है। तीन युगपत् समीकरणों को हल करने की एक प्रविधि का वर्णन करने म पहले हम सामान्य रूप से प्रत्येक पग का विवरण देंगे और फिर इस समस्या के लिय विशिष्ट क्रिया का सकेत करग । पग हैं .

1 प्रसामान्य समीकरण I का ऐसी सख्या से गुणा करो कि एक अज्ञात का गुणाक वैसा ही बन जाए जैसा कि प्रसामान्य समीकरण II मे उसी अज्ञात का गुणाक । हमारे आँकडो के लिये

$(I \times 28\ 45)\quad 69{,}987 = 569a + 16\ 188\ 05b + 496{,}082\ 65c$

प्राप्त करन के लिये प्रसामान्य समीकरण I को $\Sigma X - N = 28\ 45$ से गुणा किया जाता है ।

सारणी 20.1

बीस पोंडरोसा देवदार वृक्षों के व्यास तथा आयतन के लिये सरल-रेखा तथा द्वितीयाश वक्र पर आधारित सम्बन्ध के मापो का निर्धारण करने के लिये प्रयुक्त मूल्यो का परिकलन

छाती तक की ऊँचाई पर व्यास (इंचों में) X	आयतन* (बोर्ड फुट—10) Y	XY	X^2Y	X^2	X^3	X^4	Y^2
36	192	6,912	248 832	1,296	46,656	1,679,616	36,864
28	113	3,164	88,592	784	21,952	614,656	12,769
28	88	2,464	68,9 2	784	21,952	614 656	7,744
41	294	12 054	494,214	1,681	68,921	2.825,761	86,436
19	28	532	10,108	361	6,859	130 321	784
32	123	3,936	125 952	1,024	32 768	1,048 576	15,129
22	51	1,122	24 684	484	10 648	234,256	2,601
38	252	9 576	363 888	1,444	54 872	2 085 136	63,504
25	56	1 400	35,000	625	15,625	390 625	3,136
17	16	272	4 624	289	4 913	83,521	256
31	141	4,371	135,501	961	29,791	923 521	19,881
20	32	640	12,800	400	8,000	160 000	1,024
25	86	2,150	53,750	625	15 625	390 625	7,396
19	21	399	7 581	361	6,859	130,321	441
39	231	9,009	351,351	1 521	59,319	2,313 441	53,361
33	187	6 171	203,643	1,089	35,937	1,185 921	34,969
17	22	374	6 358	289	4 913	83,521	484
37	205	7,585	280,645	1,369	50,653	1,874 161	42 025
23	57	1,311	30,153	529	12,167	279 841	3,249
39	265	10 335	403,065	1,521	59 319	2 313 441	70 225
569	2 460	83 777	2 949 733	17 437	567,749	19 361 917	462 278

* आयतन 'स्क्रिबनर दशमलव C' नियम द्वारा निश्चित किया गया था। जिसका वर्णन डी० ब्रूस तथा एफ० ऐक्स० शूमेचर द्वारा लिखित फॉरेस्ट मेन्स्यूरेशन, मैक ग्रा हिल बुक कम्पनी, न्यूयार्क, पृष्ठ 159—163 में किया गया है।

आँकड़े संयुक्त राज्य अमरीका के कृषि विभाग की फॉरेस्ट सर्विस के सौजन्य से प्राप्त। अरिजोना में कोकोनिनो नेशनल फारेस्ट से ट्री मैजरमेंट बुक से यादृच्छ प्रतिदर्श हैं।

2 समीकरण A प्राप्त करने के लिये, जिसमें दो अज्ञात होंगे समीकरण II से संशोधित समीकरण I को घटाओ या संशोधित समीकरण I से समीकरण II को घटाओ। वर्तमान समस्या के लिये, समीकरण A में केवल b और c होंगे।

$$\begin{array}{lrl} \text{II} & 83,777 = & 569a + 17\,437b + 567,749c \\ (\text{I} \times 28.45). & 69,987 = & 569a + 16\,188.05b + 496\,082.65c \\ \hline \text{A} & 13,790 = & 1,248.95b + 71,666.35c. \end{array}$$

3 प्रसामान्य समीकरण II को ऐसी संख्या से गुणा करो कि अज्ञात का गुणांक जो समीकरण A मे नहीं है, समीकरण II मे वही बन जाए जो प्रसामान्य समीकरण III मे है। अपनी समस्या मे हम प्रसामान्य समीकरण II को $\Sigma X \div \Sigma X = 30\ 644991$ से गुणा करते है। और

$(II \times 30\ 644991)$

$$2\ 567\ 345\ 411 = 17\ 437a + 534{,}356\ 708b + 17{,}398{,}662\ 995c$$

प्राप्त करते हैं,

4 समीकरण B को प्राप्त करने के लिये, जिसमे वही दो अज्ञात होगे जो समीकरण A म हैं, समीकरण III मे से सशोधित समीकरण II को घटाओ या सशोधित समीकरण II मे से समीकरण III को घटाओ। हमारे आकडों के लिये हमारे पास है

$$III \quad 2\ 949\ 733 = 17\ 437a + 567\ 749b \qquad + 19{,}361{,}917c$$

$(II \times 30\ 644991)$

$$\underline{2\ 567\ 345\ 411 = 17{,}437a + 534{,}356\ 708b + 17{,}398{,}662\ 995c}$$

$$B \quad 382\ 387\ 589 = \qquad 33{,}392\ 292b + \ 1{,}963{,}254\ 005c$$

5 समीकरण A तथा B मे दो स्थिराकों के मूल्यों को प्राप्त करने के लिये उन समीकरणों को युगपत् रूप से हल करो (प्रविधि का वर्णन पृष्ठ 236—237 पर किया गया था)। वृक्षो के आयतन तथा व्यास के आँकडो के लिये ऐसा करने से

$$b = -5\ 620315,$$
$$c = +0\ 2903663$$

प्राप्त होता है।

6 उस अज्ञात के मूल्य को प्राप्त करने के लिये जो A तथा B समीकरणो में नही था, पग 5 मे परिकलित मूल्यो को, प्रसामान्य समीकरणो मे से किसी एक मे प्रतिस्थापित करो। I का प्रयोग करके हम

$$2{,}460 = 20a + (569)(-5\ 620315) + (17{,}437)(0.2903663)$$
$$20a = 594\ 842,$$
$$a = 29\ 7421$$

प्राप्त करते है।

7 पडताल के तौर पर पग 5 और 6 म प्राप्त मूल्यो को, पग 6 मे अप्रयुक्त एक प्रसामान्य समीकरण मे प्रतिस्थापित करो। समीकरण II का प्रयोग

$$83{,}777 = (569)(29\ 7421) - (17{,}437)(-5\ 620315) + (567{,}749)(0\ 2903663),$$
$$= 83{,}776\ 9987$$

प्रदान करता है।

व्यास मे वृक्ष आयतन का आकलन करने के लिए द्वितीयांश समीकरण है।

$$Y_c = 29\ 7 - 5.62X + 0\ 2904X^2$$

इस समीकरण को एक मोटी रेखा द्वारा चार्ट 20 1 पर दिखाया गया है। प्रकीर्ण आरेख तथा आकलन समीकरण की उपस्थिति के कारण पाठक विस्मित हो सकता है

कि b का ऋणात्मक चिह्न है। कारण यह है कि चार्ट 20.1 वक्र का केवल एक भाग दिखाता है। यदि चार्ट शून्य पर प्रारम्भ होने वाले समस्तर पैमाने के साथ पुन बनाया जाता तो आकलन समीकरण मोटे रूप मे U-आकार का दिखाई देता।

30 इच के व्यास वाले वृक्ष के लिये, *आकलित आयतन होगा*

$$Y_c = 29\ 7 - (5\ 62)(30) + (0\ 2904)(30)^2,$$
$$= 122\ 1 \text{ बोर्ड फुट के दशक।}$$

जो व्यजक रेखिक सहसम्बन्ध के लिए प्रयोग किया गया था, उसी के द्वारा कुल विचरण का परिकलन किया गया है,

$$\Sigma y^2 = \Sigma Y^2 - \overline{Y}\Sigma Y,$$
$$= 462{,}278 - (123)(2{,}460) = 159{,}698.$$

क्योकि हमारे पास a, b, तथा c के मूल्य हैं, अत हम *व्याख्यात विचरण को ज्ञात कर* सकते है, जो

$$\Sigma y_{c \cdot Y \cdot XX}^2 = a\Sigma Y + b\Sigma XY + c\Sigma X^2 Y - \overline{Y}\Sigma Y,$$
$$= (29\ 7421)(2{,}460) + (-5\ 620315)(83\ 777)$$
$$+ (0\ 2903663)(2{,}949{,}733)$$
$$- (123)(2{,}460),$$
$$= 156{,}235\ 5$$

है।[1]

अब हम उसी प्रकार से जैसा कि रेखिक सहसम्बन्ध के लिय है, $\Sigma y_{s \cdot Y \cdot XX^2}^2$ को प्राप्त कर सकते है

$$\Sigma y_{s \cdot Y \cdot XX^2}^2 = \Sigma y^2 - \Sigma y_{c \cdot Y \cdot XX^2}^2,$$
$$= 159{,}698 - 156{,}235\ 5 = 3{,}462.5$$

आक्लन की मानक त्रुटि है

$$s_{Y \cdot XX^2} = \sqrt{\frac{\Sigma y_{s \cdot Y \cdot XX^2}^2}{N}},$$
$$= \sqrt{\frac{3{,}462\ 5}{20}} = 13.2 \text{ बोर्ड फुट दशक।}$$

आक्लन समीकरण के चारो ओर ± 1 2 तथा $3s_{Y \cdot XX^2}$, के क्षेत्रो को खडित रेखाओ द्वारा चार्ट 20.1 मे दिखाया गया है। आयतन के अनुमानो को, जैसे कि 30 इच के व्यास वाले वृक्ष के लिये बनाए गए थे, $\pm 13\ 2$ लिखा जा सकता है।

पहले की भाँति, *निर्धारण का गुणाक कुल विचरण के साथ व्याख्यात विचरण* का अनुपात है.

$$r_{Y \cdot XX^2}^2 = \frac{\Sigma y_{c \cdot Y \cdot XX^2}^2}{\Sigma y^2},$$
$$= \frac{156\ 235\ 5}{159{,}698} = 0\ 978.$$

---

1. YXX^2 एक कुछ भद्दा पादाक है, परन्तु यह इस बात को पूर्णतया स्पष्ट रूप से इगित करता है कि हम आश्रित चर की प्रथम तथा द्वितीय शक्तियो का प्रयोग करके आकलन समीकरण के सम्बन्ध मे परिकलित मापो का वर्णन कर रहे हैं।

सहसम्बन्ध का गुणांक इस अंक का वर्गमूल्य है, परन्तु इसका कोई चिह्न नहीं है। चिह्न के

$$r_{Y\,XX^2} = 0\,989,$$

अभाव का कारण यह है कि जब आकलन समीकरण वक्र रेखीय है, तो समीकरण के एक भाग में दो चरों का सम्बन्ध धनात्मक हो सकता है परन्तु दूसरे भाग में ऋणात्मक।

परिणामों की उन परिणामों से तुलना जो कि सरल रेखा के प्रयोग से प्राप्त हुए है—चार्ट 20 1 के स्वरूप से, यह पूर्णतया स्पष्ट है कि पोंडरोसा देवदार वृक्षों के व्यास तथा आयतन के बीच सम्बन्ध अरेखिक है, और हम अध्याय 26 में देखेंगे कि द्वितीयाश वक्र के प्रयोग से उत्पन्न सहसम्बन्ध, सरलरेखा पर आधारित सहसम्बन्ध से पर्याप्त ऊँचा है। इस समय, अभी-अभी प्राप्त परिणामा की सीधी रेखा सम्बन्ध के परिणामों के साथ केवल तुलना करने में हमारी रुचि है। सारणी 20 1 से उचित योगों तथा N का प्रयोग करके प्रसामान्य समीकरणों

$$\text{I.}\quad \Sigma Y = Na + b\Sigma X \text{ तथा}$$

$$\text{II}\quad \Sigma XY = a\Sigma X + b\Sigma X^2$$

का हल प्रदान करता है

$$a = -191\,124274 \text{ तथा}$$

$$b = 11\,041275$$

सरल रेखा आकलन समीकरण $Y_c = -191\,1 + 11\,04X$ है। इस समीकरण को, गहरी रेखा द्वारा, चार्ट 20 2 पर दिखाया गया है, और यह स्पष्ट है कि सरल रेखा सम्बन्ध का सन्तोषजनक विवरण नहीं है।

सरल रेखा से, व्याख्यात विचरण है।

$$\Sigma y_c^2 = a\Sigma Y + b\Sigma XY - \bar{Y}\Sigma Y,$$

$$= (-191\,124274)(2{,}460) + (11\,041275)(83\,777) - (123)(2{,}460),$$

$$= 152{,}259\,2$$

कुल विचरण है

$$\Sigma y^2 = \Sigma Y^2 - \bar{Y}\Sigma Y,$$

$$= 462{,}278 - (123)(2{,}460) = 159{,}698,$$

जो वही है जैसा कि द्वितीयाश वक्र के लिये है, तथा

$$\Sigma y_s^2 = \Sigma y^2 - \Sigma y_c^2,$$

$$= 159\,698 - 152\,259\,2 = 7{,}438\,8$$

आकलन की मानक त्रुटि है

$$s_{Y\,X} = \sqrt{\frac{\Sigma y_s^2}{N}}$$

$$= \sqrt{\frac{7\,438\,8}{20}}$$

$$= 19\,3 \text{ बोर्ड फुट दशक,}$$

जो निश्चित रूप से उस मूल्य से, जो कि उस समय प्राप्त हुआ था जब द्वितीयाश वक्र का प्रयोग किया गया था, बड़ा मूल्य है। ± 1, 2, तथा $3s_Y$ के क्षेत्रों को चार्ट 20 2 पर खण्डित रेखाओं द्वारा दिखाया गया है।

चार्ट 20.2 बीस पोडरोसा देवदार वृक्षो का व्यास तथा आयतन और आकलन की मानक त्रुटि ± 1, ± 2 तथा ± 3 के क्षेत्रो के साथ सरल रेखा आकलन समीकरण। सारणी 20 1 के आकडे। आकलन समीकरण को गहरी रेखा द्वारा दिखाया गया है।

जैसा प्रत्याशित था, निर्धारण तथा सहसम्बन्ध के रेखिक गुणाक उनसे छोटे[2] है जो कि द्वितियाश वक्र पर आधारित हैं।

2 एक माप को स्थापित करना सरल है

$$r^2_{Y(X^2)} = \frac{\Sigma y^2_{YX^2} - \Sigma y_c^2}{\Sigma y^2 - \Sigma y_c^2},$$

जो, (1) X^2 के प्रयोग के कारण व्याख्यात विचरण मे वृद्धि को (2) अकेले X के प्रयोग द्वारा अव्याख्यात विचरण की मात्रा के अनुपात के रूप में, व्यक्त करती है। ऊपर के व्यजक के अश तथा हर को Σy^2 से भाग करके हम

$$r^2_{Y(X^2)} = \frac{r^2_{YX^2} - r^2}{1 - r^2}$$

लिखने की अनुमति मिल जाती है। यह माप आगामी अध्याय मे वर्णित आंशिक निर्धारण के गुणाक के पूर्णतया समान है। इसका पुन अध्याय 26 में उल्लेख किया जाएगा जब हम यह निश्चय करेगे कि क्या निर्धारण का अरेखिक गुणाक रेखिक गुणाक से पर्याप्त बडा है।

वे हैं :

$$r^2 = \frac{\Sigma y_c^2}{\Sigma y^2} = \frac{152\,259\,2}{159{,}698} = 0.953,$$

और

$$r = +0.976$$

तृतीयात वक्र—तृतीयाश वक्र, तथा प्रतिफल सयोगवश, क्रमागत ह्रास नियम के भी उदाहरण के रूप में हम उन आकड़ो का प्रयोग करेंगे जो टिफ्टन, जार्जिया मे नाइट्रोजन खाद तथा तम्बाकू उत्पादन के प्रयोगो से प्राप्त किये गये है । पाँच विभिन्न खेतो में एक सहस्र पाउड खाद प्रति एकड की दर से डाली गई । सक्रिय उपादानो में से फास्फोरिक अम्ल तथा पोटाश को क्रमश 8 तथा 5 प्रतिशत पर स्थिर रखा गया, तथा नाइट्रोजन को निम्न प्रकार से बदला शून्य, 2 प्रतिशत, 3 प्रतिशत, 4 प्रतिशत, 5 प्रतिशत । सम्भवत. प्रयोग इस प्रकार से किया गया कि खेतों के बीच उत्पादन मे अन्तर, भूमि उर्वरता, नालियाँ, तथा इसी प्रकार के अन्य तत्त्वो के कारण नहीं थे । तीन विभिन्न वर्षों मे प्रयोग को दोहराया गया । कुल विचरण म से, उपयोग की गई नाइट्रोजन की बदलती हुई मात्रा से किस अनुपात का वर्णन किया जा सकता है ? जबकि ऐसा सम्भव है कि प्रयोग पूर्ण रूप से अभिकल्पित नहीं था आकड़े लगभग पूर्ण सहसम्बन्ध का सकेत करते हैं जब

$$Y_c = a + bX + cX^2 + dX^3$$

प्रकार के सम्बन्ध की कल्पना की जाती है । इसकी प्रकीर्ण आरेख, चार्ट 20.3, के परीक्षण द्वारा स्थूल ढग से पड़ताल की जा सकती है । भारी क्षैतिज रेखाएँ प्रत्येक नाइट्रोजन की प्रतिशतताओं के औसत उत्पादन हैं, जिन्हें दिया गया है । ये साधन समस्या के समाधान

चार्ट 20.3. टिफ्टन, जार्जिया मे खाद में प्रतिशत नाइट्रोजन तथा तम्बाकू का प्रति एकड उत्पादन । सारणी 20.2 के आंकडे । क्षैतिज रेखाएँ नाइट्रोजन की प्रत्येक प्रतिशतता के लिए प्रति एकड औसत उत्पादन को प्रदर्शित करती है, जबकि वक्र तृतीयाश समीकरण से परिकलित मूल्यों को प्रस्तुत करता है ।

क लिए आवश्यक नहा हैं, परन्तु ये आसजित किए जाने वाले वक्र के प्रकार की खोज करने म उपयोगी है।

प्रसामान्य समीकरणों का हल—क्योंकि चार स्थिराकों का अवश्य पाना है, अत निम्न प्रकार के चार प्रसामान्य समीकरणों का प्रयोग आवश्यक है [3]

$$\text{I} \quad \Sigma Y = Na + b\Sigma X + c\Sigma X^2 + d\Sigma X^3,$$

$$\text{II} \quad \Sigma XY = a\Sigma X + b\Sigma X^2 + c\Sigma X^3 + d\Sigma X^4,$$

$$\text{III} \quad \Sigma X^2Y = a\Sigma X^2 + b\Sigma X^3 + c\Sigma X^4 + d\Sigma X^5,$$

$$\text{IV} \quad \Sigma X^3Y = a\Sigma X^3 + b\Sigma X^4 + c\Sigma X^5 + d\Sigma X^6$$

अभीष्ट मूल्यों का सारणी 20 2 म परिकलन किया गया है, और उनके प्रतिस्थापनों का फल है निम्न चार प्रसामान्य समीकरण

$$\text{I} \quad 169\ 4 = 15a + 42b + 162c + 672d$$

$$\text{II} \quad 50\ 6\ 0 = 42a + 162b + 672c + 2\ 934d,$$

$$\text{III} \quad 197\ 198 = 162a + 672b + 2\ 934c + 13\ 272d,$$

$$\text{IV} \quad 822\ 884 = 672a + 2\ 934b + 13\ 272c + 61\ 542d$$

अपनी पूर्वगामी परिविधि का अनुसरण करके प्रत्येक स्थिति म a का निरसन करते हुए, हम I और II II और III III और IV, समीकरणों का इकट्ठा हल कर सकते हैं। इससे तीन समीकरण प्राप्त होते है

$$\text{A} \quad 48\ ??2 = 666b + 5\ 276c + 1?,786d$$

$$\text{B} \quad 80\ 256 = 1\ 980b + 14,364c + 82\ 116d$$

$$\text{C} \quad 790\ 1?2 = 23\ 7?4b + 178\ 416c + 1\ 051\ 020d$$

b का निरसन करते हुए अब हम A और B तथा फिर B और C को एक साथ हल कर सकते हैं। इस प्रकार समीकरण घटकर दो रह जाते हैं

$$\text{D} \quad -42\ 029\ 064 = 3\ 079\ 944c + 23\ 432\ 976d$$

$$\text{E} \quad -339,492\ 584 = 12\ 492\ 144c + 132\ 899\ 616d$$

समीकरण D तथा E को युगपत रूप से हल करके हम पाते हैं कि

$$d = -4\ 4648847$$

तथा

$$c = 20\ 323899$$

इन मूल्यों को समीकरण A B या C म प्रतिस्थापित करके हम मालूम होता है कि

$$b = 8\ 263630$$

b, c और d के लिए प्राप्त मूल्यों को समीकरण I, II III या IV, म प्रतिस्थापित कर हम

$$a = 890\ 32389$$

प्राप्त करते हैं।

---

3 यदि 1 प्रतिशत नाइट्रोजन के तल प्रमाप लिए होते तो मूलबिन्दु आमाना म X मूल्यों के माध्य (2 5) पर लिया जा सकता था। तब X की विषम शक्तियों का योग शून्य हुआ होता और प्रसामान्य समीकरणों से आसान हो गया होता। तब हमारे पास युगपत हल करने म निम्न प्रसामान्य समीकरणों के दो जोड़ होने चाहिएँ थे

$$\text{I} \quad \Sigma Y = Na + c\Sigma X^2 \qquad \text{II} \quad \Sigma XY = b\Sigma X^2 + d\Sigma X^4,$$

$$\text{III} \quad \Sigma X^2Y = a\Sigma X^2 + c\Sigma X^4 \qquad \text{IV} \quad \Sigma X^3Y = b\Sigma X^4 + d\Sigma X^6$$

सारणी 20 2

टिफटन, जार्जिया मे खाद मे प्रतिशत नाइट्रोजन तथा तम्बाकू के प्रति एकड उत्पादन के बीच सम्बन्ध के मापो को प्राप्त करने के लिए आवश्यक मूल्यो का परिकलन

(खाद प्रति एकड 1,000 पाउंड है, P_2O_5 तथा K_2O क्रमश 8 और 5 प्रतिशत है। सभी खेतों में वर्ष 2 में उपज असाधारण रूप से ऊंची थी, परिणामत वे एक उपादान द्वारा कम कर दी गई जिससे उनकी औसत को वर्ष 1 और वर्ष 3 की औसत तक घटा दिया।)

खेत संख्या तथा वर्ष	प्रतिशत नाइट्रोजन X	उपज पाउंडों में Y	XY	X^2Y	X^3Y	X^2	X^3	X^4	X^5	X^6	Y^2
खेत A :											
वर्ष 1	0	867	0	0	0	0	0	0	0	0	751,689
वर्ष 2	0	889	0	0	0	0	0	0	0	0	790,321
वर्ष 3	0	914	0	0	0	0	0	0	0	0	835,396
खेत B :											
वर्ष 1	2	1,094	2,188	4,376	8,752	4	8	16	32	64	1,196,836
वर्ष 2	2	1,101	2,202	4,404	8,808	4	8	16	32	64	1,212,201
वर्ष 3	2	1,092	2,184	4,368	8,736	4	8	16	32	64	1,192,464
खेत C											
वर्ष 1	3	1,206	3,618	10,854	32,562	9	27	81	243	729	1,454,436
वर्ष 2	3	1,180	3,540	10,620	31,860	9	27	81	243	729	1,392,400
वर्ष 3	3	1,157	3,471	10,413	31,239	9	27	81	243	729	1,338,649
खेत D											
वर्ष 1	4	1,281	5,124	20,496	81,984	16	64	256	1,024	4,096	1,640,961
वर्ष 2	4	1,238	4,952	19,808	79,232	16	64	256	1,024	4,096	1,532,644
वर्ष 3	4	1,224	4,896	19,584	78,336	16	64	256	1,024	4,096	1,498,176
खेत E											
वर्ष 1	5	1,235	6,175	30,875	154,375	25	125	625	3,125	15,625	1,525,225
वर्ष 2	5	1,237	6,185	30,925	154,625	25	125	625	3,125	15,625	1,530,169
वर्ष 3	5	1,219	6,095	30,475	152,375	25	125	625	3,125	15,625	1,485,961
	42	16,934	50,630	197,198	822,884	162	672	2,934	18,272	61,542	19,377,528

आंकडे डब्ल्यू० जे० स्पिलमैन द्वारा लिखित यूज ऑफ दि एक्सपोनेन्शल यील्ड कर्व इन फर्टिलाइजर एक्सपरिमेन्ट्स, संयुक्त राज्य अमरीका के कृषि विभाग के टैक्निकल बुलेटिन संख्या 348, पृष्ठ 16—17 से।

वास्तव मे X की शक्तियो का धारण करने वाले पांच स्तम्भ आवश्यक नहीं है। इन स्तम्भ योगो को प्राप्त करने का सबसे शीघ्र तरीका यह है कि प्रथम पांच प्राकृतिक अंको की अभीष्ट शक्तियो के जोडो की जांच करो, 1 घटाओ (क्योकि $X=1$ लुप्त है), और 3 से गुणा करो (क्योकि वर्ष तीन है)।

$$\overline{Y} = \frac{16\,934}{15} = 1,28.933 \text{ पाउंड}$$

$$= (890\ 32389)(16{,}934) + (78\ 263630)(50\ 630) + (20\ 323899)(197\ 198) + (-4\ 4648847)(822{,}884) - (1{,}128\ 93333)(16{,}934),$$
$$= 255\ 624$$
$$\Sigma y^2 = \Sigma Y - \overline{Y}\Sigma Y,$$
$$= 19\ 377\ 528 - (1\ 128\ 93333)(16{,}934),$$
$$= 260\ 171$$
$$\Sigma y^2{}_{Y\cdot X_1X_2X_3} = \Sigma y - \Sigma y'_{cY\cdot X_1X_2X_3},$$
$$= 260\ 171 - 255\ 624 = 4{,}547.$$

इनसे हम प्राप्त करते है

$$r^2_{Y\cdot X_1X_2X_3} = \frac{\Sigma y'^2{}_{Y\cdot X_1X_2X_3}}{\Sigma y^2}$$
$$= \frac{255\ 624}{260\ 171} = 0\ 983$$
$$r_{Y\cdot X_1X_2X_3} = 0\ 991$$
$$s_{Y\cdot X_1X_2X_3} = \sqrt{\frac{\Sigma y^2{}_{Y\cdot X_1X_2X_3}}{N}},$$
$$= \sqrt{\frac{4\ 547}{15}} = 17\ 4 \text{ पाउड}$$

डूलिटल विधि—यह अवश्य स्वीकार किया जाना चाहिए कि जब चार समीकरणो का युगपत रूप से हल करना हो तो उपर्युक्त प्रविधि कुछ श्रम साध्य है। आगे, जब तक d का मूल्य प्राप्त नही किया जाता, तब तक कोई पडताल नही की जा सकती। c और d को प्राप्त करने के लिए आवश्यक दो समीकरणो (D और E) के हल के अतिरिक्त यह भी किसी कार्य की परिशुद्धता की जाँच नही करता। सारे के सारे पूर्वगामी श्रम को त्रुटियो से भर कर भी इन दो समीकरणो का हल रुक जाता। जब तक सभी स्थिराको को प्राप्त नही कर लिया जाता तब तक चार प्रसामान्य समीकरणो के हल की परिशुद्धता पर हम कोई वास्तविक नियन्त्रण नही रख सकते। यदि अन्तिम नियन्त्रण असफल हो जाता है तो सारे कार्य को अवश्यमेव दोहराया जाना चाहिए।

सौभाग्य से इस प्रकार के समीकरणो को युगपत् रूप से हल करने के लिए एक विधिवत तरीका है जो परिशुद्धता पर बहुधा नियन्त्रण प्रदान करता है और जब चार या चार से अधिक समीकरण हो तो पूर्व-वर्णित ढग से कम श्रम साध्य है। एम० एच० डूलिटल द्वारा विकसित किए जाने के कारण यह विधि डूलिटल विधि के नाम से प्रसिद्ध है। साख्यिकी शास्त्र मे और बहुत सी श्रम बचाने वाली युक्तियो के समान यह विधि प्रारम्भ मे बहुत भ्रान्तिपूर्ण दिखाई देती है। एक निश्चित सीमा तक आवृत्तिमूलक नीरस[4] श्रम के लिए प्रविधि की जटिलता का प्रतिस्थापन है। अनेकधा सहसम्बन्ध समस्या मे (अध्याय 21 देखिए) जब चार या अधिक

4 इस प्रविधि के विस्तृत निरूपण के लिए मूल अग्रेजी पुस्तक का द्वितीय सस्करण, पृष्ठ 498 503 देखिए।

स्वतन्त्र चर हों तो युगपत् समीकरणों के हल के लिए डूलिटल विधि का प्रयोग विशेष रूप से परामर्श के योग्य है।

रूपातरो का प्रयोग

आकलन समीकरण के रूप में, द्वितीयाश वक्र या इससे ऊँचे दर्जे के वक्र के प्रयोग की अपेक्षा हम एक या दोनों चरों के लिए पाठ्यांकों को एक विभिन्न रूप में बदल सकते हैं। सबसे अधिक प्रयुक्त रूपान्तरों के अन्तर्गत लघुगणक, व्युत्क्रम, मूल या शक्तियाँ तथा लघुगणकों के लघुगणक आते हैं। अधिकतर एक रूपान्तरण दो रूपान्तरित श्रेणियों के बीच रैखिक सम्बन्ध प्रदर्शित करेगा। व्यास के आँकड़ों तथा पोडरोसा देवदार वृक्षों के आयतन के लिए, जिनका इस अध्याय में पहले प्रयोग किया गया था हम लघुगणकों, मूलों तथा व्युत्क्रमों के प्रयोग पर विचार करेंगे। पहले हम रूपान्तरों का लेखाचित्रीय विधि से परीक्षण करेंगे। तत्पश्चात् उन रूपान्तरों के लिए आँकड़ों के सहसम्बन्ध का विश्लेषण किया

चार्ट 20 4 बीस पोडरोसा देवदार वृक्षों के व्यास तथा आयतन का एक अर्ध-लघुगणकीय ग्रिड पर प्रकन। सारणी 20 3 के आकड़े।

जाएगा जो सर्वाधिक उचित दिखाई देते है। अन्य रूपान्तरो को केवल प्रतीकात्मक रूपो मे वर्णित किया जाएगा।

प्रारम्भिक परीक्षण—अध्याय 5 मे अर्ध-लघुगणकीय चार्ट के साथ अपने अनुभव के आधार पर, यह सोचना तर्कसगत दिखाई देता है कि यदि लघुगणकीय ऊर्ध्वाधर पंमाने के साथ ग्रिड का प्रयोग करें तो चार्ट 20 1 का प्रकीर्ण आरेख सीधा हो सकता है। इस परिस्थिति मे हम

$$(\log Y)_c = \log a + X \log b$$

प्रकार[5] के आकलन समीकरण का प्रयोग करेंगे। इस प्रकार का प्रकीर्ण आरेख चार्ट 20 4 में दिखाया गया है, और यह स्पष्ट है कि लघु Y तथा X के बीच का सम्बन्ध रेखिक नहीं है।

चार्ट 20 5 बोस पोडरोसा देवदार वृक्षो का आयतन तथा व्यास और ± 1, ± 2, तथा ± 3 आकलन की मानक त्रुटियो के क्षेत्रों के साथ (लघु $Y)_c$ = लघु $a+b$ लघु X प्रकार का आकलन समीकरण, लघुगणकीय ग्रिड पर प्रदर्शित। सारणी *20 3* के आकड। आकलन समीकरण को गहरी रेखा से दिखाया गया है।

---

5. यह स्पष्ट करने के लिए कि हम "Y के परिकलित मूल्य के लघुगणक" के साथ नही, अपितु "लघु Y_c के परिकलित मूल्य" का वर्णन कर रहे हैं, लघु Y_c की अपेक्षा (लघु $Y)_c$ चिह्न का प्रयोग किया जाता है। इसी प्रकार के कारणो से आगे आने वाले अनुच्छेदो मे $\sqrt{Y_c}$ की अपेक्षा $(\sqrt{Y})_c$ का और $\frac{1}{Y_c}$ की अपेक्षा $\left(\frac{1}{Y}\right)_c$ का प्रयोग किया जाता है।

चार्ट 20 5 में एक ग्रिड पर जिसके दोनों ऊर्ध्वाधर तथा क्षैतिज लघुगणकीय पैमाने हैं, उन्हीं आँकडों का अकन किया गया है। इस रूपान्तर मे

$$(\log Y)_c = \log a + b \log X$$

प्रकार के प्राकलन समीकरण के प्रयोग की आवश्यकता पडती है। चार्ट 20 5 का प्रकीर्ण आरेख यह सकेत करता है कि लघु Y तथा लघु X के बीच सम्बन्ध वस्तुत रेखिक है।[6]

चार्ट 20 6. बीस पोंडरोसा देवदार वृक्षो के आयतन का व्यास और वर्गमूल तथा आकलन को $\pm 1, \pm 2$ और ± 3 मानक त्रुटियो के क्षेत्रों के साथ, $(\sqrt{Y})_c = a + b$ \ प्रकार का आकलन समीकरण जिसे एक अकगणितीय ग्रिड पर दिखाया गया है। सारणी 20 4 क आकड। आकलन समीकरण को गहरी रेखा द्वारा दिखाया गया है। इस चार्ट क लिए एक वर्गमूल ऊर्ध्वाधर पैमाने का प्रयोग किया जा सकता था। वर्गमूल ऊर्ध्वाधर पैमाने तथा अकगणितीय क्षैतिज पैमाने का प्रयोग करने वाला ग्रिड यहाँ प्रयुक्त नहीं किया गया क्योंकि पाठक को इस प्रकार का रेखांकित पत्र एकदम प्राप्य नहीं है। समान अन्तराल वाले ऊर्ध्वाधर पैमाना मूल्य 0, 1, 4, 9, 16 25, तथा इसी प्रकार आगे हो सकते हैं।

---

6 कई बार $Y_c = a + b$ लघु Y प्रकार का आकलन समीकरण समुचित होता है। विवरण के लिए देख, एफ० इ० क्राक्स्टन द्वारा लिखित एलिमेन्टरी स्टॅटिस्टिक्स विद एप्लिकशन्स इन मॅडिसिन एन्ड दि बायलाजिकल साइन्सिस, डावर प्रकाशन, इन्कॉर्पोरेटिड, न्यूयार्क, 1959, पृष्ठ 152—157।

एक और रूपान्तर है जो सम्भवत पूर्व परीक्षित दोनो से अधिक तर्कसगत है। क्योंकि बेलन का आयतन प्रत्यक्ष रूप से इसकी लम्बाई तथा गोलाकार अनुप्रस्थ काट के अर्ध व्यास (या व्यास) के वर्ग से सम्बन्धित होता है, अत यह तर्कसगत दिखाई देगा कि ऐसे रूपान्तर का परीक्षण किया जाए जिसके अन्तर्गत $\sqrt{Y}$ और X आते हो। वास्तव मे वृक्ष बेलन नही है,[7] पर चार्ट 20 6 एक प्रकीर्ण आरेख को प्रदर्शित करता है जो पहले की अपेक्षा रैखिक के अधिक निकट लगता है। इस सम्बन्ध के लिए आकलन समीकरण

$$(\sqrt{Y})_c = a + bX$$

प्रकार[8] का बन जाएगा।

यद्यपि यह आशा करना तर्कसगत नही है कि $\frac{1}{Y}$ और X इन आंकडो के लिए एक

चार्ट 20 7 बीस पोंडरोसा देवदार वृक्षो के आयतन का तथा व्यास व्युत्क्रम अकगणितीय ग्रिड पर प्रदर्शित। सारणी 20 1 के आकड जो Y मूल्यो के व्युत्क्रमो को नही दिखाती।

---

7 देखें मूल अग्रेजी पुस्तक के द्वितीय सस्करण के पृष्ठ 234 पर सारणी 20 1 के नीचे उल्लिखित सकेत।

8 देखें टिप्पणी 5।

रेखिक प्रकीर्ण आरेख बनाएँगे, तथापि चार्ट 20 7 तैयार किया गया है। यह स्पष्ट है कि इन आँकडो के लिए यह सम्बन्ध उपयुक्त नही है, यद्यपि अन्य श्रेणियो के लिए यह कभी-कभी उपादेय है। आकलन समीकरण $\left(\frac{1}{Y}\right)_e = a+bX$ प्रकार[9] का होगा।

पाठको ने ध्यान दिया होगा कि चार्ट 20 4 और 20 5 मे प्रयुक्त ग्रिडो की इस प्रकार रचना की गई थी कि वास्तविक X मूल्यो तथा Y मूल्यो का अकन किया गया था। चार्ट 20 6 और 20 7 मे विशिष्ट ग्रिड का प्रयोग नही था अपितु अकगणितीय पैमानो को काम मे लाया गया था और X मूल्यो के सामने $\sqrt{Y}$ तथा $\frac{1}{Y}$ मूल्यो को अकित किया गया था। 20.6 तथा 20 7 चार्टो के लिए विशेष ग्रिडो का प्रयोग किया जा सकता था, इनका इसलिए प्रयोग नही किया गया क्योकि वे पाठक को तत्काल प्राप्त नही है।

अब हम लघु Y, लघु X के सम्बन्ध तथा $\sqrt{Y}$, X के सम्बन्ध के लिए विभिन्न सहसम्बन्ध मापो का परिकलन प्रारम्भ करेंगे। लघु Y, X के सम्बन्ध तथा $\frac{1}{Y}$, X के सम्बन्ध को केवल चिह्नो के रूप मे विचारा जायगा। क्योकि सम्बन्धित चार समीकरण प्रकारो मे से प्रत्येक को आकलन समीकरण मे केवल दो अज्ञातो की आवश्यकता पडती है, अत सभी प्रविधियाँ, जैसा कि अध्याय 19 मे वर्णित है, समूहित आँकडो के रेखिक सहसबध की प्रविधियो के समान होगी। सूत्र वैसे ही रहेंगे जैसे कि पहले प्रयुक्त किए गए थे, अतिरिक्त इसके कि (1) लघु $Y, \sqrt{Y}$ या $\frac{1}{Y}$ को Y के लिए तथा (2) लघु X को X के लिए प्रतिस्थापन्न किया जाएगा जब हम लघु Y, लघु X सम्बन्ध का प्रयोग करते हैं।

क्योकि चार रूपातरो के अन्तर्गत जिन पर विचार किया जाएगा, Y मूल्यो के लघुगणक, वर्ग मूल, या व्युत्क्रम आते है, अत दो बातो को ध्यान मे रखना चाहिए (1) न्यूनतम वर्गो का जोड $Y-Y_e$ मूल्यो के वर्गो के योग को निम्नतम नही करता, यह परिकलित रूपान्तरित Y मूल्यो से रूपान्तरित प्रेक्षित Y मूल्यों के विचलनो के वर्गो के योग को निम्नतम करता है, तथा (2) जब आकलन समीकरण से यथार्थ Y मूल्यो के प्रसार की मात्रा का वर्णन कर रहे हो, तो जब दोनो ही रूपान्तरित इकाइया के रूप मे हो तो आकलन की मानक त्रुटि को अवश्यमेव परिकलित Y मूल्यो मे जोडा जाना चाहिए और उनमे से घटाना चाहिए, जोड तथा घटाव के बाद परिणामो को मूल Y श्रेणी की इकाइयो मे पुन रूपान्तरित किया जा सकता है।

लघु Y, लघु X सम्बन्ध—चार्ट 20.5 मे यह सकेत किया गया था कि व्यास तथा आयतन मे सम्बन्ध लगभग रेखिक था जब दोनो श्रेणियो को लघुगणको के रूप मे व्यक्त किया गया था। आकलन समीकरण

$$(\text{लघु } Y)_e = \text{लघु } a + b \,\text{लघु } X$$

प्रकार का है और प्रसामान्य समीकरणो

I $\Sigma \text{लघु } Y = N \,\text{लघु } a + b\, \Sigma \text{लघु } X$,

II. $\Sigma(\text{लघु } X . \text{लघु } Y) = \text{लघु } a\, \Sigma \text{लघु } X + b\, \Sigma(\text{लघु } X)^2$

को युगपत् रूप से हल करके स्थिराक लघु a तथा b प्राप्त किए जाते हैं।

---

9. पादटिप्पणी 5 देखिए।

इन समीकरणों में, सारणी 20 3 (लघुगणक परिशिष्ट द में हैं) से मूल्यों को प्रतिस्थापित करने में

I 38 727389 = 20 लघु a + 28 728012 b,
II 56 619891 = 28 728012 लघु a + 41 581145 b.

प्राप्त होते हैं । युगपत हल प्रदान करता है

लघु a = −2 569125 तथा
b = 3 136656

आकलन समीकरण को अब लिखा जा सकता है

(लघु $Y)_c$ = −2 569125 + 3 136656 लघु X

क्योंकि आकलन समीकरण जिसे हम प्रयुक्त कर रहे हैं,

$$Y_c = aX^b$$

का रखिक रूप है अत मूल आंकड़ो के रूप में आकलन समीकरण

$$Y_c = 0\ 002697 X^{3\ 136656}$$

है ।

सारणी 20 3

उन मूल्यों का परिकलन जिनको बीस पोडरोसा देवदार वृक्षों के व्यास के लघुगणक तथा आयतन के लघुगणक के बीच सम्बन्ध के मापों का निर्धारण करने के लिए प्रयुक्त किया गया

(लघुगणकों को परिशिष्ट द में प्राप्त किया गया है।)

छाती की ऊँचाई पर व्यास (इंच) X	आयतन* (बोर्ड फुट −10) Y	लघु X	लघु Y	लघुX लघुY	(लघु $X)^2$	(लघु $Y)^2$
36	192	1 556303	2 283301	3 553508	2 422079	5 213463
28	113	1 447158	2 053078	2 971128	2 094266	4 215129
28	88	1 447158	1 944483	2 813974	2 094266	3.781014
41	294	1 612784	2 468347	3 980911	2 601072	6 092737
19	28	1 278754	1 447158	1 850559	1 635212	2 094266
32	123	1 505150	2 089905	3 145621	2 265477	4 367703
22	51	1 342423	1 707570	2 292281	1 802100	2.915795
38	252	1 579784	2 401401	3 793695	2 495717	5 766727
25	56	1 397940	1 748188	2 443862	1 954236	3 056161
17	16	1 230449	1 204120	1 481608	1 514005	1 449905
31	141	1 491362	2 149219	3 205264	2.224161	4.619142
20	32	1.301030	1 505150	1 958245	1 692679	2 265477
25	86	1 397940	1 934498	2 704312	1 954236	3 742283
19	21	1 278754	1 322219	1 690793	1 635212	1 748263
39	231	1 591065	2.363612	3 760660	2 531488	5.586662
33	187	1 518514	2 271842	3 449824	2 305885	5 161266
17	22	1 230449	1 342423	1 651783	1 514005	1 802100
37	205	1 568202	2 311754	3 625297	2 459258	5 344207
23	57	1 361728	1 755875	2 391024	1 854303	3 083097
39	265	1 591065	2 423246	3 855542	2 531488	5 872121
569	2,460	28 728012	38 727389	56 619891	41 581145	78 177518

*सारणी 20 1 की टिप्पणी देखें।
आंकड़ों के स्रोत के लिए, देखें सारणी 20 1 ।

(ध्यान दीजिए कि लघु $a = -2\ 569125 = 7\ 430875 - 10$ तथा इसका प्रतिलघु 0 002697 है।) आकलन समीकरण को चाट 20 5 पर दिखाया गया है जिसके लघु-गणकीय पैमाने है, और चार्ट 20 8 पर जिसके अकगणितीय पैमाने हैं।

$$\text{जहा लघु } \overline{Y} = \frac{\Sigma \text{लघु } Y}{N} = \frac{38\ 727389}{20} = 1\ 93636945 \text{ है वहाँ कुल विचरण है}^{10}$$

$$\Sigma(\text{लघु } Y)^2 = \Sigma(\text{लघु } Y)^2 - \overline{(\text{लघु } Y)}\Sigma\text{लघु } Y$$

आयतन, बोर्ड फुट — 10

व्यास इंचों में

चार्ट 20 8 बोस पोडरोसा देवदार वृक्षो का आयतन तथा व्यास और आकलन की ± 1 ± 2, तथा ± 3 मानक त्रुटियो के क्षेत्रों के साथ (लघु $Y)_c$ = लघु $a + b$ लघु Y प्रकार का आकलन समीकरण अकगणितीय ग्रिड पर प्रदर्शित। सारणी 20 3 के आकड़। आकलन समीकरण को गहरी रेखा से दिखाया गया है।

---

10 ध्यान दीजिए कि $\Sigma(\text{लघु } Y)^2 = \Sigma\ [\text{लघु } Y - (\overline{\text{लघु } Y})]^2 = \Sigma\left(\text{लघु } Y - \frac{\Sigma\text{लघु } Y}{N}\right)^2$ यह $\Sigma[\text{लघु } (Y - \overline{Y})]^2$ नहीं है। इसी प्रकार, $\Sigma(\text{लघु } y)_c^2 = \Sigma[(\text{लघु } Y)_c - \overline{(\text{लघु } Y)}]^2$ और $\Sigma(\text{लघु } y)_s^2 = \Sigma[\text{लघु } Y - (\text{लघु } Y)_c]^2$

कुल विचरण के लिए सख्यात्मक मूल्य है

$$\Sigma(\text{लघु } Y)^2 = 78\ 177518 - (1.93636945)(38.727389),$$
$$= 3\ 186985.$$

व्याख्यात विचरण है[11]

$$\Sigma(\text{लघु } y)_c^2 = \text{लघु } a \Sigma \text{ लघु } Y + b\Sigma(\text{लघु } X \text{ लघु } Y) - (\overline{\text{लघु } Y})\Sigma \text{ लघु } Y,$$
$$= (-2\ 569125)(38.727389) + (3.136656)(56.619891) - (1.93636945)(38\ 727389),$$
$$= 3.111085.$$

अव्याख्यात विचरण को अब घटा कर प्राप्त किया जा सकता है

$$\Sigma(\text{लघु } y)_s^2 = \Sigma(\text{लघु } y)^2 - \Sigma(\text{लघु } y)_c^2,$$
$$= 3\ 186985 - 3\ 111085 = 0\ 075900$$

महसम्बन्ध तथा निर्धारण के गुणाक है

$$r^2_{\text{लघु } Y \text{ लघु } X} = \frac{\Sigma(\text{लघु } y)_c^2}{\Sigma(\text{लघु } y)^2} = \frac{3\ 111085}{3\ 186985} = 0\ 976 \text{ तथा}$$

$$r_{\text{लघु } Y \text{ लघु } X} = +0\ 988.$$

हम महसम्बन्ध गुणाक के लिये एक चिह्न दिखा सकते है, क्योकि लघु Y तथा लघु X के बीच सम्बन्ध रेखिक है।

क्योकि आकलन समीकरण के अन्तर्गत केवल दो स्थिराक आते है, अत हम सशोधित उत्पाद घूर्ण सूत्र के प्रयोग द्वारा सहसम्बन्ध के गुणाक का परिकलन कर सकते हैं। यह स्मरण किया जाएगा कि यह व्यजक आकलन समीकरण मे पहले स्थिराको को ज्ञात किए *बिना महसम्बन्ध गुणाक को प्राप्त करने की अनुमति देता है।* लघु Y तथा लघु X के लिये,

$$r_{\text{लघु } Y \text{ लघु } X}$$
$$= \frac{N\Sigma(\text{लघु } X \text{ लघु } Y) - (\Sigma \text{ लघु } X)(\Sigma \text{ लघु } Y)}{\sqrt{[N\Sigma(\text{लघु } X)^2 - (\Sigma \text{ लघु } X)^2][N\Sigma(\text{लघु } Y)^2 - (\Sigma \text{ लघु } Y)^2]}},$$
$$= \frac{20(56\ 619891) - (28\ 728012)(38\ 727389)}{\sqrt{[20(41\ 581145) - (28.728012)^2][20(78.177518) - (38.727389)^2]}},$$
$$= +0\ 988.$$

आकलन की मानक त्रुटि है

$$s_{\text{लघु } Y \text{ लघु } X} = \sqrt{\frac{\Sigma(\text{लघु } y)_s^2}{N}} = \sqrt{\frac{0.075900}{20}} = 0\ 061604$$

11. यदि हम दोनो (लघु $Y)_c$=लघु $a+b$ लघु X तथा (लघु $Y)_c$=लघु $a+X$ लघु b, मे $\Sigma(\text{लघु } y)_c^2$ तथा $\Sigma(\text{लघु } y)_s^2$ का परिकलन कर रहे हो तो चिह्नो द्वारा या किसी और प्रकार से व्याख्यात विचरण और अव्याख्यात विचरण को प्राप्त करन की दो विधियो के बीच भेद करने की सम्भवत हम इच्छा करेंगे।

1955	27.0	+ 45.5	− 1,228.50	729.00	2,070.25
1956	+ 111.3	+ 212.7	+ 23,673.51	12,387.69	45,241.29
1957	+ 143.6	+ 107.0	+ 15,365.20	20,620.96	11,449.00
1958	− 86.2	− 67.7	+ 5,835.74	7,430.44	4,583.29
1959	− 15.9	+ 84.6	− 1,345.14	252.81	7,157.16
1960	+ 12.3	− 20.1	− 247.23	151.29	404.01
1961	− 53.4	− 118.8	+ 6,343.92	2,851.56	14,113.44
1962	− 18.1	− 55.5	+ 1,004.55	327.61	3,080.25
1963	+ 27.1	+ 34.7	+ 940.37	734.41	1,204.09
योग	+ 0.3	+ 0.1	+ 61,068.81	63,007.15	109,088.19

विचलन सारणी 22 2 तथा 22 3 में रोजगार एव उपनति-आँकड़ों से प्राप्त किए गए थे।

$$r = \frac{N\Sigma XY - (\Sigma X)(\Sigma Y)}{\sqrt{[N\Sigma X^2 - (\Sigma X)^2][N\Sigma Y^2 - (\Sigma Y)^2]}},$$

$$= \frac{12(61,068.81) - (0.3)(0.1)}{\sqrt{[12(63,007.15) - (0.3)^2][12(109,088.19) - (0.1)^2]}},$$

$$= +0.737$$

काल-श्रेणी को सहसंबंधित करने मे समस्याएँ—यह स्पष्ट होना चाहिए कि सहसंबंध गुणांक का मान आँकडों मे उपयुक्त उपनति के प्रकार से तथा समय से, जिसमे वह बैठाया गया है, प्रभावित होता है। यदि 10 वर्षों का समय सहसंबंधित किया जा रहा है तो एक श्रेणी के लिए 100 वर्ष के समय म आसजित उपनति के एक अनुभाग का प्रयोग तथा दूसरी श्रेणी के लिए केवल 10 वर्षों के समय के आँकडों मे उपयुक्त उपनति का प्रयोग तर्कसगत नहीं होगा। प्रत्यक चक्र के आनुमानिक केन्द्र से गुजरने मे प्रथम उपनति के असफल होने को पूरी सम्भावना रहेगी, तथा यह भी सभव है कि कुछ चक्रो का स्पर्श तक न हो सके। *परिणामस्वरूप सहसबध गुणाक दो श्रेणियो के चक्रो मे सम्बन्ध की मात्रा को घटा या बढा कर व्यक्त कर सकता है। यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि एक श्रेणी के लिए अनम्य उपनति और दूसरी श्रेणी के लिए नम्य उपनति के प्रयोग के परिणाम समान होंगे।* यदि हम चक्रीय गतियो को सहसबंधित करना चाहते हैं, तो ऐसी उपनति का प्रयोग, जो प्रत्यक चक्र के लगभग केन्द्र से गुजरती हो, सर्वोत्तम प्रतीत होता है। हो सकता है कि कोई भी सरल गणितीय वक्र सन्तोषजनक सिद्ध न हो और अपेक्षाकृत आत्मनिष्ठ-विधि को, कम से कम प्रथम सन्निकट मान के रूप मे, अपनाना पडे।

अन्य विचारणीय समस्या यह है कि द्वितीय घूर्णों पर आधारित, सहसबध की विपर्सन की विधि कालश्रेणी को सहसबंधित करने के लिए उपयुक्त है अथवा नही। किसी कालश्रेणी की घटबटो का सामान्यत उपनतिरेखा के चतुर्दिक् प्रायश. बटन नहीं किया जाता। कभी कभी कुछ चरम विचलन होते हैं, जो वर्गाकित होने पर r के मान का अधिकतर निर्धारण करते हैं। इस समस्या को ध्यान मे रखते हुए, कुछ अधिकारी विद्वान्, चरम विचलनो के विशेष रूप से बडे होने की दशा मे, कोटि-विधि (रैंक मैथड) के प्रयोग का सुझाव देते हैं। एक अन्य हल यह है कि द्वितीय घूर्णों की बजाय प्रथम घूर्णों पर आधारित सूत्र का प्रयोग किया जावे।[1] इस तथ्य को ध्यान मे रखते हुए कि रुचि बहुधा इस बात पर केन्द्रित रहती है कि, उनके स्तर अथवा परिवर्तन के परिमाण पर विचार किए बिना, दो श्रेणियाँ एक ही समय, एक ही समान सामान्य दिशा (धनात्मक अथवा ऋणात्मक) की ओर गतिशील हैं अथवा नही, यह हो सकता है कि 2×2 सारणियो (देखिए पृष्ठ 434—436) मे प्रयोज्य विधि सर्वथा उपयुक्त हो।

काल-श्रेणी को सहसबधित करने मे एक अन्य कठिनाई यह है कि सहसबंध के गुणाक की विश्वसनीयता के *आकलन* के लिए हमारे पास कोई तर्कसगत आधार नही है। *काल-श्रेणी के निमित्त r की किसी विश्वसनीयता परीक्षा के प्रयोग मे मुख्य आपत्ति यह है कि विभिन्न प्रेक्षणो का यादृच्छिक बटन नहीं*

---

1. अन्य रोचक सूत्र है

$$C_2 = \frac{\Sigma s(2N - \Sigma|s|)}{N^2},$$

जहा s बडो के प्रत्येक युग्म मे से छोटे का द्योतक है जब प्रत्येक श्रेणी औसत विचलनो $\left(\frac{x}{AD_x} \text{ तथा } \frac{y}{AD_y}\right)$ के सम्बन्ध मे माध्य से विचलना के रूप म व्यक्त हो। जब बीजगणित के ढग से योग करते हैं तो s धनात्मक है यदि युग्मित विचलनो के चिह्न समान है, तथा उनके असमान होने की दशा म ऋणात्मक है।

होता—काल-श्रेणी मे प्रत्येक प्रेक्षण पूर्व और पश्चात् काल-बिन्दुओ के लिए उस श्रेणी मे मानो से सम्बन्धित रहता है। इसके अतिरिक्त, इस पारस्परिक सम्बन्ध की निश्चित प्रकृति के सम्बन्ध मे हम साधारणतया सामान्यीकरण नही कर सकते। कदाचित् यह कठिनाई तब और भी स्पष्ट हो जाएगी जब हम यह पूछें कि सारणी 22 7 मे प्रयुक्त चक्रीय सम्बन्धो मे कितने स्वतत्र प्रेक्षण सम्मिलित हैं। यद्यपि वहाँ 12 वर्ष हैं किन्तु 12 स्वतत्र प्रेक्षण नही है। वहाँ लगभग तीन पूर्ण चक्र हे (गर्त से गर्त तक मापते हुए)। तब, क्या वहा केवल तीन स्वतत्र प्रेक्षण है ? नही, वहाँ तीन स अधिक प्रेक्षण हैं, क्योकि चक्र मे प्रत्येक प्रेक्षण पूर्व मानो पर पूर्णत आश्रित नही होता। यदि अब हमारे पास मासिक आँकडे होते तो क्या 12 वर्षो के लिए हमारे पास 144 स्वतंत्र प्रेक्षण होते ? स्वभावतः नही। किन्तु कितने स्वतत्र प्रेक्षण होगे यह कहना असम्भव है। यहाँ जो कुछ कहा गया है, वह और भी स्पष्ट हो जाएगा जब पाठक "स्वतत्रता की मात्रा" की धारणा को समझ लेंगे। इसका विवेचन अध्याय 24 मे तथा फिर, सहसबध के विशेष सन्दर्भ मे, अध्याय 26 मे किया गया है।

पिछले सब निदर्शो मे कालानुक्रमी श्रेणियो को भौतिक शब्दावली मे व्यक्त किया गया है। उनम से कोई भी मौद्रिक इकाइयो मे नही थी। जब कोई श्रेणी डालरो की शक्ल मे है, तो इसे साधारणत उपयुक्त मूल्य सूचकाक द्वारा विभाजित करके मूल्य-परिवर्तनो के लिए समजित कर लेना चाहिए। ऐसी परिस्थिति तब आती है जब हम मूल्य और जई, भूसा, गेहूं, या नाबू फलादि जैसी कृषि-उपज के उत्पादन मे सम्बन्ध की परीक्षा करते है। विद्यमान सहसबध समान वर्षो के मूल्य और उत्पादन म अथवा प्रत्येक वर्ष के मूल्य और अगले वर्ष के उत्पादन मे हो सकता है।

पहले का विवेचन केवल दो काल-श्रेणियो के सहसबध के विषय मे है, यद्यपि प्रारम्भ मे यह कहा गया था कि हम दो या अधिक काल-श्रेणियो को सहसबधित कर सकते हैं। यदि कोई व्यक्ति सुअर के मास के मूल्य मे वार्षिक घटबढ की सांख्यिकीय ढग से व्याख्या करने का दायित्व अपने ऊपर लेता है तो निस्सन्देह वह अपने विश्लेषण म न केवल सुअर के मास के उत्पादन को लाएगा वरन् मक्का के मूल्य और उत्पादन, तथा शायद बकर के तथा अन्य प्रकार के मास के मूल्य और उत्पादन पर भी विचार करेगा। इस प्रकार की समस्या उनकी अपेक्षा जिन पर हमने यहाँ विचार किया है, और भी जटिल है, क्योकि इसमे कई चरो का अनेकधा सहसबध अन्तर्ग्रस्त है। फिर भी, प्रक्रियाएँ ठीक वही है जो अध्याय 21 मे अनेकधा तथा आंशिक सहसम्बन्ध के लिए बताई गई है। विचारणीय चरो की सख्या कितनी भी क्यो न हो, किन्तु प्रत्येक श्रेणी की उपनति के लिए उपयुक्त समजन करना चाहिए।

मासिक आँकड़े

मासिक काल-श्रेणियो को सहसबंधित करते समय न केवल यह आवश्यक है कि उप-नति के लिए समजन किया जाए वरन् आँकडो को ऋतुनिष्ठता रहित करना भी आवश्यक है। यदि आँकडो को ऋतुनिष्ठता रहित न किया गया तो हम अधिकतर चक्रीय गतियो के स्थान पर केवल ऋतुजन्य घटबढो को सहसबधित करेंगे। इसके अतिरिक्त, प्राय. यह भी वाछनीय है कि समजित आँकडो का अल्पकालिक गतिमान औसत द्वारा (जैसे अध्याय 16

म समभाया गया है) सरलन किया जाए ताकि आकस्मिक गतिया के कारण हुई अनियमितताओं को दूर किया जा सक।

तुल्यकालिक सम्बन्ध—कभी-कभी यह जानने के लिए कि क्या दो काल श्रेणियाँ साथ-साथ गतिमान होती हैं, दो मासिक कालश्रेणिया को सहसबधित करने की इच्छा होती है। इस प्रकार, ऐसा सहसबंध स्थापित किया जा सकता है यदि दो सस्थाएँ आर्थिक क्रियाकलाप के समान पक्ष का मापन के अभिप्राय से सूचकाक प्रदान करें। अथवा, कोई शोध-विभाग यह जानने म रुचि ले सकता है कि कुछ संघटक श्रेणिया के आधार पर *परिकलित व्यवसाय-स्थितियो का सूचकाक, चक्रीय गतियो को व्यक्त करने मे अधिक* व्यापक सूचकाक के साथ, जिसकी रचना अधिक खर्चीली भी है, पर्याप्त निकटता से मेल खाता है अथवा नहीं। फिर, कोई व्यक्ति बारह फैडरल रिजर्व जिलो मे से दो, अथवा अधिक के लिए. काल-श्रेणिया (उदाहरणार्थ विभागीय भडार बिक्रया) की तुलना करने मे रुचि ले सकता है।

पश्चता और अग्रता—बहुधा ऐसी मासिक काल-श्रेणी ज्ञात करने की इच्छा होती है जो एक द्वितीय श्रेणी स आगे चलती हो और इसी कारण जिसका प्रयोग द्वितीय श्रेणी का *पूर्वानुमान करने म किया जा सके। वह सम्बन्ध जिसे ज्ञात करने की आशा होती है,* कुछ-कुछ चार्ट 22 8 म निर्दिष्ट आदर्श सम्बन्ध जैसा है, यद्यपि इस चार्ट मे दिखाई गई नियमितता चक्रों म लगभग कभी नही होगी। चार्ट 22 8 मे पूर्वानुमान सूचकाक उस श्रेणी से निरन्तर आगे चलता हुआ दिखाई देता है जिसका पूर्वानुमान करना है। जब ऐसी स्थिति होती है तो पूर्व-गतिशील श्रेणी (अर्थात् पूर्वानुमान सूचकाक) अन्य श्रेणी की *अग्रता" करती हुई कही जाती है। उत्तर-गतिशील श्रेणी को भी पूर्व-गतिशील श्रेणी की*

चार्ट 22 8 एक श्रेणी को नियमित रूप से दूसरी से पूर्वगामी दिखाते हुए दो निदर्शी श्रेणिया।

"पश्चता" करती हुई कहा जाता है। पश्चता-अग्रता सम्बन्ध इतना एकरूप अत्यन्त विरल ही मिलेगा जितना चार्ट 22 8 म दिखाया गया है। वास्तव म, सन् 1941 से, आर्थिक काल श्रेणिया म पश्चता सम्बन्ध, पहले तो द्वितीय विश्वयुद्ध के कारण और फिर कोरियाई युद्ध तथा सुरक्षा उत्पादन के कारण, बिल्कुल सुस्पष्ट नहीं रहे है।

चार्ट 22 9, फरवरी 1959 से दिसम्बर 1964 तक के स्थायी तथा अस्थायी निर्माणों और उत्पादन के फेडरल रिज़र्व सूचकांकों को प्रकट करता है। ये सूचकांक फेडरल रिज़र्व बोर्ड द्वारा सामयिक ऋतुजन्य गतियों के लिए समजित किए गए थे। लेखकों ने उपनति को दूर किया तथा अनियमित गतियों को 1, 2, 1 भारित त्रैमासिक गतिमान औसत द्वारा सरल बनाया। चार्ट 22 9 में व्यक्त यथार्थ स्थिति चार्ट 22 8 में प्रस्तुत निदर्शी स्थिति से पर्याप्त भिन्न है, जहाँ एक श्रेणी दूसरी से नियमित रूप से

चार्ट 22 9 1959 से 1964 तक स्थायी तथा अस्थायी निर्माणों के उत्पादन के फेडरल रिज़र्व सूचकांकों की चक्रीय गतियाँ। आकड़े सारणी 22 10 से तथा उस सारणी में छोड़ हुए वर्षों की कार्यसूचियों (अनिर्दिष्ट) से। दोनों सूचकांक उपनति और ऋतुजन्य तथा अनियमित गतियों के लिए समजित किए गए थे, तथा प्रतिशतता विचलनों के रूप में अभिव्यक्त किए गए थे।

पुरोगामी थी। चार्ट 22 9 की परीक्षा कतिपय रुचिकर बातों को प्रकट करती है : 1961 और 1963 में अस्थायी निर्माणों के सूचकांक में निम्न बिन्दुओं का स्थायी निर्माणों के सूचकांक में वैसे ही निम्न बिन्दुओं से संपात प्रतीत होता है, 1959, 1960 और 1961 में स्थायी निर्माणों के सूचकांक में उच्च बिन्दु अन्य सूचकांक में उच्च बिन्दुओं से कुछ महीने पुरोगामी प्रतीत होते हैं।

सामान्यत, स्थायी निर्माणों का सूचकांक अन्य सूचकांक से पुरोगामी प्रतीत होता है। यह जानने के लिए कि निकटतम एकरूपता कब विद्यमान रहती है, हम कई सहसंबंध गुणांकों का परिकलन करेंगे। पहले, तुल्यकालिक रूप से दो श्रेणियों को सहसंबंधित करने से हम $r = +0.670$ पाते हैं। फिर, स्थायी निर्माणों के सूचकांक के मुकाबले अस्थायी निर्माणों के सूचकांक को एक मास की अग्रता प्रदान करके, आंकड़ों को युग्मित करके, हम $r = +0.519$ प्राप्त करते हैं। यहाँ अस्थायी निर्माणों के सूचकांक के लिए फरवरी 1959 को स्थायी निर्माणों के सूचकांक के लिए मार्च 1959 के साथ युग्मित करके युग्म बनाना प्रारम्भ होता है और अन्य श्रेणियों के लिए

नवम्बर 1964 का पश्च श्रेणियो क लिए दिसम्बर 1964 के साथ युग्मित करके समाप्त होता है। चार्ट 22 9 म दो श्रेणियो मे पश्चता बहुत स्पष्ट न होने क कारण, हम स्थायी निर्माणो के सूचकाक का एक मास की अग्रता प्रदान करके युग्मित करने की चेष्टा करते है जिसके लिए परिकलनो का सकेत सारणी 22 10 म है। इससे $r = +0\ 628$ प्राप्त होता है जो प्रथम प्राप्त मान की अपेक्षा अधिक है। अत इस दिशा मे हम इस निदश का आगे अनुगमन करेंगे।

अब स्थायी निर्माणो के सूचकाक के लिए दो मास की अग्रता का यत्न करते हुए हम $r = +0\ 608$ प्राप्त करते है जो उस सूचकाक की एक मास की अग्रता के लिए गुणाक की अपेक्षा कम है। फिर हम सहसबध गुणाक को स्थायी निर्माणो के सूचकाक के साथ तीन मास का अग्रता सहित परिकलित करते हैं और $r = +0\ 555$ प्राप्त करते हैं जो दो मास की अग्रता क लिए अभी अभी प्राप्त मान की अपेक्षा कम है। इस निदश के लिए r के अतिरिक्त मानो के परिकलन द्वारा शायद ही कोई उपलब्धि हो अत हम परिणामो का सार निम्न प्रकार से प्रस्तुत करेंगे

अग्रगामी श्रेणिया	r का मान
अस्थायी निर्माणो का सूचकाक निम्न अग्रता ग्रहण करता है	
एक मास	+0 519
दो मास	+0 416
तीन मास	+0 328
तुल्यकालिक	+0 600
स्थायी निर्माणो का सूचकाक निम्न अग्रता ग्रहण करता है	
एक मास	+0 628
दो मास	+0 608
तीन मास	+0 555

उच्चतम सहसबध गुणाक उस समय पाया गया जब स्थायी निर्माणो के सूचकाक मे एक मास क अग्रता थी। फिर भी वह सूचकाक अस्थायी निर्माणो के सूचकाक के लिए बहुत सन्तोषजनक पूर्वानुमान श्रेणी के रूप मे काम नही करेगा क्योकि r का मान पर्याप्त निकट समरूपता का व्यक्त नही करता।

दूसरी श्रेणी के व्यवहार के परिचायक के रूप म उपादेय होने के लिए एक काल श्रेणी का दूसरी म अग्रता ग्रहण करना सदा आवश्यक नही है। मेरीलैंड विश्वविद्यालय के व्यवसाय तथा आर्थिक शोध ब्यूरो की रिपोर्ट है कि बाल्टीमोर बैंक ऋण मेरीलैंड बैंक ऋणो के साथ +0 9998 स सहसबधित है और मेरीलैंड बैंक ऋण सयुक्त राज्य म बैंक ऋणो के साथ +0 9853 से सहसबधित है। ब्यूरो की टिप्पणी है कि बाल्टीमोर श्रेणी की दिशा मे वतन या झुकाव से राज्य और राष्ट्र म झुकाव क सकेत की आशा की जा

5 मेरीलैंड विश्वविद्यालय व्यवसाय एव आर्थिक शोध ब्यूरो *स्टडीज इन बिज़नेस एण्ड ईकनामिक्स*, खण्ड 6 न० 3 मेरीलैंड ईकनामिक इडिसेज पृष्ठ 10

सकती है।" इस सम्बन्ध का उपादेयता इस तथ्य मे है कि बाल्टीमोर के लिए आंकडे नेरीलैंड अथवा सयुक्त राज्य के लिए आकडा की अपेक्षा अधिक शीघ्रता से उपलब्ध हो सकगे।

सारणी 22 10

फरवरी 1959 से दिसम्बर 1964 तक स्थायी निर्माणो के फडरल रिजव सूचकाक और अस्थायी निर्माणों के सूचकाक क मध्य सहसबध निर्धारण स्थायी निर्माणो क सूचकाक मे एक मास की अग्रता क साथ

(अक्तूबर 1961 तक 1957 100 तथा उस तिथि के बाद 1957 1959 = 100 दोनो सूचकांको का आधार है। दोनों सूचकाक ऋतुज व उपनति और अनियमित गतियों के लिए समजित किए गए हैं तथा प्रतिशतता विचलनों के रूप म अभिव्यक्त किए गए हैं।)

वर्ष तथा मास	स्थायी निर्माणो का सूचकाक X	युग्म सकेत	अस्थायी निर्माणो का सूचकाक Y	XY	X^2	Y^2
1959 फरवरी	+ 3 ?	—	0 7		11 ?4	
मार्च	+ 5 7	→	+ 0 1	+ 0 32	32 49	0 01
अप्रैल	+ 9 0	→	+ 1 4	+ 7 98	81 00	1 96
मई	+ 11 7		+ 2 3	+ 20 70	136 89	5 29
जून	+ 11 4		+ 2 6	+ 30 42	129 96	6 76
जुलाई	+ 6 7		+ 3 2	+ 36 48	44 89	10 24
अगस्त	+ 1 0		+ 3 3	+ 22 11	1 00	10 89
सितम्बर	2 1		+ 2 5	+ ? 50	4 41	6 25
अक्तूबर	3 4		+ 1 3	2 73	11 56	1 69
नवम्बर	1 4		+ 0 7	2 38	1 96	0 49
दिसम्बर	+ 4 5		+ 1 1	— 1 54	2 25	1 21
1964 जुलाई	+ 2 8		+ 1 8	+ 3 9?	7 84	3 24
अगस्त	+ 2 9		+ 2 0	+ 5 60	8 41	4 00
सितम्बर	+ 1 2		— 2 2	+ 6 38	1 44	4 84
अक्तूबर	— 0 2		+ 2 5	+ 3 10	0 04	6 25
नवम्बर	+ 1 8	→	+ 2 6	— 0 52	3 24	6 76
दिसम्बर	+ 4 2	→	+ 2 9	+ 5 22		8 41
योग	— 2 9		2 3	+ 376 04	1 607 97	223 07

ऋतुनिष्ठता रहित आकड फडरल रिजर्व बुलेटिन के विभिन्न अको स।

$$r = \frac{N\Sigma XY - (\Sigma X)(\Sigma Y)}{\sqrt{[N\Sigma X^2 - (\Sigma X)^2][N\Sigma Y^2 - (\Sigma Y)^2]}}$$

$$= \frac{70(376\ 04) - (-2\ 9)(2\ 3)}{\sqrt{[70(1\ 607\ 97) - (-2\ 9)^2][70(223\ 07 - 2\ 3)]}} = +0\ 628$$

4 किसी अन्य श्रेणी के लिए जो उन श्रेणी की अग्रगामी हो जिनके लिए पूर्वानुमान अपेक्षित न माना जाय का दोहराए।

5 जब कोई ऐसी श्रेणी मिल जाए जो नियमित रूप से प्रश्न श्रेणी की पुरोगामी प्रतीत हो तो इन दोनों श्रेणियों को उपनति तथा अनियमित गतियों के लिए समजित करें और इन समजित श्रेणियों के लेखाचित्रों द्वारा प्रदर्शित अग्रता के सर्वोत्तम दृश्य आकलन के लिए r का मान परिकलित करें।

6 मापान में प्रस्तुत अग्रता का अपना महत्तर तथा लघुतर अग्रता के लिए r के मानों का परिकलन करें ताकि r उच्चतम मान तक पहुँचा जा सके। पिछले निदेश में यह दो मास था।

7 यदि r का मान ऐसा करने के लिए पर्याप्त ऊंचा हो तो इस प्रकार का आकलन समाकरण

$$Y = a + bY$$

ग्रथवा सम्भवतः एक अरैखिक समाकरण परिकलित किया जा सकता है। यहाँ Y पश्च श्रेणी के लिए आकलित चक्रीय मान है तथा Y अग्र श्रेणी का प्रक्षित चक्रीय मान है। यदि मापान तथा 4 के परामर्श द्वारा एक से अधिक अग्र श्रेणियों का पता चले तो अनेकधा सहसम्बन्ध (अध्याय 21) के समान एक पूर्वानुमानकारी समाकरण का प्रयोग किया जाएगा।

एक निवेश सलाहकार सेवा ने माल का मूल्य निर्धारण करने के लिए एक वर्ष का अग्रता द्वारा एक स्वतन्त्र चर के साथ अनेकधा सहसम्बन्ध का प्रयोग किया है। इस विश्लेषण में आश्रित चर माल का औसत वार्षिक मूल्य है जबकि स्वतन्त्र चर हैं—वार्षिक लाभांश प्रति शेयर वार्षिक आय प्रति शेयर माल का पिछले वर्ष का औसत मासिक मूल्य बाजार की हवा या विचार और समय का एक माप। बाजार की हवा स्वयं अनेकधा सहसम्बन्ध की प्रक्रिया से प्राप्त होती है और आय लाभांश तथा समय पर आधारित माल के संयुक्त मूल्य औसत तथा उस औसत के आकलनों के मध्य दीर्घकालिक अन्तर का प्रतिनिधित्व करते हैं।

अधिकांश आर्थिक और व्यावसायिक आंकड़े जिस दशमूलता में प्राप्त होते हैं और एक मास से कम के आधार पर काल-श्रेणी का अभाव ऐसे तत्व हैं जो पूर्वानुमान की विधि के रूप में सहसम्बन्ध की उपयोगिता को क्षीण करते हैं। बहुत कुछ सम्भव है कि साप्ताहिक दैनिक अथवा प्रति घण्टे के आंकड़े ऐसे सम्बन्धों को प्रकाश में लाये जो ज्ञात हों और केवल कुछ अन्तर्गमियों द्वारा उपयोग में लाये जाते हों। सिद्धान्तशास्त्री का तर्क होता है कि सभी आर्थिक प्रक्रियाएँ परस्पर सम्बन्धित होती हैं। यह तर्कपूर्ण प्रतीत नहीं होता कि हमारे चतुर्दिक व्याप्त कल्पित कार्य कारण सम्बन्ध अपने विकास में सदा एक मास या अधिक समय अवश्य लेंगे। अनेक सम्बन्ध ऐसे अन्य होंगे जो कुछ दिनों कुछ घण्टों या लगभग तत्काल हल हो जाते हों। यदि बाजार का यह पता चले कि अकस्मात नाव के एक

---

6 मान रेखा निवेश पर्यवेक्षण।

नवीन ग्रौद्योगिक प्रयोग की घोषणा हुई है तो मूल्यधार में अपनी प्रतिक्रिया प्रकट करने में वह कुछ सप्ताह अथवा कुछ घण्टो तक भी नही रुकता । जैसे ही साप्ताहिक, दैनिक अथवा उससे भी कम समय के आँकडे प्राप्त हो तो यह सम्भव है कि अत्यन्त उपादेय पश्च-अग्र सम्बन्ध प्राप्त किए जा सकें ।

कुछ चेतावनियाँ – इस बात पर ध्यान गया होगा कि पिछले अनुभाग के शीर्षक मे पूर्वानुमान के सहायक के रूप मे अग्र तथा पश्च के प्रयोग का सकेत किया गया है । विगत अनेक वर्षों मे निरन्तर प्रक्षित अग्रगामी सहसम्बन्ध आगामी मासों पर तब तक लागू नही होगा जब तक श्रेणीगत सम्बन्ध पूर्ववत् न बना रहे । यदि आधारभूत आर्थिक (अथवा अन्य) परिस्थितियाँ बदल जाती है, तो सम्बन्ध बदल सकते है । इस, या किसी भी अन्य प्रक्रिया द्वारा केवल विचाराधीन श्रेणी की सम्पूर्ण जानकारी के सिलसिले मे तथा उन एव सम्बन्धित श्रेणियो को प्रभावित करने वाली स्थितियो के पूर्वानुमान का प्रयत्न किया जाना चाहिए ।

पूर्वानुमान मे *अग्र-पश्च सहसम्बन्धो का प्रयोग भी अन्य आपत्तियो तथा* दोषो के अधीन है । जिनमे से मुख्य हैं—

1 अध्याय 19 के सकेतानुसार, r का मान एक या कुछ चरम मानो से अनुचित रूप मे प्रभावित हो सकता है । कुछ सांख्यिकीविदों का तर्क यह भी है कि अग्रता की मात्रा के सम्बन्ध मे अपनी दृश्य छाप अधिमान्य होती है ।

2 तेजी के समय जो पश्चता विद्यमान हो, मन्दी के समय वह उससे भिन्न हो सकती है ।

3 रुचि अधिकतर परावर्तन बिन्दुओ पर केन्द्रित रहती है, जबकि r चक्र के सब पक्षो म अग्रता और पश्चता को एक-सा महत्त्व प्रदान करता है । केवल यह पूर्वानुमान कर सकना *लाभदायक हो सकता है कि दिशा मे परिवर्तन की आशा कब की जाए,* भले ही परिवर्तन की मात्रा का पूर्वानुमान नही किया जा सकता ।

4 बहुसख्यक अग्र-पश्च अनुमान के लिए r के परिकलन की प्रक्रिया श्रम-साध्य है ।

5 काल-श्रेणी के लिए सम्बन्ध के माप के रूप मे सहसम्बन्ध के गुणाक की आलोचनाओ के अतिरिक्त सहसम्बन्धित विचरणो की प्रकृति की भी आलोचना की जा सकती है । इसके लिए *यह तर्क दिया जा सकता है कि व्यक्ति वर्तमान की तुलना मे भविष्य का पूर्वा*नुमान, किसी प्रसामान्य की अपेक्षा जिसका ठीक-ठीक आकलन प्राय कठिन होता है, अधिक परिशुद्धता से कर सकता है ।

अध्याय 26 मे, यादृच्छिक प्रतिदर्शो से *परिकलित सहसम्बन्ध गुणाको की विश्वसनीयता* पर ध्यान दिया जायेगा । अग्र-पश्च सम्बन्धो से जो गुणाक प्राप्त किए गए है, वे क्योकि यादृच्छिक प्रतिदर्शो के लिए नही हैं, अत अध्याय 26 की प्रक्रियाएँ अग्रगामी एव पश्चगामी *श्रेणियो के लिए सहसम्बन्ध गुणाको पर लागू नही होंगी ।*

23

आसंजित वक्र के द्वारा वारंवारता वंटन का चित्रण

वारंवारता बंटन प्राय बहुत बड़ी जनसंख्या अथवा समष्टि में से लिए गए प्रतिदर्श को व्यक्त करता है। प्रतिदर्श चाहे कुछ सौ अथवा कुछ हजार मदो का ही हो, किन्तु यह व्यापक समष्टि का जिसमें से यह लिया गया है, यथोचित प्रतिनिधि हो सकता है। हमें एक प्रतिदर्श के अध्ययन से अपेक्षाकृत बड़े वर्ग का विचार धारण करना चाहिए, क्योंकि समष्टि की सभी मदो या व्यक्तियो की गणना करना प्राय कभी सम्भव नही होता। अत हम वारंवारता बंटन के वक्रों के अनेक प्रकारों में से किसी एक को आसंजित कर सकते हैं ताकि सम्पूर्ण समष्टि के वक्र के प्रतीत होने वाले सामान्य रूप का चित्रण करने का प्रयत्न किया जा सके।

वारंवारता बंटन के वक्र के आसंजन में निम्नलिखित उद्देश्यो में से कोई एक हो सकता है

(1) हमारी यह जानने की इच्छा हो सकती है कि कोई निर्दिष्ट वक्र बंटन के सामान्य रूप का चित्रण करता है अथवा नही। उदाहरणार्थ, हमारी यह सिद्ध करने की इच्छा हो सकती है कि एक ही वस्तु अथवा तथ्य के आवृत्यात्मक माप करते समय होने वाली आकस्मिक त्रुटियो का चित्रण प्रसामान्य वक्र द्वारा किया जा सकता है। चार्ट 23 1 एक प्रसामान्य वक्र है तथा चार्ट 23 2 ऐसे वक्र को आवृत्यात्मक मापों की श्रेणी में आसंजित करके प्रस्तुत करता है।

(2) एक ही जनसंख्या में बार बार लिए गए प्रतिदर्शो से प्राप्त मानो को वक्र में आसंजित करना उपर्युक्त प्रक्रिया के कुछ कुछ समान है। इसका एक उदाहरण इस पुस्तक के साथ पढ़ने के लिए अभिकल्पित वर्कबुक[1] के पंचम संस्करण में अभ्यास 27 तथा 28 के रूप में सम्मिलित है। उन अभ्यासो में, यादृच्छिक प्रतिदर्शो से परिकलित समांतर माध्यों के वारंवारता बंटन को प्रसामान्य वक्र में आसंजित किया गया है। समांतर माध्यों का प्रतिदर्श जहाँ समष्टि के समांतर माध्य के चतुर्दिक् एक प्रसामान्य वक्र निर्माण में प्रवृत्त होता है, वहाँ अन्य सांख्यिकीय मान अन्य प्रकार के वक्रों का निर्माण कर सकते हैं। प्रतिदर्शो से परिकलित मानो के व्यवहार पर अध्याय 24, 25 तथा 26 में और अधिक विचार किया जाएगा।

---

1 एफ॰ ई॰ क्राक्सटन तथा सिडनी क्लेन, वर्कबुक इन एप्लाइड जनरल स्टैटिस्टिक्स, पंचम संस्करण, प्रेंटिस हाल, इन्का॰ एंगलवुड क्लिफ्स, एन॰ जे॰ 1967।

(3) मदो के अनुपातो के सम्बन्ध म जिनकी कुछ मानो के ऊपर, नीचे या मध्य में पडने की आशा की जानी चाहिए सामान्य-नियम निर्धारण की इच्छा हो सकती है। उदाहरण के लिए, हम बिजली के बल्बों की जीवन अवधि के बारबारता बटन को वक्र म आसजित करने का मामला ले सकते हैं इस प्रविधि से हम इस परिणाम तक पहुँचने के योग्य बन सकते है कि सामान्यत 1,500 घण्ट या अधिक जलने के लिए (अथवा कितने ही निर्दिष्ट घण्टो से अधिक या कम) कितने अनुपात की आशा की जा सकती है। इसी प्रकार, चार्ट 23 5 तथा 23 6 म निर्दिष्ट आकडो के विषय मे, हम मदो की सख्या निर्धारित कर सकते हैं, जिनकी किन्ही दो X मानो के ऊपर नीचे, या मध्य मे पडने की सामान्यत आशा की

चार्ट 23 1 प्रसामान्य वक्र।

जाएगी। उसी प्रकार जीवन बीमाविज्ञ, आयु द्वारा वर्गीकृत मौतो से सम्बन्धित आँकडो को श्रेणीबद्ध कर सकता है अथवा वक्र म आसजित कर सकता है और इस प्रकार आयु के प्रत्येक वर्ष मे मरने वाले अथवा निर्दिष्ट आयुओं मे जीवित रहने वाले व्यक्तियो की प्रत्याशित सख्या का निर्धारण कर सकता है।

(4) कभी कभी निर्दिष्ट बटन पर आसजित किए गए वक्र से, घनिष्ठ रूप से सबद्ध श्रेणी मे मानों के सम्भाव्य बटन को निर्धारित करना सभव है। उदाहरण के लिए, मनुष्यो के गलो के घेरो के मापो पर आसजित किया गया प्रसामान्य वक्र, प्रत्येक आकार के कालरो की, जिनकी आवश्यकता पडेगी सभाव्य सख्या का पता लगाने मे सुविधा प्रदान करता है। ऐसा चार्ट 23 8 तथा सारणी 23 5 मे किया गया है।

इस अध्याय मे बारबारता वक्र आसजित करने के विषय के विस्तृत विवेचन का प्रयत्न नही किया जाएगा। हम केवल सममित वक्र पर विचार करेगे जिसे प्रसामान्य वक्र कहते हैं, और फिर सक्षेप मे द्विपद तथा सरलतर वैषम्य वक्रो मे से दो पर विचार किया जाएगा।

प्रसामान्य वक्र

प्रसामान्य वक्र का विकास—प्रसामान्य वक्र (चार्ट 23 1 मे प्रदर्शित) की सकल्पना मूलत. अब्राहम डी मावरे द्वारा विकसित तथा सन् 1733 मे एक गणितीय निबन्ध[2] मे व्याख्यात प्रतीत होती है। बाद मे गास ने खगोलीय पिडो के परिक्रमा-पथो की गणना मे सम्मिलित

चार्ट 23 2 एक रेखा की लम्बाई के 144 मापो पर आसंजित प्रसामान्य वक्र। माप एल० डी० वेल्ड थीअरि आफ एरर्ज एड लीस्ट स्क्वेयर्ज, दि मैकमिलन कम्पनी, न्यूयार्क, पृष्ठ 147 से लिए गए।

मापो मे आकस्मिक त्रुटियो के सिद्धात का वर्णन करने के लिए इस वक्र का प्रयोग किया। गौस के कार्य के कारण इस वक्र को कभी-कभी गौसियन वक्र कहा जाता है।

चार्ट 23 2 मे एक रेखा के 144 मापो का एक स्तम्भ आरेख तथा इन मापो पर आसजित त्रुटि का एक प्रसामान्य वक्र प्रदर्शित किया गया है। प्रसामान्य वक्र के सम्बन्ध मे यह प्रेक्षित होता है कि (1) छोटी त्रुटियाँ, बडी त्रुटियो की अपेक्षा, अधिक बहुल होती हैं, (2) बहुत बडी त्रुटियाँ होना असभावित होता है, तथा (3) समान सख्यात्मक परिमाण की धनात्मक और ऋणात्मक त्रुटियाँ समान रूप से होनी सभव है। माप की त्रुटियो का

---

2 एप्रोक्सिमेशो ऐड सुमाम टरमिनोरम बिनोमी $(a+b)^n$ इन सेरियम एक्सपैसी, नवम्बर 12, 1733 मे, जो मिसलेनिया एनेलिटिका, 1730 का द्वितीय सपूरक है। देखिए कार्ल पियर्सन, हिस्टारिकल नोट आन दि ओरिजिन ऑफ दि नार्मल कर्व ऑफ एरर्ज, बायोमीट्रिका, खण्ड 16 (1924), पृष्ठ 402—404, तथा, हेलेन एम० वाकर, स्टडीज इन दि हिस्ट्री ऑफ स्टैटिस्टिकल मैथड, पृ० 13—17, 22—23, विलियम्स एड विल्किन्स, बाल्टीमोर, 1929।

चार्ट 23 3 द्विपद $(\frac{1}{2}+\frac{1}{2})$ क प्रसार को प्रदर्शित करने क लिए उपकरण।

चित्रण करने के लिए प्रसामा य वक्र का व्यापक प्रयोग होने के कारण इसे कभी कभी त्रुटि का प्रसामान्य वक्र कहा जाता है। तथापि यह शब्द भ्रामक है क्योंकि माप की त्रुटियाँ चाहे वे अनभिनत त्रुटियाँ ही क्यों न हो सदा प्रसामा य वक्र का अनुसरण नहीं करती।

सूत्र की व्याख्या—चार्ट 23 3 एक उपकरण को चित्रित करता है जो हमे प्रसामान्य वक्र के सूत्र को समझने मे सहायता प्रदान करेगा। उपकरण मे अनेक द्रोणिकाएँ हैं जो एक ओर से खुली हुई हैं और चार्ट 23 3 के खण्ड A मे प्रदर्शित ढग से रखी हुई है। द्रोणिका d रेत या उसी के समान किसी दानेदार पदार्थ से भरी हुई है। यदि उपकरण को इस प्रकार झुकाया जाए कि बायी ओर का भाग ऊपर उठ जाए (चार्ट 23 3 का खड B) तो द्रोणिका d मे से $\frac{1}{2}$ रेत द्रोणिका j मे और $\frac{1}{2}$ द्रोणिका k मे गिरेगा। यह द्विपद $(\frac{1}{2}+\frac{1}{2})$ का परिचायक है। यदि फिर मशीन का दाहिना भाग उठा दिया जाए (चार्ट 23 3 का खण्ड C), तो रेत j मे से $\frac{1}{2}$ द्रोणिका c मे और $\frac{1}{2}$ द्रोणिका d मे गिरेगा, जबकि द्रोणिका k मे से रेत $\frac{1}{2}$ द्रोणिका d मे और $\frac{1}{2}$ द्रोणिका e मे गिरेगा। अब, हमारे पास कुल रेत का $\frac{1}{4}$ द्रोणिका c मे, $\frac{1}{2}$ द्रोणिका d मे और $\frac{1}{4}$ द्रोणिका e मे है, जो द्विपद $(\frac{1}{2}+\frac{1}{2})^2$ के प्रसार का परिचायक है। उपकरण को पुनः झुकाने पर, जैसा चार्ट 23 3 के खण्ड D मे किया गया है, c से रेत का $\frac{1}{2}$ भाग i मे और $\frac{1}{2}$ भाग j मे गिरेगा, d मे से रेत का $\frac{1}{2}$ भाग j मे गिरेगा और $\frac{1}{2}$ भाग k मे, तथा e से रेत का $\frac{1}{2}$ भाग k मे जाएगा, और $\frac{1}{2}$ भाग l मे। परिणाम यह होगा कि कुल रेत का $\frac{1}{8}$ भाग i मे, $\frac{3}{8}$ भाग j मे, $\frac{3}{8}$ भाग k मे और $\frac{1}{8}$ भाग l मे होगा जो द्विपद $(\frac{1}{2}+\frac{1}{2})^3$ के प्रसार का परिचायक है। चार्ट 23 3 के खण्ड E के अनुसार उपकरण को झुकाने से रेत का $\frac{1}{16}$ भाग b मे, $\frac{4}{16}$ भाग c मे, $\frac{6}{16}$ भाग d मे, $\frac{4}{16}$ भाग e मे और $\frac{1}{16}$ भाग f मे पहुँचेगा, जो द्विपद $(\frac{1}{2}+\frac{1}{2})^4$ के प्रसार का परिचायक है। एक बार फिर मशीन को झुकाने (चार्ट 23 3 का खण्ड F) के परिणामस्वरूप कुल रेत का $\frac{1}{32}$ भाग h मे, $\frac{5}{32}$ भाग i मे, $\frac{10}{32}$ भाग j मे, $\frac{10}{32}$ भाग k मे, $\frac{5}{32}$ भाग l मे और $\frac{1}{32}$ भाग m मे जाएगा, जो $(\frac{1}{2}+\frac{1}{2})^5$ का प्रसार है।

$$\frac{1}{16}t^4+\frac{4}{16}ht^3+\frac{6}{16}h^2t^2+\frac{4}{16}h^3t+\frac{1}{16}h^4$$

चार्ट 23 4 A चार सिक्कों को 10,000 बार उछालने के प्रत्याशित परिणाम।

$$\frac{1}{64}t^6+\frac{6}{64}ht^5+\frac{15}{64}h^2t^4+\frac{20}{64}h^3t^3+\frac{15}{64}h^4t^2+\frac{6}{64}h^5t+\frac{1}{64}h^6.$$

चार्ट 23 4 B छः सिक्को को 10,000 बार उछालने के प्रत्याशित परिणाम।

यदि हम द्विपद के प्रसार को बहुत दूर तक ले जाने का प्रयत्न करेंगे तो उपकरण बेकार या बेढगा सिद्ध होगा। इसी प्रकार के परिणाम हम सिक्को को उछाल कर प्राप्त कर सकते हैं—इस प्रविधि मे किसी उपकरण निर्माण की भी आवश्यकता नही पडती। यह मान लिया जाता है कि हम सुडौल सिक्को को उछाल रहे हैं जो समान रूप से संतुलित हैं और जो कोर या किनारे के बल खडे नही होगे। ऐसे सिक्के से चित या पट उछालने के अवसर एक जैसे होगे और $\frac{1}{2}t+\frac{1}{2}h$ द्वारा अभिव्यक्त किए जा सकते हैं।

यदि दो सिक्के एक साथ उछाले जाएँ तो हम दो पट (कोई चित या चेहरे नही), एक पट और एक चित या दो चित या चेहरे प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए कि कोई चित प्रकट न हो, नीचे गिरने पर दोनो सिक्को का पट या बिना चेहरे वाला भाग ऊपर होना चाहिए। एक चित प्राप्त करने के लिए, एक सिक्के का पट या बिना चेहरे वाला भाग और दूसरे का चित या चेहरे वाला भाग दिखाई देना चाहिए, अथवा प्रथम सिक्के का चित भाग और दूसरे का पट भाग प्रकट होना चाहिए। दो चित केवल तभी प्रकट हो सकते है, जब दोनो सिक्को का चेहरे वाला भाग ऊपर हो। एक चित क्योंकि दो रूपों मे उपस्थित हो सकता है, जबकि कोई भी चित केवल एक रूप मे उपस्थित नही हो सकता, अत इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि एक चित को उछालने को, कोई चित न उछालने की अपेक्षा दुगनी अधिक सम्भावना है। इसी प्रकार दो चितो को उछालने का जितना अवसर है उससे दुगना अधिक अवसर एक चित को उछालने का है। दो सिक्को को उछालने से उत्पन्न सम्भावनाओ को हम $(\frac{1}{2}t+\frac{1}{2}h)^2$ के द्वारा अभिव्यक्ति कर सकते हे, जिसमे घाताक 2 उछाले जाने वाले सिक्को की सख्या को इगित करता है। इस द्विपद के प्रसार से

$$\tfrac{1}{1024}t^{10}+\tfrac{10}{1024}ht^{9}+\tfrac{45}{1024}h^{2}t^{8}+\tfrac{120}{1024}h^{3}t^{7}+\tfrac{210}{1024}h^{4}t^{6}+\tfrac{252}{1024}h^{5}t^{5}+\tfrac{210}{1024}h^{6}t^{4}+\tfrac{120}{1024}h^{7}t^{3}+\tfrac{45}{1024}h^{8}t^{2}+\tfrac{10}{1024}h^{9}t+\tfrac{1}{1024}h^{10}$$

चार्ट 23 4 C 10 सिक्को को 10,000 बार उछालने का प्रत्याशित परिणाम। प्रत्येक सम्मुच्चय की सम्भावना द्विपद प्रसार द्वारा सकेतित है जो चार्ट 23 4 के प्रत्येक भाग के नीचे दिखाई गई है।

$$\tfrac{1}{4}t^2+\tfrac{1}{2}th+\tfrac{1}{4}h^2$$

प्राप्त होता है। अत यदि दो सुडौल सिक्के 1,200 बार उछाले जाएँ तो हम t^2 (कोई चित नही) को 300 बार, th (एक चित) को 600 बार, और h^2 (दो चित) को 300 बार प्राप्ति की आशा कर सकते हे।

यदि तीन सिक्के उछाले जाएँ, तो व्यजक होगा

$$(\tfrac{1}{2}t+\tfrac{1}{2}h)^3=\tfrac{1}{8}t^3+\tfrac{3}{8}t^2h+\tfrac{3}{8}th^2+\tfrac{1}{8}h^3,$$

जो यह संकेत करता है कि यदि सिक्के 1,200 बार उछाले जाएँ तो 150 बार कोई चित प्राप्त नही होगा, एक चित 450 बार प्राप्त होगा, दो चित 450 बार, और तीन चित 150 बार प्राप्त होगे।

चार सिक्को को उछालने से प्रत्याशित परिणाम चार्ट 23 4 के खण्ड A मे दिखाए गए है, जबकि 6 और 10 सिक्के उछालने से प्रत्याशित परिणाम क्रमश खण्ड B तथा C मे दिखाए गए है। ये सभी वक्र सममित है, तथा ज्यो-ज्यो उछाले जाने वाले सिक्को की सख्या बढती जाती है, त्यो-त्यो वक्र निष्कोण होता जाता है। जब 10 सिक्के उछाले जाते हैं, तब ग्यारह बिन्दु आलेखित करने पडते है (देखिए खण्ड C), किन्तु यदि 100 सिक्के उछाले जाते तो 101 बिन्दु आलेखित करने पडते और वक्र प्राय वैसा ही प्रतीत होगा जैसा चार्ट 23 1 मे। जैसे ही N अनन्तता पर पहुँचता है तो $(\frac{1}{2}t+\frac{1}{2}h)^N$

$$Y = \frac{1}{\sigma\sqrt{2\pi}}e^{\frac{-x^2}{2\sigma^2}}$$

सीमा[3] तक पहुँच जाता है जो प्रसामान्य वक्र का व्यजक है। सकेत निम्न प्रकार है :

Y_c = समातर माध्य से x दूरी पर एक कोटि की परिकलित ऊँचाई,

σ = जनसख्या का मानक विचलन,

π = अचर, 3 14159, $\sqrt{2\pi}$ = 2 5066,

e = अचर, 2 71828, लघुगणको की नैपेरियन विधि का आधार, तथा

x = समातर माध्य से चुना हुआ विचलन।

उपर्युक्त दो अचरो को प्रतिस्थापित करके, हम इस प्रकार लिख सकते हैं

$$Y_c = \frac{1}{2\ 5066\sigma}\ 2\ 71828^{\frac{-x^2}{2\sigma^2}}$$

प्रसामान्य वक्र को आसजित करना

चार्ट 23 2 मे एक प्रसामान्य वक्र एक रेखा के मापो की श्रेणी पर आसजित करके दिखाया गया था। यह दिखाई देगा कि वे आँकडे उसी वस्तु के पुनरावृत्त माप थे। चार्ट 23 5 मे हमारे पास भिन्न प्रकार के आँकडे हैं, जो सजातीय समूह से अनेक व्यक्तियो के मापो के परिचायक है। उसी वस्तु के पुनरावृत्त मापो मे सम्मिलित आकस्मिक त्रुटिया प्राय प्रसामान्य वक्र का अनुसरण करती है। फिर भी, किसी विशेषता के विषय मे अनेक विशिष्ट व्यक्तियो के माप ऐसे वक्र का अनुसरण कर भी सकते हैं और नही भी कर सकते। उदाहरण के लिए, वयस्क व्यक्तियो के एक सजातीय वर्ग की ऊँचाई के बटन के अनिवार्य रूप से प्रसामान्य होने की आशा की जा सकती थी, किन्तु उन्ही व्यक्तियो के भार का बटन

---

3 द्विपद की एक अन्य सीमा पोयशन बटन है जिस तक द्विपद पहुँचता है, यदि भिन्नो मे से कोई बहुत छोटी हो तथा N अनन्तता पर पहुँचता हो। पोयशन बटन को आसजित करने का वर्णन एफ० ई० क्रॉक्सटन एलिमटरी स्टैटिस्टिक्स विद एप्लीकेशन्स इन मैडीसिन एड दि बॉयलाजिकल साइन्सिस, डावर प्रकाशन, इन्कॉ०, न्यूयार्क, 1959, पृष्ठ 41—49 मे किया गया है।

स्पष्टत. दाहिनी ओर को झुकेगा। चार्ट 23 5 मे जबकि घोघो के अण्डकवचो के आधार व्यास का आसजित प्रसामान्य वक्र द्वारा चित्रण किया जा सकता है, वहाँ यह बहुत कुछ सभव है कि उन्ही अडो के भार, निश्चित वैषम्य को प्रकट करेंगे।

चार्ट 23 5 मे आरोपित वक्र वंटन के उस रूप की ओर सकेत करता है जिसकी हम *आशा करनी चाहिए यदि हमारे प्रतिदर्श बहुत बडे थे*, अथवा यदि हमने सम्पूर्ण जन-समुदाय को माप लिया था। इसका अभिप्राय यह है कि, यदि एक बडे वर्ग का अध्ययन किया गया, तो हमे प्रतिदर्श मे प्राप्त आधार-व्यास की अपेक्षा छोटे और बडे दोनो आधार व्यास के साथ कुछ उदाहरण मिलेगे।

शारीरिक योग्यता के आंकडों पर प्रसामान्य वक्र आसजित करना—सारणी 23 1 म *दूरियो के वटन को दिखाया गया है जहां तक हाई स्कूल की 303 नौसिखुआ लडकियाँ* आधार गेद फेंक पाई। ये आँकडे उनके, जिनसे चार्ट 23.5 अकित किया गया है, इस बात मे नितात समान है कि वे अनेक विभिन्न व्यक्तियो के माप है। यह देखा जा सकता है कि

चार्ट 23 5 समुद्री घोघे, साइफो कर्टस, के 99 अडकवचो के आधार व्यासों पर आसजित प्रसामान्य वक्र। आधार व्यास के आंकडे गुनर थॉरसन, स्टडीज आन दि ऐगकॅप्सूल्स एड डिवेलपमेट ऑफ आर्कटिक मेरीन प्रोसोब्राक्स, पृष्ठ 7, मैडेलैंसर ओमग्रोनलैंड उजियोल अफ-कोमिशियोनन फार विडसकाबलिज एडसोगेल्सर आइ ग्रोनलैंड से।

लडकियो मे से बहुत कम ने आधार गेंद का 45 फुट से कम दूर फेंका और बहुत कम ने 115 फुट या अधिक दूर फेका। चार्ट 23.6 का स्तम्भ आरेख सारणी 23 1 के आँकडो को प्रदर्शित करता है।

प्रेक्षित वारवारता बटन पर एक प्रसामान्य वक्र आसजित करने के लिए हम समीकरण का पुनर्लेखन करते हैं

$$Y_c = \frac{Ni}{2\ 5066s}\ 2\ 71828^{\frac{-x^2}{2s^2}},$$

जहाँ N प्रतिदर्श मे प्रेक्षणो की सख्या है,

i प्रतिदर्श बटन का वर्ग अन्तराल है, तथा

s प्रतिदर्श का मानक विचलन है।

हम प्रेक्षित आँकडो के समुच्चय पर एक प्रसामान्य वक्र आसजित करते समय s की अपेक्षा, σ के एक आकलन, $\hat{\sigma} = \sqrt{\frac{\Sigma x^2}{N-1}}$, का प्रयोग कर सकते है, जिसका वर्णन अगले अध्याय मे किया जाएगा। फिर भी, हम सामान्यत s को वरीयता प्रदान करते है, क्योंकि यह जनसमुदाय मे प्रसार का आकलन होने की अपेक्षा प्रेक्षित आकार के प्रतिदर्श के प्रसार को मापता है। इससे आगे, प्रसामान्य वक्र के आसजन का औचित्य प्रमाणित करने के लिए, पर्याप्त बडे N वाले वारवारता बटन के लिए s तथा $\hat{\sigma}$ मे अन्तर इतना कम है कि इसका आसजन पर बहुत कम प्रभाव पड़ेगा। उदाहरण के लिए, सारणी 23.1 के आँकडो के लिए, $s = 20.95$ फुट तथा $\hat{\sigma} = 20.98$ फुट।

सारणी 23 1

नवीं कक्षा की 303 छात्राओ द्वारा आधार गेंद फेंकने की दूरी

दूरी फुटों मे	छात्राओ की सख्या
15 किन्तु 25 से कम	1
25 किन्तु 35 से कम	2
35 किन्तु 45 से कम	7
45 किन्तु 55 से कम	25
55 किन्तु 65 से कम	33
65 किन्तु 75 से कम	53
75 किन्तु 85 से कम	54
85 किन्तु 95 से कम	44
95 किन्तु 105 से कम	31
105 किन्तु 115 से कम	27
115 किन्तु 125 से कम	11
125 किन्तु 135 से कम	4
135 किन्तु 145 से कम	1
योग .	303

आँकडे ल्योनोरा डब्ल्यू॰ स्ट्यूवर्ट तथा हेलेन वैस्ट, दि फ्रोबेल स्कूल गारी, इंडियाना से। माप सन् 1935 मे लिए गए।

सम्पूर्ण आसजन प्रक्रिया के दो पग है, प्रथम, आसजित वक्र की निश्चित रूपरेखा जानने के लिए अनेक कोटियो के मानो का निर्धारण, तथा, दूसरे, वक्र के अशो के लिए, जो हमारे लिए महत्त्वपूर्ण है, सानुपातिक क्षेत्रो का परिकलन।

कोटियाँ—प्रसामान्य वक्र के सूत्र की ओर पुन: सकेत करके,

$$Y_o = \frac{Ni}{2.5066s} 2.71828^{\frac{-x^2}{2s^2}},$$

ऐसा प्रतीत होता है कि बटन पर प्रसामान्य वक्र ग्रासजित करने के लिए हमें N, λ, और s के मानो की आवश्यकता है। पिछले अध्यायो मे वर्णित प्रविधि द्वारा परिकलित करके हम पाते हैं कि $\lambda = 80\ 63$ फुट तथा $s = 20\ 95$ फुट। क्योकि 303 लडकियाँ थी, $N = 303$।

माध्य पर निर्मित करने के लिए हम पहले कोटि का परिकलन करेंगे। इसे Y_o नाम दिया गया है और यह ग्रासजित वक्र की अधिकतम कोटि है। क्योकि माध्य पर $x = 0$, हम

$$Y_o = \frac{303 \times 10}{2\ 5066 \times 20\ 95}\ 2\ 71828^{\frac{-0^2}{2(20\ 95)^2}}$$

प्राप्त करते है। उपयु क्त व्यजक म 2 71828 का घाताक शून्य है। क्योकि शून्य घात तक बढाने पर कोई सख्या एक हो जाती है $2\ 71828^{\frac{-0^2}{2(20\ 95)^2}} = 1$ अत यह स्पष्ट है कि माध्य पर कोटि निर्माण के लिए व्यजक $e^{\frac{-x^2}{2s^2}}$ सदैव 1 के बराबर होता है तथा

$$Y_o = \frac{Ni}{2\ 5066s}.$$

इसलिए

$$Y_c = \frac{Ni}{2\ 5066s} e^{\frac{-x^2}{2s^2}} = Y_o 2\ 71828^{\frac{-x^2}{2s^2}}$$

विचारान्तगत समस्या के लिए,

$$Y_c = \frac{303 \times 10}{2\ 5066 \times 20\ 95} = 57\ 7$$

यथासभव निष्काण वक्र का रेखाकन करने के योग्य बनने के लिए अब हमारी इच्छा Y_o के दोनो ओर पर्याप्त अतिरिक्त कोटियो का निर्माण करने की है। यदि हम माध्य से 4 19 फुट की क्रमिक दूरियाँ चुनें तो हम माध्य से $\frac{2}{10}$ s के अन्तर पर कोटिया निर्माण करेंगे। माध्य ($X = 84\ 82$ तथा 76 44 फुट) से कोटियो (क्योंकि वक्र सममित है) के प्रथम युग्म का निर्माण $x = \pm 4\ 19$ फुट पर होगा, निम्न व्यजक का प्रयोग करते हुए,

$$Y_c = 57\ 7 \times 2\ 71828^{\frac{-(4\ 19)^2}{2(20\ 95)^2}}$$

Y_c मान का निर्धारण करने के लिए $2\ 71828^{\frac{-(4\ 19)^2}{2(20\ 95)^2}}$ का परिकलन करना आवश्यक नही है वरन् केवल परिशिष्ट घ को देख लेना पर्याप्त है। $\frac{x}{s}$ का उचित मान देखने पर, जो इस उदाहरण मे $\frac{4\ 19}{20\ 95} = 0\ 20$ है, हम पाते हैं कि

$$2\ 71828^{\frac{-(4\ 19)^2}{2(20\ 95)^2}} = 0\ 98020$$

तथा $$Y_c = 57\ 7 \times 0\ 98020 = 56\ 6$$

सारणी 23 2

नवीं कक्षा की छात्राओं द्वारा आधार गेंद फेंकने की दूरी के आंकड़ों पर आसजित प्रसामान्य वक्र की कोटियों का निर्धारण

($\lambda = 80\ 63$ फुट, $s = 20\ 95$ फुट, $Y_o = 57\ 7$)

X (फुटों में जहाँ कोटियाँ निर्मित करनी है) (1)	x (फुटों में X का λ से विचलन) (2)	$\frac{x}{s}$ (3)	कोटि की सानुपातिक ऊँचाई $2\ 71828^{\frac{-x^2}{2s^2}}$ (परिशिष्ट घ) (4)	कोटि की ऊँचाई (स्तम्भ $4 \times Y_o$) (5)
13 59	— 67 04	3 20	0 00598	0 3
17 78	62 85	3 00	0 01111	0 6
21 97	— 58 66	2 80	0 01984	1 1
26.16	— 54 47	2 60	0 03405	2 0
30 35	— 50 28	2 40	0 05614	3 2
34 54	— 46 09	2 20	0 08892	5 1
38 73	— 41 90	2 00	0 13534	7 8
42 92	— 37 71	1 80	0 19790	11.4
47 11	— 33 52	1 60	0 27804	16 0
51 30	— 29 33	1 40	0 37531	21 7
55 49	— 25 14	1 20	0 48675	28 1
59 68	— 20 95	1 00	0 60653	35,0
63 87	— 16 76	0 80	0 72615	41 9
68 06	— 12 57	0 60	0 83527	48 2
72.25	— 8 38	0 40	0 92312	53 3
76 44	— 4 19	0 20	0 98020	56 6
80 63	0	0	1 00000	57 7
84 82	+ 4 19	0 20	0 98020	56 6
89 01	+ 8 38	0 40	0 92312	53 3
93 20	+ 12 57	0 60	0 83527	48 2
97 39	+ 16 76	0 80	0 72615	41 9
101 58	+ 20 95	1 00	0 60653	35 0
105 77	+ 25 14	1 20	0 48675	28 1
109 96	+ 29 33	1 40	0 37531	21 7
114 15	+ 33 52	1 60	0 27804	16 0
118 34	+ 37 71	1 80	0,19790	11 4
122 53	+ 41 90	2 00	0 13534	7 8
126 72	+ 46 09	2 20	0 08892	5 1
130 91	+ 50 28	2 40	0 05614	3 2
135 10	+ 54 47	2 60	0 03405	2 0
139 29	+ 58 66	2 80	0 01984	1 1
143 48	+ 62 85	3 00	0 01111	0 6
147 67	+ 67 04	3 20	0 00598	0 3

कोटियो के अगले युग्म के लिए, $x = \pm 8.38$ फुट ($X = 89.01$ फुट तथा 72.25 फुट) और

$$Y_c = 57.7 \times 2.71828^{\frac{-(8.38)^2}{2(20.95)^2}}.$$

यहाँ $\frac{x}{\sigma}$ का अनुपात है 0.40 और परिशिष्ट घ की ओर सकेत करने पर हम पाते हैं कि

$$Y_c = 57.7 \times 0.92312 = 53.3$$

कोटियो की ऊँचाइयाँ निर्धारित करने की प्रक्रिया सारणी 23.2 जैसी सारणी के प्रयोग से बहुत शीघ्रतापूर्वक निपटाई जा सकती है। सारणी के उच्च और निम्न भागो मे कोटियाँ समान हैं क्योंकि आसजित वक्र सममित है।

आसजित वक्र चार्ट 23.6 मे दिखाया गया है। यह प्रतिदर्श के सामान्य रूप के अनुरूप है, किन्तु अनियमितताओं को दूर कर देता है और निर्दिष्ट करता है कि क्या आशा *की जा सकती थी यदि तुल्य लड़कियो की बहुत बड़ी सख्या के कार्य को* अकित किया जा सकता। अब तक हमने जो कुछ किया है वह केवल आसजित वक्र का रूप प्रदान करता है और आसजन की उपयुक्तता के दृश्य प्रभाव को प्रकट करता है जो इस उदाहरण मे अच्छा प्रतीत होता है।

क्षेत्र—अभी तक हमने यह कहने का काम हाथ मे नही लिया है कि हाई स्कूल की नौसिखुआ लड़कियो के कौन-से अनुपात से आधार गेंद फेंकने की आशा की जा सकती है (1) किसी निर्दिष्ट फुटो की दूरी तक, या अधिक (2) किसी निर्दिष्ट फुटो की दूरी तक, या कम अथवा (3) एक निर्दिष्ट मान के बराबर या अधिक दूरी तक किन्तु अन्य बड़े मान के

चार्ट 23.6 नवम कक्षा की लड़कियो द्वारा आधार गेंद फेंकने की दूरी के आकड़ो पर आसजित प्रसामान्य वक्र। आंकड़े सारणी 23.1 तथा 23.2 से।

बराबर या कम दूरी तक। हमने यह बताने का भी प्रयत्न नहीं किया कि वारवारता बटन के विभिन्न वर्गों मे से प्रत्येक मे किस अनुपात मे लड़कियो के आने की आशा की जा सकती

है। प्रत्याशित बारबारताएं आसजित वक्र को समाकलित करके ज्ञात की जाती है। फिर भी, प्रविधि अत्यन्त सरल हो जाती है, और समाकलन के किसी ज्ञान की आवश्यकता नहीं है, यदि हम प्रसामान्य वक्र के अन्तर्गत, परिशिष्ट ङ के समान, क्षेत्रो की सारणी का प्रयोग करे। यह परिशिष्ट वक्र के अन्तर्गत आनुपातिक क्षेत्र प्रदान करता है जो $\bar{X}$ से किसी एक दिशा म (दोनो दिशाओ म नही) निर्दिष्ट $\frac{x}{s}$ दूरियो पर एक कोटि और $\bar{X}$ पर एक कोटि के मध्य मे है। यह कथन परिशिष्ट ङ के साथ दिखाए गए छोटे चार्ट द्वारा प्रदर्शित किया जाता है। परिशिष्ट ङ मे प्रदर्शित अधिकतम आनुपातिक क्षेत्र 0 50 है, क्योकि सम्पूर्ण वक्र के अन्तर्गत क्षेत्र 1 0 है।

उन लडकियो का अनुपात जानने के लिए जिनसे आधार गेद 100 फुट या अधिक दूर फेकने की आशा की जा सकती है पहले हम $\bar{X} = 80\ 63$ फुट और $X = 100$ फुट के मानो मे प्रत्याशित अनुपात को निर्धारित करते है और बाद मे इस अनुपात को 0 50 मे घटाते है। $X = 100$ फुट पर, $x = 100 - 80\ 63 = 19\ 37$ फुट, और क्योकि $s = 20\ 95$,

$$\frac{x}{s} = \frac{19\ 37}{20\ 95} = 0\ 92$$

परिशिष्ट ङ के सकेत से यह प्रतीत होता है कि क्षेत्र का 0 3212 भाग दो मानो के मध्य है, और इसलिए 0 50 – 0 3212 = 0 1788 या क्षेत्र का लगभग 18 प्रतिशत, $X = 100$ फुट पर या उससे आगे है।

यदि हम यह जानना चाहे कि लडकियो के कौनसे अनुपात से आधार गेद को 50 फुट या कम दूरी पर फेकने की आशा की जा सकती है, तो प्रविधि उपर्युक्त के समानान्तर होगी। पाठक को इसे स्वय हल कर लेना चाहिए। उत्तर 7.2 प्रतिशत है।

पिछले दो अनुच्छेदो म अन्तर्ग्रस्त व्यवकलनो का हम परिहार कर सकते है यदि हम परिशिष्ट च का उपयोग कर ले, जो प्रसामान्य वक्र के एक तारतम्य मे क्षेत्रो को प्रदर्शित करता है। यह परिशिष्ट और परिशिष्ट छ जो क्षेत्रो को प्रसामान्य वक्र के दो तारतम्यो मे प्रस्तुत करता है, अध्याय 24 के आशिक वर्ण्य विषय के सम्बन्ध म विशेष उपादेय होगे।

उन लडकिया का अनुपात-निर्धारण करने के लिए जिनसे आधार गेद को 87 और 100 फुट क मध्य की दूरी तक फेकन की आशा की जा सकती है, हम $\bar{X} = 80\ 63$ फुट से 100 फुट तक क्षेत्र का, और बाद मे इन दो आँकडो का अन्तर निकाल लेते हैं। प्रथम $X = 87$ फुट तक वक्र के अन्तर्गत क्षेत्र का परिकलन करते है, और $\bar{X} = 80\ 63$ फुट स आनुपातिक क्षेत्र निम्न का प्रयोग करके प्राप्त होता है,

$$x = 6\ 37 \text{ फुट और}$$

$$\frac{x}{s} = \frac{6\ 37}{20\ 95} = 0.30.$$

सारणी 23 3

नवी कक्षा की लडकियो द्वारा ग्राधार गेंद फकने की दूरी क लिए प्रत्यक वग मे प्रत्याशित वारवारताग्रो का निर्धारण

(λ = 80 63 फुट s 20 95 फट)

फुटो मे दूरी	वर्गों की सीमाएं		x माध्य से सीमा तक विचलन	$\frac{x}{s}$	माध्य और सीमा के मध्य क्षत्र का अनुपात (परिशिष्ट ड)	प्रत्येक वग मे क्षत्र का अनुपात	प्रत्येक वग मे प्रत्याशित वारवारताएँ $N = 303$*
	निम्नतर सीमाएँ	उच्चतर सीमाए					
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(()	(7)	(8)
5 से कम					0 5000	0 0001	
5 किन्तु 15 से कम	5		75 (3	3 61	0 4999	0 0008	0 2
15 किन्तु 25 से कम	15		65 63	3 13	0 4991	0 0030	0 9
25 किन्तु 35 से कम	25		55 63	2 6(	0 4961	0 0107	3 2
35 किन्तु 45 से कम	35		45 63	6 18	0 4854	0 0300	9 1
45 किन्तु 55 से कम	45		35 (3	1 70	0 4554	0 0666	20 2
55 किन्तु 65 से कम	55		25 63	1 22	0 3888	0 1154	35 0
65 किन्तु 75 से कम	(5		15 63	0 75	0 2734	0 1670	50 6
75 किन्तु 85 से कम	75		5 63	0 27	0 1064	0 1896	57 4
		85	4 37	0 21	0 0832		
85 किन्तु 95 से कम		95	14 37	0 69	0 2549	0 1717	52 0
95 किन्तु 105 से कम		105	24 37	1 16	0 3770	0 1221	37 0
105 किन्तु 115 से कम		115	34 37	1 64	0 4495	0 0725	22 0
115 किन्तु 125 से कम		125	44 37	2 12	0 4830	0 0335	10 2
125 किन्तु 135 से कम		135	54 37	2 60	0 4953	0 0123	3 7
135 किन्तु 145 से कम		145	64 37	3 07	0 4989	0 0036	1 1
145 किन्तु 155 से कम		155	74 37	3 55	0 4998	0 0009	0 3
155 और अधिक					0 5000	0 0002	0 1
योग						1 0000	303 0

* इस स्तम्भ मे प्राय एक दशमलव दिखाया जाता है ताकि सब प्रत्याशित वारवारताएँ सब प्रेक्षित वारवारताओ के साथ 0 1 या 0 2 के भीतर मेल खाएँ। यह सारणी 25 10 के x^2 परीक्षण बताने मे महत्वपूर्ण है।

परिशिष्ट ड प्रदर्शित करता है कि क्षेत्र का 0 1179 भाग $\bar{X}=80\ 63$ फुट तथा $X=87$ फुट के मध्य है। हम पहले ही जानते हैं कि क्षेत्र का 0 3212 भाग $\bar{X}=80\ 63$ फुट तथा $X=100$ फुट के मध्य है, इसलिए 87 फुट और 100 फुट के मध्य आनुपातिक क्षेत्र है

0 3212 − 0.1179 = 0 2033, अथवा लगभग 20 प्रतिशत।

सारणी 23 3 की सहायता से, बारम्बारता बटन के प्रत्येक वर्ग में प्रत्याशित बारम्बारताएँ निम्न प्रकार प्राप्त की गई

1 सारणी के स्तम्भ (1) में, मूल बटन के वर्गों को अंकित कीजिए, प्रत्येक सिरे पर एक या दो अतिरिक्त वर्गों की छूट देते हुए, क्योंकि आसजित वक्र का परिसर प्रतिदर्श की अपेक्षा प्राय. बड़ा होना चाहिए। सैद्धांतिक रूप से आसजित वक्र दोनों दिशाओं में असीमित परिसर वाला है। जिस वर्ग में माध्य पड़ता है, उसमें दो स्थानों की गुंजायश रखिए।

2 स्तम्भ (2) में प्रत्येक वर्ग की निम्नतर सीमाओं को मान में माध्य और उस वर्ग की निम्नतर सीमा के नीचे लिखिए जिसमें माध्य सम्मिलित हो।

3 स्तम्भ (3) में, प्रत्येक वर्ग की उच्चतर सीमा को मान में माध्य और उस वर्ग की उच्चतर सीमा के ऊपर लिखिए जिसमें माध्य सम्मिलित हो।

चार्ट 23.7 सारणी 23 3 के स्तम्भ (6) तथा (7) में प्रविधि का लेखा-चित्रीय निरूपण।

4 हम पहले उस वर्ग का, जिसमें माध्य पड़ता हो, माध्य (80 63 फुट) और उच्चतर सीमा (85 फुट) के मध्य आनुपातिक क्षेत्र ज्ञात करेंगे। माध्य से उच्चतर सीमा का विचलन 4 37 फुट है; यह मान स्तम्भ (4) में अंकित है। क्योंकि $s=20\ 95$ फुट,

$$\frac{x}{s}=\frac{4\ 37}{20\ 95}=0\ 21$$

यह मान स्तम्भ (5) मे अकित है। अब, परिशिष्ट ड मे 0 21 देखकर, हम पाते हैं कि क्षेत्र का 0 0832 भाग माध्य तथा 85 फुट के मध्य है। यह मान स्तम्भ (6) मे अकित है। चार्ट 23 7 मे लेखाचित्रीय ढग से प्रविधि को प्रदर्शित किया गया है।

5. अगला पग, माध्य के ऊपर प्रथम श्रेणी की उच्चतर सीमा तथा माध्य के मध्य आनुपातिक क्षेत्र के निर्धारण का है। यह सीमा 95 फुट है, $x = 14\ 37$ फुट तथा

$$\frac{x}{s} = \frac{14\ 37}{20\ 95} = 0\ 69$$

परिशिष्ट ड मे 0.69 को देखने पर ज्ञात होता है कि क्षेत्र का 0 2549 भाग माध्य तथा 95 फुट क मध्य प्रत्याशित होगा। यह मान स्तम्भ (6) मे अकित है। यदि क्षेत्र का 0 2549 भाग 80 63 और 95 फुट के मध्य पाया जाए, जबकि क्षेत्र का 0 0832 भाग 80.63 और 85 फुट के मध्य आता है, तो 0 2549 − 0 0832 = क्षेत्र का 0.1717 भाग 85 फुट और 95 फुट के मध्य होगा। इस व्यवकलन का परिणाम स्तम्भ (7) मे अकित है, यह प्रविधि भी चार्ट 23 7 मे लेखाचित्रीय ढग से निर्दिष्ट है।

6 मान म माध्य के ऊपर प्रत्येक वर्ग के लिए पग 5 की प्रविधि की पुनरावृत्ति की गई है। प्रत्येक वर्ग के माध्य से उच्चतर सीमा तक आनुपातिक क्षेत्र ज्ञात किए गए हैं और फिर पिछले वर्ग के माध्य से उच्चतर सीमा तक अनुपातो का व्यवकलन किया गया है, जैसा सारणी म प्रदर्शित है।

7 सारणी के स्तम्भ (2) मे प्रदर्शित माध्य और निम्नतर सीमाओ के मध्य आनुपातिक क्षेत्र बाद मे निर्धारित किए गए हैं। क्योंकि ये क्षेत्र सचयी भी हैं, अतः क्रमिक व्यवकलन पुन आवश्यक हो जाता है।

8 अब हमने माध्य को सम्मिलित कर लेने वाले वर्ग के अतिरिक्त प्रत्येक वर्ग के लिए आनुपातिक क्षेत्रो को स्तम्भ (7) मे अकित कर लिया है। स्तम्भ (6) मे हमने निर्धारण किया है कि क्षेत्र का 0 0832 भाग माध्य और 85 फुट के मध्य है, और क्षेत्र का 0 1064 भाग माध्य तथा 75 फुट के मध्य है। इन दो आँकडो के योग से 0 1896 की प्राप्ति होती है जो इस वर्ग मे क्षेत्र का अनुपात है [देखिए स्तम्भ (7) और चार्ट 23.7]।

9 स्तम्भ (7) का योग 1 0000 होना चाहिए, क्योंकि माध्य से बटन के प्रत्येक छोर तक क्षेत्र का 0 5000 भाग है। प्रेक्षित और प्रत्याशित वारवारताओ मे सगति देखने के लिए हम स्तम्भ (8) को सम्मिलित कर लेते हैं, जो प्रत्येक वर्ग के आनुपातिक क्षेत्र को 303 से गुणा करके प्राप्त होता है।

सारणी 23 3 के स्तम्भ (8) मे प्रदर्शित प्रत्याशित वारवारताओ की सारणी 23 1 की प्रेक्षित वारवारताओ के साथ तुलना करने से आँकडो की सामान्य सगति प्रकट होती है, "85 किन्तु 95 फुट से कम" वर्ग के लिए अन्तर सर्वाधिक रहता है। प्रसामान्य वक्र की "आसजन की उत्तमता" की परीक्षा का अध्याय 25 मे वर्णन किया जाएगा।

प्रसामान्य वक्र और गलपट्ट (कॉलर) के माप—प्रसामान्य वक्र का एक अन्य उपयोग प्रदर्शित करने के लिए, मान लीजिए कि एक गलपट्ट बनाने वाला कॉलेज के लोगो के लिए एक विशेष रूप से अभिकल्पित गलपट्ट के उत्पादन पर विचार कर रहा है।

कॉलिज के लोग क्योंकि एक चुने हुए वर्ग का प्रतिनिधित्व करते है, अत यह वाञ्छित होगा कि उत्पादन तालिका को उनकी विशिष्ट आवश्यकता के अनुसार समजित कर लिया जाए। कॉलिज के लोगो के गलो की परिधि के व्यापक आँकडे उपलब्ध नही हैं, किन्तु सारणी 23 4 कॉलिज के 231 पुरुष छात्रो के गलो के माप प्रदर्शित करती है। एक प्रसामान्य वक्र को आसजित करने के लिए हमे चाहिए $\bar{X}$ =14 232 इच तथा s=0 719 इच। प्रक्षित आँकडो का स्तम्भ चित्र और आसजित वक्र चार्ट 23 8 मे दिखाए गए है।

इस उदाहरण मे हमारी समस्या 12 75 इच किन्तु 13 25 इच से कम", ' 13 25 इच किन्तु 13 75 से कम इत्यादि परिधि वाले गलो के कॉलिज के लोगो के प्रत्याशित अनुपात के निर्धारण की नही है वरन प्रत्येक साइज या आकार (आध आकारो द्वारा) के गलपट्टो की सख्या निर्धारण करने की है जो बनाए जाने हैं। अनुभव कहता

चार्ट 23 8 कॉलेज के 231 पुरुष छात्रो के गलो की परिधियो पर आसजित प्रसामान्य वक्र। सारणी 23 4 के आकडो पर आधारित।

है कि औसत रूप से, गले की परिधि से लगभग $\frac{3}{4}$ इच बडे गलपट्ट पहन जाते हैं। इसका अभिप्राय यह हुआ कि 13 25 इच औसत परिधि के गले वाले पुरुष 14 साइज या आकार के गलपट्ट पहनेगे और क्योकि हम आध आकारो के सम्बन्ध मे बात कर रहे हैं, अत गले 13 मे 13 5 इच परिधि के परिसर मे रहेगे। सारणी 23 5 के प्रथम स्तम्भ मे गलपट्टो के आकारो की सूची है जबकि दूसरे स्तम्भ मे गलो की सगत परिधियाँ अकित हैं। इन वर्गों के लिए ही हम सैद्धान्तिक बारबारताएँ जानना चाहते है। अन्य स्तम्भो मे यही किया गया है तथा प्रत्याशित बारबारताएँ (N=1 000) स्तम्भ (9) मे प्रदर्शित की गई है। यदि हमारे मूल आँकडे प्रतिनिधिक हैं, तो 1000 ग्राहको मे से लगभग 270 माँग करेंगे 15 साइज के कालर के लिए, 221 माँगेंगे 14$\frac{1}{2}$ साइज के कॉलरों को 213 मागेगे 15$\frac{1}{2}$ साइज के कॉलर आदि आदि। यह कहना रुचिकर होगा कि इस वर्ग के 1000 ग्राहको मे से केवल 8

सारणी 23 4

कॉलेज के 231 पुरुष छात्रों के गलों की परिधि

मध्यमान (इचो मे)	विद्यार्थियो की सख्या
12 5	4
13 0	19
13 5	30
14 0	63
14.5	66
15 0	29
15 5	18
16 0	1
16 5	1
योग	231

आँकडो का स्रोत गोपनीय ।

से हम यह श्राशा कर सकते हैं कि वे 13 या उससे छोटे साइज की माँग करेंगे श्रोर 1,000 मे से केवल 7, 17 या उससे बडा साइज लेना चाहेंगे ।

प्रसामान्य वक्र की उपयुक्तता—जैसा पीछे सकेत किया जा चुका है, प्रसामान्य वक्र श्रनेक प्रकार के वक्रा मे से केवल एक है जो बारबारता-बटन पर श्रासजित किया जा सकता है । किसी भी दशा मे सब बटनो पर सामान्य प्रयोज्यता रखने के रूप मे इस पर विचार नही किया जाना चाहिए । क्योकि यह सत्य है, श्रत यह बताने के लिए कि प्रसामान्य वक्र को कब श्रासजित किया जाए, श्रथवा श्रासजित करने पर, यह उपयुक्त है श्रथवा नही, कौनसा निर्देशक है ?

1 प्रतिदश बटन का श्रालेखित वक्र श्रथवा स्तम्भ-चित्र श्रत्यन्त श्रशोधित निर्देशक का कार्य करता है । यदि विशिष्ट वैषम्य विद्यमान है तो यह, श्रन्य श्रनियमितताश्रो के समान, स्पष्ट हो जाएगा ।

2 प्रतिदर्श श्राँकडे सचित किए जा सकते हैं श्रोर सारणी 23 6 के समान प्रतिशत रूप मे प्रस्तुत किए जा सकते है, ये सचयी प्रतिशतताएँ फिर, चार्ट 23 9 के समान, प्रकगणितीय प्रायिकता-पत्र[4] पर श्रालेखित की जा सकती ह । यदि परिणामी वक्र लगभग एक सीधी रेखा हो तो हम श्राश्वस्त होकर एक प्रसामान्य वक्र को श्रासजित करने के लिए श्रागे बढ सकते है ।

4, ऊर्ध्वाधर पैमाने को इस प्रकार अभिकल्पित किया जाता है कि प्रसामान्य वक्र का तोरण सीधी रेखा के समान प्रतीत होगा ।

सारणी 23 5
कॉलेज के पुरुष छात्रो के लिए गलपट्ट श्राकारो (मापो) के प्रत्याशित बटन का निर्धारण
($\bar{X}$=14 232 इंच, s=0 719 इंच)

गलपट्ट का माप (साइज) (1)	गले की सगत परिधि (2)	वर्गों की सीमाएँ: निम्नतम सीमाएँ (3)	वर्गों की सीमाएँ: उच्चतर सीमाएँ (4)	x माध्य से सीमा तक (5)	$\frac{x}{s}$ (6)	माध्य और सीमा के मध्य क्षेत्र का अनुपात (परिशिष्ट ड) (7)	प्रत्येक वर्ग में क्षेत्र का अनुपात (8)	प्रत्याशित बारंबारताएँ $N=1,000$ (9)
	11 5 से कम					0 5000	0 0001	0 1
12½	11.5 किन्तु 12 0 से कम	11 5		2 732	3 80	0 4999	0 0009	0 9
13	12 0 किन्तु 12 5 से कम	12 0		2 232	3 10	0 4990	0 0070	7 0
13½	12 5 किन्तु 13 0 से कम	12 5		1 732	2 41	0 4920	0 0356	35 6
14	13 0 किन्तु 13 5 से कम	13 0		1 232	1 71	0 4564	0 1103	110 3
14½	13 5 किन्तु 14 0 से कम	13 5		0 732	1 02	0 3461	0 2206	220 6
15	14 0 किन्तु 14 5 से कम	14 0		0 232	0 32	0 1255	0 2698	269 8
			14 5	0 268	0 37	0 1443		
15½	14 5 किन्तु 15 0 से कम		15 0	0 768	1 07	0 3577	0 2134	213 4
16	15 0 किन्तु 15 5 से कम		15 5	1 268	1 76	0 4608	0 1031	103 1
16½	15 5 किन्तु 16 0 से कम		16 0	1 768	2 46	0 4931	0 0323	32 3
17	16 0 किन्तु 16 5 से कम		16 5	2 268	3 15	0 4992	0 0061	6 1
17½	16 5 किन्तु 17 0 से कम		17 0	2 768	3 85	0 4999	0.0007	0 7
	17 0 किन्तु या अधिक					0 5000	0 0001	0 1
योग							1 0000	1,000 0

सारणी 23.6

नवी कक्षा की 303 छात्राओ द्वारा आधार गेंद फेंकने की दूरी के सचयी बटन

फुटो मे दूरी	छात्राओ की सख्या	योग का प्रतिशत
25 से कम	1	0 33
35 से कम	3	0 99
45 से कम	10	3 30
55 से कम	35	11 55
65 से कम	68	22 44
75 से कम	121	39 93
85 से कम	185	61 06
95 से कम	229	75.58
105 से कम	260	85 81
115 से कम	287	94 72
125 से कम	298	98 35
135 से कम	302	99 67
145 से कम	303	100 00

सारणी 23 1 के सचयी आंकडे।

पूर्व वर्णन से यह स्पष्ट हो जाना चाहिये कि सभी परीक्षणों के लिये P के उसी मान को कसौटी के रूप में प्रयुक्त नहीं किया जाना चाहिये। उचित स्तर परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। P का मूल्य दिए बिना, जिसे वर्तमान सारणियों से पर्याप्त औचित्य के साथ सामान्यतया पढ़ा जा सकता है और अन्तर्वेशन की आवश्यकता विरले ही होती है, यह कदापि नहीं कहना चाहिए कि परिणाम सार्थक है या सार्थक नहीं है। विकल्प में यह कहा जा सकता है "0.01 (या अन्य) स्तर पर सार्थक"। कभी-कभी अन्वेषक यह कहेगा, "0.05 (या अन्य) स्तर पर सार्थक परन्तु 0.02 (या अन्य) स्तर पर सार्थक नहीं"। P का मान बताने से पाठक को सार्थकता के सम्बन्ध में अपना निजी निष्कर्ष निकालने की अनुमति मिल जाती है।

एक अन्य महत्त्वपूर्ण बात है समस्या का हल प्रारंभ करने से पूर्व प्रयुक्त की जाने वाली सार्थकता की कसौटी के सम्बन्ध में निर्णय की वांछनीयता। इससे यह सम्भाव्यता दूर हो जाती है कि प्राप्त किया गया P का मान कसौटी तय करने पर प्रभाव डाले। यह विशेषतया उस समय घटित हो सकता है जब सार्थक या असार्थक अन्तर की "आशा की जाए।"

प्राविकता तथा दैनिक घटनाएँ—पाठक यह अनुभव कर सकता है कि सार्थकता से सम्बन्धित तथा सम्भाव्यताओं पर आधारित परिणामों में सोचने का एक नया आधार निहित है जिसका उससे पहले सामना नहीं हुआ। यह इस दृष्टि से सत्य हो सकता है कि हम गणितीय सम्भाव्यता[10] के कुछ अत्यन्त प्रारम्भिक विचारों का प्रयोग कर रहे हैं। तथापि किसी प्रकार की सम्भाव्यता पर निर्णयों को आधारित करना प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में दैनिक घटना रही है। परीक्षा के लिये अध्ययन करने वाला विद्यार्थी पाठ्यक्रम के उन भागों पर विचार करता है जिन पर कि अध्यापक द्वारा प्रश्न पूछने की सम्भावना हो तथा जिन भागों के परीक्षा में आने की सम्भावना न हो। जैसे ही वह पुनर्विचार करता है तो सम्भाव्यता का यह अशोधित व्यक्तिपरक प्रकार उसके लिये पथप्रदर्शक का काम करता है। बेसबॉल के शिक्षक को सम्भावनाओं पर विचार कर लेना चाहिए (अथवा "प्रतिशतताओं की क्रीडा करनी चाहिए," जैसा आकाशवाणी आलोचक कहते हैं), पूर्व इसके कि वह रगड खेल का आदेश दे या पूर्व इसके कि वह 0.290 पर बल्ला लगाने वाले बायें हाथ वाले नियमित बल्लेबाज के स्थान पर बायें हाथ से फेंकने वाले का सामना करने के लिये 0.240 पर बल्ला लगाने वाले दायें हाथ वाले बल्लेबाज को खड़ा करता है। इससे पूर्व कि कोई व्यक्ति अपने अधिकारी के पास वेतन वृद्धि के लिये जाता है वह सामान्यतया यह सोचता है कि क्या आज, कल या कोई अन्य दिन अधिक मांगलिक होगा। और अधिक बड़े स्तर पर, श्रमिक संघों की वर्ष के अधिकतम मंदी के महीनों में या मंदी के दिनों में मजदूरी में बढ़ोतरी माँगने की सम्भावना नहीं होती। इसी प्रकार, जिस समय व्यापार में मन्दा हो, उस समय सुविधाओं की दरों में वृद्धि माँगना उचित नहीं।

प्रतिदर्श का आकार—कभी-कभी कोई व्यक्ति उस प्रतिदर्श के आकार को जानने की इच्छा कर सकता है जो उसे विश्वास की निर्दिष्ट मात्रा प्रदान करे कि प्रतिदर्श माध्य निर्दिष्ट सीमाओं के बीच ही रहेंगे। टायर मीलों के आँकड़ों के लिये, जबकि $\bar{X}_{\theta} = 15{,}200$ मील तथा $\sigma = 1{,}248$ मील, तो 100 में 98 प्रतिदर्शों के लिये, किस प्रतिदर्श आकार का

10 उदाहरण के लिए, देखें मूड तथा ग्रेबिल, यथा उपरिनिर्दिष्ट, पृष्ठ 6—52।

परिणाम यह होगा कि प्रतिदर्श माध्य ± 200 मील के भीतर रहे। परिचित तथा निर्दिष्ट मूल्यों को तथा $\frac{\lambda}{\sigma}$ के मूल्य को (परिशिष्ट ज से या परिशिष्ट झ की अन्तिम पंक्ति से) जो कि दो सिरों को अलग अलग कर देता है और जिसमे कि प्रसामान्य वक्र का दो प्रतिशत भाग सम्मिलित है व्यंजक

$$\frac{x}{\sigma} = \frac{\lambda - \lambda_{g}}{\sigma_{\bar{x}}}$$

में प्रतिस्थापित करने से उत्तर प्राप्त किया जाता है। क्योंकि $\frac{x}{\sigma}$ मान 2 326 है, अत हम प्राप्त करते हैं

$$2\ 326 = \frac{200}{\frac{1,248}{\sqrt{N}}}$$

$$200\sqrt{N} = (2\ 326)(1\ 248) = 2,902\ 8$$

$$\sqrt{N} = 14\ 5$$

$$N = 210$$

X तथा X_{g} के मध्य अन्तर की सार्थकता जब σ ज्ञात न हो

पूर्वगामी विवरण में केवल उस प्रविधि का वर्णन किया गया है जो उस समय लागू होता है जब λ_{g} तथा σ ज्ञात हो। समष्टि मूल्यों का प्राप्त होना बहुत अधिक असमान्य है। यह स्पष्ट हो जायगा यदि हम उन अत्यधिक महत्त्वपूर्ण अवस्थाओं की गणना करें जिनके अन्तर्गत समष्टि मूल्य ज्ञात हो सकें। वे हैं

(1) पूर्ण जनगणना की गई हो सकती है। इस प्रकार सयुक्त राज्य की अभिनव जनगणना से, उन सभी व्यक्तियों की आयु के लिए जिनकी गणना हुई थी λ तथा σ का परिकलन किया जा सकता था (ध्यान दीजिये कि पृष्ठ 20—21 पर वर्णित पूर्णांकन प्रवृत्ति इन आयु-आँकडो की अथवा किसी अन्य की परिशुद्धता को प्रभावित करेगी, जो शुद्ध प्रतिवेदित जन्म तिथियों पर आधारित नहीं है।)

(2) विस्तृत अनुभव के परिणामस्वरूप समष्टि मूल्यों को जाना जा सकता है। यह उस प्रकार की स्थिति है जिसका टायर मीलाकन आँकडो के द्वारा वर्णन किया गया है।

(3) गुण नियन्त्रण मे मानक का काम करने के लिये "नियन्त्रण समष्टि" की स्थापना पूर्व वर्णन के अधिक समान है। यहा पर सावधानीपूर्वक नियन्त्रित परिस्थितियों मे बहुत सी इकाइयो का निर्माण किया जाता है और इन इकाइयो से परिकलित साख्यिकीय मूल्यो को समष्टि आँकडा के रूप मे ग्रहण किया जाता है। तब दैनन्दिन उत्पादन आँकडो की तुलना समष्टि आँकडो से की जाती है।

(4) समष्टि मूल्य ज्ञात हो सकते है या उनकी परिकल्पना या सिद्धान्त के आधार पर कल्पना की जा सकती है। जब माध्यो की अपेक्षा अनुपातो का वर्णन किया जा रहा है उस समय प्राय ऐसे मामलो का सामना करना पडता है। ऐसे परीक्षण मे जिसमे यह ज्ञात करना हो कि चाय पीने वाले चीनी के द्वारा मीठी की गई या सैक्रीन के द्वारा मीठी की गई चाय मे अन्तर कर सकते हैं, प्रत्येक मीठा करने वाले तत्त्व के लिये समष्टि अनुपात की पूर्वधारणा 0 50 की जा सकती है। काफी के चार प्रकारो के प्राथमिकता परीक्षण मे प्रत्येक प्रकार के लिये समष्टि अनुपात 0 25 लिया जाएगा।

सारणी 24 1

0 104 इंच व्यास वाली सरत खीची गई ताम्बे की तार के 10 प्रतिदर्शो की टूटने की शक्ति

प्रतिदर्श	टूटने की शक्ति पाउडो मे X	X^2
1	578	334,084
2	572	327,184
3	570	324,900
4	568	322,624
5	572	327,184
6	570	324,900
7	570	324,900
8	572	327,184
9	596	355,216
10	584	341,056
योग	5,752	3,309,232

खनिज पदार्थों के परीक्षण के लिये अमरीकी सस्था, सप्लिमेन्ट्स टु 1933 ए० एम० टी० एम० मैन्युअल आन प्रेजेन्टेशन आँफ डेटा "सप्लिमेन्ट ए—प्रेजेटिंग प्लस एन्ड माइनस लिमिट्स ऑफ अनसर्टेन्टी ऑफ ऐन आब्जर्व्ड एवरेज पृष्ठ 1, खनिज परीक्षणो के लिए अमरीकी सस्था की कार्यवाहिया खण्ड 35, भाग एक, फिलेडेल्फिया से पुनर्मुद्रित।

$$\bar{X}=\frac{5752}{10}=575\ 2 \text{ पाउंड।}$$

$$\hat{\sigma}=\sqrt{\frac{3,309,232}{9}-\frac{(5752)^2}{10\ 9}},$$

$$=\sqrt{75\ 73}=8.70 \text{ पाउन्ड।}$$

$\bar{X}$ तथा $\bar{X}_\theta$ मे अन्तर जो सार्थक नही है—जैसाकि सारणी 24 1 मे दिखाया गया है, सख्ती से खीची गई ताम्र तार के 10 टुकडो की तोडने की शक्ति के परीक्षण किये गये है। दस मूल्यो का समान्तर माध्य 575.2 पाउड है। अपनी 0.01 कसौटी के साथ, आइये हम इस परिकल्पना का परीक्षण करे कि $\bar{X}=575.2$ पाउड, $\bar{X}_\theta=577.0$ पाउड वाली समष्टि से यादृच्छिक प्रतिदर्श का माध्य है। अब हमे σ का पता नही है और क्योंकि हमारे पास σ नही है तो हमे अवश्यमेव प्रतिदर्श के आँकड़ो मे σ का आकलन करना चाहिये। इस आकलन को निम्न व्यजक[11] से प्राप्त किया जाता है

11 $\hat{\sigma}$ के लिये आधारभूत व्यजक को परिशिष्ट घ, परिच्छेद 24.3 में विकसित किया गया है। जिस प्रकार परिशिष्ट घ, परिच्छेद 10 2 मे दिया गया है, उसी प्रकार की प्रविधि द्वारा इस आधारभूत व्यजक से वर्गित तथा अवर्गित आँकड़ो के लिए प्रपत्र प्राप्त किए जाते हैं।

$$\hat{\sigma} = \sqrt{\frac{\Sigma x^2}{N-1}},$$

$$= \sqrt{\frac{\Sigma X^2}{N-1} - \frac{(\Sigma X)^2}{N(N-1)}}$$ अवर्गीकृत आकडो के लिए,

$$= i\sqrt{\frac{\Sigma f(d')^2}{N-1} - \frac{\Sigma f(d')^2}{N(N-1)}}$$ वर्गीकृत आँकडो के लिए।

$\hat{\sigma}^2$ को σ^2 का "नतिहीन" आकलन कहा जाता है, क्योंकि[12]

$$\frac{\hat{\sigma}_1^2 + \hat{\sigma}_2^2 + \quad + \hat{\sigma}_K^2}{K} = \sigma^2.$$

s^2, σ^2 का नतिहीन आकलन नहीं है, क्योंकि

$$\frac{s_1^2 + s_2^2 + \quad . \quad + s_K^2}{K} < \sigma^2.$$

अब जब कि हमारे पास $\hat{\sigma}$ है, हम इस स्थिति मे हैं कि $\sigma_{\bar{X}}$ का आकलन कर सकें। यह है[13]

$$\hat{\sigma}_{\bar{X}} = \frac{\hat{\sigma}}{\sqrt{N}}$$

ताम्र तार के टूटने की शक्ति के आँकडों के लिये, $\hat{\sigma}$ का परिकलन सारणी 24 1 के नीचे दिखाया गया है, तथा

$$\hat{\sigma}_{\bar{X}} = \frac{8\ 70}{\sqrt{10}} = 2\ 75 \text{ पाउड ।}$$

अब हम सार्थकता अनुपात का परिकलन कर सकते है ।

$$\frac{\bar{X} - \bar{X}_{\varphi}}{\hat{\sigma}_{\bar{X}}}$$

यह सार्थकता अनुपात पहले प्रयोग किये गये अनुपातो से भिन्न है क्योंकि हर $\sigma_{\bar{X}}$ का आकलन है । इस प्रतिस्थापन के कारण, हम इस स्थिति मे नहीं है कि प्रसामान्य वक्र का सकेत दें, परन्तु हमे अवश्यमेव t बटन का प्रयोग करना चाहिये, जो यद्यपि सममित है तथापि प्रसामान्य वक्र की अपेक्षा अधिक विस्तृत रूप से विक्षेपित है । इसे चार्ट 24.10 मे

12. देखिये परिशिष्ट घ, परिच्छेद 24 3 ।

13. यदि s प्रतिदर्श के लिये ज्ञात है तो इसे

$$\hat{\sigma} = \sqrt{\frac{N}{N-1}}\, s$$

के प्रयोग द्वारा $\hat{\sigma}$ मे रूपान्तरित किया जा सकता है । तथापि इस प्रकार के रूपान्तरण की आवश्यकता नही है क्योंकि हम

$$\hat{\sigma}_{\bar{X}} = \frac{s}{\sqrt{N-1}}$$

लिख सकते हैं । यह बिल्कुल स्पष्ट हो जाना चाहिये कि ज्यो-ज्यो N मे वृद्धि होती है त्यों-त्यों s तथा $\hat{\sigma}$ के सख्यात्मक अन्तर की महत्ता नगण्य रह जाती है । फिर भी, σ के आकलन के तौर पर s का प्रयोग मे लाना गलत है ।

देखा जा सकता है। t बटन का प्रसार विद्यमान "स्वतन्त्रता के अंशो" (n) की संख्या पर निर्भर करता है, $n=1$ के लिये विक्षेपण अधिकतम है और जब n मे वृद्धि होती है तो यह कम होता है। जैसे ही n अनन्त पर पहुँचता है तो t बटन सीमा के रूप मे प्रसामान्य बटन पर पहुँच जाता है। चार्ट 24 10 पर दृष्टि डालने से यह प्रवृत्ति स्पष्ट है। अकेले प्रतिदर्श माध्य वाले सार्थकता परीक्षणो के लिये, जिस प्रकार का विचाराधीन है, $n=N-1$, क्योकि हमने $\hat{\sigma}$ का परिकलन करने के लिये N मानो के विचलनो का उनके अपने माध्य के गिर्द प्रयोग किया। अन्य शब्दो मे, हमने N नहीं अपितु $N-1$ स्वतन्त्र विचलनो का प्रयोग किया।

ताम्र-तार की टूटने की शक्ति के आँकड़ो के लिये,

$$t=\frac{\bar{X}-\bar{X}_{\wp}}{\hat{\sigma}_{\bar{X}}}=\frac{575.2-577.0}{2.75}=\frac{1.8}{2.75}=0.65$$

$n=N-1=10-1=9$ तथा $t=0.65$ के लिये परिशिष्ट झ के सदर्भ द्वारा P के मूल्य का अभिनिश्चय किया जाता है। यह परिशिष्ट सारणी प्रसामान्य वक्र की पूर्वगामी सारणी से कुछ भिन्न है। दोनो सारणियों मे सम्बन्धित बटनो के दो सिरो मे क्षेत्रो को दिखाया गया है, परन्तु परिशिष्ट ज, $\frac{x}{\sigma}$ के चुने हुए मूल्यो के लिए P के मूल्यो को दर्शाता है, जबकि परिशिष्ट झ n तथा P के विशिष्ट मूल्यो के लिये t के मूल्यो को दर्शाता है। परिशिष्ट झ से यह देखा जाता है कि $0.50 < P < 0.60$, तथा हम यह परिणाम निकालते है कि $\bar{X}$ तथा $\bar{X}_{\wp}$ के बीच कोई सार्थक अन्तर नही है। चार्ट 24 11, जिसमे स्वतन्त्रता के 9 अशो के लिए t बटन को दिखाया गया है, उस बात की व्याख्या करता है जो की गई है।

$\bar{X}$ तथा $\bar{X}_{\wp}$ मे अन्तर जो सार्थक है—नार्मन सी० विले[14] एक प्रतिदर्श के लिये $N=16$, $\bar{X}=9{,}959$ पाउड, तथा $s=248$ पाउड दर्शाते हुए, तीन-इच मनीला रस्सी की शक्ति के परीक्षणो के आँकडे प्रस्तुत करते है। 0 01 स्तर का कसौटी के रूप मे प्रयोग करते हुए हम इस परिकल्पना का परीक्षण करेंगे कि $\bar{X}=9{,}959$ पाउड, $\bar{X}_{\wp}=10{,}148$ पाउड वाली समष्टि से यादृच्छिक प्रतिदर्श का माध्य है। $\hat{\sigma}_{\bar{X}}$ को प्राप्त करने के लिये, हम पादाक 13 म प्रस्तुत व्यजक का प्रयोग करते हैं

$$\hat{\sigma}_{\bar{X}}=\frac{s}{\sqrt{N-1}}=\frac{248}{\sqrt{15}}=\frac{248}{3.873}=64.03.$$

तब हम परिकलन करते हैं

$$t=\frac{\bar{X}-\bar{X}_{\wp}}{\hat{\sigma}_{\bar{X}}}=\frac{9{,}959-10{,}148}{64.03}$$

$$=\frac{189}{64.03}=2.95$$

14 एन० सी० विले द्वारा लिखित स्टैटिस्टिकल मेथड्स ऐज ऐन एड इन रिवाइजिंग स्पेसिफिकेशन्ज़ मे प्रतिदर्श आंकडे हैं, पत्तिजो के परीक्षण के लिये अमरीकी सस्था की इकतालीसवी बैठक के समय पढे गये पत्र का पुनर्मुद्रण।

चार्ट 24 10 प्रसामान्य बटन के साथ $n = 2$, $n = 5$, तथा $n = 20$ के लिये t बटन की तुलना । ऊपर प्रदर्शित t के मूल्य प्रसामान्य वक्र के लिये $\frac{x}{\sigma}$ मूल्य हैं । t बटन की कोटियों को निम्न व्यजक मे लिया गया है

$$Y = \sqrt{\frac{2}{n}} \frac{\left(\frac{n-1}{2}\right)!}{\left(\frac{n-2}{2}\right)!} \frac{1}{\left(1 + \frac{t^2}{n}\right)^{\frac{n+1}{2}}}$$

यह अधिकतम कोटि प्रदान करता है जो 1 0 पर पहुँच जाती है ज्यों ही n अनन्त को पहुँचता है और इस प्रकार प्रसामान्य वक्र के लिये व्यजक

$$Y_c = e^{\frac{-x^2}{2\sigma^2}}$$

से तुलना योग्य है । $\dfrac{\left(\frac{n-1}{2}\right)!}{\left(\frac{n-2}{2}\right)!}$ के परिकलन को उदाहरण से स्पष्ट किया जा सकता है । यदि $n = 11$, तो अश 5 ! है, जबकि हर 4.5 है 4.5 ! के मूल्य को $4\,5 \times 3.5 \times 2.5 \times 1.5 + 0.5\sqrt{\pi}$ के द्वारा दिया गया है ।

परिशिष्ट झ की t सारणी से यह प्रतीत होता है कि P लगभग ठीक 0 01 है, और हम परिकल्पना को अस्वीकार करते है। पूर्व वर्णित धारणा को लेखाचित्रीय ढग से चार्ट 24 12 मे दिखाया गया है। ध्यान दें, कि यदि हम परिशिष्ट ज की प्रसामान्य सारणी का

चार्ट 24 11 $n=9$ के लिये t बटन, $t=\pm 0\ 65$ अथवा अधिक प्राप्त करने की सम्भाव्यता को दिखाते हुए। वक्र के नीचे 0 50 तथा 0 60 के बीच क्षत्र दो सिरों मे है।

प्रयोग करते तो सम्भाव्यता प्रमाप्रक रूप से कम, लगभग 0 003 रहती। यदि प्रतिदर्श बड़ा होता तो दो सम्भाव्यताओं के मध्य अन्तर काफी कम होता। जैसा कि चार्ट 24 10 मे और परिशिष्ट झ मे देखा जा सकता है t बटन लगभग $n=20$ पर प्रसामान्य बटन के सन्निकट आता हुआ दिखाई देता है। जब $n \geqq 30$, तो कुछ साख्यिकीविद स्वभावत प्रसामान्य सारणी का सकेत देते है, परन्तु यह इस कारण से ऐसा दिखाई देता है कि कुछ समय के लिये प्राप्य t सारणियों ने $n-30$, तथा $n=\infty$ के बीच t के कोई मूल्य नहीं दिय। परिशिष्ट झ मे $n-30$ 40, 60 120 तथा ∞ के लिय t मानो की सूची दी गई है। जहाँ $\hat{\sigma}$ को σ के आकलन के रूप म प्रयुक्त किया गया है उन सब अवस्थाओं मे t सारणी का प्रयोग करना सर्वोत्तम है।

$\bar{X}_{\wp}$ की विश्वास्यता सीमाएँ—अभी-अभी दिए उदाहरण मे यह परिणाम निकाला गया था कि प्रतिदर्श माध्य $\bar{X}_{\wp}=10\ 148$ पाउड वाली समष्टि से प्रतिदश यादृच्छिक

चार्ट 24 12 $n=15$ के लिये t बटन, जिसमे $t=\pm 2\ 95$ या अधिक प्राप्त करने की सम्भाव्यता को दिखाया गया है। वक्र के नीचे क्षत्र का लगभग ठीक 0 01 दो सिरो मे है।

प्रतिदर्श का माध्य नही था। प्रतिदर्श मात्र के ज्ञान से, उन सीमाओ के बारे मे क्या कहा जा सकता है जिनके भीतर $\bar{X}_\wp$ के उत्पन्न होने की आशा की जा सकती है। $\bar{X}_\wp$ के लिये हमे दो मूल्यो की आवश्यकता है, जिन्हे हम $X_{\wp_1}$ तथा $\bar{X}_{\wp_2}$ कहेंगे और जो $\bar{Y}$ से क्रमश: कम तथा अधिक होगे। ये $\bar{X}_\wp$ की "विश्वास्यता सीमाएँ" है। पहला पग इस बात का निर्णय करने मे निहित है कि हम विश्वास्यता सीमाओ के अपने कथन के गलत होने के लिए कितनी बार तैयार हैं। कल्पना कीजिये कि हम स्वय को 100 मे से 5 से अधिक बार गलत नही होने देते। उस अवस्था मे हमे 95 प्रतिशत विश्वास्यता सीमाओ की आवश्यकता है। निम्न का निर्धारण करने से ये सीमाएँ प्राप्त की जाती हैं

(1) $\bar{X}_{\wp_1}$ के मूल्य की स्थिति इस प्रकार से है कि $\bar{X}_{\wp_1}$ के गिर्द प्रतिदर्श माध्यो के बटन के सिरे के ऊपरी $2\frac{1}{2}$ प्रतिशत को $\bar{X}$ काट देता है, तथा

(2) $\bar{X}_{\wp_2}$, के मूल्य की स्थिति इस प्रकार से है कि $\bar{X}_{\wp_2}$ के गिर्द प्रतिदर्श माध्यो के बटन के निम्न $2\frac{1}{2}$ प्रतिशत सिरे को $\bar{X}$ काट देता है।

इन दोनो मूल्यो को निम्नलिखित व्यजक से प्राप्त किया जा सकता है, जिसमे हम पूर्व परिकलित $\bar{X}$ तथा $\hat{\sigma}_{\bar{X}}$ के मूल्यो तथा उचित विश्वास्यता सीमाओ के लिए t मूल्य का प्रतिस्थापन करते है

$$\bar{X} = \bar{X}_\wp \pm t\hat{\sigma}_{\bar{X}}.$$

क्योकि हमे 95 प्रतिशत विश्वास्यता सीमाओं की आवश्यकता है और क्योकि $n=15$, अतः t का मूल्य (परिशिष्ट झ से) 2 131 है। तब हमारे पास है

$$9{,}959 = \bar{X}_\wp \pm (2\ 131)(64\ 03)$$
$$\bar{X}_\wp = 9{,}959 \pm 136\ 4,$$
$$= 9{,}822\ 6 \text{ तथा } 10{,}095\ 4 \text{ पाउड।}$$

पूर्ववर्णित प्रविधि का चार्ट 24 13 मे निदर्शन किया गया है।

हमे पूर्ण *विश्वास* नही है कि समष्टि माध्य अभी-अभी प्रस्तुत सीमाओ के बीच पड़ता है, परन्तु हमे 95 प्रतिशत विश्वास है कि ऐसा होता है। दूसरे शब्दो मे, यदि 95 प्रतिशत विश्वास्यता सीमाओ के बहुत से निर्धारण किये जाएँ तो हम उन सीमाओ मे 100 मे से 95 बार समष्टि मूल्य को सम्मिलित करने की तथा 100 मे से 5 बार समष्टि मूल्य *को बहिष्कृत करने की आशा कर सकते हैं। रोगर पी० डोयले ने प्रसामान्य समष्टि से* शेव्हार्ट के 1,000 प्रतिदर्शों मे से प्रत्येक के लिये $X_\wp$ की 95 प्रतिशत विश्वास्यता सीमाओ का परिकलन किया है। प्रत्येक प्रतिदर्श के लिये $\bar{X}$, $\hat{\sigma}$, तथा $n=3$ का प्रयोग करके उसने विश्वास्यता सीमाओ के 1,000 युग्मो को ज्ञात किया और प्रत्येक युग्म पर यह ध्यान दिया, कि उन्होंने $\bar{X}_\wp = 0$ को सम्मिलित किया अथवा नही। उसकी विश्वास्यता सीमाएँ 951 *उदाहरणों मे ठीक थी और 49 मे गलत थी।*

जबकि पूर्वगामी निदर्श मे 95 प्रतिशत विश्वास्यता सीमाएँ प्राप्त की गई, किन्तु प्रतिदर्श से प्राप्त $\bar{X}$ तथा $\hat{\sigma}_{\bar{X}}$ के मूल्यो के साथ उचित t मूल्य का प्रतिस्थापन मात्र करके किन्ही भी वाछित सीमाओ का परिकलन किया जा सकता है। इस प्रकार की सीमाएँ जैसे कि *99.9, 99 8, 99, 98, 96, 95 तथा 90* प्राय. प्रयोग की जाती हैं। *90 प्रतिशत से कम विश्वास प्रस्तुत करने वाली विश्वास्यता सीमाओ की प्रायः आवश्यकता नही* होती, क्योकि ये विश्वास के ऊँचे स्तर की अभिव्यक्ति नही करती।

अनुपातो के लिये विश्वास्यता सीमाओ का निर्धारण, प्रतिदर्श प्रमरणो (s^2 अथवा $\hat{\sigma}^2$) तथा सहसम्बन्ध गुणाको का वर्णन आगामी दो अध्यायो मे किया जायेगा। इन मापो के लिये तथा समातर माध्यो के लिये सांख्यिकीय कार्यकर्ता को विचाराधीन माप के लिये अधिकतम और न्यूनतम सभव मूल्यो पर ध्यानपूर्वक विचार करना चाहिये। कई बार स्वय चर का स्वभाव सीमाएँ स्थापित कर देता है, जिसके परे मूल्य नही जा सकते, और जिसे परिकलित विश्वास्यता सीमाओ की अपेक्षा अग्रगामिता प्राप्त होनी चाहिये।

$\bar{X}_\wp$ की विश्वास्यता सीमाओ का निर्धारण करने के लिये व्यजक

$$\bar{X} = \bar{X}_\wp \pm t\hat{\sigma}_{\bar{X}},$$

की अपेक्षा

$$\bar{X}_\wp = \bar{X} \pm t\hat{\sigma}_{\bar{X}},$$

लिखा गया था जिसने वही परिणाम प्रदान किये होते। ऐसा करने का उद्देश्य यह था कि इस बात पर बल डाला जाये कि प्रतिदर्श माध्यो का $\bar{X}_\wp$ के गिर्द बटन होता है। चार्ट 24 13 भी इसे स्पष्ट करने का प्रयास करता है। $\bar{X}$ के गिर्द समष्टि माध्यो के बटन जैसी कोई वस्तु नहीं है।

पूर्वगामी 7 पृष्ठो में प्रस्तुत सभी निदर्शों मे $\hat{\sigma}_{\bar{X}}$ तथा t बंटन निहित हैं। इस बात पर बल डालना अच्छा हो सकता है कि t के मूल्य मे विचरण, $\hat{\sigma}$ के प्रतिदर्श विचरणो तथा $\bar{X}$ के प्रतिदर्श विचरणो के कारण होते हैं। t का अधिक मूल्य (और इसलिए P का कम मूल्य) इस कारण से हो सकता है कि $\bar{X}$ मे $\bar{X}_\wp$ से बहुत है, भिन्नता या क्योंकि $\hat{\sigma}$ छोटा है σ से या दोनो। t का कम मूल्य (और इसलिए P का अधिक मूल्य) इसलिए हो सकता है कि क्योंकि $\bar{X}$ $\bar{X}_\wp$ के बिल्कुल सन्निकट पहुँचता है, या क्योंकि $\hat{\sigma}$ अधिक है σ से, या दोनो। जब σ ज्ञात हो तो एकमात्र विद्यमान प्रतिदर्श विचरण वे हैं जो $\bar{X}$ के हैं।

दो प्रतिदर्श माध्यों के बीच अन्तर की सार्थकता

स्वतंत्र प्रतिदर्श—किसी निश्चित स्थान पर पुरातात्विक खुदाई से 16 निम्न प्रथम चर्वणदन्त प्राप्त किये गये।[15] हम 16 दांतो मे से प्रत्येक का माप नही जानते परन्तु हम यह जानते है कि $\bar{X}_1 = 13.57$ मिमी और $s_1 = 0.72$ मिमी। निकट के स्थान से $\bar{X}_2 = 13.06$ तथा $s_2 = 0.62$ मिमी के साथ 9 निम्न प्रथम चर्वणदन्त लिये गये थे। $P = 0.05$ को कसौटी का प्रयोग करते हुए, क्या निम्न प्रथम चर्वणदन्तो के इन दो समूहो की माध्य लम्बाई मे सार्थक अन्तर है? इस परीक्षण के लिये हम निराकरणीय परिकल्पना स्थापित करते है कि $\bar{X}_\wp$ से सम्बन्धित दो प्रतिदर्श माध्य उसी समष्टि से हैं, और हम इस परिकल्पना का परीक्षण t की संभाव्यता का निर्धारण करके करते है, जहाँ t दो प्रतिदर्श माध्यो के बीच अन्तर की मानक त्रुटि के आकलन के साथ $\bar{X}_1 - \bar{X}_2$ का अनुपात है।

यदि दो प्रतिदर्श स्वतन्त्र हैं, तो जैसाकि परिशिष्ट ध, परिच्छेद 24 4, मे दिखाया गया है, दो प्रतिदर्श माध्यो $\sigma_{\bar{X}_1} - \bar{X}_2$ के बीच अन्तर की मानक त्रुटि को

$$\sigma_{\bar{X}_1 - \bar{X}_2} = \sqrt{\sigma^2_{\bar{X}_1} + \sigma^2_{\bar{X}_2}},$$

---

15 कोलम्बिया विश्वविद्यालय में प्रो० एगन पियर्सन द्वारा दिये गये एक व्याख्यान " " आँकडो पर आधारित।

चार्ट 24 13 तीन इंच मनीला रस्सी, $n = 15$ की शक्ति के लिये $\bar{X}_{\theta}$ की 95 प्रतिशत विश्वास सीमाएँ ।

के द्वारा प्राप्त किया जाता है। अस्वतन्त्र प्रतिदर्शों पर इस अध्याय में बाद में विचार किया जायेगा। अभी प्रस्तुत व्यंजक को इस प्रकार लिखा जा सकता है[16]

$$\sigma_{\bar{X}_1-\bar{X}_2}=\sqrt{\frac{\sigma^2}{N_1}+\frac{\sigma^2}{N_2}}=\sigma\sqrt{\frac{1}{N_1}+\frac{1}{N_2}}.$$

हम अपनी समस्या के लिये इस सूत्र का प्रयोग नहीं कर सकते, क्योंकि हम σ का मूल्य नहीं जानते। (यदि हम σ को जानते तो हम $\bar{X}_{\mathcal{P}}$ को भी लगभग निश्चित रूप से जान लेते क्योंकि σ को $\bar{X}_{\mathcal{P}}$ के गिर्द परिकलित किया जाता है। यदि हम $\bar{X}_{\mathcal{P}}$, को जानते तो दो प्रतिदर्श माध्यों की एक दूसरे के साथ तुलना करने की अपेक्षा $\bar{X}_{\mathcal{P}}$ के साथ $\bar{X}_1$ और $\bar{X}_2$ की तुलना करना अधिक अर्थपूर्ण होता।) परिणामतः, दो प्रतिदर्शों द्वारा दी गई सूचना से हम σ के मूल्य का आकलन करते हैं। यह आकलन[17] है

$$\hat{\sigma}_{1+2}=\sqrt{\frac{\Sigma x_1^2+\Sigma x_2^2}{N_1-1+N_2-1}}.$$

जब प्रत्येक प्रतिदर्श के अलग-अलग प्रेक्षण प्राप्त है, जैसाकि प्राय: होता है, तो हम अवर्गीकृत आँकड़ों के लिये

$$\Sigma x^2=\Sigma X^2-\frac{(\Sigma X)^2}{N}$$

का परिकलन कर सकते है अथवा वर्गीकृत आँकड़ों के लिये परिकलन कर सकते है

$$\Sigma x^2=i^2\left[\Sigma f(d')^2-\frac{(\Sigma fd')^2}{N}\right]$$

---

16. यह कल्पना कर ली जाती है कि दो प्रतिदर्श σ^2 प्रसरण से सम्बन्धित उसी समष्टि से हैं। यह कल्पना हमारी समस्या के लिये तर्कहीन नहीं है, क्योंकि अध्याय 26 मे वर्णित F परीक्षण यह स्पष्ट करता है कि $\hat{\sigma}_1^2$ और $\hat{\sigma}_2^2$ के बीच सार्थक अन्तर नहीं है। जब दो प्रतिदर्शों को असमान प्रसरण की समष्टियों से समझा जाता है और जब $N_1=N_2$, या $N_1\simeq N_2$ और दोनों बड़े हैं तो

$$\hat{\sigma}_{\bar{X}_1-\bar{X}_2}=\sqrt{\frac{\hat{\sigma}_1^2}{N_1}+\frac{\hat{\sigma}_2^2}{N_2}}.$$

का प्रयोग करके सन्निकट परीक्षण किया जा सकता है।

17. $\hat{\sigma}_{1+2}^2$ पृथक् प्रतिदर्शों के लिए दो $\hat{\sigma}^2$ मानों की भारित औसत है। परिशिष्ट घ, परिच्छेद 24.5 देखिए। परिच्छेद 24.6 मे दिखाया गया है कि जब $N_1=N_2$ तो

$$\hat{\sigma}_{1+2}\sqrt{\frac{1}{N_1}+\frac{1}{N_2}}=\sqrt{\frac{\hat{\sigma}_1^2}{N_1}+\frac{\hat{\sigma}_2^2}{N_2}}$$

जब दो से अधिक प्रतिदर्श हों तो σ^2 का आकलन

$$\frac{\Sigma x_1^2+\Sigma x_2^2+\Sigma x_3^2+\ldots}{N_1-1+N_2-1+N_3-1+\ldots}$$

के द्वारा दिया जाता है। प्रसरण विश्लेषण के वर्णन के साथ हम इस व्यंजक का प्रयोग अध्याय 26 मे करेंगे।

विचाराधीन समस्या के लिए, हमारे पास पृथक्-पृथक् प्रेक्षण नहीं हैं, किन्तु s_1 तथा s_2 अवश्य हैं। क्योंकि

$$s_1=\sqrt{\frac{\Sigma x_1^2}{N_1}} \text{ तथा } s_2=\sqrt{\frac{\Sigma x_2^2}{N_2}}.$$

$$\Sigma x_1^2=N_1 s_1^2 \text{ तथा } \Sigma x_2^2=N_2 s_2^2.$$

अत. हम परिकलन करते है

$$\Sigma x_1^2=16(0\ 72)^2=8.29,$$
$$\Sigma x_2^2=9(0\ 62)^2=3\ 46.$$

तब σ का आकलित मूल्य प्राप्त किया जाता है

$$\hat{\sigma}_{1+2}=\sqrt{\frac{8\ 29+3.46}{16-1+9-1}}=0.715.$$

दो माध्यो के बीच अन्तर की आकलित मानक त्रुटि का अब परिकलन किया जा सकता है:

$$\hat{\sigma}_{\bar{X}_1-\bar{X}_2}=\hat{\sigma}_{1+2}\sqrt{\frac{1}{N_1}+\frac{1}{N_2}},$$
$$=0\ 715\sqrt{\tfrac{1}{16}+\tfrac{1}{9}}=0.291.$$

अन्त मे हम वाछित सार्थकता अनुपात प्राप्त कर सकते हैं,

$$t=\frac{\bar{X}_1-\bar{X}_2}{\hat{\sigma}_{\bar{X}_1-\bar{X}_2}}=\frac{13.57-13\ 06}{0.298}=\frac{0\ 51}{0\ 298}=1.71.$$

आँकडों के प्रथम समुच्चय से हमारे पास है $n_1=N_1-1=16-1=15$ स्वतंत्रता अश, द्वितीय समुच्चय से, $n_2=N_2-1=9-1=8$. अत: $n=n_1+n_2=23$ ध्यान दे कि जब $\bar{X}_1$ के गिर्द Σx_1^2 का परिकलन किया गया तो स्वतन्त्रता के एक अश का ह्रास हुआ और जब $\bar{X}_2$ के गिर्द Σx_2^2 का परिकलन किया गया तो एक और अश की हानि हुई। परिशिष्ट झ की t सारणी से हम पाते है $P\approx 0.10$ और हम $\bar{X}_1$ तथा $\bar{X}_2$ के मध्य अन्तर को सार्थक नही समझते। चार्ट 24.14 ऊपर के विवरण को प्रदर्शित करता है।

चार्ट 24 14 $t=\pm 1.71$ या अधिक को प्राप्त करने की सभाव्यता को दिखाते हुए, $n=23$ के लिये t बटन। वक्र के नीचे क्षेत्र का लगभग 0.10 दो सिरों मे है।

$\bar{X}_{g_1} - \bar{X}_{g_2}$ की विश्वास्यता सीमाएँ—कभी-कभी जब यह निष्कर्ष निकाल लिया गया हो कि $\bar{X}_1$ और $\bar{X}_2$ के बीच सार्थक अन्तर विद्यमान है तो $\bar{X}_{g_1} - \bar{X}_{g_2}$ की विश्वास्यता सीमाओं का वक्तव्य प्राप्त करना वांछित हो सकता है। इसे $\bar{X}_{g_1} - \bar{X}_{g_2}$ के लिये व्यजक[28]

$$\bar{X}_1 - \bar{X}_2 = (\bar{X}_{g_1} - \bar{X}_{g_2}) \pm t\hat{\sigma}_{\bar{X}_1 - \bar{X}_2}$$

को सरल करके प्राप्त किया जाता है। जिस प्रकार $\bar{X}_g$ की विश्वास्यता सीमाओं के निर्धारण मे है, t का मान परिशिष्ट भ से पढा जाता है और वह निर्भर करता है (1) प्रयुक्त किये जाने वाले विश्वास के स्तर पर और (2) स्वतन्त्रता के अशों पर जोकि इस प्रकार है $n = N_1 - 1 + N_2 - 1$.

ऊपर प्रस्तुत व्यजक के प्रयोग को समझाने के लिये, दो स्रोतो से प्राप्त सरचनात्मक इस्पात (जलयानो के लिये) के उत्पादन बिन्दु पर विचार करे। स्रोत 1 के लिये : $N_1 = 10$, $\bar{X}_1 = 45,948$ पाउड प्रति वर्ग इच, और $s_1 = 2,910$ पाउड प्रति वर्ग इच। स्रोत 2 के लिये $N_2 = 19$, $\bar{X}_2 = 39,820$ पाउड प्रति वर्ग इच, और $s_2 = 2,510$ पाउड प्रति वर्ग इच।[19] निम्न प्रथम चर्वण दांतो के आँकडो के लिए अभी प्रयुक्त उन्ही व्यजको का प्रयोग करते हुए, यह प्राप्त होता है कि $\hat{\sigma}_{\bar{X}_1 - \bar{X}_2} = 1,074.9$ तथा

$$t = \frac{\bar{X}_1 - \bar{X}_2}{\hat{\sigma}_{\bar{X}_1 - \bar{X}_2}} = \frac{45,948 - 39,820}{1,074.9},$$

$$= \frac{6,128}{1,074.9} = 5.7$$

$n = n_1 + n_2 = 9 + 18 = 27$ के लिये t का यह मूल्य 0.001 स्तर से बहुत परे है, अत. माध्यो के बीच अन्तर सार्थक है।

$\bar{X}_{g_1} - \bar{X}_{g_2}$ की 98 प्रतिशत विश्वास्यता सीमाओ को प्राप्त करने के लिये हम $t = 2.473$ का प्रयोग करते है और ज्ञात मूल्यो का

$$\bar{X}_1 - \bar{X}_2 = (\bar{X}_{g_1} - \bar{X}_{g_2}) \pm t\hat{\sigma}_{\bar{X}_1 - \bar{X}_2}$$

मे प्रतिस्थापन करते है। इससे प्राप्त होता है

$$45,948 - 39,820 = (\bar{X}_{g_1} - \bar{X}_{g_2}) \pm (2.473)(1,074.9).$$

$$\bar{X}_{g_1} - \bar{X}_{g_2} = 6,128 \pm 2,658,$$

$$= 3,470 \text{ और } 8,786 \text{ पाउड प्रति वर्ग इच।}$$

अस्वतन्त्र (आश्रित) प्रतिदर्श—जब दो प्रतिदर्शों मे मदो के जोडो के बीच जन्मजात युग्मता विद्यमान हो तो साधारणतया यह परिणाम निकलता है कि दो प्रतिदर्श स्वतन्त्र नही हैं। हम इसमे रुचि नही रखते कि दो प्रतिदर्शों मे प्रथम और आगामी मूल्यो के युग्म अभी युग्मित हुए हो क्योकि वे सूची के क्रम से चुने गये थे; हमारी उस समय रुचि होती है यदि, उदाहरणार्थ, युग्मित पाठ्याक भाइयो और बहनो या जुडवाँ बच्चो के प्रतिभा स्तर के मूल्य हो, अथवा यदि मूल्य टायर के मौलिक दाँतो और पुन ऊपरी पट्टी चढाने के बाद टायरो के मील हैं। समस्याओ मे से बहुत अधिकाश जिनका सामना करना पडेगा स्वतन्त्र प्रतिदर्शों के सम्बन्ध मे होगी। तो भी यह अत्यन्त महत्वपूर्ण है कि आश्रित प्रतिदर्शों को उनके

18. $\bar{X}_1$ और $\bar{X}_2$ बीच के अन्तर की सार्थकता के परीक्षण के समान, यह परिकल्पना कर ली जाती है कि σ^2 से सम्बन्धित दो प्रतिदर्श उसी समष्टि से हैं।

19. आँकडे पाद-टिप्पणी 14 मे प्रस्तुत स्रोत से हैं।

वास्तविक रूप में पहचाना जाये; उनके साथ स्वतन्त्र प्रतिदर्शों का-सा व्यवहार नहीं किया जाना चाहिये।

सारणी 24 2

25 अंगूर फलों के छायाकृत तथा चित्रित आधे भागों में घनों की प्रतिशतता

फल	छायाकृत X_1	चित्रित X_2	$D = X_1 - X_2$	D^2
1	8 59	8 49	0 10	0 0100
2	8 59	8 59		
3	8 09	7 84	0 25	0 0625
4	8 54	7 89	0 65	0 4225
5	8 09	8 19	—0 10	0.0100
6	8 49	7 84	0 65	0 4225
7	7 89	7 89		
8	8 59	7 89	0 70	0 4900
9	8 54	7 79	0 75	0 5625
10	7 99	7 84	0 15	0 0225
11	7 89	7 79	0 10	0 0100
12	8 09	7 84	0 25	0 0625
13	7 89	7 89		
14	8 54	8 07	0 47	0 2209
15	7 84	7 97	—0 13	0 0169
16	7 49	7 57	—0 08	0 0064
17	7 89	7 92	—0 03	0 0009
18	7 79	7 97	—0 18	0-0324
19	7.84	8 17	—0 33	0·1089
20	8.89	8 67	0 22	0 0484
21	8 54	8 07	0 47	0 2209
22	8 04	7 97	0 07	0 0049.
23	8.59	8 62	—0 03	0 0009
24	8 19	7 92	0 27	0 0729
25	8.59	7.97	0.62	0 3844
योग	205 50	200 66	4 84	3 1938

आंकड़े पॉल एल० हार्डिंग प्लांट फिजियॉलोजिस्ट, डिवीजन ऑफ़ फ्रूट एन्ड वेजिटेबल क्रॉप्स एन्ड डिसीज़िज, ब्यूरो आफ़ प्लांट इन्डस्ट्री, सायल्ज़ एन्ड एग्रीकल्चरल इन्जीनियरिंग, एग्रिकलचरल रिसर्च एडमिनिस्ट्रेशन, युनाइटिड स्टेट्स डिपार्टमेन्ट ऑफ़ एग्रीकलचर से।

$$\bar{X}_D = \frac{\Sigma D}{N} = \frac{4\ 84}{25} = 0\ 194 \text{ प्रतिशत}$$

$$\hat{\sigma}_D = \sqrt{\frac{\Sigma D^2}{N-1} - \frac{(\Sigma D)^2}{N(N-1)}} = \sqrt{\frac{3\ 1938}{24} - \frac{(4\ 84)^2}{25(24)}},$$

$$= \sqrt{0\ 133075 - 0\ 039043} = \sqrt{0\ 094032},$$

$$= 0\ 307 \text{ प्रतिशत}$$

$$\hat{\sigma}_{\bar{X}D} = \frac{\hat{\sigma}_D}{\sqrt{N}} = \frac{0\ 307}{\sqrt{25}} = 0\ 061 \text{ प्रतिशत ।}$$

सारणी 24 2 के आकडो मे 25 अगूर फलो के छायाकृत और चित्रित आधे भागो मे घनो की प्रतिशतताओ को दिखाया गया है । यहा यह स्पष्ट है कि आँकडो के दो समुच्चय स्वतन्त्र नही है, वे स्वाभाविक रूप से युग्मित है । अगूर फल सख्या 1 के छायाकृत पक्ष मे 8 59 प्रतिशत घन थे जबकि उसी अगूर फल के चित्रित पक्ष मे 8 49 प्रतिशत घन थे । स्वाभाविक रूप से ये दोनो आँकडे एक दूसरे के साथ युग्मित है क्योकि ये उसी एक फल की ओर सकेत करते है । अन्य 24 अगूर फलो के आँकडो के विषय मे भी यही बात सत्य है ।

छायाकृत तथा चित्रित आधे भागो के माध्यो के बीच अन्तर की सार्थकता का परीक्षण करने के लिये, हम मूल्यो के प्रत्येक युग्म के बीच अन्तर D को प्राप्त करते हैं, $\bar{X}_D$ के मूल्य का निर्धारण करते है, और इस बात का निश्चय करते है कि क्या $\bar{X}_D$, 0 से सार्थक रूप मे भिन्न है । निराकरणीय परिकल्पना यह है कि $\bar{X}_D$ शून्य के माध्य वाले अन्तरो की समष्टि से यादृच्छिक प्रतिदर्श का माध्य है । सारणी 24 2 के नीचे परिकलनो को दिखाया गया है जिनसे प्राप्त होता है

$$\bar{X}_D = 0\ 194 \text{ प्रतिशत},$$

$$\hat{\sigma}_D = 0\ 307 \text{ प्रतिशत और}$$

$$\hat{\sigma}_{\bar{X}D} = 0\ 061 \text{ प्रतिशत ।}$$

तब हम t के मूल्य का निर्धारण करते हैं,

$$t = \frac{\bar{X}_D - 0}{\hat{\sigma}_{\bar{X}D}} = \frac{0\ 194 - 0}{0\ 061} = 3\ 18$$

क्योंकि 24 स्वतन्त्र D मूल्य हैं, अत $n=24$, और परिशिष्ट भ का सदर्भ यह दर्शाता है कि P, 0 01 और 0 001 के बीच है ।

यह बहुत महत्त्वपूर्ण है कि इस प्रकार की समस्या मे,जैसी कि यह है, दो प्रतिदर्शों के बीच स्वतन्त्रता के अभाव को पहचानना चाहिये । यदि हम सामान्य प्रविधि का अनुसरण करते जो $\bar{X}_1 = 8\ 22$ प्रतिशत, $\bar{X}_2 = 8\ 03$ प्रतिशत, और $\hat{\sigma}_{\bar{X}_1 - \bar{X}_2} = 0\ 092$ प्रतिशत का परिकलन करते हुए, प्रतिदर्शों को स्वतन्त्र मानती है, तो हम

$$t = \frac{8\ 22 - 8\ 03}{0\ 092} = \frac{0\ 19}{0\ 092} = 2\ 07$$

प्राप्त कर लेते, जिसमें, $n=48$ के लिये, $0.025 < P < 0.05$ है। प्रथम प्राप्त सभाव्यता से यह सभाव्यता अत्यधिक भिन्न है। वास्तव म, यदि कोई व्यक्ति 0.02 या 0.01 स्तर का सार्थकता की कसौटी के रूप में प्रयोग करता तो दो प्रतिदर्शो की स्वतन्त्रता की पूर्व-धारणा करने वाली विधि उसे गलती से "सार्थक नही" इस निष्कर्ष पर ले जाती।

जब दो प्रतिदर्शो की स्वतन्त्रता की पूर्वधारणा वाली विधि का प्रयोग किया जाता है जब कि वे वास्तव मे स्वतन्त्र नही होते, तो सम्भव परिणामो को विकल्प रूप मे[20] $\hat{\sigma}_{\bar{X}D}$ लिखकर स्पष्ट किया जा सकता है,

$$\hat{\sigma}_{\bar{X}_1 \bar{X}_2} = \sqrt{\hat{\sigma}^2_{\bar{X}_1} + \hat{\sigma}^2_{\bar{X}_2} - 2r\hat{\sigma}_{\bar{X}_1}\hat{\sigma}_{\bar{X}_2}},$$

जब दो प्रतिदर्शो के मध्य सहसम्बन्ध r है। यदि सक्षिप्त रूप का, जो स्वातन्त्र्य की कल्पना करता है प्रयोग किया जाए

$$\hat{\sigma}_{\bar{X}_1 - \bar{X}_2} = \sqrt{\hat{\sigma}^2_{\bar{X}_1} + \hat{\sigma}^2_{\bar{X}_2}}$$

तो यदि आंकडो के दो समुच्चयो के बीच सहसम्बन्ध धनात्मक हो तो $\hat{\sigma}_{\bar{X}_1 \bar{X}_2}$ का मूल्य बहुत अधिक होगा और जब ऋणात्मक सहसम्बन्ध विद्यमान हो तो बहुत कम। स्वतन्त्रता के अभाव की उपेक्षा हमें सार्थक अन्तर की घोषणा करने म उस समय असफल कर देगी जब r धनात्मक है और अन्तर की सार्थकता की गलती से घोषणा करने को विवश करेगी जब r ऋणात्मक है। अधिकतर समस्याओ में जिनमें युग्म बनाना अन्तर्निहित है, सहसम्बन्ध धनात्मक होगा, परन्तु कभी कभी ऐसी स्थितियां आती है जिनमे सहसम्बन्ध ऋणात्मक होता है। किसी भी परिस्थिति में, जब अन्तर्निहित युग्म बनते हैं, तो दो श्रेणियो के बीच सहसम्बन्ध की विद्यमानता लगभग निश्चित होती है। सयोग सहसम्बन्ध से, जो $N_1=N_2$ वाली दो श्रेणियो के बीच दृष्टिगोचर हो जाए और जिसे स्वन्त्र समझा जाता है, हमारा कोई सम्बन्ध नही है।

उपसंहार

इस अध्याय मे "दीर्घ-सख्या विधियो" और "अल्प-सख्या विधियो" मे अन्तर करने का कोई प्रयास नही किया गया है। कारण यह है कि जब σ ज्ञात हो तो छोटे या बडे किसी भी आकार के प्रतिदर्शो के लिये प्रसामान्य वक्र उपयुक्त है। जब σ का पता नही हो, और इसके स्थान पर जब $\hat{\sigma}$ का प्रयोग किया जाए, तब t वटन ("अल्प-सख्या विधि") सर्वथा उचित प्रयोज्य वटन है। जैसे-जैसे n म वृद्धि होती है, t बटन प्रसामान्य वक्र के निकट पहुँचता है ताकि दीर्घ प्रतिदर्शो के लिये कई बार प्रसामान्य वटन का प्रयोग किया जाता है। तो भी, जब n दीर्घ भी हो, तो प्रसामान्य वक्र एक सन्निकटन होता है। कई बार जब प्रतिदर्श दीर्घ हो तो σ के आकलन के रूप मे $\hat{\sigma}$ की अपेक्षा s का प्रयोग किया जाता है। दीर्घ प्रतिदर्शो के लिये s तथा $\hat{\sigma}$ के बीच सख्यात्मक अन्तर मामूली-सा है, परन्तु σ के आकलन के तौर पर s का प्रयोग नही करना चाहिये।

क्योकि इस अध्याय मे वर्णित विधियाँ लघु प्रतिदर्शों पर एकदम उतनी ही लागू होती हैं जितनी कि दीर्घ प्रतिदर्शों पर, अत प्रश्न उत्पन्न हो सकता है दीर्घ प्रतिदर्शों का

20 दोनो रूप पूणरूपेण समान हैं, परन्तु r वाले व्यजक मे कही अधिक परिकलन की आवश्यकता होती है। अगूरफल आँकडो के लिए, $r=+0.577$, $\hat{\sigma}_{\bar{X}_1-\bar{X}_2}=0.061$ का प्रयोग करके, जो $\hat{\sigma}_{XD}$ के मूल्य से सहमत है।

प्रयोग करने का कष्ट क्यो करें ? उत्तर यह है कि जब दीर्घ प्रतिदर्शों का प्रयोग किया जाता तो एक निर्दिष्ट सम्भाव्यता स्तर पर सार्थकता प्राप्त करने के लिए लघुतर प्रेक्षित अन्तर $\bar{X}-\bar{X}_{\beta}$ या $\bar{X}_1-\bar{X}_2$ आवश्यक होता है। यह सत्य है, (1) क्योंकि प्रतिदर्श आकार मे वृद्धि के साथ-साथ $\hat{\sigma}_{\bar{X}}$ (अथवा $\hat{\sigma}_{\bar{X}}$) तथा $\hat{\sigma}_{\bar{X}_1-\bar{X}_2}$ मे कम होने की प्रवृत्ति होती है, जबकि $\bar{X}-\bar{X}_{\beta}$ और $\bar{X}_1-\bar{X}_2$ की कम होने की अनुरूप प्रवृत्ति नही होती, क्योंकि उनमे या तो वृद्धि हो सकती है या कमी, और, (2) क्योंकि निर्दिष्ट सम्भाव्यता स्तर के लिये आवश्यक t मूल्य मे तब कमी आती है जब n मे वृद्धि होती है। कई बार लघु प्रतिदर्शों का प्रयोग करने के परिणामस्वरूप कोई व्यक्ति इस परिणाम पर पहुँच सकता है कि प्रेक्षित अन्तर सार्थक नही है, जब, यदि दीर्घ प्रतिदर्शों का प्रयोग किया गया होता तो अन्तर (जो कि सम्भवत स्वय बदल जाता) सार्थक हुआ होता।

इस अध्याय मे वर्णित परीक्षणों मे यह निश्चय करने का काम किया गया है कि सांख्यिकीय अन्तर उपस्थित थे या नही। इस पर ध्यान देना उपयोगी है कि सांख्यिकीय अन्तरो के विपरीत, जातीय अन्तर विद्यमान हो सकते है, और जब जातीय अन्तर विद्यमान है तब सांख्यिकीय अन्तर उपस्थित हो भी सकता है और नही भी। जातीय अन्तर प्रकारगत वास्तविक अन्तर होता है और उदाहरणार्थ, पुरुषो और स्त्रियो, विभिन्न प्रकार की लकडी के रेलपथ जोडो या विभिन्न प्रक्रियाओ द्वारा सुरक्षित या तांबा अथवा जस्ती स्टील की छतो की कीलो का हवाला दे सकता है। इस अध्याय मे पहले निर्दिष्ट, सरचना स्टील के उत्पादन बिन्दुओ के परीक्षण उस अवस्था के उदाहरण हैं जहाँ कि जातीय अन्तर तथा सांख्यिकीय अन्तर दोनो विद्यमान थे; स्रोत 1 से प्राप्त इस्पात, स्रोत 2 से प्राप्त इस्पात की अपेक्षा हल्का-भार पदार्थ था। यदि खरगोशो के समूह तथा गिनी सुअरो के समूह के प्रतिक्रिया समयो के परीक्षण किये जाते तो यह बिल्कुल सम्भव है कि प्रतिक्रिया समयो म सांख्यिकीय रूप स सार्थक अन्तर विद्यमान न होता, चाहे दोनो समूह जातीय तौर से भिन्न है।

25

सांख्यिकीय सार्थकता II : अनुपात तथा काईवर्ग परीक्षण

इस अध्याय मे हम यादृच्छिक प्रतिदर्शो द्वारा प्राप्त अनुपातो से सम्बन्ध रखने वाले सार्थकता परीक्षणो पर विचार करेंगे हम काईवर्ग (chi square) परीक्षण के कुछ विशेष पहलुओ की ओर भी ध्यान देंगे । *एक ही अध्याय मे इन दोनो विषयो को मिलान* का कारण यह है कि X^2 परीक्षण तथा अनुपातो से सम्बन्ध रखने वाले सन्निकट परीक्षण सर्वसम परिणामो पर पहुँचने की वैकल्पिक विधियाँ है । यह बात इस अध्याय के दूसरे भाग मे स्पष्ट होगी ।

भाग 1 अनुपात

यादृच्छिक प्रतिदर्शो से प्राप्त अनुपातो से सम्बन्ध रखने वाले विचार-विमर्श के निम्न विषय होगे पहला, प्रतिदर्श अनुपात (p) तथा समष्टि म अनुपात (–) के बीच अन्तर की सार्थकता जबकि समष्टि मे अनुपात ज्ञात है , दूसरे, π की विश्वास्यता सीमाएँ जबकि केवल p तथा N ज्ञात है, तथा अन्तिम, दो यादृच्छिक प्रतिदर्शो (p_1 तथा p_2) के अनुपाता के बीच अन्तर की सार्थकता ।

p तथा π मे अन्तर की सार्थकता

यथातथ परीक्षण, $\pi=0\ 50$—सगमरमर के एक बडे सव्यूहन (assortment) मे आधे काले है तथा आधे सफेद। सगमरमर रग के सिवाय किसी भी अन्य बात मे एक दूसरे से भिन्न नही है । काले सगमरमर को "घटना" (occurrence) तथा सफेद सगमरमर को "अ-घटना' (non-occurrence) (अर्थात् काले की अ-घटना) मान कर और समष्टि मे अ-घटनाओ के अनुपात[1] को सूचित करने के लिए τ का तथा घटनाओ के अनुपात को सूचित करने के लिए π का प्रयोग करके, हम प्राप्त करते है $\pi=0\ 50$ तथा $\tau=0\ 50$. कल्पना कीजिये कि 10 सगमरमरो का एक प्रतिदर्श प्रस्तुत किया गया है, जिसमे 9 काले सगमरमर है । तब हमारे पास घटनाओ की सख्या, $a=9$, अ-घटनाओ की

---

1 जब किसी समष्टि में घटनाओं की सख्या (α) तथा अ घटनाओ की मख्या (β) ज्ञात हैं तो

$$\pi=\frac{\alpha}{\alpha+\beta} \text{ तथा } \tau=\frac{\beta}{\alpha+\beta}$$

इनसे यह स्पष्ट है कि $\pi+\tau=1\ 0$ तथा $\tau=1-\pi$.

संख्या, $b=1$; घटनाओं का अनुपात, $p=0.90$, अ-घटनाओं का अनुपात, $q=0.10$ है।
ध्यान दीजिए कि

$$p=\frac{a}{a+b}=\frac{a}{N}, \quad q=\frac{b}{a+b}=\frac{b}{N},$$

$$p+q=1.0$$

$P=0.05$ को कसौटी के रूप में प्रयोग करके हमें इस प्रमेय की परीक्षा करनी चाहिये कि प्रतिदर्श उस समष्टि से यादृच्छिक है जिसका $\pi=0.50$ व्यंजक

$$(\tau B+\pi A)^{10}$$

में A तथा B, जिनका कोई आँकिक मान नहीं है, क्रमशः घटना तथा अ-घटना को सूचित करने के काम में लाये गये है। इस व्यंजक के अनुसार $N=10$ के प्रतिदर्शों में a बराबर हो सकता है 0, 1, 2,........., 10 के तथा $\tau=0, 0.1, 0.2, \ldots, 1.0$ के। क्योंकि $\pi=0.50$ तथा $\tau=0.50$,

$$\begin{aligned}(\tau B+\pi A)^{10} &= (0.50B+0.50A)^{10},\\ &= (0.50B)^{10}+10(0.50B)^9(0.50A)\\ &\quad+45(0.50B)^8(0.50A)^2+120(0.50B)^7(0.50A)^3\\ &\quad+210(0.50B)^6(0.50A)^4+252(0.50B)^5(0.50A)^5\\ &\quad+210(0.50B)^4(0.50A)^6+120(0.50B)^3(0.50A)^7\\ &\quad+45(0.50B)^2(0.50A)^8+10(0.50B)(0.50A)^9\\ &\quad+(0.50A)^{10}\end{aligned}$$

निर्दिष्ट परिकलनों को पूरा करने तथा परिणामों को स्तम्भाकार रूप में रखने से हमें निम्न प्राप्त होते हैं

काले गोलों की घटनाओं की संख्या	काले गोलों की घटनाओं का अनुपात	प्राथमिक
a	p	
0	0	0 0010
1	0 1	0 0098
2	0 2	0 0439
3	0 3	0 1172
4	0 4	0 2051
5	0 5	0 2461
6	0 6	0 2051
7	0 7	0 1172
8	0 8	0 0439
9	0 9	0 0098
10	1 0	0 0010
		1 0000

पूर्ववर्ती वर्णन से यह प्रतीत होता है कि 9 या 10 काले सगमरमर वाले) यादृच्छिक प्रतिदर्शों को प्राप्त करने की प्रायिकता 0 0098 + 0 0010=0 0108 है। यह चार्ट 25 1 मे बिल्कुल दायी ओर दो दण्डिकाओ द्वारा प्रकट किया गया है। क्योकि हमारे पास यह विश्वास करने का कोई कारण नहीं है कि प्रतिदर्शों म हमेशा, समष्टि के अनुपात की अपेक्षा, काले सगमरमरो का बडा अनुपात होगा, इसलिए हम ऐसे ही एक या शून्य काले गोलो की प्रायिकता पर विचार करते हैं जो भी 0 0108 है और जो चार्ट 2 1 म बिल्कुल बायी ओर दो दण्डिकाओ द्वारा प्रकट की गई है। इसलिए 9 या अधिक तथा

चार्ट 25 1 10 के प्रतिदर्शों मे a तथा p के मानो की घटनाओ की प्रायिकता जब π=0 50 । $(0\ 50\ \ B+0\ 50A)^{10}=0\ 0010B^{10}+0\ 0098B^{9}A+0.0439B^{8}A^{2}+0\ 1172B^{7}A^{3}+0\ 2051B^{6}A^{4}+0\ 2461B^{5}A^{5}+0\ 2051B^{4}A^{6}+0\ 1172B^{3}A^{7}+0\ 0439B^{2}A^{8}+0\ 0098BA^{9}+0\ 0010A^{10}$ के प्रसार से प्राप्त।

1 या कम काले सगमरमरो की प्रायिकता 0 0216 है। हम 0 05 की कसौटी को प्रयोग मे लाकर इस प्रमेय को अस्वीकृत करते हैं कि प्रतिदर्श उस समष्टि से यादृच्छिक था, जिसका π=0 50 है। स्मरण रखिए कि इस कसौटी के आधारपर, हमारे पाँच प्रतिशत निष्कर्षों मे प्रथम प्रकार की त्रुटियाँ होगी।

यदि हम 0 01 को अपनी कसौटी के रूप मे काम मे ला रहे होते, तो हमे अपनी परिकल्पना को अस्वीकृत न करना पडता। यदि हम 0 01 को अपनी कसौटी के रूप मे काम मे ला रहे होते और हमारा सम्बन्ध उन प्रतिदर्शों से होता जिनमे 10 (या शून्य) काले गोले होते, तो प्रायिकता 0 0020 होती और हम परिकल्पना को अस्वीकृत कर देते।

सन्निकट परीक्षण, π=0 50—इस बात की ओर पहले ही निर्देश किया जा चुका है (देखिए पृष्ठ 523-527) कि द्विपद की सीमा प्रसामान्य वक्र है जैसे ही द्विपद की घात अनन्तता तक पहुँचती है। व्यावहारिक प्रयोजन के लिए, प्रसामान्य वक्र को द्विपद।

$$(0\ 50B+0\ 50A)^{N},$$

का प्राय पर्याप्त अच्छा विवरण समझा जाता है, जब $N \geq 20$। चार्ट 25 2 मे एक प्रसामान्य वक्र दिखाया है जो $(0\ 50B+0\ 50A)^{20}$ के साथ ग्रासजित है। जैसा हम बाद मे देखेगे, प्रसामान्य वक्र द्वारा द्विपद का प्रत्यक्ष रूप मे अच्छा वर्णन इस बात की गारटी नही है कि प्रसामान्य वक्र के प्रयोग मे जो प्रक्रिया अन्तर्निहित है, उसका वही परिणाम निकलेगा जो द्विपद का।

चार्ट 25 2. के साथ $(0\ 50B+0\ 50A)^{20}$ ग्रासजित प्रसामान्य वक्र।

यदि द्विपद के लिए प्रसामान्य वक्र प्रतिस्थापित किया जा सकता है तो हम प्रतिदर्श प्रतिशतता σ_p के मानक विचलन का परिकलन कर सकते है,

$$\frac{x}{\sigma} = \frac{p-\pi}{\sigma_p}$$

का मान निश्चित कर सकते हैं तथा अध्याय 24 के समान $\bar{X}-\bar{X}_\beta$ का परीक्षण प्रारम्भ कर सकते है जब σ ज्ञात हो। यदि हमारे पास बडी सख्या मे प्रतिदर्श अनुपात $(p_1, p_2, p_3, \ldots p_k)$ होते, जो सभी एक ही समष्टि से यादृच्छिक प्रतिदर्शों से होते, तो हम

$$\sqrt{\frac{(p_1-\pi)^2+(p_2-\pi)^2+ \quad +(p_k-\pi)^2}{k}}$$

से उन अनुपातों के मानक विचलन का परिकलन कर सकते थे। इस प्रकार के p मानों का बड़ी संख्या में होना बहुत असाधारण है किन्तु यह दर्शाया[2] जा सकता है कि जब π ज्ञात हो, तो यादृच्छिक प्रतिदर्शों से p की मानक त्रुटि

$$\sigma_p = \sqrt{\frac{\pi\tau}{N}}$$

है। इसके वैकल्पिक रूप निम्न है, जो कभी कभी उपयोगी होते हैं

$$\sigma_p = \sqrt{\frac{\pi(1-\pi)}{N}} = \sqrt{\frac{\pi-\pi^2}{N}}$$

आइए हम देखें कि सन्निकट परीक्षण हमें उसी परिणाम पर पहुँचाता है या नहीं जिस पर हम सगपरमरों के यथातथ परीक्षण ने पहुँचाया था, जिसमें $\pi = 0.50$, $a = 9$, $p = 0.90$ तथा $N = 10$ था। पहले हम

$$\sigma_p = \sqrt{\frac{(0.50)(0.50)}{10}} = 0.158$$

का परिकलन करते हैं और तब

$$\frac{x}{\sigma} = \frac{p-\pi}{\sigma p} = \frac{0.90-0.50}{0.158} = \frac{0.40}{0.158} = 2.53$$

परिशिष्ट ज से, जो प्रसामान्य वक्र के दो सिरों में क्षेत्रों को दर्शाता है, हमें पता चलता है कि $P = 0.0114$ यद्यपि P का यह मान, द्विपद के प्रयोग द्वारा प्राप्त 0.0216 के मान की अपेक्षा कम है तो भी हमारा परिणाम वही है यदि हमारी कसौटी 0.05 है, तो परिकल्पना अस्वीकृत हो जाती है। *तो भी यह ध्यान दें कि यदि 0.02 को कसौटी के रूप में काम में लाया जाता तो यथातथ विधि हमें परिकल्पना को स्वीकृत करने के लिए कहती, जबकि सन्निकट प्रविधि यह बतलाती है कि परिकल्पना को अस्वीकृत करना चाहिए।*

$$\frac{x}{\sigma} = \frac{a-\pi N}{\sigma_a}$$

को प्रयोग में लाकर a तथा πN में (प्रतिदर्श में घटनाओं की संख्या यदि प्रतिदर्श में घटनाओं का वही अनुपात था जो समष्टि में था) अन्तर की सार्थकता के परीक्षण में सन्निकट परीक्षण का एक उपयोगी वैकल्पिक रूप सम्मिलित है जहाँ[3] $\sigma_a = \sqrt{N\pi\tau}$। हमारी समस्या के लिए

$$\sigma_a = \sqrt{10(0.50)(0.50)} = 1.58,$$

तथा

$$\frac{x}{\sigma} = \frac{a-\pi N}{\sigma_a} = \frac{9-(0.50)10}{1.58} = 2.53$$

2 परिशिष्ट घ, परिच्छेद 25.1 देखिये।

3 σ_a के लिए व्यंजक के विकास के निमित्त, परिशिष्ट घ, परिच्छेद 25.1 देखिए।

यह, नि संदेह, वही $\frac{x}{\sigma}$ मान है जो हमें उस समय प्राप्त हुआ था, जब P तथा π की तुलना की गई थी। परिणाम भी वही है। परिकल्पना अस्वीकार की जाती है।

यद्यपि प्रसामान्य वक्र द्वारा बतायी गई प्रायिकता अशुद्ध थी, तो भी सन्निकट परीक्षण से हम उसी परिणाम पर पहुँच गये, जिस पर यथातथ परीक्षण से पहुँचे थे—इस तथ्य से एक मनोरंजक प्रश्न उपस्थित होता है जब π=0 50, तो किन शर्तों के अन्तर्गत द्विपद के लिए प्रसामान्य वक्र का प्रतिस्थापन किया जाए और परिकल्पना के बारे में उसी परिणाम पर पहुँचा जाए ? उत्तर निम्न बातों पर निर्भर करता है (1) प्रतिदर्श का परिमाण, तथा (2) उस सार्थकता की कसौटी जो काम में लायी जा रही है। क्योंकि प्रसामान्य वक्र के प्रयोग से प्राप्त प्रायिकता हमेशा बहुत कम[4] होती है, जब π=0 50, तो $p-\pi$ (या $a-\pi N$) परीक्षण का प्रयोग हम उस परिकल्पना को स्वीकृत नहीं करने देगा जिसे द्विपद ने हम अस्वीकृत करने के लिए कहा है। कभी-कभी $p-\pi$, या $a-\pi N$, परीक्षण उस परिकल्पना का अस्वीकृत करने का निर्देश करेगा, जिसे द्विपद का प्रयोग स्वीकार्य सिद्ध करेगा। उस स्थिति के बारे में विचार करें जब π=0 50, N=60, a=38 (p=0 64) और कसौटी P=0 05। द्विपद को काम में लाने से यह पता चलता है कि $a \leqq 22$ या $a \geqq 38$ को प्राप्त करने की प्रायिकता[5] 0 052 है और यह परिकल्पना (कि प्रतिदर्श उस समष्टि से यादृच्छिक है जिसका π=0 50) स्वीकृत है। प्रसामान्य वक्र को काम में लाने पर, प्रायिकता[6] 0 039 मिलती है, और उससे यह प्रदर्शित होता है कि परिकल्पना को अस्वीकार किया जाना चाहिए।[7]

येट्स का शोधन—येट्स का उद्देश्य प्रसामान्य वक्र के प्रयोग से प्राप्त प्रायिकता को बढ़ाने के लिए प्रसामान्य वक्र पर इस शोधन को लागू करना था ताकि यह प्रायिकता द्विपद के प्रयोग से प्राप्त प्रायिकता के अधिक से अधिक अनुरूप हो। यदि येट्स के शोधन को अभी अभी बतलाये गये निदर्शी आँकड़ों पर लागू किया जाए तो प्रायिकता 0 039 से बढ़ कर 0 053 हो जाती है और परिणाम वही रहता है

---

4 मूल पाठ में दिये गए विभिन्न निदर्शों में यह स्थिति दिखाई पड़ेगी। पाद-टिप्पणी 7 में उल्लिखित संदर्भ में इसकी एक व्याख्या दी गई है।

5 प्रायिकता एच० जी० रोमिग, *50—100 बायनोमियल टेबल्स*, जान विली एण्ड सन्ज न्यूयार्क, 1953, की एक सारणी से प्राप्त की जा सकती है।

6 परिकलन है

$$\frac{x}{\sigma} = \frac{a-\pi N}{\sigma_a} = \frac{38-30}{\sqrt{60(0\ 50)(0\ 50)}} = 2\ 066$$

परिशिष्ट ज के संकेत द्वारा, P का मान 0 039 दिखाई दिया है।

7. इस मूल पाठ में येट्स के शोधन की व्यवस्था नहीं की गई है, क्योंकि (उन कारणों से जो पीछे स्पष्ट होंगे) इसके प्रयोग का समर्थन नहीं किया गया है। येट्स के शोधन की एक व्याख्या एफ० ई० क्राक्स्टन, *ऐलिमेन्टरी स्टैटिस्टिक्स विद एप्लिकेशन्स इन मेडिसिन एण्ड दि बायलाजिकल साइन्सिस*, डावर प्रकाशन, इन्का०, न्यूयार्क, 1959, पृष्ठ 255—257, पर दी गई है।

जैसे कि मानो द्विपद का प्रयोग किया गया हो। तो भी यह ध्यान में रखिए कि येट्स के शोधन के प्रयोग ने *अतिशोधन* कर डाला है, अर्थात् प्रायिकता द्विपद से प्राप्त प्रायिकता की अपेक्षा अधिक बडी है। यह महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि येट्स के शोधन के साथ प्रसामान्य वक्र के प्रयोग का कभी-कभी यह परिणाम होगा कि उस परिकल्पना को स्वीकार कर लिया जायेगा जिसके बारे में द्विपद (तथा अशोधित सामान्य वक्र का प्रयोग !) यह दर्शायेगा कि उसे अस्वीकृत किया जाना चाहिए। उदाहरणार्थ $\pi=0\ 50$, $N=25$ $a=4(p=0\ 16)$ तथा कसौटी $P=0\ 001$ है। द्विपद का प्रयोग करने पर, $a\leq4$ या $a\geqq21$ को प्राप्त करने की प्रायिकता 0 00091 पायी गई है। प्रसामान्य सन्निकटन से P का एक मान 0 0007 प्राप्त हुआ है। येट्स के शोधन का प्रयोग करने से P का यह मान बढ कर 0 00137 हो जाता है। इस अवस्था में अशोधित प्रसामान्य सन्निकटन उस द्विपद के अनुरूप है, जिसमें यह संकेत होता है कि परिकल्पना को अस्वीकृत कर देना चाहिए। येट्स के शोधन का प्रयोग प्रायिकता को इस सीमा तक बढा देता है कि परिकल्पना स्वीकार हो जाएगी।

यथातथ परीक्षण के लिए सारणी. **जब $\pi=0\ 50$**—अभी-अभी किए गए व्यापक परिकलनों तथा 0 05, 0 02, 0 01, तथा 0 001 स्तरों के संकेत से यह पता चलता है कि जबकि प्रसामान्य वक्र के प्रयोग से साधारणतया वही परिणाम निकलता है जो मानो, द्विपद के प्रयोग से निकला हो तो भी हमेशा ही हर तरह से यह अवस्था नहीं होती। इसके अतिरिक्त, येट्स के शोधन के प्रयोग से कभी-कभी इतना अधिक अतिशोधन हो जाता है कि परिकल्पना को स्वीकार करने का परिणाम द्विपद पर आधारित परिणाम से भिन्न होगा।

एक संभव हल सम्भवत पाठक को सूझा हो। वह है, $a-\pi N$ परीक्षण येट्स के शोधन के साथ तथा उसके बिना किया जाए। जब दोनों प्रविधियों से एक ही परिणाम निकले, तो वह परिणाम वही होगा जो मानो द्विपद के प्रयोग से निकला हो। जैसा कि हम पहले ही जानते हैं, यह इसलिए सत्य है क्योंकि शोधन किए बिना $a-\pi N$ परीक्षण से जो P मान प्राप्त होता है वह द्विपद द्वारा प्राप्त मान की अपेक्षा छोटा होता है, जब कि येट्स के शोधन द्वारा $a-\pi N$ परीक्षण से जो P मान प्राप्त होता है वह द्विपद द्वारा प्राप्त मान की अपेक्षा बडा होता है। *इस हल में यह कठिनाई है कि प्राय परस्पर विरोधी परिणाम निकलते हैं।*[8] दोनों प्रविधियों के जब कभी भिन्न परिणाम निकलते हैं, उस समय द्विपद का आश्रय लेना पडता है।

विचाराधीन प्रकार की समस्या के लिए, येट्स के शोधन में $\frac{|a-\pi N|-\frac{1}{2}}{\sigma_a}$ का परिकलन आता है, जहाँ || का अभिप्राय है, "निरपेक्ष मान को लीजिए," जो परिशिष्ट ज में दिए। उपरिलिखित निदश के लिए

$$\frac{|a-\pi N|-\frac{1}{2}}{\sigma_a}=\frac{|38-30|-\frac{1}{2}}{\sqrt{60(0\ 50\ (0\ 50)}}=1\ 936$$

परिशिष्ट ज से, $P=0\ 053$

8 एक और उदाहरण जब $P=0\ 05$ को कसौटी के रूप में काम में लाया जाता है और $\pi=0\ 50$, $N=100$, तथा $a=40$,

सबसे अच्छा समाधान जहां भी सम्भव हो द्विपद को काम मे लाना है। पहले बतायी हुई प्रविधियों का अनुसरण करने पर द्विपदों का लगभग $N=20$ या 30 तक प्रसार करना कठिन नहीं है किन्तु उससे पर प्रसार बहुत विस्तृत हो जाता है। आजकल ऐसी पुस्तकें उपलब्ध हैं जिनमें कोई भी व्यक्ति (1) N 2 से $N=49$ तक के लिए एक एक के अन्तर से तथा (2) N 50 से $N=100$ तक के लिए पाँच पाँच के अन्तर से द्विपदों[9] की मदों के मानों को पढ सकता है। 0 50 को छोडकर τ के अन्य मान दिये हुए हैं, किन्तु इस समय अपने विचार विमर्श में हम केवल τ 0 50 में रुचि रखते हैं। इन सारणियों के आधार पर सारणी 25 1 बनायी गई है जो प्रायिकता के विभिन्न बिन्दुओं पर तथा N के कुछ चयित मानों के लिए a का मान दर्शाती है। जब इस प्रकार की सारणी उपलब्ध है तो किसी भी व्यक्ति का द्विपद के प्रसार के परिश्रम से बचने के लिए येटस के शोधन से शोधित या अशोधित किसी भी प्रकार के प्रसामान्य वक्र के प्रयोग की आवश्यकता नहीं। न ही द्विपद के प्रसार की आवश्यकता है क्योंकि सारणी 25 1 से इस प्रकार के प्रसारों के परिणाम प्राप्त हो जाते है।

उन प्रतिदर्शों के लिए, जिनमें $N>100$ प्रसामान्य सन्निकटन को तब तक काम में लाना पड़ेगा जब तक कि कोई ऐसा संगठन जिसमें परिकलन की व्यापक सुविधाएँ प्राप्त हैं। द्विपदो की प्रसारित सारणियों के प्राप्त कराने का प्रबन्ध नहीं करता

यथातथ परीक्षण τ *0 50*—सिगरेट की एक कम्पनी ने एक जाँच के परिणामों को छापा। इस जांच में नाक तथा गले की चिकित्सा में विशेषज्ञ आठ चिकित्सकों द्वारा उस कम्पनी के तथा उस कम्पनी के दूसरे तीन प्रतियोगियो के उत्पादनों पर निर्णय दिया गया था। आठ डाक्टरों में से चार ने कम्पनी की सिगरेट को अच्छा बताया जिसे हम छाप संख्या 1 कहेंगे दो ने सं० 2 को अधिक अच्छा बतलाया सं० 3 को किसी ने अच्छा नही बतलाया दो ने सं० 4 को अधिक अच्छा बतलाया। चारों छापों के बीच यदि कोई भेद न होता तो प्रत्येक के चयन का समान अवसर होता जिससे कि छाप संख्या 1 के अधिक अच्छा बताए जाने की प्रायिकता 0 25 होती। τ 0 25 अब हम

$$(0\ 75B+0\ 25A)^8$$

---

9 ये हैं (1) नेशनल ब्यूरो आफ स्टैंडर्ड्स *टेबल्स आफ दि बायनोमियल प्रॉबेबिलिटी डिस्ट्रिब्यूशन* वाशिंग्टन 1949 तथा (2) एच० जी० रोमिग *50—100 बायनोमियल टेबल्स* जान विली एंड सन्ज न्यूयार्क 1953। इन सदर्भों में प्रयुक्त संकेत इस मूल पाठ में प्रयुक्त संकेतों से भिन्न हैं। तुल्यांक निम्न हैं

यह पाठ	सदर्भ (1)	सन्दर्भ (2)
a	r	x
N	n	n
τ	p	p

पाठक को यह याद रखने की प्रेरणा दी जाती है कि जब वह 1 में से सचयी प्रायिकता घटा कर प्रायिकताओं के उन सचयनों को उलट रहा हो जो इन सदर्भों में दिए हुए हैं तो उसे (1) सारणीगत a मान में से एक *कम करना* चाहिए जब मूल सचयन या अधिक प्रकार का हो जैसा कि ब्यूरो आफ स्टैंडर्ड्स वाल्यूम में है और (2) सारणीगत a मान में एक *बढ़ाना* चाहिए जब मूल सचयन या कम प्रकार का हो जैसा कि रोमिग की पुस्तक में है।

व्यजक के उन पदो का मान निकालना चाहते हैं जिनमे A^4, A^5 A^6 A^7, तथा A^8 सम्मिलित है। पहले की तरह, A एक घटना को सूचित करता है, इस उदाहरण मे यह घटना है छाप सख्या 1 का अधिक अच्छा माना जाना, और B सूचित करता है एक अ-घटना को।

सारणी 25 2 द्विपद के नौ पदो मे से प्रत्येक की प्रायिकता दशाती है। अन्तिम पाँच पदो की प्रायिकताओ का योग 0 1138 है, जो छाप सख्या 1 के लिए चार या अधिक प्रशसात्मक कथनो को प्राप्त करने की प्रायिकता है, यदि चारो छाप वास्तव मे समान है। यह स्पष्ट है कि छाप सख्या 1 को सार्थक रूप मे डाक्टरो के एक-चौथाई मतो से अधिक नही मिल। यदि प्रतिदश का परिमाण बडा होता, तो छाप स० 1 के पक्ष म महत्वपूर्ण भेद हुआ होता। ऐसा होने पर भी इस बात म विश्वास करने का कोई कारण नही है कि यदि N बडा होता तो p फिर भी 0 50 ही होता।

सारणी 25 2

$(0\ 75B+0\ 25A)^8$ व्यजक के प्रत्येक पद की प्रायिकता

a घटनाओ का सख्या (छाप # 1 अधिमान्यता देने वाली सख्या)	p घटनाओ का अनुपात (छाप # 1 को अधिमान्यता देन वाला अनुपात)	व्यजक	प्रायिकता
0	0	$(0\ 75B)^8$	0 1001
1	0 125	$8(0\ 75B)^7(0\ 25A)$	0 2670
2	0 250	$28(0\ 75B)^6(0\ 25A)^2$	0 3115
3	0 375	$56(0\ 75B)^5(0\ 25A)^3$	0 2076
4	0 500	$70(0\ 75B)^4(0\ 25A)^4$	0 0865
5	0 625	$56(0\ 75B)^3(0\ 25A)^5$	0 0231
6	0 750	$28(0\ 75B)^2(0\ 25A)^6$	0 0038
7	0 875	$8(0\ 75B)(0\ 25A)^7$	0 0004
8	1 000	$(0\ 25A)^8$	0 0000
योग			1 0000

इस बात को ध्यान म रखें कि पूर्ववर्ती विचार विमर्श म हमने द्विपद के केवल उन अन्तिम पाच पदो पर विचार किया जिनके लिए पद थे $P-\pi \geqq 0\ 25$ हमने उस पहले पद को उपेक्षा की जो केवल अकेला है जिसके लिए $P-\pi \geqq -0\ 25$ है। ऐसी एक-पक्षीय परीक्षा का कारण यह है कि इस बात को जानने मे हमारी दिलचस्पी थी कि क्या छाप स० 1 के सम्बन्ध मे दी गई अधिमान्यताएँ सार्थक रूप मे $\pi=0\ 25$ से अधिक हैं।

सन्निकट परीक्षण $\pi \neq 0\ 50$—जब अरबी घोडा की एक घुडसाल मे लेखक को बताया गया "सारी की सारी 30 घोडियो के इस ऋतु म बछेडे हुए। यह बात असाधारण है, क्योंकि एक ऋतु म साधारणतया केवल 70 से 80 प्रतिशत तक घोडियो के बछेडे होते हैं।" अब क्योंकि $N=30$, $a=30$, $P=1\ 0$ और यदि π को 0 75 मान लिया

जाए, तो हम यह कह सकते हैं कि यह घटना कितनी असाधारण थी। हमें केवल उस पद का मान मालूम करना है जो पद व्यंजक

$$(0.25B+0.75A)^{30}$$

मे A^{30} को सम्मिलित किए हुए है। इस व्यंजक मे, पहले की तरह, A एक घटना (बछेड़े का जन्म) है और B अ-घटना। इस पद की प्रायिकता 0.00018 है, या 10 000 मे लगभग 2, और वास्तव मे अति आश्चर्यजनक घटना है। घुड़साल के स्वामी ने इस आश्चर्यजनक उत्पादन शक्ति का कोई कारण नही बताया, किन्तु कोई भी व्यक्ति इस परिकल्पना को अस्वीकृत करने मे युक्तिसगत रहेगा कि 1.0 का प्रेक्षित p समष्टि से लिए यादृच्छिक प्रतिदर्श पर आधारित था जिसे उसके भूतकालीन अनुभव के आधार पर प्रस्तुत किया गया था। यह बात फिर ध्यान मे रखे कि हमने एक पक्षीय परीक्षण किया है, क्योंकि हम जानना चाहते थे कि क्या $p=1.0$ सार्थक रूप मे $\pi=0.75$ से *अधिक* है।

आओ हम देखें कि क्या प्रसामान्य वक्र को विषमित द्विपद के स्थान पर काम मे लाया जा सकता है। क्योंकि $N=30$, इसलिए प्रतिदर्श पर्याप्त बडा है। तथापि π 0.75 है न कि 0.50, जैसाकि पहले था जब प्रसामान्य वक्र काम मे लाया गया था। हम परिकलन करते हैं

$$\sigma_p=\sqrt{\frac{\pi\varkappa}{N}}=\sqrt{\frac{(0.75)(0.25)}{30}}=0.079$$

तथा

$$\frac{x}{\sigma}=\frac{p-\pi}{\sigma_p}=\frac{1.00-0.75}{0.079}=3.16$$

परिशिष्ट छ से पता चलता है कि $\frac{x}{\sigma}=3.16$ का मान, एक सिरे मे, प्रसा वक्र मे से 0.00097 से कम किन्तु 0.00069 से अधिक क्षेत्र को काटता है। इस सन्निकट प्रक्रिया से जो प्रायिकता प्राप्त होती है वह उस प्रायिकता से बहुत बडी है जो यथातथ प्रक्रिया से प्राप्त होती है, किन्तु p के बारे मे हमारा परिणाम वही है। यह बात हमे एक प्रश्न उठाने के लिये प्रेरित करती है जो वैसा ही है जैसा पहले उठाया गया था: जब $\pi\neq0.50$, तो किन अवस्थाओं मे प्रसामान्य वक्र द्विपद के स्थान पर काम मे लाया जा सकता है और परिकल्पना के बारे मे वही परिणाम प्राप्त किया जा सकता है? समस्या अब ज्यादा जटिल है, क्योंकि उत्तर निम्न बातो पर आश्रित है (1) π का मान, (2) प्रतिदर्श का परिमाण, और (3) सार्थकता की कसौटी जो काम मे लाई गई। हमारे उद्देश्यो के लिए यह ध्यान देना पर्याप्त होगा, प्रथम, कि किसी प्रदत्त N के लिए जब $\pi=0.50$ उस समय की अपेक्षा, जब $\pi\neq0.50$, प्रसामान्य वक्र द्विपद के कम सन्तोषजनक सन्निकट है। वास्तव मे जब $\pi\neq0.50$ है, तब प्रसामान्य वक्र के प्रयोग से कभी ऐसी प्रायिकता मिलेगी जो बहुत छोटी है और कभी ऐसी जो बहुत बडी। दूसरे, येट्स का शोधन कोई सहायता नही दे सकता, क्योंकि इसका उद्देश्य वे स्थितियाँ नही हैं जिनमे $\pi\neq0.50$।

यथातथ परीक्षण के लिए सारणियाँ जब $\pi \neq 0.50$—जिन स्थितियों मे $\pi \neq 0.50$, उनमे हमे सारणी 25 1 जैसी सारणियो की एक ऐसी श्रेणी की आवश्यकता है जिसमे से प्रत्येक π के भिन्न-भिन्न मान से सम्बन्ध रखती हो। एक प्रारम्भिक पाठ के लिए यह कार्य बहुत बडा है, और किसी भी स्थिति म, विषमित द्विपदी के पदों के मान पाद-टिप्पणी 9 मे उद्धृत दो सदर्भो से प्राप्त किए जा सकते हे। उदाहरण के लिए, सारणी 25 3 तैयार की गई है, जो विभिन्न परिमाणो के प्रतिदर्शो के प्रायिकता बिन्दुओ के विषय मे है, जब $\pi = 0.20$ या $\pi = 0.80$

π की विश्वास्यता सीमाएँ

कभी कभी p का मान ज्ञात होता है, किन्तु π ज्ञात नही होता, और उन सीमाओ को बतलाना महत्त्वपूर्ण होता है जिनम π क घटित होने की आशा की जा सकती है। जैसाकि हम X की विश्वास्यता सीमाओ पर विचार-विमर्श करते हुए देख चुके हैं, हम *पहले यह निर्णय करना चाहिए कि हम कौनसी विश्वास्यता सीमाओ को चाहते हैं। निश्चय ही हम प्रतिदर्श के उस परिमाण को भी अवश्य जानना चाहिए जिससे p का परिकलन किया गया था। हम पहले एक सन्निकट प्रणाली पर और फिर यथातथ प्रणाली पर विचार करेंगे।*

एक सन्निकट प्रणाली—लगभग 23 वर्ष के प्रयोग के बाद, शिकागो, मिलवौकी, सेंट पाल तथा पसिफिक रेलवे को पता चला कि "पूर्ण कोशिका" (full cell) प्रक्रिया से लगाए गए क्रियोसोट (creosote) द्वारा सुरक्षित लाल बलूत (oak) के 50 मे से 22 स्लीपर अभी भी अच्छी हालत म थे। इस प्रतिदर्श के लिए, $N=50$, $a=22$, तथा $p=0.44$ π की 95 प्रतिशत विश्वास्यता सीमाएँ क्या है? इन दो मानो को प्राप्त करने के लिए, हम निम्न व्यजक को काम म लाते हैं जो पहले भी काम मे लाया जा चुका है

$$\frac{x}{\sigma} = \frac{p-\pi}{\sigma_p},$$

परन्तु हम इसे इस प्रकार लिखते है

$$\frac{x}{\sigma} = \frac{p-\pi}{\sqrt{\frac{\pi-\pi^2}{N}}}.$$

हमे p तथा N मालूम है। परिशिष्ट ज या परिशिष्ट झ की अन्तिम पंक्ति से हम $\frac{x}{\sigma}$ का मान (1.96) मिलता है जो 95 प्रतिशत विश्वास्यता सीमाओ से संबद्ध है। अभी

दिये हुए समीकरण में तीन ज्ञात मान रखे गये हैं और इसे π के लिए हल किया गया है,[10] जो निम्नलिखित है

$$1.96 = \frac{0.44 - \pi}{\sqrt{\frac{\pi - \pi^2}{50}}},$$

$$3.8416 = \frac{0.1936 - 0.88\pi + \pi^2}{\frac{\pi - \pi^2}{50}},$$

$$\frac{3.8416\pi - 3.8416\pi^2}{50} = 0.1936 - 0.88\pi + \pi^2,$$

$$0.076832\pi - 0.076832\pi^2 = 0.1936 - 0.88\pi + \pi^2,$$

$$0.1936 - 0.956832\pi + 1.076832\pi^2 = 0,$$

$$\pi = \frac{0.671125}{2.153664} \text{ और } \frac{1.242539}{2.153664}, \text{ इसलिए}$$

$$\pi_1 = 0.312 \text{ और } \pi_2 = 0.577$$

जो कुछ हमने किया वह यह निर्धारण करना था (1) $\pi_1 = 0.312$, जिसकी स्थिति इस प्रकार है कि $p = 0.44$ प्रसामान्य वक्र के उच्च $2\frac{1}{2}$ प्रतिशत सिरे को $\sigma_p = \sqrt{\frac{\pi_1 \nu_1}{N}} \sqrt{\frac{(0.312)(0.688)}{50}} = 0.066$ के साथ π_1 के आसपास काटता है, तथा (2) $\pi_2 = 0.577$ जिसकी स्थिति इस प्रकार है कि $p = 0.44$ प्रसामान्य वक्र के निम्न $2\frac{1}{2}$ प्रतिशत सिरे को

$$\sigma_p = \sqrt{\frac{\pi_2 \nu_2}{N}} = \sqrt{\frac{(0.577)(0.423)}{50}} = 0.071 \text{ के साथ के आसपास } \pi^2$$

काटता है। जो कुछ किया गया है उसे चार्ट 25.3 दर्शाता है।

---

10. $0.1936 - 0.956832\pi + 1.076832\pi^2$ द्विघातीय समीकरण निम्न परिकलन द्वारा हल किया गया है

$$\pi = \frac{-(-0.956832) \pm \sqrt{(0.956832)^2 - 4(0.1936)(1.076832)}}{2(1.076832)}$$

यदि पहले समीकरण को इस प्रकार लिखा जाता

$$1.96 = \frac{a - \pi N}{\sqrt{N(\pi - \pi^2)}},$$

तो हमारे पास, प्रारम्भ में, दाईं ओर केवल पूर्णांक होगा।

जिस पद्धति का अभी वर्णन किया गया है उससे तभी सन्तोषजनक परिणाम प्राप्त होते हैं जब N बडा होता है तथा p का मान 0 50 से बहुत भिन्न नही होता। इसकी त्रुटि तब स्पष्ट होगी जब इसे हम निम्न उदाहरण म काम मे लायेंगे।

चार्ट 25 3 π की 95 प्रतिशत विश्वास्यता सीमाएँ, जब $p = 0\ 44$ तथा $N = 50$, *जिन्हें σ_p तथा प्रसामान्य वक्रों के प्रयोग से निर्धारित किया गया है* क्रॉस रेखित (cross hatched) क्षेत्र बाएँ वक्र का 2 5 प्रतिशत है, बिन्दु चित्रित (stippled) क्षेत्र दाएँ वक्र का 2 5 प्रतिशत है।

20 मेढको म से प्रत्येक को मानक शक्ति (standard strength) का डिजिटैलिस (digitalis) लगाया गया था। परिणामस्वरूप, उनम से 17 का द्रुत प्रकुंचन रुक गया (व मर गये)। दूसरे मेढकों को आधी शक्ति का डिजिटैलिस एव तथाकथित आधी-शक्ति वाला डिजिटैलिस लगाया गया था, किन्तु इस उदाहरण के सम्बन्ध मे उन परीक्षणों के परिणामो से हमारा कोई वास्ता नही। जिन मेढको को पूर्ण शक्ति का डिजिटैलिस दिया गया था उनको समूह के लिए, $N = 20$ तथा $p = 0\ 85$ π की 90 प्रतिशत विश्वास्यता सीमाएँ क्या हैं? पहले की तरह हल प्रारम्भ करने पर पहल हम परिशिष्ट भ की अन्तिम पक्ति से 1 645 का $\frac{x}{\sigma}$ मान प्राप्त होता है और उसके बाद हम लिखते हैं

$$1\ 645 = \frac{0\ 85 - \pi}{\sqrt{\frac{\pi - \pi^2}{20}}},$$

जिसे हल करने पर

$$\pi_1 = 0\ 678 \text{ तथा } \pi_2 = 0\ 938$$

प्राप्त होता है। ये परिणाम तब तक ठीक मालूम पडते हैं, जब तक हम चार्ट 25 4 को नही देखते, जो उस बात को दर्शाता है जिसे हम कर चुके हैं। अब यह तुरन्त ही स्पष्ट हो जाता है कि प्रसामान्य वक्रों का प्रयोग ठीक नही सिद्ध किया जा सकता, विशेष रूप से π को निर्धारित करने के लिए। दाइ ओर का प्रसामान्य वक्र यह दर्शाता है कि $p > 1\ 0$ के मान होगे, जो, निश्चय ही, असम्भव है।

चार्ट 25 4 — की 90 प्रतिशत विश्वास्यता सीमाओं का असन्तोषजनक सन्निकटन जब $p=0\ 85$ तथा $N\ \ 20$, जिसे σ_p तथा प्रसामान्य वक्रों के प्रयोग से निर्धारित किया गया है। क्रास रेखित क्षेत्र बाएँ वक्र का 5 प्रतिशत है बिन्दु-चिह्नित क्षेत्र दाएँ वक्र का 5 प्रतिशत है।

चार्ट 25 5 — की 90 प्रतिशत विश्वास्यता सीमाएँ जब $N=20$ तथा $a=17$ $(p=0\ 85)$ जिसका निर्धारण $(\pi B+\pi A)$ व्यंजक के प्रयोग से किया गया है। आँकड़े सारणी 25 4 तथा 25 5 से।

सारणी 25 4

व्यजक $(\pi B+\pi A)^{20}$ मे a के मानो की प्रायिकताएँ* तथा संचयी प्रायिकताएँ जब π=0 65, 0 66, 0 657, तथा 0 656

($a \geqq 17$ की प्रायिकता गहरे टाइप मे दर्शायी गई है)

(a)	π=0 65		π=0 66		π=0 657		π=0 656	
	प्रायिकता	सचयी प्रायिकता	प्रायिकता	सचयी प्रायिकता	प्रायि-कता	सचयी प्रायिकता	प्रायि-कता	सचयी प्रायि-कता
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
0	0 0000	1 0000	0 0000	1 0000				
1	0 0000	>0 9999	0 0000	>0 9999				
2	0 0000	>0 9999	0 0000	>0 9999				
3	0 0000	>0 9999	0 0000	>0 9999				
4	0 0000	>0 9999	0 0000	>0 9999				
5	0 0003	>0 9999	0 0002	>0 9999				
6	0 0012	0 9997	0 0009	0 9998	इस निर्णय के लिए a=0 से a=16 तक की प्रायिकताओ की ज़रूरत नही है।			
7	0 0045	0 9985	0 0034	0 9989				
8	0 0136	0 9940	0 0108	0 9955				
9	0 0336	0 9804	0 0280	0 9846				
10	0 0686	0 9468	0 0598	0 9566				
11	0 1158	0 8782	0 1056	0.8968				
12	0 1614	0 7624	0.1537	0.7913				
13	0 1844	0 6010	0 1836	0 6376				
14	0 1712	0.4166	0 1782	0 4540				
15	0 1272	0 2454	0 1384	0 2758				
16	0 0738	0 1182	0 0839	0 1374				
17	0 0323	**0 0444**	0 0383	**0 0535**	0 0364	**0 0506**	0.0358	**0 0497**
18	0 0100	0 0121	0 0124	0 0152	0 0116	0 0142	0 0114	0 0139
19	0 0020	0 0021	0 0025	0.0028	0 0023	0 0026	0 0023	0 0025
20	0 0002	0 0002	0 0002	0 0002	0 0002	0 0002	0 0002	0 0002

* असचयी प्रायिकताओ का परिकलन सारणी 23 8 मे दिखाये गये ढग से किया जा सकता है। जब π दो दशमलवो से अधिक नही होती, तो प्रायिकताएँ तथा सचयी प्रायिकताएँ नेशनल ब्यूरो आफ स्टैंडर्ड्स, *टेबल्स आफ दि बायनौमियल प्रोबेबिलिटी डिस्ट्रिब्यूशन*, वाशिंगटन, 1949 से प्राप्त की जा सकती हैं। असचयी अको का पूर्णांकन करने से पहले ही अ सचयी अको से ऊपर दिखाये हुए सचयी अक प्राप्त किये गये थे।

यथातथ विधि—पूर्ण शक्ति की डिजिटेलिस के आंकड़ो के लिए π की विश्वास्यता सीमाओं के यथातथ निर्धारण के लिए और अधिक परिश्रम साध्य प्रक्रिया की आवश्यकता होती है। π_1 के निर्धारण पर पहले विचार करके हम π के उस मान को अवश्य निश्चित करना चाहिए जिसको यदि

$$(-B = -A)^{20}$$

व्यंजक म रखा जाए तो पता चल कि $a = 17$ $(p = 0\ 85)$ द्विपद के उच्च 5 प्रतिशत सिरे को काटता है। इसके लिए क्रमिक सन्निकट की आवश्यकता है, और हम पहले $\pi = 0.65$ को परखगे। सारणी 25 4 से यह देखा जा सकता है कि, द्विपद $(0.35B + 0\ 65A)^{20}$ मे, $a \geq 17$ को प्राप्त करने की प्रायिकता 0 0444 है। क्योंकि यह प्रायिकता 0 05 से कम है, अत हमे π के कुछ बड़े मान की परख करनी चाहिए। उसी सारणी से यह मालूम पडता है कि, जब $\pi = 0\ 66$, तो $a \geq 17$ का प्राप्त करने की प्रायिकता 0 0535 है। यदि π_1 के लिए दो दशमलव पर्याप्त है, तो हम यह परिणाम निकालगे कि π की निम्न प्रतिशत विश्वास्यता सीमा 0 66 है, जैसा कि चार्ट 25 5 ऊपरी के भाग मे दिखाया गया है। यदि

सारणी 25 5

व्यंजक $(-B + \pi A)^{20}$ म a के मानो की प्रायिकताएँ* तथा सचयी प्रायिकताएँ, जब कि π = 0 94, 0 95 तथा 0 96

(a $\geq$ 17 की प्रायिकता गहरे टाइप मे दिखाई गई है)

a	$\pi = 0\ 94$		$\pi = 0\ 95$		$\pi = 0\ 96$	
	प्रायिकता	सचयी प्रायिकता	प्रायिकता	सचयी प्रायिकता	प्रायिकता	सचयी प्रायिकता
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
0	0 0000	0 0000	0 0000	0 0000	0 0000	0 0000
1	0 0000	0 0000	0 0000	0 0000	0 0000	0 0000
.	चार दशमलव तक सभी छोडी हुई प्रायिकताएँ शून्य हैं					
12	0 0000	0 0000	0 0000	0 0000	0 0000	0 0000
13	0 0001	0 0001	0 0000	0 0000	0 0000	0 0000
14	0 0008	0 0009	0 0003	0 0003	0 0001	0 0001
15	0 0048	0 0056	0 0022	0 0026	0 0009	0 0010
16	0 0233	0 0290	0 0133	0 0159	0 0065	0 0074
17	0 0860	**0 1150**	0 0596	**0 0755**	0 0365	**0.0439**
18	0 2246	0 3395	0 1887	0 2642	0 1458	0 1897
19	0 3703	0 7099	0 3774	0 6415	0 3683	0 5580
20	0 2901	1 0000	0 3585	1 0000	0 4420	1 0000

* सारणी 25.4 की पाद टिप्पणी देखिए।

π_1 के लिए तीन दशमलवों की आवश्यकता है, तो हम देखेंगे कि अगला मान जो हम π_1 के सम्बन्ध में परख सकते है 0 655 से अधिक होना चाहिए । 0 657 मान की परख की गई थी, जिसका परिणाम सारणी 25 4 के छठे तथा सातवें स्तम्भों म दिखाया गया है, $a \geqq 17$ के लिए प्रायिकता 0 0506 दर्शी गई है । इसके बाद, $\pi=0$ 656 की परख करने पर सारणी में यह पता चला है कि $a \geqq 17$ की प्रायिकता 0 0497 है। π_1 का मान 0 656 तथा 0 657 के बीच में स्थित है, किन्तु 0 657 की अपेक्षा 0 656 के अधिक निकट है ।

π_2 की उच्च 90 प्रतिशत विश्वास्यता सीमा को प्राप्त करने के लिए, हम π के मान का निर्धारण करना चाहिए । π के इस मान को यदि

$$(\pi B + \pi A)^{20},$$

में रखा जाए तो पता चलेगा कि $a=17$ $(p=0\ 85)$ द्विपद के निचले 5 प्रतिशत सिरे को काटता है । क्योंकि सन्निकट विधि से π, 0 938 था, अत हम पहले $\pi=0$ 94 की परख करेंगे । सारणी 25 5 से पता चलता है कि $a \leqq 17$ में द्विपद का 0 1150 सम्मिलित है, और उसके बाद हम $\pi=0$ 95 की परख करते हैं। π_2 के इस मान से $a \leqq 17$ की 0 0755 प्रायिकता निकलती है (देखिए सारणी 25 5), इसलिए अब हम $\pi=0$ 96 की परख प्रारम्भ करते है जिससे हम $a \leqq 17$ के लिए 0 0439 प्रायिकता मिलती है, जैसा कि सारणी 25 5 म दिखाया गया है । इस सबका यह परिणाम निकलता है कि $\pi_2=0$ 96 और यह

चार्ट 25 6 10 से 1,000 तक के विभिन्न आकारों के प्रतिदर्शों से प्राप्त p के मानो के लिए π की 95 प्रतिशत विश्वास्यता सीमाएँ । चार्ट 25.7 के शीर्षक के बाद की टिप्पणी देखिए ।

तथ्य चार्ट 25 5 के निम्न भाग मे दर्शाया गया है। 0 95 तथा 0 96 के बीच के π के मानों को भी परख कर देखा जा सकता है, परन्तु हम इसे यही समाप्त करते है। 90 प्रतिशत विश्वास्यता सीमाएँ [दो दशमलवों तक] π_1 0 66 तथा $\pi_2 = 0\ 96$ है।

π की विश्वास्यता सीमाओ को निर्धारित करन की यथातथ विधि के लिए प्रत्येक पृथक् निर्णय के लिए दो परख समुच्चयो की आवश्यकता होती है। यह बात ध्यान मे रखनी चाहिए कि π_1 तथा π_2 के मानो जिनकी पहल परख होनी चाहिए के उपयोगी आकलन के लिए, σ_p को काम मे लाने वाला सन्निकट समाधान साधारणतया यथातथ समाधान से पहले आना चाहिए। यदि द्विपद सारणियाँ, जैसी कि पाद टिप्पणी 9 मे उल्लिखित है उपलब्ध है तो सन्निकट हल को छोडा जा सकता है।

बहुत से द्विपदो के प्रसारण के कठिन परिश्रम से बचने के लिए, क्लोपर तथा पियरसन ने आरेख तैयार किये हैं जो π की निम्न तथा उच्च 0 95 तथा 0 99 विश्वास्यता सीमाओ को पढ सकने की सुविधा प्रदान करते हैं। ये चार्ट 25 6 तथा 25 7 मे दर्शाये गये है।

चार्ट 25 7 10 से 1,000 तक के विभिन्न आकारों के प्रतिदर्शों से प्राप्त p के मानों के लिए π की 99 प्रतिशत विश्वास्यता सीमाएँ।

अनुमति लेकर यह प्रतिलिपि सी० जे० क्लोपर तथा ई० एस० पियरसन 'दि यूज आफ कौन्फिडेंस आर फिडूशियल लिमिट्स *बायोमेट्रिका*, खण्ड 26, पृष्ठ 410 से उद्धृत है। पत्र व्यवहार द्वारा पियरसन ने यह सलाह दी है कि π के मान पूर्णतया शुद्ध नहीं हैं क्योंकि कुछ बिन्दुओं पर स्वर अन्तर्वेशन के द्वारा प्राप्त किये गए थे, प्रत्यक्ष परिकलन के द्वारा नहीं।

p_1 तथा p_2 मे अन्तर की सार्थकता

एक सन्निकट विधि—पूर्ण कोशिका (full cell) प्रक्रिया द्वारा लगाय गए क्रियोसोट द्वारा सुरक्षित लाल बलूत (oak) के 50 स्लीपरों के बारे म पहले हवाला दिया गया था। 23 वर्षों तक काम म लाय जाने के बाद, 22 अर्थात् 44 प्रतिशत स्लीपर अभी भी काम मे आ रहे थे। जब ये स्लीपर बिछाये गए थे, उसी समय "र्यूपिंग (Rueping)" प्रक्रिया द्वारा क्रियोसोट मसिक्त लाल बलूत के दूसरे 50 स्लीपर भी बिछाये गए थे। 23 वर्षो के गुजर जाने पर इन दूसरे स्लीपरो मे से 18 अर्थात् 36 प्रतिशत फिर भी काम मे आ रहे थे। अब हमारे पास दो प्रतिदर्श हैं पहले, जिस प्रतिदर्श मे "फुलसैल" प्रक्रिया काम मे लाई गई थी, उसम $N_1 = 50$, $a_1 = 22$, तथा $p_1 = 0.44$ था, दूसरे जिस प्रतिदर्श मे 'र्यूपिंग' प्रक्रिया काम मे लाई गई थी उसमे $N_2 = 50$, $a_2 = 18$, तथा $p_2 = 0.36$ था। हम जानना चाहते है कि क्या इन दो अनुपातो मे 0.05 स्तर पर महत्त्वपूर्ण भेद है।

प्रक्रिया तात्विक रूप से वही है जो दो प्रतिदर्श माध्यो के लिए काम मे लाई गई थी, हम भेद तथा भेद की मानक त्रुटि इन दोनो की परस्पर तुलना करेंगे। दो प्रतिशतताओ के बीच के भेद की मानक त्रुटि

$$\sigma_{p1-p2} = \sqrt{\sigma^2_{p1} + \sigma^2_{p2}},$$

$$= \sqrt{\frac{\pi\tau}{N_1} + \frac{\pi\tau}{N_2}}$$

है। अब हमे π मालूम नही है, तथा यदि हमे π मालूम होती तो हम $p_1 - p_2$ की सार्थकता की परीक्षा की अपेक्षा π के विरुद्ध p_1 की तथा π के विरुद्ध p_2 की परीक्षा लगभग निश्चित ही करना चाहते। क्योंकि हम π को नही जानते, इसलिये दोनो प्रतिदर्शों की जानकारी के आधार पर हम एक आकलन $\bar{p}$ करते हैं। इस प्रकार

$$\bar{P} = \frac{a_1 + a_2}{N_1 + N_2},$$

$$= \frac{22+18}{50+50} = 0.40$$

अब हम परिकलन करने की स्थिति मे हैं

$$\hat{\sigma}_{p1-p2} = \sqrt{\frac{\bar{p}\bar{q}}{N_1} + \frac{\bar{p}\bar{q}}{N_2}},$$

$$= \sqrt{\frac{(0.40)(0.60)}{50} + \frac{(0.40)(0.60)}{50}},$$

$$= 0.098, \text{ तथा}$$

$$\frac{x}{\sigma} = \frac{p_1 - p_2}{\hat{\sigma}_{p1-p2}} = \frac{0.44 - 0.36}{0.098} = \frac{0.08}{0.098} = 0.82.$$

परिशिष्ट ज के सकेत से, यह प्रतीत होता है कि $P = 0.41$, और हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि p_1 तथा p_2 मे भेद महत्त्वपूर्ण नही है।

यथातथ विधि—जब वे दो प्रतिदर्श छोटे हैं, जिनसे p_1 तथा p_2 लिये गए हैं, तब उस सन्निकट विधि को यथातथ विधि के पक्ष मे छोड देना चाहिये जिसका अभी अभी वर्णन किया गया है। बाद मे इस अध्याय मे यह दिखाया जाएगा कि "2 × 2" सारणी के लिए काई-वर्ग परीक्षण ऊपर दिए $p_1 - p_2$ परीक्षण के समरूप है। उसी समय यथातथ परीक्षण का वर्णन किया जायेगा।

भाग 2 : काईवर्ग परीक्षण

जैसा कि हम प्रयोग करेंगे वतमान विचार-विमर्श मे χ^2 परीक्षण अनुपातो की एक श्रेणी के योग से बना है जिसमे प्रत्येक अनुपात निम्न से प्राप्त किया गया है (1) प्रेक्षित बारबारता (f) तथा सम्बद्ध समष्टि या परिकलित बारबारता (f_c) के बीच के भेद को लेकर (2) इस भेद का वर्ग करके, और (3) वर्ग किये हुए भेद को f_c से भाग देकर। इस प्रकार,

$$\chi^2 = \Sigma \frac{(f - f_c)^2}{f_c}$$

अध्याय 26 म हम काईवर्ग के थोडे भिन्न पहलू को काम मे लायेंगे, जब हम $\hat{\sigma}^2$ तथा σ^2 की तुलना करेंगे।

1×2 सारणी

सन्निकट विधि $-\chi^2$ परीक्षण तथा $p - \pi$ (या $a - \pi N$) परीक्षण की सर्वसमिका (identity) प्रदर्शित करने के लिए हम उस उदाहरण को काम मे लायेंगे जिसे इस अध्याय मे पहले काम म ला चुके हैं जिसमे 10 सगमरमरो का प्रतिदर्श आया था जिनमे से 9 काले थे। 0 05 को कसौटी के रूप मे काम मे लाकर, σ_p तथा σ_a के प्रयोग से भी हमने इस परिकल्पना का परीक्षण किया था कि प्रतिदर्श उस समष्टि से यादृच्छिक है जिसका $\pi = 0.50$ है। यदि हम उसी परीक्षण को χ^2 के द्वारा करें तो हमारा परिकलन निम्नलिखित होगा

सगमरमर का रग	सगमरमरो की प्रेक्षित सख्या f	परिकलित सख्या यदि 1 1 अनुपात विद्यमान है f_c	$f - f_c$	$(f - f_c)^2$	$\frac{(f - f_c)^2}{f_c}$
काला .	9	5	+4	16	3 2
सफेद .	1	5	—4	16	3 2
योग	10	10	0	. .	6 4

यह एक 1 × 2 सारणी है क्योकि प्रेक्षित बारबारताएँ 1 स्तम्भ तथा 2 पक्तियो को घेरे है। यह सबसे अधिक सादे प्रकार की एक-स्तम्भ सारणी है। इस सारणी के अनुसार

χ^2 का मान 6.4 है, और हम स्वातन्त्र्य मात्रा की उपयुक्त संख्या के लिए परिशिष्ट ज की मारणी के आधार पर χ^2 के ऐसे मान (या अधिक बडे) की प्रायिकता निर्धारित कर सकते है। हमारी ममस्या के लिए $n=1$, क्योकि f-स्तम्भ मे दो बक्सो म से एक मे संख्या आसानी से लिखी जा मकती है। तथापि एक बार यह संख्या लिख दी जाती है, तो दूसरी संख्या तुरन्त निश्चित हो जाती है, क्योंकि योग 10 है। परिशिष्ट ज के आधार पर जब $n=1$ तथा $\chi^2=6.4$, तो यह देखा जा मकता है कि P का मान 0.01 से कुछ बडा है। यह तथ्य हमें इस सन्निकट परीक्षण के आधार पर परिकल्पना को निराकृत करने की प्रेरणा देता है। यदि χ^2 मानो [11] की एक अधिक विस्तृत सारणी उपलब्ध होती तो हमे पता चलता कि $P=0.0114$ ठीक वही जो उस परीक्षण से पता चला था जिसमे σ_p (या σ_a) सम्मिलित थे। सचाई यह है कि $p-\pi$ परीक्षण (या $a-\pi N$ परीक्षण) तथा χ^2 परीक्षण मे समान अन्तिम P मान प्राप्त होना चाहिए। इस बात की ओर ध्यान दें कि $d-\pi$ (या $a-\pi N$) परीक्षण से जो $\frac{x}{\sigma}$ मान प्राप्त हुआ, वह χ^2 मान का वर्गमूल है। इस बात को और अधिक अच्छी तरह समझा जा सकता है यदि हम (परिशिष्ट झ की) t सारणी की अन्तिम पंक्ति को देखें, जो हमे प्रसामान्य बटन के लिए $\frac{x}{\sigma}$ मान देती है, और (परिशिष्ट ज की) χ^2 सारणी की प्रथम पंक्ति को देखें जो हमे χ^2 मान देती है जब $n=1$. किसी भी दिये हुए P मान के लिए χ^2 मान मे सदा ही प्रसामान्य मान का वर्ग होगा।

परिशिष्ट ज की प्रथम पंक्ति मे दिखाये हुए χ^2 के मान स्वातन्त्र्य के एक अंश (one degree of freedom) के लिए χ^2 के बटन से प्राप्त किये गये है, जो तथ्य चार्ट 25.8 मे चित्रित है।

χ^2 परीक्षण किसी भी दिशा मे प्रेक्षित बारंबारताओं के बराबर या उनसे अधिक प्रेक्षित तथा परिकल्पित बारंबारताओ के बीच असहमति पाने की प्रायिकता को प्रकट करता है। सगमरमरो के लिए 0.01 से कुछ अधिक के P मान ने 9 या 10 काले सगमरमरो की तथा 9 या 10 सफेद सगमरमरो को प्रायिकता को प्रस्तुत किया। यह तब भी सत्य है जब काईवर्ग के बटन का केवल एक सिरा (देखिए परिशिष्ट ज) अन्तर्निहित है, क्योंकि $f-f_e$ मानो का वर्ग किया गया था।

---

11 इस प्रायिकता को हम परिशिष्ट ज की प्रसामान्य वक्र सारणी में χ को देखकर, χ^2 को नहीं, भी प्राप्त कर सकते है।

चार्ट 25.8 $n=1$, $n=2$, $n=5$, तथा $n=10$ के लिए χ^2-बटन। ध्यान दें कि चार्ट के दोनो भागो के लिए पृथक् पैमाने काम मे लाये गए हैं। कोटियों का परिकलन

$$Y_c=\frac{e^{\frac{-x^2}{2}}(x^2)^{\frac{n-2}{2}}}{2^{\frac{n}{2}}\left(\frac{n-2}{2}\right)!}$$

व्यंजक से किया गया था जिसे हल करना कठिन नहीं है यदि लघुगणक काम मे लाये जाएँ। χ^2 बटन का बहुलक $\chi^2=n-2$ पर है, सिवाय इसके कि जब $n=1$, और तब बहुलक शून्य पर है, जैसाकि ऊपर देखा जा सकता है, माध्य $\chi^2=n$ पर है। जैसाकि चार्ट के निचले भाग में दर्शाया गया है, बटन का वैषम्य कम होता जाता है, ज्यों-ज्यो स्वतन्त्रता अंशों की संख्या बढ़ती है।

कोटि की ऊंचाई

अनन्तता को प्राप्त होता है
जैसे χ^2, 0 तक पहुंचता है

$n=2$

$n=1$

0 को प्राप्त होता है
जैसे χ^2, ∞ तक पहुंचता है

0 2 4 6 8 10 12

χ^2 का मान

चार्ट 25 8 χ^2 बंटन, जब $n=1$, $n=2$, $n=5$, तथा $n=10$, वर्णनात्मक आख्यान के लिए पृष्ठ 610 देखें।

यथातथ विधि—जिस कारण $p-\pi$ (या $a-\pi N$) परीक्षण सन्निकट परीक्षण था उसी कारण काईवर्ग भी सन्निकट परीक्षण है यह मान लिया गया था कि प्रतिदर्श मानो का अविरत बटन है जब कि सचाई यह है कि $(0\ 50B+0\ 50A)^{10}$ द्विपद के केवल 11 पद ही हो सकते है। यथातथ प्रक्रिया का पृष्ठ 588—590 पर वर्णन किया गया था। इसे यहाँ नही दोहराया जायेगा। χ^2 को काम मे लाकर सन्निकट विधि को यथार्थ विधि के स्थान पर प्रयुक्त किया जा सकता है और उसी परिणाम पर पहुँचा जा सकता है कि ठीक उन्ही दशाओ मे $p-\pi$ (या $a-\pi N$) परीक्षण काम मे लाया जा सकता है और इन दशाओ पर $\pi=0\ 50$ के लिए पृष्ठ 592—594 पर तथा $\pi\neq 0\ 50$ के लिए पृष्ठ 596—600 पर विचार किया गया था।[11]

π की विश्वास्यता सीमाएँ—सम्भाव्य रुचि के रूप मे यह बात ध्यान मे रखी जा सकती है कि χ^2 को π की विश्वास्यता सीमाएँ निर्धारित करने के काम मे लाया जा सकता है। व्यजक है

$$\chi^2=\frac{\left(a-\frac{\pi}{1-\pi}b\right)^2}{\frac{\pi}{1-\pi}N}$$

और यह पहले दी हुई सन्निकट विधि के यथातथ समरूप है।

2×2 सारणी

सन्निकट विधि—जैसा कि अभी स्पष्ट किया जायेगा, 2×2 सारणी के लिए χ^2 परीक्षण से वही प्रायिकता प्राप्त होती है और इसलिए परिकल्पना के बारे मे वही परिणाम प्राप्त होता है जो p_1-p_2 परीक्षण से प्राप्त होता है, जिसका पहले वर्णन किया गया था। इस बात को स्पष्ट करने के लिए हम उसी दृष्टान्त का प्रयोग करेंगे जो p_1-p_2 परीक्षण के लिए प्रयोग किया गया था। आँकडे अब सारणी 25 6 के ढग पर व्यवस्थित किये गये है जिसे हम 2×2 सारणी कहते हैं, क्योकि इसमे दो स्तम्भ हैं और प्रेक्षित आकडो की दो पक्तियाँ है। उन दो-स्तम्भ सारणियो पर पीछे विचार किया जायेगा जिनमे दो से अधिक पक्तिया हैं।

सारणी 25 6 मे समष्टि बारबारताएँ नही है किन्तु हमे परिकलित बारबारताएँ इस बात को ध्यान मे रखने से प्राप्त होती है कि यदि दोनो प्रक्रियाओ से परिरक्षित स्लीपरो मे से परीक्षण काल की समाप्ति पर काम मे आने वाले स्लीपरो की सख्या मे कोई भेद नही रहता, तो हमे आशा होगी कि प्रथम बक्स (पक्ति 1, स्तम्भ 1) मे 'फुलसैल' प्रक्रिया से परिरक्षित 50 स्लीपरो के $\frac{40}{100}$ होगे और दूसरे बक्स (पक्ति 1, स्तम्भ 2) मे उसी प्रक्रिया से परिरक्षित 50 स्लीपरो के $\frac{60}{100}$ होगे। इसी तरह से, तीसरे बक्स (पक्ति 2, स्तम्भ 1) मे ट्यूबिंग प्रक्रिया से परिरक्षित 50 स्लीपरो के $\frac{40}{100}$ होगे और चौथे बक्स (पक्ति 2, स्तम्भ 2) मे इसी प्रक्रिया से परिरक्षित स्लीपरो के $\frac{60}{100}$ होग। इन f_c मानो

12 एक रुचिकर विकास के लिए जनल ऑफ दि अमेरिकन स्टैटिस्टिकल एसोसिएशन, खण्ड 60 सख्या 309, मार्च 1965, पृष्ठ 344—346 पर विलियम सी० बायड द्वारा लिखित 'ए नोमोग्राम फार काइस्क्वेयर' देखिए।

सारणी 25 6

परिरक्षी (preservative) क्रियोसोट को लगाने के लिए प्रयुक्त विधि से 23 वर्ष के परिक्षण काल की समाप्ति पर काम मे आ रहे रेल मार्ग स्लीपर

वह प्रक्रिया जिसके द्वारा क्रियोसोट लगाया गया था	परीक्षण काल के बाद प्रयोग मे आ रहे		योग
	हाँ	नही	
पूर्ण कोशिका (full cell)	22	28	50
र्यूपिंग (Rueping)	18	32	50
योग	40	60	100

आकड़े प्रोसीडिंग्स ऑफ अमेरिकन वुड प्रिज़र्वर्स एसोसिएशन, 1935 पृष्ठ 133 - 134 से।

का परिकलन सारणी 25 7 के स्तम्भ (2) तथा (3) मे किया गया है। उसी सारणी के स्तम्भ (4), (5), (6), तथा (7) मे χ^2 का परिकलन किया गया है और $\chi^2 = 0.67$ है। सीमान्त योगो की व्याख्या के साथ, 2×2 सारणी मे $n = 1$ है, जैसाकि अगले अनुच्छेद मे स्पष्ट किया जायगा। जब $n=1$ तथा $\chi^2=0.67$ तो परिशिष्ट ज से पता चलता है कि $0.30 < P < 0.50$ है। χ^2 की और अधिक विस्तृत सारणी से पता चलेगा कि $P=0.41$, यह वही परिणाम है जो $p_1—p_2$ परीक्षण से प्राप्त हुआ था। पुन ध्यान दें कि $p_1—p_2$ परीक्षण के लिए $\frac{x}{\sigma}$ मान 0 82 (या 0 816 तीन दशमलवों तक) था जो 0 67 के χ^2 मान का वर्गमूल है।

सारणी 25 7

सारणी 25 6 के आकड़ो के लिए χ^2 का परिकलन

सैल	परिकलित बारबारताओ का निर्धारण		f	$f-f_c$	$(f-f_c)^2$	$\frac{(f-f_c)^2}{f_c}$
	पंक्ति तथा स्तम्भ योगो का गुणनफल	f_c स्तम्भ(2) ÷100				
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
पंक्ति 1, स्तम्भ 1	50 × 40 = 2,000	20	22	+2	4	0 20
पंक्ति 1, स्तम्भ 2	50 × 60 = 3,000	30	28	2	4	0 133
पंक्ति 2, स्तम्भ 1	50 × 40 = 2,000	20	18	−2	4	0 20
पंक्ति 2, स्तम्भ 2	50 × 60 = 3,000	30	32	+2	4	0 133
योग		100	100	0	.	0 67

जब f_c प्रविष्टियाँ पूर्णांक न हो, तब उन्हें एक दशमलव तक ले जाना चाहिए जिससे कि Σf_c तथा Σf मे अन्तर 1 जितना न हो। वास्तव मे, स्तम्भ (3) की f_c संख्याओं मे से केवल एक का परिकलन करना जरूरी है। शेष संख्याएँ सारणी 25 6 के पंक्ति तथा स्तम्भ के योगो मे से घटाकर प्राप्त की जा सकती हैं।

सीमान्त योगो की व्याख्या के साथ 2×2 सारणी के लिए $n = 1$ है। यह तथ्य निम्न छोटी सारणी पर विचार करके स्पष्ट किया जा सकता है

		100
		150
130	120	250

इस सारणी के सीमान्त योग दिए हुए हैं किन्तु बक्सो मे कोई प्रविष्टियाँ नही हैं। यदि कोई सख्या किसी एक बक्स मे लिखी जाती है तो यह स्पष्ट होना चाहिए कि दूसरे तीन बक्सो की सख्याएँ तुरन्त निश्चित हो जाती हैं। यदि प्रथम बक्स मे 20 लिखते है तो निश्चय ही दूसरे बक्स की सख्या 80 तीसरे बक्स की 110 और चौथे बक्स की 40 होनी चाहिये। क्योकि हमे केवल एक बक्स मे सख्या लिखने की स्वतन्त्रता थी, इसलिए स्वातन्त्र्य की केवल एक मात्रा है। 2×2 से बडी सारणियो के लिए यही विधि हमे स्वातन्त्र्य की मात्रा की सख्या बतलायेगी, यदि सीमान्त योग निश्चित है। तथापि केवल

$$n - (R-1)(C-1)$$

को परिकलित कर लेना अधिक त्वरित है जिसम R पक्तियो की सख्या है और C स्तम्भो की सख्या है। निम्न सम्बन्ध रुचिकर हो सकता है

सीमान्त योगो के कारण खोई स्वातन्त्र्य की मात्राएँ[13]	$(R-1)+(C-1)+1$
स्वातन्त्र्य की शेष मात्राएँ, n	$(R-1)(C-1)$
योग (बक्सो की सख्या)	RC

सारणी 25 7 म दिखाए परिकलन रूप की आवश्यकता नही होती जब 2×2 सारणी के लिए χ^2 का परिकलन किया जाता है। यह यहा अन्तर्निहित प्रविधि को स्पष्ट करन के लिए दिया गया था। 2×2 सारणी के लिए χ^2 का मान निम्न व्यजक के प्रयोग से अधिक शीघ्रता से प्राप्त किया जा सकता है,

$$\chi^2 = \frac{(a_1 b_2 - b_1 a_2)^2 N}{N_1 N_2 N_a N_b}$$

जिसमे सकेत बक्स तथा कुल बारम्बारताओ को बतलाते है जैसा कि नीचे दिखलाया गया है

a_1	b_1	N_1
a_2	b_2	N_2
N_a	N_b	N

सारणी 25 6 के आकडो के लिए

$$\chi^2 = \frac{[(22)(32)-(28)(18)]^2 100}{(50)(50)(40)(60)},$$

13 प्रत्येक सीमान्त योग के कारण स्वातन्त्र्य की एक मात्रा खोई नहीं जाती। यदि कोई एक ऊर्ध्वाधर तथा कोई क्षैतिज योग (सवयोग को सम्मिलित करके) छोड दिया जाता है तो उन्हे शेष योगो के द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर फिर से लिखा जा सकता है।

$$= \frac{(704-504)^2 100}{(2500)(2400)},$$

$$= \frac{4,000\,000}{6,000,000} = 0\,67$$

यह, निस्सदेह, वही मान है जो सारणी 25 7 मे प्राप्त किया गया था ।

यथातथ प्रविधि—जब N छोटा होता है, तब χ^2 परीक्षण द्वारा दी हुई प्रायिकता बहुत छोटी होती है जिसका परिणाम यह होता है कि χ^2 परीक्षण परिकल्पना को अविश्वसनीय बना सकती है, जबकि यथातथ प्रविधि परिकल्पना को अविश्वसनीय न रहने दे।

प्रयोगशाला के जिन 16 पशुओ को पहले विषाणु का टीका लगाया जा चुका था, उनकी दो प्रकार की चिकित्सा से सम्बन्ध रखने वाले निम्न आँकडो पर विचार कीजिए ।

उपचार	परिणाम		योग
	बच गये	मर गये	
#1	7	3	10
#2	0	6	6
योग	7	9	16

दो उपचारो के आँकडे इतने भिन्न प्रतीत होते है कि पाठक को यह मालूम पड सकता है कि सांख्यिकीय परीक्षण लागू करना समय नष्ट करना है । तो भी 0 01 को कसौटी के रूप म काम मे लाकर हमे देखना चाहिए कि क्या दोनो उपचारो मे महत्त्वपूर्ण भेद है । हमारी परिकल्पना है कि 10 तथा 6 पशुओ के दो समूह बचे या मरे हुओ के अनुपातो के सम्बन्ध मे एक ही समष्टि से है । पहले काईवग परीक्षण को काम म लाकर हमे प्राप्त होता है

$$\chi^2 = \frac{(a_1 b_2 - b_1 a_2)\ N}{N_1 N_2 N_a N_b}$$

$$= \frac{[(7)(6)-(0)(3)]^2 16}{(10)(6)(7)(9)} = 7\,47$$

$n=1$ के लिए यदि हम परिशिष्ट ञ को देखें तो पता चलेगा कि $P=0\,01$ और तब इस सन्निकट परीक्षण के आधार पर हम यह परिणाम निकालेगे कि हमारी परिकल्पना अविश्वसनीय थी । तथापि प्रायिकता वास्तव म उससे अधिक बडी है जो χ^2 परीक्षण या p_1-p_2 परीक्षण से सूचित होती है, जो, जैसा कि हम पहले ही जानते है, वही है, जो इस प्रकार की समस्या के लिए χ^2 परीक्षण है ।

जिस 2×2 सारणी के सीमान्त योग निश्चित है, उस सारणी के बक्सो मे बारबारताओ की किसी व्यवस्था की प्रायिकता

$$\frac{N_1!\,N_2!\,N_a!\,N_b!}{N!\,a_1!\,b_1!\,a_2!\,b_2!}$$

से प्राप्त की जा सकती है। यदि दोनो उपचारो मे प्राप्त होने वाले आँकडो के आधार पर इस व्यजक को हल किया जाए तो

$$\frac{10!\,6!\,7!\,9!}{16!\,7!\,3!\,0!\,6!}=0\ 0105$$

प्राप्त होता है। यह उस विशिष्ट विभिन्नता की प्रायिकता है जिसका प्रेक्षण किया गया था। यदि दोनो प्रतिदर्शो (उपचारो) के बीच कोई बडे अन्तर सम्भव है, तो उनकी प्रायिकताएँ इसमे जोडी जानी चाहिएँ। (यह याद होगा कि χ^2 परीक्षण तथा p_1-p_2 परीक्षण हमे प्रेक्षित अन्तर के *बराबर या बडे* अन्तर की प्रायिकता प्रदान करता है।) सारणी 25 8 का प्रथम स्तम्भ उन सभी सम्भव सयोजनो को दिखाता है जिनसे हमारी समस्या के सीमान्त योग प्राप्त होग। वे कुल सात हैं। दूसरे स्तम्भ से यह देखा जा सकता है कि कोई भी सयोजन प्रेक्षित अन्तर से बडा और उसी दिशा म अन्तर नही दिखलाता। फिर भी सयोजन VII विपरीत दिशा मे अपेक्षाकृत बडा अन्तर दर्शाता है। हम इसलिए इसकी प्रायिकता भी निश्चित करत हैं, जो 0 0009 है। यदि सयोजन I तथा VII की दोनो प्रायिकताओ का जोडा जाए तो 0 0114 प्राप्त होता है और हम उस परिणाम[14] पर पहुँचते है जो पहले के परिणाम से भिन्न है परिणामस्वरूप परिकल्पना का निराकरण नही हुआ।

सभव रुचि की दृष्टि से सारणी 25 8 सात सयोजनो मे से प्रत्येक की प्रायिकता दर्शाती है। ध्यान दीजिए कि सात प्रायिकताओ का योग 1 0000 है। पूर्णांकन के कारण सारणी 25 8 मे दर्शायी सात सख्याओ का योग 0 9999 है।

यदि हमारी रुचि केवल इस बात को जानने मे होती कि क्या उपचार स० 2 की अपेक्षा उपचार स० 1 ने बचे हुओ के सम्बन्ध मे अधिक बडा अनुपात दिखाया है, तो हम χ^2 परीक्षण से प्राप्त प्रायिकता को आधा कर देते। यह '0.005 से कम' है, और इसमे यह धारणा अन्तर्निहित है कि सभव मानो का बटन सममित है, किन्तु बात ऐसी नही है। शुद्ध प्रायिकता तो 0 0105 है, यह वह प्रायिकता है, जो सयोजन I के लिए सारणी 25 8 मे दिखायी गई है।

जब हम उस प्रकार के आँकडो को काम मे ला रहे हो जैसे हमे दो उपचारो के सम्बन्ध मे प्राप्त थे और हमे उस परिणाम का सामना करना पडा हो जो हमे अभी-अभी प्राप्त हुआ था, तो एसी व्यावहारिक स्थिति में हमे क्या करना चाहिए ? ऐसी स्थिति मे

---

14 छोटी बारबारताओ वाली 2×2 सारणियो से सम्बन्ध रखने वाले परिणामो पर पहुँचने का कार्य उस सारणी के प्रयोग से आसान हो सकता है, जिसे डी० जे० फिने तथा आर० लाश्चा ने तैयार किया था और जो चुने हुए प्रायिकता मानो पर a_2 के मानो को सार्थक दर्शाती है, जब a_1, N_1, तथा N_2 निश्चित हैं। $N_1+N_2=6$ से लेकर $N_1+N_2=30$ तक के परिसर की 2×2 सारणियो पर विचार के लिए व्यवस्था की गई है। ई० एस० पियर्सन तथा एच० ओ० हार्टले, *बायोमीट्रिका टेबल्स फॉर स्टैटिस्टीशियन्स*, केम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस, लन्दन, 1954, पृ० 65—72 तथा 188—193 को देखिये। यह सारणी मूलत: *बायोमीट्रिका*, खण्ड 35, भाग 1 तथा 2, और खण्ड 40, भाग 1 तथा 2, मे दो भागो में प्रकाशित हुई थी।

सारणी 25.8

p_1, p_2 तथा $p_1 - p_2$ के मान और उन सात संयोजनों में से प्रत्येक की प्रायिकता जिनके सीमान्त योग नीचे दिखाये गये हैं

संयोजन	पहले स्तम्भ की पंक्ति योग का अनुपात तथा अन्तर	$\frac{N_1! N_2! N_a! N_b!}{N! a_1! b_1! a_2! b_2}$ से संयोजकता की प्रायिकता
I $\begin{array}{c\|c\|c} 7 & 3 & 10 \\ 0 & 6 & 6 \\ \hline 7 & 9 & 16 \end{array}$	$p_1 = 0.7$ $p_2 = 0$ $p_1 - p_2 = +0.7$	0.0105
II $\begin{array}{c\|c\|c} 6 & 4 & 10 \\ 1 & 5 & 6 \\ \hline 7 & 9 & 16 \end{array}$	$p_1 = 0.6$ $p_2 = 0.17$ $p_1 - p_2 = +0.43$	0.1101
III $\begin{array}{c\|c\|c} 5 & 5 & 10 \\ 2 & 4 & 6 \\ \hline 7 & 9 & 16 \end{array}$	$p_1 = 0.5$ $p_2 = 0.33$ $p_1 - p_2 = +0.17$	0.3304
IV $\begin{array}{c\|c\|c} 4 & 6 & 10 \\ 3 & 3 & 6 \\ \hline 7 & 9 & 16 \end{array}$	$p_1 = 0.40$ $y_2 = 0.50$ $p_1 - p_2 = 0.10$	0.3671
V $\begin{array}{c\|c\|c} 3 & 7 & 10 \\ 4 & 2 & 6 \\ \hline 7 & 9 & 16 \end{array}$	$p_1 = 0.30$ $p_2 = 0.67$ $p_1 - p_2 = -0.37$	0.1573
VI $\begin{array}{c\|c\|c} 2 & 8 & 10 \\ 5 & 1 & 6 \\ \hline 7 & 9 & 16 \end{array}$	$p_1 = 0.20$ $p_2 = 0.83$ $p_1 - p_2 = -0.63$	0.0236
VII $\begin{array}{c\|c\|c} 1 & 9 & 10 \\ 6 & 0 & 6 \\ \hline 7 & 9 & 16 \end{array}$	$p_1 = 0.10$ $p_2 = 1.0$ $p_1 - p_2 = -0.9$	0.0009
योग...... ..	...	1.0000

निश्चय ही और अधिक प्रयोग करना ठीक है, सम्भवत बड़े प्रतिदर्शों से सार्थक अन्तर दिखाई पड़ सकता है, या, विकल्प से, बड़े प्रतिदर्श परिकल्पना को अविश्वसनीय सिद्ध करने में असफल हो सकते हैं।

येट्स का शोधन—a—N परीक्षण के सम्बन्ध म उल्लिखित यह शोधन 2×2 सारणी[15] के लिए χ^2 परीक्षण पर भी लागू किया जा सकता है, जब कि वैषम्य विद्यमान न हो। प्रयोजन वही है जो पहल या सन्निकट परीक्षण म सुधार करना ताकि इससे प्राप्त होने वाली प्रायिकता यथातथ परीक्षण से अधिक सहमति प्रकट करे। येट्स के शोधन मे, यहा भी, अतिशोधन की प्रवृत्ति है।[16] दोना उपचारो के आँकडो के सम्बन्ध मे यदि येटस के शोधन का प्रयोग किया जाय, तो 0 025 से कुछ बडी प्रायिकता प्राप्त होती है, जो यथातथ विधि से प्राप्त प्रायिकता की अपेक्षा बहुत बडी है। जैसाकि पहले कहा जा चुका है, अतिशोधन की प्रवत्ति से कभी-कभी यह परिणाम निकलेगा कि अन्तर सार्थक नही था जबकि यथातथ प्रविधि से सार्थक अन्तर होने का सकेत मिलेगा।

1×2 से बड़ी $1 \times R$ सारणियाँ

A 3×1 सारणी—अनेक वर्षो से कॉफी की बहुत सी किस्मो की ताजगी विज्ञापित लक्षण रही है। एक सस्था को यह शका थी कि वह इस बात का पता लगाने का प्रयत्न करे कि क्या वास्तव म ताजगी से कॉफी के स्वाद म अन्तर आता है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए एक पर्याप्त व्यापक खोज की गई। इसका एक पहलू था 52 चखने वाले, जिनमे से प्रत्यक को कॉफी के 6 प्याले दिय गये थे, जिनमे से 2 ताजी कॉफी के, 2 तीन सप्ताह पुरानी कॉफी के, और 2 पाच सप्ताह पुरानी कॉफी के थे। प्रत्येक चखने वाले से कहा गया था कि वह प्रत्यक प्याले की उसी जैसे दूसरे प्याले से जोडी मिलाये। अब इन छ प्यालो की 15 प्रकार से जोडी मिलाना सम्भव है। इन 15 प्रकारो मे से केवल एक ही प्रकार से प्यालो की तीनो जोडियो को ठीक-ठीक मिलाना सम्भव है। एक जोडी को ठीक से जोडी बनाने के छ ढग है और ठीक स जोडी न मिलाने के आठ ढग है। दो जोडो की ठीक-ठीक जोडी मिलाना सम्भव नही है। यदि ताजी, कुछ बासी तथा बासी कॉफी के स्वाद मे कोई अन्तर न होता, तो हम तीन, एक, तथा एक भी नही जोडो को 1 6 8 के अनुपात मे ठीक-ठीक जोडी मिलाने की आशा करते। सारणी 25 9 प्रेक्षित आँकडा तथा इन अनुपातो के आधार पर परिकलित बारबारताओं को दर्शाती है। सख्याओ के इन दो समुच्चयो से χ^2 का मान 46 08 पता चलता है। क्योंकि योग निश्चित है और प्रतिदर्श आँकडो की तीन श्रेणियाँ है[17] इसलिए $n = 2$ (स्वातन्त्र्य के दो अशो के लिए χ^2 का बटन चार्ट 25 8 मे दिखाया गया है।) परिशिष्ट ज से यह देखा जा सकता है

---

15 शोधन मे

$$\Sigma \frac{\{|f - f_c| - \frac{1}{2}\}^2}{f_c}$$

व्यजक से χ^2 का परिकलन सम्मिलित है। परिकलन के प्रयोजन के लिए अधिक सरल रूप उपलब्ध है। उसे यहाँ इसलिए नही दिया है क्योकि येट्स के शोधन के प्रयोजन को उपयुक्त नही बताया गया है।

16 जर्नल ऑफ दि अमेरिकन स्टैटिस्टिकल एसोसिएशन, दिसम्बर 1951, पृ० 490—501 के फेज ऐडलर द्वारा लिखित "येट्स करेक्शन एन्ड दि स्टैटिस्टीशियन्स" भी देखिये।

17 ध्यान म रखिए कि $(R-1)(C-1)$ व्यजक $1 \times R$ सारणी पर लागू नही होता।

कि P का मान 0 001 से बहुत कम है और यह स्पष्ट है कि जोडियो के मिलान काकतालीय बटन स सार्थक रूप मे भिन्न है। स्पष्ट ही ताजी और बासी कॉफी मे भेद करना सभव है। तो भी एक बात विशेष रूप से ध्यान मे रखने योग्य है कि आँकडे कम्पनी द्वारा इस प्रकार प्रस्तुत किय गय थे कि जब केवल एक ही जोडे का ठीक जोडी मिलान हुआ था, उस समय जोडी मिलाने मे ताजी कॉफी के दो प्याले या तीन सप्ताह पुरानी कॉफी के दो प्याले या पाच सप्ताह पुरानी काफी के दो प्याले कितनी बार शामिल थे। इसके अतिरिक्त चखने वाला ने यह नही बताया कि जिन प्यालो की जोडियाँ मिलायी गई थी वे ताजी काफी के', 'कुछ बासी' के या "बासी के थे।

दूसरी $1 \times R$ सारणियाँ—प्रेक्षित आकडो के एक स्तम्भ तथा तीन स अधिक पक्तियो वाली सारणियो के लिए वैसी प्रविधि होगी जैसी कि सारणी 25 9 मे 1×3 सारणी के लिए दिखाइ गई है। स्वातन्त्र्य की मात्राएँ $R-1$ होगी यदि केवल मात्र योग की अपेक्षा और अधिक विशेषताओ के सम्बन्ध मे f तथा f_c मानो को सहमत न किया गया हो। एक पक्ति और C स्तम्भो वाली सारणियाँ बहुत कम मिलती है क्योकि वे

सारणी 25 9

ताजी, तीन सप्ताह पुरानी, तथा पाँच सप्ताह पुरानी काफी के प्यालो के जोडो की जोडी मिलाने के लिए / का परिकलन

ठीक जोडी मिलाये जोडा की सख्या	f	$\frac{f_c}{1\ 6\ 8}$	$f-f_c$	$(f-f_c)^2$	$\frac{(f-f)^2}{f_c}$
तीन	15	3 5	+11 5	132 25	37 79
एक	24	20 8	+ 3 2	10 24	0 49
एक भी नही	13	27.7	−14 7	216 09	7 80
सवयोग	52	52 0	0		46 08

सम्भवतया ऐसे अनुपात पाते हैं जिनका प्रयोग करना बहुत कठिन होता है। ऐसी सारणी को $1 \times R$ सारणी के रूप म ढाला जा सकता है।

$1 \times R$ सारणी के विशेष दृष्टान्त के रूप मे ' आसजन सौष्ठव" ("goodness of fit") **का परीक्षण**—अध्याय 23 मे एक प्रसामान्य वक्र को दूरी के लिए प्रथम वर्ष हाई स्कूल की छात्राओ द्वारा किए गए बेस बाल के प्रक्षेपणो के आँकडो के साथ आसजित किया गया था। सारणी 25 10 के स्तम्भ (2) तथा (3) प्रेक्षित आँकडो तथा परिकलित बारबारताओ को दिखलाते हैं। सख्याओ के इन दो समुच्चयो से χ^2 का 6 65 मान प्राप्त हुआ है। अब $\bar{Y}$, s, तथा N के सम्बन्ध मे प्रेक्षित तथा आसजित आकडो को एक दूसरे से बलात मिलाया गया है। इसलिए स्वातन्त्र्य की तीन मात्राएँ कम हो गई। क्योकि प्रेक्षित आकडे 13 श्रेणियो मे है, इसलिए $n=13-3=10$ $n=10$ के लिए

χ^2 का वटन चार्ट 25 8 मे दिखाया गया है। परिशिष्ट ञ से यह पता चलता है कि P का मान 0 75 से अधिक किन्तु 0 80 मे कम है, और हम इस परिणाम पर पहुँचते है कि प्रेक्षित तथा परिकलित वारम्वारताओ के बीच महमति सन्तोषजनक है, हमारे पास इस परिकल्पना पर सदेह करने का कोई कारण नही है कि प्रतिदर्श प्रसामान्य समष्टि मे यादृच्छिक था।

सारणी 25.10

दूरी के लिए प्रथम वर्ष हाई स्कूल की लड़कियों द्वारा किये गये बेसबाल के प्रक्षेपणो के साथ आसंजित प्रसामान्य वक्र के लिए "आसंजन सौष्ठव" का काईवर्ग परीक्षण

दूरी फुटो मे (1)	f प्रेक्षित वारवारता (2)	f_c प्रत्याशित वारवारता (3)	$f-f_c$ (4)	$(f-f_c)^2$ (5)	$\frac{(f-f_c)^2}{f_c}$ (6)
25 से नीचे	1	1 1	—0 1	0 01	0 01
25 किन्तु 35 से नीचे	2	3 2	— 1.2	1 44	0.45
35 किन्तु 45 से नीचे	7	9 1	—2 1	4 41	0 48
45 किन्तु 55 से नीचे	25	20 2	4 8	23 04	1 14
55 किन्तु 65 से नीचे	33	35 0	—2 0	4 00	0 11
65 किन्तु 75 से नीचे	53	50 6	2.4	5.76	0 11
75 किन्तु 85 से नीचे	64	57 4	6 6	43 56	0 76
85 किन्तु 95 से नीचे	44	52 0	—8.0	64 00	1 23
95 किन्तु 105 से नीचे	31	37 0	—6 0	36 00	0.97
105 किन्तु 115 से नीचे	27	22 0	5 0	25 00	1.14
115 किन्तु 125 से नीचे	11	10 2	0 8	0 64	0 06
125 किन्तु 135 से नीचे	4	3 7	0.3	0 09	0.02
135 या अधिक	1	1 5	—0 5	0 25	0 17
योग	303	303 0	0	...	6 65

आकड़े सारणी 23.1 तथा 23 3 से लिए गये हैं।

"आसंजन सौष्ठव" का परीक्षण करते समय, अन्त की श्रेणियो मे हो सकने वाले f तथा f_c के बीच के छोटे कम भेदों के χ^2 पर पडने वाले स्पष्ट प्रभाव से बचने के लिए, एक या दोनों सिरो पर होने वाली अनेक वारवारताओ का वर्गीकरण करना असाधारण नही है। क्योंकि f_c के गिर्द f मानो का बटन उस समय के प्रत्याशित बटन के ठीक अनुरूप नहीं होता, जिस समय f_c छोटा होता है, इसलिए यह उपयुक्त बनाया गया है कि किसी भी श्रेणी मे परिकलित वारवारताएँ 5 या 10 से कम नही होनी चाहिएँ। फिर भी यह दिखाया जा चुका है कि यदि 0 05 कसौटी काम मे लायी जा रही है, तो अन्त की वारवारताएँ इतनी वडी नही होनी चाहिएँ। देखिए डब्ल्यू० जी० कोचरण द्वारा इओवा स्टेट कालिज जर्नल ऑफ साइन्स, खण्ड XVI, अक 4, पृ० 421—436 पर प्रकाशित "दि χ^2 करेक्शन फॉर कन्टिनुइटी"।

2 × 3 तथा बड़ी सारणियाँ

2×R सारणियाँ—प्रेक्षित आँकड़ो के दो स्तम्भो तथा R पंक्तियो वाली सारणियो के लिए ऐसी कार्य-सूची काम मे लाना आवश्यक नहीं है जैसी कि सारणी 25.7 मे है। निम्न सारणी मे निर्दिष्ट किए गये अर्थों को प्रकट करने वाले सकेतो को काम मे लाकर,

a_1	b_1	N_1
a_2	b_2	N_2
a_3	b_3	N_3
		.
N_a	N_b	N

निम्न व्यजक से χ^2 के मान का परिकलन किया जा सकता है

$$\chi^2 = \frac{N^2}{N_a N_b}\left\{\left(\frac{a_1^2}{N_1}+\frac{a_2^2}{N_2}+\cdot\cdot\right)-\frac{N_a^2}{N}\right\}$$

सारणी 25 11

छः थल सेना क्षेत्रों मे से प्रत्येक मे परीक्षा लिए हुए बाएँ तथा दाएँ हाथ से काम करने वाले पंजीयको के प्रतिदर्श* मे उन पंजीयको की सख्या

थल सेना क्षेत्र	बाएँ हाथ से काम करने वाले	दाएँ हाथ से काम करन वाले	योग
I	161	1,636	1,797
II	223	2,195	2,418
III	193	2,130	2,323
IV	137	1,626	1,763
V	230	2,317	2,547
VI	120	1,191	1,311
योग	1,064	11,095	12,159

* प्रतिदर्श उन रिकार्डों मे बना था जिन्हे थल सेना के विभाग ने 19 जून, 28 जून, तथा 30 जून, 1952 को प्राप्त किया था।

आँकडे ह्यूमन बायोलॉजी, खण्ड 25, अक 1, पृ० 36—49 मे सकलित बी० डी० कारपिनोस तथा एच० ए० ग्रीममैन द्वारा लिखित "प्रैवलेन्स ऑफ लेफ्ट हैंडेडनेस अमग सिलेक्टिव सर्विस रजिस्ट्रैंट्स" से उद्धृत है।

छह थल सेना क्षेत्र म परीक्षा लिय हुय बाएँ हाथ से तथा दाएँ हाथ से काम करने वाले पजीयकों की सख्या के प्रतिदश आँकडे उस जानकारी से प्राप्त किय गय थे जो उन चयनात्मक सेवा पजीयका द्वारा दिय गय थे जिनकी सैनिक सेवा क लिए परीक्षा ली गई थी। बाएँ हाथ से काम करने वालों के अनुपात क्षेत्र IV म 7 8 प्रतिशत क्षेत्र II म 9 2 प्रतिशत तक घटन-बढत थे। सारणी 25 11 के आँकडा पर χ^2 परीक्षण का प्रयोग हमे इस बात को निश्चित करने के योग्य बनाता है कि क्या बाएँ तथा दाएँ हाथ से काम करने वालो के अनुपात विभिन्न थल सेना क्षेत्रो मे सार्थक रूप मे भिन्न थे। इस सारणी के आधार पर परिकलन निम्न है

$$\chi^2 = \frac{(12\,159)}{(1\,064)(11\,095)}\left\{\frac{(161)^2}{1\,767}+\frac{(223)^2}{2\,418}+\frac{(193)^2}{2\,323}+\frac{(137)^2}{1,763}+\frac{(230)^2}{2,547}+\frac{(120)^2}{1,311}-\frac{(1,064)^2}{12,159}\right\}$$

$= 3\,98$

स्वातन्त्र्य की मात्राओं की सख्या निश्चित करने के लिए हम $n=(R-1)(C-1)=(5)(1)=5$ परिकलित करते हैं। $n=5$ के लिए χ^2 का बटन चार्ट 25.8 म दिखाया गया है। परिशिष्ट ञ्ञ म हम पता चलता है कि P का मान 0 50 तथा 0 70 के बीच मे है और हम इस परिणाम पर पहुँचते हैं कि बाएँ हाथ से तथा दाएँ हाथ से काम करने वालो के छह क्षेत्रा से प्राप्त अनुपात सार्थक रूप मे भिन्न नही हैं।

C स्तम्भो तथा दो पक्तियो वाली सारणियो के लिए भी वह व्यजक, सकेतों मे उचित परिवर्तन करके, काम म लाया जा सकता है जो अभी-अभी χ^2 के लिए लाया गया था। वैकल्पिक रूप म, सारणी को दो स्तम्भों म फिर से परिवर्तित किया जा सकता है।

तीन या अधिक स्तम्भा तथा तीन या अधिक पक्तियो वाली सारणियो को, जिनके सीमान्त योग निश्चित है, परिकलन के सारणी 25 7 जैसे रूप के द्वारा बहुत शीघ्रता से काम म लाया जा सकता है। स्वातन्त्र्य की मात्राएँ $(R-1)(C-1)$ हैं।

काईवर्ग परीक्षाएँ करते समय कभी-कभी एक बहुत बडी प्रायिकता सामने आ सकती है। कुछ लेखको ने सकेत किया है कि 0.99 प्रायिकता ठीक वैसी असाधारण है जैसी 0 01, और यदि हम 0 01 को परिकल्पना को अविश्वसनीय बनाने वाला मानें, तो 0 99 ठीक उतनी ही स्पष्टता से परिकल्पना को अविश्वसनीय बना देती है, जितनी स्पष्टता से 0 01 प्रायिकता। यह सत्य है कि 0 99 प्रायिकता वाली घटना ठीक उतनी आश्चर्यजनक है जितनी वह घटना जिसकी प्रायिकता 0 01 है, किन्तु इससे यह परिणाम नही निकलता कि 0 99 प्रायिकता परिकल्पना को अविश्वसनीय कर देती है। प्रतिदर्श तथा समष्टि के बीच या दो प्रतिदर्शो के बीच आश्चर्यजनक सहमति को हमे, साधारण सावधानी की अपेक्षा कुछ अधिक सावधानी से, सम्भवत "काम चलाने क लिए अस्थायी रूप मे सचालित" आँकडो को, अकगणित की भूलो को, यदि 'आसजन सौष्ठव" अन्तर्निहित है तो आँकडो के पहले ही परिष्कृत कर लेने को, अथवा असावधानी से आयोजित प्रयोग को ढूँढने की प्रेरणा देनी चाहिए।

वास्तव म P के अत्यधिक बडे या अत्यधिक छोटे मानों के होने पर हम परिस्थिति का पुनः परीक्षण करना चाहिए। निम्न घटना पर विचार कीजिए जिसका पृष्ठ 11 पर

उल्लख है जब प्रतिदीप्त प्रकाश की पहन पहल व्यवस्था का गई थी उस समय कुछ लोगों का यह विश्वास था कि प्रतिदीप्त प्रकाश वाली बत्तियों से विकिरण मनुष्यों को अनुवर कर दगा । उनकी आशकाओं का निराकरण करन के लिए एक रेल माग न जो पहल ही प्रतिदीप्त प्रकाश की बत्तिया लगा चुका था चूहो के एक समूह को उद्दीप्त प्रकाश के क्षेत्र म रखा और एक दूसरे समूह को प्रतिदाप्त प्रकाश के क्षत्र म । प्रथम समूह क सामान्य रूप म *सन्तान हुई, कि तु दूसरे समूह के एक भी नही । इससे वास्तव म उन लोगों की आशकाएँ* प्रबल होती प्रतीत हुइ जो यह सोचने थ कि सम्भवत प्रतिदीप्त प्रकाश मनुष्यो को अनुवर बना दे । परिणाम इतना अधिक आश्चयजनक प्रतीत हुआ कि एक कायकारी अधिकारी ने कहा कि चहो क दूसरे समूह की सावधानी से जाच पड़ताल होनी चाहिए । परीक्षा करन पर पता चला कि व सभी एक ही लिंग के थे ।

26

सांख्यिकीय सार्थकता III : प्रसरण, प्रसरण का विश्लेषण, वैषम्य और ककुदता के माप, तथा सहसंबन्ध गुणांक

पुस्तक के इस अन्तिम अध्याय मे, प्रतिदर्शों से परिकलित प्रसरणो, अनेक माध्यो के प्रसरण (प्रसरण का विश्लेषण), प्रतिदर्शों से उपलब्ध β_1 और β_2 के मानो, तथा सहसम्बन्ध गुणाको की ओर ध्यान देंगे।

प्रसरण

प्रतिदर्श प्रसरणो, $\hat{\sigma}^2$ पर हमारा विचार-विमर्श समातर माध्यो और अनुपातो के वर्णन का इस दृष्टि से समानान्तर होगा कि हम पहले $\hat{\sigma}^2$ और σ^2 के मध्य अन्तर पर विचार करेंगे, फिर σ^2 की विश्वास्यता सीमाएँ प्राप्त करेंगे, और तब हम दो प्रतिदर्श प्रसरणो की तुलना करेंगे। इसके अतिरिक्त, अनेक प्रतिदर्श प्रसरणो की तुलना करने के एक ढग पर भी विचार करेंगे।

सामान्य समष्टि से यादृच्छिक प्रतिदर्शो के प्रसरणो का न तो प्रसामान्य रूप से और न ही सममित रूप से बटन होता है। उनका बटन एक विषमित वक्र का अनुगमन करता है (दाएँ को विषमित), जिसका यथातथ आकार σ^2 और N पर निर्भर है। क्योकि P के कतिपय मानो के लिए $\hat{\sigma}^2$ के मानो को प्रस्तुत करने वाली सारणियो को तक रूप मे σ^2 तथा N दोनो को ग्रहण करना पडेगा और इसलिए वे बहुत विस्तृत होगी, अत यह सौभाग्यपूर्ण है कि स्वातन्त्र्य के $N-1$ अशो के लिए $(N-1)\hat{\sigma}^2 - \sigma^2$ काईवर्ग बटन का अनुगमन करता है। इस प्रकार, हम लिखते हैं

$$\chi^2 = \frac{(N-1)\hat{\sigma}^2}{\sigma^2}$$

यदि $\hat{\sigma}^2$ की अपेक्षा s^2 प्रदत्त हो, तो हम $\hat{\sigma}^2$ को निम्न व्यजक से प्राप्त कर सकते हैं

$$\hat{\sigma} = \frac{N}{N-1} s^2.$$

विकल्पत, हम χ^2 परीक्षण का χ^2 के लिए $n = N-1$ के साथ निम्न रूप मे प्रयोग कर सकते हैं

$$\chi^2 = \frac{Ns^2}{\sigma^2}.$$

$\hat{\sigma}^2$ और σ^2 के मध्य अन्तर की सार्थकता—सारणी 24.1 के नीचे यह देखा जा सकता है कि 10 टुकड़े तांबे के मख्न तार के लिए $\hat{\sigma}^2$ का मान 75 73 था। इस स्थिति में, अन्य अनेक स्थितियों के समान, हम σ^2 का मान नहीं जानते, लेकिन, उदाहरण के लिये, हम मान लेंगे कि $\sigma^2=46\ 42$ और इस परिकल्पना का परीक्षण करेंगे कि $\hat{\sigma}^2=75\ 73$, $\sigma^2=46\ 42$ वाली समष्टि से यादृच्छिक प्रतिदर्श का प्रसरण है। 0 05 का हम अपनी कसौटी के रूप में प्रयोग करेंगे। χ^2 के परिकलन से हम पाते हैं

$$\chi^2=\frac{(N-1)\hat{\sigma}^2}{\sigma^2}=\frac{n\hat{\sigma}^2}{\sigma^2}=\frac{(9)(75\ 73)}{46\ 42}=14\ 683$$

क्योंकि $n=N-1=9$ परिशिष्ट ञ की χ^2 सारणी से यह प्रकट होता है कि यदि $\sigma^2=46\ 42$ तो $\sigma^2=75\ 73$ या अधिक को प्राप्त करने की प्रायिकता, 10 के प्रतिदर्शों के लिए, प्रायः निश्चित रूप से 0 10 है। हमारी परिकल्पना अविश्वसनीय नहीं है। ध्यान दीजिए कि, इस प्रयोग में, χ^2 से हमें एक सिरे वाला परीक्षण प्राप्त होता है क्योंकि जो प्रायिकता प्राप्त की गई वह $\hat{\sigma}^2$ के मानों को प्रेक्षित के तुल्य या अधिक की ओर संकेत करती है।

यदि हम $\hat{\sigma}^2$ के मानों पर विचार करने में रुचि रखते हैं जो कि σ^2 के मान की अपेक्षा कम है तो हमारे लिए पहुँच के एक से अधिक मार्ग खुल जाते है। वही पूर्ण अन्तर दिखाते हुए परन्तु विपरीत दिशा में हम $\hat{\sigma}^2$ के मान की प्रायिकता अभिनिश्चित कर सकते है। अर्थात $\hat{\sigma}=17\ 11$ विकल्पत, हम $\hat{\sigma}^2$ का मान निर्धारित कर सकते है जो कि $n=9$ के लिए χ^2 के बंटन के निचले 10 प्रतिशत सिरे को काटता है। बारी बारी इन दोनो का विचार करने पर हम पाते है कि जब $\hat{\sigma}^2=17\ 11$ तो

$$\chi^2=\frac{(9)(17\ 11)}{46\ 42}=3\ 317,$$

और प्रायिकता लगभग 0 05 है कि $\hat{\sigma}^2$ के मान 17.11 के बराबर अथवा इससे कम होंगे। $\hat{\sigma}$ का मान जो कि χ^2 के बंटन के निचले 10 प्रतिशत सिरे को काटता है, $P=0\ 90$ के लिए χ^2 के मान का प्रयोग करने पर प्राप्त होता है जब परिशिष्ट ञ में $n=9$ है। यह 4 168 है और हम लिखते है

$$4\ 168=\frac{9\hat{\sigma}^2}{46\ 42},\ \text{अत}\ \ \hat{\sigma}^2=21\ 50$$

χ^2 परीक्षण में $\hat{\sigma}$ से σ^2 तक का अनुपात समन्वित है। इस तथ्य से पाठकों को पहले ही सूझ गया होगा कि जब $n=9$ और जब $\chi^2=14\ 684$ (χ^2 का मान ऊपरी 0 10 बिन्दु पर) तो परिणामतः 0 10 की प्रायिकता $\hat{\sigma}^2$ और σ^2 के लिए $14\ 684-9=1\ 632$ अनुपात प्रदान करती हुई मानों के किसी भी युग्म की ओर संकेत कर सकती है। जब कभी $\frac{\hat{\sigma}^2}{\sigma^2}=1\ 632$ तो $\hat{\sigma}^2$ का मान ऊपरी 0 10 बिन्दु पर होगा। संकेत चिह्नों में[1],

$$\frac{\chi^2}{n}=\frac{\hat{\sigma}^2}{\sigma^2},$$

1 अनुपात $\frac{\hat{\sigma}}{\sigma}=\frac{\chi}{n}$, F का विशेष प्रसंग है (देखिए पृष्ठ 645) जब $n_2=\infty$.

और इस सम्बन्ध से परिशिष्ट ट की सारणी तैयार की गई थी। यह सारणी केवल $\hat{\sigma}^2$ को σ^2 से विभाजित करके $\hat{\sigma}^2$ की प्रतिदर्शी सीमाओं का परिकलन करने के योग्य बनाती है, इस प्रकार χ^2 का परिकलन अनावश्यक हो जाता है। पूर्ववर्ती उदाहरण के लिए, जहाँ $\hat{\sigma}^2=17.11$ और $\sigma^2=46\ 42$ वहाँ अनुपात 0 3686 है। इस अनुपात को परिशिष्ट ट में $n=9$ के लिए देखने पर लगभग 0 05 की प्रायिकता (निम्नतर बिन्दु) प्राप्त होती है जो ठीक वही है जो पहले प्राप्त हुई थी।

σ^2 की विश्वास्यता सीमाएँ—हम σ^2 की विश्वास्यता सीमाएँ प्राप्त करने के लिए χ^2 का भी प्रयोग कर सकते हैं। कठोर ताँबे के तार के आँकड़ों के लिए $\hat{\sigma}^2=75\ 73$ और $N=10$ σ^2 की 90 प्रतिशत विश्वास्यता सीमाएँ क्या हैं? इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए, हम परिशिष्ट ज से $n=9$ के लिए दो काईवर्ग मानों का प्रयोग करते हैं एक तो उच्च 0 05 बिन्दु पर तथा एक निम्न 0 05 बिन्दु पर (परिशिष्ट ञ में 0 95 बिन्दु)। ये χ^2 मान हैं 16 919 और 3 325 और हम σ^2 के लिए $\chi^2=\frac{n\hat{\sigma}^2}{\sigma^2}$ को हल करते हैं

$$16\ 919=\frac{(9)(75\ 73)}{\sigma_1^2},$$

$$16\ 919\sigma_1^2=681\ 57,$$

$$\sigma_1^2=40\ 28,$$

और

$$3\ 325=\frac{(9)(75\ 73)}{\sigma_2^2},$$

$$3\ 325\sigma_2^2=681\ 57,$$

$$\sigma_2^2=205\ 0$$

σ^2 की 90 प्रतिशत विश्वास्यता सीमाएँ 40 28 और 205 0 है। पूर्ववत् यदि हम प्रसामान्य समष्टि के यादृच्छिक प्रतिदर्शों से इस प्रकार की अनेक 90 प्रतिशत सीमाओं का परिकलन करें तो हमारे कथनों में समय के 90 प्रतिशत में समष्टि मान सम्मिलित होगा और समय के 10 प्रतिशत में इसे सम्मिलित करने में हम असफल रहेंगे। रौजर पी० डोयल ने *प्रसामान्य समष्टि से श्यूहार्ट के 1,000 प्रतिदर्शों में स प्रत्येक के लिए* σ^2 की 90 प्रतिशत विश्वास्यता सीमाओं[2] का परिकलन किया। 904 उदाहरणों में उसकी सीमाओं में σ^2 सम्मिलित था, लेकिन 96 प्रतिदर्शों म ऐसा नहीं था।

हम χ^2 व्यंजक को नया रूप दे सकते हैं

$$\chi^2=\frac{n\hat{\sigma}^2}{\sigma^2}$$

जो इस प्रकार पढ़ा जाए

$$\frac{\sigma^2}{\hat{\sigma}^2}=\frac{n}{\chi^2}$$

2. अप्रकाशित सामग्री से।

ताकि हम एक ऐसी सारणी बनाने में समर्थ हो सकें जिससे σ^2 की विश्वास्यता सीमाएँ प्राप्त की जा सकें। इस प्रकार की सारणी परिशिष्ट ठ के रूप में दी गई है। σ^2 की 90 प्रतिशत विश्वास्यता सीमाएँ प्राप्त करने के लिए इसका प्रयोग करते हुए, जब $n=9$, जिसे γ^2 का प्रयोग करके अभी प्राप्त किया गया था, हम परिकलन करेंगे

$$\sigma_1^2 = 0.5319\hat{\sigma}^2 = (0.5319)(75.73) = 40.28,$$

और

$$\sigma_2^2 = 2.707\hat{\sigma}^2 = (2.707)(75.73) = 205.0$$

दो प्रतिदर्श प्रसरणों के मध्य अन्तर की सार्थकता— अध्याय 24 में हमने निम्न प्रथम चर्वणदंतों (दाढों) के दो समुच्चय की माध्य लम्बाइयों के मध्य अन्तर की सार्थकता पर विचार किया था जिनके $N_1=16$, $s_1=0.72$, $N_2=9$, और $s_2=0.62$ थे। हमने पहले ही पाया था कि $\bar{X}_1$ और $\bar{X}_2$ के मध्य कोई सार्थक अन्तर नहीं था। 0.05 स्तर को अपनी कसौटी के रूप में प्रयोग करते हुए, आइए, हम इस परिकल्पना का परीक्षण करें कि σ^2 के सम्बन्ध में दो प्रतिदर्श एक ही समष्टि में से थे।

चार्ट 26.1 $n_1=1, n_2=5$, $n_1=2, n_2=5$, और $n_1=5, n_2=4$ के लिए F का बटन। क्षैतिज तथा ऊर्ध्वाधर पैमाने ∞ तक जाते हैं। F बटन की कोटियां निम्न व्यजक से प्राप्त हुई हैं

$$Y_c = \frac{F^{\frac{n_1-2}{2}} \left(\frac{n_1+n_2-2}{2}\right)! \,(n_1)^{\frac{n_1}{2}}(n_2)^{\frac{n_2}{2}}}{(n_1F+n_2)^{\frac{n_1+n_2}{2}}\left(\frac{n_1-2}{2}\right)!\left(\frac{n_2-2}{2}\right)!}.$$

जब $\hat{\sigma}_1^2$ और $\hat{\sigma}_2^2$ एक ही प्रसामान्य समष्टि से σ^2 के स्वतन्त्र आकलन है तो इनका अनुपात $\frac{\hat{\sigma}_1^2}{\hat{\sigma}_2^2}$, $n_1 = N_1$, और $n_2 = N_2 - 1$ स्वातंत्र्य-अंशों के साथ F बटन के अनुसार विभाजित है। यदि $\hat{\sigma}_1^2 = \hat{\sigma}_2^2$ तो F का मान 1 0 होगा। F के मान 0 से 0 999...तक विचरण करते है, जब $\hat{\sigma}_1^2 < \hat{\sigma}_2^2$, और 1.000.. 1 से ∞ तक जब $\hat{\sigma}_1^2 > \hat{\sigma}_2^2$. F बटन "विपरीत-J" आकार का है, जब $n_1 = 1$, अथवा $n_1 = 2$, और दाहिनी ओर को तिरछा है, जब $n_1 \geqq 3$ कतिपय F बटन चार्ट 26 1 मे दिखाए गए हैं।

निम्न प्रथम चर्वणदतो के आंकडो के लिए अध्याय 24 म, हमने देखा $\Sigma x_1^2 = 8\ 29$ तथा $\Sigma x_2^2 = 3\ 46$. परिणामत,

$$\hat{\sigma}_1^2 = \frac{\Sigma x_1^2}{N_1 - 1} = \frac{8\ 29}{16-1} = 0\ 553,$$

$$\hat{\sigma}_2^2 = \frac{\Sigma x_2^2}{N_2 - 1} = \frac{3.46}{9-1} = 0\ 432,$$

और

$$F = \frac{0\ 553}{0\ 432} = 1\ 28,$$

$n_1 = 15$ और $n_2 = 8$ के साथ। n_1 और n_2 के चुने हुए मानो और बटन के दाहिने सिरे मे 0 10, 0 05, 0 025, 0 01, और 0 001 की प्रायिकताओ के लिए F के मान परिशिष्ट ड मे दिए गए हैं। उस परिशिष्ट के सदर्भ से हम पाते हैं कि $n_1 - 15$ दिया नही गया है, लेकिन $n_1 = 12$ और $n_1 = 24$ दिए हैं, और ऐसे ही $n_2 = 8$ है। $n_1 = 15$ के लिए अन्तर्वेशन करना आवश्यक नही है, क्योकि $F \geqq 1\ 28$ की प्रायिकता 0 10 से बढ जाती है, चाहे हम $n_1 - 12$ और $n_2 = 8$ पर विचार करे, अथवा $n_1 = 24$ और $n_2 = 8$ पर। $\hat{\sigma}_1^2$ का प्रेक्षित मान $\hat{\sigma}_2^2$ के प्रेक्षित मान से सार्थक रूप मे नही बढता। परन्तु विपरीत दिशा मे अन्तरो का क्या करण है ?

यदि $\hat{\sigma}_1^2$, $N_1 = 16$ के साथ 0 432 होता और $\hat{\sigma}_2^2$, $N_2 = 9$ के साथ 0 553 होता तो $n_1 = 15$ तथा $n_2 = 8$ के साथ हमारे पास रहता $F = \frac{\hat{\sigma}_1^2}{\hat{\sigma}_2^2} = \frac{0\ 432}{0\ 553} = 0\ 781$ अब, परिशिष्ट ड की सारणी F के 1 0 से छोटे किसी भी मान को सम्मिलित नही करती। जब F का मान एक से कम हो, हम उस F मान या कम की प्रायिकता[3] को $\frac{1}{F}$ के परिकलन के द्वारा प्राप्त कर सकते है जो 1 0 से बढ जाएगी, और स्वतन्त्रता की मात्राओ को विपरीत दिशा मे मोड देगी। अर्थात्, $n_1 = 8$ तथा $n_2 = 15$ के साथ हम देखेंगे

$$F = \frac{1}{0\ 781} = 1\ 28$$

---

3 इस पुस्तक के लेखको द्वारा एक संक्षिप्त सारणी तैयार की गई थी जो दोनो उच्च तथा निम्न बिन्दुओ को दिखाती है। वह एफ० ई० क्रॉक्स्टन के ग्रन्थ *ऐलीमेंट्री स्टैटिस्टिक्स विद ऐप्लीकेशन्स इन मैडिसिन, एन्ड दि बायलॉजिकल साइन्सिस*, डावर प्रकाशन, इका०, न्यूयार्क, 1959 पृष्ठ 334 – 335 पर मिल सकती है।

यह करते हुए, हम पाते है कि $F \geqq 1.28$ की प्रायिकता, जब $n_1=8$ और $n_2=15$ है, 0.10 से अधिक, इसलिए, $F \leqq 0.781$ के मान के लिए, $n_1=15$ और $n_2=8$ के साथ भी प्रायिकता 0.10 से अधिक होगी।

$\hat{\sigma}^2$ **के कतिपय मानो की तुलना**—कभी-कभी यह जानना महत्त्वपूर्ण होता है कि $\hat{\sigma}^2$ के कतिपय मानो के मध्य एकरूपता रहती है अथवा नही। एक पैन्सिल बनाने वाली कम्पनी ने अपनी तथा अन्य पाँच प्रतियोगी कम्पनियो के द्वारा बनाई हुई पैन्सिलो के सिक्कों की शक्ति का परीक्षण किया। परीक्षण मे 1, 2, 2.5, 3 और 4 मे से प्रत्येक कठोरता की पाँच-पाँच पैन्सिले हर कम्पनी की सम्मिलित की गई। प्रत्येक पैन्सिल का चार बार परीक्षण किया गया।

एक कम्पनी द्वारा बनाई हुई 2 नम्बर की पाँच पेन्सिलो के लिए, जिसे हम "कम्पनी D" कहेंगे परीक्षण[4] दिखाता है $\hat{\sigma}_1^2=0.01316$ $\hat{\sigma}_2^2=0.05667$, $\hat{\sigma}_3^2=0.02787$, $\hat{\sigma}_4^2=0.01930$, $\hat{\sigma}_5^2=0.01529$, $N_1=N_2=N_3=N_4=N_5=4$ इन प्रसरणो की तुलना करने का एक ढग $\hat{\sigma}_1^2$ तथा $\hat{\sigma}_2^2$ के लिए $\hat{\sigma}_1^2$ और $\hat{\sigma}_3^2$ के लिए और इसी प्रकार से आगे भी F का परिकलन करना होगा। तुरन्त अन्य प्रविधि $\hat{\sigma}_2$ सभी मानो की L माप के माध्यम द्वारा तुलना करने की होगी जिसका उल्लेख कभी-कभी प्रायिकता की कसौटी के रूप मे किया जाता है।

$$L=\frac{\sqrt[k]{\hat{\sigma}_1^2 \times \hat{\sigma}_2^2 \times \ldots \times \hat{\sigma}_k^2}}{\frac{1}{k}\left(\hat{\sigma}_1^2+\hat{\sigma}_2^2+\ldots+\hat{\sigma}_k^2\right)}$$

यदि $N_1=N_2=\ldots=N_k$। यदि प्रतिदर्शो मे मदो की बदलती सख्याएँ सम्मिलित हो,

$$L=\frac{\sqrt[n]{(\hat{\sigma}_1^2)^{n_1}\times(\hat{\sigma}_2^2)^{n_2}\times\ldots(\hat{\sigma}_k^2)^{n_k}}}{\frac{1}{n}\left(n_1\hat{\sigma}_1^2+n_2\hat{\sigma}_2^2+\ldots+n_k\hat{\sigma}_k^2\right)},$$

जहाँ $n=n_1+n_2+\ldots+n_k$। अश सब $\hat{\sigma}^2$, का गुणोत्तर माध्य है जब कि हर सब $\hat{\sigma}^2$, का समातर माध्य है। हम पहले ही जानते है (अध्याय 9) कि मानो की एक श्रेणी का गुणोत्तर माध्य, जो सब एकसमान नही है, उन्ही मानो के समातर माध्य की अपेक्षा कम है। साथ ही, जितने अधिक विभिन्न मान होगे, G और $\bar{X}$ के मध्य उसी मात्रा मे अन्तर अधिक होगा। अब, यदि $\hat{\sigma}_1^2=\hat{\sigma}_2^2=\ldots=\hat{\sigma}_k^2$, तो अधिकतम एकरूपता की अवस्था प्राप्त होगी और L का मान 1.0 होगा। यदि सब $\hat{\sigma}^2$ के मध्य कोई अन्तर है, तो L का मान 1.0 से कम होगा और निम्न सीमा पर 0 को स्पर्श करेगा। $L=0$ एकरूपता के अधिकतम अभाव की स्थिति का प्रतिनिधित्व करती है और एक सैद्धान्तिक सीमा है जो वास्तविक व्यवहार मे प्राप्त नही होगी।

---

4 परीक्षण आंकड़े सारणी 26.3 मे दिए गए हैं।

D कम्पनी द्वारा बनाई हुई 2 नम्बर की पाँच पेंन्सिलो के लिए L के परिकलन से हम प्राप्त करते है

$$L = \frac{\sqrt[5]{0\ 01316 \times 0\ 05667 \times 0\ 02787 \times 0\ 01930 \times 0\ 01529}}{\frac{1}{5}(0\ 01316 + 0\ 05667 + 0\ 02787 + 0\ 01930 + 0\ 01529)},$$

$$= \frac{0\ 02278}{0\ 02646} = 0\ 86$$

क्योंकि 0 86 1 0 से बहुत भिन्न नही है, यह प्रतीत होगा कि $\hat{\sigma}^2$ के पाँच मानो के मध्य एकरूपता विद्यमान है। तो भी हम जानना चाहते हैं कि क्या $L = 0\ 86$ सार्थक रूप से 1 0 से भिन्न है। परीक्षण के अन्तर्गत परिकल्पना है कि पांच प्रसरण σ^2 के सम्बन्ध म एक ही समष्टि से यादृच्छिक प्रतिदर्शो म से थे। प्रसामान्य समष्टि से लिए गए प्रतिदर्शों के लिए L का बटन J आकार का है, जैसा कि परिशिष्ट ढ के ऊपर छोटे चार्ट के द्वारा दिखाया गया है। यह परिशिष्ट N_s और k के विभिन्न मानो के लिए, 0 05 और 0 01 बिन्दुओ पर L के मान देता है, जहाँ N_s समान आकार के प्रतिदर्शों मे से किसी एक म मदो की सख्या का उल्लेख करता है। हमारे प्रमेय के लिए, $N_s = 4$ और $k = 5$, और परिशिष्ट ढ से यह प्रकट होता है कि 0 05 बिन्दु पर $L = 0\ 491$ है जब कि 0 01 बिन्दु पर $L = 0\ 370$ है। यह स्पष्ट है कि $L = 0\ 86$ का प्रेक्षित मान 1 0 से सार्थक रूप मे भिन्न नही है, परिकल्पना अविश्वसनीय नही है।

L के माना का परिकलन अन्य पाँच कम्पनियो मे से प्रत्येक द्वारा बनाई हुई 2 नम्बर की पैन्सिलो के प्रसरणो के लिए किया गया था। एक उदाहरण मे पूर्ववत्, $N_s = 4$ तथा $k = 5$ के साथ $L = 0\ 30$ है। L के लिए यह मान 0 01 बिन्दु से परे है और सार्थक रूप से 1 0 से भिन्न समझा जाएगा।

प्रसरण का विश्लेषण

अध्याय 24 म हमने दो माध्यो के बीच अन्तर की सार्थकता पर विचार किया था। प्रसरण के विश्लेपण की आगामी चर्चा दो अथवा अधिक माध्यों से सम्बन्ध रखती हैं। अपन सरलतम रूप म प्रसरण का विश्लेपण σ^2 के दो स्वतन्त्र आकलनो से सम्बन्धित होगा जिसकी पारस्परिक तुलना F के माध्यम से की जायेगी।

वर्गीकरण की एक कसौटी—सारणी 26 1 म तीन दूसरी जातियो के पक्षियो के घोसलो से प्राप्त यूरोपीय कोयल के अण्डो की लम्बाई के आँकड़े प्रस्तुत किए गए हैं। यूरोपीय कोयल अपने अण्डे दूसरे पक्षियो से सेवाती है तथा उनसे ही अपने बच्चे पलवाती है। हमारी रुचि यह जानने मे है कि क्या गौरैया, रॉबिन तथा फुदकनी चिड़ियो के घोसलो मे पाये कोयल के अण्डो की माध्य लम्बाई एक दूसरे से सार्थक रूप मे भिन्न है। हम प्रथम माध्य की द्वितीय से, प्रथम की तृतीय से और द्वितीय की तृतीय से तुलना नही करेंगे। हम तीनो माध्यो का विचार एक समूह म करेंगे। और उन तीनो माध्यो (समष्टि मे प्रसरण का एक आकलन) के आकलित प्रसरण की तुलना तीनो स्तम्भों (समष्टि मे सरण का द्वितीय आकलन) के भीतर आकलित प्रसरण के साथ करेंगे।

सारणी 26 1 के आँकड़ों का श्रेणी विभाजन एक निकष के अनुसार हुआ है: पक्षी की जातियां जिनके घोसलो मे कोयल के अण्डे पाये गए थे। इस प्रकार की सारणी के लिए विचरण के तीन स्रोत है।

1 *स्तम्भ माध्यों के बीच विचरण*—स्तम्भ माध्यों के बीच विचरण प्रत्येक स्तम्भ माध्य ($\bar{X}_1, \bar{X}_2, \bar{X}_3, \cdots$) और "महामाध्य" के बीच अन्तरो को लेकर, ($\bar{X}$, सभी मानो का समातर माध्य) प्रत्येक अन्तर का वर्ग बनाते हुए, प्रत्येक वर्गीकृत अन्तर को समुचित स्तम्भ ($N_1, N_2, N_3,$) मे मदो की सख्या से गुणा करते हुए, और योग करते हुए प्राप्त किया गया है। साकेतिक रूप से, यह है

$$N_1(\bar{X}_1-\bar{X})^2+N_2(\bar{X}_2-\bar{X})^2+N_3(\bar{X}_3-\bar{X})^2+\cdots$$

$\bar{X}_c$ का स्तम्भ माध्य के लिए, N_c का स्तम्भ मे मदो की सख्या के लिए और k_c का स्तम्भो की सख्या के लिए प्रयोग करते हुए, स्तम्भ माध्यो के बीच विचरण निम्न प्रकार लिखा जा सकता है :

$$\sum^{k_c}[N_c(\bar{X}_c-\bar{X})^2],$$

जहाँ $\sum_1^{k_c}$ बताता है कि k_c स्तम्भो के ऊपर सकलन करना है। जो व्यजक अभी दिया गया था वह k_c स्तम्भ माध्यो और महामाध्य के परिकलन को आवश्यक बताता है। जैसा कि परिशिष्ट ध, परिच्छेद 26 1 मे दिखाया गया है, यह आवश्यक नही है कि[5]

$$\sum_1^{k_c}[N_c(\bar{Y}_c-\bar{X})^2=\sum_1^{k_c}\left[\frac{\left(\sum_1^{N_c}X\right)^2}{N_c}\right]-\left(\frac{\Sigma X}{N}\right)^2,$$

जहाँ $\sum_1^{N_c}$ स्तम्भ मे N_c मदो के सकलन की ओर उल्लख करता है $N=N_1+N_2+N_3$

सारणी 26 1 के नीचे दिखाए गए परिकलनो से

$$\sum_1^{k_c}\left[\frac{\left(\sum_1^{N_c}X\right)^2}{N_c}\right]-\frac{(\Sigma X)^2}{N}=22{,}311\ 15-\frac{1{,}002{,}601\ 69}{45},$$

$$=22{,}311\ 15\quad 22{,}280\ 04,$$

$$=31\ 11$$

5. यदि $N_1=N_2=N_3=\cdot$ तो व्यजक

$$\sum_1^{k_c}\left[\frac{\left(\sum_1^{N_c}X\right)^2}{N_c}\right]$$

को इस प्रकार लिखा जा सकता है

$$\frac{\sum_1^{k_c}\left(\sum_1^{N_c}Y\right)^2}{N_c}$$

सारणी 26 1

मानो के परिकलन जो कि पक्षियो की तीन विभिन्न जातियों के घोसलो मे प्राप्त कोयल के अण्डों की लम्बाई के आँकडो के प्रसरण का विश्लेषण करने के लिए आवश्यक हैं

गौरैया		रॉबिन		फुदकनी चिड़िया	
X_1	X_1^2	X_2	X_2^2	X_3	X_3^2
22 0	484 00	21 8	475 24	19 8	392 04
23 9	571 21	23 0	529 00	22 1	488 41
20 9	436 81	23 3	542 89	21 5	462 25
23 8	566 44	22 4	501 76	20 9	436 81
25 0	625 00	22 4	501 76	22 0	484 00
24 0	576 00	23 0	529 00	21 0	441 00
21 7	470 89	23 0	529 00	22 3	497 29
23 8	566 44	23 0	529 00	21 0	441 00
22 8	519 84	23 9	571 21	20 3	412 09
23 1	533 61	22 3	497 29	20 9	436 81
23 1	533 61	22 0	484 00	22 0	484 00
23 5	552 25	22 6	510 76	20 0	400 00
23 0	529 00	22 0	484 00	20 8	432 64
23 0	529 00	22 1	488 41	21 2	449 44
		21 1	445 21	21 0	441 00
		23 0	529 00		
323 6	7,494 10	360 9	8 147 53	316 8	6,698 78

जाकड, ओस्वाल्ड एच० लैटर के दि एग आफ क्यूक्यूलस कैनोरस, *बायोमीट्रिका*, खण्ड 1, पृष्ठ 173 से।

$$N=45$$

$$\Sigma X=323\ 6+360\ 9+316\ 8=1\ 001\ 3$$

$$(\Sigma X)^2=(1\ 001\ 3)^2=1{,}002\ 601\ 69$$

$$\Sigma Y^2=7\ 494\ 10+8{,}147\ 53+6{,}698\ 78=22{,}340\ 41$$

$$\sum_1^k\left[\frac{\left(\begin{matrix}N_c\\ \Sigma X\\ 1\end{matrix}\right)^3}{N_c}\right]=\frac{(323\ 6)^2}{14}+\frac{(360\ 9)^2}{16}+\frac{(316\ 8)^2}{15}=22\ 311\ 1495$$

2 *स्तम्भों के भीतर विचरण*—स्तम्भो के भीतर विचरण स्तम्भ माध्या से स्तम्भों मे मानों का विचरण है। यह एक स्तम्भ और स्तम्भ माध्य मे प्रत्येक मद के बीच अन्तर लेकर अन्तरो का वर्ग बनाकर स्तम्भ के लिए वर्ग अन्तरों का योग करके दूसरे स्तम्भो के लिए भी यही प्रक्रिया दोहरा कर और सभी स्तम्भा के योगो को जोड कर प्राप्त किया गया है। सांकेतिक रूप से स्तम्भा के भीतर विचरण है

$$\sum_{1}^{k}\left[\sum_{1}^{N_c}(X-\bar{X})\right]$$

इस व्यजक मे k स्तम्भ माध्या का परिकलन और N अन्तरो का निर्धारण सम्मिलित है। ये क्रियाएं अनावश्यक हैं क्योंकि परिशिष्ट अ परिच्छेद 26 2 को दिखाता है कि

$$\sum_{1}^{k}\left[\sum_{1}^{N}(X-\bar{X})^2\right] \quad \Sigma X - \sum_{1}^{k_c}\left[\frac{\left(\sum_{1}^{N} X\right)}{N}\right]$$

और फिर से सारणी 26 1 के नीचे परिकलनो का उल्लेख करते हुए हम पाते है

$$\Sigma X - \sum_{1}^{k}\left[\frac{\left(\sum_{1}^{N} X\right)^2}{N_c}\right] = 22\ 340\ 41 - 22\ 311\ 15$$

$$-29\ 26$$

3 *कुल विचरण*—कुल विचरण महामाध्य से सभी मानो के वर्गीकत विचलनो का योग है। यह Ns^2 जैसा ही है जहा s प्रामाणिक विचलन है जिसकी व्याख्या अध्याय 10 म की गई थी। सांकेतिक रूप से कुल विचरण है

$$\sum_{1}^{N}(X-\bar{X})$$

यह आवश्यक नहीं है कि इस व्यजक म उल्लिखित N विचलन प्राप्त किये जाए क्योकि परिशिष्ट अ परिच्छेद 10 2 मे दिखाई गई प्रविधि क समान प्रविधि से यह दिखाया जा सकता है कि

$$\sum_{1}^{N}(X-\bar{X})^2 \quad \Sigma X^2 - \frac{(\Sigma X)^2}{N}$$

कोयन के अण्डो के आँकडो के लिए

$$\Sigma X^2 - \frac{(\Sigma X)^2}{N} = 22\ 340\ 41 - \frac{1\ 002\ 601\ 69}{45}$$

$$-22\ 340\ 41 - 22\ 280\ 04 = 60\ 37$$

ध्यान दीजिये हमारे द्वारा प्राप्त प्रथम दो मानों का योग तृतीय मान के बराबर है। अर्थात स्तम्भ माध्यों के बीच विचरण + स्तम्भा के भीतर विचरण कुल विचरण। यह इस प्रकार क सभी प्रमेयो के लिए सत्य है क्योंकि

$$\left\{\sum_{1}^{kc}\left[\frac{\left(\sum\limits_{1}^{k_c} X\right)^2}{N_c}\right]-\frac{(\Sigma X)^2}{N}\right\}+\left\{\Sigma X^2-\sum_{1}^{k_c}\left[\frac{\left(\sum\limits_{1}^{N_c} X\right)}{N_c}\right]\right\}=\Sigma X^2-\frac{(\Sigma X)^2}{N}.$$

जैसाकि बाद मे देखा जाएगा कुल विचरण के लिए सख्यात्मक मान का कोई उपयोग नही किया जाएगा। तथापि, अन्य मानो के ऊपर रोक के रूप मे इसका परिकलन करना अच्छा है।

आकलित प्रसरण—यह निश्चित करने के लिये कि क्या सयोगवश प्राप्त गणना की अपेक्षा स्तम्भ माध्य अधिक भिन्न हैं, हमारा उद्देश्य स्तम्भ माध्यो के बीच आकलित प्रसरण का स्तम्भो के भीतर आकलित प्रसरण से तुलना करना है। स्तम्भो के भीतर आकलित प्रसरण हमारी सयोग प्रसरण की कसौटी है, क्योकि स्तम्भो म मदो का विचलन $\bar{X}_1, \bar{X}_2, \bar{X}_3$ के माध्य अन्तरो द्वारा प्रभावित नही होता। विचलन को स्वतन्त्रता के अशो की उपयुक्त सख्या के द्वारा विभाजित करके विचलन से आकलित प्रसरण प्राप्त किया गया है। हमारे प्रमेय के लिए, स्तम्भ माध्यो के बीच आकलित प्रसरण का $n=2$ है, क्योकि तीन स्तम्भ माध्यो के विचलन X से लिये गये थे। स्तम्भो मे आकलित प्रसरण के लिए, $n=N_1-1+N_2-1+N_3-1=14-1+16-1+15-1=42$, क्योकि प्रत्येक स्तम्भ मे विचलन स्तम्भ माध्य से लिए गए थे।

आकलित प्रसरणो का परिकलन सारणी 26 2 म दिखाया गया है और उनसे हम पाते हैं

$$F=\frac{15\ 56}{0\ 6967}=22\ 3,$$

$n_1=2$ और $n_2=42$ के साथ। परिशिष्ट ड की F सारणी मे $n_2=42$ के लिए पक्ति नही है तथापि यह स्पष्ट है कि $F\geq 22\ 3$ की प्राप्ति की प्रायिकता 0 001 की अपेक्षा बहुत कम है और हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि पक्षियो की तीन विभिन्न जातियो के घोसलो मे प्राप्त अण्डो की माध्य लम्बाई के बीच वास्तविक अन्तर है। यह रुचिकर है कि बाद मे साख्यिकी-रहित खोज मे पता चला कि यूरोपीय कोयल *आतिथेय विशिष्टता*[6] प्रकट करती है, *जिसका अर्थ है जाति के अन्तर्गत एक ही क्षेत्र मे "विभिन्न जातियाँ, अथवा जनन समूह* विद्यमान हैं, प्रत्येक एक भिन्न आतिथेय जाति से सम्बन्धित है और प्रत्येक उसी जाति की कम से कम किसी एक विशेषता मे अपने को निपुण कर लेती है।"

परिकल्पना, जिसका हमने परीक्षण किया, यह थी कि स्तम्भ माध्यो के बीच आकलित प्रसरण और स्तम्भो के भीतर आकलित प्रसरण σ^2 के सम्बन्ध मे एक ही समष्टि से थे। परिकल्पना अविश्वसनीय थी। यदि एक प्रसामान्य एकरूप समष्टि से प्रतिदर्श लिया जाता है तब हम अपेक्षा कर सकते हैं कि दो आकलित प्रसरण जिनका अभी उल्लेख हुआ है और $\hat{\sigma}^2$ (कुल विचरण पर आधारित आकलन) $\hat{\sigma}^2$ के उतने ही अच्छे आकलन हैं। परन्तु यदि भिन्नरूपता उपस्थित है, जैसाकि हमारे उदाहरण मे था, तो $\hat{\sigma}^2$ और स्तम्भ माध्यो क

6. ऐल्डन एच० मिलर "सोशल पैरासाइट्स अमग बर्ड्स," द्वारा लिखित दि *साइटिफिक मथली* खण्ड LXII, पृष्ठ 243, देख।

बीच आकलित प्रसरण दोनो उस भिन्नरूपता से प्रभावित होगे। स्तम्भो के अन्दर आकलित प्रसरण प्रभावित नही होता है और इसलिए यह हमारे सयोग प्रसरण का माप सिद्ध हुआ।

कोयल के अण्डो की लम्बाई के आँकडो के F परीक्षण मे ऐसी स्थिति थी जिसमे $n_1=2$ और $n_2=42$। यदि सारणी 26 1 मे हमारे पास तीन स्तम्भो की अपेक्षा प्रेक्षित आँकडो के दो स्तम्भ होते तो n_1 1 होता और हमारी समस्या $\bar{X}_1$ और $\bar{X}_2$ के बीच अन्तर की सार्थकता का परीक्षण करना होती जिस पर अध्याय 24 मे विचार किया गया था। वास्तव मे, जब कभी भी आकलित प्रसरण का F परीक्षण मे $n_1=1$ है, तो t परीक्षण एक विकल्प होता है जो समान प्रायिकता प्रदान करता है। यदि हम परिशिष्ट झ और ड पर दृष्टिपात करें तो यह स्पष्ट हो जाएगा। इनमे यह देखा जा सकता है कि, किसी भी प्रदत्त प्रायिकता के लिए, t^2 का मान F के मान के समान है जब t के लिए n बराबर है F के लिए n_2 के और जब F के लिए $n_1=1$ एक उदाहरण, जहाँ F के स्थान पर t : परीक्षण का प्रयोग हो सकता था, सारणी 26 6 म प्रदर्शित स्तम्भ माध्यो के बीच आकलित प्रसरण के परीक्षण मे घटित होता है।

सारणी 26 2

कोयल के अण्डों की लम्बाई के आँकडो के प्रसरण के विश्लेषण के परिकलनो का सार

विचरण का स्रोत	विचरण की मात्रा	स्वातत्र्य कोटियाँ	आकलित प्रसरण
स्तम्भ माध्यो के मध्य	31 11	2	15 56
स्तम्भो के अन्तर्गत	29 26	42	0 6967
योग.. ...	*60 37*	*44*	

वर्गीकरण के दो निकष, प्रत्येक बक्स मे एक प्रविष्टि—सारणी 26 1 के आँकडो मे श्रेणीकरण का केवल एक निकष विद्यमान है, घोसले का प्रकार जिसम कोयल के अण्डे पाये गए। सारणी 26 3 मे वर्गीकरण के दो निकष है (1) विभिन्न पेन्सिले, जिनमे से वहाँ पाँच थी, और (2) पेन्सिल का स्थल जहाँ परीक्षण किया गया था, प्रत्येक पेन्सिल के चार स्थलो पर परीक्षण किया गया था। प्रत्येक पेन्सिल तेज की गई और परीक्षण किया गया, फिर दुबारा तेज करके परीक्षण किया गया, और फिर यही प्रक्रिया दुहराई गई। यह सभव है कि स्थल के परिवर्तन को सिक्के की शक्ति की उत्तरोत्तर वृद्धि अथवा कमी से सम्बद्ध किया जा सके।

सारणी 26 3 मे $5 \times 4 = 20$ बक्सो[7] अथवा प्रेक्षित आँकडो की कोशिकाएँ है, जिनमे से प्रत्येक मे केवल एक प्रविष्टि है। हम बाद म देखेंगे कि यह वाछित होगा कि बक्स मे एक स अधिक प्रविष्टि हो, यदि यह सम्भव हो। तो भी, कुछ ऐसी स्थितियाँ हैं, जैसी कि वर्तमान, जिनमे केवल एक ही प्रविष्टि सम्भव है। हम अधिक पेन्सिलें सम्मिलित कर सकते थे अथवा प्रत्येक पेंसिल का अधिक स्थलो पर परीक्षण कर सकते थे, परन्तु हम एक पेन्सिल पर प्रदत्त स्थल पर एक से अधिक परीक्षण नही कर सकते।

---

7 इस पाठ मे 'बक्स' शब्द प्रयुक्त किया गया है, क्योकि स्तम्भ का माध्य दिखाने के लिए हमने पहले ही $\bar{X}_c$ का प्रयोग किया है और बाद मे $\bar{X}_b$ का प्रयोग बक्स का माध्य दिखाने के लिए करेंगे।

सारणी 26 3 के आँकड़ों के लिए हम पहले के समान स्तम्भ माध्यों के बीच विचरण और कुल विचरण लेते है। तो भी स्तम्भो मे कोई विचरण नही है किन्तु इसके स्थान पर, पंक्ति माध्यो के बीच विचरण है और अवशिष्ट विचरण है जो (1) कुल विचरण और (2) स्तम्भ माध्यो के बीच विचरण पंक्ति माध्यो के बीच विचरण, के बीच अन्तर, का प्रतिनिधित्व करता है। प्रथम हम इनमे से प्रत्येक विचरण का परिकलन करेंगे।

कुल विचरण—व्यजक वही है जो पहले प्रयुक्त किया था, और 26 3 के आँकड़ो के लिये, हमारे पास है

$$\Sigma X^2 - \frac{(\Sigma X)^2}{N} = 62\ 3517 - \frac{1{,}236\ 9289}{20} = 0\ 505255.$$

सारणी 26.3

मानो का परिकलन जोकि "D कम्पनी" द्वारा बनाई हुई पेन्सिल नम्बर 2 के सिक्के की शक्ति के आँकड़ो के प्रसरण का विश्लेषण करने के लिए आवश्यक है

क प्रक्षित आँकड, किलोग्रामो और योगो मे

पेन्सिल पर परीक्षण का स्थल	पेन्सिल 1 X_1	पेन्सिल 2 X_2	पेन्सिल 3 X_3	पेन्सिल 4 X_4	पेन्सिल 5 X_5	$\sum_1^{N_r} X$	$\left(\sum_1^{N_r} X\right)^2$
I	1.82	1 70	1 70	1 82	1 92	8 96	80 2816
II	1 56	1 36	1 68	1 98	1 86	8 44	71.2336
III	1 78	1 54	2 02	1 82	1 64	8.80	77 4400
IV	1 74	1 92	1 92	1 64	1 75	8 97	80 4609
$\sum_1^{N_r} X$	6 90	6 52	7 32	7 26	7 17	35 17 ΣX	309 4161 $\sum_1^{k_r}\left(\sum_1^{N_r} X\right)^2$

आकड ईगल पेन्सिल क क लिए किए गए विभिन्न प्रकार की पेन्सिलो के परीक्षणों से।

ख प्रेक्षित आँकड़ो के वर्ग और योग

पेन्सिल पर परीक्षण का स्थल	X_1^2	X_2^2	X_3^2	X_4^2	X_5^2	योग
I	3 3124	2 8900	2 8900	3 3124	3 6864	16 0912
II	2 4336	1 8496	2 8224	3 9204	3.4596	14 4856
III	3 1684	2 3716	4 0804	3 3124	2 6896	15 6224
IV	3 0276	3 6864	3 6864	2 6896	3 0625	16 1525
योग	11 9420	10 7976	13 4792	13 2348	12 8981	62 3517 $=\Sigma X^2$

$N_c = 4,\ N_r = 5,\ N = 20.$

$(\Sigma X)^2 = (35\ 17)^2 = 1{,}236.9289$

$$\sum_1^{k_c}\left(\sum_1^{N_c} X\right)^2 = (6\ 90)^2 + (6\ 52)^2 + (7\ 32)^2 + (7.26)^2 + (7\ 17)^2 = 247\ 8193$$

स्तम्भ माध्यों के बीच विचरण पूर्व प्रयुक्त व्यजक के प्रयोग द्वारा भी प्राप्त किया जा सकता है, लेकिन जैसा कि पाद-टिप्पणी 5 मे सकेत किया गया है, जब स्तम्भो मे मदो की सख्या समान हो तो यह तनिक सरल किया जा सकता है। पेसिल आँकडो के लिए,

$$\frac{\sum_{1}^{k_c}\left(\sum_{1}^{N_c} Y\right)^2}{N_c} - \frac{(\Sigma X)^2}{N} = \frac{247\ 8193}{4} - \frac{1,236\ 9289}{20} = 0.108380$$

पक्ति माध्यों के बीच विचरण—यह सकल्पना अभी दी गई सकल्पना के ठीक समानान्तर है। निम्न सकेतो का प्रयोग करते हुए,

$\bar{Y}_r$, पक्ति का माध्य,

N_r, पक्ति मे मदो की सख्या,

k_r, पक्तियों की सख्या,

$\sum_{1}^{N_r}$ एक पक्ति मे N_r मदो के ऊपर योग, और

$\sum_{1}^{k_r}$, k_r पक्तियो के ऊपर योग,

और यह याद रखते हुए कि पक्तियों म मदों की सख्या समान है, हमारे पास है

$$\frac{\sum_{1}^{k_r}\left(\sum_{1}^{N_r} Y\right)^2}{N_r} - \frac{(\Sigma X)^2}{N} = \frac{309\ 961}{5} - \frac{1,236\ 4289}{20} = 0\ 036775$$

अवशिष्ट विचरण—स्तम्भ माध्यो के बीच विचरण तथा पक्ति माध्यो क बीच विचरण का योग कुल विचरण से कम है। यह अन्तर, जो

$$(0\ 505255) - (0\ 108380 + 0\ 036775) = 0\ 360100$$

है, जिसे प्राय "अवशिष्ट विचरण" कहा जाता है, क्योंकि इसका प्रायः आकलन अवशिष्ट के रूप मे किया जाता है। इस मान का परिकलन सीधे निम्न व्यजक द्वारा करना सम्भव है

$$\Sigma(X + \bar{Y} - \bar{X}_r - \bar{X}_c)^2$$

सारणी 26 3 के आँकडों के लिए, यह समय-साध्य परिकलन 0 360100 देता है, ठीक वही मान जो अवशिष्ट के रूप म प्राप्त हुआ था।

आकलित प्रसरण—सारणी 26 4 पूर्वगामी परिणामो का सार है और स्वतन्त्रता की कोटियो की सख्या तथा आकलित प्रसरणों को भी प्रदर्शित करती है। क्योंकि पाँच स्तम्भ माध्य हैं, जिनके विचरण का परिकलन X के चारो ओर किया गया था, अत स्तम्भ माध्यो के बीच विचरण मे चार स्वातन्त्र्य कोटियाँ है। पक्ति माध्यो के बीच विचरण क चार माध्य है, जिनका विचरण X के सम्बन्ध म था, अत. पक्ति माध्या के बीच विचरण की तीन स्वातन्त्र्य कोटिया है। क्योंकि कुल विचरण मे

सारणी 26 4

पेन्सिलो के सिक्के की शक्ति के आँकडो के प्रसरण का विश्लेषण करने के लिये परिकलनो का सार

विचरण का स्रोत	विचरण की मात्रा	स्वातन्त्र्य कोटियाँ	आकलित प्रसरण
स्तम्भ माध्यो के मध्य . .	0 108380	4	0 027095
पंक्ति माध्यो के मध्य	0 036775	3	0 012258
अवशिष्ट	0 360100	12	0 030008
योग .. .	0 505255	19	...

$N-1=20-1=19$ स्वातन्त्र्य कोटियाँ है, अतः अवशिष्ट विचरण मे $19-(4+3)=12$ स्वातन्त्र्य कोटियाँ है ।

सारणी 26 4 के आकलित प्रसरणो से, अब हम दो F परीक्षण कर सकते है, जिनमे से एक स्तम्भ माध्यो के लिए

$$F=\frac{0\ 027095}{0\ 030008}=0\ 903,\ n_1=4,\ n_2=12,$$

और दूसरा पंक्ति माध्यो के लिए

$$F=\frac{0\ 012258}{0\ 030008}=0\ 408,\ n_1=3,\ n_2=12$$

क्योंकि इनमे से कोई भी F मान 1 0 से अधिक नही बढता, अत यह स्पष्ट है कि न तो स्तम्भ माध्यो के बीच आकलित प्रसरण (अर्थात् पेन्सिलो के बीच) और न पंक्ति माध्यो के बीच आकलित प्रसरण (अर्थात् स्थलो के बीच) हमारे संयोग प्रसरण के आकलन से नही बढता। इसलिए कोई भी सार्थकता परीक्षण आवश्यक नही है ।[8] यदि पाठक की यह जानने मे रुचि हो कि क्या दोनो मे से कोई F का मान 1 0 से सार्थक रूप मे कम है तो उसे पूर्व निर्देशित रीति से कार्य करना चाहिए : अर्थात् $\frac{1}{F}$ का परिकलन करें और यह मान परिशिष्ट ड म विपरीत स्वातन्त्र्य कोटियो के साथ देखें। वह पायेगा कि F का कोई भी मान 1 0 से सार्थक रूप मे कम नही है ।

ऊपर परिकलित F के दोनो मानो के लिए हर आकलित अवशिष्ट प्रसरण था; वह संयोग प्रसरण का हमारा माप था, क्योंकि यह विचरण के चार स्रोतो मे से केवल एक था जो भिन्नरूपता से प्रभावित नही होगा । इस तथ्य से कि सारणी 26 3 मे एक बक्स मे केवल एक प्रविष्टि है यह असभव हो जाता है कि जब एक बक्स मे एक से अधिक प्रविष्टि हो तो विद्यमान और अलग किए जा सकने वाले दो तत्त्वो का मूल्याकन किया जाए । ये

8 यदि हम पेन्सिलो पर उन स्थलो की उपेक्षा करें जहाँ परीक्षण किये गये थे तो सारणी 26 3 के आँकडे वर्गीकरण के एक निकष के साथ एक समस्या होंगे । इस आधार पर भी स्तम्भ माध्यो के बीच प्रसरण (अर्थात् पेन्सिलो के बीच) सार्थक नही है । मूल अग्रेजी ग्रन्थ का प्रथम संस्करण, पृष्ठ 356—359 देखिए ।

है : (1) वर्गीकरण के दो निकषों के बीच परस्पर क्रिया तथा (2) बक्सों में विचरण।

वर्गीकरण के दो निकष, बक्स में एक से अधिक प्रविष्टियाँ—सारणी 26 5 का प्रथम भाग नौ प्रकार के कौध मेलों के, मिनटों में, नई दशा में और 6 मास से 12 मास तक रखने के उपरान्त, जीवन आंकड़े दिखाता है। पहले की तरह यहाँ वर्गीकरण के दो निकष है परन्तु प्रत्येक बक्स में पाँच प्रविष्टियाँ है। कुल विचरण अब चार अवयवों से बना है स्तम्भ माध्यों के बीच विचरण, पंक्ति माध्यों के बीच विचरण, स्तम्भ तथा पंक्ति माध्यों के बीच परस्पर क्रिया, और बक्सों के अन्दर विचरण। सारणी 26 5 में दिखाये योगों का प्रयोग करके हम इन सभी का सख्यात्मक मान प्राप्त करेंगे।

कुल विचरण—कुल विचरण के लिए व्यंजक वही है जो पहले प्रयुक्त हुआ है।

$$\Sigma X^2 - \frac{(\Sigma X)^2}{N} = 34,325,736 - \frac{2,874,460,996}{90},$$

$$= 2,387,280\ 49$$

स्तम्भ माध्यों के बीच विचरण में वही सूत्र प्रयुक्त हुआ है जैसाकि पूर्व उदाहरण में, क्योंकि सारणी 26 5 के प्रथम भाग के दोनों स्तम्भों में मदों की संख्या समान है।

$$\frac{\sum_{1}^{k_c}\left(\sum_{1}^{N_c} X\right)^2}{N_c} - \frac{(\Sigma X)^2}{N} = \frac{1,454,015,716}{45} - \frac{2,874,460,996}{90},$$

$$= 373,004\ 85$$

पंक्ति माध्यों के बीच विचरण में भी पूर्व उदाहरण में प्रयुक्त व्यंजक का ही प्रयोग हुआ है क्योंकि सारणी 26 5 के प्रथम भाग की नौ पंक्तियों में मदों की संख्या समान है।

$$\frac{\sum_{1}^{k_r}\left(\sum_{1}^{N_r} X\right)^2}{N_r} - \frac{(\Sigma X)^2}{N} = \frac{333,359,050}{10} - \frac{2,874,460,996}{90},$$

$$= 1,397,449\ 49$$

बक्सों के भीतर विचरण—यह बक्सों के माध्यों के चारों ओर बक्सों में मदों का विचरण है। सांकेतिक रूप में यह

$$\sum_{1}^{k_b}\left[\sum_{1}^{N_b}(X - \bar{X}_b)^2\right]$$

है जहाँ

$\bar{X}_b$ बक्स का माध्य है,

N_b बक्स में मदों की संख्या है,

K_b बक्सों की संख्या है,

सारणी 26 5

D प्रकार के काँच सलों* के जीवन के आकड़ों के प्रसरण का विश्लेषण करने के लिए आवश्यक मानों का परिकलन

I स्तम्भो और पंक्तिया के लिए प्रेक्षित आकड़े तथा योग

छाप	नया	मचयन के बाद	$\sum_{1}^{N_r} X$
A	696 78 730 683 720	612 513 558 4 9 49	6 214
B	661 646 693 674 678	643 642 636 678 646	6 97
C	749 757 832 87 760	7 676 649 718 448	7 09
D	840 734 845 798 885	06 657 728 576 746	7 515
E	690 733 736 691 659	628 648 60 672 640	6 649
F	733 757 714 608 693	67 604 62 576 658	6 637
G	478 734 635 672 410	296 455 320 272 480	4 752
H	470 586 395 414 438	413 543 138 38 234	3 669
I	680 507 362 458 555	352 408 544 22 396	4 489
$\sum_{1}^{N_c} X$	29 704	23 910	53 614 $= \sum X$

II स्तम्भो और पंक्तिया के लिए वर्ग तथा योग

छाप	नया	मचयन के बाद	$\sum_{1}^{N_r} X^2$
A	484 416 529 984 53 900 466 489 518 400	374 544 63 169 311 364 229 441 245 02	3 955 732
B	436 921 417 316 480 249 454 275 459 684	413 449 412 164 404 496 459 684 417 316	4 355 555
C	561 001 573 049 692 224 616 369 577 600	521 284 448 900 421 201 515 524 200 704	5 130 856
D	705 600 538 756 714 025 636 804 783 225	498 436 431 649 529 984 331 7 6 556 516	5 726 771
E	476 100 537 289 541 696 477 481 434 281	394 384 419 904 362 404 386 884 409 600	4 440 023
F	537 289 573 049 509 796 369 664 480 249	451 585 364 816 386 884 331 776 432 964	4 438 071
G	228 484 538 756 403 225 451 584 168 100	87 616 201 025 102,400 73 984 230 400	2 491 574
H	220 900 343 396 156 025 171 396 191 844	170 569 294 849 19 044 1 444 54 756	1 624 223
I	462 400 257 049 131 044 209 764 308 025	123 904 166 464 295 936 51 529 856 816	2 162 931
$\sum_{1}^{N_c} X^2$	20 361 174	13 964 562	34 325 736 $\sum X^2$

सारणी 26.5 (वितत)

III बक्सों के लिए योग और योगों के वर्ग

बक्स	$\sum_{1}^{N_b} Y$	$\left(\sum_{1}^{N_b} Y\right)^2$
पंक्ति 1, स्तंभ 1	3,557	12,652,249
स्तंभ 2	2,657	7,059,649
पंक्ति 2, स्तंभ 1	3,352	11 235,904
स्तंभ 2	3,245	10 530,025
पंक्ति 3, स्तंभ 1	3,885	15,093,225
स्तंभ 2	3,207	10,284,849
पंक्ति 4, स्तंभ 1	4,102	16,826,404
स्तंभ 2	3,413	11,648,569
पंक्ति 5, स्तंभ 1	3,509	12,313,081
स्तंभ 2	3,140	9,859,600
पंक्ति 6, स्तंभ 1	3,505	12,285,025
स्तंभ 2	3,132	9,809,424
पंक्ति 7, स्तंभ 1	2 929	8,579,041
स्तंभ 2	1 823	3,323 329
पंक्ति 8, स्तंभ 1	2,303	5,303.809
स्तंभ 2	1 366	1,865,956
पंक्ति 9, स्तंभ 1	2,562	6,563,844
स्तंभ 2	1,927	3,713,329
योग	53 614	$168\ 947{,}312 = \sum_{1}^{k_b}\left(\sum_{1}^{N_b} Y\right)^2$

* सेल का जीवन, सेल वोल्टेज के परीक्षण के समय 0.90 वोल्ट तक गिरने में लगने वाला समय (मिनटों में) है, बैटरी कॉरपरल स्पेसिफिकेशन एक्स—बी—101 के के निर्दिष्ट है। D प्रकार के सेल कोष-प्रकाश आकार में सबसे बड़े होते हैं।

प्रथम भाग में प्रस्तुत आंकड़े, कोष प्रकाश बैटरियों के परीक्षण में, जो सी० आर० के अगस्त 1953 के बुलेटिन में प्रकाशित हुए हैं, कन्ज्यूमर्स रिसर्च, वाशिंगटन, न्यू जर्सी के सौजन्य से प्राप्त हुए हैं।

$$(\Sigma Y)^2 = (53{,}614)^2 = 2{,}874{,}460{,}996$$

$$\sum_{1}^{k_c}\left(\sum_{1}^{N_c} Y\right)^2 = (29{,}704)^2 + (23{,}910)^2 = 1{,}454{,}015{,}716.$$

$$\sum_{1}^{k_r}\left(\sum_{1}^{N_r} Y\right)^2 = (6{,}214)^2 + (6{,}597)^2 + (7{,}092)^2 + (7{,}515)^2$$
$$+ (6{,}649)^2 + (6{,}637)^2 + (4{,}752)^2 + (3{,}669)^2$$
$$+ (4{,}489)^2 = 333{,}359{,}050.$$

$\sum_{1}^{N_b}$ बक्स मे N_b मदो के ऊपर योग है, और

$\sum_{1}^{k_b}$ K_b बक्सो के ऊपर योग है।

परिशिष्ट ध, परिच्छेद 26 2 मे दिखाई गई प्रक्रिया के समान ही, यह व्यजक

$$\Sigma X^2 = \sum_{1}^{k_b}\left[\frac{\left(\sum_{1}^{N_b} X\right)^2}{N_b}\right]$$

होगा। फिर भी सारणी 26 5, भाग 1 के प्रत्येक बक्स म मदो की सख्या समान है; अतः हम लिख सकते है

$$\Sigma X^2 - \frac{\sum_{1}^{k_t}\left(\sum_{1}^{N_b} X\right)^2}{N_t} = 34,325,736 - \frac{168,947,312}{5},$$

$$= 34\ 325,736 - 33,789,462\ 4,$$

$$= 536,273\ 6$$

अन्त क्रिया—गत प्राप्त तीन विचरणो के योग से, कुल विचरण सख्यात्मक मान बढ जाता है। यह अन्तर, स्तम्भ माध्यो और पंक्ति माध्यों के बीच अन्त.क्रिया के कारण, विचरण है। इसका सख्यात्मक मान है

$$2,387,280\ 49 - (373,004\ 85 + 1,397,449\ 49 + 536,273\ 6) = 80,552\ 55.$$

विकल्पत, परन्तु अधिक परिश्रम से, अन्त क्रिया का परिकलन सीधा निम्न से किया जा सकता है

$$\sum_{1}^{k_b}[N_b(\bar{X}_b + \bar{X} - \bar{X}_r - \bar{X}_c)^2]$$

आकलित प्रसरण—सारणी 26 6 मे विचरण की मात्रा, स्वातन्त्र्य कोटियाँ और विचरण के प्रत्यक स्रोत के लिए आकलित प्रसरण दिखाए हैं, कुल विचरण और कुल विचरण के लिए स्वातन्त्र्य कोटियाँ भी दिखाई गई है। बक्सों मे विचरण के लिए स्वातन्त्र्य कोटियो की सख्या है $k_b(N_b - 1) = 72$, क्योंकि बक्स की प्रत्येक मद का विचलन बक्स के माध्य से प्राप्त किया गया था। अन्त.क्रिया के लिए स्वातन्त्र्य कोटियाँ विचरण के अन्य तीन स्रोतो के लिए स्वातन्त्र्य कोटियो को कुल विचरण के लिए स्वातन्त्र्य कोटियो मे से घटा कर प्राप्त की गई है। इस प्रकार, अन्त क्रिया के लिए स्वातन्त्र्य कोटियो की सख्या है।

$$89 - (1 + 8 + 72) = 8$$

सारणी 26 6

D प्रकार के कोष सेलों के जीवन के आँकड़ो के प्रसरण के विश्लेषण के लिए परिकलनो का सार

विचरण का स्रोत	विचरण की मात्रा	स्वातन्त्र्य कोटियाँ	आकलित प्रसरण
स्तम्भ माध्यो के बीच	373,004 85	1	373,004 85
पंक्ति माध्यो के बीच	1 397 449 49	8	174,681 19
अन्त क्रिया	80,552 55	8	10 069 07
बक्सो म	536,273 6	72	7,448 24
योग	2 387 280 49	89	

अब हम स्तम्भ माध्यो क बीच आकलित प्रसरण तथा पंक्ति माध्यो के बीच आकलित प्रसरण का परीक्षण करने के लिय तैयार है। फिर भी हम पहले यह निर्णय करना चाहिए कि अन्य दो प्रसरणो म से *F* परीक्षण का हर कौनसा होगा। यह सत्य है कि बक्सो म विचरण विचरण के उन चार स्रोतो म स केवल एक है जो स्तम्भ पंक्ति अथवा माध्यो के बीच विषमता से अप्रभावित रहते है। अत यह प्रतीत होता है कि बक्सो मे आकलित बक्स प्रसरण समोग का हमारा माप होगा। लेकिन एक अन्य बिन्दु भी विचार योग्य है यदि पंक्ति (अथवा स्तम्भ) माध्यो के बीच अन्तर पंक्ति और स्तम्भ माध्यो के बीच अन्त क्रिया से अधिक न हो तो अन्तर बहुत सार्थक नही हो सकता।[9] परिणामत सामान्य प्रविधि निम्न प्रकार होगी प्रथम अन्त क्रिया के आकलित प्रसरण का बक्सो मे आकलित प्रसरण के प्रति परीक्षण करो यदि अन्त क्रिया का आकलित प्रसरण बक्सों के अन्दर आकलित प्रसरण की अपेक्षा सार्थक रूप स अधिक है तब अन्य दो आकलित प्रसरणो मे स प्रत्येक का अन्त क्रिया के आकलित प्रसरण प्रतिपरीक्षण करो, यदि अन्त क्रिया का आकलित प्रसरण बक्सों मे आकलित प्रसरण की अपेक्षा कम है अथवा सार्थक रूप से अधिक नही है तो इन दो स्रोतों से प्राप्त स्वातन्त्र्य कोटियो और विचरण को मिलाओ और

---

9 यह बिन्दु सारणी 26 5 के आकडो स समझना इतना सरल नही है जितना मूड द्वारा दिये हुए एक उदाहरण म। उनका उदाहरण जिसके लिए कोई आकड नही दिय गय है पाच मनुष्यो (स्तम्भो) से सम्बन्धित है जो चार मशीन (पंक्तियाँ) चलाते हैं और प्रत्येक बक्स मे तीन प्रक्षण हैं। वह देखता है कि एक आदमी एक मशीन पर दूसरे की अपेक्षा अधिक अच्छा काम कर सकता है, लेकिन वही आदमी दूसरी मशीन पर उतना अच्छा काम न कर सके या अधिक खराब काम भी कर सकता है। सार्थकता के लिए, मशीनो के मध्य अन्तर अन्त क्रिया से अधिक होना चाहिए अन्यथा सबसे अच्छी मशीन लगाने पर भी व्यक्ति को यह प्रतीत हो सकता है कि उस मशीन पर काम करने वाला व्यक्ति उतना उत्पादक नही है जितना कि वह दूसरी मशीन पर हो सकता था। ए० एम० मूड इंट्रोडक्शन टु दि थीअरि ऑफ स्टैटिस्टिक्स, मैक्ग्रा हिल बुक कम्पनी न्यूयार्क, 1950 पृष्ठ 334—337 देखिए।

एक नवीन आकलित प्रसरण का परिकलन करो जोकि F परीक्षण के लिए हर का कार्य कर सके।[10]

प्रथम बक्सो म आकलित प्रसरण के प्रति अन्त क्रिया के आकलित प्रसरण का परीक्षण करने पर, हमारे पास है

$$F = \frac{10\ 069\ 07}{7\ 448\ 24} = 1\ 35\ \ (n_1 = 8, n_2 = 72)$$

परिशिष्ट ङ से यह दिखलाई पडता ह कि यह F का मान 1 0 से सार्थक रूप से अधिक नही है, इसलिए अन्त क्रिया का आकलित प्रसरण, बक्सो मे आकलित प्रसरण से सार्थक रूप मे अधिक नही होता।

क्योकि अन्त क्रिया सार्थक नही है, हम अन्त क्रिया के विचरण और बक्सो के अन्दर विचरण को मिला देते है और विचरण के इन दो स्रोतो की स्वातन्त्र्य कोटियो से इस मान को विभाजित करते है और प्राप्त करत है

$$616,826\ 15 - 80 = 7\ 710\ 33$$

यह स्तम्भ माध्यो के बीच आकलित प्रसरण और पंक्ति माध्यो के बीच आकलित प्रसरण के परीक्षण के लिए F का हर है।

स्तम्भ माध्यो के लिए,

$$F = \frac{373\ 004\ 85}{7,710\ 33} = 48\ 38\ \ (n_1 = 1,\ n_2 = 80).$$

परिशिष्ट ङ मे यह दिखाई पडता है कि F का यह मान 0 001 बिन्दु से पर्याप्त दूर है, इसलिए स्तम्भ माध्यो के बीच अन्तर (ताजे तथा रखे हुए सेलो के बीच) वास्तविक है।

पंक्ति माध्यो के लिए,

$$F = \frac{174\ 681.19}{7\ 710\ 33} = 22\ 66.\ \ (n_1 = 8,\ n_2 = 80)$$

F का यह मान भी 0 001 बिन्दु से दूर है, और पंक्ति माध्यो के बीच अन्तर (सेलो के छापो के बीच) सार्थक है।

वे स्थितियाँ जिनमे बक्सो मे मदो की असमान सख्या के साथ वर्गीकरण के दो निकष है, और वर्गीकरण के तीन अथवा अधिक के निकषो वाली स्थितियाँ इस पुस्तक के सीमा-क्षेत्र से बाहर है।

---

10 कुछ अधिकारियो ने अन्त क्रिया के कारण होने वाले अथवा बक्सो के भीतर सबसे बडे दो प्रसरणो के प्रयोग की सस्तुति की है। यदि अन्त क्रिया का आकलित प्रसरण अधिक है लेकिन सार्थक रूप से नही, तो इस प्रविधि मे अन्त क्रिया के सम्भव छोटे प्रभावो के न ज्ञात होने की सभावना है जब अन्त क्रिया के आकलित प्रसरण का परीक्षण करते हैं। इससे प्रकार II की अशुद्धियो की सख्या मे वृद्धि की सम्भावना भी है।

$\frac{x}{\sigma}$, t, / और F के मध्य अन्त:सम्बन्ध

अध्याय 24 में यह देखा गया था कि t बटन प्रसामान्य बटन की ओर पहुँचता है जैसे n अनन्त की ओर बटन। इसलिए प्रसामान्य बटन t बटन की एक विशेष दशा है जैसा कि परिशिष्ट भ की अन्तिम पंक्ति में दिखाया गया है।

अध्याय 25 में यह संकेत किया गया था कि एक ही प्रकार के आँकड़ों के समुच्चय के लिए प्रसामान्य विचलन वही प्रायिकताएँ उत्पन्न करते है जैसा t^2 के मान करते हैं जब t^2 के लिए $n=1$ है। विशेष रूप से, ज और ञ परिशिष्टों की तुलना करने पर हमें ज्ञात हुआ कि दत्त प्रायिकता के लिए $\left(\frac{t}{\sigma}\right)^2 = t^2$ जबकि t^2 के लिये $n=1$

इस अध्याय म यह उल्लेख किया गया था कि किसी भी दत्त प्रायिकता के लिए $\frac{\chi^2}{n} = F$, जब χ^2 के लिए n F के लिए n_1 के बराबर है और जब F के लिए $n_2 = \infty$ है। यह परिशिष्ट ञ और ड की तुलना करने पर देखा जा सकता है।

इस अध्याय में यह भी संकेत किया गया था कि किसी भी दत्त प्रायिकता के लिए $t^2 = F$ जब t के लिए n, F के लिए n_2 के बराबर है और जब F के लिए $n_1 = 1$। यह परिशिष्ट क और ड की परीक्षा से स्पष्ट है।

पूर्वगत चार अनुच्छेदों में जो कुछ कहा गया है, वह सब चार्ट 26 2 में एकत्र किया गया है। इस चार्ट में यह स्पष्ट है कि F सम्मिलनकारी बटन है जब कि अन्य तीन बटन केवल F की विशेष स्थितियाँ हैं।

वैषम्य और ककुदता के माप

वैषम्य—अध्याय 10 म 409 विद्यार्थियों के ग्रेडों के बटन का वैषम्य, जैसा कि β_1 के द्वारा मापा गया था, 0 16 पाया गया था। 0 05 का प्रयोग निकष के रूप में करने पर, क्या β_1 का यह मान 0 से सार्थक रूप में अधिक होगा? इगोन एस॰ पियरसन ने β_1 की सीमाओं 0 10 और 0 02 की सारणियाँ तैयार की हैं जब वह सामान्य समष्टि से प्राप्त प्रतिदर्शों पर आधारित है। यह सारणी परिशिष्ट ण के रूप में दिखाई गई है, और इस परिशिष्ट में संलग्न छोटा चार्ट β_1 के बटन का रूप दिखाता है। परिशिष्ट ण, $N=409$ के लिए β_1 का मान नहीं दिखाता, लेकिन $N=400$, अथवा $N=450$ के लिए $\beta_1 = 0 16$ मान जो 0 02 बिन्दु से परे है। सार्थक वैषम्य उपस्थित है।

अध्याय 10 में 371 अमरीकी आविष्कर्ताओं की मृत्यु पर आयु के बटन के लिए β_1 का मान 0 16 पाया गया था। परिशिष्ट ण से यह मान भी शून्य से सार्थक रूप में अधिक दिखाई पड़ता है।

अध्याय 23 में, नवम कक्षा की 103 छात्राओं द्वारा दूरी के लिए आधार-गेंद के प्रेक्षणों के बटन पर एक प्रसामान्य वक्र आसजित किया गया था। $\beta_1 = 0 0104$ पाया गया था। β_1 का मान 0 से सार्थक रूप में भिन्न नहीं है, जैसा कि परिशिष्ट ण में देखा जा सकता है।

ककुदता—सारणी 10 9 में एक तुंग ककुद बटन दिखाया गया, जो पाँच कमरों वाले लकड़ी के मकानों का निर्माण मूल्य $\beta_2 = 4 46$ और $N = 82$ के साथ था। 0 05 को

बारंबारताओं के रूप में थे और हमें सन्निहित लैम्पों की संख्या ज्ञात नहीं है। फिर भी, परिशिष्ट न देखें, तो हम देख सकते हैं कि $\beta_2=2.18$ निम्न 0.01 सीमा पर है और $\beta_2=2.35$ निम्न 0.05 सीमा पर, जबकि प्रतिदर्श केवल 100 मदों का है। 125 अथवा अधिक मदों के प्रतिदर्शों के लिए, $\beta_2=2.22$, 0.01 बिन्दु में पड़ते हैं। यदि सारणी 10.10 के आँकड़ों में 100 अथवा अधिक लैम्प सम्मिलित हों (होने चाहिएँ, नहीं तो प्रतिशतताएँ प्रकट न की जातीं) तो बटन सार्थक रूप से चर्पटककुदी है।

सहसम्बन्ध गुणांक

सरल सहसम्बन्ध—जब किसी प्रतिदर्श के लिए सहसम्बन्ध विश्लेषण किया जा चुका है, तो अनेक प्रश्न उत्पन्न हो सकते हैं। उनमें से कुछ हैं : क्या r का मान शून्य से सार्थक रूप में भिन्न है? क्या r का मान शून्य से भिन्न निश्चित मान से सार्थक रूप में भिन्न है? क्या दो r के मान सार्थक रूप में एक दूसरे से भिन्न हैं? समष्टि में सहसम्बन्ध की विश्वास्यता सीमाएँ क्या हैं? समष्टि में सहसम्बन्ध का एकाकी अनुमान क्या लगाया जा सकता है? हम इनमें से प्रत्येक पर क्रमानुसार विचार करेंगे।

क्या r का मान सार्थक रूप में शून्य से भिन्न है? यहाँ हम इस परिकल्पना का परीक्षण करेंगे कि समष्टि में कोई सहसम्बन्ध नहीं है। अर्थात् r_{ϱ}^2 अथवा $r_{\varrho}=0$। यदि यह परिकल्पना अविश्वसनीय है तो सहसम्बन्ध सार्थक माना जायेगा। इस प्रविधि में t परीक्षण संलग्न है जिससे पाठक पूर्व परिचित हैं। t का मान

$$t=r\sqrt{\frac{(N-2)}{1-r^2}} \text{ अथवा } \sqrt{\frac{r^2(N-2)}{1-r^2}}$$

से प्राप्त किया गया है जिसके बाद हम परिशिष्ट भ में P का $n=N-2$ के साथ निर्धारण करेंगे। (आकलन समीकरण में दो स्थिरांकों के कारण दो स्वातन्त्र्य कोटियाँ नष्ट हो गई हैं।) पेड़ों की ऊँचाई वृद्धि और मोटाई वृद्धि के आँकड़ों के लिए N था 20, और r था $+0.758$। ये

$$t=0.758\sqrt{\frac{(20-2)}{1-0.574}}=4.93$$

देते हैं। जब $n=20-2=18$ है, तो परिशिष्ट भ दिखाता है कि $t=4.93$ से $P<0.001$। फलस्वरूप, r का मान सार्थक है।

---

11 अधिक पूर्ण वक्तव्य यह है हम जानते हैं कि $t^2=F$ जब F के लिए $n_1=1$ और जब t के लिए n, F के लिए n_2 के बराबर है। उपर्युक्त t परीक्षण के समकक्ष F परीक्षण है,

$$F=\frac{\Sigma y_c^2-(2-1)}{\Sigma y_s^2-(N-2)}$$

व्याख्यात विचरण को $2-1=1$ स्वातंत्र्य कोटि है क्योंकि यह $\bar{Y}$ से Y_c मानों $(Y_c=a+bX)$ के विचलनों पर आधारित है। अव्याख्यात विचरण की $N-2$ स्वातंत्र्य कोटियाँ हैं क्योंकि यह $Y_c=a+bX$ से N मानों के विचलनों पर आधारित है।

यह रुचिकर है कि यह परीक्षण ठीक वैसा ही है जैसाकि यह निश्चित करने के लिये कि b सार्थक रूपेण शून्य से भिन्न है अथवा नहीं। प्रयोज्य व्यजक है[12]

$$t=b\sqrt{\frac{\Sigma x^2(N-2)}{\Sigma y_s^2}}$$

पेडों के आंकड़ों के लिए, हमने पाया कि $b=+1.677$, $\Sigma x^2=42.6055$, और $\Sigma y_s^2=88.74$ परिणामस्वरूप,

$$t=1.677\sqrt{\frac{42.6055(20-2)}{88.74}}=4.93,$$

ठीक वैसा ही जैसाकि पहले प्राप्त हुआ था।

क्या r का मान शून्य से भिन्न निर्दिष्ट मान से सार्थक रूप से भिन्न है? जब $\rho=0$, यादृच्छिक प्रतिदर्शों से तब r के मानों का बटन 0 के आसपास समभित है जिसका परिसर -1.0 से $+1.0$ तक है। जब $\rho\neq 0$, तब यादृच्छिक प्रतिदर्शों से r के मानों का बटन ρ के आसपास सममित नहीं है, और t परीक्षण अनुपयुक्त है। यह परीक्षण करने के लिए कि r सार्थक रूप से $\rho\neq 0$ के मान से भिन्न है या नहीं, हम r को निम्न में परिवर्तित करते हैं[13]

$$z=1.15129 \text{ लघु } \frac{1+r}{1-r},$$

जिसका बटन लगभग

$$z_\rho=1.15129 \text{ लघु } \frac{1+\rho}{1-\rho}, \text{ के आसपास प्रसामान्य है}$$

जबकि z की मानक त्रुटि है।[14]

$$\sigma_z=\frac{1}{\sqrt{N-2.6667}}$$

12. समानता के प्रमाण के लिए, देखिए परिशिष्ट घ, परिच्छेद 26.3। r अथवा b का परीक्षण करने के लिए अनेक वैकल्पिक सूत्र उपलब्ध हैं। उनमें निम्नलिखित हैं

$$t=\sqrt{\frac{b\Sigma xy(N-2)}{\Sigma y_s^2}}=\sqrt{\frac{(\Sigma xy)^2(N-2)}{\Sigma x^2\Sigma y^2-(\Sigma xy)^2}},$$

$$\sqrt{\frac{\Sigma y_r^2(N-2)}{\Sigma y_s^2}}$$

13. देखिए आर० ए० फिशर, *स्टैटिस्टिकल मैथड्स फॉर रिसर्च वर्कर्ज*, यथापूर्व, पृष्ठ 197—204।

14. सामान्य व्यजक है $\sigma_z=\frac{1}{\sqrt{N-3}}$, जो यहां दिया गया है उसकी व्याख्या के लिए देखिए, हैरल्ड होटेलिंग का लेख "न्यू लाइट ऑन दि कोरिलेशन कोऐफ़िशेन्ट एन्ड इट्स ट्रांसफार्म्स", *जर्नल आफ दि रॉयल स्टैटिस्टिकल सोसायटी*, सीरीज B, खण्ड XV, संख्या 2, 1953, पृष्ठ 220। पृष्ठ 223—224 पर होटेलिंग ने z के दो सुधार सुझाए हैं जो ऊपर निर्दिष्ट रूप की अपेक्षा प्रसामान्य के अधिक निकट हो सकते हैं।

मान लो हम यह जानना चाहते है कि पेड़ की वृद्धि के आँकडो के लिए +0 758 का हमारा r +0 750 के काल्पनिक r_ρ से सार्थक रूप मे भिन्न है अथवा नही। हम निम्न परिकलन करेंगे

$$z = 1\ 15129 \text{ लघु } \frac{1+0\ 758}{1-0\ 758} = 0\ 992$$

$$z_\rho = 1\ 15129 \text{ लघु } \frac{1+0\ 750}{1-0\ 750} = 0\ 973,$$

$$\sigma = \frac{1}{\sqrt{20-2\ 6667}} = 0\ 240, \text{ और}$$

$$\frac{x}{\sigma} = \frac{z - z_\rho}{\sigma} = \frac{0\ 992 - 0\ 973}{0\ 240} = \frac{0\ 019}{0\ 240} = 0\ 08$$

परिशिष्ट ज हमें बताता है कि 100 मे से लगभग 94 बार इतने बडे या अधिक बडे अन्तर की सयोग कारणों से आशा कर सकते है। यह परिकल्पना कि $r = +0\ 758$ उस यादृच्छिक प्रतिदर्श का सहसम्बन्ध है, जो ऐसी समष्टि मे लिया गया है जिसका $r_\rho = +0\ 750$, सन्दिग्ध नही है। अन्तर सार्थक नही है।

क्या r के दो मान सार्थक रूप मे एक दूसरे से भिन्न है? यदि अपने प्रतिदर्श के लिए $r = +0\ 758$ ($z_1 = 0\ 992$) के मान तथा +0 750($z_2 = 0\ 973$) के अन्य प्रतिदर्श r के मान मे, जो मदों के 20 युग्मो से प्राप्त हुआ था, अन्तर की सार्थकता के परीक्षण मे हमारी रुचि होती तो हम निम्न परिकलन करते

$$\sigma_{z1} = \frac{1}{\sqrt{20-2\ 6667}} = 0\ 240,$$

$$\sigma_{z2} = \frac{1}{\sqrt{20-2\ 6667}} = 0\ 240,$$

$$\sigma_{z1-z2} = \sqrt{\sigma^2_{z1} + \sigma^2_{z2}} = \sqrt{(0\ 240)^2 + (0\ 240)^2},$$

$$= 0\ 339 \text{ तथा}$$

$$\frac{x}{\sigma} = \frac{z_1 - z_2}{\sigma_{z1-z2}} = \frac{0\ 992 - 0\ 973}{0\ 339} = \frac{0\ 019}{0\ 339} = 0\ 06$$

सामान्य क्षेत्रो की सारणी (परिशिष्ट ज) प्रदान करती है $P = 0\ 95$, और हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते है कि अन्तर सार्थक नही है।

r_ρ की विश्वास्यता सीमाएँ—जैसाकि $\bar{X}_\rho$, r, और σ की स्थिति मे है, हम r_ρ की विश्वास्यता सीमाएँ ज्ञात करने की इच्छा कर सकते है। ये निम्न व्यंजक के प्रयोग द्वारा प्राप्त होती है

$$z = z_\rho \pm \frac{x}{\sigma}\sigma_z$$

यह हमे z_ρ के दो मान प्रदान करेगा, जोकि तब r_ρ मानो मे परिवर्तित कर दिये जाते है।

यदि हम पेड की वृद्धि के आंकडो के लिए 95 प्रतिशत विश्वास्यता सीमाएँ $\left(\frac{x}{\sigma}=1\ 960\right)$ प्राप्त करना चाहते है जहाँ r था $+0\ 758$ और $z=0\ 992$, तो हमारे पास आता है

$$0\ 992=z_{\varrho} - (1\ 960)(0\ 240)$$
$$z_{\varrho}=0\ 992 \pm 0\ 4704$$
$$z_{\varrho_1}=0\ 5216 \text{ तथा}$$
$$z_{\varrho_2}=1\ 4624$$

z_{ϱ_1} को r_{ϱ_1} मे और z_{ϱ_2} को r_{ϱ_2} म बदलने से प्राप्त होगा

$$r_{\varrho_1}=+0\ 479 \text{ और}$$
$$r_{\varrho_2}=\ \ 0\ 898$$

जो 95 प्रतिशत विश्वास्यता सीमाए हैं।

r_{ϱ} का एकल आकलन प्रमरणो पर विचार करते हुए, हमने देखा था कि एक प्रतिदर्श σ^2 का एकल आकलन से

$$\hat{\sigma}^2=\frac{\Sigma x^2}{N-1}$$

के द्वारा किया जा सकता है। लगभग इसी प्रकार r_{ϱ}^2 का आकलन भी किया जा सकता है। हम इसका $\hat{r}^2$ के रूप मे उल्लेख करेंगे। हम समष्टि मे निर्धारण के गुणाक का आकलन प्रकट करने के लिए $\hat{r}^2$ का प्रयोग अधिक तर्कसगत $\hat{r}_{\varrho}^2$ के स्थान पर करते है, ताकि इस अध्याय के अन्तिम भाग मे पचीदा पादाको से बचा जा सके

हम अध्याय 19 की पादटिप्पणी 8 के द्वारा पहले ही जानते हैं कि

$$r^2=1-\frac{\Sigma y_e^2}{\Sigma y^2}=1-\frac{\Sigma y_e^2-N}{\Sigma y^2-N},$$
$$=1-\frac{s_{Y\cdot X}^2}{s_Y^2}$$

अब, $S_{Y\cdot X}^2$, $\sigma_{Y\cdot X}^2$ का अभिनत आकलन और S_Y^2, σ_Y^2 का अभिनत आकलन है। अनभिनत आकलन विचरण के मापो को स्वातन्त्र्य कोटियो की उपयुक्त सख्या से भाग देकर प्राप्त किए जाते, न कि N से। इस प्रकार,

$$\hat{\sigma}_Y^2=\frac{\Sigma y^2}{N-1},$$
$$\hat{\sigma}_{Y\cdot X}^2=\frac{\Sigma y_e^2}{N-2}; \text{ और}$$
$$\hat{r}^2=1-\frac{\hat{\sigma}_{Y\cdot X}^2}{\hat{\sigma}_Y^2}=1-\frac{\Sigma y_e^2-(N-2)}{\Sigma y^2-(N-1)},$$
$$=1-\frac{\Sigma y_e^2}{\Sigma y^2}\cdot\frac{N-1}{N-2}.$$

क्योंकि

$$\frac{\Sigma y_s^2}{\Sigma y^2} = 1 - r^2,$$

अत हम लिख सकते है

$$\hat{r}^2 = 1 - (1 - r^2)\frac{N-1}{N-2}$$

पेड की वृद्धि के आँकडो के लिये, जहाँ $r^2 = 0.574$ और $r = +0.758$

$$\hat{r}^2 = 1 - (1 - 0.574)\frac{20-1}{20-2}$$

$$= 0.550$$

$$\hat{r} = +0.742$$

जब r^2 बहुत निम्न हो तो $\hat{r}$ ऋणात्मक हो सकता है। ऐसी स्थिति मे, समष्टि मे सहसम्बन्ध को शून्य समझा जाना चाहिए।

अरेखिक सहसम्बन्ध द्वितीयाश वक्र, तृतीयाश वक्र अथवा उच्च स्तर के वक्र से व्यवहार करते समय, हमारी यह जानने की इच्छा हो सकती है कि (1) क्या निर्धारण का अरेखिक गुणाक निम्न स्तर के वक्र पर आधारित गुणाक से, सार्थक रूप मे बडा है, अथवा (2) क्या अरेखिक गुणाक शून्य से सार्थक रूप मे बडा है। कभी-कभी हमारी यह भी इच्छा हो सकती है कि समष्टि म सहसम्बन्ध का आकलन किया जाए।

द्वितीयाश वक्र—भारी चीड के पेडो के व्यास और आयतन के आँकडो के लिए, अध्याय 20 मे हमने देखा था कि

$$r^2 = \frac{\text{सीधी रेखा द्वारा व्याख्यात विचरण}}{\text{कुल विचरण}}$$

$$= \frac{\Sigma y_r^2}{\Sigma y^2} = \frac{152,259.2}{159,698} = 0.953,$$

और

$$r^2_{YX^2X} = \frac{\text{द्वितीयाश वक्र द्वारा व्याख्यात विचरण,}}{\text{कुल विचरण}}$$

$$= \frac{\Sigma y^2_{YX^2X}}{\Sigma y^2} = \frac{156,235.5}{159,698} = 0.978.$$

यह निश्चित करने की कि क्या $r^2_{YX^2X}$ सार्थक रूप से r^2 से अधिक है, सरलतम विधि है, $r^2_{YX^2 \cdot X}$ के माप का परिकलन करना, जिसका उल्लेख अध्याय 20 की पाद-टिप्पणी 2 म किया गया है, और $n = N-2$ के साथ $r^2_{YX^2 \cdot Y}$ का t परीक्षण करना। ($N-3$ के प्रयोग की व्याख्या अगले पृष्ठ पर दी गई है।) आशिक निर्धारण का यह गुणाक, $r^2_{YX^2X}$, जो

हमें वह अनुपात बताता है जो (1) X^2 के प्रयोग द्वारा व्याख्यात संयुक्त विचरण का (2) सीधी रेखा द्वारा अव्याख्यात विचरण के साथ है,

$$r^2_{YX^2 \cdot X} = \frac{r^2_{Y \cdot XX^2} - r^2}{1 - r}$$

$$= \frac{0.978 - 0.953}{1 - 0.953} = 0.532$$

t-परीक्षण ठीक वही है जैसा कि r के लिए t-परीक्षण, अपवाद यह है कि हमने $N-2$ के स्थान पर $N-3$ का प्रयोग किया है।

$$t = \sqrt{\frac{r^2_{YX^2 \cdot X}(N-3)}{1 - r^2_{YX^2 \cdot X}}},$$

$$= \sqrt{\frac{0.532(20-3)}{0.468}} = 4.4$$

जब $n=17$, $t=4.4$ का मान 0.001 स्तर से परे है (देखिए परिशिष्ट क), इस प्रकार हम उपसंहार कर सकते हैं कि X^2 के प्रयोग द्वारा विचरण की सार्थक रूप से बड़ी मात्रा की व्याख्या हुई है।

पूर्ववर्ती सामान्य F-परीक्षण[15] का सरल समकक्ष है जिसमें

$$F = \frac{\left[\begin{pmatrix}\text{द्वितीयाश वक्र द्वारा} \\ \text{व्याख्यात विचरण}\end{pmatrix} - \begin{pmatrix}\text{सीधी रेखा द्वारा व्याख्यात} \\ \text{विचरण}\end{pmatrix}\right] - \text{स्वातन्त्र्य कोटियाँ}}{\left[\begin{pmatrix}\text{कुल विचरण}\end{pmatrix} - \begin{pmatrix}\text{द्वितीयाश वक्र द्वारा} \\ \text{व्याख्यात विचरण}\end{pmatrix}\right] - \text{स्वातन्त्र्य कोटियाँ}},$$

$$= \frac{(\Sigma y^2_{cY \cdot XX^2} - \Sigma y^2_c) - 1}{(\Sigma y^2 - \Sigma y^2_{cY \cdot XX^2}) - (N-3)},$$

$N_1 = 1$ और $N_2 = N-3$ के साथ। अंश में स्वातन्त्र्य कोटियों की संख्या $2-1=1$, है क्योंकि यह द्वितीयाश वक्र से परिकलित व्याख्यात विचरण के लिए स्वातन्त्र्य कोटियों की संख्या (जो दो है) और सीधी रेखा में परिकलित व्याख्यात विचरण के लिए स्वातन्त्र्य कोटियों की संख्या (जो एक है) के बीच का अन्तर है। द्वितीयाश वक्र से प्राप्त व्याख्यात विचरण में स्वातन्त्र्य कोटियाँ $3-1=2$ हैं क्योंकि समीकरण में तीन स्थिराक हैं और परिकलित मानों का विचरण $\overline{Y}$ के आसपास लिया गया था, व्याख्यात विचरण में, जो कि सीधी रेखा से प्राप्त किया गया, स्वातन्त्र्य कोटि $2-1=1$ है, क्योंकि समीकरण में दो स्थिराक हैं और परिकलित मानों का विचरण $\overline{Y}$ के आसपास लिया गया था। हर में $\Sigma y^2_{sY \cdot XX^2} = \Sigma y^2 - \Sigma y^2_{cY \cdot XX^2}$ के लिए स्वातन्त्र्य कोटियों की संख्या $N-3$ है, क्योंकि तीन स्थिराकों वाले द्वितीयाश वक्र से Y मानों (जो N है) के वर्गित अन्तरों से अव्याख्यात विचरण प्राप्त किया गया

15. आंशिक निर्धारण के इस और अन्य गुणाकों के लिए t परीक्षण तथा F-परीक्षण की समानता घ परिशिष्ट के परिच्छेद 26.4 में दिखाई गई है।

था। विकल्पत, हम देख सकते हैं कि कुल विचरण में $N-1$ स्वातन्त्र्य कोटियाँ और व्याख्यात विचरण में 3—1 स्वातन्त्र्य कोटियाँ हैं, इसलिए, उनके अन्तर में जो कि अव्याख्यात विचरण है $(N-1)-(3-1)=N-3$ स्वातन्त्र्य कोटियाँ हैं।

